order[1]* ऑर्'डॅर् n. (मुख्य-मुख्य अर्थ) आज्ञा^{F}, **आदेश***, हुक्म*; **आर्डर; क्रम***, अनुक्रम, विन्यास, शृंखला^{F}, सिलसिला, ढंग; (भौ०) कोटि^{F}, (यन्त्र) **पद्धति**^{F}, (ग०) घात; **गुणांक**; श्रेणी^{F}, **गण**, पंक्ति^{F}, पद, दर्जा, कतार^F; प्रकार, किस्म^F (*talents of a high, considerations of quite another, ~*); समानान्तर पंक्तियाँ^{F} अथवा परतें^{F} (अद्य क्वचिद्; *~ on ~ of sculptured figures*); ईसाइयोंके पादरी-वर्गका अनुक्रम; (pl.) पादरीकी पद-मर्यादा^{F} या सामाजिक स्थिति^{F}; सामाजिक संस्थिति^{F}, श्रेणी^{F} या वर्ग, व्यक्तिका पृथक् एवं समरूप समूह; तनका; देवदूतोंकी नौ श्रेणियों^{F}मेंसे कोई एक; (गणितवि०) मिश्रका क्रम (*line, equation, fluxion, of the first* etc. *~*); आकार द्वारा निश्चित वर्ग अथवा श्रेणी^{F}, जाति^{F} (*measurements of the ~of one in a million*); संन्यासियों अथवा खीष्टीय मठवासी भिक्षुओंका धर्मसंघ अथवा पहलेका शूरवीरोंका धर्मसंघ (*the Franciscan ~*); (प्रा० इति०) प्राकृतिक पदार्थोंका वर्गीकरण; (स्था०) दो भागोंके बीच एक निश्चित अनुपात रखनेकी शैली^{F}, तर्ज; सामान्यतः राजा द्वारा संस्थापित संघ (*O~ of the Garter*); इस संघका चिह्न, बिल्ला या तमगा (*sent him the O~ of the Golden Fleece*); आज्ञा^{F}, आदेश, आधिकारिक आदेश अथवा निर्देश, वैधानिक निषेधाज्ञा^{F} या वर्जना^{F}, मनाही^{F} (प्रायः pl. *judge gave an ~*); (वाणि०) निर्माण आदेश, कल्पन आदेश; किसी वस्तु^{F}का प्रदाय या पूर्ति^{F} करनेवाला व्यापारी इत्यादि; (सर्राफी^{F} इत्यादि) उत्तरदायी अभिकर्ता अथवा स्वामी द्वारा हस्ताक्षरित धनादेश अथवा सम्पत्ति^{F} देने या कोई रकम^F चुकानेका आदेश; निःशुल्क (सुविधायुक्त या सस्ते प्रवेशकी) आज्ञा^{F}; पारम्पर्य, अनुपूर्वता^{F}, तारतम्य, आनुपूर्व्य, परम्परा^{F}, सिलसिला, तरतीब^F (*in alphabetical ~*); सुविन्यास*, **व्यवस्था**^{F}, सुविन्यस्तता^{F}, समुचित अथवा स्वस्थ या समक्ष अवस्था^{F}, सुथरापन, सफाई^F (*drew them up in ~*); सुव्यवस्थित एवं नियमित पंक्ति^{F}; किसी दैवी कार्यका वर्णित रूप; सुव्यवस्था^{F}, शान्ति^{F}, अमन (प्रायः *law and ~*); संविहित सत्ता^{F}की व्यापकता^{F}, विधानके सतत अनुसृत होनेकी अवस्था^{F}; शिष्टाचारके सिद्धान्त एवं कार्यविधि^{F}के नियम (*speaker called him to ~*); संसारका संविधान, नैतिक या आध्यात्मिक प्रणाली^{F}, घटनाओं^{F}के घटित होनेकी सामान्य पद्धति^{F}; रीति^{F}, रिवाज; full ~s पौरोहित्य, पादरीपन; holy ~s धार्मिक वर्ग या पद; marching, review, ~ (सेना०) प्रयाणविन्यास, परीक्षण-विन्यास, सैन्ययात्रा^{F} अथवा परीक्षा^{F}का सामान; ~arms **बाजू-शस्त्र**; ~-book आदेश-पुस्तक, धनादेश-पुस्तक^F, **कार्यक्रम-सूची**^{F}; ~card **रिक्तिकार्ड**; O~ in Council परिषद्^{F} आदेश, परिषदीय आज्ञा^{F}, अन्तःपरिषद्^{F}की मन्त्रणा^{F}से दी गयी सम्राट्‌की आज्ञा^{F}; परिषद्^{F}में शान्ति-व्यवस्था^{F}; ~ of merit **योग्यता**^{F}**-क्रम**; ~ of priority **अग्रता**^{F}**-क्रम**; ~ of the day दिनभरका कार्यक्रम; O~ ! O~ ! सावधान ! सावधान !; the ~ (सेना०) सैन्यदलकी बन्दूक^{F}को जमीन^{F}पर सीधी तरफ टिकाकर खड़े होनेकी स्थिति^{F}; *a large ~* (बोल०) कठिन कार्य; *by ~* अधिकारीके आज्ञानुसार; *in ~* ⊙ =APPROPRIATE; *in ~s* आज्ञाधीन; पादरी इत्यादिकी श्रेणियों^{F}में; *in ~ that* ताकि, इसलिए कि, जिससे; *in ~ to do* के उद्देश्यसे, इस मतलबसे; *is in bad, out of, ~* ठीकसे काम नहीं कर रहा है, अव्यवस्थित, अक्रम; *is in ~* or *good ~* ठीक चालू, सुस्थित, (सु) व्यवस्थित, नियमानुकूल; *is on ~* पूर्ति-आदिष्ट, प्रदायादिष्ट, आदिष्ट; *keep ~* शान्ति^{F} स्थापित रखना; *made to ~* फरमाइशी, आदेशानुसार बना हुआ; *out of ~* अक्रम, अनुक्रमहीन, अव्यवस्थित, बिगड़ा हुआ; *rise to ~* or *a point of ~* खड़े होकर प्रश्न करना कि अमुक वस्तु^{F} विधानके अन्तर्गत है या नहीं; *take ~* युक्ति^{F} करना, उपाय करना; *take ~s* पादरी बनाया जाना; *take ~ with* व्यवस्थित होना;

~ axiom, ~ buyer, ~ cheque, ~-clerk, ~ delivery, ~ file, ~-form, ~-sheet, ~ standing, ~-supplier.

order[2] v.t. कहीं जानेका आदेश या निर्देश देना (*was ~ed to Egypt*); निर्देश करना, आज्ञा^{F} देना; युक्ति^{F} या दवा^{F} तजवीज^F करना (*~ed him a mustard plaster*); किसी वस्तु^{F}की पूर्ति^{F} या आदायका आदेश अथवा आर्डर भेजना, मालकी फरमाइश^F भेजना; विहित करना, निर्धारित करना (*so we hoped, but it was otherwise ~ed*); प्रबन्ध करना; अनुपूर्व बनाना, क्रमबद्ध करना, विन्यस्त करना, व्यवस्थित करना, नियमित रूपमें श्रेणीबद्ध करना, यथाक्रम सजाना, तरतीब^{F}से रखना, ठीक करना (*has ~ed his life well*); *~ about* आदेश चलाना, अधिकार जताना, इधर-उधर दौड़ाना, हुकूमत^F जताना; *~ arms* (सेना०) बन्दूक^F सीधी तरफ टिकाकर खड़ा होना; *~ dinner* भोजनमें व्यंजनोंका निश्चय करना ।

ordered –ड्‌ a. आदिष्ट, आदेशित; **क्रमित** (*~set*); ~ deported ⊙ देश-निर्वासनके लिए आदिष्ट ।

orderer –रॅर n. आज्ञापयिता, आज्ञापक, आदेशक ।

ordering –रिंग् n. आज्ञा^{F}, आज्ञापन, आदेश ।

orderless –र्‌'लि॑स् a. अव्यवस्थित, क्रमहीन, अक्रम, अनियमित, बेढंगा, बेतरतीब ।

orderliness –लिनिस् n. अनुपूर्वता^F, क्रमबद्धता^F, सुव्यवस्था^F, सुव्यवस्थितता^F; सुशीलता^F, आज्ञाकारिता^F, अनुशासनपालकता^F, व्यवस्थाप्रियता^F, सलीकापसन्दी^F ।

orderly –लि १. n. चिकित्सालय-भृत्य, चिकित्सालयके रोगियोंका सेवक; आदेशपाल, **अर्दली**^F; २. a. अनुपूर्व, सक्रम, क्रमबद्ध, क्रमानुगत, यथाक्रम, सुव्यवस्थित, सुडौल, ठीक; सुशील, आज्ञाकारी, अनुशासनपालक, शान्त स्वभाववाला, व्यवस्थाप्रिय, कायदेका पाबन्द, सलीकापसन्द; (सेना०) आदेश-वाहक; ~ bin कूड़ेका पीपा या रद्दी^Fका टोकरा; ~ book आदेशवाही पुस्तिका^F; ~ officer दौवारिक-पदाधिकारी, अरदली-अफसर; ~-room दौवारिक-पदाधिकारी-कक्ष, **अनुशासन-कक्ष**, अर्दली-अफसरका कमरा;

~ arrangement, ~ imagination, ~ organization, ~ peon.

ordinal ऑर्'डिनल् १. n. क्रमिक संख्या^F, विधिसंहिता^F, (पादरीकी) आशीर्वाद-पुस्तिका^F; २. a. क्रमवाचक; **क्रमसूचक** (~ *number*), किसी अनुक्रममें, किसी वस्तु^Fका स्थान निश्चित करनेवाला, तरतीबी^F, (*first, twentieth* etc., *are* ~ *numbers*); (प्राकृ० इति० की) किसी श्रेणी^F या वर्गका ।

ordinance ऑर्'डिनॅन्स् n. आदेश, **अध्यादेश**, समयादेश, विशेष विधान, संप्रामाणिक या अधिकारपूर्ण निर्देश, कल्प, प्रनिश्चय, हुक्म, फरमान, जाब्ता, **आर्डिनैंस**; धार्मिक संस्कार; धर्मविधि; (क०) साहित्यिक कृति^F अथवा स्थापत्यनिर्मिति^Fके भागोंका क्रम ।

ordinand ऑर्'डिनैन्ड् n. ईसाई बननेका इच्छुक, उम्मीदवार ।

ordinant ऑर्'डिनॅन्ट् a. आज्ञापक, अध्यादेशी, आज्ञा^F देनेवाला ।

ordinariness ऑर्'डिनॅरिनिस् n. साधारणता^F, मामूलीपन; तुच्छता^F ।

ordinary –रि १. n. प्राचीनतम, कोई साधारणतम एवं सामान्यतम चिह्न; याजकीय नियम अथवा पुस्तिका^F; बिना गियरकी पुराने ढंगकी बाइसिकिल^F; सराय^F इत्यादिका भोजन; २. a. **साधारण**, सामान्य, साधारणतः प्रचलित, **मामूली**, नियमित, रीतिगत, प्रथागत, अनपवादस्वरूप, नित्यका, सदाकी भाँति; निकृष्ट, तुच्छ (*something out of the* ~); the O~ क्षेत्रीय धर्माध्यक्ष या प्रधान पादरी; *in an* ~ *way I should refuse* यदि परिस्थितियाँ^F अपवाद-स्वरूप न होतीं तो मैं इनकार कर देता; *in* ~ स्थायी रूपसे नियुक्त; (जहाजोंके लिए) प्रयोगातीत, बेकार पड़ा हुआ;

~ account, ~ business, ~ call, ~ care, ~ caution, ~ construction, ~ *curse*, ~ debt, ~ diligence, ~dirty, ~ disease, ~ expenditure, ~ fare, ~ force, ~ grade, ~ image, ~ jurisdiction, ~ law, ~ leave, ~ man, ~ matrix, ~ meeting, ~ member, ~ mortgage, ~ move, ~ passenger, ~ postage, ~repairs, ~resolution, ~revenue, ~ rules, ~ seaman (O.S.), ~ shares, ~ skill, ~ stock, ~ tarrif, ~ telegram, ~ temperature, ~ tenant, ~ term, ~trial, ~ use, ~ wave, ~ wear.

ordinaryship –शिप् n. पादरी न्यायाधीशका पद ।

ordinate[1] ऑर्'डिनॅट् n. (रेखा०) **कोटि**^F, भुजमान, (भौ०, मनो०) **कोटयङ्क**, समानान्तर रेखा^F ।

ordinate[2] a. यथानुक्रम, अनुपूर्व ।

ordinate[3] ऑर्'डिनेट् v.t. समानान्तर रेखा^F खींचना; यथाक्रम रखना, क्रमबद्ध करना, व्यवस्थित करना ।

ordination –ने'शॅन् n. विधायन, निरूपण, निर्णय, कल्पन; विधान; श्रेणीबन्धन, वर्गीकरण; उपसम्पदा^F, दीक्षा^F, पादरीके पदपर नियुक्ति^F, संस्कार ।

ordinee ऑर्डिनी' n. सद्यः नियुक्त धर्माध्यक्षका निम्नस्थ पदाधिकारी ।

ordnance ऑड्'नॅन्स् n. युद्ध-सामग्री^Fका विभाग, सरकारी आयुधविभाग; आयुध-सम्भार, गोलाबारूद^F; भरी हुई बन्दूकें^F, तोप^F, तोपखाना; ~ survey सैनिक भूमिति^F, राजकीय भू-मापन;

~ cinema, ~ datum, ~ demands, ~ department, ~ depot, ~ equipment, ~ establishment, ~ factory, ~map, ~officer, ~ stores, ~ supplies, ~ survey.

ordure ऑर्'ड्युअॅर, ऑर्'ड्यॅर् n. विष्ठा, (कृषि०) **मल**, गोबर, लीद^F; अपशब्द, कुत्सित भाषा^F; अश्लीलता^F, गन्दी बातें^F, गालियाँ^F ।

ore[1] ओअॅर्' n. (रसा०, यन्त्र०) **'अयस्क**, कच्चा लोहा, **कच्ची धातु**^F; **धातुक**; (का०) कोई धातु^F;

~-crusher, ~-dressing, ~ genesis, ~-grinding mill, ~-process, ~-separator.

ore[2] n. नार्वे, स्वेडन तथा डेनमार्कका एक सिक्का, टका ।

ore[3] n. समुद्री घास^F ।

oread ऑ'रिॲड् n. शैलदेवी^F, पर्वतकी अप्सरा^F या परी^F, पार्वती^F ।

orectic ऑरे'क्'टिक् a. बुभुक्षित, भूखा; बुभुक्षा^F-विषयक, भूख^F-सम्बन्धी ।

oreide ऑ'रिआइड् n. पीतल, नकली सोना ।

ore rotundo (L) adv. तारस्वरेण, उच्च स्वरसे ।

orexis ⊙ ऑरे'क्'सिस् n. बुभुक्षा^F, भूख^F; लालसा^F, खाऊपन ।

organ[1] ऑर्'गॅन् n. वाद्यराज, वंशी, अरगना बाजा (*great, solo*, ~); स्वर, आवाज^F, आवाज^Fका पाट ।

organ[2] n. अवयव, (चि०, जीव०) **इन्द्रिय**^F, **अंग**; अंश, भाग (~ *of speech*); मुख; मुखपत्र; कर्मेन्द्रिय^F; विचारविनिमय अथवा पत्र-व्यवहारका माध्यम, करण, साधन; mouth ~ बच्चोंका सरकण्डेका बाजा, माउथ आरगन; ~-blower अरगन-वादक, अरगन बाजेमें फूँक^F भरनेवाला व्यक्ति या यन्त्र; ~-grinder बजानेवाला; ~ loft वाद्यराज-दीर्घा^F, वंशी-दीर्घा^F, गिरजे या सरोदखानेमें

अरगनकी गैलरी^F;

~-forming germ regions, ~-forming material, ~ pipe.

organdie ऑर'गॅन्डि n. एक महीन मलमल, अरगण्डी^F।

organelle n. (जन्तुवि०) (कीटाणुके विशिष्ट कार्यकर) **अंगक,** अंगिका^F।

organic, -al ऑर्गै'निक्, -अल् aa. (श० र० शा०) अंग-, **आंगिक,** अंगीय, ऐन्द्रिक, इन्द्रिय-, **कायिक,** शरीर-यन्त्र-सम्बन्धी (~ *deterioration, disorder*); (निदान०, रोग) कायिक, अङ्गके गठनपर प्रभाव डालनेवाला; शरीरपर प्रभाव डालनेवाला; **सजीवी,** जीवित, चेतन, (कृषि०) **जीवांश, जैव,** वनस्पति^F-जगत् तथा जीव-सम्बन्धी (~ *growth*); संघटित, शारीरिक-रचनायुक्त या अंगयुक्त; (चि०, कृषि०, रसा०) प्रांगारिक, प्रांगार (कार्बन) से युक्त, **कार्बनिक** (~*compound, matter, soil*); व्यवस्थित, संगठित, समन्वित, संयुक्त (~*unity*); अन्तर्वर्ती, **संघटन** (~*law*), सांघटिक, आधार-भूत, गठन-सम्बन्धी; ~ chemistry प्रांगारिकी^F, प्रांगार-रसायन; ~ reation **अंगांगि-सम्बन्ध;**

~ adhesives, ~base, ~disease, ~dye, ~evolution, ~ impurity, ~ manure, ~need, ~origin, ~rock, ~ sensation, ~solvent, ~structure, ~value, ~welfare.

organism –'गॅनिज़्म् n. अंगी, **सजीव,** भूत, जीव, (चि०, कृषि०) **जीवी;** जीवित-प्राणीकी तुलना^Fमें अन्तराश्रित अंगयुक्त सम्पूर्ण रचना^F, संघटना^F, सुसंघटित शरीर, बनावट^F; कोई एक पशु या पौधा (उसकी वास्तविक-गठन^F)।

organismal ⊙ –'मॅल् a. जैविक, शरीर-सम्बन्धी, रचनात्मक।

organist –'गॅनिस्ट् n. वाद्यकार, वंशीवादक, अरगनसाज।

organity –गै'निटि n. व्यवस्थित वस्तु-प्रकार।

organizable ऑर'गॅनाइज़ॅबॅल् a. संघटनीय, व्यवस्थापनीय, प्रबन्धनीय; अनुक्रम्य।

organization* –ज़े'शॅन् n. (चि०) सन्निवेश, अङ्ग-विन्यास, विरचन, **संघटन,** बनावट^F, प्रबन्ध (इत्यादिके क्रियागत अर्थोंमें); जीव, भूत; (अर्थ०) **व्यवस्था^F** (~ *chart*), संघटित कार्य अथवा समाज-प्रणाली^F; **संगठन*,** **संस्था^F**।

organizatioal –नॅल् a. संघटनात्मक, संगठनात्मक, प्रबन्धात्मक, व्यवस्थात्मक, संगठन-सम्बन्धी।

organize –'गॅनाइज़् v. t. & i. आयोजन करना, संघटित करना, संघटन करना, **संगठन करना,** विरचित करना, अंगों अथवा भागोंसे निर्मित करना, विन्यस्त करना, सुव्यवस्थित रूप देना; आंगिक होना; जीवित प्राणी अथवा मांस-तन्तुका रूप देना; व्यवस्थित गठन^Fकी रचना^F करना, प्रबन्ध करना, बनाकर ठीक कर देना या चालू कर देना; सुन्दर रूप देना, सजाना; ऐन्द्रिक होना; पूर्ण संघटित शारीरिक-रचना^F करना।

organized a. संघटित, **संगठित,** व्यवस्थित (~*games, society*)।

organizer –ज़ॅर् n. **संगठक,** संघटनकर्ता, **आयोजक,** व्यवस्थापक, प्रबन्धक, अंगकर्ता; अनुक्रामक।

organless ऑर्'गॅन्'लिस् a. अंगहीन, उपकरणरहित, निरवयव, शरीरहीन।

organogenesis –र्गॅनॅजॅ'निसिस् n. (जीव०) **अंगविकास,** *अंगवृद्धि^F, अंगजनन*।

organogeny –नॉ'जिनि n. अंगविकास, जनन, अंगवृद्धि^F।

organographical ऑर्गॅनॅग्रै'फिकॅल् a. अंगवर्णनात्मक, अंगवर्णना-सम्बन्धी, क्ष-रश्मि अंग-दर्शन सम्बन्धी।

organography –नॉ'ग्रॅफि n. (जीववि०) अंगवर्णना^F; (चि०) क्ष-रश्मि द्वारा अंगदर्शन।

organology ऑर्गॅनॉ'लॅजि n. अवयवविज्ञान, अंगशास्त्र।

organo-metallic ⊙ ऑर्गॅनॅमिटै'लिक् a. (रसा०) प्रांगार-धात्विक, **कार्बधात्विक।**

organon, -anum ऑर'गॅनॉन्, -ॲनॅम् n. (pl. -*a*) तर्कशैली^F; अन्वेषणविधि^F; विचार-साधन; तर्कशास्त्र (निबन्ध या पुस्तक^F); (चि०) अंग, अवयव।

organopathy ⊙ ऑर्गॅनॉ'पॅथि n. अवयवरुजा^F, अंगरोग, अंगविकार।

organotherapy ऑर्'गॅनॅथे'रॅपि, –थीॲ'रॅपि n. (चि०) अंगरस-चिकित्सा^F, (पशु-इन्द्रिय अंगतत्त्व या इन्द्रियांग द्वारा रोगोंकी चिकित्सा^F)।

organzine ऑर्'गॅन्ज़ीन् n. उलटा बटा हुआ रेशमका डोरा।

orgasm ऑर्'गैज़्म् n. प्रबल उत्तेजना^F, अत्यन्तावेग, उत्साह, जोश; **रतिक्षण,** कामोत्ताप, कामोन्माद, मदन-लहरी^F, कामोत्तेजना^F, संभोग-उत्तेजना^F, मैथुन-सम्बन्धी उत्ताप या गर्मी^F; संवेग, मस्ती^F; रोगावेग, रोगका आवेश या आक्रमण, दौरा।

orgastic –ग़ॅ'स्टिक् a. प्रबल उत्तेजना-सम्बन्धी, उत्साह-सम्बन्धी, जोशका; कामोत्तापीय, कामोत्तेजना-सम्बन्धी, संसर्गकी गर्मी^Fका, मैथुन-सम्बन्धी उत्तेजना^Fका, मस्ती^Fका; रोगके आवेग या दौरेका।

orgeat ऑर्'ज़िॲट, आर'ज़ा n. बादाम^F और चीनी^Fका शरबत।

orgiast ⊙ ऑर्'जिॲस्ट् n. धर्माडम्बरी, प्रमोदी।

orgiastic –स्टिक् a. आडम्बरपूर्ण पूजा^F-सम्बन्धी, धर्माडम्बर-सम्बन्धी।

orgulous ऑर'ग्यूलॅस् a. दृप्त, गर्वित, गर्वीला, घमण्डी।

orgy ऑर्'जि n. पानोत्सव, मद्यतुमुल, मद्योन्मत्तता^F अथवा व्यभिचारपूर्ण आमोद-प्रमोद, नशोत्सव; (pl.) इन्द्रिय-लोलुपता^F या ऐयाशी^F; तान्त्रिक पूजा^F, विभिन्न देवताओंकी पूजा^F।

orichalc ऑ'रिकैल्क् n. पीतल, नकली सोना।

oriel ऑ'रिॲल n. (स्था०) बड़ी खिड़कियोंवाला बहु-

भुजीय पक्ष; (~ *window* भी) **गवाक्ष, झरोखा,** खिड़की[F]।

oriency ऑ'रिअॅन्सि n. शुद्धता[F], उज्ज्वलता[F], चमकदारी[F], चमक[F], आब[F]।

orient[1] –न्ट् १. n. उज्ज्वल मुक्ता[F], चमकदार मोती; उत्कृष्टतम मुक्ता[F]की विशिष्ट कान्ति[F] या प्रभा[F]; प्राची, पूर्व; पूर्वदेश भूमध्यसागर एवं दक्षिणी यूरोपसे पूर्वके देश ⊙; आकाश अथवा भूमि[F]का पूर्वीय भाग; उदीयमान सूर्य; अनुस्थापन; पानी, चमक[F], आब[F]; २. a. उज्ज्वल, भास्वर, कान्तिमान्, प्रभामान्, देदीप्यमान्, निर्मल, आबदार, चटकीला, चमकदार; पौरस्त्य, पौर्वात्य, प्राच्य, उदयाचलीय, पूर्वीय, पूर्वी, पूर्वदेशीय (का०), पूरबका; उदीयमान, विकासशील, वर्द्धमान, उगता हुआ, फूटता हुआ the O~ पूर्वी देश, पूरब।

orient[2], **orientate** ऑरिअे न्ट् ' ऑरिअे न्ट् , vv.t. & i. (गिरजेके) वेदीवाले छोरको पूर्वाभिमुखी बनाना, पूर्वाभिमुखी रूपमें स्थिर करना (भवन इत्यादि); पूर्वकी ओर पाँव करके शव दफनाना; पूर्वाभिमुख होना या किसी विशिष्ट दिशा[F]की ओर मुँह करना; **अनुस्थापन करना,** किसी वस्तु[F]का, ठीक-ठीक स्थान निर्धारित या निश्चित करना; (ला०) स्पष्ट रूपसे विदित या अवबुद्ध सम्बन्धोंके रूपमें प्रकट करना या प्रस्तुत करना; किसी वस्तु[F]की दिशा[F] निश्चित या मालूम करना, वस्तुस्थिति[F] या अनुस्थिति[F]का निश्चय करना; ~ blue अवनील; ~ *oneself* अपनी स्थिति[F] समझना, अपनी हालत[F]का अन्दाज करना।

oriental –रिअे न्टॅल् n. & a. पूर्ववासी, पूर्वदेशीय संस्कृति[F]का, दक्षिणी यूरोपसे पूर्वके देशोंका (निवासी); पौरस्त्य, प्राच्य, पूर्वीय (*~languages, ~ studies*); पूर्वाभिमुख (स्था०); ~ boil or sore (चि०) दिल्ली-फोड़ा, बगदाद-फोड़ा, अलेप्पो-फोड़ा।

orientalism –लिज़्म् n. पूर्वदेशीयता[F], प्राचीनता[F]; पौरस्त्यवाद, प्राच्यवाद, प्राच्य संस्कृति प्रेम।

orientalist –लिस्ट् n. पूर्वदेशीयभाषाभिज्ञ, प्राच्यवेत्ता, प्राच्यविद्याज्ञ; प्राच्य संस्कृत-प्रेमी।

orientality –टैलिटि n. प्राच्यता[F], पूर्वीपन।

orientalize –टॅलाइज़् v.t. & i. प्रभापूर्ण करना, उज्ज्वल बनाना, चमकाना, दमकाना; पूर्वका बनाना।

orientation ऑरिअॅन्टे'शॅन n. **पूर्वाभिमुखीकरण,** (यंत्र०, भौ०) **दिक्स्थापन, दिक्स्थिति**[F]; (गणि०) **दिग्चलन,** (रसा०) **अभिविन्यास,** अभिस्थापन, (~ *course*), निर्धारण, **अनुस्थापन;** स्थितिज्ञान, दिशामान, अनुस्थिति-अनुमापन।

orifice ऑ'रिफ़िस् n. (चि०) **रन्ध्र, मुखरन्ध्र, मुख,** आस्य, रन्ध्र, विवरमुख, **द्वारक, द्वार,** मुख भाग, मुँह, छेद, दरार[F], सूराख; ~ ring (रसा०) **मुखवलय।**

orificial n. रन्ध्रद्वार-विषयक, विवरमुख-सम्बन्धी, मुख-, रन्ध्र-।

oriflamme ऑ'रिफ्लैम् n. कोई सुप्रकट महान् उद्देश्य या लक्ष्य; रंग इत्यादिकी चमक[F]; (ला०) प्रेरणा[F], उत्तेजना[F]; प्रेरक वस्तु; O ~ प्राचीन फ्रांसका झण्डा, छोटी पताका[F]; सेण्ट डेनिसकी पवित्र पताका[F]।

origan, origanum ऑ'रिगॅन् , ऑरि'गॅनॅम् n. मरु, जंगली पुदीना तथा उसकी अन्य जातियाँ[F], शीकाकाई आदि।

origin ऑरिजिन् n. उद्भव, (वन०) **उद्गम, मूल,** प्रभव, व्युत्पत्ति[F], **उत्पत्ति**[F], आदि कारण, स्रोत, हेतु, उत्पत्ति-स्थान, मूल-स्थान, बीज, प्रारम्भ, आरम्भ, जन्म, (जीव०) **मूलिका**[F]; (चि०) **मूलबन्ध;** (ग०) **मूलबिन्दु,** आदि, बुनियाद[F], जड़[F], किसी व्यक्तिका वंश या गोत्र इत्यादि (*a word of Latin, a man of humble, ~*)।

original अॅरि'जिनॅल् १. n. आदर्श, मूल आदर्श, मूल वस्तु[F], असल नमूना (*several transcripts from the same ~*); उद्भव, **मूल,** प्रभव, स्रोत, व्युत्पत्ति[F], अवतरण, उत्पत्ति[F], हेतु, बीज, प्रारम्भ, आरम्भ, वंश, गोत्र; झक्की आदमी; २. a. **मूल, मौलिक,** अन्तर्जात; नव, नवीन, नया; आदर्शरूपमें व्यवहृत; अव्युत्पन्न, स्वाधीन, स्वतन्त्र; प्रतिलिपि[F]का निदर्श या मूल; **मूलभूत,** आदिक, सर्वप्राथमिक, **प्रारम्भिक, आरम्भिक,** आद्य, आदिम, प्राथमिक, प्रथम, पूर्व, पहला; रचनात्मक, आविष्करणात्मक (*has an ~ mind*); ~ sin प्रथम पाप, **आद्यपाप,** मूल पाप;

~ authority, ~ bid, ~ contract, ~ copy, ~ cost, ~ court, ~ decree, ~ design, ~ draft, ~ evidence, ~ grantee, ~ holder, ~ jurisdiction, ~ language, ~ length, ~ meeting, ~ members, ~ message, ~ mode, ~ motion, ~ order, ~ owner, ~ position, ~ proposal, ~ qualification, ~ quota, ~ side, ~ solution, ~ statement, ~ suit, ~ unity, ~ vote, ~ work.

originality –नै'लिटि n. **मौलिकता**[F], अनुकृति-रहितता[F], नव्यता[F]; रचनात्मकता[F], कल्पनाशक्ति[F], कल्पकत्व।

originate –'जिनेट् v.t. & i. व्युत्पन्न करना या होना, उद्भूत होना, उत्पन्न करना या होना; पैदा करना या होना, बनाना, बनना, उपक्रमण करना, **आरम्भ करना, या होना,** शुरूआत करना, **शुरू करना या होना;** प्रवर्तित करना, आविष्कार करना, उद्भूत करना, जन्म देना, निकालना; कारण बनना।

originating –टिंग् a. आरम्भिक, उद्भावक, प्रारम्भ-, (*~ house*)।

origination –ने'शॅन् n. उद्भव, व्युत्पत्ति[F], आविष्करण, जन्म, प्रारम्भ, शुरू, पैदायश[F]।

originative –'जिनॅटिव् a. उद्भावकीय, व्युत्पादकीय, उत्पादकीय, आविष्कारकीय, प्रवर्त्तकीय, प्रारम्भिकीय, आदिम, आद्य, प्रारम्भिक।

originator –नेटॅर् n. **प्रवर्त्तक,** उत्पादक, **जन्मदाता, प्रारम्भक, प्रारम्भकर्ता,** आरम्भक; निर्माता, निर्माण करनेवाला, बनानेवाला।

orinasal ओऑरिने'ज़ॅल् a. मुखनासिक (स्वर); (चि०) मुखनासिका^F-सम्बन्धी ।
oriole ऑ'रिओल n. कांचन, हरिवर्ण सामान्य कांचन, एक काला और पीला पक्षी; इसी वर्गकी पुरानी दुनिया^F की दूसरी चिड़ियाँ^F; अमरीकी सामान्य कांचन ।
Orion ॲराइ'ॲन् n. (ज्योतिष) किरात; (ज्योतिष०) सप्तर्षि, मृगशीर्ष, नक्षत्र-पुंज-विशेष, राशिचक्रके दक्षिणमें स्थित उज्ज्वल तारक-पुंज; मृगशिरा नक्षत्र; **मृग; काल-पुरुष,** T.
orismology ऑरिज़्मॉ'लॅजि n. वैज्ञानिक शब्दावली^F, वैज्ञानिक शब्द-विचार ।
orison ऑ'रिज़न् n. (प्रा०) स्तुति^F, उपासना^F, प्रार्थना^F, विनय^F ।
Oriya ⊙ ओॲ'रिॲ n. ओडी भाषा^F, ओडिया, उड़ीसा-निवासी, उड़िया (भाषा^F या लोग) ।
orle ऑल् n. (ढाल^F पर) किनारेसे भीतरका घेरा ।
Orleans ऑर्'लिॲन्स् n. एक बटे सूतका कपड़ा ।
orlop ऑर्'लॅप् n. निम्नतम डेक, **जहाजका सबसे नीचेका तल्ला,** (~ *deck*) ।
ormer ऑर्'मॅर् n. शुक्तायुक्त एक घोंघा ।
ormolu ऑर्'मॅलू n. सोनेका पानी चढ़ा हुआ कांसा; सुनहरे रंगका ताँबा, जस्ता और टीनका मिश्रण; इससे बनी हुई या सजायी हुई वस्तुएँ^F ।
Ormuzd ऑर्'मॅज़्ड् n. फारसके लोगोंका प्रमुख देवता; सृष्टि-देव ब्रह्मा ।
ornament[1]* ऑर्'नॅमॅन्ट् n. अलंकार भूषण*, आभूषण, विभूषण, श्रृङ्गार करने या सजानेकी वस्तु^F, गहना, जेवर* (*mantelpiece crowded with ~s*); भूषा^F, श्रृङ्गार, सजावट^F; (*by way of ~*); शोभा^F, शान^F, नाक^F (*was an ~ to his country* or *age*); पूजापेक्षित वस्तु^F; गिरजेका साज-सामान; (केवल sing.) अलंकृति^F, अलंकरण, अलंकृतता^F, अलंक्रिया^F, प्रसाधन, बनाव, बनावट^F (*a tower rich in ~*); (pl. संगीत) मनमोहक स्वर ।
ornament[2] –मॅन्ट्, मॅन्ट्' v.t. अलंकृत या भूषित करना, सुन्दरता^F बढ़ाना, श्रृङ्गार करना, सजाना; सोनेमें सुहागा मिलाना, चार चाँद लगाना ।
ornamental –'ट्ॅल् a. **अलंकारी,** आलंकारिक, भूषाकर, भूषक; शोभाकर, शोभाप्रद, **सजावटी;** ~ tree शोभा-वृक्ष, सजावटी पेड़;
~ berries, ~ plant, ~ tiles, ~ timber, ~ work.
ornamentalism –लिज़्म् n. अलंकरण, भूषा^F, सुशोभन, अलंकारवाद ।
ornamentalist –लिस्ट् n. अलंकारवादी, सज्जक, श्रृङ्गारक, सुशोभित करनेवाला ।
ornamentation –न्टे'शॅन् n. अलंकरण, श्रृङ्गार, विभूषण, मण्डन, सजावट^F, सजानेकी क्रिया^F ।
ornate ऑर्नेट् a. स्वलंकृत; श्रमालंकृत, अलंकारमय, परिश्रमसे सजाया हुआ; (साहित्यिक शैली^F-सम्बन्धी) अलंकृत, विभूषित, कान्तिमान्; वाग्मिता^F या अत्युक्ति^F रूपी अलंकारोंसे सुसज्जित ।
ornateness –'निॅस् n. स्वलंकृतता^F, आलंकारिकता^F ।
ornery आऑर्'नॅरि a. दुर्वृत्त, नीच ।
ornithic ऑर्नि'थिक् a. (जन्तु०) वैहंगिक, विहंग-सम्बन्धी, चिड़ियों^F से सम्बन्धित ।
ornithichnite ऑर्निथिक्'नाइट् n. विहंगपादावशेष, पक्षिपदचिह्न ।
ornith (o)- पक्षि-, खग-, विहंग- (*~ology, ~ologist, ~orhyncus, ~mancy*) ।
ornithocopros –कॉप्रॅस् n. पक्षिविष्ठा, बीठ ।
ornithoid ऑर्'निथॉइड् a. विहंगवत्, पक्षिवत्, पक्षियोंके समान ।
ornitholite –थॅलाइट् n. पक्षिजीवाश्म ।
ornithological ऑर्नाइ (नि) थॅलॉ'जिकॅल् a. खगविद्या^F, पक्षिविज्ञान-सम्बन्धी ।
ornithologist –थॉ'लॅजिस्ट् n. खगविद्याज्ञ, पक्षिविज्ञानी, पक्षिशास्त्री ।
ornithology –जि n. खगविद्या^F, विहगशास्त्र, पक्षिविज्ञान ।
ornithomancy ऑर्नाइ'थॅमॅन्सि n. पक्षिशकुन, पक्षियोंकी उड़ान^F द्वारा भविष्यवाणी^F ।
ornithopter ऑर्निथॉप्'टॅर् n. **चलपक्ष-विमान,** पक्षियान, T.
ornithorhyncus ऑर्नाइ (नि) थॅरिन्'कॅस् n. कारण्ड-चंचु, थूथुनवाली बतख^F, आस्ट्रेलियाका पक्षि-विशेष ।
ornithoscopy ऑर्नाइ(नि)थॉस्'कॅपि n. (शकुन आदिके लिए) पक्षि-वीक्षा^F, पक्षियोंकी उड़ान^F तथा चाल^F का निरीक्षण ।
oro– पर्वत- (~ *graphy*), मुख- (~ *nasal* ~ *pharyngeal*) ।
orographic, -cal ऑरॅग्रै'फिक्,-कॅल् aa. **शैलाकारिक, पार्वतिक,** (~ *rain*), शैलशास्त्रीय, **पर्वताकृतिक, पर्वताकृत,** (~*map*), पर्वतविज्ञान-सम्बन्धी ।
orography, oreo- –रॉ'ग्रॅफि, रि'ऑ- n. **शैलाकारिकी^F, पार्वतिकी^F,** शैलशास्त्र, पर्वतविज्ञान, **पर्वताकृति-तत्व** ।
or(e) ological ऑर् (इ) ॲलॉ'जिकॅल् a. शैलज्ञान-सम्बन्धी, पर्वत-वैज्ञानिक ।
or(e)ologist –ऑ'लॅजिस्ट् n. शैलविद्, पर्वतविज्ञानी ।
or(e)ology –जि n. शैलज्ञान, पर्वतविज्ञान ।
oroide ओॲ'रॅइड् n. ताँबा, जस्ता तथा टीन मिश्रित एक धातु^F ।
orotund ओॲ'रॅटन्ड् a. प्रदर्शनपूर्ण, आडम्बरपूर्ण, विदग्धतापूर्ण, डींगसे भरा हुआ, बड़ा ऊँचा, लम्बा-चौड़ा, बढ़ाया-चढ़ाया हुआ, शानदार ।
orotundity 'टिटि n. प्रदर्शनपूर्णता^F, आडम्बरपूर्णता^F, वैदग्ध्यपूर्णता^F, प्रभावपूर्णता^F, दम्भ ।
orphan ऑर्'फॅन् १. n. & a. **अनाथ,** मातृहीन, पितृहीन, मातृ-पितृहीन, यतीम (बालक); २. v.t. अनाथ

बनाना; मातृहीन कर देना, पितृहीन कर देना, मातृ-पितृविहीन कर देना, (मृत्युFका बच्चेके) माँ-बापको छीन लेना, यतीम करना।

orphanage –निज् n. अनाथालय, यतीमखाना; अनाथताF, अनाथावस्थाF, मातृहीनताF, पितृहीनताF, मातृ-पितृहीनताF, यतीमीF।

orphaned –न्ड् a. अनाथ, अनाथीकृत।

orphanhood –न्-हुड् n. अनाथताF, मातृहीनताF, पितृहीनताF, मातृ-पितृहीनताF, यतीमीF।

orphanize –नाइज़् v.t. अनाथ करना, मातृ या पितृ-हीन कर देना, यतीम करना।

Orphic, Orphean ऑर्'फ़िक्, ऑर्फ़ी'अँन् aa. रहस्यपूर्ण, दैवी, आरफियस या उसके रहस्यों या सिद्धान्तों-से सम्बन्धित; मनमोहक, मधुर, मनोहर, श्रुतिमधुर, सुरीला, मीठा, दिलकश, रसीला, (यूनानके गायक) आरफियसके संगीतके सदृश।

orphrey, orfray ऑर्'फ्रि, ऑर्'फ्रे n. फीता, कढ़ाईFके कामकी किनारीF (विशे० पादरीके परिधानकी)।

orpiment ऑर्'पिमॅन्ट् n. (रसा०, भू०) हरताल, हरिताल, हरितालक, ताल, मैनफल (~*yellow*)।

orpin(e) ऑर्'पिन्(अॅ) n. पत्रपुष्पाF, एक रसदार बूटीF।

Orpington ऑर्'पिन्ग्टॅन् n. मुर्गीF आदि पालतू पक्षियोंकी एक नस्लF।

orrery ऑ'रॅरि n. (ज्यो०) सौरमण्डल-गतिसूचक यन्त्र-विशेष।

orris[1] ऑ'रिस् n. हैमवन्तीF, षड्गन्धाF, बालवचा, ईर्सा, सरेसन (~*root*, *powder*)।

orris[2] n. सुनहला या रुपहला गोटा, जालीFका काम, कशीदा या कलाबत्तू।

orse. otherwise.

Orson ऑर्'सॅन् n. उजड्ड बहादुर आदमी।

ort ऑर्ट् n. (बोल० एवं प्रा०; साधारणतः pl.) उच्छिष्ट अंश, अवशिष्ट अंश, निकृष्ट या रद्दी अंश, छीछनF, टुकड़ा, जूठनF।

orth(o)- आर्थ(थॅ) ऋजु-, सम-, सरल- (~ *clastic*, ~*o-cephalic*, ~*ochromatic*, ~*oepy*, ~*oprism*, ~*opyramid*, ~*optic*); ऊर्ध्व- (~*tropous*); लम्ब- (~*-axis*, ~*centre*, ~*normal*)।

orthocentre ऑर्थ'सेन्'टॅर् n. लम्बकेन्द्र।

orthocentric –ट्रिक् a. लम्बकेन्द्रीय।

orthochromatic ऑर्थ'क्रमै'टिक् a. यथाच्छाय, यथावर्ण, T.

orthoclase ऑर्'थॅक्लेस् n. (खनि०) ऋजुदलिज, सैकिज।

orthoclastic –स्'टिक् a. ऋजुदलीय, भाजितकोण।

orthodiagonal ऑर्थडाइऐ'गॅनॅल् n. लम्बकोण, समकोण।

orthodontia –डॉन्टिअॅ n. (चि०) दन्तवैषम्यसुधार, दन्तर्जुकरण, दन्तार्जव, दाँतोंकी सिधाईF।

orthodox ऑर्'थॅडॉक्स् a. धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण, कट्टर-पन्थी, पाखण्डहीन, शुद्धधार्मिक, कट्टर, सच्चा; मानसिक दास, दासमना, अमौलिक मस्तिष्कवाला; शास्त्रसम्मत, शास्त्रीय, **परम्परानिष्ठ** (~ *economist*), परम्परागत, रीतिगत, प्रथागत; the O~Church पूर्वी ईसाई सम्प्रदाय, कुस्तुन्तुनियाके उपधर्माध्यक्षका मत और गिरजा।

orthodoxness –निस् n. धर्मपरायणताF, कट्टरताF।

orthodoxy –सि n. स्वधर्मनिष्ठताF, धर्मपरायणताF, रूढ़िनिष्ठताF, परम्परानिष्ठताF, कट्टरपन्थिताF, कट्टरपन, सच्चाईF; मानसिक दासत्व; शास्त्रसम्मतताF, प्रथासम्मतताF।

orthodromic ऑर्थ'ड्रॉ'मिक् a. जलमार्ग-सम्बन्धी।

orthodromy –थॉ'ड्रमि n. गोल-चक्करमें नावF चलानेका काम।

orthoepic ऑर्थोअे'पिक् a. शुद्ध शब्दोच्चारण-विद्या-सम्बन्धी।

orthoepist –'इॅपिस्ट् n. शुद्धोच्चारण-विद्याज्ञ।

orthoepy–पि n. शुद्धवर्ण-विन्यास (विद्याF), शुद्धोच्चारण (विद्याF)।

orthogenesis ऑर्थ'जे'नि'सिस् n. (इति०) **सामान्य विकासवाद,** (जीववि०) ऋजुजनन, जीवादिकी एक विशेष दिशाFमें वृद्धिF।

orthogenetic –जि'ने'टिक् a. ऋजुजननीय, ऋजु-जनन-सम्बन्धी।

orthogon ऑर्'थॅगॉन् n. समकोण, समचतुरस्र।

orthogonal –थॉ'गॅनॅल् a. **लम्बकोणीय,** समकोणाकार; समकोणछिन्न; **लाम्बिक,** लम्ब-, (ग० ज्या०) लम्ब-, समकोणयुक्त अथवा समकोणका; ~function स्वतन्त्र कार्य; ~circle, ~coordinates, ~involution, ~matrix, ~ polynomial, ~ projection, ~ reduction, ~ system, ~ trajectory, ~transformation.

orthogonality –नै'लिटि n. (ग०) **लम्बकोणीयताF,** लम्बकोणताF, लम्बिकताF।

orthographer ऑर्थॉ'ग्रॅफ़र् n. (इंजी०) सुविक्षेपोद्रे-खक; लम्बरेखक; शुद्ध लेखक, वर्णविन्यास-शास्त्री।

orthographic, -al –र्थ'ग्रै'फ़िक्, -अॅल aa. सुविक्षेपो-द्रेक्षीय, वर्त्तनी-सम्बन्धी, वर्ण-विचार-सम्बन्धी, साक्षरी; शुद्धवर्णानुसार; ~ic projection **लम्ब रेखी प्रक्षेप, समरूपी प्रक्षेप।**

orthographist –थॉ'ग्रॅफ़िस्ट् n. = ORTHOGRAPHER.

orthography –फ़ि n. सुविक्षेपोद्रेख; शुद्धवर्ण-विन्यास, शुद्ध परम्परागत वर्त्तनीF, अच्छरौटी, इमला (*his ~ is shocking*); वर्णविन्यासशास्त्र, वर्णविचार, शुद्धताFके प्रसंगमें उल्लिखित वर्त्तनी-विचार; आपेक्षिक आकार एवं दूरी-निर्देश-पूर्वक अंकित प्रकल्पनाF; प्रकल्पनायुक्त मान-चित्र इत्यादि।

orthology ऑर्थॉ'लॅजि n. शब्दप्रयोग, शब्द-विचार।

orthopaedic ऑर्थॉ'पी'डिक a. (चि०) ऋजुकारी,

विरूपशोधक, विकृतांग-उपचारीय, **विकलांग-**; ~department, ~surgery, ~theatre.

orthopaedics –क्स् n. विरूपशोधन, विकृतांगोपचार, विकलांग-विचार, **विकलांग-विद्या**[F], विकृतांग ऋजुकारी चिकित्सा[F]।

orthopaedist –डिस्ट् n. (चि०) विकृतांग-चिकित्सक, शल्य-चिकित्सक, सर्जन।

orthopaedy ऑर्'थ़ॅपीडि n. कुरूपता[F] अथवा विकलांगता[F]का उपचार; विकलांग-चिकित्सा[F]।

orthopnoea ऑर्थॉप्नी'ॲ n. ऋजुश्वासता[F], **ऊर्ध्वस्थ श्वसन**।

orthopterous ऑर्थॉप्'टॅरस् a. ऋजुपक्ष, सिधपंखा, सीधे पंखोंवाला।

orthoptic[1] ऑर्थॉप्'टिक् a. ऋजुवीक्ष्य, सीधा देखनेवाला।

orthoptic[2] n. ऋजुवीक्ष, लक्ष्य काच।

orthorhombic ऑर्थॅरॉम्'बिक् a. ऋजुधुरीय, **त्रिविषम-अक्षीय,** (*~pyramid*); **समचतुर्भुज-** (*~ sulphur, ~system*)।

orthoscope ऑर्'थ़ॅस्कोप् n. ऋजुवीक्ष।

orthoscopic ऑर्थॅस्कॉ'पिक् a. ऋजुवीक्षिक, **यथार्थ-चित्री,** (*~lens*)।

orthostatic ऑर्थॅस्टै'टिक् a. (इति०) ऊर्ध्वस्थ, **खड़ा**।

orthostichy ऑर्थॉस्'टिकि n. (वन०) **ऊर्ध्वपंक्ति**[F],T.।

orthotonus ⊙ ऑर्थॉ'टॅनॅस् n. (चि०) दण्डापतानक, ऊपरी धड़की कड़ाई[F] (का रोग)।

orthotropic ऑर्थॅट्रॉ'पिक् a. ऊर्ध्वावर्धी, **ऊर्ध्वमुख,** (*~organ*)।

orthotropism –थॉ'ट्रॅपिज़्म् n. (वन०) ऊर्ध्वाविर्धन, ऊर्ध्ववृद्धि, ऊर्ध्वमुखता।

orthotropous –पॅस् a. ऊर्ध्ववर्धी, (वन०) **ऊर्ध्वमुख;** ऋजु, सरल, सीधा।

orthotropy –ट्रॅपि n. = ORTHOTROPISM.

ortolan ऑर्'टॅलॅन् n. पीतकण्ठ, अवाबील[F] जाति[F]की छोटी चिड़िया[F], स्वादिष्ट मांसवाला पक्षी-विशेष, वरगेल[F], ववेरी[F]।

-ory[1] = ARY (*compuls~, dispensat~, illus~, amat~, perfunct~*)।

-ory[2] स्थानवाची संज्ञा[F] बनानेमें (*fact~, dormit~, purgat~*); वस्तुवाची (*direct~, territ~*)।

os n. (चि०) अस्थि[F]।

O.S. Old Saxon; Old Style; Ordinary Seaman; Ophthalmological Society; Optical Society.

o.s. only son.

Os. Osmium.

O.S.A. *Ordinis Sancti Augustini*, of the Order of St. Augustine; Opium Smoking Act.

O S.B. *Ordinis Sancti Benedicti*, of the Order of St. Benedict.

osborne n. एक मीठा बिस्कुट।

Oscan ऑस्'कॅन् n. इटलीके आदिवासी और उनकी भाषा[F]।

oscillate ऑ'सिलेट् v.t. & i. अस्थिर या कम्पित होना, दो कार्यों, दशाओं[F], मतों इत्यादिके बीच (कभी एक ओर और कभी दूसरी ओर) डोलना, कभी कुछ कभी कुछ होना, घड़ी तोला घड़ी माशा होना, डाँवाडोल होना, जल्दी-जल्दी मिजाज बदलना; अशुद्ध क्रिया[F]के फलस्वरूप विद्युच्चुम्बिक धाराएँ[F] विकीर्ण करना; (विद्यु०, विद्युद्धारा[F]का) प्रदोलित होना, स्फुलिंग अन्तराल (स्पार्क गैप) अथवा कपाट-पारेषक (वाल्व-ट्रांसमीटर) के विद्युद्धारा[F] मार्गसे बार-बार तेजी[F]से आना-जाना; **दोलन करना,** प्रदोलित करना या होना, झुलाना, झूलना, घड़ी[F]के लंगरकी भाँति इधर-उधर हिलना, हिलाना, डुलाना, डोलना।

oscillated –टिड a. प्रदोलित, डाँवाडोल।

oscillating–टिंग् a. प्रदोली, **दोली, दोलक, दोलायमान,** कम्पनशील, अस्थिर, घुमाऊ (*~current, fan*); ~body, ~circuit, ~current, ~energy, ~ engine, ~ piston, ~ series, ~wave.

oscillation –लेशॅन् n. प्रदोल, प्रदोलन, कम्पन, **दोलन,** स्पन्दन, तरंग[F], अस्थिरता[F], दोल, डुलाव, झुलाव; ~number प्रदोलनांक।

oscillative –'सिलेटिव् a. प्रदोलनात्मक, दोलनशील, कम्पनशील।

oscillator –टॅर n. (ग०) **कम्पित्र, दोलित्र;** प्रदोलक, **दोलक,** (घड़ी[F] इत्यादिका) लटकन।

oscillatory –रि a. प्रदोलकीय, प्रदोली, **दोली** (*~ discharge*), दोलायमान; **दोलन-**, स्पन्दमान, थरथराता हुआ (*~ circuit*); झूलनेवाला, झूलनेका; ~ motion प्रदोलन-गति[F]; **दोलन-गति**[F]।

oscillograph ऑ'सिलॅग्रॉफ् n. (विद्युत्०) प्रदोललिख; **दोललिखी, दोलनलेखी,** T.

oscillography ⊙ ऑसिलॉ'ग्रॅफि n. **दोलन-चित्रण,** T.

oscilloscope ऑसि'लॅस्कोप् n. प्रदोलेक्ष, दोलनवीक्ष, **दोलनदर्शी**।

oscine ऑ'सिन् a. गानेवाले पक्षियोंसे सम्बन्धित।

oscitancy ऑ'सिटॅन्सि n. जृम्भण; जम्हाई[F]; तन्द्रा[F], निद्रालुता[F], शयन, ऊँघ[F]; मूर्खता[F], मूढ़ता[F], जड़ता[F], बेवकूफी[F]।

oscitant –न्ट् a. जृम्भमाण, तन्द्रालु, जम्हाई[F] लेनेवाला, सुस्त, ऊँघनेवाला; मूर्ख, मूढ़, जड़, बेवकूफ।

oscitate –टेट् v.t. जम्हाई[F] लेना, ऊँघना।

oscitation -टे'शॅन् n. जृम्भा[F], जम्भाई[F], जम्हाई[F], जमुहाई[F]; तन्द्रा[F], **सुस्ती**[F]।

oscula दे० OSCULE.

osculant ऑस्'क्यूलॅन्ट् a. आश्लेषी, जुटा हुआ, सटा हुआ, बराबर।

oscular –लॅर् a. चुम्बनका (हास्य०); मुख-सम्बन्धी, मुखका; (ग०) आश्लेषक, चूमनेवाला; वक्ररेखा^F आदिको स्पर्श करनेवाला।

osculate –लेट् v.t. & i. चुम्बन करना, चूमना; (ग०, वक्र अथवा तलका) उच्चतर-क्रमको स्पर्श करना, तीन या अधिक बिन्दुओंपर सन्निपतित होना; (प्रा० इति०, श्रेणी^F इत्यादिका) सदृश होना, श्रेणियों^F इत्यादिसे स्पष्ट या सम्बन्धित होना, किसी दूसरेके साथ परस्पर उभयनिष्ठ-गुण रखना।

osculating –टिंग् a. **अधिस्पर्शी, आश्लेषी,** आश्लिष्ट, सम्बद्ध, छूता हुआ;
~circle, ~curve, ~parabola, ~plane, ~quadric, ~sphere.

osculation –लेशॅन् n. आश्लिष्टता^F, स्पृष्टता^F, अधिस्पर्श, सम्बद्धता^F; सादृश्य, समता^F; चुम्बन, प्यार, चुम्मा; (शारीर०) सम्मिलन (धमनी^F, वाहिनी^F आदिका)।

osculatory –क्यूलेटॅरि a. अधिस्पर्शी, स्पर्शी (~*interpolation*); आश्लेषमान्, स्पर्शमान्, **आश्लेषी** (~*curve*); चुम्बक, चूमनेवाला; उभयनिष्ठ गुण रखनेवाला।

oscule ऑस्'क्यूल् n. (जीव०) रन्ध्र, छिद्र, छेद, **अपवाही रन्ध्र।**

O.S.D. Officer on Special Duty; Ordnance Survey Department.

-ose[1] -प्रचुर, -बहुल (*bellic~, joc~, grandi~, mor~, verb~*)।

-ose[2] -धु, -म (*sacchar~, cellul~, dextr~, laevul~*)।

O.S.F. *Ordinis Sancti Francisci*, of the Order of St. Francis.

osier ओ'ज़ॅर् n. प्रवत्रा^F, बेंतकी एक जाति^F, (उस बेंतकी टहनी^F); (गुण०) ओसिर, बेंतसे बना हुआ।

osiered –र्ड a. (झाड़ियों^Fकी भाँति) प्रणमित, आवृत, आच्छादित, कुंजित, ढका हुआ, मुड़ा हुआ।

-osis -रुजा (*amaur~, trichin~*) कतिपय अलंकार-शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दोंमें भी (*mei ~*); कुछ अन्य संज्ञाओंमें भी (*metamorph~, apathe~*)।

-osity -OSE[1], -OUS वाले शब्दोंसे संज्ञा^F।

osmo- रसाकर्षण, परिसरण (*~meter, ~receptor, ~scope*)।

Osmanli ऑस्मैन्'लि a. तुर्की साम्राज्यसे सम्बन्धित।

osmic ऑस्(ज़्)'मिक् a. (रसा०) गुर्विक, आस्मियम धातु-सम्बन्धी।

osmious –मिॲस् a. (रसा०) गुरुधातु^F-सम्बन्धी, भारी।

osmium –ॲम् n. गुर्वातु^F, गुरुधातु^F, एक भूरे रंगकी धातु^F, सबसे अधिक भारी पदार्थ।

osmometer ⊙ ऑस्(ज़्)मॉ'मिटॅर् n. (रसा०) आसृतिमान, (भौ०) **रसाकर्षमापी, परिसरण-मापी, परासरणमापी,** तरल पदार्थोंके दबावको नापनेवाला यन्त्र।

osmoscope ऑस्'मॅस्कोप् n. **परासरणमापी।**

osmose, osmosis –मोस्, ऑस्मो(ऑज़्मो)'सिस् nn. (चि०, वन०, रसा०, भौ०) **परिसरण, परासरण, रसाकर्षण,** आसृति^F, आसारण (की प्रवणता^F); रन्ध्री पट्टी^F द्वारा तरल पदार्थोंका छनकर प्रवेश तथा अन्तर्मिश्रण।

osmotic ऑस्मॉ'टिक् a. (चि०, जीव०) **रसाकर्षण, रसाकर्षी,** आसृतीय, आसृतिपूर्ण, **परिसारक, परासारी, परासरण-,** आसारण-प्रवण; आसारण-सम्बन्धी;
~balance, ~character, ~ concentration, ~ force, ~ pressure, ~ pull, ~resistance, ~value, ~water.

osmund ऑज़्(स्)'मॅन्ड् n. आसमन्द, एक पुष्पयुक्त घास^F (पर्णांग) या फर्न।

o.s.p. *obiit sine prole*, died without issue.

osphresiology ⊙ ऑस्फ्रेज़िऑ'लॅजि n. गन्धविज्ञान।

osprey ऑस्'प्रे, -प्रि n. (pl. -s) एक प्रकारके बगलेका पंख; उत्क्रोश, कुरर, कुररी^F, मत्स्यकुरर, मत्स्यभक्षी उकाब, मछलियाँ^F मारनेवाला बृहद् पक्षी, समुद्री उकाब, समुन्दरी बाज।

O.S.R. Opium Smoking Rules.

ossein ऑ'सीन् n. (जीववि०) अस्थिकि^F, हड्डियों^Fका प्रांगरिक आधार; (चि०) हड्डियों^Fका जिल्याटिनयुक्त सत्व।

osselet ⊙ ऑ'सिलेट् n. *अस्थिपिण्ड*, (घोड़ोंके) घुटनोंके अन्दरकी ओर पैदा होनेवाला कड़ा भाग।

osseous ऑ'सिॲस् a. प्रचुर-शिलीभूत, कंकालास्थियुक्त, अस्थिनिर्मित, अस्थिवत्, **अस्थिमय** (*~tissue*), अस्थिसदृश, अस्थिसात्कृत, हड्डियोंवाला, हड्डी^Fकी तरह, हड्डी^F-का, हड्डी^F-सा, अस्थिवत् ठठरी^F या ढाँचेसे युक्त (*~ and cartilaginous fishes*)।

ossicle ऑ'सिकॅल n. (श० र० शा०, चि०) **अस्थिका^F,** अस्थिक^F, छोटी हड्डी^F; सूक्ष्म कर्णास्थि^F, कनहड्डी^F; पशुओंके शरीरकी गठन^F या ढाँचेमें अस्थिनिर्मित अथवा चूर्णिक पदार्थका पिण्ड या खण्ड।

ossiferous ऑसि'फ़ॅरॅस् a. अस्थिजन, अस्थिवान्, अस्थिमय।

ossific –फ़िक् a. अस्थिमय।

ossification –फ़िके'शॅन् n. (चि०) **अस्थिविकास, अस्थी-भवन,** (चि०) **अस्थीकरण,** अस्थीयन, अस्थि-निर्माण, **अस्थिविकास,** अस्थिकृति^F, हड्डी^Fमें परिणत करने या होनेकी क्रिया^F, (चि०, कृषि०, जीव०) **अस्थि-भवन, अस्थि^F बनना,** हड्डी^F बनना।

ossifrage –'सिफ्रिज् n. = OSPREY.

ossify –फ़ाइ v.t. & i. अस्थिकरण करना, अस्थीभूत करना या होना, अस्थि^Fमें परिवर्तित करना, कठोर या विकासरहित बनाना या होना, हड्डी^F बनाना या बनना।

ossivorous –सि'वॅरॅस् a. अस्थिभक्षी, अस्थिवृत्ति, हड्डियों^Fपर जीनेवाला, हाड़चर।

ossuary ऑ'स्यूॲरि n. प्राचीनास्थि-गुहा^F; शवास्थिपात्र, शवास्थिशाला^F, अस्थि^F-स्थान, **अस्थिपात्र,** अस्थिधानी^F, हड़वार^F, मृतकोंकी अस्थियाँ^F रखनेका स्थान।

o.s.t. ordinary spring tides.
osteal ऑस्‌'टि'ॲल् a. अस्थिमय, आस्थिक, अस्थि^F-सम्बन्धी।
osteitis —टिस् n. (चि०) अस्थिशोथ, हड्डी^Fकी सूजन^F।
ostensibility ऑस्टे'न्सॅबि'लिटि n. दृश्यता^F, दर्शनार्थता^F, प्रदर्शनपूर्णता^F, आडम्बरपूर्णता^F, पाखण्डपूर्णता^F, दम्भपूर्णता^F, दिखावा।
ostensible ऑस्टे'न्‌सबॅल् a. दृश्य, दर्शनार्थ, आभासी, प्रदर्शनपूर्ण, आडम्बरपूर्ण, पाखण्डपूर्ण, दम्भपूर्ण, दर्शनी, बनावटी, दिखावटी, दिखावेका, ढकोसलेका; व्यक्त, प्रकट, अगूढ़, प्रत्यक्ष, खुला (*his ~ errand was to—*);
~ agency, ~ means, ~ owner, ~ partner.
ostensive —सिव a. प्रदर्शनात्मक, आडम्बरात्मक, दम्भयुक्त, बनावटी, दिखावटी; ~ definition (दर्शन०) **सांकेतिक परिभाषा^F**।
ostensory —सॅरि n. (ईसाई मन्दिरमें) प्रसाद-पात्र।
ostent ऑस्टे'न्ट् n. रूप, प्रकार।
ostentation ऑस्टॅन्टे'शॅन् n. आत्मश्लाघा^F, आत्मप्रदर्शन, दम्भ; आडम्बरपूर्ण प्रदर्शन, दिखावा, ठाठ^F, तड़क-भड़क^F, तूम-ताड़क^F, टीमटाम^F, नुमाइश^F, दिखावट^F।
ostentatious —शॅस् a. आत्मश्लाघी, दम्भशील, दाम्भिक; आडम्बरपूर्ण, आडम्बरप्रिय, दिखावटी, भड़कीला, बाँका, भड़कदार, तूमतड़ाक^Fका, नुमायशी।
ostentatiousness —नि'स् n. आत्मश्लाघा^F, दम्भशीलता^F, दाम्भिकता^F, आडम्बरपूर्णता^F, दिखावटीपन।
oste(o)- अस्थि^F- (*~itis, ~ogenesis, ~-ography, ~ology, ~omalacia, ~ometry, ~opathy, ~tomy*)।
osteoarthritis ⊙ ऑस्टीॲआर्थ्राइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) **अस्थि-सन्धि-शोथ,** जोड़ोंके साथ आस पासकी हड्डी^Fकी सूजन^F।
osteoblast ऑस्‌'टि'ॲब्लास्ट् n. (जीव०) **अस्थि-कोशिका^F**; (चि०) **अस्थिप्रसू,** अस्थिनिर्माता, हड्डी^F बनानेवाला तत्त्व।
osteoclasis ऑस्टिॲक्ले'सिस् n. अस्थिच्छेदन, **अस्थि-भंजन,** टेढ़ापन ठीक करनेके लिए हड्डी^F तोड़ना; अस्थि-नाशन, अस्थि शोषण।
osteocolla ऑस्टिॲकॉ'लॅ n. अस्थि-संयोजक, हड्डियों^Fको जोड़नेवाला चिपचिपा पदार्थ-विशेष।
osteocope ⊙ ऑस्‌'टि'अकोप् n. अस्थि-पीड़ा^F, हड्डियों^F-का दर्द (प्रायः फिरंगजन्य)।
osteogenesis ऑस्टिॲजे'नि'सिस् n. = OSSIFICATION, **अस्थिजनन**।
osteography ऑस्टिऑ'ग्रॅफि n. अस्थि-वर्णना^F, हड्डियों^Fका वर्णन।
osteoid ऑस्‌'टिआॅइड् a. अस्थ्याभ, अस्थ्याकार, अस्थिवत्, अस्थिरूप, **अस्थिकल्प**।
osteological ऑस्टिॲलॉ'जिकॅल् a. आस्थिकीय, अस्थि-विज्ञान-सम्बन्धी।
osteologist —ऑ'लॅजिस्ट् n. आस्थिकीविद्, अस्थि-विज्ञानी।
osteology —जि n. (चि०) आस्थिकी^F, **अस्थिविज्ञान,** अस्थितत्त्व, **अस्थि-प्रकरण,** अस्थिवर्णन; (श० र० शा०) अस्थिकी^F या पशुओंकी अस्थिमय गठन^F या बनावट^Fका विवेचन।
osteoma आस्टिओ'मॅ n. अस्थ्यर्बुद।
osteomalacia ऑस्टिॲमले'शिॲ n. (चि०) **अस्थि-मृदुता^F**, (विटामिन 'डी'की कमी^Fसे) हड्डियों^Fका नरम पड़ जाना।
osteometry ऑस्टिऑ'मि'ट्रि n. अस्थिमिति^F।
osteopath ऑस्‌'टिॲपाथ् n. अस्थिचिकित्सक।
osteopathic ऑस्टिॲपै'थिक् a. अस्थिचिकित्सा^F-सम्बन्धी।
osteopathist —ऑ'पॅथिस्ट् n. अस्थिचिकित्सक, हड्डियाँ^F जोड़ने या बैठानेवाला।
osteopathy —थि n. (चि०) अस्थिविकार; अस्थि-चिकित्सा^F, एक विशिष्ट चिकित्सा-पद्धति^F।
osteotomy ऑस्टिऑ'टॅमि n. (ठीक करनेके लिए) अस्थि-छेदन, हड्डी^F काटना।
ostiolar ऑस्टाइ'ॲलॅर् a. द्वार-विषयक, द्वारक-सम्बन्धी; रन्ध्रक-विषयक, रन्ध्र-सम्बन्धी।
ostiolate —'टिॲलेट् a. (जन्तुवि०, वन०) रन्ध्रकी, छिद्रिल, **समुख**।
ostiole ⊙ —ओल् n. (वन०) **मुख,** द्वार, द्वारक; (जन्तु०) रन्ध्रक।
ostitis ऑस्टाइ'टिस् n. (चि०) अस्थि-शोथ, हड्डी^Fकी सूजन^F।
ostium ऑस्‌'टिॲम् n. **अपवाही रन्ध्र, आस्यक,** मुखिका^F, T.
ostler ऑस्‌'लॅर n. सराय^Fका साईस।
Ostmen ऑस्ट्'मे'न् n. pl. आयलैंण्डमें बसनेवाले डेनमार्कवासी।
ostosis ऑस्टो'सिस् n. = OSSIFICATION.
ostracean ऑस्ट्रे'सि'ॲन् n. शुक्तावत्, सीप^Fकी प्रकृति^Fका।
ostracism ऑस्‌'ट्रॅसिज़्म् n. समाज-च्युति^F; विवासन, निर्वासन, देश-निष्कासन, देश-निकाला।
ostracize —साइज़् v.t. समाज-च्युत करना, गतिच्युत करना, अनुकूल दृष्टि^F अथवा सामान्य सुविधाओं^Fसे बहिष्कृत या वंचित करना; देशसे निष्कासित या निर्वासित करना, देशनिकाला देना; (प्राचीन यूनानमें) देश-निर्वासनके लिए ठीकरेपर लिखकर लोकमत द्वारा निर्वासित करना।
ostracon ⊙ ऑस्‌'ट्रॅकॉन् n. (प्रा० ग्रीस, देशनिकालेका) आदेश-पत्र या आदेश-पट्ट।
ostracum ⊙ ऑस्‌'ट्रॅकम् n. मध्यकवच।
ostrei-, ostreo- शुक्ति-, शुक्ति-; शौक्तिक, शौक्तिका- (*ostreiculture, ostreophagous*)।

ostreiculture ऑस्'ट्रि`इकल्च्युअॅर् n. शुक्त-कृषि^F, सीपियों^Fका पालना।

ostrich ऑस्'ट्रिच् n. उष्ट्रपक्षी, बड़े आकारका एक तेज दौड़नेवाला अफ्रीकी तथा अरबी पक्षी, **शुतुरमुर्ग** (*has the digestion of an* ~); ~-farm उष्ट्रपक्षी-क्षेत्र, उष्ट्रपक्षीप्रसावन-क्षेत्र, उष्ट्रपक्षियोंके प्रसावनका स्थान; ~ policy, belief आत्मप्रवंचक नीति^F; आत्मप्रवंचना^F।

-ot¹ लघु- (*ball~, chari~, parr~*)।

-ot², **-ote** प्राचीन यूनानमें देशीयता^F प्रदान करनेके लिए नामोंके बनानेमें प्रयुक्त (*Epirot, Suliote*)।

O.T. Old Testament.

O.T.C. Officer's Training Corps (*or* Centre).

O tempora, o mores ! (L) क्या समय था ! क्या ढंग थे !

otalgia ओटैल्'जिॲ n. (चि०) कर्णार्ति^F, कर्णपीड़ा^F, कानका दर्द।

other* अ'दॅर् १. n. or pron. इतर*, पर, अन्यतर, कोई अन्य, दूसरा*, भिन्न या दूसरा कोई व्यक्ति, दूसरी वस्तु^F, प्रादर्श (नमूना) इत्यादि (*one or ~ of us will be there*); २. a. पृथक्, अतिरिक्त, अन्य, भिन्न, विभिन्न, और, दूसरा, वैकल्पिक अथवा अपर (*we have ~ evidence*); एकमात्र शेष; प्रत्येक द्वितीय या हर दूसरा; व्यतिरिक्त, इतर, अलग, जुदा (*have no ~ place to go to*); ३. adv. अन्यथा, अन्य प्रकारसे, पृथक् रीतिसे, अन्य बातों^Fमें; every ~ प्रत्येकान्तर, प्रत्येकान्तरिक, एक छोड़कर, हर अँतरा; every ~ day एक दिन छोड़कर; ~ guess सर्वथा भिन्न प्रकारका (प्रा० तथा बोल०); ~ ranks **अन्य श्रेणियाँ, जवान**; ~ than के अतिरिक्त, को छोड़कर; ~ whence अन्यत्रसे, कहीं औरसे; ~ where(s) अन्यत्र, कहीं और (का०); ~ while(s) अन्य समयोंपर, कभी और, फिर कभी; ~ worldly पारलौकिक, आमुष्मिक, परलोक-सम्बन्धी; the ~-world परलोक; *it was none ~ than Jones* वह जोन्सके अतिरिक्त और कोई न था; *on the ~ hand* दूसरे पक्षमें, दूसरी ओर^F, दूसरी तरफ^F; *someone or ~* कोई अनिश्चित या अज्ञात व्यक्ति; *sometime or ~* किसी समय, किसी दिन; *the ~ day* कुछ दिन पहले या पीछे।

otherness –नि`स् n. इतर वस्तु^F, अन्य अवस्था^F, (क्वचित्) अन्यत्व, अन्यता, इतरत्व, पृथक्त्व, भिन्नता^F, भेद, अन्तर।

otherwise –वाइज् adv. **अन्यथा**, यदि परिस्थितियाँ^F भिन्न हुईं तो, नहीं तो, वरना, अथवा, या (*seize the chance, ~ you will regret it*); अन्य प्रकारसे, और तरह (*could not have acted ~*), अन्य अर्थोंमें, दूसरे मानोंमें (*he is unruly, but not ~ blameworthy*); विभिन्न दशा^Fमें (*how can it be ~ than fatal ?*); ~-minded अन्य विचारोंका; *and ~, or ~* और, अथवा, इसका उलटा (*the merits or ~ of the Bill*)।

other-worldliness –वर्'ल्ड्-लिनि`स् n. पारलौकिकता^F, आमुष्मिकता^F, असांसारिकता^F, अपार्थिवता^F।

-otic -जनक, -उत्पादक, -सम, -सदृश, -वत्, -प्रभावित (*neur~, hypn~, nar~, Quix~, ex~, er~*)।

otic ऑ'टिक् a. कर्ण-, कर्ण-सम्बन्धी (*~ process, region*)।

otiose ओशिओस', ओ'शिओस् a. अव्यावहारिक, बेकार; अनिच्छित, अनपेक्षित; अवकाश-प्राप्त, कार्यमुक्त; व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, असार, तुच्छ (क्वचित्); आलसी, सुस्त, खाली, काहिल, बेकार (क्वचित्)।

otitis ॲटाइ'टिस् n. (चि०) कर्णशोथ; ~ media मध्य-कर्ण-शोथ।

otium cum dignitate (L) सहज व्यवहार, मर्यादित व्यवहार।

ot(o)- कर्ण- (*otology, otoscope*)।

otocyst ओ'टॅसिस्ट् n. (जीववि०) उपलकोष्ठ; कर्णकोष्ठ, **श्रवण-पुटी**^F।

otolith ओ'टॅलिथ n. (जीववि०) कर्णाश्म, कर्णास्थि^F, **कर्णवालुका**^F (*~ receptor*), कानकी हड्डी^F, T.

otologist ओटॉ'लॅजिस्ट् n. श्रोत्रविज्ञानी, कर्णविज्ञानी।

otology –जि n. श्रोत्रविज्ञान, **कर्ण-विज्ञान**, कर्ण-विद्या^F, T.

otorrhoea ओटॅरी'ॲ n. (चि०) **कर्णस्राव, कान बहना**।

otoscope ओ'टॅस्कोप् n. कर्ण-परीक्षक यन्त्र, कर्णवीक्ष।

O.T.S. Officers' Training School.

otter ऑ'टॅर् n. उद्र, जलबिडाल, जलमार्जार, ऊदबिलाव; उद्रका लोम या समूर; ~-dog, -hound ऊदबिलावके शिकारका कुत्ता; ~ shrew उद्रछुछुन्दर; ~-spear शिकारी भाला।

otto ऑ'टो n. इत्र (*~ of roses*)।

Ottoman¹ ऑ'टॅमॅन् १. n. तुर्की व्यक्ति, तुर्क; आथमन प्रथमके वंश या साम्राज्यका व्यक्ति; २. a. तुर्क-सम्बन्धी, तुर्की; आथमन प्रथमके वंशका, उसके वंशज या सन्तानका अथवा उसकी नस्लका।

ottoman² n. बिना पीठ^F या बाँहोंवाली गद्देदार चौकी^F।

ouabain ऑबेन् n. (रसा०) इपुगरि^F, एक विषैला क्षार-द्रव्य।

oubliette ऊब्लिए`ट्' n. गुप्त बन्दीगृह, गुप्त गुफा^F, चोर-कोठरी^F।

ouch¹ ऑउच' n. नगीनेके लिए छिद्र, ठिया, नगके जड़ावका घर; (प्रा०) जड़ाव बक्स।

ouch² int. ओह, हाय !

ought¹ ऑट' n. (ग्रा०) शून्य, शून्यकी द्योतक संख्या^F, कुछ वस्तु^F, बिन्दी^F, सिफर।

ought² v. aux. **स्यात्**, उचित है, **चाहिये** (*we ~ to love our neighbours*)।

ouija वी'जा, –या n. लिपि-पट्ट, लेख-फलक, दैवी आदेश फलक, ईश्वरीय संकेत; लिखा हुआ तख्ता।

ounce[1] ऑउन्स्' n. शुक्तिका^{F}; पणार्ध, (रसा०, भौ०) औंस=२॥ तोला, तौलकी एक इकाई^F (ला० भी, *an ~ of practice* etc. *is worth a pound of theory*); T.

ounce[2] n. (जन्तुवि०) पहाड़ी मादा चीता अथवा तेन्दुआ, हिमप्रदेशीय चीता; (का० इत्यादि) वनबिलाव अथवा मध्यम आकारयुक्त बिडालजातीय पशु-विशेष, सियाह गोह^F या उसी किस्म^{F}का कोई और जानवर।

our ऑउॲर् a. हमारा, हमलोगोंसे सम्बन्धित या हमलोगोंका (*is in ~ midst*); O~ Father जगत्-पिता, ईश्वर; O~ Lady (ईसाइयोंकी) कुमारी मेरी^{F}, मरियम अजरा^{F}; O~ Lady's hair कन्याकेशी^{F} (घास^F)।

-our दे० OR[1]; (*colour, demean~, odour* इत्यादि)।

ouroscopy ऑउरॉस्'कॅपि n. (चि०) मूत्रपरीक्षण; जन-मूत्रमार्ग विज्ञान; URINE के लिए प्राचीन शब्द।

ours ऑउॲर्ज़्' १. pred. a. हमारा, हमलोगोंसे सम्बन्धित, हमलोगोंका (*became ~ by purchase*); २. pron. हमलोगोंसे सम्बन्धित व्यक्ति या वस्तु^{F}(का) (*~ is a large family*); हमलोगोंका संघटित दल या सैन्यदल (*Jones of ~; look at this garden of ~* हमारे इस बागको देखो)।

ourself ॲर्से'ल्फ़्' pron. स्वतः, स्वयं हम या हमको (*we ~ves will see to it*) (WE के साथ प्रयुक्त) अपने आप(को) (*we shall only harm, do harm, to ~ves*)।

-ous -प्रचुर, -बहुल, -आत्मक, -युक्त, सहित (*igne~, dubi~, adulter~, capaci~, feroci~, tremend~, bibul~, herbivor~, righte~, courte~, gorge~, chlor~, acid~*)।

ousel=OUZEL.

oust ऑउस्ट्' v.t. अपसारण करना, बहिष्कृत करना, निर्वासित करना, अधिकारमुक्त करना, वंचित या रहित करना, निकाल देना, छीन लेना, बेदखल करना, हटा देना, उठा देना, खारिज कर देना; अपना अधिकार जमाना, निकाल बाहर करना।

ouster –'टॅर् n. (कानून) अपसारण, अपसृति^{F}, सम्पत्ति-हरण, बेदखली^{F}, निकालना, इखराज, निकाल बाहर करना।

out- बहिः-, बहिर्-, बहिस्-, बहिष्- (*out* से अनुगत क्रियापदसे संज्ञा^{F} बनानेमें (*~blaze, ~branch, ~speak, ~spread*); भूत या वर्तमान कृदन्तके पूर्व संयुक्त (*~cast, ~-clearing, ~fighting, ~lying, ~moded, ~spoken, ~spread, ~standing, ~stretched; ~worn*); *out* से अनुगत क्रियासे कार्य या घटना द्योतित करनेमें प्रयुक्त (*~break, ~crop, ~burst, ~cry, ~flow, ~look, ~rush, ~sight*); अन्य शब्दोंके साथ भी संयुक्त (*~building, ~field, ~house, ~landish, ~land, ~-patient, ~rider, ~runner, ~sentry, ~skirts, ~station, ~voter*); के बाहर (*~board, ~door, ~lawry*); अति-, अतिशय-, बहु- (*~brave, ~face, ~fight, ~hector, ~last, ~match, ~measure, ~rival, ~scold, ~-trump*); 'शीघ्रतर' के अर्थमें प्रयुक्त (*~-juggle, ~-jump, ~labour, ~last, ~manoeuvre, ~-march, ~-paint, ~-preach, ~-reach, ~run, ~sail, ~scold, ~shine, ~talk, ~-think, ~-travel, ~-walk*); मात कर देनेके अर्थमें (*~class, ~-distance, ~flank, ~number, ~pace, ~speed, ~value, ~-Herod, ~Zola*)।

out* ऑउट्' १. n. (The ~s) अपदस्थ दल, सत्तामुक्त दल; (pl.) त्रुटियाँ^{F}, गलतियाँ^{F} ⊙; (pl.) भूल^F, चूक^F ⊙; खुला मैदान; २. v.t. (ग्रा० अथवा बोल०) अपसृत करना, बलपूर्वक बेदखल करना, बाहर करना, हटा देना, उठा देना; (मुष्टि-युद्ध) घूँसेका प्रहार; ३. a. बाहर मैदानका (*an ~ match*); असाधारण (*~size*), बाहर*; अनावृत्त, उद्भूत, उद्घाटित, प्रकाशित, दृष्टिगत, ज्ञापित, कर्णगत, स्पष्ट; खतम; ४. adv. विदेशमें, बाहरकी दिशा^{F}में, किसी स्थान, उचित या सामान्य दिशा^{F}, फैशन इत्यादिसे परे या अनुपस्थित या रहित, दूर, पृथक्, बाहर, अलग, खारिज (*keep him ~*); सुननेमें, देखनेमें, प्रकाशमें, खुलेमें, जाहिर (*is the best game ~*); सम्पूर्णतः, पूर्णरूपेण, चरम सीमा^{F}तक, पूरी तरहसे, हदभर, जीभरके, दिल खोलके (*she had her cry ~*); ५. int. (प्रा०) भर्त्सना^{F}, घृणा^{F} इत्यादिका सूचक (*O ~ upon you!*); दूर हो, चल हट इत्यादि; ~-of-date गतकाल, अप्रचलित, पुराना: ~ of pocket expense (नौवि०) फुटकर खर्चे; ~-of-the-way मार्गसे दूर (*~place*); *all ~* एक तरफके सब खिलाड़ी आउट हो गये; (ग्रा०) जी तोड़कर; *arm is ~* बाजू उखड़ गया है; *batsman is ~* (क्रिकेट) खेलनेवाला आउट हो गया, हट गया; *book, rose, chicken, secret, girl, is ~* पुस्तक^F प्रकाशित हो गयी, गुलाब खिल गया, अण्डेसे बच्चा निकल आया, रहस्य खुल गया, लड़की^{F} समाजमें अब आने-जाने लगी; *candle is ~* मोमबत्ती^{F} बुझ गयी; *bracelets are ~* बाजूबन्दोंका फैशन नहीं रहा; *fire is ~* आग^F बुझ गयी या ठण्डी हो गयी; *he is ~* वह घरपर नहीं है; *miners are ~* खान खोदनेवालोंने हड़ताल^F कर दी है; *~ and about* बाहर जाने योग्य, घरसे निकलने तथा कुछ करने लायक; *~ and away* कहीं अधिक, बहुत आगे; *~, not ~* क्रिकेटके खेलमें निर्णायक द्वारा बल्लेबाजके पक्ष या विपक्षमें आउट है या नहीं; *~ of* (किसी वस्तु या स्थानके) अन्दरसे, मेंसे, बाहर, भीतरसे, से (*happened ~ of England*); (किसी समूह, ढेर इत्यादि) मेंसे; (किसी सीमा^{F}से) दूर, बाहर, परे (*is ~ of sight*); के कारण, के कारणवश, के फलस्वरूप, निमित्तसे (*asked ~ of curiosity*); (नगर इत्यादिसे) एक निश्चित दूरी^{F}पर

(*is seven miles ~ of Liverpool*); नियमविरुद्ध, नियमके प्रतिकूल, अशुद्ध (*is ~ of drawing*); ~ *of bound* **वर्जित क्षेत्र;** ~ *of date* **गतावधि, पुराना; अप्रचलित;** ~ *of due course* क्रमसे बाहर; ~ *of income* आयFमेंसे; ~ *of it* खिन्न, दुःखी, उदास, उचाट, उखड़ा-उखड़ा; धोखेमें, गलतीFपर, गलतफहमीFमें पड़ा हुआ; अकेला, तनहा; जनसमूह, फौजF इत्यादिसे बाहर; ~ *of order* नियमबाह्य; **खराब;** ~ *of square* (यन्त्र०) टेढ़ा; ~ *of work* बेकार; ~ *to* ⊙ = TO; ~ *to dinner* ⊙ डिनरमें; ~ *with* शत्रुताF होना, मित्रताFका सम्बन्ध न रहना; ~ *with him* निकालो उसको; *Tories are* ~ अनुदार दलवाले (टोरी) अब सत्ताधारी नहीं हैं; *was ~ in my calculations* मेरी गणनाF या हिसाबसे गलत था।

outact ऑउट'ऐक्ट् १. n. अतिकर्म; २. v.t. अति करना, हद्Fसे बढ़ना।

outage ऑउ'टिज् n. अव्यवहार; (बिजलीका) अनुपयोगकाल।

out-agency ऑउट-ए'जेन्सि n. बाह्याभिकरण, **बाहरी एजेन्सीF,** आउट-एजेन्सीF।

outagent –न्ट् n. **बाह्याभिकर्ता,** बाहरी एजण्ट।

out-and-out ऑउट्-ऐन्ड्-ऑउट् a. सम्पूर्ण, पूरा; नितान्त, बिलकुल।

out-and-outer –'टर् n. परिपक्व (अपने विचार इत्यादिमें); अतिवादी।

out-ask –आस्क् v.t. (गिरजेमें) विवाहकी निश्चित घोषणाF करना।

outback –बैक् १. n. अधिक दूरस्थ उपनिवेश; २. a. अधिक दूरस्थ उपनिवेशोंका; ३. adv. पिछवाड़े।

outbalance –बै'लेन्स् v.t. मूल्य अधिक होना, महत्त्व या तौलमें गुरुतर होना, भारी होना, बढ़ जाना।

outbargain –बॉर्'गिन् v.t. व्यवसायमें लाभ उठाना।

outbid –बिड् v.t. (अत्युक्तिF या घटना-वर्णनमें दूसरेके) कान कतरना; दूसरोंसे अधिक देनेका वचन देना, नीलाममें किसीसे बढ़कर बोलीF बोलना।

outbidder –डॅर् n. अतिक्रोष्टा, बढ़कर बोलीF देनेवाला।

outflowing –फ्लो'इंग् a. **बहिर्गामी** (~ *wind*)।

outbluster –ब्लस्'टॅर् v.t. अतिश्लाघाF करना, डींगF मारनेमें मात करना, शेखीF बघारना।

outboard –बोऑर्ड a. & adv. **बाहरी,** (नौवि०) जहाजके बाहरी किनारोंपर; जहाजके बाहरी किनारोंकी ओर, किसी अन्य वस्तुFकी अपेक्षाF जहाजके बाहरी किनारोंसे निकटतर; बाहरी इंजनवाला (अग्निबोटF)।

outbound ऑउट्-बॉउन्ड् a. **उपकेन्द्रीय,** बाहर जानेवाला।

outbrag –ब्रैग् v.t. आत्मश्लाघाF करनेमें मात कर देना, डींगF मारनेमें हद्F कर देना।

outbrave –ब्रेव् v.t. अवज्ञाF करना, अपमानित करना, तुच्छ समझना, खातिरमें न लाना, जेर करना; दबाना, धमकाना, डपटना; निर्भयतापूर्वक सामना करना, खुलेआम विरोध करना।

outbreak –ब्रेक् n. उद्भेद, भावनाओंFका आवेग, आकस्मिक उद्गार या प्रादुर्भाव; (चि०) उद्रेक (रोगका); शत्रुभाव, युद्धका उद्भेद या प्रारम्भ, सहसोद्भेद, **युद्धारम्भ,** आरम्भ, छिड़ जाना, (~ *of war*); विप्लव, विद्रोह, **उत्पात,** हंगामा, फसाद, बलवा, गदर; आस्फोट, ज्वालामुखीका विस्फोट, (धातुFकी पर्त्तF इत्यादिका) उदय, धरातलपर उभर या निकल आनेकी क्रियाF; रोगका आक्रमण या उभार (~ *report*)।

outbreaker –'केर् n. प्रान्ताघातिनी तरंगF तटाघातिनी-लहरF, किनारेपर टकरानेवाली लहरF।

outbreaking –किंग् n. उद्भेद, विद्रोह; विप्लव, विस्फोट।

outbreathe –'ब्रीद् v.t. साँसF बाहर निकलना, बेदम करना।

outbreeding –ब्री'डिंग् n. विजाति-मैथुन, **विजातीय संकरण,** बहिःप्रसवन, **बहिःप्रजनन।**

outbuilding ⊙ –बिल्'डिंग् n. बाह्य भवन, **उपभवन;** भृत्यालय, भृत्यगृह, भृत्यशालाF, सेवकगृह, नौकरोंचाकरोंके रहनेका मकान, सागरपेशा।

outburn –'बर्न् v.t. तीव्रताFसे जलना।

outburst –'बर्स्ट् n. भावावेग, भावनाओंFका उद्वेग, सहसोद्भेद; ज्वालामुखीका स्फोटन, धमाका; (धातुFकी पर्त्तFकी धरातलपर) उभर आनेकी क्रियाF।

outby(e) –'बाइ a. बाह्य, बहिर्वर्ती, बहिर्गत, बाहरी।

outcast –कास्ट् a. निष्कासित, **बहिष्कृत,** पतित, अधम, भ्रष्ट, बेकार, निकम्मा।

outcaste –'कॉस्ट् १. n. & a. जातिबाह्य, जातिभ्रष्ट, चाण्डाल, जातिच्युत; समाजरहित, गृहहीन, गृहवंचित; मित्रहीन, बेयारमददगार; आवारा, फजूल घूमनेवाला (व्यक्ति); २. v. t. जातिच्युत करना, बिरादरीFसे निकालना।

outclass –क्लास् v.t. उत्कृष्टतर प्रकारका होना, उच्चतरवर्गका होना, दर्जेमें बढ़ जाना; (को) गौण बना देना।

outcollege –कॉ'लिज् a. बहिर्विद्यालयी, विद्यालयके छात्रावासमें न रहनेवाला, विद्यालयमें न पढ़नेवाला।

outcome –'कम् n. आगम, निष्कर्ष, **परिणाम,** फल, नतीजा।

outcrop –क्रॉप् १, n. **दृश्यांश,** पृथ्वीFकी सतहFसे धातुFकी पर्त्तFका आकस्मिक आविर्भाव, उद्गम, तलागम; अकस्मात् आविर्भूत अथवा उभरी हुई वस्तुF या पर्त्तF; २, v.i. उद्गत होना, फूट निकलना।

own² a. (सम्बन्धवाचक विशेषण अथवा कारकसे संयुक्त) पूर्ण स्वामित्व या अधिकारमें, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत, अपना, सगा, निजका, खुदका (*saw it with my ~ eyes*); (निर० रूपमें भी प्रयुक्त) निजी सम्पत्ति^F, आत्मीय जन इत्यादि (*may I not do what I will with my ~?*); (विना पूर्वागत सम्बन्धवाचक शब्दके) सहोदर, सगा, माँ-जाया (~ *sister*); ~ brother सहोदर भाई, सगा भाई, माँ-जाया भाई; ~ cousin सगे चाचाका लड़का; ~ farming **खुदकाश्त**; ~ risk **अपना जोखिम**; *get* one's ~ *back* (बोल०) बदला लेना, बदला चुकाना, जैसेके साथ तैसा करना; *hold* one's ~ स्थिति सुरक्षित रखना या बचाना, पराजित न होना; *my* ~ प्राणप्रिये, हृदयवल्लभे, प्रियतमे !; प्रायः अधिकार या स्वामित्व-प्रदर्शनके स्थानपर किसी विषयके व्यक्तित्वपर जोर देनेके लिए प्रयुक्त (*cooks her ~ meals*); *of* one's ~ किसीका व्यक्तिगत या निजी (*I have nothing of my ~*); *on* one's ~ (ग्रा०) स्वयं अपने उत्तरदायित्व या साधनों द्वारा, स्वयं अपने भरोसे, स्वतन्त्ररूपसे ।

owned –ड्' a. स्वाधिकृत, स्वीकृत, स्वामित्वयुक्त, **अपनी** ।

owner* –'नर् n. प्रभु, **स्वामी***, **मालिक***, वारिस, हकदार; ~'s risk स्वामि-दायित्व, (वाणि०) **मालिकका जोखिम** ।

ownerless –लिस् a. अधिकाररहित, स्वामिविहीन, लावारिस ।

ownership –शिप् n. (अर्थ०) **स्वामित्व**, स्वत्व, प्रभुत्व, अधिकार, **मालिकी**^F, मिलकियत^F, विरासत^F ।

ox- = OXY- *or* OXAL- (~ *alic*) ।

ox ऑक्स् n. (pl. -*en*) वृषभ, **बैल**, नरगाव, साँड़; O~-eye साँड़की-सी बड़ी आँख^F; ~-eyed एक पौधा; ~-fence पशुओंके प्रवेश-अवरोधके लिए बनी हुई लोहे या काँटोंकी बाड़^F या जंगला: ~-hide वृषभ-चर्म, बैलकी खाल^F; ~ lip पुष्प-विशेष, (प्रच०) पीतसेवतीपुष्प एवं एक अन्य पीत पुष्पका संकरज या प्रसंकर; ~ tail (सूप बनानेके लिए) गाय^F या भैंस^Fकी पूँछ^F; White ~-eye सूर्यमुखी या सूरजमुखीका फूल; Yellow O~-eye धान्य-गेन्दुक, गेंदेका फूल; *the black ~ has trod on* one's *foot* संकट आ पड़ा है;

~ bird, ~ blood, ~ bow, ~ boy, ~ brake, ~-cart, ~-fly, ~ gall, ~gang, ~-goad, ~-haft, ~-horn, ~-house, ~-like, ~ man, ~-shoe, ~-skin, ~-tail, ~-tongue.

oxalate ऑक्'सॅलेट n. तिग्मीय पदार्थ; **आक्सैलेट** ।

oxalic ऑक्सॅ'लिक् a. (रसा०) अम्लीका (पौधे)से व्युत्पन्न या व्युत्पादित; तिग्मिक; ~ acid तिग्मिक अम्ल, अत्यन्त विषैला एवं खट्टा अम्ल ।

oxal(o)- तिग्म- (*oxalo-nitrate*) ।

oxen ऑक्'सॅन् n. ox का बहु० ।

oxer ऑक्'सॅर् n. गायों^F-बैलोंका ऊँचा पक्का बाड़ा ।

Oxf. Oxford.

Oxford ऑक्स्'फ़र्ड n. इंग्लैण्डका विश्वविद्यालयनगर या विश्वविद्यालय-क्षेत्र; ~ blue व्यवनीलारक्त, नीलारुणाभ असित, गहरा नीला, ~ frame तस्वीर^Fका फ्रेम; ~ man ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयमें शिक्षा-प्राप्त व्यक्ति; ~ mixture काला धूसर वस्त्र, गहरे भूरे रंगका वस्त्र; ~ movement १८३३ में चलाया हुआ धार्मिक-सुधार आन्दोलन; ~ shirting एक वेश-सामग्री^F या कमीज^F; ~ shoes टखनों तकके जूते ।

oxgate ऑक्स्'गेट् n. पन्द्रह एकड़ भूमि^Fकी इकाई^F ।

oxidant ऑक्'सिडॅन्ट् a. **उपचायक**, **आक्सीकारक** ।

oxidate ऑक्'सिडेट् v.t. & i. = OXIDIZE.

oxidation –डे'शॅन् n. (चि०, रसा०, कृषि०, जीव०) **उपचयन**, जारण, जारित करने या होनेकी क्रिया^F, जारकके साथ सम्मिश्रण, **आक्सीकरण** ।

oxide ऑक्'साइड् n. जारेय, जारक एवं अन्य तत्त्व अथवा प्रांगारिक मूलका मिश्र, T. (~ *electrode*) ।

oxidizable –ऑक्'सिडाइज़ॅबॅल् a. (रसा०) जारणीय, **उपचयनीय**, **आक्सीकरणीय** ।

oxidization –ज़े'शॅन् n. जारण ।

oxidize –'सिडाइज़् v.t. & i. (धातु^Fपर) जारण करना, **आक्सीकरण करना**, **उपचयन करना**, जारेयकी पर्त^F चढ़ाना, दुर्गन्धित बनाना; जारकके साथ मिश्रित करनेका कारण उपस्थित करना; मुर्चा या जंग लगाना या लगना, जंगसे कच्चा करना या होना; जारकके साथ मिश्रित होना, जारकको अपनेमें समो लेना अथवा स्वयं उसमें प्रवेश करना ।

oxidized –ड् a. (रसा०) **उपचित**, **आक्सीकृत**, जारित (~ *oil*)); ~ silver जारित रजत, रजत जिसपर गुल्बेयकी पर्त^F चढ़ी हो ।

oxidizer –ज़र् n. जारयिता ।

oxidizing –जिंग् n. जारण, **आक्सीकरण**; a. ~ agent **उपचायक**, **आक्सीकारक** ।

~ action, ~ flame, ~ zone.

Oxon. Oxonia; *Oxford*; *Oxoniensis*, of Oxford.

Oxonian ऑक्सो'निॲन् n. & a. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयका भूतपूर्व अथवा वर्तमान सदस्य या विद्यार्थी ।

oxterplate ऑक्स्'टॅप्लें ट् n. (नौवि०) **काँखपट्टी**^F ।

oxy¹ –ऑक्सी- (~ *bromide*, ~ *cellulose*, ~ *phosphate*, etc.) ।

oxy-² जार-, तीक्ष्ण- (~ *carpous*, ~ *opia*, ~-*acetylene*, ~-*house-gas*, ~-*paraffin*, ~-*hydrogen*, ~ *acid*) ।

oxyacanthous ऑक्'सिकैन्थॅस् a. तीक्ष्णकण्टक, तेज काँटोंवाला।
oxycarpous ऑक्सिकार्'पॅस् n. नोकदार फलवाला।
oxygen ऑक्'सिजिॅन् n. (चि०) विष्णुपदामृत, प्राणवायु^F, जारक, ओषजन, रंगहीन, स्वादहीन, गन्धहीन, जीवन और ज्वलनके लिए आवश्यक वायु^F, (गैस^F), (अधात्विक मूलतत्त्वोंमेंसे एक मूलतत्त्व), **आक्सीजन** (~ *carrier*, ~ *standard*)।
oxygenant –नॅन्ट, ऑक्सि'– n. जारणकर्त्ता।
oxygenate –नेट्, ऑक्सि'– v.t. प्राणवायु^F भरना, जारक-साधन करना, जारककी पूर्ति^F करना, जारक मिश्रित करना, जारक मिलाना; श्वसन द्वारा (रक्तमें) जारकका प्रभरण करना।
oxygenation –ने'शॅन् n. जारकण, आक्सीजनीकरण, आक्सीजन भरना।
oxygenic⊙ –जे'निक् a. जारकीय, जारक-सम्बन्धी, आक्सीजनका।
oxygenize –'सिजिॅनाइज़्, ऑक्सि'– v.t. = OXYDIZE.
oxygenous –'जिॅनॅस् a. प्राणवायुवाला, जारक्य, आक्सीजनवाला।
oxygon ऑक्'सिगॉन् n. दो न्यून कोणोंका त्रिभुज।
oxyhydrogen ऑक्सिहाइ'ड्रॅजिॅन् a. जारोदजन-, जारोदजनीय, T.
oxymel ऑक्'सिमेॅल् n. चुक्रमधु, सिरका और शहदका मिश्रण, सिकंजबीन; (चि०) औषधि^F–प्रदानके लिए एक अनुपान।
oxymoron ऑक्सिमोॲ'रॅन् n. विरोधाभास अलंकार, विरोधालंकार।
oxymuriate ऑक्सिम्युॲ'रिॲट् n. (रसा०) जार-विडीय, क्लोराइड।
oxymuriatic –ऐ'टिक् a. (रसा०) जार-विडीयिक, क्लोरीनका।
oxyntic ऑक्सिन्'टिक् a. (चि०) **अम्लस्रावी** (~*cell*)।
oxyopia ऑक्सिओ'पिॲ n. तीक्ष्ण दृष्टि^F।
oxyphonia ऑक्सिफो'निॲ n. कर्कश उच्चारण, कर्कश-ध्वनि^F।
oxysalt ऑक्'सिसाल्ट् n. (रसा०) जार-लवण।
oxysulphide ऑक्सिसल्'फाइड् n. (रसा०) जार-शुल्बेय।
oxytocic ऑक्सिटो'सिक् a. (चि०) आविजनक, गर्भाशयक संकोचक, गर्भपातक, प्रसव-कारक।
oxytone ऑक्'सिटोन् n. & a. (यूनानी व्याकरण) अन्तिम अक्षरपर तीव्र-स्वराघातवाला (शब्द)।
oxyuris –सिउरिस् n. (चि०) सूत्रकृमि।
oyer आएँ'ॲर् n. अपराधीय अन्वीक्षा^F; ~ and terminer न्यायकरणके लिए दौरा करनेवाले न्यायाधीशोंको प्रदत्त न्यायाधिकार।
oyez, oyes, o yes ओऐॅस्' int. ओहयस् (सतर्क रहनेके लिए सामान्यतः तीन बार कहा जानेवाला विस्मय-सूचक पद)।
oyster आएॅस्'टॅर n. शुक्ति^F, खाद्यशुक्ति^F, घोंघा, कस्तूरा मछली^F; (भक्ष्यद्विपुट कोमल देहधारी पशुकी एक जाति^F) घेंघा; मुर्गेके पृष्ठभागमेंका शुक्ति^Fके आकारका मांस-खण्ड; ~-bank, -bed **शुक्तितट**, शुक्तितल; ~-bar शुक्ति-विक्रय-पटल, खाद्य-शुक्तियों^Fकी मेज^F; ~-catcher शंखिनी^F, चीनशंखिनी^F, जलचर समुद्री पक्षी-विशेष; ~-knife शुक्ति-छुरी^F, खाद्य-शुक्तियों^Fको खोलनेके लिए विशेष आकारकी छुरी^F; ~ patty घोंघेका समोसा।
oz. ounce(s).
ozena ॲज़ी'नॅ n. (चि०) पीनस, पूतिनासा^F, व्रणित-नासा^Fसे दुर्गन्धित स्रावका रोग।
ozocerite, ozokerite ॲज़ो'सॅराइट्, ॲज़ॉ'कॅरिट् nn. (खनि०) भूसिक्थ, असली मोम, **खनिज मोम,** T.
ozone ओ'ज़ोन् n. (ला०) आनन्ददायक प्रभाव, **सुखकारी** प्रभाव; (रसा०) प्रजारक, न्यूहाणुसे सम्बद्ध गैस^F, **ओजोन**।
ozonic, ozoniferous ॲज़ॉ'निक्, ओज़ोनि'फॅरॅस् aa. प्रजारकीय, ओज़ोनी।
ozonize ओ'ज़ोनाइज़् v.t. प्रजारक-साधन करना।
ozonizer –ज़ॅर् n. प्रजारक-साधित्र, ओज़ोनीकारण।
ozonometer ओज़ोनॉ'मिॅटॅर् n. प्रजारकमान, ओज़ोन-मापी।

P

P पी' (pl. *Ps, P's*) अँग्रेज़ी वर्णमाला^Fका सोलहवाँ अक्षर, प; *mind* one's ~'s *& Q's* अपने आचरणके प्रति सावधान रहना, अपने सद्व्यवहारके प्रति सतर्क रहिये।
P. Parish; Paymaster; President; Prince; Page; Pony.
P. Phosphorus.
p. piano; participle; page.
pa. = PARA[1]- (~*lsy*)।
P.A. Press Association; Permanent Advance; Personal Assistant; Protestant Alliance; Public Accounts; Publicity Assistant.
P./A. Power of Attorney.
Pa. (or **Penn.**) Pennsylvania.
Pa. Protactinium.
p.a. *per amilie*, by favour; per annum; participial adjective; particular average; power of attorney.
P.A.A. Pan-American Airways.
pa पा' n. (बोल०) दे० PAPA.
pabular पै'ब्यूलॅर a. (चि०) आहार्य; आहार-स्वरूप, पौष्टिक, आहार-विषयक, भोजन-सम्बन्धी, खूराक^Fका,

खानेका।
pabulous –लॅस् a. पौष्टिक, आहार-सम्पन्न।
pabulum –लॅम् n. आहार, भोजन, खूराक[F], खाना, चारा।
P.A.C. Principal, College of Agriculture; Police Auxiliary Corps; Provincial Armed Constabulary; Public Assistance Committee.
paca पै'कॅ n. अमरीकी मूस।
pacable पे'कॅबॅल् a. तृप्य, तृप्त करने योग्य, शान्त करने योग्य; क्षमा[F] करने या पानेको इच्छुक।
pacation पॅके'शॅन् n. तृप्तीकरण, सन्तुष्टीकरण, क्षमा[F] करनेकी इच्छा[F]।
pace[1] पेस्' n. पद, पग, डग, **कदम**; पगका अन्तर (लगभग ३० इंच = ७६·२ सेण्टीमीटर), फाल, दोहरा कदम; गतिवेग, पदक्रम, गतिक्रम, चलने या दौड़नेकी रफ्तार[F]; (प्रायः ला०) **प्रगति**[F], उन्नति[F]की गति[F], तरक्की[F]की रफ्तार[F]; मार्ग; चलन, चाल[F]; (घोड़ेकी) कदमचाल[F]; ~-maker गतिकारक, गतिनियामक; अश्वारोही, अश्वधावक; ~-setters(श्रम०) **गति-निर्धारक**; ~-stick (सेना०) गतिमापक उपकरण, कदम परकार; *go the* ~तीव्रवेगसे चलना, बहुत तेज चलना; (ला०) भ्रष्टाचारमें लिप्त होना; *keep* ~ समगति[F]से चलना, साथ-साथ चलना, बराबर चलना; *put person through his* ~*s* (ला०) कार्य द्वारा व्यक्तिकी परीक्षा[F] करना।
pace[2] v. i. & t. चलना, समगति[F]से चलना, गतिक्रममें चलना, धीरे-धीरे चलना; घूमना; पगोंसे नापना, कदमोंसे नापना; (घोड़ेका) धीमी चाल[F]से चलना; मौज[F]में कदम बढ़ाना; चलाना।
pace (L) adv. की आज्ञा[F]से।
paced –स्ट् a. समगति, समगामी, एकरसचालवाला; पदक्षेपमापित, गति[F] द्वारा नापा हुआ।
pacer –'सॅर् n. गतिनियामक अश्व, कदमबाज घोड़ा।
pace tua (L) adv. आपकी आज्ञा[F]से।
pacha पा'शॅ, पै'शॅ, पॅशा n. = PASHA.
pachometer पॅकॉ'मि`टॅर् n. = PACHYMETER.
pachycephalous पैकिसे`'फॅलॅस् a. बृहन्मुण्डी, स्थूल-शीर्ष, स्थूल-कपाल (जिसके करोटीकी हड्डियाँ[F] मोटी हों)।
pachyderm पै'किडर्म् n. **घनत्वचीय प्राणी**, स्थूल-त्वक्-जानवर, स्थूलचर्मका पशु, मोटी चमड़ी[F]का जानवर, जुगाली[F] न करनेवाला जानवर (जैसे, हाथी, घोड़ा); (ला०) अचेतन व्यक्ति, संवेदनाशून्य व्यक्ति; मोटी चमड़ी-वाला आदमी।
pachydermatous –'मॅटॅस् a. स्थूलचर्मधारी, **घनत्वक्**, मोटी खाल[F]का; संवेदनशून्य, अचेतन।
pachydermia –'मिअॅ n. (चि०) त्वक्-स्थूलता[F], स्थूलचर्मता[F], चमड़ा मोटा होनेका रोग।
pachymeter पॅकि'मि`टॅर् n. स्थूलित्र, स्थूलतामापक-यन्त्र।
pacifiable पै'सिफ़ाइअॅबॅल् a. प्रशम्य, शान्त करने योग्य।
pacific पैसि'फिक् a. शान्त, **प्रशान्त** (~ *coast*); शान्तिपूर्ण, शान्तिमय, निरुद्वेग, स्थिरचित्त, शान्तचित्त, सान्त्वनाशील; P~ Ocean प्रशान्त महासागर।
pacificate पै'सिफिकेट् v.t. सान्त्वना[F] देना, शान्ति[F] देना।
pacification –के'शॅन् n. सान्त्वना[F], प्रशमन, प्रसादन, ढाढस; **शान्तिस्थापन**, अमन कायम करना; शान्ति-सन्धि[F], सुलहनामा।
pacificator –'सिफिकेटर् n. शान्तिस्थापक, शमक।
pacificatory पॅसि'फिकेटॅरि a. शमक, शान्तिप्रद, शान्तिकर।
pacificism, pacifism पॅसि'फिसिज़्म्, पै'सिफिज़्म् nn. **शान्तिवाद**, युद्धनिवृत्तिवाद।
pacificist, pacifist –सिस्ट्, –फिस्ट् nn. **शान्ति-वादी**, युद्धनिवृत्तिवादी, शान्तिवादका समर्थक।
pacificity पैसिफि'सिटि n. शान्ति[F]; शान्तिवाद, युद्ध-निवृत्तिवाद।
pacifier पै'सिफाइअॅर् n. शमक, शान्ति[F] लानेवाला, समझौता करानेवाला।
pacify –इ v.t. प्रशमित करना, शान्त करना, सान्त्वना[F] देना, ढाढ़स देना, मनाना; शान्ति-व्यवस्था[F] लाना।
pack[1] पैक्' n. भार, बोझ, **पिटठू**; चय; गठरी[F], पोटली[F], बुकचा, मोट[F]; परिवेष्टन, गट्ठा; मण्डली[F]; समूह, दल, गुट, समुदाय, वृन्द, गण (~ *of fools, dogs, nonsense, etc.*); (रग्बी फुटबाल) फारवर्ड-खिलाड़ी; ताशकी गड्डी[F]; मछली[F] या फल आदिका विशेष परिमाण; पैकिंग[F]का ढंग; (चि०) आर्द्रवस्त्रावेष्टन; आर्द्रवस्त्रावेष्टनो-पचार; ~ animal **भारपशु**, लद्दू जानवर; ~-drill सैनिक दण्ड, दलेल[F]; ~-horse भारवाही अश्व, लद्दू घोड़ा, टट्टू; ~-ice **प्रवाही हिमपुञ्ज**, तैरते हुए हिम-खण्डोंका समूह; ~man फेरीवाला; ~-saddle पालान, खुगीर, खुरजी[F]; ~thread (पैकिंग[F] करनेका) मोटा डोरा, सुतली[F]; ~-train लद्दू जानवरोंकी गाड़ी[F]; ~-twine दे० PACKthread;
~ buffalo, ~ bullock, ~ cattle, ~-mule, ~ ration, ~-train, ~ way.
pack[2] v.t. & i. गठरी[F] बाँधना, बण्डल बाँधना, पैक करना या होना; (मांस, फल आदि) डिब्बेमें बन्द करना; ठूँसना, (कसकर) भरना, कसना, जकड़ना; (शिकारी कुत्तोंका) दल बनाना; (ताशके पत्तोंकी) गड्डी[F] बनाना; समुदाय बनाना, झुण्ड बनाना; जमघट होना, भराई[F] करना, खचाखच भर जाना; संवेष्टित करना, वेठन बाँधना; (चि०) (रोगीको) गीले कपड़ेमें लपेटना; (घूँसे-बाजी[F]) प्रबल मुक्का देने योग्य होना; सोपकरण विदा[F] हो जाना, बोरिया-बिस्तर बाँधकर तैयार होना (*up* के साथ), गठरी[F] समेत भाग खड़ा होना, चम्पत होना, चल देना, ~ *off* प्रस्थान कराना, रवाना करना, बोरिया-बिस्तर बँधवाना; ~*up* (ग्रा०, इंजनका) समाप्त हो जाना, बेकार हो जाना।
package[1] ⊙ पै'किज् n. संवेष्टन, **वेष्टन**, संवेष्ट, **गट्ठर**;

गठरी^{F}, वण्डल, पुलिन्दा, **माल-बन्द**; बुकचा, मोट^F, पार्सल (प्राय: ~s ⊙), (वाणि०) **पैक करनेका खर्च**; (सामानसे भरा) सन्दूक।

package[2] v.t. गठरी^{F} बाँधना, वण्डल बाँधना, पुलिन्दा बनाना, मोट^F बनाना, पार्सल करना, सन्दूकमें बन्द करना; संवेष्टित करना, लपेटना।

packed –क्ड्' a. संवेष्टित, संचित, **पैक किया हुआ**; **बँधा हुआ** (~*goods*); संकुल, भरा हुआ (~*house*)।

packer –'कॅर् n. संवेष्टक, **वेष्टक**, बन्धक, वण्डल बनानेवाला (~*coolie*); (मांस, फल) डिब्बोंमें भरनेवाला (व्यक्ति); संवेष्टित्र, पैकिंग^{F}की मशीन^F।

packet –कि'ट् n. पत्रवेष्टन, संवेष्टिका^{F}, संवेष्ट, **पुलिन्दा**, छोटा वण्डल, मुट्ठा, **पैकेट**; (सट्टेकी) अल्पधनराशि^{F}; ~-boat (or *ship*) डाक^{F}की नाव^F (या जहाज)।

packing –किंग् n. संवेष्टन, **वेष्टन**; वण्डल बनाना, पुलिन्दा बाँधना, बँधाई^F, **पैकिंग**; संवेष्टन-सामग्री^{F}; (रसा०) **संकुलन**, (चि०) (गुहा^{F} या व्रणका) निपूरण, **भरती**^{F}, भराई^F, (कृषि०) **बत्ती**^{F} **भरना**; तैलशोषक वस्तु^{F}; (चि०) भराई^{F}की वस्तु^{F}; ~-needle सूजा; ~ piece **भराव, पच्चर**; ~ sheet (*pack sheet*) पैकिंग^F करनेका वस्त्र; (जलचिकित्सा^{F}में रोगीको लपेटनेके लिए प्रयुक्त) गीला वस्त्र; *send* person ~ तत्काल कार्य-मुक्त करना, खड़े-खड़े निकालना;

~ account, ~ bay, ~ case, ~ charges, ~ co-efficient, ~ conditions, ~ effect, ~ energy, ~ fraction, ~ gangs, ~ gland, ~ grass, ~ jury, ~ material, ~ needle, ~ note, ~ paper, ~ pieces, ~ press, ~ ring, ~ shed.

pact पैक्ट्' n. & v.t. **संविदा**^{F} (करना), **वचनपत्र** (देना), **बन्धेज** (करना), पाशक (करना), प्रतिश्राव (करना), सन्धि^{F} (करना), वचनपत्र (लिखना), **समझौता** (करना), सुलहनामा (लिखना), इकरारनामा (करना); peace ~ सन्धिपत्र।

paction[1] –क्'शॅन् n. संविदा^{F}, बन्धेज, पाशक, प्रतिश्राव, समझौता, सुलहनामा, इकरारनामा।

paction[2] v.t. समझौता करना।

pactional –नॅल् a. संविदीय, संविदा-विषयक, बन्धेज-विषयक, पाशक-विषयक, प्रतिश्राव-सम्बन्धी, समझौतेका, सुलहनामेका, इकरारनामेका।

pactum de contrahendo **संधिपूर्व समझौता**।

pad[1] पैड्' n. राजपथ, राजमार्ग, पंथ, मार्ग, सड़क^F, रास्ता, राह^F (*gentleman of the* ~); बटमार, डाकू, लुटेरा।

pad[2] n. तल्प, चय, लेखनचय, पत्राली^{F} (*writing* ~); मसीतल्प, **संची**, सोखता, **पैड** (*ink*-~); उपबर्ह; कवलिका^{F}, पूर; (फलोंको मापनेकी) एक टोकरी^{F}; **उपधान**, पलान, चारजामा, जीन^F, नरम जीन^F; मसनद^F, **गद्दी**^{F}, भराव; (क्रिकेट) **पैड, गद्दी**^{F}; (चौपायोंके पैरकी) मांसल गद्दी^{F}, तलवेका मांसल भाग; (सामान, औजार, जेवर आदि रखनेका) गद्दीदार कोष्ठक, खाना; ~-lock **ताला**; ~ stone **पत्थरपद, ढोका**।

pad[3] v.t. & i. अन्दर गद्दी^{F} भरना, गद्देकी तह^F देना; (वाक्य आदिमें) व्यर्थके शब्द भरना; ~ed cell पागलखानेका गद्दीदार दीवारोंवाला कमरा; ~ *it*, ~ *the hoof* (ग्रा०) पदयात्रा^{F} करना, पा-प्यादे चलना।

pad[4] v. i. पैदल यात्रा^{F} करना, पा-प्यादे चलना; भ्रमण करना, कदम रखना, चलना।

padding –'डिंग् n. गद्दी^{F}, गद्दा; भरतीका माल, व्यर्थका शब्द; भराई^F; ~-ken चोरोंकी खोह^F।

paddle[1] पै'डॅल् n. क्षेपणी^{F}, **चप्पू**, नौका-दण्ड, डाँड़; छोटा बेलचा; बेलचेके आकारका अन्य औजार; **पैडल**; मछली^{F}के पंख, पर, बाहु; कछुएके पैर; नाव^F खेना, खेनेकी एक बारी^{F}; ~-wheel क्षेपणी-चक्र, नौका-चलनी^{F};

~-beam, ~-board, ~-boat, ~-box, ~-cock, ~fish, ~-shaft, ~-wheel, ~wood.

paddle[2] v. i. & t. डाँड़ या चप्पूसे (छोटी नाव^F) खेना, (धीरे धीरे) नाव^F खेना; (पंखोंसे) पानीमें तैरना; जलक्रीड़ा^{F} करना, उथले जलमें पाँवसे छप-छप करना; पैडिल चलाना; डगमगाकर (*in*, *on*, *about* के साथ) ठुमक-ठुमककर चलना, चलना।

paddler –लॅर् n. चालक, चलानेवाला, पैडिल मारनेवाला; नाविक, खेवैया, खेनेवाला।

paddock पै'डॅक् n. दादुर, मण्डूक, मेंढक; (कृषि०) वाटिका^{F}, **बाड़ा**, बाड़ी^{F}, छोटा मैदान, छोटा खेत; दौड़^{F}का मैदान, घोड़ोंके एकत्र होनेकी जगह^F।

paddy[1] पै'डि n. (कृषि०) धान्य, शाली, **धान**;

~-bird, ~-field warbler, ~ husk, ~-husking, ~ separator.

paddy[2] n. आयरलैण्डके निवासियोंका उपनाम।

paddy[3], **paddywhack** पै'डिह्वैक् nn. (बोल०) रोष, खीझ^F।

padella पॅडे`'लॅ n. (विशेष प्रकारका) बासन, भाजन, पात्र, वर्तन।

Padishah, Padshah पा'डिशॅह, पा'ड्शॅह n. सम्राट, शाह, बादशाह, महाराजा।

padlock[1] पैड'लॉक् n. ताला, वियोज्य ताला, कुफ़्ल।

padlock[2] v.t. ताला लगाना, कुफ़्ल बन्द करना।

padouk पाडॉउक् n. पड्डूक वृक्ष, पड्डूक पेड़; पड्डूक काष्ठ, पड्डूककी लकड़ी^{F}।

padre पा'ड्रे n. पिता, (ईसाई) पुरोहित, पादरी।

padrone पॅड्रो'नि (It.) n. (इटलीका) जहाजका सरदार; पोताध्यक्ष; भिखमंगोंका व्यापारी।

paduasoy पै'ड्यूॲसॉए n. एक मजबूत रेशमी कपड़ा।

paean पी'ॲन् n. प्रशस्ति^{F}, स्तुतिगान, विजयगीत, जयशब्द, जयध्वनि^{F}, जयघोष, जयगान; (मोक्षके लिए कृतज्ञता^{F}-प्रकाशनका) स्तोत्र या गान।

paederast पी'डॅरैस्ट् n. पुरुष-मैथुन-कर्ता, लौण्डेबाज।

paederasty, ped- –टि, पे`(पी)ड- n. पुरुष-मैथुन, लौण्डेबाजी^{F}।

paedeutics पीड्यू'टिक्स् n. (pl.) शैक्षिकीF, शिक्षा-शास्त्र, शिक्षा-विज्ञान ।
paediatric ⊙ पीडिऐ'ट्रिक् a. (चि०) बालचिकित्सा-सम्बन्धी, बालरोग-सम्बन्धी; ~ *centre* बाल-चिकित्सा-केन्द्र ।
paediatrics ⊙ –क्स् n. (चि०) बाल-चिकित्साF, बालचिकित्सित, बालरोगविद्याF, शिशु-स्वास्थ्य-विज्ञान; **कौमार भृत्य** ।
paedo-, pedo- डिम्भ-, शिशु- (~*baptism*, ~*-baptist*) ।
paedobaptism पीडॅबैप्'टिज़्म् n. (ईसाइयोंका) शिशु-नामकरण-संस्कार, बपतिस्मा ।
paedobaptist –टिस्ट् n. नामकरण-संस्कर्ता, बपतिस्मा करानेवाला ।
paedology पीडॉ'लॅजि n. (चि०) बाल-विज्ञान, शिशु-चिकित्सा-शास्त्र ।
paeon पी'ॲन् n. चतुरक्षर पद, चार अक्षरोंवाला पद ।
pagan[1] पे'गॅन् n. विधर्मी व्यक्ति, देवतापूजक; (इति०) व्रात्य (~ *superstition*); मूर्तिपूजक, प्रतिमापूजक, काफिर, पेगन; अबोध व्यक्ति ।
pagan[2] a. अन्धविश्वासी, मूढ़, अबोध ।
pagandom –डॅम् n. पेगन संसार, पेगनवर्ग ।
paganish –निश् a. अन्धविश्वासी, काफिर; मूर्तिपूजा-विषयक ।
paganism –निज़्म् n. (इति०) **व्रात्यवाद**, देवतार्चन, प्रतिमापूजन, मूर्तिपूजाF, पेगन धर्म; मूढ़ताF; अन्धविश्वास ।
paganize –नाइज़् v.t. & i. अन्धविश्वासी बनाना; मूर्तिपूजाF करना; मूर्तिपूजक या पेगन बनाना, काफिर बनाना; मूढ़ होना ।
page[1]* पेज् n. पृष्ठ*, पन्ना*, पेज, सफा; (ला०) एकपेजी घटनाF; ~-proof पृष्ठांकित प्रतिमान या प्रूफ ।
page[2] n. बालभृत्य, किंकर, परिचर, लौंडा, छोकरा, टहलुआ, चाकर, पेज ।
page[3] v.t. पृष्ठांकित करना, पृष्ठसंख्याF लगाना, पन्नोंपर नम्बर डालना ।
page[4] v.t. बालभृत्य द्वारा बुलवाना, टहलुए द्वारा यादF करना ⊙; सेवाF करना, भृत्यबालका काम करना ।
page[5] n. आँकड़ा, काँटा ।
pageant पै(पे)'जन्ट् n. चमत्कारपूर्ण दृश्य, भव्य समारोह, सुन्दर जलूस, शानदार तमाशा, स्वाँग, लीलाF; (किसी स्थानके इति० का सूचक) आकर्षक प्रदर्शन; (ला०) आडम्बर, शोभाF, कौतुक, तड़क-भड़कF, धूमधामF, दिखावा ।
pageantry –ट्रि n. दे० PAGEANT.
paged पेज्ड् a. पृष्ठांकित ।
pagehood, pageship पेज्'हुड्, पेज'शिप nn. बालभृत्यताF, सेवावृत्तिF; टहलुआपन ।
paginal पै'जिनॅल् a. पृष्ठ-सम्बन्धी, प्रतिपृष्ठ, पन्नेवार; पृष्ठोंका, पन्नोंका ।
paginary –नॅरि a. प्रतिपृष्ठ, पन्नेका ।
paginate –नेट् v.t. पृष्ठ डालना, पन्नेका अंक लगाना ।
pagination –ने'शॅन् n. पृष्ठांकन; पृष्ठसंख्याF डालना ।
paging पे'जिंग् n. पृष्ठांकन, पृष्ठसंख्याF लगाना; पृष्ठ-संख्याF (~ *machine*) ।
pagoda –पॅगो'ड् n. मेरुमन्दिर, शिवालय, देवालय, धौरहर, पैगोडा; मन्दिरकी आकृतिFका शुण्डाकार खिलौना; (किसी समय दक्षिण भारतकी) स्वर्णमुद्राF, T; ~-tree देववृक्ष, कल्पवृक्ष, पारिजात; *shake the ~-tree* द्रुत-गतिFसे धनार्जन करना, शीघ्र ही रुपया बटोरना ।
pagri n. पगड़ीF ।
pah पा' int. (घृणाF, अरुचिF, तिरस्कार-सूचक) छिः !
pah (Maori) n. दुर्ग, किला ।
paid पेड् a. शोधित, **प्रदत्त, दत्त, भुगतान किया, अदा किया**, दे दिया, भुगताया हुआ, चुका दिया; सवेतन, वैतनिक (~ *servant*); ~traffic **दत्त शुल्क यातायात**; ~ up capital प्रदत्त पूँजीF, चुकता मूलधन ।
paideutics पॅड्यू'टिक्स् n. = PAEDEUTICS.
paidology पेडॉ'लॅजि n. = PAEDOLOGY.
paidophilia ⊙ पैडॅफि'लिॲ n. **बालरतिF**, लौंडेबाजीF ।
pail पेल् n. **पात्र** (*system*), कलश, कलसा, गगरा, घड़ा, **बाल्टीF**; शौचपात्र; (दूध पानी) घड़ा-भर (*half a ~ of milk*) ।
pailful –'फुल् n. गगराभर, घड़ाभर ।
paillasse, palliasse पॅ'ल्यैस्, पैल्'यैस् nn. फूसकी चटाईF, शुष्क तृणका तोशक, सूखे पुआलका गद्दा ।
paillete पैल्ये'ट् n. = SPANGLE.
pain[1]* पेन् n. **पीड़ाF***, व्यथाF, क्लेश, सन्ताप, परिताप, उद्वेग, व्याधिF, मनस्ताप, मनोव्यथाF, वेदनाF, **दर्द**, तकलीफF; प्रसववेदनाF; (pl.) कष्ट, दुःख, क्लेश, परेशानीF, मेहनतF (विशे० *be at the ~s of doing*); दण्ड, सजाF (~*s and penalties*); ~-killing पीड़ाहर (ओषधिF); ~-spots पीड़ाबिन्दु, **पीड़ास्थल**; *for* one's ~*s* कष्टके लिए (पारितोषिक या धन्यवाद इत्यादि); *on*, or *under ~ of death* प्राणदण्डकी चिन्ताFमें; *no ~s no gains, no gains without ~s* बिना सेवाFके मेवा नहीं ।
pain[2] v.t. & i. पीड़ाF देना, क्लेश पहुँचाना, दुःख पहुँचाना, दर्द पैदा करना, कनकना, मनस्ताप होना, सताना, बेचैन करना, दुखना, दर्द करना ।
pained –ड् a. पीड़ित, व्यथित, संतप्त, परितप्त, आर्त्त ।
painful –न्'फुल् a. दुःखी, व्यथायुक्त, आर्त्त, पीड़ाप्रद, कष्टजनक, व्यथाकर, दुःखदायी; दुःखद, क्लेशकर, दर्दीला; श्रमसाध्य, कष्टसाध्य, कठिन ।
painfulness –निॅस् n. पीड़ाप्रदताF, कष्टजनकताF, दुःखदताF, क्लेशकरताF, दर्दीलापन; दुःख ।
painless –'लिॅस् a. पीड़ाहीन, कष्टरहित, दुःखहीन, क्लेशरहित ।
painlessness –निॅस् n. पीड़ाहीनताF, कष्ट-राहित्य, दुःखहीनताF, क्लेशाभाव ।

painstaker पेन्स्'टेकॅर् n. उद्यमी पुरुष, उत्साही व्यक्ति; सतर्क व्यक्ति, सावधान पुरुष; परिश्रमी पुरुष, मेहनती आदमी ।

painstaking –किंग् a. उद्यमशील, उद्यमी, उत्साही; सतर्क, सावधान; उद्योगी, परिश्रमी, मेहनती ।

paint^1* पेन्ट्' n. **रंग***, **रंगलेप**, आलेपन, **पेंट; रोगन**, रंगचित्र; **अधिलेप**, उबटन, पाउडर; *pretty as* ~ अतिसुन्दर;

~-bespattered, ~-box, ~-brush, ~drier, ~-filler, ~-pot, ~ shop, ~-splashed, ~-spotted, ~ store, ~-strained, ~ work.

paint^2 v.t. रंगलेप करना, रोगन लगाना, रँगना, रंग भरना, आलेपन करना; रंगचित्र तैयार करना, नक्काशी^{F} करना; निरूपित करना, अंकित करना, चित्रित करना; *~out* (किसी वस्तु^{F}को मिटानेके लिए उसपर) रंग फेरना; *~ the lily* सुन्दर वस्तु^{F}की अधिक सुन्दर बनानेकी चेष्टा^{F} करना; *~ the town red* सनसनी^{F} फैलाना ।

paint. painting.

paintable –'टॅबॅल a. रँगने योग्य, चित्रकारी^{F}के लायक ।

painted –ड् a. रंगलिप्त, चित्रांकित; अंकित, निरूपित, **चित्रित** (~ *pottery*) वर्णित (*not so black as he is* ~); चित्रगत, आलिखित; चित्रवर्ण (~ *bat, bird*); P ~ Lady नारंगी रंगकी तितली^{F} ।

painter –टॅर् n. चित्रकार, रंगलेपक, रंजक, नक्काश, **रंगसाज**, T. (नौवि०) **पागर, कर्षक रस्सा**, नाव^{F}के अग्रभागमें बँधी रस्सी^{F}; ~'s colic अन्त्रशूल, (काम करनेके कारण चित्रकारको) उदरशूल; *cut the* ~ (विशे० उपनिवेशका) सम्बन्धविच्छेद करना ।

painting –टिंग् n. चित्रकारी^{F}, चित्रकर्म, चित्रविद्या^{F}, चित्रकला^{F}, रंगलेपन, नक्काशी^{F}, रँगाई^F; चित्रण, आलेखन, वर्णन; **निशान**, चित्र ।

paintress –ट्रिस् n. चित्रकर्त्री^{F}, महिला^{F} चित्रकार; रंगसाज औरत^F ।

pair^1 पेअॅर्' n. **युग्म**, यमल, **युगल**, द्वय, जोड़ा, (~ *of scissors, tongs, trousers*); दम्पति^{F}, पति-पत्नी^{F}, मियाँ-बीबी^{F}, नर-मादा^{F}, जोड़ीदार (*where is the* ~ *to this stockings*); ~-oar (दो डाँड़ों^{F}से खेयी जानेवाली) नाव^F; ~ royal एक ही नामके तीन ताशके पत्ते; one, two, three, ~-front *or* back पहली, दूसरी, तीसरी मंजिल^{F}का कमरा;

~ emission, ~ formation, ~ production.

pair^2 v.t. & i. जोड़े या जोड़ियाँ^{F} मिलाना; जोड़ियों^{F}में विभक्त करना या होना; (प्रेमी-प्रेमिका^{F}) का विवाह होना; दम्पतिरूपमें बँधना, मियाँ-बीबी^{F}का मिलना; (पशुओंका) नर या मादा^{F} ढूँढ़ लेना; मैथुन करना, संसर्ग करना या होना; (बोल०) ब्याहना, शादी^{F} करना; जोड़ा बनाना, जोड़ना, जुड़ना; ~ *off* जोड़ोंमें विभक्त करना ।

paired –ड्'' a. **युग्मित**, युग्ममय, **युगल**, जोड़ोंमें विभक्त, एक ही प्रकारकी दो वस्तुओं^{F}से सज्जित;

~ appendage, ~ associate, ~fin.

pairing –'रिंग् n. युग्मन (~ *time*), जोड़े बनाना; **मिलान** (~ *section*) ।

pairwise –र्'वाइज़् adv. युग्मानुसार, जोड़ोंमें ।

pajamas पॅजा'मॅज़् n. = PYJAMAS.

pakeha पाकी'हा n. (आस्ट्रेलियामें) अँग्रेज, इंग्लिस्तानी; यूरोपियन; विदेशी ।

pal^1 पैल्' n. सहचर, संगी, सहवासी, बन्धु, मित्र, साथी, दोस्त ।

pal^2 v.i. (प्रायः ~ *up*) सहचर बनना, सहवासी होना, बन्धु बनना, मित्र होना, दोस्त बनना; मिलना-जुलना, साथ-साथ उठना-बैठना ।

pal. Palestine.

palabra n. निरर्थक वार्ता^{F}, बकवास, गप्प; चाटूक्ति^{F}, चापलूसी^{F}, खुशामद^F; घिस्सापट्टी^{F}, चिट्टा ।

palace पै'लॅस् n. प्रासाद, राजभवन, सौध, राजमन्दिर, राजगृह, महल; प्रधान बिशपका प्रासाद; विशाल भवन, शानदार इमारत^F; शानदार होटल, बड़ा सिनेमाघर; ~ car प्रासादयान, शाही कार^F, सुखसुविधापूर्ण गाड़ी^{F}; ~ dedanse नाचघर ।

paladin पै'लॅडिन् n. सामन्त भट, दौरा करनेवाला योधा ।

palaearctic पै(पे)लीऑर्क्'टिक् n. उदीची समशीतोष्ण प्रदेश, उदीची समशीतोष्ण कटिबन्ध T.

palaeichthyology पैलिक्थिऑ'लॅजि n. मत्स्यावशेष-शास्त्र, मत्स्यावशेष-विज्ञान, मछलियों^{F}के अवशेषोंकी जानकारी^{F} ।

palaeo-, paleo- पुरा- (~ *anthropic*, ~*psychology*) ।

palaeobotany पैलिऑबॉ'टॅनि n. वनस्पत्यवशेष-शास्त्र, वनस्पत्यवशेषविज्ञान, वनस्पतियों^{F}के अवशेषोंकी जानकारी^{F} ।

palaeocene पै'लिऑसीन् a. **पुरानूतन** (~*period*) ।

palaeoclimatology ⊙ पैलिऑक्लाइमॅटॉ'लॅजि n. (इति०) **प्राचीन जलवायुशास्त्र** ।

palaeocolog ⊙ पैलिऑकॉ'लॅजि n. **पुरापरिस्थिति-विज्ञान** ।

palaeocrystic पै(पे)लीऑक्रिस्'टिक् a. चिरहिमीय, चिरहिम-विषयक, अक्षुण्णहिम-सम्बन्धी, शाश्वतहिम-विषयक ।

palaeogeography ⊙ पैलिऑजिऑ'ग्रॅफि n. प्रागैतिहासिक भूगोल-विद्या^{F}, पुरा भूगोल ।

palaeograph पै(पे)ली'ऑग्राफ n. प्राचीन हस्तलेख, पुरालेख, पुरातन पाण्डुलिपि^{F} ।

palaeographer –ऑ'ग्रॅफॅर् n. प्राचीनलिपिविद्, पुरालिपिशास्त्री, प्राचीनलेखशास्त्री ।

palaeographic –ऑग्रै'फिक् a. पुरालिपिशास्त्र-सम्बन्धी, प्राचीनलेख-सम्बन्धी, पुरालेख शास्त्रीय ।

palaeography ऑ'ग्रॅफि n. पुरालिपिशास्त्र, **पुरालिपि**^{F}, पुरालेख शास्त्र ।

palaeolith पै(पे)लीऑ'लिथ n. पूर्वप्रस्तरयुगीन अस्त्र,

पूर्वपाषाणकालीन हथियार।
palaeolithic –लि'थिक a. पुराप्रस्तरयुगीन, **पुरापाषाणिक,** प्राचीन प्रस्तरयुगका।
palaeology पै(पे)लीऑ'लॅजि n. पुरातत्त्व।
palaeontographical पै(पे)लीऑन्टॅग्रै'फिकॅल् a. अवशैषिकीय, अवशैषिकी-विषयक, अवशेष-विज्ञान-विषयक, अवशेष-शास्त्र सम्बन्धी।
palaeontography –टॉ'ग्रॅफि n. अवशैषिकी^F, अवशेष-विज्ञान, अवशेष-शास्त्र।
palaeontological –टॅलॉ'जिकॅल् a. **जीवाश्म-,** लुप्तप्राणिशास्त्र-सम्बन्धी।
palaeontologist –टॉ'लॅजिस्ट् a. & n. पुराप्राणिशास्त्रज्ञ, पुरासात्त्विकीविज्ञ, लुप्तजीवविज्ञानी; अवशेषविज्ञानी।
palaeontology –जि n. (जीव०, वन०) पुराप्राणिशास्त्र, **पुराजीव तत्व, पुराजीव-विज्ञान, जीवाश्म-विज्ञान, पुरासात्त्विकी^F,** लुप्तजन्तुविद्या^F; **फ़ॉसिल विज्ञान।**
palaeosimia पैलिॲसि'मिॲ n. **पुरा अपुच्छ वानर।**
palaeozoic –ॲज़ो'इक a. पुराकल्पीय, **पुराजीवक,** आदिमजीवावस्था-विषयक, आदिमभूगर्भीय युगका; ~era **पुराकल्प, पुराजीवकल्प, आदिजीवकल्प।**
palaeozoology –ज़ूॉ'लजि n. (जीव०) पुराप्राणि-विज्ञान; **जीवाश्म प्राणि-विज्ञान।**
palaestra, pales- पॅलीस्'ट्रॅ, पॅले'(ली)स्-, nn. व्यायामशाला^F, मल्लशाला^F, मल्लभूमि^F, अखाड़ा।
palaestric –ट्रिक् a. मल्लयोधनीय, मल्लयुद्ध-विषयक, कुश्ती-सम्बन्धी; मल्लयोधन-प्रशालकक्षीय, मल्लयुद्ध-प्रशालकक्ष-सम्बन्धी।
palafitte पै'लॅफ़िट् n. (इटलीमें) अतीतकालीन सरिन्निवास, प्रागैतिहासिक सरोवर-आवास, T.
palanquin, -nkeen पैलॅन्कीन्, -न्कीन् n. शिविका^F, पालकी^F, पालकी^F, डोली^F, खड़खड़िया^F।
palas पैलॅश् n. (हिन्दी) पलाश।
palatability पैलॅटॅबि'लिटि n. = PALATABLENESS.
palatable पै'लॅटॅबॅल् a. आस्वाद्य, (कृषि०) **स्वादु, सुरस, स्वादी, स्वादिष्ठ,** रसीला, मजेदार, जायकेदार; सरस, रुचिकर।
palatableness –निॅस् n. आस्वाद्यता^F, **स्वादुता^F, स्वादिष्ठता^F,** जायकेदारी^F; सरसता^F, रोचकता^F।
palatal[1] पै'लॅटॅल् n. तालुकी ध्वनि^F, तालव्य शब्द।
palatal[2] a. तालुज, तालव्य, तालुका; ~ region **तालुक्षेत्र।**
palatalization –लाइज़े'शॅन् n. तालव्यीकरण।
palatalize –लाइज़् v.t. (जिह्वा^Fको कठोर) तालुके साथ करके बोलना, तालव्य करना।
palate –ट् n. (चि०, कृषि०, जीव०) **तालु,** तालू, काकुद (*hard, soft,* ~); स्वाद, मजा, जायका; अभिरुचि^F, पसन्द^F; cleft ~ (चि०) खण्डतालु।
palatial पॅले'शॅल् a. प्रासादतुल्य, महल-जैसा; भव्य, विशाल, राजसी, शाही, शानदार।
palatiform पॅलै'टिफ़ॉर्म् a. तालुरूप, तालुसम, ताल्वाकार, ताल्वाकृति, तालु-सदृश, तालु-जैसा।
palatinate पॅलै'टिनॅट n. स्वतन्त्र राज्य, रियासत^F, जागीर^F, हलका; नीललोहित-रंग।
palatine[1] पै'लॅटाइ(टि)न् n. प्रासाद; (स्त्रियों^Fका) रोएँदार गुलूबन्द; (pl.) ताल्वस्थि^F, तालव्य अस्थियाँ^F, (*County P*~) (काउण्टका) राज्यक्षेत्र।
palatine[2] a. स्वतन्त्र, रईसी, अमीर-सम्बन्धी; तालु-, तालव्य, **तालव,** तालुका;
~ artery, ~ black, ~ bone, ~ branch, ~ canal, ~ nerve, ~ process, ~ red, ~ scarlet, ~ teeth.
palatize –टाइज़् v.t. = PALATALIZE.
palatoglossal ⊙ पैलॅटॅग्लॉ'सॅल् a. **तालुजिह्वीय,** तालु-जिह्वा-।
palatogram –टॅग्रैम् n. तालुचित्र, तालुलेख।
palatopharyngeal ⊙ पैलॅटॉफिरिन्'जिॲल् a. **तलु-ग्रसनी-,** (~ *arch*)।
palaver[1] पॅला'वॅर् n. अधिवेशन, सम्मेलन; पंचायत^F, दीर्घ वाद-विवाद, लम्बी-चौड़ी बहस^F; निरर्थक वार्ता^F, बकवास^F; चाटूक्ति^F, चापलूसी^F, खुशामद^F, घिस्सापट्टी^F, चिट्टा, धन्धा, काम-काज।
palaver[2] v. i. & t. निरर्थक वार्ता^F चलाना, बातें^F बनाना, बकवास^F करना; चाटूक्ति^F करना, चापलूसी^F करना, खुशामद^F करना; घिस्सापट्टी^F देना; चिट्टा देना।
palaverer –रॅर् n. लम्बी-चौड़ी बहस^F करनेवाला; विवादी, बकवादी, निरर्थक वार्ता^F करनेवाला; खुशामदी आदमी, चापलूस आदमी, घिस्सापट्टी^F देनेवाला व्यक्ति, चिट्टा भिड़ानेवाला आदमी।
pale[1] पेल्' n. सीमा^F, हद्द^F, बाड़ा, कटघरा, घेरा, अहाता; खूँटा, मेख^F; (बाड़े या अहातेकी) शलाका^F, शूल, नोकदार छड़^F; (विशे०, ला०) वेष्टन, ढाल^Fके बीचकी ऊर्ध्वाधर पट्टी^F; (वन०) **निशल्किका^F।**
pale[2] v. i. & t. पाण्डु हो जाना, पीला पड़ जाना, विवर्ण हो जाना; निष्प्रभ हो जाना, फीका पड़ जाना, बेरौनक हो जाना; निष्प्रभ कर देना, पीला कर देना, फीका कर देना; घेरना।
pale[3] a. पाण्डु, पाण्डुर, विवर्ण, पीला; क्षीण; अस्पष्ट, मन्द, धुँधला; निष्प्रभ, कान्तिहीन, तेजहीन, बेरौनक; फीका, हलका, धीमा; ~-ale हल्के रंगकी सुस्वादु कड़वी शराब^F; ~ buck कृष्णसार (हरिण);
~ belly, ~-blooded, ~ blue, ~ blue fly-catcher, ~ blue mantle, ~ breast, ~ bright, ~ brown shrike, ~ brown swift, ~ bush-warbler, ~ catechu, ~-cheeked, ~-coloured, ~ crag-martin, ~-dead, ~-eared, ~eastern sparrow hawk, ~-eyed, ~ face, ~-faced, ~ green, ~ grey cuckoo-shrike, ~ harrier, ~-headed wood-pecker

~-hearted, ~-horned lark, ~-hued, ~-leaved, ~-legged willow-warbler, ~-looking, ~-red, ~-reddish, ~-red poppy, ~-refined, ~ rose, ~-souled, ~ spiny mouse, ~-spirited, ~-spotted, ~-stripped, ~ thrush, ~-tinted, ~ tussock moth, ~ vision, ~ wood violet, ~ yellow, ~-yellowish rose.

paleaceous ⊙ पेलिए'शस a, सतुष, तुषयुक्त, भूसीदार।

paled पेल्ड् a. मेखदार, बाड़ेकी छड़ों^{F}से युक्त।

paleness पेल्'निस् n. पाण्डुता^{F}, पाण्डुरता^{F}, विवर्णता^{F}, पीलापन; क्षीणता^{F}; अस्पष्टता^{F}, मन्दता^{F}; निष्प्रभता^{F}, तेजहीनता^{F}; फीकापन, हल्कापन, धीमापन।

paleo- पे'लिॲ देखिये PALAEO- और उसके आगेके सभी शब्द।

Palestinian पैलिस्टि'निॲन् a. & n. फिलस्तीनी, फिलस्तीनका (निवासी)।

palestra पले(ली)स्'ट्रॅ n. = PALAESTRA.

paletot पे'लिटोट् n. पैलीटॉट, एक प्रकारका ढीला ओवरकोट।

palette पै'लॅट् n. रंग; रंगपट्टिका^{F}, रंगकी तख्ती^{F}; ~-knife रंगमिश्रण-क्षुरिका^{F}, रंग मिलानेकी छुरी^{F}।

palfrenier पॉल्फ्रि'निॲर् n. अश्वरक्षक, अश्वपालक, साईस।

palfrey पॉ(पै)ल्'फ्रि n. क्षुद्राश्व, टट्टू, म्याना, (महिलाओं^{F}का या साधारण सवारीका) घोड़ा।

palfreyed –ड् a. (महिला) अश्वपर आरूढ़, अश्वसज्जित, घुड़सवार।

Pali पा'लि n. पाली (भाषा)।

palilalia पैलिले'लिॲ n. (भाषा०) **निरर्थक पुनरुक्ति**^{F}।

palilogy पॅलि'लॅजि n. शब्दावृत्ति^{F}, शब्दपुनरुक्ति^{F}।

palimpsest[1] पै'लिम्पसेस्ट् n. **उपर्यालेखन, पुनर्लेख**।

palimpsest[2] a. पुनर्लिखित।

palindrome[1] पै'लिन्ड्रोम् n. मुजबन्ध छन्द, मुरजबन्ध; (चि०) रोगका पुनरावर्तन।

palindrome[2] a. मुजबन्ध छन्दयुक्त।

palindromic पैलिन्ड्रॉ'मिक् a. मुजबन्धीय; (चि०) पुनरावर्तित।

paling पे'लिंग् n. आवरण, कठघरा, बाड़ा, अहाता, घेरा; वृत्तिदण्ड, बाड़ेकी लकड़ियाँ^{F} या छड़ें^{F}।

palingenesia पैलिन्जिने'सिॲ n. नवजीवन, नया जन्म, पुनर्जन्म, पुनरुत्थान, पुनर्जनन; (चि०) लुप्तांगजनन।

palingenesis –जे'निसिस् n. (जीववि०) पित्र्यगुणजनन; पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन; पुनःस्थापन; (शा० एवं ला०) पुनर्जागरण, पुनर्जनन, पुनरुत्थान, **पुनरावर्तन**; लुप्तांगजनन।

palingenetic –जिने'टिक् a. पित्र्यगुणजनन-विषयक, पुनर्जन्म-सम्बन्धी, पुनर्जनन; पुनरावर्तन- (~ *character*)।

palinode पै'लिनोड् n. प्रत्याख्यानयुक्त कविता^{F}; प्रत्याख्यान, खण्डन।

palisade[1] पैलिसेड्' n. अवरोध, आवरण, वलय; लकड़कोट, कठघरा, बाड़ा, घेरा, जँगला; (वन०) **लम्ब ऊतक**; (इति०) **स्तम्भ-वलय**; स्तम्भ, खम्भा, मजबूत लट्ठा; ~ worm अश्वकीट, घोड़ेकी किलनी^{F}।

palisade[2] v.t. संवृत्त करना, कठघरा लगाना, बाड़ा घेरना, (नुकीले) छड़ोंसे मोर्चाबन्दी करना।

palish पे'लिश् a. आपाण्डु, पीताभ, पीला-सा।

palki पॉल्'की n. = PALANQUIN.

pall[1] पॉल्' n. परिच्छद, प्रेतपट, शवाच्छादन, कफ़न; पर्दा; ऊनी लबादा; (ला०) लबादा, चोगा; ~-bearer शवाच्छादन करनेवाला, कफ़न थामनेवाला।

pall[2] v. i. & t. (अब केवल ला०) स्वादहीन करना या होना, नीरस करना या होना, बेमजा हो जाना; (अब केवल ला०) परितृप्त करना या होना, अघाना, छका देना; हिम्मत^{F} हारना, जी चुराना; ~*on* (*upon*) रुचि न रखना।

palladic पॅले'डिक् a. (रसा०) **पलेडियम**-विषयक, पालास देवताकी मूर्ति^{F}का; अभिरक्षा^{F}-विषयक, आश्रय-सम्बन्धी; निचूपातवीय, निचूपातु-विषयक, निचूपातु-सम्बन्धी।

palladium पॅले'डिॲम् n. (pl. *-ia*) पालासदेवताकी मूर्ति^{F}, पुरदेवता, रक्षादेवता; रक्षा^{F}, अभिरक्षा^{F}, आश्रय; पैलेडियम, निचूपातु।

pallescence पॅले'सॅन्स् n. पीतता, पीलापन।

pallescent –न्ट a. पीला होनेवाला।

pallet पै'लिट् n. गद्दा, तोशक, सथरी, बिछावन; तृणशैया; थापी, ठोंकनी; रंगपट्टिका^{F}, रंगकी तख्ती^{F}; अरगन बाजेका कपाट या खुलमुदन।

pallial पै'लिॲल् a. (जीव०) अम्बरिकीय, **प्रावार-**, चोगेवाला, लबादेका;

~ cavity, ~ groove, ~ line, ~ muscle, ~ nurve, ~ siphon.

palliasse पैल्यैस्', पैल्'यॅस n. दे० PAILLASSE.

palliate पै'लिएट् v.t. (सान्त्वना^{F} द्वारा) दुःखशमन करना, ढाढ़स देना; दोष शान्त करना; अल्प करना, कम करना, घटाना, हल्का करना; आराम पहुँचाना, तसल्ली^{F} देना; बहाना करना।

palliation –ए'शॅन् n. (रोगका) उपशमन, सान्त्वना, अल्पीकरण, प्रशमन, शान्ति^{F}, उपशम, ढाढ़स, तसल्ली^{F}; दोषशमन, दोषमार्जन।

palliative[1] –'लिॲटिव् n. (रोगकी) प्रशामक औषध^{F}; आरामदेह चीज^{F}; पापशमन।

palliative[2] a. सान्त्वनादायक, शान्तिप्रद, शमनकर, उपशमनकर, शामक; ढाढ़स देनेवाला; दोषको घटानेवाला।

palliatory –ॲरि a. अल्पीकारक, उपशामक, सान्त्वना-

प्रद, ढाढ़सदार, तसल्ली देनेवाला, राहत देनेवाला ।
pallid पैʹलिड् a. **पाण्डु, पाण्डुर;** निष्प्रभ, विवर्ण, पीला, फीका ।
pallidity, pallidness पॅलिʹडिटि, -निस् nn. पाण्डुरता^{F}, पाण्डुता^{F}; निष्प्रभता^{F}, विवर्णता^{F}, पीलापन, फीकापन ।
pallium पैʹलिअॅम् n. **प्रावार, प्रावारक,** यूनानी लबादा, चोगा, अम्बरिका, पैलियम; धूसर मेघ ।
pall-mall पेॅल्ʹमेॅल् n. गेंदका खेल-विशेष, पैल-मैल ।
pallor पैʹलॅर् दे० PALLIDNESS.
pally पैʹलि a. (बोल०) मित्रवत् ।
palm[1] पाम् n. (कृषि०, वन०) ताल, **ताड़,** खजूर, खजूरकी शाखा^{F}; सर्वश्रेष्ठता^{F}, सर्वोच्चता^{F}, सर्वोपरिता^{F} (*bear the ~*); ~-butter खजूरका जमा हुआ तेल; ~house (खजूर तथा अन्य उष्णदेशीय) पौधोंके लिए काचगृह; ~-oil खजूरका तेल; उत्कोचधन, रिश्वत^{F}की रकम; P ~-Sunday ईस्टरके पूर्वका रविवार; ~-wine ताड़ी; ~ beetle, ~-cat, ~-civet, ~-honey, ~ kernel, ~ leaf, ~lily, ~-lobate, ~-squirrel, ~-swift, ~ tree, ~ wax, ~ weevil.
palm[2] n. पाणि, प्रतल, **करतल; हथेली^{F};** दस्तानेकी हथेली^{F}; हथेली^{F}के बराबर; (नौवि०) **छेदनी^{F};** *grease person's ~* घूस देना ।
palm[3] v.t. धोखा देना, चकमा देना; धोखा देकर चलना, धोखेसे गले मढ़ना; (ताशके पत्ते आदि) हथेली^{F}मे गुप्त रखना; करतल स्पर्श करना, हथेली^{F}से छूना या थपथपाना, पकड़ना; उत्कोच देना, मुट्ठी^{F} गरम करना, रिश्वत^F देना ।
palmaceous पैल्मेʹशॅस् a. तालवत्, ताल-सदृश, ताल-जैसा; तालप्रजातीय, तालप्रजाति^{F}-विषयक, तालप्रजाति^{F}-सम्बन्धी ।
Palma Christi पैल्ʹमॅ क्रिस्ʹटि n. एरण्ड, कैस्टर-आयलवाला पेड़ ।
palmam qui meruit ferat (L) जिसने जीता उसीको मिले ।
palmar पैल्ʹमॅर् a. करतलगत, प्रतलगत, तलीका, हथेलीमें, ~arch **करतल चाप;** ~ligament **करतल-स्नायु ।**
palmary पैल्ʹमॅरि a. श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, अग्रगण्य; उत्तम ।
palmate, -ated –मॅट, -एटिॅड् aa. (वन०) **पाणिवत्,** करतलाकार, हथेली^{F}-जैसा ।
palmatifid –मैʹटिफिड् a. (वन०) **पाणिदर,** हथेली^{F}-जैसा ।
palmature –ʹमॅच्युॲर् n. जालीवित अँगुलियाँ^{F}, झिल्लीदार अँगुलियाँ^{F} ।
palmer पाʹमॅर् n. निर्धन व्रती, भ्रमणशील भिक्षु, जेरुसलेमसे लौटा हुआ यात्री; (*~-worm* भी) तालकृमि, केशकृमि, हानि^{F} पहुँचानेवाली लोमश इल्ली^{F}; लोमश मक्षिका^{F} ।
palmette पैल्मेॅट् n. (प्रा०) तालपत्रालंकार, तालपत्र-जैसा आभूषण ।
palmetto पैल्मेॅʹटो n. छोटा ताड़, T.
palmiferous पैलिमʹफॅरॅस् a. तालवृन्तवाही, तालवृन्त-धारी, तालपत्रवाही, तालपत्रधारी ।
palmigrade पैल्ʹमिग्रेड् a. = PLANTIGRADE.
palmiped, -pede पैल्ʹमिपेॅड्, -पीड् aa. जालपाद्-युक्त, झिल्लीदार पैरोंवाला (पक्षी) ।
palmist पाʹमिस्ट् n. सामुद्रिक, सामुद्रिकशास्त्री, हस्त-रेखापण्डित ।
palmistry –ट्रि n. सामुद्रिकशास्त्र, मुद्रविद्या^{F}, हस्त-रेखाविद्या^{F} ।
palmitic पैलिमʹटिक a. तालिक, ताड़का, (*~acid*) ।
palmy पाʹमि a. तालसंकुल, ताड़-सम्बन्धी, खजूरका; खजूर-सदृश; श्रीमान्, विभवसंकुल; विजयी; उन्नतिशील; समृद्ध, सम्पन्न (*~days*); पाणिवत्, हथेली^{F}-सा ।
palmyra पैलमाइॅʹरॅ n. ग्रन्थताल, द्रुमेश्वर, ताल-वृक्ष, पंखिया खजूर, **पनई ताड़ ।**
palp पैल्प् १. n. स्पर्श; (जीव०) **स्पर्शिनी^{F},** T. (कीड़ोंमें), (*~muscle*); २. v.t. स्पर्श करना, छूना, छूकर देखना ।
palpability, palpableness –पॅबिʹलिटि, –निस् nn. स्पृश्यता^{F}; स्पर्शज्ञेयता^{F}, स्पर्शगोचरता^{F}, सहज-ग्राह्यता^{F}; प्रत्यक्षता^{F}, सुस्पष्टता^{F}, प्रतीयमानता^{F} ।
palpable –पॅबल् a. **परिस्पृश्य** (*~spleen*); स्पर्शज्ञेय, स्थूल, स्पर्शगोचर, सहजग्राह्य, मोटा; व्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, प्रतीयमान ।
palpably –लि adv. प्रत्यक्षतः, प्रतीयमानरूपसे, सुस्पष्टतया ।
palpate –पेट् v.t. (चि०) परिस्पर्शन करना, स्पर्श-परीक्षण करना, हाथसे परीक्षण करना; a. स्पर्शेन्द्रिययुक्त ।
palpation–पेʹशॅन् n.(चि०) स्पर्शपरीक्षण, स्पर्शपरीक्षा^{F}, स्पर्शीकरण, स्पर्श, **परिस्पर्शन,** संस्पर्शन, **धड़कन^F** ।
palpebra पैल्ʹपिब्रॅ n. (चि०) वर्त्म, पलक^F ।
palpebral –ब्रॅल् a. भ्रू-, भौंहों^{F}का; पक्ष्मीय, पक्ष्म-विषयक, नेत्रलोम-सम्बन्धी, बरौनियों^{F}का, वार्त्म, नेत्रच्छद-, पलक^F-विषयक, पलक^F-सम्बन्धी, पलकों^{F}का (*~vessels*) ।
palpebrate[1] –पिब्रेट् v.i. अपांगचालन करना, आँख^F मारना ।
palpebrate[2] a. वार्त्म, नेत्रच्छद-, पलक-युक्त, पलकोंवाला ।
palpebration –ब्रेʹशॅन् n. (चि०) अक्षिनिमेष ।
palpebrum –पिब्रॅम् n. (चि०) **नेत्रच्छद ।**
palpitant पैल्ʹपिटॅन्ट् a. स्फुरणशील, स्पन्दनशील, धड़कनेवाला, धकधकानेवाला; कम्पनशील, थरथरानेवाला, थर्रानेवाला ।
palpitate–टेट् v.i. स्पन्दित होना, धड़कना, धकधकाना; (नाड़ी^{F}का) स्फुरित होना, फड़कना, तड़पना, चलना; (हर्ष, भय आदिसे) कम्पित होना, थरथराना, थर्राना ।
palpitation –टेʹशॅन् n. (चि०, पशुपालन) स्पन्दन,

धड़कF, **धड़कन**F, धकधकF, धुकधुकीF, धकधकाहटF; स्फुरण, वेपन, कम्पन, थरथराहटF ।

palsgrave पॉल्'ग्रेव् n. राजप्रासाद-रक्षक काउण्ट या अर्ल ।

palsied पॉल्'ज़िड् a. स्तम्भ-रुग्ण, स्तम्भ-रोगी, संस्तम्भ-रोगी, अंगघात रुग्ण, अंगघाती, पक्षघाती, अधरंगी, लकवे-वाला ।

palstave पॉल्'स्टेव् n. (एक प्रकारकी कुल्हाड़ीF), पाल्स्टेव ।

palsy[1] पॉल्'ज़ि n. (चि०) (हल्का) अंगघात, सौम्यलकवा, **संस्तम्भ**, पक्षाघात, कम्पवायुF, **फालिज**; (ला०) स्तम्भ, निरुपायताF, उद्यमहीनताF; birth ~ (चि०) जन्मांग-घात ।

palsy[2] v.t. संस्तम्भित होना, पक्षाघात होना, लकवा मारना, फालिज गिरना; (ला०) निरुपाय करना, उद्यम-हीन करना, बेकार करना ।

palter पॉल्'टर् v.i. छल-कपट करना, दुहरी बातF करना; मोल-तोल करना, झंझटF पैदा होना, तकरारF करना; चुटकियोंFमें उड़ाना, टाल देना, टालमटोलF करना, हटाना ।

palterer –टर् n. पत्तेबाज ।

paltriness पॉल्'ट्रिनिस् n. निरर्थकताF, क्षुद्रताF, अप-कृष्टताF, तुच्छताF, नीचताF, उपेक्षणीयताF, कमीनापन ।

paltry –ट्रि a. निरर्थक, क्षुद्र, लघु, अपकृष्ट, तुच्छ, उपेक्ष-णीय, व्यर्थ, असार, नीच, अधम, कमीना ।

paludal पॅल्यू'डॅल्, पै'ल्यूडॅल् a. दलदली, मलेरिया-सम्बन्धी ।

paludic, paludicolous –डिक्, –कॉ'लॅस् aa. दलदलका, दलदल-सम्बन्धी, दलदलमें उगनेवाला ।

paludinal, paludine, paludinous –डिनॅल्, पै'ल्यूडाइ(डि)न्, पॅल्यू'डिनॅस् aa. दे० PALUDIC etc.

paludism पै'ल्यूडिज़्म् n. (चि०) विषम ज्वर, मलेरिया, दलदली रोग ।

paludose, paludous –डोस्, –ऍस् aa. कच्छ-, दलदलका, दलदली; मलेरिया-विषयक ।

paludrine पै'ल्यूड्राइन् n. मलेरिया-निरोधक औषधF, पेलुड्रीनF ।

palustral, palustrian, palustrine पॅलॅस्'ट्रॅल्, –ट्रिॲन्, –ट्रिन् aa. दे० PALUDIC, PALUDINAL, PALUDOSE etc.

paly पे'लि a. (का०) पाण्डुराभ, पीला-सा, फीके रंगका, मन्द, धुँधला, फीका, बेरंग ।

pam. pamphlet.

pam पैम् n. चिड़ीFका गुलाम ।

pampa पैम्'पॅ n. (pl. -z or -s) महाप्रस्थ, (द० अ०, आमेज़नके दक्षिणमें विशाल) वृक्षहीन मैदान; ~-grass पैम्पाघासF (द० अ० की) ।

pamper पैम्'पर् v.t. खूब पेट भरना, अघाना, छका देना; अधिक लाड़-प्यारसे खराब कर देना, आदत बिगाड़ देना; अनुचित प्रश्रय देना ।

pampered –र्ड a. स्फीत, परिपुष्ट, हृष्ट-पुष्ट, आपीन ।

pampero (Sp.) पैम्पेॲ'रो n. (pl. -s) पैम्पाकी एक हवाF; पैम्पाका भारतीय, पैम्पाका आदिवासी, पैम्पाका इण्डियन; एण्डीज-पवन, पैम्पेरो ।

pamphlet पैम्फ्'लिट् n. **पुस्तिका**F, पत्रिकाF, **चौपत्रा**, छोटा रिसाला, पैम्फलिटF ।

pamphleteer[1] –टीॲर् n. पुस्तिकालेखक, पत्रिकाकार, रिसाला लिखनेवाला, पैम्फलिटF लिखनेवाला ।

pamphleteer[2] v.i. पुस्तिकाF लिखना, पैम्फलिटF लिखना ।

Pan. Panama.

pan- सर्व- (~-*African*, ~-*Anglican*, ~-*genesis*, ~-*German*, ~-*Hellenic*, ~-*Hellenism*, ~-*Islam*, ~-*logistic*, ~-*Slavism*, ~*spermatism*, ~*spermy*) ।

pan[1] पैन् n. **कड़ाह, कड़ाह, कड़ाही**F, तवा, तसला; पात्र, भाजन, (कृषि०) **कूँड़ा**, बर्तन; **तुलापात्र, पलड़ा**; इनके आकारकी कोई वस्तुF; कपाल, खोपड़ीF, रंजकदान, रंगकी प्यालीF; (बन्दूकF या तोपFमें) बारूदFकी प्यालीF; (*P*~) प्रकृतिFकी आत्माF, यूनानका ग्राम-देवता; मूर्ति-पूजनवाद, पेगनवाद; पैन; **पटल, परत, पपड़ी** (~-*formation*); hard- ~ मिट्टीFकी कठोर परतF; ~-cake मालपुआ, पुआ; ~handle ⊙ (किसी देशके दो भागोंके बीचका) एक राजनीतिक विभाग; ~ handler ⊙ भिक्षुक, भिखमंगा; *out of the frying ~ into the fire* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका;
~-boiler, ~-broil, ~-drop, ~fish, ~ head, ~- headed, ~ iron, ~ man, ~-mixer, ~side, ~smith.

pan[2] v.t. & i. स्वर्णकणयुक्त मिट्टीFको तसलेमें धोना; घुमाना, थाला बनाना; **घुमाना**; ~*off*, *out* (तसलेमें) धोकर साफ करना; ~*out* सोना उत्पन्न करना, सोना निकालना, (ला०) सफल होना, कार्यसम्पादन करना, चल जाना ।

panacea पैनॅसी'ॲ n. रामबाण, सर्वव्याधिहर, सर्वरोगघ्न, सर्वभेषज, त्रैलोक्य-चिन्तामणि, सब रोगोंकी अचूक दवाF ।

panache पॅनाश्, पॅनैश् n. कलँगीF, तुर्रा; (ला०) प्रद-र्शन, आडम्बर; डींगF, शेखीF, अकड़F ।

panada पॅना'डॅ n. पुआ, लुचईF; स्वादिष्ट टिकियाF ।

Pan-African पैन्-ऐ'फ्रिकॅन् a. सर्वाफ्रीकीय, अफ्रीकाकी एकताFसे सम्बन्धित ।

Panama पैनॅमा' n. (~*hat* भी) पनामा हैट ।

Pan-American पैन्-ॲमे'रिकॅन् a. अखिल अमेरिकी ।

Pan-Anglican पैन्-ऐन्'ग्लिकॅन् n. सर्व-ऐंग्लिकन गिरजेका, इंग्लैण्डके गिरजेकी समस्त शाखाओंFका ।

pan-Asianism पैन्-एशिय'निज़्म् n. सर्व-एशियावाद ।

panary पै'नॅरि a. कर्पट्टिकीय, कर्पट्टिका-विषयक, रोटीFका ।

panchromatic पैन्क्रॅमै'टिक् a. **सर्ववर्ण, सर्ववर्णिक**, सर्वच्छाय, आलोकग्राही; समानरूपसे संवेदनशील ।

pancosmism ⊙ पैन्कॉस्'मिज़्म् n. भौतिक ब्रह्माण्ड-

वाद, भौतिक ब्रह्माण्ड-सिद्धान्त (यह सिद्धान्त कि भौतिक ब्रह्माण्डके परे किसी वस्तु[F]की सत्ता[F] नहीं है)।

pancratic पैन्क्रै'टिक् a. मल्लक्रीड़ा-निपुण, कसरती, पहलवान; (खिलाड़ी) सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अद्वितीय।

pancratist –क्रॅटिस्ट् n. सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी, सर्वोत्तम खिलाड़ी, अद्वितीय मल्ल या पहलवान।

pancratium –क्रेशिॲम् n. मल्लयुद्ध, मल्लक्रीड़ा[F], दंगल, पंक्रेशियम (प्राचीन यूनानमें क्रीड़ा-प्रतियोगिता[F])।

pancreas पैन्'क्रिॲस् n. (चि०, कृषि०, वाणि०) क्लोम, सर्वकिण्वी, **अग्न्याशय**, पाचक ग्रन्थि[F]।

pancreatectomy ⊙ पैन्क्रिॲटेक्'टॅमि n. (चि०) **अग्न्याशयोच्छेदन**।

pancreatic –ॲ'टिक् a. (कृषि०, चि०) **अग्न्याशय** (~*juice*), सर्वकिण्वीय, **अग्न्याशयिक**, क्लोम-सम्बन्धी, पाचन रसकी कोशिका[F]से सम्बन्धित (~ *duct*, *secretion*)।

pancreatin –क्रिॲटिन् n. (चि०) अग्न्याशय रसका किण्व।

pancreatitis –टाइ'टिस् n. (चि०) अग्न्याशय-शोथ, क्लोमप्रदाह, क्लोमशोथ, पाचनरसकी कोशिका[F]की जलन[F]।

panda पैन्'डॅ n. पण्डक, (विशे० *giant* ~) हिमालय तथा तिब्बतका एक विशालकाय रीछ।

pandation पैन्डे'शॅन् n. नति[F], झुकाव, मोड़; मरोड़[F], ऐंठन[F]।

P. & D. Dept. Planning and Development Department.

Pandean, -aean पैन्डी'ॲन्, -ई'ॲन् aa. यूनानी ग्रामदेवता-विषयक।

pandect पैन्'डेक्ट् n. संहिता[F], स्मृतिसंहिता[F], पूर्ण-सार, सम्पूर्ण विधि-संग्रह, कानूनोंका पूरा संग्रह।

pandemic पैन्डे'मिक् a. & n. (चि०) सर्वसामान्य, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक, **देशान्तरगामी** (महामारी[F]), जनता-व्यापी (रोग), प्रमारक विश्वमारी (रोग)।

pandemonium पैन्डिमो'निॲम् n. पिशाच-सभा[F], अव्यवस्थित स्थान; प्रेतावास, भुतहा घर; अशान्तिपूर्ण स्थान, अन्धेर-नगरी[F]; मछली बाजार; उपद्रव, विप्लव, कोलाहल, गड़बड़।

pander[1] पैन्'डॅर् n. रमणदूत, कुटना, भँड़ुआ, दलाल; संचारक, विट, बुरे कार्योंमें सहायता[F] देनेवाला।

pander[2] v. i. & t. निम्न विचारोंको उभाड़ना, बुरे कार्योंमें सहायता[F] देना, लम्पटता[F]में सहायक होना; कुटनाका कार्य करना, भड़आपन करना।

panderess –रिस n. कुटनी[F], दूती[F], दलालिन[F]।

panderism –रिज़्म् n. कौट्टिन्य, कुटनापन, भडुआपन, दलाली[F]; दौत्य।

pandiculation पैन्डिक्यूले'शॅन् n. अँगड़ाई[F] और जम्हाई[F], कसमसाहट[F]।

pandit पॅन्'डिट् n. पण्डित।

pandour, -oor पैन्'डुॲर, -डुॲर् n. क्रोशियाकी पदाति-सैनिक; निर्मम योद्धा, निर्दय वीर, पण्डूर।

panduriform –ड्युॲ'रिफ़ॉर्म् a. सारंगीवत्, **वेला-कृति**[F], सारंगी[F]के आकारका, चिकारे-जैसा।

pandy पैन्'डि n. (नग्न भुजा[F]पर) प्रहार, आघात, चोट[F]।

pane[1] पेन् n. (वातायनका) काचपट्ट, काचफलक, (खिड़की[F]का) शीशा; चित्र-विचित्र वस्तु[F]का आयताकार खण्ड, पुर्जा; चौखटा; सीधी भुजा[F]।

pane[2] v.t. चित्र-विचित्र नमूनेका बनाना, रंग-विरंगे चौखाने बनाना; काँच लगाना।

paned –ड् a. काचपट्टयुक्त, शीशेदार।

panegyric[1] पैनि'जि'रिक् n. संस्तव, श्लाघा[F], प्रशंसा[F], गुणवर्णन, गुणकीर्तन, स्तुति[F], प्रशस्ति[F], प्रशंसात्मक संलाप।

panegyric[2], -al –क्, -ॲल् aa. प्रशस्तिपूर्ण, प्रशंसात्मक, स्तुतिमय।

panegyricon ⊙ –कॉन् n. (यूनानी गिरजाघरोंमें पर्व-अवसरोंपर) प्रवचन-संग्रह, उपदेश-संग्रह।

panegyrist –'रिस्ट् n. वैतालिक, संस्तावक, चारण, मागध, भाँड़, भाट।

panegyrize –'निजिराइज् v.t. गुणवर्णन करना, प्रशंसा[F] करना, स्तुति[F] करना, प्रशंसात्मक लेख लिखना, भूरि-भूरि प्रशंसा[F] करना।

panegyry ⊙ –रि n. धार्मिक पर्व, महती सभा[F], विशाल समाज।

panel[1] पै'नॅल् n. चर्मपट, चर्मपत्र; व्यक्तियोंकी नामा-वली[F], **नामिका**[F]; न्यायसभ्य, पंच, जूरी[F]; अभियुक्त, मुलजिम; डाक्टरों आदिकी तालिका[F]; सूची[F], क्रमणिका[F], **तालिका**[F] (~ *code*, ~ *meter*), पट्ट, फलक, परदा, दिल्ला; खण्ड, भागक, दालन, विशाल आलोक-चित्र, लम्बी तस्वीर[F]; चौखटा, शाखा[F], भाग; ~beating **गुप्त-तापन**; ~point **मेल-बिन्दु**; ~ wall **परदा दीवार**[F]; **दिल्हा-दीवार**[F]; ~saw बहुत पतली लकड़ी[F] चीरनेका आरा; ~ working कई भागोंमें विभक्त कर खान[F] खोदनेकी व्यवस्था[F]।

panel[2] v.t. पलान रखना, जीन[F] कसना; दिला लगाना; चौखटा बनाना।

paneless पेन्'लिस् a. चौखटविहीन, बिना चौखटेका, बिना शीशेका।

panelling पै'नॅलिंग् n. पलानका ऊपरी स्तर लगाना; **दिल्हाबन्दी**[F], दिल्ला लगानेकी क्रिया[F]; चौखटा बनाना।

panful पैन्'फ़ुल् n. कड़ाहीभर, तवाभर।

pang पैन्ग् n. यन्त्रणा[F], यातना[F], वेदना[F], व्यथा[F], पीड़ा[F], दुःख, दर्द, टीस[F], कसक[F], भीतरकी चोट[F]; breast ~ हृद्-शूल।

pangamy पैन्'गॅमि n. (वन०) **सर्वसंगमन**।

pangenesis पैन्जे'निसिस् n. सर्वजनन।

panic[1] पै'निक् n. संत्रास, समुद्वेग, उपद्रव, भीषिका[F], **आतंक**, अतिभय, भगदड़[F], दहशत[F]; शीघ्र विस्तरण-शील; ~-monger आतंक फैलानेवाला; ~-stricken, -struck आतंकित;

~-bolt, ~-driven, ~ grass, ~-stunned.

panic[2] v.t. & i. संत्रस्त करना या होना, आतंक फैलाना, आतंकित करना या होना, दहशत[F] से घबड़ा जाना।

panic[3] a. अतिशय, अत्यन्त, अत्यधिक; निराधार, बेबुनियाद; आकस्मिक, अचानक।

panic[4] n. संयुक्त घास (~-*grass* भी)।

panicky पै'निकि a. (बोल०) अतिभीत, भयभीत, आतंकित।

panicle पै'निकॅल् n. (वन०) संयुक्त मंजरी[F], यौगिक वल्लरी[F], पुष्पगुच्छ, छोटा गुच्छा।

panicled –ड् a. संयुक्तमंजरी-युक्त, संयुक्तवल्लरी-युक्त, संयुक्तपुष्पक्रमयुक्त, छोटे गुच्छेवाला।

paniculate पॅनि'क्यूलॅट् a. संयुक्त-पुष्पक्रम-युक्त, पुष्पगुच्छी, छोटे गुच्छेवाला।

panification पैनिफ़िके'शॅन् n. कर्पट्टिकीयन, कर्पट्टिका-निर्माण, रोटी[F] बनाने या सेंकनेकी विधि[F], रोटी[F] बनाना।

Panislam पैन्-इसलॅम् n. अखिल इस्लामी जगत्।

Panislamic –इस्लै'मिक् a. अखिल इस्लामी जगत्-सम्बन्धी।

Panislamism –इस्'लॅमिज़्म् n. सर्व इसलामवाद।

Panjandrum पैन्जैन्'ड्रॅम् n. उपहासास्पद श्रेष्ठी, आडम्बरी अधिकारी, ठाठदार अफसर।

panlogism पैन्'लॅगिज़्म् n. विचार-परमतावाद, विचार-सर्वश्रेष्ठतावाद।

pannade पनेड् n. अश्वोत्पतन, घोड़ेकी उछाल[F]।

pannage पै'निज् n. शूकर-चारण, (जंगलमें) सुअरों-की चराई[F]; सुअर चरानेका अधिकार; सुअर चरानेका शुल्क; सुअरोंका चारा।

panne पैन् n. मखमली भूषा, मखमली वस्त्र।

pannier पै'न्यॅर् n. पिट, करण्ड, टोकरी[F], कण्डोल, पिटारी[F], झावा, डलिया[F]; पल्ला, दामन; (बोल०) विशेष-वस्त्रधारी सेवक।

pannikin पै'निकिन् n. कटोरी[F], गिलास; कटोरीभर वस्तु[F]।

pannosity पॅनो'सिटि n. त्वङ्मृदुता[F], त्वक्कोमलता[F], चमड़ेकी मुलायमियत[F]।

panoistic पैनाऑस्'टिक् a. अण्डोत्पादी, केवल अण्डा उत्पन्न करनेवाला, अण्डे देनेवाला।

panoplied पै'नॅप्लिड् a. सर्वांग-कवचधारी; संवर्मित।

panoply पै'नॅप्लि n. (प्रायः ला०) सर्वांग-कवच, सर्वांगत्र।

panopticon पैनॉप्'टिकॅन् n. गोलाकार जेल, गोल कैदखाना।

panorama पैनॅरा(रै)'मॅ n. दृश्यपटल, विश्वदृश्य, सर्वदिग्दृश्य, विराट् दृश्य, विराट रूप, दृश्यावली, चित्रावली[F], चित्रमाला[F], फिरनेवाली तस्वीर[F]; निरन्तर दृष्टि[F]के सामने चलनेवाला दृश्य, गमनशील दृश्य, परिदृश्य, इर्द-गिर्दका दृश्य; ~ box झाँकी बक्स।

panoramic –रै'मिक् a. परिदृश्य-विषयक; सर्वतोदृश्य, विराट, विशालदर्शी, सर्वदर्शी (~ *view*)।

panphobia पैन्फ़ो'बिॲ n. (चि०) विश्व-सन्त्रास, अखिलतःभीति[F], सर्वतःभीति[F], सर्वातंक, सबसे भय, सबसे डर।

pan-pipe(s) पैन्'पाइप् n. मुँहसे बजानेका एक बाजा।

pansclerosis ⊙ पैन्स्क्ले'रो'सिस् n. (चि०) पूर्ण काठिन्यामयता[F], किसी अंग या ऊति[F]का पूर्णतया कठिन तथा खरखरा हो जाना।

pansied पैन्'ज़िड् a. शबलपुष्पित, रंग-बिरंगे फूलोंसे युक्त।

pansophical पैन्सॉ'फ़िकॅल् a. मिथ्या-ज्ञानी, मिथ्या-पण्डित, मिथ्या-विद्वान्, मिथ्या-सर्वज्ञ।

pansophism –'सॅफ़िज़्म् n. मिथ्या-ज्ञान, मिथ्या-पाण्डित्य, मिथ्या-विद्वत्ता[F], मिथ्या-सर्वज्ञता[F]।

pansophy –फ़ि n. सर्वाध्यात्म, सार्वभौमिक ज्ञान, विश्वव्यापी-ज्ञान, विश्वज्ञान।

panspermy पैन्-स्पर्'मि n. रोगाणु-प्रसृति-सिद्धान्त, रोगाणु-व्यापीवाद।

pansy पैन्'ज़ि n. (~ *boy* भी) स्त्रैणयुवक, लौण्डा, चमूना, युवक; पैंजी, रंगबिरंगे फूलोंवाला एक पौधा; हृत्सुख, मनःसुख।

pant[1] पैन्ट् n. स्पन्दन, हाँफनी[F], धड़कन[F], धड़धड़ाहट[F], धुकधुकी[F]।

pant[2] v.i. & t. हाँफना, साँस[F] फूलना; (ला०) उत्कण्ठित होना, लालायित होना, तड़पना, चाहना, कामना[F] रखना; स्पन्दित होना, धड़कना; हाँफते हुए बोलना।

pant- दे० PANTO- (स्वरोंके पूर्व समासमें आता है)।

pantagruelian पैन्टॅग्रूऍ'लिॲन् a. & n. भोंडा मजाक पसन्द करनेवाला।

pantagruelion ⊙ –ऑन् n. जादूकी जड़ी-बूटी[F] या सन।

pantagruelism पैन्टॅग्रू'इलिज़्म् n. अशिष्ट हास्य, भोंडा व्यंग्य।

pantagruelist –लिस्ट् n. अशिष्ट-हास्यप्रेमी, भोंडा मजाक करनेवाला।

pantaloon पैन्टॅलून् n. जंघापरिधान; जंघावस्त्र, पतलून, पैण्ट; इटलीकी सुखान्त कृति[F]में वेनिसका एक पात्र; भण्ड, वैहासिक, भाँड़, (अब मूक अभिनयमें) विदूषक-का सहायक।

pantatrophia पैन्टॅट्रॉ'फ़िॲ n. (उचित आहार न मिलनेसे) शरीरापक्षय, शरीर क्षय, सर्वांगशोष।

pantechnicon पैन्टे'क्'निकॅन् n. (लकड़ी[F]के सामान-का) गोदाम, फर्नीचरकी दुकान[F]; ~ van फर्नीचर ले जानेवाली गाड़ी[F]।

panter पैन्'टॅर n. हाँफनेवाला; उत्कण्ठित होनेवाला, लालायित होनेवाला, तड़पनेवाला, कामना[F] रखनेवाला।

pantheism पैन्'थिइज़्म् n. विश्वदेवतावाद, सर्वेश्वर-वाद, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'का सिद्धान्त; देवपूजा[F]।

pantheist –इस्ट् n. विश्वदेवतावादी, सर्वेश्वरवादी।

pantheistic, -al –'टिक्, -अॅल aa. विश्वदेवता-वादात्मक, सर्वेश्वरवाद-विषयक।

pantheology पैन्थिऑ'लॅजि n. सर्वदेवशास्त्र, सर्वेश्वरज्ञान।

pantheon पैन्'थिअॅन्, पेन्थी'ॲन् n. देवालय, सर्वदेवमन्दिर; देवगण, देवकुल, देवतागण, समाधि^F, स्मारकभवन, यादगार^F, मकबरा; (लन्दनका) सार्वजनिक मनोरंजन-भवन।

panther पैन्'थॅर् n. द्वीपी, बाघ, चीता, तेंदुआ।

pedologist पिडॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) बाल वैज्ञानिक; मृदाविज्ञानी; मृत्तिका-शास्त्री।

pedology –जि n. (चि०) बाल्य-विज्ञान; मृत्तिकाशास्त्र, मृदाविज्ञान; (प्रा० भूगोल०) **भूमितत्त्व**, (कृषि०) **भूमि-विज्ञान**।

pedometer पिडॉ'मिटॅर् n. यात्रामापक-यन्त्र, गति-मान, दूरीमापक-यन्त्र।

pedophilia ⊙ पीडॅफि'लिॲ n. दे० PAIDOPHILIA.

pedrail पे'ड्रेल् n. पेड्रेल, एक प्रकारका ट्रैक्टर।

pedrero, pede- पेड्रि'रो, पेडि'- n. रोड़े फेंकने-वाली बन्दूक^F।

peduncle पिडन्'कॅल् n. (वन०) **पुष्पदण्ड, पुष्पपुन्ज**, वृन्त, पुष्प बन्धन; उपवृन्त, मुख्य वृन्त; (जन्तुवि०) प्रसव बन्धन, गण्डमूल।

peduncular, pedunculate –'क्यूलॅर्, –लॅट् aa. पुष्पवृन्त-युक्त; पुष्पदण्ड-युक्त, मंजरी-युक्त, वृन्तमय, डण्ठलदार, डण्डीदार; वृन्तीय, वृन्त-विषयक।

pedunculation –ले'शॅन् n. (चि०) वृन्त-युक्तता^{F};

पुष्पवृन्तताF, पुष्पदण्डताF, पुष्पवृन्तयुक्तताF, पुष्पदण्ड-युक्तताF, मंजरीयुक्तताF, डण्ठलदार होना।

peek⊙ पीक्' n. झाँकना; ~-a-boo⊙ = HIDE AND SEEK.

peeking⊙ –'किंग् n. झाँकना।

peel[1] पील्' n. सीमा-स्तम्भ, सरहदी मीनारF; नानवाईF-की कलछीF; (तन्दूरमें) रोटीF सेंकनेका बेलचा; रोटी-वालेकी रस्सीF; आवरण, शल्क, त्वक्, वल्कल, वक्कल, **छिलका**।

peel[2] v.t. & i. शल्कन करना, **छीलना**, छिलका उतारना; (वृक्ष, पशुओंके शरीर आदिका) चर्मरहित होना, खालF उतारना, देहF **छिलना**, उधड़ना, उधे-ड़ना; (छिलकेकी भाँति) उतर जाना, निकल जाना; निरावरण होना, नग्न होना: *scattered and ~ed* नष्ट, लुण्ठित, लूटा हुआ, मारधाड़ किया हुआ, मारा हुआ।

peeler –लॅर् n. शल्कक, छीलनेवाला; शल्कन-यन्त्र, छीलनेका यन्त्र; पुलिसFका सिपाही।

peeling पी'लिंग् n. उतरा हुआ छिलका (विशे० *potato ~s*); शल्कन, छिलका उतारनेकी क्रियाF, (कृपि०) **छिल जाना**, (कृपि०) **छीलना**।

peen पीन्' n. हस्तघानीFका पृष्ठ भाग, हथौड़ेका उलटा सिरा।

peep[1] पीप्' n. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ, चर-चर' इत्यादिकी ध्वनिF; चीत्कार, कर्कश ध्वनिF; गुप्त दृष्टिF, छिपी निगाहF, ताकझाँकF; सूक्ष्म वीक्षाF, चोर-दृष्टिF, सतर्क दृष्टिF; प्रथम दर्शन; प्रकटन, प्रादुर्भाव; आगम, उदय, पूर्वालोक, अरुणोदय; ~-hole **निरीक्षण-छिद्र**; गवाक्ष, जालमार्ग, मोखा, झरोखा; ~-show झाँक-तमाशा, सैरबीन, बाइस्कोप; ~ sight बन्दूकF आदिकी मक्खीF; ~ *of dawn*, *of day* भोर, प्रातः, सुबह, तड़का।

peep[2] v.t. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ' इत्यादि शब्द करना, चर-चर करना, झिंगारना; चीत्कार करना, कर्कश ध्वनिF करना; (*at*, *into* के साथ) गुप्तरूपसे देखना, छिपकर देखना, ताकना, झाँकना; दृष्टिगत होना, झलकना; दबे पाँव आना; आविर्भूत होना, प्रकट होना, उदय होना; (कलीF, फूल इत्यादिका) कुछ-कुछ खिलना, खुलना, फूटना (प्रायः ~ *out*); ~ ing Tom, (Godiva की कथामें) एक कामुक पात्र।

peep-bo पीप्-बो n. = BO-PEEP.

peeper पी-पॅर् n. प्रच्छन्न दृष्टिFसे देखनेवाला, झाँकने-वाला, छिपी निगाहF डालनेवाला; (ग्रा०) नेत्र, नयन, चक्षु, आँखF।

peep-o'-day पीप्-अॅ'डे n. प्रभात, तड़का, सवेरा।

peepul, pipal पी'पॅल्, पी'पॅल n. पीपल (का पेड़)।

peer[1] पीअॅर् n. समकक्ष व्यक्ति, तुल्य पदासीन व्यक्ति, समान श्रेणीFका मनुष्य, साथी (*he is not your ~*); श्रीश; (मारक्विस, अर्ल, इत्यादि) उपाधिधारी, राजुल, सामन्त; अभिजात, कुलीन, अमीर, रईस, लार्ड; श्रेष्ठी, महाजन।

peer[2] v.t. & i. समकक्ष बनाना या बनना, तुल्य बनाना या होना, समान श्रेणीFमें होना; (किसी व्यक्तिको) सभ्य समाजमें सम्मिलित करना; अमीर या लार्ड बनाना, श्रीमन्तकी उपाधिF देना; ताकना, झाँकना, गौरसे देखना; प्रकट होना, दिखाई देना, झलकना।

peerage –'रिज् n. अभिजात जन, सम्भ्रान्त पुरुष, कुलीन व्यक्ति, सामन्त वर्ग, सम्मानित नवाब; अभि-जातताF, सम्भ्रान्तताF, कुलीनताF, सम्मान; श्रीश-पद, श्रीश-वर्ग, राजुल वर्ग; सामन्त-पद, अमीर या लार्डका पद; कुलीन वंशावलीF अमीरखाता, उमराईF।

peeress –'रिॅस् n. कुलीन व्यक्तिकी पत्नीF; सभ्य स्त्रीF, कुलीन पद-धारिणी स्त्रीF।

peerless –र्'लिॅस् a. अप्रतिम, अनुपम, अद्वितीय, अतुल, बेजोड़।

peerlessness –निॅस् n. अप्रतिमताF, अनुपमताF, अद्वितीयताF, बेजोड़पन।

peeve पीव्' v. i. & t. सन्तप्त करना या होना, दुःखी होना या करना, उत्तेजित होना या करना, चिढ़ना या चिढ़ाना, कुढ़ना या कुढ़ाना, चिड़चिड़ा होना या करना; तुनुक-मिजाज होना या करना।

peevish पी'विश् a. कलहप्रिय, युद्धोद्यत; रूक्षभाव, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज; कर्कश, रूखा; पिशुन, दुःशील; सन्तप्त होनेवाला, कुढ़नेवाला, चिढ़ जानेवाला।

peevishness –निॅस् n. कलहप्रियताF, युद्धोद्यतताF; चिड़चिड़ापन, तुनुक-मिजाजीF; रूक्ष भाव, कर्कशताF, रूखापन; पिशुनताF, दुःशीलताF; सन्तप्तताF, कुढ़नF, खीझF, चिढ़F।

peewit पी'विट् n. कुयष्टिF, कुयष्टिकाF।

peg[1] पे'ग' n. कीलक, कीलF, **खूँटी**F, खूँटा, नागदन्त, खिरंजीF, पिनF; मद्यपान; मदिरा-चषक, शराबFका प्याला, पेग; ~ *box* खूँटियोंF वाला बाजेका सिरा; ~-*leg* काष्ठपाददान; काष्ठपाद, लकड़ीFका पैर; ~ *footed* **टेकदार**; ~ point **आधार विन्दु**; ~ *top* कीलदार लट्टू; ~ planting (कृपि०) **रोपण खूँटी**F; ~ point **आधार-विन्दु**; ~-top trousers चूड़ीदार पायजामा; *a ~ too low* अवमानित, निरादृत; उदास, खिन्न; *off the ~* बने-बनाये कपड़े; *put (a man) on the ~* (सेना०; ग्रा०) सेनाधिपतिके समक्ष किसी अपराधमें उपस्थित करना; *take* (person) *down a ~ or two* (गर्वीले व्यक्तिको) विनम्र करना, अव-मानित करना, निस्तेज करना, खराब करना; दिमाग ठीक करना।

peg[2] v.t. & i. कीलFसे जड़ना, मेखFसे जड़ना; (कीलF या मेखFसे) मारना, छेदना, निशाना लगाना; (खूँटियोंF गाड़कर) सीमारेखाF बनाना, हदF बाँधना; (ताशके खेलमें) कीलFसे हार-जीतFका चिह्न लगाना; ~ *at* (ग्रा०) पत्थर फेंकना, फेंककर मारना; ~ *away* हठपूर्वक कार्यरत रहना, लगातार कार्य करना; ~ *down* नियन्त्रित करना, प्रतिबन्ध लगाना; नियमबद्ध करना, नियमित करना; ~ *out* (CROQUET के खेलमें) लक्ष्य बेधना, खूँटीपर गेंदF-

से अन्तिम निशाना लगाना; खेल समाप्त करना, विनष्ट होना, बरबाद होना; मर जाना।

pegamoid पे´गॅमाएड् n. कृत्रिम चर्म, नकली चमड़ा, पेगैमायड।

pegasus –गेसस् n. (ज्यौ०) **खगाश्व, पेगासस।**

pegging पे´गिंग् n. उद्बन्धन; (वाणि०) **अधिकीलन।**

pegmatite पे´ग्‌मॅटाइट् n. निस्थूलाश्म, महाकणाश्म, बड़े एवं खुरदरे कणोंवाला ग्रेनाइट।

P.E.I. Prince Edward Island.

peignoir पे´न्वार् n. (स्त्रियोंFका) प्रसाधन-वस्त्र, प्रसाधन-वसन, बनाव-सिंगारका जाकिट।

Peine forte et dure (F) n. कठोर दण्ड।

peirastic पिरैस्´टिक् a. प्रायोगिक, प्रयोग-विषयक, प्रयोगात्मक, प्रयोगरूपमें, अनुभवात्मक, परीक्षात्मक, अनुभवरूपमें, जाँच-सम्बन्धी।

pejorate पी´जॅरेट v.t. अपकृष्ट करना, गुण घटाना, दोषयुक्त बनाना, और अधिक खराब करना या गिराना।

pejoration –रे´शॅन् n. ह्रासन, अपकर्षण; अपकर्ष, ह्रास, गुणापकर्ष, हीनताF, कुत्साF।

pejorative पी´जॅरेटिव्, पिजॉ´रॅटिव् a. & n. (चि०) प्रतिकूल; ह्रासात्मक, अपकर्षात्मक; ह्रासक या अपकर्षक (शब्द); the ~ suffix अपकर्षक प्रत्यय, (अर्थमें) ह्रास या अपकर्ष लानेवाला प्रत्यय।

pejorism पी´जॅरिज़्म् n. अतिशय दूषणवाद; अपकर्षण; अपकृष्ट प्रयोग, अपकृष्ट कथन।

pekin, peking पी´किन्, पी´किंग् n. चीनांशुक, चीन-कौशेय, चीनी रेशम।

pekin(g)ese[1] पीकिन्गीज़्´ n. पेकिन (चीन) का कुत्ता।

pekin(g)ese[2] a. पेकिनी, पेकिनका, पेकिंगवासी।

pekoe पे´को n. उत्तम प्रकारकी काली चायF, पेकोF।

pelage पे´लिज् n. (पशुओंका) शरीर लोम तन्त्र, शिरोरुहावरण, लोमच्छद, लोमावरण, लोमाच्छादन, रोमाच्छादन, शरीरपरके बालोंकी तहF।

pelagian[1] पि´लेजिॲन् n. उत्सामुद्र प्राणी, समुद्री व्यक्ति या जीव।

pelagian[2] a. उत्सामुद्रप्रजात, उत्सामुद्र, सामुद्रिक, सागरीय, समुद्रवासी।

pelagic पि´लैजिक् a. समुद्राधोवासी, **तलप्लावी,** समुद्री, **गभीर सागरीय,** (~ *deposit*), खुले समुद्रका; खुले समुद्रमें किया गया; **अगाध;** ~ *sealing* सामुद्रिक सीलगीरीF, समुद्री सील मछलीFका शिकार।

pelargic पि´लॉर्´जिक a. क्रौंच-विषयक, क्रौंच-सम्बन्धी, महाबक-सम्बन्धी, सारसका।

pelargonium पे´लार्गोनिॲम् n. वक्रतुण्डी पौधा, कषायमूल, पौधोंकी एक प्रजाति।

pele mele = PELL MELL.

pelerine पे´लॅरिन्, पे´लॅरीन्´ n. स्कन्ध-वस्त्र, स्त्रियोंFका गुलूबन्द।

pelf पे´ल्फ़्´ n. धन, सम्पत्तिF, अर्थ, द्रव्य, माल, दौलतF; अन्यार्जित धन, मुफ्तका माल।

pelican पे´लिकॅन् n. प्लव; श्वेत-जलपक्षी, मत्स्यभक्षी जलपक्षी, पानीकी चिड़ियाF।

pelisse पि´लीस्´ n. स्त्रियोंFका परिधान; जनाना चादरF; जनाना लबादा; बच्चोंकी पोशाकF; (अश्वारोही या सैनिकोंकी) समूरके गोटेकी जैकेटF।

pell पे´ल्´ n. त्वचाF, चर्म, चमड़ा; चर्मपत्र-बेल्लन, चर्मपत्रका बेलना; चर्मलेख, चर्मपत्र, चर्मपत्र-लेख, चमड़ेपर लिखे गये दस्तावेज।

pellagra पिले(लै)´ग्र n. (चि०) त्वक्-परूषताF, त्वग्ग्राह, वल्कचर्म, शीर्णत्वग् रोग, पिलैग्रा।

pellagrin पे´लॅग्रिन् n. शीर्णत्वग्-रोगी।

pellagrous पिले(लै)´ग्रस् a. (चि०) त्वग्ग्राह-पीड़ित, वल्कचर्म-विक्षिप्त, पिलैग्राके कारण पागल।

pellet[1] पे´लिट् n. पत्रकन्दुक; गुलिकाF, रोटीFकी छोटी गोलीF; गुलेला, गुलेलीF; वटिकाF, **गुटिकाF, गोलीF,** औषधवटीF; टिकीF; **छर्रा;** (सिक्कोंपर) गोल उभार या फूल आदि।

pellet[2] v.t. (विशे० कागजकी) गोलीF या गुलेलीFसे भरना।

pellicle पे´लिकॅल् n. छादिF, पटल, तनु त्वक्, **उच्चर्म,** सूक्ष्म चर्म, सूक्ष्म आवरण, पुट, जालीF, **झिल्लीF;** द्रवके ऊपरका पटल।

pellicular पि´लि´क्यूलॅर् a. सूक्ष्मत्वचीय, जालीदार, झिल्लीदार बारीक चमड़ेका।

pellitory पे´लिटॅरि n. हरिपुष्पी, दन्तमूल, एक पौधा।

pell-mell[1] पे´ल्-मे´ल् n. अनिश्चितताF, अस्पष्टताF; घबड़ाहटF; अव्यवस्थाF, गड़बड़ीF, हुल्लड़, झड़पF, खींचातानीF, कशमकशF।

pell-mell[2] a. अनिश्चित, अस्पष्ट; अविवेकपूर्ण; संकुल, संकीर्ण, गडमड; अस्तव्यस्त, क्रमविहीन।

pell-mell[3] adv. अस्पष्टतः; अविवेकपूर्ण ढंगसे; गड़बड़ ढंगसे, उलटे-सीधे; बिना क्रम, गडमड, अव्यवस्थित ढंगसे, बेतरतीबीसे।

pellucid पिल्यू´सिड् a. निर्मल, विमल, स्वच्छ, **पारदर्शी, अल्पपारभासी,** झीना; स्फटिक-सदृश, बिल्लौरवत्, शीशे-सा (विशद); (शैलीF) विशद, शुद्ध, सुस्पष्ट, प्रसादपूर्ण; (विचारोंमें) सुलझा हुआ; विशद मस्तिष्कवाला।

pellucidity, pellucidness –´डिटि, –निस् n. निर्मलताF, स्वच्छताF, पारदर्शिताF; विशदताF, शुद्धताF, प्रसाद, सफाईF; दिमागका सुलझाव।

Pelmanism पे´ल्‌मॅनिज़्म् n. पेलमैन-प्रणालीF, स्मरण-शक्तिFके प्रशिक्षणकी एक बीसवीं शतीFकी विधिF।

pelmet पे´ल्‌मिट n. परदा, लटकन।

pelota पि´लो´टॅ n. (टेनिससे मिलता-जुलता) बास्कका एक खेल।

pelt[1] पे´ल्ट्´ n. अजिन, लोमाजिन, (बकरीF या भेड़Fका) लोमयुक्त चमड़ा, समूरकी खालF; धारासार-वृष्टिF, अति जल-वृष्टिF, घनघोर वर्षाF; अविरल अस्त्र-वर्षाF, निरन्त गोलियोंFकी बौछारF; लोष्टघात, ढेलेकी मारF; प्रहार,

आघात, ~-monger चर्म-विक्रेता; (*at*) *full* ~ पूरी गति[F] (से) ।

pelt² v.t. & i. धार-सार-वृष्टि[F] होना, घनघोर पानी बरसना; अविरल अस्त्र-वर्षा[F] करना या होना, निरन्तर गोली[F] चलाना या चलना; गालियों[F]की बौछार[F] करना या होना; लोष्टाघात करना, ढेलेसे मारना ।

pelta पे॑ल्'टॅ n. (प्रा०) वर्म, छत्र, ढाल[F] ।

peltate पे॑ल्'टॅट् a. छत्रीय, वर्माकार, छत्राकार, वर्माकृति, ढालके आकारका, ढालवाला ।

pelter –'टॅर् n. धारासार वृष्टि[F], मुसलाधार वर्षा[F]; अविरल गोलाबारी[F] करना, अस्त्र-वर्षा[F] करनेवाला, गोलियों[F]-की बौछार[F] करनेवाला; लोष्टाघात करनेवाला, ढेलेसे मारनेवाला; गालियों[F]की बौछार[F] करनेवाला ।

pelting –टिंग् n. वर्षा[F], बौछार[F]; अस्त्र-वर्षा[F], गोलियों[F]-की बौछार[F]; *at full* ~ क्षिप्र गति[F]से, अत्यन्त वेगसे ।

peltry पे॑ल्'ट्रि n. लोमयुक्त चमड़ा, बालदार चमड़ा; कच्चा चमड़ा ।

pelvic पे॑ल्'विक् a. (चि०) नितम्ब-, नितम्बीय, श्रोणि-, श्रोणीय, श्रोणिपात्रीय, श्रोणिखातीय, पेड़ू-सम्बन्धी; कुक्षीय, कोख[F]का; वस्तिदेशीय; ~ bone (कृषि०, चि०) श्रोण्यास्थि[F]; वस्ति-अस्थि[F];

~ abscess, ~ arch, ~ cavity, ~ colon, ~ diaphragm, ~ fin, ~ girdle, ~ measurement, ~ position, ~ spine, ~ vein.

pelviform –विफ़ॉर्म् a. नितम्बाकार, चिलमची[F]के आकारका ।

pelvimeter पे॑ल्विमि'टॅर् n. श्रोणिमान, श्रोणिमापक-यन्त्र ।

pelvis –विस् n. (चि०) गोणिका[F] (वृक्क) (चि०, कृषि०) द्रोणि, श्रोणि[F], श्रोणि-खात, श्रोणिपात्र, कुक्षि[F], श्रोणि-प्रदेश, वस्ति-प्रदेश, पेड़ू, कूल्हा ।

Pembroke पे॑न्'ब्रॅक् n. (~ *table*, *p*~) पेम्ब्रोक नगर (वेल्स) की बनी टेबिल[F] ।

pemmican पे॑'मिकॅन् n. मांसभरी रोटी[F], मांसकी कचौड़ी[F]; (उत्तरी अमेरिकाके मूलवासियोंकी) विशेष प्रकार-की रोटी[F]; (यात्रियोंके कलेवेके लिए, किशमिश मिला एवं तला हुआ) गाय[F]का गोश्त; (ला०) संक्षिप्त निबन्ध, अति सूक्ष्म या संक्षिप्त साहित्य ।

pemphigous पे॑म्'फ़िगॅस् a. फफोलेदार ।

pemphigous n. चर्मरोग, फफोला ।

pen-, pene- लगभग (*peninsula, peneplain*) ।

P.E.N. (Organization of) Poets, Playwrights and Editors or Essayists & Novelists.

Pen. Peninsula.

pen¹* पे॑न् n. लेखनी[F], कलम[F]*, होल्डर, पेन; निबन्ध, लेख, रचना[F]; रचना शैली[F], (*wields a formidable* ~); क्षेत्र, खेत; वृक्षारोपण, रोपनी[F]; अवरोध, व्रज, गोठ, गोशाला[F], गौसार[F], खड़क[F]; घेरा, हाता; (कृषि०) बाड़ा, ~& ink लिखाई[F]का सामान, लिखाई[F]; ~-&-ink लिखित; ~-holder होल्डर; ~ knife कोष-क्षुरक, जेबी चाकू, कलमतराश[F]; ~ man ग्रन्थकार, लेखक, रचयिता, कलम[F]का धनी, लिक्खाड़; ~ manship लेखनकला[F], रचना-प्रवीणता[F], साहित्य चातुर्य; ~-name साहित्यिक उपनाम; ~ picture शब्दचित्र; ~-point ⊙ निब; ~-tray कलमदान; submarine ~ पनडुब्बियों[F]का बाड़ा; *live by* one's ~ लिखकर जीवननिर्वाह करना; *talk like a* ~ *gun* अतिशीघ्र बातें[F] करना ।

pen² v.t. सृजन करना; रचना[F] करना, लिखना; अवरुद्ध करना; रोकना, मूँदना, बन्द करना, (अहाते इत्यादिमें) घेरना, छेंकना ।

penal¹ पी'नॅल् n. सपरिश्रम कारावास, दण्डस्वरूप बन्धन, कठोर दण्ड; दण्डभोगस्थान (~ *colony*) ।

penal² a. आपराधिक, दाण्डिक, दण्ड-, दण्ड-सम्बन्धी; दण्डार्ह, दण्डनीय, काबिल सजा; दण्डात्मक, दण्डस्वरूप निर्धारित, दण्डविधान-द्वारा निर्णीत; ~ code दण्ड-संहिता[F]; ~ colony बंदी उपनिवेश; ~ servitude कठोरश्रम कारावास;

~ action, ~ bond, ~ clause, ~ consequences, ~ damages, ~ deduction, ~ diet, ~ effect, ~ interest, ~ labour, ~ laws, ~ measure, ~ premium, ~ provision, ~ reduction, ~ removal, ~ statute, ~ sum.

penalize –लाइज़ v.t. दण्डित करना, दण्डाधीन करना, दण्डनीय बनाना, सजाके योग्य ठहराना; (खेल०) पेनल्टी[F] लगाना ।

penalty पे॑'नॅल्टि n. शास्ति[F], दण्ड, (~ *clause*) अर्थदण्ड, हर्जाना, जुर्माना, तावान, पेनल्टी[F]; हानि[F], क्षति[F], ~ area (फुटबाल) पेनल्टीक्षेत्र, पेनल्टी-एरिया ।

penance¹ पे॑'नॅन्स् n. प्रायश्चित्त, अनुताप; (प्रायश्चित्त-स्वरूप) आत्मनिग्रह; तपस्या[F], तपश्चर्या[F]; *do* ~ प्रायश्चित करना, अनुताप करना; तपस्या[F] करना ।

penance² पे॑'नॅन्स् v.t. प्रायश्चित्त-व्यवस्था[F] करना, प्रायश्चित्त करनेका निर्णय देना; तप करना ।

penannular पीनै'न्यूलॅर् a. आपूर्ण वलयित, आपूर्ण वलयाकृति, वलयकल्प, लगभग वलयाकार, कुछ पूरे वृत्तका-सा ।

Penates पि'नेटीज़ n. (यूनानी पुराण) गृहदेवता; (इति०) कुलदेव, नगर देवता; Lares and ~ घर-द्वार ।

pence पे॑न्स् n. PENNY का बहु० ।

penchant (L) पे॑न्'चॅन्ट्, पान्शान् n. रुचि[F], रुझान, झुकाव, पसन्दगी[F], तबीयत[F]; प्रवृत्ति[F] ।

pencil¹* पे॑न्'सॅल् n. तूली[F]*, तूलिका[F], कूर्चिका, कूँची[F], बुरुश; वर्तिका[F]; रंगकारशैली[F], चित्रकारिता[F], नक्काशी[F]; सीसांकनी[F], अंकनी[F], पेंसिल[F]*; शलाका[F], रेखा-सूची[F]; पेंसिल[F]की आकृति[F]की वस्तु[F]; किरण-कूर्चिका[F] (~ *of light*); ~-case पेंसिलदान; ~ of ray किरणावली[F];

~ cedar, ~ drawing, ~ eraser, ~ notes,

~ point, ~ point protector, ~ rubbing, ~ sharpener, ~ stone.

pencil[2] v.t. (पेंसिल[F]से) चिह्न लगाना, निशान लगाना; (पेंसिल[F]से) शीघ्रता[F]से लिखना, संक्षेपमें लिखना; लिख रखना, दर्ज करना ।

pencilled –ड् a. पेंसिल[F]से लिखा या चिह्नित किया गया ।

penciller –लॅर् n. (ग्रा०, घुड़दौड़[F]में) शर्त[F]का व्यवस्थापक, प्रबन्धक, मुहर्रिर ।

pencilliform –सि'लिफ़ॉर्म् a. पेंसिलवत्, पेंसिल-सदृश, पेंसिल- जैसा ।

pencilling –'सॅलिङ् n. (पेंसिल[F] द्वारा) अंकन, चित्रण, लिखना ।

pendant[1], **-ent**[1] पे`न्'डॅन्ट्, -ॲन्ट् n. दोलक, लोलक, प्रालम्ब, **लटकन**[F]; कुण्डल, कर्णावतंस, कर्णफूल, झुमका, ऐरन; (नौवि०) कूप-रस्सी[F]; (युद्धपोतोंपर) गोपुच्छ-ध्वजा[F], पताका[F], गावदुम झण्डा; घड़ी[F]का टँगना; समकक्ष, समानान्तर, समानान्तर, समान, तुल्य, सहचर, पूरक ।

pendency पे`न्'डॅन्सि n. लम्बमानता[F], **लम्बन**, लटकाव, झुकाव; अनिष्पन्नता[F]; अनिर्णय, अनिश्चय, दुविधा[F]; विचाराधीनता[F] ।

pendent[2], **-ant**[2] –न्ट्, -ॲन्ट् a. निलम्बी, लम्बमान, प्रलम्बित, लटकता हुआ, झूलता हुआ; अनिष्पन्न, अनिर्णीत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, द्विधापूर्ण; अस्थिर; वादकालीन, विचाराधीन; (व्या०) अपूर्णरूपात्मक; (शब्द-रचना[F]) त्रुटिपूर्ण ।

pendente lite (L) adv. अनिश्चित रूपसे, अनिर्णयात्मक रूपसे; निर्णय हो जाने तक ।

pendentive पे`न्डे`न्'टिव् n. (स्था०) गुम्बजीय त्रिभुज, गुम्बजकी डाट[F] ।

pendicle पे`न्'डिकॅल् n. आश्रित अंग, आश्रित भाग; पराश्रित देश, परतन्त्र देश, पराधीन देश ।

pending[1] पे`न्'डिङ् a. **निलम्बित, लम्बित**, लम्बमान; **अनिर्णीत**, अनिश्चित; अनिष्पादित, अनिष्पन्न, अपूर्ण; स्थगित, विचाराधीन;

~ case, ~ decision, ~ retirement, ~ work.

pending[2] prep. **पर्यन्त**, अवधि[F]में, **तक**, होनेतक (~ *negotiations*, ~ *his return*) ।

pendragon पे`न्ड्रै'गॅन् n. (प्रा०) राजा, सरदार ।

pendulate पे`न्'ड्यूलेट v.i. लोलदण्डवत् घूमना, पेण्डुलमकी तरह चक्कर काटना; (ला०) अनिश्चित रहना; अनिष्पन्न होना; विचाराधीन होना ।

penduline –लाइन् a. निलम्बी, दोलायमान, चलायमान, गतिमान, अस्थिर, लटकता हुआ ।

pendulous –लॅस् a. निलम्बी, लम्बित, लटकता हुआ, दोलायमान, गतिमान, **लोल**, चल, अस्थिर; स्थगित, विचाराधीन ।

pendulousness –नि`स n. निलम्बिता[F], दोलायमानता[F], चलायमानता[F], गतिमानता[F], अस्थिरता[F], लटकन[F], लटकती अवस्था[F] ।

pendulum –लॅम् n. निदोल, दोलक, दोलक-यन्त्र, **लोलक**, (~ *movement*), लोलदण्ड, लटकन, पेण्डुलम; लंगर; गतिमान्, विलम्बी, लटकनेवाला, लहरानेवाला; *swing of the* ~ राजनीतिक अवस्था[F]में उलट फेर, जनमतका उतार-चढ़ाव ।

penecontemporaneous पे`नि`कॉन्टे`म्पॅरे'निॲस् a. असामयिक, लगभग समकालीन ।

Penelope पि`ने`'लॅपि n. सती सीता[F], सती देवी[F], पतिव्रता नारी[F]; एक पक्षी ।

peneplain पी'नि`प्लेन् n. (क्षरण एवं निक्षेप द्वारा निर्मित) (भू०, कृषि०) **प्रायसमभूमि, स्थलप्राय**, स्थलीप्राय, पठार, पहाड़ियोंका चौरस मैदान, पेनिप्लेन ।

penetrability पे`नि`ट्रॅबि'लिटि n. प्रवेशनीयता[F], प्रवेश्यता[F], व्याप्ति[F], भेदनीयता[F], वेधनीयता[F]; ग्राह्यता[F], पैठ[F] ।

penetrable –'नि`ट्रॅबॅल् a. ग्राह्य, प्रवेश्य, भेद्य, वेधनीय, छेदने योग्य ।

penetralia पे`नि`ट्रे'लिॲ n. देवायतनाभ्यन्तर, देवालयका आन्तरिक भाग; रहस्य, भेद, राज ।

penetrancy पे`'नि`ट्रॅन्सि n. भेदकता[F], भेदकारिता[F], प्रवेशकारिता[F]; सूक्ष्मदर्शिता[F], मर्मज्ञता[F]; सूक्ष्मता[F], तीक्ष्णता[F], तीखापन ।

penetrant –न्ट् a. वेधक, भेदकारी, भेदी, प्रवेशकारी; सूक्ष्मदर्शी, मर्मज्ञ, पैठनेवाला; सूक्ष्म, तीक्ष्ण, तीखा ।

penetrate –ट्रेट् v.t. & i. प्रवेश होना, पहुँच[F] होना, पैठ[F] होना, आर-पार होना; प्रवेश करना, पैठना, भेदन करना, **वेधन करना**, विदीर्ण करना, भोंकना, बींधना, घुसना, चुभना, छेदना, सालना, सूराख करना, आर-पार करना, दाखिल होना; निःसरण होना, निर्गमन होना, आर-पार जाना, (व्यक्ति या वस्तु[F]को) व्याप्त करना, अनुप्राणित करना, आच्छादित करना, असर डालना, रँगना; (ला०) अभिप्राय जानना, आशय ग्रहण करना, विवेक करना, बोध होना, बूझ जाना, समझना, तह[F] तक पहुँचना (*into*, *through*, *to* के साथ) ।

penetrating –ट्रेटिङ् a. भेदक, भेदकारी, अन्तःप्रवेशी, **अन्तर्वेधी, वेधी, वेधनशील**, तीक्ष्ण, तीव्र, प्रवेशकारी, घुसनेवाला, छेदनेवाला, चुभनेवाला, पैना, तेज (~ *power*, *rays*); ~ orbit **अन्तर्विष्ट कक्षा**; ~ wound (चि०) भिन्नव्रण;

~ orbit, ~ power, ~ rays.

penetration –'शॅन् n. अन्तःप्रवेशन, प्रवेशन, **वेधन**, भेदकरण, घुसना, छेदना, वेधना; **प्रवेश**, पैठ, धँसना; ज्ञान, ग्रहण-सामर्थ्य, पैठ[F]; कुशाग्रता[F], तीक्ष्णबुद्धित्व, विदग्धता[F]; ~ bomb **भेदक बम**; ~ turion **अन्तर्वेशी युग्म** ।

penetrative –'नि`ट्रेटिव् a. वेधी, भेदी, चुभनेवाला, छेदनेवाला, वेधनेवाला; कुशाग्र, तीक्ष्णबुद्धि, सूक्ष्म-मति, विदग्ध, मर्मभेदी ।

penetrator –ट्रॅर् n. प्रवेशक, भेदक, छेदक, वेधक,

प्रवेश करनेवाला, घुसनेवाला, तह^F तक पहुँचनेवाला; मर्मज्ञ, तीक्ष्णमति।

penguin पे॑न्‌'ग्विन् n. सामुद्रिक पक्षी-विशेष, (दक्षिणी जगत्‌का एक पक्षी), पेंग्विन।

penguinery, penguinry –नॅरि, –रि nn. पेंग्विन पक्षियोंका स्थान।

penial पी'निअॅल् a. शिश्न-विषयक, मेढ्र-सम्बन्धी, मैथुन-, लिंगीय (~ *artery*)।

penicillate पे॑'निसिलॅट् a. सलोमगुच्छ, सरोमगुच्छ, रोमगुच्छ-युक्त, रोएँदार; पेंसिल^F के चिह्नोंवाला।

penicillation –लें'शॅन् n. सलोमगुच्छता^F, सरोमगुच्छता^F, रोमगुच्छ-युक्तता^F, रोएँदार होना; पेंसिल^F के चिह्नों जैसे चिह्नोंसे युक्त होना।

penicilliform –'लिफ़ॉर्म् a. = PENICILLATE.

penicillin –लिन् n. कूर्चकि^F, **पैनिसिलिन, पेंसिलीन,** एक प्रसिद्ध प्रतिजीवी (औषधि^F)।

penile पि'नाइल् a. = PENIAL.

peninsula पि॑'निन्‌'स्यूलॅ n. द्वीपकल्प, **प्रायद्वीप**।

peninsular[1] –लॅर् n. द्वीपकल्पवासी, **प्रायद्वीप-निवासी**।

peninsular[2] a. द्वीपकल्पस्थ, **प्रायद्वीपीय,** प्रायद्वीप-सम्बन्धी; प्रायद्वीपवत्।

peninsularity –लै'रिटि n. द्वीपकल्पस्थता^F, प्रायद्वीपीयता^F; द्वीपकल्प-स्थिति^F, प्रायद्वीप-समता^F, प्रायद्वीप-सदृशता^F।

peninsulate पि॑'निन्‌'स्यूलेट् v.t. प्रायद्वीपन करना, प्रायद्वीप बनाना।

penis पी'निस् n. (pl. *-nes*) (जीव०, कृषि०, श० र०शा०, चि०) मेढ्र, शेफ, **शिश्न,** उपस्थ, **लिंग**।

penitence पे॑'निटॅन्स् n. प्रायश्चित्त, पश्चात्ताप, अनुताप, **अनुशोक,** अनुशोध, ग्लानि^F, पछतावा, अफसोस।

penitency –सि n. = PENITENCE.

penitent[1] –न्ट् n. अनुतापी, पश्चात्तापी अपराधी; (pl.) सुधारक साधु।

penitent[2] a. पश्चात्तापी, पछतानेवाला, अनुशयी, पछतावा करनेवाला।

penitential –टे॑न्‌'शॅल् a. पश्चात्तापरूप, अनुशयार्थक, अनुशयात्मक, अनुतापजनित, पश्चात्तापसूचक, अनुशोक-सम्बन्धी; ~ garment तपोवेष, तपोवस्त्र; *the* ~ *psalms* क्षमार्थ-मंत्र, प्रायश्चित्त-स्तोत्र।

penitentiary[1] –शॅरि n. प्रायश्चित्त-गृह, पश्चात्तापागार, प्रायश्चित्तविधान-गृह, शोधनालय, वन्दीसुधार-गृह, **सुधार-घर**।

penitentiary[2] a. प्रायश्चित्त-, पश्चात्ताप-सम्बन्धी; सुधारात्मक, सुधार-सम्बन्धी (~ *jail*)।

Penn. Pennsylvania.

pennant पे॑'नॅन्ट् n. (नौवि०) दे० PENDANT; दे० PENNON.

pennate पे॑'नॅट् a. सपक्ष, पंखदार, पखनेदार; पक्षयुक्त, पंखवाला, परदार।

penni- पक्ष- (~*nerved*)।

penniferous पे॑'नि'फ़ॅरॅस् a. पक्षी, पंखदार; परदार।

penniform –निफ़ॉर्म् a. (प्राणि० इति०) पक्षाकार, पंखका-सा, पंखरूप।

pennigerous –'निजॅरॅस् a. पक्षयुक्त, पंखवाला।

penniless पे॑'निलि॑स् a. दरिद्र, निर्धन, अकिंचन, गरीब; निराश्रय, विस्थापित, असहाय, बे-घरबार।

pennilessness –नि॑स् n. निःस्वता^F, निर्धनता^F, अकिंचनता^F, दरिद्रता^F, दारिद्र्य, गरीबी^F; निराश्रयता^F, आश्रयहीनता^F, विस्थापितत्व, उद्वासितता^F, असहायता^F, बे-घरबारीपन।

pennon पे॑'नॅन् n. ध्वज, पताका^F, झण्डा, फरहरा, परचम, निशान; पंख, पर।

pennoned –ड् a. ध्वजीय, पताकायुक्त, झण्डेदार; सपक्ष।

penny पे॑'नि n. (pl. *pence*) (१/१२ शिलिंगके बराबर एक अँग्रेजी सिक्का) पेनी^F; (बोल०, सं० रा० अमरीका) शत, एक सौ; ~a-liner सस्ता और रद्दी लेखक, कूट लेखक; ~-wedding चन्देका विवाह; ~-weight (संक्षिप्त, *dwt*), एक पेनी^F का भार या उसकी तौल^F, २४ रत्ती, २४ ग्रेन; ~ wise अल्पव्ययी, कमखर्च, किफ़ायतशिआर; ~worth पेनी^F के मूल्यका; *a bad* ~ *worth* हानि-क्रय, घाटेका सौदा, खराब सौदा; *a good* ~-*worth* लाभक्रय, लाभका सौदा, अच्छा सौदा; *a* ~ *saved is a* ~ *gained* बचाया सो कमाया, भागते भूतकी लँगोटी^F; *a pretty* ~ अतुल सम्पत्ति^F, पर्याप्त धनराशि^F; *in for a* ~, *in for a pound* काम तो करना है चाहे धेला मिले, चाहे रुपया; ~ *and* ~ *laid up will be many* बूँद-बूँद^F से तालाब भरता है; ~*wise and pound foodish* अशरफियों^F की लूट^F रुपयोंपर मोहर; *take care of the* ~ अल्पव्यय करना, किफ़ायतशिआरी^F से काम लेना; *take care of the pence and the pounds will take care of themselves* चुल्लू-चुल्लू साधेगा तो द्वारे हाथी बाँधेगा; *turn an honest* ~ ईमानदारी^F के कामसे कुछ कमा लेना।

penny mountain ⊙ पे॑'नि माउँन्‌'टिन् n. वन्य-पर्णासी^F।

pennyroyal पे॑निराए'अॅल् n. राजपर्णास, (एक प्रकारका पुदीना)।

penological पीनॅलॉ'जिकॅल् a. कारा-शास्त्रीय, दण्ड-विज्ञानीय, दण्ड-सम्बन्धी।

penology पीनॉ'लॅजि n. कारा-विज्ञान, कारा-शास्त्र; कारानुशासन-विज्ञान, कारानियन्त्रण-शास्त्र; दण्डविज्ञान, दण्डशास्त्र, दाण्डिकी^F।

pensile पे॑न्‌'साइ(सि)ल् a. लम्बी, निलम्बी, आलम्बी, प्रलम्बी, लम्बमान, दोलायमान, लटकता हुआ, झूलनेवाला।

pensility ⊙ –सि'लिटि n. लम्बिता^F, निलम्बिता^F, आलम्बिता^F, प्रलम्बिता^F, लम्बमानता^F, दोलायमानता^F, लटकन^F, झुलाव^F, झूलन^F।

pension[1] पे`न्'शॅन् n. **निवृत्ति-वेतन,** अवकाश-वेतन, अवकाश-वृत्ति^F, **निवृत्तिका**^F, अनुवेतन, **पेंशन**^F; ग्रेकी धर्मशाला^F (GRAY'S INN) के सदस्योंकी परामर्श-दात्री समिति^F; यात्री-गृह, पथिकावास, धर्मशाला^F, बोर्डिंग हाउस; *live en* ~ पथिकावासमें रहना, यात्रीभवनमें रहना, आवासमें रहना;
~card, ~case, ~clerk, ~ contribution, ~establishment, ~fund, ~paper, ~paymaster, ~payment order, ~plan, ~rules.

pension[2] v.t. अवकाशवृत्ति^F देना, पेंशन^F नियत करना; ~ *off* अवकाशवृत्ति^F देकर पृथक् करना, पेंशन^F देकर अलग करना।

pensionable –शॅनॅबॅल a. अवकाशवृत्ति-योग्य, **निवृत्ति वेतन योग्य, निवृत्तिका-योग्य, पेंशन-योग्य;** निवृत्तिदेय, निवृत्ति-वेतनयुक्त, अवकाश वेतनमय, **पेंशनी** (~*service*)।

pensionary –नॅरि n. & a. निवृत्ति-वैतनिक, निवृत्ति-वेतनभोगी, अवकाशवृत्ति^F पानेवाला, पेंशन^F पानेवाला; निवृत्तिका-सम्बन्धी, पेंशन^Fका, **पेंशन**^F-(~ *charges*); किरायेके सैनिक, भाड़ेके टट्टू; Grand P ~ (इति०) हालैण्ड और जीलैण्डका प्रथम राष्ट्रपति (१६१९-१७९४); ~ right निवृत्ति-वेतनाधिकार।

pensioner –नॅर् n. अवकाशवृत्ति-भोगी, **निवृत्तिका-भोगी, निवृत्तिवेतन-भोगी,** वृत्तिभोगी, अनुवेतन-भोगी, **पेंशन-भोगी,** पेंशनर; (अप्र०) किरायेका सैनिक, भाड़ेका टट्टू; (कैम्ब्रिज विश्व०) (छात्रवृत्ति^F-उपजीवी न होकर) आत्मनिर्भर छात्र।

pensionless –शॅन्-लिॅस् a. अवकाशवृत्तिरहित, पेंशनरहित, बिला वजीफाके।

pensive पे`न्'सिव् a. चिन्तनशील, चिन्ताकुल, चिन्ताग्रस्त, ध्यानपरक, ध्यानमग्न, विचार-मग्न, चिन्तापरायण; अन्यमनस्क, उदास, विषादग्रस्त, चिन्ताग्रस्त, विपन्न, शोकाकुल।

pensiveness –निॅस् n. चिन्तनशीलता^F, ध्यानपरता^F, विचारमग्नता^F, चिन्तापरायणता^F; अन्यमनस्कता^F, विषाद, उदासी^F, विषादग्रस्तता^F, चिन्ताग्रस्तता^F, विपन्नता^F, शोकाकुलता^F, सोच।

penstock पे`न्'स्टॉक् n. पातनाड, **अवधारक नल,** जलप्रणाली^F, निर्गम-द्वार, मोरी^F, बाढ़^Fका पानी निकालनेका मार्ग।

pensum ⊙ पे`न्'सॅम् n. पाठशालीय कार्य, स्कूलका काम।

pent पे`न्ट् a. बन्दी, निबद्ध, बन्धनयुक्त; अवरुद्ध (~-*up feelings*); परिसीमित, नियन्त्रित, मर्यादित; ~ road संवृत मार्ग, बन्द सड़क^F; ~roof छज्जा, केवल एक ओर ढालू छत^F।

Pent. Pentecost; Pentecostal.

penta- पंच- (~*chloride*, ~*ploid*, ~*prism*, ~*valent*)।

pentacapsular पे`न्टॅकैप्'स्यूलॅर् a. पंचप्रावर, पाँच प्रावरयुक्त; पंचदण्डी, पंचदण्डयुक्त, पंचदृढ़रोमी, पाँच बीजकोषवाला; पंचपाद, पाँच पाँवोंवाला।

pentachord पे`न्'टॅकॉर्ड् n. पंचतन्त्री^F, पँचतारा, पाँच तारोंका वाद्ययन्त्र।

pentacle पे`न्'टॅकॅल् n. पँचकोण तारा।

pentacoccous पे`न्टॅकॉ'कॅस् a. पंचबीज, पाँच बीजोंवाला; पाँच बीजकोशयुक्त।

pentad पे`न्'टैड् n. पंच, पंचसमुदाय, पंचायत; (रसा०) पंचतत्त्व, पंचयोजी; पंचदिवसावधि^F, पाँच दिनका समय।

pentadactylous ⊙ पे`न्टॅडैक्'टिलॅस् a. पंचांगुल, पाँच अँगुलियोंवाला, पंचंगुरा; पाँच पंजोंवाला।

pentafid पे`न्'टॅफिड् a. पंचभाजित, पंचविभाजित, पंचविभक्त, पंचधा विच्छेदित, पाँच भागोंमें विभक्त।

pentagon पे`न्'टॅगॅन् n. **पंचभुज,** पँचकोण, पँचकोना।

pentagonal पे`न्टै'गॅनॅल् a. पंचभुजीय, पंचकोणी, पँचकुनिया।

pentagram पे`न्'टॅग्रैम् n. पँचकोण तारा।

pentahedral पे`न्टॅही(हे`)'ड्रॅल् a. पंचतलीय, पंचमुखी।

pentahedron –ड्रॅन् n. पंचतल, पंचमुख आकृति^F।

pentamerous पे`न्टै'मॅरॅस् a. (वन०) पंचधा, पंचविभक्त, पाँच भागोंमें विभाजित; पंचग्रन्थि, पंचावयव, पंचसन्धि, पाँच सन्धियों^Fसे युक्त, पाँच गाँठोंवाला।

pentameter पे`न्टै'मि`टॅर् n. पंचपदी पद्य, पंचपदी छन्द या काव्य; (अँग्रेजीमें) दस अक्षरोंकी पंक्ति^F।

pentandrous पे`न्टैन्'ड्रॅस् a. **पंचपुंकेसर**।

pentangular पे`न्टैन्'ग्यूलॅर् a. पंचकोण, पंचास्र, पाँच कोणोंवाला; पंचकोणीय, पंचकोण-विषयक, पंचकोण-सम्बन्धी; पँचकुनिया; ~cricket पंचांगी क्रिकेट।

pentapetalous पे`न्टॅपे`'टॅलॅस् a. पंचपत्र, पंचदल, पाँच पंखड़ियों^Fवाला।

pentaphyllous पे`न्टै'फिलॅस् a. पंचपर्ण, पंचपत्र, पाँच पत्तियोंवाला, पँचपतिया।

pentarch पे`न्'टार्क् a. पंचसूत्र, पाँच नाड़ियोंवाला।

pentarchy पे`न्'टॉर्कि n. पंचशासन, पाँच व्यक्तियोंकी सरकार^F।

pentaspermous पे`न्टॅस्पर्'मॅस् a. पंचबीज, पाँच बीजोंवाला।

pentastich पे`न्'टॅस्टिक् n. (छन्द-विशेष) पंचपदी^F, पँचपदी^F।

pentastyle पे`न्'टॅस्टाइल् a. पंचावष्टम्भ, पंचस्तम्भ, पाँच खम्भोंवाला।

pentateuchal पे`न्टॅटीऊ'कॅल् a. (इंजील^Fके पुराने नियमकी प्रथम) पाँच पुस्तकों^Fसे सम्बन्धित।

pentathlon पे`न्टैथ्'लॉन् n. (ग्रीक पुराण) पाँच विषयोंकी शारीरिक प्रतियोगिता^F; (आधुनिक) चतुर्वार्षिक खेल-कूद-प्रतियोगिता^F; सम्मेलनकी प्रतियोगिताएँ^F।

pentatonic पे`न्टॅटॉ'निक् a. पंचस्वर, पंचतान, पंचराग, पाँच सुरोंवाला, पाँच रागोंवाला।

pentecostal पे॑न्टिकॉस्॑टॅल् a. यहूदियोंके फसली त्यौहार पेण्टिकॉस्टसे सम्बन्धित ।

penthouse, पे॑न्ट्हाउस् , (प्रा०) **pentice** पे॑न्‌टिस् nn. ढलुवाँ छत^F^, सायवान, ओसारा, बरोठा, ड्योढ़ी^F^, बरामदा; पाल, वितान, चँदोवा, शामियाना ।

pentode पे॑न्‌टोड् n. पंचद्वार, पञ्चाग्र, पाँच द्वारवाला रेडियो कपाट ।

pentstemon पे॑न्ट्स्टी॑मॅन् n. पंचकेसर, (सुन्दर रङ्गके पुष्पोंवाला) एक उद्यानीय पौधा ।

penult, penultimate[1] पे॑नल्ट् , पी॑नल्ट , पि॑नल्‌-टिमॅट् nn. उपान्त्याक्षर, पूर्वान्तिमाक्षर ।

penult, penultimate[2] aa. उपान्त्य, उपान्तिम, पूर्वान्तिम, अन्त्यपूर्व, (~*consonant*) ।

penumbra पि॑नम्‌ब्रॅ n. (प्रा० भूगोल, गणि०) अप-ग्रास, आंशिक ग्रास, **उपच्छाया**^F^, खण्डच्छाया^F^, आच्छाया^F^ ।

penumbral –ब्रॅल् a. उपग्रासमय, आंशिक ग्रास-युक्त, उपच्छाया-विषयक, खण्डच्छाया-सम्बन्धी, आच्छायी; ~eclipse आच्छाया-ग्रहण ।

penurious पि॑न्यूॲ॑रिॲस् a. दरिद्र, निर्धन, दीन, अभावग्रस्त, कंगाल, गरीब; क्षुद्र, कृपण, कंजूस, सूम, मक्खीचूस ।

penuriousness –निॅस् n. दरिद्रता^F^, निर्धनता^F^, दैन्य, अभावग्रस्तता^F^, कंगाली^F^, गरीबी^F^; क्षुद्रता^F^, कृपणता^F^, कंजूसी^F^, सूमपन, मक्खीचूसपना ।

penury पे॑न्यूरि n. दारिद्र्य, निर्धनता^F^, गरीबी^F^; निराश्रयता^F^, असहायता^F^; अभाव, कमी^F^; आवश्यकता^F^ ।

peon पी॑ॲन् , प्यून् n. (भारतमें) भृत्य, चपरासी, T. **पत्रवाह,** प्रेष्य, दूत, हरकारा, सिपाही, किंकर, चेर, चर, सेवक, दास, अर्दली, अमलदार; (स्पेनी अम०) (दिनका) श्रमिक, कमिया; (मध्य अमरीका) ऋणी दास; ~ book पत्रवाह-पंजिका^F^, T.

peonage –निज् n. भृत्यता^F^, चपरासगीरी^F^, अमलदारी^F^; दासकार्य, नौकरी^F^, चाकरी^F^ ।

peonism –निज़्म् n. कृषिदासता^F^; चपरासगीरी^F^, चाकरी^F^ ।

peony –नि n. एक पौधा-विशेष, पियोनिया ।

people[1] पी॑प्‌ल् n. **लोक,** जन, **लोग,** जन-साधारण; जाति^F^, राष्ट्र (*Indian ~*); (pl.) एकाधिक देशोंके निवासी (*~s of Asia*); जनता^F^, प्रजा^F^; (pl.) क्षेत्रीय पुरोहितका यजमानसमूह; (*pl.*) यजमान-क्षेत्रके निवासी; (pl.) धर्मसभा^F^, धर्मसमाज, धार्मिक जनता^F^; (pl.) अंगरक्षक, सशस्त्र अनुचर; (pl.) भृत्यवर्ग, सेवक-जन; (माँ-बाप सहित) कुटुम्बके लोग (*his ~ are sure to hear of it*); (pl.) प्रजा^F^, सामान्य-जन, जन-साधारण; घरके लोग; (sing. or pl.) संस्था^F^, वर्ग, समाज; *House of P~* लोकसभा^F^; ~'s front **सर्वदलीय मोर्चा;** P~'s Palace पूर्वी लन्दनके श्रमिकोंकी संस्था^F^; ~'s verdict जन-निर्णय ।

people[2] v.t. जनपूर्ण करना, बसाना, आबाद करना; निवास करना, बस जाना, रहना, आबाद होना ।

peopled –ड् a. निवसित, बसा हुआ, आबाद (*south-east Asia is a thickly ~ region*) ।

peotomy पि॑ऑ॑टॅमि n. शिश्नच्छेद, लिंगोत्कर्तन, लिंग काटना ।

pep[1] पे॑प् n. शक्ति^F^, दम, जोर; स्फूर्ति^F^, चुस्ती^F^; उत्साह, जीवन, जोश, सरगर्मी^F^ ।

pep[2] पे॑प् v.t. (~ *up*) प्रोत्साहित करना, जोश दिलाना ।

P.E.P, Pep. Political and Economic Planning.

peplos, -us पे॑प्‌लॅस् , -ॲस् nn. (प्राचीन यूनानका) अंगरक्षक, अँगरखा, पेपलॅस, स्त्रियों^F^का शाल ।

pepo पि॑पो n. लौकी^F^; ककड़ी^F^, खीरा; (चि०) कुष्माण्ड, पेठाके बीज ।

pepper[1] पे॑पॅर् n. (कृषि०) ऊषण, वेल्लज, गोल मरिच^F^, **काली मिर्च**^F^; (ला०) तिक्त पदार्थ, कड़वी या चरपरी वस्तु^F^; Black P~ काली मिर्च (पौधा); black ~ कालक, गोल मिर्च; ~-and-salt काले सफेद धब्बेवाला एक कपड़ा; ~ box छिद्रिल मिर्चदानी^F^; ईंटनकी छोटी मीनार^F^; ~-castor, -er मिर्चदानी^F^; ~ corn काली गोल मिर्च^F^का दाना; ~ corn rent नाममात्रका किराया, ~ mint (वन०) तीव्रा, पोदीना, विशेष, मिर्च पोदीना; अर्क पोदीना, पोदीनाका सत्त, **पिपरमिण्ट** ।

pepper[2] पे॑पॅर् v.t. मिर्च^F^ छिड़कना, मिर्च^F^ डालना; बुरबुराना, बुरकना; (शा० एवं ला०) वर्षा^F^ करना, बरसाना, गोलियों^F^ या पत्थरोंकी वर्षा^F^ करना: कठोर दण्ड देना ।

pepperiness पे॑प्‌रिनॅस् n. कालकीयता^F^, मरिचीयता^F^; तिक्तता^F^, कटुता^F^, तीतापन ।

peppering पे॑प्‌रिंग् n. मिर्च^F^ डालना, मिर्च^F^ मिलाना; अस्त्र-वर्षा^F^, शस्त्र-वर्षा^F^, हथियारोंकी बौछार^F^; मुष्टि-वर्षा^F^, मुक्कोंकी बौछार^F^ ।

peppery पे॑परि a. वेल्लजीय, कालकीय, मरिचीय, मिर्च^F^का; (ला०) कटु, तिक्त, कड़ुवा, चटपटा, चरपरा, तीता; पीड़क, क्रोधी, झक्की, गर्म मिजाजका, गर्म ।

peppy ⊙ पे॑पि a. (ग्रा०) शक्तिमान् , दमवाला, जोरदार; स्फूर्तिमय, उत्साही, जोशीला ।

pepsic पे॑प्‌सिक् a. पाचिक ।

pepsin –सिन् n. (चि०, कृषि०) पाचक रस, **पेप्सिन,** जठर रसका पाचक किण्व ।

pepsis –सिस् n. आपचन ।

P.E.P.S.U. Patiala & East Punjab States Union.

peptic[1] –'टिक् n. पाचन, दीपन, जोगि^F^, जठराग्नि^F^, दाजना; (बहु०) पाचनेन्द्रिय^F^, आमाशय, पाकाशय, मेदा ।

peptic[2] a. आपाचक, पाचक, अग्निदीपक, अग्निवर्द्धक, हाजमेदार; पाचक-सम्बन्धी, पेप्सिन-सम्बन्धी; ~ ulcer पाचक-व्रण, आँत^F^ या पेटका फोड़ा या घाव, अन्त्री^F^ या

जठरका पेप्सिनसे उत्पन्न व्रण।
pepticity –टि'सिटि n. पाचनशक्ति^F, सुपचन, पाचकता^F, हाजमा।
peptics पे'प्'टिक्स् n. पाचक ग्रन्थियाँ^F, पाचनक्रिया^F में सहायक अंग।
peptisation पे'प्टाइज़े'शॅन् n. (रसा०) **अपलयन, पेप्टीकरण**।
peptised –'टाइज़्ड् a. (रसा०) **अपलायित**।
peptiser –ज़ॅर् n. (रसा०) **अपलायक**।
peptone पे'प्'टोन् n. पाचा, (चि०, कृषि०) **पेप्टोन**।
peptonize –टॅनाइज् v.t. पेप्टोनीकरण, पाचा या पेप्टोनकी स्थिति^F में लाना।
per- पूर्ण-, पूर्णतः, पूर्णतया, अति-, अतिशय, अत्यधिक।
per पर्' prep. से, द्वारा, की सहायता^F से, के साधनसे, (~ *as*, ~ *annum*, ~ *post*, ~ *rail* etc.); प्रति, प्रत्येक, हर, फी (~ *head*, *a shilling* ~ *man*, *5* ~ *cent*); *as* ~ *usual* = AS USUAL, सामान्यतया, साधारणतः; ~ *annum* प्रतिवर्ष; ~ *capita* प्रतिव्यक्ति; ~ *cent* प्रतिशत; ~ *diem* प्रतिदिन, दैनिक; ~*mensem* प्रतिमास, मासिक; ~*se* स्वभावतः, स्वयं, स्वतः।
per. Persian.
per. period; person.
peracute परॅक्यूट्' a. अत्युग्र, अतिप्रचण्ड, अतितीक्ष्ण, बहुत तेज।
peradventure[1] परॅड्वे'न्'च्युअॅर् n. सन्दिग्धता^F, सम्भाव्यता^F, द्विविधा^F, अनिश्चितता^F, सन्देह, शक; संयोग, दैवयोग; *beyond*, *without*, (*all*) ~ निःसन्देह, अवश्य, निश्चित रूपसे; *if*, *lest*, ~ यदि संयोगसे, यदि कहीं ऐसा हुआ तो।
peradventure[2] adv. कदाचित्, शायद।
perai, piraya पे'राइ, पिरा'यॅ n. पिरई^F, एक अमरीकी मछली^F।
perambulate पेरैम्'ब्यूलेट् v.t. परिभ्रमण करना, संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, परिक्रमा^F करना, चलना, घूमना, फेरी^F करना, सैर करना, गश्त^F लगाना; निकल जाना, गुजर जाना; सचल निरीक्षण करना, चल-फिरकर देखना; (चारों ओर घूम-फिरकर) हद घेरना।
perambulation –ले'शॅन् n. परिभ्रमण, परिक्रमण, संचरण, विचरण, पर्यटन, परिक्रमा^F, प्रदक्षिणा^F, फेरी^F, दौरा, सैर^F, गश्त^F; (किसी क्षेत्रका) निरीक्षण।
perambulator –'ब्यूलेटर् n. शिशुयान, **बच्चागाड़ी**^F, पेराम्बुलेटर (बोल०, संक्षि० *pram*); गश्त^F करनेवाला।
perambulatory –रि a. परिभ्रमणात्मक, संचरणात्मक, पर्यटन-सम्बन्धी, सैरका, गश्ती।
per an. *per annum*, per year; by the year.
per annum (L) adv. प्रतिवर्ष, वार्षिक।
per bearer पर बेअरर् adv. पत्रवाहक द्वारा, **दस्ती**।
percale पॅर्के'ल्, पॅर्काल्' n. (मसलिन-जैसा) एक मोटा सूती-वस्त्र, परकेल।
perceivable पॅर्सी'वॅबॅल् a. परीक्ष्य, परीक्षणीय; ज्ञेय, अवधेय, ध्यान देने योग्य; दृष्टिगोचर; अनुभवगम्य।
perceive –व्' v.t. ध्यान देना; परीक्षा^F करना; समझना, बूझना; पूरी तरह पकड़ना; अनुभव करना; प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना, प्रतीति^F करना; पहचानना, समझना, बूझना; विचारना; (ज्ञानेन्द्रियों^F द्वारा) ज्ञात करना; दृष्टिगोचर करना, ईक्षण करना, दृष्टिपात करना, दीठ^F डालना, देखना।
perceived –ड्' a. ज्ञात, विदित, अनुभूत, प्रत्यक्षीकृत, उपलब्ध, प्रतीत, देखा हुआ, समझा हुआ।
perceiver –'वॅर् n. परीक्षक, परीक्षण करनेवाला, समझनेवाला, बूझनेवाला; ध्यान देनेवाला; विचारनेवाला; अनुभव करनेवाला; गोचर करनेवाला, प्रत्यक्ष जाननेवाला; (ज्ञानेन्द्रियों^F द्वारा) ज्ञात करनेवाला; दृष्टिगोचर करनेवाला, दृष्टिपात करनेवाला, दीठ^F डालनेवाला।
per cent., per ct. *per centum*, प्रतिशत।
per centum (L) adv. **प्रतिशत**, प्रतिसैकड़ा।
percentage पॅर्से'न्'टिज् n. **प्रतिशतता**^F, प्रतिशत, फीसदी^F, फी सैकड़ा; (शिथिल रूपमें) दर^F, अनुपात, समानुपात, प्रतिशत भाग (*only a small* ~ *of books are worth reading*); ~ modulation **प्रतिशत मूर्च्छना**;
~ bar, ~ charges, ~ check, ~ contract, ~ decrease, ~ deviation, ~ difference, ~ distribution, ~ error, ~ histogram, ~ increase, ~ loss, ~ omission, ~ rate, ~ reduction, ~ relationship, ~ tender, ~ variation.
percept पर्'से'प्ट् n. (दर्शन०) **प्रत्यक्ष**, प्रतिबोध, सम्बोध; प्रत्यक्ष ज्ञान-विषय, इन्द्रियग्राह्य विषय; प्रत्यक्ष ज्ञान, **संवेदन**, अनुभूति^F, अनुभव; मस्तिष्ककी उपज^F।
perceptibility पॅर्से'प्टिबि'लिटि n. अनुभाव्यता^F, वेद्यता^F; **अवगम्यता**^F, संलक्ष्यता^F, परिस्फुटता^F, सुस्पष्टता^F, व्यक्तता^F; दृष्टिगोचरता^F, इन्द्रियग्राह्यता^F।
perceptible –'टिबॅल् a अनुभाव्य, (रसा०) **सुग्राह्य**, अनुभवगम्य, वेद्य, ज्ञेय, संलक्ष्य, प्रत्यक्ष ज्ञेय, परिस्फुट, सुस्पष्ट, व्यक्त; दृष्टिगोचर, इंद्रियग्राह्य।
perception –'शॅन् n. **प्रत्यक्ष ज्ञान**, अनुभूति^F, अनुभव; **अवगम**; अनुभवयोग्यता^F, बोधक्षमता^F; **सविकल्प प्रत्यक्ष; इन्द्रिय दर्शन, इन्द्रिय ज्ञान**; प्रतिबोधन, सम्बोधना^F, बोध, दर्शन, ज्ञान, ग्रहण, विभावन; चैतन्य भाव, संज्ञा^F, तमीज^F, शऊर; वेदन-शक्ति^F, ग्रहण-शक्ति^F, समझ^F, सहजानुभूति^F, सहज शक्ति^F; (कानून) समुच्चय, संचय, संग्रह, वसूली^F।
perceptional, perceptive –नॅल्, –'टिव् aa. प्रतिबोधी, प्रातिबोधिक, प्रत्यक्ष ज्ञानशील, अनुभूतिकारी, ग्राही, चेतन, बोधक्षम, ग्रहणशील (~ *region*), इन्द्रियज्ञान-सम्बन्धी।
perceptiveness, perceptivity –नि'स, –'विटि

nn. प्रत्यक्ष ज्ञानशक्ति^F; बोधगम्यता^F, ग्राह्यता^F, अनुभूति-क्षमता^F; अर्थग्राहकता^F; समझ^F, तमीज़^F ।

perceptual ⊙ –च्यूअॅल् a. **प्रत्यक्षज्ञानात्मक, प्रत्यक्ष-निष्ठ,** प्रातिबोधिक, प्रत्यक्ष-स्वरूपीय, प्रत्यक्ष-सदृश, **प्रत्यक्ष, इन्द्रियगोचर;** दृश्य (~ *language*);
~ ability, ~ intuition, ~ knowledge, ~ speed, ~ test.

perch¹ पर्च्' n. प्रश्नि^F, पर्च मछली^F, (मीठे पानीकी एक यूरोपीय मछली^F) ।

perch² n. खग-निवास-दण्ड, पक्षिवासयष्टि^F, चिड़ियों^Fका अड्डा, छतरी^F, डण्डा; (ला०) उच्च या सुरक्षित स्थान; (चौपहिया गाड़ियों^Fका) धुरा; मापदण्ड, पैमाना (विशे० भूमि^Fका) = ५॥ गज; *hop the* ~ मरना, मर जाना; *knock* (person) *off his* ~ (किसीको) विनष्ट करना, पराजित करना, गड़बड़ा देना, डगमगा देना, बरबाद करना; *take a* ~ बैठना ।

perch³ v. i. & t. (पक्षियोंका किसी शाखा^Fपर) अध्यसन करना, विश्राम करना, उतरना, अड्डेपर बैठना; (व्यक्ति आदिका) नियुक्त होना, व्यवस्थित होना; स्थित होना, बसना, टिकना, (किसी वस्तु^Fपर) विश्राम करना, आराम करना, खड़ा होना (*the town of Ranchi ~es on a hill*) ।

perchance पॅर्चान्स्' adv. (पु० वि०) संयोगात्, संयोग-वशात्, दैवात्, दैवयोगसे, इत्तफाकन; स्यात्, सम्भवतः, कदाचित्, शायद ।

percher –पर्'चॅर् n. यष्टिसादी^F, गौरैया^F जाति^Fका कोई बड़ा पक्षी ।

percheron (F) n. परशी अश्व, फ्रांसीसी घोड़ा ।

perciform पर्'सिफ़ॉर्म् a. प्रश्निवत्, पर्चमछली^Fके आकारका ।

percipience, -cy पॅर्सि'पिअॅन्स्, -सि nn. इन्द्रिया-तीत ज्ञान, चेतना^F, प्रत्यक्ष दर्शन, बोध, ज्ञानशक्ति^F, बोधगम्यता^F, परिग्रहण ।

percipient¹ –न्ट् n. प्रत्यक्षदर्शी व्यक्ति, **परिग्राहक,** बोधक्षम, अनुभूतिशील व्यक्ति ।

percipient² a. प्रत्यक्षदर्शी, प्रत्यक्षज्ञानी; अनुभवी, द्रष्टा, ज्ञाता; बोधक्षम, सचेत, बोधशक्तिसम्पन्न, **परिग्राहक,** ग्रहणशील ।

perclose पॅ'क्लोज़्, –स् n. = PARCLOSE.

percolate पर्'कॅलेट् v. i. & t. (रसा०) **पारच्यवन करना या होना, अन्तःस्रवण करना,** अनुस्रवित होना, क्षरित होना, **संचरण करना, चूना, टपकना, रिसना, रसना,** झिरना, निचुड़ना; (ला०) रहस्योद्घाटन करना या होना, बात फोड़ना या फूटना; स्रवण करना, क्षरित करना, टपकाना, चुवाना, रिसाना, निचोड़ना, निथारना, छानना ।

percolating –टिंग् a. पारच्यावी, **संचारी, अन्तः-स्रावी, रिसता हुआ** (~ *water*), स्रावी (~*filter*) ।

percolation –लेशॅन् n. **अन्तःस्राव, अतःस्रवण, अनुस्रवण, संचरण;** (रसा०) पारच्यवन, **निच्ययन, च्यावन,** अतिच्यवन, स्राव, क्षरण, अनुस्रवण, रिसन^F; (कृषि०) **रिसना, टपकना, झरण,** टपकाव, निचोड़, निथार, छनाई^F; (ला०) रहस्योद्घाटन ।

percolator –'कॅलेटर् n. पारच्यवक, अतिच्यवक, **पार-च्यावी,** क्षारित्र, स्रावक, क्षरक, **झरनी^F,** छाननेवाला; छन्ना, छन्नी^F, छलनी^F; रहस्योद्घाटक ।

per contra (F) adv. पक्षान्तर, प्रतिकूलतया, उलटी रीति^Fसे (~ *credit*) ।

percursory पॅर्कर्'सॅरि a. त्वरित, क्षिप्र, शीघ्र, तेज; कृत्रिम, बनावटी; अपरिसमाप्त, असमाप्त, अधूरा ।

percuss पॅर्कस्' v.t. (निदान०) परिताड़न करना; समा-हत करना, संघर्ष करना, टक्कर^F देना, भिड़न्त^F करना, चोट^F देना, ठेस^F देना, ठोकर^F देना; आहत करना, अभिहत करना, प्रतिहत करना, मारना; थाप^F देना, थपकी^F देना, थपथपाहट^F करना, ठुकाई^F करना ।

percussion –'शन् n. प्रघात, समाहनन, **परिताड़न,** संघट्ट, टक्कर^F, भिड़न्त^F, चोट^F, ठेस^F, ठोकर^F; (चि०) परिताड़न, अभिताड़न, अभिघातन, **आघात,** प्रतिघात, (रसा०) **समाघात,** मार^F; थाप^F, थपकी^F, **थपथपाहट^F,** (कृषि०) **ठोंक-जाँच^F,** ठुकाई^F; ~ cap (रसा०) **समा-घात-पिधान,** टक्कर^Fकी टोपी^F, **दगाऊ टोपी^F;**
~ cap, ~ figure, ~ fuse, ~ instrument, ~ primer, ~ resonance, ~ rig, ~ testing machine.

percussive –'सिव a. प्रतिघातक, आघातशली, टक्कर-दार, ठेसी, थपकीदार, थापदार, मारू; थाप^F देकर बजाने योग्य ।

percutaneous पॅर्क्यूटे'नि॑अॅस् a. त्वकीय, चर्मकृत, चर्म द्वारा कृत, त्वचा द्वारा कृत ।

per diem (L) adv. प्रतिदिन ।

perdition पॅर्डि'शॅन् n. सर्वनाश, विनाश, उच्छेद, क्षय, ध्वंस, सत्यानाश, अनन्त मृत्यु^F; नारकीय यातना^F, नरकवास; अधःपतन, अधोगति^F ।

perdu(e) पर्ड्यू' a. घात^Fमें बैठा हुआ; आवृत, प्रच्छन्न, गूढ़, गुप्त, रहस्यपूर्ण, छिपा हुआ ।

perdurability पॅर्ड्युॲरॅबि'लिटि n. नित्यता^F, अविना-शिता^F, चिरस्थायित्व, स्थिरता^F, टिकाऊपन ।

perdurable –'रॅबॅल् a. नित्य, अविनाशी, चिरस्थायी, स्थिर, टिकाऊ ।

perdurance –रॅन्स् n. = PERMANENCE.

perduration –रेशॅन् n. स्थायीकरण, नित्यता^F, नित्यभाव, शाश्वतता^F, अक्षुण्णता^F, चिरस्थायित्व, स्थिरता^F, टिकाऊपन ।

perdure –र् v. i. स्थायी होना, चलताऊ होना, टिकाऊ होना, टिकना ।

pere (F) n. तात, पिता ।

peregrinate पे'रिग्रिनेट् v. i. परिभ्रमण करना, प्रवास करना, पर्यटन करना, यात्रा^F करना, सैर करना ।

peregrination –नेशॅन् n. परिभ्रमण, परदेशगमन, प्रवास, पर्यटन, यात्रा^F, सैर; राहीपन ।

peregrinator –'रिंग्रिनेटॅर् n. परिभ्रमणकर्ता, प्रवासी, पर्यटक, यात्री, सैलानी, राही।
peregrin(e) –न् n. & a. आयात, विदेशी, परदेशी, अन्यदेशीय, इतरदेशीय, प्रवासी (व्यक्ति)।
peregrinity ⊙ –'निटि n. विदेशीयता^F, इतरदेशीयता^F, प्रवासिता^F।
peremptoriness पे'रिम्प्टॅरिनिस् n. अन्तिमरूपता^F, अनिवार्यता^F, आदेशात्मकता^F, निर्णयात्मकता^F; दृढ़ निश्चय, दृढ़ता^F।
peremptory –रि a. नियत, सुनिश्चित, निर्णीत, अन्तिम, आखिरी (~ *challenge*); (वक्तव्य या आदेश) अनतिक्रम्य, अलंध्य, **अलंघनीय**, अनुल्लंघनीय, अपरिहार्य, अनिवार्य; अविवाद्य, अटल, अचल, पक्का; (व्यक्ति) हठी, अहम्मन्य, कट्टर, अड़ियल, ज़िद्दी; ~ mandamus (क़ानून) **अलंघनीय परमादेश**; ~ writ अनुल्लंघनीय आदेश।
perennate ⊙ पे'रिनेट्, –नॅट् १. v. i. चिरस्थायी रहना, स्थायी होना; सदाबहार होना, नित्य रहना, टिकना; २. a. (वन०) **वर्षस्थायी**।
perennial[1] पॅरे'न्यॅल् n. चिरस्थायी पौधा, सदाबहार, बारहमासी।
perennial[2] a. साम्वत्सर, वर्षावधि, **वर्षानुवर्षी**, परिवार्षिक, नित्य, निरन्तर, चिरजीवी, बारहमासी, सदाबहार; ~ industry (अर्थ०) **बारहमासी उद्योग**; ~ pond, ~ stream, ~ system, ~ water.
perenniality –निऐ'लिटि n. साम्वत्सरत्व, वर्षस्थायित्व, नित्यता^F, सदाबहारी^F।
perennially –'न्यॅलि adv. निरन्तर, नित्य, सतत, अजस्र, सदा, सदैव, चिरस्थायी रूपसे, सदाबहार।
perf. perfect.
per fas et nefas (L) adv. उचित या अनुचित रीति^Fसे।
perfect[1] पर्'फ़िक्ट् n. (व्या०) पूर्ण (भूत, वर्तमान या भविष्य) काल।
perfect[2] पॅर्फ़े'क्ट्, पर्'फ़िक्ट् v.t. पूर्ण करना, समाप्त करना, सम्पादन करना, सम्पन्न करना, निष्पन्न करना, सिरे लगाना; भरना, पूरा करना; परिपूर्ण बनाना, सिद्धहस्त करना, पारंगत करना; (किसीकी) उन्नति^F करना, वृद्धि^F करना, आगे बढ़ाना, सुधारना, तरक़्क़ी^F देना।
perfect[3] a. **पूर्ण, सम्पूर्ण, परिपूर्ण**, निष्पन्न, सम्पन्न; समग्र, सकल, समस्त, अशेष, पूरा, भरपूर; अविकल, अखण्ड, अक्षत, अन्यून; निर्दोष, निरपराध; आदर्श, अनिन्द्य; (पाठ आदिका) अभिज्ञ, पारंगत, प्रवीण, दक्ष, परिपक्व, कुशल, सुपठित; (कर्तव्यमें) दक्ष, दृढ़, निपुण, परिनिष्पन्न, सिद्ध; (गणि०, कलन) **यथातथ्य, यथार्थ**, वास्तविक, सत्य, सच्चा; उत्कृष्ट, उत्तम; नितान्त, समग्र, सर्वथा, पूर्णतया, पूरा, एकदम, क़तई (*a ~ stranger, ~ nonsense*); (व्या०, काल) पूर्णता^Fका द्योतक; (वन०) पूर्ण; future ~ पूर्ण भविष्यत्; ~ interval (संगी०) पूर्णान्तर, पूर्णविराम; ~ cleavage, ~ closure, ~ competition, ~ conductor, ~ correlation, ~ crystal, ~ cube, ~ differential, ~ field, ~ figure, ~ flower, ~fluid, ~ frame, ~ gas, ~ number, ~ obligation, ~ partition, ~ right, ~ set, ~ solution, ~ square, ~ title, ~ war.
perfecter पॅर्फ़े'क्टॅर् n. पूर्णक, सम्पादक, निष्पादक, समाप्त करनेवाला; सिद्धहस्त करनेवाला, पारंगत बनानेवाला; (किसीकी) उन्नति^F करनेवाला, वृद्धि^F करनेवाला, तरक़्क़ी^F देनेवाला।
perfectibilism–टि'बिलिज़्म् n.=PERFECTIONISM.
perfectibilist –बिलिस्ट् n.=PERFECTIONIST.
perfectibility –लिटि n. पूरणीयता^F, साध्यता^F, सम्पादनीयता^F, निष्पाद्यता^F, वर्धनीयता^F।
perfectible –'टिबॅल् a. पूरणीय, साध्य, सम्पाद्य, निष्पाद्य, साधनीय, वर्धनीय।
perfection, perfectness –'शॅन्, –निस् n. परिपूर्णता^F, सिद्धि^F, समाप्ति^F, सम्पादन, निष्पादन, निष्पन्नता^F; अन्यूनता^F, सम्पूर्णता^F, **पूर्णता^F**, समग्रता^F, समस्तता^F, अशेषता^F; निर्दोषत्व; निष्पत्ति^F, पराकाष्ठा^F, उत्कर्ष, प्रकर्ष, उत्कृष्टता^F; प्रवीणता^F, कौशल, सिद्धहस्तता^F, परिपक्वता^F; पूरणीकरण, सिद्धीकरण, सम्पन्नकरण; निष्पन्नकरण; निर्दोषीकरण; प्रवीणीकरण।
perfectionate –नेट् v.t. परिपूर्ण बनाना, सम्पूर्ण बनाना, सिद्ध करना, सर्वसम्पन्न बनाना।
perfectionism –निज़्म् n. पूर्णतावाद, चरमावस्थावाद, उत्कर्षवाद, सिद्धिवाद।
perfectionist –निस्ट् n. पूर्णतावादी, सिद्धिवादी, चरमावस्थावादी; P ~ (अमेरिकाका) एक पूर्णतावादी सम्प्रदाय।
perfectionment –न्'मॅन्ट् n. पूर्णकरता^F, सिद्धिकरता^F, सम्पादकता^F, निष्पादकता^F; सिद्धीकरण, पूर्तीकरण, उत्कृष्ट अथवा प्रवीण बनाना।
perfective –'टिव् a. पूर्णकारी, पूर्ण करनेवाला; साधक, सिद्धिकर, सम्पन्न करनेवाला, सर्वांगीण बनानेवाला।
perfectness पर्'फ़िक्ट्निस् n. दे० PERFECTION.
perfector पॅर्फ़े'क्टॅर् n. पूरक वस्तु^F, सर्वांगीण या सम्पन्न करनेवाली वस्तु^F, सम्पूर्ण बनानेवाली वस्तु^F; एक साथ दोनों ओर छापनेवाली मशीन^F।
perfervid पॅर्फ़ॅर्'विड् a. प्रचण्ड, जाज्वल्यमान; उत्साही, उत्कट, जोशीला, सरगर्म।
perficient[1] पर्फ़ि'शॅन्ट् n. प्रभावी, प्रभावित करनेवाला।
perficient[2] a. फलद, इष्टप्रद, अभीष्ट फलदायक।
perfidious पॅर्फ़ि'डिअॅस् a. विश्वासघाती, कपटी, धोखेबाज, दगाबाज, बेईमान; द्रोही, गद्दार; शठ, प्रवंचक, बेवफ़ा।
perfidiousness –निस् n. विश्वासघात, कपटीपन, कपट, छल, दगाबाजी^F, बेईमानी^F; द्रोह, गद्दारी^F; प्रवंचना^F, बेवफ़ाई^F।

perfidy पर्'फ़िडि n. विश्वासघात, छल, कपट, धोखा, दगा, बेईमानी^F; द्रोह, गद्दारी^F; कपटता^F, प्रवंचना^F, बेवफ़ाई^F; असत्य-संधता^F, प्रतिज्ञा-भंग।

perfoliate पॅर्फ़ो'लिॲट् a. परिपर्ण, परिपत्रीय, टहनी^Fको घेरे हुए (~ *leaves*)।

perforant पर्'फ़ॅरॅन्ट् a. छेदक, वेधक, भेदक, भेदी, सूराख करनेवाला।

perforate[1] –रेट v. t. & i. रन्ध्र बनाना, भेदना, वेधना, छेदना, सूराख करना, बर्मा करना; छेद फाड़ना, द्वार बनाना; अन्तःप्रवेशन करना, पिरोना, गुजारना, घुसेड़ना, घुसाना; बिंधना, चुभना, छिदना, घुसना।

perforate[2], **perforated** –रॅट्, –रेटि ड् a. **सुषिर, सछिद्र**, छिद्री, **छिद्रित**, विद्ध, सरन्ध्र; **छेददार;**
~ adze, ~ cathode, ~ pipe, ~ plate, ~ sheet.

perforating –रेटिंग् a. **वेधक**, परिच्छिद्रक; (~ *artery*)।

perforation –रे'शॅन् n. **छिद्र**, वेध, छेद; (रसा०) **छिद्रण**, रन्ध्रण, छेदन; **वेधन**, भेदन, सूराख करना, बर्मा करना; अन्तःप्रवेशन, पिरोना, गुजारना, घुसेड़ना, घुसाना, चुभाना, पेलना; ~machine **छिद्रण मशीन**।

perforative –'फ़ॅरेटिव् a. छिद्रणीय, वेधनीय, भेदनीय, वेधनशील, रन्ध्रकारी।

perforator –रॅर् n. रन्ध्रक, वेधक, भेदक, परिछेदक, **छिद्रक**, वेधनी, छेदनेका औजार, खोपड़ी खोलनेका शस्त्र।

perforce पॅर्फ़ो'स्'' adv. बलात्, बलात्कारसे, बलपूर्वक, हठसे, जबरन, जबरदस्ती; विवशता^Fसे, लाचारी^Fसे; आवश्यकतावश।

perform पॅर्फ़ो'र्म' v.t. & i. पूर्ण करना, **पालन करना**, तामील करना, पूरा करना; प्रतिपादन करना; निभाना, निबाहना, निर्वाह करना; (उत्सव, नाटक, संगीत आदि) करना, खेलना, संचालित करना, **अनुष्ठान करना**, सम्पादन करना, **करना**; निर्वर्तन करना, आयोजित करना; अभिनय करना; (सिखाये जानवरोंका) नाट्य करना, कौतुक दिखाना, तमाशा दिखाना, करतब दिखाना।

performable –'मॅबॅल् a. करणीय, पालनीय; प्रतिपाद्य, निर्वहणीय, अनुष्ठेय, व्यवहार्य, सम्पादनीय।

performance –मॅन्स n. पूर्ति^F, **पालन**, तामील; **सम्पादन, निष्पत्ति, निष्पादन**, निर्वर्तन; अनुष्ठान, करण; व्यापार, चेष्टा^F; क्रिया^F, **कार्य**, काम, आचार; कला^F, कौशल, करतब, हुनर, फन; प्रयोग, नाट्य, कौतुक, **प्रदर्शन**, (खेल) तमाशा; stage ~ **अभिनय;**
~ rating, ~ report, ~ test.

performer –मॅर् n. पूरक, पालक, तामील करनेवाला; सम्पादक, निष्पादक, निर्वर्तक; अनुष्ठाता, कारक, प्रयोक्ता, चेष्टा^F करनेवाला, कर्ता, कार्य करनेवाला; अभिनेता, प्रदर्शक।

performing –मिंग् a. पालन करनेवाला, करनेवाला, करतब दिखानेवाला (विशे० सधा हुआ जानवर); ~right सार्वजनिक प्रदर्शनका अधिकार।

perfume[1] पर्'फ़्यूम् n. परिमल, पुष्पसार, सौरभ, **सुगन्ध^F**, सुवास, खुशबू, इत्र, सेण्ट।

perfume[2] v.t. सुवासित करना, सुगन्धित करना, महकाना, खुशबूदार करना।

perfumed –ड् a. सुवासित, सवास, सुगन्धित, धूपित।

perfumeless पर'फ़्यूम्'लिस् a. सुरभिहीन, सुवासहीन, गन्धहीन, बेमहक।

perfumer पॅर्फ़्यू'मॅर् n. गान्धिक, गन्धी, इत्र-विक्रेता, अत्तार।

perfumery –रि n. परिमल पदार्थ, सुगन्धित सामग्री^F, खुशबूदार वस्तुएँ^F; गन्धकारी^F, इत्र या गन्ध^Fका व्यापार, अत्तारी^F, इत्रकशी^F; परिमल-गृह, इत्र खींचनेका कारखाना।

perfuming –मिंग् n. अनुलेपन, विलेपन।

perfunctoriness पॅर्फ़ंक्'टॅरिनिस् n. प्रमाद, अन्यमनस्कता^F, बेदिली दिखावा; अनवधान, असावधानी^F, लापरवाही^F, गफलत^F।

perfunctory –रि a. अन्यमनस्क, प्रमत्त, बेमन, बेदिल; बाह्य, बाहरी, दिखाऊ, रिवाजी (*a ~ inspection*); अनवहित, असावधान, लापरवाह; अनावश्यक; यन्त्रवत्, मशीनकी तरह।

perfuse पॅर्फ़्यूज़्' v.t. उँडेलना, गिराना, चुवाना; (चि०) द्रवनिवेशन, उत्कीर्ण करना, फैलाना, चूरा डालना, बिखेरना, बुहराना।

perfusion –'ज़न् n. स्राव, उँडेलना, गिराना, चुवाना; (चि०) द्रवनिवेशन, उत्कीर्णन, फैलाव, चूरा डालना, बिखराव, बुहराना।

perfusive –'सिव् a. स्राव्य, उँडेलने योग्य, गिराने योग्य, चुवाने योग्य; उत्कीर्ण्य, फैलाने योग्य, बिखराने लायक।

pergameneous पॅर्गॅमी'निॲस् a. चर्मचीरकवत्, चर्मपट्ट-सम, चर्मपत्र-सदृश, चिमड़ेके कागज-जैसा।

pergola पर्'गॅलॅ a. कुंज, लतामण्डप, **मँडवा, परगोला**।

perhaps पॅर्हॅप्स्' adv. दैवात्, स्यात्, कदाचित्, सम्भवतः, शायद।

perh. perhaps.

peri- परि-, आसपास (~ *chordal*, ~ *cycle*, ~ *follicular*, ~*medullary*, ~*plasm*, ~*position*, ~ *sperm*, ~ *trichinle*, ~ *vescular*, ~*vestricular*, ~ *viscaral*)।

peri पीॲ'रि n. अप्सरा^F, परी^F; रक्षक देवता; सुन्दर या मनोहर व्यक्ति (विशे० नारी)।

perianth पे'रिॲन्थ् n. (वन०) परिपुष्प, पुष्पच्छद, परिवेष्टन, पुष्पावरण, पुष्पपरिकोष, पुष्पपुट, **परिदल पुञ्ज**।

periapt पे'रिॲप्ट n. रक्षाकरण्ड, यन्त्र, जन्तर, तावीज।

periastron पे'रिऐस्'ट्रॉन् n. (ज्यो०) **तारा-नीच**।

peribolus पि'रि'बॅलॅस n. सीमा^F; सीमाभित्ति^F, मेंड़^F।

pericardiac परिकार्'डिॲक् a. परिहृद, [illegible],

हृदयावरक, हृदयच्छदीय, हृदयच्छद-विषयक, बाह्यहृद-यावरण-सम्बन्धी (~ *cavity, fluid, gland*)।
pericardial –डिअॅल् a.= PERICARDIAC.
pericarditis –कॅर्डाइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) परिहृत्शोथ, **परिहृदार्ति**^{F}, हृदयकोशस्फीति^{F}, हृदयकोशोत्तेजना^{F}, **हृदय झिल्ली^{F} शोथ**, हृदयकी बाहरी झिल्ली^{F}की सूजन^F।
pericardium–कार्'डिअॅम् n. (चि०) **परिहृत्**, हृच्छद, हृदयच्छद, हृत्कोष, हृदाशय, **हृदयावरण**, फुफ्फुसावरण।
pericarp पे'रिकार्प् n. (वन०) फलकंक, फलभित्ति^{F}, **परिस्तर, परिच्छद, फलावरण,** बीजकोष, बीजदानी^{F}, फली^{F}, बोंडी^{F}।
pericarpial –'पिअॅल a. (वन०) फलकंकीय, फलभित्तीय, फलावरणविषयक, बीजकोष-विषयक, बीजदानी-सम्बन्धी, फली-सम्बन्धी, बोंडी^{F}का, छीमी^{F}का।
pericentral –पे रिसे'न्ट्रॅल् a. परिकेन्द्रीय, परिमध्य।
perichaetium पे'रिकी'शिअॅम् n. (वन०) पत्रसंकुल, **परिवेष्टन**, परिकला^{F}, पर्णवृन्त।
periclasis पे'रिक्ले'सिस n. चूर्णित, अस्थिभंग, हड्डी^{F}का टुकड़े-टुकड़े (फ्रैक्चर) हो जाना।
periclinal पे'रिक्लाइ'नॅल a. (भूग०) परीत, सर्वतो-मुखी, सर्वदिक्सूचक; (वन०) **परिपूर्ण**।
pericope पॅरि'कॅपी n. अंश, भाग; उद्धरण, (विशे० बाइबिल^{F}का)।
pericranium पे'रिक्रे'निअॅम् n. (चि०) परिकपाल, कपालावरण, खोपड़ी^{F}की पर्यस्थि^{F}; (हास्यमें) कपाल, मस्तिष्क, खोपड़ी^{F}, दिमाग, बुद्धि^{F}, जेहन।
periderm पे'रिडर्म् n. परिवल्क, (वन०) **बाह्य वल्क,** (चि०) **परित्वचा^{F}**, बाह्यत्वक।
peridrome पे'रिड्रोम् n. (मन्दिरमें) भित्तिस्तम्भ-मध्य स्थल, दीवार^F और स्तम्भके बीचका भाग।
perigastritis पे'रिगैस्'ट्राइटिस् n. (चि०) परिजठर शोथ, पर्यामाशय-शोथ।
perigeal, -ean पे'रिजी'अॅल्, -अॅन् aa. भूसमीपकीय, भूसमीपक-विषयक, भूसमीपक-सम्बन्धी, किसी ग्रहके पृथ्वी^{F}के निकटतम विन्दुसे सम्बन्धित।
perigee –'रिजी n. **अनुपृथ्विता^{F}, उपपृथविका^{F}**, अनुभू^{F}, (गणि०) **भूमि नीच**; भूसमीपक, (किसी ग्रह या नक्षत्रका निकटतम विन्दु)।
periglottis पे'रिग्लॉ'टिस् n. (चि०) परिजिह्वा^{F}, जिह्वच्छद, जिह्वावरण।
perigonium पे'रिगो'निअॅम् n.= PERIANTH.
perihelion पे'रिही'ल्यॅन् n. **अनुसूर्यविन्दु, उप-सौरिका^{F}**; (गणि०) **रविनीच**; परिसूर्यक, सूर्यसमीपक।
peril[1] पे'रिल् n. विपत्ति^{F}, भय, आशंका^{F}, संकट, **अति संकट, खतरा, जोखिम^F**।
peril[2] v.t. विपत्तिग्रस्त करना, खतरेमें डालना, जोखिममें डालना; *in ~ of* one's *life* अपने जीवनको खतरेमें डालकर, जान^F हथेली^{F}पर रखकर।
perilous –लॅस् a. संकटास्पद, संकटपूर्ण, सशंक, विपत्यु-त्पादक, संकटजनक, भयावह, जोखिमका, खतरनाक।
perilousness –नि'स् n. विपत्युत्पादकता^{F}, संकट-जनकता^{F}, संकटपूर्णता^{F}, भयावहता^{F}, संकटमयता^{F}, खतरा।
perilymph पे'रिलिम्फ् n. (जीव०) **परिलसीका^{F}**।
perimeter पॅरि'मि'टॅर् n. परिधि^{F}, **परिसीमा^{F}**, घेरा; परिमिति^{F}; (ग०, रसा०) **परिमापी, परिमाप,** परिधि-मापक-यन्त्र।
perimetrical –मे'ट्रिकॅल a. परिधीय, परिधि-विषयक, परिधि-सम्बन्धी, घेरेका; परिमितीय, परिमिति-विषयक, परिमाप-सम्बन्धी, परिधिमापकयन्त्र-विषयक।
perimetrium पे'रिमे'ट्रिअॅम् n. (चि०) **गर्भाशय परिस्तर,** परिगर्भाशय (कला)।
perimetry पॅरि'मिट्रि n. (चि०) **परिमिति^{F}**, (दृष्टि क्षेत्रकी), दृष्टि परिमिति^{F}।
perineal पे'रिनी'अॅल् a. **मूलाधारीय,** उत्सर्गान्तरालीय, **उपजंघिका-**, गुह्यभाग-सम्बन्धी, गुदा और अण्डकोशके मध्यवर्ती भागसे सम्बन्धित;
~ artery, ~ body, ~ nerve, ~ rectinaculum, ~ vein.
perineum –अॅम् n. (चि०) **मूलाधार,** सीवन^F, उत्सर्गान्तराल, गुह्यभाग, गुदा और अण्डकोशका मध्य-वर्ती भाग।
period पीअॅ'रिअॅड् n. (त्रिकोण०) **आवर्त्त, आवर्त्तकाल, आवर्त्तक; आवर्त्तनांक;** दोलन काल (~ *of oscillation*); (ग्रह या नक्षत्रका) कालचक्र, परिक्रमणकाल; **कालावधि^{F}, अवधि^{F}**, मीयाद^F; घण्टा; (pl.) आर्त्तव, ऋतु^{F}, मासिक धर्म; **युग, काल, समय,** जमाना, वक्त; संवत्, वर्ष; उपवाक्य; (pl.) अलंकृत भाषा^{F}; आवर्त्तक, आवर्त्तदशमलव आदि; अन्त, अवसान; पूर्णविराम चिह्न ⊙; ~ of service सेवाकाल; the ~ वर्तमानकाल (*this is a burning question of the ~*); *put a ~ to* समाप्त करना।
periodic –ऑ'डिक् a. (रसा०) **आवर्त्त-**, (त्रिकोण०, गणि०) **आवर्ती, आवर्तिक,** (गणि०) **आवर्त्तक,** नक्षत्र-परिक्रमण-सम्बन्धी; **नियत कालिक; आवधिक; कालिक; आर्तव,** ऋतु-सम्बन्धी, मौसमी, फ़सली; आवृत्तिकालीन, पुनरावर्तनशील; मीयादी; ~ table (रसा०) आवर्त-सारिणी^{F}, रासायनिक पदार्थोंकी सामयिक तालिका^{F};
~ balance method, ~ classification, ~ comet, ~ disturbance, ~ elongation, ~ function, ~ group, ~law, ~ movement, ~ precipitation, ~ ring, ~ star, ~ sums, ~ table, ~ time, ~ visits, ~ wave, ~ wind.
periodical[1] –कॅल् n. **पत्र, पत्रिका^{F}**, नियतकालिक पत्रिका^{F}, सावधिक पत्र।
periodical[2] a. आवर्तिक, **आवर्तनिक; नियत-कालिक,** आवधिक; **सामयिक, कालिक; आवर्त, आवर्ती;**
~ audit, ~ check, ~ discourse, ~ function, ~ group, ~ increment, ~ inspection,

~ maintenance, ~ overhall, ~ publication, ~ recurrence, ~ renovation, ~ report, ~ return, ~ review, ~ settlement, ~ survey, ~ ticket, ~ valuation, ~ work.

periodicity –रिॲडि'सिटि n. कालक्रम, **आवर्तता**^F, आवर्तिता^F, आवृत्ति^F, **आवधिकता**^F, नियतकालिकता^F ।

periodogram –ऑ'डग्रैम् n. (ज्यौ०) अवधि-लेख; आवर्तिता लेख; **आवर्तिता-वक्र** (~ *analysis*) ।

perioeci पे`रिई'साइ n. समाक्षांशवासी, एकाक्षांश-निवासी ।

periosteal पे`रिऑस्'टे`ॲल् a. पर्यस्थिक, पर्यस्थिस्थ, अभ्यस्थिस्थ, पर्यस्थ्यावरण विषयक, हड्डी^Fके चारों ओर लगा हुआ ।

periosteum –ॲम् n. पर्यस्थिच्छद, अस्थ्यावरण, **अस्थिच्छद, पर्यस्थि** ।

periostitis –ॲस्टाइ'टिस् n. पर्यस्थ-कोप, पर्यस्थिशोथ, पर्यस्थिच्छद-प्रदाह, पर्यस्थ्यावरण-शोथ ।

periotic पे`रिऑ'टिक् a. (चि०) मध्यकर्ण समीपस्थित; परिकर्णिक, परिकर्ण-सम्बन्धी, **परिश्रवण-** ।

peripatetic[1] पे`रिपॅटे`'टिक् n. परिगामी विक्रेता, फेरीवाला व्यापारी ।

peripatetic[2] a. (*P*~) अरस्तू-विषयक, अरस्तू-सम्बन्धी, अरस्तूका, अरस्तू-जैसा; पर्यटनशील, विचरण करनेवाला; परिगामी, फेरीवाला ।

peripateticism –'टिसिज़म् n. भ्रमणशीलता^F, पर्यटनशीलता^F, घुमक्कड़पन ।

peripeteia पे`रिपि`टाइ'ॲ n. भाग्य-चक्र, भाग्य-परिवर्तन; परिस्थिति-चक्र, परिस्थिति-परिवर्तन ।

peripheral पॅरि'फॅरॅल् a. उपान्तीय, **परिधि-, परिसर-**, परिसरीय, परिधीय, **परिमीय**, परिवृत्तीय, **परिधिस्थ** (~ *cell*); प्रान्तिक, **परिपार्श्व**, वृत्तावर्ती;
~nerve, ~nervous system, ~resistance, ~ring, ~stream.

periphery –रि n. **परिमा**^F, परिसर, परिवेश, उपान्त, परिवृत्त, **परिरेखा**^F, **परिधि**^F, घेरा ।

periphlebitis पे`रिफ्लि`बाइ'टिस् n. (चि०) परिशिरा-शोथ, परिनाडप्रदाह ।

periphractic पे`रिफ्रैक्'टिक् a. (ज०) **अन्तःपरिबद्ध** ।

periphrase पे`'रिफ्रेज़् v.t. & i. अध्युक्ति^F करना, वाग्जालका प्रयोग करना, वाक्यविस्तार करना, उड़नझाइयाँ^F करना, फेरवट^F करना; प्रपंचपूर्ण बात^F करना, फेरवट^Fकी बात^F करना, घुमा-फिराकर कहना ।

periphrasis पॅरि'फ्रॅसिस् n. (pl.-*es*) अध्युक्ति^F, वक्रोक्ति^F, वाग्जाल, वाक्प्रपंच, वाग्बाहुल्य, वाक्य-विस्तार, उड़नझाइयाँ^F, फेरवट^F, घुमा-फिराकर कही हुई बात^F ।

periphrastic पे`रिफ्रैस्'टिक् a. वाग्जालिक, वाग्विस्तारी; अध्युक्त, वक्रोक्त; ~*form* वियोगात्मक रूपान्तर ।

periplus पे`'रिप्लॅस् n. पोतविहार, पोतभ्रमण, जहाजसे चक्कर लगानेकी क्रिया^F ।

peripolygonal पे`रिपॅलि'गॅनॅल् a. अतिबहुभुज, बहुतसी भुजाओंवाला; अतिबहुभुजीय, अतिबहुभुज-विषयक, अतिबहुभुज-सम्बन्धी ।

peripteral पॅरिप्'टॅरॅल् a. **परिस्तम्भी**, समस्तम्भ-पंक्तिमय, सदृशस्तम्भ-श्रेणीयुक्त, एक ही प्रकारके खम्भोंकी कतारोंवाला ।

peripterous –रॅस् a. = PERIPTERAL.

perique पॅरीक्' n. लूशियानी तम्बाकू^F, लूशियानाकी तम्बाकू^F ।

perirhinal पे`रिराइ'नॅल् a. अभिनासिक, परिनासिक, नाक^Fके चारों ओर स्थित ।

periscope पे'रिस्कोप n. परिदर्श, **परिदर्शी, परिदर्शक**, परिवीक्षण-यन्त्र, **पेरिस्कोप**, T.

periscopic –कॉ'पिक् a. परिदर्शी, परिवीक्षीय, पेरिस्कोपसे देखने योग्य ।

perish पे`'रिश् v. i. & t. नष्ट करना या होना, ध्वस्त करना या होना, मिटना या मिटाना, बरबाद करना या होना; मर जाना, विनाश करना, मृत होना; क्षय होना, अन्तको प्राप्त होना; (ठण्ड^F या शीत आदिसे) हतस्फूर्ति^F करना, निस्तेज करना, निष्प्रभ करना, कष्ट देना, पीड़ित करना (*we were ~ed with heat, hunger* etc.) ।

perishability –शॅबि'लिटि n. नश्वरता^F, नाशमयता^F, विनश्यता^F, नश्यता^F, ह्रासशीलता^F, क्षयशीलता^F; पतनयोग्यता^F ।

perishable –'रिशॅबॅल् n. & a. भंगुर, नश्वर (वस्तु^F), **नश्य, नाशवान**, (~ *commodity*, ~ *goods*), **विकारी**, ह्रासशील (वस्तु^F), क्षीण होने योग्य (पदार्थ); **बिगड़नेवाला**; क्षयशील, पतनयोग्य (व्यक्ति या वस्तु^F) ।

perishableness –निॅस् n. नश्वरता^F, विनश्यता^F, ह्रासशीलता^F, क्षीण होनेकी प्रवृत्ति^F, पतन होनेकी अवस्था^F ।

perisher –शॅर् n. (ग्रा०) शोषक व्यक्ति, पीड़क मनुष्य, अत्याचारी पुरुष ।

perishing –शिङ् a. (ग्रा०) नाशवान्; नाशक; शोषक; मूढ़, शठ, जंगली ।

perispome, perispomenon पे`'रिस्पोम्, पे`रिस्पो'मि`नॅन् a. & n. (pl. -*ena*) अन्तिम अक्षरपर स्वराघातयुक्त (शब्द) ।

perisso- असम-, विषम- (~*dactylate*) ।

perissodactyl(ate) पॅरिसॅडैक्'टिल्(ॲट्) a. (नि०) विषमांगुलिक, विषमांगुल, जुफ्त पंजोंवाला ।

peristalith पॅरिस्'टॅलिथ् n. (प्रा०) (समाधि^Fके चारों ओर स्थित) प्रस्तर-वृत्त ।

peristalsis पॅरिस्टैल्'सिस् n. (श० र० शा०) (आन्त्र) परिसृपण, **क्रमाकुंचन**, अनुलोमसंकोच; **लहरी गति**^F, आन्त्रगति^F ।

peristaltic –'टिक् a. (चि०) परिसृपणात्मक, **क्रमा-कुंचक**, क्रमसंकोचयुक्त, अनुलोमसंकोची, क्रमिक पुरोसं

सिकुड़नेवाला; लहरदार स्वतन्त्र गति-सम्बन्धी; ~movement (कृषि०, चि०) आन्त्रगति^{F}, आन्त्रकी परिसृपण गति^{F}।

peristeronic पॅरिस्टॅरॉ'निक् a. पारावत-विषयक, हारीत-विषयक, कपोत सम्बन्धी, कबूतरका; गोबरगणेश-सम्बन्धी, पोंगापन्थी, चूतिया आदमीका।

peristeropod -'टॅरपॉड a. & n. पारावतपाद (पक्षी), कपोतपाद (पक्षी), कबूतरकेसे पैरोंवाला (पक्षी)।

peristole पे''रिस्टोल् n. (चि०) जठर गति^{F}; आन्त्रका परिसृपण; हृत्संकोचविस्तार-मध्यान्तर, हृदयके सिकुड़ने और फैलनेके बीचका समय।

peristome पे''रिस्टोम् n. (जीव०) **परितुण्ड** (~ *teeth*), (वन०) **परितुण्डिका** (~ *apparatus*) परिमुख, मुख-वलय, मुखका गोल किनारा।

peristrephic पे''रिस्ट्रे''फिक् a. भ्रामी, चक्कर लगानेवाला।

peristyle पे''रिस्टाइल् n. स्तम्भ-श्रेणी^{F}, **परिस्तम्भ,** स्तम्भ पंक्ति^{F}; स्तम्भ-पंक्ति^{F}से घिरा स्थान।

peritectic⊙ पे'रिटे'क्'टिक् a. (रसा०) **परिक्रांतिक,** उपक्रान्तिक; T.;
~ point, ~ reaction, ~ system, ~ temperature.

peritoneal पे'रिटॅनी'ॲल n. **पर्युदरी कला^{F};** उदरावरण; a. (चि०) पर्युदर्या-विषयक; अन्त्रवेष्टन-विषयक, परितुन्दीय, पर्युदरी, उदरच्छदीय, आँतों^{F}की झिल्ली^{F}का (~ *surface*)।

peritoneum, -naeum -ॲम्, -नीॲम् n. (श० र० शा०) (कृषि०, चि०) पर्युदर्या (कला), उदरावरण; **उदर्या^{F},** (~coat), उदरच्छद, अन्त्र-वेष्टन, परितुन्द, उदयकिला, आँतों^{F}की झिल्ली^{F}।

peritonitis -नाइ'टिस् n. अन्त्रवेष्टन-प्रदाह, उदरच्छद-कोप, परितुन्दीय प्रदाह, उदयकिला-प्रदाह, (कृषि०, चि०) पर्युदर्याशोथ, उदरावरणशोथ, **पेट-झिल्ली शोथ,** आँतों^{F}की झिल्ली^{F}का रोग।

periwig पे''रिविग् n. (बालोंकी एक विशेष प्रकारकी टोपी^{F}), पेरिविग।

periwigged -ड् a. बालोंकी नकली टोपी^{F} पहने हुए, पेरिविगधारी।

periwinkle[1] पे''रिविन्कॅल् n. (एक सदाबहार झाड़ी^{F}), पेरिविंकिल (*Greater & Lesser P*~ दो जातियाँ^{F}); (~ *blue*) पेरिविंकिलका रंग, नीला रंग।

periwinkle[2] n. वारिघोंघ, करवीरबन्धु, खाद्यशम्बूक, एक घोंघा।

perjure पर'जॅर् v.refl **कूटसाक्ष्य देना, मिथ्या शपथ^F लेना,** झूठी कसम^F खाना, झूठी गवाही^{F} देना, झूठी हलफ^F उठाना।

perjured -र्ड् a. कूटसाक्ष्य-दोषी, झूठी गवाही^{F}का आदी।

perjurer -रॅर् n. **कूटसाक्षी,** मिथ्यासाक्षी, **कूटशपथक,** कूटशपथ^F खानेवाला पुरुष, झूठी गवाही^{F} देनेवाला आदमी।

perjurious, perjurous पॅर्जुॲ'रिॲस् aa. कूटसाक्षीय, मिथ्यासाक्षी, झूठी गवाही^{F} देनेवाला; शपथ-भंजक।

perjury पर्'जॅरि n. **कूटसाक्ष्य,** मिथ्यासाक्ष्य, **मिथ्याशपथ^F,** झूठी गवाही^{F}; कूटशपथ^F, शपथभंग, सौगन्धातिक्रमण।

perk[1] पर्क्'' n. (ग्रा०, प्रायः बहु०) ऊपरी आमदनी^{F}, दस्तूरी^{F}, भत्ता।

perk[2] v.i. & t. गर्वोन्नत होना, सीना उठाना, छाती^{F} उठाना, सिर उठाना, ऐंठकर चलना, अकड़ना; तीव्र करना, तेज करना, फुर्तीला करना; (आत्मदृढ़ता^{F}से या अहंकारसे शिर, पूँछ^F) उठाना; ~ *up* अकड़ना, ऐंठना।

perk[3] a. उद्धत, अहंकारी, अकड़बाज।

perkiness -'किनिॅस् n. औद्धत्य, धृष्टता^{F}, ढिठाई^F, बेअदबी^{F}; अभिमान, अहंकार।

perky -कि a. उद्धत, धृष्ट, ढीठ, बेअदब; अभिमानी, अहंकारी।

perlaceous पर्लें'शॅस् n. सीपवत्, सीप-सदृश, सीपी-जैसा, मोती-सा।

perlustration पर्लस्ट्रे'शॅन् n. पर्यवेक्षण, परिनिरीक्षण।

perm पर्म्'' n. स्थायी केश-तरंग^F, बालोंकी स्थायी लहर^F।

permalloy पर्'मॅलॉए n. (रसा०) **पारमिश्र धातु^{F},** मृदुलौह-मिश्रण (७८·५% निकिल)।

permanence, -cy पर्'मॅनॅन्स्, -सि nn. शाश्वतता^{F}, नित्यता^{F}; **स्थायित्व,** स्थायिता^{F}, स्थिरता^{F}; स्थायी वस्तु^{F} या स्थिरावस्था^{F}।

permanent -न्ट् a. नित्य, **स्थायी,** स्थिर, ध्रुव, अक्षय, शाश्वत, अटल, अमर, चिरस्थायी, अपरिवर्तनीय, टिकाऊ; ~ set स्थायी वस्तु; (यन्त्र०) **स्थायी विकृति;** ~ teeth दूधके दाँतके बाद निकले हुए दाँत; ~ wave अनेक प्रक्रियाओं^{F} द्वारा बालोंमें उत्पन्न की गयी लहर^F; ~ way रेल^{F}का पक्का मार्ग;
~ absorption, ~ accommodation, ~ address, ~ adjustment, ~ advance, ~ assets, ~ cause, ~centre, ~ court, ~deformation, ~ delegation, ~ duty, ~ employment, ~ establishment, ~ field, ~ fixtures, ~ gas, ~ hardship, ~ headquarters, ~ home, ~ interests, ~ lake, ~ lease, ~ mission, ~ nuisance, ~ parasites, ~ preparation, ~ restriction, ~ return, ~ service, ~ set, ~ settlement, ~ strain, ~ structure, ~ tenant, ~tissue, ~ value, ~ way.

permanganate पर्मैन्'गॅनॅट् n. दहातु-अतिलोहकीय, **परमैंगनेट,** potassium ~ or ~ of potash दहातुलोहक।

permanganic पर्मैन्गै'निक् a. ~ acid अतिलोहकाम्ल।

permeability पर्मि'ॲबि'लिटि n. (चि०, कृषि०, वन०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, जीव०) **पारगम्यता^{F},**

(~ *co-efficient*) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्यता**ᶠ, अतिवेध्यताᶠ, भेद्यताᶠ; व्याप्यताᶠ, प्रसरणीयताᶠ, विस्तारणीयताᶠ, आच्छादनीयताᶠ, बसनेकी अवस्थाᶠ; **चुम्बकशीलता**ᶠ (~ *bridge*) ।

permeable –'मिॲबॅल् a. (जीव०, प्रा० भूगोल, रसा०, वन०, कृषि०), **पारगम्य** (*rock*) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्य,** अतिवेध्य, भेद्य; व्याप्य, प्रसरणशील, विस्तार्य, आच्छाद्य ।

permeameter पर्मिॲ'मिटॅर् *n.* अतिवेध्यतामान, अतिवेध्यतामापक, अतिवेध्यतामापक-यन्त्र, **चुम्बकशीलतामापी,** परमियामीटर ।

permeance –ॲन्स् n. प्रवेश, पारगमन, भेदन; व्याप्तिᶠ, विस्तार, प्रसार; निवसन ।

permeant –न्ट् a. प्रवेशक, भेदक; व्यापक, विस्तारक, प्रसारक; निवासी ।

permeate –एट् v.t. & i. प्रवेश करना, भेदन करना, **पारगमन करना,** बींधना या बिंधना, भर जाना, घुस जाना, पैठ जाना; परिव्याप्त करना, आच्छादित करना; लिप्त करना, रम जाना; विकीर्ण करना, विस्तार करना, प्रसार करना, (~ *through*, *among*) ।

permeation –ए'शॅन् n. व्याप्तिᶠ, विस्तृतिᶠ, विस्तार, प्रचार, प्रसार, फैलाव; प्रवेश, भेदन; अतिशयोक्तिᶠ, अतिकथन, अतिवर्णन, मिथ्याकथन, बढ़ा-चढ़ाकर कहना ।

permeative –मिएटिव् a. वेधक, वेधनशील; व्यापक ।

permed ⊙ पर्'मिॅड् a. शाश्वत-तरंगमय, अक्षुण्ण-तरंगयुक्त, चिरतरंगयुक्त, स्थायी लहरोंवाला ।

per mensem (L) adv. **प्रतिमास, माहवार ।**

Permian पर्'मिॲन् a. (मैगनीशियाके चूना-पत्थर एवं लाल रेतीले पत्थरसे युक्त), मत्स्ययुगीन, पर्मी ।

permissible पॅर्मि'सिबॅल् a. अनुज्ञेय, आज्ञाᶠ या अनुमतिᶠ योग्य; धर्म्य, न्याय्य; क्षम्य, उचित, युक्त, जायज; अनुमत, ग्राह्य (~ *limit*) ।

permission –'शन् n. **अनुज्ञा**ᶠ, आज्ञाᶠ, अनुमतिᶠ, स्वीकृतिᶠ, इजाजतᶠ, रजामन्दीᶠ, मंजूरीᶠ ।

permissive –'सिव् a. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुज्ञाशील, **अनुज्ञात्मक,** अनुमति-सूचक ।

permissiveness –निॅस् n. **अनुज्ञा**ᶠ, अनुमतिᶠ; अनुज्ञापकताᶠ, आज्ञापकताᶠ, अनुज्ञाशीलताᶠ, अनुमति-सूचकताᶠ ।

permissory –सॅरि a. अनुज्ञा-विषयक, आज्ञा-विषयक, अनुमति-विषयक, स्वीकृति-सम्बन्धी, इजाजतᶠका; अनुज्ञात्मक, आज्ञा-निर्भर, अनुमति-पूर्ण ।

permit[1] पर्'मिट् n. अनुज्ञाᶠ, आज्ञाᶠ, अनुमतिᶠ, स्वीकृतिᶠ, इजाजतᶠ; **अनुज्ञापत्र,** आज्ञापत्र, अनुमतिपत्र, स्वीकृतिपत्र, इजाजतनामा, पर्चीᶠ, **परमिट, परमट,** परवाना; ~ card **अनुमति-पत्र;**

~ fee, ~-holder, ~-holding guest, ~ system.

permit[2] पर्मिट् v.t. & i. **अनुज्ञा**ᶠ **देना,** आज्ञाᶠ देना, अनुमतिᶠ देना, स्वीकृतिᶠ देना, इजाजतᶠ देना (~ *me to remark*); सहन करना, गवारा करना, करने देना ।

permitted –'टिॅड् a. अनुज्ञात या आज्ञप्त (~*mortgage*) ।

permittee –टी n. अनुज्ञापित व्यक्ति, आज्ञापित व्यक्ति, अनुमतिग्राही, स्वीकृतिप्रापक; अनुज्ञापत्रधारी, परमिटवाला आदमी ।

permitter –'टॅर n. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुमतिदाता, इजाजतᶠ देनेवाला, रजामन्दीᶠ देनेवाला ।

permittivity पर्मिटि'विटि n. **वियतशीलता**ᶠ**; परावैद्युतांक ।**

permutable पॅर्म्यू'टॅबॅल् a. विनिमेय, क्रमसंचेय, परिवर्त्य ।

permutation पर्म्यूटे'शॅन् n. विनिमय, परिवर्त, परिवृत्तिᶠ, (गणि०) **क्रमचय,** क्रमसंचय; (संख्याᶠ या राशिᶠ-का) क्रम-परिवर्तन, प्रतिवर्तन, उलट-पलट; प्रस्तार, क्रम-विस्तार ।

permute पॅर्म्यूट् v.t. क्रम-परिवर्तन करना, विनिमय करना ।

pernancy पर्नॅन्सि n. (कानून) आदान, स्वीकरण, प्राप्तिᶠ ।

pernicious पॅर्नि'शॅस a. प्रणाशी, विनाशी, वैनाशिक, घातक, प्राणहर, तीव्र, अनिष्टकारी, **दुष्ट,** जानलेवा, अपकारी, बुरा; ~ anaemia (चि०) वैनाशिक रक्तक्षय, घातक रक्तशून्यताᶠ, **दुष्ट रक्तक्षीणता**ᶠ ।

perniciousness –निॅस् n. प्रणाशिताᶠ, वैनाशिकताᶠ, विनाशकताᶠ, घातकताᶠ, अपकारिताᶠ, अपकार, दुष्टताᶠ, अनिष्टकारिताᶠ ।

pernickety पॅर्नि'किटि a. (बोल०) दुराराध्य, दुस्तोषणीय, कुटिलस्वभाव, नाजुकमिजाज, झल्लाऊ, तुनुकमिजाज, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल ।

pernoctation पर्नॉक्टे'शॅन् n. रात्रिचर्याᶠ, रात्रियापन; रातᶠका पहरा ।

pernor ⊙ पॅर्'नॉर् n. (कानून) लाभगृहीता ।

peroneal परॅनी'ॲल a. (चि०) उपजंघास्थि-विषयक, अनुजंघास्थि-विषयक, पाँवकी हड्डीᶠका; ~ artery अनुजंघा-रोहिणीᶠ, **उपजंघिका-धमनी**ᶠ ।

peroneum ⊙ –ॲन् n. (चि०) उपजंघिकाᶠ ।

peroneus –ॲस् n. (चि०) पादविवर्तनीᶠ, जंघापेशीᶠ, **विवर्तनी**ᶠ ।

perorate पे'रॅरेट् v.i. विस्तृत वक्तृताᶠ देना, लम्बा-चौड़ा व्याख्यान देना, सविस्तार बोलना; (भाषणका) उपसंहार करना; सारांश देते हुए समाप्त करना ।

peroration पेरॅरे'शॅन् n. इतिश्रीᶠ, उपसंहार, सारांश, समाप्तिᶠ ।

peroxide[1] पॅरॉक्'साइड् n. अतिजारेय, (रसा०) **पराक्साइड** (~ *test*) ।

peroxide[2] v.t. (पराक्साइडसे बाल) श्वेत करना ।

perpend[1] पर्'पेन्ड् n. PARPEN का रूपान्तर; (वस्तु०) **खड़ा जोड़** ।

perpend[2] पॅर्पे'न्ड् v.t. मनन करना, विचार करना, सोचना, बातᶠको तौलना, उधेड़बुनᶠमें लगना, गौर करना ।

perpendicular[1] पर्पे˘न्डि'क्यूलॅर् n. लम्बमापक; (pl.) जलपोतकी रूपरेखा^F तैयार करनेवाली कल्पित रेखाएँ^F; लम्ब, समकोणिक रेखा^F (*is out of* ~); (ग्रा०) खड़ा भोज।

perpendicular[2] a. (निर्दे०, ज्या०, ग०) लम्ब-, लम्बरूप, लम्बवत्, खड़ा, सरल, बिलकुल सीधा;
~ distance, ~ ends, ~ positions, ~ plane, ~ section.

perpendicularity –लै'रिटि n. (निर्दे०, ज्या०) लम्बता^F, लम्बरूपता^F, समकोणीयता^F, खड़ापन।

perpetrable पर्'पि˘ट्रॅबॅल् a. सम्पाद्य, सम्पादनीय, कार्य, करणीय, करने योग्य; अपराध्य, अपराधनीय, अपराध करने योग्य।

perpetrate –ट्रेट् v.t. (अपराध, भूल^F, नृशंस कार्य इत्यादि) करना, कर बैठना, कर गुजरना।

perpetration ट्रे'शॅन् n. पापकर्म, अपराधका कार्य, करतूत।

perpetrator –'पि˘ट्रेटॅर् n. अपराधी, कुकर्मी, अपराध करनेवाला।

perpetuable पॅर्पे˘'ट्यूअॅबॅल् a. नित्यकरणीय, शाश्वतकरणीय, अक्षुण्णकरणीय, चिरस्थायी बनाने योग्य; अविच्छेद्य, अविच्छेदनीय, नित्य, अनवरत; अविस्मरणीय, अमर बनाने योग्य।

perpetual –अॅल् a. नित्य, **शाश्वत,** अविच्छिन्न, अविरत, **सतत,** सन्तत, निरन्तर, सनातन, **चिरस्थायी,** चिर, सर्वकालिक; क्रमबद्ध, अविरल; (बोल०) पुनः-पुनः होनेवाला, लगातार (*this* ~ *nagging*); ~ ledger खुले पन्नोंका खाता; ~ motion अविरल गति^F, सतत दोलन।
~ allawance; ~ annuity, ~ bond, ~ day, ~ debenture, ~ grant, ~ injunction, ~ interest, ~ lease, ~ loan, ~ motion, ~ night, ~ snow, ~ succession, ~ trust.

perpetualism –लिज़्म् n. (अर्थ०) **शाश्वतता^F**।

perpetuality –अै'लि˘टि n. अविच्छिन्नता^F, अविच्छेद, इत्यादि दे० PERPETUATION.

perpetuate –'ट्यूअेट् v.t. नित्य बनाना, शाश्वतत्व प्रदान करना, चिरस्थायी बनाना; अविच्छिन्न बनाना, *शृंखलाबद्ध* करना; अविस्मरणीय करना, अमर बनाना, कायम रखना, जारी रखना, बनाये रखना।

perpetuation, perpetuance –अे'शॅन्, -ट्यूअॅन्स् nn. नित्यीकरण, शाश्वतीकरण, स्थायीकरण; अनवरतता^F, नित्यता^F, शाश्वतता^F, सनातनत्व, निरन्तरता^F, चिरस्थायित्व; **सन्तनन,** सातत्य, अविच्छिन्नता^F, क्रमबद्धता^F।

perpetuator –'ट्यूअेटॅर् n. नित्यरूप देनेवाला, शाश्वत बनानेवाला, स्थायीकर्त्ता, सतत बनानेवाला, क्रमबद्ध करनेवाला, जारी रखनेवाला।

perpetuity पॅर्पि˘ट्यू'इटि n. नित्यता^F, **शाश्वतता^F,** चिरन्तनता^F, चिरस्थायित्व, सनातनता^F, अनवरतता^F, सातत्य, क्रमबद्धता^F; सनातन अधिकार; स्थायी वार्षिक वृत्ति^F, सालाना भत्ता; *in, to, for,* ~ शाश्वत रूपसे, चिरन्तन रूपसे, सदैवके लिए।

perplex पॅर्प्ले˘क्स् v.t. सम्भ्रान्त करना, व्याकुल करना, हतबुद्धि करना, भटकाना, उलझाना, हैरान करना, परेशान करना; (विषयको) सन्दिग्ध बनाना, क्लिष्ट बनाना, कठिन कर देना, पेचीदा बना देना; व्यग्र करना, उद्विग्न कर देना, विमूढ़ कर देना, विक्षिप्त करना, घबरा देना।

perplexed –ड् a. सम्भ्रान्त, हतबुद्धि, कातर, अधीर, आकुल, व्याकुल, घबराया हुआ।

perplexedness –'सिड-नि˘स् n. हतबुद्धिता^F, कातरता^F, सम्भ्रान्ति^F, व्याकुलता^F, परेशानी^F, घबराहट^F।

perplexing –सिंग् a. मोहक, सन्दिग्ध, भ्रामक, भ्रमकारी, विषम।

perplexity –सिटि n. सम्भ्रम, व्याकुलता^F, हतबुद्धिता^F, भटकन^F, उलझन^F, हैरानी^F; (विषयकी) सन्दिग्धता^F, क्लिष्टता^F, कठिनता^F, पेचीदापन; व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, अधीरता^F, चित्तवैकल्य, आकुलता^F, विमूढ़ता^F, विक्षिप्ति^F, घबराहट^F।

per pro. *per procurationem,* per procuration, by the agency (of) स्थाने, लिए।

perquisite पर्'क्विज़िट् n. **परिलब्धि^F,** अनुलाभ, अतिरिक्त आय^F, ऊपरी आमदनी^F, (श्रम०) **लवाजमात, दस्तूरी^F,** भत्ता; उतारन या उतरन^F (*remains of the daily commons are among the* ~*s of college scouts*)।

perquisition –ज़ि'शॅन् n. सूक्ष्म अनुसन्धान, तगड़ी खोज^F, गहरी पूछ-ताछ^F, तफतीश^F।

perrier पे˘'रिअॅर् n. (प्रा०) गोफिय, गोफना, ढेलवाँस।

perron पे˘'रॅन् n. (मकानोंके बाहरका) जीना, सीढ़ी^F।

perruquier पॅरु'कॅर् n. विग-विक्रेता, विगव्यापारी, कृत्रिम बालोंका व्यापारी; विग-निर्माता, कृत्रिम बाल बनानेवाला।

perry पे˘'रि n. नाशपाती^Fकी मदिरा^F।

pers. person, personal.

Per(s). Persian.

per saltum (L) adv. एक छलाँगमें।

per se (L) adv. स्वतः, अपने आप।

perscrutation पस्क्रू˘टे'शॅन् n. सम्यक्शोध, गम्भीर-गवेषणा^F, अनुसन्धान।

persecute पर्'सि˘क्यूट v.t. विद्वेष-दृष्टि^Fसे देखना, आघात पहुँचाना, कष्ट या दुःख देना; उत्पीडन करना, अत्याचार करना, दिक करना, सताना, जुल्म करना; हठ करना, आग्रह करना।

persecution –क्यू'शॅन् n. सम्पीडन, **उत्पीडन,** अत्याचार, उपप्लव, अभिद्रोह, उपद्रव, जुल्म; ~mania सम्पीडनोन्माद, उत्पीडनोन्माद।

persecutive –'सि˘क्यूटिव् a. सम्पीडनीय, उत्पीडनीय,

अत्याचार-विषयक, सम्पीडनशील, अभिद्रोह-सम्बन्धी, जुल्मका; सम्पीडनात्मक, उत्पीडनात्मक, अभिद्रोहात्मक, अतिचारी, जुल्मी ।

persecutor –टॅर् n. उत्पीडक, उपद्रवी, उपप्लवकारी, अत्याचारी, जालिम ।

perseus पर्ʼस्यूस, –सिॲस (ज्यौ०) **परशु**, T.

perseverance पर्सिवीअॅʼरॅन्स् n. अभिनिवेश, **प्रसक्ति**^{F}, अध्यवसाय, धैर्य, दृढ़ता^{F}, निरन्तर उद्योग, उद्यम, अनथक प्रयत्न, प्रयत्न, सातत्य, सतत् उद्यम, अनवरत चेष्टा^{F} या प्रवृत्ति^{F}; (धर्म) चिरसाधुता^{F}, स्थायी सौभाग्य ।

perseverant –न्ट् a. अभिनिवेशी, अध्यवसायी, धैर्यवान्, दृढ़, निरन्तर उद्योगी, अनथक प्रयत्न करनेवाला, सतत प्रयत्नशील, सतत उद्यमी, अनवरतरूपसे प्रवृत्त, लगन^{F}का धनी, धुन^{F}का पक्का ।

perseveration –वॅरेʼशॅन् n. कार्यावृत्ति^{F}, बेकारकी आवृत्ति^{F}, शब्दावृत्ति^{F}, पुनरावृत्ति^{F}, वाक्यावृत्ति^{F}; पुनरावृत्तिदोष, निरर्थक वाक्य-पुनरावृत्ति^{F}; (चि०) उद्दीपक कारण समाप्त होनेपर भी तज्जनित कार्यका जारी रहना ।

persevere पर्सिवीअॅर् v.i. अभिनिवेशमें लगना, अध्यवसाय में लगना, धीरज रखना, दृढ़ रहना, निरन्तर उद्योग करना, सतत उद्यमशील रहना, लगन^{F}का पक्का होना, धुन^F बाँधना, निभाना, डटे रहना ।

persevering –रिंग् a. उद्यमी, अध्यवसायी, उद्योगी, प्रवृत्त, आग्रहशील ।

Persian पर्ʼशिअन् a. & n. फारसी (भाषा^{F} और व्यक्ति); ~ clover (कृषि०) **शफतल**; ~ wheel रँहट; ~ apple, ~ ass, ~ berry, ~ carpet, ~ cat, ~ dates, ~ lamb, ~ leopard, ~ powder, ~ red, ~ yellow.

persiennes पर्सिए न्ज् n. pl. बाह्य वातायन-शृंखला^{F}, खिड़की^{F}की बाहरी सिटकिनी^{F} ।

persiflage पर्ʼसिफ्लाज् n. व्यंग्य, विनोद, हँसी^{F}, मजाक, शेखी^{F}, दिल्लगी^{F}, ठट्ठा, बकवाद, गप्प ।

persifleur –फ्लर्ʼ n. व्यंग्य-, विनोद-प्रिय, हँसोबाज, मजाकिया, शेखीबाज, दिल्लगीबाज, ठट्ठेबाज, गप्पी ।

persimon पॅर्सिʼमॅन् n. पर्णाम्र, **तेन्दु**, अमेरीकी फल, परसिमन ।

persist पॅसिस्ट्ʼ v.i. अटल होना, अचल होना, स्थिर रहना, जारी रखना, जमना, बना रहना, डटना; आग्रह करना, हठ करना, जिद्द करना, अड़ना; अध्यवसाय करना, विधिपूर्वक आचरण करना; पर्यवस्थान करना; प्रयत्न या उद्योग करते रहना; अस्तित्व बनाये रखना, प्राण रखना, जिन्दा रहना ।

persistence, -cy पॅसिस्ʼटॅन्स्, -सि nn. विलम्बन, **अनुलम्बन; निर्बन्ध;** दृढ़ता^{F}, अटलता^{F}, अचलता^{F}, स्थिरता^{F}, स्थैर्य; आग्रह, हठ, जिद्द^F; अभिनिवेश, अध्यवसाय, प्रयत्न ।

persistent –न्ट् a. दृढ़, अटल, अचल, स्थिर; **आग्रही**, हठी, जिद्दी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी, सदा प्रयत्नशील; चिरस्थायी, नित्य, स्थायी, चिरजीवी, सदा रहनेवाला (जैसे सींग, बाल, पत्तियाँ^{F} आदि); **निरन्तर**, लगातार; ~ cruelty, ~ failure, ~ gas, ~ rainfall, ~ stigma.

persistive –टिव् a. स्थैर्य-विशिष्ट, स्थिरता-विशिष्ट; आग्रहशील, हठ-युक्त; अभिनिवेश-विशिष्ट, अध्यवसायशील, प्रयत्न-सातत्य-युक्त; अटल, अचल, स्थिर; आग्रही, हठी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी ।

person* पर्ʼसॅन् n. **व्यक्ति***, पुरुष, मनुष्य, नर, आदमी, लोग; वपु, काया, तनु, **शरीर**, देह^F, व्यक्तित्व (*he had a fine* ~); (कानून) मानव, इन्सान; संघ, सभा^{F}, संस्था^{F}; (नाटक या कहानी^{F}के) पात्र या चरित्र; स्वांग, वेश, रूप; (जीववि०) जीवधारियोंकी मिश्र जाति^{F}-का व्यक्ति; first ~ उत्तम पुरुष या आत्म-पुरुष (मैं, हम, मुझे, हमें, मेरा, हमारा); second ~ मध्यम पुरुष (तुम, तुझे, तुम्हारा); the ~ उसमें, के रूपमें, के व्यक्तित्वमें (*found a friend in the* ~ *of her landlady*); third ~ अन्य पुरुष (वह, वे, उसे, उन्हें, उसका, उनका); in ~ स्वयं, स्वतः, व्यक्तिगत रूपसे, साक्षात्, प्रत्यक्ष, अपने-आप ।

personable –नॅबॅल् a. लावण्ययुक्त, सौष्ठवपूर्ण, सुगात्र, सुरूप, रूपवान्, सुन्दर, सुडौल, खूबसूरत ।

personage –निज् n. सम्भ्रान्त जन, विशिष्ट पुरुष, श्रेष्ठ पुरुष; व्यक्ति, जन, आदमी, लोग; नट, (नाटकका) पात्र या चरित्र; स्वांग ।

persona grata (L) n. प्रिय पात्र, चहेता ।

personal¹⊙ –नॅल् n. (प्रायः *pl.*) व्यक्ति-विशेष-सम्बन्धी समाचारपत्रोंके स्तम्भ, व्यक्तिगत समाचार ।

personal² a. **वैयक्तिक, व्यक्तिक, व्यक्तिगत; स्वीय, निजी**, अपना; स्वयंकृत (~ *interview, service*, etc.); विशिष्टजनोद्दिष्ट, व्यक्ति-विशेषपर आरोपित, व्यक्ति-विशेषकी ओर इंगित (~ *abuse*); शारीरिक, दैहिक; (व्या०) पुरुषवाचक (विशे० ~ *pronouns*); ~ hygiene (चि०) स्वस्थ वृत्त;
~ acquaintance, ~ action, ~ allowance, ~ appearance, ~ assistant, ~ bond, ~ capacity, ~ charge, ~ column, ~ comfort, ~ conduct, ~ contact, ~ convenience, ~ credit, ~ effects, ~ equation, ~ equipment, ~ error, ~ estate, ~ explanation, ~ file, ~ goods, ~ law, ~ liberty, ~ luggage, ~ pay, ~ remarks, ~ responsibility, ~ risk, ~ secretary, ~ security, ~ staff, ~ tax, ~ use, ~ value, ~ wealth.

personalism –लिज़्म् n. व्यक्तित्ववाद, व्यक्तित्व-मतवाद, व्यक्तित्व-सिद्धान्त ।

personality –नैʼलिटि n. व्यक्तित्व, (~ *trait*, ~ *type*), मनुष्यत्व, निजी अस्तित्व; स्वत्व, निजीपन, अपनापन, **व्यक्तिगत विशिष्ट सत्ता**^{F}, वैयक्तिक या निजी विशेषता^{F}; व्यक्ति, जन, पुरुष; विशिष्टजनोद्दिष्टता^{F},

(प्रायः pl.) व्यक्तिगत मतारोपण; multiple ~ (मनोवि०) बहुविध व्यक्तित्व।

personalization –नॅलाइज़े'शॅन् n. वैयक्तीकरण, मानवीकरण।

personalize –'सॅनॅलाइज़् v.t. वैयक्तीकरण करना, मानवीकरण करना, निजीकरण करना, मानव गुणोंका आरोप करना, साक्षात् रूप देना; प्रतिच्छाया^F या प्रतिरूप होना।

personally –लि adv. स्वतः, आत्मतः, स्वयं, निजी रूपसे, व्यक्तिगत रूपसे (*he conducted them ~*); व्यक्तिगत मतसे (*~ I see no objection*)।

personalty –ल्टि n. व्यक्तिगत सम्पत्ति^F, निजी जायदाद^F या जागीर^F।

personate[1] पर्'सॅनेट् v.t. (ला० भी) अभिनय करना, स्वाँग करना; **प्रतिरूपण करना, छद्म (धारण) करना,** छद्मवेश बनाना, वेश धारण करना, पररूप धारण करना, वेश बनाना, भेस करना; छद्मपरिचय देना, जाल करना।

personate[2] –नॅट् a. (वन०) संवृत, प्रच्छन्न।

personation –ने'शॅन् n. **प्रतिरूपण,** रूपग्रहण, पररूपधारण, अभिनय, स्वाँग; छद्म, छद्मवेश, छद्म-परिचय, **छद्मधारण,** वेशधारण।

personator –'सॅनेटॅर् n. अभिनेता, बहुरूपिया, स्वाँग भरनेवाला; वेशधारी, छद्मवेशी, छद्मपरिचय दाता, जालिया।

personification पॅर्सॉनिफ़िके'शॅन् n. मानवीकरण, मूर्त्तीकरण, चेतनत्वारोपण, मानवगुणारोपण, नरत्वारोपण; (भाव, गुण आदिका) प्रतिबिम्ब, प्रतिरूप, प्रतिचित्र, प्रतिमूर्त्ति^F, प्रतिच्छाया^F।

personified –'निफ़ाइड् a. मूर्त्त, साकार।

personify –फ़ाइ v.t. मानवीकरण करना, मूर्त्तीकरण करना, चेतनत्व आरोपित करना; (गुण आदिका) आत्मीभूत होना, आत्मसात् करना, मूर्तिमान् होना, प्रतिबिम्ब होना, इत्यादि।

personnel पर्सॅनेॅल्' n. **कार्मिक, कर्मचारी-वर्ग,** कर्मक-वर्ग, सेविवर्ग, परिचरवृन्द, कर्मचारीदल, कार्यकर्ता-वर्ग; ~ audit **कार्मिक-नीति-समीक्षा**^F;
~ audit, ~ licensing, ~ management, ~ officer, ~ policy, ~ secretary, ~section, ~ services.

perspective[1] ॅर्'पेॅक्'टिव् n. नेत्रदशा^F; दृश्य-भूमिका^F; दृश्य, चित्र, **संदर्श,** (*~triangle*), स्वरूप; **संसृष्टि**^F; (ला०) दृष्टिकोण; (शा० एवं ला०) मत, विचार, दृष्टि^F, अवलोकन; दृश्यमान क्षेत्र, दृष्टिसीमा^F; ~ plane दृश्याधार; *in* ~ दृश्यके नियमानुसार अंकित।

perspective[2] a. **परिदृश्य, परिपार्श्व,** परिदृष्टि, दृश्य-विषयक, दृश्य-सम्बन्धी; दृश्यमय, दृश्यपूर्ण।

perspectograph –ॅग्राफ़् n. नेत्रदशा-लिख, नेत्रदशा-लेखक यन्त्र, दृश्य-चित्र लेखक यन्त्र, पर्सपेक्टोग्राफ़।

perspex पर्स्'पेॅक्स n. प्लास्टिक शीशा।

perspicacious पर्स्पिके'शॅस् a. दूरदर्शी, तीक्ष्णदर्शी, सूक्ष्ममति, सूक्ष्मदर्शी, कुशाग्रबुद्धि, विमलमति, गहरी पैठ^F या अक्लवाला।

perspicaciousness –निॅस् n = PERSPICACITY.

perspicacity –कैॅसिटि n. सूक्ष्म-दर्शिता^F, दृष्टि-सूक्ष्मता^F, **कुशाग्रता**^F।

perspicuous पॅर्स्पि'क्यूॲस् a. प्रसादपूर्ण, सुबोध, सुगम, सुज्ञेय, सुस्पष्ट, विशद, प्रांजल, सुप्रकाशित, सुव्यक्त, खुला हुआ, खरा; (व्यक्ति) प्रसादगुण-युक्त, प्रांजल शैलीवाला, सुस्पष्ट अभिव्यक्तिवाला।

perspicuousness, perspicuity –निॅस्, –यू'इटि nn. प्रसाद, सुबोधता^F, सुगमता^F, सुज्ञेयता^F, स्पष्टता^F; प्रसादगुण-युक्तता^F, प्रसादाभिव्यक्ति-क्षमता^F।

perspirable पर्स्पाॲ'रॅबॅल् a. प्रस्वेदनीय, प्रस्वेदक, स्वेदजनक, स्वेदरूपमें निःसरणीय।

perspiration –पॅरे'शॅन् *n.* **स्वेद,** घर्म, *श्रमसीकर,* पसीना; प्रस्वेदन, **स्वेदन,** स्वेदस्राव, स्वेदनिःसरण।

perspirative –पाॅॲ'रॅटिव् a. संस्वेदक, स्वेदजनक, पसीना लानेवाला।

perspiratory –टॅरि a. प्रस्वेदक, स्वेदद्रावक, स्वेदकारी, स्वेदनिःसारक; स्वेद-सम्बन्धी, पसीनेका।

perspire –र् v.i. & t. स्वेदस्राव होना, पसीना बहना; स्वेदयुक्त होना, पसीजना।

perspiring –'रिंग् a. सस्वेद, स्वेदस्रावी, पसीजनेवाला।

perstetur (L) जारी रखो।

perstringe –'ट्रिंज् v.t. आलोचना^F करना, गुणदोष-विवेचन करना; दोषोद्घाटन करना, निन्दाभिव्यक्ति^F करना, मीन-मेख^F निकालना।

persuadable, persuasible पॅर्स्वे'डॅबॅल्, पॅर्स्वे'सिबॅल aa. औचित्य स्वीकार करवाने योग्य, निरुत्तर करने योग्य, प्रतीति^F कराने योग्य; प्रवर्तनीय, प्रवृत्त होने योग्य; अनुनेय, अनुरोध करने योग्य; उत्तेजित करने योग्य, उकसाने लायक।

persuade –ड्' v.t. विश्वस्त करना, प्रतीति^F कराना, विश्वास दिलाना, प्रबोधना, संशय दूर करना, भ्रम-निवारण करना; अनुनय करना, मनवाना, **मनाना, समझाना,** प्रवर्तित करना, प्रेरित करना; उत्तेजित करना, फुसलाना, बहकाना, उकसाना, उभारना।

persuader –'डॅर् n. विश्वस्त करानेवाला, प्रतीति^F करानेवाला, प्रत्ययन करानेवाला, मतिभ्रम दूर करनेवाला; अनुनय करनेवाला, मनवानेवाला, प्रवर्तक, प्रेरक; प्रोत्साहक, उत्तेजित करनेवाला, उकसानेवाला; (pl. ग्रा०) ऐंड़^F; *clap in the ~s* घोड़ेको ऐंड़^F लगाना।

persuasibility –सिबि'लिटि n. अनुनेयता^F, प्रवर्त्यता^F, नियोज्यता^F, प्रोत्साह्यता^F, प्रेर्यता^F; आकर्षकता^F, आकर्षकर्तृत्व, हृदयविजेतृत्व।

persuasible –'सिबॅल् a. प्रवर्त्य, नियोज्य, प्रोत्साह्य, प्रेर्य; आकर्षक, आकर्षकर्ता, हृदय-विजेता।

persuasibleness निॅस n. = PERSUASIBILITY

persuasion –'ज़न् n. प्रतीतीकरण, प्रत्ययन, प्रबोधन, समझाना-बुझाना, **अनुनय**, अनुशासन; अभिप्रेरणा^F^, प्रोत्साहन, उकसावा; **प्रवर्तन**, नियोजन; बहकावा, फुसलाहट^F^; विचार, धारणा^F^, मान्यता^F^ (*it is my private ~ that he is mad*); निर्णय; विश्वास, प्रत्यय, श्रद्धा^F^, धार्मिक विश्वास; मत, धर्म, धार्मिक सम्प्रदाय (*he is of Roman Catholic ~*), (हास्य०) जाति^F^, नस्ल^F^, क़िस्म^F^ (*a man of the Jewish ~*)।

persuasive[1] –'सिव् n. वृत्ति^F^, प्रयोजन, मन्तव्य, उद्देश्य, अभिप्राय, अर्थ, निमित्त, हेतु, मतलब, इरादा।

persuasive[2] a. प्रत्ययकारी, **अनुनयी**, प्रतीति^F^ करानेमें समर्थ, औचित्य स्वीकार करानेवाला, मनवानेवाला, कायल करनेवाला; **प्रवर्त्तक**, नियोजक; प्रोत्साहक, प्रेरक; आकर्षक, प्रलोभक, चित्ताकर्षक, हृदयग्राही।

persuasiveness –निस् n. प्रतीतिकारिता^F^; विश्वास करानेकी समर्थता^F^; प्रवर्त्तन; प्रेरकता^F^, प्रोत्साहकता^F^, प्रलोभन, प्रेरणा^F^; मन्तव्यपूर्णता^F^।

persuasory –'सॅरि a. PERSUASIVE[2].

pert पर्ट' a. वाचाल, चपल, धृष्ट, उद्धत, प्रगल्भ, अविनीत, ढीठ, मुँहलगा; चालाक, चलता-पुर्ज़ा; तत्पर; दुःसाहसी।

pertain पर्टेन्' v.i. उपांग होना, अवयव होना, अन्तर्गत होना; स्वामित्वमें होना, अधिकृत होना; योजक होना, मेल होना; संलग्न होना, सन्नद्ध होना, मिलना; उपयुक्त होना; सन्दर्भ रखना, प्रसंगमें होना; सम्बन्ध रखना, वास्ता रखना, सरोकार रखना, का होना।

pertinacious पर्टिने'शॅस् a. हठी, दुराग्रही, आग्रही, दुर्दान्त, दुःसाध्य, दृढ़प्रतिज्ञ, अदम्य, ज़िद्दी, पक्का, हठीला; निर्बन्धशील, अभिनिवेशी।

pertinaciousness, pertinacity –निस्, नॅसिटि nn. हठ, निर्बन्ध, दृढ़ता^F^, दुराग्रह, ज़िद्द^F^।

pertinence, -cy –'टिनॅन्स्, -सि nn. संगति^F^, सम्बद्धता^F^, उपयुक्तता^F^, युक्तता^F^, प्रसंगानुकूलता^F^, संगति^F^, यथार्थता^F^।

pertinent[1] –न्ट् n. (प्रायः pl.) उपांग, उपकरण, अवयव।

pertinent[2] a. संगत, सम्बद्ध, उपयुक्त, प्रसंगानुकूल; प्रसंगोचित, उपपन्न, यथार्थ, यथायोग्य, उचित, जँचता हुआ, ठीक।

pertinentness –निस् n. संगति^F^, सम्बद्धता^F^, उपयुक्तता^F^, प्रसंगानुकूलता^F^, उपपन्नता^F^, यथार्थता^F^, औचित्य, जँचता हुआ होना, ठीक होना।

pertness पर्ट'नॅस् n. वाचालता^F^, चपलता^F^, धृष्टता^F^, उद्धतता^F^, प्रगल्भता^F^, अविनय^F^, ढिठाई^F^, मुँहलगापन; चालाकी^F^, तत्परता^F^; दुःसाहस।

perturb पर्टर्ब' v.t. विशृंखल करना, अव्यवस्थित करना, अस्तव्यस्त करना, उलट-फेर करना, तितर-बितर करना; विपर्यस्त करना, विप्लव मचाना, उपद्रव करना, अराजकता^F^ उत्पन्न करना, दंगा करना, हुल्लड़ करना; व्यग्र करना, व्याकुल करना, विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, घबरा देना; किंकर्त्तव्यविमूढ़ करना, हतबुद्धि करना, परेशान करना, बेचैन करना; आतंकित करना, हुलिया^F^ बिगाड़ना, नाकों^F^ चने चबवाना।

perturbance, perturbation –'बॅन्स्, पर्टर्बे'शॅन् nn. अस्तव्यस्तता^F^, विशृंखलता^F^, **स्खलन**, विपर्यास, उलट-फेर, गड़बड़ी^F^; अराजकता^F^, अव्यवस्था^F^, दंगा, हुल्लड़; भ्रान्ति^F^, अस्थिरचित्तता^F^, **विक्षोभ**, **क्षोभ**, व्यग्रता^F^, उद्विग्नता^F^, उद्वेग, व्याकुलता^F^, घबराहट^F^, खटका, परेशानी^F^, बेचैनी^F^।

perturbant –न्ट् a. & n. **क्षोभी**, अस्तव्यस्तकारी (व्यक्ति या वस्तु^F^); अराजकता^F^ उत्पन्न करनेवाला; उद्वेजक।

perturbate –'टर्बेट् v.t. = PERTURB.

perturbation –बे'शॅन् n. दे० PERTURBANCE.

perturbative, perturbatory –'टिव्, –टॅरि aa. उद्वेजक, क्षोभशील, अस्तव्यस्त करनेवाला, उलटफेर करनेवाला, हुल्लड़ी, दंगाई; अशान्त या व्याकुल या क्षुब्ध करनेवाला।

perturbator –बेटॅर् n. विक्षोभी, विपर्यासक व्यक्ति, अस्तव्यस्तकर्ता; उद्वेजक व्यक्ति; अराजकतोत्पादक।

perturbed –बि्ड् a. क्षुब्ध, व्याकुल, व्यग्र, उद्विग्न।

perturber –बॅर् n. = PERTURBATOR.

pertused पॅट्यूज़्ड्' a. छिद्रित, विद्ध, वेधित, बेधा हुआ, चीरा हुआ, फटा हुआ।

pertussal पर्टॅसॅल् a. कुकुरखाँसीवाला, कुकुरखाँसी-सम्बन्धी, काली खाँसी^F^का।

pertussis –सिस् n. (चि०) अतिकास, कुक्कुर कास, **कुकुरखाँसी^F^, काली खाँसी^F^**।

peruke, perruque पॅरूक्', पॅरूक्' nn. (बालोंकी एक टोपी^F^), विग पेरूक।

perusal पॅरू'ज़ल् n. वाचन, पठन, अध्ययन, परिशीलन, अनुशीलन, पारायण; पढ़ना, अवलोकन, निरीक्षण; *for ~* वाचनार्थ।

peruse –रूज़्' v.t. वाचन करना, अध्ययन करना, परिशीलन करना, ध्यान देकर पढ़ना, पारायण करना; अवलोकन करना, निरीक्षण करना, पड़ताल^F^ करना, देखना, जाँचना।

peruser –ज़र् n. वाचक, अध्येता, पाठक।

pervade पॅवेड्' v.t. परिव्याप्त होना, प्रसार करना, आच्छादित करना, पसरना, फैलना, छा जाना; प्रवेश करना, बिंधना, भेदना, पैठना, घुसना; प्रभावित करना, अंगीभूत होना; सर्वत्र दिखना; सिक्त करना, लिप्त करना, सिंचित करना।

pervasion –वे'ज़न् n. परिव्याप्ति^F^, प्रसार, आच्छादन, विस्तार, पैठ, फैलाव; सिक्तता^F^।

pervasive –'सिव् a. व्यापक, परिव्यापी, प्रसरणशील, विस्तृत; सिक्त।

pervasiveness –'निस् n. परिव्यापकता^F^, व्यापकता^F^, प्रसरणशीलता^F^, विस्तृति^F^; सिक्तता^F^।

perverse पॅवर्स् a. पतित, पतनोन्मुख; कुटिल, कुटिल;

कुमार्गी, वामाचारी; **प्रतीप**, प्रतिकूल, विलोम, **वाम**, विपरीत, **विपर्यस्त**, उलटा; **विकृत**, वक्रशील; अस्वाभाविक, अप्राकृतिक; भ्रान्त, अनुचित; हठी, दुराग्रही, जिद्दी; चिड़चिड़ा, तुनुक-मिजाज; पिशुन; दुःशील।

perversion –'शन् n. **विपर्यास**, प्रतीपता[F], वामता[F], उलट-फेर; (चि०) विप्रकृति[F]; विकृति[F], विकार, बिगाड़; भ्रंशन, आचार-भ्रष्टता[F]; पथभ्रष्टता[F]; अनर्थ; अनौचित्य।

perversity, perverseness –सिटि, निस् nn. कुटिलता[F]; **विप्रतीपता[F], वामता[F]**, विपरीतता[F], विकृति[F]; जिद[F], हठीपन; चिड़चिड़ापन; पथभ्रष्टता[F], वामता[F]; दुष्टता[F], दुःशीलता[F]।

perversive –सिव a. विपर्यासपूर्ण, उलटा; कामविकारयुक्त, आचारभ्रष्ट; पथभ्रष्ट; अनर्थी; अनुचित।

pervert[1] पर्'वर्ट n. **विपर्यस्त**, पथभ्रष्ट, (व्यक्ति), आचारभ्रष्ट (जन), स्वधर्मच्युत (पुरुष); (sexual~)।

pervert[2] पर्वर्ट्' v.t. & i. अवस्थान्तर करना; प्रयोगान्तर करना, बदलना; विपर्यास करना, **विपर्यस्त करना**, विपर्यय करना; विलोम करना, विपरीत करना, उलटना; (शब्द आदिका) अनर्थ करना, असंगत अर्थ करना, विपरीत अर्थ निकालना, तोड़ना-मरोड़ना; अपप्रयोग करना, असंगत प्रयोग करना; पथभ्रष्ट करना, मार्गच्युत करना, कर्तव्यच्युत करना, चरित्रभ्रष्ट करना, गुमराह करना, बहकाना, बहकना, फिरना।

perverter –'टर् n. पथभ्रष्ट करनेवाला व्यक्ति, आचारभ्रष्ट करनेवाला पुरुष, स्वधर्मच्युत करनेवाला पुरुष।

pervertible –टिबॅल a. पथभ्रष्टकरणीय, आचारभ्रष्ट करने योग्य, स्वधर्मच्युत करने योग्य, उलटाने लायक।

perviate पर्वि'एट् v.t. (किसी वस्तु[F]से होकर) मार्ग निकालना, घुसना।

pervicacious पॅर्विके'शॅस् a. अदम्य, अदमनीय, अतिदुर्दमनीय; अतिदुःसाध्य, अतिदुष्करणीय।

pervicaciousness –निस् n. = PERVICACITY.

pervicacity –कै'सिटि n. अदम्यता[F], अदमनीयता[F], अतिदुर्दमनीयता[F]; अतिदुःसाध्यता[F], अतिदुष्करणीयता[F]।

pervious पर्'विॲस् a. सद्वार, समार्ग, सच्छिद्र, खुला हुआ; (भू०) **पारगम्य** (~*rock*), **प्रवेश्य**, (चि०) **भेद्य**, वेध्य, गम्य; (ला०) सुगम, सुबोध, प्रसादपूर्ण, सरल, स्पष्ट।

perviousness –निस् n. सद्वारता[F], समार्गता[F], सच्छिद्रता[F]; प्रवेश्यता[F], भेद्यता[F]; सुगमता[F], सुबोधता[F], सरलता[F], स्पष्टता[F]।

pesade पि'जेड' n. अश्वोत्पतन, घोड़ेकी उछाल[F]।

peseta पे'सेट्' n. (स्पेनकी एक रजत-मुद्रा[F]), पेसेटा = ८ आना या पचास नये पैसे।

Peshwa पेश्'वा n. पेशवा।

pesky ⊙ पे'स्'कि a. कष्टप्रद, दुःखद, अशान्तिकर, झंझटी; अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित; अत्याचारी, उत्पीडक; उत्पातजनक, विपत्तिजनक।

peso पे'सो n. (स्पेनकी एक रजत-मुद्रा[F]), पेसो, डालर।

pessary पे'सॅरि n. (चि०) *गर्भाशयधारक वलय* (योनि[F]में रखनेका); पिधा[F], पेसरी[F]।

pessimism पे'सिमिज़्म् n. (दर्श०) **सर्वाशुभवाद, निराशावाद**; दुःखवाद; पापिष्ठतावाद; (दर्श०) **निराशावृत्ति[F]**; नैराश्य, निराशा[F]।

pessimist –मिस्ट् n. निराशावादी; दुःखवादी; पापिष्ठतावादी; निराश, खिन्न।

pessimistic –'टिक् a. निराशावादी (~ *outlook*); दुःखवादी; पापिष्ठतावादी; निराश, दुःखी; ~voluntarism (दर्श०) **सर्वाशुभवादी कृतिवाद, सर्वाशुभवादी संकल्पवाद**।

pessulus पे स्यूलॅस् n. (जीव०) T.

pest पे'स्ट n. नाशिकीट, विनाशकारी या मारक कीट; (चि०) **मारी[F], पीड़क, बाधा[F]**; संघातक जीव, व्यक्ति या वस्तु[F]; (क०) प्लेग, महामारी[F]; ~-house महामारी चिकित्सालय, प्लेग अस्पताल; *what God will, no~ can kill* जाको राखै साइयाँ मारि सकै नहिं कोय।

pester –'टॅर् v.t. क्लेश देना, कष्ट देना, पीड़ा[F] देना, सताना, तकलीफ[F] देना, दिक करना, तंग करना, परेशान करना; अशान्ति[F] उत्पन्न करना; प्लेग या महामारी[F]से ग्रस्त करना।

pesterer –रॅर् n. पीड़क।

pestful –ट्'फुल a. महामारीजनक, व्याधिजनक, घातक, हानिप्रद, विनाशकारी; घृण्य।

pesticide –'टिसाइड् n. नाशिकीटमार, (दवा[F]का नाम) पेस्टीसाइड।

pestiferous –टि'फॅरॅस् a. अस्वास्थ्यकर, विकारोत्पादी, व्याधिजनक, हानिकर; महामारी या प्लेगजनक; (ला०) कुमार्गी, दुराचारी; अपकारी; घातक, विनाशक, क्रूर।

pestilence –टिलॅन्स् n. जनपदमारी[F], महामारी[F], प्लेग।

pestilent –न्ट् a. सांघातिक, प्राणहर, प्राणघातक, विनाशक, मृत्युजनक, मारक; (ला०) नीति-विरुद्ध, अनैतिक, दुराचारयुक्त, भ्रष्टाचारविशिष्ट; (बोल०) विपत्तिजनक, कष्टदायी, क्लेशप्रद, दुःखदायी; व्याधिजनक; परेशान करनेवाला।

pestilential –लॅन्'शॅल a. मारात्मक, (चि०) **मारी, मारक**, घातुक; व्याधिजनक, महामारीजनक, प्लेग फैलानेवाला।

pestle[1] पे'सॅल् n. मुशल, (रसा०) **मूसली[F], मूसल**, लोढ़ा, बट्टा, घोटना; मुग्दर, धुरमुस; विचूरण, कँड़ाई[F], कुटाई[F], कुचराई[F], घोटाई[F]।

pestle[2] v.t. & i. कूटना, काँड़ना, कुचरना, बूकना, घोटना; मूसलका या बट्टेका प्रयोग करना।

pestology पे'स्टॉ'लॅजि n. (चि०) मरक विज्ञान, महामारी विज्ञान।

pet[1] पे'ट् n. पालित पशु, पालतू जानवर, दुलारा पशु; (प्रायः गुण०) वल्लभ, प्रीतिभाजन, प्रेमास्पद, प्रेमपात्र, कृपापात्र; ~aversion विशेष अरुचिकर वस्तु[F]; ~-cock वाष्परोधनी[F]; ~name प्यारका नाम; लाडला नाम।

pet[2] v.t. पालित करना, पालतू बनाना, लाड़-प्यार करना, दुलारना; वल्लभ बनाना, प्रीतिभाजन बनाना,

प्रेमपात्र बनाना, कृपापात्र बनाना।

pet[3] a. प्रिय, लाडला, दुलारा; पालित, पालतू।

pet[4] n.कोपावेश, ईषत्कोप, अप्रसन्नता^F, क्षोभ, झुंझलाहट^F, चिड़चिड़ाहट^F; *be in a ~, take ~* क्रोध करना, कोप करना, क्षुब्ध होना, झुंझलाना।

petal पे´टॅल् n. (वन०) दल, पत्र, पत्ती^F, (वन०,कृषि०) पंखुड़ी^F, T.

petal(l)ed -ड् a. सदल, सपत्र, पत्तीदार, पंखुड़ीदार।

petaline –लाइ(लि)न् a. दलमय, दल या पंखुड़ीवाला।

petalism पे´टॅलिज़्म् n.(प्राचीन अमेरिकामें) निर्वासन, देश निकाला, दलवाद, जैतूनके पत्तेपर लिखकर देश-निकाला देनेकी पद्धति^F।

petalody पि´टॅलॅडि n. (परागकेसरका) दलरूपी भवन, पंखुड़ियों^Fमें परिवर्तन।

petaloid पे´टॅलॉएड् a. (वन०) दलाभ, दलवत्, दल-रूप; (वन०) T.

petalous –लॅस् a.=PETAL(L)ED.

petard पिटॉर्ड् n. द्वारभंजक तोप^F; अग्निकौतुक, पटाका।

petasus पे´टॅसॅस् n. एक चौड़ा हैट; (जीव०) T.

peter पी´टॅर् v.i. (ग्रा०, नदी^F, खनिज आदि) समाप्त हो जाना, सूख जाना, रिस जाना, टें बोलना।

peterpence⊙ पी´टॅपॅन्स् n. (ईसाई) धार्मिक कर।

petersham पी´टॅर्शम् n. (विशेष प्रकारका) मोटा रेशमी फीता; भारी ओवरकोट, बिरजिस; ओवरकोट या बिरजिसका कपड़ा।

petiolar पे´टिओलॅर् a. वृन्त-विषयक, पत्रवृन्त-विषयक, पर्णदण्ड-सम्बन्धी, पत्ती^Fके डण्ठलसे सम्बन्धित।

petiolate –लॅट a. सवृन्त, पत्रवृन्तयुक्त, पर्णवृन्ती, पर्ण-दण्डयुक्त, डण्ठलवाला (*~leaf*)।

petiole –ल् n. (कृषि०, वन०) पर्णवृन्त, वृन्त, पत्रवृन्त, पर्णदण्ड, पत्तीका डण्ठल।

petiolule पे´टिऑल्यूल् n. (कृषि०, वन०) पर्णिकावृन्त, पर्णकवृन्त, लघुवृन्त, लघुपत्रवृन्त, लघुपर्णदण्ड, छोटा पत्ती^Fका डण्ठल।

petit पॅटी´ a.=PETTY; ~-maitre (F) a. छैला, बाँका; ~mal (चि०) सौम्य अपस्मार; ~verre (F) n. मदिरा-चषक।

petite पॅटीट् a. (स्त्री^F) छोटी, नाटी, ठिगनी; ~ agri-culture (कृषि०) बहुत छोटे पैमानेपर खेती^F।

petition[1] पि´टि´शॅन् n. याचना^F, निवेदन, अनुरोध, आवेदन, याँचा^F, विनम्र प्रार्थना^F, चिरौरी^F; (लिखित) (का०) याचिका^F, प्रार्थनापत्र, निवेदनपत्र, (का०) अर्जी^F, दरख्वास्त; ~jobbing (राज०) अर्जी याचना^F, अर्जी-बाजी^F; ~of rights (राज०) अधिकार-संविधि^F; ~department, ~officer, ~writer.

petition[2] v.t. & i. याचिका^F प्रस्तुत करना, प्रार्थना-पत्र देना, आवेदनपत्र देना, अर्जी^F देना, दरख्वास्त^F देना; प्रार्थना^F करना, अनुनय करना, विनय^F करना, निवेदन करना, याचना^F करना, माँगना।

petitionary –नॅरि a. याचिका-विषयक, निवेदनपत्र-विषयक, प्रार्थनापत्र-सम्बन्धी; अनुनयपूर्ण, आवेदनयुक्त।

petitioner –र् n. याची, अभियाची, (का०) याचिका-दाता, अभ्यर्थी, प्रार्थी, अपीलार्थी; निवेदक, आवेदक, अर्जीदार।

petitioning –निंग् a. (वाणि०) फरियादी (*~creditor*)।

petitio principii (L) बिना तर्कके किसी बात^Fको स्वीकार कर लेना।

petitory पे´टिटॅरि a. याचनीय, निवेदनीय, अनुरोधनीय, आवेदनीय; विनम्र-प्रार्थनीय, चिरौरीके योग्य।

petrean पॅट्री´ॲन् a. प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पत्थर-जैसा; प्रस्तर-विषयक, पाषाण-सम्बन्धी, पत्थरका।

petrel पे´ट्रॅल n. तरंगिका^F, तरंग-काक, (एक नर्तक समुद्री पक्षी), पेट्रेल (*storm-~* भी)।

petrescence⊙ पि´ट्रे´सॅन्स् n. अश्मीभूति^F, कठोरण; प्रस्तरण-विधि^F, कठोरण-विधि^F, पथराहट^F (का तरीका)।

petrifaction पे´ट्रिफ़ैक्´शॅन् n. प्रस्तरण, पाषाणीकरण, (इति०) अश्मीकरण, अश्मीभाव, कठोरण, पथराहट^F; प्रस्तरित वस्तु^F, अश्मीभूत वस्तु^F।

petrifactive –´ट्रिफ़ैक्टिव् a. (इति०) अश्मीकृत, अश्मीकारक, प्रस्तरक, प्रस्तरीकारक, कठोरीकर्ता, पथराहट लानेवाला।

petrification –फ़िके´शॅन् n. = PETRIFACTION; (इति०) अश्मीकरण; कठोरता^F, निष्ठुरता^F।

petrified⊙ –´ट्रिफ़िड् a. (जीव०) अश्मीभूत (*~fossil, wood*)।

detrifier –फ़ाइॲर् n. (इति०) अश्मीकारक।

petrify –फ़ाइ v.t. & i. प्रस्तरित करना, प्रस्तरण करना, (इति०) अश्मीकरण करना, अश्मीभूत करना, कठोर करना, पथराना; (ला०,आश्चर्य या भयसे) मर्माहत करना; किंकर्तव्यविमूढ़ करना, घिग्घी^F बाँध देना, हाथ-पाँव फुला देना, लकवा-जैसा मारना; पाषाणवत् कर देना, ठस कर देना; (मस्तिष्क या सिद्धान्त आदिको) निर्जीव कर देना, निष्प्राण कर देना, अचेतन कर देना, दुर्गम कर देना, दुर्बोध कर देना, पेचीदा कर देना; (भू०) अश्मीभूत हो जाना, प्रस्तरित हो जाना, पथरा जाना।

petro- शैल-, अश्म-, प्रस्तर-, पाषाण- (*~glyph, ~grapher, ~graphical, ~graphy, ~logy*)।

petroglyph पे´ट्रॅग्लिफ् n. (नृ०) प्रस्तरोत्कीर्णन, शैललेख, शिलोत्कीर्णन, शिला-चित्र, चट्टानतराशी^F।

petrograph पिट्रॉग्रॅफ् n. शिलोत्कीर्णन, शिला-लेख।

petrography पि´ट्रॉग्रॅफ़ि n. (कृषि०) शैलवर्ग विवरण, शैलवर्णना^F, (चट्टानों^Fकी बनावट^F और रचना-प्रणाली^Fका वैज्ञानिक वर्णन)।

petrol पे´ट्रॅल् n. शिलातैल, खनिज तैल, (रसा०,भौ०) पेट्रोल; T.

~blow lamp, ~clerk, ~container, ~coupon, ~engine, ~filler, ~gas burner, ~gas plant, ~gauge, ~pipe, ~pump, ~siding, ~spray jet, ~tank.

~vapour, ~viewer.

petrolage –लिज् n. (मच्छरोंको नष्ट करनेके लिए) पेट्रोलका प्रयोग।

petrolatum –ले'टॅम् n. मृदु-मृद्वसा^F, पेराफिन, पेट्रोल-की जेली^F।

petroleum पि ट्रो'लि ॲम् n. (रसा०, भू०) T.; दे० PETROL.

~advisory, ~benzene, ~benzine, ~coke, ~committee, ~division, ~ether, ~furnace, ~jelly, ~naphtha, P~ Officer, ~rules.

petro leur पेट्रोलॅर (F) n. राजद्रोही, क्रान्तिकारी।

petroleur पेट्रोलॅर्' n. (fem. *-leuse*) मृत्तैल-दाहक, पेट्रोलसे आग^F लगानेवाला।

petrolic पि ट्रॉ'लिक् a. मात्तैल-विषयक, पेट्रोल-सम्बन्धी।

petrolific ⊙ पे ट्रॉलि'फिक् a. शिलातैलीय, मृत्तैल-विषयक, खनिजतैल-सम्बन्धी, पेट्रोलका।

petrolize पे'ट्रॅलाइज् v.t. मृत्तैलित करना, खनिजतैल-युक्त करना, पेट्रोल मिलाना; मृत्तैलवत् करना, खनिजतैल-सदृश करना, पेट्रोल-जैसा बनाना।

petrological पे ट्रॅलॉ'जिकॅल् a. प्रस्तरविज्ञान-विषयक, पाषाणशास्त्र-सम्बन्धी, पत्थरकी साइंसका।

petrologist पि ट्रॉ'लॅजिस्ट् n. (नृ०) **प्रस्तरवैज्ञानिक,** पाषाणशास्त्री।

petrology–जि n.(भू०) **शैलिकी^F, शैलतत्त्व,** (कृषि०) **शैल विज्ञान,** (नृ०) **प्रस्तर-विज्ञान,** शिलाविज्ञान, पाषाणशास्त्र, पत्थरोंकी साइंस^F।

petromastoid पि ट्रॉ'मॅस्टॉएड् a. (चि०) **अश्म कर्णमूल।**

petrosal पि ट्रो'सॅल् a. प्रस्तरिल, पाषाणमय, पथरीला, (चि०) **अश्मकूट-** (~sinus, ~sulcus, ~*process*); दृढ़, कठिन, कठोर, कड़ा।

petrosilex पे ट्रॅसाइ'लेक्स् n. अनलाश्म, चकमक, फेल-साइट, पेट्रोसिलेक्स।

petrosiliceous –सिलि'शॅस् a. अनलाश्मीय, चकमक-वाला, फेलसाइटयुक्त, पेट्रोसिलेक्सवाला।

petrous पे'ट्रॅस् a. (चि०) अश्म-, प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पथरीला, पत्थर-जैसा; कठिन, कड़ा, सख्त, मजबूत; ~bone प्रस्तरास्थि^F; अश्मास्थि^F; ~ portion (चि०) **अश्मभाग।**

pettichaps पे'टिचैप्स् n. चिड़ियाँ^F।

petticoat पे'टिकोट् n. अधोंरुक, घाँघरा, लहँगा, साया; बालिका^F, छोकरी^F, लौण्डिया^F; स्त्री^F, त्रिया^F, तिरिया^F, लुगाई^F, औरत^F, मेहरारू^F; (गुण०) स्त्रैण, जनाना या जनाना; ~breeches (१७वीं शती^Fमें प्रयुक्त) छोटी-ढीली बिरजिस^F; ~ government स्त्री-शासन, स्त्री-राज्य, तिरिया-राज, चोली-शासन, घाँघरा-राज, जनाना हुकूमत^F; *since he was in ~s* शैशवकालसे।

petties –ज़ n. (वाणि०) **खुदरा खर्च।**

pettifog पे'टिफॉग v.i. (कानूनी) हलका अभ्यास करना, प्रपंच करना, धता^F बताना, पट्टी^F पढ़ाना, झाँसा देना; (तुच्छ विषयोंपर) व्यंग्य करना, वाक्छल करना, श्लेष बोलना, वितण्डावाद फैलाना, विवाद करना।

pettifogger –गॅर् n. क्षुद्राभिवक्ता, टुटपुँजिहा वकील, मुख्तार; तुच्छवृत्ति^F, अधमवृत्ति^F, छोटा पेशेवर।

pettifoggery –रि n. कानूनी छल, प्रपंच, जालसाजी^F, धोखेबाजी^F।

pettifogging –गिंग् a. छली, प्रपंची, जालसाज, चाल-बाज, फरेबी; वितण्डावादी, शब्दजाल खड़ा करनेवाला।

pettiness पे'टिनि स् n. अल्पता^F, क्षुद्रता^F, तुच्छता^F, नगण्यता^F, संकीर्णता^F, छुटाई^F।

pettish पे'टिश् a. कर्कश, वक्रशील, चिड़चिड़ा, तुनुक-मिजाज, नाजुकमिजाज; प्रतीप, दुःशील, धृष्ट, दुर्मति, दुर्बुद्धि, हठीला, ढीठ, जिद्दी।

pettishness –नि स् n. कर्कशता^F, वक्रशीलता^F, चिड़-चिड़ापन, तुनुकमिजाजी^F।

pettitoes पे'टिटोज् n. (pl.) (मांस-भोजनके लिए व्यवहृत) सुअरकी टाँग^F।

petto (It.) n. वक्ष; सीना।

petty पे'टि a. तुच्छ, नगण्य, निकृष्ट; तुच्छबुद्धि, संकीर्ण-हृदय, अल्पमति, तंगदिल; क्षुद्र, लघु, निम्न, नीच, अधम, **छोटा-मोटा, छोटा, खुदरा;** (परि०) **मँझला;** टुटपुँजिहा, कबाड़ी; अल्प, थोड़ा; ~cash (आय-व्ययकी) अल्प धन-राशि^F; लघुरोक; ~officer (नौवि०) **मँझला अफसर;** (N.C.O.) नौसेना^Fका छोटा अधिकारी;

~articles, ~carelessness, ~ cashbook, ~cashier, ~ construction, ~ contract, ~ contractor, ~ defalcation, ~ error, ~ estate, ~ expenditure, ~ lease, ~ matters, ~ offence, ~ repairs, ~ store, ~ work.

petulance, -cy पे'ट्यूलॅन्स्, -सि nn. दुःशीलता^F, धृष्टता^F, चिड़चिड़ापन, झल्लाहट^F, ढिठाई^F, झुँझलाहट^F, झक^F।

petulant –न्ट् a. दुःशील, अविनीत, धृष्ट, चिड़चिड़ा, भनभनहा, तुनुकमिजाज, झक्की।

petunia पि ट्यू'निॲ n. (तुरही^Fके आकारका श्वेत, बैंजनी या बनफशई फूलोंका) एक पौधा; (वन०) T. (~ *violacea*)।

petuntse पि ट्(ट)न्'टसि n. चीनी मिट्टी^F।

pew[1] पीऊ' n. वेदी^F, मंच, कटहरा, गिरजेका परिवेष्टित आसन, (परिवार या समूहके लोगोंके लिए प्रायः घिरा हुआ) ऊँचा स्थान; (बोल०) आसन, बैठकी^F, सीट^F।

pew[2] v.t. कटहरेमें बैठना, वेदी^F या मंचपर बैठना।

pewage पी'विज् n. मंचकर, गिरजेके छेंके हुए स्थानका शुल्क।

pewit, peewit पी'विट्, प्यू'इट् n. समुद्रकाक, समुद्री कौआ; हरित-टिट्टिभ, टिटिहरी^F; टीं-टीं-टीं (टिटिहरी^Fकी ध्वनि^F)।

pewless पीऊ'लि स् a. निर्मंच, बिना कटहरेके,

बिना जँगलेके।

pewter पीऊ'टॅर् n. अधित्रपु, कांस्य, काँसा, जस्ता; काँस्यपात्र, जस्तेका वर्तन; (ग्रा०) पुरस्कारकी धन-राशि^F, इनामका रुपया; (रसा०) T.

pewterer –टॅरॅर् n. कांस्यकार, काँसे या जस्तेका काम करनेवाला, ठठेरा।

pewtery[1] –रि n. अधित्रपुभाण्ड-कलाप, काँस्यपात्र-समूह, काँसेके वर्तन।

pewtery[2] a. अधित्रपु-विशिष्ट, काँस्य-विशिष्ट, काँसेसे बना या भरा हुआ।

P.F. Poultry Farm; Provident Fund.

p.f. *pour feliciter*, to congratulate.

pfenig, -ing फ़े'निग्, -इंग् n. एक जर्मन सिक्का, पैसा।

P.G. Police Gazette; paying guest.

Pg. Portugal; Portuguese.

P.H. Power House.

phaed फ़ेड् n. (ज्यो०) **पुलस्त्य**।

phacoidal फेकाऍ'डॅल् a. (चि०) मसूराकार; वीक्षाभ, वीक्षाकृति, वीक्षाकार, लेन्स-जैसे आकारका।

phad n. = PHAED.

phaenogam फ़ी'नॅगैम् n. (वन०) = PHANEROGAM.

phaenology फ़ीनॉ'लॅजि n. (चि०) जीवर्तु विज्ञान, जीव, जलवायुविज्ञान, जलवायुशास्त्र, जलवायु-प्रभाव-विज्ञान, जीवपर होनेवाले प्रभावकी साइंस^F।

phaet फ़ीट् n. (ज्यो०) **फेयट, प्रथम कपोत**।

phaeton फे'इटॅन् n. चौपहिया घोड़ा-गाड़ी^F, फिटिन^F।

phaged(a)ena फ़ैजि(गि)डी'नॅ n. (चि०) कोथमय, आशुप्रसारी व्रण, शीघ्र सड़नेवाला घाव।

phaged(a)enic –निक् a. आशुप्रसारी व्रण-विषयक, शीघ्र फैलनेवाले घावसे सम्बन्धित।

phagocyte फै'गॅसाइट् n. (चि०) **भक्षक अण्ड**, भक्षकाणु, भक्षकाग्राणु, भक्षिकोशा^F, जीवनाशक अणु; (जीव०) T.

phagocytic –सि'टिक् a. (चि०) भक्षकाणु-विषयक, भक्षिकोशा-विषयक, भक्षिकोशा-सम्बन्धी, जीवाणुभक्षी, (~ *formation*)।

phagocytosed –'टोस्ड् a. (चि०) भक्षकाणु भक्षित।

phagocytosis ⊙ –साइटो'सिस् n. (चि०) भक्षकाणु-वृद्धि^F, **जीवाणुभक्षण**।

phagomania फ़ैगॅमे'निअॅ n. (चि०) अतिक्षुधोन्माद, अतिक्षुधा^F, अतिशयक्षुधा^F, तीव्र-भोजनाभिलाषा^F, खानेकी तगड़ी इच्छा^F।

-phagous -भक्ष, -भक्षी, -भुज् (*panto* ~, *phyllo* ~)।

phalange फ़ै'लैन्ज् n. (चि०, जीव०) **अंगुलास्थि^F**, अंगुलिपर्व, (दे० PHALANX).

phalangeal फ़ैलैन्'जि'अॅल् a. (चि०) **प्रसर्नी**, अंगुलास्थिक, अंगुलास्थि-विषयक, अंगुलिपर्व-विषयक, अंगुलिपर्व-सम्बन्धी, अंगुलियोंकी गाँठ^F का, पोरका; ~ parts (जीव०) **अंगुलि तल्प**; ~ process (चि०) **अंगुलाभ प्रवर्ध**।

phalanger –जॅर् n. सन्नंगुलि, (आस्ट्रेलियाका एक छोटा थैलीदार पशु), फैलंजर।

phalangian –जि'अॅन् a. = PHALANGEAL.

phalansterianism फैलॅन्स्टीअॅ'रिअॅनिज़्म् n. फोरियर-वाद, फोरियर-सिद्धान्त, छोटे सामाजिक एककमें रहनेका सिद्धान्त।

phalanstery –'लॅन्स्टॅरि n. लघु-सामाजिक एकक, छोटी सामाजिक इकाई, छोटा समुदाय।

phalanx फै'लैन्क्स् n. व्यूह, युद्धपंक्ति^F, मोर्चा; संघ, संगठन, दल, मण्डली^F, जत्था; अंगुलिपर्व, अंगुलिपर्वास्थि^F, (चि०) **अंगुलास्थि^F**, अंगुल्यस्थि; केसरदण्डका गुच्छा; (इति०) T.; ~ metatarsus (कृषि०) **पाद अंगुलि-शलाका^F**।

phalarope फै'लॅरोप् n. जलप्रिय चर्मपादपक्षी, झिल्लीदार जलपक्षी, फैलेरोप।

phallephoric –फ़ो'रिक् a. **लिंगधारक, लिंगधारी**।

phallic फै'लिक् a. शिश्नीय, लिंग-सम्बन्धी; ~ worship (इति०) **लिंगपूजन**।

phallicism –लिसिज़्म् n. लिंग-भक्ति^F, शिश्न-आराधना^F, (इति०) **लिंगोपासना^F**, लिंगपूजा^F, शिश्नवाद।

phallus –लॅस् n. शिश्न, (इति०) **लिंग**, उपस्थ, साधन, लॉड़, लौड़ा, नूनी^F, लण्ड, खुसिया^F, फलान; (किसी देवताका) लिंग-चिह्न।

phanerocrystalline फै'नॅरॅक्रिस्'टॅलाइन् a. (भू०) **स्पष्ट स्फाटीय**।

phanerogam –गैम् n. (वन०) पुष्पोद्भिद्, दृश्यबीज, वनस्पति, सपुष्प वनस्पति, फूलदार पौधा (कृषि०) T.

phanerogamic, phanerogamous –गै'मिक, फैनॅरॉ'गॅमॅस् aa. सपुष्प; फूलदार पौधेसे सम्बन्धित।

phanerozoite –ज़ॉइट n. (चि०) **व्यक्तजीवी**।

phanerozonia –ज़ो'निअॅ n. (जीव०) व्यक्तजीव, T.।

phantasm फैन्'टैज़्म् n. भ्रान्ति^F, भ्रम, मिथ्याभास, माया^F, दृष्टिभ्रम आभास, छाया^F, मनोकल्पना^F, मनःसृष्टि^F, मायामूर्त्ति^F, छायाकृति^F, मृगमरीचिका^F, विवर्त्त, कल्पना-प्रेत।

phantasmagoria –मॅगॉ'रिअॅ n. मायाजाल, छाया-चित्र, वास्तविक या काल्पनिक-दृश्योंके चित्र।

phantasmagorial –अॅल् a. = PHANTASMAGORIC.

phantasmagoric –रिक् n. छायाचित्र-विषयक, नेत्र-भ्रम चित्रावली-सम्बन्धी।

phantasmal, phantasmic, -al –'मॅल्, –मिक, -अॅल् nn. छायाभास-सम्बन्धी, मिथ्याभासपूर्ण, प्रपंचपूर्ण या सम्बन्धी; कल्पित।

phantastic फैन्टैस्'टिक् a. = FANTASTIC.

phantasy फैन्'टॅसि n. = FANTASY.

phantom फैन्'टॅम् n. बेताल, पिशाच, [illegible]

भूत-प्रेत; प्रतिबिम्ब, छाया^F (~*circuit*); भ्रम, आभास, कल्पना; मनोलीला^F, मनोरथसृष्टि^F, माया^F, मानसिक छायाभास, कल्पना-सृष्टि^F।

phantomatic, phantomish, phantomy –मैं'टिक्, –'टॅमिश्, –मि aa. वैतालिक, पैशाचिक; छायामय, आभासिक, काल्पनिक, भ्रम-विषयक।

pharbitis फ़ारबाइ'टिस् n. (चि०) काला दाना।

Phar. Pharm., Pharmacy; Pharmaceutical; Pharmacopoeia.

Pharisaic, -al फैरिसे'इक्, -ॲल् aa. पारसी, फारसी, ईरानी; बकध्यानी, ढोंग।

Pharisaicalness –नि॑स n. पारसीत्व, फारसीपन, ईरानीपन; बकध्यान, ढोंग।

pharmaceutic, -al फार्मे॑स्यू(क्यू)'टिक्, -ॲल् a. (चि०) **औषधीय, औषध-निर्माण-सम्बन्धी**; भेषज-, भैषजिक, (रसा०) **भेषजीय,** वैद्यक-विषयक; भेषज-विक्रय-सम्बन्धी, दवाफरोशी^F का; ~ chemistry (रसा०) **भेषज-रसायन; औषध-रसायन;**
~ chemist, ~ equipment, ~ expert, ~ oven, ~ process, ~ service.

pharmaceutics –क्स् n. भैषिजिक, औषध-निर्माण-तत्व, (चि०) **औषध-निर्माण-विज्ञान,** भेषज-शास्त्र, औषध-विज्ञान।

pharmaceutist ⊙ –टिस्ट् n. = PHARMACIST.

pharmacist –'मॅसिस्ट् n. भेषजविद्, वैद्य, (चि०) **औषधकारक,** भेषजिक, औषध-विक्रेता।

pharmacodynamics ⊙ फार्मे॑कॉडिनै'मिक्स् n. भैषजिकी^F, भेषज-विज्ञान, वैद्यक, वैद्की^F, दवागीरी^F; भेषजगति-ज्ञान; (चि०) **औषधप्रभाव-विज्ञान।**

pharmacognosist फार्मेकॉग्'नॅसिस्ट् n. (वन०, चि०) **औषध-प्रकृतिज्ञ, औषध प्रकृतिविद्,** भेषज-व्यक्तिवेत्ता।

pharmacognosy –सि n. (वन०, चि०) **औषध प्रकृति विज्ञान, भेषज विज्ञान,** भेषज व्यक्ति विज्ञान।

pharmacologist फार्मे॑कॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) **औषध-प्रभावविद्**; औषधज्ञानी, अत्तार।

pharmacology फार्मे॑कॉ'लॅजि n. = PHARMACODYNAMICS.

pharmacopoeia फार्मे॑कॅपी'ॲ n. भेषजग्रन्थ, भेषज-संहिता^F, औषध-सूचीपत्र, (कृषि०, चि०) **मान्य औषध-कोश, भेषजसंग्रह,** भैषज्य-कल्पना विधि^F, भैषज्य-संग्रह औषध-संचय।

pharmacopoeial, -an फार्मे॑कॅपी'ॲल्, -अन् aa. भेषज-संहितानुरूप (~ *preparation*); ~ drug (रसा०) **मान्य औषध।**

pharmacy फार'मॅसि n. (कृषि०, चि०) **औषध; औषधनिर्माण शास्त्र,** भैषजिकी^F, भैषज्य-विज्ञान, **औषध-निर्माण-विज्ञान,** भैषज्यज्ञान; औषधक्रिया^F; औषधनिर्माण; (कृषि०, चि०) **औषधनिर्माणशाला^F**; औषध-कल्पना^F; औषधालय, भेषजालय, दवाखाना, **फार्मेसी^F**; T.

Pharoah फेॲ'रो n. मिस्री बादशाह, फेरोहा; ~'s serpent फेरोहा सर्प (खिलौना)।

pharology फेरा'लॅजि n. प्रकाश-संकेतिकी^F, प्रकाश-संकेत-विज्ञान, प्रकाश-संकेत-शास्त्र, तटपरसे प्रकाश द्वारा संकेत करनेकी पद्धति^F।

pharos फेॲ'रॉस् n. दीपगृह, प्रकाश-स्तम्भ, पथ-दर्शक स्तम्भ।

pharyngal, pharyngeal फॅरिन्'गॅल्, फॅरिन्'जि॑-ॲल् aa. (चि०, जीव०) **ग्रसनी-, ग्रसनीय,** उपालि-जिह्वाय, अन्ननालिका-सम्बन्धी;
~ artery, ~ bursa, ~ ganglion, ~ isthmus, ~ nephridia, ~ nerve, ~ plexus, ~ pouch, ~ pouches, ~ recess, ~ ulcer, ~ vein.

pharyngitis फरिन्जाइ'टिस् n. (कृषि०) **ग्रसनी-शोथ,** उपालिजिह्वा-प्रदाह, गलकोष-प्रदाह, गलेकी झिल्ली^F की सूजन^F।

pharyng(o)- ग्रसनी- (~*cele*, ~*tomy*)।

pharyngology फॅरिन्गॉ'लॅजि n. ग्रासनिकी^F, ग्रसनी-विज्ञान, गलेकी रचना, कार्य और रोगोंका शास्त्र।

pharyngoscope फॅरिन्'गॅस्कोप n. ग्रसनीक्ष, ग्रसनी-दर्शी, ग्रसनीदर्शक, ग्रसनीदर्शक यन्त्र।

pharyngotomy फॅरिन्गॉ'टॅमि n. ग्रसनी-छेदन, गल शस्त्रक्रिया^F।

pharynx फै'रिन्क्स् n. (pl. *pharynges*) (चि०, कृषि०, जीव०) **ग्रसनी^F**, गला; T.

phase फेज़ n. **रूप,** स्वरूप, **रूपत्व,** दर्शनभेद, दर्शन, आकार, आकृति^F; **अवस्थान, प्रावस्था^F, अवस्था^F,** दशा^F, गति^F, (रसा०, भौ०, ज्यौ०) **कला^F,** क्रमावस्था^F, विकासकी अवस्था^F; काल, युग, संक्रान्ति; (यंत्र०) **वेधन-त्रुटि^F**; ~ of plasticity (चि०) **सुनम्यता^F की स्थिति^F**;
~ angle, ~ difference, ~ displacement, ~ distortion, ~ lines, ~ modulation, ~ reversal, ~ rule, ~ separation, ~ space, ~ transition, ~ velocity, ~ voltage, ~ volume.

phased –ड् a. पर्वबद्ध, अवस्थाबद्ध, क्रमिक;
~ development, ~ programme.

phasic फे'ज़िक् a. कलात्मक, कलाविषयक, प्रावस्था-सम्बन्धी, विकासकी अवस्था^F का; स्वरूपात्मक।

phasis फे'सिस् n. (विशे० ज्योतिर्विज्ञानमें) = PHASE.

Ph.B. *Philosophiae Baccalaureus*, Bachelor of Philosophy.

Ph D. *Philosophiae Doctor*, Doctor of Philosophy.

P.H.D. Public Health Department.

P.H.E. Public Health Engineer.

pheasant फे॑'ज़न्ट n. जीवन, जीवक, जीवंजीव, चकोर, फीज़ैण्ट; ~-eyed जीवकाक्ष, जीवनाक्ष, चकोर जैसी

आँखवाला (पुष्प)।

pheasantry फे`ज़ॅन्ट्रि n. जीवक-गृह, जीवंजीवगृह, जीवंजीवालय, तित्तिरकी नाँद^F, तीतिर पालनेकी जगह^F।

phecda –कड् n. (ज्यो०) **पुलस्त्य**।

phelloderm फे`लॅडॅर्म् n. (वन०) **कागत्वचा**^F।

phellogen फे`लॅजॅन् n. (वन०) **काग-एधा**^F।

phelloplastic फे`लॅप्लैस्'टिक् n. कार्कमें आकृति-उत्कीर्णन; कार्कमें उत्कीर्ण आकृति^F।

phenic फी'निक् a. कोलतारसे प्राप्त।

phen(o)- दर्श-, दृश्य- (~ *otype*, ~*-ology*, ~ *phenol*, ~ *phenyl*)।

phenogenetics फि`नॉजि`ने`टिक्स् n. (कृषि०) **दृश्य रूपानुवंशिका**^F।

phenol फी'नॅल् n. दर्शव, प्रांगविक अम्ल, (चि०, रसा०) **फीनोल**, कार्बोलिक एसिड (~ *salt*)।

phenological फीनॅलॉ'जिकॅल् a. जीवर्तु-सम्बन्धी, जलवायु-प्रभावात्मक।

phenology फीनॉ'लॅजि n. फलोद्गमिकी^F; (कृषि०) **ऋतुजैविकी**^F (~*observation*); जीवर्तु-विज्ञान, जलवायु-प्रभाव-विज्ञान (वह विज्ञान जिसमें पशुपक्षियोंपर जलवायु^Fके प्रभावका अध्ययन किया जाता है)।

phenomenal फि`नॉ'मि`नॅल् a. दृश्य, दृश्यरूप, गोचरीय, दृग्विषय, इन्द्रिय-ग्राह्य, प्रत्यक्ष; दृष्टि-विषयक, नेत्रविषय-सम्बन्धी; (*Avin*) **तत्त्व-सम्बन्धी**, घटना या रूप या वस्तु-सम्बन्धी; अद्भुत, विलक्षण, अपूर्व; चमत्कारिक, अलौकिक; उल्लेखनीय, विचारणीय; व्यावहारिक; ~ world दृश्यजगत्।

phenomen(al)ist फिनॉ'मि`न्(अॅल्)इस्ट n. प्रत्यक्ष-ज्ञानवादी, दृष्टिज्ञानवादी।

phenomen(al)istic फि`नॉमि`न्(अॅल्)इस्'टिक् a. प्रत्यक्षवाद-सम्बन्धी, प्रत्यक्षज्ञानवादितापूर्ण, दृष्टि-ज्ञानवादी।

phenomenalize फि`नॉमि`नॅलाइज़् v.t. दृश्य बनाना, दर्शनीय करना, दृष्टिगोचर बनाना।

phenomenology ⊙ फिनॅमिनॉ'लॅजि n. (शिक्षा०) **घटना-क्रिया-विज्ञान**।

phenomenon फि`नॉ'मि`नॅन् n. (pl. *-ena*) प्रत्यक्ष वस्तु^F, साक्षात् विषय, दृश्य वस्तु^F; दृष्टिगत वस्तु^F, गोचर विषय, दृश्य, **आभास**, **प्रतिभास**; चमत्कार; व्यापार, **क्रिया**^F; **प्रपंच**; **दृश्य घटना**^F, दृश्य जगत्; प्रतीति-विषय; **घटना**^F, वृत्त; **तत्त्व**, तत्त्व अनुलक्षण; लक्षण; (दर्शन) प्रत्यक्षज्ञान-विषय, साक्षात् ज्ञान-विषय।

phenotype फी'नॅटाइप n. सम रूप, (जीव०, कृषि०, प्राणि०) **दृश्य रूप**, **दृश्य आकृति**^F, (चि०, प्राणि०) **व्यक्त गुणोपलक्षण**, **फीनोटाइप**।

phenotypic ⊙ –टि'पिक् a. (वन०) **दृश्य रूपी**।

phenyl फे`(फी)'निल् n. दर्शतैल, (चि०, शा० र० शा०, रसा०) **फिनायल**;

~ acrolein, ~ alanine, ~ amine, ~ butylene, ~ chloroform, ~ glycine, ~ hydrazine, ~ hydroxylamine, ~ ketonuria.

pherkad फर्कॅड n. (ज्यो०) **फेरकाद**, **तृतीय लघु सप्तर्षि**।

phew फीऊ intr. धिक्-धिक्!, छी-छी!; छिः-छिः!, हरे-हरे!

phi फाइ n. यूनानी वर्णमाला^Fका फ।

phial फाइ'अॅल् n. काचकूपिका^F, लघुकुपी^F, छोटी शीशी^F।

phialiform फाइअै'लिफ़ार्म् a. शीशी^Fके आकारका।

phil- = PHILO.

Phil. Philippians; Philadelphia; Philology; Philosopher; Philosophy.

philander फिलैन्'डॅर् v. i. कामातुर होना, आसक्त होना, अनुरक्त होना, आशिक होना, दीवाना होना, छिछोरपन करना।

philanderer फिलैन्'डॅरॅर् n. कामलोलुप, कामातुर, आसक्तिप्रदर्शक, दिलफेंक, आशिक।

philanthrope फि'लॅन्थ्रोप n. = PHILANTHROPIST.

philanthropic, -al फिलॅन्थ्रॉ'पिक्, -अॅल् aa. सहचर-प्रेमी, सखाप्रेमी, मित्रानुरागी; लोकानुरागी, विश्वमित्र, लोकार्थ (~ *association*), धर्मार्थ (~ *institution*), लोकहितेच्छु, लोकबन्धु, जन-हितैषी; उदार, दयालु, परोपकारी, **दानी**, दयावान्; ~ association (राज०) **लोकहितैषी संस्था**^F; ~ institution (राज०) **लोकोपकारी संस्था**^F, लोकोपकारक संस्था^F।

philanthropism फिलैन्'थ्रॅपिज़्म् n. सर्वभूतवाद, मानव-प्रेम, जनसहानुभूति, लोकानुराग, परोपकार, समाजसेवा^F।

philanthropist फिलैन्'थ्रॅपिस्ट n. मानवसुहृद्, मानव-प्रेमी व्यक्ति; लोकाराधक, जनहितैषी, परोपकारी, समाज-सेवक।

philanthropize फिलैन्'थ्रॅपाइज़् v. i. & t. मानव-प्रेमी होना या बनाना; लोकाराधक होना या बनाना, परोपकारी होना या बनाना, समाजसेवक होना या बनाना।

philanthropy फिलैन्'थ्रॅपि n. (मानवजाति^Fके प्रति) प्रीति^F, प्रेम, आसक्ति^F, सहानुभूति^F, उदारता^F; विश्वप्रेम, विश्वबन्धुत्व, मानवसौहार्द, (दर्श०) **मानव-प्रेम**, **लोक-हित**, **लोकोपकार**, परोपकार, लोककल्याण।

philatelic फिलॅटे`लिक् a. टिकटसंग्रह-विषयक, स्टाम्पसंचय सम्बन्धी (~ *Bureau*)।

philatelist फिलै'टॅलिस्ट् n. टिकटसंग्रही, **टिकट-संकलक**, स्टाम्पसंचयी (व्यक्ति)।

philately फिलै'टॅलि n. टिकटसंग्रहण, **टिकट-संकलन**, स्टाम्पसंचयन।

philharmonic फिलार्मो`निक् a. संगीतानुरागी, संगीतप्रेमी।

philhellene फि'लॅलीन a. & n. यूनान प्रेमी।

philhellenist फिलॅ`लि`निस्ट् n. यूनानवादी, यूनान-प्रेमी।

philibeg फि'लिबे`ग् n. (स्काट०) घुटनेतकका पेटीकोट।

philippic फिलि'पिक n. (pl.) शाप, निन्दापूर्ण वाक्य, भर्त्सना^F; मकदूनियाके फिलिपके विरुद्ध डिमास्थनीजके

अभिभाषण, एण्टनीके विरुद्ध सिसेरोके भाषण ।

philippina, -pine, philopoena, -opena ⊙ फिलिपीं'न्, -पीनॅ, फिलॅपी'नॅ, -ऑपी'नॅ nn. (भोजमें) बादाम या दो गिरीवाले अन्य मेवेका प्रतिदान, भेंट, उपहार ।

philippize फि'लिपाइज़् v.i. फिलिप्पिक-शैली^F में लिखना या बोलना ।

philistinism फि'लिस्टिनिज़्म् n. आधुनिक फिलिस्तीन-विचारपद्धति^F ।

-phill, -phile, philic -प्रिय (*chloro* ~) ।

philo- -प्रिय, प्रेमी, -आसक्त, -लोभी, -लोलुप (~*biblic*, ~ *gynist*, ~ *math*, ~ *progenitive*, ~ *technic*) ।

philogyny फिलॉ'जिनि n. नारीप्रेम, स्त्री-अभिलाषा^F, औरतों^F के प्रति इच्छा^F ।

philologer, philologian, फिलॉ'लॅजॅर्, फिलॅलो'जिॲन् nn. भाषाशास्त्री, भाषावैज्ञानिक, भाषानुरागी, भाषातत्त्वज्ञ ।

philological फिलॅलॉ'जिकॅल् a. भाषाशास्त्रीय, भाषाविज्ञानीय ।

philologist –लॉ'लॅजिस्ट् n. भाषाविद्, भाषाविज्ञानी, भाषाशास्त्री, भाषातत्त्वज्ञ ।

philologize –जाइज़् v.i. भाषाशास्त्रकी दृष्टि^F से परखना, भाषाविज्ञानके सिद्धान्तोंपर आधारित करना ।

philology –जि n. भाषाशास्त्र, भाषाविज्ञान, भाषातत्त्व ।

philomath फि'लॅमैथ् n. ज्ञानप्रेमी, विद्याप्रेमी, विद्याभक्त, ज्ञानसेवी, ज्ञानीप्सु, ज्ञानेच्छु, ज्ञान चाहनेवाला ।

philomathic –'थिक् a. ज्ञानप्रेमी-विषयक, विद्या-सम्बन्धी, ज्ञान-, ज्ञान-विषयक, ज्ञानीप्सायुक्त, ज्ञानी ।

philomathy फिलॉ'मॅथि n. ज्ञानप्रेम, ज्ञानेच्छा^F, विद्याप्रेम, विद्याभक्ति^F, ज्ञानीप्सा^F, ज्ञान प्राप्त करनेकी उत्सुकता^F ।

Philomel, Philomela फि'लॅमे`ल, फिलॅमी'लॅ nn. (का०) कलाविकल, सारिका^F, मैना^F, फिलोमेल, फिलोमेल कथा^F की बुलबुल^F ।

philop(o)ena फिलॅपी'नॅ n. दे० PHILIPPINA.

philoprogenitive फिलॅप्रॅजे`'निटिव् a. बहुप्रज, बहुप्रसव, बहुफलदायक; प्रजननशील, प्रसवशील; उर्वर, उपजाऊ; आढ्य, सम्पन्न, प्रभूत ।

philoprogenitiveness –निस् n. बहुप्रजता^F, बहुप्रसवता^F, बहुफलदायकता^F; प्रजननशीलता^F, प्रसवशीलता^F; उर्वरता^F, उपजाऊपन; सम्पन्नता^F, आढ्यता^F ।

philosophaster फिलॉ'सॅफैस्टर् n. ढोंगी दार्शनिक ।

philosopher, philosophe –फॅर्, फि'लॅसाफ् nn. दार्शनिक, दर्शन-शास्त्री, तत्त्वज्ञ, तत्त्वविद्, तत्त्ववेत्ता, दर्शनज्ञ, तात्त्विक; प्रज्ञावान्, ज्ञानी, पण्डित, स्थितप्रज्ञ, स्थितधीः; (गुण०) दृढ़चित्त, स्थिरात्मा, निर्वेदपूर्ण, शान्तचित्त; अध्यवसायी; moral ~ नीतिदार्शनिक, नीतिशास्त्री, आचारदर्शनविद्; natural ~ प्रकृति-दर्शनविद्, प्रकृतितत्त्ववेत्ता, प्रकृतिज्ञानी; ~'s stone (रसा०) **पारसमणि**, स्पर्शमणि, चिन्तामणि, **मणि**, (रसा०) **पारस पत्थर**, ~'s wool (रसा०) **यशद पुष्प, जस्तके फूल** ।

philosophic, -al –लॅसॉ'फिक्, -ॲल् aa. दार्शनिकतापूर्ण, दार्शनिक, दर्शनशास्त्रीय, तात्त्विक, ब्रह्मशास्त्र-विषयक; दर्शनोपासक, दर्शनशास्त्र-पटु; ज्ञानपर, प्रज्ञावान्, धीमान्, सुज्ञ; संयमी, निर्विकार, मृदु, शान्त; उदार, सन्तुलित; नीतिवान्; ~ intuitionism (दर्श०) **दार्शनिक अन्तः प्रज्ञावाद** ।

philosophism –लॉ'सॅफिज़्म् n. दार्शनिकतावाद, दार्शनिकता^F, शास्त्रज्ञानपरता^F ।

philosophist –फिस्ट् a. दार्शनिकतावादी, तत्त्वज्ञानी, ब्रह्मज्ञानी, दर्शनशास्त्रपरता^F ।

philosophistical –'टिक् a. कुतर्क-विषयक; वितण्डावादी, हुज्जती; युक्त्याभास-विषयक, सिद्धान्ताभास-सम्बन्धी, मिथ्यानुवादयुक्त ।

philosophize –फ़ाइज़् v.i. & t. दार्शनिकके अनुरूप आचरण करना, शास्त्रीय निरूपण करना, दार्शनिकता^F के रंगमें रँगना; तत्त्वनिरूपण करना, सिद्धान्त प्रतिपादन करना, मनन करना, अनुध्यान करना; आचारवान् बनाना, नैतिक बनाना; नैतिक रूपसे तर्क करना ।

philosophizer –ज़ॅर् n. दार्शनिकवदाचरणशील व्यक्ति, शास्त्रज्ञानमय व्यवहार करनेवाला, दार्शनिकता^F के रँगमें रँगनेवाला; तत्त्वनिरूपयिता, सिद्धान्त-प्रतिपादयिता; अनुध्येता, मनन करनेवाला; दर्शन अथवा नीति^F-के अनुकूल बनानेवाला, नैतिक बनानेवाला ।

philosophy –फि n. शास्त्र, तत्त्व, विद्या^F, दर्शन, दर्शनशास्त्र, ब्रह्मज्ञान, तत्त्वमीमांसा^F, तत्त्वज्ञान; (pl.) दार्शनिक सिद्धान्त, दार्शनिक प्रणाली^F; जीवन-दर्शन, जीवनपथ-प्रदर्शक सिद्धान्त; विरक्ति^F, वैराग्य, त्याग, मायामुक्ति^F; पावित्र्य, साधुता^F; moral ~ आचार-दर्शन, नीतिशास्त्र; natural ~ प्राकृत दर्शन, प्रकृतिशास्त्र; ~ of life (शिक्षा०) **जीवन-दर्शन** ।

philotechnic फिलॅटे`क'निक् a. शिल्पप्रेमी, कलाप्रिय ।

Phil. Soc. Philological Society, Philosophical Society.

Phil. Trans. Philosophical Transactions.

philtre, -ter फिल्'टॅर्, -टॅर् n. मोहन-रस, प्रेम-रस; मन्त्रौषधि^F, वशीकरण चूर्ण; मोहनी^F, टटका ।

philtrum ⊙ फिल्'ट्रॅम् n. (चि०) **ओष्ठ-खात** ।

phimosis फिमो'सिस् n. (चि०) निरुद्ध प्रकाश, निरुद्धमणि^F; (शिश्नच्छदके द्वारकी अतिसूक्ष्मता^F) ।

phisiotherapy ⊙ फिजिॲथे`'रॅपि n. (चि०) जलवायु सूर्य-चिकित्सा^F ।

phlebitic फ्लॅबि'टिक् a. (चि०) शिरा-शोथ-सम्बन्धी, स्नायुप्रदाह-सम्बन्धी ।

phlebitis –बाइ'टिस् n. (चि०) शिरा-शोथ, शिरा-प्रदाह, (कृषि०) **शिरार्ति^F, स्नायु-प्रदाह** ।

phlebo- शिरा-, स्नायु-, धमनी-, नस- (~ *lite*,

~ *lith*)।

phlebology फ्लिबॉ'लॅजि n. नीला-विज्ञान, नीला-शास्त्र, (चि०) शिराचिकित्सा-विभाग; शिराविज्ञान, नाड़ी-विज्ञान, नाड़ी-शास्त्र।

phlebotomist –'टॅमिस्ट् n. (चि०) शिरावेध विशेषज्ञ, नीलोद्भेत्ता, नाडीछेत्ता, रक्तस्रावके लिए शिरा काटनेवाला।

phlebotomize –माइज् v.t. (चि०) (सिरोवेधसे) रक्तस्राव करना, खून निकालना; नीलावेध करना, शिरा-वेधन करना, नाड़ीवेध करना, नीलावेधन करना; नाड़ी[F] काटना, फस्द खोलना।

phlebotomy –मि n. (कृषि०) शिराशल्यक्रिया[F], शिरावेध, शिरावेधन, नीलावेध, नीलावेधन, नाड़ी[F] काटना; रुधिरस्राव, रक्तमोक्षण, फस्द खोलना।

phlegm फ्ले`म्' n. श्लेष्मा, कफ (त्रिदोषमें एक) बलगम, खखार; (चि०) कफ (मुखसे निकलनेवाला); शीत, सर्दी[F]; मान्द्य, जाड्य; कफस्वभाव, कफजन्य आलस्य; निर्जीवता[F], उदासी[F], मुर्दादिली[F]।

phlegmagogue फ्ले`ग्'मगॉग् n. श्लेष्मोत्सारक औषध[F], कफोत्सारक दवा[F]।

phlegmasia फ्लेग्मे'सि(शि)अॅ n. दाह, प्रदाह, शोथ, सूजन[F]; (चि०) ~ albadolens (चि०) श्वेतपादशोथ।

phlegmatic, phlegmy फ्ले`ग्मैटिक्, फ्ले``मि aa. श्लेष्मज, कफी; कफकर, श्लेष्माजनक, कफ उत्पन्न करनेवाला; जड़, मन्द, धीमा।

phlegmon फ्ले`ग्'मॅन् n. (चि०) अवकाशी ऊतक-का सपूय शोथ; अर्बुद, शोथव्रण, गिल्टी[F], गोटी[F], बतौरी[F], गुल्ला, फोड़ा, फुंसी[F]।

phlegmonic, phlegmonous –मॉ'निक् aa. (चि०) अवकाशी सपूयशोथकर; अर्बुदी, फुंसीदार, गिल्टी-दार; श्लेष्मोत्पन्न, दाहक।

phlegmy फ्ले``मि a. श्लेष्मीय, कफ-विपाक, बलगम-वाला, खखारका; (चि०) अवकाशी पूययुक्त शोथ जनक।

phloem फ्लो'अे`न् n. (वन०) वल्कल, अन्तस्त्वक्, आन्तर छाल[F], तन्तु-सम्बद्ध छाल[F]; अधोवाहीत्वचा[F]; (कृषि०, वन०) T;

~ fibre, ~ island, ~ necrosis, ~ parenchyma, ~ ray.

phlogistic फ्लॅजि(गि)स्'टिक् a. शोथ-विषयक, प्रदाह-सिद्धान्त-सम्बन्धी; (चि०) शोथकारी, सूजनकार; प्रादाहिक, प्रदाह्य, ज्वलनशील।

phlogiston –'टॅन् n. ज्वलनशीलता[F]; दाहतत्त्व, प्रदाह-सिद्धान्त।

phlogosis –लॅगो'सिस् n. दाह, प्रदाह, शोथ, सूजन[F]; विसर्प।

phlorizin फ्लॅराइ'ज़िन्, फ्ला'रिज़िन् n. (चि०) अनेक फल वृक्ष मूल स्तोंसे प्राप्त विषमज्वर-नाशक एक ग्लूको-साइड, फ्लोरिज़िन. (रसा०, चि०) T.

phlox फ्लॉक्स् n. [illegible]

phlyctenules [illegible] n. [illegible]

एक नेत्र रोग; स्फोटिका[F]।

-phobe -भय, -भी (*hydro* ~, *Anglo* ~, *Russo* ~)।

-phobia -भी, -भय, -विरक्ति, -घृणा (*hydro* ~, *Anglo* ~, *exeno* ~)।

phobia फो'बिअॅ n. (शिक्षा०, चि०) संत्रास, त्रास, भीति[F], भय, आतंक, भयातुरता[F]; विरक्ति[F], घृणा[F], अनिच्छा[F]।

phoca फो'कॅ n. सील मछली[F]।

Phoebus फी'बॅस n. (यूनानी) सूर्य देवता।

phoenix फी'निक्स् n. (पौरा०) कुकुंस, अमरपक्षी, (ज्यौ०, वन०) गृध्र, फीनिक्स; (ला०) सर्वोत्कृष्ट, अति-श्रेष्ठ, अपूर्व, अतुलनीय, शिरोमणि; ~ acaulis (वन०) T., (खजूरी[F]); ~ dactylifera (वन०) T; (खजूर); ~ humilis (वन०) T; (छोटा खजूर); ~ sylvestris (वन०) T; (ताड़ी[F]का पेड़)।

phon फॉन्' n. (भौति०) ध्वनिघनत्वमापक यन्त्र; (शिक्षा०) ध्वनन, स्वरण; (भौ०) T.

phon., phonet. phonetic(s).

phonate फो'नेट् v.i. ध्वनि[F] करना, स्वर निकालना, अव्यक्त शब्दोच्चारण करना।

phonation फॅने'शॅन् n. ध्वनन, स्वरण, (चि०) शब्दोच्चार; ध्वनिनिःसारण, अव्यक्त स्वरोच्चारण।

phonatory फो'नॅटॅरि a. ध्वनीय, अव्यक्त स्वरोच्चारण-सम्बन्धी।

phonautograph फॅनॉ'टॅग्राफ् n. (शिक्षा०) ध्वनि-तरंगलेखी, ध्वनिलेखक, (शब्दस्फुरणको अंकित करने-वाला यन्त्र), फोनाटोग्राफ।

phone[1] फोन्' n. भाष, दूरभाष, टेलीफोन; ध्वनि[F], स्वर; T. (~ *board*)।

phone[2] v.t. & i. दूरभाष द्वारा संलाप करना, टेलीफोनसे बात[F] करना।

phoneme फो'नीम् n. ध्वनिग्राम, स्वनग्राम, गणध्वनि[F]।

phonemic फॅने``मिक् a. ध्वनिग्रामीय, स्वनग्रामिक, गणध्वनि-।

phonemics ○ –क्स् n. ध्वनिग्राम-विचार, स्वनशास्त्र।

phonendoscope फॅने`न्'डॅस्कोप् n. सूक्ष्मध्वनि-यन्त्र, ध्वनिश्राव्यकर-यन्त्र।

phonetic फॅने``टिक् a. उच्चारण-, ध्वनि-, ध्वनीय, ध्वन्यात्मक, ध्वनिकीय, ध्वनि-सम्बन्धी, ध्वनिप्रतीक-विषयक; ध्वन्यनुरूप, ध्वनिसंवादी; ~ spelling ध्वन्यात्मक वर्तनी[F];

~ change, ~ decay, ~ evolution, ~ law, ~ modification, ~ script, ~ transcription.

phonetician फोनि`टि'शॅन् n. ध्वनिशास्त्री, ध्वनि-[illegible]।

phoneticism [illegible] n. [illegible]

phoneticist –सिस्ट् n. ध्वनिवादी, ध्वन्यात्मकतावादी, ध्वनिवर्तनीवादी।

phoneticize –साइज़् v.t. ध्वनिसंगत बनाना, ध्वनि^F-का प्रतीक बनाना, प्रत्येक ध्वनि^F के लिए पृथक अक्षर निर्धारित करना।

phonetics –'टिक्स् n. शिक्षा^F, ध्वनिविज्ञान, ध्वनि-शास्त्र, ध्वनिविचार, उच्चारणशास्त्र।

phonetist फो'नि'टिस्ट् n. शिक्षाशास्त्री, ध्वनिवैज्ञानिक, ध्वनिशास्त्री, ध्वनितत्ववादी, उच्चारणशास्त्री।

phoney, -ny फो'नि, -नि a. (अमेरिकी: ग्रा०) छद्मपूर्ण, काल्पनिक, असत्य, मनगढ़न्त, कपोलकल्पित, नकली, झूठा (~ *war*)।

phoniatrics फोनिॲ'ट्रिक्स् n. (चि०) ध्वनिदोष-चिकित्सा^F; ध्वनिदोष-विचार, स्वनदोषाध्ययन; प्रति-ध्वनिकी^F, प्रतिध्वनिविज्ञान, प्रतिध्वनिशास्त्र।

phonic फॉ(फो)'निक् a. ध्वनीय, ध्वनियुक्त, नादीय, स्वरीय, श्रवण-सम्बन्धी; शब्दीय, शाब्दिक; ~ method ध्वनि-रीति^F, ध्वन्यात्मक शिक्षण-विधि^F, ~ wheel (भौ०) **ध्वनिचक्र; ध्वनिपहिया**।

phono- ध्वनि- (~ *logy*, ~ *meter*, ~ *pore*, ~ *scope*, ~ *type*)।

phonocamptic⊙ फोनॅकैम्प्'टिक् a. प्रतिध्वनि-विक्षेपी, प्रतिध्वनि-विक्षेपक, ध्वनि^F का मार्ग बदलनेवाला, गूँजवाला।

phonog. phonography.

phonogenic⊙ फोनॅजे'निक् n. मधुराभाषी, सुवाणी, सुवक्ता, मीठी बोली^F बोलनेवाला।

phonogram फो'नॅग्रैम् n. ध्वनिग्राम, ध्वनिचिह्न, ध्वनिसंकेत, ध्वनिप्रतीक; ध्वनिलेख, ध्वन्यांक, **फोनतार**, (~ *section*), (विद्यु०, यंत्र०) **फोनोग्राम**।

phonograph¹ फो'नॅग्राफ् n. ध्वनिलिख, ध्वन्यांक, ध्वनिलेखनयंत्र, रेखभाष, (विद्यु०, यंत्र०, भौ०) **फोनोग्राफ** (~ *transcription*), ग्रामोफोन⊙।

phonograph² v.t. अंकित करना, ध्वन्यांकन करना, अभिलिखित करना, (ध्वनि^F को) पुँजीभूत करना, रेकार्ड भरना।

phonographer, phonographist फॅनॉ'ग्रॅफॅर, -फिस्ट् nn. आशुध्वनिकार, ध्वनिसंक्षेपकार, फोनोग्राफर।

phonographic फोनग्रै'फिक a. शीघ्रध्वनीय; शीघ्र-ध्वनिविद्या-सम्बन्धी।

phonography फॅनॉ'ग्रॅफि n. (ध्वनि०, वाणि०) **ध्वनिलेखन**, ध्वनिसंचयन, ध्वनिपुंजीकरण, शीघ्रध्वनि-विद्या^F, फोनोग्राफी^F।

phonologic, -al फोनॅलॉ'जिक्, -ॲल् aa. शब्द-विज्ञानविषयक, ध्वनिशास्त्रीय।

phonologist फॅनॉ'लजिस्ट् n. शब्दवैज्ञानिक, ध्वनि-शास्त्री।

phonology –जि n. ध्वनिकी^F, ध्वनि-विज्ञान, ध्वनिशास्त्र, शब्दविद्या^F, शब्दविचार।

phonometer –'मि टॅर n. (शिक्षा०, भौ०) ध्वनि-मापी, ध्वनिमाप, स्वरमापी, स्वरमापक यन्त्र; T.

phonometry –ट्रि n. (भौ०) **ध्वनिमिति^F**।

phonopathy –'पॅथि n. ध्वनि-भ्रंश, शब्द-भ्रंश, ध्वनि-विकार, कण्ठ-विकार, स्वरयन्त्र-विकार।

phonophore फो'नॅफोॲर् n. ध्वनियन्त्र, फोनतार, तारफोन, (यन्त्र जिससे फोन और तार दोनों होता है); (चि०) कानकी छोटी हड्डी^F।

phonophorous फॅनॉ'फॅरॅस् a. फोनतार-विषयक, तारफोन-सम्बन्धी।

phonoscope फो'नॅस्कोप् n. ध्वनिदर्श, ध्वनितरंग-दर्श, ध्वनितरंगदर्शक यन्त्र, (विद्युत-यन्त्र जिससे ध्वनियाँ^F स्पष्ट दिखायी पड़ती हैं)।

phonotype फो'नॅटाइप् n. ध्वनिमुद्र।

phonotypy –'नॅटाइपि n. ध्वनिमुद्रण।

phony फो'नि a. (⊙ग्रा०) कृत्रिम, असत्य, झूठा, बनावटी।

-phore, -phorous -भर, -धर (*carpo* ~, *sema* ~)।

phormium फॉर्'मिॲम् n. करण्डपर्ण, (कुमुदिनी-सदृश एक पौधा, न्यूजीलैण्डका सन या पटसन), फॉरमियम।

phosgene फॉस्'जीन् n. भासज, कार्बन-आक्सी-क्लोराइड, (रसा०, चि०) T.

phosphate फॉस्'फेट् n. स्फुर अम्ल, भास्वीय लवण या क्षार, (चि०, रसा०, भौ०) **फास्फेट** (~ rock); (विशे० pl.) चूने, लोहे और फिटकिरी^F के क्षार।

phosphatic –'टिक् a. भास्वीय, **फास्फेटी** (कृषि०) **फासफौरस, फासफोरसीय;**
~ deposits, ~ limestone, ~ manure, ~ nodules, ~ slag.

phosphatize –'फेटाइज़् v.t. स्फुर अम्ल बनाना, भास्वीय लवण बनाना, भास्वीय क्षार बनाना, (रसा०) **फास्फेट बनाना**।

phosphene फॉस'फीन् n. भासा, प्रकाशमण्डल, आभादृश्य, तेजपुंज, तिलूना, (आँख^F की पुतली^F दबाने या कमजोरी^F के कारण दीख पड़नेवाला) प्रकाश-मण्डल, तिलमिल।

phosphide –फ़ाइड् n. भास्वेय, (रसा०) **फासफाइड**।

phosphine –इन् n. (रसा०) भास्वी, (रसा०) **फास्फाइन**।

phosphite –इट् n. भास्वित, भास्वरलवण, फास्फाइट।

phosphor –फ़र् n. **संदीपक**, T. (~*bronze*, ~ *tin*)।

phosphorate –फॅरेट् v.t. भास्वरण करना, फास्फेट मिलाना, फास्फोरसमें मिलाना।

phosphorated–टिड् a. भास्वरित (~*hydrogen*)।

phosphor-bronze –र्-ब्रॉन्ज् n. भास्वर कांस्य, (रसा०) **फॉस्फर कांस्य, फास्फर कांसा**, फासफोरसयुक्त काँसा।

phosphoresce फॉस्फॅरे'स् v.i. स्फुरित होना, भास-

मान होना, **स्फुरदीपन करना,** स्फुरदीप्त होना, चमकना, कान्तिमय होना, दमकना, जगमगाना।

phosphorescence –रे´सॅन्स् n. भासा, दीप्ति^F, कान्ति^F, स्फुरण, (नौवि०, भौ०,रसा०, भू०) **स्फुरदीप्ति^F,** ज्योति^F, आलोक, दमक^F, चमक^F, जगमगाहट^F।

phosphorescent –सॅन्ट् a. भासमान्, दीप्त, कान्त, स्फुरित, (रसा०, भौ०) **स्फुरदीप्त,** ज्योतित, आलोकित, चमकता; जगमगाता; ~organs (जीव०) **स्फुरदीपी अंग।**

phosphoric –फॉ'रिक् a. दे० PHOSPHORUS, ~acid.

phosphorism –'फॅरिज़्म् n. (निदान०) फासफोरस रोग।

phosphorite –राइट् n. भास्वाथिज, फास्फोराइट, चूना मिला फास्फोरस।

phosphorize –राइज़् v.t. = PHOSPHORATE.

phosphor(o)- भास्वर- (~*genic*, ~*graph*, ~*scope*, ~*escene*)।

phosphorogenic –रॅजे´निक् a. भासोत्पादक, दीप्त्युत्पादक, कान्त्युत्पादक, स्फुरणोत्पादक, ज्योति^F उत्पन्न करनेवाला, आलोक उत्पन्न करनेवाला, जगमगाहट^F पैदा करनेवाला।

phosphorograph –'फॅरग्राफ् n. (रसा०, भौ०) **स्फुरदीप्तिलेखी,** भासालेख, भास्वर-चित्र, (स्फुरित या भासमान धरातलपर बना) अदृश्यमान चित्र।

phosphorographic –ग्रॅ'फिक् a. भासालेखीय, भास्वरचित्रीय, आभाचित्रकारी।

phosphorography –रॉ'ग्रॅफि n. स्फुरचित्रकला^F, आभाचित्रनिर्माण, भास्वरचित्रकारी^F।

phosphoroscope –फॅरॅस्कोप् n. (रसा०, भौ०) **स्फुरदीप्तिलेखी,** भासामान, स्फुरदीप्तिवीक्ष।

phosphorous, phosphoric –रस्, –फॉ'रिक् aa. भास्वर, भास्वरीय, फास्फोरसी, फास्फोरिक (~ *apparatus*)।

phosphorus –फॅरॅस् n. भास्वर, (रसा०) **फास्फोरस** (~*acid*)।

phosphuret(t)ed –फ्युअरे´टि´ड् a. भास्वरमिश्रित, फासफोरसके साथ रासायनिक रूपसे मिश्रित (~ *hydrogen*)।

phossy फॉ'सि a. दे० PHOSPHOROUS.

phot. photography.

photalgia⊙ फॅटैल्'जिअ n. (चि०) प्रकाशार्ति^F, भाशूल, प्रकाश-पीड़ा^F।

photic फॉ'टिक् a. भास-विषयक, दीप्ति-विषयक, कान्ति-सम्बन्धी, ज्योति-सम्बन्धी, आलोक-सम्बन्धी, प्रकाश-सम्बन्धी; भास-भेदित, कान्ति-पारित, ज्योति-भेदित, प्रकाश-पारंगत।

photism फो'टिज़्म् n. (शिक्षा०) दीप्तिभ्रम।

photo- भा- (~*genic*, ~*glyph* ~*meter*, ~*micrograph*, ~*phobia*, ~*phone*, ~*sphere*, ~*stat*, ~*telegraphy*, ~*type*, ~*zincography*)।

photo फो'टो n. & v t. (pl. -*s*) दे० PHOTOGRAPH; भा-, प्रकाश-;

~actinic, ~active, ~-activity, ~-album, ~-balance, ~-cathode, ~cell, ~-chronograph, ~-club, ~-disassociation, ~ disintegration, ~- effect, ~ ~electric, ~electric cell,~ electric effect, ~electric haemoglobinometer, ~ -electricity, ~ -electron, ~ -electrotype, ~- emission, ~ energy, ~-engraving, ~flash, ~goods, ~heliogram, ~ heliograph, ~ hyalography, ~ interpretation group, ~ interpretation team, ~ionisation, ~ -lithography, ~ luminiscence, ~-micrograph, ~-micrography, ~-microscope, ~ multiplier, ~officer, ~-oxidation, ~-period, ~-periodism, ~-phase, ~physical, ~physical change, ~polymerisation, ~ print, ~-printing, ~radiogram, ~receptive, ~-receptor, ~receptor organ, ~reconnaissance, ~relief, ~sculpture, ~section, ~ stage, ~ stimulus, ~ studio, ~- synthate, ~- synthetic, ~ tactics, ~ taxis, ~ telegram, ~ telegraph, ~telegraphy.

photocatalysis फोटॅकॅटै'लिसिस् n. (वन०, रसा०) **प्रकाश-उत्प्रेरण; प्रकाश-उत्प्रेरक।**

photocatalyst⊙ –कॅ'टॅलिस्ट् n. (वन०, रसा०) **प्रकाश-उत्प्रेरक; प्रकाशिक उत्प्रेरक।**

photochemical फोटॅके´मिकॅल् a. (कृषि०, रसा०, चि०) **प्रकाश रासायनिक;**

~action, ~decomposition, ~ effect, ~equivalance, ~excitation, ~induction, ~process, ~reaction, ~yield.

photochemistry –मि´स्ट्रि n. भा-रसायन, (रसा०) **प्रकाश-रसायन।**

photochrome फो'टॅक्रोम् n. वर्णचित्र, रंगीन फोटो^F।

photochromy –मि n. रंगीन चित्रकला^F या फोटोग्राफी^F।

photoconducting फोटॅकॅन्डक्'टिंग् a. (रसा०, भौ०) **प्रकाश चालकीय** (~*cell*)।

photoconduction –'शॅन् n. (रसा०, भौ०) **प्रकाशिक चालन, प्रकाश-संवहन।**

photoconductivity –टि'विटि n. (रसा०) **प्रकाशिक चालकता^F, प्रकाश-संवाहकता^F।**

photodecomposition फोटॅडि´कॉम्पॅज़ि'शॅन् n. (रसा०) **प्रकाशिक अवघटन; प्रकाश-विच्छेदन।**

photodissociation फोटॅडिसोसिए'शॅन् n. (रसा०

प्रकाश-विघटन।

photodynamic फोटॅडाइनॅ'मिक् a. (रसा०) प्रकाश गतिक, प्रकाश-चलता।

photoelasticity फोटॅइलैस्टि'सिटि n. (यंत्र०) प्रकाश-प्रत्यास्थता^F।

photofission फोटॅफि'शॅन् n. (रसा०) प्रकाश-खण्डन।

photogen फो'टॅजिन् n. (प्राणियोंमें) भासक अंग, प्रकाशोत्पादक या रोशनी^F पैदा करनेवाला अंग; (रसा०) T.; (चि०) भासक द्रव्य, प्रकाशोत्पादक तृणाओंमें होनेवाला।

photogene फो'टॅजीन् n. प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्त्ति^F; भाचित्र, प्रकाश-चित्र, फोटो; प्रकाश-तैल; (रसा०) T.

photogenic फोटॅजे'निक् a. पश्चात्प्रतिमूर्ति विषयक, पश्चात्प्रतिमूर्ति-सम्बन्धी; चित्रार्ह; भाचित्रीय, भाचित्र-सम्बन्धी, प्रकाशचित्र-सम्बन्धी, चित्रयोग्य, तस्वीरी (~*organ*), फोटोका; (चि०) प्रकाशजनक, प्रकाश-जनित।

photoglyphic फोटॅग्लि'फिक् a. भाचित्रटंकणीय, प्रकाशचित्रोत्कीर्णन-सम्बन्धी, फोटो^F द्वारा नकाशी^F का; भाचित्रटंकणविज्ञान-विषयक, भाचित्रोत्कीर्णनशास्त्र-सम्बन्धी।

photoglyphy –'टॅग्लिफि n. भाचित्रटंकण; प्रकाश-चित्रोत्कीर्णन, फोटो द्वारा नकाशी^F; भाचित्रटंकन-विज्ञान, भाचित्रोत्कीर्णन-शास्त्र, फोटो^F द्वारा नकाशी^F की कला^F।

photograph[1] फो'टॅग्राफ् n. भाचित्र, आलोकचित्र, आलोकलेख्य, चित्र, तस्वीर^F, फोटोग्राफ, फोटो^F; ~of telegram तार-फोटो।

photograph[2] v.t. भाचित्रण करना, आलोकचित्र खींचना, चित्र उतारना, बिम्ब खींचना, फोटो^F लेना।

photographer फॅटॉ'ग्रॅफॅर् n. भाचित्रकार, भाचित्रक, आलोक चित्रकार, (यंत्र०) फोटोग्राफर।

photographic फोटॅग्रै'फिक् a. भाचित्रात्मक, भाचित्रीय, प्रकाश-चित्रीय, आलोकचित्र-विषयक, फोटो-ग्राफ-सम्बन्धी, T.; फोटो-;

~appartus, ~ camera, ~ chemicals, ~ developer, ~ device, ~ emulsion, ~ feature, ~ film, ~ paper, ~plate, ~process, ~ reconnaissance, ~ records, ~service, ~telescope.

photography फॅटॉ'ग्रॅफि n. भाचित्रणा^F, आलोकचित्र-कला^F, प्रकाशचित्रण, आलोकचित्र-विद्या^F, चित्र उतारनेकी कला^F; (यंत्र०, रसा०) फोटोचित्रण, (यंत्र०, रसा०) फोटोग्राफी^F।

photogravure[1] फोटॅग्रॅव्युअॅर् n. (धातु^F पत्रपर उतारा हुआ) आलोकचित्र; (इस ढंगका) आलोकचित्रण, प्रकाशोत्कीर्णन।

photogravure[2] v.t. (धातुपत्रपर) आलोकचित्रण करना, प्रकाशोत्कीर्ण करना।

photokinesis⊙ फोटॅकाइने'सिस् n. (शिक्षा०) दीप्तिजनित गति^F; (जीव०) प्रकाश गतिशीलता^F।

photological फोटॅलॉ'जिकॅल a. भाविज्ञान-विषयक, दीप्तिविज्ञान-विषयक, प्रकाशविज्ञान-सम्बन्धी।

photology फॅटॉ'लॅजि n. भाविज्ञान, दीप्तिविज्ञान, प्रकाशविज्ञान, रोशनी^F की साइंस^F।

photolysis –लाइसिस् n. (रसा०) प्रकाश-विश्लेषण, प्रकाशिक आघटन; प्रकाशांशन, भा-विभेदन।

photolyte फो'टॅलाइट् (रसा०) प्रकाश-विश्लेषीय; प्रकाश अवघटनीय।

photolytic –लि'टिक् a. (रसा०) प्रकाश-विश्लेषी, प्रकाशांशन-विषयक, भा-विभेदन-सम्बन्धी।

photometer फॅटॉ'मिटॅर् n. भामिति^F, दीप्तिमापी, प्रकाशघनत्वमापक यन्त्र; प्रकाशमापी, (शिक्षा०, भौ०) ज्योतिर्मापी, T. (~*bench*)।

photometric फोटमे'ट्रिक् a. भामितीय, प्रकाशमापकीय, प्रकाशमापीय (~*surface*, ~*unit*)।

photometry फॅटॉ'मि ट्रि n. (भौ०) ज्योतिर्मिति^F; दीप्तिमापन, प्रकाशमापन, भामिति^F।

photomicrograph फोटॅमाइ'कॅग्रॉफ् n. (रसा०) सूक्ष्मदर्शी फोटोग्राफ़।

photomicrography –क्रॉ'ग्रॅफि n. (भौ०) सूक्ष्मदर्शीय फोटोग्राफी^F।

photon फो'टॉन् n. भाणु, भैक, प्रकाश-परिमाण, प्रकाश-मात्रा^F, (रसा०, भौ०) फोटॉन।

photonastic फोटॅनैस्'टिक् a. (वन०) प्रकाश अदिश प्रेरित।

photonasty फोटॅनास्'टि n. (वन०) प्रकाश अदिश प्रेरणा^F।

photophobia फोटॅफो'बिॲ n. प्रकाश-भीति^F, दीप्तिभीति^F, प्रकाश-सन्त्रास, रोशनी^F की असहनीयता^F; भाजुगुप्सा^F, प्रकाश-घृणा^F, रोशनी^F से खीझ^F।

photophone फो'टॅफोन् n. प्रकाशध्वनि-यन्त्र, प्रकाश-शब्दप्रेरक यन्त्र, (रसा०, भौ०) फोटोफोन।

photoreceptor फोटॅरि'से'प्'टॅर् n. (शिक्षा०) दीप्तिग्राहक; (जीव०) ग्राही, प्रकाश-ग्रहीता।

photoscope फो'टॅस्कोप् n. भादर्श, प्रकाशदर्शक यन्त्र, प्रकाशवीक्षक यन्त्र।

photosensitive फोटॅसे'न्'सिटिव् a. (रसा०, भौ०) प्रकाश-सुग्राही, प्रकाश-संवेदी।

photosensitivity –विटि n. (रसा०) प्रकाश-सुग्राहिता^F।

photosensitization–टाइजे'शॅन् n. (रसा०) प्रकाश-सुग्राहीकरण।

photosensitizer –'सिटाइजॅर् n. (रसा०) प्रकाश-सुग्राहक।

photosphere फो'टॅस्फीअॅर् n. भामण्डल, सूर्य बिम्ब, (ज्यौ०) प्रकाशमण्डल, आलोकवलय, प्रकाशतल, प्रकाशवृत्त।

photospheric फोटॅस्फे'रिक् a. भागोलीय, प्रकाश-मण्डलीय, आलोकवृत्त-विषयक।

photostat फो'टॅस्टैट् n. ऋजुचित्र, ऋजुचित्रक, भाचित्र-प्रतिलिपि^F, हस्तलिपि^F इत्यादिकी चित्र-प्रतिलिपि^F; (भौ०)

T. (~*machine*)।

photostatic –'टिक् a. ऋजुचित्रीय, ऋजुचित्र-विषयक, भाचित्र-सम्बन्धी।

photosyntax ⊙ –सिन्'टैक्स् n. = PHOTOSYNTHESIS.

photosynthesis –थि'सिस् n. भासश्लेष, (कृषि०, वन०, रसा०) प्रकाश-संश्लेषण; (रसा०) **फोटोसंश्लेषण**।

phototactic –टैक्'टिक् a. (प्राणि०) **प्रकाश अनुचलित**।

phototaxis –सिस् n. (प्राणि०) **प्रकाश-अनुचलन**।

phototaxy –सि (प्राणि०) **प्रकाश-अनुचलन**।

phototelegraphy फोटेटि'लेग्रॅफि n. **तार-चित्र-प्रेषण**, तार-चित्रकला[F], फोटोटेलीग्राफी[F]।

phototherapeutics, -therapy ⊙ फोटेथे'रॅपीऊॅ'टिक्स्, -थे'रॅपि nn. प्रकाश-चिकित्सा[F]।

phototonic फोटेटॉ'निक् (वन०) **प्रकाशानुवर्ती**।

phototropic फोटेट्रॉ'पिक् (प्राणि०) **प्रकाशाभिवर्त**।

phototropism ⊙ फॅटॉ'ट्रॅपिज़्म् n. (प्राणि०) प्रकाशा-**भिवर्तन**।

phototype फो'टॅटॉइप् n. भामुद्र, प्रकाशमुद्रण, भाचित्र-मुद्र, प्रकाशचित्रमुद्रण, आलोकटंकण, आलोकमुद्रण, फोटोटाइप; धातुफलकपर फोटोग्राफकी सहायता[F]से चित्र खोदनेकी विधि[F]।

phototypic –'पिक् a. भामुद्रीय, प्रकाशमुद्रण-विषयक, भाचित्रमुद्र-विषयक, प्रकाशचित्रमुद्रण-सम्बन्धी।

phototypy –टॅटाइपि n. भामौद्रिकी[F], भाचित्रमुद्रण-विज्ञान, प्रकाशचित्रमुद्रण-शास्त्र।

phr. phrase.

phragma फ्रैग्'मॅ n. अन्तर्वर्ध।

phrase[1] फ्रेज़् n. वर्णनप्रणाली[F], अभिव्यक्तिप्रकार, वर्णन-पद्धति[F], कथनचातुर्य; प्रणाली[F], पद्धति[F], शैली[F], रीति[F], तर्ज़; व्यंगोक्ति[F], वक्रोक्ति[F], उक्ति[F], वचन, बात[F]; आलंकारिक वर्णन, लाक्षणिक वर्णन, मुहाविरेदार उक्ति[F]; शब्द-बन्ध, पदसमुदाय; संयत कथन, अल्पशब्दोक्ति[F], संक्षिप्त वाक्य; **वाक्यांश**; (pl.) शब्दविलास, शब्दाडम्बर, कोरे वचन, झूठे वादे (*we have had enough of* ~s); ~-book मुहाविरेकी किताब[F]; ~-monger वाग्विलासी, व्यंजनाप्रिय, वाक्चतुर, वाचाल, बातूनी, मुहाविरा बोलनेवाला।

phrase[2] v.t. अभिव्यक्ति[F] करना, व्यक्त करना, वर्णन करना, प्रकट करना, शब्दोंमें रखना, बोलना, कहना।

phraseless –'लिस् a. वर्णनातीत, अवर्णनीय।

phraseogram फ्रे'सिॲग्रैम् n. पदप्रतीक, पदसंकेत, (ध्वनि०, वाणि०) **वाक्यसंकेत**, वाक्यांशचिह्न, पदचिह्न, पदलेख।

phraseograph फ्रे'सिॲग्राफ् n. संकेतपद, प्रतीकपद।

phraseography ⊙ –ऑ'ग्रॅफि n. (वाणि०) **वाक्यांश**; (ध्वनि०) **वाक्यांश-लेखन**।

phraseological फ्रेज़िॲलॉ'जिकॅल् a. शैलीपूर्ण, रीति-गत, वाक्यरचना या शब्दचयन-सम्बन्धी।

phraseology –ऑ'लॅजि n. शब्दप्रबन्ध, वाक्यप्रबन्ध, वाक्य-रचना[F], शब्द-रचना[F], शब्दनालिका[F], पदविन्यास, पदावली[F], पद-शृंखला[F]; वाग्व्यापार, वाग्व्यवहार; उक्ति-प्रकार, कथनरीति[F], मुहाविरा; शैली[F], रीति[F], ढंग।

phraser फ्रे'ज़ॅर् n. मुहाविरोंका अनुचित प्रयोक्ता, मुहाविरेबाज़।

phrasy –ज़ि a. निष्प्रयोजन मुहाविरोंवाला, अधिक शब्दाडम्बरपूर्ण।

phratry फ्रे'ट्रि n. जाति[F], गोत्र, उपजाति[F], कुल, वंश, बिरादरी[F], नस्ल[F], कबीला।

phren फ्रे'न् n. (चि०) मन, चित्त; मध्यच्छद।

phrenetic फ्रिने'टिक् a. विक्षिप्त, उन्मत्त, उन्मादी, पागल, सनकी, दिलचला, दीवाना; हठधर्मी, मतान्ध, धर्मोन्मत्त, कट्टर।

phrenic फ्रे'निक् a. (चि०) **मध्यच्छद-**, मध्यच्छदीय, मानसिक;

~ artery, ~ ganglion, ~ nerve, ~ plexus.

phrenitis फ्रिनाॅइ'टिस् a. (चि०) मध्यच्छदशोथ; मस्तिष्कशोथ, मस्तिष्कार्ति[F], सन्निपात-ज्वर, प्रलाप, विक्षिप्तता[F], पागलपन, दीवानापन।

phrenograph फ्रे'नॅग्रॉफ् n. (चि०) **मध्यच्छद गतिलेखी**।

phrenological फ्रेनॅलॉ'जिकॅल् a. मानस-विज्ञानीय, मस्तिष्क या कपाल-विद्या सम्बन्धी।

phrenologist फ्रिनॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) कापालिक मनोवैज्ञानिक; मानस-वैज्ञानिक।

phrenology –जि n. (चि०) कापालिक-मनोविज्ञान, कापालिक-स्वभावविज्ञान; मानसविज्ञान, (शिक्षा०) **कपाल-विज्ञान, मस्तिष्क-विज्ञान**, मस्तिष्कविद्या[F], कपालविद्या[F]।

phrenoplegia ⊙ फ्रे'नॅप्ली'जिॲ n. (चि०) मध्यच्छदाघात; चित्तघात, चेतोघात, आतंकित मानसिक-शक्ति-भ्रंश, अकस्मात मानसिक-शक्ति-ह्रास, अचानक दिमागी ताकत[F]का विनाश।

phrontistery फ्रॉन्'टिस्टॅरि n. विचारशाला[F], विचार-भूमि[F]।

phthisic थि(टि)'ज़िक् a. = PHTHISICAL.

phthisical –कॅल् a. (चि०) श्वास-पीड़ित; यक्ष्मा-सम्बन्धी; क्षयरोगका, क्षयरोगी, क्षयी, राजयक्ष्मा-ग्रस्त, तपेदिकका।

phthisiology –ज़िऑ'लॅजि n. (चि०) क्षयविज्ञान, क्षयशास्त्र, क्षयविद्या[F]; यक्ष्मा-विज्ञान, यक्ष्माशास्त्र, यक्ष्मा-विद्या[F], राजरोगका अध्ययन।

phthisis थि(थाइ)'सिस् n. (चि०) **राजयक्ष्मा**[F], क्षयरोग, क्षय, तपेदिक, (चि०) फुफ्फुसयक्ष्मा, **फेफड़ोंका तपेदिक**, विनाशक रोग।

phut[1] फट् n. फट, धड़ाका, पटाका, फटाका, धाँय-धाँय[F], तड़का, गुब्बारा फूटनेका शब्द।

phut[2] adv. फटसे, धड़ाकेसे आदि; *go* ~ धड़ाकेसे गिरना, टूटकर गिरना; विलुप्त होना, नष्ट होना, चौपट होना; (व्या०, योजना[F] आदिका) असफल होना,

जैसा ।

phycography फाइकॉ'ग्रॅफि n. समुद्र घास-विज्ञान, समुद्र-घास-शास्त्र ।

phylacteric फिलैक्टे'रिक् a. धार्मिक कृत्य-विषयक, धार्मिक अनुष्ठान-विषयक, धर्मानुसार आचरण-सम्बन्धी; रक्षाकवच, रक्षाकवचीय; मन्त्र-विषयक, तन्त्र-विषयक, जादू-टोना-सम्बन्धी, टोटकेवाला, तावीजका ।

phylactery -'टॅरि n. कवच, चमड़ेकी छोटी-सी रक्षा^F; धार्मिक कृत्य, धार्मिक अनुष्ठान, धर्मानुसार आचरण; रक्षाकवच, मन्त्र, तन्त्र, जादू-टोना, टोटका, गण्डा, तावीज; *make broad one's* ~ धर्माचरणका दिखावा करना ।

phylarchy फाइ'लार्कि n. वनजाति-शासन, जनजाति-शासन, आदिवासी सरकार^F, वर्ग-शासन, जाति^F-विशेषकी सरकार^F ।

phyletic फाइले'टिक् a. (चि०) आनुवंशिक गुण-युक्त; जातीय, जाति-विषयक, जाति-सम्बन्धी; वनजातीय, जनजाति-विषयक, आदिवासी-सम्बन्धी ।

phyllo- पर्ण- (~*mania*, ~*phagan*, ~*pod*, ~*stome*, ~*taxis*) ।

phylloclade ⊙ फि'लॅक्लेड n. (कृषि०) **पर्णायित तना** ।

phyllode फि'लोड् n. दलवत् वृन्त, वृन्तफलक, पत्ती-जैसा डण्ठल, (कृषि०, वन०) **पर्णायित वृन्त**, फायलोड ।

phyllodium फिलो'डिॲम् n. (वन०) **पर्णायित वृन्त** ।

phyllotaxi फि'लॅटैक्सि n. (वन०) **पर्णरचना^F** ।

phylloid -लॉइड् a. दलवत्, पर्णाभ, पर्ण-सम, पत्र-सदृश, पत्तियों-जैसा ।

phyllogenous ⊙ फिलॉ'जिनॅस् a. (वन०) **पर्णज** ।

phyllomania फिलमे'निॲ n. बहुदलोत्पत्ति, अति-पर्णोत्पत्ति^F, अतिशयपर्णोत्पत्ति^F, पत्तियों^Fका अधिक निकलना ।

phyllophagan फिलॉ'फॅगॅन् n. दलभुक, पर्णाशी, पत्रभक्षक, पत्तियाँ^F खानेवाला (पशु या कीट) ।

phyllophagous -फॅगॅस् a. दलभुक, पर्णाशी, पत्र-भक्ष, पत्तियाँ खानेवाला ।

phyllopod फि'लॅपॉड् n. पत्रपाद, पर्णपाद ।

phyllotaxis फिलॅटैक्'सिस् n. (वन०) **पर्णरचना^F**, पर्णविन्यास, पत्ररचना^F, दलसंहति^F; T.

phylo- जाति- (~*genesis*, ~*geny*, ~*genetic*) ।

phylogenesis, philogeny फाइलॅजे'निसिस, फिलॉ'जिनि nn. जातिवृत्ति^F, **जातिविकास**, जातीय विकास, नस्ली विकास; जातिवृत्त, जाति-इतिहास, जाति या नस्ली विकासका इतिहास ।

phylogenetic, phylogenic -जिने'टिक्, -जे'निक् aa. (विज्ञान०) **जातिविकासीय**, जातिविकास-मूलक, जातिवृत्त-सम्बन्धी;

~ position, ~ series, ~ system, ~ tree.

phylogeny फिलॉ'जिनि (प्राणि०) **जाति-इतिहास**, T.

phylon ⊙ फाइ'लॉन् n. (वन०) **जातिक**, T.

phylum फाइ'लॅम् n. (प्राणिवि०) समुदाय, जाति^F, प्रसृष्टि^F, (प्राणि०) **संघ**, कोटि^F, उपकोटि^F, प्रजाति^F, नस्ल^F, T.

phys. physiology; Physics; physician.

physiatrics ⊙ फिजिऐ'ट्रिक्स् n. प्रकृति-चिकित्सा^F, प्राकृतिक चिकित्सा^F ।

physic¹ फि'जिक् n. उपचार, चिकित्सा^F, वैद्यक्रिया^F; औषधोपचार, इलाज, दवादारू^F; वैद्यव्यवसाय, चिकित्सा-वृत्ति^F; (बोल०) भेषज^F, औषध^F, अगद^F, दवा^F; रेचक, जुलाब; (pl.) (भौ०) **भौतिकी^F**, भौतिकविज्ञान, भौतिक-शास्त्र, पदार्थविज्ञान; ~ garden वनस्पति-उद्यान ।

physic² v.t. औषध^F देना या पिलाना, दवा^F देना; जुलाब देना; इलाज करना ।

physical* -कॅल् a. (चि०, प्रा० भूगोल) **भौतिक*** (~ *forces, process*), पदार्थीय, जड़, पार्थिव, स्थूल, साकार; सांसारिक; वास्तविक, वस्तुगत; (प्रा० भूगोल) **प्राकृतिक**, (~ *barrier*), प्रकृतिनियमानुसार, प्रकृति-दर्शनसिद्धान्तानुरूप; भौतिक विज्ञान-सम्बन्धी; भौतिक-विज्ञानान्तर्गत; (चि०) **शारीरिक***, दैहिक (~*diagnosis*, ~ *strength*); ~ geography भौतिक भूगोल, प्राकृतिक-भूगोल; ~ fitness स्वस्थता^F;

~ ability, ~ adsorption, ~ agency, ~ alertness, ~ analysis, ~ assistant, ~ astronomy, ~ balance, ~ barrier, ~ basis, ~ capacity, ~ change, ~ characteristics, ~ check, ~ chemistry, ~ classification, ~ classified, ~ combination, ~ condition, ~ count, ~ court; ~ culture, ~ defect, ~ deficiency, ~ division, ~ draught, ~ education, ~ environment, ~ examination, ~ exercise, ~ expression, ~ factors, ~ feature, ~ fitness, ~ force, ~ function, ~ geographical, ~ geography, ~ geology, ~ hygiene, ~ impossibility, ~ map, ~ metallurgy, ~ method, ~ optics, ~ pair, ~ possession, ~ process, ~ properties, ~ requirement, ~ right, ~ sciences, ~ security, ~ strength, ~ structure, ~ theory, ~ training.

physicalist ⊙ -लिस्ट n. पार्थिववादी, भौतिकवादी, पदार्थवादी ।

physicality -कै'लिटि n. भौतिकता^F; पदार्थीयता^F, जड़ता^F, पार्थिवता^F, स्थूलता^F, साकारता^F; प्रकृतिनियमा-नुसारिता^F; प्रकृतिदर्शन-सिद्धान्तानुरूपता^F; भौतिकविज्ञाना-न्तर्गति^F; शारीरिकता^F, दैहिकता^F ।

physician फिजि'शन् n. चिकित्सक, भिषक, वैद्य, हकीम, डाक्टर; (चि०) **काय-चिकित्सक**, T., (ला०) आरोग्यप्रद, रोगहारी, रोगनाशक ।

physicism फि'जिसिज़्म् n. भौतिकवैज्ञानिकता^F; पदार्थ-

विज्ञानपटुता^F, पदार्थवाद, भौतिकवाद।
physicist –सिस्ट् n. भौतिकशास्त्री, भौतिकविज्ञानी, (भौ०) **भौतिकविद्**, पदार्थ-विज्ञानविद्, भौतिकीविद्।
physicky फि'ज़िकि a. वैद्यकीय, भेषजीय, औषधीय, भेषजवत्, औषध-जैसा।
physico-therapy ⊙ फिज़िकोथे'रपि n. = PHYSIOTHERAPY.
physics फि'ज़िक्स् n. दे० PHYSIC.
physio- फिज़िओ भौत-, शरीर- (~ *cracy*, ~ *crat*, ~ *geny*, ~ *latry*, ~ *therapy*, ~*therapist*)।
physiochemical ⊙ फिज़िओके'मिकॅल् a. (कृषि०) **भौतिक रसायनिक**।
physiocrat फि'ज़िओक्रैट् n. (अर्थ०) **प्रकृतिवादी**, (अठारहवीं शती^F का) भू-अर्थशास्त्री, कृष्यर्थशास्त्री (जिसका सिद्धान्त था कि धनके स्रोत भूमि^F और कृषि^F हैं); T.
physiognomic, -al फिज़िऑ(ग)नॉ'मिक, -अॅल् aa. (चि०) इंगित-विज्ञानीय, आकृतीय, आकारीय, सामुद्रिक, मुख-सामुद्रिकीय, मुखसामुद्रिक-सम्बन्धी।
physiognomist –ऑ(ग)नॅमिस्ट् n. (चि०) इंगितज्ञ, मुखसामुद्रिकविद्; मुखचर्या-विशारद, मुखसामुद्रिक शास्त्री, (शिक्षा०) **आकृति-विशेषज्ञ**।
physiognomy,-mics –मि,-मिक्स n. मुखलक्षण-निरूपण, मुखचर्या सामुद्रिक विज्ञान, (शिक्षा०) **सामुद्रिकी**^F, **आकृति विज्ञान**, मुखवैकृतविद्या^F, **मुखाकृति विज्ञान**, मुखाकृति-विद्या^F; (वन०) **रूपाभास**; (चि०) इंगित-विज्ञान; वदनाकृति^F, रूपाकृति^F; आकृति^F, स्वरूप, वदन, मुख, गढ़न, चेहरा; प्राकृतिक रचना^F, बाह्याकृति^F।
physiographer फिज़िऑ'ग्रफॅर् n. प्रकृतिवर्णनकार; प्राकृतिक भूगोल-वेत्ता।
physiographic, -al –ॲग्रै'फिक, -ॲल् aa. **भौताकृतिक** (~ *process*, ~ *provinces*), प्राकृतिक दृश्य या प्राकृतिक भूगोल-सम्बन्धी, ~ ic factor (वन०) **भूस्थिति निमित्त, भूस्थितिकारक**।
physiography –ऑग्रफि n. भून्याकारिकी^F, (भू०) **भौताकृतिक तत्त्व**, प्राकृतिक आख्यान, प्राकृतिक वर्णन, प्रकृति-चित्रण; प्राकृतिक भूगोल।
physiolatry –'लॅट्रि n. निसर्ग-भक्ति^F, निसर्ग-पूजा^F, प्रकृति-भक्ति^F, प्रकृति पूजा^F।
physiologic, -al फिज़िअॅलॉ'जिक्, -अल aa. शारीरिक, दैहिक, दैहिकीय, आंगिकीय; शरीरशास्त्र-विषयक, देह-विज्ञान-सम्बन्धी; (चि०) **शरीर क्रिया-**, देहकार्य-विषयक, ~ acoustics, ~ activity, ~ aspect, ~ changes, ~ condition, ~ disorder, ~ draught, ~ effect, ~ experiment, ~ limit, ~ nature, ~ process, ~ psychology, ~ resistance, ~ unit.
physiologist –ऑ'लॅजिस्ट् n. कायिकीविद्, दैहिकीविद्, शारीरिकी-वेत्ता, शरीरशास्त्री, शरीरवैज्ञानिक।
physiology –जि n. (वन०, कृषि०, प्राणि०) कायिकी^F, दैहिकी^F; शारीरिकी^F, शरीर-शास्त्र, प्राणविद्या^F, शरीरविज्ञान; (कृषि०, चि०) शरीर-क्रिया-विज्ञान, देह-व्यापार विज्ञान, (कृषि०, प्राणि०) **क्रियाविज्ञान**, ~ science जीवक्रिया-विज्ञान, प्रकृतिविज्ञान; शरीरव्यापार, देह-व्यापार।
physiolysis –लिसिस् n. (श० र० शा०) ऊति-विश्लेष, मृत ऊतियों^F का विघटन या गल जाना।
physiotherapist फिज़िओथे'रॅपिस्ट् n. (चि०) भौतिक चिकित्सक, प्रकृति-चिकित्सक, प्राकृतिक चिकित्सक।
physiotherapy –पि n. (चि०) **भौतिक चिकित्सा**^F, प्रकृति-चिकित्सा^F, प्राकृतिक चिकित्सा^F, (~ *room*); T.
physique फिज़ीक्' n. अंगसंहति^F, देह-विन्यास, (शिक्षा०) **शरीर-गठन**^F, शारीरिक गठन^F, देह^F, डील-डौल, गढ़न^F, बनावट^F, बदन।
physiograde फाइ'जग्रेड् a. बुलबुलेसे तैरनेवाला।
-phyte –उद्भिद् (*proto*~, *sapro*~)।
phyto- उद्भिद्- (~*genesis*, ~*geographer*, ~*graphy*, ~*mer*, ~*phagous*, ~*tomy*).
phytochemistry फाइटोके'मिस्ट्रि n. उद्भिद्रसायन।
phytogenesis, phytogeny फाइटोजे'निसिस, –टॉ'जिनि nn. (वन०) **पादपोद्भव**, वनस्पति-विकास, उद्भिद्-उत्पत्ति^F।
phytogenetics –जिने'टिक्स् n. (वन०) **पादप आनुवंशिकी**^F।
phytogenous ⊙ –टॉ'जिनॅस a. (चि०) उद्भिज्ज-मूलक; वनस्पतिमूलोत्पत्ति-विषयक, वनस्पति-विकास-सम्बन्धी।
phytogeography –जिओ'ग्रफि n. वनस्पति भूगोल, वर्णनात्मक वनस्पति शास्त्र।
phytoid –'टाइड् a. वनस्पतिवत्, वनस्पतिसम, वनस्पति-तुल्य; वृक्षकवत्, पौधेके समान।
phytologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. वनस्पति-विज्ञानी, वनस्पतिशास्त्री।
phytology –जि n. वनस्पति-विज्ञान, वनस्पति-शास्त्र।
phytomer –मॅर् n. (pl. -*a*) पादपाणु, वृक्षांशक, पौधेकी इकाई^F; कलम^F।
phyton फाइ'टॉन् n. = PHYTOMER.
phytonomy फाइटॉ'नमि n. उद्भिदोत्पत्ति-विज्ञान, वनस्पति विकास-शास्त्र।
phyto-pathogen फाइटोपै'थजेन् n. (वन०) **पादप-रोगाणु**।
phyto-pathology ⊙ फाइटोपॅथॉ'लॅजि n. (वन०) **पादप रोग-विज्ञान**।
phyto-phage ⊙ फाइ'टोफेज् n. (जीव०) **वनस्पति-भक्षी**।
phytophagous –फॅगॅस् a. वनस्पतिभक्षी, (कृषि०, जीव०) **वनस्पति आहारी**; (~ *insect*) **शाकजीवी, पादपजीवी**, वृक्षजीवी, वृक्षोपजीवी, पौधेपर जीवित रहनेवाला।
phytoplankton फाइटोप्लैं'क्टॅन् n. (जीव०) **पादप-**

प्लवक।

phytosis ⊙ फिटो'सिस् n. (चि०) तृणाणुजन्यरोग, परजीवी-जन्य रोग; वृक्षरोग, उद्भिद्-व्याधि^F।

phytotomy फाइटॉ'टॅमि n. उद्भिद्-शल्यक्रिया^F।

phytotoxic फाइटॅटाक्'सिक् a. (वन०) **पादप-विषालु**।

phytotaxicity –सि'सिटि a. (वन०) **पादप-विषालुता**।

pi[1] पाइ' n. (एक ग्रीक अक्षर) पाई (π); (गणित० π) वृत्तकी परिधि^F और व्यासके अनुपातका प्रतीक (३.१४१-५९)।

pi[2] a. (शिक्षालयोंकी बोल०) =PIOUS; ~ jaw उपदेशप्रद वक्तृता^F, शिक्षाप्रद भाषण, नीतिमय वचन।

P.I. Phillippine Islands.

piacular पाइअै'क्यूलॅर् a. पापघ्न, पापमोचक, अघनाशक, पापनाशी, कल्मषहारी, प्रायश्चित्तकारी।

piaffe[1] पिअैफ्' n. (विशे० घोड़ेकी) मन्द दुलकी चाल^F, धीमी दुलकी चाल^F।

piaffe[2] v.i. धीमी दुलकी चाल^F चलना, धीमे-धीमे चलना।

pia mater पाइ'ॲ मे'टॅर् n. (श० र० शा०) चीनांशुका^F, मृदुकला^F, (चि०) **मृदुतानिका**^F, मस्तिष्कावरणोंमें सबसे भीतरी झिल्ली^F, जो मस्तिष्क तथा सुषुम्ना^F को आवृत्त करती है; (चि०) **पायामेटर**।

pianette पीॲनें'ट्' n. छोटा पियानो।

pianino पीॲनी'नो n. (pl. -s) पियानो, पियानका, छोटा सीधा खड़ा पियानो।

pianist –'ॲनिस्ट् n. पियानोवादक, पियानोची, पियानिस्ट।

piano पिअॅ'नो n. (pl. -s) (एक मृदु वाद्ययन्त्र), पियानो।

pianoforte पिअैनॅफॉर्'टि, पिअॅ'नॅफॉर्ट n. (अब औपचारिक रूपसे प्रयुक्त) PIANO का पूरा नाम।

pianola पीॲनो'लॅ n. पियानचा, यन्त्रचालित पियानो, पियानोला।

piassava पिअॅ'सॅवॅ n. दृढ़ वनस्पति-तन्तु, पिसावा (जिसका प्रयोग ब्रुश बनानेमें होता है)।

piastre, -ter पिअैस्'टॅर्, -टॅर् n. (स्पेनकी रजतमुद्रा^F-विशेष) डालर, पिएस्टर; एक छोटा-सा तुर्की सिक्का।

piazza पिअैट्'ज़ॅ n. चौक, चौहट्टा, मण्डी^F (विशे० इटलीके नगरोंमें); ओसारा, बारोठा, बरामदा, दालान ⊙।

pibal ⊙ पाइ'बॅल् n. (Avin.) **वातसूचक गुब्बारा**।

pibroch पी'ब्रोक् n. (एक बाजा) मशकबीन^Fका क्रमबद्ध संगीत।

pica पाइ'कॅ n. (१२ प्वाइण्ट टाइप), पाइका; (चि०) अनन्नाभिलाष, जो अन्न नहीं है ऐसे खाद्य द्रव्योंको खानेकी इच्छा होना; गर्भवती स्त्रियोंमें दौहृद् लक्षण।

picador पि'कॅडॉर् n. (साँड़ोंकी लड़ाई^Fमें) शूलधारी अश्वारोही, बर्छीधारी घुड़सवार।

picamar पि'कॅमॉर् n. विराज-तैल, तारकोल-तेल, तारकोलसे प्राप्त किया गया तेल।

picaresque पिकॅरे'स्क्' a. (कथा-आख्यायिका^Fकी शैली^Fका) खलनायकों या दुष्टोंके साहसपूर्ण कार्योंसे सम्बन्धित या उनका चित्रण करनेवाला।

picarian पिकेअॅ'रिॲन् a. कठफोड़ा-सम्बन्धी, कठफोड़ेका।

picaroon[1] पिकॅरून' n. तस्कर, दस्यु, दुष्ट, आततायी, खल, धूर्त, लुटेरा, डाकू; समुद्रीय दस्यु, समुद्री लुटेरा; दस्युपोत, लुटेरा जहाज।

picaroon[2] v.i. दुष्टता^F या धूर्तता^F करना, चुराना, लूटना, बटमारीपन करना, लुटेरापन करना।

picayune ⊙ पिकॅयून्' १ a. क्षुद्र, नगण्य; २. n. ५ सेण्टका एक छोटा-सा सिक्का; क्षुद्र व्यक्ति, नगण्य वस्तु^F।

picayunish –'निश् n. क्षुद्र, नगण्य, महत्त्वहीन, ओछा।

piccadil पि'कॅडिल् n. (१७वीं शती^Fमें) ऊँचा कालर।

piccadilly –लि n. =PICCADIL.

piccage पि'किज् n. (मेलोंमें झोपड़ी^F बनानेके लिए दिया गया) शुल्क, कर।

piccalilli पि'कॅलिलि n. अचार, मुरब्बा, सलाद, चटनी,^F खटाई^F, कचूमर।

piccaninny[1], **pick-**[1] पि'कॅनिनि, पिक- n. (द० अफ्रीकाके हब्शियों या आस्ट्रेलियाके अधिवासियोंका) कालेय शिशु, बाल, बालक, नीग्रो बच्चा।

piccaninny[2], **pick**[2]**-** a. अल्पायु, नन्हा, बच्चा, बहुत छोटा।

piccolo पि'कॅलो n. (pl. -s) (छोटी) वंशी^F या मुरली^F।

pice पाइस्' n. पैसा, डबल।

pick[1] पिक् n. कुदाल^F, (नृ०) कुदाली^F, फावड़ा, बेल, गैंता, (नृ०) **गैंती**^F, करनी^F, खोदनी^F; ~ drill **गैंती कवायद**^F; ~end (यंत्र०) **नुकीला सिरा**; ~ fork **दन्तकुदाली**^F; ~ head **गैंती**^F **का फाल**।

pick[2] n. चयन, संकलन, चुनाव; रुचि^F; छँटी हुई वस्तुएँ^F या चीजें^F; the ~ श्रेष्ठतम भाग, सर्वोत्तम नमूना, चुना हुआ छाँटा हुआ माल; *the ~ of the bunch* सर्वश्रेष्ठ भाग्य।

pick[3] v.t. & i. भूमिभेदन करना, खनना, खोदना, कुरेदना, गड्ढा करना; रन्ध्र करना, छिद्र करना; (दँतखोदनी^Fसे) दाँत खोदना; नोचना, तोड़ना, खुरचना, साफ करना; (अस्थि^F, शव आदिका) चिपका हुआ मांस हटाना; प्रक्षालन करना, धोना; चयन करना, संकलन करना, चुनना, इकट्ठा करना; चोंच^F मारना; (चिड़ियों^Fका) चुगना; (व्यक्तियोंका भोजन) खुथरना, टूँगना, टूँगना; (बोल०) भक्षण करना, खाना, जीमना; मनोनीत करना, सावधानी^Fसे चयन करना; हृदयंगम करना, अनुसरण करना; पदार्पण करना; तूमना, उकसना, उधेलना, उधेड़ना; खोलना, निकाल लेना, छाँटना; बिलगाना, बोटी-बोटी^F करना, धज्जियाँ^F उड़ाना (*~ to pieces*); ~ lock तालाभंजक (यन्त्र), तालातोड़ (व्यक्ति); ~ me-up मादकद्रव, उत्तेजक पेय; ~pocket जेबकट, जेब-

कतरा, पाकेटमार, गिरहकट; ~-purse रुपया-पैसा चुरानेवाला; ~ thank (प्राद०) चाटुकार, चापलूस, खुशामदी; ~-up ध्वनिग्रह; ~up traffic (वैया०) रास्तेका यातायात; ~*a lock* तालक भंजन करना, ताला तोड़ना; ~ *and choose* (अति सावधानी^Fसे) संकलन करना, चयन करना, चुनना; मनोनीत करना, मनोनुकूल वरण करना; ~ *and steal* हथलपकी करना, छोटी-मोटी चीजें^F उड़ा ले जाना; ~ *a quarrel with* झगड़ा मोल लेना; ~ *at* ⊙ सताना, छेड़ना, तंग करना, सिर खाना, पीछे पड़ना; उपहास करना; दोष निकालना; ~ *in* छिद्रान्वेषण करना, त्रुटि^F खोजना, गलती^F निकालना, ऐब निकालना; ~ *off* तोड़ना, नोचना, खोंटना, चुनना; ~ *on* ⊙ =PICKET[2]; ~ one's *pocket* जेब कतरना; ~ one's *way* फूंक-फूँककर पाँव रखना; ~ *out* चुन लेना, पसन्द करना; ~ *up* (कुदाली^F आदिसे) खोदना, खनना, तोड़ना; उठा लेना; (गेंद^F इत्यादि) लोक लेना; उद्धार करना, सुधारना; ~-*up flesh* शरीरपर मांस चढ़ना, स्वास्थ्यलाभ करना, गोश्त या खून बढ़ना; ~-*up spirit* पुनः स्फूर्ति^F प्राप्त करना, फिरसे उत्साह आ जाना; *they agree like ~s in a fair* चोरका भाई गँठकटा, चोर-चोर मौसेरे भाई।

pick-a-back पिक्'-अॅ-बैक् adv. पीठपर, कन्धेपर, गट्ठरकी तरह लदे हुए।

pickage पि'किज् n. = PICCAGE.

pickaninny पि'कॅनिनि n. = PICCANINNY.

pick-ax(e)[1] पिक्'ऐक्स् दे० PICK[1].

pickax(e)[2] v.t. & i. कुदाली^Fसे भूमि^F तोड़ना, गोड़ना; कुदाली^F चलाना, गैंती^Fसे काम करना।

picked ⊙ पिक्ड् a. चुना हुआ; बेराया हुआ; उठाया हुआ, लिया हुआ; (कुदाली^F जैसा) तीक्ष्णकृत, नुकीला किया हुआ, पैना, तेज।

pickeer पिकीअॅर् v.t. कलह^F करना, लड़ाई^F करना, झगड़ा करना, छोटी लड़ाई^F करना; जासूसी^F करना; निरीक्षण करना।

picker पि'कॅर् n. संकलनकर्ता, संचायक, चुननेवाला, बीननेवाला, चुगनेवाला; पसन्द करनेवाला; परिष्कारक; खनित्र, (खोदने, एकत्र करने, अलग करने आदिका यन्त्र)।

pickery पि'कॅरि n. छोटी-मोटी चोरी^F।

picket[1] पि'कि'ट् n. स्थाणु, शंकु, कील^F; मेख^F, खूँटा, छड़; (इति०) शूली^F, सूली^F; (का०, अर्थ०, श्रम०) धरनैल, धरना देनेवाला; धरना; (कानू०, अर्थ०) आरक्षी टुकड़ी^F; (सेना०, *piquet*, *picquet* भी) कटक^F, गुल्म, रक्षक दल, कुमुक, सैनिक टुकड़ी^F, पिकेट; (आधुनिक प्रयोगमें विशे०) कोटपाल, दुर्गरक्षक सैन्य-दल; (सामान्यतया pl.) (हड़ताल^Fके समय) प्रवेशरोधी दल, पिकेटिंग करानेवाला दल।

picket[2] v.t. & i. कील^F गाड़ना, खूँटा गाड़ना, खुँटियाना, पिकेट लगाना; खूँटेसे बाँधना, गेरइयों^F लगाना; रक्षा^F करना, चौकसी^F करना, पहरा देना, गश्त^F लगाना; प्रवेशरोधी दल नियुक्त करना; (श्रम०) धरना देना; प्रवेशरोध करना, बाधा^F टालना, जानेसे रोकना, धरना देना।

picketeer –टी'र् n. प्रवेशरोधक, बहिष्कार करनेवाला व्यक्ति, पिकेटिंग^F करनेवाला व्यक्ति।

picketer पि'कि'टॅर् n. (श्रमिकोंमें झगड़ा होनेपर) सन्तरीका काम करनेवाला व्यक्ति।

picketing –टिंग् n. प्रवेशरोधन, (श्रम०) धरना; धरना देना।

picking पि'किंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) उद्ग्रहण, संकलन, उद्धरण, चयन, कतरन^F, छाँटन^F, चुनाव, (परि०, कृषि०) चुनना, पसन्द^F; (परि०) उखाड़ना; (बहु०) कर्पट, चीथड़, चिथड़ा, बटोरन^F; गिरी पड़ी या बची-खुची वस्तु^F; (बहु०) चोरी^F, ठगी^F, मुसाई^F; ~ up slacks (रेल०, यंत्र०) उठाना; जोड़ कुटाई^F।

pickle[1] पि'कॅल् n. खारा जल, नमकका पानी; लवणद्रव्य, नोनचा, (कृषि०) अचार, मुरब्बा, सिरका; दुष्ट बालक, बदमाश लड़का, शरारती बच्चा; दशा^F (*sad, sorry, nice*, ~); (सिरके या नमकके पानीमें रखे हुए) शाक, अचार, मुरब्बा।

pickle[2] v.t. अचार डालना, सँधान धरना, मुरब्बा डालना, (विशे० p.p. में) अचार, सिरके या नमकके पानीमें डालना; अम्लसे धोना; (नौवि०, किसी व्यक्तिकी कमर^Fपर) कोड़ा या बेत मारनेके पश्चात् नमक छिड़कना।

pickled –ड् a. (ग्रा०) मदमत्त, नशेमें; ~ fish मछली^Fका अचार।

pickling –लिंग् n. (रसा०) अम्ल-मार्जन, (चि०) अचार बनाना; (रेल०, यंत्र०) तेजाबमें डालना।

picksome पिक्'सॅम् a. दुराराध्य, दुस्तोषणीय, कुटिल-स्वभाव, नाजुकमिजाज, झल्लाऊ, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल; विमृश्यकारी, विवेकशील।

pickwick पिक्'विक् n. एक सस्ता सिगार, एक प्रकारकी सस्ती चुरट^F।

Pickwickian पिक्वि'किअॅन् a. (हास्य०, शब्द) गूढ, रहस्यात्मक, लाक्षणिक, व्यंजनात्मक, पारिभाषिक; *used in a ~ sense* गूढ या व्यंजनापूर्ण अर्थमें प्रयुक्त, लाक्षणिक अर्थोंमें प्रयुक्त।

picnic[1] पिक्'निक् n. वनोत्सव, वनभोज, वनसंचार, वनविहार, उद्यानिका^F, विहरण, गोठ, पिकनिक; (बोल०) सरल कार्य, मुँहका कौर; दालभात; ~ party प्रमोद गोष्ठी^F।

picnic[2] v. i. वनविहार करना, गोटमें भाग लेना, पिकनिक करना।

picnicker –कॅर् n. वनविहारी, वनभोजी, गोट करनेवाला, पिकनिक करनेवाला।

picnicky –कि a. (बोल०) वनविहारवत, वनोत्सव सदृश, गोट जैसा, पिकनिकका।

picot पिको' n. (तागोंकी) छोटी फन्दी^F, छोटी नरफन्दी^F, कढाई^Fमें छोटी घुण्डी^F।

picotee पिकॅटी n. (एक प्रकारका कारनेशन *carnation* फूल), पिकोटी^F^।
picric पिक्'रिक a. तिक्त (~ *acid*=कट्विक अम्ल, (चि०, जीव०) **पिक्रिक अम्ल**, T., (पिकरिक एसिड); ~ powder (रसा०) **पिक्रिक चूर्ण**।
picrorhiza –हिज़ॅ n. (चि०) कुटकी^F^।
picrotoxin –रॅटॉक्'सिन् n. कट्वि-विष।
pictogram –पिक्'टॅग्रैम् n. चित्रलेख।
pictograph –ग्राफ् n. चित्रसंकेत, चित्रप्रतीक; (इति०) चित्रलेख।
pictographic –ग्रै'फिक् a. चित्रलेखीय, चित्रसंकेत-विषयक; ~ script (इति०) **चित्रलिपि^F^**; ~ sign (इति०) **चित्र-चिह्न**।
pictography –टॉ'ग्रॅफि n. चित्रसंकेतकला^F^, चित्र-लेखन।
pictor पिक्'टॅर् n. (ज्यौ०) **चित्रक, पिक्टर**।
pictorial[1] –'रिॲल् n. चित्र-पत्र, सचित्र पत्रिका^F^।
pictorial[2] a. **सचित्र**, चित्रमय, **चित्रीय**, चित्रोपेत, **चित्रित**, चित्रांकित; शबल; ~ poetry चित्रकाव्य;
~ diagram, ~ diary, ~ script, ~ tour.
pictural पिक्'चॅरॅल् a. चित्र-विषयक, चित्र-सम्बन्धी; सचित्र, चित्रमय, चित्रयुक्त।
picture[1]* –'च्यु ॲर् n. आलेख्य, **चित्र***, **तस्वीर^F^**; प्रतिमा^F^, प्रतिरूप, छवि^F^, प्रतिकृति^F^; चित्रांकन, स्वरूपांकन, रेखांकन, कलाकृति^F^, कमनीय या मनोहर वस्तु^F^ (*her hat is a ~*); दृश्य, दृश्यगत प्रभाव, दृश्य छाया^F^, दृश्य स्मृतिरेखा^F^; (ला०, संयोग या कार्यका) प्रयोजन; आदर्श (*she looks the very ~ of health*); ~-gallery चित्रावली^F^, चित्रशाला^F^, चित्रागार, चित्रसारी^F^; ~-house नाटक गृह; ~palace, -theatre, -drome चित्रशाला^F^, रंगशाला^F^, प्रेक्षागृह, चलचित्रगृह, सिनेमा-गृह, रजत-चित्रालय, बायस्कोप; ~-writing चित्रण, चित्रलेखन, चित्रांकन; the ~s सिनेमा; *come into the ~* मनोरम बनना, आकर्षक होना, दिलचस्प होना; *moving ~s* चलचित्र, सिनेमा, बायस्कोप; *out of the ~* अप्रस्तुत, दृश्यातीत, असम्बद्ध, विषयसे परे;
~-album, ~-frame, ~-frame mouldings, ~ graph, ~ head, ~ post card, ~ symbol, ~ transmission, ~-talk.
picture[2] v.t. चित्रण करना, चित्रांकन करना, तस्वीर^F^ बनाना; प्राकृतिक वर्णन करना; अनुमान करना; भावना^F^ करना, मानस चित्रण करना, मनमें विचारना।
pictured –'चॅर्ड् n. चित्रित, चित्रगत, आलिखित।
picturesque –चॅरे'स्क a. चित्रवत्, चित्रसदृश, चित्रणीय, चित्रोपम; प्राकृतिक, सजीव, सुन्दर, नयनाभिराम, मनोहर, सुरम्य; शबल, विचित्र।
picturesqueness –'नि'स् n. चित्रणीयता^F^, चित्रोपमता^F^; सजीवता^F^, सुन्दरता^F^, सुरम्यता^F^; शबलता^F^, विचित्रता^F^।
picturize –'चॅराइज़ v.t.=FILM (v.).
picul पि'कॅल् a. पिकल, (१३२ और १४२ पौण्डके बराबर सुदूरपूर्वका बाट)।
picus पाइ'कॅस् n. (इति०) **कठफोड़ा**, T.
piddle पि'डॅल् v. i. (प्रा०) क्षुद्र या तुच्छ ढंगसे काम करना, बेदिलीसे काम करना; (बोल० या बच्चोंकी बोली^F^में) मूत्रत्याग करना, मूतना, पेशाब करना।
piddling –लिंग् a. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, बेकाम।
pidgin, pigeon[1] पि'जिन्, पि'जन् n. व्यवसाय, पेशा; कार्य, काम, कारोबार।
pidgin, pigeon[2] n. (~ *English*) व्यावसायिक या कारोबारी अँग्रेजी^F^, चीनी अँग्रेजी^F^, अपभ्रष्ट अँग्रेजी^F^, मिश्रित अँग्रेजी^F^।
pie[1] पाइ' n.=MAGPIE नीलकण्ठ (*French-~, rain-~, wood-~* आदि जातियाँ)।
pie[2] n. (मांस अथवा फलपूरित) गुझिया^F^, कचौड़ी^F^, समोसा, पाई^F^; ~-crust गुझिया पापड़ (*promises are like ~-crust, made to be broken*)।
pie[3] n. मुद्रणाक्षरोंका ढेर, पाई^F^; (ला०) विश्रृंखलता^F^, अराजकता^F^, सम्भ्रम, अशान्ति^F^, गड़बड़; *have a finger in the ~* मामलेमें हाथ होना;
~-diagram, ~-eyed, ~ man, ~ market, ~ money, ~ pan, ~ print, ~ shop, ~-stuffed, ~ tin, ~ woman.
pie[4] n. (हिन्दी) पाई^F^=१/१२ आना।
pie[5] v.t. (छापेके अक्षर) मिश्रित करना, गुड़गोबर करना, गड्डमड्ड करना।
piebald पाइ'बॉल्ड् a. शबल, विचित्र, चित्रविचित्र, चितकबरा, चित्तीदार; ~ skin (चि०) श्वेत कुष्ठ, श्वित्र (के कारण त्वचाकी शबलता^F^)।
piece[1] पीस्' n. अंश, खण्ड, भाग, विभाग, लव, टुकड़ा, हिस्सा, पुरजा; पट्ठा, थान, पीस; (मदिरा^F^ आदिका) पीपा; दृष्टान्त, उदाहरण, मिसाल; अग्निबाण, तोप, तमंचा, बन्दूक^F^; (तोप^F^ आदिकी) नली^F^; (शतरंज इत्यादिकी) गोट^F^, मोहरा, गुट्टी^F^; मुद्रा^F^, सिक्का (*crown ~, penny ~*); आलेख्य, चित्र, तस्वीर^F^; प्रबन्ध, रचना^F^, लेख, निबन्ध, कृति^F^; संगीत, वादन; कलाकृति^F^; नाटक, ड्रामा; (~*s*) यन्त्र, औजार⊙; ~-goods (कपड़ेका) थान; ~ meal खण्डशः, टुकड़े-टुकड़े करके; ~-rate **कार्य-दर**, उत्पाद-दर; ~ rate nibbling **उजरत-दर^F^ घटाते जाना**; ~ wages (अर्थ०) **उजरत^F^**, ~-work खण्डकर्म, उत्पादकर्म, खुदरा काम, अमानी काम; (अर्थ०, वैधा०, रेल०, यंत्र०) **उजरती काम**; (कृषि०) **ठेका**; ~ worker (रेल०, यंत्र०) **उजरती कारीगर**; *a ~* प्रत्येक, हर एक; *a ~ of* one's *mind* निजी राय या सूझ; *in ~s* ध्वस्त, शीर्ण, खण्डशः, खण्ड-खण्ड, चूर-चूर, टुकड़े-टुकड़े; *of a ~* सजातीय, समजातीय, सरूप, सदृश, मिलता-जुलता, एक-सा; अन्तर्भूत, अन्तर्हित; *paid by the ~* अमानी कामपर मजदूरी^F^ मिलना;
~ compositor, ~-dye, ~ rate, ~ worker.
piece[2] v.t. संयोजन करना, संयुक्त करना, मिलाना,

जोड़ना; समाधान करना, सन्धान करना; (कातनेमें) तागा मिलाना, सँटना, जोड़ना, गँठियाना; क्रमबद्ध करना, ठीक-ठीक दुरुस्त करना; पूरना, भरना; ~ *out* बढ़ाना, जोड़ना, कमी[F] पूरा करना; ~ *together* मिलाना, खण्ड-खण्ड करके एक साथ लाना ।

piece de resistance (F) n. सुस्वादु भोजन ।

pieceless –'लिस् a. अखण्ड, पूरा, कुल ।

piecemeal –'मील् adv. खण्डशः, भागशः, विभागशः, अंशतः, लवशः, टुकड़ेमें, थोड़ा-थोड़ा करके, धीरे-धीरे; ~ activity (शिक्षा०) **खण्ड-क्रिया[F]** ।

piecer –'सॅर् n. टूटे धागों या तारोंको जोड़नेवाला ।

pied पाइड्' a. शबल, चित्रविचित्र, बहुरंगा, रंग-बिरंगा, चितकबरा (~ *flycatcher*); ~ skin (चि०) श्वेत-कुष्ठ, श्वित्र ।

pied a terre (F) n. अल्प विश्राम, अल्पविश्राम-स्थल ।

piedness –'निस् n. शबलता[F], चित्रविचित्रता[F], बहुरंगापन, रंगबिरंगापन, चितकबरापन ।

pier पीअॅर्' n. बन्द, बाँध; सेतु, पुल; अवतरणी[F], पोतघाट, घाट; (परि०) **स्तम्भ**, निष्टम्भ, आधार, खम्भा; (स्था०, यंत्र०) **पाया** (~ *foundation*), पुलकी मेहराब[F]के खम्भे; **बंगसार**; ~-glass स्तम्भ दर्पण (जो उक्त स्थान-पर खिड़कियों[F]के बीच लगाया जाता था) ।

pierage –'रिज् n. सेतु-कर, सेतु-शुल्क, पुलकी चुंगी[F]; बन्द-शुल्क, बाँध-कर, बाँधकी चुंगी[F], घाटकी चुंगी[F] ।

pierce पीअॅर्स् v.t. & i. बेधना, भिदना, बिंधना, घुसना, चुभना, छेदना, चुभोना, भोंकना, धँसना, लगना; (ला०, शीत, दुःख, पीड़ा[F], विवेक, दृष्टि[F], चीत्कार[F] आदिका) भेदना, वेधना, प्रविष्ट होना, पहुँचना, ताड़ना ।

pierceable –'सॅबॅल् a. भिद्य, वेध्य, प्रवेश्य; बिंधने योग्य, छेदने योग्य ।

pierced –सिड् a. विद्ध, छिद्रित; ~*through* पारविद्ध ।

piercer –'सॅर् n. वेधक, वेधनी[F], भेदक, प्रवेशक, वेधने-वाला; तीक्ष्ण हथियार, तेज औजार, छेनी[F] ।

piercing[1] –सिंग् n. (जीव०) **वेधन**, भेदन ।

piercing[2] a. तीक्ष्ण, भेदनशील, (जीव०) **वेधक**, वेधनशील, वेधी, भेदी, तीखा, तेज ।

piercingness –निस् n. तीक्ष्णता[F], भेदनशीलता[F], वेधनशीलता[F], पैनापन, तेजी[F] ।

pierrette पीअॅरेट्' n. भाँडिन[F], बहुरूपिन[F]; मूक अभिनेत्री[F], भँडुआइन[F] ।

pierrot पीअॅ'रो, प्ये'रो n. भाँड, बहुरूपिया; मूक अभिनय करनेवाला पात्र ।

piet पाइ'अॅट् n. नीलकण्ठ (एक पक्षी) ।

pieta प्ये'टा n. (क्राइस्टकी मृत्यु[F]पर) कुमारी मेरी[F]की दुहाई[F] ।

pietism पाइ'इटिज़्म् n. धर्मपुनरुत्थानवादः (दर्श०) **धर्मचर्यावाद, धार्मिकतावाद**, धर्मनिष्ठा[F], (दर्श०) **धर्माडम्बर**, धार्मिक भावना[F], पुण्य भावना[F], पुण्यशीलता[F], भक्ति[F]-भावना[F] ।

pietist –टिस्ट n. धर्मपुनरुत्थानवादी; [illegible]

धर्मात्मा पुरुष, धर्मान्ध व्यक्ति, महान् भक्त ।

pietistic, -al –'टिक्, -अॅल् aa. धर्मपुनरुत्थान-विषयक; पुण्यशील ।

piety –'इटि n. पवित्रता[F], पुण्य, साधुता[F], पुण्यशीलता[F], (दर्श०) **धर्मनिष्ठा[F], धार्मिकता[F]**; सच्चरित्रता[F], नेक-चलनी[F]; भक्ति[F] ।

piezochemistry पाइज़ेकेमिस्ट्रि n. पीडरसायन, पीज़ोकेमिस्ट्री ।

piezoelectricity ⊙ पाइज़ेइलेक्ट्रि'सिटि n. (भू०) **दाबविद्युत्** ।

piezometer पाइज़ॉ'मिटॅर n. पीडमान, दाबमापक (यन्त्र), (रसा०, चि०) **दाबमापी**, T.

piffero पि'फ़रो n. पिफ़ेरो, इटलीका एक वाद्य-यन्त्र ।

piffle[1] पि'फ़ॅल् n. निरर्थक बात[F], असंगत वार्ता[F], प्रलाप, अनर्गल बात[F], नीरस बात[F], गपशप[F], बकवास[F] ।

piffle[2] v.i. निरर्थक बात[F] करना, अनर्गल बात[F] करना, नीरस बात[F] करना, गपशप[F] करना, बकवास[F] करना, हरामपन्थी[F] करना, आंही-तबाही[F] बकना; गिनगिनाना, पें पें करना; तुच्छ भावना[F]से बातें करना ।

piffler –लॅर् n. प्रलापी, बकवादी ।

pig[1]* पिग् n. शूकरशावक, घृष्टिशावक, घेंटा, घेंटला, छौना, सुअरका बच्चा; शूकर*, वराह, (कृषि०) **सुअर***; (बोल०) लिप्सु, लोभी, लालची, गन्दा, सुअर, पाजी; निकृष्ट, अन्तः कुपित, कलुषी, कलुषपूर्ण, विकारपूर्ण, दुराग्रही, दुष्ट, जिद्दी; लोहपिण्ड या अन्य धातुओं[F]का पिण्ड; नारंगी[F] या सन्तरेकी फाँक[F]; ~-bed सुअरके सोनेका स्थान; बालू[F]का ढाँचा जिसमें लोहपिण्ड ढाला जाता है; ~-eyed शूकरनेत्री; ~-headed दुराग्रही, हठी, जिद्दी; स्थूलबुद्धि, मन्दमति; ~-headedness दुराग्रह, हठ, जिद्द[F]; ~-iron लोष्ठ लोह, अपिघन अयस्, (यंत्र०, रसा०) **ढलवाँ लोहा, कच्चा लोहा**; ~-jump चौकड़ी[F], छलाँग[F], उछाल[F], कुदान[F], फँदान[F]; ~ mould (यंत्र०) **कच्चे लोहेके साँचे**; ~nut कन्द, वन्यमूल, गाँठ[F]; ~ sconce दुराग्रही या हठीला व्यक्ति; [illegible]; ~ sticking शूकरवध, शूकर-आखेट, (बर्छियों[F]से) सुअरका शिकार; ~'s wash, ~ wash सुअर-भोजन, मदिरालय या रसोई[F]में बना हुआ भोजन (जिसे सुअर पीते हैं); ~ weed सुअरघास[F] (जिसे सुअर खाते हैं); ~ woman सुअर [illegible] स्त्री[F]; *bring one's ~s to the wrong market* निष्फल होना; *buy a ~ in a poke* बिना [illegible] देखे [illegible] खरीदना; ~*s might fly* सूअरों [illegible] आना; *please the ~s* (हास्य०) ईश्वरेच्छा[F]से, प्रभुकी इच्छा[F]से, [illegible]

~ beat, ~ fat, ~-footed bandicoot, ~-skin.

pig[2] v.t. & i. (सूअरी[F] या सुअरी[F]का) [illegible] करना, छौना देना, ब्याना; सूअरोंकी तरह रहना, [illegible] साथ रहना ।

pigeon[1] पि'जन् n. पारावत, [illegible] **कपोत**, [illegible] (भारत) [illegible]

पोंगा, चूतिया; ~-breasted कपोतवक्ष, कुबड़ा; ~ English दे० PIDGIN; ~ gram कपोतपत्र, कबूतरी सन्देश; ~-hearted भीरु, शंकित, कातर, डरपोक; ~-hole कपोतगवाक्ष, कपोतछिद्र, कपोतखाना; ~pea (कृषि०, वन०) **अरहर**F, **तुवर**F, **तूर**F; ~-pot कबूतरों द्वारा पत्र-व्यवहार; ~-toed कपोतपाद (जिसके पैर कबूतर-जैसे हों); ~ wing नृत्यमें एक प्रकारकी उछालF;

~ *berry*, ~ *blood*, ~ *chest*, ~ *express*, ~ *grey*, ~-*livered*, ~ *man*, ~'*s-eye*, ~'*s-grass*, ~'*s-knee*, ~'*s-milk*, ~ *tail*, ~*wood*.

pigeon[2] v.t. चुराना, ठगना, मूसना, मूँड़ना, हड़पना।

pigeonry पि'जॅनरि n. कपोतगृह, कबूतरखाना।

piggery पि'गॅरि n. शूकरालय; शूकरपालिकाF, शूकर-पालन-केन्द्र या स्थान, खोभार, सुअरबाड़ा, सुअरखाना; गन्दा स्थान, कबाड़खाना, कूड़ाखाना; स्वार्थभाव, सुअरपन, कमीनापन, गन्दापन, पाजीपन।

piggin -पि'गिन् n. काष्ठपात्र, कठौता, कठौतीF, कठोलियाF, अढ़ियाF, कड़ाहीF।

piggish पि'गिश् a. शूकरोपम, लोभी, स्वार्थी, निकृष्ट, अधम, पाजी।

piggishness -निस् n. शूकरोपमताF, लोभ, स्वार्थ, निकृष्टताF, सुअरपन, कमीनापन, पाजीपन।

piggy पि'गि n. घेंटा, सुअर, छौना; पिग्गी-विग्गी, गुल्ली-डण्डा।

piggy-wiggy पि'गि-वि'गि दे० PIGGY.

pigment पिग'मॅन्ट् n. (प्राणि०, वन०, चि०) **रंगद्रव्य**, (रसा० चि०, प्राणि०) **वर्णक**, (कृषि०, प्राणि०) **रंजक**, रोगन, (कृषि०, प्राणि०, जीव०) **रंग**; वर्ण; (चि०) शरीर ऊतकोंका सहज वर्ण; T.

~ *cell*, ~ *chlorine*, ~ *granule*, ~*layer*, ~ *spot*, ~ *violet*.

pigmental, pigmentary -मे'न्'टॅल्, -मे'न्'टॅरि aa. रंग-विषयक, वर्ण-सम्बन्धी; रंगमय, वर्णमय, रंगीन, रंगदार।

pigmentation -मॅन्टे'शॅन् n. रंगायण, (जीव०) **रंजकता**F, वर्णकताF, वर्णताF, रंगत; वैवर्ण्य; (स्नायुFकी) सहजवर्णताF।

pigmentum -मे'न्'टॅम् n. आलेप, उबटन।

pigmy पिग्'मि n. दे० PYGMY.

pignorate पिग्'नॅरेट् v.t. प्रतिज्ञाF करना, वचनबद्ध होना, वचन देना, वादा करना, जबान देना।

pignoration -रे'शॅन् n. प्रतिज्ञाकार्य, वचनबद्धताF, वचन देना, वादा करना, जबान देना।

pigsty पिग्'स्टाइ n. शूकरशालाF, खोभार, सुअरगढ़ा, सुअरबाड़ा, सुअरखाना; (ला०) गन्दा स्थान, गन्दी झोपड़ीF।

pigtail पिग्'टेल् n. तम्बाकूकी पुंगीF, तम्बाकूकी जरीF, तम्बाकूFकी बट्टीF; शिखाF, वेणीF, चोटीF, चुटियाF।

pigtailed पिग्'टेल्ड् a. बट्टीदार; शिखावान्, वेणीयुक्त, चोटीदार।

pigwidgen पिग'विजॅन् n. अप्सराF, परीF; मूढ़पुरुष, मूर्ख व्यक्ति, असभ्य आदमी, गँवार आदमी, बुद्धू आदमी, सीधा आदमी, उजड्ड, भोंदू; अतिक्षुद्र वस्तुF, अतिलघु पदार्थ, अत्यन्त छोटी चीजF।

pika पाइ'कॅ n. तुगराश।

pike[1] पाइक्' n. शूलाF, शूल, प्रास, कुन्त, भाला, नेजा, बर्छीF; (बोल०) कुदालीF, गैंतीF, कीला; शीर्ष, शिखर, नुकीली चोटीF; पाइकF (एक प्रकारकी मछलीF); ~-fish (नुकीले थूथनवाली) एक प्रकारकी मछलीF; ~ man कुदालकर्मी, खानFका मजदूर; शूलपाणि, शूलधारी, बल्लमबरदार;

~-*eyed*, ~ *monger*, ~-*snouted*, ~*tail*.

pike[2] n. चुंगी-द्वार, चुंगी-फाटक, चुंगीनाका, चुंगी-चौकीF; परिशुल्क, पथशुल्क; कर, चुंगीF, महसूल; ~man कर संग्राहक, नाकेदार, चुंगीदार, महसूल चौकीFका दरबान।

pike[3] v.t. बेधना, भेदना, भोंकना, घुसेड़ना, भाला मारना; संघात करना, प्राण हरना, मार डालना।

piked -इ्' a. नुकीली, नोकदार; नुकीली चोटीदार।

pikelet पाइक्'लिट् n. चायFका गोल केक।

piker पाइ'कॅर् n. भीत द्यूत-क्रीडक, चोरीF छिपे खेलने-वाला जुआरी, डरपोक सट्टेबाज; (गुण०) भीरु, भीत, सहमा हुआ।

pikestaff पाइक्'स्टाफ् n. (भालेका) शूलदण्ड, डाँड़, डण्डा, बेंट; *plain as a* ~ नितान्त स्वच्छ, समतल, एक ओर बिलकुल चौरस।

pila ⊙ पाइ'लॅ n. (जीव०) **घोंघा**, T.

pilary पाइ'लॅरि a. शिरोरुहीय, केशीय, बाल-सम्बन्धी, बालोंका।

pilaster पिलैस्'टॅर् n. प्राचीर स्तम्भ, (यंत्र०, स्था०) **भित्तिस्तम्भ**, पील पाया, चौकोर खम्भा।

pilau, -aw, -aff पिलॉ, -ऑ, -ऑफ् n. (चावल, मांस और मसालोंसे बना हुआ) पुलाव, जरदा।

pilch पिल्च्' n. पिल्च, (बच्चोंका नैपकिनके ऊपर पह-ननेका फलालैनका कपड़ा); हलकी जीनF, हलका चारजामा।

pilchard पिल्'कॅड् n. सम्बहुलाF, (हेरिंगFके सदृश एक छोटी-सी मछलीF)।

pilcorn पिल्'कॉर्न् n. उखड़े छिलकेवाली जईF।

pile[1] पाइल्' n. शंकु, कीलF, (यंत्र०, परि०) **खूँटा**, मेखF; नोकदार डण्डा, (यंत्र०, परि०) नुकीला **लट्ठा**; (लोहेकी भारी) (यंत्र०, परि०) **स्थूणा**F, स्तम्भ, खम्भा, धन्नीF, धरनीF, (यंत्र०, परि०) **बल्ली**F, शहतीर; T.; ~ cap (यंत्र०, स्था०) **सरदल**; ~-driver खम्भा गाड़नेका यन्त्र, खम्भागाड़नीF;

~ *dwelling*, ~ *foundation*, ~ *method*.

pile[2] n. चितिF, चय, निकर, पुंज, राशिF, ढेर, चट्टा, अम्बार; (बोल०) अपार सम्पत्तिF, धनराशिF; ऐश्वर्य, समृद्धिF, वैभव; हर्म्यमालाF, प्रासाद-पंक्तिF, भवनावलीF; (*atomic* ~ भी) परमाणु-राशिक (किरणधातुF या यूरेनियम-युक्त, आण्विक शक्तिFके उपयोग एवं अध्ययनके

लिए) एक यन्त्र; funeral ~ चिता^F, चिति^F, चित्या^F; *make a ~, make* one's ~ धनार्जन करना, दौलत^F कमाना।

pile³ n. (सिक्केका) सचित्र पहलू, सन, उलट, चित; *cross or ~* (सिक्केकी) सन या मक्खी^F, चित या पट, शिर या पूँछ^F, शेर या बकरी^F।

pile⁴ n. रोम, लोम, रोवाँ, रेशा, ऊर्ण, ऊन; फलालैन, (कपड़े या मखमल आदिका) रोयाँ या पशम।

pile⁵ n. अर्बुद, मसा, कील^F, मस्सा; (pl.) अर्श, गुदकीलक, दुर्नामक, गुदांकुर, बवासीर; bleeding ~ (चि०) रक्तार्श; ~wort (बवासीरके रोगमें लाभकारक) एक पौधा।

pile⁶ v.t. स्तम्भारोपण करना, खम्भे गाड़ना, खम्भे लगाना।

pile⁷ v.t. राशि^F लगाना, संचित करना, एकत्र करना, चट्टा या ढेर लगाना, जोड़ना, बटोरना, जमा करना; (प्रायः *up* और *on* के साथ) भरना, पाटना, अँटना, पूरना, लादना; ~ *it on* अतिशयोक्ति^F करना; ~ *up* (नौवि०) किसी पोतका थल या शिला^Fपर चढ़ना; ~ *up (on) the agony* (बोल०) करुणकथा^Fको और तीव्र बनाना, अति कारुणिक वर्णन करना।

pilea⊙ पाइ'लिॅअॅ n. (वन०) **विस्फोटी पाइप**, T.

pileate पाइ'लिॅअॅट् a. (जीववि०) कलँगीदार, टोपीवाला।

pileiform पाइली'इफ़ॉर्म् a. (वन०) **छत्रकाकार**।

pileous⊙ पाइ'लिॅअॅस् a. सशिरोरुह, शिरोरुहयुक्त, केशयुक्त, बालयुक्त, बालदार।

piler पाइ'लॅर् n. चेता, चयनकर्ता, निकरकर्ता, पुँजीकर्ता, राशिकर्ता, ढेर लगानेवाला, अम्बार लगानेवाला।

pileus पाइ'लिॅअॅस् n. (वन०) **छत्रिका**^F।

pilfer पिल्'फ़ॅर् v.t. & i. चुराना, मूसना, मार लेना, चोरी करना, उठा लेना, हथलपकी करना।

pilferage -रिज् n. लघुचौर्य, चोरी^F, (का०) **छिटपुट चोरी^F, मूषण**, हथलपकी^F, उचकाव, (परि०) **उठाई-गीरी^F**, (~ *clause*) **टिकियाचोरी^F**।

pilferer -रॅर् n. लघुचोर, तस्कर, चोर, चोरनी^F, उचक्का, मूषक, उठाईगीर।

pilfering -रिंग् v.t. & i. लघुचौर्य, चुराना, मूसना, मार लेना, हथलपकी^F करना।

pilgarlic पिलगार्'लिक् n. गंजा सिर, चँदुली खोपड़ी^F; गंजा मनुष्य, चँदुला व्यक्ति; निःस्व व्यक्ति, निर्धन व्यक्ति, अत्यन्त गरीब आदमी; त्यक्त पुरुष, परित्यक्त आदमी।

pilgrim¹ पिल्'ग्रिम् n. (रेल०) **तीर्थयात्री**, धर्मयात्री, यात्रिक, तीर्थपर्यटक, हाजी; जीवनयात्री, जीवनपथिक, जीवनराही; यात्री, पथिक, राही, राहगीर, मुसाफ़िर; P ~ Fathers (इंग्लैण्डके) प्यूरिटन सम्प्रदायी;
~-deposit, ~ pass, ~-shed, ~ ship, ~-tax, ~-ticket.

pilgrim² v.i. & t. तीर्थयात्रा^F करना, धर्मयात्रा^F करना, हज करना; यात्रा^F करना, भ्रमण करना, पर्यटन करना।

pilgrimage¹ -मिज् n. (दर्श०) **तीर्थयात्रा^F, तीर्थाटन**, धर्मयात्रा^F, पुण्य यात्रा^F, हज; (ला०) जीवन-यात्रा^F।

pilgrimage² v.i. तीर्थयात्रा^F करना, तीरथ करना।

pilgrimager -जॅर् n. तीर्थयात्री, तीर्थसेवी, हाजी।

pilgrimer -मॅर् n. दे० PILGRIMAGER.

pilgrimize -माइज् v. i. & t. तीर्थयात्री होना, तीर्थसेवी होना; यात्री या पथिक बनना, यात्रा^F करना।

piliferous पाइलि'फ़ॅरॅस् a. लोमश, रोमयुक्त, बालदार, रेशेदार, रोवेंदार; ~ layer (वन०) **रोमी परत^F**।

piliform -'लिफ़ॉर्म् a. केशीय, केशाकार, केशवत्, रोएँ या बाल जैसा।

piling⊙ पाइ'लिंग् n. (ध्वनि०, वाणि०) **(अक्षर) चढ़ाना**; ~ letters (वाणि०) **चढ़े अक्षर**।

pill¹ पिल्' n. वटिका^F, गुटिका^F, बटी^F, (चि०) **गोली^F**, टिकिया^F; (ला०) विषका घूँट, जहरका घूँट, खूनका घूँट (*swallow the ~, a bitter ~*, etc.); (ग्रा० या हास्य०) गोली^F, गोला, छर्रा; गोली^F, गेंदा, गेंद^F; (pl.) (अण्टेका खेल) बिलियर्ड; ~ box बटिकामंजूषा^F, गोली^F रखनेकी डिबिया^F; (हास्य०) गाड़ी^F, छोटी-सी गाड़ी^F, मकान, छोटा-सा मकान; (सेना०) छोटा सुरंगी पक्का किला; **सुफिआ तहखाना**; *a ~ to cure an earthquake* ऊँटके मुँहमें जीरा।

pill² v.t. पराजित करना, नाक^F रगड़वाना, काली गोली^F देना; पत्ता काटना, चुनावमें मत न देना।

pill³ v.t. चुराना, ठगना, लूटना, मूसना, खसोटना, हड़पना, डाका डालना।

pillage¹ -'लिज् n. विलुण्टन, अपहरण, लूट^F, डकैती^F, लूटमार^F, बटमारी^F, छीना-झपटी^F; (विशे०, सेना०) लूट^Fका धन या सम्पत्ति^F।

pillage² v.t. विलुण्ठन करना, अपहरण करना, लूटना, लूटमार^F करना, डकैती^F डालना, बटमारी^F करना, छीना-झपटी^F करना।

pillager -जॅर् n. विलुण्ठक, अपहारक, अपहर्ता, लुटेरा, डाकू, बटमार, छीना-झपटी^F करनेवाला।

pillar¹ पि'लॅर् n. स्थाणु, अवष्टम्भ, (परि०) **स्तम्भ, खम्भा**, (~ *cock*), पाया; स्तम्भपाद, खम्भेकी कुर्सी^F; (ला०) मूलाधार, आधारस्तम्भ, आधारशिला^F, प्रमुख या मुख्य समर्थक (*a ~ of the faith*); जलस्तम्भ, वायु-स्तम्भ; (खनिज) कोयलेकी तह^F या दीवार^F या खम्भा; ~-box पत्रमंजूषा^F, डाकका डब्बा, खम्भेपर जमाया गया लैटरबक्स; ~ bracket (इति०) **घोड़िया**; *driven from ~ to post* धोबीका कुत्ता न घरका न घाटका, मारा-मारा फिरना, बेपेंदीका लोटा होना, जगह-जगह^F रौंदा जाना।

pillar² v.t. स्तम्भाधार बनाना, खम्भेका आधार या सहारा देना, आसरा देना।

pillared -'लॅर्ड् a. अवष्टम्भित, स्तम्भित, स्तम्भ, खम्भे-दार, खम्भोंपर टिका हुआ।

pillaret -'लॅरिॅट् n. लघुस्तम्भ, छोटा खम्भा, खम्भिया^F, थूनी^F, थाम^F।

pillarist –रिस्ट् n. स्तम्भशीर्ष-योगी, स्तम्भकी चोटी^F-पर रहनेवाला साधु।

pillau पिलॉ' n. = PILAU.

pillion पि'ल्यॅन् n. (इति०) महिला-पर्याण, जनाना जीन^F, तिरिया-पलान, जनाना पलान; (आधु०, मोटर-सायकिल^F या फटफटिया-चालकके पीछेकी) गद्दी^F या सीट^F; (चि०) कृत्रिमपाद।

pillory[1] पि'लॅरि n. (अपराधीके लिए) लकड़ी^F का एक कठघरा, पिलोरी।

pillory[2] v.t. (अपराधीको) कठघरेमें जकड़ना या कसना; (ला०) अपमान करना, उपहास करना, खिल्ली^F उड़ाना।

pillow[1] पि'लो n. शिरोधान, उपबर्ह, उपधान, तकिया^F, सिरहाना; गेंदवा, टेकन^F; (पारिभा०) काष्ठखण्डक, लक्कड़ या कुन्दा; तकियासहारा या टेक^F; ~-case, ~-slip उपधानकोश, तकिये^F का गिलाफ; *take counsel of one's* ~ चिन्तन करते-करते सो जाना।

pillow[2] *v.t. & i.* अवलम्ब लेना, सहारा लेना, टिकना, टेक^F लेना, थामना, सम्भालना; तकियेपर सिर धरना, तकियेका सहारा लेना।

pillowy –लोइ a. उपधानवत्, तकियाई, तकिये-जैसा आरामदेह।

pilose, -ous पाइ'लोस्, -ॲस् aa. (वन०) **चिन्नूकित, मृदुलोमी,** लोमश, रोमयुक्त, केशमय, रोएँदार, झबरा; T.

pilosity –लॉ'सिटि n. लोमशता^F, लोमप्राचुर्य, रोम-युक्तता^F, झबरापन।

pilot[1] पाइ'लॅट् n. (चि०) **कर्णिक,** कर्णी, कर्णधार, (परि०) **कनहार, अरकटी, आराकाटी;** पोतचालक, पोतवाहक, नौविद्यापारंगत; (प्रा०) पोतवाह, नौवाह, नाविक, माँझी, केवट, मल्लाह, खेवैया; (विमा०) चालक, **विमान-चालक, पाइलट;** वैमानिकी-विशारद, विमान-विद्या-पटु; (ला०) नेता, पथप्रदर्शक, मार्गदर्शी, पथ-दर्शक, अगुवा, रहनुमा; (गुण०) मार्गदर्शी, अग्र- (~ *scheme*); ~-balloon (भू०) **वात-सूचक गुब्बारा, पवन सूचक गुब्बारा,** (वात-सूचक) छोटा गुब्बारा; **पायलट गुब्बारा;** ~ boat (जहाजपर चढ़ने उतरनेकी) अग्रनौका^F, नाव^F; ~-cloth (पोतवाहोंके कोटका) नीला ऊनी कपड़ा; ~ engine ~ car **पथदर्श गाड़ी,** ~ cell **मुख्यकोशिका**^F; ~ census **पथप्रदर्शी जनगणना**^F; मार्गदर्शी इंजिन; ~-fish मार्गदर्शक मत्स्य, अगुआ मछली^F; ~-flag, -jack कर्णधार पताका^F, ~ man पथप्रदर्शक; P ~ Officer विमानाध्यक्ष, विमानाधिकारी; ~ jacket = PEA jacket; ~ ladder **पट्टी सीढ़ी**^F**, कनहार सीढ़ी**^F**, तख्ता सीढ़ी**^F; ~ plant मार्गदर्शी संयन्त्र; **प्रायोगिक संयन्त्र;** ~ station **प्रारम्भिक स्टेशन, कनहार स्टेशन;** ~ survey **प्रायोगिक सर्वेक्षण,** निर्देशक सर्वेक्षण; ~tape **प्रायोगिक फीता, प्रायोगिक टेप;** *drop the* ~ (विश्वासपात्र या परामर्शदातासे) सम्बन्ध विच्छेद करना, (योग्य संचालकका) परित्याग करना;
~ census, ~ lamp, ~ project, ~ scheme.

pilot[2] v.t. पथप्रदर्शन करना, मार्गदर्शन करना, राह^F दिखाना, रहनुमाई^F या रहबरी^F करना; विमान चलाना; पोत चलाना, नाव^F खेना, मल्लाही^F करना।

pilotage –लॅटिज् n. पथप्रदर्शन, मार्गदर्शन; कर्णधार-कर्म; (परि०) **कनहारी**^F; अकाट्टी, **अकाड़ी, पाइलटका कार्य;** विमान-संचालन; जलपोत-संचालन; उड़ान; कर्णिक-वेतन, पोतवाह या विमान-चालकका भत्ता।

pilotless –ट्लिॅस् a. पथप्रदर्शकरहित, मार्गदर्शकविहीन; पोतवाहरहित; वायुयान-चालक शून्य।

pilous पाइ'लॅस् a. लोमश, रोमिल, रोम-युक्त, केशमय, रोएँदार, झबरा।

Piltdown पिल्ट्'डॉउन् a. एक ससेक्सकी झोपड़ी^F।

pilula ⊙ पि'ल्यूलॅ n. (चि०) **गोली**^F।

pilular, pilulous –लॅर्, -लॅस् aa. वटिका-विषयक, गुटिका-सम्बन्धी, गोली^F का।

pilule, pill-, –ल्, पिल् n. वटिका^F, गुटिका^F, वटी^F, गोली^F, छर्रा।

pilum ⊙ पाइ'लॅम् n. (इति०) **मूसली**^F, T.

pimelode पि'मॅलोड् n. एक मोटे मुँहवाली मछली^F।

pimelosis ⊙ पिमि'लो'सिस् n. वसीयन, वसानिर्माण, वसारूपमें परिवर्तन, चर्बी^F के रूपमें परिवर्तन।

pimento पिमे'न्'टो n. लवंगवदर; पाइमेण्टो (जमैका-की गोलमिर्च^F)।

pimp[1] पिम्प्' n. विट, संचारक, संचालक; कुटनी^F, दूती^F, दूतिका^F; कुटना, दलाल; भँड़ुवा, भाँड़; कुण्डाशी, सुरत दूत, नर्म सचिव।

pimp[2] v.t. विटकर्म करना, संचरण करना, कुटनाई^F करना, दलाली^F करना, भँड़ुवाई^F करना।

pimpernel पिम्'पॅर्नल् n. जलौकामारी^F, जोंकमार, पिम्परनल, (एक प्रकारका ऊसर भूमि^F का पौधा)।

pimping पिम्'पिंग् a. क्षुद्र, तुच्छ, नीच, लघु, हीन, छोटा; अस्वस्थ, रुग्ण, क्षीण, दुर्बल, निर्बल, कमजोर।

pimple पिम्'पॅल् n. स्फोट, (वन०) **पिटिका**^F, अर्बुद, तनुव्रण, रक्तवटी^F, फोड़ा, फुंसी^F, फुड़िया^F, मुँहासा; *a* ~ *has grown upon an ulcer* एक तो करेला दूसरे नीमचढ़ा।

pimpled –ड् a. व्रणी, स्फोटमय, पिटिकायुक्त, मुहाँसों-वाला, फुन्सीदार।

pimply –लि a. दे० PIMPLED.

pin[1]* पिन्' n. अणि^F, आणि^F, शल्य, शलाका^F, सूचिका^F, सुई^F*; शूक^F, कण्टिका^F, पिन^F*, आलपीन; शंकु, खूँटी^F, मेख^F, (कृषि०, यंत्र०) **कील**^F; (बहु०, बोल०) चरण, पाद, पाँव, टाँगे^F (*quick on his* ~*s*) धुन्ध^F, जाला; (४॥ गैलनका) बेलन, छोटा पीपा; ~ bone (कृषि०) **अपलास्थि**^F; ~ cushion पिनगद्दा, आलपीन^F की गद्दी^F, **पिनकुशन;** ~ drop silence पूर्ण नीरवता; ~-feather पक्षांकुर, अविकसित पंख; ~-

fire cartridge आलपीनी कारतूस^F, शूल-संचालित कारतूस^F; ~-head सूचिशीर्ष, आलपीन^F या सुई^{F}की नोक^F; (ला०) सूक्ष्म वस्तु^{F}, अत्यन्त बारीक या छोटी वस्तु^{F}; ~ hole (चि०) सूचीमुख; ~ man सूची विक्रेता; ~-money भत्ता, वार्षिक धनराशि^{F}; पानदान-का खर्च; (अर्थ०) **जेब खर्च**, स्त्री^{F}का जेबखर्च; ~-point सूच्यग्र, सुई^{F}की नोक^F, आलपीन^{F}की नोक^F; (ला०) अति-सूक्ष्म वस्तु^{F}, बहुत बारीक या महीन वस्तु^{F}; ~ prick मर्मान्तक पीड़ा^{F}, असह्य पीड़ा^{F}, कसक^F, चिलकन^F, टीस^F, चुभन^F; ~ worm (चि०) सूत्रकृमि; *don't care a~* किंचिन्मात्र चिन्ता^{F} मत करो;

~-case, ~-eyed, ~ feathering, ~-fire, ~ fish, ~ flat, ~ fold, ~folding, ~ hinge, ~ hold, ~ hole, ~ joint, ~knot, ~-maker, ~-making, ~ punch, ~ rail, ~-stripe, ~ tail, ~-tailed, ~-tuck, ~-wheel, ~worm.

pin^2 v.t. नत्थी^{F} करना, टाँकना; (आलपीन^{F}से) नत्थी^{F} करना, लगाना; (दो वस्तुओं^{F}को आलपीनसे) सम्बद्ध करना, जोड़ना; (मेख^F या भाले आदिसे) परिविद्ध करना, वेधना, चुभोना, आरपार करना; (किसी व्यक्तिको) वचनबद्ध करना, नियमबद्ध करना; घेरना, बाड़ा बनाना; ~-up (n.) (दीवाल^{F}में लगा) चित्र; ~ *down* **दबा देना, कीलना**; ~ one's *faith on* (person) पूरा भरोसा करना, (किसीपर) पूर्णतया निर्भर रहना; ~ *on* one's *sleeves* किसीपर पूर्णतः आश्रित होना।

pinachrome पि'नॅक्रोम् n. छविवर्णक।

pinacocyte⊙ पिनै'कॅसाइट् n. (जीव०) **शुल्क-कोशिका**।

pinacoid पि'नॅकाएॅड् n. (भू०) **पट्टपार्श्वक**, T.

pinafore पि'नॅफ़ोॲर् n. वस्त्ररक्षक, ओढ़न, बालापोश; पोशाक^{F}के सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, पिनाफोर।

pinaster पाइनैस्'टॅर् n. यूरोपीय देवदारु।

pince-nez (F) n. नाक-पकड़ चश्मा।

pincers पिन्'सॅर्ज़् n. (pl.) संदंशनी^{F}, संदंशिका^{F}, (कृषि०, यंत्र०) **सँड़सी**^{F}, चिमटा, (यंत्र०) **चिमटी**^{F}, संसी^{F}, मोचना; ~movement (सेना०) संसृत प्रचलन एक बिन्दु या दिशा^{F}के अभिमुख होकर आगे बढ़ना।

pincette (F) n. चिमटी^{F}, मोचनी^{F}।

pinch^1 पिन्च्' n. चिकोटी^{F}, चिहुँटी^{F}, चुटकी^{F}, कोंचन^F, चुभन^F; (ला०, निर्धनता^{F} आदिका) क्लेश, कष्ट, दुःख, बोझ, तकलीफ़^{F}; धनाभाव, तंगी^{F}, तंगहाली^{F}; चुटकीभर (*a ~ of salt*); *a ~ of grain to a famished creature* ऊँटके मुँहमें जीरा।

pinch^2 v.t. & i. चिकोटी^{F} काटना, चिहुँटी^{F} काटना, चुटकी^{F} काटना, कोंचना, चकोटना, नोचना, चुभोना; (ला० शीत, भूख^F आदिसे) व्याकुल होना, पीड़ित होना, कष्टमें पड़ना, ग्रस्त होना; (किसी व्यक्तिसे धन आदि) हरण करना, शोषण करना, लूटना, छीनना, हथियाना, बलपूर्वक वसूल करना; (किसी व्यक्तिको अन्न, भोजन आदि देनेमें) कमी^{F} करना, कोताही^{F} करना, काटकपट करना; परिमित करना, सीमित करना, सीमा^{F} बाँधना, हद्द^F बाँधना; कृपणता^{F} करना, कंजूसी^{F} करना; संकीर्णता प्रकट करना, क्षुद्रता^{F} दिखाना, सूमपन करना; प्रेरित करना, आगे बढ़ाना, ऍंड^F लगाना; दबाना; (हवा^{F}के रुखके अनुसार) खेना, नाव^F चलाना; (ग्रा०) अपहरण करना, चुराना, मूसना, लूटना; बन्दी बनाना, गिरफ्तार करना; आवर्जन करना, निग्रह करना, प्रग्रहण करना; संरक्षणमें लेना, अभिरक्षा^{F}में लेना, हिरासत^{F}में लेना; ~ bolt **ठेस कावला**, T. ~ cock (रसा०, चि०) **चुटकी**^{F}; पीडरोधनी^{F}; **दाबक रोधनी**^{F}, T.; ~ commons भोजनकृपण, खानेमें कंजूस; ~ *hitter*⊙ सहायक, मददगार; ~ fist, ~ gut, ~-penny कृपण, कंजूस, सूम; *that is where the shoe ~es* यहाँ दालमें काला है, यही तो परेशानी^{F} है।

pinchbeck^1 पिन्च्'बे`क् n. कृत्रिमस्वर्ण, (ताँबे और जस्तेका मिश्रण)।

pinchbeck^2 a. कृत्रिम, बनावटी, छद्मपूर्ण, नकली, खोटा, झूठा।

pincher पिन्'चॅर् n. क्षुद्रचौर, छोटा चोर, सेंधिया; कोंचनेवाला; चुभनेवाला, चुटकी^{F} काटनेवाला, चिकोटी^{F} काटनेवाला, चिहुँटी^{F} काटनेवाला।

pinching -चिंग् n. (कृषि०) **चुटकना**।

pinder पिन्'डॅर् n. (पशुओंको) बाड़ेमें बन्द करनेवाला।

pine^1 पाइन्' n. पीतद्रु, देवदारु, पतिकाष्ठ, सरल, अनन्नास, (वन०, प्रा० भूगोल) **चीड़**, पाइन; ~apple (कृषि०) **अनन्नास**; (ग्रा०) हथगोला; ~-bone (कृषि०) अपलास्थि^{F}; ~-barren समतल बलुआ प्रदेश (जहाँ देवदारु आदि उगते हैं); ~-beauty, ~ carpet देवदारु-कीट; ~-cone देवदारु-फल; ~-house अनन्नास-क्षेत्र, अनन्नास-गृह; ~ *tum* (बहुव० *ta*) देवदारुका जंगल;

~-bearing, ~ beetle, ~ blister, ~-bordered, ~-built, ~-bunting, ~-capped, ~-clad, ~-covered, ~-crested, ~-crowned, ~-dotted, ~-finch, ~ forest, ~-fringed, ~-kernel, ~ land, ~-marten, ~ moth, ~-needle oil, ~-needle rust, ~ sap, ~ sawfly, ~-shaped, ~-shoot tortrix, ~ soot, ~ timber, ~ weevil, ~ wood, ~ woods, ~-wool.

pine^2 n. पीड़ा^{F}, यन्त्रणा^{F}, क्लेश, दुःख, कसक^F।

pine^3 v.i. (शोक या रोग आदिसे) क्लान्त होना, म्लान होना, शिथिल होना, श्रान्त होना, विकल होना, तड़फना, घुलना, दुबला होना, सूखना; (किसी वस्तु^{F}के लिए या पीछे) लालायित होना, व्यग्र होना, उत्सुक होना, उत्कण्ठित होना, बेचैन होना, कुढ़ना।

pineal पाइ'नि`ॲल् a. (श० र० शा०) देवदारु-फलवत्, सनोबरके फलके आकारका; ~ eye (जीव०) **मध्य नेत्र**; ~ gland अग्रपिंड, (शिक्षा०, चि०) शंकुकन्दिका^{F}, **शीर्ष-**

ग्रन्थि^{F}, तृतीयनेत्रग्रन्थि^{F}, तृतीय-दक्कन्द, दिव्यनेत्र, सरल विग्रह; ~ nerve (जीव०) **मध्यनेत्र तंत्रिका**^{F}; ~ organ **मध्यनेत्र अंग; पिनियल अंग।**

pinery –'नॅरि n. सरलवन, अनन्नासशाला^{F}; चीड़का वन; देवदारु वृक्षारोपण, सनोवर लगानेका कार्य।

piney –नि a. पीतद्रु-बहुल, देवदारु-बहुल, पूतिकाष्ठ-संकुल, सरल-संकुल, अनन्नासवाला, चीड़से भरा हुआ, पाइनसे भरा हुआ।

pinfold[1] पिन्'फोल्ड् n. पशुशाला^{F}, मवेशीखाना, काँजीहाउस, कानीहौद।

pinfold[2] v.t. (काँजीहाउसमें) घेरना, बन्द करना।

ping[1] पिन्ग्' n. झंकार^{F}, झनझनाहट^{F}, टंकार^{F}, सनसनाहट^{F}।

ping[2] v. i. झंकार^{F} करना, झनझनाना, टंकार^{F} करना, सनसनाना, सनसनाहट^{F} पैदा करना।

ping-pong पिन्ग्'-पॉन्ग् n. टेबुल टेनिस, पिंग-पाँग।

pinguid पिन्'ग्विड् a. पीन, स्थूल, मुट्टल, थुलथल; स्निग्ध, चिकना, तैलमय, वसामय, मज्जापूर्ण, चर्बीला।

pinguidity, pinguitude –'ङिटि, –'ग्विट्यूड् n. स्थूलता^{F}, मोटाई^{F}, मोटापन; स्निग्धता^{F}, चर्बीलापन।

pinguin पिन्'ग्विन् n. विलायती अनन्नास।

pinic पाइ'निक् a. पीतद्रु-विषयक, देवदारु-विषयक, पूतिकाष्ठ-विषयक, सरल-सम्बन्धी, अनन्नास-सम्बन्धी, चीड़का, पाइनका।

pinicoline ⊙ –'कॅलिन a. पीतद्रुवन-वासी, देवदारुवन-निवासी, चीड़के जँगलोंमें रहनेवाला; पीतद्रवनोत्पन्न, देवदारुवन-जात, चीड़के जँगलोंमें होनेवाला।

piniform ⊙ –'निफ़ॉर्म् n. शंक्वीय, शंकवीय, शंक्वाकृति, शंक्वाकार, शंकुके आकारका; पीतद्रुवत्, देवदारु-सदृश, अनन्नासके वृक्षके आकारका।

pining पाइ'निंग् १. n. म्लानि^{F}, अवसाद, उत्कण्ठा^{F}; २. a. म्लान, विषण्ण, उत्सुक, उत्कण्ठित।

pinion[1] पि'न्यॅन् n. (जीव०) **पक्षांत,** पक्ष, पंख, बाहुबन्ध, पर, डैना, पखना; (का०) पार्श्व, भुजा^{F}, बाजू^{F}, पहलू; पक्ष, ओर।

pinion[2] n. दन्तिका^{F}; दन्तिका-चक्र, दाँतेदार या दनदानेदार छोटा पहिया; (ध्वनि०, यंत्र०) **गरारी**^{F}, पहियेमें लगा हुआ दाँतेदार टेकुआ या धुरी^{F}; हथकड़ी^{F}; (कृषि०, यंत्र०) T.

pinion[3] v.t. पक्षकर्त्तन करना, पंख काटना, पर काटना; (किसी व्यक्तिकी) भुजा^{F} बाँधना, बाँह बाँधना, जकड़ना, हथकड़ी^{F} लगाना, गिरफ्तार करना; (किसी व्यक्तिको किसी वस्तु^{F}से) कसना, जकड़ना।

pinioning –निंग् n. (जीव०) **पक्षांत बन्धन।**

pink[1] पिन्क्' n. आपद्म, गुलाब, पाटल या पाढर वृक्ष, (वन०) **पिंक;** पाटल वर्ण, (रसा०) गुलाबी; गुलाबी रंग, प्याजी रंग; लोमड़ी^{F}के शिकारका लाल कोट; शिकारी कोटका कपड़ा; लोमड़ी^{F}का शिकारी; ~ bollworm (वन०) **गुलाबी सूँडी**^{F}।

pink[2] n. अग्र, शिखर, पराकाष्ठा^{F}; उत्तम अवस्था^{F} (*the ~ of health*); *in the ~* (ग्रा०) अत्युत्तम, अति-सुन्दर, परमश्रेष्ठ, बढ़िया, उम्दा; स्वस्थ-रूपसे; भले-चंगे रूपसे; *~ of perfecton* चरमोत्कर्ष, सर्वोच्च स्थान; *the ~* पूर्णावस्था^{F}, नितान्तपूर्णता^{F}, चोखापन (*the ~ of elegance*)।

pink[3] n. नौका^{F}, नाव^{F}, डोंगा, किश्ती^{F}।

pink[4] n. सामन मछली^{F}का बच्चा; (बोल०) मिनो (*minnow*) मछली^{F}।

pink[5] v.t. & i. (तलवार^{F} इत्यादि) बेधना, भोंकना, छलनी^{F} करना, घुसेड़ना, चुभोना; (*~ out* के साथ भी) रन्ध्रण द्वारा आभूषित करना; अलंकृत करना, सुशोभित करना, आभूषित करना; सजाना; (मोटर-इंजनका) भड़कना, धमकना।

pink[6] a. पाटल वर्णी, (रसा०) **गुलाबी,** प्याजी, (*rose -~, salmon-~*); (राजनीति^{F}) अरुणाभ, रक्ताभ, हलका लाल, कुछ-कुछ लाल; ~ bollworm (कृषि०) **गुलाबी सूँडी**^{F}; ~ disease (कृषि०) **गुलाबी रोग;** ~-eye (घोड़ोंका) सांसर्गिक ज्वरविशेष; नेत्र अभिष्यन्द रोगका एक प्रकार; गजसूक्ष्म-नेत्रता; ~ rot (कृषि०) **गुलाबी विलगन।**

pinkiness –'किनि`स् n. पाटलता^{F}, पाटलवर्णता^{F}, पाटलीयता^{F}, गुलाबीपन, प्याजीपन।

pinking पिन्'किंग् n. खड़खड़ाहट^{F}, खटखटाहट^{F}, थपथपाहट^{F}; आबदार पत्थरको अधिक आबदार करनेका कार्य।

pinkish पिन्'किश् a. पाटल-सदृश, गुलाबी-सा, प्याजी-सा।

pinkness –क्'नि`स् n. पाटलीयता^{F}, गुलाबीपन, प्याजीपन।

pinky –'कि a. पाटल, पाटलवर्ण, पाटलीय, गुलाबी, प्याजी।

pinna पि'नॅ n. (pl. *-ae*) (वन०) **पक्षक,** दल, पत्र, पत्रक, पल्लव, पत्ती^{F}; (जीव०) **बाह्यकर्ण;** (चि०) **कर्ण-पल्लव;** पक्ष, पर, पंख; T.

pinnace पि'नॅस् n. दो-मस्तूली लघु नौका^{F}।

pinnacle[1] पि'नॅकॅल् n. प्रासादाग्र, कलश, अट्ट, कंगूरा, बुर्ज; (नौवि, परि०) **जल-शृंग;** (यंत्र०) **शिखर,** शृंग, शीर्ष, सिरा, चोटी^{F}, टीला; (ला०) परमावस्था^{F}, परमोच्च स्थान, चरमोत्कर्ष, चरमसीमा^{F}, पराकाष्ठा^{F}।

pinnacle[2] v. t. कलशपर स्थित करना, चोटी^{F}पर रखना, कलश-स्वरूप देना, कलश स्थापित करना, कंगूरा लगाना।

pinnate पि'नॅट् a. (वन०) **पक्षवत्,** पक्षकल्प, पक्षाकार, पंख-जैसा, परनुमा (*~leaf*); (जन्तुवि०) पक्षवत्, द्विशाख।

pinnated –नेटि`ड a. दे० PINNATE.

pinnatifid –नै'टिफ़िड् a. पक्षवत्खण्डित, पंखवच्छ-कलित, (वन०) **पक्षवद्दर,** T., पंखके टुकड़ेवाला।

pinnation पिने'शॅन् n. पक्षवत्ता^{F}।

pinnatipartite ⊙ पिनैटिपार्'टाइट् a. (वन०) **पक्षवद्विदर,** T.

pinnatiped ⊙ पिनै'टिपे॑ड् a. जालक-पाद, झिल्लीदार पैरोंवाला।

pinnatisect ⊙ पिनै'टिसे॑क्ट् n. (वन०) **पक्षवच्छिदर,** T.

Pinnepedia पिनि॑पी'डिअॅ n. (जीव०) **क्षेपणीपाद प्राणी,** T.

pinner पि'नॅर् n. सूचिकाकार; सूचिका-निर्माता, आलपीनF बनानेवाला; आलपीनF लगानेवाला, नत्थीF करनेवाला।

pinniped ⊙ पि'निपे॑ड् a. (जीव०) **युक्तांगुलि;** आलपीनयुक्त, आलपीनF लगा हुआ, आलपीनFसे नत्थी; T.

pinnulate पि'न्यूलॅट् a. (वन०) उपपत्रयुक्त, पल्लवी; (जीववि०) पक्षकयुक्त।

pinnule पि'न्यूल् n. (वन०) उपपत्र, पल्लव; (जीववि०) उपपक्ष, (वन०) **पक्षिकीF**।

pinny[1] पि'नि n. वस्त्ररक्षक, वालापोश; पोशाकFके सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, बचकाना कोट, पिनाफोर।

pinny[2] a. बालवत्, शिशु-सदृश, बच्चे-जैसा; बालविषयक, शिशु-सम्बन्धी, बच्चेका।

pinoc(h)le पि(पी)'नॅकॅल् n. पिनोकिल, (एक अमेरिकी ताशका खेल जो *bezique* जैसा होता है)।

pinole पिनो'लि॑ n. पिनोल, (एक प्रकारका भोजन)।

pint पाइन्ट्' n. शरावF, तरल शरावF; (तरल गैसोंFकी एक मापF) गैलनका अष्टमांश, लगभग ११ छटाँकFकी मापF; T.

pintado पिन्टा'डो n. (अत्र प्रायः ~*-bird*) चित्रक पक्षी, शबलपक्षी।

pintle पिन्'टॅल् n. शंकु, कीलF, (परि०) **कीलीF** (~ *chain*), मेखF, बिरंजीF; अक्ष, धुरीF, धुरा, चूल, कब्जा; T.

pinto ⊙ पि(पी)न्'टो n. & a. शबल (अश्व), चितकबरा (घोड़ा), रंगबिरंगा।

Pinus पाइ'नॅस् n. (कृषि०, वन०) **चीड़,** T.

piny पाइ'नि a. देवदारु-विषयक, सनोबरी, चीड़ी; देवदारुवत्, सनोबर-जैसा; देवदारु या सनोबर-बहुल।

pinx; pxt. *pinxit*, painted it.

pinxit, pinxerunt (L) v.t. -रचित, -चित्रित।

piolet (F) प्योले' n. हिम-कुदालीF, बरफF खोदनेकी कुदालीF, हिम-भंजक कुठार।

pioneer[1] पाइअॅनीअॅर् n. (सेना०) पथप्रदर्शक पदाति, सैन्यमार्गशोधक, सफरमैना; नेता, प्रणेता, अग्रगामी, पथिकृत्, मार्गदर्शक, आविष्कारक, संचालक, प्रवर्त्तक, अगुआ; ~ *corps* **श्रमिक कोर**।

pioneer[2] v.t. & i. (पथ) प्रशस्त करना, (मार्ग) तैयार करना, रहनुमाईF करना; अग्रगामी होना, अग्रसर बनाना; निर्देश करना, हिदायतF करना; मार्गशोधन करना, सफरमैना बनना।

pioneering –रिंग् a. (कृषि०) **पुरोगामी**।

piou-piou (F) n. पैदल सैनिक।

pious पाइ'अॅस् a. भक्त, धर्मवान्, पुण्यात्मा, पुण्यशील, शुचिव्रत, पवित्र, धर्मशील, धर्मपरायण, धर्मात्मा, धर्मी, धर्मनिष्ठ, साधु, सदाचारी, सच्चरित्र, संयमी, नेक, अच्छा; (प्रायः) कर्तव्यवान्, कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, कर्तव्यरत; ~ founder धर्मसंस्थापक, पुण्यप्रतिष्ठापक; *a ~ cat* नौ सौ चूहे खाकर बिल्लीF हुई भक्तिनF।

piousness –नि॑स् n. भक्तिF, धर्मवत्ताF, धर्मनिष्ठाF, धर्मपरताF, पवित्रताF, धर्मात्मताF, पुण्यताF, पुण्यात्मताF, पुण्यशीलताF, शुचिव्रतताF, साधुताF, सदाचारिताF, सच्चरित्रताF, संयम, नेकीF, अच्छाईF; (प्रायः) कर्तव्यवत्ताF, कर्तव्यनिष्ठाF, कर्तव्यपरायणताF, कर्तव्यरतिF।

pip[1] पिप्' n. मुर्गियोंF, बाजों आदिको नेत्रनासादिका एक रोग, पिप; (ग्रा०) मूर्च्छाF, चक्कर, गश, फिट; अत्यधिक विषाद, विषण्णचित्त; क्रोधी स्वभाव, चिड़चिड़ापन (*he, has, gives me, the ~*)।

pip[2] n. (ताश या पाँसे आदिकी) बिन्दु, अंक, चित्तीF, टिप्पीF, बुन्दकीF, बिन्दीF; (सैन्याध्यक्षका) बिल्ला, तमगा; (अधखिले फूलकी) एक पंखुड़ीF।

pip[3] n. (कृषि०) (नासपातीF, सेब, नारंगीF आदिका) **बीज**।

pip[4] n. (संकेतावलीFमें) प वर्ण, पी अक्षर (~ *emma*, *o.~* में)।

pip[5] n. पिप, पी…पी…, पीं-पीं, फट-फट, भर्र-भर्र (*six ~s of the time-signal*)।

pip[6] v.t. (बोल०) (असहमतिसूचक) काली गोलीF देना; असहमतिF प्रकट करना, मत या वोट न देना, हरी झण्डीF दिखाना; पराभूत करना, पराजित करना, परास्त करना, नीचा दिखाना; गोलीF चलाना, गोलीF मारना।

pipal पी'पॅल् n. पीपल (वृक्ष)।

pipe[1]* पाइप्' n. (कृषि०, चि०) **प्रणाल, नलिकाF, नलीF,** दम्बा, (रसा०, कृषि०) **नल*, पाइप;** वंशीF, वाद्यनाल, अलगोझा, मुरलीF, वेणु, बाँसुरीF; (नाविक या माँझीकी) सीटीF; इस सीटीFकी ध्वनिF; लयF, स्वर, राग, ध्वनिF, आवाजF; गीत गाना; पक्षिगान, कू-कूF, कुहुकF, चह-चहF; स्वेदप्रस्रवणिकाF, स्वेदनलिकाF; वनपक्षियोंको फँसानेकी नालीF, (तम्बाकूFकी) चिलमF, चिलमचीF, फरशीF, हुक्का, गुड़-गुड़ीF; चिलमFभर तम्बाकूFकी मात्राF; मदिरापात्र, शरावFका पीपा; ~clay नलिका मिट्टीF, खड़िया मिट्टीF; (v.t.) सफेदीF लगाना, सफेद मिट्टीFसे पालिशF करना; ~ dream ⊙ पीनक, झोंकF, सनकF; ~-fish नाडमत्स्य, दीर्घ थूथनवाली एक मछलीF; ~-light (पाइप या हुक्का सुलगानेके लिए) कागजकी नलकीF; ~ line मृत्तैलनलिकाF, पेट्रोलनलीF; **नल तंत्र, पाइप लाइनF; नल-लाइनF,** ~ major सैनिकवाद्य-संचालक (अनायुक्त अथवा अनाज्ञप्त अधिकारी N. C. O.); ~-rack हुक्कादानी, चिलमदान, पाइपदान; ~-rolls (इति०) प्राचीन राष्ट्रीय राजकोशका कार्यालय; *put that in your ~ and smoke it* सहन कर जाओ, पी जाओ, विषके घूँट पीकर रह जाओ, हृदयपर पत्थर रख लो;

~ bends, ~-box, ~-crosses, ~ drain, ~ flange, ~ handrail, ~-joint, ~-outlet, ~ union.

pipe² v. i. & t. वेणुवादन करना, वंशी^F बजाना, मुरली^F बजाना; पीं-पीं^F करना, सीटी^F बजाना; निर्घोष करना, चीत्कार करना, चिंघाड़ना; (पोतके कर्मचारियों-को) सीटी^F बजाकर बुलाना; गाना, राग निकालना, चह-चहाना; (सिर पंक्तियों) कलमें^F लगाना; व्यवस्थित करना, सँवारना, सुधारना; गोट^F लगाना, हाशिया लगाना; नल लगाना, नली लगाना; (नल द्वारा तेल) वहन करना, ले जाना; ~ *away* घण्टी^F देना, सीटी^F देना; ~ *down* (नौसि०) पदच्युत करना, कार्यमुक्त करना, कामसे अलग हटाना; (ग्रा०) विश्वस्त होना, शान्त होना; ~ *off* ताड़ रखना, निगाह^F रखना, ताकना; ~ one's *eyes* रुदन करना, रोना, आँसू बहाना; ~ *up* गाने लगना, बजाने लगना।

pipeless –'लि`स् a. नलविहीन, नल्बेसे रहित; बिना निकास^F या हुक्केका।

piper –'पर् n. वेणुवादक, मुरली^F बजानेवाला; भाट, बन्दीजन, घूमता गायक, जगधूम गवैया; बीनवादक, मशक-बीन^F बजानेवाला; (चि०) कालीमिर्च; मछलियों^Fकी एक जाति^F; पंगु अश्व, बेदम घोड़ा, अपाहिज टट्टू; लेंडुहा कुकुर; *pay the ~ (and call the tune)* सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति, खर्च उठाओ काबू पाओ, पैसेकी मेख^F तमाशा देख।

piperic पिपे`रिक् a. वेल्लजीय, मरिच-विषयक, मिर्च-सम्बन्धी; वेल्लज-प्राप्त, मरिच^Fसे बना, मिर्च^Fसे पैदा हुआ; तिक्तवस्तु-विषयक, कड़वी चीज^Fका, चरपरी चीज^Fका।

piperine पि'पराइन् n. (चि०) काली, मिर्च-क्षाराभ, मरिच-क्षाराभ, मरिचका अल्कलाइड, पाइपराइन।

pipet, pipette © पिपे`ट्', पिपे`ट्' nn. नली^F, नलिका^F, सूक्ष्म नली^F (कृषि०, रसा०, चि०) **पिपेट;**

~ brush, ~ clip, ~ electrode, ~ rest, ~ stand.

piping¹ पाइ'पिंग् n. वेणुवादन, वेणुध्मान, वंशीवादन; सीटी^F बजानेकी क्रिया^F; निर्घोष, चीत्कार, चिंघाड़; नादन, वादन, चहचहाट^F, कूक^F; (पिंक या पाटल पुष्पोंकी) कलम^F या छाँटन^F; (परि०) **नीर-क्रिया^F;** (कृषि०) **पोली कलम^F;** सम्भार, सँवार, सजावट^F, (नली-सदृश तहों^Fमें सिली हुई डोरी^Fसे) सजावट^F करना; केकपर चीनी^Fके डोरोंसे की गयी सजावट^F।

piping² पाइ'पिंग् a. वंशीवादक; घण्टी^F देनेवाला; ~ **hot** अत्यधिक गरम, खौलता हुआ, बुदबुदाता हुआ; *the ~ time(s) of peace* शान्ति-सन्धि^Fके राग अलापनेका युग।

pipistrel(le) पिपिस्ट्रे`ल्' n. जतुका, (एक प्रकारका छोटा चमगादड़)।

pipit पि'पिट् n. भरद्वाज पक्षी, चिरुटू (लवा या चण्डूल-सदृश एक पक्षी-विशेष), पिपिट।

pipkin पिप्'किन् n. मटियार^F, हंडी^F, सकोरा, भँड़िया^F, हँड़िया^F, हाँड़ी^F; कुल्हड़; परई^F, परवा।

pippin पि'पिन् n. एक प्रकारका सेव, पिपिन।

pipsqueak पिप्'स्क्वीक् n. एक बमगोला; (ला०) घटिया आदमी।

pipy पाइ'पि a. प्रणालिकायुक्त, नलयुक्त, नलीदार, पाइपदार।

piquancy पी'कॅन्सि n. चरपरापन; तीक्ष्णता^F, कमनीयता^F।

piquant –न्ट् a. स्वादिष्ट, चटपटा, चरपरा, चोखा; तिक्त, तीत, कटु, कड़ुवा; उग्र, तीक्ष्ण, प्रखर, तेज; (ला०) लुब्धक, आकर्षक, रुचिकर, सरस, मनमोहक, कमनीय।

pique¹ पी'के n. (बटे हुए सूतसे बना हुआ) एक प्रकारका कपड़ा, पिक।

pique² पीक्' n. (ताशके खेलमें) क्रमशः तीस अंकोंकी विजय^F।

pique³ v.t. & i. (ताशमें क्रमशः तीस अंकोंकी) विजय^F प्राप्त करना; ३० अंक बनाना, पिक बनाना।

pique⁴ n. कलह^F; रोष, ईषत्कोप, मर्माघात, विद्वेष, मात्सर्य, अप्रसन्नता^F, खेद, क्रोध, रंजीदगी^F, नाराजगी^F (*in a fit of ~*)।

pique⁵ v.t. रुष्ट करना, क्रोधित करना, मर्मस्थलपर चोट^F पहुँचाना, तंग करना, सताना, दिक करना, गुस्सा दिलाना, उकसाना।

piquet¹ पिके`ट, पि'के`ट् n. (ताशका एक खेल) **पिकेट।**

piquet² पि'किट् दे० PICKET.

piracy पाअॅ'रॅसि n. (परि०) **जलदस्युता^F,** नौचौर्य, (परि०) **समुद्री डकैती^F;** डाका, लूट-पाट^F; साहित्यिक चोरी^F।

pirate¹ –रॅट् n. साहसिक (परि०) **जलदस्यु; नौचोर,** (परि०) **समुद्री डाकू;** साहसिक-पोत, दस्यु-नौका^F, समुद्री डाकूकी नाव^F; दस्यु, डाकू, लुटेरा; अनधिकृत प्रकाशक; शब्दचोर, ग्रन्थसत्वापहारक, साहित्यदस्यु; (अनधिकृत मार्गपर चलनेवाली) चोर-बस^F।

pirate² v. t. & i. अपहरण करना, डाका डालना, लूट-खसोट^F करना; अनधिकृत-प्रकाशन करना; जलदस्यु बनना।

piratic, -al –रॅ`टिक्, -ॲल् aa. जलदस्युकीय, **जल-दस्युता-सम्बन्धी,** साहसिक, समुद्री डाकू-सम्बन्धी; साहित्यिक तस्करीय; vessel **जलदस्यु-पोत।**

piriform पाअॅ(पि)'रिफ़ॉर्म a. (चि०) **पलाण्डुरूप** (*~ area, ~ fossa*)।

piriformis –मिस् n. (चि०) **पलाण्डुरूपिणी^F।**

pirn पर्न्'' n. (स्काट०) अण्टी^F, धागेकी गट्टी^F।

pirogue पिरोग्' n. स्तम्भ-निर्मित, तनेका बना हुआ; स्तम्भनौका^F, स्कन्धनौका^F, पेड़के तनेको खोखला करके बनायी गयी नाव^F।

piroutte¹ पिरुऍ`ट्' n. (एक ही स्थानपर) भ्रमण, चक्कर, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य, एकपादनृत्य।

piroutte² v.i. (एक ही स्थानपर) भ्रमण करना, चक्कर लगाना, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य करना, एकपादनृत्य करना।

pis aller (F) अन्तिम शरण^F^ ।

piscary पिस्'कॅरि n. परमीनाधिकार, किसीके जलाशयमें मछलियाँ^F^ पकड़ना; *common of* ~ मीन-क्षेत्र ।

piscator ⊙ –केटॅर् n. मत्स्याखेटक, मछुवा, मछलीमार, मछेरा ।

piscatorial –कॅटॉ'रिॲल् a. मत्स्यवध-विषयक, मछुवागीरी^F^से सम्बन्धित ।

piscatory –'कॅटॅरि a. मत्स्यवधप्रिय, मत्स्यवधासक्त, मछमारी^F^का आदी; मत्स्यवध-विषयक ।

Pisces पि'सीज़् n. pl. (ज्यौ०) **मीन**^F^, मत्स्य, मछलियाँ^F^; मीनराशि^F^; (जीव०) **मत्स्य वर्ग**, T.

piscicultural पिसिकल्'चॅरॅल् a. मत्स्यसंवर्द्धन-सम्बन्धी, मत्स्यपालन-विषयक ।

pisciculture –'सिकल्च्युॲर् n. मत्स्यसंवर्द्धन, (जीव०) **मत्स्यपालन** ।

pisciculturist पिसिकल्'चॅरिस्ट् n. मत्स्यसंवर्द्धक, मत्स्यपालक; मत्स्यपालनप्रिय ।

piscina पिसी(साइ)'नॅ n. मत्स्यकुण्ड, मत्स्यसरोवर, मत्स्यसंवर्द्धनकुण्ड, मछली^F^ पालनेका तालाब; प्राचीन रोमन स्नानकुण्ड; (गिरजेमें वेदी^F^की) पत्थरकी छिद्रिल टोकरी^F^ ।

piscine¹ पि'सिन्, पिसीन्' n. मीन-सरोवर; स्नान-सरोवर ।

piscine² पि'साइन् a. मत्स्य-सम्बन्धी, मछली^F^का, मछलिया ।

piscivorous पिसि'वॅरॅस् a. मत्स्याशन, मत्स्याद, मत्स्यभक्षी, (जीव०) **मत्स्याहारी, मत्स्यभोजी,** मत्स्यजीवी ।

pise (L) पी'ज़े n. मिट्टी^F^का लोंदा (इति०) **गोंदा**, कड़ी मिट्टी^F^ (जिसे रद्दोंके बीच दबाकर दीवार^F^ बनाते हैं), गारा; पलस्तर; ~ house (इति०) **मिट्टी**^F^ **का लोंदा**; ~ hut (इति०) **गोंदेकी झोपड़ी**^F^; ~ work (रेल०, यंत्र०) **दाब रंदा काम** ।

pish¹ पिश्' v. i. फटकारना, धुतकारना, छी-छी करना, छिः-छिः करना, थू-थू करना ।

pish² int. छी-छी, छिः-छिः, थू-थू, धिक्कार है इत्यादि ।

pishogue पिशोग' n. मायाजाल, ऐन्द्रजालिकता^F^, जादूगरनी^F^का जादू; इन्द्रजाल, माया^F^, मन्त्र, जादू ।

pisiform पाइ'सिफ़ॉर्म्, पि'जिफ़ाम् a. चणकाकार, कलायरूप, मटर-सदृश, मटर^F^के आकारका; (जीव०) **वर्तुलिका**^F^; (चि०) पलाण्डुरूप, तुम्बाकार; ~ bone (चि०) **वर्तुलिका**^F^ **अस्थि**^F^ ।

pismire पिस्'माॲर् n. पिपीलिका^F^, चींटी^F^, चींटा, च्यूँटी^F^ ।

pisolite पि'ज़ॅलाइट्, पाइ'सॅलाइट् n. (भू०) **मटरी अश्म**, T.

piss¹ पिस्' n. मूत्र, मेह, मूत, पेशाब ।

piss² v. i. & t. (अब अश्लील अर्थोंमें) लघुशंका^F^ करना, मूतना, पेशाब करना, मेह-त्याग करना, (मूत्रके साथ) प्रमेहित करना, शकर^F^ जाना; मूत्रमेहसे ग्रस्त होना; (रक्तमिश्रित) मूत्रत्याग करना; मूतसे खराब कर देना, पेशाबसे तर करना ।

pistachio पिस्टे'शिओ, पिस्टै'शो, पिस्टै'चो n. (pl. -*s*) पिस्ता, पिस्तेका वृक्ष, पिस्तई रंग ।

pistareen¹ पिस्टॅरीन्' n. पिस्टरीन (प्राचीन स्पेनी अधेली^F^) ।

pistareen² a. व्यर्थ, बेकार, बेमतलब, अण्ट-सण्ट, निकम्मा ।

pistil पिस्'टिल् n. पुष्पयोनि^F^, गर्भकेशर, स्त्रीकोश, गर्भकेसर (कृषि०, वन०) **स्त्रीकेसर**; ~ abortion (कृषि०) **स्त्रीकेसर अवर्धन** ।

pistillar –लॅर् a. (वन०) गदावत, गदा-सदृश, गदाकृति, गदाकार, गदाके आकारका ।

pistillary, pistillate –रि, –लॅट् n. (वन०) गर्भकेसरीय, गर्भकेसरके सदृश, (कृषि०) **स्त्रीकेसरी** (~ *flower*), **मादा** (~ *plant*) ।

pistilliferous, pistilline –लि'फ़ॅरॅस्, –'टिलिन् aa. गर्भकेसरीय, स्त्रीकोशीय, गर्भकेसर या पुष्पयोनि-सम्बन्धी ।

pistillode पिस'टिलोड् n. (वन०) **वन्ध्य स्त्रीकेसर** ।

pistol¹ पिस्'टॅल् n. तमंचा, पिस्तौल^F^; ~ butt **पिस्तौल**^F^**का कुण्डा**; **पिस्तौल**^F^**का बट**; ~-grip **पिस्तौल**^F^**का दस्ता**; तमंचेका दस्ता, पिस्तौल^F^की मुठिया^F^ ।

pistol² v.t. तमंचा मारना, पिस्तौल^F^ मारना ।

pistole पिस्टोल्' n. (इति०) पिस्तोल^F^ (एक विदेशी स्वर्णमुद्रा^F^, विशेष कर स्पेनकी मुद्रा^F^ जिसका मूल्य लगभग १८ शिलिंगके बराबर होता है) ।

pistoleer पिस्टॅलीॲर्' n. तमंचाधारी, पिस्तौल-सज्जित, पिस्तौलवाला ।

pistolet पिस्'टॅलॅट् n. (प्रा०) = PISTOL & PISTOLE.

pistolgraph पिस्'टॅलग्राफ् n. आशुचित्रांकनयन्त्र; अंकन यन्त्रसे लिया गया चित्र ।

piston पिस्'टॅन् n. मुसली^F^, चकली^F^, (भौ०) **पिस्टन**; (ढोल या तुरही^F^ आदिका) ढक्कन; ~-rod मुशलीहस्त, चकली^F^का डण्डा, (कृषि०, यंत्र०) **पिस्टन दण्ड, पिस्टन रॉड**, पिस्टन-छड़, (पिचकारी^F^का) नल-दण्ड, बम्बेकी लाठ^F^;

~ buffer, ~ clearance, ~ displacement, ~-head, ~ mechanism, ~ packing, ~ pin, ~ pump, ~ ring, ~ speed, ~ stroke, ~-type pump, ~ value, ~ valve.

pit¹ पिट्' n. (वन०, जीव०, चि०, कृषि०) **गर्त, गढ़ा**, गड्ढा; विवर, छिद्र, अवट, छेद, मोखा, सूराख; खाई^F^, खन्दक, खोंडर, खोंधार, खदु (*chalk, gravel*, ~); क्षत-चिह्न, घावका निशान, (चि०) चेचकका चिह्न; (रंगशाला^F^में सामाजिकोंके बैठनेके लिए) आगेका सबसे निचला स्थान; खड्डेमें बैठे हुए लोग; (मोटरदौड़^F^में मोटरों^F^का) विश्राम-स्थान, पेट्रोल-प्राप्ति-स्थान; विनिमय-गृह ⊙ (*wheat*-~); पेट, नाभि^F^, बगल^F^; ~ curing

(जीव०) **गर्त संसाधन**; ~ fall गूढ़गर्त, गूढ़कूप, छन्नकूप, अन्धकूप, चोरगड्ढा; (ला०) अप्रत्याशित आपत्ति^F; ~ man खान-श्रमिक, खान^F के मजदूर; मशीन^F का संयोजक-दण्ड ⊙; ~ pony खान^F में प्रयुक्त टट्टू; ~ prop (कोयलेकी खान^F में) सहारेके लिए लगी हुई पहाड़ी लकड़ी^F या टिम्बर^F; the ~ नरक; *dig a ~ for* (ला०, किसीके लिए) गड्ढा खोदना, कुवाँ खोदना, जाल बिछाना; ~ *of the stomach* उदरार्द्ध, उदरगर्त, आमाशय-खात; कौड़ी प्रदेश;

~ canal, ~ cavity, ~ coal, ~ curing, ~ dwelling, ~field, ~ latrine, ~ membrane, ~ method, ~ ochre, ~-organ, ~ *planting*, ~ *privy*, ~ *process*, ~ saw, ~-sawer, ~ sawing, ~tomb.

pit² v.t. & i. गर्तमें रखना, गड्ढेमें रखना, खौं^F या खत्ती^F में (शाक आदि, संग्रहार्थ) रखना; (कुत्तों आदिको लड़नेके लिए) मैदानमें छोड़ना, लुहाना; (ला०, किसी व्यक्तिको दूसरेके) मुकाबलेपर खड़ा करना, मिलाना, भिड़ाना, लड़ाना; गड्ढा खोदना; दाग बनाना, दागी करना; (निदान०, शरीरपर) चोट^F के चिह्न बनाना, उपट आना, साँट पड़ जाना, दाग बन जाना।

pit-(a-)pat पिट्'-(ॲ-)पैट् n. थपथपाहट^F, धड़धड़ाहट^F, पड़पड़ाहट^F, धड़-धड़^F, धुक-धुक^F, धड़कन^F, पिट-पिट^F, धमाधम, डग-डग, हक-हक।

pit-(a-)pat² adv. धड़धड़ाते हुए, धुकधुकाते हुए, धड़कन^F के साथ, पिटपिटाते हुए, डगडगाते हुए (*his heart went* ~)।

pich¹ पिच्' n. निराल, यक्षधूप, सर्जरस, सर्वरस, धूना, राल^F, तारकोल, अलकतरा, डामल, (रसा०) **डामर**; T.; ~ black अति कृष्ण, घनश्याम, घोर काला, गहरा काला; ~-cap राली या तारकोली टोपी^F; ~darkness निबिड़ तम, गहन तिमिर, सूचिभेद्य अन्धकार, घुप अन्धेरा; ~-pine तिन्दु वृक्ष, निराल तरु, देवदारु वृक्ष, सर्जरस तरु, (यंत्र०) **चीड़**, चीड़का पेड़; ~ stone लावा; (राल-सदृश) चट्टान^F; प्राचीन ज्वालामुखी, (भू०) T.

pitch² v.t. राल^F पोतना, तारकोल चुपड़ना, धूना मलना, राल^F का अंजन करना।

pitch³ n. (यंत्र०) **चूड़ी-अन्तराल, अन्तराल**, ढाल^F, **तारता**^F; गोता, डुबकी^F; फेंक^F, उछाल^F, मार^F, पिच^F; उड़ान^F (*fly a high* ~); दोलन; (प्रा० भू०) **आनति**^F, ढाल^F; (प्रदर्शनार्थ) वस्तुओं^F की मात्रा^F; झोंपड़ी^F; डेरा, पड़ाव, तम्बू; शिखर, कोटि^F, काष्ठा^F, चढ़ाव, ऊँचाई^F; परिमाण, मात्रा^F; श्रेणी, कक्षा^F, दरजा; (क्रिकेट) धावस्थली^F, (स्थिति वि०) **सूत्रांतर**; (चि०, भौ०, नौवि०,) **तारत्व**; (संगीत) तारस्वर; **स्वराघात, स्वरमान**, उदात्त-स्वर; ढाल^F, ढलवाँपन; (यन्त्र, मशीन^F के) दाँतों आदिके बीचका गढ़ा, दनदानोंकी कोर^F; (भौ०) **चूड़ी-अन्तर**, **चूड़ी**^F; ~ of time **अक्षरका आयाम**; ~of a screw (गणि०) **पेचका सूत्रान्तर**; (भौ०) **पेंचका चूड़ी अन्तर**, **चूड़ी**^F; ~ of fold (भू०) **वलन आनति**^F; ~ of propeller (परि०) **पंखेका अन्तराल, पंखेका पेच-कोण, पंखेकी पेचदूरी**^F; ~ of rivets (परि०) **रिवेट-दूरी**^F; ~ of sound **ध्वनि-तारत्व**; ~ ratio (परि०) **पेचदूरी अनुपात**; ~ setting (वैमा०) **पेचदूरी-विन्यास**; ~-pipe तारवंशी^F, उदात्तस्वर-वंशी^F; ~-wheel दाँतेदार चाक, दनदानेदार पहिया; *fly a high* ~ चरम ऊँचाई^F तक उड़ान^F भरना, पराकाष्ठा^F तक उड़ना।

pitch⁴ v.t. & i. (शिविर, कुटी^F इत्यादि) रचना, निर्मित करना, खड़ा करना, बनाना; (निर०) शिविर स्थापित करना, पड़ाव डालना, खेमा गाड़ना; (किसी पौधे या वस्तु^F को) व्यवस्थित रूपसे रखना, सँवारकर रखना, सजाकर बैठाना; विन्यस्त करना, निविष्ट करना, आरोपित करना; (प्रदर्शनी^F में) वस्तुएँ रखना; (मार्गपर पत्थरोंको) विजड़ित करना, जड़ना, बिछाना, जमाना; (संगीत) स्वरसाधना, सुर बाँधना; (ला० विशेष शैली^F में) अभिव्यक्त करना; प्रक्षिप्त करना, फेंकना; निपातन करना, गिराना; वर्णन करना, बयान करना, कहना; (गॉल्फमें गेंद^F को) फेंकना, पिलाना; धमाकेके साथ गिरना, मुँहमार गिरना, ढाढ़ा गिरना; (जहाजका) लम्बाकार डूबना, डुबकी^F लगाना, गोता लगाना; ~-&-toss गोली^F का खेल, पिलावनी^F का खेल; ~ *into* (बोल०) रुचिपूर्वक कार्यरत होना, शौकसे कार्यरत होना, लगन^F से काममें जुट जाना; आघात करना, तड़ातड़ मारना; भयानक आक्रमण करना; गालियों^F की बौछार^F करना; ~ *upon* अकस्मात् पा जाना, संयोगसे चुन लेना; ~ *wickets* विकेट लगाना, गाड़ना।

pitched ⊙ पिच्ड' a. व्यूढ़, जमा हुआ, (यंत्र०) **ढलवाँ** (~ *roof*), डटकर लड़ा हुआ (~ *battle*)।

pitcher¹ –'चॅर् n. = JUG ⊙; पुटग्रीव, घटी^F, कुम्भ, घट, कलश, गगरी^F, मटका, सुराही^F, झझ्झर ⊙; (वन०) कलशपर्ण, कलशपत्र, शोषित पत्ती^F, सुराही-सदृश पत्ती^F; ~-plant (वन०) **घटपर्णी**, कलशवृक्ष, कलशपादप; *little ~s have long ears* बच्चोंको कानका चस्का होता है।

pitcher² n. (PITCH² के क्रियात्मक अर्थोंमें); गेंद^F मारनेवाला; खोमचेवाला, फेरीवाला, बिसाती; पत्थरका गुम्मा, बिछाऊ पत्थर।

pitchforck पिच'फ़ॉर्क्' n. पंजा, काँटा।

pitchiness पि'चिनि'स् n. निरालवत्कृष्णता^F, तारकोल-पन, कालापन; राल-मिश्रता^F।

pitching पि'चिंग् n. (वैमा०) **उपनिचान**; (परि०) **दोलन**; (यंत्र०) **पत्थर लगाना**, पत्थर बिछाना; ~ piece **रोधपट्ट, रोक, तख्ती**, ~ fold (भू०) **आनत वलन**; ~ moment (वैमा०) **उपनिचान क्षण, पिचका समय**; ~ stone (परि०) जुड़ाई^F या **पटाई**^F **का पत्थर**।

pitchy पि'चि a. तारकोलवत्कृष्ण, तारकोल-सदृश, काला; राल-विषयक, रालवाला, राल^F का।

piteous पि'टि'ॲस् a. दयनीय, अनुकम्प्य, चिन्त्य, दीन,

शोचनीय, करुण, करुणा योग्य, दर्दभरा, तरस^F करने योग्य, रहम^F करने लायक; क्षुद्र, तुच्छ ।

piteousness –निॅस् n. दयनीयता^{F}, अनुकम्प्यता^{F}, चिन्त्यता^{F}, दीनता^{F}, दैन्य, करुणा^{F} ।

pith^1 पिथ् n. मध्यक, वाह्यक, मज्जक, (वन०); **मज्जा**^{F}, रन; गर्भ; गाभा, गूदा; पृष्ठरज्जु^{F}, सुषुम्ना^{F}, मेरुनाड़ी^{F}, रीढ़तन्तु; (ला०) सत्व, तत्त्व, सार, सारांश, निचोड़, (प्रायः ~ *& marrow*); विशोधित तत्त्व, महत्त्वपूर्ण अंश; सत्त्व, शक्ति^{F}, उत्साह, शौर्य, वल, पराक्रम, विक्रम, जोर, ताकत^F; T.

pith^2 v.t. (चि०) मेरुशीर्षच्छेदन, मस्तिष्कभेदन करना; पृष्ठरज्जुवेधन करना, अपवेधन करना, (पशुकी) नसें^{F} काट-कर वध करना ।

pithecanthrope पिथिकैन्'थ्रोप् n. कपिमानव, नर-वानर, नरमर्कट, मानवकपि; बन्दर और मानवके बीचकी स्थिति^{F} ।

pithecoid पिथी'काएँड् a. कपिवत् (ज्यौ०, इति०) **वानराभ**, T. वानर-सदृश, वनमानुष-जैसा ।

pithiness पि'थिनिॅस् n. मज्जकबहुलता^{F}, मज्जापूर्णता^{F}; तेजस्विता^{F}, शौर्य, सत्त्वपूर्णता^{F}, ससत्त्वता^{F}, सारवत्ता^{F}; वीर्यवत्ता^{F}; गूढ़ता^{F}, गहनता^{F}, प्रगाढ़ता^{F} ।

pithing पि'थिंग् n. (चि०) **मस्तिष्क-भेदन,** मेरु-शीर्षच्छेदन, मेरुदण्ड कशेरुका सलाईसे वेधन करके; अप-वेधन, पृष्ठरज्जुवेधन ।

pithless पिथ्'लिॅस् a. मध्यकहीन, वाह्यकविहीन, मज्जक-रहित, मज्जा-रहित, सारविहीन, गर्भहीन, विना गाभेका, विना गूदेका; सुषुम्ना-रहित, मेरुनाड़ीविहीन, रीढ़तन्तुविहीन; (ला०) सत्वहीन, तत्वविहीन, असार, सारविहीन, विरस; शौर्यहीन, वलहीन, पराक्रमहीन, वेजोर, वेताकत ।

pithy –थि a. मज्जकबहुल, गूदेदार; तेजस्वी, सत्त्वपूर्ण, ससार, ससत्व, सारवान्, सरस, वीर्यवान, सारगर्भित, अर्थगर्भित, गूढ़, गहन, प्रगाढ़ ।

pitiable पि'टिॲबॅल् a. करुण, मर्मभेदी; दीन, क्षुद्र; अनुकम्प्य, दयापात्र, कारुणिक, करुणाजनक, दयनीय, दयायोग्य, कृपापात्र ।

pitiableness –निॅस् n. करुणता^{F}, कारुण्य, दैन्य, मर्मभेद; दीनता^{F}, अनुकम्प्यता^{F}, कारुणिकता^{F}, करुणा-जनकता^{F}, दयनीयता^{F}, दयापात्रता^{F} ।

pitiful –टिफुल् a. करुणार्द्र, करुणामय, सानुकम्प, दयालु, कृपालु, करुणानिधि, दयानिधि, दीनबन्धु, दीनवत्सल, दयावान् , सहृदय; (वस्तु^{F} आदि) करुण, दयनीय, शोच-नीय, दीन; हेय, जुगुप्स्य, घृण्य, घृणास्पद ।

pitifulness –निॅस् n. कारुण्य, करुणार्द्रता^{F}, करुणामयता^{F}, सानुकम्पत्व, दयालुता^{F}, कृपालुता^{F}, करुणा-निधित्व, दीनबन्धुता^{F}, दीनवत्सलता^{F}, दयावत्ता^{F}, सहृ-दयता^{F}; करुणा^{F}, दयनीयता^{F} ।

pitiless –टिलिॅस् a. निरनुक्रोश, निष्ठुर, निर्मम, निर्दय, दयाहीन, निर्घृण, क्रूर, अकरुण, कठोर, कृपाहीन, वेदर्द ।

pitilessness –निॅस् n. निरनुक्रोशता^{F}, निष्ठुरता^{F}, निर्ममता^{F}, निर्दयता^{F}, निर्घृणता^{F}, क्रूरता^{F}, अकरुणा^{F}, कठोरता^{F}, कृपाहीनता^{F}, दयाहीनता^{F}, वेदर्दी^{F} ।

pittance –पि'टॅन्स् n. (इति०) धर्मार्थदान, सदाव्रत, सदाबरत, (विशे० मन्दिरों इत्यादिके लिए); क्षुद्र दान, क्षुद्र वेतन, उपवेतन, अधिदेय, भत्तक, भत्ता; परितोषण, पारितोषिक, पारिश्रमिक; मजदूरी^{F}, दो रोटी^{F}, चवेना, चार चुटकी^{F} आय^F; अल्पांश, अल्पराशि^{F}, अल्प-संख्या^{F} ।

pitted पि'टिॅड् a. सगर्त, गर्तमय, गर्तयुक्त, छोटे-छोटे गड्ढोंवाला, ऊबड़खाबड़, खुरदरा ।

pitting –टिंग् n. गर्त्त बनना, **गर्त्तन, गर्त्त बनाना,** गड्ढे बनाना; (चि०) मलगर्तन, **मल गाड़ना,** (परि०) **गड्ढा पड़ना;** (यंत्र०) **फुटकी**^{F} **पड़ना;** ~ of the barrel **नालमें गड्ढे पड़ना;** ~ *on pressure* (चि०) पीड़न निम्नता^{F} ।

pitiite पि'टाइट् n. पिटवादी, राजनीतिज्ञ विलियम पिटका अनुयायी ।

pituitary पिट्यू'इटॅरि a. श्लेष्मीय, श्लेष्मा-विषयक, कफ-सम्बन्धी, वलगमी, खाँसी^{F}का, नजलेका, दमेका (चि०, कृषि०) **पिट्यूटरी;** ~ body (चि०) **पीयूषिका**^{F} **पिण्ड; पीयूषिका**^{F}; (जीव०), **पिट्यूटरी काय;** ~ gland (चि०) पीयूष ग्रन्थि^{F}, पीयूषिका^{F}; ~ fossa, ~ pouch.

pituite –'ट्यूइट् n. श्लेष्म, कफ, बलगम ।

plug² v.t. & i. मूँदना, ठेपी^F^ देना, डाटना, डट्टा लगाना, डाट^F^ लगाना, मुँह बन्द करना; (ग्रा०) (गोली^F^) मारना, दागना; (ग्रा०) मुक्का मारना, मुकियाना; घुँसियाना; (बोल०) परिश्रम करना, पिसना, जान खपाना; (बोल०, किसी गीतको) जनताको सुनाकर प्रचलित करना; थकाना⊙।

plugging¹ –'गिंग् n. रोधन पदार्थ (जिससे ठेपी^F^, डाट^F^ या प्लग बनता है); (कृषि०) **मुँहबन्दी**^F^; स्तम्भन, रोधन, ठेपी^F^ देना, ठेंठी^F^ देना, गट्टा देना, डट्टा देना, डाट^F^ लगाना, मेख^F^ पेंचना, मूँदना।

plum प्लम्' n. कर्कन्धू, बदर, विहारालु, (कृषि०, चि०) **आलुबुखारा, आलूचा,** बेर, कर्कन्धु-वृक्ष, प्लमका पेड़; द्राक्षा^F^, दाख^F^, किशमिश^F^; गुलाब जामुन^F^; (ला०) सुन्दर वस्तु^F^, सर्वोत्तम वस्तु^F^, उत्तम वस्तु^F^, अमूल्य वस्तु^F^, अद्वितीय वस्तु^F^; black ~ जामुन^F^; hog ~ आँवला; ~ duff दाखयुक्त हलवा; ~ pudding (डबलरोटी^F^, आटा, किशमिश^F^, अण्डे आदिसे निर्मित) हलवा या पडिंग^F^।

plumage प्लू'मिज् n. (जीव०) **पक्षति**^F^, पक्ष, पतत्र, पिच्छकलाप, पक्षावरण, बर्हभार, पर, पंख, परवाना।

plumaged –ड् a. पक्षी, सपक्ष, पंखदार, परवाला।

plumassier प्लूमॅसर् n. पक्षालंकार-विक्रेता, पक्षाभूषण-विक्रेता, सजावट^F^के पंख बेचनेवाला।

plumate⊙ प्लू'मेट् a. पक्षयुक्त, पिच्छवाला, पंखोंवाला।

plumb¹ प्लम्' n. लम्ब, **साहुल;** लम्बसूत्र, सीसकसूत्र, सीसाखण्ड, पंसाल (दीवार^F^की सिधाई^F^ नापनेका यन्त्र); (यन्त्र०, स्था०) **भूलम्ब;** ~ bob (यन्त्र०) **साहुल;** ~ crazy निपट विक्षिप्त, निरा पागल; ~-line (गणि०) **अवलम्ब रेखा**^F^; **अवलम्बक;** (गणि०, भू०) **साहुल सूत्र,** लम्बसूत्र, साहुलकी डोरी^F^; ~ rod (यन्त्र०) **साहुल;** *out of* ~ विषम, आड़ा, टेढ़ा; ~ rule (यन्त्र०) **साहुल पट्टी**^F^।

plumb² v.t. & i. लम्बसूत्रण करना, वेधका परिमाण करना, (लम्बसूत्रसे, सागरकी) गहराई^F^ नापना, जाँचना; (शा० एवं ला०) समायोजित करना, (लम्बसूत्रसे नापकर) सीधा करना; (v. i) सीसकारी^F^ करना, नलकारी^F^ करना, बम्बा लगाना।

plumb³ a. (यन्त्र०, चि०) लम्बमान, लम्बरूप, खड़ा, लम्बा, सीधा; (ला०) निपट, नितान्त, निरा, बिलकुल, सरासर (~ *nonsense*); (क्रिकेट, खूँटी^F^) समतल, ठीक, (यन्त्र) **सीधा।**

plumb⁴ adv. लम्बवत्, (यन्त्र०) **साहुलमें,** सीधे-सीधे; (लाक्ष०) यथातथ्य, यथास्थिति, यथारूप, बिलकुल ठीक, ठीक-ठीक; (अमरीकामें, ग्रा०) नितान्त, बिल्कुल, सरासर, पूरी तरहसे।

plumbaginous प्लम्बै'जिनॅस् a. लेखनाश्मीय, कृष्णसीसीय, कृष्णसीस सम्बन्धी, सीसेवाला।

plumbago –बे'गो n. लेखनाश्म, कृष्णसीस, काला सीसा (पेंसिल^F^ इत्यादिमें प्रयुक्त), प्लम्बैगो; चित्रप्रजाति^F^, रक्तचित्रक, सीसवृक्ष, सीसपादप (रसा०) T.

plumbean, plumbeous 'बिॲन्, ॲस् aa. अलस, आलसी, आलस्ययुक्त; भारी, वजनी; भद्दा, बुरा, खराब; सीसवत्, सीससदृश, सीसमय, सीसीय, सीसेका कलई किया हुआ; ढीला।

plumber –'मर् n. (यन्त्र०) **नलकार, नलसाज;** सीसिक, सीसकार, राँजकार; T.

plumbery –रि n. सीसकारी^F^, राँजकारी^F^; नलकारी^F^।

plumbic –म्'बिक् a. (रसा०) सीसिक, सीसयुक्त, सीसमिश्रित, T.

plumbiferous –बि'फॅरॅस् a. सीसमय, सीसादार।

plumbing –'मिंग् n. सीसिकता^F^, सीसकारिता^F^; राँजकारी^F^; (यन्त्र०, चि०) **नलकारी**^F^, **प्लम्बरी**^F^; ~ fork (यन्त्र०) **साहुल, काँटा।**

plumbism –म्'बिज़्म् n. (चि०) सीसात्यय, सीसविष, सीसविषप्रभाव।

plumbum –बॅम् n. (रसा०) **सीस, सीसा।**

plume[1] प्लुम्' n. पक्षी, (जीव०) पिच्छ, पर्ण, पख, पर; शिखा[F], चूड़ा, शेखर, पगड़ी[F], कलगी[F]; (भूगर्भ०) पक्षाकृति[F], पक्षरूपता[F], borrowed ~s परवेश, छद्मवेश, दूसरेकी खाल[F], उधार कलगी[F]; court ~ (शुतुरमुर्गके पंखोंकी) शिखा[F], चूड़ा; *Jackdaw in borrowed ~s* कौआ चले हंसकी चाल[F], खौरही कुतिया[F] मखमली झूल, गाँड़[F] खौरही मखमलका भगवा;
~-crowned, ~-decked, ~-embroidered, ~-fronted, ~-like, ~-maker, ~-making, ~-plucked, ~-stripped.

plume[2] v.t. शिखा[F] लगाना, चूड़ासे सुशोभित करना, शिखाभरण करना, पंख लगाना; मँगनी[F]के चूड़ोंसे अपनेको सजाना; आत्मश्लाघा[F] करना, गर्वित होना, अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना; (चिड़ियों[F]का अपने) पंख सँवारना, सजाना, काढ़ना।

plumeless –'लिस् a. पक्षहीन, बेपर, बेपंख।

plumelet –लिट् n. क्षुद्रपक्ष, छोटा पंख।

plumiform –'मिफ़ॉर्म् a. पक्षवत्, पक्षाकृति, पक्षाकार, पिच्छाकार, पर्णाकार; पंखयुक्त, परदार, पंखवाला; शिखासदृश, चूड़ावत्, कलगी-जैसा।

plumist –मिस्ट् n. पक्षाभूषक, (पंखोंसे सजानेमें कुशल)।

plummet प्ल'मिट् n. लम्ब (नृ०, यंत्र०) **साहुल**, लम्बसीसक, लम्बसूत्र, पंसाल (सागरकी गहराई[F] नापनेका सूत्र); (ला०) लंगर, (वंशी[F]के साथ बँधा हुआ) पत्थर आदिका टुकड़ा, कोई भी अवरोधक वस्तु[F]; (चि०) सीसा या अञ्जनकी गोली[F], जो बद्धकोष्ठता[F]को दूर करनेके लिए सेवन की जाती थी।

plummy प्ल'मि a. कर्वन्धूबहुल, बदरमय, बेरभरा, बेरवाला (किशमिश[F] आदिसे युक्त); (बोल०) स्वादिष्ट, उत्तम, मजेदार; रोचक, सुहावना।

plumose प्लु'मोस् a. सपक्ष, पक्षी, पंखिल, पंखयुक्त, (प्राणि०) **परदार**, पंखदार, परवाला; (प्राणि०) **पक्षाकार** (~ *antenna*), पक्षवत्, पक्ष-सदृश; रोमश; ~ hair (जीव०) **पक्षाभ रोम**।

plumosity –मॉ'सिटि n. सपक्षता[F], पक्षयुक्तता[F], पर्णमयता[F], पंखयुक्तता[F], परदार होना; शिखीत्व, सशिखता[F], सचूड़ता[F], कलगीदार होना।

plumous –'मॅस a. सपक्ष, पक्षयुक्त, पर्णमय, पंखयुक्त, परदार; शिखी, सशिख, सचूड़, कलगीदार।

plump[1] प्लम्प्' n. गुल्म, गण, वाहिनी[F], दस्ता, कम्पनी[F]; झुमका, झुरमुट, जमघट, जमाव; समूह, दल, भीड़[F], झुण्ड; ~ *of spears* शूल-गुल्म, बल्लमधारियोंका दस्ता।

plump[2] n. पटकनी[F], पछाड़[F], कुदान[F], (मुँहके बल) पतन, भरभरी[F], भरभराहट[F]।

plump[3] v.t. & i. कूदना, गोता लगाना, गिर पड़ना, भहराना; दे मारना; (केवल एक उम्मीदवारके पक्षमें) मतदान देना।

plump[4] v.t. & i. पुष्ट करना, स्थूल बनाना, मोटा-ताजा बनाना, पोढ़ा बनाना, गुदार बनाना; स्थूल होना, पुष्टाना, फूलना, तगड़ाना, मोटाना।

plump[5] a. (विशे० व्यक्ति या शरीर) पीवर, पीन, स्फीत, स्थूल, मांसल, हृष्ट-पुष्ट, मोटा, फूला हुआ, गुदार, भरा-पूरा, भरा हुआ।

plump[6] a. प्रत्यक्ष, स्पष्ट, निर्व्याज, निर्लिप्त, निर्व्यलीक, खरा, बेलाग।

plump[7] adv. भरभराते हुए, भरभराहट[F]के साथ (*came ~ into the river*); नितान्त, बिलकुल; स्पष्टतया, दो टूक, खरेपनके साथ, साफ-साफ; लट्ठमार ढंगसे, लण्ठई[F]के साथ (*I told him ~*)।

plumper[1] प्लम्'पॅर् n. (पिचके गालोंको फुलानेके लिए मुँहमें रखी गयी) गोली[F], गुलौरी[F], गिलौरी[F]।

plumper[2] n. पटकनेवाला, भरभरानेवाला, भरहरानेवाला; (दोके स्थानपर) एक उम्मीदवारको मतदान करनेवाला; नितान्त असत्य, सरासर झूठ, सफेद झूठ।

plumping –पिंग् n. (राज०) **सम्भूत मतदान**।

plumpness प्लम्प्'निस् n. पीनता[F], पीवरता[F], स्थूलता[F], पुष्टि[F], स्फीति[F], पुष्टता[F], हृष्टता[F], मोटाई[F], फुलाव, मोटापा, भरापन।

plumpy –पि a. पीन, पीवर, स्थूल, पुष्ट, हृष्ट, मोटा, भरा-पूरा।

plumulaceous प्लूम्यूले'शॅस् a. भ्रूणाग्रवत्, अंकुरसदृश, पंखुली-जैसा, कोमलपंख-जैसा।

plumular –म्यूलॅर् a. भ्रूणाग्रीय, अंकुरीय, अँखुएसम्बन्धी; कोंपलवाला, कल्लेदार।

plumule –ल् n. भ्रूणाग्र, (वन०, कृषि०) **प्रांकुर**, प्रथम अंकुर, कोंपल, कल्ला, पंखुल्ली[F], पँखुलिया[F]; T.

plumy प्लू'मि a. शिखावत्, शेखरवत्, पक्षवत्, चूड़ासदृश; सपक्ष, पक्षयुक्त, पक्षी, पंखदार; पक्षभूषित, चूड़ाभरित, शिखालंकृत, कल्लेसे सजाया हुआ।

plunder[1] प्लन्'डॅर n. परिलुण्ठन, विलुण्ठन, अपहरण, अपहार, डाका, लूट-पाट[F], लूट-खसोट[F]; अपहृत धन, लूट[F]का माल, गबन; (ग्रा०) लाभ, प्राप्ति[F], मुनाफा, फायदा; ~ bund (राज०) **साँठ-गाँठ**[F]।

plunder[2] v.t. परिलुण्ठित करना, विलुण्ठित करना, अपहरण करना, मोषण करना, (का०) **लूट-मार**[F] **करना, लूटना**, डाका डालना।

plunderage –रिज् n. दे० PLUNDER[1].

plunderer –रॅर् n. परिलुण्ठक, विलुण्ठक, अपहारक, मोषक, लुटेरा, डकहार, चोर, गबन करनेवाला।

plunderous –रॅस् a. परिलुण्ठनीय, परिलुण्ठन-विषयक, विलुण्ठन-सम्बन्धी, अपहरण-सम्बन्धी, डाकेका, लूट-पाट[F]का, लूट-खसोट[F]का।

plunge[1] प्लन्ज् n. अवगाह, निमज्जन, प्रवेश, पैठ[F], पहुँच[F], डुबकी[F], गोता; (प्रा० भूगोल) **आनति**[F]; कूद[F], छलाँग[F]; (ला०) जोखिमका कार्य, नाजुक कदम; ~ bath (डुबकी[F] लगानेभरका) स्नान, निमज्जन।

plunge[2] v.t. & i. निविष्ट करना, प्रविष्ट करना,

टपकाना, घुसाना, घुसेड़ना; (ला०) किसी व्यक्तिको किसी अवस्था^F में) ला पटकना, ढकेलना, गेरना, टालना; (पानीमें) डुबाना, गोता लगाना, डुबकी^F लगाना; (कठिनाई^F में) फँस जाना, पड़ जाना, स्वयंको डालना; (वादविवादमें) पड़ना, कूद पड़ना, भाग लेना; (सीढ़ियों^F-से) सवेग घुसना, चढ़ना, उतरना; (जलपोतका) एक ओर पानीमें अधिक डूब जाना; (ग्रा०) द्यूतनिमग्न होना, जुएमें खो जाना; ऋणी होना; कर्जदार होना।

plunged –ड् a. मग्न, अवगाढ़, आप्लुत; लीन, प्रविष्ट।

plunger –जॅर् n. (यन्त्र०) **मज्जक,** अवगाहक, प्रवेशी, गोताखोर, कूदनेवाला; (रसा०) **निवेशक;** (यन्त्रोंका) गोता मारनेवाला भाग; (ग्रा०) अवरोही, रिसालेका सवार; (ग्रा०) द्यूतक्रीड़क, जुआरी, सट्टेबाज; (यन्त्र०) **मूसल, डट्टा;** ~ handle **प्लंजर दस्ता;** ~ pump **मज्जक पम्प।**

plunk[1] प्लन्क्' n. (वाद्ययन्त्रोंके तारोंको खींचनेसे उत्पन्न) ठन-ठन ध्वनि^F; (बोल०) गहरा धक्का; डालर।

plunk[2] v.t. & i. अचानक तेजी^F से गिरना या फेंकना; अचानक धक्का देना ⊙।

pluperfect प्लू'पर्फि'क्ट् a. & n. पूर्णभूत, निश्चयार्थ (काल)।

plup. pluperfect.

P.L.U.T.O. Pipe Line Under the Ocean.

plural प्लुॲ'रॅल् a. & n. **बहु, अनेक, एकाधिक,** एकोत्तर; बहुवचन; ~ vote **बहुमतदान,** अनेकसंख्यक मत; ~ voting (राज०) **बहुल मतदान;**
~ bag, ~ marriage, ~ nationality, ~ number, ~ taxation.

pluralism –लिज़्म् n. (दर्श०) **बहुत्ववाद;** (राज०) **बहुलवाद;** अनेकवाद, बहुवाद; (दर्श०) द्वैतवाद, अनेकेश्वरवाद; **प्रपंचवाद,** (विशे० पादरीका) अनेकपद-ग्रहण करना।

pluralist –लिस्ट् n. अनेकवादी, (दर्श०) **बहुत्ववादी** (~ *theory*), बहुवादी; द्वैतवादी; अनेकपदग्राहक।

pluralistic –'टिक् n. अनेकवादी, बहुवादी, द्वैतवादी, अनेकेश्वरवादी; अनेकपदग्राही।

plurality –रै'लिटि n. अनेकता^F, नानात्व, बहुत्व, बहु-विधित्व, अधिकता^F, बहुतायत^F; अतिसंख्या^F, भारी संख्या^F, संख्यातीतता^F; बहुपदग्राहिता^F; एकाधिक पादरी-पद; भारी बहुमत।

pluralize –'रॅलाइज् v.t. & i. नानाकरण, अनेकीकरण, बहुलीकरण; बहुवचनमें अभिव्यक्त करना; एकाधिक पद ग्रहण करना।

pluries (L) adv. कई बार।

plurilateral प्लुॲरिलै'टॅरॅल् a. नैकदलीय, अनेकदलीय, बहुपक्षीय, बहुदलीय, कई पार्टियों^F से सम्बन्धित; नैकदल, अनेकदल, बहुत दल, कई पहलुओंका।

pluriliteral –लिटॅरॅल a. नैकाक्षर, अनेकाक्षर, बह्वक्षर, तीनसे अधिक अक्षरोंवाला।

plurivorous –रि'वॅरॅस a. (वन०) **बहुभक्षी।**

plus[1] प्लस्' n. (ग० भी) **धन,** धनचिह्न (+); जोड़; धनात्मक परिमाण; अपार मात्रा^F, संकलित परिमाण; ~ gestures (शिक्षा०) **पूरक चेष्टाएँ;** ~ sign (गणि०) **धन-चिह्न;** ~ strain (वन०) **धन-प्रभेद।**

plus[2] a. युत, धन, सहित, और, जोड़कर; (गोल्फके खिलाड़ीका) लाभ; परिवर्द्धित, समाधिक, इतर, अति-रिक्त, अपर, फालतू; (गणि०) धनात्मक; (विद्यु०) धनात्मक, धनात्मक विद्युत्कृत्, गरम; ~-fours (प्रा० गोल्फके खिलाड़ियोंका लम्बा-चौड़ा) पैण्ट।

plush प्लश्' n. (एक प्रकारका लोमश वस्त्र) प्लश; प्लशकी बनी बिरजिस^F।

plushette –शे'ट् n. घटिया किस्मका प्लश।

plushy –शि a. प्लश-जैसा, प्लश जैसा कोमल।

plutarchy प्लू'टार्कि n. धनिकतन्त्र, धनिकसत्तात्मक राज्य।

pluto प्लू'टो n. (ज्यो०) **यम,** यमग्रह, यमनक्षत्र; कुबेर, **प्लूटो।**

Plutocracy प्लूटॉ'क्रॅसि n. श्रेष्ठितन्त्र, (इति०, राज०) **धनिकतन्त्र,** पूँजीपतिकतन्त्र, कुबेरशाही, धनिकसत्तात्मक राज्य; श्रेष्ठिवर्ग, धनिकवर्ग, सामन्तवर्ग, महाजनवर्ग।

plutocrat –'टॅक्रैट n. श्रेष्ठितन्त्रवादी, धनिकतन्त्रवादी, श्रेष्ठी, धनिक, सामन्त, धनकुबेर, महाजन; धनिकतन्त्र-पदाधिकारी।

plutocratic –क्रै'टिक् a. धनिकतन्त्रीय, धनिकतन्त्रपदा-धिकारी-विषयक, कुबेरशाही।

plutolatry प्लूटॉ'लॅट्रि n वित्तानुराग, अर्थभक्ति^F, अर्थप्रेम, धनपूजा^F, लक्ष्मीपूजा^F, कुबेरपूजा^F।

plutomania प्लूटॅमे'निॲ n. (चि०) धनभ्रमोन्माद; अर्थविक्षेप, धनोन्माद, पैसेका पागलपन, बौरहापन (विशे० जिसमें व्यक्ति स्वयंको बहुत धनी समझने लगता है)।

plutonian प्लूटो'निॲन् a. पातालिक प्रस्तरीय, आग्नेय शिला-सम्बन्धी; कुबेरपूजक, कुबेरका, प्लूटोका।

plutonic[1] प्लूटॉ'निक् n. गर्भस्फटित-पाषाण, पातालिक प्रस्तर, आग्नेय शिला^F।

plutonic[2] a. गर्भस्फटित, **पातालिक,** (~ *earth-quake*, ~ *rocks*), अन्धकारमय; नरकलोकविषयक; यमराजकीय, यमराज-सम्बन्धी, कुबेरका, प्लूटोका; ~ theory आग्नेय-सिद्धान्त।

plutonism –टॅनिज़्म् n. पातालवाद, आग्नेयवाद; कुबेरवाद, प्लूटोवाद।

plutonist –निस्ट् n. पातालवादी, आग्नेयवादी; कुबेरवादी।

plutonium प्लूटो'निॲम् n. त्रिनधातु, चतुर्नधातु, प्लूटोनियम।

plutonomist प्लूटॉ'नॅमिस्ट् n. राजनीत्यर्थशास्त्री, राजनीतिक अर्थशास्त्री।

plutonomy –मि n. राजनीत्यर्थशास्त्र, राजनीतिक अर्थशास्त्र।

pluvial[1] प्लू'विॲल् n. (ईसा० इति०, पादरियोंका) चोगा, चपकन।

pluvial² a. पावसीय, वृष्टि-विषयक, वर्षाकाः (भूगर्भ०) वर्षाजन्य, वृष्टिजनित।
pluviograph –विॲग्राफ् n. स्वचल वर्षामान, स्वचालित वर्षालिख।
pluviometer –ऑ'मि`टॅर् n. वर्षामान, **वर्षामापी**, वर्षामापक यन्त्र, रेनगेज।
pluviometrical –ॲमे`'ट्रिकॅल् a. वर्षामानीय, वर्षामानात्मक, रेनगेज-सम्बन्धी।
pluvious –'विॲस् a. वृष्टिमत्, प्रचुरवृष्टि, बहुवृष्टि; पावसीय, वृष्टि-विषयक।
ply¹ प्लाइ' n. स्तर, तह^F, पर्त^F, (यन्त्र०) **परत**^F, सिकुड़न^F, शिकन^F; ऐंठन^F, भाँज^F, लर^F, लड़^F; (ला०) प्रवृत्ति^F, रुचि^F, रुझान, मोड़, झुकाव (*take a* ~); ~ wood स्तरकाष्ठ, (यन्त्र०) **पर्ती लकड़ी**^F, **प्लाई लकड़ी**^F, पर्तदार लकड़ी^F।
ply² v.t. & i. उपयोगमें लाना, प्रयोग करना, बैपरना, बरतना; घुमाना, तह^F करना, मोड़ना, भाँजना; मुड़ना, झुकना, लगना; कार्य-प्रवृत्त होना, कार्य करना; (व्यक्ति आदिको भोजन आदि) आग्रहपूर्वक परोसना, बोझना; (परि०) **चलना**, (प्रश्नों आदिकी) धारा बाँधना, बौछार^F करना, झड़ी^F लगाना; (नौवि०) वायुके विरुद्ध चलना; (नाविक, कुली आदिका नियमित रूपसे अपने स्थानपर) बार-बार उपस्थित होना, हाजिरी^F देना; चलाना।
plyer –'ॲर् n. उपयोक्ता, प्रयोक्ता, बैपरनेवाला, घुमानेवाला, भाँजनेवाला; कार्य-प्रवृत्त करनेवाला; वायुविरुद्ध नाविक, हवाके विरोधमें नाव^F चलानेवाला।
P.M. Post Master; Prime Minister; Provost Marshal; Poultry Manager; **p.m.** भी *post meridiem*, after noon; *post mortem*, after death; *pro mense*, per month.
pm. premium.
P.M. & H.O. Principal Medical and Health Officer.
P.M.G. Post Master General.
P.M.O. Principal Medical Officer.
p.n. promissory note.
pneumatic¹ नीऊमै'टिक् n. हवादार टायर; (बहु०, भौ०) **गैसिकी**^F, वातिकी^F, वायुविज्ञान।
pneumatic² a. वातिक, वायव, (भौ०) **वायवीय**, वायुरूप, वायुमय, हवाई; वायुसंचालित, गैसका (~ *trough*, *tyre*); श्वासयुक्त, श्वाससे सम्बन्धित; आत्मिक, आध्यात्मिक;
~ bone, ~ chute, ~ compressor, ~ duct, ~ hammer, ~ pressure, ~ process, ~ roller, ~ system, ~ tool, ~ trough, ~ tyre.
pneumaticity –मॅटि'सिटि n. वातिकता^F, वायवीयता^F, वायुरूपता^F, वायुमयता^F।
pneumato- वाति-, श्वास- (~ *cyst*, ~ *logy*, ~ *meter*, ~ *phore*)।
pneumatological –टॅलॉ'जिकॅल a. आध्यात्मिक; मनःशास्त्रीय, मनोवैज्ञानिक।
pneumatologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) श्वसनवैज्ञानिक; अध्यात्मवादी, अध्यात्म-सिद्धान्ती; **मनोविज्ञानी**, मनोवैज्ञानिक, मनःशास्त्री, मानसशास्त्री।
pneumatology –जि n. (चि०) श्वसनविज्ञान, वायुगुणोपचार विज्ञान; अध्यात्मशास्त्र, अध्यात्मवाद, अध्यात्मसिद्धान्त; मानस-शास्त्र, मनःशास्त्र, मनोविज्ञान।
pneumatolysis –लिसिस् n. (भू०) **वाष्पजीयता**^F।
pneumatolytic –टॅलि'टिक् a. (भू०) **वाष्पजीय**।
pneumatometer –'मि`टॅर् n. (चि०) श्वसनगतिमापक; वातिमान, वायुमापक यन्त्र, न्यूमेटोमीटर।
pneumatophore –'मॅटॅफोॲर् n. (जीववि०) श्वासमूल, (वन०) **श्वसन-मूल**, श्वसन-स्यून, T.
pneumatosis ⊙ –टो'सिस् n. (शरीरमें) वायुचयामयता^F, अतिवाति^F, अतिवायुता^F, वाताधिक्य, बाई^F।
pneumococcus ⊙ –मॅकॉ'कॅस् n. (चि०) फुफ्फुस गोलाणु, क्लोम गोलाणु, निमोनियाके गोलाणु।
pneumoconiosis –कॉनिओ'सिस् n. (चि०) फुफ्फुसकणामयता^F, वायुधात्विक रोग।
pneumogastric नीऊमॅगैस्'ट्रिक् a. फुफ्फुसजठरीय, फुफ्फुसजठर-विषयक, फुफ्फुसोदर-सम्बन्धी।
pneumogram नीऊ'मॅग्रैम् n. (चि०) **श्वसनलेख**।
pneumograph –ग्रॉफn. (चि०, शिक्षा०) **श्वसनलेखी**।
pneumography –मॉ'ग्रॅफि n. (शिक्षा०) **श्वासगति विज्ञान**।
pneumonia –मो'निॲ a. क्लोमपाक, फुफ्फुस-प्रदाह, (चि०) **फुफ्फुसदाह**, फुफ्फुसपाक, फुफ्फुस-शोथ, **फुफ्फुसार्ति**^F, (श० र० शा०, चि०, कृषि०) **निमोनिया**; double, single ~, द्विपार्श्वी निमोनिया, एकपार्श्वी निमोनिया।
pneumonic –मॉ'निक् a. (चि०) फुफ्फुसपाकीय, फुफ्फुससम्बन्धी; क्लोमपाकीय, निमोनियायी, निमोनियाका।
pneumonitis –मॅनाइ'टिस् n. (चि०) फुफ्फुसशोथ, क्लोमप्रदाह, न्युमोनिटिस।
pneumophonia नीऊमॅफो'निॲ n. (शिक्षा०) **श्वसित स्वर**।
pneumothorax –मॉ'थॅरैक्स् n. (चि०) **वातिलवक्ष**।
P.O. per or, by mouth, orally; Petty officer (navy); Pilot Officer; Post-Office; Postal Order; Pricing Officer; Publicity Officer.
po. polonium.
po pole.
po पो n. भाण्ड, पात्र, बर्तन, भाजन।
poach¹ पोच्' v.t. (अण्डेको) गरम पानीमें पकाना।
poach² v.t. & i. चुभाना, घुसेड़ना, कोंचना, टोंचना, भोंकना; (खुरसे घास^F आदि) पददलित करना, कचरना, रौंदना, कुचलना; (रौंदे जानेके कारण भूमि^Fका) सिक्त हो जाना, सीलना; (ला०, विशे० भूमि^Fको) हथियाना, हड़पना, चुराना, अनधिकार प्रवेश करना, अनधिकृत हस्तक्षेप

करना, अतिक्रमण करना, अतिचार करना; (दौड़^F आदिमें) (नियम-प्रतिकूल साधनोंसे) लाभ उठाना; (टेनिस, गेंदको) दल्लेसे मारना।

poacher पो'चॅर् n. अण्डे पकानेका वर्तन; जांगल-चोर, शिकार-चोर।

poachiness पो'चिनिस n. विलन्नता^F, सक्लेदता^F, आर्द्रता^F, नमी^F, नमीदारी^F।

poaching –चिंग् n. जांगल-चौर्य; क्लेदन, आर्द्रण, नम करना, भींगा हुआ होना।

poachy चि a. क्लिन्न, सक्लेद, आर्द्र, नम, गीला, तर, भींगा हुआ।

pochard पो (पॉ)'कॅ(चॅ)र्ड् n. मज्जिका^F, विलायती मुर्गाबी^F।

pochette ⊙ पॉकेट' n. (स्त्रियों^Fका) छोटा झोला, छोटी थैली^F।

pock पॉक्' n. स्फोट, फलका, पिटिका^F, छाला, दाना (विशे० शीतला^Fका); ~ mark चेचकका दाग।

pocket[1]* पॉकिट् n. (प्रा० भूगोल) **संचयिका**^F (~ **deposit**), कोष, थैली^F, बोरिया^F, झोला, झोलिया^F; जेब*, खीसा, (*coat, trouser, watch,*~); (ला०) आय^F, आर्थिक साधना^F, नगदनारायण, रुपया-पैसा, आमदनी^F; (बिलियर्ड, कैरम आदिका) रन्ध्र, कोष, थैला, गल्ल; (स्वर्ण या अन्य खनिजोंका) विवर, कच्ची धातु^Fका खोडर; (यंत्र०, स्था०) **गोह**^F, **खला**^F; **जल-धानी**^F, शिला-विवर; (सेना०) पारकीय अधिकार क्षेत्र, विदेशी बस्तियाँ^F, छिन्नांश, द्वीप; **खाली जगह**^F; ~ battleship लघु रणपोत ~-book पुस्तिका^F, गुटका, जेबी किताब^F; (कागजपत्र रखनेकी) जेबी थैली^F ⊙; हैण्डबैग ⊙; ~ borough एकाधीन नगर, एक व्यक्ति (या परिवार) द्वारा शासित नगर; ~ expenses व्यक्तिगत अल्पव्यय, जेबखर्च; ~ handkerchief जेबी रुमाल; ~-money जेबखर्चका पैसा; ~ of resistance **रोध-स्थल**; ~picking जेब काटनेका अभ्यास; ~-piece सगुनका पैसा, बरकती सिक्का; *empty* ~ रिक्तहस्त, खाली हाथ, खाली जेब; *five pounds in* ~ *by the transaction* पाँच पौण्डका लाभ; *has him in her*~ उसे मुट्ठीमें किये हुए है, उसे वशमें कर रखा है; *out-of-~ expenses* मूलव्यय, असल खर्च; मूल लागत^F, असल लागत^F, *put* one's *pride in* one's ~ अपने सम्मानको ताकपर रखना;

~ area, ~-case, ~-clip, ~-hole, ~ instrument, ~-knife, ~-lens, ~ lighter, ~ oiler, ~-pistol, ~ radar, ~-shaped, ~ spatula, ~ spectroscope, ~ stopwatch, ~ thermometer, ~ veto.

pocket[2] v.t. जेबमें रखना, जेबियाना; (दौड़^F आदिमें) आड़े आना, रोकना, अड़ाना; हथियाना, चुराना, गड़प करना, पचाना, हजम कर जाना; अनुचित अधिकार करना; (अनुचित अत्याचार आदि) सहन कर जाना, गले उतारना, गवारा करना; (भावनाओं^Fको) छिपाना, दबाना, दुराना; (बिलियर्ड, गेंद^Fको) गल्लमें पिलाना।

pocketable –टॅबॅल् a. जेबी, जेबियाने योग्य।

pocketed –टिॅड् a. कोषयुक्त, अन्तर्हित।

pocketful –फुल् a. जेबभर।

pocketless –लिॅस् a. जेबरहित, बिना जेबका।

pockety –टि a. कोषमय; (धातुओं^F, खनिजोंके) गड्ढेमें युक्त।

pocky पॉ'कि a. चेचक-रोगी, माता^Fकी बीमारी^Fसे रुग्ण, सस्फोट, स्फोट-बहुल, फलकायुक्त, पिटिकायुक्त, फफोलेदार, छालेदार, दानेदार; दागदार, ~ cloud (ऋतु) **थनाभ मेघ**।

pococurante[1] पोकोकुऑरान्'टे, पोकोक्युअॅरैन्'टि n. निस्पृह व्यक्ति, निरीह व्यक्ति, निष्काम व्यक्ति, उदासीन पुरुष।

pococurante[2] निस्पृह, निरीह, निष्काम, उदासीन, निर्लोभ, उपेक्षापूर्ण।

pococurantism –'टिज्म्, n. निस्पृहता^F, निरीहता^F, निष्कामता^F, उदासीनता^F, उपेक्षापूर्णता^F।

poculiform पॅक्यू'लिफॉर्म a. चषकाकृति, चषकाकार, चषकतुल्य, प्याले-जैसा, कप-जैसा।

poco e poco (It) adv. थोड़ा-थोड़ा करके।

p.o.d. pay on delivery.

pod[1] पॉड् n. सील^F या हेलका छोटा झोल।

pod[2] v.t. (सील^F या हेल^Fको घेरकर) इकट्ठा करना।

pod[3] n. बरमेका लट्टू।

pod[4] n. शिम्बा, शिम्बी^F, शिम्बिका^F, बीजकोश, (कृषि०, वन०) फली^F, छीमी^F; रेशम-कोश, (रेशमके कीड़ेका) कोया; (टिड्डीके अण्डोंका) कोश; तंग मुँहका जाल;T.

pod[5] v.i. & t. शिम्बीयुक्त होना, फली^F आना, छीमी^F लगना, बतियाना; (मटर^F आदिकी फली^F) छीलना, उकेलना, निकोलना, निकियाना।

podagra पॉ'डॅग्रॅ, पॅडै'ग्रॅ n. (चि०) गठिया; (विशे०) पादग्राह पादवात रक्त, पैरकी गठिया^F।

podagral –ग्रॅल् a. पादवात रक्त-सम्बन्धी, पैरके गठिया^F रोगका।

podagric, -al, podagrous पॅडै'ग्रिक, -अॅल, पॉ'डॅग्रॅस् aa. (चि०) पादवातरक्त रोगी; वातरोगी; वातुल, वातरोग या गठिया^Fसे ग्रस्त (पैरके)।

podal पो'डॅल् a. पाद-, पाद-विषयक, पाद-सम्बन्धी, पैरसे सम्बन्धित, पैरका।

podalgia n. (चि०) पादार्त, पादपीडा^F, पादव्यथा^F, पैरकी पीडा^F।

podded पॉ'डिॅड् a. फलीदार, छीमीदार; (ला०) सुरक्षित, सम्पन्न, सानन्द, सकुशल।

podesta (It.) पॉडेस्टा' n. (इटलीके नगरोंमें) न्यायाधीशोपाधि^F, न्यायाधीशकी उपाधि^F, मजिस्ट्रेटकी उपाधि^F; दण्डाधिकारी, मजिस्ट्रेट।

podex पॉ'डिक्स् n. पुच्छभाग, पृष्ठभाग, पिछला भाग; नितम्ब, चूतड़; गुदा, गुदप्रदेश, मलद्वार।

podge पॉज' n. स्थूल-वामन पुरुष; छोटा-मोटा व्यक्ति।

podgy –'जि a. स्थूल-वामन, नाटा-मोटा, नटवा।
podic, -al पॉ'डिक्,-ॲल् a. पादिक, पाद-सम्बन्धी, पाद-विषयक, पैरका; हस्त-विषयक, हस्त-सम्बन्धी, हाथका।
podium पो'डिॲम् n. (इति०) पादक, पाद, पैर (यंत्र०, स्था०) चौकी^F; हस्तक, हस्त, हाथ।
podocarp पॉ'डॅकार्प् n. फलवृन्त, फलका डण्ठल।
podomere n. (जीव०) पाद खण्ड।
podopthalmate पॉडॉफ्थैल्'मॅट् a. (जीववि०) सवृन्ताक्ष, वृन्ताक्षयुक्त, वृन्ताक्ष।
podoscaph –स्कैफ् n. पादचालित नौका^F; पैरसे खेयी जानेवाली नाव^F।
podsol –सॅल् n. भस्ममृदा^F, (कृषि०) भस्मी मिट्टी^F, राख मिट्टी^F, धूसर भूमि^F, (प्रा० भू०) रूसी।
podzoliation –पॉजोलिएशन् n. (कृषि०) राख मिट्टी^F बनाना, भस्मी मिट्टी^F बनाना।
poe-bird पो'ई-बर्ड् n. = PARSON-bird.
poem पो'इॅम् n. पद्य, पद, कविता^F, छन्द, काव्य, गीत; (ला०) काव्यप्रबन्ध, काव्यबन्ध; काव्यमय कृति^F, पद्यमय कृति^F, छन्दोबद्ध रचना^F।
poephagous पेई'फॅगॅस् a. तृणाशी, तृणभक्षी, घास^F खानेवाला।
poesy पो'इॅसि n. काव्यकला^F, काव्यरचना^F, पद्यरचना^F, छन्दरचना^F, कविता^F, कवित्व, कविताई^F; कवितासंग्रह, काव्यसंग्रह, काव्यनिचय, पद्यमाला^F, पदसमूह।
poet –इॅट् n. कवि, सूरि, पद्यलेखक, पद्यकार, गीतकार, काव्यरचयिता, काव्यप्रणेता, छन्दकार; P~s' Corner वेस्टमिनिस्टर एबेका कवि-स्थल (जहाँ अनेक कवियोंकी समाधियाँ^F हैं); (हास्य०) कविस्तम्भ, काव्यस्तम्भ, कवियोंका कोना (समाचार-पत्रोंमें); P ~ Laureate राजकवि।
poeta nascitur, non fit (L) कवि उत्पन्न होता है, बनाया नहीं जाता।
poetaster पोइॅटैस्'टॅर् n. क्षुद्रकवि, कुकवि, नगण्य कवि, काठकवि, तुक्कड़।
poetess –'इॅटि॑स् n. कवयित्री^F, पद्यलेखिका^F।
poetic, -al पो'ॅटिक्,-ॲल् aa. काव्यात्मक, काव्यमय, काव्य-, पद्यमय, छन्दोबद्ध, पद्यात्मक, कविता^Fबद्ध; कवि-, कवि-सुलभ (~ *licence*); (प्रायः *poetic*) सरस, भावपूर्ण; ~ works काव्यकृतियाँ^F;
~ diction, ~ faculty, ~ genius, ~ justice, ~ prose.
poeticize –टिसाइज् v.t. काव्यात्मक बनाना, पद्यमय करना, पद्यबद्ध या छन्दोबद्ध करना, कविता^Fका रंग देना।
poetics –टिक्स् n. काव्यशास्त्र, पद्यशास्त्र, छन्दःशास्त्र, रीतिशास्त्र, अलंकारशास्त्र, साहित्य-शास्त्र।
poeticule –टिक्यूल् n. दे० POETASTER.
poetize पो'इॅटाइज् v.i. (गद्यको) काव्यमय करना, पद्यमय करना; काव्य रचना, पद्य-रचना^F करना।
poetry –ट्रि n. काव्य, कविता^F; कवित्व, कविताई^F; काव्यात्मक रचना^F, कविकृति^F, काव्यरचना^F, काव्यबन्ध, काव्य-प्रबन्ध; काव्यात्मकता^F, कवित्वपूर्णता^F; prose ~ काव्यमय गद्य, गद्यकाव्य, गद्यगीत।
pogonion n. (चि०) चिबुक कूट।
pogrom (Russ.) पॅग्रॉम् n. (रूसमें सरकारी या अर्द्ध सरकारी) व्यवस्थित डाकाजनी^F, व्यवस्थित लूट^F; पूर्वनिश्चित वध, पूर्वनिश्चित हत्या^F, पूर्वनिश्चित कत्ल; सामूहिक वध।
poignancy पाएॅ'नॅन्सि n. तीक्ष्णता^F, तीव्रता^F, तेजी^F।
poignant –न्ट् a. (स्वाद या गन्ध^Fमें) तीक्ष्ण, तीव्र, तिक्त, कटु, पैना, तीता, तीखा, कड़ुवा, तेज; उग्र, घोर, भयंकर, (~ *sarcasm*) गहरा, अतितीव्र; तिग्म, प्रखर, प्रचण्ड, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयविदारक।
poilu (F) n. (फ्रांसीसी) अश्वारोही, अश्व-सैनिक, घुड़सवार, सैनिक, सिपाही।
poind पाएॅन्ड v.t. अवरुद्ध करना, बन्द करना।
point¹* पाएॅन्ट्' n. चिह्न, (गति वि०, स्थिति वि०, कलन०, प्रा० भूगोल, अर्थ०, रेल०) बिन्दु*, विराम, पाई^F ⊙ (*full*) ~), दशमलव-चिह्न (*four ~ six, 4.6*); (रेल०) स्थल, प्रकरण, पद, विषय, वस्तु^F; (प्रदर्शनी^F या प्रतियोगिता^F आदिमें) (प्रा० भूगोल, अर्थ०, गणि०) अंक, नम्बर; मूल्यकी इकाई^F, प्वाइण्ट; (भू०, अर्थ०, गणि०) अंश, (टाइप या मुद्रणाक्षर नापनेकी इकाई^F), प्वाइण्ट; (शिकार) दौड़^Fकी सीध^F, (वह स्थान जहाँ तक शिकार सीधे दौड़े), ढाल-चिह्न; (विशेष तापमानका) अंश, बिन्दु, दरजा; क्षण, वेला^F, समय, अवसर; लक्षण, विशेषण, वैशिष्ट्य, विभेदक चिह्न, विशेष चिह्न; प्रश्न, प्रसंग, विवादविषय, ठीक बात^F, (~ *of law, that is just the* ~); कोटि, अग्र*, धारा^F, (इति०) अनी^F, नोक, सिरा (~ *of the stick*); (सैनि०) धारा^F, अग्रदल, अग्रसर दल; घोड़ेके चारों पैर (*bay with black* ~ *s*); नोकदार शस्त्र, कण्टक, काँटा; (रेल०) काँटा, प्वाइण्ट (जहाँ पटरी^Fपर गाड़ी^F बदलती है; (pl.) स्थान, जगहें ⊙; भूनासिका^F, (इति०) एक प्रकारका छलेदार फीता; मुद्दे; (इति०) सूचि-मुख; (परि०) पीवता^F; (कृषि०) पशुओंके अंग; (नौवि०) पाल-बन्द; (कहानी^F, व्यंग्य आदिका) सार, उद्देश्य, आशय, सारांश, तत्त्व, तात्पर्य, गूढ़ अर्थ, मर्म, रहस्य; तीक्ष्णता^F, तीव्रता^F, प्रखरता^F, प्रचण्डता^F; तीव्रानुभूति^F (*his remarks lack* ~); शिकारका चिह्न, शिकारी कुत्तेकी खोज^F; अन्त, अवधि^F; boiling ~ क्वथनांक, बुदबुदांक; by ~ s उपबिन्दु; ~ points मुख्य बिन्दु; (गणि०) दिग्बिन्दु, (भौ०) प्रधान बिन्दु; freezing-~ श्यानांक, हिमांक; ~ at infinity (गणि०) अनंतस्थ बिन्दु; ~s of compass (भू०) दिग्बिन्दु; दिशाबिन्दु; ~ method एक-एक भेजनेका तरीका; ~ of aim लक्ष्य, निशाना बिन्दु; ~ of application (यंत्र०) आरोप-स्थल, प्रयोग-स्थल; (गणि०) प्रयोग-बिन्दु; ~ of Contact (रेल०) स्पर्श-स्थल; ~ of domination प्राबल्य-स्थल;

~ of emergence (रेल०) **निर्गमन-स्थल**; ~ equinox (ज्यौ०) **विषुव-विन्दु**; ~ of honour **आन[F] की वात[F], मानका प्रश्न**; ~ of indifference (अर्थ०) **अनधिमान-विन्दु**; ~ of inflexion (यंत्र०) **नमन परिवर्तन-विन्दु**;(गणि०) **नति-परिवर्तन-विन्दु**; ~ of no return (वैमा०) **ना-वापसी सीमा[F]**; ~ of solstice (ज्यौ०) **अयनांत-विन्दु**; ~ of suspension (भौ०) **आलम्बन विन्दु**; ~ of view **दृष्टिकोण**; ~ to ~ (वैमा०) **स्थलसे स्थल**; (रसा०) **विन्दुसे विन्दु**; ~-duty (रेल[F]) आवागमननियंत्रण, काँटेका काम; ~ of order औचित्य-प्रश्न, आपत्ति[F]; ~ of view (ला०) दृष्टिविन्दु, दृष्टिकोण, विचारप्रणाली[F]; ~ sman **काँटेवाला**, प्वाइण्ट्स मैन; turning ~ (ग०) आवर्तविन्दु; *at all ~s* सर्वत्र, पूर्णतया; *at the ~ of death* मृतप्राय, मरणासन्न, मरणोन्मुख, आसन्न-मृत्यु, कब्र[F]में पैर लटकाये; *carry one's ~* उद्देश्यकी सिद्धि[F] करना, अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेना, अपनी वात[F] मनवा लेना; *give ~s* to (ला०) वरिष्ठ होना, अधिक योग्य होना; (खेलमें) प्रतिपक्षीको अंक दे देने देना; *in ~* युक्त, युक्तियुक्त, संगत, न्याय्य, उचित, ठीक, जँचा हुआ; प्रसंगानुकूल; *make a ~* तर्क उपस्थित करना, प्रमाण प्रस्तुत करना; *make a ~ of* आवश्यक मानना, महत्त्वपूर्ण समझना; *not to put too fine a ~ upon it* सीधी वात[F] कहना, खरी-खरी सुनाना, लल्लो-चप्पो[F] न करना; ~ *of honour* सम्मानका प्रश्न; *to the ~* युक्त, यथार्थ, संगत, प्रासंगिक, जँचता हुआ;
~ charge, ~ circle, ~ conic, ~ coordinates, ~ counter, ~ curve, ~ equation, ~ estimation, ~ function, ~ focus, ~ indicator, ~ lattice, ~ line, ~ object, ~ orifice, ~ particle, ~ reciprocation, ~ scale, ~ source, ~ system, ~ wandering.

point[2] *v.t.* & i. नुकीला बनाना, नोक[F] निकालना, तेज करना, पैना करना, धार[F] रखना; (क्वचित्) यति-चिह्न लगाना, विराम-चिह्न लगाना; (वात[F], कार्य आदि को) संगति[F] प्रदान करना, तर्कयुक्त करना, गति[F] देना, दिशा[F] देना; (दीवार[F] इत्यादिमें कन्नी[F]से) टीप[F] करना, जोड़ भरना; (फावड़ेसे खाद[F] या मिट्टी[F]) फोड़ना, अलट-पलट करना, गोड़ना; (शा० एवं ला०) ध्यान देना, ध्यान दिलाना, संकेत करना; (शिकारी कुत्तेको शिकारकी ओर) संकेत करना; इंगित करना, उँगली[F] दिखाना, इशारा करना; अस्त्र उठाना, हथियार तानना; साध्य बनाना, लक्ष्य बनाना; प्रवृत्त होना; ~ *out* निर्देश करना, इंगित करना, संकेत करना, इशारा करना।

point blank[1] —ब्लैन्क् a. (बन्दूक[F]का निशाना) लम्बरूप, सरल, सीधा; ~ distance, range सीधी मार[F]-की दूरी[F], सीधे निशानेकी दूरी[F], सीधी मार[F]।

point-blank[2] adv. सीधमें, सीधा निशाना करते हुए; (ला०) प्रत्यक्षतः, स्पष्टतया, दो टूक, खरी-खरी (*refused it ~*)।

point d'appui (F) n. (सैना०) साहाय्य-स्थल, परेड-का मैदान।

point-device[1] डि'वाइस् a. (प्रा०) यथातथ्य, तथ्यानुरूप, अक्षरशः सत्य, नपा-तुला, विल्कुल ठीक।

point-device[2] adv. यथातथ्यरूपसे, तथ्यानुरूपेण, अक्षरशः सत्य, ठीक-ठीक।

pointed पाएॅन्'टिड् a. कण्टाग्र, तीक्ष्णाग्र (~*crystal*) निशित, सूच्यग्र, तीक्ष्ण, नुकीला, तीखा, **नोकदार** (~ *arch*), पैना (~ *end*); मार्मिक, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी; प्रत्यक्ष, स्पष्ट, वलपूर्ण, खुला हुआ; रसपूर्ण; निर्दिष्ट, सूचित।

pointedness —निॅस् n. कण्टाग्रता[F], तीक्ष्णाग्रता[F], निशितता[F], तीक्ष्णता[F], नुकीलापन, पैनापन; मार्मिकता[F], मर्मभेदिता[F], मर्मस्पर्शिता[F]; रसपूर्णता[F], प्रत्यक्षता[F], स्पष्टता[F], वलपूर्णता[F]।

pointer —टर् n. नुकीला करनेवाला, टेनेवाला; सूची[F], (घड़ी[F]की) वड़ी सुई[F], **संकेतक घड़ी[F]**, (किसी भी यन्त्रकी) **सुई[F]**; **संकेतक**; निर्देशक, **सूचक**; निर्देशिका[F], निर्देश-दण्ड; (बोल०) संकेत, इंगित, सूचना[F], इशारा; मृगया-दर्शक कुत्ता; (बहु०) गौतम और भरद्वाज नक्षत्र; (बहु०) नोकें[F] ⊙।

pointillage पाएॅन्'टिलिज् n. (चि०) अंगुलियों[F] द्वारा मालिश[F]; अंगुलि[F] द्वारा समाचार-प्रेषण, अंगुल्यग्र द्वारा सन्देश-वाहन।

pointillism —लिज़्म् n. विन्दुकन, विन्दुचित्रण, विन्दुओं द्वारा चित्र वनानेकी शैली[F]।

pointillist —लिस्ट् n. विन्दुक, विन्दुचित्रकार, विन्दु चितेरा।

pointing पाएॅन्'टिंग् n. निर्देश, सूचन, निर्देशन; तीक्ष्णीकरण, टेवाई[F]; (दीवार[F] आदिका) सन्धिपूरण, (यंत्र०, इति०) **टीप[F]**, **टीपकारी[F]**, टीप करना; सन्धि-पूरण-सामग्री[F]; (स्तोत्र आदिमें) यति[F], चिह्नीकरण; ~ in (कृषि०) **अनुवेधन**।

pointless पाएॅन्ट्'लिॅस् a. अनिश्चित, अतीक्ष्ण, कुन्द, भोथरा, गोंठिल, विना धार[F]का, विना नोक[F]का; फल्गु, नीरस, रुचिहीन, अर्थहीन; (खेल आदिमें) निरंक, अंकहीन।

pointlessness —निॅस् n. अतीक्ष्णता[F], भोंथरापन, गोंठिलपना; फल्गुता[F], नीरसता[F], रुचिहीनता[F], अर्थहीनता[F], निरंकता[F], अंकहीनता[F]।

poise[1] पाएॅज्' n. (शा० एवं० ला०) **सन्तोल**; भार-साम्य, सन्तुलन, मनःशान्ति[F]; अंगसौष्ठव; झुकाव, झमकाव, झमकाहट[F]; दुविधा[F], असमंजस, अनिश्चय, पशोपेश, (भौ०) T.

poise[2] v.t. & i. सन्तुलित करना या रखना, तौलना, संभाले रहना, पकड़े रहना, थामे रहना, सहारा दिये रहना; (सिरको विशेष ढंगसे) झमकाना, झुकाना; (हवा[F] में) लटकना, झूलना।

poison[1]* पाएॅ'ज़न् n. जांगुल, गरल, क्ष्वेड, कालकूट, हलाहल, (चि०, कृषि०, रसा०, जीव०, का०) **विष***,

(का०, चि०) जहर; (ला०) विध्वंसक सिद्धान्त, विनाशक विचारधारा; ~ nut कुचला; *what's your ~* (बोल०) क्या पियोगे ?

~ bait, ~ baiting, ~ berry, ~ bulb, ~ campaign, ~ duct, ~ fang, ~-flower, ~-gas, ~ glands, ~ hemlock, ~ ivy, ~ jaw, ~ pills, ~ poppy, ~ sac, ~ setae, ~ solution, ~-tree, ~-wood

poison[2] v.t. विषाक्त करना, विषयुक्त करना, विषमय करना, जहर मिलाना; जहरमें बुझाना; विषप्रयोग करना; (का०) **विष देना,** जहर देना, जहर देकर मारना; कुमार्गी बनाना, बिगाड़ना, खराब करना, गन्दा करना; (आनन्दमें) विघ्न डालना, बाधा[F] पहुंचाना; ~ pen विषलेखक, (निन्दापूर्ण या अश्लील पत्रोंका) व्यंग्य-लेखक; *hate each other like ~* परस्पर घोर घृणा[F] रखना, एक-दूसरेको फूटी आँखों[F] न देख सकना; *one man's meat is another man's ~* किसीको बैंगन बैरी, किसीको बैंगन पथ्य ।

poisoned –ड् a. विष-, विषाक्त, विषलिप्त, विषपूर्ण, जहरवाला; ~ food विषान्न ।

poisoner –नॅर् n. विषघाती, विषदाता, विष देनेवाला, जहर पिलानेवाला ।

poisoning –निंग् n. (चि०) **विषायण,** (रसा०) विषाक्तीकरण, (चि०) **विषाक्तता**[F], विष देना ।

poisonous –'नॅस् a. **विषाक्त,** (चि०, कृषि०, रसा०, जीव०) **विषैला,** (रसा०) **विषालु,** सविष, (चि०) **विषमय,** (चि०) **जहरीला;**

~drug, ~gas, ~plants, ~snake, ~weed.

poisonousness –नॅस् n. विषाक्तता[F], विषालुता[F], सविषता[F], विषमयता[F], जहरीलापन ।

poissarde(F) n. मत्स्य-विक्रेत्री[F]; दुकानदार महिला[F]।

poitrel पोइट्रल n. अश्ववक्षस्त्राण, अश्वोरस्त्राण, घोड़ेके पेटका कवच ।

poke[1] पोक् n. थैला, थैली[F], बोरा, बोरी[F], झोला, खलीता, बटुआ; ~-pudding पेटू, मस्त, मोटा-ताजा (अंग्रेज); *pig in a ~* अकस्मात् उपलब्धि[F] ।

poke[2] n. आघात, प्रहार, भोंक[F], चुभन[F], हूल[F], गूल[F], गोंच[F], गुच[F], किहुनियाव, किहुनी[F]की मार[F]; (दुष्ट पशुओंके गलेका) डिंगर, ढेना; (स्त्रियों[F]की टोपी[F] आदिका) छज्जा; ~ bonnet छज्जेदार टोपी[F] ।

poke[3] v.t. & i. आघात पहुँचाना, भोंकना, चुभोना, हूलना, ढकेलना, गोंचना, गुचना, किहुनियाना, कुहनी[F] मारना; (आग[F]को सलाई[F] या खोदनी[F]से) उकसारना, उलटना-पलटना; (कालकोठरी[F] इत्यादिमें बन्द होकर) बैठे रहना; चुभाकर छिद्र बनाना, भोंककर छेद करना; अड़ाना, भिड़ाना, आगे करना; भेद लेना, टोह[F] लेना, आहट[F] लेना, खोजना, ढूँढ़ना (प्रायः *into* के साथ); ~ *about,* ~ *& pry* भेद लेना, टोह[F] लेना, छान-बीन[F] करना; ~ *fun at* परिहास करना, फबतियाँ[F] कसना;~ one's *nose into* person's *affairs* (किसीके मामलेमें) टाँग[F] अड़ाना, दखल देना; ~one's *head* (स्वभावसे ही) गरदन[F] झुकाकर चलना, सिर झुकाकर चलना ।

poker[1] –कॅर् n. तुद[F], **अंगार-शलाका**[F], अग्निशलाका[F]; कुरेदनी[F], खोदनी[F], **सींक**[F]; (आक्स० एवं कैम्ब्रि०में) भाट, चारण, कड़खेत, वन्दीजन; (बेल-बूटे काढ़नेकी) गरम सलाई[F]; *as stiff as a ~* (व्यवहार या आचरणमें) वज्रादपि कठोर, पत्थरसे भी कड़ा; *by the holy ~* (हास्य०) मुझे सौगन्ध[F] है ।

poker[2] v.t. (गरम सलाई[F]से लकड़ी[F]की चीजों[F]पर) बेलबूटे खोदना ।

poky पो'कि a. (कक्ष, स्थान आदि) तुच्छ, संकीर्ण; सँकरा, छोटा, गन्दा; (व्यवसाय आदि) क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, अधम, नीच, रद्दी ।

pol-, por- = PRO-(*pollute, portend, portray*) ।

POL. Political; Politics.

polacre, -acca पॅलॉ'कॅर्, -ऐॅकॅ n. (भूमध्यसागरमें) त्रिपाल पोत, तीन मस्तूलका जलयान ।

polar[1] पो'लॅर् n. (निर्दे० ज्यामिति) **ध्रुवी,** ध्रुवीय वक्र, स्पर्शच्छेदीय वक्र रेखा[F] ।

polar[2] a. ध्रुव-, (गणि०, कलन०, रसा०, प्रा० भूगोल, जीव०) **ध्रुवीय;** ध्रुवक्षेत्रीय; ध्रुवात्मक, चुम्बकीय; धनात्मक या ऋणात्मक विद्युत्वाला; (ला०) ध्रुवानुरूप, ध्रुवगुण-सम्पन्न, (दोनों) ध्रुवोंके समान, ध्रुवनक्षत्रके समान; नितान्त प्रतिकूल, बिल्कुल उल्टा; ~ angle कोणांक; ~ bear, hare ध्रुवीय रीछ, ध्रुवीय खरहा; ~ circles ध्रुववृत्त; ~ curve स्पर्शच्छेदी वक्ररेखा[F]; ~ distance ध्रुवीय कोणीय अन्तर, **ध्रुवीय दूरी**[F], दूरी[F];

~ air, ~axis, ~ belts, ~ body, ~ cap, ~ cell, ~ charge, ~ climate, ~ compounds, ~ compression, ~ coordinates, ~ desert, ~ diameter, ~ economy, ~ environment, ~ equation, ~expedition, ~ face, ~ flattening, ~ form, ~ front, ~ globule, ~ line, ~ molecule, ~ nodule, ~ number, ~ plain, ~ plane, ~ plug, ~ point, ~ projection, ~rays, ~ reciprocal, ~region, ~ seas, ~ sub-moral, ~ sub-*normal,* ~ *sub trengular,* ~ *triangles,* ~ trough, ~ vegetation, ~ wind, ~ zone.

polari- ध्रुव-, ध्रुवीय (~ *scope,* ~ *metric*); अभिस्पन्द (~*metry*) ।

polarimeter –रि'मि'टॅर् n. ध्रुवमान, (भौ०) **ध्रुवण-मापी,** ध्रुवमापक-यन्त्र; अभिस्पन्दमान; (कृषि) T.

polarimetry –ट्रि n. ध्रुवमापन, (भौ०) **ध्रुवणमिति**[F], अभिस्पन्दमिति[F] ।

polaric पॅले'रिस् n. (नौवि०, ज्यौ०, यं०, परि०) **ध्रुवतारा** ।

polariscope पॅलै'रिस्कोप् n. ध्रुवेक्ष, ध्रुवीक्षक यन्त्र, ध्रुवदर्श, (कृषि०, रसा०, भू०, भौ०) **ध्रुवणदर्शी,** ध्रुवदर्शक यन्त्र; अभिस्पन्देक्ष, T.

polarity –रिटि n. ध्रुविता[F], ध्रुवाभिसारिता[F], ध्रुवाभि-

मुखता^{F}, ध्रुवदर्शकता^{F}; (वन०, भौ०) **ध्रुवत्व**, (ला०) **ध्रुवता^{F}**, (रसा०) ध्रुवीयता^{F}, विद्युदीयता^{F}, विद्युद्वहन-शक्ति^{F}; (ला०) आकर्षण, चुम्बकीयता^{F} ।

polarizability पोलॅराइज़ॅबि'लिटि n. (रसा०) **ध्रुवीयणता^{F}, ध्रुवणता^{F}** ।

polarizable –लॅराइज़ॅबॅल् a. ध्रुवणीय, अभिस्पन्दनीय।

polarization –ज़ॅन् n. (रसा०, ऋतु०, भौ०) **ध्रुवण**, ध्रुवीयण, अभिस्पन्दन; (रसा०, भौ०, ऋतु०) **विद्युद्-ग्राच्छादन** (~ *curve*), विद्युच्छक्तिजनन, चुम्बकन, चुम्बक पैदा करना ।

polarize –लॅराइज़् v.t. & i. ध्रुवन करना, **ध्रुवित करना या होना**, अभिस्पन्दन करना; विद्युत्शक्ति^{F} उत्पन्न करना, चुम्बकत्व पैदा करना; (ला०, शब्द आदिमें) चमत्कार पैदा करना, विशेष अर्थ भरना; एकदिशाभिमुख करना, एक दिशा^{F}में लाना ।

polarized –ड् n. (चि०, भौ०) **ध्रुवीयकृत, ध्रुवित**, ~dielectric, ~ light, ~ plane, ~relay.

polarizer –ज़ॅर् n. (चि०) **ध्रुवक**, ध्रुवीयक, (भू०) **उद्-ध्रुवक (उद्=उत्तर-दक्षिण)**; (भौ०) **ध्रुवण-कारी**; T. अभिस्पन्दक ।

polarizing –ज़िंग् n. **ध्रुवण** (~ *angle*, ~ *microscope*) ।

polarogram ⊙ पॅलॅ'रॅग्रैम् n. (रसा०) **ध्रुवण-रेखा^{F}**, T.

polarography ⊙ पोलॅरा'ग्रॅफि n. (रसा०) **ध्रुवण-लेखन**, T.

polaroid ⊙ पो'लॅरॉएड् a. (रसा०) **ध्रुवाभ**, T.

polatouche पॉलॅटूच n. (रूसी) उड़नेवाली गिलहरी^{F} ।

polder पोल्'डॅर् n. (हौलैण्डमें जलसे निकली हुई भूमि)^F, उद्धारित भूमि^{F}, समुद्रुद्धरण, (प्रा० भू०) **समुद्रउद्धृत भूमि^{F}**, पोल्डर ।

pole[1] पोल्' n. स्तम्भ (कृषि०) **खम्भा**, लग्गा, लग्गी^{F}, दण्ड, बाँस (कृषि०, यंत्र०) **बल्ली^{F}**; (कृषि०) **हल-दण्ड**; (ताँगे, गाड़ी^{F} आदिका) बम; (माप) पोल=५॥ गज; ~-charges **बारूद छड़^{F}**; *up the* ~ (ग्रा०) दुविधा^{F} में, असमंजसमें, कठिनाई^{F}में; *under bare ~s* (नौवि०) बिना पालके ।

pole[2] v.t. खम्भा गाड़ना, बल्ली^{F} लगाना, लग्गा गाड़ना ।

pole[3] n. (निर्दे०, वन०, रसा०, जीव०, गणि०, वाणि०) **ध्रुव, पोल** (*North, South,* ~): (रसा०) मूलविन्दु, आदिविन्दु, ध्रुवविन्दु; बैटरी^{F}के दोनों सिरे (*positive, negative* ~): (चि०) **कोटि^{F}, छोर**: (प्राणिवि०) ध्रुव (किसी गोल अंगकी मुख्य धुरी^{F}के दोनों सिरे): (ला०) विलोम, (दो विपरीत सिद्धान्तोंमेंसे प्रत्येक); magnetic ~ चुम्बकीय ध्रुव, ध्रुवविन्दु: ~-face **ध्रुवाग्र**: ~ of the ecliptic (ज्यौ०) **कदंब, क्रांतिवृत्तका ध्रुव**; ~-star (ज्यौ०, यन्त्र०, भू०) **ध्रुवतारा**, ध्रुवनक्षत्र: (ला०) आकर्षण, पथप्रदर्शक: आधारकेन्द्र, आधारविन्दु: ~*s of a circle, of a spher* स्पर्शकेन्द्रविन्दु, ... दोनों सिरे;

~ cap, ~ cells, ~ clusters, ~ crop, ~-crop methods, ~ curve, ~-strength, ~ strength measurement, ~ ward, ~ wood.

pole[4] n. पौलेण्डका निवासी, पोल ।

pole-ax(e)[1] –ऐक्स् n. कुठार, परशु, परश्वध, फरसा, तबर, गँड़ासा; शूलपरशु (भाला और फरसायुक्त); वधिक-कुठार, वधिककी कुल्हाड़ी^{F} ।

pole-ax (e)[2] v.t. (फरसे या कुल्हाड़ी^{F}से पशुका) वध करना ।

Pol. Econ. Political Economy.

polecat पोल्'कैट् n. गन्धमार्जार, मार्जारिका^{F} (एक यूरोपीय मांसाहारी दुर्गन्धयुक्त चौपाया), पोलकैट ।

polemarch पॉ'लिॅमार्क् n. ग्रीक सैनिक अधिकारी, यूनानी कमाण्डर ।

polemic[1] पॅलेॅ'मिक् n. विवादास्पद विषय, टण्टा, बखेड़ा; (pl.) शास्त्रार्थ, वाग्युद्ध, वादविवाद; शास्त्रार्थी, वाग्योद्धा, विवादी, विवादकुशल, हुज्जती ।

polemic[2] a. विवादास्पद, विवादग्रस्त, वितण्डापूर्ण; वादकुशल; शास्त्रार्थकुशल, विवाद-प्रिय, टण्टहा, झगड़ालू, बखेड़िया ।

polemical –कॅल् a. विवादीय, शास्त्रार्थीय, विवादात्मक, वादार्थक ।

polemics –क्स् n. (दर्श०) **वादकला^{F}**, शास्त्रार्थ, वादानुवाद ।

polemize पॉ'लिॅमाइज़् v.t. शास्त्रार्थ करना, विवाद करना ।

polemoscop पॉलेॅ'मॅस्कोप् n. दूरेक्ष, दूरवीक्षक, दूरवेक्षण-यन्त्र ।

poleward पोल्'वॅर्ड् a. ध्रुवाभिमुख, ध्रुवकी ओर^{F}का ।

poleward (s) –ज़् adv. ध्रुवाभिमुख (होकर), ध्रुवकी दिशा^{F}में, ध्रुवकी ओर^F ।

polflucht –फ्लुश् n. (भू०) **ध्रुव-पलायन**, T.

polhode –होड् n. (गणि०) **लुंठिजा^{F}** (~ *cone*) ।

police[1] पॅलीस्' n. पौरिक, नगरपाल (विधा०, का०) **आरक्षी**, (विधा०) **आरक्षक**, (का०) **पुलिस**, आरक्षक-विभाग, पुलिस-विभाग: आरक्षक दल, पुलिसके सिपाही; ~-court आरक्षी न्यायालय, पुलिस-न्यायालय: ~-dog आरक्षक-श्वान, (का०) **आरक्षी कुत्ते**; (पुलिस^{F}के सहायतार्थ कुत्ता); ~ magistrate, ~ judge ⊙ आरक्षक दण्डाधिकारी, पुलिस दण्डाधिकारी; ~ man आरक्षक जन, सिपाही, पुलिस^F: ~-office आरक्षक कार्यालय, पुलिस कार्यालय: ~ state आरक्षक राज्य, पुलिस-राज्य: (राज०) **पुलिस-राज**: ~-station आरक्षक-स्थान, (विधा०-का०) **थाना**, कोतवाली^{F}, पुलिस-चौकी^{F}:

~ armour, ~ authorities, ~ authority, ~ charge sheet, ~ coat, ~ constable, ~ custody, ~ department, ~ district,

~ drill, ~ enquiry, ~ escort, ~ force, ~ gazette, ~ general diary, ~ guard, ~ hospital, ~ inspector, ~ intelligence, ~ judge, ~ jurisdiction, ~ justice, ~ library, ~ officer, ~ official, ~ out-post, ~ papers, ~ party, ~ patrol, ~ pattern, ~ post, ~ power, ~ practical test, ~ purposes, ~ register, ~-registered, ~ regulation, ~ remount fund, ~ report, ~ rules, ~ service, ~ squad, ~ surveillance register, ~ training college, ~ training school, ~ wireless officer, ~woman.

police² v.t. आरक्षण करना, पुलिस^F द्वारा नियन्त्रण करना; पुलिस^F नियुक्त करना; (ला०) नियोजन करना, नियन्त्रण करना, प्रशासन करना, व्यवस्था^F करना।

policlinic पॉलिक्लि'निक् n. सामान्य चिकित्सालय, बहुंगी-सार्वजनिक-रुग्णालय, खानगी-अस्पताल; बाह्य-चिकित्सा विभाग।

policy¹ पॉ'लिसि n. नीतिकौशल, नीतिमत्ता^F, राजनीतिज्ञता^F, राजनीति-कौशल, राज्यशासन-कौशल; नीतिज्ञता^F, वैदग्ध्य, विचक्षणता^F, चातुर्य, बुद्धिमत्ता^F; धृष्टता^F; चालाकी^F, चतुराई^F, चण्टई^F, कपटता^F; चालबाज़ी^F; दक्षता^F, निपुणता^F, कौशल; **कार्यनीति^F**; **नीति^F**, नय, नीतिक्रम; राजनीति^F, कूटनीति^F; कार्यक्रम, कार्यपद्धति^F, रीति^F, युक्ति^F, कार्यविधि^F; (स्काटलैण्ड) गृहोपवन, गृहोद्यान; T.

policy² n. गोपलेख, गोपपत्र, बीमापत्र, पालिसी^F; ~-holder बीमापत्रधारी, बीमाधारी, (वाणि०) **पालिसी-धारक**, पालिसी^F लेनेवाला; ~-shop द्यूत-स्थल, जुएकी जगह^F;

~-broker, ~ decision, ~ loan, ~ maker, ~ matter, ~ question, ~ statement, ~ year.

poling पो'लिंग् n. अवष्टम, स्तम्भ, खम्भे; ~ board (यंत्र०) **तख्ता**।

poliomyelitis पॉ'लिओमाइईलाइ'टिस् n. (निदान०) धूसरमज्जाशोथ, धूसरमज्ज-प्रदाह, रीढ़^F के भीतरकी सूजन^F; शिशुअंगघात; (चि०) पलितमज्जाशोथ, **पोलियो**।

poliosis ⊙ पोलिओ'सिस् n. (चि०) पालित्य (अकाल में); केशपलितता^F, केश-कपिशता^F, केश-धूसरता^F या बालोंका धूसरपन।

polis ⊙ पो'लिस् n. (राज०) **नगर, नगर-राज्य**।

polish¹* पॉ'लिश् n. द्युति^F, कान्ति^F, चमक^F, लकलकाहट^F; रोगन, (रसा०, भौ०, रेल०, यंत्र०) **पॉलिश^F*** (~ *wax*); (ला०) परिष्कार, परिमार्जन, संस्कार, सौजन्य, शिष्टता^F, सुशीलता^F, सभ्यता^F, सुघड़ाई^F।

polish² v.t. & i. श्लक्ष्ण करना, प्रमार्जन करना, माँजना, लकालक करना, चिकनाना, चमकाना, रोगन करना, पालिश^F करना; (ला०) परिष्कृत करना, मार्जित करना, उपस्कृत करना, सुसंस्कृत करना, शोधना; सभ्य बनाना, सुघड़ बनाना, ~ *off* शीघ्र पूर्ण करना, चट्ट-पट्ट करना, तुरन्त समाप्त करना; ~ *up* शोभा^F उत्पन्न करना, चमक-दमक^F पैदा करना, तड़क-भड़क^F पैदा करना।

polish पो'लिश् n. पोलैण्ड-वासी, पोलिस्तानी, पोलिश।

polishable पॉ'लिशॅबॅल् a. श्लक्ष्णीय, प्रमार्जनीय, माँजने योग्य, चमकाने योग्य।

polished –इड्' a. परिष्कृत, प्रमार्जित, **पालिशदार** (~ *rice*)।

polisher –शॅर् n. परिष्कारक, प्रमार्जक, मँजैया, चमकैया, **पॉलिशगर (अर्द्धकुशल)**।

polishing –शिंग् n. (यंत्र०, चि०) **चमकाना, पालिश^F करना**; (pl.) पालिश^F के कण, झाड़न^F।

polite पॅलाइट' a. शिष्ट, सभ्य, संस्कृत, परिष्कृत; विनीत, विनम्र, सभ्य, शिष्ट (~ *manners*); दक्षिण, सुजन, सुशील, भद्र, भलामानुस; सम्भ्रान्त, कुलीन; (साहित्य आदि) परिमार्जित, परिष्कृत, मँजा हुआ; चारु, भव्य, सुन्दर, उच्चकोटि^F का।

politeness –'निॅस n. शिष्टता^F, सभ्यता^F, संस्कृतत्व, परिष्कृतता^F; **नम्रता^F, विनय^F**, विनम्रता^F; सुशीलता^F, सुजनता^F, सौजन्य, शिष्टाचार।

politesse पॉलिटे'स् n. विनीति^F, विनय^F; सचातुर्य विनय^F, विदग्ध नम्रता^F।

politic पॉ'लिटिक् a. मेधावी, विचक्षण, चतुर, प्रतिभावान्, कुशाग्रबुद्धि; विवेकी, दूरदर्शी; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, नयविज्ञ, नीतिनिपुण, कूटनैतिक, नागर; अनुभवी, दुनियादार, समझदार; उचित, उपयुक्त, संगत, श्रेयस्कर, उत्तम, वरेण्य, वांछनीय; कुशल, निपुण; चालाक, चालबाज, मक्कार; जुगुती, पतेबाज; सांवैधानिक; body ~ राज्यसंस्था^F, राष्ट्र।

political¹ –'कॅल् n. राजप्रतिनिधि।

political²* a. शासकीय, राजकीय, शासन-विषयक, राज्यविषयक; सार्वजनिक, जनविषयक; (का०, राज०) **राजनीतिक***; शासनतन्त्रात्मक, राजनीति-प्रिय, राजकाजी; ~ geography राजनीतिक भूगोल; ~ verse आधुनिक ग्रीक पद्य;

~ activity, ~ advisor, ~ affairs, ~ agent, ~ agitation, ~ ambassador, ~ appointee, ~ arithmetic, ~ aspect, ~ aspiration, ~ asylum, ~ awakening, ~ bargain, ~ clearance, ~ consciousness, ~ correspondent, ~ crime ~ deadlock, ~ department, ~developments, ~ disability, ~dissension, ~ division, ~ economy, ~ equality, ~ fugitive, ~ independance, ~ individuality, ~ issue, ~ movement, ~ necessity, ~ negotiator, ~ obligation, ~ office, ~ officer, ~ organization, ~party, ~philosophy, ~ power, ~ publicity, ~

refugee, ~ reporter, ~ rights, ~ sanction, ~ science, ~ situation, ~ subjection, ~ *sufferer, ~ terrorism, ~ unrest, ~warfare.*

politicaster –कैस्टॅर् n. क्षुद्र राजनीतिज्ञ, घटिया राजनीतिज्ञ, दुटपुँजिहा राजकाजी ।

politician पॉलिटि'शन् n. राजनीतिज्ञ, राजनीतिवेत्ता, राजनीतिशास्त्री; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, राजकार्य-धुरन्धर; राजनीतिप्रिय, राजनीति-प्रेमी; राजनीति-व्यवसायी, पेशेवर राजकाजी ⊙ ।

politicize पॉलि'टिसाइस v.i. & t. राजनीतिज्ञ बनाना; राजनीतिप्रवृत्त होना, राजनीति-रत होना, राजकार्य करना; राजनीतिक वार्तालाप करना; राजनीतिक रंग देना, राजनीतिके रंगमें रँगना ।

politico- राजनीति-, राजनीतिक (*~-economical, ~-geographical, ~-moral, ~-social, ~-religious*) ।

politics पॉलिटिक्स् n. राजनीतिशास्त्र, राजनीति-विज्ञान; (राज०) **राजनीति**[F], कूटनीति[F]; राजनीतिक विषय, राजनीतिक सिद्धान्त ।

polity –टि n. शासनतन्त्र, (राज०) **राज्य, राज्यतन्त्र,** राज्यव्यवस्था[F]; राज्य-पद्धति[F], राज्य-शासन-विधि[F], राजधर्म, राजनीति[F], दण्डनीति[F], शासन-प्रणाली[F] ।

polk पोल्क् v.i. पोल्का (POLKA) का नाच नाचना ।

polka पोल्'कॅ n. (एक बोहेमियन नृत्य) पोल्का; (स्त्रियों[F] की एक फतुही[F]) पोल्का ।

poll[1] पोल्' n. (बोल० या हास्य०) मुण्ड, शिर, सिर, मूँड़; (कृषि०) **चाँद,** कपाल, खोपड़ी[F], कपार; पीछेका भाग; मत-लेखन; मतदाताओंकी गणना[F]; (राज०) **मतदान;** मत-संख्या, दत्तमत-संख्या; (नृ०) **कुंदा;** ~ book **मतदाता-सूची**[F]; ~-tax व्यक्ति-कर, प्रतिपुरुष-कर, प्रतिमुण्ड-कर, (का०) **मथौत** ।

poll[2] v.t. & i. केश-कर्त्तन करना, मूँड़ना, बाल काटना, झाड़ना; (पौधों आदिका) शीर्षच्छेदन करना, छाँटना, कतरना, कतरकर छोटा करना; मत प्राप्त करना, वोट पाना; मत माना जाना, वोट स्वीकार होना; मतदान करना, (राज०) **वोट डालना,** वोट देना ।

poll[3] a. & n. (समासमें विशेषणार्थक) लूनशृंग, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा, डूँड़ा; (*~-beast, ~ox*) ।

poll[4] पॉल् n. (प्रायः वाक्यांशोंमें) (तोतेका व्यक्तिवाचक नाम) आत्माराम, गंगाराम, मिट्ठू (*~ parrot*) ।

poll[5] *v.t. & i.* रटना, रटाना, तोतेकी तरह बोलना ।

poll[6] n. (कैम्ब्रिज, ग्रा०) उपाधिधारी, डिग्रीधारी, साधारण शिक्षा प्राप्त व्यक्ति; (गुण०) साधारण, साधारण डिग्रीधारी; ~ degree साधारण उपाधि[F]; ~-man साधारण उपाधिधारी, पास डिग्रीधारी, *go out in the* P~ उपाधि[F] प्राप्त करना, डिग्री[F] लेना ।

pollable पो'लॅबॅल् a. विशोधनीय, मूँटने योग्य, छाँटने योग्य; मतदान योग्य; मतदान पाने योग्य ।

pollack, -ock पॉ'लॅक, -ऑक् n. (कॉड-सदृश एक मछली[F]), पोलक[F] ।

pollard[1] पॉ'लॅड् n. कृत्तस्कन्ध, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा; (पशुओंकी) एक मुण्डी जाति[F]; मुण्डा पेड़, ठूँठ; चोकर, भूसी[F], कना ।

pollard[2] v.t. (वृक्षको) मुण्डा बनाना, छाँटना, गंजा करना ।

polled पोल्ड्' a. निकृत्त, शृंगविहीन, छाँटा गया, काटा गया, बिना सींगका ।

pollen[1] पॉ'लिन् n. पुष्प-रज, रेणु, पांशु, (कृषि०, वन०) **पराग;**
~ basket, ~ box, ~ brush, ~ chamber, ~ flower, ~ grain, ~ propotency, ~ sac, ~ *tube.*

pollen[2] v.t. रजयुक्त करना, परागमय करना; रजसे ढँकना; रेणु या पराग पहुँचाना ।

pollenless –लिन्स् a. रजोविहीन, परागरहित ।

pollent ⊙ पॉ'लॅन्ट् a. दृढ़, मजबूत; सशक्त, शक्तिमान्, बलवान्, ताकती, ताकतवर ।

poller पो'लॅर् n. मतदाता, वोटर ।

pollex पॉ'लॅक्स n. (जीव०) **हस्तांगुष्ठ,** अंगुष्ठ, अँगूठा; अंगुष्ठवत्, अंग, अँगूठे जैसा अंग ।

pollicitation पॅलिसिटे'शॅन् n. प्रतिश्रुति[F], प्रतिज्ञा[F], वचन, वादा ।

pollinar पॉ'लिनॅर् n. सपुष्परज, पराग-युक्त, पराग-आच्छादित ।

pollinate –नेट् v.t. परागण करना, पराग संक्रमण करना ।

pollination नेशॅन् n. (कृषि०, वन०, चि०) **परागण** (*~ drop*), पराग संक्रमण, पराग-दान, (प्राणि०) **पराग-सेचन,** T.

polling पो'लिंग् n. **मतदान** (*~agent, ~officer*); ~ booth मतदान-मण्डप; ~ station मतदान-केन्द्र ।

pollinic पॅलि'निक् a. परागीय, परागकेशरीय ।

polliniferous पॉलॅनि'फॅरॅस् a. रजबहुल, पराग-बहुल ।

polliniser ⊙ पॉ'लिनाइज़ॅर् n. (प्राणि०) **परागण-कर्त्ता** ।

pollinium –'निॲम् n. (वन०) **पराग-पिंड, पराग-पुंज** ।

pollinodium –लिनो'डिॲम् n. पुंधानी[F] ।

pollinose –'लिनोस् a. = POLLINAR.

pollinosis ⊙ –'सिस् n. पीतज्वर, कालज्वर ।

pollster पोल्'स्टॅर् n. (संयुक्तराज्यमें दलनिर्णयके लिए) प्रयोगात्मक मतदान लेनेवाला, प्रयोगात्मक चुनाव करने-वाला, प्रयोगार्थ वोट लेनेवाला ।

pollute पॅलूट v.t. दूषित करना, अपवित्र करना, मलिन करना, (का०) **कलुषित करना,** अशुचि करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, खराब करना; (पानी आदि) पंकिल करना, गँदला करना ।

polluted –'टिड् a. दूषित, अपवित्र (*~water*); **गन्दा** ।

pollutedness –'डिनिस् n. दूषितत्व, अपवित्रता[F].

मलिनता^F, कलुषितता^F, भ्रष्टता^F, अशुचिता^F; पंकिलता^F, गँदलाहट^F ।

polluter –टर् n. दूषक, अपवित्रकर्ता, मलिनकर्ता, कलुषीकर्ता, अशुचिकर्ता, भ्रष्ट करनेवाला; पंकिल करनेवाला, गँदला करनेवाला ।

pollution –शॅन् n. कलुषीकरण, दूषण, (चि॰) प्रदूषण, अपवित्रता^F, मलिनता^F, कालुष्य, अशौच, भ्रष्टता^F; पंकिलता^F, गँदलाहट^F ।

pollux पोलक्स् n. (ज्यौ॰) **पोलक्स, द्वितीय मिथुन** ।

pollyanna –लीयाना n. (शिक्षा॰) **मिथ्याशाभाव** ।

polo पो'लो n. अश्वकन्दुक, चौगान, पोलो; ~-stick अश्वकन्दुक-दण्ड, चौगान खेलनेका डण्डा ।

polocyte ⊙ पो'लॅसाइट् n. (चि॰) **ध्रवाणु, ध्रुवकोशिका^F** ।

polonaise पो(पॉ)लॅनेज़् n. (स्त्रियोंका एक पहनावा) अँगिया, पोलोनेस; पोलैण्डका एक नाच; उस नाचके साथका संगीत ।

polonium पॅलो'निॲम् n. तोयातु, (रसा॰) **पोलोनियम** ।

polony पलो'नि n. (*P~ sausage* भी) सुअरके अधपके मांसका रसा या शोरवा ।

poltergeist पॉ'टॅर्गाइस्ट् n. (लोकगीत एवं अध्यात्मवाद में) एक गर्जनकारी दुष्ट प्रेत, शैतान, पोल्टरजीइस्ट ।

poltroon पॉल्ट्रून् n. स्फूर्तिहीन, साहसहीन, भीरु, कादर, कायर, नपुंसक, पुरुषार्थहीन, बुजदिल, डरपोक आदमी ।

poltroonery –नॅरि n. स्फूर्तिहीनता^F, साहसहीनता^F; भीरुता^F, कादरता^F, कायरता^F, बुजदिली^F ।

poly- बहु, अनेक (~ *nomial*, ~ *gamy*); पुरु- (~ *gastric*, ~ *graph*, ~ *merism*) ।

poly. Polytechnic (*Institute*).

polyacoustic पॉलिॲकॉउस्'टिक् a. बहुध्वनि-, बहुध्वनिक, विस्तृत ध्वनियुक्त ।

polyadelphous पॉलिॲडे'ल्फॅस् a. (वन॰) **बहुसंलाग**, नैकपुंकेसर, अनेकपुंकेसरी, बहुपुंकेसर-युक्त; T.

polyandrian –ऐन्'ड्रिॲन् a. = POLYANDROUS; (वन॰) बहुकेसरयुक्त, बहुकेसरी, पुरुपुंकेसर ।

polyandrist –ड्रिस्ट् n. अनेकपतिका स्त्री^F, बहुपतिका स्त्री^F, बहुभर्तृका^F ।

polyandrous –ड्रॅस् a. (वन॰) **बहुपुंकेसर, पृथक्पुंकेसर**, बहुपतिका, अनेकपतिवाली; T. दे॰ POLYANDRIAN.

polyandry –ड्रि n. (वन॰) **बहुपुंकेसरता; बहुपुंस्त्व;** (इति॰, राज॰) **बहुपति-प्रथा^F, बहुपतित्व,** अनेकभर्तृकता^F ।

polyanthus –थॅस n. बहुपुष्पी-प्रजाति^F; पुरु-पुष्पी^F, बहुपुष्पा^F, एक सदाबहार भेषज^F ।

polyarch पॉ'लिआर्क् (वन॰) **बहुचापी** ।

polyarchy पॉ'लिऑर्कि n. पुरुतन्त्र, अनेकतन्त्र, बहुतन्त्र, नैकशासन, अनेकशासन, बहुशासन, कई आदमियों की सरकार^F ।

polyatomic पॉलिॲटॉ'मिक् a. अनेकाणविक, (भौ॰, रसा॰) **बहुपरमाणुक** (~ *gases*) ।

polyautography पॉलिऑटॉ'ग्रॅफि n. LITHOGRAPHY लिथोग्राफी का पूर्व नाम ।

polyaxon ⊙ पॉलिऐक्'सॉन् n. (जीव॰) **बहुअक्ष** ।

polybasic ⊙ पॉलिबे'सिक् a. (रसा॰) **बहुसमाक्षरीय** (~ *acid*) ।

polycarpellary ⊙ पॉलिकार्पे'लॅरि a. (वन॰) **बहुअण्डपी,** T.

polycarpic पॉलिकार्'पिक् a. नैककालफली, अनेककालफली^F, एकसे अधिक बार फलनेवाला ।

polychasium पॉलिचे'ज़िॲम् n. (वन॰) **बहुशाखी,** T.

polychromatic पॉलिक्रॅमै'टिक् a. पुरुवर्ण, अनेकवर्णीय, बहुरंगा; (रसा॰) T. (~*acid*); ~ theory (चि॰) **बहुवर्णवाद** ।

polychrome[1] पॉ'लिक्रोम् n. रंगविरंगा चित्र, रंगविरंगी मूर्ति^F; रंगवैविध्य, वर्ण-बाहुल्य, रंगविरंगापन ।

polychrome[2] a. विविधवर्ण-सज्जित, (नृ॰) **बहुरंगा** (~ *vase*) ।

polychromy –मि n. बहुवर्णकला^F, बहुरंगमुद्रण, रंगविरंगी छपाई^F ।

polycladous पॉलिक्ले'डॅस् a. पुरुवृन्त, अनेकशाख, कई डालोंवाला ।

polyclinic ⊙ पॉलिक्लि'निक् n. सर्वोपचारगृह, सर्वचिकित्सालय, सामान्यचिकित्सालय ।

polycyclic ⊙ पॉलिसाइ'क्लिक् a. (वन॰) **बहुचक्री** ।

polycythaemia ⊙ पॉलिसिथी'मिॲ n. (चि॰) **बहुलोहिताणुरक्तता^F, लोहिताणु अतिरेक** ।

polydactylous ⊙ पॉलिडैक्'टिलॅस् a. (पशु) पुरुअंगुलि; अधिकांगुलिक, बहु-अंगुलि ।

polydaemonism पॉलिडी'मॅनिज़्म् n. बहुदेववाद ।

polydipsia पॉलिडिप्'सिॲ n. बहुतृषा^F, (शिक्षा॰) **अतितृषा^F,** बहुत अधिक प्यास^F लगना ।

polyembryony पॉलिऍ'म्ब्रिॲनि n. (वन॰, जीव॰, प्राणि॰) बहुभ्रूणता^F ।

polygamic पॉलिगै'मिक् a. बहुपत्नीक, पत्नीबहुल ।

polygamist पॅलि'गॅमिस्ट् n. बहुपत्नीवादी; अनेकपत्नीक, अनेक पत्नियोंवाला व्यक्ति ।

polygamous –मस् a. बहुपत्नीक, (जीव॰) **बहुस्त्रीक,** बहुभार्यक; (वन॰) बहुपतिका; (जन्तु॰) बहु-सहचर; (वन॰) **बहुलिंगी,** (वन॰) सर्वलिंगी, उभयलिंग (~ *plant*) ।

polygamy –मि n. (दर्श॰, का॰) **बहु-विवाह;** अनेक विवाह, बहुभार्यत्व, **बहुपत्नीत्व** ।

polygastric पॉलिगैस'ट्रिक् a. (चि॰) **बहुजठर,** पुरूदर, अनेकोदर, बहूदर, बहुआमाशयिक, कई पेटोंवाला ।

polygenesis पॉलिजे'निसिस् n. (चि॰) बहुपत्यता^F, पुरुजनन, अनेकजनन, (कृषि॰) **बहुजननता^F** ।

polygenetic –जि॑नॅ॑टिक् a. (चि०) बहुप्रज, पुरुच्छाय, बहुजननीय, नैकजनन-विषयक, अनेकजनन-सम्बन्धी, ~ soil, (भू०) **बहुमूलज मिट्टी**F ।
polygenic –जॅ॑निक् a. = POLYGENETIC.
polygenous –'जि॑नॅस् a. बहुविध, बहु-प्रकार; पुरुजनन-विज्ञान-विषयक, अनेकजनन-शास्त्र-विषयक, बहुजनन-सिद्धान्त-सम्बन्धी ।
polygeny –नि n. नैकजनन-विज्ञान, अनेकजनन-शास्त्र, बहुजनन-सिद्धान्त ।
polyglot पॉ'लिग्लॉट् a. & n. बहुभाषिक, अनेकभाषी; **बहुभाषी**, बहुभाषिया; बहुभाषाविद्; (पुस्तकF, विशे० बाइबिलF) बहुभाषामय, बहुभाषा-रचित; ~ dictionary **बहुभाषाकोश** ।
polyglottal, polyglottic –'टॅल्, 'टिक aa. बहुभाषीय, अनेकभाषीय ।
polyglottalism '–लिग्लॉटॅलिज़्म् n. बहुभाषाज्ञान, बहुभाषियापन ।
polygon पॉ'लिगॅन् n. पुरुभुजक्षेत्र, (गति वि०, स्थिति वि०, गणि०) **बहुभुज**, बहुभुज आकृतिF; बहुस्र; ~ of forces बल-बहुभुज-क्षेत्र, बल-केन्द्र, बहुकोण-आकृतिF ।
polygonal पॉ'लि'गॅनॅल् a. बहुभुज, बहुभुजी, बहुकोण; (चि०) **बहुकोणी**, बहुकुनिया;
~ cist, ~ function, ~ ground, ~ prism, ~ soil.
polygonial ⊙ पॉलिगो'निअॅल् a. (रसा०) **बहुभुजी** ।
polygram पॉ'लिग्रैम् n. बहुरेखी आकृतिF, (चि०) T.
polygraph –ग्राफ् n. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्र; बहु-ग्रन्थकार, विविधरचनाकार; प्रतिलिपिF; (चि०) T.
polygraphic –ग्रै'फिक् a. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्रीय, बहुप्रतिलिपीय, बहुलेखीय ।
polygraphy पॉलि'ग्रॅफि n. बहुग्रन्थकारिताF, बहुलिपिताF ।
polygyny –गिनि n. = POLYGAMY.
polyhaploid ⊙ पॉलि'हॅप्लाॅइड् n. (प्राणि०) **बहुगुणितार्ध** ।
polyhedral पॉलिही(हे॑)ड्रॅल् a. (इति०, चि०) **पृष्ठबहुल**; (इति०, चि०, रसा०) **बहुतलीय**, बहुतल, (~ *angle*) **बहुफलकीय** ।
polyhedron –ड्रॅन् n. बहुफलक, (घ० ज्या०) **बहुफलक क्षेत्र**, बहुतल, नैकतल, अनेकतल क्षेत्र ।
polyhistor पॉलिहिस्'टॅर् n. पुरुविद्, बहुविद्, बहुज्ञ, सर्वज्ञ, बहुपठित, बहुशास्त्रज्ञ; विद्वद्वर, महाज्ञानी, महापण्डित, उद्भट विद्वान् ।
polylogia ⊙ पॉलिलो'जिअॅ n. (शिक्षा०) **अति प्रलाप**, T.
polymath पा'लिमैथ् n. पुरुविद्, बहुज्ञ, बहुशास्त्रज्ञ इत्यादि ।
polymathy पॅलि'मॅथि n. नैकज्ञान, ज्ञानानैक्य, बहुशास्त्रज्ञान, बहुज्ञान, बहुविषयज्ञान, अनेकविषयज्ञान ।
polymer –मॅर् n. (रसा०) **बहुलक**; (वन०) **बहुभाज** ।
polymeric ⊙ पॅलिमॅ॑रिक a. (रसा०, चि०) **बहुलकी** (~ *form*) ।
polymerisation ⊙ पॉ(पॅ)लिमॅराइज़े'शॅन् n. (रसा०) **बहुलीकरण, बहुभाजन** ।
polymerism पॅलि'मॅरिज़्म् n. गुणितावयविताF, पुरुभाजताF, (कृषि०, यन्त्र०) **बहुकारकत्व, बहुलकता**F, T.
polymetallism ⊙ पॉलिमॅ॑टॅलिज़्म् n. (बैंक०) **बहुधातु मान** ।
polymorph पॉ'लिमॉर्फ n. (रसा०) **बहुआकृति**F, (चि०) बहुरूपकेन्द्रक श्वेतकण ।
polymorphic पॉलिमॉर्'फिक् a. पुरुरूप, अनेकरूप, बहुरूप, (चि०) **बहुरूपी**, (रसा०) बहुआकृतिक ।
polymorphism –फिज़्म् n. पुरुरूपताF, अनेकरूपताF, (जीव०, वन०) **बहुरूपता**F, (रसा०) **बहु आकृतिकता**F ।
polymorphonuclear ⊙ पॉलिमॉर्फो॑न्यूक्लीअॅर् n. (चि०) **बहुरूपकेन्द्रक** ।
polymorphous –फॅस् a. = POLYMORPHIC.
polyneuritis पॉलिनीऊराइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) **तन्त्रिका-शोथ, बहुतन्त्रिका-शोथ**, पुरुतन्त्रिका-शोथ, बहुतन्त्रिकार्तिF ।
polynia पॅलि'निअॅ n. हिमसन्धिF, हिमदेशीय झीलF, बरफिस्तानी झीलF ।
polynomial पॉलिनो'मिअॅल् a. नैकनाम, अनेकनाम, बहुनामी, कई नामोंवाला; (बीजग०) नैकपद, अनेकपद, **बहुपद**;
~ function, ~ regression, ~ ring, ~ test.
polyonymous पॉलिऑ'निमॅस् a. नैकोपाधि, अनेकोपाधि, बहूपनाम, बहुनामी; (भाषा०) बहुपद ।
polyopia पालिओ'पिअॅ n. (चि०) **बहुभासी दृष्टि**F, बहुदृष्टिF, गुणित दृष्टिF ।
polyp(e) पॉ'लिप् nn. पुर्वेगक, निम्नपशु-प्रजातिF; किसी यौगिक जीव-वर्गका प्राणी ।
polypary –पॅरि n. पूर्वेगकाधार, पॉलीपरी ।
polypetalous पॉलिपे॑टॅलॅस् a. पुरुदल, अनेकपर्ण, बहुपर्ण, नैकपत्र, अनेकदल, बहुपत्र, (वन०) **पृथक परिदलीय**, कई पँखड़ियोंवाला ।
polyphagia पॉलिफे'जिअॅ n. (चि०) अतिक्षुधाF, क्षुधातिशय, क्षुधातिशयताF; अत्यन्त भूखF; भस्मक रोग ।
polyphagous पॅलि'फॅगॅस a. घस्मर, अत्याशी, अतिभोजी, बहुभुक, बहुत खानेवाला; (जीव०) **नानाकीटहारी, विविधाहारी**; अनेकान्नभोजी, कई प्रकारके खाद्य खानेवाला ।
polyphone पॅ'लिफोन n. (लिपि) बहुस्वन वर्ण ।
polyphonous पॅलि'फॅनॅन् a. बहुध्वनि, बहुस्वन ।
polyphylesis ⊙ पॉलिफिले॑सिस् n. (वन०) **बहुमूलोद्भवन** ।
polyphyletic पॉलिफाइले॑टिक् a. (वन०) **बहुमूलोद्भव**; POLYGENETIC.
polyphyllous a. –ॲम a. बहुपर्ण, अनेकपत्र, बहुपत्र,

(वन०) पृथक् परिदलीय, बहुत पत्तियोंवाला।
polyphylogeny पॉलिफ़ाइलॉ'जिनि n. (वन०) बहुक्रमोद्भवी, बहुक्रमोद्भवता^{F}।
polyphyodont⊙ पॉलिफाइ'अॅडॉन्ट् n. (जीव०) बहुदन्तावलिक, बहुशोदन्ती (~ *dentition*)।
polyploid⊙ पॉ'लिप्लाएँड् a. (कृषि०, वन०) बहुगुणित, T.
polyploidy⊙ –'डि. (प्राणि०) बहुगुणितता^{F}, बहुगुणता^{F}, T.
polypod पॉ'लिपॉट् a. & n. पुरुपाद, बहुपाद; पादबहुल, अनेकपाद, बहुतसे पैरोंवाला।
polypody पॉ'लिपॉडि n. एक पर्णांगप्रजाति^{F}; पुरुपादता^{F}।
polypoid पॉ'लिपाएँड् a. पुर्वंगकीय, पुर्वंगकवत्, पोलीपी, पोलीप-जैसा; बहुगुणित; (चि०) अर्शाभ।
polypus¹ पॉ'लिपॅस् n. (*pl. -pi*) पुर्वंगक, पुरुपाद, बहुपाद, अनेकपाद; बहुमूल; (चि०) अर्श।
polypus² a. दे० POLYPOID.
polysaccharide –सेक्कराएड n. (रस०) बहुशर्करा^{F}; (कृषि०, चि०) बहुसैकेराइड।
polysemy –सेमि n. बहुर्थता^{F}, अनेकार्थकता^{F}।
polysepalous पॉलिसे'पॅलॅस् a. (वन०) पृथक् बाह्यदलीय।
polyserositis –सेरॅसिटिस् n. (चि०) बहुसीरसीकलाशोथ, T.
polysomic⊙ पॉलिसॉ'मिक a. (कृषि०) बहुसूचिक।
polyspermic⊙ पॉलिस्पर्'मिक् a. (कृषि०) बहुशुक्र सेचन।
polyspermous पॉलिसर्'मॅस् a. पुरुबीज, अनेकबीज, बहुबीज, बहुबीजयुक्त, अनेकबीजयुक्त; अनेकबीजोत्पादी, बहुबीजोत्पादी।
polysphygmograph –स्फिग्मोग्रैफ n. (चि०) बहुस्पन्दन लेखी।
polystelic –स्टेलिक a. (वन०) बहुरम्भी।
polystome पॅ'लिस्टोम् n. अनेकास्य पशु, अनेकमुख पशु, बहुमुख पशु, कई मुँहवाला जानवर।
polystyle¹ पॉ'लिस्टाइल n. अनेकस्तम्भ भवन, कई खम्भोंवाला मकान।
polystyle² a. नैकावष्टम्भ, अनेकस्तम्भ, बहुस्तम्भ, कई खम्भोंवाला।
polysyllabic, -al पॉलिसिलै'बिक्,-ॲल् a. (शब्द) पुरुवर्ण, बहुवर्ण, बहुक्षर, अनेकाक्षर, अक्षरबहुल पदों या शब्दोंसे युक्त।
polysyllable –'लॅबॅल् n. पुरुवर्णपद, अनेकाक्षर शब्द।
polysyllogism पॉलिसि'लॅजिज्म् n. (दर्श०) बहुहेत्वनुमान, अनेक हेत्वनुमान, बहुहेतुमद् अनुमान, अनेक हेतुमद् अनुमान।
polysyndeton पॉलिसिन्'डॅटॅन् n. (व्या०) संयोजकावृत्ति^{F}: संयोजक अव्ययकी पुनरावृत्ति^{F}।
polysynthetic पॉलिसिन्थे'टिक् a. बहुयुक्त, बहुश्लिष्ट (शब्द), ~ **twinning** (भू०) **बहुसंश्लिष्ट यमल, बहुसंश्लिष्ट युग्म**।
polytechnic पॉलिटे'क्निक् a & n. पुरुकलात्मक, बहु-कलात्मक, विविधकला-विषयक; P~ (Institution) बहुशिल्प-शिक्षणालय, विविधकला-विद्यालय; बहुकला-केन्द्र, पॉलीटेकनिक।
Polythalamous पॉलिथै'लॅमॅस् a. नैकनक्ष, अनेककक्ष, बहुकक्ष, बहुत कमरोंवाला।
polytheism पॉ'लिथिइज़्म् n. बहुदेववाद, अनेकदेवोपासना^{F}।
polytheist –इस्ट् n. बहुदेववादी, बहुदेवोपासक, बहुदेवपूजक।
polytheistic '–टिक् a. बहुदेववादी, बहुदेववादात्मक, बहुदेवात्मक।
polyuria –यूरिॲ n. (चि०) **बहुमूत्रता^{F}, अतिमूत्रता^{F}**, बहुमूत्र प्रमेह।
polyvalent –वलेण्ट a. (रसा०) **बहुसंयोजक**।
polyxylic –सिलिक a. (वन०) **बहुदारुक**।
polyzoa पॉलिज़ो'ॲ n. जलचर, हरिताजीव, पालिजोआ।
polyzoan –ॲन् a. जलचर, हरिताजीवी, पालिजोई।
polyzoarium a. पालिजोई, जलाशय।
pom पॉम्' n. (पामरेनियाका कुत्ता) पॉम।
pomace पॅ'मिस् n. (चि०) **फलपेष, पोमेप,** (पिसे हुए सेवकी बची हुई लुगदी^{F})।
pomaceous –मे'शॅस् a. फलपेषवत्, सेवकी लुगदी-जैसा, पोमेस-विषयक, सेवकी लुगदीवाला; सेववत्, सेव-सदृश, सेव-जैसा; सेव-विषयक, सेव-सम्बन्धी।
pomade¹ पॅमाड्', पॅमेड् n. वासवसा^{F}; एक सुगन्धित केश-लेप, फुलेल।
pomade² v.t. वासवसा^{F} लेपन करना, फुलेल लगाना।
pomander पॉ(पो)'मॅन्डॅर्, पॅमैन्'डॅर् n. इत्रदान, फुलेलदानी^{F}।
pomard, pomm पॅमार्', पॅम् n. लाल शराब^F।
pomatum पॅमे'टॅम् n. & v. t. दे० POMADE¹ & ².
pombe पोम्बे n. (*Africans*) पोम्बी मदिरा^{F}।
pome पोम्' n. (वन०) उत्कोलक, आताल, (वन०) सेवीया, (वन०) **पोम** (रसदार फूलोंकी एक प्रजाति^{F}); (काव्य०) सेव; धातुगुटिका^{F}।
pomegranate पॉ(प)म्'ग्रैनॅट् n. करक, (वन०, कृषि०) **दाड़िम**, (कृषि०, वन०) **अनार**; (~ *tree* भी) दाड़िम-वृक्ष, अनारका पेड़; ~ **butterfly** (कृषि०) **अनार तितली^{F}**।
pomelo प'मॅलो n. (pl. -s) महानिम्बु, (कृषि०) **चकोतरा**।
pomfret पॉम्'फ्रिट् n. एक मिठाई^F; एक मछली^{F}।
pomiculture पो'मिकल्च्युॲर् n. फल-संवर्धन, फल-पालन, फल-कृषि^{F}।
pomiferous पॅमि'फ़ॅरॅस् a. आताली, उत्कोलकीय,

सेबवाला।

pomiform पो'मिफ़ॉर्म् a. सेवाकृति, सेवाकार, सेवकी आकृतिᶠका।

pommel[1] प'मॅल् n. गुल्म, पिण्ड, गोला; (विशे०, तलवारᶠकी मुठियाᶠकी) गाँठᶠ; घुण्डीᶠ; काठीᶠका उभड़ा हुआ अग्रभाग।

pommel[2] v.t. मुकियाना, घुँसियाना; (मूँठᶠ या घुण्डीᶠ से) हूलना, पीटना, कूचना।

pomological पोमॅलॉ'जिकॅल् a. फलकृषीय, फलकृषि-शास्त्रीय, फलसंवर्धन-विज्ञान-विषयक; ~ section (कृषि०) **सेबवर्गीय फल-विज्ञान अनुभाग, फल-विज्ञान अनुभाग**।

pomologist पॅमॉ'लॅजिस्ट् n. फलकृषिशास्त्री, फल-संवर्धन-ज्ञानी।

pomology –जि n. (कृषि०) **सेबवर्गीय फल-विज्ञान**, फलकृषि-शास्त्र, फल-संवर्द्धन-विज्ञान, (कृषि०) **फल विज्ञान**।

pomona पॅमो'नॅ n. (रोमन पुराण) फलदेवीᶠ।

pomp पॉम्प् n. आडम्बर, आटोप, दिखावा, तड़क-भड़कᶠ, चमक-दमकᶠ; ठसकᶠ, धूम-धड़ाका, ठस्सा; श्रीᶠ, शोभाᶠ; टीम-टामᶠ, ठाठ, शान-शौकतᶠ; वैभव, ऐश्वर्य, प्रताप; समारोह, धूमधामᶠ; (बहु०) मिथ्या वैभव, मायाडम्बर।

pompadour पॉम्'पॅडुअॅर् n. केशसज्जाᶠ, केशप्रसाधन, केशश्रृंगार।

pompano पॉम्'पॅनो n. एक खाद्य मछलीᶠ, पम्पानोᶠ।

pompier –पीअॅर् a. अनलशामक, आगᶠ बुझानेवाला (~ *ladder*)।

pompion पम्'पिअॅन् n. कूष्माण्ड, घीयाᶠ, लौकीᶠ, कद्दू, पेठा, भूरा कुम्हड़ा, मटमैला कोंहड़ा।

pom-pom पॉम्-'पॉम् n. हवामार तोपᶠ, पम-पमᶠ।

pompon –'पॉन् n. (सैन्य०) शिरोभूषण, सिरका आभूषण, सिरका अलंकरण।

pomposity पॉम्पॉ'सिटि n. आलंकारिकताᶠ, शब्दजाल, आडम्बर, शब्दाडम्बर।

pomposo पॉम्पो'सो adv. गौरवतः, गौरवसे, महत्त्वतः, महत्त्वपूर्वक, शानᶠसे, राजसी ठाठसे।

pompous पॉम्'पॅस् a. साटम्बर, भड़कीला, शानदार; विभ्राजमान्, शोभन, सश्रीक; विभूतिवान्, महाप्रताप, ऐश्वर्यवान्; साटोप, दाम्भिक, गर्वित, दर्पपूर्ण, गर्वीला, आत्माभिमानी, अहंकारी, ठस्सेबाज; (भाषाᶠ) अलंकृत, सालंकार, चमत्कारपूर्ण, वैचित्र्यमयी, कृत्रिम, क्लिष्ट, दुरूह, समासपूर्ण।

pompousness –निॅस् n. आटम्बर; वैभव, ऐश्वर्य; श्री, शोभाᶠ, शानशौकतᶠ, ठाट-बाट, तड़क-भड़कᶠ, भड़कीला-पन; टीम-टामᶠ; दम्भ, अहंकार; आलंकारिकताᶠ, शब्दा-डम्बर, शब्दजाल।

pomum adami n. (नि०) कृकाटिकाᶠ, घेंटीᶠ, गलेके सामनेकी उभारᶠ।

ponce पॉन्स् n. वारांगनोपजीवी व्यक्ति, वेश्योपजीवी पुरुष, रण्डीᶠके आसरे रहनेवाला आदमी, भाँड़, भँड़ुवा।

ponceau पॉन्'सो n. अधिरक्तापीत, पोस्तका रंग, पोस्तेका रंग।

poncho '–चो n. (pl. -s) दक्षिणी अमरीकी कफनीᶠ, पोंचोᶠ।

pond पॉन्ड्' n. सर, सरसीᶠ, सरोवर, तड़ाग, जलाशय, (जीव०) **ताल, तलैयाᶠ**, पोखरा, तालाब; (हास्य०) सागर, समुद्र; ~ culture, (जीव०) **ताल मत्स्यकृषि, ताल-संवर्धन**; ~ *life* तड़ागजीव, जलजन्तु; ~ *lily* ⊙ वाटरलिलीᶠ; ~ master तड़ाग-प्रबन्धक; ~ weed जलकुम्भीᶠ, सेवारᶠ;

~ fisheries, ~-heron, ~ reservoir, ~scum, ~-scum parasite, ~ snail, ~ tortoise, ~ weed.

pondage –'डिज् n. जलाशयताᶠ, तालाबकी समाईᶠ, जलसंचय, जलविस्तार; जलसंचय-कर या महसूल; ~ changes (रेल०) **पुल-प्रभार**।

ponder पॉन्'डॅर v.t. & i. चिन्तन करना, ध्यान करना; विवेचन करना, विमर्श करना, सोचना, विचारना; आकलन करना, आँकना, जाँचना, मनमें तौलना; चिन्तनरत होना, ध्यानमग्न होना।

ponderability –रॅबि'लिटि n. गुरुत्व, भारत्व, भारीपन; मननीयताᶠ, विचार्यताᶠ, चिन्तनीयताᶠ।

ponderable –'डॅरॅबॅल a. गुरु, भारी, बोझीला, वजनी; (ला०) गण्य, मननीय, विचारणीय, चिन्तनीय।

ponderableness –निॅस् n. = PONDERABILITY.

ponderal –रॅल् a. भार-विषयक, तौल-सम्बन्धी; भार-निर्णीत, तौलᶠ द्वारा निश्चित।

ponderance –रॅन्स् n. भार, बोझ; महत्त्व, गुरुत्व।

ponderate –रेट् v.t. & i. तौलना, वजन करना; चिन्तन करना, ध्यान करना, सोचना, विचारना।

ponderation –रे'शॅन् n. तोलन, सन्तुलन, तौलाईᶠ; मनन, चिन्तन, ध्यान; आकलन।

ponderer –'डॅरॅर् n. चिन्तक, ध्याता, विवेचक, विमष्टा, आकलयिता, आँकनेवाला, मनमें तौलनेवाला।

ponderous –रॅस् a. गुरु, सभार, भारी, बोझीला, वजनी, श्रमसाध्य, श्रमपूर्ण, कठिन, जटिल, बेढब; (शैलीᶠ) नीरस, शुष्क; शब्दजालपूर्ण।

ponderousness, ponderosity –निॅस,–रॉ'सिटि nn. गुरुत्व, भारीपन, वजनीपन; कठिनताᶠ, श्रम-साध्यताᶠ; जटिलताᶠ; नीरसताᶠ।

pone[1] पोन् n. (ताशमें) पत्ते बाँटनेवालेके दाहिनी ओरका खिलाड़ी।

pone[2] n. मक्केकी रोटीᶠ, जॉनी केकᶠ।

ponent पो'नॅन्ट a. (सैन्य०) पाश्चात्य, पश्चिमी, पछाँहीᶠ, पच्छाहींᶠ।

pongee पन्जी' n. चीनी रेशमी कपड़ा, पांगी।

pongo पॉन्'गो n. अफ्रीकी वन-मानुष, पोंगो।

poniard[1] पो'न्यॅर्ड् n. कृपाणᶠ, छुरिकाᶠ, कटारᶠ, खंजरᶠ।

poniard² v.t. कृपाण^F भोंकना, कटार^F भोंकना, खंजर^F मारना।

pons asinorum (L) गर्दभ-सेतु, गधोंका पुल; लोहेके चने, टेढ़ीखीर^F।

pontage पॉन्'टिज् n. सेतु-कर, पुलपरकी चुंगी^F, पुलका टैक्स।

ponticulus ⊙ पॉन्'टिक्यूलॅस् n. (चि०) (कर्ण) कटक।

pontifex –'टिफ़ेक्स् n. (रोमन पुराण) रोमन पुरोहितों के महाविद्यालयका सदस्य; पादरी, पोप।

pontiff –'टिफ् n. (रोमन) धर्माध्यक्ष, मुख्य पुरोहित, पादरी, पोप।

pontifical¹ –फ़िकॅल् n. नियमसंग्रह, नियमावली^F; (pl.) पादरीका पहनावा।

pontifical² a. धर्माध्यक्षीय, पादरीका, मुख्य पुरोहित-सम्बन्धी।

pontificalia (L) n. धर्माध्यक्षीय परिधान।

pontificate –कॅट् n. धर्माध्यक्षाधिकार, पादरी-पद; धर्माध्यक्षाधिकार-काल, पादरी-पद-अवधि।

pontify–'टिफ़ाइ v.i. धर्माध्यक्ष बनना; पादरी बनना; दोषहीन होनेका दम भरना, पूर्ण होनेका दावा करना।

pont-levis (F)पॉन्ट्-लॅ'विस्, पॉन्-लॅवी' n. चल सेतु, हटाया जा सकनेवाला पुल।

pontoon¹ पॉन्टून्' n. प्लुतक, चिपिट नौका^F, पाण्टून (चिपटे पेंदेकी नाव^F); नौका-सेतु, नाव^Fका पुल, (परि०) पीपा; T. ~-bridge (परि०) पीपोंका पुल, नौका-सेतु।

pontoon² v.t. नौका-सेतु या पीपेके पुलसे पार उतरना।

pontoon³ n. दे० VINGT(ET)-UN.

pontooncer, -ier टॅनीॲर', -नीॲर् n. नौका-सेतुकार, पाण्टून-सेतुकार, पाण्टून-पुल बनानेवाला।

pony पो'नि n. टट्टू, छोटजिया घोड़ा (*~-tax*)।

P.O.O. Post-Office Order.

pood पूड्' n. लगभग ३६ पौण्डके बराबर एक रूसी बाट।

poodle¹ पू'डॅल् n. मानी, पूडल (कुत्तेकी एक जाति^F)।

poodle² v.t. (कुत्तेके) बालोंको चित्र-विचित्र ढंगसे काटना।

pooh पू', पुह्' int. (तिरस्कार-सूचक) उँह्!

pooh-pooh पुपू' v.t. तिरस्कार करना, दुतकारना, झिड़कना; उपहास करना, हँसी^F उड़ाना।

pool¹ पूल् n. पुष्कर, पल्वल, निपान, (भू०) कुण्ड, (परि०) ताल, पूल (*~system*), पोखर; डाबर, डबरा, तलैया^F, गड़ही^F; (नदी^Fमेंका) खात, दह, गड्ढा।

pool² v.t. (मेख^F ठोंकनेके लिए) छेद करना; (खान^Fमें) सुरंग खोदना।

pool³ n. सामूहिक जुएका एक खेल; (जुएकी सामूहिक) दाँवकी धनराशि^F; व्यावसायिक संघ, सन्निधि^F; संकोष, (व्यवसायियोंका) गोलक, सामूहिक लाभ-कोश; (व्यक्तियों या वस्तुओं^Fका) समुच्चय, **निकाय,** (*~staff*)।

pool⁴ v.t. साझा करना, पत्ती^F करना, हिस्सा बँटाना।

pooled –'ड् a. संगृहीत, एकत्रित (*~estimates*)।

pooling –'लिंग् n. एकत्रीकरण, समूहीकरण, समुच्चयन।

poon पून्' n. एक पेड़, पून (*~-oil*)।

poonac पू'नॅक् n. पिष्टबीजावशेष, खल, खली^F।

poop¹ पूप्' n. नौपृष्ठ, जलपोतका पृष्ठभाग, (नौवि०) **वराम,** पीपा, **पूप**।

poop² v.t. (लहरों^Fका नौपृष्ठको) प्लावित करना, बोर देना, (नौपृष्ठपर) पानी चढ़ आना।

poop³ दे० POPE.

poop⁴ n. (ग्रा०) बेहूदा, तीन कौड़ी^Fका, बेकामका।

pooped पूप्ड' a. नौपृष्ठयुक्त।

poor* पुॲर्', a. दीन, रंक, निःस्व, निर्धन, अकिंचन, वित्तहीन, दरिद्र, कंगाल, गरीब*; दुर्गत, अभावग्रस्त; कुत्सित, गर्हित, तुच्छ, अधम, विगुण, मलीन, अपकृष्ट, ओछा, घटिया, भद्दा, गया-बीता; अनुर्वर, अनुपजाऊ, ऊसर, बंजर (*~land*); रूक्ष, निर्गुण, असार; (भू०) **मन्द (उष्मा परावर्ती);** अपर्याप्त, कम, मामूली (*~opportunity*); अशक्त, निःसत्त्व, निष्प्राण, हीन, निर्जीव, दुर्बल, बलहीन, दुबला, कमजोर; अभागा, बेचारा*; ~-box दान-पात्र; धर्मार्थ सन्दूक (जिसमें दान-के पैसे डाले जाते हैं); ~-house दरिद्रालय, अनाथाश्रम, अनाथालय, धर्मशाला^F, कंगाल-घर; ~-law दरिद्ररक्षा-कानून; ~-rate दरिद्रकर, निर्धन सहायता-कर; ~-spirited कायर, नपुंसक, पौरुषहीन, डरपोक; ~visibility (वैमा०, रेल०) **अल्पदृश्यता^F, कम दृश्यता^F**।

poorga –गॅ n. (ऋतु०) **हिमवात,** T.

poorliness –'लिनिस् n. अस्वास्थ्य, अस्वस्थता^F; बेहाली^F, निढाली^F।

poorly¹ –'लि pred. a. अस्वस्थ, बेहाल, निढाल।

poorly² adv. येन केन प्रकारेण, ले देकर, किसी तरह, लस्टम-पस्टम; अभावपूर्ण ढंगसे, जघन्य ढंगसे, गर्हित ढंगसे, तुच्छेपनसे।

poorness –'निस् n. त्रुटि^F, गर्हितता^F, विगुणता^F, निकृष्टता^F; अभाव, कमी^F, खामी^F, कसर^F; दारिद्र्य, दैन्य, दीनता^F, निर्धनता^F, दरिद्रावस्था^F, गरीबी^F।

pop¹ पॉप्' n. फक्, भक्, फट्, पटाक् (की ध्वनि^F); बिन्दु, चिह्न, चिह्नारी^F, दर^F; फेनिल मद्य (विशे०, जिंजर बियर या शैम्पेन); (ग्रा०) रेहन, गिरवी^F, बन्धक।

pop² n. (बोल०) लोकप्रिय संगीत-समारोह, साधारण गाना-बजाना।

pop³ n. (ईटनकी) सामाजिक एवं वाद-विवाद-गोष्ठी^F।

pop⁴ v.t. & i. फकफकाना, फकसे होना, भकसे होना; (बन्दूक^F आदि) दागना, छोड़ना, चलाना; पेलना, ढकेलना, फेंकना, झटकना, पटकना; धड़धड़ाना, धड़धड़ाते हुए चलना; अदृश्य होना, चल देना; (अकस्मात्) प्रश्न

कर बैठना, पूछ बैठना; आ पड़ना, टूट पड़ना; (ग्रा०) बन्धक रखना, गिरवी^F रखना, रेहन रखना; फुटकाना, लावा करना ⊙ (मक्का इत्यादिका)।

pop[5] adv. & int. फकसे, फट्से, भक्से।

P.O.P. Printing-out paper (Photo)

pop. popular; population.

popcorn पॉप्'कार्न् n. (मक्केका) लावा, फुटेहरा।

pope[1] पोप् n. (रोम० कैथा० चर्चका) पोप, प्रधान पादरी, पापा; (ला०) महात्मा, देवता, युधिष्ठिर, धर्मराज; P~Joan पोप जोन^F (एक कल्पित देवी^F)।

pope[2] n. (यूनानी गिर्जेका रूसी क्षेत्र-पादरी) पोप।

popedom –'डम् n. पोप-पद, पादरियत।

popeless –'लिस् a. पोपविहीन, पादरीरहित।

popery –'ऍरि n. पोपपद्धति^F, पोपपन्थ, पोपधर्म, पोप-प्रणाली^F, (निन्दात्मक प्रयोगमें) पोंगापन्थी^F।

pop-eyed पॉप्-'आइड् ⊙ = DEAD.

popgun –'गन् n. फिटफिटी^F, पिटपिटी^F (बच्चोंकी नकली बन्दूक^F); (हास्य०, ठीकसे काम न करनेवाली कोई बन्दूक^F) इटपिटी-पिटफिटी^F।

popinjay पॉ'पिन्जे n. (प्रा०) शुक, तोता, सुआ, सुग्गा, मिट्ठू, (इति०) शुकवेध; आत्मश्लाघी व्यक्ति, आडम्बरी पुरुष, छैला आदमी, (बोल०) हरित काष्ठकूट, हरा कठफोड़ा।

popish पो'पिश् a. पोप-सम्बन्धी, पोपपन्थीय, पादरीधर्म-विषयक, पादरीमत-सम्बन्धी।

poplar पॉप्'लॅर् n. वनपिप्पल, पहाड़ी पीपल, चिनार, पोपलर;हूरका वृक्ष;trembling ~ बेदमजनू, मजनूका पेड़।

poplin पॉप'लिन् n. (प्रथमतः) एक प्रकारका रेशमी वस्त्र; (अब प्रायः) मरसराइज कपड़ा, पापलीन।

popliteal पॉप्लि'टिॲल् a. जानुपश्च-, जानुपृष्ठीय, घुटनेकी सन्धि^Fका; कटोरी^Fका, खोरिया^Fका;
~ artery, ~ fossa, ~ surface, ~ vein.

popliteus ⊙ –अस् n. जानुपृष्ठ, जानुसन्धि^F, (चि०) **जानुपृष्ठिका**^F (पेशी^F), जानुपृष्ठभाग, घुटनेकी सन्धि^F; कटोरी^F, खोरिया^F।

poplitic पॉप्लि'टिक् a. = POPLITEAL.

poppa, pop पॉ'पॅ, पॉप्' ⊙ nn. = PAPA.

popped a. स्फुट, स्फुटित; ~ corn धानी; फुला।

poppet पॉ'पिट् n. (अब बोल०) लल्ला, मुन्ना, नन्हा, बबुआ, बौना; चक्रयन्त्रका ऊर्ध्वभाग, खराद^Fका ऊपरी हिस्सा; (नौवि०) लकुटी^F, टण्डी^F, सॉटी^F, चोब^F, T. ~-head खराद^Fका ऊपरी भाग; (खनि०) एक चौखट।

poppied पॉ'पिड् a. अहिपुष्पयुक्त, पोस्तेदार।

popple[1] पॉ'पॅल् n. आलोड़न, तरंग^F, हिलोर^F, लहर^F।

popple[2] v.i. तरंगित होना, आलोड़ित होना, हिलोरें^F लेना, लहराना।

popply –'लि a. तरंगित, आलोडित, हिलोरयुक्त।

poppy n. अहिपुष्प, खसतिल, खसखस, (कृषि०, वन०) **पोस्ता**; opium ~ अहिपुष्प; ~-head पोस्तेकी डोंडी; गिरजेका सुन्दर कलात्मक उद्यानन; ~ seed (कृषि०) **खसखस**, पोस्तादाना;
~ cultivation, ~ oil, ~ plant, ~ red, ~ seed oil.

poppycock पॉ'पिकॉक् n. रव, शोर, बकवास^F।

popsy(-wopsy) पॉप्'सि-(वाप्सि) n. मुन्नी^F, मुनियाँ^F, रानी^F, बेटी^F, बिटिया^F, बिट्टी^F, गुड़िया^F।

populace पॉ'प्यूलॅस् n. लोक, जन, प्राकृतजन, साधारण जन, सामान्य जन, लोग; जनसमूह, भीड़^F।

popular –लॅर् a. **लौकिक**, सार्वलौकिक, लोककृत, लोकजन्य; जन-, सर्वजनीन, सार्वजनिक; लोकसंगत, जनरूढ़, लोकरूढ़, **लोकप्रसिद्ध**, **प्रसिद्ध**; लोक-, लोकगत, प्रचलित, जनसुगम, जनसुलभ, लोकगम्य (~ *book*); प्रिय, लोकप्रिय, जनप्रिय, सर्वप्रिय, जनरंजक, लोकमान्य, सर्वमान्य; प्रथित, सामान्य, साधारण; ~ conception लोकधारणा^F; ~ front (राजनी०) जनतान्त्रिक दल, जनवादी मोर्चा, वामपक्षीय दल; *at ~ prices* सस्ते मूल्यपर;
~ approval, ~ election, ~ explanation, ~ feeling, ~ government, ~ knowledge, ~ language, ~ mind, ~ morality, ~ name, ~ objection, ~ series, ~ vote.

popularity –लै'रिटि n. लोकप्रियता^F, जनप्रियता^F, सर्वप्रीति^F, जनप्रीति^F; सर्वमान्यता^F, लोकमान्यता^F।

popularization –प्यूलॅराइज़े'शॅन् n. प्रथितीकरण, प्रचालन, लौकिकीकरण, सर्वसाधारणीकरण; सार्वजनिकता^F, लोकमान्यता^F, लोकप्रिय बनाना।

popularize –प्यूलॅराइज् v.t. प्रसिद्ध करना, प्रचलित करना, लोकप्रिय बनाना, लोकविख्यात करना, जनप्रिय करना; सर्वजनीन बनाना, सार्वजनिक बनाना; (प्रचार-द्वारा किसी विषयको) लोकगम्य बनाना, सामान्य बनाना, साधारण बनाना।

populate पॉ'प्यूलेट् v.t. बसना, निवास करना, अधिवासी बनना, आबाद होना; बसाना, आबाद करना।

population –ले'शॅन् n. (कृषि०, चि०) **संख्या**^F, (जीव०, कृषि०) **जीवसंख्या**^F, लोकसंख्या^F, (अर्थ०, विधा०, चि०) **जनसंख्या**^F, (विधा०) **जनसमुदाय**, बस्ती^F, (अर्थ०, प्रा० भूगोल) **आबादी**^F (*progressive, retrogressive, stationary~*); (सांख्य०) **समष्टि**^F; लोक, जन, (चि०) **जनता**^F, प्रजा^F; निवासी या अधिवासीगण (*the ~ turned out to welcome him*); parent ~ **मूल समष्टि, मूल जनसंख्या**^F; *an* A 1 ~ सर्वोत्कृष्ट जनता^F; *a* C3 ~ निकृष्टतम श्रेणी^F के लोग;
~ census, ~ commission, ~ control, ~ division, ~ problem.

populism –'प्यूलिज़्म् n. जनवाद, लोकवाद; जनाधिकारवाद सिद्धान्त, जनसम्पत्ति^Fका सिद्धान्त।

populist –'लिस्ट् (रूस और सं० रा० अ०) जनवादी, लोकवादी, पापुलिस्ट; जनाधिकारवादी।

populistic –'टिक् a. जनवादी, जनवाद-विषयक,

जनसम्पत्तिवादी ।
populous '-प्युलॅस् a. जनाकीर्ण, जनसंकुल, जनपूर्ण, बहुजन, प्रचुरजन, लोकबहुल, जनसंख्याबहुल, घना आबाद ।
populousness -निॅस् n. जनाकीर्णता^F, जनसंकुलता^F, लोकबाहुल्य, घनी आबादी ।
P.O.R. Preliminary Office Report.
por. portrait.
por- दे० POR-.
poral पोॲ'रॅल a. रन्ध्रीय, छिद्रीय ।
porbeagle पॉर्'बीगॅल् n. (जीववि०) बसमर ग्राह, पेट्ट घड़ियाल ।
porcelain पोर्स'लिन् n. मृत्सा^F, चीनी^F, चीनी मिट्टी^F; चीनी मिट्टी^Fके बर्तन, चीनी मिट्टी^Fकी बनी वस्तुएँ^F; (रसा०) T.; (ला० गुण०) मृदु, कोमल, नाजुक, छुई-मुई^F; ~ cement चीनी मिट्टी^Fके बर्तनोंको जोड़नेकी सीमेण्ट^F; ~ clay श्वेत चीनी मिट्टी^F; ~ shell कपर्द^F, कौड़ी^F;
~ acid dish, ~ basin, ~ beaker, ~ blue, ~ capsule, ~-casserole, ~ cup, ~ dish, ~ filling, ~ green, ~ jar, ~ mortar, ~ plug.
porcelainize (-se) -नाइज़ v.t. चिनियाना, बदलकर चीनी मिट्टी^F बना देना ।
porcelainized -ड् a. मृत्सीयित, मृत्साकृत, चीनी मिट्टी^Fके रूपमें परिवर्तित, चीनी मिट्टी^F बनाया हुआ ।
porcellaneous, porcellanic -से'लेॅ'निॲस्, -सेॅ'लॅ'निक् aa. चीनिया, चीनी मिट्टी^Fका-सा ।
porcellanous पॉर्स्'लिनॅस् a. चीनिया, चीनी मिट्टीवाला ।
porch पॉर्च् n. प्रघण, प्रघाण, अलिन्द, आलिन्द, द्वारमण्डप, दालान, ड्योढ़ी^F, बरसाती^F; द्वार-मण्डल; देहरा; बरामदा ⊙; the *P* ~ एथेंसका प्रसिद्ध भवन (जिसमें जेनो और उसके शिष्योंने आश्रय लिया था) ।
porched -ड् a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार, ड्योढ़ीदार ।
porchless -च्'लिॅस् a. द्वारमण्डपविहीन, बेबरसाती ।
porcine पॉर्'साइन् a. शूकरीय, वाराहीय, सुअरका; शूकरवत, सुअर-जैसा ।
porcupine पॉर्'क्यूपाइन् n. शल्यकी^F, शल्यक, शल्यकण्ठ, श्वाविध्, (कृषि०) सेह^F, साही^F; दाँतेदार मशीन^F, तीलीदार मशीन^F; (गुण०) शल्ययुक्त, काँटेदार; ~ disease (चि०) मत्स्यत्वगामयता; ~ fish शल्यकी मीन^F; ~ wood नारियलके पेड़की छाल^F ।
porcupinish, porcupiny -निश्, -नि aa. शल्यकी-सदृश, शल्यकवत्, साही-जैसा ।
pore[1] पोॲर्' n. रोमकूप, लोमरन्ध्र, रोमछिद्र; (रसा०, कृषि०, जीव०) (सूक्ष्म) रन्ध्र, कूप, (जीव०) छिद्र, साँसा, झिंझरी; द्वार, ~ filling (यन्त्र०) रन्ध्रपूरण, छेदबन्दी^F; ~ space (वन०) रन्ध्र-क्षेत्र; (भू०) रन्ध्रावकाश, छिद्रावकाश ।
pore[2] v. i. & t. अध्ययनमग्न होना, अनुशीलनरत होना, पढ़नेमें डूब जाना; (ला०) अध्ययन करना, चिन्तन करना, मनन करना, विचार करना; अपलक देखना, आँख^F गड़ा देना, निरखना, टकटकी^F बाँधना; ~ one's *eyes out* (अत्यन्त समीप पुस्तक^F रखकर) पढ़ते-पढ़ते आँख^F दुखा या थका डालना ।
porer -'रॅर् n. कठोर अध्येता, कड़ी पढ़ाई^F.करनेवाला ।
poricidal पोॲरिसाइ'डॅल् a. (वन०) रन्ध्रस्फुटी^F ।
poriform पोॲ'रिफ़ॉर्म् a. रोमकूपाकृति, लोमरन्ध्राकार, रोमच्छिद्रवत्; रन्ध्रवत्, कूप-सदृश, छिद्र-जैसा, साँसे-जैसा, झिंझरी-जैसा ।
porism पोॲ'रिज़्म् n. बहु-अस्तित्व, T.
pork[1] पॉर्क् n. शूकर-मांस, सुअरका गोश्त; ~-butcher शूकरवधिक, सुअर चिकवा; ~-chop सुअरकी पसली^Fकी बोटी^F; ~-pie सुअरका मांस भरा समोसा; ~-pie hat एक गोल टोपी^F ।
pork[2] v.i. (राज०) पौबारह होना ।
porker पॉर्'कॅर् n. बलिशूकर, मांसके लिए पाला जानेवाला शूकर ।
porket -किॅट् n. घेंटा, घेंटुला, छौना, सुअरका बच्चा ।
porkling -कॅ'लिंग् n. दे० PORKER.
porky -'कि a. शूकरीय, सुअर-सम्बन्धी; शूकरवत्, सुअर-जैसा; स्थूलकाय, थुलथुल, चर्बीला ।
porno- वेश्या-, गणिका- (~ *cracy*, ~ *graphy*) ।
pornographer पॉर्नॉ'ग्रॅफ़ॅर् n. अश्लील साहित्यकार, वेश्याचरित्र-लेखक, बाजारू साहित्य लिखनेवाला ।
pornographic -र्नॅग्रै'फिक् a. अश्लील; वेश्याचरित्र-सम्बन्धी ।
pornography -र्नॉ'ग्रॅफि n. अश्लील साहित्य, अश्लील साहित्य-रचना; वेश्यावृत्त, गणिका-विवरण ।
porocyte ⊙ पो'रसाइट् n. छिद्रकोशिका^F ।
poroid ⊙ पो'राऍड् a. (वन०) रन्ध्रिकाभ, T.
porometer ⊙ पोॲरॉ'मिॅटॅर् n. रन्ध्रमान, छिद्रमापक यन्त्र, (वन०) रन्ध्रमापी, T.
poroscope ⊙ पोॲ'रॅस्कोप् n. रन्ध्रेक्ष ।
porose ⊙ पोॲ'रोस् a. छिद्रिल, रन्ध्रिल, छिद्रयुक्त, रन्ध्रमय, छेददार ।
porosity -रॉ'सिटि n. (चि०) छिद्रिलता^F, रन्ध्रिलता^F, छिद्रयुक्तता^F, रन्ध्रमयता^F, (भौ०, रसा०, कृषि०) सरन्ध्रता^F ।
porous -'रॅस् a. रन्ध्री, रन्ध्रिल, (कृषि०, यन्त्र०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल) सरन्ध्र, (वन०, भू०, यन्त्र०) छिद्रल, छिद्रिल, छिद्रयुक्त, छिद्रपूर्ण, छेददार, साँसेदार, झाँझर; रोमकूपमय, रोमकूपबहुल;
~ battery, ~ plate, ~ plug, ~ pot, ~ rock, ~ saucer, ~ septum, ~ soil, ~ tile, ~ wood.
porousness, porosity -निॅस्, रॉ'सिटि nn. रन्ध्रिलता^F, सरन्ध्रता^F, छिद्रिलता^F, छिद्रबाहुल्य, पोलापन,

झाँझरपन; रोमकूपमयता^F^ ।

porphyry पॉर्'फ़रि n. परिपृक्त शिला^F^, श्वेत या रक्त स्फटिकशिला^F^, स्फटिकयुक्त कड़ी चट्टान^F^;(भूग०) आग्नेय शिला, पोरफ़ेरी, प्रकेलास ।

porpoise पॉर्'पॅस् n. शिशुक, उलूपी, सूँस ।

porraceous पॉरे'शॅस् a. अवहरिपीत, पलाण्डुपीत, पीताभ हरा, प्याजी हरा, प्याजी पीला ।

porrect[1] पॅरे'क्ट' v.t. आस्तृत करना, विस्तृत करना, फैलाना, खींचना, तानना ।

porrect[2] a. (वन०) **अग्राभिमुख**, आस्तृत, विस्तृत, धरातलित, फैलाया हुआ, खींचा हुआ, ताना हुआ ।

porrection –क्'शॅन् n. विस्तरण, धरातलन, फैलाव, खिंचाव, तनाव ।

porret पॉ'रि'ट् n. लघु पलाण्डु, छोटी प्याज^F^ ।

porridge पॉ'रिज् n. यूष, जूष, जूस; (जई^F^ या जव आदिकी) दलिया या खड़ी^F^; लपसी^F^, फिरनी^F^; *keep* one's *breath to cool* one's ~ अपनी राय^F^ अपने लिए रखना ।

porrigo पॉराइ'गो n. (निदान) दारुण, दद्रु^F^, खोपड़ी^F^ की चमड़ी^F^का रोग ।

porrima पॉरिमॅ n. (गणि०) **पोरिमा, द्वितीय कक्षा** ।

porringer पॉ'रिन्जॅर् n. यूपपात्र, जूसपात्र, कटोरा ।

port. Portugal; Portugnese.

port[1] पॉर्ट्' n. **पत्तन**, पोतस्थान, नौकाश्रय, बन्दर, **बन्दरगाह; डाबा, वाया**, T. (ला०) आश्रय, शरण-स्थल, आश्रयस्थान; पत्तन-नगर, बन्दरगाही शहर; closed ~ रुद्ध पत्तन, बन्द बन्दरगाह; free ~ अरुद्ध पत्तन, खुला बन्दरगाह; ~ admiral पत्तन नौसैनिक, पत्तननावाधिपति, पत्तननौसेनापति; ~ side (नौवि०) **डावा बाजू**; ~ hole (नौवि०) मूका^F^;

~ act, ~ authority, ~ charges, ~ clearance, ~ commission, ~ commissioner, ~ committee, ~ detachment, ~ dues, ~ embarkation, ~ holes, ~ lighter, ~ *limits*, ~ *officer*, ~ *police*, ~ quarantine, ~ sub-committee, ~ trust, ~ trust bonds, ~ trust charges.

port[2] n. द्वार, मुख्यद्वार, सिंहद्वार, फाटक, सदर दरवाजा; कोटद्वार, दुर्गद्वार, नगरद्वार, पोतद्वार; (रसा०) **ईंधन-द्वार**, T.; (यन्त्र०) धूमछिद्र, चिमनी^F^, धुआँकश; ~ *hole* (वायु^F^, प्रकाश या तोप^F^के लिए) जहाजका झरोखा ।

port[3] n. आचार, आचरण, व्यवहार, बर्ताव, चाल-ढाल^F^; रंग-ढंग ।

port[4] n. पोतका वामपार्श्व; (गुण०) वाम, बायाँ, उलटा ।

port[5] v.t. & i. (कर्णको) वाममुख करना, (जहाजके) वामपार्श्वकी ओर करना; (पोत^F^का) वामवृत्त करना, अपने वामपार्श्वकी ओर घूमना या घुमाना ।

port[6] n. (~ *wine* भी) पुर्तगाली मदिरा^F^, ओपोर्टोकी मदिरा^F^, पोर्ट^F^ ।

port[7] v.t. (सेना०, रायफल^F^ इत्यादि) वामस्कन्धकी सीध^F^में लाना ।

portability –टॅ'बि'लिटि n. वाह्यता^F^, सुवाह्यता^F^, संवहनीयता^F^, परिवहनीयता^F^, हलकापन ।

portable –'टॅबॅल् a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, वहनीय, लघु, हलका, सफरी;

~ crane, ~ engine, ~ equipment, ~ heater, ~ machine, ~ motor, ~ plate, ~ set, ~ sprayer, ~ tool, ~ type-writer.

portage[1] –टिज n. संवहन, परिवहन; वहन-मूल्य, मजदूरी^F^, ढुलाई^F^; परिवहन-स्थल; ~ bill (परि०) **आय-पत्र**, mariner's ~ संवहन-क्षेत्र ।

portage[2] v.t. (नाव या माल आदिका) परिवहन करना, संवहन करना, ले जाना, ढोना ।

portal[1] पॉर्'टॅल् n. (शारीर०) प्रतिहार; मुख, द्वार, मुख्यद्वार, (वैमा०) **सिंहद्वार**, सदर दरवाजा; दुर्गद्वार; (रेल, यन्त्र०) **चौखटा**; ~ frame (यन्त्र०) **चौखट, ड्यौढ़ी कैंची**^F^; (परि०) द्वारमुख, **कैंचीदार चौखटा** ।

portal[2] a. (जीव०) **निवाहिका**- (~ *heart*, ~ *septum*, ~ *system*), प्रतिहारीक, प्रतिहारिणी शिरा-विषयक; केशिकाभाजीय, यकृत्के वक्र खातसे सम्बन्धित; ~ vein (जीव०) **निवाहिका शिरा**^F^, (चि०) प्रतिहारिणी शिरा^F^, केशिकाभाजि शिरा^F^, यकृतशिरा^F^; यकृद् धमनी^F^ ।

portatile ⊙ पॉर्'टॅटिल् a. सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, लघु, हलका ।

portative पॉर्'टॅटिव् a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहन-शील, हलका; वहन-विषयक, सुवहन-सम्बन्धी, संवहन-सम्बन्धी ।

portcrayon पॉर्ट्'-क्रे'ॲन् n. अंकनी-पेटिका^F^, अंकनी-पेटी^F^, पेंसिल^F^का केस, पेंसिल^F^का डब्बा; क्रेयोनका हस्तक, चॉक पकड़नेका हैण्डिल ।

portcullis पॉर्ट्'क'लिस् n. (दुर्ग-द्वारका) खिसकी दरवाजा, सरकनेवाली सुदृढ़ झंझरी^F^; जालीदार जंगला ।

portcullised –ड् a. खिसकी दरवाजेवाला ।

porte-cohere (F) n. ड्योढ़ी^F^ ।

portend पॉर्टे'न्ड्' v.t. पूर्वाभास देना, पूर्वज्ञान कराना, शकुनापशकुन बताना, अग्रसूचना^F^ देना, पूर्वचिह्न मिलना, पूर्वलक्षण मिलना; आगम देना, शकुन बताना, सगुन बताना; आगाह करना, चेतावनी^F^ देना, सचेत करना, चेताना, जताना ।

portent –'टे'न्ट् n. उपक्रम, आगम, पूर्वलक्षण, पूर्वचिह्न, शकुन, सगुन; अघटित घटना^F^, अद्भुत बात^F^, अनहोनी^F^; दुर्निमित्त, उत्पात, उपप्लव, अत्याहित, दुर्लक्षण, अपशकुन, दुश्चिह्न, अरिष्ट ।

portentous –'टॅस् a. शकुनात्मक, शकुनकारी; औत्पातिक, अपशकुनकारी, अनिष्टसूचक, अपशकुनी, अशुभ ।

porter[1] पॉर्'टॅर् n. प्रतीहार, दौवारिक, द्वारपाल, ड्योढ़ीवान, दरबान ।

porter[2] ⁎ पॉर्'टॅर् n. (रेल०) **भारिक**, वाहक, मोटा,

भारवाह, पल्लेदार, मजदूर, कुली*; यवासव-विशेष, औंकी तीव्र लाल मदिरा^F; ~-house ⊙ मधुशाला^F, मद्यपान-गृह, ठेका; ~'s knot इंडुरी^F, गेंडुरी^F, बिंड्ई^F।

porterage -रिज् n. भारवाहन, वाहन (~charge), ढोवाई^F, ढोआई^F, कुलीगीरी^F; भारिकी^F,(रेल०) भारिक-की मजदूरी^F, भारिक शुल्क, वहनमूल्य, ढोनेकी मजदूरी^F।

porteress पॉर'टॅरि`स् n. दौवारिका^F, दौवारिकी^F, द्वारपालिका^F, द्वाररक्षिका^F, प्रतिहारी, फाटककी पहरेदारिन^F।

porterly पॉर'टॅर्लि a. भद्दा, भोंडा।

portfire पॉर्''फाअॅर n. पटाका, पटाका उड़ानेका उपकरण।

portfolio पॉर्'फो'लिओ n. (pl. -s) पत्रोद्वह, पत्राधान, पत्राधार, बस्ता; (ला०) कार्यभाग, सम्भाग, (राज०) संविभाग, विभाग, मन्त्रिपद, T.

portico पॉर्'टिको n. (pl. -s) द्वारमण्डप, प्रमुख, ओसारा, ड्योढ़ी^F, T. दालान, बरामदा, बरसाती^F।

porticoed -ड् a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार।

portiere (L) पार्'येअॅर्' n. (द्वारकी) यवनिका^F, पर्दा; द्वारका पर्दा, चिक^F।

portion¹ पॉर्'शॅन् n. अंश, शकल, खण्ड, भाग; (जलपानगृहोंमें) खुराक^F, थालीभर भोजन; स्त्रीधन, दायजा, दहेज; भाग्य, किसमत^F, नसीब, करम, तकदीर^F; a ~ अंश, खण्ड, भाग, हिस्सा।

portion² v.t. विभाजित करना, विभक्त करना, वितरण करना, भाग देना, हिस्सा लगाना, बाँटना; यौतुकदान करना, दहेज देना, दायजा देना।

portioner -नॅर् n. भागी, सहभागी, भागीदार, हिस्सेदार।

portioning -निंग n. विभाजन, बण्टन, बँटवारा; विभाग।

portionist -निस्ट n. दानभागी, अतिरिक्त व्यय पानेवाला।

portionless -लि`स् a. अविभक्त, अंशहीन; यौतुकहीन, दायविहीन, दायजारहित, बिना दहेजका।

portlano (It.) n. जलयानिका^F, पोतसूची^F।

portliness पॉर्''लिनि`स् n. विशालता^F, स्थूलकायता^F, भारीभरकमपन, मोटापा; भव्यता^F, ऊर्जस्विता^F, तेजस्विता^F, रोबीलापन।

portly -लि a. पीन, पीवर, विराट, स्थूल, स्थूलकाय, विशाल, भारीभरकम, मोटा; ऊर्जस्वी, तेजस्वी, भव्य, दिव्य, उदात्त, धीर, रोबीला, शानदार।

portmanteau पॉर्'मैन्'टो n. (pl. -s, -x) (एक प्रकारका चमड़ेका थैला), बुगचा, पोर्टमैण्टो; मिश्रशब्द, संयुक्त शब्द।

portrait पॉर'ट्रिट n. छविचित्र, व्यक्तिचित्र, आलेख्य, आलोकचित्र, भावचित्र, अनुकृति^F; छवि^F, प्रतिकृति^F, फोटो (~ painter); (भौ०) रूपचित्र, शबीह; (ला०) सादृश्य, समानता^F, प्रतिरूप, आदर्श, नमूना; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन; ~ figure (इति०) प्रतिमा^F।

portraitist -टिस्ट n. चित्रकार, रूपकार, वर्णकार, चितेरा।

portraiture -ट्रिचॅर n. चित्रण, आलेखन, चित्रकारी^F; चित्र, आलेख्य, तस्वीर^F; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन।

portray पॉर्ट्रे' v.t. चित्र बनाना, आलेखन करना, प्रतिरूप बनाना, तस्वीर^F खींचना; शब्दचित्रण करना, चित्रात्मक वर्णन करना।

portrayal -'अॅल् n. चित्रकारी^F, आलेखकारी^F, आलेखन, (चित्रात्मक) वर्णन।

portrayer -'अॅर् n. चित्रकार, रूपकार, वर्णकार, चितेरा।

portreeve पॉर'ट्रीव् n. कोतवाल; नगरपति, मेयर।

portress -'ट्रि`स n. प्रतिहारी^F, द्वारपालिका^F, द्वार-रक्षिका^F, ड्योढ़ीदारिन^F।

portuguese पॉ'च्यूगीज् a. & n. पुर्तगाली, पुर्तगाल-देशीय, पुर्तगालवासी; पुर्तगाली भाषा^F।

porus n. (चि०) छिद्र।

pos., posit. positive.

P.O.S.B. Post Office Savings Bank.

pose¹ पोज्' n. (शिक्षा०) मुद्रा^F, स्थिति^F, छवि^F, रूप, रीति^F, ढब, ढंग; ढोंग।

pose² v.t. & i. वक्तव्य देना, बयान देना; प्रतिपादन करना, निरूपण करना, विषयस्थापन करना; स्वत्व प्रकट करना, अधिकार माँगना; अभियाचना^F करना, अभ्यर्थना^F करना; प्रस्ताव करना, प्रश्न उठाना, मामला पेश करना; (विशेष स्थिति^Fमें) चित्र रखना; मुद्रा^F बनाना, विशेष स्थिति^Fमें बैठना; प्रकट करना, प्रदर्शित करना; दम्भ करना, ढोंग रचना।

pose³ v.t. (प्रश्नों या समस्या^Fसे) स्तम्भित करना, कुण्ठित करना, विमूढ़ करना, चक्करमें डालना; उलझन^F में फँसा देना।

poser -'जॅर् n. समस्या^F, प्रश्न, उलझन^F, पहेली^F, स्तम्भित करनेवाला, उलझन^Fमें डाल देनेवाला, चकरा देनेवाला।

poseur (F) -'जर' n. (व्यवहारमें) बनावटी आदमी; बगला भगत, रँगा सियार।

posh पॉश' a. (ग्रा०) सुन्दर, बाँका, छैला, टीम-टाम-वाला।

posit पॉ'जिट् v.t. ग्रहण करना, तथ्यरूपमें मान लेना, सच मानना; अधिष्ठान करना, स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना।

position¹* पॅजि'शॅन्, n. तथ्य, सिद्धान्तवाक्य; प्रमेय, प्रतिज्ञा^F, उपक्षेप, प्रस्थापना^F; उक्ति^F, हेतु, पक्ष; सिद्धान्त-प्रतिपादन, तथ्यनिरूपण; (चि०) गर्भगति^F, अंगविन्यास, अंगस्थिति^F, बन्ध; आसन, (प्रा० भू०, रसा०, का०, भौ०) स्थिति^F*, बनाव; (भौ०) अवस्थिति^F, दशा^F, संस्थान, अवस्था^F, हालत; मनस्कोण, मनोभाव,

मनःस्थिति^F; दृष्टिकोण, विचारपद्धति^F; पद्र्,- स्थल, (का०, भौ०) **स्थान**, दर, ठाँव, ठौर, जगह; स्तर, कोटि^F, श्रेणी^F, हैसियत^F, दरजा; T., (सेना०) व्यूह, मोर्चा, (*the ~ was stormed*); प्रतिष्ठा^F, उच्चपद, श्रेष्ठस्थिति^F; (ला०) तुल्यदशा^F, तुल्यावस्था^F, समस्थिति^F, सदृशस्थिति^F; people of ~ प्रतिष्ठित जन; *in a ~ to do* करनेकी स्थिति^Fमें होना, करनेके योग्य होना; *in ~* उपयुक्त स्थानपर, ठीक जगह^Fमें; *out of ~* अनुपयुक्त स्थानपर;

~ angle, ~ circle, ~ effect, ~ error, ~ isomesism, ~ light, ~ line, ~ line table, ~ ratio, ~ report, ~ sense, ~ sign, ~ vector, ~ warfare.

position² v.t. स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना, ठिकानेपर रखना; (सेना^Fको) व्यूहबद्ध करना, मोर्चोंपर डटाना।

positional –'नॅल् a. स्थितीय, स्थैनिक; सैद्धान्तिक; अपेक्षणीय; दृष्टिकोणीय आदि।

positive¹ पॉ'ज़िटिव् n. भावात्मक गुण, अतुलनात्मक विशेषण; (त्रिकोण०) **धन**; हाँ।

positive² a. **विध्यात्मक**, कृत्रिम, औपचारिक, अप्राकृतिक, प्रयत्नसाध्य, बाह्य, बाह्यप्रेरित; **स्पष्ट**, असन्दिग्ध, अगूढ़, प्रत्यक्ष, परिस्फुट; निर्णीत, निर्दिष्ट, सुनिश्चित, अविशंक्य; अन्वयी; अवैकल्पिक, आवश्यक; स्थिर, पक्का; (व्यक्ति) दृढ़मति, दृढ़निश्चय, निर्विकल्प, निःसन्देह, (का०) **निश्चयात्मक**, नियत, निश्चित, **निश्चयी**, स्वमताग्रही, दृढ़विश्वासी, कट्टर; (व्या०) सामान्य, गुणवाची; (चि०) **प्रभावयुक्त**; प्रवृत्त; सीधा; परम, सर्वथा, नितान्त, अनन्य, निरुपाधि, विविक्त, अबाधित, निरंकुश; (बोल०) पूरा, पक्का, सरासर, बिलकुल, **अनुलोम; अनुकूल**; वास्तविक तथ्य विषयक, वस्तुपरक, व्यवहार्य, आचरणीय, सच्चा, असली; इहलौकिक, भौतिक, पार्थिव; अस्तिवाची, अस्त्यात्मक, (का०) **सकारात्मक**, **सकारी**, (ग०) **धन** (~ *quantity*), (बीजगणित) **धनात्मक**; (छायाचित्र) पाजिटिव; ~ (*degree of*) adjective भावात्मक विशेषण, सामान्य विशेषण; ~ electricity धनविद्युत्^F; ~ ethics (दर्श०) **व्यवहृत नीतिशास्त्र, वास्तविक नीतिशास्त्र**; ~ lynchet (इति०) **भरित उत्तल**; ~ number **धनात्मक संख्या**^F, (ग०) धन-संख्या^F ~ organ एक लघु आरगन; ~ pole (चुम्बकका) उद्ध्रुव, धनध्रुव, धनात्मक ध्रुव; (पृथ्वी^Fका) दक्षिणी ध्रुव; ~ science तात्त्विक ज्ञान; ~ sign धनचिह्न (+);

~ acceleration, ~ adaptation, ~ angle, ~ aspect, ~ association, ~ attribute, ~ catalyst, ~ character, ~ charge, ~ check, ~ clutch, ~ column, ~ condition, ~ correlation, ~ crystal, ~ deviation, ~ discharge, ~ duty, ~ electrode, ~ electron, ~ elongation, ~ evidence, ~ eyepiece, ~ factor, ~ feed-back, ~ freedom, ~ health, ~ instances, ~ interest, ~ ion, ~ moment, ~ morality, ~ movement, ~ pedal, ~ plate, ~ pole, ~ potential, ~ print, ~ proof, ~ ray, ~ ray analysis, ~ response, ~ result, ~ reaction, ~ science, ~ side, ~ skewness, ~ strike, ~ term, ~ test, ~ testimony, ~ utility, ~ value, ~ virtue, ~ wave.

positiveness, positivity –'विनिस्, –'विटि nn. स्पष्टता^F, सुनिश्चितता^F, दृढ़निश्चय; असन्दिग्धता^F; भावात्मकता^F, धनात्मकता^F; सकारात्मकता^F; याथार्थ्य, मताग्रह, हठीलापन।

positivism –'विज़्म् n. गोचरवाद, (अर्थ०, शिक्षा०) **प्रत्यक्षवाद**, प्रमाणवाद, साक्षाद्वाद, वास्तविकतावाद; (अर्थ०, शिक्षा०) **वस्तुनिष्ठावाद**; प्रत्यक्षवादी, धर्म, प्रत्यक्ष ज्ञानपर आधृत मतवाद।

positivist –'विस्ट् n. गोचरवादी, प्रत्यक्षवादी, प्रमाणवादी; (राज०) **व्यवहारवादी**, विश्वासी; भाववादी।

positivistic –'टिक् a. गोचरवादीय, प्रत्यक्षवादी-विषयक, प्रमाणवादी।

posnet पॉस'नि'ट् n. लघुस्थाली^F, क्षुद्रस्थाली^F, छोटी थाली^F, छोटा तसला।

posological पॉसॅलॉ'जिकॅल् a. औषधमात्रिकीय, औषधमात्रा-विज्ञान-विषयक, औषधमात्रा-शास्त्र-सम्बन्धी।

posology पॅसॉ'लॅजि n. (चि०) मात्राव्यवस्था^F; औषधमात्रिकी^F, औषध-मात्रा-विज्ञान, औषधमात्रा-शास्त्र-मात्रा-विज्ञान।

posse पॉ'सि n. दल, आरक्षी दल, सिपाही दल; सशक्त सेना^F, दृढ़वाहिनी^F; सम्भावना^F, शक्यता^F, ~ comitatus राष्ट्रशक्ति^F, ~ *comitatus* (L) n. देशभक्ति^F; देशदल; दलबल, जातिबल।

possess पॅज़े'स्' v.t. स्वत्व रखना, आधिपत्य रखना, अधिकार रखना, स्वामी होना, अधिपति होना, मालिक होना; युक्त करना; धारण करना; दखल रखना, काबिज होना, पास रखना; (प्रतिभा^F, गुण आदिसे) सम्पन्न होना, युक्त होना, विभूषित होना, अलंकृत होना; (धैर्य आदि) धारण करना, रखना; स्ववश होना, काबूमें रहना, जामेके अन्दर रहना; (भूत आदिका तथा ला०) आविष्ट करना, ग्रसना, आक्रान्त करना, अभिभूत करना, उपहृत करना, सिर चढ़ना, पकड़ना; अन्वित होना, उपपन्न होना, उपेत होना, युक्त होना; ~ one *self of* लब्ध करना, अधिगत करना, हस्तगत करना, प्राप्त करना, पाना; अधिकार करना, कब्जा करना।

possessed –स्ट्' a. अधिष्ठित, अधिकृत, दखल किया हुआ, कब्जेमें; भोगयुक्त, आत्मसात्कृत; आक्रान्त, अधीन, हस्तगत, स्वायत्तीकृत, विजित; *like all* ~ ○ आवेशके साथ, जोशके साथ; भूताविष्ट, भूतग्रस्त।

possession –'ज़ॅन्, n. स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, स्ववश, दखल, (विधा०, का०) **स्ववश**

कब्जा, कब्ज़ा; भोग, भुक्ति^F, आत्मसात्करण; आक्रमण, न्यायसीकरण; भूतबाधा^F; (बहु०) वित्त, विभव, वैभव, सम्पत्ति^F, सम्पन्नता^F, धनदौलत^F; बाधा^F, पीड़ा^F; (विशे०, शत्रुका) अधिकृतक्षेत्र; (बहु०) (का०) **द्रव्यजात**; (दर्श०) **परिग्रह**; *in* ~ (वस्तु^F) अधिकृत, वशवर्ती, हस्तगत, अधीन (व्यक्ति) स्वामी, अधिपति, अधिकारी, *in* ~ *of* अधिपति, अधिकारी, पासमें रखनेवाला; *in the* ~ *of* अधिकृत होना, वशवर्ती होना, अधीन होना, कब्जेमें होना; *rejoice in the* ~ *of* सौभाग्यसे रखना, (वस्तु^F के) अधिकारका सौभाग्य होना।

possessional –'नॅल् a. स्वत्वीय, स्वामित्व-सम्बन्धी, आधिपत्य विषयक, अधिकार-सम्बन्धी, दखलका, कब्जेका; भोगभुक्ति-विषयक, आत्मसात्करण-सम्बन्धी; आक्रान्त, स्वायत्त, कब्जेमेंका।

possessionalism –'नॅलिज़्म् n. वैयक्तिक सम्पत्त्यधिकारवाद, व्यक्तिगत सम्पत्ति-अधिकारका सिद्धान्त।

possessionate¹ –नॅट् n. वैभवयुक्त भिक्षु, सम्पत्तिधारी मठवासी।

possessionate² a. वैभवधारी, सम्पत्तिधारी।

possessionlessness पॅज़ेॅ'शन्-लिॅस्-निस् n. (दर्श०) **अपरिग्रह, आकिंचन्य**।

possessive¹ पॅज़ेॅ'सिव् n. षष्ठी, सम्बन्ध, सम्बन्ध कारक, सम्बन्ध वाचक शब्द।

possessive² a. स्वत्वीय, आधिकारिक, अधिकारात्मक, कब्जेका; (व्या०) सम्बन्ध-, सम्बन्धवाचक, (~ case)।

possessiveness –'निॅस n. स्वत्वात्मकता^F, अधिकारात्मकता^F, सम्बन्धबोधकता^F।

possessor –सॅर्, n. भोगी, भोक्ता, स्वामी, अधिपति, धारक, धारण करनेवाला; अधिकारी, दखलदार, (राज०) **कब्जा करनेवाला**, मालिक।

possessory –'रि a. स्वत्वीय, स्वत्व-विषयक, आधिपत्य-सम्बन्धी; ~ action (का०) **कब्जा लेनेका वाद, कब्जा लेनेका कार्य**; ~ lien (का०) **कब्जा-गहन, कब्जा-धारणाधिकार, कब्जा-ग्रहणाधिकार**; ~ title धारण-स्वत्व, (का०) **कब्जा-आगम, कब्जा-हक**।

posset पॉ'सिॅट् n. पेय विशेष।

possibilism पॉसि'बिलिज़्म् n. साध्यवाद, सम्भावनावाद।

possibilist –'लिस्ट् n. साध्यवादी, सम्भावनावादी, उपपत्तिवादी, व्यवहारवादी।

possibility –'लिटि, n. **शक्यता**^F, उपपत्ति^F, साध्यता^F; **सम्भाव्यता**^F, **सम्भवता**^F, सम्पाद्यता^F, यत्नीयता^F, करणीयता^F, होनहारी^F; **सम्भावना**^F, सम्भव अवस्था^F, सम्भव घटना^F।

possible¹ पॅ'सॅबॅल, n. प्रथम स्थान, सर्वोच्च विजयांक, अधिकतम सम्भव अंक; सम्भाव्य प्रत्याशी या अभ्यर्थी; *do* one's ~ यथाशक्य, यावच्छक्य, यथासम्भव, शक्तिभर।

possible² a. **शक्य**, साध्य, सम्पाद्य, **सम्भाव्य सम्भव**, करणीय, व्यवहार्य, यत्नीय; ~angle, ~ combination, ~ solution.

possibly –'लि adv. सम्भवतः, शक्यतया, यथाशक्य, यथासम्भव; कदाचित्, कदापि, स्यात्, शायद।

possum पॉ'सॅम् n. (बोल०) *play* ~ बीमार बनना, बीमारी^F का बहाना करना।

post¹ पोस्ट्' n. दण्ड, स्थाणु, स्तम्भ, **थम्ब** (~ *plate*), खम्भा, थून; (स्था०, यन्त्र०) **बाही**^F, **बाजू**^F, बल्ली^F, लग्गा, लग्गी^F, खूँटा; (रेतीले पत्थर आदिकी) घनी पर्त^F; (खान^F में, कोयलेका) ऊँचा ढेर; ~-mill खम्भेपर लगी पवन-चक्की^F; starting-~ प्रारम्भिक स्तम्भ, (दौड़^F प्रारम्भ करनेके स्थानपर गड़ा) खूँटा; winning-~ दौड़^F की अन्तिम सीमा^F का निर्देशक स्तम्भ।

post² v.t. चिपकाना, लगाना; (प्रचार-पट्ट द्वारा) विज्ञापन करना, प्रचार करना; (लापता जलपोतका) विज्ञापन देना, नाम प्रकाशित करना।

post³ n. प्रहरिस्थान, अवस्थान, **चौकी**^F; (लाक्ष०) कर्मभूमि^F, कर्तव्यक्षेत्र; व्यूह, मोर्चा; व्यूहस्थ सैन्य; (राज०) **केन्द्र**; दुर्ग, गढ़, कोट, किला; व्यावसायिक संस्थान, व्यापारिक चौकी^F; (विधा०, राज०) **पद**, पदवी^F, (विधा०) **स्थान**, (विधा०, राज०) **जगह**, ओहदा; first ~ विश्राम-बिगुल; last ~ शोक-बिगुल।

post⁴ v.t. (सैनिकोंको) नियुक्त करना, चौकी^F पर बैठाना; (सेना^F ०, नौसेना^F ०) आयुक्त करना, पदारूढ़ करना; **पदपर नियुक्त करना, स्थानमें तैनात करना**।

post⁵ n. पत्रवाह, प्रजवी धावन, द्रुतगामी दूत; पत्रवाहन, पत्रयान, डाकगाड़ी^F; अश्वारोही डाकिया; प्रेष, **डाक**^F; प्रेषालय, डाकघर, डाकखाना; पत्रपेटी^F, लेटरबाक्स; कागजका विशेष आकार (लगभग २०×१६); ~-bag **डाक थैला**, डाक^F का थैला; ~-boat प्रेष-पोत, डाक-नौका^F, डाक^F का जहाज; ~ box **डाक-बॉक्स**; boy पत्रवाहक; अश्वारूढ़ सारथि; ~ card प्रेषपत्रक, कारड, **पोस्टकार्ड**; ~-chaise (इति०) प्रेषवाहन, डाक^F की गाड़ी^F; ~ free डाकव्ययमुक्त; ~-haste n. & adv. शीघ्रता^F (पूर्वक), द्रुतगति^F (सहित); ~-horse प्रेषाश्व, डाक^F का घोड़ा; ~man पत्रवाहक, डाकवाहक, **डाकिया**, चिट्ठीरसाँ, पोस्टमैन; ~mark डाक^F की मुहर^F; **मोहर-छाप**^F, (v.t.) डाक^F की मुहर^F लगाना; ~master प्रेषाध्यक्ष, **डाकपाल, पोस्टमास्टर**, डाकबाबू, ~ mastership प्रेषाध्यक्षता^F, पोस्टमास्टरी^F; ~mistress प्रेषाध्यक्षा^F, पोस्टमास्टरानी^F; ~-office **डाकघर** डाकखाना, पोस्टआफिस; ~-paid डाकव्यय-दत्त; ~-town प्रेषनगर, डाकनगर; *by return of* ~ वापसी डाक^F से।

post⁶ v.i. & t. द्रुतयात्रा^F करना, लाँघना, डाकना; पत्र छोड़ना, चिट्ठी^F डालना, डाक^F **में डालना** या छोड़ना, डाक द्वारा भेजना, प्रविष्ट करना, **इन्दराज करना**, खतियाना, खातेमें चढ़ाना; नियुक्त करना; ~*up* पूर्ण विवरण देना, खुलासा ब्योरा देना; (रोकड़^F खतिया कर) बहीखातेको पूर्ण करना।

post⁷ adv. संवेग, द्रुतगति^F से, तत्काल, बड़ी शीघ्रता^F से;

पत्रवाहक अश्वोपर ।

post-³ (संयोगमें) पश्च, पश्चात्, पर, परा, उत्तर (~-*dated*) ।

post- पश्च-, उत्तर-, -उत्तर, पर (~ *classical*, ~ *communion*, ~-*costal*, ~-*dated*, ~-*diluvion*, ~-*entry*, ~-*exilian*, ~-*fix*, ~-*graduate*, ~-*impressionism*, ~*lude*, ~*millennial*, ~-*natal*, ~-*nuptial*, ~-*pliocene*, ~-*tertiary*, ~-*war*) ।

postage पोस्'टिज् n. प्रैष, डाक^F; प्रेषशुल्क, डाकव्यय; डाक-भार, ~ account (वाणि०) डाक-भार लेखा; ~ book (वाणि०) डाक-वही^F '~due' article 'देय डाक-भार' वस्तु^F; '~ due' stamp 'बैरंग' मोहर^F; 'देय डाक-भार' मोहर^F; ~ stamp डाक^F-का टिकट;

~ account, ~ charges, ~service stamp, ~s recovered account.

postal –टॅल् a. प्रेष-, प्रैष, प्रेषीय, डाक^F, डाक सम्बन्धी, डाक^Fका; ~ union अन्तर्राष्ट्रीय प्रेषसंघ, अन्तर्राष्ट्रीय डाकसंघ;

~ address, ~ article, ~ certificate, ~ circle, ~ concession, ~ confirmation, ~ despatch, ~ facility, ~ information, ~ manual, ~ matters, ~ notice, ~ officer, ~ omnibus, ~ orderly, ~ reciept, ~ stamps, ~ stationery, ~ terms, ~ traffic, ~ union, ~ unit, ~ vote.

postaxial पॉस्टैक्'सिॲल n. (चि०) अक्षाभि पृष्ठ; ~ rays (जीव०) पश्चाक्ष अर ।

posteen पॉस्टीन n. पोस्तीन ।

post-embryonic पोस्ट्-ऍम्ब्रिऑ'निक् a. (चि०) भ्रूणावस्थोत्तर, पश्चभ्रूणीय (~ *development*) ।

post-epidemic⊙ पोस्ट्-ऍपिडे'मिक् a. (चि०) मरणोत्तर ।

poster पोस्'टॅर् n. जवाश्व; प्रचारपत्र लगानेवाला, विज्ञापनपत्र लगानेवाला; प्रचारपट्ट, विज्ञापनपत्र, विज्ञापन, विज्ञप्ति^F, इश्तहार; (~ room), डाकिया, हरकारा ।

post restante (F) n. सुरक्षित डाक-विभाग ।

posterior¹ पॉस्टीॲ'रिॲर् n. (एकव० या प्रा० बहुव०) नितम्ब, गुदप्रदेश, चूतड़ ।

posterior² a. (वाणि०, कृषि०) पश्च; अवर, उत्तर, पश्चात्कालीन, उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन, पीछेका, बादका, पिछला, (चि०) पश्चाद्भागीय; ~ fontanella (चि०) शिवरन्ध्र ।

~ adductors, ~aorta, ~ canaliculus, ~ chamber, ~ column, ~ commissure, ~ cornua, ~ horn, ~ media, ~ mediastinum, ~ pharynx, ~ presentation, ~ probability, ~ retractor.

posteriority –ऑ'रिटि n. पश्चता^F, अवरता^F, उत्तरता^F, पश्चात्कालीनता^F, उत्तरकालीनता^F ।

posteriorly –रिॲर्'लि adv. परतः, उत्तरतः, पश्चतः, पश्चात ।

posterity पॉस्टे'रिटि n. (दर्श०) भावी सन्तति^F, अपत्य, वंशज, सन्तान^F, औलाद^F; (दर्श०) भावी पीढ़ियाँ^F, आगामी नस्ल^F ।

postern पॉ(पो)स्'टॅर्न् n. (प्रा०) पश्चद्वार, पृष्ठद्वार, पिछवाड़ेका दरवाजा; पक्षद्वार, पार्श्वद्वार, बगलका दरवाजा; (गुण०) पश्च-, पृष्ठ-, पक्ष-, पार्श्व-, पिछला, बगलका ।

post-facto⊙ पोस्ट् फैक्'टो n. कार्योत्तर, घटनाके बाद ।

postfix पोस्ट्'फ़िक्स् v.t. प्रत्यय लगाना, प्रत्यय जोड़ना ।

post-glacial पोस्ट्-ग्ले'शॅल् a. हिमयुगोत्तर, उत्तर हिमयुगीय ।

post-graduate पोस्ट्-ग्रै'ड्यूॲट् a. स्नातकोत्तर, परस्नातक ।

post-gram⊙ पोस्ट्'ग्रैम् n. तार-पत्र ।

post hoc ergo propter hoc (L) (दर्श०) यत्पूर्वं तत्कारणम्, बादकी घटना^Fको हेतु समझनेका हेत्वाभास ।

posthumous पॉस्'च्यूमॅस् a. मरणोत्तर, निधनोत्तर; पितृमरणोत्तर, पितृनिधनोत्तर-जात (~ *child*); मरणानन्तर-प्रकाशित (~ *book*) ।

posthumously –लि adv. मृत्यूपरान्त, मरणानन्तर ।

postiche¹ पॉस्टीश' n. क्षेपक, प्रक्षेप; खोट, जाल; कृत्रिम केशगुच्छ, कृत्रिम सज्जा^F ।

postiche² a. कृत्रिम, अस्वाभाविक, बनावटी, दिखावटी, जाली, नकली ।

posticous पॉस्टाइ'कॅस् a. बहिरस्थ, पार्श्वस्थ ।

postil पॉस्'टिल् n. पार्श्व-टिप्पणी^F, पार्श्व-टीका^F, हाशियेपरका नोट, (विशे० बाइबिल^Fका); भाष्य, टीका^F, व्याख्या^F, आलोचना^F ।

postilion, -llion पॅस्टि'ल्यॅन्, –ल्यॅन् n. अश्वारूढ़, सारथि या गाड़ीवान ।

postillate पॉस्'टिलेट् v.t. & i. टिप्पणी^F करना, व्याख्या^F करना; धर्मोपदेश करना, उपदेश देना, धर्म-व्याख्यान देना ।

postillation –ले'शॅन् n. टिप्पणीयन, व्याख्याकरण, धर्मोपदेशन, उपदेशन, धर्मव्याख्यान ।

posting पोस्'टिंग् n प्रपंजीयन, प्रपंजीकरण, (वाणि०) खतियाना, रजिस्टरमें चढ़ाना; दर्ज करना; डाक^Fमें डालना; डाक^F भेजना; प्रेषण, भेजना; नियुक्ति^F, (का०) स्थापना^F, पदस्थापना^F; तैनाती^F; ~ guard रक्षीनियोजन, गारद तैनात करना; ~ order तैनाती आदेश; ~ sheets प्रविष्टिपत्र, इन्द्राजपत्र ।

postliminy पोस्ट्लि'मिनि n. स्वदेशागमन-अधिकार, अपने देश आनेका अधिकार; (सन्धि^Fके अनन्तर) सम्पत्ति-प्रत्यर्पण, छीनी हुई सम्पत्ति^F वापस करना ।

postlude पोस्ट्'ल्यूड् n. अन्तिम गति[F], आखिरी गति[F], आखिरी चाल[F]।

postmaster पोस्ट्'मास्टर् n. (आक्सफोर्ड) मर्टन महाविद्यालयका छात्र; दे० POST[4] भी।

post meridiem (L) adv. अपराह्न, मध्याह्नोत्तर।

post-meridian पोस्ट्-मि'रि'डिॲन् n. (यन्त्र०, परि०) अपराह्न।

post mortem पोस्ट्'मॉर'टे'म् (L) n. (पशुपालन) **शव-परीक्षा**[F], (मरणोत्तर), आशुमृतकशव परीक्षा[F]; a. (का०, चि०) **मरणोत्तर**, मरणकालान्तर; adv. मरणोपरान्त, मरनेके पश्चात्।

post-mortem[2] a. मृत्यूत्तर, मरणकालीन, मरणोत्तर, मृत्यूपरान्त, (~ *examination*)।

post-mortem[3] adv. मृत्यूत्तर, मृत्यूपरान्त, मरणान्तर, मृत्युपश्चात्।

postnatal पोस्ट्-ने'टॅल् a. (का०) **जन्मोत्तर**, प्रसवोत्तर (~ *care*)।

postnuptial पोस्ट्-नप्'टॅल् a. परिणयानन्तर, (का०) **विवाहोत्तर**, विवाहानन्तर, विवाहोपरान्त, विवाहके बाद।

post-obit[1] पोस्ट्-ऑ'बिट् n. मरणोत्तरी बन्धपत्र।

post-obit[2] a. (का०) **मरणोत्तर-प्रभावी**, मरणोपरि लागू होनेवाला; ~ bond (का०) **मरणोत्तर-प्रभावी बन्ध**।

post-oral पोस्ट्-ऑ'रॅल् a. मुखपृष्ठीय, पृष्ठमुखीय, मुँहके पीछेवाला।

post-partum पोस्ट्-पार्'टॅम् a. (चि०) जन्मोत्तर, **प्रसवोत्तर**।

post-pliocene पोस्ट्-प्लाइ'ॲसीन् a. नवनूतनकालोत्तर, उत्तरनवनूतनकालीन।

postponable पोस्ट्पो'नॅबॅल् a. व्याक्षेप्य, विलम्ब्य, स्थगनीय, विस्थगनीय, स्थगित करने योग्य, टालने योग्य।

postpone –न् v.t. & i. स्थगित करना, विस्थगित करना, व्याक्षेप करना, विलम्बित करना, (का०) **आगे बढ़ाना**, टालना; (का०) **मुल्तवी**[F] **करना**; (किसी वस्तुको दूसरीसे) हेय समझना, घटकर मानना; (निदान०, जूड़ी[F] आदिका) समयोपरान्त आना, विलम्बसे आना, देर[F]से आना।

postponed –ड्' a. स्थगित।

postponement –न्'मॅन्ट् n. स्थगन, विस्थगन, विलम्बन, व्याक्षेप (~ *certificate*) **मुल्तवी**[F], (का०) **आगे बढ़ाना**।

postponer –नॅर् n. व्याक्षेप्ता, विलम्बयिता, स्थगनकर्ता, विस्थगनकर्ता, स्थगित करनेवाला, टालनेवाला।

postposition पोस्ट्पॅज़ि'शॅन् n. (व्या०) परसर्ग, सम्बन्धवाचक प्रत्यय, सम्बन्धद्योतक अव्यय।

postpositive पोस्ट्पॉ'ज़िटिव् a. अनुयोजित, प्रत्ययित, बादमें जोड़ा हुआ।

postprandial पोस्ट्प्रैन्'डिॲल् a. भोजनोत्तर, भोजनानन्तर, भोजनोपरान्त, शाम[F]के खानेके बादका (~ *oration*)।

postrorse ⊙ पॉस्'ट्रॉर्स् a. पृष्ठप्रवण, पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर झुका हुआ; अधःप्रवण, अधोभिमुख, नीचेकी ओर झुका हुआ।

postscenium पोस्ट्सी'निॲम् n. पृष्ठ-रंगमंच, रंगमंच-पृष्ठ, रंगमंचका पिछला भाग, थियेटरका पिछला हिस्सा।

postscript पोस्'स्क्रिप्ट् n. अनुलेख, पश्चलेख, पुनश्च (लेख), उपलेख, बादमें जोड़ा गया अंश; अनुवार्ता[F], उपवार्ता[F], पुनर्वार्ता[F]।

post-tertiary पोस्ट्-टर्'शॅरि a. तृतीयकोत्तर, उत्तर-तृतीय-युगीन।

postulant पॉस्'ट्यूलॅन्ट् n. प्रत्याशी, अभ्यर्थी, अध्यर्थी, प्रवेशार्थी, उम्मीदवार; धर्म-जिज्ञासु।

postulata (L) n. वांछित वस्तुएँ[F]।

postulate[1] –लॅट् n. आधार-तत्त्व, आधारभूत तत्त्व, परमसिद्धान्त; परिग्रह, स्वीकृतपक्ष, **स्वीकृत तथ्य**, (ग०) स्वतःसिद्ध प्रमाण, गृहीतपद, पूर्वानुमान, पूर्वधारणा[F], उपधारणा[F]; उपधारण, उपग्रहण; (रसा०) **मूल-कल्पना**[F], शर्त[F], मूल शर्त[F]; (रेखा०) स्वयंसिद्धि[F]।

postulate[2] –लेट् v.t. & i. उपधारण करना, उपग्रहण करना, परिग्रह करना, परिकल्पना[F] करना, स्वीकृत करना, मान लेना, स्वीकार करना; बन्धक रखना, प्रतिबन्ध लगाना, शर्त[F] रखना; आवश्यकता[F] प्रकट करना, चाहना, माँगना; (ईसाई कानून) अनुशासापेक्ष नामांकन या निर्वाचन करना।

postulate[3] –लॅट् a. **अभिगृहीत**।

postulation –ले'शॅन् n. अभियाचना[F], अध्यर्थना[F]; परिग्रह; परिकल्पना[F], अनुमान; उपधारणा[F], उपाग्रह, पूर्वधारणा[F], पूर्वग्रहण; मूल प्रतिबन्ध, खास शर्त[F]; अनुशासापेक्ष नामांकन या निर्वाचन।

postulator –'ट्यूलेटॅर् n. अभियाचक, अध्यर्थक; परिग्राहक; परिकल्पक; उपधारक, पूर्वधारक, पूर्वाग्रही।

postulatory –लॅटॅरि a. अभियाचकीय, अध्यर्थकीय; अभियाचनायुक्त, अध्यर्थी; उपधारणशील, परिग्रहशील; उपधारकीय, उपधारणायुक्त; परिकल्पनीय।

postural पॉस्'ट्युॲरॅल् a. संस्थितीय, संस्थिति-विषयक, (चि०) **स्थिति-**, संस्थान-सम्बन्धी, चालढाल[F]का; अंगविन्यास-विषयक, कायिक चेष्टा-सम्बन्धी, हाव-भावका; नाट्य-सम्बन्धी।

posture[1] –र् n. संस्था[F], संस्थिति[F], संस्थान; कायिक चेष्टा[F], (चि०, शिक्षा०) **आसन**, बन्ध, अंगविन्यास, हाव-भाव; नाट्य, चोचला, चाल-ढाल[F]; अन्तर्दशा[F], (शिक्षा०) **अंगस्थिति**[F], मनःस्थिति[F], (चि०) **स्थिति**[F], दशा[F], रंग, हालत[F], रंग-ढंग, हाल-चाल[F]; ~-maker नट, करतबी; ~-master नटविद्या-गुरु, व्यायामगुरु, व्यायामशिक्षक।

posture[2] v. t. & i. अंग-विन्यास करना, आसनमें आना या बैठना; ढंगसे रखना, कोई विशेष स्थिति[F] ग्रहण करना, रंग पकड़ना, रंग-ढंगमें आना, किसी साँचेमें ढलना।

posturer –रॅर् n. अंग-विन्यासक, नट, हाव-भाव-प्रदर्शक,

चोचलेबाज।

posturist –रिस्ट् n. अंग-विन्यास-विद्, कायिक-चेष्टा-वेत्ता, अभिनय-वेत्ता, हाव-भावका जानकार।

posy पो'ज़ि n. (प्रा०) लेख, मुद्रिका-लेख, अंगुलीयक-लेख, रत्न-लेख; कुसुमस्तवक, पुष्पगुच्छ, गुलदस्ता; ~ ring आप्तवाक्ययुक्त मुद्रिका^F या अँगूठी^F।

profess प्रॅफ़े`स्' v.t. & i. दम्भ करना, गर्वोक्ति^{F} करना, दम भरना, डींग^F हाँकना, शेखी^{F} बघारना, दावा करना; ख्यापन करना, ज्ञापन करना, प्रकाशन करना, प्रदर्शन करना (*they ~ extreme regret*); घोषणा^{F} करना, प्रचार करना, खुलेआम कहना; स्वीकार करना, अंगीकार करना, (विधा०) **मानना;** (धर्म आदिमें) आस्था^{F} प्रकट करना, विश्वास प्रकट करना; वृत्ति^{F} अपनाना, पेशा अख्तियार करना; प्राध्यापन करना, पढ़ाना, प्रोफेसरी^{F} करना ।

professed –ड्' a. स्वज्ञापित, स्वीकृत, अंगीकृत, आत्मज्ञापित; ख्यात, प्रसिद्ध, प्रकट, सुप्रकाशित, तथाकथित; दम्भी, आत्मज्ञापक; ~ monk, nun व्रतधारी, संन्यासी या संन्यासिनी^{F} ।

profession –'शॅन् n. उक्ति^{F}, वचन, स्पष्टोक्ति^{F}, प्रकाशोक्ति^{F}, प्रकाशवचन; घोषणा^{F}, ज्ञापन, ख्यापन; अंगीकार, स्वीकार, मान्यता^{F}, आस्था^{F}, आस्था-प्रकाश, विश्वास-प्रकाश (*accept my sincere ~ of regard*); व्रत, प्रतिज्ञा^{F}; (विधा०, चि०, राज०) वृत्ति^{F}, (~*tax*), उद्यम, (विधा०, चि०, राज०) **व्यवसाय,** व्यापार, उपजीविका^{F}, धन्धा, (विधा०, चि०, राज०) **पेशा,** रोजगार (*carpenter by ~*) ।

professional^1 –नॅल् n. उद्यमी, व्यवसायी, कामकाजी, रोजगारी; व्यावसायिक खिलाड़ी, पेशेवर खिलाड़ी ।

professional^2 a. (का०, चि०) वृत्तिक, व्यावसायिक, व्यवसायी, **पेशावर,** पेशेवर;

~ ability, ~ adjustment, ~ advice, ~ capacity, ~ college, ~ development, ~ diplomatist, ~ ethics, ~ etiquette, ~ examination, ~ experience, ~ income, ~ institution, ~ jealousy, ~ journal, ~ matters, ~ men, ~ nature, ~ opinion, ~

qualification, ~ secret, ~ training, ~ trend, ~ valuation.

professionalism –लिज़्म् n. व्यवसायवाद; वृत्तिता[F], व्यावसायिकता[F]; व्यवसायीकरण, पेशेवर लोगोंका नियोजन।

professionalize –लाइज़् v.t. व्यवसायीकरण करना, पेशेवर बनाना।

professionless –लिॅस् a. व्यवसायहीन, कामधन्धारहित, बेकार, बेपेशा।

professor प्रॅफ़ेॅसॅर् n. धर्मव्यवसायी, महन्त, पण्डा; **प्राध्यापक, आचार्य, प्रोफ़ेसर;** (बोल०) व्यवसायी, व्यावसायिक।

professorate –रॅट् n. प्राध्यापकपद, प्राध्यापकी[F], प्रोफ़ेसरी[F]; प्राध्यापकवर्ग।

professoress –रिॅस् n. प्राध्यापिका[F], महिला[F] प्राध्यापक, प्रोफ़ेसरानी[F]।

professorial प्रॉफ़िॅसॉ'रिॲल् a. प्राध्यापकीय, प्राध्यापकोचित।

professoriate –ॲट् n. प्राध्यापक-संघ, प्राध्यापक-वर्ग।

professorship प्रॅफ़ेॅसॅर-शिप् n. प्राध्यापकी[F], प्राध्यापक-पद, प्रोफ़ेसरी[F]।

proffer[1] प्रॉ'फ़ॅर् n. भेंट[F], समर्पण, अर्पण, प्रदान।

proffer[2] v.t. (उपहार, सेवाएँ[F] आदि) भेंट[F] करना, समर्पित करना, अर्पित करना, प्रदान करना, दे देना।

profferer –रॅर् n. अर्पक, समर्पक।

proficiency प्रॅफ़ि'शॅन्सि n. कौशल, कुशलता[F], नैपुण्य, पाटव, सुविज्ञता[F], (शिक्षा०) **प्रवीणता[F]**, दक्षता[F], विशेष योग्यता[F];
~ certificate, ~ test.

proficient –न्ट् a. कुशल, **प्रवीण,** निपुण, पटु, दक्ष, निष्णात, विचक्षण, पारंगत, अभिज्ञ, लब्धज्ञान, विशेषज्ञ।

profile[1] प्रो'फ़ील्, प्रो'फ़ाइल् n. **पार्श्विका[F], पार्श्व-चित्र,** अर्धमुखचित्र, एकरुखी तस्वीर[F]; **अनुदैर्घ्य** (~ *levelling*); पार्श्वदृश्य, **पार्श्वरूप, रूपरेखा[F], बाह्य रूपरेखा[F],** चपटा खाका, एकरुखा खाका; मिट्टी[F]का धुस्स; दुर्गका तिरछा खड़ा भाग।

profile[2] v.t. पार्श्वचित्र खींचना, एकरुखी तस्वीर[F] बनाना।

profilist प्रो'फ़ी(फ़ाइ)लिस्ट् n. पार्श्वचित्रकार, एकरुखी तस्वीर[F] खींचनेवाला।

profit[1]* प्रॉ'फ़िट् n. (अर्थ०) **लाभ*,** हित, फल, अर्थ-कल्याण, उपकार, फ़ायदा, नफ़ा, **मुनाफ़ा;** ब्याज, सूद (प्रायः बहुव०में); ~-sharing (अर्थ०) **लाभ-सहभाजन।**

profit[2] v.t. & i. लाभ होना, हित होना, अर्थकर होना, लाभ देना; लाभ उठाना, लाभान्वित होना, फ़ायदा उठाना (*hope to ~ by your advice*)।

profitable –टॅबॅल a. सलाभ, लाभप्रद, लाभकर, (का०) **लाभकारी, लाभदायक,** अर्थकर, फलप्रद, फलावह, हितकर, उपयोगी, फ़ायदेवाला, मुनाफ़ेवाला।

profitableness –'निॅस् n. लाभकारिता[F], लाभप्रदता[F], लाभदायकता[F], अर्थकरता[F], फलप्रदता[F]; फलावहता[F], हितकरता[F], उपयोगिता[F], उपयुक्तता[F]।

profit a prendre (का०) **परस्वभोग।**

profiteer[1] प्रॉफ़िटीऑर् n. वार्धुषिक, अतिलाभ-भोगी, अपलाभी, नफ़ाख़ोर, मुनाफ़ाख़ोर, सूदख़ोर।

profiteer[2] v.i. अनुचित लाभ उठाना, अति लाभ लेना, नफ़ाख़ोरी[F] करना, मुनाफ़ाख़ोरी[F] करना, सूदख़ोरी[F] करना।

profiteering –'रिंग् n. अपलाभ, (अर्थ०) **मुनाफ़ाख़ोरी[F],** अनुचित लाभ उठाना।

profitless प्रॉ'फ़िट्-लिॅस् a. निर्लाभ, लाभरहित, निष्फल, व्यर्थ, निष्प्रयोजन, निरर्थक, बेफ़ायदा, बेकार।

profitlessness –निॅस् n. निर्लाभता[F], लाभराहित्य, निष्फलता[F], निष्प्रयोजनता[F], निरर्थकता[F]।

profligacy प्रॉ'फ़्लिगॅसि n. दुराचार, दुर्वृत्तता[F], कामुकता[F], लम्पटता[F], व्यभिचारिता[F], भोगासक्तता[F], व्यसन, भोगासक्ति[F], चरित्रभ्रष्टता[F], लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिता[F], उड़ाऊपन, लुटाऊ।

profligate –गॅट् a. & n. दुराचारी, दुर्वृत्त, कामुक, लम्पट, व्यभिचारी, भोगासक्त, व्यसनी, नष्टचरित्र, (का०) **दुश्चरित्र, चरित्रहीन,** चरित्रभ्रष्ट, बदकार, लुच्चा; अतिव्ययी, अपव्ययी, उड़ाऊ, लुटाऊ।

profligateness –निॅस् n. दुराचारिता[F], दुर्वृत्तता[F], कामुकता[F], लम्पटता[F], व्यभिचारिता[F], चरित्रभ्रष्टता[F], बदकारी[F], लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिता[F], उड़ाऊपन, लुटाऊपन।

profluent प्रो'फ़्लुॲन्ट् a. अग्रवाही, अग्रप्रवाही, आगेकी ओर बढ़नेवाला।

pro forma (L) adv. रूपार्थ, निदर्श।

profound[1] प्रॅफ़ॉउन्ड्' n. (का०) अगाधता[F], अतलता[F], गहनता[F], गूढ़ता[F], गाम्भीर्य, गम्भीरता[F], गहराई[F], समुद्र, सागर।

profound[2] a. सूक्ष्म, गहन, अगाध, अथाह, गम्भीर, (~ *treatise*); परम, व्युत्पन्न, उद्भट, निष्णात, प्रकाण्ड, पारंगत (~ *scholar*); गूढ़, निगूढ़, दुर्ज्ञेय, दुर्गम्य, परम गहन; अत्यन्त, अत्यधिक; तीव्र, हार्दिक; अतिगम्भीर, गाढ़, घना, गहरी (~ *sleep*)।

profoundness, profundity –निॅस्, प्रॅफ़न्'डिटि nn. गाम्भीर्य, गूढ़ता[F], प्रगाढ़ता[F], अगाधता[F], गहनता[F], घनता[F], गाढ़ता[F], घनापन, गहराई[F]।

profuse प्रॅफ़्यूस्' a. अमितव्ययी, अतिव्ययी, अपव्ययी, फ़िज़ूल-ख़र्च; मुक्तहस्त, अत्युदार, परम दानी, लुटाऊ; प्रभूत, प्रचुर, विपुल, अतुल, अतिशय, अत्यधिक, भरपूर, बहुत।

profuseness, profusion –'निॅस्, –यूॅज़ॅन् nn.

अमितव्यय; अतिव्यय, अपव्यय, फिजूल खर्च; मुक्तहस्तता^{F}, अत्युदारता^{F}; प्रभूतता^{F}, प्राचुर्य, प्रचुरता^{F}, विपुलता^{F}, समृद्धि^{F}, बाहुल्य, अतुलता^{F}, अतिशयता^{F}, उद्रेक, बहुतायत^{F} ।

profusive –'सिव् a. अपव्ययी, अतिव्ययी, अति उदार ।

prog^{1} प्रॉग्' n. खाद्य, खाद्य-सामग्री^{F}, भोजन-सामग्री^{F} ।

prog^{2} v.t. छुरा मारना, चुभोना, भोंकना, छुरेसे वध करना; अलग कर देना, छाँटना ।

prog^{3} v.t. = PROCTORIZE.

progenitive प्रॅजे'निटिव् a. प्रजनन-क्षम, प्रजननिक, प्रजनन-सम्बन्धी ।

progenitor –टॅर् n. पिता, (का०) **जनक, प्रजनक,** प्रजनयिता; कुलपुरुष, (का०) **पूर्वज,** पूर्वपुरुष, पुरखा, बुजुर्ग; प्रजापति; (ला०) मनीषी, सज्ञान, सयाना; मूल, मूल प्रति^{F} ।

progenitorial –टॉ'रिॲल् a. पिता-विषयक, प्रजनयिता-सम्बन्धी, पूर्वजीय; प्रजापति-विषयक; मूल-सम्बन्धी ।

progenitorship –'निटॅर्-शिप् n. प्रजापतित्व; ज्येष्ठता^{F}, बुजुर्गी^{F} ।

progenitress –ट्रिस् n. प्रजननी^{F}, जनयित्री^{F} ।

progeniture –च्युॲर् n. प्रसव, प्रजनन; प्रजा^{F}, सन्तानोत्पत्ति^{F}, सन्तति^{F}, सन्तान^{F} ।

progeny प्रॉ'जिनि n. प्रजा^{F}, अपत्य, (जीव०, दति०, पशुपालन, कृषि०) सन्तति, (~ *row*, ~ *lest*), सन्तान^{F}, नस्ल^{F}, (ला०) फल, परिणाम, निष्कर्ष, नतीजा ।

progeria प्रोजीॲ'रिॲ n. (चि०) **अकालजरा^{F}** ।

prognathic प्रॉग्नै'थिक् a. = PROGNATHOUS.

prognathism –'नॅथिज़्म् n. (चि०) बहिर्हनुकता^{F}; जबड़ेका बाहरकी ओर निकला होना; उद्हति^{F}, प्रक्षेपिता^{F}, प्रक्षेपात्मकता^{F}, बहिःक्षेपात्मकता^{F}, बाहरकी ओर निकला होना ।

prognathous –थॅस् a. (चि०) बहिर्हनुक, जिसका जबड़ा बाहरकी ओर निकला हुआ है; प्रक्षेपी, प्रक्षेपात्मक, बहिःक्षेपात्मक, बाहरकी ओर निकला हुआ ।

prognose प्रोग्नोस्' v.t. प्रबोध करना, शकुन बताना, लक्षण बताना, फलानुमान करना, पूर्वसूचना^{F} देना, अग्रसूचना^{F} देना; (चि०) पूर्वज्ञापन करना, साध्यासाध्यता^{F}का ।

prognosis –'सिस् n. प्रबोध, शकुन, लक्षण, (शिक्षा०, कृषि०) फलानुमान, पूर्वसूचना^{F}, अग्रसूचना^{F}, (चि०) साध्यासाध्यता^{F}-प्राक्-ज्ञान ।

prognostic^{1} –नॉस्'टिक् n. शकुन, लक्षण, पूर्वचिह्न, पूर्वसंकेत, पूर्वाभास, भविष्यकथन, भविष्यवाणी^{F}; (चि०) प्राक्ज्ञान विषयक ।

prognostic^{2} a. शकुनात्मक, लक्षणात्मक, पूर्वचिह्नात्मक, पूर्वसंकेतात्मक, भविष्यकथनात्मक, अग्रसूचक ।

prognosticable –कॅबॅल् a. पूर्वसूचनीय, भविष्यवचनीय, भविष्यवाणी^{F} करने योग्य ।

prognosticate –केट् v.t. पूर्वज्ञापित करना, भविष्यवाणी^{F} करना, आगम कहना, पूर्वसूचना^{F} देना; पूर्वसंकेत करना, लक्षण बताना, चिह्न प्रकट करना; (चि०) साध्यासाध्यता^{F}का कथन करना ।

prognostication –केशॅन् n. पूर्वज्ञापन, भविष्यकथन; पूर्वसंकेत, शकुन, पूर्वलक्षण, पूर्वसूचना^{F}, भविष्यवाणी^{F} ।

prognosticative, prognosticatory –'टिकेटिव्, –टॅरि aa. पूर्वज्ञापनात्मक, भविष्यकथनात्मक, पूर्वसूचक, पूर्वसूचनात्मक, शकुनकारी ।

prognosticator –टॅर् n. पूर्वलक्षणज्ञ, आगमवक्ता, भविष्यवक्ता, शकुनकारी; (चि०) साध्यासाध्यता^{F}-विशेषज्ञ ।

prognostics –क्स् n. पूर्वसूचना^{F}, भविष्यवाणी^{F}, ऋतु-वार्ता^{F}, (ऋतु०) ऋतु **अनुमानिकी^{F}, मौसम-वार्ता^{F},** ऋतु-सूचना^{F}; (चि०) साध्यासाध्यता^{F}-विज्ञान ।

program ⊙, -me^{1} प्रो'ग्रैम् n. **कार्यक्रम,** योजना^{F}, कार्यसूची^{F}, आयोजन, **पुरोगम,** पेशनामा, **प्रोग्राम;** ~-music क्रमिक संगीत; ~-picture क्रमिक चलचित्र;

~ assistant, ~ branch, ~ delivery, ~ executive, ~ indent, ~ material, ~ meeting, ~ parade, ~ publicity, scrutiny, ~ ~ secretary, ~ staff.

programmatic –ग्रॉमै'टिक् a. कार्यक्रमीय, योजना-विषयक, प्रोग्रामसे सम्बन्धित; (कथात्मक या दृश्यात्मक) संगीत-सम्बन्धी ।

program (me)^{2} प्रोग्रैम् v.t. कार्यक्रम बनाना, योजना^{F} तैयार करना ।

programmed –ड् a. कार्यक्रमबद्ध, योजनाबद्ध, **पूर्व-योजित** (~ *delivery*) ।

progress प्रोग्रि'स् n. प्रगमन, पुरस्सरण, प्रसरण, प्रक्रमण, प्रयाण; वृद्धि^{F}, उत्कर्ष, उत्क्रमण, उत्थान, उन्नति^{F}, **प्रगति^{F}** (*made slow* ~); विकासावस्था^{F}; (प्रा०) राजयात्रा^{F}, शासकीय प्रवास, प्रस्थान (*royal* ~);

~ card, ~ chart, ~ clerk, ~ office, ~ record, ~ register, ~ report, ~ representative, ~ return, ~ statement.

progress^{2} प्रॅग्रे'स् v. i. प्रगमन करना, पुरस्सरण करना, प्रसरण करना, प्रक्रमण करना, प्रयाण करना; उत्कर्ष करना, उत्थान करना, उन्नति^{F} करना, प्रगति^{F} करना, आगे बढ़ना ।

progression –'शन् n. वृद्धि^{F}, विकास, उन्नति^{F}, प्रगति^{F}, बढ़ाव, (गणि०, अर्थ०) **श्रेढ़ी^{F},** श्रेणी^{F}, (संगीत) आरोह-अवरोह, स्वरक्रम ।

progressional – शनल् a. वृद्ध्यात्मक, विकासात्मक, प्रगत्यात्मक; श्रेढ़ीय, श्रेणीय; स्वरक्रमीय, क्रमिक.

क्रमबद्ध, सिलसिलेवार।

progressionism –निज़्म् n. प्रगतिवाद, विकासवाद।

progressionist –निस्ट् n. प्रगतिवादी, प्रगतिसमर्थक, विकासवादी।

progressist प्रो (प्रॉ)'ग्रे'सिस्ट a. विकासवादी, प्रगतिवादी।

progressive[1] प्रॅग्रे'सिव् n. प्रगतिवादी व्यक्ति, प्रगतिसमर्थक मनुष्य।

progressive[2] a. बढ़ती, **प्रगामी**, प्रगमनशील, प्रगत्युन्मुख, वर्धनशील, विकासोन्मुख, **वर्धमान**, ऊर्ध्वगामी; अनुक्रमिक, क्रमिक, उत्तरोत्तर, क्रमशः वर्धमान (~ *tax*); **प्रगतिशील**, उन्नतिशील; प्रगतिवादी, सुधार-समर्थक; ~ increase उत्तरोत्तर वृद्धि[F];

~ average, ~ change, ~ development, ~ education, ~ effect, ~ expenditure, ~ growth, ~ improvement, ~ literature, ~ motion, ~ nation, ~ phase, ~ population, ~ principles, ~ reduction, ~ sampling, ~ tax, ~ taxation, ~ total, ~ wave.

progressivly –लि adv. अनुक्रमेण, क्रमशः, उत्तरोत्तर, अधिकाधिक।

progressiveness –निॅस् n. प्रगति[F], उन्नति[F]; प्रगतिप्रियता[F], प्रगतिशीलता[F], प्रगतिवादिता[F], विकासशीलता[F], विकासोन्मुखता।

progressivism –विज़्म् n. प्रगतिवाद, प्रगतिशीलता[F]।

pro hac vice (L) adv. इस अवसरपर।

prohibit प्रॅहि'बिट् v. t. **निषेध करना, प्रतिषेध करना**, प्रतिषिद्ध करना, निषिद्ध करना, वर्जित करना, निवारण करना, मना करना, रोकना; प्रत्यादेश करना, प्रतिबन्ध लगाना, निरोध करना, बाधा[F] पहुँचाना।

prohibited – टिॅड् a. प्रतिषिद्ध, **निषिद्ध, वर्जित, मना**।

~ area, ~ article, ~ degree, ~ goods, ~ immigrant, ~ place, ~ zone.

prohibiter, prohibitor –टॅर्, –टॅर् nn. निषेधक, प्रतिषेधी, वर्जक; प्रतिबन्धक।

prohibition प्रोइबि'शॅन् n. **प्रतिषेध, निषेध**, वर्जन, प्रत्यादेश, निवारण, रोक[F], मनाही[F]; मद्यनिषेध, शराबबन्दी[F], नशाबन्दी[F]; प्रतिषेध-पत्र, निषेधपत्र; निषेध-नियम, (कानून) निषेधाज्ञा[F]।

prohibitionary – नॅरि a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, वर्जनात्मक; प्रतिषेध-विषयक, निषेध-सम्बन्धी, वर्जन-सम्बन्धी, रोक[F]का।

prohibitionism –निज़्म् n. मद्य-निषेधवाद।

prohibitionist –निस्ट् n. मद्य-निषेधवादी।

prohibitive प्रॅहि'बिटिव् a. प्रतिषेधात्मक, निषेधक, निषेधशील, रोकनेवाला।

prohibitiveness –निॅस् n. प्रतिषेधात्मकता[F], निषेधात्मकता[F], निषेधकता[F], प्रतिषेधकता[F]।

prohibitor –टॅर् n. निषेधक, निवारक, दे० PROHIBITER.

prohibitoy –रि a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, प्रतिषेधी, निवारक, निषेधक, निषेधी, प्रतिषेधार्थक, निषेधबोधक, निषेधवाची; ~order निषेधाज्ञा[F]।

proh pudor (L) con. शरम!

project[1] प्रॉ'जेक्ट् n. प्रक्षेप; प्रकल्प, उपाय, प्रयोग, परियोजना[F], **प्रायोजना**[F], (~ *officr*), युक्ति[F], **निर्माण-योजना**[F] (~ *estimates*), खाका, प्लान, प्रोजेक्ट।

project[2] n. विधेयक, ड्राफ्ट, मसौदा।

project[3] v. t. & i. **प्रक्षेपण करना**; परियोजना[F] बनाना, युक्ति[F] सोचना, जुगुत[F] सोचना, विचारना, खाका खींचना, प्लान तैयार करना; निरूपण करना, मानस चित्र बनाना; **फेंकना**, डालना; प्रविष्ट करना, पैठना; मिश्रण करना, मिलाना, घोलना; (प्रकाश या छाया[F]) प्रक्षिप्त करना, डालना; (ला०) साकार करना, स्वरूप देना, प्रत्यक्ष आकार देना; (रेखा०) विक्षेपण करना, प्रत्यालेख करना, आगेकी ओर बढ़ाना; मानचित्र बनाना, नकशा बनाना; बहिर्गत होना, बहिर्लम्बित होना, उभरा हुआ होना।

projected –'टिॅड् a. क्षिप्त, **प्रक्षिप्त**, निकला हुआ।

projectile[1] प्रॅजे'क्टिल् n. अस्त्र, प्रक्षेपणीय गोली[F], तोप[F]का गोला इत्यादि।

projectile[2] n. प्रेरक, प्रक्षेपी, उत्तेजक, फेंकनेवाला, उकसानेवाला (~ *force*); दूरवेधी, (गणि०, भौ०) **प्रक्षेप्य**, (~ *motion*), प्रक्षेपणीय, (गणि०, भौ०) प्रक्षिप्त, छूटनेवाला, दगनेवाला।

projecting –टिंग् a. प्रलम्ब, **प्रक्षेपी** (~ *lantern*, ~ *microscope*), **प्रक्षिप्त**, (~ *bluff*), उत्तुंग, उदग्र, बहिर्वर्ती।

projection –'शॅन् n. **प्रक्षेपण**, (सांख्य०) **बहिर्वेशन**, फेंकाई[F], डलाई[F]; ~ धातुरूपान्तर, धातुपरिवर्तन; (प्रा० भू०, गति० वि०) **प्रक्षेप**, योजना[F], (अर्थ०) **प्रायोजना**[F], उपाय, खाका, प्लान; मानचित्र, नकशा; प्रलम्बन, प्रलम्बता[F], उदग्रता[F], उभार; धक्का, दपेट, झपेट, ठेला, झोंक[F]; प्रत्यालेख, अवलेख; मनःचित्र, मनमोदक, कपोलकल्पना[F]; चलचित्र-प्रदर्शन; निर्गत भाग; ~ lantern **चित्रदर्शी लालटेन, चित्रप्रक्षेपी लालटेन**; powder of ~ पारस पत्थरका चूर्ण;

~ box, ~test, ~ fibre, ~ map, ~ room.

projectioal – नॅल् a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपण-सम्बन्धी, फेंकाईका, डलाईका; धातुरूपान्तर-विषयक, धातुपरिवर्तन-सम्बन्धी; प्रक्षेप-विषयक, योजना-सम्बन्धी, खाकेका, तजवीजवाला; प्रलम्बनीय, उभारका; धक्केका, दपेटका, झपेटका; प्रत्यालेख-विषयक, अवलेख-सम्बन्धी; मनःचित्र-विषयक मनमोदक-सम्बन्धी, कपोलकल्पना-सम्बन्धी।

projectionist –निस्ट n. चलचित्र-प्रदर्शक, फिल्म दिखानेवाला।

projective –'टिव् a. (रेखा०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपीय, प्रलम्बी, प्रक्षेपात्मक, प्रक्षेपजन्य; मनःकल्पनात्मक; मनःजात, मनोद्भूत;
 ~ geometry, ~ imagination, ~ invariant, ~ property.

projecetor – टॅर् n. योजक, प्रक्षेपक, (~ *room*), फेंकनेवाला; योजनाकार; निरूपक, मंसूबा बाँधनेवाला; झूठी व्यापारिक कम्पनियोंFकी उन्नतिF करनेवाला; (चलचित्र) दर्शित्र, चित्रदर्शी, प्रक्षेपणयंत्र (~ *lens*)।

projecture – क्चॅर् n. प्रक्षेप, उभार, बाहरकी ओर निकला होना; प्रक्षिप्त भाग, उभरा हुआ भाग, बाहर निकला हुआ हिस्सा।

prolabium प्रॅले'बिॲम् n. अरुण ओष्ठ, रक्त होंठ, होंठोंका लाल हिस्सा, बहिरोष्ठ, बाहरी होंठ, होंठोंका बाहरी हिस्सा।

prolapse प्रॅलैप्स्' n. स्थानान्तरण, (चि०, कृषि०) भ्रंश, अंगभ्रंश, अंगच्युतिF, स्थानभ्रष्टताF, स्थानभ्रंश, स्थानच्युतिF।

prolapsus –सस् n. = PROLAPSE.

prolate, prolated प्रो'लेट्, –टिड् aa. (रेखा०) अण्डाकार, प्रवर्दीर्घ; (गणि०, भौ०) दीर्घाक्ष, (~ *spheroid*), उच्चाक्ष; विस्तारशील; (ला०) अतिविस्तृत; दीर्घोच्चरित।

prolation प्रॅले'शॅन् n. विस्तार; दीर्घोच्चारण।

prolative प्रॅले'टिव् a. (व्या०) विधेय-विस्तारी।

prolegomenary, prolegomenous प्रोलिॅगॉ'मिॅनॅरि, –नस् aa. उपोद्घातीय, प्राक्कथनीय, प्रास्ताविक।

prolegomenon –नॅन् n. (pl. *-na*) उपोद्घात, प्राक्कथन, प्रस्तावनाF, (शिक्षा०) पूर्वपीठिकाF, भूमिकाF।

prolepsis प्रॅले' (ली)प्'सिस् n. पूर्वादान, पूर्वग्रहण, पूर्वसमाधान, पूर्वाभास, अनुमान, पूर्वकल्पनाF; (व्या०, विशेषणोंका) अनुमानपूर्व प्रयोग, (वैद्यक०) रोग प्राग्ज्ञान; पूर्वप्रवेगागम, अपेक्षितकालसे पूर्व रोगका दौरा आना।

proleptic, -al –'टिक्, –ॲल् aa. (चि०) भविष्य-कथनात्मक; पूर्वागत; पूर्वादानीय, पूर्वग्रहणात्मक, पूर्वसमाधानात्मक, अनुमानात्मक, पूर्वकल्पनात्मक, पूर्वाभासयुक्त (अलंकार), पहिलेसे समझा हुआ, अगला।

proletarian प्रोलिॅटेॲ'रिॲन् a. & n. श्रमजीवी (व्यक्ति), सर्वहारावर्गका (सदस्य), निर्धन (पुरुष), दीन (व्यक्ति), कंगाल (आदमी); ~morals (दर्श०) श्रमजीवी नीतिF।

proletarianism – निज़्म् n. सर्वहारावाद।

proletariat (e) –ॲट् n. सर्वहारावर्ग, जनगण, साधारण जन, अवर जन, निम्न श्रेणीFके लोग; श्रमजीवी, श्रमिकवर्ग, (अर्थ०) मजदूर-वर्ग, श्रमिक-सम्प्रदाय।

proletary प्रो (प्रॉ)'लिटॅरि a. सर्वहारा-वर्गीय, श्रमजीवी वर्गका।

prolicidal प्रोलिसाइ'डॅल् a. भ्रूणहत्यात्मक, शिशु-हत्या-सम्बन्धी, बालहत्यासे सम्बन्धित।

prolicide –लिसाइड् n. भ्रूणहत्याF, शिशुहत्याF, बालहत्याF, सन्ततिहत्याF।

proliferate प्रॅलि'फ़रेट् v. i. (चि०) प्रफलन करना; प्रफलित होना; आत्मपुनर्जनन करना, अपनेसे उत्पन्न करना।

proliferation –'रॅशॅन् n. (चि०) प्रफलन; (वन०, प्राणि०) प्रचुरोद्भवन, प्रोद्भवन, आत्मपुनर्जनन, प्रगुणन, अपनी संवृद्धिF।

proliferative – 'फ़रेटिव a. आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करनेवाला, अपनेसे उत्पन्न करनेवाला, अवन्ध्य, (चि०), प्रफलनात्मक, प्रफली, ~ trophoblast (चि०) प्रफली बीजपोषक।

proliferous –रॅस् n. (वन०) बहुजनक; (चि०) प्रफलनशील, प्रफली, प्रफलन करनेवाला; बहु-प्रसवी; आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करनेवाला, उत्पन्न करनेवाला; कुड्मज, कलिकाप्रज, कलीF द्वारा उत्पन्न करनेवाला।

prolific –फ़िक् a. बहुप्रज, बहुप्रसवी, बहुफलदायक, अवन्ध्य (~ *animals*); प्रजननशील, प्रसवशील; उर्वर, उपजाऊ (~ *land*); प्रभूत, आढ्य, भरा हुआ।

prolificacy, prolificity, prolificness –कॅसि, –प्रॉलिफ़ि'सिटि, –निॅस् nn. (कृषि०) बहुप्रजनन, बहुप्रजताF, बहुप्रसवताF, बहुफलदायकताF; प्रजननशीलताF, प्रसवशीलताF; उर्वरताF, उपजाऊपन; प्रभूतिF, आढ्यताF।

prolification –के'शन् n. नव-सन्ततिF, क्रमिक विकास, क्रमबद्ध वृद्धिF।

proligerous प्रॅलि'जॅरॅस् a. (वन०) उत्पादी; (चि०) (बच्चेको) उत्पन्न करनेवाला।

prolix प्रॅलिक्स, प्रो'लिक्स् a. सुविस्तर, अतिविस्तृत, अतिदीर्घ, लम्बा-चौड़ा; प्रपंचयुक्त, वितण्डायुक्त, अतिभाषी, बहुभाषी (~*writer*); अतिदीर्घ, दीर्घसूत्री; विरक्तिकर, उकता देनेवाला, उबाऊ, भारी (~ *speech*)।

prolixity, prolixness –'सिटि, –'निॅस् nn. सुविस्तरताF, अतिविस्तार, अतिदीर्घताF; प्रपंचयुक्तताF; वितण्डायुक्तताF; अतिभाषित्व, बहुभाषित्व, वाग्विस्तार, वाग्वितण्डा; प्रपंच; दीर्घसूत्रताF; विरक्तिF, अरोचकताF, ऊबF।

prolocution प्रॉलॅक्यू'शॅन् n. परिचयात्मक व्याख्यान, प्रारम्भिक भाषण, प्रवक्तृता।

prolocutor प्रॉ (प्रो)'लॅक्यूटॅर्, प्रलॅ'क्यूटॅर् n. प्रवक्ता; प्रधान, अध्यक्ष, सभापति।

prolocutorship –शिप् n. प्रवक्तृपद, प्रवक्तृत्व, अध्यक्षताF, सभापतित्व, अध्यक्षपद, सभापतिपद।

prologize, -guize प्रॉ (प्रो)'लॅगाइज़्, –गाइज़् vv. i. आमुख कहना या लिखना, पूर्वरंग लिखना, प्राक्कथन करना, प्रस्तावना करना।

prologue[1] प्रो'लॉग् n. आमुख, पूर्वरंग, भूमिका, प्राक्कथन, पुरश्चरण, प्रस्तावनाF, नान्दीपाठ, मंगलाचरण; (ला०) भूमिकाF, पूर्वपीठिकाF।

prologue² v. t. आमुख लिखना, पूर्वरंग करना, प्रस्तावना^F करना, मंगलाचरण करना।

prolong प्रॅलॉन्ग्' v.t. विलम्बित करना, विलमाना, बिरमाना; व्याक्षिप्त करना, प्रसारित करना, लम्बा करना, बढ़ाना, तानना; (अक्षरोच्चारणको) दीर्घ करना।

prolongable –'गॅबॅल् a. विलम्ब्य, विलम्बनीय, विलमाने योग्य, बिरमाने लायक; व्याक्षेप्य, व्याक्षेपणीय, प्रसार्य, प्रसारणीय, लम्बनीय, तानने योग्य; (अक्षरोच्चारण) दीर्घ करने योग्य।

prolongate –गेट् v. t. =PROLONG.

prolongation प्रोलॅन्गे'शॅन् n. विलम्बीकरण, दीर्घीकरण; कालवृद्धि^F; समयवृद्धि^F; वितति, आयति^F, विस्तार, बढ़ाव, फैलाव।

prolonged प्रॅलॉन्ड्' a. विलम्बित, दीर्घकालीन (~ *absence*); (नौवि०) **लम्बी** (~ *blast*)।

prolonger –गॅर् n. विलम्बीकर्ता, दीर्घीकर्ता; दीर्घकाली, कालवृद्धिकर्ता, समय टालनेवाला; वितानक, विस्तारक, आयति^F करनेवाला; विस्तार करनेवाला।

prolusion प्रॅलू'ज़न् n. अभ्यास, प्रश्न, सवाल; निबन्ध, लेख; प्रारम्भिक कार्य, भूमिका^F, प्राक्कथन।

prolusory –'सॅरि a. अभ्यासात्मक, प्रश्न-विषयक; निबन्ध-विषयक, लेख सम्बन्धी; प्रारम्भिक, प्राथमिक, भूमिका-सम्बन्धी, प्राक्कथन-सम्बन्धी।

prom, promenade¹ प्रॉम्', प्रॉमि'ना (ने) ड् n. (इति०) **चंक्रम**; विहार, (~ *deck*) संचरण, विचरण, भ्रमण, सैर^F; अश्वारोहण, सवारी^F; यात्रा^F, शोभायात्रा^F; विहारस्थल, पटरी^F, ठण्डी सड़क^F; ~concert विहार गोष्ठी^F।

prom, promenade² v. i. & t. विहार करना, संचरण करना, विचरण करना, भ्रमण करना, टहलना, सैर^F करना; अश्वारोहण करना, घोड़ेकी सवारी^F करना; शोभायात्रा^F करना, जुलूस निकालना।

promenader प्रामि'ना(ने)'डॅर् n. विहारी, संचरणशील, भ्रमणशील, सैलानी, घूमनेवाला।

promeristem ⊙ प्रॉ'मॅरिस्टॅ'म् n. (वन०) **प्रविभज्या^F**।

promeristematic ⊙–स्टि'मै'टिक् a. (कृषि०) **प्रविभाजी (ऊतक)**।

prometaphase ⊙ प्रॉ'मे'टॅफेज़् n. (जीव०) **पूर्वमध्यावस्था^F**।

prominence, -cy प्रॉ'मिनन्स्, –सि nn. प्रोद्वर्ध, प्रकूट, प्रतुंगक; उत्तुंगता^F, प्रक्षेप, उदग्रता^F, उभार; (ऋतु०) **लपेट, तेज श्रृंग**, विख्याति^F; सुव्यक्तता^F; सुस्पष्टता^F; प्राधान्य, प्रधानता^F, प्रमुखता^F; विशिष्टता^F।

prominent प्रॉ'मिनॅन्ट् a. प्रक्षिप्त, उठा हुआ, उभरा हुआ; उत्तुङ्ग, उन्नत, उदग्र, प्रलम्ब, निकला हुआ; विख्यात; सुव्यक्त, सुस्पष्ट; मुख्य, प्रधान, **प्रमुख** (~ *citizens, object*), श्रेष्ठ, विशिष्ट(~ *place*)।

promiscuous प्रॅमिस्'क्यूॲस् a. संकुल, संकीर्ण, प्रकीर्ण, संकर, मिश्रित, गड्डमड्ड ((~*bathing*); क्रमविहीन, बेतरतीब; असामंजस्यपूर्ण; अविविक्त, अविवेकपूर्ण (~ *massacre*); अभेद, निर्विशेष; (बोल०) आकस्मिक, अन्धाधुन्ध, बेकार; व्यर्थ, बेमतलब; ~like निष्प्रयोजन; ~ sexual relation निर्बन्ध सहवास, असंयमित सम्भोग, इच्छाभोग।

promiscuousness, promiscuity –नि'स्, प्रॉमिस्क्यू'इटि nn. संकुलता^F, संकीर्णता^F, प्रकीर्णता^F, संकरता^F, मिश्रण, गड्डमगड्ड; क्रमविहीनता^F; असामंजस्यपूर्णता^F; अविवेक; अभेद, निर्विशेषता^F; असंयम, असंयतता^F।

promise¹ प्रॉ'मिस् n. **वचन**, वाग्दान, प्रतिश्रुति^F, **प्रतिज्ञा^F**, वादा, कौल, करार; (ला०) वर्धिष्णुता^F, उद्दीयमानता^F, होनहारी^F, उठान^F (*writer of great* ~)।

promise² v.t. & i. प्रतिश्रुत होना, **प्रतिज्ञा^F करना, वचन देना**, वादा करना, कौल करना, इकरार करना; (बोल०) आश्वासन देना, विश्वास दिलाना, निश्चय कराना, भरोसा दिलाना, यकीन दिलाना; कामना^F करना, आशा^F करना; (ला०) परिलक्षित करना, सम्भावना^F प्रकट करना, आभास देना।

promised –ड् a. प्रतिश्रुत, प्रतिज्ञात; आश्वस्त, विश्वस्त; परिलक्षित, सम्भावित, कल्पित; ~ land स्वर्ग, स्वप्नलोक, कल्पना-लोक।

promisee –सी' n. (क़ानून, वाणि०, का०) **प्रतिज्ञाती**, (दर्श०) **प्रतिज्ञप्त**, प्रतिश्रुती, वाग्दत्त, वचनआदाता, जिससे वादा किया जाय।

promiser, promisor –'मिसॅर्,–'मिसॅर् nn. (का०, वाणि०, दर्श०) **प्रतिज्ञाता**, प्रतिश्रावक, वचनदाता, (का०, दर्श०, वाणि०) **प्रतिज्ञाकर्ता**, प्रतिज्ञा^F करनेवाला, वादा करनेवाला।

promising –सिंग् a. उद्दीयमान, होनहार (~ *youngman*); सम्भावनापूर्ण, आशाजनक (~*result*)।

promissive –सिव् a. प्रतिश्रुतियुक्त, प्रतिज्ञामय, वाग्दानपूर्ण, वचनयुक्त; प्रतिश्रवणात्मक; प्रतिश्रुति-सदृश, प्रतिज्ञावत्, वाग्दान-सम्बन्धी, वादेका।

promissory –सॅरि a. प्रतिश्रुत्यात्मक, प्रतिज्ञावह, प्रतिज्ञा-विशिष्ट; (क्वचित्) आशापूर्ण, सम्भावनापूर्ण; ~ note (का०) **वचनपत्र**, प्रतिज्ञापत्र, (अर्थ०) **रुक्का**, प्रामिसरी नोट, **प्रोनोट**; ~ oath (का०) **प्रतिज्ञा-शपथ^F**, पद-शपथ^F।

promontoried प्रॉ'मॅन्टॅरिड् a. प्राग्रयुक्त, शम्बुकालिकामय; अन्तरीपयुक्त।

promontory –रि n. रास, भूशिर, भूनासिका^F, उदयभूमि^F, उदग्रभूमि^F, अन्तरीप; (चि०) **प्रोत्तुंग**; (श० र०, शा०) प्राग्र, शम्बुकालिका^F, उन्नतांश, उभरी हुई गाँठ^F; ~ fort (इति०) **अन्तरीप दुर्ग**।

promote प्रॅमोट्' v.t. प्रोन्नत करना, पदोन्नत करना, विवृद्ध करना, **अभिवृद्धि^F करना**, अभिवर्द्धित करना, **वृद्धि^F करना, उन्नति^F करना, उन्नत करना**, तरक्की^F देना, दरजा बढ़ाना; अभिप्रेरित करना, **प्रवर्तन करना**,

प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना, अनुप्राणित करना, **बढ़ाना,** बढ़ावा देना; (किसी कानूनके पारणका) समर्थन करना; (शतरंज) प्यादेको फरजी^{F} बनाना ।

promotee ⊙ –मो' n. प्रोन्नत व्यक्ति, पदोन्नत व्यक्ति ।

promoter –'टॅर् n. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभिवर्धक, अभियोजक, अभिवेजक; अभिप्रेरक, (रसा०) प्रेरक, (वाणि०, रसा०) **प्रवर्तक,** प्रोत्साहक; (*company-*~) प्रमण्डल-प्रवर्तक, कम्पनी-संस्थापक ।

promoterism –रिज़्म् n. प्रवर्तकवाद ।

promotion –'शॅन् n. प्रोन्नति^{F}, पदोन्नति^{F}, पद-वृद्धि^{F}, अभिवृद्धि^{F}, वर्धन, उत्कर्ष, (का०) **उन्नति^{F}, तरक्की^{F};** (अर्थ०) **संस्थापन;** अभिप्रेरणा^{F}, उन्नयन, प्रोत्साहन; समर्थन, (का०) **प्रवर्तन;**
~ block, ~ cadre, ~ examination, ~ profits, ~ zone.

promotional –नॅल् a. प्रोन्नत्यात्मक, पदोन्नति-विषयक, पदवृद्धि-सम्बन्धी, अभिवृद्धि-विषयक, उन्नति-सम्बन्धी, तरक्की^{F}का; अभिप्रेरणा-विषयक, प्रोत्साहन-सम्बन्धी; समर्थन-सम्बन्धी, प्रवर्तन-सम्बन्धी ।

promotive –'टिव् a. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभिवर्धक, उन्नति^{F} देनेवाला, बढ़ानेवाला; समर्थक; प्रेरक, प्रवर्तक ।

promotor –टॅर् n. = PROMOTER.

prompt^{1} प्रॉम्प्ट्' n. अवधि^{F}; ~-note सावधिकपत्र, सत्वरपत्र, मियादी चिट्ठी^{F} ।

prompt^{2} n. (अभिनेताका) प्रबोध, उद्बोध, अनुबोध, प्रवर्तन, प्राम्प्टिंग; ~ side of stage अनुबोधपार्श्व, जहाँसे प्राम्प्टिंग^F की जाती है ।

prompt^{3} v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, प्रवर्तित करना, प्रोत्साहित करना, प्रबुद्ध करना, उभाड़ना, उकसाना, भड़काना; (अभिनेताको) प्रबोधना, स्मरण कराना, प्राम्प्ट करना ।

prompt^{4} a. उद्युक्त, उद्यत, तत्पर, आशुकारी, अविलम्बी, अदीर्घसूत्री, स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला, मुस्तैद; **शीघ्र,** क्षिप्र, सत्वर, त्वरित; **अचिर,** तात्क्षणिक, अविलम्बित, तुरन्त, **तुरत,** झटपट; (वाणिज्य०) प्रदेय, नकद;
~ action, ~ cash, ~ control, ~ decision, ~ delivery, ~ disposal, ~ payment, ~ reply, ~ sale, ~ ship.

prompter –'टॅर् n. प्रणोदक, अनुप्राणक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, अनुबोधक, उभाड़नेवाला, उकसानेवाला, भड़कानेवाला; (अभिनेताको) अनुबोध करानेवाला, प्राम्प्टर ।

prompting –टिंग् n. प्रेरण, प्रोत्साहन, प्रवर्तन, उत्तेजन, उत्थापन, अनुप्राणन, उद्बोधन, प्रबोधन, अनुबोधन ।

promptitude, promptness –टिट्यूट्, प्राम्प्ट्'नॅस् nn. स्फूर्ति^{F}, चुस्ती^{F}, होशियारी^{F}, मुस्तैदी^{F}; सत्वरता^{F}, तत्परता^{F}, क्षिप्रता^{F}, आशुकारिता^{F}, औत्सुक्य ।

promptly –ट्'लि adv. सत्वर, शीघ्र, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त; तत्परता^{F}से, चुस्ती^{F}से, मुस्तैदी^{F}के साथ ।

promptuary प्रॉम्प्'ट्युअॅरि n. पुस्तिका^{F}, डायरी^{F}, नोटबुक^F; (प्रा०) भण्डार, गुदाम, गोदाम, कोठार, बखार^F ।

prompture –र् n. सलाह, मशविरा, राय^F; प्रचोदन, प्रणोदन, प्रेरण, प्रेरणा^{F}, उत्साहदान, उत्साहवर्द्धन ।

promulgate प्रॉ(प्रो)'मॅल्गेट् v.t. प्रकाशित करना, प्रकट करना; **प्रख्यापन करना, प्रख्यापित करना,** प्रख्यात करना, प्रचारित करना, घोषित करना, प्रसिद्ध करना, **प्रचलित करना,** लोकप्रचालित करना, ढिंढोरा पीटना, फैलाना; प्रवर्तन करना, **प्रवर्तित करना, जारी करना,** लागू करना ।

promulgation –'गेशॅन् n. प्रकाशन, प्रकटन; **प्रख्यापन, प्रवर्तन, प्रचालन,** घोषणा^{F}, ढिंढोरा, मुनादी^{F}, **ऐलान;** ~ minutes **प्रवर्तन कार्यवृत्त, पहुँचाने योग्य कार्यवृत्त ।**

promulgator –'मॅल्गेटॅर् n. प्रकाशक, प्रकट करनेवाला; प्रख्यापक, प्रचारक, घोषक, प्रसिद्ध करनेवाला, ढिंढोरा पीटनेवाला, जारी या लागू करनेवाला ।

promulge प्रॅमल्ज् v.t. (प्रा०) = PROMULGATE.

promycelium ⊙ प्रॉमिसे'लिअॅम् n. (वन०) **प्रकवक,** T.

pronaos प्रॅने'ऑस् n. (pl. *-oi*) (मन्दिरकी) कक्षा^{F}, ड्योढ़ी^{F}, (इति०) T.

pronate प्रो'नेट् v.t. हथेली^{F} पलटना, हथेली^{F} नीचे-ऊपर करना ।

pronation प्रोने'शॅन् n. (चि०) **अवतानन,** अधो-वर्तन; अधस्तलगति^{F}, हथेली^{F} पलटना, हथेली^{F} नीचे करनेका कार्य ।

pronator –'टॅर् n. (चि०) **अवताननी^{F},** (हथेली^{F} नीचे करनेमें) सहायक पेशी^{F}, सहायता^{F} पहुँचानेवाला पुट्ठा; ~ quadratus (चि०) **चतुरस्र अवताननी^{F};** ~ teris (चि०) **वर्तुल अवताननी^{F}** ।

prone प्रोन्' a. अधोवृत्त, अधोमुख, अवाङ्मुख; प्रवण, प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ; पातुक, पट, औंधा; (मैदान) अधस्तल, ढालू, ढलुवाँ; (शिथिलतः) खड़ा, गहरा, ढलवाँ ।

pronely –'लि adv. पट, नित्त, औंधे, मुँहभार, मुँहके बल, सिरके बल ।

proneness –'निॅन् n. प्रवणता^{F}, प्रवृत्ति^{F}, उन्मुखता^{F}; ढाल^F, झुकाव, अधोमुखता^{F}, औंधापन ।

pronephros प्रॅने'फ्रॉस् n. (जीव०) **पूर्ववृक्क,** आदिवृक्क ।

proneur (F) n. गुणानुवादी, चाटुकार ।

prong^{1} प्रान्ग्' n. शाखा^{F}, शूल, अग्र, **काँटा,** फाल; (भौ०, यन्त्र०) **(स्वरित्रकी) भुजा^{F};** पांचा, कांटी^{F}, काँटेदार औजार; (चि०) दांतदार दन्तमूल; ~ horn मालीशृंग, शाखी शृंग ।

prong^{2} v.t. (कांटा) चुभोना, छेदना, भोंकना; (कांटेसे जमीन^F) खोदना, उरेलना ।

pronged –ड्' a. शाखदार, काँटेदार।
pronominal प्रॅनॉ'मिनॅल् a. सर्वनामीय, सर्वनामात्मक, सर्वनामजैसा, (~ *adverb*)।
pronote ⊙ प्रनोट्' n. वचनपत्र, प्रोनोट।
pronoun प्रो'नॉउन् n. सर्वनाम; personal ~ व्यक्तिवाचक सर्वनाम।
pronounce प्रॅनॉउन्स् v.t. औपचारिक ढंगसे कहना, गम्भीर ढंगसे कहना, व्यवस्था[F] देना, निर्णय सुनाना, (क्रा०) **सुनाना**, सम्मति[F] देना; (का०) **उद्घोषण करना**, घोषित करना, अधिघोषित करना, व्याहरण करना; उच्चारण करना, बोलना, कहना, पढ़ना (*cannot ~ distinctly*)।
pronounceable -'सॅबॅल् a. उच्चार्य, उच्चारणीय।
pronounced –स्ट्' a. अधिघोषित, अभिमत, व्याहृत; उच्चारित; दृढ़, स्पष्ट, निश्चित; प्रबल, प्रखर, उग्र।
pronouncement –स्'मॅन्ट् n. **उद्घोषण**, अधिघोषणा, अधिकथन, **सुनाना**; व्याहरण; उच्चारण; वक्तव्य, बयान; निर्णय।
pronouncer –'सॅर् n. अधिघोषक, अभिमाता, व्याहर्ता, उच्चारक, उच्चारण करनेवाला।
pronouncing –सिंग् n. अधिघोषण, व्याहरण; व्यवस्थादान; उच्चारण; ~ dictionary उच्चारण-कोश।
pronto प्रॉन्'टो adv. शीघ्रतया, शीघ्रतः, क्षिप्रतया, क्षिप्रतः, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, झटपट, जल्दी।
pronucleus ⊙ प्रॉन्यूक्लिॲस् a. (प्राणि०) **पूर्वकेन्द्रक, पूर्वनाभिक**।
pronuncial प्रनन्'शिॲल् a. उच्चारणीय, उच्चारण-सम्बन्धी।
pronunciamento प्रॅनन्शिॲमे`न्'टो n. (pl. -s) उद्घोषणा[F], घोषणा-पत्र।
pronunciation प्रॅनन्शिए'शॅन् n. **उच्चारण**, उच्चारण-विधि[F]।
pronunciative –'सि'शिॲटिव् a. उच्चार्य, उच्चारणीय, उच्चारण योग्य, उच्चारण करने योग्य।
pro-oestrum ⊙ प्रॉए`स्'ट्रॅम् n. (कृषि०) **पूर्व-मदकाल**।
proof[1] प्रूफ्' n. युक्ति[F], **उपपत्ति**[F], (रसा०) **प्रमाण**, सबूत; साक्षी[F], गवाही[F]; **सिद्धि**[F], प्रमाणीकरण, उपपादन, प्रतिपादन, प्रतिपत्ति[F]; (दर्श०) **साधन**; (स्फोट-अस्त्रोंकी) जाँच[F]; परीक्षा[F], परख[F] (*will stand a severe ~*); (प्रा०) अछेद्यता[F], अभेद्यता[F]; शराब[F]की मादक शक्ति[F]; ईक्ष्यपत्र, शोध्यपत्र, प्रूफ; परखनली[F]; ~-reader ईक्ष्य-शोधक, शोधनकर्ता, **प्रूफ-शोधक**, प्रूफरीडर; —reading ईक्ष्य-शोधन, **प्रूफ पढ़ना**, प्रूफरीडिंग[F];
~ copy, ~ correcting, ~ correction, ~ examiner, ~ gallon, ~ load, ~ plane, ~ press, ~ puller, ~ range, ~ resilience, ~ sheet, ~ spirit, ~ text.
proof[2] v.t. सिद्ध बनाना, अभेद्य बनाना, निष्प्रभाव्य बनाना।
proof[3] a. स्पष्ट, साक्षात्, विनिश्चायक, सम्प्रत्यायक, विश्वासोत्पादक, सन्तोषजनक; सिद्ध; परिरक्षी, दुर्भेद्य, अभेद्य (*sound, water-~*)।
proofing प्रू'फ़िंग् n. जलरक्षी-निर्माण-विधि[F], गैसरक्षी-रचना-रीति[F]; परिरक्षी उपकरण।
proofless प्रूफ्'लिॅस् a. युक्तिविहीन, तर्कहीन, प्रमाण-रहित, बिना सबूतका, बिना दलीलका।
prootic प्रॅओ(ऑ)'टिक् a. (जीव०) **प्रकर्णिक**, कर्णपूर्व, श्रवणाग्र, कर्णाग्रस्थ, कानके आगे स्थित।
prop[1] प्रॉप्' n. अवष्टम्भ, स्तम्भ, थून, थूनी[F], पाया, टेकनी[F], (ला०) अवलम्बन, आश्रय, आधार, अवलम्ब, सहारा, (यन्त्र०) **टेक**[F]।
prop[2] v.t. & i. अवलम्ब देना, आड़[F] लगाना, टेक[F] देना, थूनी[F] लगाना; (शा० एवं ला०) आश्रय देना, थाँमना, सँभालना; जड़ना, जमना, थमना।
prop.[3] = PROPOSITION.
prop. proper; properly; proposition; property.
propaedeutic, -al प्रोपीडीऊ'टिक्, -ॲल् aa. आरम्भिक-ज्ञान-विषयक, प्रारम्भिक-ज्ञान-सम्बन्धी, आरम्भिक-अध्ययन-सम्बन्धी, प्राथमिक-अध्ययन-सम्बन्धी।
propaedeutics –क्स् n. (pl.) (शिक्षा०) **प्रवेशिका**[F], आरम्भिक ज्ञान, प्रारम्भिक ज्ञान, आरम्भिक अध्ययन, प्राथमिक अध्ययन।
propagable प्रॉ'पॅगॅबॅल् a. प्रसवकरणीय, प्रजननीय, उत्पादनीय, उत्पन्न करने योग्य, जन्म देने योग्य; संचार करने योग्य, फैलाने योग्य, बढ़ाने योग्य; प्रकाश्य, प्रकाशनीय, प्रवर्त्य, प्रवर्तनीय, प्रवर्तन-योग्य, विस्तार करने योग्य, आगे बढ़ाने लायक।
propaganda प्रॉपॅगैन्'डॅ n. (विधा०, का०, चि०) **प्रचार**, (~ *secretary*), **सम्प्रचार**, मत-प्रचार, प्रसार, प्रस्तार।
propagandism –'डिज़म् n. प्रचार, प्रचारवाद, मत-प्रचार-वाद।
propagandist –'डिस्ट् n. **प्रचारक**, सम्प्रचारक, मत-प्रचारक, योजना प्रचारक, सिद्धान्त-प्रचारक, प्रसारक।
propagandistic –'टिक a. प्रचारकवत्, प्रचारात्मक, प्रचारकीय।
propagandize –'डाइज़् v. i. & t. प्रचार करना, सम्प्रचार करना, प्रचारित करना।
propagate प्रॉ'पॅगेट् v.t. (पौधे, जन्तु, रोग आदि) प्रसूत करना, प्रजनित करना, उत्पन्न करना, जन्म देना, (का०) **प्रचार करना**, प्रचारित करना; (गुण आदिका) एक पीढ़ी[F]का दूसरी पीढ़ी[F]को देना; प्रकाशन करना, प्रवर्तन करना, विस्तार करना, सँचारना, फैलाना, बढ़ाना, आगे बढ़ाना।
propagated -टिॅड् a. प्रचारित, सम्प्रचारित, प्रसारित; प्रजनित।
propagation –गे'शॅन् n. प्रजनन, (कृषि०) **संजनन**, उत्पत्ति[F]; वर्धन, प्रवर्तन; परम्परोत्पत्ति[F], परम्परा-

हस्तान्तरण; सन्तानवृद्धि^{F}, प्रसूतिक्रम; (भौ०) **संचारण, संचरण**; (~ *constant*), (भौ०) **प्रेषण**; (क्रा०) **प्रगमन**, (क्रा०) **प्रचारण**, प्रसारण, प्रसार, (क्रा०) **प्रचार**, विस्तार, फैलाव ।

propagative –'पॅगेटिव् a. उत्पादनात्मक, प्रजननशील; परम्परोत्पादी; प्रचारात्मक ।

propagator –टॅर् n. उत्पादक, प्रजनक; प्रचारक, प्रसारक, प्रस्तारक आदि ।

proparaxytone प्रोपॅरॉक्'सिटॅन् a. & n. (ग्रीक व्या०) उपान्त्यपूर्व, बलयुक्त (शब्द) ।

pro patria (L) adv. अपने देशके लिए ।

propel प्रॅपे'ल् *v.t.* (भौ०) **नोदन करना**, प्रणोदन करना, प्रेरित करना, प्रवर्तित करना, धकेलना, ठेलना, पेलना, चलाना, आगे बढ़ाना ।

propellant –लॅन्ट् n. प्रचोदक, (यन्त्र०) **प्रणोदक**, प्रेरक, प्रवर्तक, ठेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; (बन्दूक^F आदि छुटानेके लिए प्रयुक्त) बारूद^F ।

propelled –ल्ड a. प्रणोदित, चालित ।

propellent[1] –लॅन्ट् n. गोली^{F} दागनेवाली बन्दूक^F या तोप^F ।

propellent[2] a. नोदक (~ *charge*),(यन्त्र०) **प्रणोदी**, चालक, प्रणोदक, प्रेरक, प्रवर्तक, धकेलनेवाला, पेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; छुटानेवाला, दागनेवाला ।

propeller –लॅर् n. (यन्त्र०, भौ०) **प्रणोदित्र**, प्रणोदक, (यन्त्र० भौ०) **नोदक**, पेलनेवाला, धकेलनेवाला; चालक यन्त्र; (नौवि०, यन्त्र०, भौ०) **पंखा**;
~ blade, ~ boss, ~ control, ~ deicing, ~ fan, ~ shaft, ~ thrust.

propelling –लिंग् a. प्रणोदी (~ *organ*) ।

propelment –मॅन्ट् n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रवर्तन, धक्का, ठेल-पेल^F; प्रेरक यन्त्र, ठेलनेवाली मशीन^F ।

propense प्रॅपे'न्स् a. उद्यत, प्रवृत्त, प्रवण, उन्मुख, झुका हुआ ।

propension –शॅन् n. प्रवर्त्तन, प्रवणन, उन्मुखन; नति^{F}; रुझान, झुकाव ।

propensity –सिटि n. नैसर्गिक प्रवृत्ति^{F}, प्रवणता^{F}, उन्मुखता^{F}, रुचि^{F}, रुझान, लगाव, झुकाव, चसका, चाट^F ।

proper प्रॉ'पॅर् a. स्वीय, **निजी**, आत्मीय, स्वयंका, अपना; साम्प्रतिक, अवसरानुकूल, समयोचित, प्रसंगानुरूप; विशिष्ट; यथोचित, **उचित**, युक्त, संगत, सम्यक्, समीचीन, यथार्थ, वास्तविक, असली, ठीक; (बोल०) सम्पूर्ण, सारा, पूरा; पक्का, परले दर्जेका; (प्रा०) सुन्दर, रूपवान् (*a ~ man*); योग्य, यथार्ह, माकूल; मूल रंगमें, स्वाभाविक रंगमें; ~ fraction मूलभिन्न (जो इकाई^{F}में कम हो); ~ *motion* (ग० ज्यो०) वास्तविक गति^{F}; (गणि०) **निजी गति**^{F}; (व्या०) ~ noun, name व्यक्तिवाचक संज्ञा;
~ authority, ~ channel, ~ choice, ~ custody, ~ enforcement, ~ enjoyment, ~ form, ~ fraction, ~ guidance, ~ ideal, ~ inclusion, ~ induction, ~ lodging, ~ method, ~ motion, ~ person, ~ tax, ~ *ticket*, ~ *time*, ~ utilization.

propertied प्रॉपर्टीड् a. सस्वत्व, स्वत्वयुक्त, स्वामित्व-युक्त, प्रभुत्वयुक्त, साधिकार, अधिकारयुक्त; धनी, द्रव्यवान्, सम्पत्तिवान्, मिलकियतवाला, जायदादवाला; धर्मवान्, गुण-सम्पन्न, शील-सम्पन्न, विशेषता-सम्पन्न, लक्षणयुक्त ।

property* प्रॉ'पॅर्टि n. स्वत्व, स्वामित्व, प्रभुत्व, अधिकार; धन, विभव, द्रव्य, (विधा०, का०) **सम्पत्ति**^{F}*, (विधा०) **आस्ति**^{F}, **रिक्थ**, मिल्कियत^F, जायदाद^F; रंगमंचीय सामग्री^{F}; प्रकृति^{F}, धर्म, (चि०, रसा०) **गुण**, स्वभाव, विशेषता^{F}; लक्षण; (तर्क० प्रा० भू०, भौ०, रसा०, ग०, कृषि०, चि०) **गुण-धर्म**; (दर्श०) **विशेष गुण**; **विशेष धर्म, अनुगुण, अनुधर्म**; ~ man, ~-master मंच-सामग्री^{F}की देखरेख करनेवाला व्यक्ति;
~ account, ~ duty, ~ inspector, ~ mark, ~ qualification, ~ section, ~ tax.

prophase ⊙प्रॉ'फेज़, n. (जीव०, वन०) **पूर्वावस्था**, (कृषि०) **प्रागरूप**; (प्राणि०, चि०) **आद्यावस्था**; T.

prophasis प्रॉ'फॅसिस् n. (चि०) पूर्वनिदान, पूर्वलक्षण ।

prophecy प्रॉ'फिसि n. ईशदूतत्व, सिद्धत्व, पैगम्बरी^{F}, सिद्धि^{F}, भविष्यकथन-क्षमता^{F}; देवदूतीय कथन, भावी कथन, भविष्यवाणी^{F}, आगम कथन; सिद्ध आदेश ।

prophesier –साइॲर् n. अनागतवक्ता, भविष्यवक्ता, भविष्यवाणी^{F} करनेवाला; (धर्मग्रन्थका) व्याख्याता, टीकाकार, अर्थ करनेवाला ।

prophesy –सी v.i. & t. ईशदूतके नाते कहना; भविष्यवाणी^{F} करना; (प्रा०, धर्मग्रन्थकी) व्याख्या^{F} करना; आदेश देना ।

prophet प्रॉ'फिट् n. ईशदूत; ऋषि, मन्त्रद्रष्टा, पैगम्बर, नबी; (सिद्धान्त आदिका) प्रवक्ता, अधिवक्ता, पक्षसमर्थक, प्रतिनिधि; भविष्यवक्ता, **भविष्यद्द्रष्टा**, अनागतदर्शी (*weather-~*); सन्देशवाहक; (प्रा०, घुड़दौड़में) गुप्त समाचार-वाहक; *no man was ever a ~* घरका जोगी जोगड़ा आन गाँवका सिद्ध ।

prophetess –टि'स् n. ईशदूतिका^{F}, मन्त्रदर्शिका^{F}; भविष्यदर्शिका^{F}, भविष्यवादिनी^{F} ।

prophethood, prophetship –ट्‌हुड्, –शिप nn. ईशदूतत्व, ऋषित्व, पैगम्बरी^{F}; भविष्यवादित्व ।

prophetic, -al प्रॅफे'टिक्, -ॲल् aa. ईशदूतीय, ऋषीय, मन्त्रद्रष्टा-विषयक, पैगम्बरी; भविष्यकथनात्मक, भविष्य-वाणीयुक्त; आदेशात्मक ।

prophetism प्रॉ'फिटिज़्म् n. भविष्यकथन, अनागत-कथन, भविष्यवाणी^{F}, आनेवाले समयेका हाल कहना ।

prophylactic प्रोफिलैक्'टिक् a. & n. निरोधी, प्रतिषेधक; (चि०) अनागत व्याधिक, रोगप्रतिरोधक, **रोगनिरोधक**, रोगरोधी (चि०), रोग-रोधी^{F} (~ *measures*) ।

prophylaxis –सिस् n. प्रतिषेधोपचार, रोगनिरोध, (कृषि०, चि०) **रोगरोधन**, अनागत व्याधि चिकित्सा^{F},

रोगरोधक चिकित्सा^F, (कृषि०) रोग-रोक^F ।

prophyll ⊙प्रॉ'फिल् n. (वन०) **प्रपत्रिका**^F ।

propination प्रॉपिने'शॅन् n. प्रतिज्ञोत्सव, शपथ-ग्रहण; प्रथम पान, प्रथम मद्यपान; उपहार ।

propinquity प्रॅपिन्'क्विटि n.[1] सन्निधि^F, सामीप्य, निकटता^F; सगोत्रता^F, आत्मीयता^F, निकट सम्बन्ध, गहरा सम्बन्ध, नाता; सादृश्य, समानता^F, अनुरूपता^F, अनुहार, मेल ।

propitiable प्रॅपि'शिअॅबॅल् a. तोष्य, अनुनेय, अनुकूल्य, अनुकूलनीय; शुभ, शुभ-करणीय, मंगलयोग्य, कल्याण-योग्य; योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल ।

propitiate –एट् v.t. तुष्ट करना, उपशमन करना, मनाना, बहलाना, राजी करना; अनुकूल करना, शान्त करना; कल्याणकर बनाना ।

propitiation –शॅन् n. तुष्टि^F, तुष्टीकरण, (दर्श०) **प्रसादन**, अनुरंजन, प्रशमन, अनुनय, (दर्श०) **आराधन**, सान्त्वना^F, बहलाव; तुष्टीकरणार्थ उपहार, सान्त्वनाहेतु भेंट^F ।

propitiator –शिएटॅर् n. तोषक, प्रसादक, अनुरंजक, मनानेवाला, बहलानेवाला, राजी करनेवाला, अनुकूल करनेवाला, शान्त करनेवाला, कल्याणकर बनानेवाला ।

propitiatory[1] –टॅरि n. (विशे०, ला०, ईसाका) ईश-सिंहासन, परम आसन ।

propitiatory[2] a. तुष्टिकर, तुष्टिप्रद, तोषप्रद, सान्त्वना-प्रद, अनुरंजनार्थक, शान्तिकर (~ *smile*) ।

propitious प्रॅपि'शॅस् a. यथाकाम, योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल (*fates were* ~); शुभ, हितकाम, मंगलप्रद, कल्याणकारी ।

propitiousness –निॅस् n. अनुकूलता^F, योग्यता^F, औचित्य, उचितता^F, उपयुक्ति^F, उपयुक्तता^F, माफिक होना; शुभता^F, हितकामिता^F, मंगलप्रदता^F, कल्याण-कारिता^F ।

proplasm प्रो'प्लैज़्म् n. साँचा, ढालनेका रूपपुट, आधारक ।

proplastid ⊙प्रॅप्लैस्'टिड् n. (वन०) **प्रलव** ।

propolis प्रॉ'पॅलिस् n. (मधुमक्खियों^Fका) लाल मोम; (कृषि०) **छत्ता गोंद** ।

proponent ⊙प्रॅपो'नॅन्ट् n.=ADVOCATE.

proportion[1] प्रॅपॉर्'शॅन् n. (प्रा० भू०, भौ०, रसा०) **समानुपात**, (विधा०, का०, गणि०) **अनुपात**; तुलनात्मक अंश, सापेक्ष सम्बन्ध, समाकृति, आनुरूप्य, साम्य, सम्मिति^F, (*his success bore no* ~ *to his ability*); **अनुदान**; (बहुव०) परिमाण, नाप^F, विस्तार; (गणित) त्रैराशिक ।

proportion[2] v.t. समानुपातिक करना, अनुपातयुक्त बनाना, (*must* ~ *the punishment to the crime*); अनुकूल या अनुरूप बनाना, सुडौल करना ।

proportionable –नॅबॅल् a. अनुपात्य, अनुपातयुक्त, सदृश, तुल्य, बराबर ।

proportionableness –निस n. अनुपात्यता; सानुपातत्व, सानुपातता^F, अनुपात-युक्तता^F ।

proportional[1] –नॅल् n. (का०, गणि०, भौ०) **समानुपाती, अनुपाती** (*5, 3 : 10, 6 are ~s*) ।

proportional[2] a. (का०, गणि०, भौ०) **समानुपाती, अनुपाती**, समानुपातिक, आनुपातिक, यथानुपात, अनुपातानुरूप; समप्रमाण, समपरिमाण, तुल्य;

~ counter, ~ increase, ~ limit, ~ moduling, ~ representation, ~ reserve method.

proportionalist –नॅलिस्ट् n. अनुपातयोजक, अनुपातप्रिय; अनुपातवादी ।

proportionality n. अनुपातिकता^F, अनुपातानुरूपता^F, समानुपातिकता^F, अनुपातपूर्णता^F; समप्रमाणता^F, समपरिमाणता^F, अनुरूपता^F, तुल्यता^F, बराबरी^F ।

proportionate –शॅनॅट् a. अनुपाती, **आनुपातिक**, अनुपातानुरूप, यथाभाग; अनुरूप, सम, समान, सम्मित; उचित;

~ advance, ~ allotment, ~ amount, ~ basis, ~ budget grant, ~ costs, ~ departure, ~ portion, ~ reduction, ~ tax.

proportionateness–निॅस् n. PROPORTIONALITY; औचित्य, उचितता^F ।

proportioned –न्ड् a. अनुपातयुक्त; अनुरूपित ।

proportioning –निंग् n. (परि०) **समानुपातन** ।

proportionless –न्'लिॅस् a. सम्मितिरहित; सादृश्य-विहीन; अननुपात; अननुरूप; विषमाकृत ।

proportionment –मॅन्ट् n. अनुपातन, अनुगुणन, अनुरूपण, समप्रमाणीकरण; तुल्यता^F, अनुरूपता^F ।

proposal प्रॅपो'ज़ॅल् n. **प्रज्ञप्ति**^F (~ *form*, ~ *register*), (वाणि०) **प्रस्ताव**, सुझाव; विवाह-प्रस्ताव, मँगनी^F, (*have had a* ~), (विधा०) **प्रस्थापना**^F, संकल्प ।

propose –ज़् v.t. & i. प्रज्ञप्ति^F करना, प्रस्तावित करना, **प्रस्ताव रखना**, प्रस्तुत करना, उपस्थापन करना, सुझाव देना; प्रतिपादन करना; लक्ष्य बनाना, उद्दिष्ट करना, चाहना; स्वास्थ्य-कामना प्रस्तुत करना; विवाह-प्रस्ताव करना, मँगनी^F करना; प्रस्थापित करना, संकल्प करना, प्रतिज्ञा^F करना, विचार रखना, इरादा रखना ।

proposed –ज़्ड' a. **प्रस्तावित**, प्रस्थापित, प्रस्तुत, संकल्पित;

~ acquisition, ~ assessment, ~ change, ~ estimate, ~ law, ~ staff.

proposer –ज़ॅर् n. **प्रज्ञापक**, **प्रस्तावक**, प्रस्तोता, उपस्थाता, उपस्थापयिता; प्रतिपादक, प्रतिपादयिता; लक्ष्य बनानेवाला, उद्देश्य बनानेवाला, चाहनेवाला; स्वास्थ्य-कामना^F प्रस्तुत करनेवाला; परिणय-याचक, विवाह-प्रस्तावक, मँगनी^F करनेवाला; प्रस्थापक, संकल्प करनेवाला, विचार रखनेवाला, इरादा रखनेवाला ।

proposition प्रॉपॅज़ि'शॅन् n. उक्ति^F, कथन, वक्तव्य, वचन; (विशे०, तर्क०) संवाक्य, (तर्क०, दर्श०) **तर्कवाक्य**, प्रस्थापना^F; (गणित, संक्षिप्त *prop.*), उपक्षेप, प्रमेय,

प्रतिज्ञा^F; (शिक्षा०, का०, गणि०) **प्रस्ताव** (~ *statement*); प्रस्तावित योजना^F, प्रस्तुत योजना^F; योजना^F, स्कीम^F ⊙; कार्य, काम ⊙; (शिक्षा०, का०, गणि०) **साध्य**, उद्देश्य; समस्या^F ⊙; व्यापार, व्यवसाय, धन्धा; प्रतिद्वन्द्वी, सम्भाव्यता; तथ्य, मामला ⊙; क्रीड़ा^F, खेल ⊙।

propositional –नॅल् a. उक्ति-विषयक, कथन-सम्बन्धी; संवाक्ययुक्त, प्रस्तापनीय; उपक्षेपीय, प्रमेय-विषयक, प्रतिज्ञा-सम्बन्धी।

propotency ⊙ प्रापॅट्न्सि n. प्रशक्ति^F, अधिशक्ति^F, अधिबल।

propound प्रॅपॉउन्ड् v.t. उपस्थापित करना, प्रतिपादन करना, विचारार्थ प्रस्तावित करना, प्रस्तुत करना।

propounder –डॅर् n. उपक्षेपक, उपस्थापक, प्रस्तोता, प्रस्तावक, प्रतिपादक।

propper प्रॉ'पॅर् n. अवलम्बक, अवलम्बदाता, आश्रय-दाता, त्राता, त्राण देनेवाला, सहायक, सहारा देनेवाला।

propractor प्रॅप्रै'टॅर् n. (रोमन) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर, (इति०) T.

proprietariat ⊙ –टेॲ'रिॲट् n. भूस्वामिवर्ग, स्वामी-संघ।

proprietary[1] प्रॅप्राइ'ईटॅरि n. प्रभुत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, मिल्कियत^F (*an exclusive* ~); स्वामी-संघ, स्वामी-वर्ग, मालिक-संघ (*landed* ~)।

proprietary[2] *a.* स्वामिगत, स्वामीय, स्वामिक, स्वामी-सम्बन्धी, मालिकाना (~ *rights*); स्वाम्याधीन, अधिस्वामिक (~ *possession, share*); सम्पत्तिधारी, सम्पत्तिवान्; निजस्वमूलक, एकस्वमूलक, स्वायत्त;
~ company, ~ cultivation, ~ estate, ~ possession, ~ right, ~ stores, ~ title.

proprietor –र् n. प्रभु, (का०) **स्वामी**, **स्वत्वधारी**, स्वत्वाधिकारी, मालिक।

proprietorial –टॉ'रिॲल् a. स्वामीय, स्वामिगत, मालिकाना।

proprietorship –टॅर्'शिप् n. प्रभुत्व, स्वत्व, (का०) **स्वामित्व**, अधिकार, (का०) **स्वाम्य**, मालिकयत^F।

proprietory –रि a. एकायत्त, गुप्त (~*medicine*)।

proprietress –ट्रिस् n. स्वामिनी^F, स्वत्वाधिकारिणी^F, मालकिन^F।

propriety –'इटि n. संगति^F, समीचीनता^F, उपयुक्तता^F, (विधा०, का०, दर्श०) **औचित्य**; व्यवहारौचित्य, सम्यक् व्यवहार, योग्य आचरण, शिष्टता^F, सौजन्य, भलमनसाहत^F (*breach of* ~)।

proprioceptive प्रॉप्रिॲसे'प्टिव् a. (चि०) **अंतःसंवेदी**।

proprioceptor –टॅर् n. (चि०) **मध्य ग्राहक**।

propriospinal ⊙ –स्पाइ'नॅल a. (चि०) **मेरु-सम्बन्धी**।

props प्राप्स्' n. (pl., ना०) मंच-सामग्री^F, मंचका सामान।

propterygium–टॅरि'जिॲम् n. (जीव०) **अग्रपक्षक**।

propterygoid ⊙ टॅ'रिगॉइड् n. (जीव०) **अग्र**

व्यंगिका।

proptosis –टो'सिस् n. बहिःक्षेप, बहिःक्षेपण, प्रक्षेप, उत्क्रमण, उभार, निकलनेका भाव, बड़े होना: (चि०) अंगभ्रंश, अंगभ्रंश, अंगविस्थापन।

propugnation प्रॉपॅग्ने'शॅन् n. रक्षा^F, सुरक्षा^F; रक्षोपाय, सुरक्षात्मक कार्य।

propulsion प्रोपल्'शन् n. प्रक्षेपण, धक्का, ठेल, पेल, दबाव; (ला०) अनुप्राणन, (चि०, भौ०, परि०) **प्रणोदन**, (भौ०) **नोदन**, प्रेरणा, प्रोत्साहन, उत्तेजना^F, **चालन** (~ *charges*); बढ़ावा; (चि०) शरीरका आगेकी ओर झुकना या गिरना।

propulsive –सिव् a. प्रक्षेपी, धकेलू; अनुप्राणक, प्रणोदी, प्रेरक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, बढ़ावा देनेवाला।

propus n. (ज्यौ०) **सप्तन मिथुन**, T.

propylaeum प्रॉपिलि'ॲम् n. (pl. -*ea*) देवायतन-प्रांगण, मन्दिरके सामनेका आँगन; =PROPYLON.

propylon प्रा'पिलॉन् n. तोरण, तोरण-द्वार, (इति०) **सिंहद्वार**, सदर **दरवाजा**; दरवाजा खास: = PROPYLAEUM.

propylaea ⊙ प्रापिली'ॲ n. (इति०) **सिंह-द्वार**।

pro rata (L) adv. **यथानुपात** (~ *freight*), अनुपाततः; a. आनुपातिक।

pro-rate प्रोरेट्' v. i. आनुपातन करना, अनुपातमें बाँटना, बराबर हिस्सोंमें बाँटना।

prore प्रोॲर्' n. पूर्वक, पोताग्र, जहाजका अगला हिस्सा।

pro re nata (L) विशिष्ट आवश्यकता^Fके लिए, यथास्थिति^F।

prorogate प्रो'रॅगेट् v.t. (का०) **सत्रावसान करना**, संस्थगन करना, स्थगित करना, उठा देना।

prorogation –गे'शॅन् n. संस्थगन, स्थगन, (का०) **सत्रावसान**, **विराम**, कार्यनिवृत्ति^F।

prorogue प्रॅरोग्' v.t. & i. संस्थगन करना, (राज०) **सत्रावसान करना**, उठा देना; संस्थगित होना, सत्रावसान होना, उठ जाना, टालना।

prorogued –ड्' a. सत्रावसित, संस्थगित।

prorubricyte ⊙ प्रॉरुब्रिसाइट् n. (चि०) **प्राक्तनरक्ताणु प्रसू**।

pros- प्रति-, की ओर (~*elyte*, ~*ody*)।

pros ⊙ प्रास्' n. पक्ष, अनुकूलताएँ^F; ~ & cons पक्ष-पक्ष, (राज०) **पक्ष-विपक्ष**, **आगा-पीछा**।

prosaic प्रो(प्रॅ)ज़े'इक् a. गद्यरूप, गद्यात्मक, काव्य-सौन्दर्य-विहीन (~ *style*); नीरस, विरस, शुष्क, रूखा (~ *life, person*); सामान्य, साधारण, सादा, फीका।

prosaicness –निस् n. गद्यरूपता^F, गद्यात्मकता^F, काव्य-सौन्दर्य-राहित्य; नीरसता^F, विरसता^F, शुष्कता^F, रूखापन; सामान्यता^F, साधारणता^F, सादापन, फीकापन।

prosaism –इज़्म n. गद्यशैली^F, गद्यप्रयोग;

अविदग्धता^F, असहृदयता^F; नीरसता^F, शुष्कता^F।
prosaist –इस्ट् n. गद्यकार, गद्यलेखक; गद्यप्रिय व्यक्ति, नीरस जन, असहृदय पुरुष, अविदग्ध मनुष्य।
proscenium प्रो(प्रॅ)सी'निॲम् n. (pl. *-ia*) (प्रा० रंगशाला^Fमें) रंग-मंच; (आधु०) मंचाग्र, यवनिका^Fका बाहरी भाग, गायनमण्डली^Fका मध्यभाग।
proscribe प्रस्क्राइव्' v.t. न्यायवंचित करना, कानूनी संरक्षणसे परे करना, निष्कासित करना, निर्वासित करना, देश-निकाला देना; (विशे०, ला०) बहिष्कृत करना, अस्वीकृत करना, **बाधित करना;** अवैध घोषित करना, जब्त करना; कुख्यात करना; (का०) **अभिनिषिद्ध करना,** नाजायज करार देना।
proscribed –ड् a. अभिनिषिद्ध, **बाधित** (~ *statement*)।
proscriber –'बॅर् n. न्याय-वंचक, कानूनी संरक्षणसे परे करनेवाला; निष्कासक, निर्वासक, देशनिकाला देनेवाला; बहिष्कर्ता, अस्वीकर्ता, अवैध घोषित करनेवाला, जब्त करनेवाला; अभिनिषेधक, प्रतिषेध करनेवाला, नाजायज करार देनेवाला।
proscript प्रो'स्क्रिप्ट् n. न्यायवंचित व्यक्ति, कानून-बाहर आदमी; निष्कासित व्यक्ति, निर्वासित आदमी।
proscription प्रॅस्क्रिप्'शॅन् n. न्यायनिषेध, (का०) **अभिनिषिद्धि^F,** अभिनिषेध, जब्ती^F; दण्डाज्ञा^F; **बाधन** (~ *list*); देशनिष्कासन; बहिष्कार, निर्वासन, देश-निकाला।
proscriptive –'टिव् a. न्यायनिषेधकारी, प्रतिषेधात्मक; बाधनीय; निष्क्रामक, निर्वासक, देशनिकाला करनेवाला।
prose[1]* प्रोज्' n. गद्य*; (ईसा०) गद्यात्मकता^F, इतिवृत्तात्मकता^F, नग्न वास्तविकता^F, सादगी^F; अरुचिकर वार्तालाप, (गुण०) गद्यात्मक, गद्यरूप; ~man गद्यलेखक, गद्यकार; ~ poem गद्यकाव्य, काव्यात्मक गद्य।
prose[2] v.i. & t. नीरस वार्तालाप करना, शुष्क वार्ता^F करना; इतिवृत्तात्मक वर्णन करना; (किसी पद्यको) गद्यरूप देना, गद्यमें बदलना।
prosecutable प्रॉ'सि॑क्यूटॅ बॅल् a. अनुष्ठेय, अनुष्ठानीय, अनुशीलनीय, अनुसरणीय; अभियोज्य, अभियोजनीय, अभियोग योग्य, अभिशंस्य, अभिशंसनीय, मुकदमा चलाने योग्य, कानूनी कार्यवाही करने लायक।
prosecute –ट् v.t. अनुष्ठान करना, अनुशीलन करना, अनुसरण करना, (में) प्रवृत्त रहना, लगा रहना; (का०) **अभियोजन करना;** (किसी व्यवसाय या व्यापारको) चलाते रहना; आगे चलाना; अभियोजित करना, अभियोग चलाना, अभिशंसन करना, मुकदमा चलाना, (का०) **चालान करना** (~ *the accused*); कानूनी कार्यवाही^F करना, पैरवी^F करना।
prosecuted –टि ड् a. **अभियोजित,** अभिशंसित, **चालान किया।**
prosecuter –टॅर् n. शवशल्यकर्मी।
prosecution –यू'शॅन् n. अनुशीलन, अनुसरण, निर्वहण, अनुष्ठान; आगे चलाना, **अभ्यारोपण;** (कानून) **अभियुक्त, अभियोजन,** अभियोग चलाना, अभिशंसन, दावा, इस्तगासा; **च.लान,** चालान-क्रिया^F; अभियोग-पक्ष, अभियोजन-पक्ष; वादपत्र; ~ witness अभियोग-साक्षी, **अभियोग-गवाह, सफाई-गवाह।**
prosecutor –'सि॑क्यूटॅर् n. (का०) **अभियोजक,** अभियोक्ता, अभियोगी, वादी, अर्थी, अभिशंसक; public ~ लोकाभियोजक, राजकीय प्राभियोक्ता।
prosecutrix –'ट्रिक्स् n. (pl. *-ices*) (का०) **अभियोजिका^F,** अभिशंसिका^F।
proselyte[1] प्रॉ'सि॑लाइट् n. स्वधर्मत्यागी, नवमतावलम्बी, धर्मग्राही, धर्मान्तरित, परधर्माश्रयी, मतान्तरग्राही; नवयहूदी।
proselyte[2] v.t. धर्मान्तरित करना, धर्मान्तरमें दीक्षित करना, धर्म-परिवर्तन करना।
proselytism –टिज़्म् n. धर्मान्तरण, धर्म-परिवर्तन, मतान्तर ग्रहण; शुद्धि^F।
proselytize –टाइज़् v.t. धर्मान्तरित करना, मतान्तरित करना, शुद्ध करना आदि।
proselytizer –ज़ॅर् n. धर्मान्तर करानेवाला, धर्म-परिवर्तन करानेवाला।
prosencephalon प्रॉसे॑न्से॑'फॅलॉन् n. (चि०) **अग्रमस्तुलुंग, अग्रमस्तिष्क;** (जीव०) T.
prosenchyma प्रॉसे॑'किम् n. (वन०) **दीर्घोतक,** T.
proser प्रो'ज़ॅर् n. गद्य-लेखक; नीरस वक्ता, फीकी बात^F करनेवाला।
prosify –ज़िफाइ v.t. & i. गद्यात्मक बनाना, गद्यान्तरित करना; गद्य लिखना, गद्य रचना।
prosiliency प्रसि'लिॲन्सि n. प्रामुख्य, प्रधानता^F, प्रमुखता^F; प्रलम्बता^F।
prosilient –न्ट् a. मुख्य, प्रमुख, प्रधान, बढ़ा हुआ।
prosiness प्रो'ज़िनि॑स् n. नीरसता^F, रसहीनता^F, अरोचकता^F, रसहीनता^F, बेमजगी^F, बेलुत्फी^F, गद्यात्मकता^F।
prosing प्रो'ज़िंग् n. नीरस रूपमें लिखना, अरोचक ढंगसे लिखना या बोलना।
prosit प्रो'सिट् (L) int. शुभ हो, कल्याण हो, ईश्वर भला करे, भगवान् भला करे; int. चिरंजीव! फलो-फूलो!
prosodiacal, prosodial, prosodic प्रॉसॅडाइ'ॲकॅल, प्रॅसो'डिॲल्, प्रॅसॉ'डिक् aa. छन्द-शास्त्रीय, छन्दःशास्त्र-विषयक; छन्दीय, छांदस, छन्द-सम्बन्धी।
prosodian, prosodist प्रॅसो'डिॲन्, प्रॉ'सॅडिस्ट् nn. छन्द-शास्त्री, छन्द-शास्त्रज्ञ।
prosody प्रॉ'सॅडि n. छन्द-शास्त्र, छन्दोविद्या^F; छन्द।
prosophyle प्रॉ'सॅफिल् n. (जीव०) **आगम द्वार।**
prosopopoeia प्रॉसोपॅपी'इॲ n. व्यक्तीकरण, पुरुषीकरण, (भाषण) मानवीकरण, रूप-प्रदान; कल्पित वक्ताका

परिचय।

prospect[1] प्रॉस्'पे क्ट् n. दृश्य, दृष्टि^F; भावदृश्य, मनोगत दृश्य, आयति^F, (*opened a new* ~); आलोक, दर्शन, अग्र दृष्टि^F, पूर्वेक्षण, प्रत्याशंसा^F, आशा^F, भविष्य, भविष्णुता^F; खनिज-प्राप्तव्य-स्थल; कच्ची धातु^F का नमूना; भावी ग्राहक।

prospect[2] v.i. & t. (का०) **पूर्वेक्षण करना, अन्वेषण करना**; (धातुओं^F की) खानें^F ढूंढ़ना, स्थान खोजना; (का०) **खोजना**, ढूंढ़ना, तलाशना; (खान^F) खोदना, पाना।

prospection –क्‌शॅन् n. दूरदर्शिता^F, दूरदृष्टि^F।

prospective[1] –'टिव् n. दृश्य, आयति^F, आलोक।

prospective[2] a. प्रभावी, सम्भावी, भविष्य-प्रभावी, भविष्य-विषयक, (का०) **भावी**, भवितव्य, (का०) **प्रत्याशित**, उत्तरकालीन; आगेका;
~ anticipation, ~ anxiety, ~ bridegroom, ~ confidense, ~ curiosity, ~ despair, ~ determination, ~ dread, ~ emotion, ~ enthusiasm, ~ hope, ~ timidity, ~ view, ~ worry.

prospectiveness –निॅस् n. भविष्य, भवितव्यता^F, (अर्थ०) (पूँजी^F की) **पूर्वेक्षा**^F।

prospectless प्रॉस्'पे क्ट्-लिॅस् a. भविष्यहीन, निराशाजनक, आशारहित।

prospector प्रॅस्पे क्'टॅर् n. (धातुओं^F की) खान^F खोलनेवाला, (के) क्षेत्रका अनुसन्धानकर्ता, पूर्वेक्षक।

prospectus प्रॅस्पे क्'टॅस् n. (pl. -*es*) (वाणि०) **प्राग्वेक्षण**, प्रविवरण, **विवरण-पत्र**, विवरण-पत्रिका^F, (का०) **विवरणिका**^F; **बोधिका**^F, परिचय-पत्रिका^F, (वाणि०) **माहिती-पत्र**, नियमावली^F।

prosper प्रॉस्'पॅर् v. i. & t. सफल होना, प्रतिफलित होना; समृद्ध होना, उन्नति^F करना, फलना-फूलना, (*cheats never* ~); कृतार्थ होना, कृतकृत्य होना; अभ्युदय करना, उन्नत करना, उदय होना, समृद्ध बनाना; साधना, सफलमनोरथ करना; बढ़ाना।

prosperity –पे'रिटि n. श्री^F, ऐश्वर्य, **वैभव**, (अर्थ०) **समृद्धि**^F, सम्पन्नता^F, सम्पत्ति^F, विभूति^F; अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि^F; कृतार्थता^F; साफल्य।

prosperous –'पॅरॅस् a. श्रीसम्पन्न, ऐश्वर्यवान्, समृद्ध, सम्पन्न, भरा-पूरा, फलता-फूलता (~ *merchant*); अभ्युदित, उत्कृष्ट, वर्द्धित; सिद्धार्थ, सफल, धन्य, कृतार्थ; शिव, शुभ, मंगल, कल्याणप्रद (~ *hour*)।

prosperousness –निॅस् n. श्रीसम्पन्नता^F, ऐश्वर्यवत्ता^F, समृद्धि^F, सम्पन्नता^F, अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि^F; कृतार्थता^F, साफल्य, सफलता^F, कामयाबी^F।

prospicience प्रासि'शिॲन्स् n. अग्रदृष्टि^F, अग्रदर्शन, भविष्यदर्शन, अनागत-दर्शन, भविष्य देखना, आगे देखना, आनेवाले जमानेकी ओर देखना।

prostate प्रास्'टेट १. a. पुरःस्थ; २. n. (~*gland* भी) (जीव०) **पुरःस्थग्रन्थि**^F, पुरुषोंमें वस्ति ग्रीवापरिधि ग्रन्थि^F; enlarged ~ (चि०) अष्ठीला।

prostatic प्रॅस्टै'टिक् a. पुरःस्थ, पुरःस्थग्रन्थि-विषयक, मुखशायीग्रन्थि-सम्बन्धी;
~ plexus, ~ region, ~ sinus, ~ utricle.

prostatitis प्रॉस्टॅटाइ'टिस् n. (चि०) शिश्नग्रन्थि-शोथ, पुरःस्थग्रन्थि-शोथ।

prosthesis प्रॉस्'थिसिस् n. (व्या०) आदि अक्षरागम, उपसर्ग; (शल्य०) कृत्रिमांगस्थापन; कृतिमांग।

prosthetic[1] प्रॉस्थे'टिक् a. (चि०) कृत्रिमांग स्थापन-विषयक।

prosthetic[2] a. पूर्वयुक्त, संयुक्त।

prosthetics –क्स् n. (चि०) कृत्रिमांगस्थापन शल्य-चिकित्सा^F।

prosthion ⊙ प्रॉस्'थिॲन् n. (चि०) **अग्रबिन्दु**।

prostitute[1] प्रॉस्'टिट्यूट् n. गणिका^F; वेश्या^F, वारांगना^F, वारवनिता^F, वारनारी^F, छिनाल^F, पतुरिया^F, रण्डी^F; (ला०) भ्रष्ट व्यक्ति, भाड़ेका टट्टू।

prostitute[2] v.t. (स्वयंको) वेश्या^F बनाना, रति-व्यापार करना, सतीत्व बेचना; (ला०) सम्मान बेचना, योग्यता^F का व्यापार करना; खराब करना, बिगाड़ना।

prostitution –ट्यू'शॅन् n. गणिकावृत्ति^F, (का०) **वेश्याकर्म, वेश्यावृत्ति**^F, वारसेवा^F, रण्डी^F का पेशा, छिनालापन; दुष्प्रयोजन, लैंगिक व्यभिचार, बदकारी^F।

prostitutor –'ट्यूटॅर् n. वेश्यापणिक, गणिका-व्यापारी, वारांगना-व्यापारी, वारवनिता-विलासी, वेश्या^F बनानेवाला, दलाल, पतुरियाबाज, रण्डीबाज।

prostomium प्रस्टो'मिॲम् n. (जीव०) **अभिमुख**,T.

prostrate[1] प्रॅस्ट्रेट्', प्रॉस्'ट्रेट् v.t. धराशायी करना, लम्बायमान करना, भूमिगत करना, चित गिरा देना, धूल^F चटाना, जमीन^F सुंघाना; भूस्तृत होना, भूशायी होना, लेट जाना, दण्डवत करना, साष्टांग प्रणत होना; (ला०) पराभूत करना, पराजित करना, मजा चखाना, नाक^F रगड़वाना; (कान्ति^F आदिका) क्षीण कर देना, कृश कर देना, शक्तिक्षय कर देना, पस्त कर देना, बेदम कर देना, तोड़ना, घटाना।

prostrate[2], -ed प्रॉस्'ट्रे(ट्रि)ट्, इट् aa. भूस्तृत, भूमिगत, (कृषि०, वन०) **भूशायी**, दण्डवत्, लम्बायमान, साष्टांग प्रणतः पट, मुँहके बल; विषण्ण, अवसन्न, पराभूत, अपदस्थ, गिरा-पड़ा; कृश, क्षीण, तनु, जर्जर; (वन०) भूस्तर्पी।

prostration प्रॅस्ट्रे'शॅन् n. भूलुण्ठन, भूलुति^F, दण्डप्रणाम, प्रणिपात, साष्टांग प्रणाम; पराभव, पराजय^F, क्षीणता^F, अवसाद, (चि०) **अवसन्नता**^F, शक्तिक्षय, परिक्लान्ति^F, पस्ती^F।

prostyle प्रॉस्'टाइल् n. (स्था०) ड्योढ़ी^F।

prosy प्रो'ज़ि a. नीरस; अरोचक, बेमजा, बेतुका।

prosyllogism प्रॅसि'लॅजिज़्म् n. (तर्क०, दर्श०) **पूर्वहेत्वनुमान, पूर्वहेतुवद् अनुमान**; पूर्वहेत्वनुमान, पूर्वानुमानवाक्य।

prot. protestant.

protactinium प्रॅटैक्टि'निअॅन् n. रश्मि-उत्पादक तत्त्व, प्रोटैक्टीनियम।
protagonist प्रोटै'गॅनिस्ट् n. नायक, मुख्य अभिनेता; नेता, अग्रणी, धुरन्धर, सर्वेसर्वा; (भ्रमा०) प्रवक्ता, अधिवक्ता, समर्थक, पक्षपोषक, हिमायती, तरफदार।
protandrous प्रॅटैन्'ड्रॅस् a. (वन०) **पूर्वपुंपक्व, पूर्वपुंकेसरी,** आद्यपुंविकासी, आद्यकेसर-विकासी, प्रथम-पराग-सम्भावी।
protandry –ड्रि n. (वन०) **पूर्वपुंपक्वता**^F।
protanopia ⊙ प्रोटॅनो'पिअॅ n. (शिक्षा०) **आंशिक वर्णान्धता**^F।
pro tanto (L) adv. इस सीमातक, इतना भर।
protasis प्रो'टॅसिस् n. (pl. *-ases*) प्रस्तावना^F, भूमिकात्मक वाक्यांश, परिचयात्मक उपवाक्य, दशाबोधक वाक्यांश।
protatic प्रॅटै'टिक् a. प्रथम, भूमिकात्मक, प्रस्तावनात्मक; दशाबोधक, शर्ती।
protean प्रो'टि'अॅन् a. रूपान्तरणीय, अतिपरिवर्तनशील; बहुरूपी, बहुरूपधारी; (चि०) प्रोटीनका एक अम्लघुल-साधित यौगिक।
protect* प्रॅटे'क्ट्' v.t. (का०) **संरक्षण करना,** रक्षित करना, संरक्षित करना, सुरक्षित करना, परित्राण करना, बचाना*; (हुण्डी^F आदि भरनेके लिए) धनसंचय करना, रुपया जुटाना; (यन्त्रोंको सुरक्षार्थ) पालिश^F करके रखना।
protectant –'टॅन्ट a. (वन०) **रक्षक,** संरक्षी।
protected –टि'ड् a. **रक्षित, सुरक्षित, संरक्षित,** अभिरक्षित;
~ commodity, ~ document, ~ market, ~ place, ~ state, ~ status, ~ transaction.
protecting –टिंग् n. **बचाव,** a. **संरक्षी, रक्षी, रक्षक,** ~ agent **संरक्षक;**
~ cap, ~ cover, ~ envelope, ~ power.
protection –'शॅन् n. **रक्षा**^F, **संरक्षा**^F, **सुरक्षा**^F, **सुरक्षण,** परित्राण, प्रतिरक्षा^F, आश्रय, छत्रच्छाया^F, अभयहस्त; त्राण, (रसा०, अर्थ०) **संरक्षण,** संरक्षकता^F (*under your kind ~*), **बचाव;** संरक्षक, रक्षाकारी (*dog is a great ~ against burglars*); अभयपत्र;
~ order ~ ratio, ~ work.
protectionism –निज़्म् n. (बैंक०) **संरक्षणवाद,** रक्षावाद, देशी उद्योगकी रक्षा^Fका सिद्धान्त।
protectionist –निस्ट् n. रक्षावादी।
protective –'टिव् a. (रसा०, चि०, वन०) **संरक्षी, रक्षी,** रक्षक, (रसा०) **संरक्षक,** सुरक्षात्मक, संरक्षणशील; (चि०) रोगक्षमता-दायक, (शक्तिक्षयके रोगोंसे) बचानेवाला भोजन; ~ custody सुरक्षात्मक गिरफ्तारी^F; ~ duty संरक्षणकर;
~ abutment, ~ action, ~ agency, ~ agent, ~ barrier, ~ certificates, ~ characters, ~ clothing, ~ coat, ~ coating, ~ colloid, ~ colouration, ~ covering, ~ duty, ~ epithelium, ~ foods, ~ function, ~ influence, ~ jelly, ~ jurisdiction, ~ logs, ~ measure, ~ mimicry, ~ mounds, ~ operation, ~ apatrol, ~ potency, ~ rates, ~ screen, ~ surrounds, ~ tariff, ~ tissue, ~ trade, ~ value, ~ venting, ~ wall.
protectiveness –निॅस् n. रक्षकता^F, संरक्षकता^F सुरक्षात्मकता^F, संरक्षणशीलता^F।
protector –टॅर् n. रक्षक, पालक, त्राता, संरक्षक; पक्ष-समर्थक, आश्रयदाता, बचानेवाला; रक्षक वस्तु, रक्षक संरचना^F।
protectoral –रॅल् a. राजरक्षक-सम्बन्धी।
protectorate –रॅट् n. राजसंरक्षक-पद, राजसंरक्षकत्व; (इति०) **संरक्षण-काल;** रक्षक शासन, (इति०) **संरक्षित राज्य,** रक्षित राज्य; संरक्षित देश।
protectorial –टॉ'रिअॅल् a. = PROTECTORAL.
protectorship –'टॅर्शिप् n. (लार्ड प्रोटेक्टर आफ दि कामनवेल्थका) संरक्षक पद।
protectory –रि n. (रोम० कैथो०) संरक्षणालय, अनाथालय, विस्थापित संस्था^F, उद्दण्डबालक-संस्था^F।
protectress –ट्रिस् n. रक्षिका^F, संरक्षिका^F, बचानेवाली।
protege प्रॉ'टे'जे n. (का०) **रक्षित,** आश्रित, पालित, पोष्य, उपजीवी, संरक्षणाधीन व्यक्ति।
proteid प्रो'टि'इड् n. = PROTEIN.
proteiform प्रो'टि'इफ़ॉर्म a. बहाकृति, बहाकार, कई आकारवाला; परिवर्तनशील आकृतिवाला।
protein प्रो'टि'इन् n. प्रोभूजिन, (चि०, कृषि०, वन०, रसा०) **प्रोटीन;** मांसजातीय खाद्य द्रव्य;
~ equivalent, ~ hydrolysate, ~ pool, ~ sol, ~ synthesis.
proteinacious, proteinic, proteinous –ने'शॅस्, –'निक्, प्रोटी'नॅस् aa. प्रोभूजीय, प्रोटीनवाला।
protend प्रॅटे'न्ड्' v.t. प्रसारित करना, तानना, फैलाना, आगे निकालना।
protensity प्रॅटे'न्'सिटि n. कालव्यापिता^F, समयव्यापिता^F, समयके साथ चलनेवाला होना; लम्बाई^Fमें होना, लम्बाई^Fके अनुसार होना।
protensive –सिव् a. कालव्यापी; समयव्यापी, समयके साथ चलनेवाला; लम्बाई^Fमें, लम्बाई^Fके अनुसार।
proteolysis प्रोटि'ऑ'लिसिस् n. (पाचकरस द्वारा) प्रोभूजांशन, प्रोभूज-विभाजन, प्रोभूज-पृथक्करण; (रसा०, कृषि०) **केसीन-विश्लेपण;** (चि०) **प्रोटीनलयन;** प्रोटीन-विश्लेषण, प्रोटीनका अलगाव।
proterandrous प्रॉटॅ रैन्'ड्रस् a. आद्यकेसर-विकासी, पके परागवाला।
protergum प्रॅटर्'गॅम् n. (जीव०) **अग्रपृष्ठक।**
proter(o) पूर्व-, पुरा, सुपुरा- (*proterandrous, proterogynous, proterozoic*)।

proterogynous प्रॉटॅरॉजिनॅस् a. आद्यकिंजल्क-सम्भावी, आद्यकिंजल्क-विकासी, प्रथम बीजाण्ड-सम्भावी, पूर्वस्त्रीपक्व।

proterozoic ⊙ प्रॉटॅरॅज़ो'इक् a. प्राजीव, जीवनारम्भिक; ~ era **प्राजीव कल्प**।

protervity प्रॉ टॅ'र्'विटि n. धृष्टता[F], शठता[F], मूढ़ता[F], मूर्खता[F], दुःशीलता[F]; प्रतिकूलता[F]।

protest[1] प्रो'टॅस्ट् n. प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति[F], प्रत्याख्यान, (राज०, का०) **अभ्यापत्ति**[F], **असम्मति**[F] (~ *book*), **विरोध** (~ *note*); प्रतिवाद-पत्र, प्रत्यापत्ति-पत्र, विरोध-पत्र, (बैंक०) **निकराई-सिकराई पत्र**; (हुण्डी[F] आदिका) विपत्रप्रमाण, अस्वीकृतिपत्र, (का०, राज०) **नकारपत्र**, दृढ़ोक्ति[F], दृढ़वचन, प्रकथन, गम्भीर घोषणा[F]।

protest प्रॅटॅस्ट् v.t. & i. प्रतिवाद करना, प्रत्यापत्ति[F] करना, प्रत्याख्यान करना, विरोध करना; (हुण्डी[F] आदिका) अस्वीकृति-पत्र लिखना; दृढ़ोक्ति[F] करना, गम्भीर घोषणा[F] करना; प्रतिपादन करना; ~ *that* ⊙, ~ *against that* विरोध प्रकट करना।

protestant, P- प्रॉ'टिस्टॅन्ट्, प्- n. & a. (ईसाइयोंके सम्प्रदायका अनुयायी), प्रोटेस्टेण्ट।

protestantism –टिज़्म् n. प्रोटेस्टेण्ट धर्म।

protestation प्रॉटिस्टे'शॅन् n. प्रत्याख्यान, प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति[F], विरोध; निषेधोक्ति[F], दृढ़वाद, दृढ़ोक्ति[F], गम्भीर प्रतिपादन।

protester, protestor प्रॅटॅ'स्टॅर्, प्रॅटॅ'स्टॅर् nn. प्रत्यापत्तिकर्ता, प्रत्याख्यानकर्ता, विरोधकर्ता।

protesting –टिंग् n (वाणि०) **सिकराई**[F]; ~ state (का०) **विरोध करनेवाला राज्य**।

proteus प्रो'टीअस् n. कामरूप; चंचल व्यक्ति।

prothalamium, -ion प्रोथॅले(लें)'मिअॅम्, -इआन् n. (pl. -*ia*) मंगलगीत, परिणय-गीत, विवाहगीत।

prothallus प्रॅथॅ'लॅस् n. (वन०) **सूकायक**, T.; ~ cell (वन०) **उपजनन-कोशिका**[F]।

prothesis प्रॉ'थिसिस् n. (व्या०) = PROSTHESIS.

prothonotary प्रॅथॉ'नॅटॅरि n. (रोमीय न्यायालयमें) मुख्य करणिक, मुख्य लिपिक, मुख्य सचिव।

pro-thorax प्रॅथोॲ'रॅक्स् n. (जीव०) **अग्रवक्ष**।

protista प्रॅटिस्'टॅ n. जीवसंघ।

protistology प्रॅटिस्टॉ'लॅजि n जीवसंघविज्ञान।

protoandry ⊙ प्रोटॅऐन्'ड्रि (कृषि०) **पूर्वपुंपरिपाक**।

protoanthropic ⊙ प्रोटॅऐन्थ्रॉ'पिक् a. (नृ०) **आद्य-मानवीय**।

proto प्र-, आद्य-, आदिम, मूल, मुख्य (~-*Arabic* ~-*Celtic*, ~*genetic*, ~*genic*, ~*gynous*, ~*martyr*, ~*phyta*, ~*phyte*, ~*plasm*, ~*zoa*, ~*zoal*, ~*zoan*, ~*zoic*, ~*zoon*, ~*chloride*)।

protocol[1] प्रो'टॅकॉल् n. पूर्वालेख, पूर्वपत्र, मूललेख, मूलप्रति[F], कच्चा मसौदा, मूल लिखावट[F]; आरम्भिक मसौदा, प्रारम्भिक प्रलेख, प्रारम्भिक लेख-लेख; औपचारिकता[F]; (फ्रांसमें) शिष्टाचारविभाग, शिष्टाचार-व्यवस्था शिष्टाचार-विभाग; (राज०) **संलेख**, **पूर्वलेख** (**सन्धि**[F] **का**), राजलेख, चार्टर, (पोपकी आज्ञा[F]के प्रारम्भिक तथा अन्तिम) आधिकारिक सूत्र; (राज०) **नयाचार**, (~ *division*, ~ *section*); ~ statement (दूतो०) **अधिकृत कथन**।

protocol[2] v. i. & t. मूलपत्र लिखना, मूल प्रति[F] बनाना; मूलपत्रमें अंकित करना।

protocolist –लिस्ट् n. कर्णिक, रजिस्ट्रार, क्लर्क।

protoconch ⊙ प्रो'टॅकॉन्क् n. (जीव०) **आद्यकवच**।

protocorm ⊙ प्रो'टॅकॉर्म् n. (वन०) **पूर्वकन्द**।

protoderm ⊙ प्रो'टॅडॅर्म् n. (वन०) **प्रत्वक्**, **प्रचर्म**, T.

protogenes –जेनिस् n. (इति०) **अग्रजात**, **आदि जीव**।

protogenetic प्रोटॅजिनॅ'टिक् a. आद्य, (वन०) **आदिजात**, आदिकालीन, अतीतकालीन, प्राचीनकालका।

protogenic –जॅ'निक् a. **प्रोटाजनी**, **प्रोटानदाता**, **प्रोटानजनक**; = PROTOGENETIC.

protogynous प्रॅटॉ'जिनॅस् a. (वन०) **पूर्वस्त्रीपक्व**, पूर्वस्त्रीकेसराग्रपक्व।

protogyny –नि n. (कृषि०, वन०) **पूर्वस्त्रीपक्वता**[F], T.

protohomo ⊙ प्रोटॅहो'मो n. (इति०) **आद्यमानुष**।

protolog ⊙ प्रो'टॅलॉग् n. (इति०) **मूल वर्णन**।

protomartyr प्रो'टॅमार्टॅर् n. आद्य हुतात्मा, प्रथम हुतात्मा, प्रथम शहीद, (विशे० ईसाइयोंमें सेण्ट स्टीफ़न)।

protomorphic प्रोटॅमॉर्'फ़िक् a. (इति०) **आदिरूप**।

proton प्रो'टॉन् n. (भौति०) आवन्त, प्राणु, (रसा०) **प्रोटोन** (~ *cycle*);

~ disintegration, ~ microscope, ~ range, ~ scattering, ~ threshold.

protonema प्रोटॅनी'मॅ n. (वन०) **प्रतन्तु**, T.

protonephridium –फ़्रिडियम् n. (जीव०) **प्रवृक्कक**, **आदिवृक्कक**।

protonotary प्रोटॅनो'टॅरि n. = PROTHONOTARY.

protoparent ⊙ प्रोटॅपे'रॅन्ट् n. (इति०) **मूल जनक**।

protopathic –पैथिक् a. (चि०) **स्थूल सम्वेदी** (~ *sensibility*)।

protophyll –फ़िल् n. (वन०) **आदिपर्ण**, T.

protoplasm प्रो'टॅप्लैज़्म् n. प्रद्रव्य, प्राग्द्रव्य, जिद्रव, (वन०, जीव०, प्राणि०, रसा०) **जीवद्रव्य**, (चि०) **जीविसार**, जीवरस, आदिरस, (चि०) **प्रोटोप्लाज़्म**।

protoplasmatic, protoplasmic –मै'टिक्, 'मिक् aa. प्रारसिक, प्राग्रसिक, प्रद्रव्य, जिद्रवीय, जीवरसीय, जीविसार-विषयक, प्रोटोप्लाज़्म-सम्बन्धी;

~ body, ~ circulation, ~ connection, ~ matter, ~ membrane, ~ movement, ~ poison, ~ respiration.

protoplasmic –'मिक् (प्राणि०) जीवद्रव्य, (~ *process*, ~ *resistance*), जीवद्रव्यरूप; ~ cell (चि०) **तारकाणु** ।

protoplast प्रो'टॅप्लैस्ट् n. प्ररस या प्राणरसकी इकाई[F]; (वन०) **पूर्वलव**; आदर्शरूप, मूलरूप, मूलतत्त्व; आदिजन्मा, आदिपुरुष; T.

protoplastic –'टिक् a. आद्य, मौलिक, प्ररसकी इकाई[F] आदिसे सम्बन्धित ।

protostele ⊙ प्रो'टॅस्टील् n. (वन०) **पूर्वरम्भ** ।

prototroch ⊙ प्रो'टॅट्रॉक् n. (जीव०) **पूर्ववलय, रोपितवलय** ।

protopodite ⊙ प्रॅटॉ'पॅडाइट् n. (जीव०) **आदिपादांश** ।

prototypal, prototypic, -al प्रोटॅटाइ'पॅल्, प्रोटॅटि'पिक्, -ॲल् aa. आदर्शयुक्त, मूलादर्शीय, प्राग्रूपीय, प्रकृतरूपवाला ।

prototype –'टॅटाइप् n. मूलवस्तु, मूलादर्श; मूलरूप, प्राग्रूप, प्रकृतरूप, (रसा०) मूल-प्रतिरूप, मूलाकृति[F], (रसा०) **आदिरूप**, आदर्शरूप ।

protovertebra ⊙ प्रोटॅवॅर्टॅ'ब्रॅ n. (जीव०) **आद्यकशेरुक** ।

protoxylem ⊙ प्रॅटॉक्'सिलॅम् n. (वन०) **आदिदारु, आदि रसवाहिनी**[F], T.

protozoa प्रोटॅज़ो'ॲ n. (pl.) (चि०) प्रजीवाणु, कीटाणु; प्राणीवर्गके एककोशीय सूक्ष्मजीव; (कृषि०, जीव०) T.

protozoal –ॲल् a. (चि०) प्रजीवाण्वीय, कीटाण्वीय, प्रजीव-, प्रजीवीय, एककोशी जीवोंसे सम्बन्धित ।

protozoan –ॲन् a. & n. (चि०) कीटाणु (प्रजीवाणु-सम्बन्धी); एककोशी जीव-वर्गका (पशु); परोपजीवी एककोशियों[F] द्वारा फैलनेवाला (रोग) ।

protozoiasis ⊙ प्रोटॅज़ोइऐ'सिस् n. (चि०) कीटाणुजनित ।

protozoic –'इक् a. (भूगर्भ० पर्त[F]) प्रजीविक-युगीय ।

protozoon –'ॲन् n. प्रजीव, (चि०) **प्रजीवाणु**, कीटाणु, एककोशी जीव, (चि०) T.

protract प्रॅट्रैक्ट्' v.t. व्याक्षिप्त करना, विलम्बित करना, लम्बा करना, ढील देना, बढ़ाना; देर[F] लगाना (मानचित्र, खाका आदि) खींचना, तानना ।

protracted –'टिड् a. व्याक्षिप्त, विलम्बित, सुदीर्घ, दीर्घकालिक (~ *defence*), लम्बा (~ *correspondence*) ।

protractible –टिबॅल् a. = PROTRACTILE.

protractile –टिल् a. (जन्तु०, अंग आदि) वर्धनीय, लम्बनीय, बढ़ाने योग्य ।

ptotractility –'लिटि n. वर्धनीयता[F], लम्बनीयता[F], बढ़नेकी या लम्बा होनेकी क्षमता[F] ।

protraction –क्'शॅन् n. व्याक्षेप, विलम्ब, वृद्धि[F]; (पेशी[F]का) विस्तार, खिंचाव, तनाव; मानचित्रण, खाका, डौल ।

protractive –'टिव् a. व्याक्षेपात्मक, विलम्बात्मक, देर लगानेवाला ।

protractor –टॅर् n. (गणि०) **कोणमापक, चाँदा**, प्रोट्रैक्टर; प्रसारक पेशी; (चि०) एक शल्योपकरण, व्रणोंसे गोली[F] या हड्डी[F]के टुकड़े निकालनेका ।

protreptical प्रॅट्रॅ'प्'टिकॅल् a. शिक्षादायक, शिक्षाप्रद, शिक्षा देनेवाला; प्रचोदक, प्रणोदक, उत्साहदायक, जोश दिलानेवाला ।

protrude प्रॅट्रूड्' v.t. & i. प्रक्षिप्त करना, उद्वृत करना, उभारना, बाहर निकालना, धकेलना, ठेलना, आगे निकालना; उभरना, निकलना; (ला०) धृष्टता[F] करना, हठात् प्रवेश करना, जबरदस्ती[F] घुसना, दखल देना ।

protrudent –'डॅन्ट् a. प्रक्षिप्त, प्रक्षेपित, उत्क्रान्त, आगे निकला हुआ ।

protruding –डिंग् a. बहिर्लम्ब ।

protrusible –सिबॅल् a. प्रक्षेपणीय, (जीव०) **बहिःक्षेप्य, बहिःसारी**, उत्क्राम्य, बाहर निकालने योग्य, आगे निकलने लायक ।

protrusile –साइ(सि)ल् a. (अंग आदि) प्रक्षेपी, प्रक्षेपणीय, प्रसरणशील, उत्क्रमणशील ।

protrusion –ज़न् n. बहिःक्षेप, (चि०, जीव०) **बहिःक्षेपण**, प्रक्षेप, उत्क्रमण, प्रलम्बन, (चि०, जीव०) **निस्सरण**, निःसरण, उभार, निकलने या बढ़े होनेका भाव ।

protrusive –'सिव् a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपणशील, आगे निकालने या निकलनेवाला ।

protuberance प्रॅट्यू'बॅरॅन्स् n. (चि०) **प्रोद्वर्ध, शोथ**, स्फीति[F], गिल्टी[F], सूजन[F], उभार, फुलाव ।

protuberant –न्ट् a. प्रलम्ब, प्रोद्वर्धी, उन्नत, उच्छ्रित, उत्कृष्ट, फूला हुआ, उभरा हुआ; (शा० एवं ला०) आगे निकला या उठा हुआ ।

protuberate –रेट् v. i. उभड़ना, फूलना, सूजना ।

proud[1] प्रॉउड्' a. गर्वी, अहंमन्य, अहंकारी, अभिमानी, दम्भी, उद्धत, घमण्डी, डींगिया; गौरवान्वित, गर्वानुभवी; स्वाभिमानी, आत्मगौरवयुक्त; (~-*hearted* भी) अभिदृप्त, दुर्विनीत, असहनशील, गर्वीला, अकड़बाज, घमण्डी; (कार्य आदि) गर्वपूर्ण, दर्पमय, अभिमानयुक्त; (वस्तुएँ[F]) विराट्, विशाल, गुरु, महत्, आलीशान; (जल) बाढ़युक्त, बढ़ा हुआ ।

proud[2] adv. (बोल०) गौरवान्वित (*do me* ~) ।

proudish –'डिश् a. किंचित् अहम्मानी, कुछ-कुछ गर्वीला, कुछ-कुछ अभिमानी ।

proudness –ड्'निस् n. गर्वितता[F], अहंमन्यता[F], अहंकारिता[F], अभिमानिता[F]; दम्भ, उद्धतता[F], घमण्ड; गौरवान्वितता[F], गर्वानुभव; स्वाभिमानता[F], आत्मगौरवयुक्तता[F]; अभिदृप्तता[F], दुर्विनीतता[F], घमण्ड ।

Prov. Proverbs; Province; Provincial; Provencal; Provost.

prov. provisional.

provable प्र्'वॅबॅल a. साध्य (~ *claim*, ~ *debt*),

प्रमाण्य, उपपाद्य, साबित या सिद्ध करने योग्य ।

provableness –निस् n. साध्यता^{F}, प्रमाण्यता^{F}, उपपाद्यता^{F}; प्रामाणिकता^{F} ।

provand प्रॉ'वॅन्ड् n. घास^F, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) भोजन, खाना, दाना-पानी ।

prove प्रूव् v.t. & i. परीक्षण करना, **परखना**, (बन्दूक^F आदिको) परीक्षण-प्रक्रियाधीन करना, जाँच^{F}के लिए भेजना; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणन करना, जाँचना; शोध्य निकालना, प्रूफ निकालना; प्रमाणित करना, उपपन्न करना, निश्चित करना, पुष्ट करना, **सिद्ध करना**, साबित करना; सिद्ध या प्रमाणित होना, निकलना ।

proved –व्‌ड् a. (विधा०) **सिद्ध**, प्रमाणित, प्रतिपादित; (परि०) **परीक्षित, जाँचा हुआ** ।

proveditor प्रॅवे'डिटॅर् n. (विनीशियन प्रजातन्त्रका) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर, प्रोवेडिटर ।

provedore प्रॉवि'डोऑर् n. (सेना^{F}का) भण्डारी ।

proven ⊙ प्रूवॅन् a. = PROVED.

provenance प्रॉ'विनॅन्स् n. प्राप्तिस्थान, जन्मभूमि^{F}, मूलस्थान, उद्भवस्थल, उद्गम-स्थान (*of doubtful ~*) ।

provender प्रॉ'विन्डॅर् n. पशुभोज्य, सूखी घास^F, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) खाद्य, भोजन, खाना, दाना-पानी ।

provenience प्रॅवी'निॲन्स् n. मूल, स्रोत, मूलोद्गम, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थल ।

proventriculus प्रोवे'न्ट्रि'क्यूलॅस् n. (जीव०) **ग्रथिल जठर** ।

prover प्रूवॅर् n. प्रयत्नकर्ता, प्रयत्न करनेवाला; परीक्षक, परखनेवाला, आँकनेवाला; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणक, जाँचनेवाला; शोधक, प्रूफरीडर; (यन्त्र०) **प्रमाणक**, उपपादक, उपपादयिता, प्रमाणित करनेवाला, सिद्ध करनेवाला, साबित करनेवाला ।

proverb प्रॉ'वॅर्ब् n. न्याय, लोकोक्ति (*~ test*), कथोक्ति^{F}, लोकरूढ़ि^{F}, आभाणक, लोकवाद, जनोक्ति^{F}, जनवाद, कहावत^F, मसल^F; कहावत^{F}का खेल; (बहुव०) घेर, मण्डलके खेल; Book of p~s (पुराने टेस्टामेण्टमें) लोकोक्तिग्रन्थ; *ignorant to a ~* बुरी तरह अजान ।

proverbial प्रॅवर्'बिॲल् a. लोकवादीय, लोकोक्तीय, कथोक्तीय, लोकरूढ़ि-विषयक, कहावत-सम्बन्धी; लौकिक, लोकप्रसिद्ध, लोकप्रचलित, सर्वख्यात; कुख्यात, बदनाम ।

proverbialism –लिज़्म् n. लोकवाद, लोकोक्तिवाद, लोकोक्ति^{F} रूपमें कथन, कहावत^F ।

proverbialist –लिस्ट् n. आभाणकवादी, लोकोक्तिवादी ।

proverbiality –ऐ'लिटि n लोकप्रसिद्धि^{F}, जनप्रवाद, कुख्याति^{F} ।

proverbialize –'बिॲलाइज़् v.t. आभाणकोचित करना, लोकोक्ति^{F}का रूप देना, कहावत^F बना देना ।

proviant प्रो'विॲन्ट् n. (विशे० सैन्य) खाद्य, भोजन, भोजन-सामग्री^{F}, खाद्य-पदार्थ ।

provide प्रॅवाइड् v. i. & t. (मनोरंजन आदिका) सम्भरण करना, संयोजन करना, व्यवस्था करना, प्रबन्ध करना, जुटाना; (व्यक्तिके लिए कानूनमें) कहना, धारा^{F} निश्चित करना; निवेशित करना, प्रदान करना, देना; आवश्यकता^{F} पूर्ति^{F} करना, गुंजायश^F रखना; पूर्वसंग्रहण करना, उपार्जन करना, पूर्वसंचय करना; (इति०, कामपर) नियुक्त करना, लगाना; सजाना, तैयार करना; सजना, तैयार होना ।

provided –'डिड् a. सम्भृत, अन्वित, निवेशित, सहायताप्राप्त, इमदादी; प्रस्तुत, निर्दिष्ट, उपबन्धित; प्रदत्त, दिया हुआ ~ (*that*), **शर्त^F यह है कि**; इस शर्त^{F}पर, यदि, (विधा०) **परन्तु** ।

providence प्रॉ'विडॅन्स् n. सुविमर्श, सुसमीक्षा^{F}, पूर्वोपाय, पूर्व-विवेचन, पूर्वविधान, पूर्वविवेक, सामयिक चिन्ता^{F}, दूरदर्शिता^{F}, दूरदृष्टि^{F}; अल्पव्यय, मितव्यय, किफायत^F; विधाता^{F}, दैव, ईश, भगवान् ; भगवत्कृपा^{F}; special ~ भगवत्कृपा^{F}का विशेष दृष्टान्त, प्रभुकी विशेष अनुकम्पा^{F} ।

provident –न्ट् a. विवेकी, विवेकपूर्ण, दूरदर्शितापूर्ण, दूरदर्शी, खबरदार; मितव्ययी, किफायती; ~ fund संचितकोष, (विधा०, का०) **भविष्यनिधि^{F}**, सम्भरण-निधि^{F}, **निर्वाह-निधि^{F}** ।

providential –डे'न्'शल् a. दैवी, दैवाधीन, दैवकृत, ईश्वरीय; भाग्यवान् , सौभाग्यशाली; ~ order (अर्थ०) **नियत विधान** ।

provider प्रॅवाइ'डॅर् n. सम्भर्ता; निवेशक, प्रदाता, जुटानेवाला; (शा० एवं ला०) lion's ~ सियार; universal ~ बिसाती ।

providing –डिंग् conj. बशर्ते, यदि ।

province प्रॉ'विन्स् n. **प्रान्त, प्रदेश**, सूबा; कार्यक्षेत्र, अधिकार-क्षेत्र (*not within my ~*); विभाग, प्रकरण, विषय (*in the ~ of literature*) ।

provincial[1] प्रॅविन्'शल n. (का०) **प्रान्तीय**, प्रान्तवासी, प्रान्तोंका निवासी व्यक्ति; देशीय, ग्रामीण, देहाती; (ईसा०; बड़े पादरीके अधीनस्थ क्षेत्रका) प्रधान, धर्माध्यक्ष ।

provincial[2] a. (का०) **प्रान्तीय**, प्रादेशिक, प्रान्तीयतावादी;

~ affairs, ~ allotment, ~ autonomy, P~ Civil Service, ~ government, ~ highways, ~ legislature, ~ loan, ~ revenues, ~ scheme, ~ service, ~ staff, ~ subject, ~ unit.

provincialism –शॅलिज़्म् n. प्रान्तवाद, प्रान्तीयता^{F}, प्रान्तप्रेम; असंस्कृत प्रयोग, प्रान्तीय प्रयोग, ग्राम्य भाषा^{F}; प्रान्तीय रहन-सहन^F, प्रान्तीय विचार-पद्धति^{F}; संकीर्णता^{F} ।

provinciality –शिऐ'लिटि n. प्रान्तीयता^{F} ।

provincialize –'शॅलाइज़् v.t. प्रान्तीयकरण करना, प्रान्तीय बनाना, प्रान्तानुसार बना देना ।

proving प्रू'विंग् a. सिद्ध करना; ~ of bills **हुंडी-साधन, हुंडी सिद्ध करना।**

provision[1] प्रॅवि'ज़न् n. (किसीके पक्ष-विपक्षमें) प्रकल्पन, नियोजन, विधान, (वाणि०, का०, चि०)**व्यवस्था**F, व्यवस्थापन (~ *review*), प्रबन्ध; सम्भार, पाथेय, प्रदत्त सामग्रीF, सामान; (इति०) अरिक्त पदपर नियुक्तिF; (pl.) सम्भरण, (चि०) **खाद्य, आवश्यक वस्तु**F, खाद्य-सामग्रीF, (परि०) **रसद**F, जिन्स; निवेश, संविधाF, (का०) **उपबन्ध**, प्रावधान, बँधान, (का०) **शर्त**F; विधान, अवधानधाराF, नियम T; मुहैया करना।

provision[2] v.t. सम्भरित करना, नियोजित करना, विहित करना, व्यवस्थित करना, प्रबन्धित करना; सम्भृत करना, पाथेययुक्त करना।

provisional –जॅनॅल् a. **सामयिक**, तात्कालिक, कालिक, **अस्थायी, अनंतिम**, अल्पकालीन, **अन्तःकालीन**, व्यवस्थायी, कार्यनिर्वाही, कामचलाऊ; औपबन्धिक, कच्चा, कच्ची;

~ admission, ~ agenda, ~ assessment, ~ classification, ~ condemnation, ~ figures, ~ government, ~ hypothesis, ~ injunction, ~ inspection, ~ list, ~ order, ~ pediatrics, ~ receipt, ~ supply, ~ supposition.

provisionality, provisionalness –नै'लिटि, –'जॅनॅल्-नि`स् nn. अस्थायित्व, अल्पकालीनताF, अन्तःकालीनताF, कार्यनिर्वाहित्व, कामचलाऊपन।

provisionary –नॅरि a. =PROVISIONAL.

provisioning –निंग् n. **मुहैया**F **करना।**

provisionless –न्-लि`स् a. साधनहीन; सम्भरण-रहित, बिना रसद।

provisionment –मॅन्ट n. सामग्री-प्रदान, साधन या सामान आदिका प्रबन्ध।

proviso प्रॅवाई'ज़ो n. (विधा०) **परन्तुक**, निवेश, (का०) **उपबन्ध**, (का०) **प्रतिबन्ध**, प्रावधान, (का०) **शर्त**F, बँधान; अवधानधारा, शर्तFकी धाराF।

provisor प्रॅवाइ'ज़र् n. मोदी, भण्डारी; (इति०) अरिक्त स्थानपर नियुक्त व्यक्ति; (रोम० कैथो० गिर्जा०) विकर-जनरल।

provisory –रि a. अस्थायी (~ *care*); निवेशात्मक, प्रतिबन्धात्मक, सप्रतिबन्ध, शर्ती, बँधानी।

provocation प्रॉवॅके'शॅन् n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रोद्दीपन, (का०) **उत्तेजना**F, प्रोत्तेजनाF, उद्बोधन, प्रेरणाF; आवेश, प्रकोप, उकसाहटF, चिढ़F, छेड़F, तैश।

provocative प्रॅवॉ'कॅटिव् a. प्रणोदक, प्रचोदक, प्रोद्दीपक, (चि०) **उत्तेजक**, उद्बोधक, प्रेरक; आवेशी, प्रकोपक, प्रकोपी, प्रकोपकारी, चिड़चिड़ा, तैशमें आ जानेवाला।

provocativeness –निॅस् n. प्रणोदकताF, प्रचोदकताF, उद्दीपकताF, उत्तेजकताF, प्रेरकताF, आवेशिताF, प्रकोपकताF, चिड़चिड़ापनF, तैशमें आ जाना; प्रकोप, चिढ़F, तैश।

provocator प्रॉवॅके'टॅर् n. प्रकोपक, प्रणोदक, उत्तेजक।

provokable प्रॅवो'कॅबॅल् a. प्रणोद्य, प्रचोद्य, प्रचोदनीय, उद्दीप्य, उद्दीपनीय, उत्तेज्य, उत्तेजनीय, प्रेरणीय, प्रेरणा देने योग्य, तैशमें लाने लायक।

provoke –क् v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, उद्दीप्त करना, (का०) **उत्तेजित करना**, प्रेरित करना; प्रकुपित करना, क्रोध दिलाना, उकसाना, छेड़ देना, चिढ़ाना, उभारना, उकसाना, तैश दिलाना, छेड़ना।

provoker –'कॅर् n. प्रणोदक व्यक्ति या वस्तुF, प्रचोदक व्यक्ति या वस्तुF, उत्तेजक व्यक्ति या वस्तुF, प्रेरक व्यक्ति या वस्तुF, छेड़नेवाला।

provoking –किंग् a. प्रणोदक, प्रचोदक, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रेरक; प्रणोदनात्मक, उद्दीपनात्मक, प्रेरणात्मक; प्रकुप्त करनेवाला, क्रोध दिलानेवाला, उकसानेवाला, छेड़नेवाला, चिढ़ानेवाला, तैश दिलानेवाला।

provost प्रॉ'वॅस्ट् n. (ऑक्सफर्ड इत्यादिमें) प्रधानाचार्य, **प्रोवोस्ट**, (~ *section*); (इति०) धर्माचार्य, महन्त; **सैनिक पुलिस-अफसर**; (स्कॉट०) नगर-निगमोंका अध्यक्ष; (जर्मनीमें गिर्जाघरका कार्यवाहक) प्रोटेस्टैण्ट पादरी; ~ marshal आरक्षि-महाधिपति, **प्रोवो मार्शल**, प्रोवस्ट मार्शल, कोतवाल।

provostship –शिप् n. प्रोवोस्टका पद या कार्य।

prow[1] प्राउ' n. पूर्वक, पोताग्र; (जन्तुवि०) पोताग्रवत बाहरकी ओर प्रक्षिप्त भाग।

prow[2] a. (प्रा०) शूर, वीर, पराक्रमी, साहसी, सूरमा, दिलेर।

prowess –'इस् n. शौर्य, वीर्य, वीरताF, पराक्रम, पौरुष, ओज, प्रताप, दिलेरीF।

prowl[1] प्राउल्' n. (शिकारकी) टोहF, खोजF; विभ्रमण, विचरण; *on the* ~ खोजFमें, टोहFमें।

prowl[2] v. i. & t. (शिकारकी) टोहFमें घूमना, छुछुआना, दबे पाँव खोजना; फिरना, खोजते फिरना; लूट-मारF करना।

prowler –'लॅर् n. आखेटक, आखेटक्रीडक, शिकारी।

prowling –लिंग् n. आखेटन, आखेट-क्रीड़ाF, विभ्रमण, शिकारके लिए घूमना।

prox. *proximo* (*mense*), next month.

proxenus ⊙ प्रॉक्'सिॅनॅस् a. (राज०) **तद्देशिक**।

proximal प्रॉक्'सिमॅल् a. =PROXIMATE; (कृषि०, चि०) **निकटस्थ, निकटवर्ती;**

~ carpals, ~ convolution, ~ end, ~ extremity, ~ pterygiophore, ~ tarsal.

proximate –मॅट् a. संसक्त, सन्निकट, समीप, आसन्न, (~ *genus*), **समीपस्थ, निकटस्थ**; लगा हुआ, सटा हुआ; अनुमित, लगभग, निकटतम; ~ cause संसक्त कारण, (का०) **आसन्न कारण, अव्यवहित कारण**, (चि०) संनिकृष्टकारण, पूर्वनिवृत्त, निकटतम कारण, तात्कालिक हेतु; ~ damage (का०) **प्रत्यक्ष नुकसान;** ~ object तात्कालिक कार्य, आसन्न उद्देश्य; ~

principle (चि०) मुख्य तत्त्व ।
proximity –'मिटि n. संसक्तताF, सन्निकटताF, आसन्नताF, (का०) सामीप्य, (~ *effect*) निकटताF, सन्निधिF, (शिक्षा०) सान्निध्य, समीपताF; ~ of blood रक्त-सम्बन्ध ।
proximo (L) प्रॉक्'सिमो a. अग्रमासीय, अग्रमास-विषयक, आगामी मास-सम्बन्धी, आगामी मासका, आनेवाले महीनेका, अगले महीनेका ।
proxy प्रॉक्'सि n. प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रतिताधिकार, प्रतिताशक्तिF, एवजीF (*married*, *voted*, *by* ~); परोक्षी, प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष; (का०) प्रतिपत्र, प्रतिनिधिपत्र; (विधा०, का०) प्रतिपत्री; प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त मत ।
proxyship –शिप् n. प्रतिनिधि-कार्यालय, प्रतिपुरुष-कार्यालय; प्रतिनिधि-पद; प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रति-हस्तताF ।
P.R.S. President of the Royal Society.
P.R.S.A. President of the Royal Scottish Academy.
P.R.S.E. President of the Royal Society of Edinburgh.
prude प्रूड्' n. अतिसुशीलाF, अत्यधिक विनीताF, विनयशीला स्त्रीF, विनयदम्भीF, मिथ्यविनयी नारीF ।
prudence –'डॅन्स् n. मनीषाF, नीतिज्ञताF, दीर्घ दृष्टिF, विवेक, विवेचनाF, प्रज्ञाF, प्राज्ञताF, बुद्धिF, व्यवहार-कुशलताF, दूरदर्शिताF, दुनियादारीF; मितव्ययिताF ।
prudent –न्ट् a. (का०) प्राज्ञ, नीतिज्ञ, मनीषी, जागरूक, विवेकी, दूरदर्शी, सतर्क, सावधान, चतुर, सयाना, समझदार, चौकस, चलता-पुर्जा; मितव्ययी ।
prudential[1] –डे'न्'श्ल् n. (pl. में) नीतिF, विवेक, समझदारीF ।
prudential[2] a. सविवेक, विवेकशील, विवेकयुक्त, दूरदर्शी, नीतिज्ञतापूर्ण, प्राज्ञ, समझदार ।
prudentialism –शॅलिज़्म् n. विवेकशीलताF, नीति-मत्ताF, प्रज्ञाशीलताF, समझदारीF; दूरदर्शितावाद ।
prudentialist –लिस्ट् n. विवेकशील, नीतिज्ञ, प्रज्ञाशील, दूरदर्शी, समझदार; विवेकवादी, नीतिवादी, दूरदर्शितावादी ।
prudentiality –शिऍ'लिटि n. विवेकशीलताF; दे० PRUDENTIALISM, PRUDENCE.
prudery, prudishness –'डॅरि, –निॅस् nn. अतिसुशीलताF, विनयदम्भ, मिथ्याविनयF, अति-विनीतताF ।
prudhomme (F) धार्मिक न्यायाध्यक्ष ।
prudish –डिश् a. अतिसुशील, मिथ्याविनयी, विनय-दम्भी; अतिसुशीला स्त्रीF की तरह ।
prudishness –निॅस् n. = दे० PRUDERY.
pruinose प्रू'इनोस् a. (वन०) मोमी ।
prunable –प्रू'नॅबॅल a. अतिकृन्तन, अतिकृन्तनीय, विशोधन, विशोधनीय, कतरने योग्य, काटने योग्य, छाँटने योग्य, तराशने लायक; मोच्य, मोचनीय, मुक्त करने योग्य, अनावश्यक विषय छाँट देने योग्य ।
prune[1] प्रून्' n. वातानवदर, सूखा बेर, आलूबुखारा; (चि०) आलूक, आड़ू ।
prune[2] v.t. (शाखाओंF इत्यादिको) अतिकृन्तन करना, विशोधन करना, कतरना, काटना, छाँटना, तराशना; (ला०, पुस्तकF आदिको फालतू बातोंFसे) मुक्त करना, अनावश्यक विषय छाँट देना; सजाना, सँवारना (*off*, *away* के साथ) ।
prunella[1] प्रूने'ल् n. एक मोटा रेशमी कपड़ा ।
prunella[2] n. वर्धकि शाक, (बुखारमें काम आनेवाला) एक पौधा; एक प्रकारका ज्वर तथा गलेका रोग ।
prunello प्रूने'लो n. (pl. -*s*) उत्तम आलूबुखारा ।
pruner प्रू'नॅर् n. अतिकृन्तक, विशोधक, कतरनेवाला, काटनेवाला, छाँटनेवाला, तराशनेवाला; हँसिया, दरान्ती; (ला०, पुस्तकF आदिकी फालतू बातोंFका) शोधक, अनावश्यक बातेंF छाँट देनेवाला ।
pruniferous प्रूनि'फ़ॅरॅस् a. सबदर, बेरयुक्त, बेरसे लदा हुआ ।
pruning प्रू'निंग् n. अतिकृन्तन, विशोधन, (कृषि०) काट-छाँटF, कटाईF, छँटाईF, तराशF (~ *knife*); मुक्तिF, मोचन, अनावश्यक बातोंFकी छँटाईF; ~ shear (कृषि०) दस्ती कैंचीF; ~ wounds (कृषि०) छेदन-व्रण ।
prunt प्रन्ट्' n. सजावटी शीशा ।
prurience, -cy प्रुअॅ'रिॲन्स्, –सि nn. कामुकताF, लम्पटताF, दुर्वासनाF, कामातुरताF, दुश्चरित्रताF ।
prurient –न्ट् a. कामुक, कामातुर, लम्पट, दुर्वासना-ग्रस्त, दुश्चरित्र; (स्वा०) अस्वस्थ कामनावाला ।
pruriginous प्रुअॅरि'जिनॅस् a. तीव्र कण्डुजनक, कण्डूयन-, चुनचुनीF लानेवाला, तेज खुजलीF पैदा करनेवाला ।
prurigo प्रुअॅराइ'गो, nn. कण्डु रोग, सर्जन, चुनचुनीF, खाजF, खुजलीF, तीव्रकण्डुयुक्त त्वचाका चिरकारी रोग ।
pruritus प्रुअॅराइटॅस् n. (नि०) तीव्रकण्डु, प्रखर खाजF ।
prussic प्र'सिक् a. प्रशियायी नीले रंगका या उससे निकला हुआ, (रसा०) T. (~*acid*) ।
pry v. i. सूक्ष्म निरीक्षण करना, जिज्ञासापूर्वक देखना, सकुतूहल देखना, झाँकना, निरखना, गौरसे देखना; (जानलेका) पता लगाना, भेद लेना, टोहF लेना, जान-कारीF करना; पुरस्कृत करना, इनाम देना ⊙ ।
prying –'इंग् १. n. सूक्ष्म निरूपण, (कृषि०) सूक्ष्म-निरीक्षण, अन्वेषण, टोहF; २. a. सूक्ष्म-निरीक्षणकारी, निरखनेवाला, टोहF लगानेवाला, ताक-झाँकF करने-वाला ।
prytaneum प्रिटॅनी'ॲम् n. (यूनानी पुरातत्त्व) सार्वजनिक सभा, हाल ।
prythee प्रि'थी int. विनयF है, प्रार्थना है, विनतीF है;

P. S. Parliamentary Secretary; Permanent Section; Private Sector; Philological Society; Police Sergeant; *post scriptum*, Postscript, written after; Poultry Supervisor; Primary School; Privy seal.

Ps., Psa. Psalm(s).

psalm साम्' n. स्तोत्र, भजन, भक्तिगान, धर्मगीत; ~ book स्तोत्रग्रन्थ, (प्राचीन टेस्टामेण्टके अन्तर्गत) भजनोंकी एक पुस्तक^F; the (Book of) P~s of David स्तोत्र-संग्रह, भजन-संग्रह ।

psalmist –'मिस्ट् n. स्तोत्रकार, गीतकार, भजन-रचयिता; the P~स्तोत्रकार डेविड ।

psalmodic सैल्मॉ'डिक् a. स्तोत्रगायन-विषयक, भजन-कीर्तन-सम्बन्धी ।

psalmodist सा (सैल्)'मॅडिस्ट् n. स्तोता, भजनकार, कीर्तन-निपुण ।

psalmodize –डाइज् v. i. स्तोत्रगायन करना, भजन गाना, कीर्तन करना ।

psalmody सा'मॅडि,सैल्'मॅडि n. स्तोत्रगान, भजन-गान, धर्मगीत गाना; स्तोत्रिकी^F, स्तोत्रसंग्रह, भजन-संग्रह, धर्मगीत-संहिता^F ।

psalter सॉल्'टॅर् n. स्तोत्र संहिता^F, भजनसंग्रह; (विशे० सार्वजनिक उपासनार्थ) स्तोत्रसंग्रहकी प्रति^F ।

psaltery सॉल्'टॅरि n. सारंगी^F, एक प्रकारका मध्य-युगीन वाद्ययन्त्र ।

P.S.C. Public Service Commission.

pschent प्शे'न्ट् n. मिस्रीय द्विशासन, मिस्री शासन-द्वय, (उच्च और निम्न मिस्रका प्राचीन संयुक्त साम्राज्य) ।

psellism से'लिज़्म् n. (चि०) स्खलद्भाषण, वाक्-स्खलन, वाग्दोष, वाणी-विकार, भाषण-त्रुटि^F, बोलनेकी गड़बड़ी^F; सदोष गणना^F, त्रुटियुक्त प्रगणना^F, गलत गिनती^F ।

Pseud. pseudonym.

pseudechis प्सी(सी)ऊ'डे'किस् n. (जीववि०) छद्म-सर्प (~ *poisoning*) ।

pseudepigrapha प्सी(सी)अडि'पि'ग्रॅफॅ n. pl. छद्मलेख, मिथ्यालेख, झूठा ग्रन्थ ।

pseudepigraphal, -phical –फॅल्, –फिकॅल् aa. मिथ्यालेखीय, छद्मलेख-सम्बन्धी, झूठा, नकली ।

pseudepigraphy –फि n. मिथ्यालेखकके नामकी लिखाई^F ।

Pseudo (रसा०, चि०) कूट-, आभासी, छद्म, मिथ्या, असत्, अवास्तविक, कल्पित, कृत्रिम (*~-archaic, ~-archaism, ~-archaist, ~-carp, ~-Catholic, ~-Christ, ~-Christian, ~-classic, ~-Gothic, ~-martyr, ~-prophet*).

pseudoblepsia प्सी(सी)ऊडॅब्लेप्'सिॲ n. (चि०) दृष्टि-विभ्रम, विपर्यस्त दृष्टि^F, सदोष दृष्टि^F, दोषयुक्त दृष्टि^F, त्रुटिमय दृष्टि^F ।

pseudoblepsis –सिस् n. (चि०) दृष्टि-विभ्रम, दृष्टि-विपर्यास, दृष्टि-विपर्यय, दृष्टिदोष, दृष्टि-विकार ।

pseudo-Christian प्सी(सी)ऊडॅ-क्रिस्'ट्यॅन् n. छद्म-वेशी ईसाई, बनतू ईसाई ।

pseudocilia ⊙ प्सी(सी)ऊडॅसी' लिॲ n. (वन०) पक्ष्माभ ।

pseudo-classic प्सी(सी)ऊडॅ-क्लै'सिक् a. कूटशास्त्रीय, कपटशास्त्रीय, कल्पितशास्त्रीय ।

pseudo-crystal प्सी(सी)ऊडॅ-क्रिस्'टॅल् n. कूट स्फट, छद्म-मणिभ, नकली बिल्लौर, **आभासी क्रिस्टल,** आभासी रवा, **छद्म क्रिस्टल, छद्म ज्वा** ।

pseudo eyesis –अेइसिस n. (चि०) मिथ्या सगर्भता^F ।

pseudo-form प्सी(सी)ऊ'डॅ-फ़ॉर्म् n. (रसा०) **छद्मरूप,** कूटरूप, **आभासी रूप** ।

pseudogamy प्सी(सी)ऊडॉ'गॅमि n. (वन०, जीव०) **कूटयुग्मन,** T. ।

pseudograph प्सी(सी)ऊ'डॅग्राफ् n. प्रक्षिप्त रचना^F, मिथ्या कृति^F, कूटलेख, कूटरचना^F, जाली ग्रन्थ ।

pseudologer प्सी(सी)ऊडॉ'लॅगॅर् n. (हास्य०) कूट-तार्किक, तर्कपूर्ण असत्यभाषी, लबारी ।

pseudological प्सी(सी)ऊडॅलॉ'जिकॅल् a. कूटतर्क-विषयक, तर्कपूर्ण असत्य-सम्बन्धी ।

pseudologist –डॉ'लॅजिस्ट् n. कूटतर्कवादी, तर्कपूर्ण असत्यवादी ।

pseudologue ⊙ –'डॅलाग् n. असिद्धज्ञानी, अनृत-विज्ञानी, मिथ्याशास्त्री; असत्कथयिता, अनृतभाषी, मिथ्या-वादी, लबारी ।

pseudology –डॉ'लॅजि n. असद्विज्ञान, अनृतविज्ञान, मिथ्याशास्त्र, मिथ्याविद्या^F; अनामक पत्रलेखन ।

pseudomania प्सी(सी)ऊडॅमे'निॲ n. असद्विक्षेप, कूटोन्माद, मिथ्याभाषणोन्माद (वह अवस्था^F जिसमें व्यक्ति अपनेको अकृत दोषोंसे युक्त बताता है); (चि०) छद्म मनोविकार ।

pseudomaniac प्सी(सी)ऊडॅमे'निॲक् n. = PSEUDOLOGUE.

pseudomerism प्सी(सी)ऊडॉ'मॅरिज़्म् n. (रसा०) **छद्म समावयवता^F, आभासी समावयवता^F, आभा-सावयवता^F,** कूटभाजता^F ।

pseudometamerism ⊙ प्सी(सी)ऊडॉमि'टै'-मॅरिज़्म् n- (रसा०) **आभास-अवयवता^F,** (जीव०) **कूटसमखंडता^F** ।

pseudomixis ⊙ प्सी(सी)ऊडॅमिक्'सिस् (वन०) **कूट संयोजन** ।

pseudomorph प्सी(सी)ऊ'डॅमॉर्फ़् n. (जीव०) **कूट-रूप,** कपटरूप, छद्मरूप, मिथ्यारूप, जाली शक्ल^F; (प्रा० भू०) कूटाकृतिक; (विशे०, खनिज०) नकली स्फटिक ।

pseudomorphic, pseudomorphous –'फ़िक्, –फॅस् aa. कूटरूपीय, कपटरूपीय, छद्मरूपधारी, मिथ्या-रूपयुक्त, जाली शक्ल^Fका ।

pseudomorphism –'फ़िज़्म् n. कूटरूपता^F, कपट-रूपता^F, छद्मरूपता^F, मिथ्यारूपता^F ।

pseudomorphosis –फॉ'सिस् n. कूटरूपान्तर, कपटरूपान्तर, छद्मरूपपरिवर्तन।
pseudonym प्सी(सी)ऊ'डॅनिम् n. उपनाम, छद्मनाम, कृतकनाम।
pseudonymity –'मिटि n. उपनामीयताF, उपनाम-धारण, कल्पितनामग्रहण।
pseudonymous –डॉ'निमॅस् a. उपनामीय, छद्म-नामी, उपनामधारीय, कल्पितनाम-सम्बन्धी।
pseudopod प्सी(सी)ऊ'डॅपॉड् n. कूटपाद।
pseudopodium –पो'डिॲम् n. (चि०, जीव०) पादाभ, कूटपाद, मिथ्यापाद।
pseudopregnancy प्सी(सी)ऊडॅप्रेग्'नॅन्सि n. (चि०, कृषि०), कूटगर्भ, मिथ्या गर्भ, मिथ्यासगर्भताF, आर्तवपूर्ण अन्तर्गर्भाशयस्थितिF।
pseudoscope प्सी(सी)ऊ'डॅस्कोप् n. (चि०) कूटदर्शी।
pshaw[1] प्शॉ', शॉ' n. धिक्कार, छीF, थुड़ीF।
pshaw[2] v. i. & t. धिक्कारना, छि-छिःF करना, थू-थू करना; विरक्तिF व्यक्त करना, घृणाF दिखाना।
pshaw[3] intr. धिक्, छिः-छिःF, थू-थू, राम-राम, फिश्।
P.S.I. Probation Sub-Inspector.
psi प्साइ' n. यूनानी भाषाFका एक अक्षर।
psilanthropism प्सा(सा)इलैन्'थ्रॅपिज़्म् n. नास्तिकF, अवतार-खण्डन, (वह सिद्धान्त कि ईसा केवल मनुष्य थे।)
psilanthropist –पिस्ट् n. नास्तिक, अवतारविरोधी, खिष्टविरोधी, ईसाको केवल मनुष्य माननेवाला व्यक्ति।
psilanthropy –'थ्रॅपि n. = PSILATHROPISM.
psilosis प्सा(सा)इलो'सिस् n. (चि०) संग्रहणी, स्प्रू; केशापात, केशोन्मूलन, केशाभाव, चण्डुलताF, चँदुलापन; मांसोन्मूलन, मांसाभाव, मांसहीनताF।
psittaceous प्सि(सि)टे'शॅस् a. कीरीय, कीर-विषयक, शुक सम्बन्धी, तोतेका।
psittacine –'टॅसाइन् a. कीरवत्, कीर-सदृश, शुक-सदृश, तोते जैसा।
psittacism सि'टॅसिज़्म् n. (शिक्षा०) तोता रटंत।
psittacosis प्सि(सि) टॅको'सिस् n. संक्रामक कीर ज्वर रोग, सिटकॉसिस, (तोतोंका मनुष्योंमें फैलनेवाला रोग)।
P.S.N.C. Pacific Steam Navigation Company.
psoas प्सो(सो)'ॲस् n. नितम्ब-पेशीF; कटिलम्बिनीF; नितम्ब, कटिF (~ *major*, ~ *minor*)।
psora प्सो(सो)ऑ'रॅ n. कण्डु, खुल, खाजF, खारिशF, खुजलीF।
psorosis –रोसिस् n. (कृषि०) छाल रोग।
psorous प्सो(सो)ऑ'रॅस् a. कण्डुयुक्त, खर्जनमय, खार्जयुक्त, खुजलीवाला।
P.S.P. Public Sub-Prosecutor, Praja Socialist Party.
P.St.P.A. Application for a Permit in respect of a Particular Stage Carriage.
P.St.S.A. Application for a Permit in respect of a Service of Stage Carriages.
psychasthenia प्सा(सा)इकैस्थेनिॲ n. (शिक्षा०) मनोदौर्बल्य, T.; (चि०) एक मनोविकार।
psyche प्सा(सा)इ'कि n. मन, मानस, चित्त, प्राण, अन्तःकरण, मनोजीवन, सूक्ष्म शरीर; (जीववि०) स्थूल-शलभ-प्रजातिF, दिनपतंग।
psychiatric, -al –इकिऐ'ट्रिक्,-ॲल् aa. मनोविकार-सम्बन्धी, मनश्चिकित्सीय, मनश्चिकित्सा-सम्बन्धी, मस्तिष्क चिकित्सा-सम्बन्धी।
~ centre, ~ disorder, ~nursing.
psychiatrics –क्स् n. (चि०) मनोविकार-विज्ञान, मनोविकार-चिकित्साF, मनश्चिकित्साF।
psychiatrist –काइ'ॲट्रिस्ट् n. आधिविज्ञ, मनश्चिकित्सक, मनोरोग-चिकित्सक, मनोरोग-वैद्य।
psychiatrize –ट्राइज़् v.t. आधि-चिकित्साF करना, मानस रोग-चिकित्साF करना, मनोरोग-चिकित्साF करना।
psychiatry –ट्रि n. आधिविज्ञान, (चि०) मनोरोग-विज्ञान, (~ *department*), अधिचिकित्साF, मनो-विकार-चिकित्साF, मनोरोग-चिकित्सा, मनोविकार विज्ञान (~ *department*)।
psychic[1] प्सा(सा)इ'किक् n. संवेदनशील व्यक्ति, धारणाशील व्यक्ति; साधन, माध्यम; (बहुव०) मनोविज्ञान; मनोवैज्ञानिक शोधF।
psychic[2] a. मानस, मानसिक; ~ force मनोबल, आत्मिक बल; मानसिक शक्तिF, अन्तःशक्तिF; ~income मानसिक तोषण; ~ science मनोविज्ञान।
psychical –कॅल् a. मानस, मानसिक; मनोविषयक; मानव जीवन-सम्बन्धी; आन्तरिक, मनोव्यापार-सम्बन्धी; आत्मिक।
Psychicism –किसिज़्म् n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, आध्यात्मिकताF।
psychicist –सिस्ट् n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी।
psychism –किज़्म् n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, सार्व-भौमात्मवाद, विश्वात्मवाद।
psychist –किस्ट् n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी; मानस-शास्त्री, मनोविज्ञानी।
psycho -मनः-, मनो-, मनस्- (~-*analysis*, ~-*analyst*, ~-*analytic*, ~-*dynamics*, ~*genesis*, ~*gram*, ~*graph*, ~*graphy*, ~*mancy*, ~*metry*, ~*metrical*, ~*motor*, ~*neurosis*, ~*path*, ~*pathic*, ~*pathist*, ~*pathology*, ~*physics*, ~*physiology*, ~*therapeutics*, ~*therapy*)।
psycho-analyse प्सा(सा)इको-ऐ'नॅलाइज़् v. t. मनोविश्लेषण करना, मनोगाहन करना।
psycho-analysis –ॲनै'लिसिस् n. (शिक्षा०) मनो-विश्लेषण, मनोगाहन।
psycho-analyst –ऐ'नॅलिस्ट n. मनोविश्लेषक, मनो-

गाहक; मनोविश्लेषणवादी।

psycho-analytic –लि'टिक् a. मनोवैश्लेषिक, मनोगाहनीय।

psycho-biology प्सा(सा)इकॅबाइऑ'लॅजि n. (शिक्षा०) **मनोजीवविज्ञान**।

psychcdometer –कॅडॉ'मि'टॅर n. (शिक्षा०) **प्रतिक्रिया कालमापी**, T.

psychodynamic –डाइनॅ'मिक् a. मानस-क्रिया-विषयक, मनः क्रिया-सम्बन्धी।

psychogenesis प्सा(सा)इकोजे'नि'सिस् n. = PSYCHOGONY; मनोविकास विद्या^F^।

psychogenic –निक् a. (शिक्षा०) **मनोजात**, मानसिक।

psychogony प्सा(सा)इकॉ'गॅनि n. मनोविकास, मानसोत्पत्ति^F^, मनोजनन, मनकी उत्पत्ति^F^; आत्मोत्पत्ति^F^, आत्म-जनन, आत्मा^F^की उत्पत्ति^F^।

pschogram प्सा(सा)इ'कॅग्रैम् n. मानस-लेख, मनोलेख, मनःसूचना^F^, मनःसमाचार, किसी परी^F^ या योगिनी^F^ द्वारा दिया गया समाचार।

psychograph –ग्राफ् n. योगिनी-भाचित्र, योगिनी चित्र, परी^F^की तस्वीर^F^; मानसचित्र, मानसचित्रण, मनश्चित्रण।

psychography –कॉ'ग्रॅफि n. वर्णनात्मक मनःशास्त्र, वर्णनात्मक मानसशास्त्र, वर्णनात्मक मनोविज्ञान।

psychohistory प्सा(सा)इकॅहिस्'टॅरि n. (इति०) **मनोवैज्ञानिक इतिहास**।

psychologic, -al प्सा(सा)इकॅलॉ'जिक्,-ॲल् aa. **मनोवैज्ञानिक**; (अर्थ०) **मनोविज्ञानी**, मानसिक, मानसकीय; ~ moment मनोवैज्ञानिक क्षण, मनोवैज्ञानिक दृष्टि^F^से उपयुक्त काल; (असंगत, विशे० हास्य०) ठीक समयपर, ऐन वक्तपर;
~ approach, ~ basis, ~ dualism, ~ egoism, ~ factors, ~ hedonism, ~ naturalism, ~ school, ~ section, ~ weaning.

psychologism –कॉ'लॅजिज़्म् n. (शिक्षा०) **मनोविज्ञानवाद**।

psychologist –जिस्ट् n. मानसशास्त्री, (शिक्षा०) **मनोवैज्ञानिक**, मानसविद्।

psychologize –जाइज् v.t. & i. मनोविश्लेषण करना; मानसान्वेषण करना; मनोविज्ञानीकरण करना, मनोविज्ञानी ढंगसे विवाद करना।

psychology –जि n. मानसिकी^F^, मनःशास्त्र, मानसशास्त्र,(चि०) **मनोविज्ञान**; मनोवृत्ति^F^; sex ~ काममनोविज्ञान।

psychomancy प्सा(सा) इ'कोमॅन्सि n. पिशाच-विज्ञान, पिशाच-शास्त्र, प्रेत-विद्या।

psychometrics प्सा(सा) इकॅमे'ट्रिक्स् n. (शिक्षा०) **मनोमिति**^F^।

psychometrist –कॉ'मि'ट्रिस्ट् n. (शिक्षा०) **मनोमितिज्ञ**।

psychometry –ट्रि n. (शिक्षा०) **मनोमिति**^F^।

psychoneurosis प्सा(सा)इकोनीऊॲरो'सिस n. (चि०) मनोमस्तिष्कामयता^F^, **मनस्ताप**, मानसार्ति^F^, (शिक्षा०) T.

psychonosology ⊙प्सा(सा)इकोनॅजॉ'लॅजि n. (चि०) मानसरोग-विज्ञान; मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, चित्त-विभ्रम, बुद्धि-भ्रंश, पागलपन।

psychopath प्सा(सा)इ'कोपॅथ् n. विकृतमना, मनोविपर्यय-युक्त व्यक्ति, मानस-विपर्ययवान् व्यक्ति, मनोविक्षेपी, (शिक्षा०) **मनोरोगी**, चित्त-विभ्रमी, बुद्धि-भ्रष्ट व्यक्ति, पागल आदमी; मनोविपर्यय-चिकित्सक चित्त-विभ्रम-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathic –कोपै'थिक् a. मनोविपर्यय-विषयक, मानसरोग-सम्बन्धी, मनोविक्षेप विषयक, मनोविकृतिमय, (शिक्षा०) **मनोरोगमय**, चित्तविभ्रम-सम्बन्धी, बुद्धि-भ्रंश-सम्बन्धी, पागलपनका; T.

psychopathist –कॉ'पॅथिस्ट् n. मनोविक्षेप चिकित्सक, मानसरोग-चिकित्सक, आधिविज्ञानी, चित्तविभ्रम-वैद्य, बुद्धि-भ्रंश-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathology –कोपॅथॉ'लॅजि n. मनोवैकारिकी^F^, आधि-विज्ञान, (शिक्षा०) **मनोरोग-विज्ञान**, मानसरोग-शास्त्र, मनकी बीमारियों^F^की साइंस^F^।

psychopathy –कॉ'पॅथि n. मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, मनोविकृति, मनोविकार, (शिक्षा०) **मनोरोग**, चित्त-विभ्रम, बुद्धिभ्रंश, पागलपन, T.

psychophysical प्सा(सा)इकोफि'जिकॅल् a. मनोदैहिक, मनोदेहीय, मनोदेह-विषयक।

psychophysicist –'फिजिस्ट् n. मनोदैहिकीवत्, मनोदेह-विज्ञानी, मनोदेह-शास्त्री, मनोविज्ञानी, मनःशास्त्री, मानसशास्त्री।

psyhophysics –जिक्स् n. मनोदैहिकी^F^, (चि०) **मनोभौतिकी**^F^, मनोदेह-विज्ञान, मनोदेह-शास्त्र, मनोविज्ञान, (शिक्षा०) T.

psychosis प्सा(सा)इको'सिस् n. (pl. *oses*) मनोविकृति^F^, मनोरोग, (शिक्षा०, चि०) **दुःसाध्य उन्माद, मनोविक्षिप्ति**^F^।

psychosomatic प्सा(सा)कोसॅमै'टिक् a. (शिक्षा०) **मनःशारीरिक**।

psychotechnology प्सा(सा)इकॅटे'क्नॉ'लॅजि n. (शिक्षा०) **मनस्तंत्र**।

psychotherapeutics प्सा(सा)इकोथे'रॅपीऊ'टिक्स् n. (शिक्षा०) **मनश्चिकित्सा**^F^, मनोरोग-चिकित्सा^F^, मानस-चिकित्सा^F^, चित्त-वैद्यकी^F^।

psychotherapist –'रॅपिस्ट् n. मनश्चिकित्सक, मनोरोग-चिकित्सक, मानस-चिकित्सक, चित्तवैद्य।

psychotherapy–पि n.=PSYCHOTHERAPEUTICS.

psychozoic साइकॅजो'इक् n. (नृ०) **मानसयुग**।

psychrometer साइक्रॉ'मि'टॅर् n. (रसा०, यंत्र०) **आर्द्रतामापी**, T.

P.T. Post Town; Pupil Teacher; Physical Training.

Pt. Platinum.

pt. pint(s); poit.

pt. past tense; post-town.

Ptarmigan टार्'मिगॅन् n. भटतीतरकी जाति^{F}का पक्षी।

P.T.C. Police Training College.

pte. Private (soldier).

p. Tem.A. Application for Temporary Permit.

pteridological प्टे(टे)रिडॅलॉ'जिकॅल् a. पर्णशास्त्रीय, पर्णविद्या-सम्बन्धी।

pteridologist –डॉ'लॅजिस्ट् n. पर्णांग-शास्त्री, पर्णविद्या-विशारद।

pteridology–जि n. पर्णांगविज्ञान, फर्नोंकी जानकारी^{F}।

pterion ⊙ प्टी(टी)अॅ'रिअॅन् n. (चि०) **पक्षक विन्दु** (~ *ossicle*)।

ptero- प्टेरॅ पक्ष-, पतत्र-, पंख-, डैना- (~ *corpous*, ~ *dactyl*, ~ *graphy*, ~ *pod*)।

pterocarpous प्टे(टे)रॅकार्'पॅस् a. सपक्षबीज, सपक्ष-बीजी, रोमिलबीज, लोमशबीजी, पखनेदार बीजवाला; सपक्षफल, पंखदार फलवाला।

pteropus –रॅपॅस् n. (pl. *-pi*) वागुर, चमगीदड़।

pterothorax ⊙ –रॉ'थॅरैक्स n. (जीव०) **संयुक्त वक्ष**।

pterygium टि'रि'जिअॅम् n. (चि०) वर्म (नेत्र-श्लेष्मा^{F}के ऊपरकी गाँठ^F जो अल्पांशमें स्वच्छमण्डलपर भी फैलती है)।

pterygoid प्टे(टे)'रिगॉइड् a. (प्राणि०, कृषि०) **त्र्यंगिका**^{F}; (श०र०शा०) त्र्यंगक; (नि०) पक्षाभ, T. काथ या चाय।

~ canal, ~ fissure, ~ fossa, ~ hamulus, ~ plexus, ~ process, ~ tubercle.

ptisan टि'ज़न्, टिज़ैन् n. पथ्य पेय, जौका यूष।

P.T.I. Press Trust of India.

P.T.O. Please Turn Over.

ptochocracy ⊙टॅकॉ'क्रॅसि n. भिक्षुतन्त्र, भिक्षुकतन्त्र, निर्धन-शासन, भिखारियोंकी सरकार^F।

ptomaine टो'मेन्, टॅमेन् n. क्षाराभ; क्षारगन्ध, सड़ाँध^F; (नि०) प्राणिज, संड़ाधजन्य; टोमेन; (~ *poisoning*); मांसकी सड़ाँध^{F}से उत्पन्न विषायण।

ptosis प्टो(टो)'सिस् n. (नि०) वात्सन्नपतन, वर्त्मपात, वर्त्मका पात; अक्षिपुट-पतन, अक्षिपुट-क्षेप, आँख^{F}के ऊपरी पुटका पक्षाघात; स्थान-भ्रंश;

P.U. Poultry Unit.

Pu. plutonium.

pub पब् n. (बोल०) सार्वजनिक मद्यपानगृह, मद्यशाला^{F}, मदिरालय, शराबखाना, चण्डूखाना, भठियारखाना, डेरा; धर्मशाला^{F}, सराय^F; सार्वजनिक भवन, जनताभवन।

Pub. Doc. Public Document.

puberal प्यू'बॅरल् a. तारुण्यीय, तारुण्य-विषयक, (शिक्षा०) तारुण्य-सम्बन्धी, वयःप्राप्तिगत, प्रौढ़दशा-सम्बन्धी, यौवनावस्था-विषयक, जवानीपनका।

puberty –बॅर्टि n. तारुण्य, तारुण्यागमन, वयस्कता^{F}, (श०र०शा०) **प्रौढ़ता**^{F}, **प्रौढ़दशा**^{F}, यौवनावस्था^{F}, जवानीपन; (चि०) यौनविकसन; (चि०) **यौवनारम्भ**; यौवनप्राप्तिका वय; *age of* ~ वयःसन्धि^{F}, किशोरा-वस्था^{F}।

puberulent, -lous –बे'रॅलॅन्ट, -लॅस् a. तरुण, मृदुरोमश, (वन०) **अल्परोमिल**, मृदुलोमश, (विशे०) झाँटदार।

pubes –बीज़् n. (चि०) भगास्थि^{F}; गुह्यांग रोम, रोमावृत्त गुह्यांग भाग, शिश्न-रोम, लिंगोपरिभाग, पशम, झाँट^F।

pubescence –बे'सॅन्स् n. वयःप्राप्ति^{F}, वयःपरिणति^{F}, प्रौढ़ता^{F}, युवावस्था^{F}, तारुण्यागम, यौवनागम; (कृषि०) **रोमिलता**^{F}, **रोमशता**^{F}, (वन० एवं जन्तुवि०) मृदु लोम, तूल रोम, लोमावरण, मृदुलोमशता^{F}।

pubescent –बे'सॅन्ट् a. तरुण, प्रौढ़, वयःप्राप्त, युवा, प्राप्तयौवन; (कृषि०) **रोमिल**, तूलरोमश, मृदुलोमश, रोमकावृत, रोयेंदार।

pubic –बिक् a. (नि०) **जघन-**, पुरोनितम्ब-;

~ bone, ~ symphysis, ~ tubercle, ~ vein.

pubis –बिस् n. (जीव०) **अग्रशोणिका**^{F}, (नि०) **जघनास्थि**^{F}, जघन, (कृषि०) **अग्रवस्तिका**^{F}, पुरोनितम्ब, पुरोनितम्बास्थि^{F}; (नि०) **भगास्थि**^{F}।

public¹ पब्'लिक् n. लोक, जन, जनसाधारण, प्रजा^{F}, जनता^{F}, लोग, पब्लिक^F।

public² * a. लोक-*, जन-, **सार्वजनिक***, सार्वलौकिक, सामान्य लोकका, साधारण जनताका; लोककृत, लोकार्थ; लोकप्रसिद्ध, सर्वप्रचलित; अगूढ़, अगुप्त; **शासकीय, राजकीय, सरकारी** (~ *debt*); आम; विश्वविद्यालयी, विश्वविद्यालयार्थ; सर्वजनहिताय, लोकसेवारत; ~ spirit जनहित-भावना^{F}, देशभक्ति^{F}; *in* ~ स्पष्टरूपेण, सार्व-जनिक रूपसे, खुलेआम, पुकारकर, एलानिया; ~'s *voice is God's voice* पंच परमेश्वर, जनता^{F}की आवाज़^{F}को भगवान्‌की वाणी^{F} समझो;

~ account, ~ act, ~ activity, ~ address, ~ administration, ~ affairs, ~ agent, ~ analysts, ~ auction, ~ authority, ~ benefit, ~ bill, ~ blockade, ~ body, ~ building, ~ call, ~ career, ~ carrier, ~ claim, ~ clothing ~ commission, ~ company, ~ complaint, ~ concern, ~ confidence, ~ conveyance, ~ counter, ~ credit, ~ criticism, ~ debt, ~ demand, ~ demonstration, ~ document, ~ economics, ~ employment, ~ enemy, ~ enterprise, ~ entertainment, ~ examination, ~ expenditure, ~ function, ~ fund, ~ good, ~ goods, ~ health, ~ holiday, ~ house, ~ inquiry, ~ inscription,

~ institution, ~ interest, ~ land, ~ library, ~ life, ~ loan, ~ market, ~ notification, ~ nuisance, ~ offence, ~ officer, ~ opinion, ~ orator, ~ order, ~ ownership, ~ peace, ~ place, ~ policy, ~ property, ~ prosecution, ~ prosecutor, ~ relations, ~ revenue, ~ rights, ~ road, ~ safety, ~ sale, ~ school, ~ sector, ~ servant, ~ service, ~ service-commission, ~ tariff, ~ tranquility, ~ trial, ~ utility, ~ utterance, ~ value, ~ vehicle, ~ war, ~ welfare, ~ works.

publican पब्'लिकॅन् n. (रोमन इति० तथा नये टेस्टामेण्टमें) शौण्डिक मद्यविक्रेता, सुरागृहपाल, भठियारा।

publicani –लिकॅनि n. (इति०) (रोमन) **इजारादार**।

publication –लिके'शॅन् n. (का०) **प्रकाशन** (~ *bureau*); प्रख्यापन; प्रकाशित पुस्तक।

publicism –लिसिज़्म् n. वृत्तकारिता^F, पत्रकारिता^F; अन्तर्राष्ट्रीय विधान-शास्त्र।

publicist –सिस्ट् n. वृत्तकार, पत्रकार; (राज०) **अन्तर्राष्ट्रीय विधिवेत्ता, लोकलेखक, लोक-प्रचारक,** अन्तर्राष्ट्रीय विधानशास्त्री, अन्तर्राष्ट्रीय विधानकार।

publicistic –टिक् a. अन्तर्राष्ट्रीय विधानशास्त्रीय।

publicity –सिटि n. **प्रकाशन**, प्राकाश्य, प्रकाशता; विश्रुति^F, प्रसिद्धता^F, प्रसिद्धि^F, प्रख्याति^F; विज्ञापन, प्रख्यापन, (का०) **विख्यापन**, (वाणि०, का०) **प्रचार**; ~ agent प्रचाराभिकर्ता, विज्ञापन-प्रतिनिधि;
~ assistant, ~ director, ~ display, ~ material, ~ office, ~ officer, ~ section, ~ staff, ~ superintendent, ~ van.

publicize –लिसाइज़् v.t. वृत्तकारिता^F करना, पत्रकारिता^F करना; अन्तर्राष्ट्रीय विधान लिखना; प्रचार करना।

publicness –लिक्निस् n. सार्वजनिकता^F, सार्वलौकिकता^F, लोकसामान्यता^F; लोककृतता^F, लोकार्थता^F; जनहित-भावना^F, लोकसेवारति^F।

publish –लिश् v.t. घोषणा^F करना, प्रचार करना, खुल्लमखुल्ला कहना; औपचारिक रूपसे घोषणा^F करना, प्रख्यापित करना, प्रचारित करना, जारी करना; (स्वयंवर की सूचना^F) पढ़ना, पूछना; (पुस्तकों^F आदिको) **प्रकाशित** करना, छापना।

publishable –शॅबॅल् a. प्रचारणीय, प्रख्यापनीय, प्रकाश्य, प्रकाशनीय।

published –श्ड् n. **प्रकाशित**;
~ account, ~ data, ~ statistics.

publisher –शॅर् a. प्रचारक, प्रख्यापक; विज्ञापक; प्रकाशक।

publishment –शमॅन्ट् n. (अमेरिका) विवाह-सूचना प्रकाशन, विवाहकी घोषणा^F।

P.U.C. Paper Under Consideration.

puce प्यूस् a. नवरक्त-, बैंजनी भूरा रंग।

pucelage प्यू'सिॅलिज् n. कौमार्य, कुमारत्व, कुमारता^F, कुँवारापन।

puck[1] पक् n. भूत, पिशाच, प्रेत, शैतान; (ला०) दुष्ट बालक।

puck[2] n. पशुओंकी एक बीमारी, एक रोग।

puck[3] n. (बर्फ़पर खेलनेका) रबड़का चौड़ा गेंद, पक।

pucka, pukka प'कॅ, पक्कॅ aa. पक्का।

pucker[1] प'कॅर् n. बल, तह^F, चुन्नट^F, (बन०) **सिकुड़न**^F, शिकन^F, झुर्री^F।

pucker[2] v.i. & t. बल पड़ना, तह^F पड़ना, चुन्नट^F पड़ना, सिकुड़न^F पड़ना, शिकन^F पड़ना; चुनियाना, शिकन^F डालना।

puckering –रिंग् n. संकोच, सिकुड़न^F, शिकन^F।

puckery –रि a. तहदार, चुन्नटदार, शिकनदार।

puckish, pucklike प'किश, –लाइक् aa. पिशाचवत्, भूतसदृश।

P.U.D. Paper Under Disposal.

pud पड् n. शिशु-हस्त; पशुपाद।

pudding पु'डिंग् n. (एक प्रकारका मांस और अन्न आदि का) पकवान, पुडिंग^F; पोटीन; पोटीन या पुडिंग-जैसी वस्तु^F; (नौवि०, रगड़^Fसे बचनेके लिए रस्सी^F आदिके नीचे लगी हुई) गद्दी^F या पट्टा; ~ bag पोटीनी झोला, पुडिंग पकानेका झोला; सौभाग्यांश, सौभाग्यखण्ड; ~ face गोलगप्पा-सा मुँह; ~ furnace **बिलोनी भट्ठी**^F; ~-head निर्बुद्धि, व्यक्ति, जड़मति, गोबरगणेश; ~-heart कापुरुष, कादर, कायर, भीरु, डरपोक, लेंड़ू; ~ time भोजनकाल।

puddle[1] प'डॅल् n. पंक, कीचड़, (परि०) **लोंदा**; पंजीकरण, पंकमज्जन; गढ़ा, गड़ही^F, गड्ढा, डाबर, चौंड़ा, (बोल०) अव्यवस्था^F, चप-चप, गड़बड़, गड्डमड्ड, गारा, मसाला।

puddle[2] v.t. & i. कीचड़में लोटना, छींटे देना, छप-छप करना; विश्रृंखल जीवन बिताना, अशिष्ट व्यवहार या आचरण करना; घँघोरना, विलोड़ना, गँदला करना, मैला करना, गन्दा करना; **गारा भरना**, गारा घोलना, मसाला तैयार करना।

puddled –ड् a. पंकीकृत, पंकमज्जित, गारेमें डुबोया हुआ; ~ soil (कृषि०) **गीली जुती मिट्टी**^F; ~ steel प्रधूत वज्रायस।

puddler –लॅर् n. छपछपाने या घँघोरनेवाला; गारा घोलनेवाला।

puddling –लिंग् n. (रसा०) **संलोडन** (~*process*), घँघोरना, विलोना (~*process*); (कृषि०) **रौंदना**, (कृषि०) **गीली जुताई**^F; ~ furnace **पलटनी भट्ठी**^F, **खोरी भट्ठी**^F।

puddly –लि a. गँदला, मैला।

puddock प'डॅक् n. भेक, मण्डूक, दादुर, मेंढ, मेढक।

pudency प्यू'डॅन्सि n. लज्जा^F, शर्म।

pudenda –डॅन्'डॅ n. (चि०) वाह्यजननेन्द्रियाँ।

pudendum –डॅम् n. (चि०) उपस्थ; वाह्यजननेन्द्रियाँ^F

(स्त्रियोंकी) ।

pudge^1 पज् n. (बोल०) वामन, बौना, नाटा मनुष्य, ठिंगन आदमी, गुलगोथना, छोटा और मोटा व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु^{F} ।

pudgy –जि a. नाटा एवं स्थूल, गुलगोथना, ठिंगना और थुलथल ।

pudic प्यू'डिक् a. भगस्थ बाह्य जननेन्द्रियकी, (~ *artery*) ।

pudicity –डि'सिटि n. लज्जा^{F}, शर्म ।

pudicous ⊙ –डिकॅस् a. लज्जाशील, लज्जालु, शर्मीला ।

pudsy पड्'ज़ि a. स्थूल, मांसल, हृष्ट-पुष्ट, चर्बीला, गुदार, गुदगुदा, मोटा-ताजा ।

pueblo (Sp) n नगर, बस्ती ।

puericulture ⊙ प्युऍ''रिकल्चुअॅर् n. (चि०) गर्भिणी-परिचर्या^{F} (स्वस्थ बालक उत्पन्न होनेकी दृष्टिसे); बाल-प्रशिक्षण, पशु-पालन, शिशु-पोषण ।

puerile प्यूॲराइल् a. बालेय, बालिश, बालोचित, बाल-सुलभ, बच्चों-जैसा; तुच्छ, ओछा, छिछोरा, हलका, छिछला; ~ **breathing** (चि०) बालसमकर्कशश्वसन; घर्राटा, खर्राटा, घरघराहट^F ।

puerileness –नि॑स् n. बालेयता^{F}, बालिशता^{F}, बालोचितता^{F}, बालसुलभता^{F}; ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन ।

puerilism –लिज़्म् n. (शिक्षा०) बालिशता^{F}, बालेय व्यवहार, बालिश व्यवहार, बालोचित वृत्ति^{F}, बालसुलभ व्यवहार (बड़े व्यक्तिका) ।

puerility –रि'लिटि n. बालिश्य, बालधर्म, बचकानापन; तुच्छता, ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन ।

puerpera ⊙ प्यूॲर'पॅरॅ n. (चि०) सद्यःप्रसूता^{F}; प्रजायनी^{F} ।

puerperal –र्पॅरॅल् a. प्रसूतीय, प्रासविक, प्रसवजन्य, प्रसव सम्बन्धी, सौहरका; ~ **fever** अनुसूति-ज्वर, प्रसव-ज्वर; ~ **insanity** अनुसूति-विक्षिप्तता^{F}, प्रसवजन्य उन्माद ।

puerperium ⊙ –ऍ पॅ''रिॲम् n. (चि०) सूतिका-वस्था^{F}, सूतिकावस्थावधि^{F} ।

puff^1 पफ़् n. श्वास^F, साँस^F; वातवेग, झोंका, झकोरा; फूत्कार, फुंकार^F, फुफकार^F, सनसनाहट^F; भाप^{F}की एक भभक^F, धुएँकी एक फूँक^F; फूँक^F (~ *pipe*); (केश आदिकी) फूली हुई गुत्थी^{F}, जूड़ा (पाउडर लगानेकी) रोएँदार गद्दी^{F}; अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन; ~-**adder** अफ्रीकी विषधर; ~-**ball** (वन०) फुल्ल कन्दुक; गगनधूलि^{F}, धूम्रगोली^{F}, कुकुरमुत्ता; ~-**box** पाउडरबक्स; ~-~ (बच्चोंकी बोली^{F}में) भक-भक, भाप^{F}का इंजन, गाड़ी^{F} ।

puff^2 v. i. & t. उल्लासित करना, फूँकना, धौंकना; फूँक-फूँककर निकालना, आना; हाँफना, साँस^F फूलना, दम फूलना, बेदम कर देना; (धुएँका) फेंक-फूँककर निकलना, आना; फूँक^F मारना, धुआँ छोड़ना; फुलाना, हवा^{F} भरना, झोंकेसे उड़ना, झकोरना; फूँक^F देना, दम लगाना, कश खींचना; स्फीत होना, सूजना, फूल जाना; विज्ञापन करना; (नीलाममें) झूठी बोली^{F} बोलना; ~ *out* हाँफते काँपते वर्णन करना; ~ *up* फूल जाना, फूला न समाना, आसमानपर चढ़ना, धरती^{F}पर पाँव न रखना ।

puffed –ड् a. आध्मात, स्फीत, उद्धत; ~ **paddy** (चि०) लाजा खील; ~ **rice** (चि०) मुरमुरा ।

puffer –फ़ॅर n. धुँआँ छोड़नेवाला, फूँक मारनेवाला, फूँकने या झकोरनेवाला, फुलाने या फूलनेवाला; मिथ्या-क्रोशक ।

puffery –फ़ॅरि n. विज्ञापन, भटई^F; फूली हुई झालर^F, संजाफ़ ।

puffin –फ़िन् n. तरंगकाक, पफ़िन, उत्तर अन्धसागरीय पक्षी ।

puffiness –फ़िनि॑स n. स्थूलता^{F}, मोटापा, फुलाव, हँफनी^{F} ।

puffing –फ़िंग् n. धूमन; मिथ्याक्रोशन, (कृषि०) फूलना ।

puffy –फ़ि a. झोंकेदार; निर्बल-श्वास, हाँफनेवाला, दम-का कच्चा; फुल्ल, फूला हुआ; स्थूल, मोटा, चर्बीला, फुप्फस ।

pug^1 –ग्' n. (~-*dog* भी) पग कुत्ता; बड़ा नौकर; लोमड़ी^{F}; पटरीबदल इंजन ।

pug^2 n. ईंट^F बनानेके लिए पिण्डोर और चिकनी मिट्टी^{F}-का मसाला; ~ **mill** (यंत्र०, परि०) मिट्टी-मिश्रक; गाराचक्की^{F}, (ईंटों^{F}का) गारा बनानेकी चक्की^{F} ।

pug^3 v.t. (ईंट^{F}के लिए) मिट्टी^{F} तैयार करना; गारा भरना, गारा सानना, गारा घोलना; (आवाज धीमी^{F} करनेके लिए दीवार^F आदिमें) गारा या बुरादा भरना ।

pug^4 n. (ऐंग्लो-इण्डियन) पशुका पदचिह्न, पग ।

pug^5 v. t. पदानुसरण करना, पदचिह्नोंसे मार्ग खोजना ।

pug^6 n. (ग्रा०) मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज ।

pugaree प'गॅरि n. पगड़ी^{F}, पग्गड़, साफ़ा ।

pugging –गिंग् n. (यंत्र०) ध्वनिरोधक मसाला; गारा या बुरादाको सीमेण्ट^{F}की भराई^F ।

puggish, puggy प'गिश्, प'गि aa. नकचिपटा, नकबैठा ।

pugree –ग्रि n. = PUGAREE.

pugh पू int. (घृणाद्योतक) च्वः-च्वः, चः-चः, राम-राम, छी-छी, छिः-छिः, छिः ।

pugilism प्यू'जिलिज़्म् n. मुष्टियुद्ध, घूँसेबाजी^{F}, मुक्के-बाजी^{F}; विवाद-प्रियता^{F} ।

pugilist –लिस्ट् n. मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज; मुक्केबाज, (ला०) विकट वाग्योद्धा, घोर विवादी, प्रबल तर्कवादी, बड़ा झंझटिया, झगड़ालू ।

pugilistic –टिक् a. मुष्टियुद्धीय, घूँसेबाजी^{F}से सम्बन्धित; विवादपूर्ण, विवादोंसे भरा, लड़नेवाला ।

pugnacious पग्नें'शॅस् a. (शिक्षा०) युयुत्सु, झगड़ालू, कलही, कलहप्रिय, रणोत्सुक, लड़ाका, झगड़ालू, लड़ाका ।

pugnaciousness –नि॑स् n. युयुत्सा^{F}, युद्ध-

प्रियता^F, कलहप्रियता^F, झगड़ालूपन, फिसादीपन, लड़ाकापन ।

pugnacity –नै'सिटि n. युयुत्सावृत्ति^F, (शिक्षा०, दर्श०) **युयुत्सुता^F, युद्धवृत्ति^F, युद्धशीलता^F**, युद्धप्रियता^F, कलहप्रियता^F, झगड़ालूपन, फसादीपन, लड़ाकापन ।

puisne[1] प्यू'नि n. कनिष्ठ न्यायाधीश, अवर विचारपति ।

puisne[2] a. (का०) **अवर**, अवरपदस्थ, लघु, छोटा (~ *judge*); अनुवर्ती, (का०) **उत्तरवर्ती**, परवर्ती, बादका (~ *mortgages*) ।

puissance प्यू'इसॅन्स्, प्यूइ'सॅन्स, प्वि'सॅन्स् n. शौर्य, शक्ति^F, विक्रम, सामर्थ्य, पराक्रम, प्रबलता^F, वीरता^F, दम, बल, ताकत^F, जोर ।

puissant –न्ट, –न्ट् a. (प्रा०) अतिशौर्यवान्, महाशक्तिशाली, अतिविक्रमी, महापराक्रमी, शूर, वीर, प्रबल, महाबली, शक्तिशाली, बड़ा ताकतवर, जोरावर ।

puja पू'जॅ n. पूजा^F ।

puke[1] प्यूक्' n. वमन, कै^F, ओकी^F, उलटी^F ।

puke[2] v. i. & t. वमन करना, कै^F करना, ओकी^F करना, उलटी^F करना, उकलाना ।

puker –'कॅर् n. वमनकर्ता, कै^F करनेवाला, ओकी^F करनेवाला, उकलानेवाला; उलटी^F करनेवाला ।

pukka प'कॅ a. दृढ़, पक्का ।

pulchritude पल्'क्रिट्यूड् n. रमणीयता^F, सौन्दर्य, सुन्दरता^F, शोभा^F, रूप ।

pule प्यूल्' v. i. झीखना, झुँझलाना, ठुनकना, पिनपिनाना, कराहना, पें-पें करना, घिघियाना, चें-चें करना ।

pulex प्यू'लेॅक्स् n. (चि०) पिस्सू, फुदकनेवाला, कुत्ता, मनुष्य, इत्यादिका पराश्रयी कीड़ा ।

pulicide प्यू'लिसाइड् n. (चि०) कुटघ्न, कुटनाशी, पिस्सूघ्न; पिस्सूनाशक औषधि, T.

pulicine, -cene –सीन्, –सीन् a. (चि०) कुट-विषयक, पिस्सू-विषयक, पिस्सू-सम्बन्धी, पिस्सूका ।

pulicose –'लिकोस् a. (चि०) कुट-बहुल, पिस्सूयुक्त, पिस्सूवाला ।

puling[1] प्यू'लिंग् n. झींख^F, झुँझलाहट^F, ठुनकन^F, पिनपिनाहट^F, घिघियाहट^F, कराह^F ।

puling[2] a. कराहनेवाला ।

pull[1] पुल्' n. (भौ०) **कर्षण**, आकर्षण, खींच^F, खिंचाव, कश, ऐंठन^F, मरोड़^F, झटका, कशमकश, खींचातानी^F; शक्ति^F, बल, जोर; प्रभाव ⊙; (ला०) लाभ, सुसंयोग, फायदा (*have the ~ of* a person); (रसा०) **निकासी^F**; (मुद्र०) अमाजित शोध्य, कच्चा प्रूफ; बाग कड़ी कर देना, लगाम^F खींच लेना; (क्रिकेट) ठोकर^F, पुल, मार^F; शराब^F का दौर, शराब^F का लम्बा घूँट; ~-through **सफाई रस्सी^F**, T ।

pull[2]* v.t. & i. कर्षित करना, अभ्याकृष्ट करना, ऐंठना, मरोड़ना, झटकारना, खींचना*, ऐंचना; आदान करना, ग्रहण करना, लेना; झटककर तोड़ डालना, खींच देना, अंग-अंग अलग कर देना; प्रभावित करना, प्रभाव डालना ⊙; धज्जियाँ^F उड़ा देना, कटु आलोचना^F करना; (किसीके पक्षमें) पूरा जोर लगाना; (पहाड़ी आदिपर) जोर लगाकर आगे बढ़ना; मुँहजोरी^F करना, बदलगामी^F करना; (पौधा आदि) उत्पाटित करना, निर्मूल करना, जड़से उखाड़ना; चींथना, चोंथना, चीरना, फाड़ना, तोड़ना; मुद्रित करना, छापना; नौसंचालन करना, खेना, चलाना; पकड़ना, गिरफ्तार करना; छापा मारना, धावा बोलना, चढ़ाई^F करना; (क्रिकेट, गेंद^F पर) चोट^F करना, बल्ला मारना, पुल मारना; ~ *about* खींचातानी^F करना; अभद्र व्यवहार करना, नीच बर्ताव करना, बुरी तरह पेश आना; ~ *caps, whigs* टोपी^F उछालना, लड़ना-झगड़ना; ~ *down* ध्वस्त करना, ढहाना, गिराना, भहराना; परास्त करना; क्षीण कर देना, निस्तेज कर देना; मूल्य घटा देना, सस्ता करना; ~ *for* ⊙ (के) लिए कार्य करना; ~ *in* (गाड़ी^F का, स्टेशनमें) प्रवेश करना, आना; ~ *off* (प्रतियोगिता^F में) सफल होना, जीतना, खींच ले जाना; ~ *one's weight* अपने भारके अनुपातसे नाव^F खेना; ~ *out* नाव^F खेकर निकाल ले जाना; (रेलगाड़ी^F का, स्टेशनके) बाहर निकल जाना; ~ *out of the fire* डूबती नाव^F सँभालना, हारी बाजी^F जीत लेना; ~ *round* स्वस्थ हो जाना, अच्छा हो जाना, चंगा हो जाना; ~ *the long bow* अतिशयोक्ति^F करना, अत्यन्त बढ़ा-चढ़ाकर कहना; ~-*through* सुरक्षित निकल जाना, साफ बच निकलना, खैरियत^F से खतरा पार करना; ~ *together* सहकार्य करना, मिलकर कार्य करना; ~ a thing *to pieces* छिन्न-भिन्न करना, खण्ड-खण्ड कर देना, टुकड़े-टुकड़े कर देना, पुर्जे-पुर्जे कर देना, धज्जियाँ^F उड़ा देना, चीर-फाड़^F डालना; ~ *up* (व्यक्ति या गाड़ी^F को) ठहराना, रोकना; बाग खींचना, बाग कड़ी^F करना; भर्त्सना^F करना, डाटना; वर्जित करना, संयम रखना, रोकना ।

puller –'लॅर् n. कर्षक, अभ्याकर्षक, खींचनेवाला, उखाड़नेवाला; कर्षित्र, खींचनेका यन्त्र; खींचनेवाला घोड़ा, जानदार घोड़ा, मुँहजोर घोड़ा ।

pullet पु'लिट् n. चूजा, मुर्गी^F का बच्चा; (कृषि०) पठिया^F, (कृषि०) **पठोर^F** ।

pulley[1] पु'लि n. (pl. -s) आकृषि^F, घरघरी^F, (गति वि०, परि०, यंत्र०) **घिरनी^F**, घिर्री^F, (कृषि०) चक्री^F (~ *block*), (यंत्र०, परि०) **चरखी^F**, (वन०, यंत्र०, परि०) **गरारी^F**, (~ *arrangement*); (यंत्र०, परि०) **पुली^F, कप्पी^F** ।

pulley[2] v.t. आकृषि^F लगाना, घरघरी^F लगाना, घिरनी^F लगाना, चरखी^F लगाना, गरारी^F द्वारा चढ़ाना या लगाना ।

pullicate प'लिकॅट् n. पुलीकट (मद्रास) का कपड़ा (या रूमाल) ।

pulling पु'लिंग् n. आकर्षण, खिंचावट^F; ~ a boat नाव^F खींचना, नाव^F खेना; ~ drill खेनेकी कवायद^F ।

pullman पुल'मॅन् n. रेलवेका शृंगार-कक्ष ।

pullorum –लोरम् n. (कृषि०) पेचिश^F ।

pullover –वर n. स्वीटर, जर्सी^{F} ।

pullulant प'ल्यूलॅन्ट् a. उद्भेदनशील, पुष्पनशील, फूलनेवाला; अंकुरण प्रवण, अंकुरणशील, अँखुवानेवाला, उगनेवाला, फूटनेवाला ।

pullulate –लेट् v. i. उद्भिन्न होना, पुष्पित होना, खिलना; कली^{F} आना, कलियाना; अंकुरित होना, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना, लगना ।

pullulation –ले'शॅन् n. उद्भेद, उद्भेदन, पुष्पन, कलिका-विकास, कलियाना; अंकुरण, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना ।

pulmo पल्मॉ फुप्फुस- (~*branchiate*, ~*meter*) ।

pulmocutaneous पल्मॅक्यूटे'नि'अॅस् a. **फुप्फुस-त्वचीय**, (~ *arch*, ~ *artery*) ।

pulmometer पल्मॉ'मि'टॅर् n. फुप्फुसमापी, फुप्फुस-धारिता मापक यन्त्र ।

pulmonary पल्'मॅनॅरि a. (चि०, जीव०) **फुप्फुस**, फुप्फुमांगी, **फुप्फुसीय**, फेफड़ेका; फुप्फुसगत, फुप्फुस-रोगग्रस्त, फुप्फुस-रोगसे पीड़ित; ~ artery (चि०, जीव०) **फुप्फुस-धमनी^{F}**, फुप्फुसीय धमनी^{F}; ~ tuberculasis (चि०) क्षय, तपेदिक, फुप्फुसका राजयक्ष्मा^{F};

~ apoplexy, ~ arch, ~ area, ~ circulation, ~ cirrhosis, ~ exchange, ~ ligament, ~ lymph, ~ nerve, ~ plague, ~ pleura, ~ plexus, ~ respiration, ~ ridge, ~ sac, ~ system, ~ trunk, ~ vein, ~ ventilation.

pulmonate^1 –मॅनेट् n. फुप्फुसश्वासी ।

pulmonate^2 a. फुप्फुसांगीय, फेफड़ेदार, फेफड़ेदार अंगोंवाला ।

pulmonic –मॉ'निक् a. (चि०) फुप्फुसिक, फुप्फुस-रोग-विषयक, फेफड़ेकी बीमारी^{F}से सम्बन्ध रखनेवाला ।

pulmoniferous –मॅनि'फॅरॅस् a. फुप्फुसयुक्त, फेफड़ेवाला ।

pulp^1 पल्प्' n. गोर्द, (वन०) **गूदा**; वसा, सार, (जीव०) **मज्जा**, लुगदा, लुगदी^{F}; धातु^{F}का लोंदा; ~ cavity (चि०) मज्जागुहा^{F}; tooth ~ दन्तमज्जा^{F};

~ board, ~ filter, ~ sheet, ~ sizing, ~ wood.

pulp^2 v.t. & i. गूदा निकालना; पिलपिला करना, गोंद निकालना; पिलपिला हो जाना, गुदार होना, गूदेदार हो जाना ।

pulper –'पॅर् a. गूदा निकालनेकी मशीन^F, पल्पर ।

pulpify पल्'पिफाइ v.t. पिलपिलाना, गूदा बनाना ।

pulpiness पल्'पिनिस् n. पिलपिलाहट^F, गुदारपन ।

pulpit पुल'पिट् n. व्याख्यान-मंच, आसन, पीठ^F, व्यासपीठ^F; (*the* ~) उपदेश देनेका व्यवसाय; उपदेशक-गण; उपदेश-संग्रह ।

pulpitarian –टेअॅ'रिअॅन् a & n. उपदेशक; उपदेश-वादी; उपदेशकीय, उपदेशकसे सम्बन्धित ।

pulpiteer^1 –टीअॅर्' n. उपदेशक, प्रचारक, मत-प्रचारक ।

pulpiteer^2 v.i. उपदेश देना, प्रचार करना, सिखाना ।

pulpiteering –'रिंग् n. उपदेश-व्यवसाय, उपदेश-वृत्ति^{F}, शिक्षा या प्रचार द्वारा अर्थोपार्जन ।

pulpitry –'पिट्रि n. प्रवचन; धर्मशिक्षण, धर्मोपदेशन ।

pulpitum –टॅम् n. (गिर्जेमें गायकमण्डली^{F}के लिए) पत्थर या लकड़ी^{F}का पर्दा; वेदी^{F}, मंच ।

pulpless पल्प्'लि'स् a. सारहीन, बेगूदा ।

pulpous, pulpy –'पॅस्, –पि aa. गोर्दमय, मज्जायुक्त, सारमय, गुदार, पिलपिला, गूदेदार, नरम ।

pulque पुल्'के n. मैक्सिकी ताड़ी^{F} (~ *brandy*) ।

pulsance ⊙पल्'सॅन्स् n. **स्पन्द** ।

pulsate पल्सेट्', पल्'सेट् v.t. & i. स्पन्दन करना, स्फुरण करना, उछलना, फड़कना, चलना; (शा० एवं ला०) कम्पित होना, सिहरना, धड़कना, काँपना; (हीरेको) मशीन^{F}से पछोरना ।

pulsatile –'सॅटिल् a. स्फुरणशील, स्पन्दक, स्पन्दन-कारी, धड़कन-सम्बन्धी, फड़कनेवाला, चलनेवाला; मिज-राव या हाथसे चलाकर बजनेवाला (बाजा) ।

pulsatilla पल्सॅटि'लॅ n. वायुवेप (पुष्प) ।

pulsating पल्से'टिंग् n. स्पन्दमान (~ *sphere*), स्पन्दी (~ *activity*, ~ *load*) ।

pulsation –'शॅन् n. स्फुरण, (चि०, भौ०) **स्पन्दन**, धड़कन^F, कम्पन, गति^{F}, फड़क^F, तड़प^F, चाल^F, थरथराहट^F ।

pulsative –'सॅटिव् a. = PULSATORY.

pulsator –से'टॅर् n. **स्पन्दक**; हीरापछोरनी^{F}, हीरा पछोरनेकी मशीन^F ।

pulsatory –'सॅटॅरि a. स्पन्दक, स्पन्दी, स्पन्दन-कारी, धड़कनेवाला, फड़कनेवाला, काँपनेवाला, धड़कता हुआ ।

pulse^1 –स्' n. (चि०, कृषि०, जीव०) **नाड़ी^{F}**, न[illegible]^F; नाड़ी^{F}की गति^{F}, हृदयस्पन्दन; धमनीस्पन्दन, (ला०) स्फूर्ति^{F}, उत्साह, उमंग^F, जोश, छटपटाहट^F; **स्पन्द**, (संगीत) स्पन्दन, कम्पन, तरंग^F, लहर^F; भाव; **दाल^F**; ~ beat (चि०) नाड़ीस्पंद; feel a person's ~ नाड़ी^{F} देखना; भाव जानना;

~ generator, ~ modulation, ~ pressure, ~ radar, ~ rate, ~ system, ~ tracing, ~ width.

pulse^2 v. i & t. स्पन्दित होना, [illegible] [illegible], फड़कना; [illegible] करना, [illegible] [illegible] करना, [illegible]

pulse^3 n. [illegible]

शिम्भीधान्य ।
pulseless पल्स्'लिस् a. निःस्पन्द, निष्प्राण ।
pulselessness –निस n. निःस्पन्दता^F, निष्प्राणता^F ।
pulsimeter –सि'मि टर् n. स्पन्दमान, नाड़ी-वल मापक यन्त्र ।
pultaceous पल्टे'शॅस् a. मृदुकृत, मृदु किया हुआ, कोमल किया हुआ, पोला; पुलटिस-जैसा ।
pulver पल्'वॅर् n. (चि०) चूर्ण, बुकनी^F ।
pulverable –रॅबॅल् a. क्षोदनीय, पेष्य, पेषणीय, चूरणीय, चूर-चूर करने योग्य, पीसने योग्य ।
pulverizable पल्वॅराइज़ॅबॅल् a (क्व०) क्षोदनीय, पेषणीय, चूरणीय, चूर-चूर करने योग्य, पीसने योग्य ।
pulverization –इज़े'शॅन् n. क्षोदन, (रसा०) **संपेषण**, पेषण, चूरण, संचूरण, (रसा०) **चूर्णन, पीसना**, पिसाई^F; (कृषि०) **भुरभुरा करना** ।
pulverizator, pulverizer –'वॅराइज़ेटॅर्, –ज़ॅर् nn. क्षोदित्र, पेषणयन्त्र, जाँत, चक्की^F; चूर्णकारी, पिसनहार ।
pulverize –ज़् v.t & i. क्षोदन करना, (रसा०) **सम्पेषित करना, सम्पिष्ट करना**, पेषण करना, चूर्ण करना, कूटना, बुकनी^F करना, (रसा०) **चूर-चूर करना**, पीसना; (जल आदिको) कणोंमें विभक्त करना, फुहारें^F बनाना; (ला०) ध्वस्त करना, पददलित करना, कुचल देना, धूल^Fमें मिलाना; चूर्ण बन जाना, पिस जाना, धूल^F हो जाना, चूर-चूर हो जाना ।
pulverized –ड् a. क्षोदित, (यंत्र०) **चूर्णित** (~ *fuel*), **पिसा हुआ**, (~ *coal*) ।
pulverizer –ज़ॅर् n. (रसा०) **पेषक, सम्पेषक**, (रसा०) **सम्पेषणी^F, पेषणी चक्की**, क्षोदक व्यक्ति या वस्तु^F, पेषक व्यक्ति या वस्तु^F, चूर्णक व्यक्ति या वस्तु^F, चूर-चूर करनेवाला, पीसनेवाला ।
pulverous पल्'वॅरॅस् a. क्षोदवत्, चूर्ण-सदृश, पाउडर-जैसा ।
pulverulence पल्वे'रुलॅन्स् n. क्षोदमयता^F, धूलिमयता^F, धूलियुक्तता^F, धूल^Fसे भरा होना ।
pulverulent –न्ट् a. क्षोदमय, चूर्णमय, धूलीय, धूलिमय, क्षोदावेष्टित, धूल-जैसा; (वन०) **पांसुल**; (चट्टान^F) सुचूर्ण्य, भुरभुरी, दलुई ।
pulvillus पल्'विलॅस् n. (जीव०) **पादतलक**, T.
pulvinar पल्'विनॅर् a. (वन०, चि०) **स्थूलाधारी**, (~ *bond*), गद्दीदार, गादीदार, गद्दी^Fके आकारका, गद्दी-जैसा; T. (चि०) मस्तिष्कके अक्षिचेतकका पश्च उत्सेध ।
pulvinate –नॅट् a. = PULVINAR.
pulviniform –'निफ़ॉर्म् a. (वन०) **स्थूलाधाराकार** ।
pulvinus –नॅस् n. (वन०) **स्थूलाधार**, पीनाधार, पत्तेकी गद्दी^F ।
pulvis पल्'विस् n. (चि०) चूर्ण, क्षोद ।
puly प्यू'लि a. झीखता हुआ, पिनपिनाता हुआ, ठुनकता हुआ, घिघियाता हुआ; रुग्ण, रोगी, क्षीण, दुर्बल, अस्वस्थ, रोगजनक ।
pumice प'मिस् n. **झामक, झाँवाँ** ।
pumiceous प्यूमि'शॅस् a. झामकीय, झाँवें-जैसा ।
pumice (-stone)[1] प'मिस् (-स्टोन्) n. **झामक, झाँवाँ पत्थर** ।
pumice (-stone)[2] v.t. झाँवेंसे घिसना, झाँवेंसे साफ करना या पालिश^F करना ।
pumiciform प्यू'मिसिफ़ॉर्म् a. झामकाकृति, झामकाकार, झाँवे-जैसा ।
pumicose ⊙ –मिकोस् a. = PUMICEOUS.
pummel प'मॅल् v.t. मुष्टिवर्षा^F करना, धमधमाना, दनदनाना, घूँसे बरसाना, मुक्के मारना ।
pum(m)elo प'मॅलो n. = POMELO.
pump[1]* पम्प्' n. उदंचिका^F, (कृषि०, यंत्र०, भौ०) **पम्प**, नल*, दमकल, पिचकारी^F; भाथी^F, धौंकनी^F; (ला०) हृदयकी धौंकनी^F; कीड़ेकी चुसनी^F; पम्पक्रिया^F, पम्पचालन, पम्पकी धौंक^F;
~ attendant, ~-barrel, ~ bowl, ~ bowl assembly, ~ brake, ~ chamber, ~ diaphragm, ~ driver, ~ handle, ~ house, ~ plunger, ~ priming, ~ room, ~ trailer.
pump[2] v. i. & t. उदंचन करना, पम्प चलाना, पिचकारी^F छोड़ना; (कूएँको) पम्प द्वारा ओगारना; उलीचना, जहाजका पानी निकालना; (*upon* के साथ) भेद जानना, उगलवा लेना, जानकारी^F प्राप्त करना; (कठिन परिश्रमका) थकाकर चूर कर देना, धौंकनी^F चला देना, दम फुला देना, बेदम कर देना; (तापमापकमें पारेका) क्षण-क्षणमें चढ़ना-उतरना ।
pump[3] n. पम्प जूता, पम्पशू ।
pumpage पम्'पिज् n. पम्पसे किया गया काम; पम्प द्वारा निकाला गया पानी ।
pumper –पॅर् n. पम्पचालक, पम्प चलानेवाला, पम्प, तैलकूप ।
pumping –पिंग n. उद्वहन, पम्पक्रिया^F, **पम्प करना**; ~ priming **समुद्दीपन**;
~ action, ~ activity, ~ efficiency, ~ installation, ~ plant, ~ set, ~ station.
pumpion पम्प'यॅन्, –'पिॲन् n. = PUMPKIN.
pumpkin पम्प्'किन् n. कूष्माण्ड, घीया^F, लौकी^F, (वन०) कद्दू, पेठा, भूरा कुम्हड़ा (~ *goard* भी) ।
pumpship[1] पम्प्'शिप् n. मूत्र, पेशाब, मूती^F, मूतना ।
pumpship[2] v. i. मूतना, पेशाब करना ।
pun[1] पन्' n. श्लेष, शब्दक्रीड़ा^F, अनेकार्थक शब्द ।
pun[2] v. i. श्लेषमें बोलना, अनेकार्थ शब्द-प्रयोग करना, शब्दक्रीड़ा^F करना ।
pun[3] v. i. (भूमि आदिको) धुरमुससे पटतारना, (यंत्र०) कूटना ।

puna (Peruv.) n. एण्डीजका ऊँचा पठार; स्वास-कृच्छ्रता^{F}, साँसत^F ।

punch^1 पन्च्' n. छिद्रक, पंचिका^{F}, सुम्बी^{F}, बरमा, छेदनी^{F}, गोदनी^{F}; छापा; driving-~ कील-कस; starting-~ कील^F उखाड़नेका पंच; ~ supervisor **छेदन पर्यवेक्षक** ।

punch^2 n. मुष्टिका^{F}, मुष्टिप्रहार, अभिघात, मुक्का, घूँसा (*a ~ on the head*); (ग्रा०) स्फूर्ति^{F}, उत्साह, बल, जोर; ~-drunk मुष्टि-आहत, घूँसेकी मार^{F}से व्याकुल ।

punch^3 v.t. मुष्टिप्रहार करना, मुक्का मारना, घूँसा मारना; छड़ी^{F}से कोंचना, भोंकना, आर मारना; वेधना, छेदना, छेद करना, पंच करना; कील^F पैठाना, कील^F घुसेड़ना; जानवरोंको पंच करके हाँकना ⊙ ।

punch^4 n. एक पेय ।

punch^5 n. विदूषक, भाँड़; मोटा-ताजा लद्दू टट्टू; (बोल०) तुलगोथना व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु; *pleased as ~* बहुत प्रसन्न ।

punched पन्च्ड' a. छिद्रित, पंच किया हुआ (~ *cards*) ।

puncheon^1 पन्'शन् n. (विशे० कोयलेकी खान^{F}में) लघुस्तम्भ, थून, अड़वार^F; (स्था०) **गुटिका^{F}** ।

puncheon^2 n. (इति०, ७२ से १२० गैलन तकका) बड़ा पीपा ।

puncher पन्'चर् (यंत्र०, रेल०) **छेदक**, छिद्रक यंत्र, छेनी^{F}, सुम्बी^{F}, बरमा, पंच ।

punching –चिंग n. छिद्रण, **पंच करना, सुम्बा करना; ~shear छिद्रक कर्तन;**
~ board, ~ machine, ~ media.

punchinello पन्चिने'लो n. (pl. -s) ठिगना और हट्टा-कट्टा व्यक्ति; (इटलीमें) कठपुतली^{F}के खेलका प्रधान पात्र, भाँड़, पंचिनेलो; दे० PUNCH^5.

punchy पन्'चि a. लघु एवं स्थूल, छोटा-मोटा, नाटा ।

punctate पन्क्'टेट a. (प्राकृ० इति०, निदान) बिन्दु-चिह्नित, (वन०) **बिन्दीदार**, चित्तीदार, धब्बेदार, बुँदकीदार ।

punctation –टे'शन् n. बिन्दुचिह्नांकरण, बुँदकी^{F} या चित्ती^{F} बनानेका कार्य ।

punctiform पन्क'टिफॉर्म् a. (वन०) **बिन्दुरूप**, बिन्द्वाकृति, बिन्द्वाकार, बिन्दुवत्, बिन्दु-सदृश, बुँदकी-जैसा ।

punctilio पन्क्टि'ल्यो n. (pl. -s), (उत्सव या शिष्टाचारमें) सूक्ष्म विचार, बारीकी^{F}; अतिसूक्ष्मता^{F}; अनावश्यक औपचारिकता^{F}, पराकाष्ठापूर्ण शिष्टाचार, दिखाऊपन ।

punctilious –ल्यस् a. सूक्ष्माचारी, सूक्ष्मनियमनिष्ठ, सूक्ष्मविचारी, सूक्ष्मदृष्टि, अतिशिष्टाचारी, अनुष्ठानी, बेहद तकल्लुफवाला ।

punctiliousness –निस् n. सूक्ष्मनियमनिष्ठा^{F}, अति-सूक्ष्मदृष्टि^{F}, पराकाष्ठाप्रियता^{F}, औपचारिकता^{F}, तकल्लुफ-मिजाजी^{F} ।

punctual पन्क्'च्युअल् a. समयनिष्ठ, समयपालक, समयपालक, वक्तका पाबन्द; यथासमय, ठीक समय-पर, बरवक्त (~ *arrival*); (प्रा०) शिष्टाचारप्रिय; सूक्ष्म-विचारी, बारीकीपसन्द; (रेखा०) बिन्दुवीय ।

punctualist –लिस्ट् n. समयनिष्ठ व्यक्ति, समयपालक व्यक्ति, वक्तका पाबन्द आदमी ।

punctuality –ऐ'लिटि n. समयनिष्ठा^{F}, **समयपालन**, समयनिष्ठता^{F}; **समय-पाबन्दी^{F}** ।

punctually –च्यूऐलि adv. यथासमय, समयनिष्ठासे, ठीक समयपर ।

punctuate पन्क्'च्युएट् v.t. चिह्नांकित करना, विराम-चिह्न लगाना; (ला०, विस्मयादि द्वारा भाषणमें) व्यवधान डालना, बाधा^{F} डालना, टोकना; (अलंगत) बल देना, जोर देना (*flung it on the ground to ~ his refusal*) ।

punctuation –ए'शन् n. चिह्नांकन, विरामचिह्नांकरण; चिह्नांकनकला; विरामचिह्न, चिह्न, बिन्दु, अंक ।

punctuative –'च्युएटिव् a. चिह्नांकनीय, विराम-चिह्नीय, विरामचिह्नात्मक ।

punctuator –टर् n. चिह्नांकक, विरामचिह्न लगाने-वाला ।

punctulate पन्क्'च्युलेट् v.t. चिह्नित करना ।

punctulation –ले'शन् a. बिन्दु, चिह्न; = PUNCTUATION.

punctum पन्क्'टम् n. (pl. -*a*) चिह्न, अंक, बिन्दु, धब्बा, निशान; ~ **tacrimalis** (चि०) **अश्रु-अंक** ।

puncture^1 पन्क्'च्युअर n. वेध, वेधन, छिद्र, छेद, **चोभ**, पंक्चर ।

puncture^2 v.t. & i. वेधना, वेधन करना, छिद्र करना, छेद करना, पछना, पंक्चर करना; छेद होना, पंक्चर होना ।

punctured –र्ड् a. विद्ध, छिद्रान्त, छिद्रित, छिद्रमय, पंक्चर हुआ ।

pundit पन्'डिट् n. पण्डित; ब्राह्मण; विद्वान्; अध्या-पक, गुरु ।

pungency पन्'जेन्सि n. चण्डता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, तीव्रता^{F}; तिक्तता^{F}, कटुता^{F}, तीखापन, तीतापन, चरप-राहट; रोचकता^{F}, मार्मिकता^{F}, मर्मस्पर्शिता^{F}, मर्मभेदिता^{F}, मर्मान्तकता^{F} ।

pungent –न्ट् a. चण्ड, (रसा०) **तीक्ष्ण**, तीव्र, (रसा०) तीखा, उग्र, प्रखर, प्रचण्ड; अम्लयुक्त, तिक्त, कटु, तीता, चरपरा; रोचक; मार्मिक; मर्मस्पर्शी, मर्मभेदी, मर्मान्तक;
~ smell, ~ odour, ~ taste.

punic प्यूनिक् a. & n. फोनीशियाई, कार्थेजी, कार्थेजवासी; कार्थेजकी भाषा ।

puniceous प्यूनि'शिअस् a. पक्व, रक्त, रक्त हुआ; (चि०) लाल सुर्ख ।

puniness प्यू'निनिस n. [illegible]^F, [illegible]^F, [illegible]^F,

दुर्बलता^F; हीनता^F, नन्हापन, छोटापन, कमजोरी^F; क्षुद्रता^F, तुच्छता^F।

punish प'निश् v.t. शासित करना, ताड़ित करना, दण्डित करना, (का०) **दण्ड देना**, सजा^F देना; अर्थदण्ड लगाना, डाँड़ लेना, जुरमाना करना; (मुष्टियुद्धमें विरोधीपर) प्रबल आघात करना, जोरके घूँसे लगाना; (दौड़^Fमें प्रतियोगीको) थका डालना; (भोजन आदिपर) धावा बोलना, खूब खाना।

punishability –शॅबि'लिटि n. शासनीयता^F, दण्डनीयता^F, सजा पानेकी स्थिति^F।

punishable –'निशॅबॅल a. दण्ड्य, (का०) **दण्डनीय**, शासनीय, ताडनीय, सजा पाने योग्य।

punisher –शॅर् n. शास्ता, शासक, दाण्डिक, दण्डयिता, सजा^F देनेवाला।

punishing –शिंग a. थका देनेवाला; खूब खानेवाला; (बल्लेबाजकी कमजोरी^Fसे) लाभ उठानेवाला।

punishment* –श्मॅन्ट् n. शासन, निग्रह, दमन, दण्ड*, ताड़ना^F, **सजा**^F; अर्थदण्ड, जुर्माना;
~ book, ~ file, ~ orders, ~ register, ~ return.

punition प्यूनि'शॅन् n. दण्ड, सजा^F।

punitive –'निटिव् a. (का०) **दाण्डिक, दण्डात्मक**, दण्डरूप, दण्डस्वरूप (~ *justice*); ~ police दण्डारक्षि, दण्डाधिकारी पौरिक, दण्डपुलिस; ~ tax, (का०) **दण्डात्मक कर**, दण्डकर;
~ cost, ~ damages, ~ law, ~ police.

punitory –टॅरि a. दाण्डिक, दण्डात्मक, दण्डस्वरूप।

punk[1] पन्क्' n. अप्रयोज्य वस्तु^F, रद्दी चीज^F, निकम्मी चीज^F।

punk[2] n. वारस्त्री^F, वारांगना^F, वारनारी^F, समूहांगना^F, वेश्या^F, रण्डी^F, पतुरिया^F, छिनाल^F।

punkah पन्'कॅ n. पंखा।

punnage प'नेज् n. श्लेषोक्ति^F।

punner प'नॅर् n. धुरमुस, (यंत्र०) **दुरमुठ**, दुरमट, मुँगरी^F।

punnet प'निट् n. टोकरी^F, डलिया^F, झबिया^F।

punster पन्'स्टॅर् n. श्लेषकार, श्लेषभाषी, श्लेष बोलनेवाला।

punt[1] पन्ट n. तरालु, तरान्धु, बजरा, चौड़े पेंदेकी उथली नाव^F, (परि०) **डिंगी**^F, डेंगी^F, पण्ट^F।

punt[2] v.t. & i. लग्गी^F या बाँससे नाव चलाना, बजरे या पण्ट^Fमें माल ढोना।

punt[3] n. (फुटबालकी भूमि^Fपर गिरनेके पहले) ठोकर^F, पण्ट^F।

punt[4] v.t. (फुटबालमें) ठोकर^F लगाना, पण्ट^F मारना।

punt[5] n. ताश आदिके जयांक।

punt[6] v.i. (ताश आदिके खेलमें) धनराशि^Fपर दाँव रखना या लगाना; (बोल०, घोड़ेपर) शर्त^F लगाना, दाँव रखना, बाजी^F लगाना।

punter[1], **puntist** पन्'टॅर्, पन्'टिस्ट् nn. नाविक, केवट, माँझी, खेवैया, बजरा चलानेवाला।

punter[2] पन्'टॅर् n. शर्त लगानेवाला।

punty, pon-, पन्'टि, पॉन्- nn. लोहेकी छड़^F, (रसा०) T.

puny प्यू'नि a. लघु, क्षीण, दुर्बल, हीन, हलका, कमजोर; क्षुद्र, नीच, तुच्छ, छोटा, नन्हा।

pup[1] पप्' n. पिल्ला; conceited ~ आत्मश्लाघी युवा, प्रदर्शनप्रिय बालक; *in* ~ गर्भवती, गाभिन; *sell* person *a* ~ ठगना।

pup[2] v.t. & i. पिल्ले देना; जनना, पैदा करना।

pupa प्यू'पॅ n. (pl. *-ae*) **शंखी**, (प्राणि०, कृषि०, कीट वि०) **कोष**, (**प्यूपा**); (~ cell) कोशी, हेमकोशी, कोशित कीट, कीड़े आदिकी जन्मोत्तर तृतीयावस्था^F, (चि०) कुप्पा, **प्यूपा**।

pupal प्यू'पॅल् a. (चि०) कुप्पीय, कुप्पा सम्बन्धी; पोतकीय, हेमकोशीय, कोशित, कोशशायी कीट-सम्बन्धी (~ *parasite*); ~ stage (कृषि०) **कोषावस्था**^F।

puparium –पेऑरिॲम् n. (जीव०, कृषि०) **प्रडिम्भ कोष**, डिम्भकोष, (जीव०, कृषि०, कीट वि०) **खाली कोष, प्यूपाकोष**।

pupate प्यू'पेट् v.i. कोशित होना; (चि०) कुप्पित होना।

pupation –पे'शॅन् n. कोशन, कोशित अवस्था^F, कोशित स्थिति^F; (कृषि०, जीव०) **कोषीकरण, प्यूपीकरण**।

pupil प्यू'पॅल n. **शिष्य**, अन्तेवासी, छात्र, विद्यार्थी, चेला, शागिर्द; (भौ०) **द्वार**; (कानू०) किशोर, अवयस्क व्यक्ति; (आँख^Fकी) **कनीनिका**^F, (जीव०, चि०) दृष्टिमण्डल, **तारा**, तारका^F, **पुतली**^F; T; ~-teacher शिक्षक-विद्यार्थी, छात्र-शिक्षक, अध्यापक-छात्र।

pupilar, pupilary –लॅर्, –रि aa. अन्तेवासीय, शिष्य-विषयक, छात्र-सम्बन्धी; कनीनिका-सम्बन्धी, नेत्रतारकीय, पुतलीका, ~- membrane (चि०) **ताराकला**^F।

pupilarity प्यूपॅलॅ'रिटि n. अप्रौढ़ता^F, अवयस्कता^F, नाबालिगी^F।

pupil(l)age प्यू'पॅलिज् n. अवयस्कता^F, अप्रौढ़ावस्था^F, अविकसित बुद्धित्व, किशोरावस्था^F, कैशोर, नाबालिगी^F; (ला०, देश या भाषा^Fकी) अप्रौढ़ता^F, अविकसितता^F; शिष्यत्व, अन्तेवास, छात्रावस्था^F।

pupil(l)ize –लाइज् vv. t. & i. शिष्य बनाना, चेला मूँड़ना; (शिष्य या छात्रको) शिक्षा^F देना, अध्यापन करना, विद्यादान करना, पढ़ाना।

pupilship –ल्शिप् n. शिष्यत्व, छात्रावस्था^F।

puppet प'पिट् n. पुत्तलिका^F, पांचालिका^F, गुड्डा, कठपुतली^F; (ला०) किसीके हाथका खिलौना; ~-play, ~-show कठपुतली^Fका तमाशा; ~ state पराधीन राज्य।

puppetry –ट्रि n. कौतुक, तमाशा, बाजीगरी^F, कठपुतली^Fका-सा खेल; प्रदर्शनी^F, नुमायश^F; कृत्रिमता^F,

बनावट[F] ।

puppis पपिस n. (ज्या०) **पप्पिस, नौपथ** ।

puppy प'पि n. पिल्ला, कुत्तेका बच्चा; बुद्धिहीन, बुद्धू, गोबरगणेश; (युवा) बाँका, छैला, छबीला, रँगीला ।

puppydom –डम् n. पिल्लापन; बुद्धूपन; छैलापन ।

puppyhood –हुड् n. = PUPPYDOM.

puppyish –इश् a. पिल्ले-जैसा, निरा बुद्धू ।

puppyism –इज़्म् n. छैलापन, बाँकापन, रँगीलापन ।

pur[1] पर् n. घुर-घुर[F], घुरघुराहट[F], खुर-खुर, पुर-पुर-; = PURR.

pur[2] v. i. & t. घुरघुराना, घुर-घुर करना; खुरखुराना ।

pur- के प्रति, के पक्षमें, के हेतु, -समर्थक (~*chase*, ~*loin*, ~*vey*) ।

puranic पुरै'निक् a. पौराणिक ।

purblind[1] पर्'ब्लाइन्ड् v.t. अन्धप्राय करना, चौंधियाना, क्षीणदृष्टि बनाना; संकीर्णदृष्टि करना, मतिमन्द बनाना ।

purblind[2] a. अर्द्धान्ध, अन्धप्राय, ईषदन्ध, क्षीणदृष्टि, चुन्धा, (ला०) संकीर्णदृष्टि, मतिमन्द; मन्द, कुन्द, सुस्त, चुगत ।

purblindness –निॅस् n. अन्धप्रायता[F], क्षीणदृष्टित्व, हतदर्शिता[F], चुन्धापन, धुन्ध[F]; संकीर्णदृष्टिता[F], मतिमन्दता[F] ।

purchasable पर्'चॅसॅबॅल् a. क्रेय, क्रयणीय, खरीदने योग्य; अर्ज्य, अर्जनीय, प्राप्य, प्रापणीय, प्राप्त करने लायक; उद्भृत्य, उठाने योग्य, घसीटने योग्य, खींचने योग्य ।

purchase[1] –स् n. (अर्थ०) **क्रय**, (अर्थ०) **खरीद**[F], खरीददारी[F], क्रीत वस्तु[F], सौदा, मोल ली हुई चीज[F]; वार्षिक उत्पादन (*sold at 20 years' ~*); क्रीत सम्पत्ति[F], अर्जित सम्पत्ति[F], उपार्जन, खरीद[F], कमाई[F]; यान्त्रिक लाभ, यन्त्रजन्य सुविधा[F]; उत्तोलन-यन्त्र; (प्रायः ला०) प्रभाव, असर; शक्ति[F], सामर्थ्य; सुविधार्थ युक्ति[F], लाभार्थ उपाय, (परि०) **कप्पी रस्सी**[F], (नौवि०) रस्सी[F], रस्सा; चरखी[F], भार उठानेकी कल[F], ~-money क्रयमूल्य, (का०) **क्रय धन, खरीद रकम**, मोल;

~ book, ~ committee, ~ contract, ~ control, ~ directorate, ~ journal, ~ ledger, ~ officer, ~ price, ~ rate, ~s account, ~s book, ~s day-book, ~s journal, ~s ledger, ~s ledger adjustment account, ~ slip book, ~s requisition, ~s return, ~s returns journal, ~ tax, ~ transaction, ~ value.

purchase[2] v.t. **क्रय करना, खरीदना**, मोल लेना; अर्जित करना, प्राप्त करना, हासिल करना; (नौवि०, उठानेकी कल[F]से, लंगर आदि) खींचना, उठाना, घसीटना ।

purchased [illegible] a. क्रीत, खरीदा हुआ

purchaser [illegible] n. [illegible] क्रेता, [illegible] गाहक, खरीददार ।

purchasing –सिंग् n. (वाणि०) **विनिमय**, क्रय, खरीद[F] (~ *power*) ।

purdah पर्'डॅ n. परदा ।

pure प्युॲर्' a. अमिश्रित, निर्मल, विमल, (गणि०, रसा०) **शुद्ध**, (वन०, जीव०, रसा०) **विशुद्ध**, साफ; असली, खालिस; (संगी०) सस्वर, सताल, गत्यनुरूप; असंसृष्ट, सद्वंशज, शुद्धान्वय, असंकर; (व्या०) पूर्वस्वरयुक्त (स्वर); स्वरान्त्य (शब्द), असंयुक्त (व्यंजन); केवल, निपट, नितान्त, कोरा, निरा, पूरा, सरासर, बिल्कुल (~ *nonsense*); अभ्रष्ट, अविकृत (*his taste was severe and ~*); पूत, पवित्र, पावन, अनघ, निष्पाप, अकलुष, निष्कलंक; निर्मलचरित्र, ब्रह्मचारी; सती:
~ mathematics शुद्ध गणित; ~ line विशुद्ध वंशक्रम; ~ science शुद्ध विज्ञान;

~ banking, ~ blue, ~ bred, ~ butter, ~ capital, ~ chance, ~ charity, ~ chemistry, ~ clay, ~ culture, ~ decimal, ~ dominant, ~ drug, ~ economics, ~ equation, ~ form, ~ gene, ~ geometry, ~ hereditary, ~ intuition, ~ mathmatics, ~ note, ~ number, ~ race, ~ reason, ~ recessive, ~ science, ~ shear, ~ spectrum, ~ substance, ~ wine.

puree (F) n. प्यूरीरसा ।

pureness –'निॅस् n. शौच, शुचिता[F], शुद्धता[F], स्वच्छता[F], विशुद्धता[F], पवित्रता[F], निर्मलता[F], निष्कलंकता[F], सफाई[F] ।

purfle[1] पर्'फ़ॅल् n. गोट[F], किनारा किनारी[F], हाशिया ।

purfle[2] v.t. गोट[F] लगाना, किनारा लगाना, किनारी[F] लगाना, हाशिया लगाना; सुशोभित करना, सुन्दर करना, सजाना, सुघड़ बनाना ।

purfling –लिंग् n. सजावट[F], कढ़ाई[F], बेलबूटेका काम, कशीदा ।

purgation पर्गे'शॅन् n. शुद्धि[F], शोधन, परिष्कार, सफाई[F]: रेचन, विरेचन, विरेचक, जुलाब; आत्मशुद्धि[F], अघमोचन, दोषनाशन; (इति०) निर्दोषिता-प्रकाशन, सफाई[F] ।

purgative[1] –'गॅटिव् n विरेचक, रेचक, औषधि[F], दस्तावर दवा[F], जुलाब ।

purgative[2] a. (चि०, शा०, [illegible], धा०, न्या०) **रेचक**, विरेचक, जुलाबी, दस्तावर; शोधक, शोधनशील, परिष्कर्ता, संस्कर्ता ।

purgatorial –टॉ'रिॲल् a. परिशोधनीय, परिशोधनीय, आत्मशुद्धि-सम्बन्धी, सुधार-सम्बन्धी, पापमोचन-विषयक ।

purgatorian[1] –ॲन् n. पापमोचनाभिलाषी, आत्मशुद्धिकारी, [illegible], [illegible] ।

purgatorian[2] a. = PURGATORIAL.

purgatory[1] [illegible] n [illegible]

तपोभूमि[F] ।
purgatory[2] a. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला, पवित्र करनेवाला, सुधारक ।
purge[1] पर्ज् n. शुद्धि[F], परिष्कार, संस्कार, शोधन, दोषप्रक्षालन, मार्जन; सुधार; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन, सफाई[F]; रेचन, विरेचन, जुलाब देना ।
purge[2] v.t. & i. निर्मल करना, शुद्ध करना, साफ करना या होना; पेट चलाना, जुलाब देना, पेट साफ करना; छाँटना; बरी[F] करना, छोड़ देना ।
purger –'जॅर् n. शुद्धि-कर्ता, परिष्कर्ता, संस्कर्ता, मोचयिता, मार्जयिता; पृथक्कर्ता, निष्कासक, अपमार्जक; सुधारक; रेचक वस्तु[F], विरेचक पदार्थ, जुलाबी चीज[F] ।
purging –जिंग् n. शोधन, परिष्कृति[F], परिष्करण, संस्कृति[F], संस्करण, मोचन, मार्जन; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन; रेचन, विरेचन, जुलाब देनेकी क्रिया[F]; सुधार ।
purification प्युअॅरिफ़िके'शॅन् n. **शुद्धि**[F], (कृषि०, चि०, रसा०) **शोधन**, शुद्धीकरण, (रसा०) **स्वच्छीकरण, निर्मलीकरण,** पूतीकरण, पावन, मार्जन, परिष्करण, सफाई[F], मँजाई[F] ।
purificative, purificatory –'रिफ़िकेटिव़्, –टॅरि aa. शोधनात्मक, परिष्कारात्मक, संस्कारात्मक, शुद्धि-करण-सम्बन्धी ।
purificator –टॅर् n. (ईसाई) मद्यपात्र; (याजकी अँगुलियाँ[F] और होंठ साफ करनेकी) साफी[F] ।
purificatus ⊙ –'टॅस् a. = PURIFIED.
purified –'रिफ़िड् a. पूत, (रसा०) **शोधित**, विशोधित, शुद्ध, (कृषि०) **स्वादिष्ट** (~ *diet*), **परिष्कृत ।**
purifier –फ़ाइॲर् n. (रसा०) **शोधित्र**, (रसा०) **शोधक**, विशोधक, परिशोधक, परिष्कारक ।
puriform प्युॲ'रिफ़ॉर्म् a. (चि०) पूयस्वरूप, पूयसम, पूयाकृति, पूयाकार, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीब-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा ।
purify प्युॲ'रिफ़ाइ v.t. शुद्धि करना, (रसा०) **शोधन करना**, पवित्र करना, परिशोधन करना, साफ करना ।
purism –'रिज़्म् n. शुद्धतावाद, विशुद्धिवाद ।
purist –रिस्ट् n. (विशे० भाषा[F]में) विशुद्धिवादी, शुद्धतावादी ।
puristic, -al –'टिक्, -ॲल् aa. शुद्धिवादी, शुद्धतावादी; विशुद्धिवादात्मक ।
puritan[1] प्युॲ'रिटॅन् n. (P~) प्रोटेस्टैण्ट सम्प्रदायका सदस्य, प्यूरिटन; शुद्धतावादी दलका सदस्य; (दर्श०) **विशुद्धिवादी**, नैष्ठिक, निष्ठावान्; कर्मनिष्ठ पुरुष, नियमनिष्ठ व्यक्ति ।
puritanic, -al –रिटॅ'निक्, -ॲल् aa. विशुद्धिवादी, प्योरिटनी; अतिनैतिकतावादी, कट्टरतावादी ।
puritanism –'रिटॅनिज़्म् n. विशुद्धिवाद, (दर्श०) **शुद्धाचारवाद**, प्योरिटनवाद; अतिनैतिकतावाद, कठोरतावाद, कट्टरतावाद ।
puritanize –टॅनाइज़् v. i. & t. विशुद्धिवादी, सदृश आचरण करना, प्योरिटनके समान कार्य करना, कट्टरता[F]से काम लेना; विशुद्धिवादी बनाना, प्योरिटन बनाना; नैष्ठिक बनाना, कट्टर बनाना ।
purity प्युॲ'रिटि n. (रसा०) **शुद्धता**[F], विशुद्धि[F], शौच, शुचिता[F], पवित्रता[F], विशुद्धता[F], विमलता[F], निर्मलता[F], विशदता[F], पूतता[F], निष्कलंकता[F], अकालुष्य, सफाई[F] ।
purl[1] पर्ल् n. (कढ़ाई[F]के निमित्त) चाँदी[F] या सोनेका तार; किनारी[F], जरी[F], कलाबत्तू[F]; कढ़े हुए बेल-बूटे या झालर[F], गोट, हाशिया, किनारा ।
purl[2] v.t. & i. (कलाबत्तू[F] या जरी[F]से) गोट[F] लगाना, बेलबूटे काढ़ना, फीता लगाना, बखिया[F] करना ।
purl[3] n. जलावर्तन, जलावर्त, भँवर; कल-कल ध्वनि[F], छल-छल ध्वनि[F] ।
purl[4] v. i. भँवर पड़ना, लहर आना, चक्कर काटना; कल-कल ध्वनि[F]के साथ बहना, कल-कल करके बहना, छल-छल करके बहना ।
purl[5] n. धमाका, अरराहट[F], भहरन[F] ।
purl[6] v.t. & i. अस्त-व्यस्त करना या होना, उलट-पुलट करना या होना, सिरके बल गिरना या गिराना ।
purler पर्'लॅर् n. (बोड़ेसे, विशे० *come, take, a* ~) सिरके बल गिरना ।
purlieu पर्'ल्यू n. वनान्त; जंगलाती कानूनके अन्तर्गत भूमि[F], (pl.) सीमाएँ[F], हदें[F], सरहदें[F] ।
purlin पर्'लिन् n. शहतीर, कड़ी[F]; (यन्त्र०, स्था०) **बत्ता** (~ *roof*), T.
purloin पर्लॉएन्' v.t. चुराना, मूसना, मार देना, (का०) **हड़पना**, तिड़ी कर देना ।
purloiner –'नॅर् n. तस्कर, चोर, उचक्का ।
purple[1] पर्'पॅल् n. (रसा०) **नीलारुण**, नीललोहितवर्ण, बैंगनी या जामुनी रंग; (प्रा०) लोहितवर्ण, गहरा लाल रंग; नीलारुण वस्त्रभूषा[F]; बैंगनी पोशाक; धर्माचार्यपद, धर्माचार्यकी भूषा[F], (बहुव०) शूकरज्वर; गेरुई[F], गेहूँका रोग; *born in the* ~ राजघरानेका;
~ bacteria, ~-berried, ~-clad, ~-coated, ~-coloured, ~ copper ore, ~-finch, ~-fish, ~ fleabane, ~-headed, ~ heron, ~ hue, ~-hued, ~ lake, ~-leaved, ~ light ~ navy, ~ osier, ~-robed, ~-rumped sunbird, ~ shell, ~-spiked, ~ thrush, ~-tipped, ~-veined, ~willow, ~ wood ~ wood-pigeon, ~ wort.
purple[2] v.t. & i. नीलारुण हो जाना, बैंजनी रंगका हो जाना ।
purple[3] a. (रसा०) **नीलारुण**, (रसा०) **नीललोहित**, बैंजनी, **जामनी** (~ *light*); **फालसी**, गहरा लाल, खूनी; ~ emperor एक तितली[F] ।
purplish, purply –'प्लिश्, 'प्लि aa. आनीलारुण, बैंजनी-सा, बैंजनीपन लिये हुए ।
purpoint, pourpoint प्युॲर्'पाॅएन्ट्, पुॲर्'पाॅएन्ट n. रूईदार अंगरखा ।

purport[1] पर्'पॉर्ट् n. (क्रा०) **अभिप्राय,** प्रयोजन, आशय, तात्पर्य, (क्रा०) **सार,** सारतत्व, सारांश, भाव, अर्थ, मतलब; (क्वचित्) मन्तव्य, उद्देश्य ।

purport[2] पॅर्पॉर्ट् v.t. अभिप्राय रखना, आशय होना, तात्पर्य रखना, सारांश रखना, भाव रखना, अर्थ रखना, मतलब रखना; मन्तव्य होना, उद्देश्य रखना, मंशा रखना; प्रतीति[F] करना, पता देना, बताना ।

purportless –'पॉर्ट्लिस् a. अनभिप्राय, अभिप्रायहीन, सारतत्वहीन, आशयविहीन, तात्पर्यविहीन, सारांशहीन, भावहीन, अर्थरहित, बेमतलब; उद्देश्यरहित ।

purpose[1] पर्'पॅस् n. हेतु, विचार, (क्रा०, शिक्षा०) **उद्देश्य,** तात्पर्य, (क्रा०, शिक्षा०) **प्रयोजन,** आशय, (क्रा०, शिक्षा०) **अभिप्राय,** नीयत[F], इरादा, मतलब, ख्याल, गर्ज[F]; संकल्प, दृढ़निश्चय, संकल्पशक्ति[F]; *on* ~ सोद्देश्य, सप्रयोजन, साभिप्राय, कामतः, ज्ञानतः, तात्पर्यसहित, उद्देश्यसे, मतलबसे; *to some* ~ किसी उद्देश्यसे, किसी अभिप्रायसे; *to the* ~ संगत, सम्बद्ध, सप्रयोजन ।

purpose[2] v.t. अभिप्राय रखना, उद्देश्य रखना, संकल्प रखना, योजित करना, निर्धारित करना, मंसूबा बाँधना, इरादा रखना ।

purposed ⊙ –स्ट् a. साभिप्राय, अभिप्रेत, सोद्देश्य, वांछित, इच्छित, इच्छाकृत ।

purposeful –स्‌फुल् a. उद्देश्यपूर्ण, आशयपूर्ण, अर्थपूर्ण, अभिप्राययुक्त, मतलबभरा ।

purposefulness –निस् n. उद्देश्यपूर्णता[F], अभिप्राययुक्तता[F], सप्रयोजनता[F], मन्तव्यपूर्णता[F], अर्थपूर्णता[F], गर्जदारी[F] ।

purposeless –लिस् a. निरुद्देश्य, आशयरहित, अभिप्रायहीन, अर्थहीन, उद्देश्यरहित, बेमतलब ।

purposelessness –निस् n. निरुद्देश्यता[F], आशयराहित्य, अर्थहीनता[F], अभिप्रायहीनता[F] ।

purposely –लि adv. ज्ञानतः, कामतः, **सप्रयोजन, प्रयोजनसे,** अभिप्रायतः; जानकर, जान-बूझकर, इरादा करके ।

purposive पर्'पॅसिव् a. साभिप्राय, (शिक्षा०) **सोद्देश्य, सप्रयोजन,** लक्ष्यपूरक, कार्यसाधक, प्रयोजनात्मक; (व्यक्ति या आचरण) उद्देश्यपूर्ण, लक्ष्ययुक्त; ~ action, ~ sampling, ~ thinking.

purposivism ⊙ –विज़्म् n. (शिक्षा०) **प्रयोजनवाद, उद्देश्यवाद** ।

purposivist ⊙ –विस्ट् n. उद्देश्यवादी, प्रयोजनवादी ।

pur sang (F) १. adv. पूर्णतया, बिलकुल. २. a. अभिजात, कुलीन ।

purpura पर्'प्युरॅ n. नीललोहितवर्ण[F], (नि०) नील-लोहितामय, [illegible], [illegible] रोग; नीलारुण [illegible], (जीव०) P.

purpureal –रिअल् a. = PURPLE.

purpuric –रिक् a. [illegible] ~ *fever* ।

purr [illegible]

purree प'री n. पीला रंग, हलदिया रंग ।

purse[1] पर्स् n. थैली[F], बटुआ, मनीबैग, पर्स; (क्रा०) निधि[F], कोष, धन, सम्पत्ति[F], खजाना, पूँजी[F]; सहायता-निधि[F], पारितोषिक; शुल्क, चन्दा; light ~ दरिद्रता[F]; long ~ धनाढ्यता[F]; ~-bearer कोषाध्यक्ष, कोषरक्षक, धनपाल, खजांची; कोषवाहक; ~-net मत्स्यजाल; (जीव०) खर्ची जाल; ~ *proud* धनाभिमानी; *a full ~ never lacks a friend* बने-बनेका सब कोई साथी बिगड़ेका नहिं कोय ।

purse[2] v.t. & i. (होंठ, भौं[F] आदि) सिकोड़ना, सिकुड़ना, चढ़ाना, (पर) बल पड़ना या डालना; झुर्रियाँ[F] निकलना, झुर्रीदार होना; (क्वचित्) थैलीमें रखना, बटुएमें डालना ।

purseful –फुल् n. थैलीभर, बटुआभर, खलीभर ।

purseless –लिस् a. बेथैली, बेखीसा, निर्धन ।

purser –सॅर् n. कोषपाल, रोकपाल; पोताधिकारी, पोत-लेखाधिकारी, पोतभण्डारी, **पोतनीस,** किरानी, **पर्सर,** जहाजका खजांची ।

pursership –शिप् n. पोतलेखाधिकारी-पद या स्थान, जहाजके खजांचीका पद ।

pursiness पर्सिनिस् n. फुफ्फुलपन, पोलापन, दम चढ़ने या फूलनेकी अवस्था[F] ।

purslane पर्स्'लिन् n. लोणी[F], लोनी[F], लोनिका[F], लोनिया[F], कुल्फा ।

pursuable पॅर्स्यूॲबॅल् a. अनुगम्य, अनुरोध्य, अनुवर्तनीय, स्वीकार्य, ग्राह्य, अनुसरणीय, पालनीय ।

pursuance –ॲन्स् n. पालन, **अनुसरण,** अनुवर्तन, अनुगमन, अनुरोध, प्रवर्तन, अनुसन्धान, अनुष्ठान, अनुशीलन, कार्यान्वय, पैरवी[F]; *in ~ of* के अनुसार ।

pursuant[1] –न्ट् a. अनुरूप; पालक, अनुसारी, अनुवर्ती ।

pursuant[2] adv. का पालन करते हुए, के अनुसार ।

pursue पॅर्स्यू v.t & i. अनुधावन करना, पछियाना, खदेड़ना, रगेदना, पीछा करना; (क्रा०) पालन करना, अनुवर्तन करना, अनुशीलन करना, पिछे रहना, लगे रहना; अनुसन्धान करना, अनुष्ठान करना, खोजना, ढूँढ़ना, तलाशना; (योजना[F] आदिका) पालन करना, अनुसरण करना, प्रवृत्त होना, लगे रहना; अध्ययनरत होना, अनुशीलन करना; (किसी व्यवसायको) अंगीकार करना, स्वीकार करना, अपनाना; चलाना, पैरवी[F] करना, किये जाना, जारी रखना ।

pursuer –ॲर् n. अनुगामी, अनुवर्ती; अनुसारी; अनुरोधक; पैरवी[F] करनेवाला, खदेड़ू; अनुष्ठाता, पालनकर्ता; वादी, अभियोक्ता, अभियोगी, मुद्दई ।

pursuit पर्स्यूट् n. अभिनिवेश, (शिक्षा०) **अनुसरण** (~ movement), अनुगमन, अनुधावन, पैरवी[F], पीछा, अनुष्ठान, पालन; अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज[F], तलाश[F]; [illegible], उद्यम, उद्योग, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], वृत्ति[F], धन्धा, [illegible], कारोबार

pursuivant पर्'स्विवॅन्ट् n. [illegible]

अनुयायी, अनुवर्ती ।

pursy पर्'सि a. फुफ्फस, पोला, फूला हुआ, जिसका दम जल्दी फूल जाय, बेदम; स्थूल, थोथला, मोटा, धमधूसर; कुंचित, झुर्रीदार, भँजा हुआ, बल पड़ा हुआ, सिकुड़ा हुआ, शिकनदार ।

purtenance –टि'नॅन्स् n. (प्रा०) हृदय, दिल, कलेजा; फुफ्फुस, फेफड़े; अन्त्र, आँत^F, अँतड़ी^F; भेजा = APPURTENANCE.

purulence, -cy प्युॲ'रुलॅन्स, -सि nn. (चि०) पूयमयता^F, पूयसमता^F, पूयस्राव, पूयस्राविता^F, पूय-पूर्णता^F, क्लेदयुक्तता^F, मवादीपन ।

purulent –ल्ट् a. (चि०) **सपूय**, पूययुक्त, **पूयमय**, पूयस्रावी, क्लेदयुक्त, पीववाला ।

puruloid –लाऍड् a. पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीववाला, मवादका, पीवका, पसका; पूयवत्, पूयाभ, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीव-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा ।

purvey पॅर्वे' v. t. & i. (खाद्य पदार्थोंका) प्रबन्ध करना, प्रदान करना, जुटाना, पहुँचाना; व्यवस्था^F करना, रसद^F पहुँचाना, संग्रह करना, जमा करना; आहाराधिकारी या भण्डारीका काम करना ।

purveyance –ॲन्स् n. खाद्य-व्यवस्था^F, रसद-संग्रह; खाद्य; भोजन-सामग्री^F, रसद^F, खूराक^F; राजक्रयाधिकार; संविधा^F ।

purveyor –ॲर् n. आहाराधिकारी, आहारदायक, खाद्यसंग्राहक, खाने-पीनेकी सामग्री^F जुटानेवाला, भण्डारी, रसद-पूरक ।

purview पर्'व्यू n. मुख्यांश, संविधि-भाग, प्रविधान-खण्ड; (अधिनियम, प्रलेख, योजना^F, पुस्तक^F, व्यवसाय आदिका) विस्तार, सीमा^F, क्षेत्र, परिसर, फैलाव; दृष्टि-क्षेत्र, कल्पना-क्षेत्र; दर्शन, पर्यवलोकन ।

P.U.S. Parliamentary Under Secretary.

pus पस्' (चि०) पूय, क्लेद, (चि०) **पीप**; पीव, मवाद, पस ।

push¹ पुश् n. प्रहार, धक्का, चपेट, ठेल^F, रेला, ठेल-पेल^F; प्रभावोपयोग; (शस्त्र या सींगका) आघात, टक्कर^F, वार, हूल^F; प्रबल प्रयत्न, पूरी कोशिश^F; (सेना०) प्रबल आक्रमण, तगड़ी चढ़ाई^F; चाप, दबाव, जोर, बोझा; विषमता^F, जटिलता^F, अभाव, तंगी^F; महोद्यम, उद्योग, संकल्प, स्वत्वाग्रह; (ग्रा०) दस्युदल, अपराधी-वर्ग; ~-ball (भारी गेंद^Fको ढकेलकर खेला जानेवाला) खेल; ~-bike (ग्रा०) बाइसिकल^F; ~ botton **दाब-बटन**; ~ cart⊙ दुपहिया ठेलागाड़ी^F; ~ cartman⊙ ठेलेपर लादकर घूम-घूमकर बेचनेवाला; ~-in-sleeves **धसवाँ आस्तीन**; ~ pins⊙ ड्राइंग **पिन^F**; ~ pull **संतुलित प्रवर्धक**;

~ rop, ~ tap, ~ trolley, ~ vehicle.

push²* v.t. & i. धकियाना, धकेलना*, धक्का देना, ठेलना*, रेलना, पेलना, लुढ़काना, ढकेलना, खिसकाना, सरकाना; झपटना, उछलना, कूदना, खिसकना, सर-कना, हुलना; सींग मारना, सिंगियाना; प्रस्फुटित करना या होना, अंकुरित करना या होना, बाहर निकालना, निकलना, फूटना; आगे बढ़ना या बढ़ाना, चलाना; झपटना; चीरकर निकल जाना; प्रबल चेष्टा^F करना, बल लगाना, जोर मारना; अनुरोध करना, आग्रह करना; सन्नद्ध करना, प्रेरित करना, उकसाना, उभाड़ना, पीछे पड़ना; प्रवर्तन करना, स्थापना^F करना, प्रतिपादन करना; सचेष्ट होना, प्रयत्नशील होना; कार्यरत होना; वर्धन करना, विस्तार करना, बढ़ाना; विवश करना, बाध्य करना, तंग करना, दबाना; लाचार करना; ~ through परिणत करना, निभा ले जाना, काम निकाल ले जाना ।

pushable –शॅबॅल् a. आधक्य, आधक्कनीय, धकियाने योग्य, चपेट देने योग्य, ठेलने योग्य; आघात देने योग्य, टक्कर^F देने योग्य, हूलने लायक; प्रबल आक्रमण करने योग्य; तगड़ी चढ़ाई^F करने योग्य; महोद्यमनीय, उद्योग योग्य, संकल्प योग्य ।

pusher –शॅर् n. धकेलनेवाला, धकेलू; ठेलनेकी मशीन ।

pushful –श्'फुल् a. महोद्यमी, साहसी, उद्योगी, दृढ़-संकल्प, स्वत्वाग्रही ।

pushing –शिंग् १. n. चेष्टा^F, उद्यम; प्रक्षेपण, प्रेरण, आघात, टक्कर^F, ठेल-पेल^F; २. a. चेष्टारत, उद्यमी, उद्योगी, आगे बढ़नेके लिए प्रयत्नशील, घुस-पैठवाला, ढकेलनेवाला ।

pushtoo पश्'टू n. पश्तो, पठानी भाषा^F ।

pusillanimity प्यूसिलॅनि'मिटि n. भीरुता^F, कायरता^F, क्लीवता^F, नीचाशयता^F, लुच्चापन, नामर्दी^F, बुजदिली^F ।

pusillanimous प्यूजिलॅ'निमॅस् a. भीरु, कायर, पामर, क्लीव, नीचाशय, नामर्द, बुजदिल ।

pusillanimousness –निस् n. भीरुता^F, कायरता^F, कादरता^F, नीचाशयता^F, लुच्चापन, बुजदिली^F ।

puss पुस्' n. (बिल्ली^Fका प्यारका नाम) पूसी^F, म्याऊँ^F, मुनमुन; बाघ, चीता; खरहा; (बोल०) लड़की^F, लौंडिया^F, मुन्नी^F, बिट्टो^F, छबीली^F ।

pussy–सि n. (बच्चोंकी बोली^Fमें) पूसी^F, म्याऊँ, मुनमुन^F; कोई कोमल रोएँदार वस्तु^F; ~ foot मद्यनिषेधवादी, नशाबन्दी^Fका समर्थक ।

pustulant पस्'ट्यूलॅन्ट् a. (चि०) पूयस्फोटक, फफोले पैदा करनेवाला ।

pustular, pustulous –लॅर्, –लॅस् aa. सगुटि, (वन०, चि०) **कीलकित**, पूयस्फोटपूर्ण, **स्फोटपूर्ण**, छालेदार, फफोलेदार ।

pustulate –लॅट् a. फफोलेदार, पूयफुंसीदार, फोड़ेदार, छालेदार; (वन०, जन्तुवि०) पूयिकामय, पिडिकामय, किणयुक्त, पूययुक्त, मशकमय, मस्सेदार, गुमड़ीदार ।

pustulation –ले'शॅन् n. फफोले बनना, छाले पड़ना; (चि०) पूयस्फोट बनाना; पूयिका-निर्माण, आचिल-निर्माण, मशक निर्माण, मसा बनना, गुमड़ी^F बनना ।

pustule –ट्यूल n. (चि०) **पूयस्फोटिका^F**, **पीपफुंसी^F**, पूयस्फोट, फफोला, फुंसी^F, फोड़ा, छाला; (वन०, जन्तुवि०) पूयिका^F, पिडिका^F, किण, आचिल, मशक, मसा, गुमड़ी^F,

गाँठ^F; malignant ~ सांघातिक स्फोट, घातक अर्बुदरोग, (चि०) कालस्फोट, त्वचाका एन्थ्राक्स रोग ।

pustuliform –लिफ़ॉर्म a. (वन०) स्फोटरूप ।

pustulous –लॅस् a. = PUSTULAR.

put¹, putt पुट्, पुट्' n. प्रक्षेपण, फेंका, फेंकाई^F; विक्रय-संकल्प, सौदा; ~ option (वाणि०) मंदी^F ।

put²* v.t. & i. (*put*) फेंकना, धकेलना; भोंकना, घोंपना; दागना, छोड़ना, मारना; (खान^F में कोयलेकी) ट्राम^F चलाना, ठेला चलाना; (बन्दरगाहसे दूर^F या इसकी ओर) प्रस्थान करना, रवाना होना; स्थित करना, रखना*, डालना*; अंकित करना, लिखना, लगाना; जोतना, नाधना; (गाय^F को बर्दवानेके लिए साँड़के पास) ले जाना; उतारना, ले जाना, पार लगाना, रोपण करना, डालना; उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; अर्पित करना, समर्पित करना, दे देना; (मिश्रित करना, मिलाना, घोलना; कूतना, दाम लगाना; प्राक्कलन करना, आकलन करना, आँकना, अनुमान करना; रूपान्तरित करना, अनूदित करना, उलथा करना; व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना; महत्त्व देना; आधारित करना, निर्भर करना; प्रयुक्त करना, उपयोग करना, काममें लाना; भावना^F करना, कल्पना^F करना; प्रतिहस्तापन करना, प्रतिहस्तस्वरूप करना; दाँव लगाना; शर्त^F रखना; (पूँजी^F आदि) अधिष्ठित करना, विनियुक्त करना; निवेदन करना, अपील^F करना; आमंत्रित करना, आह्वान करना; आरोपित करना, लागू करना; (अपमान, तिरस्कार आदि) होना, किया जाना; बलिपशु बनना, शिकार बनना; दोषारोपण करना, आरोप लगाना; परिणत करना, अन्वित करना; रूपान्तरित करना, बदलना; (मामलेको) ठीक कर देना, बता देना; (गलत मार्गपर) सिद्ध करना बनाना; (घड़ी^F इत्यादि) तेज करना; प्रवृत्त करना, कार्य करनेको कहना; बाध्य करना, विवश करना, दबाव डालना, मजबूर करना; ~ *a check, stopper, veto on it* (इसे) वर्जित करो, रोको, मना करो; ~*across* सम्पादन करना, पूर्ण करना, कृतकार्य होना; सफलता^F पाना, पार करना; ~ *an end, period, stop, to it* समाप्त करो, बन्द करो, खतम करो; ~ *away* (प्रा०) विवाहविच्छेद करना, तलाक देना; अस्वीकार करना; सँजोकर रखना, सँभालकर रखना; (ग्रा०) खाना-पीना, उड़ाना; कैद^F में डालना, बन्धक रखना, गिरवी^F रखना; ~ *back* गतिरोध करना, प्रगति^F अवरुद्ध करना, रोकना; पूर्ववत् कर देना, पुनःस्थापित करना; (घड़ी^F की सुइयों^F को) पीछे हटाना; ~ *by* (तर्क या प्रश्न) टाल जाना, टरका देना; सुरक्षित रख छोड़ना; ~ *down* पराभूत करना, दमन करना, कुचल देना, दबा देना, जबानपर ताला लगाना; (व्यय आदिमें) कमी^F करना, घटाना, कम करना; (खानोंकी वस्तुओं^F का उपयोग) बन्द कर देना; लिख देना; समाविष्ट करना; समझना, ठहराना; ~ *forth* शक्ति^F लगाना, उद्योग करना; [illegible]^F प्रकट करना; प्रकाशित करना, [illegible]; [illegible] करना, [illegible], [illegible]; ~ *forward*

(स्वयंको) प्रदर्शित करना, आगे करना; (सिद्धान्त) स्थापित करना, प्रतिपादित करना; ~ *in* पद-प्रतिष्ठित करना; भर्ती^F करना;~ *it on* अधिक मूल्य लेना, ज्यादा दाम लेना; पहन लेना; ~ *off* स्थगित करना, टालना, हीले-हवाले करना; वर्जित करना, हटाना, रोकना; वंचित करना; आरोपित करना, मत्थे मढ़ना; (वस्त्र) उतारना; (नाव^F इत्यादिका तटसे) प्रस्थान करना, रवाना होना; ~ *on* (वस्त्र) धारण करना, पहनना; (चरित्र-स्वरूप) ग्रहण करना, अभिनय करना; (मांस या भार)-बढ़ जाना; ~ (*our*) *heads together* मन्त्रणा^F करना, परामर्श करना, मशविरा करना; ~ *out* (कन्धे आदिका) जोड़ अलग हो जाना; (क्रिके०) आउट कर देना; बुझाना, गुल कर देना; अस्त-व्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; दुखाना, सताना, परेशान करना; ~ *through* पूर्ण करना; टेलीफोनका नम्बर मिलाना; ~ *together* संयुक्त करना, जोड़ना, जुटाना;(क्रिके०)रन बनाना, स्कोर करना; ~*up* (सवारके रूपमें) नियोजित करना, लगाना, नौकर रखना; अभिनय करना, नाटक खेलना; प्रदर्शित करना, (शिकारको) शिकारगाहसे निकालना, हाँका करना, खेदा लगाना; प्रस्तुत करना; याचना^F करना; ~ *up with* रहना; नतमस्तक होना, सहन कर जाना, पी जाना, गम खा जाना ।

putative प्यू'टॅटिव् a. ख्यात, प्रसिद्ध, मान्य; उक्त, कथित; कल्पित, अनुमानित, अनुमानसिद्ध;
~ father, ~ marriage, ~ matrimony, ~ wife.

pute प्यूट्' a. (प्रा०) विशुद्ध, केवल (*pure & ~*) ।

puteal प्यू'टिॲल n. (रोमन प्रा०) कुएँकी जगत^F, कुएँ-की मुँडेर^F ।

putid प्यू'टिड् a. नीच, अधम, रद्दी ।

putidity प्यूटि'डिटि n. = PUTIDNESS.

putidness –निॅस् n. अवरता^F, अश्रेष्ठता^F, तुच्छता^F, नीचता^F, अधमता^F ।

put-log, -lock पट्'लॉग्, -लॉक् n. कड़ी^F, शहतीर; (यंत्र०) पेटी^F (~ *hole*) ।

putrefacient प्यूट्रिफ़े'शॅन्ट् a. पूयकारी, पूयोत्पादक, सड़न^F पैदा करनेवाला, पीववाला ।

putrefaction –फ़ैक्'शॅन् n. (स्वा०) **पूयन**, पूति^F, (चि०) **पूतिक्रिया**^F, पूतिभवन, पूतिजनन, पूतिगन्ध^F, (चि०) **सड़ाँध**, (कृषि०) सड़ान^F, (कृषि०, स्वा०, चि०) **सड़ना**, विगलन^F, बदबू^F ।

putrefactive –'फ़्रिक्टिव् a. पूयकारी, **पूतिगन्धी**, (~ *fomentation*) पूयोत्पादक, पूतिजनक, पूयनशील, सड़ानेवाला (~ *bacteria*) ।

putrefiable –फ़ाइॲबॅल् a. (चि०) पूतिशील, पूयो-त्पाद्य, सड़न^F पैदा करने योग्य ।

putrefy –फ़ाइ v. i. & t. (स्वा०) **पूयित होना**, [illegible] होना, पूयोत्पत्ति^F होना, [illegible], (स्वा०) **सड़ना**, [illegible]; [illegible] होना, [illegible] होना; [illegible], [illegible]; [illegible]

बिगाड़ना।
putrefying –इंग् a. = PUTREFACTIVE.
putrescence प्यूट्रे'सॅन्स् n. (चि०) पूतिभवन, पूतिरक्तता^F, पूति^F, पूयनशीलता^F, दुर्गन्ध^F, सड़ाँध^F।
putrescent –न्ट् a. पूयनशील, (वन०) **पूतिमान, विगलित**, सड़नेवाला, उग्रगन्ध, गला-सड़ा, बूदार।
putrescible –सिबॅल a. पूयनशील, पूयनीय, दुर्गन्धित होने योग्य, सड़ने योग्य।
putrid प्यू'ट्रिड a. पूति, पूतिक, गलित, दुर्गन्धित, कुवास, उपसा हुआ, गला-सड़ा हुआ; अस्वास्थ्यकर, अपवित्र, हानिकर, गन्दा; (ला०) भ्रष्ट, दूषित; (ग्रा०) घटिया, रद्दी; ~ fever मोहज्वर, सन्निपातज्वर; तन्द्रिकज्वर, टैफसज्वर; ~ flavour (कृषि०) **कुवास, पूतिगन्ध**।
putridity, putridness –'डिटि, –ड्निॅस nn. पूतिकता^F, सड़ाँध^F, बिसाँध^F, उपसाँध^F।
putrilage –'ट्रिलिज n. पूति^F, पूति-द्रव्य, मवाद, सड़नेवाला द्रव्य।
putritic प्यूट्रि'टिक a. (चि०) पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीब-सम्बन्धी, मवादका, पसका।
putsch पुच' n. क्रान्ति^F, विद्रोह।
putt[1] पुट्' n. (गोल्फके खेलमें गेंद^Fपर) आघात, प्रहार, चोट^F, पुट।
putt[2] v.t. (गोल्फके गेंद^Fपर) आघात करना, प्रहार करना, चोट^F करना।
puttee प'टी n. पट्टी^F।
putter पु'टॅर् n. (गोल्फमें) पटर, छोटी छड़ी^F।
puttoo प'टू n. पट्टू।
putty[1] प'टि n. धातु-ओप, (काँच या धातु^F निखारनेके लिए) राँसेका चूर्ण; (स्था०) **लाँबी^F, गच्च**; (चूने-पानीका बालूसहित) पतला गारा, पुचारा; लेपिका^F, (काँच-फलक) जोड़नेका मसाला, **पोटीन**, (रसा०) **पुट्टी^F**।
putty[2] v.t. (पुटीनसे) आवृत करना, चिपकाना, पुटीन लगाना, जोड़ना, भरना।
puy (F) प्वी' n. शंकुशैल, शंक्वाकार ज्वालामुखी पहाड़ी^F; क्षुद्र ज्वालामुखीय शंकु।
puzzle[1] प'ज़ॅल् n. व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, विकलता^F, व्यामोह, वैकल्य, घबराहट^F, हैरानी^F, परेशानी^F; जटिल समस्या^F, गोरखधन्धा, उलझेड़ा, टण्टा, पेचीदा मामला; कूट^F, पहेली^F।
puzzle[2] v.t. & i. व्यग्र करना या होना, उद्विग्न करना, विकल करना, घबराना, हैरान करना, हक्का-बक्का करना या होना, परेशान करना; (समस्या^Fका) समाधान करना, सुलझाना, हल करना।
puzzled –ड् a. मूढ़, भ्रान्त, विकल, व्यामोहित, परेशान।
puzzledom, puzzlement –डॅम्, –मन्ट nn. व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, व्यामोह, विकलता^F, व्याकुलता^F, घबराहट^F, हैरानी^F, परेशानी^F।
puzzlement –मॅन्ट् n. दे० = PUZZLEDOM.
puzzler –ळॅर् n. भ्रान्तिकारी, उलझन^Fमें डालनेवाला, घबरा देनेवाला।
puzzling –लिंग् a. व्यग्रकारी, उद्वेजक, व्यामोहकारी, उद्वेगकर, विकलताजनक, घबराहट^F पैदा करनेवाला, व्याकुलता^F पैदा करनेवाला, परेशान करनेवाला।
P.V.C. Param Vir Chakra; Principal, Veterinary College.
P.V.M.S. Priced Vocabulary Medical Stores.
P.W. Paid Warder; Prince of Wales.
P.W.A. Progressive Writers' Association; Public Works Accounts.
P.W.A.C. Public Works Account Code.
P.W.A.F. Public Works Account Form.
P.W.B. Public Works & Buildings.
P.W.D. public Works Department.
P.W.D.S. Post War Development Scheme.
P.W.I. Permanent Way Inspector.
P.W.O. Police Wireless Officer.
P.W.P.R. Preliminary Working Plan Report.
Pwt. Pennyweight.
pyaemia पाइई'मिॲ n. पूयरक्तता^F, पूयरक्त; रक्तपूयन, (चि०, कृषि०) **रक्तपूयता^F**, विपाक्त रुधिर।
pyaemic –मिक् a. पूयरक्तात्मक, पूयरक्तता^Fके रोगसे सम्बन्धित।
pycno- घन, प्रगाढ़- (~ *spore*, ~*style*)।
pycnometer पिक्नॉ'मिटॅर् n. (प्रा० भू०) **घनत्वमापी**, द्रवघनमान, द्रवघन-मापक यन्त्र; द्रवविशिष्टगुरुतामान, द्रव्यघनतामापक यन्त्र।
pye पाइ' n. = PIE.
pyedog, pi(e)- पाइ'डॉग्, पाइ- n. पाही कुत्ता, लावारिस कुत्ता; संकरवर्ण व्यक्ति, दोगला पशु।
pyelitis पाइइॅलाइ'टिस् n. (कृषि०) **गुर्दा पूयार्ति, गुर्देमें पीप^F पड़ना**।
pygm(a)ean पिग्मी'ॲन् a. वामनसदृश, वामनोचित, बौनेका-सा।
pygmy[1] पिग्'मि n. वामन, बौना; (ला०) अल्पबुद्धि; परी^F, अप्सरा^F।
pygmy[2] a. वामनीय, बौनोंका।
pygostyle पाइ'गॅस्टाइल् n. (जीव०) **फालक**।
pyjamas, paj- ⊙ पिजा'मॅज्, पॅज्- n. pl. पायजामा, पैजामा।
pylon पाइ'लॉन् n. तोरण, सिंहद्वार; कोट, पुर, (इति०) **गोपुरम् (मिश्र)**; T. (चि०) कृत्रिम काष्ठपाद।
pyloric पाइलॉ'रिक् a. पक्वाशयद्वार-सम्बन्धी, निजठर-, **जठरनिर्गम**-, मुद्रिकाकपाटीय, ग्रहणीद्वार-सम्बन्धी (~ *artery*, ~ *valve*): T.;

~ caecum, ~ constriction, ~ end, ~ gland, ~ orifice, ~ sphinctor, ~ valve, ~ vein.

pylorus –रॅस् n. निजठर, मुद्रिकाकपाट, अहणीद्वार, (जीव०, चि०, कृषि०) **पाइलोरस** ।

pyo- पूय-, पीव-, मवाद- (~ *genesis*, ~*-rrhoea*, ~*metra*) ।

pyogenesis पाईअँजे'निसिस n. पूयन, पूय-निर्माण, क्लेद-जनन, पूय-जनन, पीप-निर्माण, पीव भरना, मवाद बनना, पस बनना ।

pyogenic पाइअँजे'निक् n. (चि०) पूयजनक ।

pyoid पाई'आँइड् a. पूयवत्, क्लेद-सदृश, पीप-सदृश, पीव-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा ।

pyometra पाइअँमे'ट्रॅ n. (चि०) पूयगर्भाशय, (कृषि०) **गर्भाशय-पूयता**^F ।

pyorrhoea पाइअँरी'अँ n. दन्तपाद, दन्तपूय, दन्तावेष्ट, पूयस्राव, (गणि०, चि०) **पायरिया** ।

pyramid पि'रॅमिड् n. स्तूप, मीनार; स्तूपाकार क्षेत्र; कोणस्तूप, (जीव०) **शंकु**, (चि०, गणि०, भ० ज्या०) **सूचीस्तम्भ, पिरामिड** (~*-shaped*, ~ *text*); कोणस्तूपाकार वस्तु^F, ढूह या ढेर; कोणस्तूपाकार पौधा; ~ of credit (अर्थ०) **साख द्रव्यकी चक्रवृद्धि**^F ।

pyramidal –रै'मिडॅल् a. स्तूपीय, शुण्डाकार, सूच्याकार, स्तूपाकार, (भ० ज्या०) **सूचीस्तम्भीय**, (चि०) **पिरामिडीय**;

~ lobe, ~ process, ~ solid, ~ surface, ~ system, ~ tract.

pyramidalis ⊙–रॅमिडै'लिस् n. (चि०) **शुण्डकी**^F ।

pyramidalism –लिज़म् n. (इति०) **पिरामिड-आख्यान, पिरामिडवाद** ।

pyramidical –'डिकॅल् a. = PYRAMIDAL.

pyramidion –रॅमि'डिअँन् n. (इति०) **छोटा पिरामिड** ।

pyramiding –डिङ् n. (अर्थ) **राशिकरण** ।

quintessential –टिसे'न्शल् a. पंचमतत्त्वीय; सारमय, तत्त्वमय, सारयुक्त; विशुद्धतम रूप-विषयक, प्रतीकसम्बन्धी ।

quintet(te) क्विन्टे'ट् n. पंचगान; पांच गायक या वादक, पंचक, पंचसंयुज, पाँचका समूह ।

quintic क्विन्'टिक् a. (गणित) पंचघातीय, पंचांश-विषयक, पाँचवें अंशका ।

quintillion क्विन्टि'ल्यन् n. दस लाखके पाँच घात; (सं० रा० अमेरिका और फ्रांस) दस लाखका घन ।

quintroon क्विन्ट्रून्, क्विन्'ट्रून् n. वर्णसंकर शिशु, दोगला बच्चा (जिसमें अंग्रेज और नीग्रो रक्त मिला हो) ।

quintuple[1] क्विन्ट्युपल् n. पाँच गुना बड़ी संख्या^F या योग ।

quintuple[2] v.t. & i. पंचगुणित करना, पचगुना करना या होना ।

quintuple[3] a. पंचगुणित, पंचगुण, पँचगुना; पंचस्तरीय, पंचतहा, पाँच भागोंवाला ।

quintuplet क्विन्'ट्युप्लिट् n. (pl.) (सं०) पंचक; एक साथ उत्पन्न पांच बच्चोंमेंसे एक; एक साथ काम करनेवाली पांच वस्तुएँ^F, पांचकी समष्टि^F ।

quintuplicate[1] क्विन्ट्यू'प्लिकेट् n. (pl.) पंचगुण, पचहरा, पाँच प्रतियाँ; पांचवीं प्रति^F ।

quintuplicate[2] –केट् v.t. पंचगुणित करना, पँचगुना करना, पांचसे गुणा करना; पांच तह करना; पांच प्रतियां^F तैयार करना ।

quintuplicate[3] –केट् a. पंचगुण; पंचगुण; पँचगुना; पँचहरा; पांच बार दुहराई या नकल^F की गयी, पांचवां ।

quintuplication –केशन् n. पंचगुणन, पंचगुणित करना, पँचगुना करना ।

quintus क्विन्'टस् a. पंचम, पांचवां ।

quinzaine [illegible]

quinze [illegible]

quip[1] [illegible]

वक्रोक्ति^F, गोल-मोल बात^F ।
quip² v.t. व्यंग्योक्ति^F करना, व्यंग्यवचन बोलना, विद्रूप करना, ताना मारना, बोली^F मारना; वाक्छल करना, वक्रोक्ति^F करना, मुँह चिढ़ाना ।
quire¹ क्वाअॅर्' n. हस्तक, एक दस्ता, (वाणि०) दस्ता, चौबीस ताव, (पाण्डुलिपि^F या पुस्तक^Fमें) एकके अन्दर दूसरे लगे हुए पन्ने; *in ~s* खुले, खुरदा कागज ।
quire² n. & v.t. & i. दे० CHOIR.
Quirinal क्वि'रिनॅल् n. इटलीकी सरकार^F ।
quirk क्वर्क्' n. वक्रोक्ति^F, वाक्छल, व्यंग्य, उपालम्भ, बोली^F, ताना; ठगविद्या^F, चाल^F, चालाकी^F जुगत^F, हिकमत^F; (चित्रण या लेखनमें) लिखावट^Fकी शोभावर्धक रेखा^F, तोड़-मोड़, हेरफेर, मरोड़^F, ऐंठन^F; (स्था०) महराब^Fका कटाव; कटोरी^F, चूड़ी^F ।
quirkiness –र्'किनि॑स् n. वक्रोक्तित्व, वाक्छलत्व, विद्रूपता^F, व्यंग्योक्तित्व; चालाकी^F, जुगत^F ।
quirkish, quirky –किश्, –कि aa. वक्रोक्तिमय, वाक्छलयुक्त, व्यंग्यवचनपूर्ण, तानेवाला; धूर्त्त, मक्कार, चालबाज, चालाक, जुगुती ।
quirt¹ ⊙ क्वर्ट' n. (चमड़ेकी मूठवाला) छोटे हत्थेका कोड़ा ।
quirt² ⊙ v.t. (छोटे हत्थेके) कोड़ेसे मारना ।
quis custodiet ipsos custodes (L) रक्षकोंकी रक्षा^F कौन करे ?
quisling क्विज़्'लिंग् n. शत्रुपोषी, देशद्रोही, राजद्रोही, विश्वासघातक, विभीषण, जयचन्द ।
quislingite –गाइट् a. & n. शत्रुपोषी, देशद्रोहीका पोषक (व्यक्ति), राजद्रोही दलका (पुरुष) ।
quit¹ क्विट्' v.t. उन्मुक्त करना, छुटकारा देना; (प्रा०) अच्छा आचरण रखना, अच्छा व्यवहार रखना; उन्मुक्त होना, परित्याग करना, **त्यागना, छोड़ना**, हाथ धोना, बाज आना; प्रतिबन्ध लगाना, बन्द करना, रोक देना ⊙; प्रस्थान करना, प्रयाण करना, चल पड़ना, विदा^Fहोना ⊙; (किरायेदारका, कमरा इत्यादि) खाली कर देना, **खाली करना**, छोड़ देना; (का०) शोध करना, निस्तारण करना, चुकाना, चुकता करना, भरना, बेबाक करना, हिसाब चुकता करना (*death ~s all scores*); *~ hold of* पकड़^F ढीली कर देना, कब्जा छोड़ देना ।
quit² pred. a. विमुक्त, मुक्त, क्षमाप्रदत्त, निर्दोष, निष्पाप, रिहा, बरी; स्वतन्त्र, उन्मुक्त **छूट** (*~ rent*); छुटकारा पाया हुआ (*glad to be ~ of the trouble*) ।
quitam (L) n. भेदिया; भेदिया द्वारा अभियोग
quitclaim¹ क्विट्'क्लेम् n. अभ्यर्थना-परित्याग, अधिकार-परित्याग ।
quitclaim² v.t. अभ्यर्थना^F त्यागना, अधिकार हटा लेना ।
quite* क्वाइट्' adv. सर्वथा, पूर्णतया, पूर्णरूपेण, नितरां, अतीव, अत्यन्त, नितान्त*, निरा, सरासर, बिल्कुल*, निहायत; *is ~ the thing* यही तो बात^Fहै ।
quitrent क्विट्'रे॑न्ट् n. उन्मोचन भाटक, चुकौता, सेवामुक्ति^Fका लगान ।
quits क्विट्स् pred. a. (प्रतिकार या चुकौती^Fके पश्चात) बराबर (*now we are ~*) ।
quittable क्वि'टॅबॅल् a. उन्मोच्य, उन्मोचनीय, छुटकारा पाने योग्य; खाली कर देने योग्य; परित्याज्य, परित्यजनीय, छोड़ने योग्य; प्रतिबन्धनीय, बन्द करने योग्य ।
quittal –टॅल् n. प्रतिदान, प्रत्यर्पण, चुकौती^F ।
quittance –टॅन्स् n. निष्कृति^F, निस्तारण, उन्मुक्ति^F, उन्मोचन, निस्तार, छुटकारा, चुकौती^F, बेबाकी^F; उन्मोचन-पत्र, रसीद^F; *omittance is no ~* तकाजा नहीं किया पर छोड़ा तो नहीं ।
quitter¹ ⊙ –टॅर् n. पदत्यागी, नौकरी^F छोड़नेवाला; कामचोर; भीरु, कापुरुष, कायर ।
quitter², quittor nn. पस, पीव; घोड़ेकी टाप^Fका नसूरदार घाव ।
quiver¹ क्वि'वॅर् n. तूण, तूणीर, निषंग, **तरकस**; *~ full of children* झोलेभर (ढेरभर) बच्चे ।
quiver² n. स्पन्दन, वेपथु, कम्प, कम्पन, थरथराहट^F, कँपकँपी^F ।
quiver³ v.i. & t. स्पन्दित होना, वेपमान होना, सकम्प होना, कम्पित होना, थरथराना, काँपना, लरजना, हिलना ।
quivered क्विवॅर्ड् a. तूणीर-भूत, कोशावृत्त ।
quiverful –र्-फुल् n. एक निषंगभर, एक तरकशभर ।
quivering –वॅरिंग् १. n. स्पन्दन, कम्पन, कम्प; २. a. कम्पमान, कम्पित, चपल ।
quiverish –रिश् a. सस्पन्दन, स्पन्दनशील, वेपमान, सकम्प, कम्पमान, थरथरानेवाला, काँपनेवाला ।
qui vive –विव् (F) वहाँ कौन है ?
Quixote क्विक्'सॅट् n. *Don Quixote* (१५४७-१६१६) की तरह आदमी; कल्पनाप्रिय व्यक्ति, अव्यवहार्य सिद्धान्तों-वाला मनुष्य ।
quixotic क्वाइ(क्वि)क्सॉ'टिक् a. अतिमात्र उपन्यासिक, अतिकल्पनाशील, अव्यवहार्य सिद्धान्तानुयायी; अद्‌भुत, विलक्षण, अव्यावहारिक, दुष्कल्पनाशील, अनोखा, निराला ।
quixotics –क्स् n. (pl.) स्वच्छन्दतावाद, कल्पनामय भाव, कल्पनाशील विचार ।
quixotism, quixotry क्विक्'सॅटिज़्म्, –सॅट्रि nn. अतिमात्र उपन्यासिकता^F, अतिकल्पनाशीलता^F, दुष्कल्पना-शीलता^F, अव्यावहारिकता^F ।
quixotize –टाइज् v.t. & i. कल्पनाशील बनाना, अव्यावहारिक करना ।
quiz¹ क्विज़्' n. अद्‌भुत व्यक्ति, विचित्र मनुष्य, विलक्षण पुरुष, निराला आदमी; उपहासक, विनोदप्रिय व्यक्ति, भँडुआ, मसखरा, मजाकिया, दिल्लगीबाज; (मूल० सं० रा० अमेरिका) प्रश्नोत्तर, **प्रश्नोत्तरी**, सवाल-जवाब; कूटप्रश्न, **प्रश्नमाला^F**, प्रश्नावली^F (*~-master*); समस्या^F, पहेली^F; परीक्षा^F, जाँच^F; (अब क०) मृदु परिहास,

उपहास, हँसी-मजाक, दिल्लगी^{F};
 ~ craft, ~ programme, ~ wheel.

quiz[2] v.t. परिहास करना, हँसी^{F} उड़ाना, मजाक उड़ाना; परिहासका रूप देना, मजाकमें उड़ा देना; विलक्षण दृष्टि^{F}से देखना, कौतूहलसे देखना, घूरना, ताड़ना, गौरसे देखना, ताकना; प्रश्न करना; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा^{F} करना, सवाल-जवाब द्वारा जाँचना ⊙ ।

quizzable क्वि'ज़ेबॅल् a. परिहास्य, उपहासास्पद, हँसी^{F} उड़ाने योग्य, मजाकके लायक; उपहासजनक ।

quizzed ⊙ –ज़्ड a. परीक्षित, जाँचा हुआ ।

quizzer क्वि'ज़ॅर् n. परिहासक, हँसी^{F} उड़ानेवाला, मजाक उड़ानेवाला; विलक्षण दृष्टि^{F}से देखनेवाला, घूर-घूर कर देखनेवाला; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा^{F} करनेवाला, सवाल-जवाब करके जाँचनेवाला ।

quizzical –ज़िकॅल् a. अद्भुत, विलक्षण, विचित्र, निराला, अजीब; उपहासजनक; मसखरा, हँसोड़, ठिठोलिया, दिल्लगीबाज ।

quizzing –ज़िङ् n. परिहास, मजाक; प्रश्न करना; घूरना; व्यंग्य करना; प्रश्नोत्तर-परीक्षण, सवाल-जवाब करके जाँचना ।

quoad (L) prep. विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें ।

quod[1] क्वॉड' n. कारागार, कैदखाना, जेल^F ।

quod[2] v.t. कारागारमें रखना, कैदखानेमें बन्द करना, जेल^{F}में डालना, कैद करना ।

quod erat demonstrandum (L) यही सिद्ध करना था ।

quodlibet–लिबे'ट् n. बुद्धियुक्त विवाद, युक्तियुक्त तर्क; उपहासक स्वर, उपहासजनक गीत, हँसी^{F} उड़ानेवाला पद; सूक्ष्मता^{F}, सूक्ष्मभाव ।

quodlibetarian –टें'ऑरिअॅन् n. विलक्षण-वितर्का, बुद्धिमान् विवादक, युक्तियुक्त तर्क करनेवाला ।

quodlibetical –बे'टिकॅल् a. विशुद्ध शैक्षिक, विशुद्ध शिक्षा-सम्बन्धी; विलक्षण विवादीय, विलक्षण विवाद-विषयक, बुद्धियुक्त विवाद-सम्बन्धी, युक्तियुक्त तर्क करने योग्य ।

quod vide (L) जिसे देखो ।

quoin[1] क्वॉइन' n. भवनका बाह्य कोण, घरका बाहरी कोना, नुक्कड़; कोण-प्रस्तर, कोना बनानेवाला ईंट^F या पत्थर; आधार-शिला^{F}, मूलाधार; (छापे एवं बन्दूक^{F}में) एक प्रकारकी मेख^F, पच्चर, फन्नी^{F}; ~ block (मुद्र०) कोण-पिंडक ।

quoin[2] v. t. [illegible] लगाकर [illegible], मेख^F लगाकर [illegible] करना, फन्नी^{F} लगाना ।

quoining –निङ n. नुक्कड़ या कोनेकी चुनाई^F ।

quoit[1] [illegible] n. [illegible]

quoit[2] v.t. & i. [illegible]

quo jure (L) [illegible]

quo modo (L) [illegible]

quondam क्वॉन्'डॅम् a. पूर्व, पूर्वतन, भूतपूर्व, पूर्वकालीन, प्राचीन, पुराना, (a ~ *friend of mine*) ।

quorum क्वोऑ'रॅम् n. कार्यवाह-संख्या^{F}, कार्यगण, (राज०) गणपूर्ति^{F}, गणपूरक-संख्या^{F}, (न्या०) कियत्ता^{F}, इयत्ता^{F}, कोरम ।

quorum pars magna fui (L) जिसमें मेरा बड़ा हिस्सा था ।

quota क्वो'टॅ n. अंश, अभ्यंश, यथांश, नियत परिमाण, वण्टितांश, भाग, निर्धारित मात्रा^{F}; कोटा ।
 ~ certificate, ~-holder, ~ licensing, ~ right, ~ shop, ~ system.

quotability क्वोटॅबि'लिटि n. प्रमाण्यता^{F}, प्रमाण-योग्यता^{F}, उद्धरणीयता^{F} ।

quotable, quoteworthy aa. प्रामाण्य, प्रमाण-योग्य, उद्धरणीय ।

quotation क्वॅटे'शॅन् n. (मुद्र०) पूर्ण धातुखण्ड T. अवतरण, उद्धरण; उद्धृत वाक्य; उत्कथन, प्रोक्ति^{F}; मूल्यविवरण, मूल्यतालिका^{F}; कथित मूल्य, निवेदित दर, निवेदित मूल्य, बाजार भाव, (वाणि०, वि०) भाव, (वाणि०) निर्ख, मोल; दर^F; ~ marks उद्धरण-चिह्न (“ ”) ।

quotative क्वो'टॅटिव् a. औद्धरणिक, उद्धरणशील, उद्धरणीय; उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला ।

quote[1] –ट्' n. अवतरण, उद्धरण, उद्धृत-अंश, प्रोक्ति^{F}; (प्रायः pl.) उद्धरण-चिह्न ।

quote[2] v.t. उद्धृत करना, उदाहरण देना; प्रतिलिपि^{F} बनाना, नकल^F करना; (अर्थ०) भाव बोलना, दाम बताना; उपस्थित करना, पेश करना; प्रमाण देना, हवाला देना, बात^F लेना (*from* के साथ) ।

quoted –टिड् a. उत्कथित, उद्धृत ।

quoter –टॅर् n. प्रमाणक, उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला, उदाहरण देनेवाला, मिसाल देनेवाला ।

quoth क्वोथ्' v.t. (प्रा०) कहा, बोला ।

quotha क्वो'थॅ int. हाँ, सचमुच !

quot homines tot sententiae (L) मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना, जितने मुँह उतनी बातें^{F} ।

quo warranto ? (L.) किस अधिकारसे ?

quotidian [illegible] a. (चि०) [illegible], [illegible], दैनिक, [illegible]; दैनिक [illegible] या ज्वर^F; [illegible], [illegible], साधारण, मामूली; double ~ (चि०) [illegible] ।

quotient क्वो'शॅन्ट् n. (गणि०) लब्धि^{F}, भागफल, भजनफल, [illegible] ।
 ~ field, ~ group, ~ ring.

quotum क्वो'टॅम् n. [illegible], [illegible], [illegible] भाग, [illegible] या अंश ।

qu'ran [illegible] n. [illegible]

q.v. quod vide, which see; [illegible], as much as you will.

qy. query.

R

R (बहुव० Rs, R's) अंग्रेजी वर्णमालाFका अठारहवाँ अक्षर, र; r months सितम्बरसे दिसम्बरतकके वे महीने जिनमें र आता है; the three Rs=reading, (w) riting, (a)rithmatic.

R. *rex*, King; *regina*, Queen.

R. (or Reau.) Reaumur's thermometric Scale; *recipe*, take (*prescription*).

r. runs (cricket).

R.A. Royal Academy; Royal Academician; Royal Artillery; Rear-Admiral; Range Assistant; Ratepayers' Association.

Ra. radium.

R.A.A.F. Royal Australian Air Force.

Rabb. Rabbinical, Rabbinism.

rabat राबा' n. मिथःपरिभ्रमण, अन्योन्यपरिभ्रमण, एक-दूसरेके गिर्द चक्कर काटना।

rabbet[1] रै'बिट् n. (हथौड़ेका) लम्बा वेंट; लम्बा चूल, लम्बा खाना, लम्बा खाँचा, झरींF; (परि०) खाँचा, साल; जोड़।

rabbet[2] v.t. झरींF बनाना; चूलमें बैठाना, झरींFमें बैठाना; (किसी वस्तुFमें) चूल या साल लगाना।

rabbi रै'बाइ n. यहूदी धर्मशास्त्री, रब्बी।

rabbin रै'बिन् n. यहूदी धर्मशास्त्रवेत्ता, रब्बी, राबिन।

rabbinical रॅबि'निकॅल् a. रब्बी-विषयक, रब्बीवत्, रब्बी-जैसा, राबिनी।

rabbinism –'बिनिज़्म् n. राबिनवाद (यहूदी धर्म-पण्डितका सिद्धान्त), रब्बीका शासन।

rabbinist –निस्ट् n. राबिनवादी, रब्बीमतानुयायी, रब्बी शासन-समर्थक।

rabbinite ⊙ –नाइट् n. =RABBINIST.

rabbit[1] रै'बिट् n. शशा, (जीव०) शशक, खरहा, खरगोश, चौगड़ा; अपटु क्रीड़क, अनाड़ी खिलाड़ी; ~-hutch खरहोंका दड़बा; ~-warren खरहे पालनेका स्थान;

~-fish, ~-hide, ~-hole, ~-squirrel.

rabbit[2] v. i. शशक-मृगयाF करना, खरगोशका शिकार करना।

rabbiting –टिंग् n. शशाखेट, शशक-मृगयाF, खरगोशका शिकार।

rabbitry –ट्रि n. खरहा-बाड़ा, खरगोशोंका बाड़ा; अनाड़ी खिलाड़ीका खेल।

rabbity –टि a. बहुशश, शशकबहुल, खरगोश-भरा।

rabble[1] रै'बॅल् n. लोकसमूह, जनसमूह; भीड़F, जमाव, जमाकड़ा; अवर जन, नीच जन, हेय वर्ग, छोटे लोगोंकी टोलीF।

rabble[2] n. (पिघलती धातुFके लिए) कलछीF, छँटुआ।

rabblement रै'बॅल्मॅन्ट् n. (अव क०) जनसंकुल, भीड़-भाड़F, भेड़िया-धसान; कोलाहल, जनरव, हंगामा, गुल-गपाड़ा।

Rabelaisian, -aesian[1] रैबि'ले'ज़ियॅन्, -ई'ज़ियॅन् n. राबेलाइसवादी, राबेलाइसका अनुयायी, हँसोड़ा।

rabi रै'बि a. उष्णकालिक; उन्हारी, आसाढ़ी (~ *harvest*)।

rabic रै'बिक् a. आलर्क-, आलर्की, जलातंक-ग्रस्त, हड़करोगवाला, पागल, रेबी।

rabid रै'बिड् a. प्रचण्ड, उग्र, उत्कट, घोर, प्रबल, क्षुब्ध, तीव्र, उत्तेजित, क्रुद्ध; जड़, मूर्ख, निष्प्रज्ञ, निर्बुद्धि, औंधी खोपड़ीFका, विचारहीन, बुद्धू; दुराग्रही, हठधर्मी, कट्टर; विक्षिप्त, वातुल, उन्मादग्रस्त; (वि० कुत्तेका) सालर्क, जलातंकित, हड़का हुआ, बावला, पगला; ~ dog (चि०) अलर्क, पागल कुत्ता।

rabidity, rabidness रॅबि'डिटि, –निस् nn. प्रचण्डताF, उग्रताF, उत्कटताF, घोरताF; जड़ताF, मूर्खताF; उन्माद, वातुलताF, पागलपन, बावलापन; जलातंक, हड़कF।

rabies रे(रै)'बिईज् n. जलभी, जलातंक, (कृषि०, चि०) अलर्क रोग, आलर्क, हड़कF, (कृषि०, चि०) हलका, (श्वान आदिका) उन्माद-रोग-विशेष; श्वान, शृगाल आदिका पागलपन, T.

rabinet ⊙ रै'बिनेट् n. पुरातन शतघ्नीF, प्राचीन शतघ्नीF, पुराने कालकी बन्दूकF, रबिनेट।

R.A.C. Royal Automobile club; Royal Armoured Corps; Royal Arch Chapter.

raca रे'कॅ a. तुच्छ, निकृष्ट, व्यर्थ, निरर्थक, बेकार, निकम्मा।

rac(c)ahout रै'कॅहूट् n. रैकहूट, (एक अन्न)।

rac(c)oon रॅकून्' n. भल्लूक, भालू, रैकून (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

race[1] रेस् n. यात्राF, प्रयाण, प्रस्थान; संचार, अग्रगतिF; प्रवाह, प्रवेग, प्रखर धाराF, प्रबल धाराF (*tide set with a strong* ~); सूर्यकक्ष्याF, चन्द्रपथ; जीवन-यात्राF, जीवनक्रम; प्रणालीF, नालीF (*mill-*~); चक्कर, (करघेकी नालFके घूमनेका) चक्करदार मार्ग; धावन (-प्रतियोगिताF), दौड़F; (बहुव०) अश्व-धावन, घुड़दौड़F ⊙; स्पर्द्धाF, ईर्ष्याF; प्रतियोगिताF, होड़F, मुकाबला; ~course धावन-पथ, घुड़दौड़Fका मार्ग या मैदान; ~horse जवाश्व, प्रतियोगिताश्व, दौड़Fका घोड़ा;

~ ball, ~-card, ~course manager, ~ cup, ~-goer, ~-meeting, ~ psychology, ~ rail, ~ way, ~ wheel.

race[2] v. i. & t. धावन-प्रतियोगिताFमें भाग लेना, आगे बढ़ जानेका प्रयत्न करना; घुड़दौड़Fमें घोड़ेको दौड़ाना; दौड़ाना, भगाना (*~d his bicycle against a motor car*); (पीपे आदिसे पानी आदिका) चक्कर खाते हुए निकलना; दौड़ना, भागना, दौड़ लगाना; (सम्पत्तिF) नष्ट करना, बहाना, लुटाना।

race[3] n. अन्वय, मूलवंश, वंश, वर्ण, कुल, सन्तति[F], गोत्र, रक्त, नस्ल (*Mongolian* ~); (कृषि०, इति०) जाति[F], (~ *difference*), प्रजाति[F], भेद, प्रभेद, विभाग, (~ *hatred*); वर्ग, श्रेणी[F], समुदाय (*the race of poets etc*); T. ~ suicide सन्तति-नियन्त्रण।

race[4] n. मूल, (विशे० अदरख[F]की) जड़[F]।

racemation –मेशन् n. गुच्छिकायन, गुच्छिकीकरण।

raceme रॅसीम्' n. (वन०) एकवर्ध्यक्ष, पुष्प-गुच्छ, पुष्प-स्तवक, गुच्छा।

racemed –ड्' a. पुष्पस्तवकमय, गुच्छित, गुच्छेदार।

racemic –'मिक् a. गुच्छिक (~ *camphor*), T. (~ *acid*, ~ *form*)।

racemiferous रैसि'मि'फ़ॅरॅस् a. सैकवर्ध्यक्ष, एकवर्ध्यक्ष-युक्त, पुष्पगुच्छयुक्त, पुष्पस्तवकयुक्त, फूलोंके गुच्छेवाला।

racemise रै'सि'माइज् v. i. & t. गुच्छिकायित होना या करना, पुष्पगुच्छमें परिवर्तित होना या करना, स्तवक या गुच्छा बनना या बनाना।

racemism –मिज़्म् n. गुच्छिकत्व, गुच्छिकता[F]।

racemization –माइज़े'शॅन् n. गुच्छन, गुच्छा बनाना।

racemose रै'सि'मोस् a. (वन०, शा०) पुष्पगुच्छयुक्त, गुच्छेदार; (श० र० शा०, वन०) एकवर्ध्यक्षीय, वर्धक्षीय, गोलस्तवकयुक्त, द्राक्षागुच्छाकार।

racemule –म्यूल n. लघ्वैकवर्ध्यक्ष, लघु पुष्पगुच्छ, लघु पुष्पस्तवक, फूलोंका छोटा गुच्छा।

racer रे'सॅर् n. धावक, दौड़बाज़; धावन-प्रतियोगी, दौड़-प्रतियोगी; धावन-तरणी, दौड़[F]की नौका[F]; धावन-यान (जैसे, सायकिल[F] इत्यादि); बन्दूक[F]का घोड़ा, बन्दूक[F]की नली[F]; ज्वाश्व, घुड़दौड़[F]का घोड़ा।

rach रैच्' n. घ्राणक श्वान, घ्राणक आखेट-कुक्कुर, सूँघकर पता लगानेवाला शिकारी कुत्ता।

rachialgia रैकिॲल्'जिॲ n. (चि०) मेरु-दण्डार्ति[F], पृष्ठवंशार्ति[F], मेरु-शूल, मेर्वस्थि-शूल, रीढ़[F]की पीड़ा[F]।

rachidian रॅकि'डिॲन् a. मेर्वस्थीय, मेर्वस्थि-विषयक, मेरुदण्ड-सम्बन्धी, रीढ़का; अक्षीय, डण्डी[F]का।

rachis, rha –रे'किस्, रे- n. (pl.-*ides*) (चि०) मेरु-दण्ड- पृष्ठवंश; (कृषि०) पुष्पक्रम अक्ष; (जीव०) दण्ड; पिच्छाक्ष; (पत्तोंका) प्रधान अक्ष, (वन०) प्राक्ष, डण्डी[F], T.

rachi(o)- मेरु-, रीड़- (~*tism*, ~*tomy*)।

rachitic रॅकि'टिक् a. (चि०) बालास्थिवक्रता[F]-सम्बन्धी, बालवक्र-, बालवक्रीय, बाल्यवक्र विषयक, मेरुप्रदाह-सम्बन्धी, रीढ़[F]की हड्डी[F] फूलनेके रोगसे सम्बन्धित, रिकेट्स-सम्बन्धी।

rachitis –काइ'टिस् n. (चि०) बालास्थिवक्रता[F], बाल-वक्र, बाल्यवक्रता[F], मेरुत्सेध, मेरुशोथ, मेरुदण्डप्रदाह, फक्करोग, रिकेट्स, रीढ़[F]की हड्डी[F] फूलनेका रोग, T.

rachitism –टिज़्म् n. [illegible] [illegible] रोग, [illegible] रोग

racial रे'शल् a. जाति-, जातीय, जात्यात्मक, जाति-मूलक, प्रजातिगत, वंशगत, नस्ली;
~ adaptation, ~ consanguinity, ~ cycle, ~ discrimination, ~ inheritance, ~ segregation, ~ tension.

racialism –'शॅलिज़्म् n. जातिवाद, जातीयता[F]।

raciation ⊙ –शिए'शॅन् n. (इति०) जातिकरण।

raciness रे'सिनिॅस् n. सजीवता[F], ओजस्विता[F], चित्त-ग्राहिता[F], अनूठापन; प्रसाद-गुण-सम्पन्नता[F], चोखापन।

racing रे'सिंग् n. अश्वधावन, अश्वधावन-प्रतियोगिता[F], घुड़दौड़[F], घुड़दौड़-प्रतियोगिता[F]; (नौवि०) तेज़ी[F]।

raciology ⊙ रेसिऑ'लॅजि n. (इति०) जाति-विज्ञान।

racism ⊙ –'सिज़्म् n. (राज०, इति०) जातिवाद, प्रजातिवाद।

rack[1] रैक्' n. सचल घन, उड़ते हुए बादल; प्रलय, विनाश, तबाही[F]।

rack[2] v. i. (बादलोंका) हवा[F]में उड़ना।

rack[3] n. (लकड़ी[F] या धातु[F]का छड़दार) निलय, गवा-क्षनी[F], चारादान, चरही[F], झाना; निधानी[F], फ्रेम, (कृषि०) रैक (*plate*, *hat*, *tool*, -~); दाँतेदार छड़ या पटरी[F] (~-*rail*); ~ and pinion (यन्त्र०, भौ०) दण्ड-चक्री[F]; दण्ड-चक्र; ~ carriage (शाणि०) आरी[F]; ~-railway दाँतेदार रेल[F] या पटरी[F]; ~-wheel दाँतेदार पहिया।

rack[4] v.t. & i. चरही[F] भरना; (घोड़ेको) चरही[F]की पहुँच[F]में बाँधना; चरही[F]में (या पर) रखना।

rack[5] n. काष्ठगृह, कठघरा, पीडन-यन्त्र, शिकंजा; ~-rent अत्यधिक भाटक, अधिभू राजस्व, (कृषि०) निष्ठुर लगान, (अर्थ०) असीम किराया, कमरतोड़ मालगुज़ारी[F]; (v.t.) अधिक कर या मालगुज़ारी वसूल करना; ~ renting (कृषि०) अत्यधिक लगान लेना; *on the* ~ (शा० एवं ला०) विपत्ति[F]में, संकटमें, शिकंजेमें।

rack[6] n. यातना[F], व्यथा[F]।

rack[7] v.t. विकलापित करना, यन्त्रणा[F] देना, व्याकुल करना, ग्रसना, सताना, जलाना (~*ing headache*); झकझोरना, हिलाना; माथापच्ची[F] करना; मरोड़ना; (रुपया इत्यादि) ऐंठना, निचोड़ना; (भारवियोंका) शोषण करना, चूसना; (धरती[F]का) सत्त्व खींच लेना, (को) चूसना।

rack[8] n. सुरा, सत्त, अर्क, आसव।

rack[9] n. (घोड़ेकी) कुदान[F], लंगूरी चाल[F]।

rack[10] v. i. (घोड़ेका) लंगूरी चाल[F] चलना।

rack[11] v. t. (शराब[F]को) तलछट[F]से निथारना।

rackarock रै'कॅरॉक् n. शब्दगोला, पत्थरतोड़।

racker रै'कॅर् n. उत्पीड़क व्यक्ति, पीड़क व्यक्ति, अत्या-चारी, दुःखदायी व्यक्ति, कष्ट पहुँचानेवाला।

racket[1], **racquet** रॅ'किट्, रै'किट् nn. (टेनिस इत्यादिका) बल्ला, डण्डा, रैकेट (~ *ball*, *press*); (बहु०) गेंद-बल्ला, रैकेटका खेल; बर्फ मोज़ा।

racket[2] रे'किट् n. कोलाहल, गर्जन-तर्जन, चख-चख^F, दमचख^F, खलबली^F, गुल-गुपाड़ा, हंगामा; कल्लोल, किलोल^F, रँगरेलियाँ^F, धमाचौकड़ी^F, चहल-पहल^F, रौनक^F; लम्पटता^F, छिछोरापन, मटरगश्ती^F, (ग्रा०) छल, कूट-योजना^F, चाल^F, चालाकी^F, चरका, खेल, तिकड़म; नीति^F, युक्ति^F, उपाय, योजना^F; धन्धा, काम, कारबार, पेशा; (मूल० अमरीका) दस्युवृत्ति^F; अग्नि-परीक्षा^F, कठिन परीक्षा^F, संकटकाल; *to stand the* ~ फल भोगना, मूल्य चुकाना।

racket[3] v. i. विलास करना, आनन्द मनाना, गुलछर्रें उड़ाना, धमाचौकड़ी^F मचाना।

racketeer रैकिटीअर् n. दस्यु, बलाद्ग्रहीता।

racketeering –'रिंग् n. दस्युता^F, बलाद्ग्रहण, लूटपाट^F।

racketing रे'किटिंग् n. कल्लोलपूर्ण आमोद, कोलाहल-मय प्रमोद, चखचखभरा आनन्द, दमचकवाली खुशी^F।

rackety –टि a. बदमाश, लुचा; शोर मचानेवाला।

racking रै'किंग् n. (नौवि०) आँटी^F बाँधना; (स्था०) दाड़ा; ~ strain (परि०) पार्श्वविकृति^F।

raconteur रॉकॉन्टर् (F) n. (fem. *raconteuse*) कथा-वाचक, कहानीकार।

rac(c)oon रैकून् n. भल्लूक, भालू, रैकून, (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

R.A.C. of S.T. Regional Assistant Commissioner of Sales Tax.

racy रे'सि a. उत्तम, उचकोटि^Fका, बढ़िया (~*flavour*); सरस, रसवान्; अनुपम, अद्वितीय, अनूठा।

rad रैड्' n. दे० RADICAL.

Rad. Radical.

rad. *radix*, root.

R.A.D.C. Royal Army Dental Corps.

radar रे'डार् n. तेजोन्वेष, राडार; सर्वदर्शित्र, सर्वदर्शी यन्त्र, **राडर**।

~ cover, ~ fire, ~ laying, ~ mechanic, ~ operator, ~ picket, ~ searching, ~ spotting, ~ technician, ~ workshop.

raddle[1] रै'डॅल् n. वृक्ष-शाखाओं^Fसे प्रच्छन्न बाड़ा; गेरू, लाल मिट्टी^F।

raddle[2] v.t. गेरूसे पोतना या रँगना; भद्दे ढंगसे पोतना; गूँथना, बटना, बुनना।

radial[1] रे'डिॲल् n. (चि०) बहिःप्रकोष्ठिका^F–(नाड़ी^F, धमनी^F): (यंत्र०, ग०, भौ०) **त्रिज्या**^F, अरलि-शिरा^F, अरलि-धमनी^F, अन्तररलि-रोहिणी^F, कुहनी^Fकी नस^F; अराश्लिका^F, अरीय पट्ट।

radial[2] a. किरणीय, किरणस्थ, किरणगत, रश्मियुक्त, किरणान्तर्गत; (चि०) विकिरक, अर्द्धव्यासवत्; **बहिःप्रकोष्ठिक**, **अरीय**, अर-सदृश, तीलीदार (~ *fibres*); (गणिवि०) त्रैज्य; (वन०) **त्रिज्यक**; (गणि०) **त्रिज्य**; अन्तररलीय, अरलीय; (चि०) **रेडियल**:

~ acceleration, ~ arm, ~ artery, ~ astigmatism, ~ bearing, ~ bundle, ~ caeca, ~ canal, ~ cartilage, ~ cross-vein, ~ davit, ~ factor, ~ field, ~ force, ~ fossa, ~ function, ~ groove, ~ highway, ~ load, ~ movement, ~ nerve, ~ notch, ~ pulse, ~ road, ~ shake, ~ shrinkage, ~ symmetry, ~ vein, ~ velocity, ~ vessel.

radiality –ऍ'लिटि n. किरणीयता^F, विकिरणीय सम्मिति^F, अरीय सम्मिति^F, विकिरणीय सुडौलपन; रश्मीयता^F।

radialization –ऍलाइज़े'शॅन् n. अरीकरण, अरी या तीलीदार बनानेका कार्य।

radialized –'डिॲलाइज़्ड् a. अरीकृत, अरयुक्त या तीलीदार बनाया हुआ; किरणों^Fकी तरह संयोजित।

radian –ॲन् १. n. आर, (त्रिकोण०) **रेडियन** (~ *measure*), संचापारकोण, समत्रिज्याकोण, रेडियन; २. a. आरीय।

radiance, radiancy –ॲन्स्, –सि nn. (ऋतु०) **विकिरण**, विकीर्णता^F, विकिरता^F, प्रकाश, तेज, कान्ति^F, प्रभा^F, दीप्ति^F, ज्योति^F, चमक^F।

radiant[1] –न्ट् n. ज्योति-केन्द्र, प्रकाश-केन्द्र, दीप्ति-केन्द्र, किरण-स्थल; (गणि०) उल्का-विकीर्णक; (चि०) विकिरण-शील द्रव्य।

radiant[2] a. (भौ०) **विकीर्ण**, **विकिरणी**, विकिरक; कान्त; प्रभापूर्ण, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, तेजस्वी, चमकदार; समुज्ज्वल, उज्ज्वल; (नेत्र) शुभ्र, ज्वलन्त, तेजोमय, प्रकाशवान्, चमकदार, जगमग; (ज्यौ०) **उल्का-विकीर्णक**, (प्रकाश) चकाचौंध^F करनेवाला; (सौन्दर्य) चमत्कारी, शोभामय, दगदगाता हुआ; अर-सदृश, त्रिज्यावत्; ~ point विकिरण-केन्द्र, ज्योति-केन्द्र, किरण-मूल, प्रकाश-मूल, उल्का-समापातमूल;

~ coordinates, ~ energy, ~ flux, ~ heat, ~ matter.

radiantness –न्ट्नॅस् n. = RADIANCE.

radiate[1] –एट् v. i. & t. विकीर्ण करना, (वन०, रसा०) **विकिरण करना**, किरणें^F बिखराना, प्रकाश फेंकना; (प्रकाश या तापका) विकीर्ण होना, बिखरना, छितराना, फैलाना, फैलना, चमकना; विद्युत्-चुम्बकीय तरंगें^F भेजना या उठाना; (जीवन, प्रीति^F, हर्ष आदि) विकीर्ण करना, पसारना, पसरना, फैलना, फैलाना।

radiate[2] a. विकीर्णांग, अरीयांग, किरणांग, विकिरणयुक्त, (प्रा०, भू०) **विकीर्ण** (~ *ligament*), त्रिज्यावत्।

radiated –एटिड् a. (प्रा० भू०) **विकीर्ण**, प्रस्तीर्ण, बिखरा हुआ, छिटका हुआ।

radiating –टिंग् a. = RADIANT (~ *power*); **विकिरणकारी**।

radiation –ए'शॅन् n. प्रभा-प्रसारण, (यंत्र०, प्रा० भूगो०, भौ०, रसा०) **विकिरण**, दीप्ति-प्रसारण, किरण-स्फुरण, छिटकना, बिखरना;

~ balance, ~ damping, ~ detection, ~ effect, ~ field, ~ fog, ~ pressure, ~ ~ process, ~ pyrometer, ~ pyrometry, ~ resistance, ~ temperature, ~ therapy.

radiative –'डिऐटिव् a. विकिरक, विकिरणशील, (रसा०) विकिरणी, विकिरणकारी;
~ capture, ~ equilibrium, ~ viscosity.

radiator –ऐटेर् n. (यन्त्र०, भौ०) विकिरक; चमकानेवाला; तापविकिरक कक्ष; (मोटर^F में) तापनाशक यन्त्र, T.;
~ cap, ~ core, ~ mounting, ~ muff, ~ neck, ~ tube.

radical[1] रै'डिकॅल् n. (भाषा वि०) धातु^F, मूलभूत सिद्धान्त; (गणि०) करणी^F; (वन०) मूल, (रसा०) मूलक; मूल शब्द या ध्वनि^F; (मूलतः पोलैण्डमें एवं बोल०), (दर्श०) आमूल परिवर्तनवादी, उग्र सुधारवादी।

radical[2] a. मौल, मौलिक, मूल-सम्बन्धी, जड़का; महत्त्वपूर्ण, मूलगत, तात्त्विक, आधारभूत, बुनियादी; सहज, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सत्य, जन्मगत; आवश्यक; आद्य, प्रारम्भिक, असली; आद्योपान्त, मूलोपान्त, आमूल, आमूलचूल; (अर्थ०) व्यक्तिनिष्ठ; (ग०) त्रिज्य (~ *velocity*); (राजनीतिज्ञ) उन्मूलक, उन्मूलनवादी, सुधारवादी, (*R~ Party*) पराकाष्ठावादी दलका, पूर्णसुधारवादी; (ग०) मूलीय, मूलविषयक; (निर्दे० ज्या०) मूल (~ *axis*), (भाषावि०) धात्विक, धातवीय, मौलिक, (संगी०) शब्दमूलीय, स्वरताल-विषयक, तारके मूलका; (वन०) मूलज, मूलीय, मूलरुह; (चि०) रोगोन्मूलक; कुल, पूरा; ~ centre (ग०) मूलाक्ष-केन्द्र, अक्षकेन्द्र; ~ distance अरीय दूरी^F; ~ sign (ग०) करणी चिह्न;
~ alterations, ~ axis, ~ change, ~ cure, ~ error, ~ idea, ~ nature, ~ operation, ~ plane, ~ reform, ~ sawing, ~ socialist.

radicalism –लिज़्म् n. उन्मूलनवाद, पराकाष्ठावाद, आमूल सुधारवाद, परिवर्तनवाद।

radicality –कॅ'लिटि n. = RADICALNESS.

radicalization –कॅलाइज़े'शन् n. आमूलसुधारवादिता^F, आमूलसुधार चाहना, पराकाष्ठावादी बनने या बनानेका कार्य।

radicalize –'डिकॅलाइज़् v.t. & i. मौलिक बनना या बनाना; उन्मूलनवादी करना या होना, आमूल सुधारवादी बनाना या बनना।

radicalness –ॅल्निस् n. मौलता^F, मौलिकता^F; मूलगतता^F, तात्त्विकता^F, आधारभूतता^F, बुनियादीपन; सहजता^F, स्वाभाविकता^F; आद्यता^F, आरम्भिकता^F; आमूलता^F, आमूल-चूलता^F; उन्मूलन, उन्मूलकता^F, उन्मूलनवादिता^F, सुधारवादिता^F।

radicant –कन्ट् a. मूलज, मूलोत्पादक, मूल जनक, जड़^F पैदा करनेवाला।

radicate[1] –केट् v. t. सुसंस्थापित करना, स्थायी रूप देना, बिठाना, गाड़ना, गहरी नींव^F डालना, जड़^F जमाना।

radicate[2] a. सुसंस्थापित, स्थायी; सुनिश्चित, सुव्यवस्थित, जमा हुआ।

radicating –केटिंग् n. (वन०) मूलवत् प्रसरण।

radication –के'शॅन् n. स्थायित्व, सुसंस्थापन, सुनिश्चिति, जड़^Fकी रचना^F, जमाव।

radicel रै'डिसेॅल् n. मूलक, क्षुद्र मूल, लघु मूल, छोटी जड़।

radicicolous –सि'कॅलॅस् a. मूलाधारी, मूलाहारी, जड़^Fपर उगनेवाला, जड़^Fसे अपनी खुराक^F लेनेवाला।

radiciform –सिफ़ॉर्म् a. (चि०) दन्तमूलसम; मूलवत्, मूलाकार, जड़^Fकी तरह।

radicivorous –सि'वॅरॅस a. मूलाहारी, जड़^F खानेवाला।

radicle रै'डिकॅल् n. शाखिक, (कृषि०, वन०) मूलांकुर, मूलाणु, गर्भमूल, भ्रूणमूल, आदिमूल, छोटी जड़^F; (श० र० शा०) मेरुनाड़ी^F, मूलतन्तु, मूलसूत्र; शाखिका^F (नलिका^Fकी); सिराका प्रारम्भ, T.

radicular रॅडि'क्यूलेर् a. मूलीय, गर्भमूलीय, मूलसूत्रीय, मेरुनाड़ीमूलीय।

radiculose ⊙ –लोज़् a. मूलगुच्छित; जड़गुच्छल।

radiferous ⊙ रॅडि'फ़ॅरॅस् a. तेजातुमय, रेडियमयुक्त।

radio[1] रे'डियो n. (pl. -s) रेडिय विकिरण; संवह, बितन्तु-सन्देशन, बितन्तुप्रेषण; तेज, आकाशवाणी^F, नभवाणी^F, बेतारका तार, रेडियो; ~ therapeutist रश्मि-चिकित्सक;
~-acoustics, ~-actinism, ~ adaptation, ~ aids, ~ amplifier, ~ apparatus, ~ astronomy, ~-autograph, ~-balance, ~-beacon, ~-bearing, ~broadcast, ~ broadcasting, ~carpal, ~cast, ~ channel, ~ chronometer, ~ circuit, ~ communication, ~ compass, ~ control, ~ deception, ~ detection, ~ detector, ~ diagnosis, ~ dispatch, ~ division, ~ documentary, ~ dynamics, ~ element, ~ engineer, ~ engineering, ~ field, ~ field intensity, ~ frequency, ~goniometer, ~-gramophone, ~ inspector, ~ interference, ~ iodine, ~ isotopes, ~lead, ~ link, ~-location, ~-luminescence, ~-man, ~ message, ~ metal, ~ metallography, ~ micrometer, ~-micrometry, ~ modulation, ~movies, ~ muscular, ~ navigation, ~ necrosis, ~ newsreal, ~ observer, ~ operator, ~paque, ~parent, ~ phony, ~ photo, ~ piracy, ~ programme, ~ puling, ~

pulse, ~ range, ~ receiver, ~ red, ~ reflections, ~ report, ~ round-up, ~-search, ~-sensibility, ~-sensitive, ~ series, ~ set, ~ shop, ~ signal, ~ silence, ~ sonde, ~-sonic, ~ spectator, ~ station, ~-stereoscopy, ~ stores, ~-surgery, ~-symmetrical flower, ~-talk, ~ technology, ~-telegram, ~-telegraph, ~-telegraphy, ~-telephone, ~-telephony, ~ terminal, ~-thalium, ~ thorium, ~ transmitter, ~transparent, ~tron, ~tropic, ~ tube, ~-ulna, ~ valve, ~vision, ~-wave, ~ yellow.

radio[2] v.t. & i. (सन्देश इत्यादि) आकाशवाणी^F द्वारा भेजना, प्रसारित करना।

radio- अर- (*~-carporal*); तेज- (*~-activity, ~-balance, ~-goniometer, ~ gram, ~-telegram, ~-gramophone, ~graph, ~-location, ~logy, ~meter, ~phony, ~scopy, ~-therapy*); वितन्तु- (*~-acoustics*)।

radio-active रेडिॲ-ऐक्'टिव् a. (रसा०, भौ०) विघटनाभिक; तेजोद्विरि, तेजोधर्मी, स्कन्दनकारी, (रसा०, भौ०) रेडियोधर्मी, **रेडियो-एक्टिव;** ~ constant, ~ decay, ~ deposit, ~ equilibrium, ~ mineral, ~ transformation।

radio-activity –ॲक्टि'विटि n. तेजोद्गिरण, तेजोद्गिरता^F, स्कन्दनकारिता^F, **विघटनशीलता^F, विकिरण-शीलता^F,** (रसा०, चि०, भौ०) **रेडियो-धर्मिता^F, रेडियो-एक्टिवता^F**।

radiochemistry –के'मिस्ट्रि n. तेज-रसायन, (रसा०) **रेडियो-रसायन, रेडियो-ऐक्टिव-रसायन,** रेडियो-केमिस्ट्री^F।

radiogram रे'डिॲग्रैम् n. वितन्तु-लेख, वितन्तु-सन्देश, रेडियो-तार, रेडियोग्राम।

radiograph[1] –ग्राफ् n. वितन्तु-सन्देशन, वितन्तु-प्रेषण; किरणलेख यन्त्र, गभस्ति-लेख; क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रे-चित्र।

radiograph[2] v.t. क्ष-रश्मि-चित्रण करना।

radiographer –ऑ'ग्रॅफ़र् n. क्ष-रश्मि-चित्रक, **एक्स-रे-चित्रकार।**

radiographic –ॲग्रै'फिक a. क्ष-रश्मि-चित्रण-विषयक, रेडियोग्राफ-सम्बन्धी (*~ work*)।

radiography –ऑ'ग्रॅफि n. **विकिरणी-चित्रण,** क्ष-रश्मि-चित्रण, **एक्सरे-चित्रण,** एक्सरेसे चित्र लेना।

radiolarian रेडिॲलेॲ'रिॲन् a. अरसूत्रपाद-, अरसूत्र-पादीय, जल-जीवीय, जलजीवी-विषयक, समुद्रके छोटे-छोटे जीवोंसे सम्बन्धित।

iradolocation रेडिॲलॅके'शॅन् n. =RADAR; एक्स-रे-स्थित्यन्वेषण, रेडियोरश्मि^F द्वारा स्थिति^F का अन्वेषण।

radiological रेडिॲलॉ'जिकॅल a. (रसा०) **विकिरण-विज्ञान-सम्बन्धी; विकिरण-चिकित्सात्मक, ऐक्स-किरण-चिकित्सात्मक,** रेडियोधर्मी; क्ष-रश्मिक, क्ष-रश्मि-कीय, एक्स-रेका (*~ physiology*)।

radiologist –ऑ'लॅजिस्ट् n. (रसा०, चि०) **विकिरण-विशारद,** रश्मिविद्, क्ष-रश्मि-विज्ञानी, **विकिरण-चिकित्सक, ऐक्स-किरण-चिकित्सक, एक्स-रे-विद्,** एक्स-रे-विशेषज्ञ।

radiology –जि n. क्ष-राश्मिकी^F, क्ष-रश्मि-विद्या^F, **विकिरण-चिकित्सा^F, ऐक्स-किरण-चिकित्सा^F;** (रसा०, भौ०) **विकिरण-विज्ञान, रेडियम-विज्ञान, एक्स-रे-विज्ञान,** T.

radiometer –'मिटॅर् n. विकिरणमान, (रसा०, भौ०) **विकिरणमापी, रेडियोमीटर,** T. (*~effect*)।

radiometry –ट्रि n. (भौ०) **विकिरणमिति^F।**

radiomicrometer –ॲमाइक्रॉ'मिटॅर् n. (भौ०) **सूक्ष्म-विकिरणमापी।**

radiometrical –मे'ट्रिकॅल् a. विकिरणमानीय, विकिरणमान-विषयक, विकिरण-सम्बन्धी, रेडियोमीटरका।

radiophone रे'डिॲफोन् n. विकिरणभाप, रेडियोफोन।

radioscope रे'डिॲस्कोप् n. विकिरण-दर्श या दर्शक यन्त्र, (रसा०) **रेडियदर्शी, रेडियोऐक्टिवतादर्शी,** रेडियोस्कोप।

radioscopy रे'डिॲस्कॅपि n. तेजेक्षा^F, रेडियोस्कोपी।

radiotherapy रे'डिॲथे'रॅपि n. (चि०) **विकिरण-चिकित्सा^F, रेडियो-चिकित्सा^F,** क्ष-रश्मि-चिकित्सा^F, एक्स-रे-चिकित्सा^F।

radish रै'डिश् n. (कृषि०) **मूली^F।**

radium रे'डिॲम् n. तेजातु, (रसा०) **रेडियम;** ~ bath; ~ emanation, ~ heat, ~ lead, ~ point, ~ preparation, ~ therapy, ~ vermilion.

radius रे'डिॲस् n. (pl. *-ii*) (कृषि०, चि०) **रेडियस,** (जीव०, कृषि०, चि०) **बहिष्प्रकोष्ठिका^F,** अणु-प्रकोष्ठास्थि^F, कुहनी^F की हड्डी^F; जन्तुओंकी अगली टाँगों^F की हड्डी^F, पक्षियोंके पंखोंकी हड्डी^F; (ग०) अरित्र, अर, अरा, जीवा^F, (वन०, रसा०, त्रिकोण०, कलन०, भौ०) **त्रिज्या^F** (*~ rod*), अर्द्धव्यास, **व्यासार्ध;** त्रिज्यावत् कोई अन्य रेखा^F; (किसी स्थानसे) समान दूरी^F पर चारों ओरका क्षेत्र, घेरा (*knows everyone within a ~ of 20 miles*); **अर-पट्ट,** T.; वर्तुलाकार क्षेत्र, अर्ध-व्यासकी परिधि^F; (वन०) पुष्पचूड़ा^F, किसी पुष्पकी ऊपरी गोट^F, छत्रस्तबककी आरवत् शाखाएँ^F; ~ of action **फेरकी दूरी^F;** ~ of movement **संचलन दूरी^F;** ~ vector (ग०) **सदिश त्रिज्या^F; ध्रुवान्तर, ध्रुवांतर रेखा^F।**

radix रे'डिक्स n. (pl. *-ices*), मूल संख्या^F, (गणि०) **मूलांक** (*~ fraction*); (चि०) मूल (मूलतन्त्रिकाओं^F-

का), मूलस्रोत, आदि स्रोत, उद्गम।

radon रे'डॉन् n. (रसा०) तैजनवाति^{F}, रेडियम-गैस^{F}, T.

radula रै'ड्यूलॅ n. रेत्रिका^{F}, (जीव०) **रेतीजिह्वा**^{F}; चूर्णप्रावार-जिह्वा^{F}, T.

raduliform रे'ड्यूलॅफ़ॉर्म् a. रेत्रिकाकृति, रेत्रिकाकार, चूर्णप्रावार-जिह्वा सदृश, फीते-जैसा।

R.-Adm. Rear-Admiral.

R.A.E.C. Royal Army Education Corps.

R.A.e.S. Royal Aeronautical Society.

R.A.F. Royal Air Force.

raff रैफ़' =RIFF-RAFF.

Raffaelesque, Raphaelesque रैफ़ेऍलॅ'स्क्, रैफ़ेऍलॅ'स्क् aa. रैफ़ेलकी शैली^{F}से सम्बन्धित।

raffia रे'फ़िॲ n. वज्रतन्तु, रैफिया (मैडागास्करको खजूर^{F} या ताड़^{F})।

raffish रै'फ़िश् a. दुर्वृत्त, दुर्नाम, निन्द्य, नीच, लम्पट, व्यसनी, आमोदप्रिय, पोन्न, ओछा, छिछोरा, बदनाम, बदमाश।

raffle^{1} रै'फ़ॅल् n. द्यूत-विक्रय, जुआ-बिक्री^{F},चिट्ठी^{F} डालकर वस्तु-विक्रय, चिट्ठी^{F}, पाँसा, लाटरी^{F}।

raffle^{2} v. i. & t. द्यूत-विक्रयमें भाग लेना, द्यूत-विक्रय करना, चिट्ठी^{F} डालकर सामान बेचना, पाँसा फेंकना।

raffle^{3} n. कीट, छीलन-छालन, कतवार, कबाड़, कूड़ा-करकट, कंकड़-पत्थर, तलछट^{F}।

R.A.F.M.S. Royal Air Force Medical Service.

raft^{1} राफ़्ट्' n. उडुप, प्लव, **बेड़ा, तरापा**, (नौका रूपमें प्रयुक्त) लट्ठोंका ठाट; पटरा; छिछला तट⊙; ~ foundation (यन्त्र०) **फ़र्शी नींव^{F}, बेड़ेदार नींव^{F}, बेड़ेदार बुनियाद^{F}**; ~ sman (बेड़ेका) खेवैया, खेवनहार।

raft^{2} v.t.& i. बेड़ा बनाना; बेड़ा खेना;बेड़ेसे पार करना।

rafter^{1} –'टॅर् n. बेड़ा बनानेवाला।

rafter^{2} n. धरण, धरणी^{F}, स्थूणा^{F}, धन्नी^{F}, (यंत्र०) कड़ी^{F}, शहतीर।

rafter^{3} v.t. (प्रायः भूतकृ० में) धन्नी लगाना, कड़ी^{F} लगाना; छोड़-छोड़कर गण्डेदार जुताई^{F} करना।

rafty राफ़्'टि a. क्लिन्न, आर्द्र, नम।

rag^{1} रैग्' n.चीवर, चीर, चिथड़ा, धज्जी^{F}, लत्ता; (बहुव०) जीर्ण-शीर्ण वस्त्र, चिरकुट, गूदड़; टुकड़ा (*flying ~s of cloud*); (अपमानजनक) झण्डा, रूमाल, पर्दा, समाचारपत्र, कागज; (क०) दाँतेदार या कटानदार छज्जा; ~ bolt (यंत्र०) **काँटेदार काबला**, ~ time (अमेरिकाका) एक हब्शी संगीत; (मुहा०) हास्यास्पद; ~-boy गुगु; ~ sorters' disease (चि०) घातक ऐन्थ्राक्स; ~ wort स्वर्णापर्ण; *in ~s* फटा-पुराना;
~-bleacher, ~ jag, ~ paper, ~ sorter ~ weed.

rag^{2} n. (छत^{F}में लगानेका) एक खुरदरा रवेदार पत्थर।

rag^{3} n. कोलाहल, तुमुल, हंगामा, चिल्लपों^{F}।

rag^{4} v.t. & i. (बोल०) कटु भर्त्सना^{F} करना; डाँटना, डपटना, फटकारना, झाड़ बताना, लताड़ना, खौखलाना, खरी-खोटी सुनाना, बुरा-भला कहना, खबर^{F} लेना; ताने मारना, आवाजें^{F} कसना; चिढ़ाना, हल्ला करना; (कमरेमें वस्तुएँ^{F} आदि) अव्यवस्थित कर देना, विपर्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; मजाक करना, चिढ़ाना; सताना, दिक करना; चिथड़े करना, गूदड़ बनाना।

ragamuffin रै'गॅमफ़िन् n. चिथड़ेदार, चिरकुटदार, गूदड़धारी, फटीचर, फटेहाल।

rage^{1} रेज्' n. (शिक्षा०) **रोष**, प्रकोप, प्रचण्ड क्रोध, क्रोधावेश, क्रोधोन्माद, क्षोभ, उत्ताप, ताव, तैश, तमक^{F}, झुँझलाहट^{F}, गुस्सा; उन्माद, उन्मेष, उत्सेक, उत्कट भावना^{F}, उत्साह, उमंग^{F}, उफान, जोश, शौक, झोंका; उत्कट वासना^{F}, तीव्र लालसा^{F}, प्रबल आकांक्षा^{F}; व्यसन, आसक्ति^{F}, अनुरक्ति^{F}, बेहद शौक, लत^{F}; उच्चण्डता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, तीव्रता^{F}; काव्योन्माद, कविता^{F}का जोश; दैवी स्फुरण, दिव्य प्रेरणा^{F}; सैनिक उमंग^{F} या जोश।

rage^{2} v.t. क्रुद्ध होना, कुपित होना; क्रोध करना, बकना-झकना, बमकना, तमकना, बौखलाना; (हवा^{F}का) हरहराना; (समुद्रका) क्षुब्ध होना, ज्वारमें होना, उफनना, गर्जन करना; आवेशमें आना, तैशमें होना, झल्लाना, तावमें आना; (पीड़ा^{F} आदिका) प्रचण्ड होना, प्रबल होना, उग्र होना, तीव्र होना; (युद्ध आदिका) जोर पकड़ना, होते रहना; ~ one*self out* (रोग या तूफानका) शान्त हो जाना, प्रशान्त होना, उतर जाना; आवेग शान्त होना, भड़ास निकल जाना, ठण्डा पड़ना, जोर घट जाना।

rageful –फ़ुल् a. क्रोधान्वित, कोपाकुल, आवेशपूर्ण।

ragg रैग्' n.=RAG^{2}.

ragged रै'गिड् a. (वन०) **चीर्ण**, चीरित; भद्दा, खुरदरा; दन्तुर, दाँतेदार, नुकीला; विषम, असम, उच्चावच, ऊँचा-नीचा, नाहमवार; (भ्र०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपयुक्त; जीर्ण-शीर्ण वस्त्रधारी, गूदड़; जीर्ण-शीर्ण, फटे हाल, फटा-पुराना; सदोष, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, असंगत, अनुपयुक्त, खराब; ~ cutting (कृषि०) **भौंड़ी कटाई^{F}**, ~school निर्धन-पाठशाला^{F}, धर्मार्थ विद्यालय।

raggedness –निस् n. चीर्णत्व, चीर्णता^{F}, चीरितत्व, चीरितता^{F}; भद्दापन, खुरदरापन; दन्तुरता^{F}, दाँतेदार होना, नुकीलापन; उच्चावचता^{F}, विषमता^{F}, असमता^{F}, नाहमवारी^{F}; प्रक्षेपिता^{F}, प्रक्षेपयुक्तता^{F}; जीर्ण-शीर्णता^{F}, गूदड़पन; सदोषता^{F}, अपूर्णता^{F}, त्रुटिपूर्णता^{F}।

rage(g)ie रा'गी n. रागी^{F}, मुन्डुवा^{F}, मोटा अनाज।

ragi^{1} रा'गी n.=RAGIE.

raging^{1} रे'जिंग् n. क्रोध, कोप, गुस्सा, गुस्सा करना।

raging^{2} रे'जिंग् a. सक्रोध, सकोप, क्रोधपूर्ण, कोपपूर्ण; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, उच्चण्ड।

Raglan रैग्'लॅन् n. (एक प्रकारका कोट), रेगलन।

ragman –मॅन् n. चीरचीना, चिथड़े एकत्र करनेवाला, चिन्दी^{F} एकत्र करनेवाला; गुदड़ी^{F} इकट्ठा करनेवाला; चीर-

व्यापारी, हल्की का व्यापारी, कबाड़ी।

ragout[1] रैगू' n. सालन, गस्तारीF।

ragout[2] v.t. सालन पकाना, कोरमा पकाना।

ragtag रैग'टैग् n. जनसमुदाय, जनकलाप, जनसमूह, भीड़F; गुण्डे लोग।

ragtime –टाइम् n. (संगीत) रैगटाइम, एक अमेरिकी धुनF।

raguly रै'ग्यूलि a. (कुलचिह्न) उत्प्रसारी, बहिःप्रसारी, उद्गम, अभिलिप्त, बाहरको और निकली हुई।

rahat lackoum रा'हैट् लॅकूम् n. (एक प्रकारकी तुर्की मिठाईF), राहत-उल-हलकूम।

raid[1] रेड्' n. अभियान, सहसाक्रमण, आकस्मिक चढ़ाईF; (पुलिसF या दस्यु दलका) धावा, छापा, हमला, लूटमारF।

raid[2] v.i. & t. आक्रमण करना, धावा बोलना, छापा मारना, हमला करना।

raider –डॅर् n. अभियात्री, सहसाक्रान्ता, आक्रमणकारी, आकस्मिक चढ़ाईF करनेवाला, छापा मारनेवाला, धावा बोलनेवाला, हमला करनेवाला।

raik[1] रेक्' n. मार्ग, रास्ता; यात्राF, सफर; क्षेत्र, विस्तार, अवधिF, मारF, पहुँचF; मैदान, चारागाह।

raik[2] v.i. जाना, घूमना, पहुँचना।

rail[1]* रेल्' n. कटहरा, बाड़ा*, रोकF; (लकड़ीF या लोहे की) शलाकाF, सलाख, सरिया, छड़; वंशक, अयोवंश, सलाख, लोहेकी पटरीF*, रेलF*; (बहुव०) रेलवे अंश; ~ bearers (यन्त्र०) बन्धक कड़ीF; ~-chair पटरी-बैठकF, पटरी-पकड़F; ~head पथ-सीमाF, पटरी-शीर्ष, रेलकी आखरका अन्त; ~-motor स्वचालित रेल-यान; रेलF,मोटरF; ~ move रेलF द्वारा, रेलसे; ~ opening (रेल०) खुली पुलियाF; ~road ⊙ संयान, संयान-पथ, अयोमार्ग, रेलपथ, रेल मार्ग, रेलवे; v.t. (किसी व्यक्ति या वस्तुFको) घसीट ले जाना, घुसेड़ देना, झपटकर लिया जाना; ~roader ⊙ रेलवेका आदमी; *off the ~s* अव्यवस्थित, अक्रमः

~ bearer ~ bender, ~ bond, ~-borne traffic, ~ car, ~-carriers, ~ clamps, ~ closure, ~ cluster, ~-cum-sea route, ~-cum-steamer route, ~-cum tramway ticket, ~ drill, ~ end, ~ fare, ~ fracture, ~ head, ~ joint, ~ journey, ~ level, ~ priority, ~ profile, ~ road bridge, ~road car, ~road services, ~road yard, ~ section, ~ sheets, ~ table, ~ ticket, ~ trade, ~-truck, ~ wing.

rail[2] v.t. & i. कटहरा लगाना, घेरा बनाना, बाड़F लगाना; (बेन्F आदिमें) लकड़ीFकी पट्टियाँF लगाना; रेलF बनाना, पटरीF बिछाना, सरिया बिछाना; रेल-यात्राF करना, रेलमें चढ़ना या चढ़ाना।

rail[3] n. (एक पक्षी-विशेष), रेलF।

rail[4] v.t. दुर्वचन कहना, गालीF देना, अंट-संट बकना, फटकारF करना, झाड़ना, ताना मारना।

railer –लॅर् n. दुर्वादी, अपवादी, निन्दक, आक्रोशक, गाली बकनेवाला।

railing[1] –लिंग् n. कटहरा, (गद्य०) वेदिकाF; बाड़, जंगला, रेलिंगF।

railing[2] n. दुर्वचन, अपवाद, आक्रोश, भर्त्सनाF, गालीF, फटकारF, झाड़F।

railing[3] a. दुर्वचनपूर्ण, अपवादात्मक, झाड़-फटकार-वाला।

raillery –लॅरि n. विनोद, परिहास, व्यंग्य, दिल्लगीF, ठठोलीF, फबतीF, चुहलF, मजाक, हँसीF, चोली-ठोलीF; = RAILING[2].

railless रेल्'लिस् a. बेपटरी, बिना रेलFका, बेरेल।

railway –वे n. संयान; रेलF; अयोमार्ग, लौहमार्ग, रेलपथ, रेलमार्ग, रेलवे लाइनF, रेलवेF;

~ accident, ~ administration, ~ advice, ~ authority, ~ ballast, ~ bill, ~ board, ~ bookstall, ~ bridge, ~ car, ~ carriage, ~ cash guard, ~ charges, ~ clearing accounts office, ~ company, ~ concessions, ~ construction, ~ consultant, ~ contract, ~ control, ~ creeper, ~ crossing, ~ department, ~ dispensary, ~ district, ~ embarkment, ~ employee, ~ enclosures, ~ engine, ~ engineer, ~ engineering, ~ exchange accounts, ~ fare, ~ free, ~ freight, ~ gate, ~ goods clerk, ~ gradient, ~ guard, ~ hospital, ~ institute, ~ invoice, ~ journey, ~ label, ~ land, ~ line, ~ loops, ~ mail, ~ material, ~ matters, ~ note, ~ officer, ~ parcel, ~ parcel office, ~ pass, ~ police, ~ project, ~ protection force, ~ provident fund, ~ receipt, ~ refreshment car, ~ refreshment room, ~ refreshment room licence, ~ reservation, ~ restriction, ~ risk, ~ route, ~ 's advisor, ~ saloon, ~ servant, ~ shares, ~ siding, ~ signaller, ~ sleeper, ~ staff, ~ station staff, ~ stitch, ~ stock, ~ system, ~ ticket, ~ time, ~ track, ~ train, ~ transport, ~ traveller, ~ tribunal, ~ truck, ~ tunnel, ~ wagon, ~ warrant, ~ warrant form, ~ works.

railwayless –लिस् a. रेलमार्ग-विहीन।

raiment रे'मॅन्ट् n. (छन्द तथा भावण०) वस्त्रालंकार, वस्त्र-सज्जाF, वेशभूषाF, परिच्छद, कपड़े,पहनावा, लिबास, जामा।

rain[1]* रेन्' n. वर्षागम, वृष्टिF, (प्रा० भूगोल०, कृषि०) वर्षाF*, मेंह, बरसातF*, बारिशF; (बहुव०) धारासार वृष्टिF, मूसलाधार वर्षाF, झड़ीF, मेंहके नाले, छींट, बौछारF; ~coat बरसातीF; ~fall (कृषि०)

वृष्टि^F, वर्षा^F, वृष्टि^F (की मात्रा^F), (कृषि०) (~ *distribution*, ~ *map*, ~ *variability*) ~ gauge (कृषि०) **वर्षामापी**, वर्षामान, वृष्टिमान, **वृष्टिमापी**, वर्षामापक;~ -glass वायु-चाप-मापक, वायु-दाब-मापक यन्त्र, वैरोमीटर; ~ shadow वर्षा-प्रतिमुख-प्रदेश; (प्रा० भू०, ऋतु०) **वृष्टिछाया^F**; ~-spell वर्षा^Fकी झड़ी^F; ~-worm केंचुआ, केंचुला, गोजई^F; ~ *or shine* बरसे या न बरसे; *the ~s* वर्षा^F, वर्षाकाल, पावस^F, वर्षाऋतु^F, बरसात^F;

~ band, ~ bearing, ~-beaten, ~ bird, ~-bitten, ~-bound, ~ bow, ~ burst, ~-damped, ~-drenched, ~-driven, ~ drop, ~ factor, ~fall auxiliary, ~fall chart, ~fall constant, ~fall curve, ~fall data, ~fall distribution, ~fall efficiency, ~fall factor, ~fall intensity, ~fall normal, ~fall recording station, ~fall registration, ~fall station, ~fall statistics, ~fall table, ~forest, ~ fowl, ~-gauge platform, ~-gauge station, ~ indicator, ~-making ~ print, ~ proof, ~-quail, ~ shadow, ~-soaked, ~ spell, ~ squall, ~ storm, streaked, ~ s weeding, ~-swept, ~ thunder, ~ tight, ~ tree, ~ wash, ~ water, ~-water pipes, ~ weather.

rain² v. i. & t. बरसना, पानी पड़ना, मेंह गिरना, बारिश^F होना; (ला०) वर्षा^F होना, तार बँधना, बौछार^F होना, झड़ी^F लगना; उमड़ना, भरमार होना; वृष्टि करना, वर्षा^F करना, बरसना, बौछार^F करना (*flowers ~ from their hands*; ~ *in*) अन्दर बौछार^F आना।

rainbow –बो n. इन्द्रचाप, **इन्द्रधनुष**; (गुण०) इन्द्रधनुषी, बहुरंगी;

~ orange, ~ red, ~ scarlet, ~-trout.

raininess –निनिँस् n. बहुवृष्टि^F, वर्षालुता^F; वर्षा-बाहुल्य, वृष्टिमत्ता^F, बरसातीपन।

rainless –न्'लिँस् a. निर्वृष्टि, वर्षाहीन, शुष्क, सूखा।

rainy –नि a. वृष्टिमत्, वर्षिक, बहुवृष्टि, वर्षाबहुल; प्रावृषिक, मेह-सम्बन्धी, **बरसाती**, बरसातका (~*season*); जलधर, वर्षाकारी, नीर-भरा, मेंह भरा; ~ day (ऋतु०) **वर्षाका दिन**; (ला०) दुर्दिन, आपत्काल, संकटकाल, विपन्नावस्था^F (*provide against a ~ day*)।

raise¹ रेज़्' n. वेतन-वृद्धि^F; पोकरका दाँव, ब्रिजकी बोली^F।

raise² v.t. (प्रायः *up* के साथ) उन्नीत करना, उद्वहन करना, उन्नत करना, उत्थापन करना, उत्थित करना, उत्क्षिप्त करना, ऊपर उठाना, (विधा०) **ऊँचा करना**, ऊँचे उठाना; सचेत करना, चेताना; प्रोत्साहित करना, उत्साहित करना, जाग्रत करना, उकसाना, उभाड़ना, जोश दिलाना; (किसीके विरुद्ध) उत्तेजित करना, भड़काना; अभिजनन करना, उत्पन्न करना, प्रजनन करना; निर्माण करना, रचना, गढ़ना; उत्क्रोश करना, उद्घोष करना, श्राव्य बनाना, कहना; (विवाद आदिका) अवसर देना, कारण उपस्थित करना; (किसी बात^Fसे) निष्कर्ष निकालना, फल निकालना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; (आपत्ति^F) उठाना, करना; पदवृद्धि^F करना, उच्चतर पदपर नियुक्त करना; (भूमि^Fसे) कर्षित करना, खींचना, निकालना; ऊर्ध्वोन्मुख या ऊर्ध्वमुख करना; श्रेष्ठतर बनाना, शुद्धतर बनाना, पवित्रतर बनाना; (ध्वनि^F आदिका) तीव्रतर करना; (नौवि०, भूमि^F या पोतका) दृष्टि^Fमें आना, दिखाई पड़ना; स्तर ऊँचा उठाना; उद्ग्रहण करना, उगाहना, वसूलना; संग्रह करना, इकट्ठा करना(~*money, tax*); आरोपित करना;(घेरा, मार्गावरोध इत्यादि) मुक्त करना, उठा लेना, हटा लेना, त्याग देना; वाध्य करना; उठना, उन्नति^F करना ⊙; बढ़ाना, विकसित करना ⊙; पोषण करना, पालन करना ⊙; ~ *a dust* (शा० एवं ला०) वात्याचक्र पैदा करना, बवण्डर उठाना, गर्द^F उड़ाना, धूल^F डालना; सत्यपर पर्दा डालना; ~ *a laugh* हँसी^F मचाना, लोगोंको हँसाना; ~ *a siege* घेरा उठा लेना; ~ *bread* रोटी^F फुलाना; ~ *cloth* कपड़ा घोंटना, कपड़ेपर रोयाँ जमाना; ~ *loans* उधार लेना; ~ *one's eyes* ऊपर देखना, आँख^F उठाना; ~ *one's hat* विनम्र होना, विनत होना, टोपी^F उतार लेना; ~ *the wind* रुपया उधार लेना।

raised ⊙ –ड्' a. जात, उत्पन्न; पोषित, लालित, पालित; शिक्षित; उन्नीत, उत्थापित, **उत्थित**, उद्वाहित, उभरा, उठाया हुआ;

~ beach, ~ causeway, ~ head, ~ panel.

raiser –'ज़र n. उन्नायक, उन्नेता, उत्क्षेप्ता, उद्वाहक, उत्थाता, उठानेवाला; सचेतक, चेतानेवाला; प्रोत्साहक, जोश दिलानेवाला, उकसानेवाला।

raisin रे'ज़्न् n. द्राक्षा^F, दाख^F, मुनक्का, किशमिश।

raising रे'ज़िंग् n. उत्थापन, उन्नयन, उठाना, खड़ा **करना**, बढ़ाना।

raison de etre (F) मुख्य प्रयोजन, मूल अभिप्राय।

raisonne रे'ज़ॅने a. सुव्यवस्थित, परिव्यवस्थित, पूर्णरूपसे व्यवस्थित; क्रमयुक्त, क्रमपूर्ण, क्रम-व्यवस्थित।

raj राज' a राज्य, राज; (*the British ~ in India*)।

raja(h) रा'जॅ n. राजा।

rajput राज'पूत् n. राजपूत।

rake¹ रेक्' n. संकिर, (कृषि०) **पाँचा**, (यंत्र०) **पंजा**, (कृषि०) जेली, हेंगा, T.

rake² v.t. & i. (पाँचेसे) संकरन करना, संकीर्ण करना, एकत्र करना, बटोरना, समेटना, खींचना, हटना, हटाना, बुहारना; उकसाना, कुरेदना; खोलना (~ *out the fire*); खुरचना, खरोंचना; गोली^F बरसाना, गोलाबारी^F करना; दृष्टि^F दौड़ाना, निगाह^F डालना; पाँचा या जेली^F चलाना; खोज^F करना, खोजना, ढूँढ़ना, छानबीन^F करना, टटोलना (*has ~d all history for a proof*); ~-off ○ कमीशन।

rake[3] n. दुश्चरित्र, लम्पट, व्यसनी, दुराचारी, विलासी, बाँका, छैला, बना-ठना, आवारा, गुण्डा ।
rake[4] n. वक्रता^F, नति^F, (परि०) **निकासा, झुकाव,** मोड़, खम ।
rake[5] v. i. & t. (पोतक) पेंदेसे निकलना या निकालना, पृष्ठभागकी ओर झुका हुआ होना (*bicycle's front forks are ~d*) ।
rakehell रेक्'हे`ल् n. लम्पट, व्यसनी, लुच्चा, आवारा ।
raker रे'कॅर् n. संकर्ता, संकीर्णक, समेटनेवाला, बटोरनेवाला; कुरेदनेवाला, खुरचनेवाला; (यंत्र०) **धक;** (इंजी०) **पंजा,** गोलाबारी^F करनेवाला; ढूँढ़नेवाला, छानबीन^F करनेवाला ।
raking[1] रे'किंग् n. संकिरण, (कृषि०) **कुरेदना,** पाँचेसे बटोरना, पटेलासे बटोरना, जेलीसे बटोरना, हेंगासे बटोरना; संकीर्ण वस्तु^F, बटोरी हुई वस्तु^F, एकत्र की हुई चीज^F; ~ out **कुरेदना;** ~ shore (यंत्र०) **धक** ।
raking[2] a. क्षिप्र, प्रजवी, प्रवेगी, शीघ्रगतिवान्, जल्दी-जल्दी चलनेवाला; ~ bond **तिरछी चाल**^F; ~ flashing **ढलवाँ ढाँप** ।
rakish[1] रे'किश् a. लम्पट, व्यसनी, भोगासक्त, दुराचारी, आवारा; दुराचार-विषयक ।
rakish[2] a. दस्यु-पोत, आवारा जहाज, छापामार जहाज ।
rakishness –निॅस् n. दुश्चरित्रता^F, लम्पटता^F, व्यसन, विलासिता^F, दुराचार, गुण्डई^F, आवारापन ।
R.A.L. Royal Academy of Literature.
rale राल्' n. (चि०) आगन्तुक ध्वनि^F, फुप्फुसकी, बुद्बुदध्वनि^F, श्वसनियों^F में मिलनेवाली ।
rally[1] रै'लि n. पुनरेकत्रीकरण, पुनःसम्मिलन; व्यूहीकरण, समाहरण; **सम्मेलन यात्रा**^F**, रैली;** समागमन, जमाव, जुटाव, जमघट; प्रकृतिस्थता^F, स्वास्थ्य, बल-लाभ ।
rally[2] v.t. & i. एकत्र होना, सम्मिलित होना, श्रेणीबद्ध होना, **इकट्ठा करना या होना,** जमना, जुटना; पुनः संघर्ष करना, फिर युद्ध आरम्भ करना; पुनः एकत्र करना, समाहरण करना, व्यूहीकरण करना; समुत्थित होना, प्रकृतिस्थ होना, स्वस्थ होना, बल-लाभ करना, आरोग्य-लाभ करना ।
rally[3] v.t. परिहास करना, विनोद करना, चुहल^F करना, चुटकी^F लेना, हँसी-ठट्ठा करना, मजाक करना ।
ram[1] रैम्' n. जलमेष, मेष, मेढ़ा, भेड़ा, दुम्बा; (*the R~*) मेष राशि^F; युद्धपोतकी नोक^F या फाल; नुकीला युद्धपोत; (नींव^F आदिकी कड़ी^F गाड़नेकी) मोंगरी^F, मूसल, थापी^F, दुरमुस, दुरमुट; (तोप^Fका) मुसला; पानी ऊपर चढ़ानेकी कल^F; जल-पम्पकी धौंकनी^F या प्लंजर ।
ram[2] v.t. कूटना, (कूट-पीसकर) ठीक करना; दुरमुस चलाना, थापी^F चलाना, मोंगरी^F चलाना; (स्तम्भ या पौधेको चारों ओरकी) मिट्टी^F कूट-पीटकर मजबूत करना; ठोंकना, गाड़ना, बैठाना; ठूँसकर भरना (*~med his clothes into the bag*); पूरा भरना, भरकर ठूँसना; फाल मारना, चीर देना; धक्का मारना, (परि०) **टक्कर**^F **मारना,** लड़ाना; पटकना, दे मारना (*~med his head against the wall*) ।
ram[3] n. (नौवि०) नौका^Fकी पूरी लम्बाई^F ।
R.A.M. Royal Academy of Music.
R.A.M.C. Royal Army Medical Corps.
Ramadan रैमॅडैन्' n. (मुसलमानोंका) रमजान (का महीना) ।
ramal रे'मॅल् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनियों^Fका ।
ramapithecus पिथेकस् n. (इति०) **शाखाकपि** ।
ramble[1] रैम्'बॅल् n. संचरण, विचरण, परिभ्रमण, पर्यटन, विहार ।
ramble[2] v.i. संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, विभ्रमण करना, विहार करना, सैर^F करना, घूमना, टहलना; प्रलाप करना, असम्बद्ध बोलना, बेसिर-पैरकी बातें^F करना ।
rambler –लॅर् n. संचरणशील, विचरणशील, पर्यटक, परिभ्रमणकारी, घुमन्तू, घुमक्कड़, सैलानी; एक आरोहणशील गुलाब ।
rambling –लिंग् a. संचरणशील, पर्यटनशील, भ्रमणशील; असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, शिथिल; (पौधा) आरोहणशील, इधर-उधर चढ़नेवाला या छिटकनेवाला; (घर, मार्ग इत्यादि) अनियत, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, अलूल-जलूल, बेढंगा, बेकायदा, बेतरीका ।
ramekin, -quin रै'मि`किन्, -किन् n. मक्खन और अण्डेवाली रोटी^F ।
ramentum ⊙ रैमे`न्'टॅम् n. (वन०) **शल्कावरण,** T.
rameous रे'मि`ॲस् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखागत, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनी^Fका ।
ramicole –कोल a. (वन०) **शाखाश्रयी** ।
ramie रै'मी n. चीन-घास^F (तन्तु), (चीन और पूर्वी द्वीपसमूहकी) एक प्रकारकी बिच्छू-बूटी^F (का रेशा) ।
ramification रैमिफिके'शॅन् n. उपशाखा^F, (ग०) **बहुशाखन, बहुशाखिता**^F, (चि०) **प्रशाखीभवन,** शाखा-प्रतिशाखा^F, (कृषि०) **शाखा**^F**में शाखा-विस्तार,** शाखा-संविभाग, शाखाविभाजन, श्रेणी-विभाग (*the ~s of a river, society, trade*);
~ group, ~ index, ~ number.
ramified –'मिफ़िड् a. शाखामय; शाखायित (*railways were ~ over the country*) ।
ramify –फ़ाइ v. i. & t. शाखायित करना, शाखावत् निकालना, शाखाओं^Fमें विभक्त होना या करना, हिस्सोंमें बँटना या बाँटना, फटना, अलग-अलग होना ।
ramline रैम्'लाइन् n. नौरज्जु^F, पोतरज्जु^F, बननेवाले जहाजके बीचकी रस्सी^F ।
rammer रै'मॅर् n. (कृषि०, यंत्र०) **थापी, दुरमुस, दुरमुठ, धुम्मस, मोंगरी**^F, मुग्दर, ठूँसनी^F; **ठोकनेवाला** ।
ramming –मिंग् n. (यंत्र०, परि०) **कुटाई**^F ।

rammish रै'मिश् a. पौतिक, पूतिमय, दुर्गन्धित, दुर्गन्धमय, उग्रगन्ध, तीव्रगन्धयुक्त, बदबूदार ।
rammishness –नि॑स् n. पौतिकता^F, पूतिमयता^F, दुर्गन्धिता^F, दुर्गन्धमयता^F, बदबूदार होना ।
rammy रै'मि a. अजमेषवत्, मेषवत्, मेढ़ा-जैसा, भेड़ा-जैसा, दुम्मा-जैसा, दुम्बा-सा ।
ramose रॅमोस्' a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखाबहुल, शाखदार ।
ramous रे'मॅस् a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखा-बहुल, शाखदार, टहनीदार ।
ramp[1] रैम्प्' n. प्रवणी^F, उद्भंग, (यंत्र०, इति०, परि०) ढाल, **ढलान**, ढलवाँ, उतार; उछलकूद^F, **रपटा**, कुलाँच^F ।
ramp[2] v. i. & t. आक्रमणकारी मुद्रा^Fमें आना, पिछले पैरोंपर खड़ा होना; क्रोध दिखाना; आक्रमण करना, झपटना, आ पड़ना, चढ़ बैठना; कूदना, फाँदना, उछालना; ढालू बनाना, चढ़ाना या उतारना; चढ़ाव-उतारमें करना ।
ramp[3] n. & v. i. & t. कल्पित ऋण (वसूलनेकी चेष्टा करना), चोरबाजारी^Fके सामान (पर अत्यधिक मूल्य लेना) ।
rampage[1] रैम्पेज्' n. प्रखर व्यवहार, हिंसात्मक बर्ताव ।
rampage[2] v. i. दुर्व्यवहार करना, अशिष्ट व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना; क्रोध दिखाना, आवेशमें आना, झुँझलाना; आक्रमण करना, झपटना, टूट पड़ना ।
rampageous –'जॅस् a. हिंस्र, खूँखार, रूखा ।
rampageousness –नि॑स् n. हिंसा^F, अमर्ष, खूँखारी^F, रूखापन ।
rampancy रैम्'पॅन्सि n. उग्रता^F, उद्रिक्तता^F, उत्सिक्तता^F, दुर्दान्तता^F, प्रचण्डता^F, अनियन्त्रण, प्रबलता^F; उच्छृंखलता^F; जोर; आक्रमणकारिता^F; व्याप्ति^F; विवृद्धि^F, संवृद्धि^F, उत्क्रम, आरोहणोन्मुखता^F ।
rampant –न्ट् a. उग्र, उद्रिक्त, उत्सिक्त, प्रचण्ड, दुर्दान्त, प्रबल, अनियन्त्रित, उच्छृंखल, असंयत, निरंकुश (~ *theorist*); पामर, नीच; आक्रमणकारी; व्याप्त; विवृद्ध, संवर्द्धित; आरोहणोन्मुख, ढालू (~ *arch*), परस्पर ऊँचे जोड़वाला ।
rampart[1] रैम्'पार्ट् n. दुर्गप्राचीर, प्राकार, रक्षा-प्राकार, कोट, **परकोटा**, चहारदीवारी^F, शहरपनाह; रक्षा^F, आड़^F, बचाव, ओट^F ।
rampart[2] v. t. (प्रायः चहारदीवारी^F इत्यादि बनाकर) रक्षा^F करना, बचाना, ओट^F लगाना ।
rampike रैम्'पाइक् n. स्थाणु, नीरस-तरु, शुष्क-वृक्ष, सूखा पेड़, ठूँठ ।
rampire रैम्'पाॲर् n. (प्रा०) = RAMPART.
ramrod रैम्'रॉड् n. (बन्दूक^Fकी नली^F साफ करने या बारूद^F ठूँसनेका) छड़, ठूँसनी^F ।
ramshackle रैम्'शैकॅल् a. भ्रष्ट, लड़खड़ाता, डावाँडोल, ढीला-ढाला (प्रायः मकान अथवा वाहन) ।
ramson रैम्'सन् n. वन्य लशुन, जंगली लहसुन ।
ramulose रै'म्यूलोस् a. = RAMULOUS.
ramulous –लॅस् a. शाखी, प्रशाखी, शाखामय, प्रशाखाबहुल, टहनीदार ।
ramulus रे'मॅस् n. शाखिका^F ।
ramus रे'मस्' n. (चि०) **प्रशाखा**^F, उच्छाखा^F, (सिरा, धमनी^F, तन्त्रिका^Fकी); (जीव०) **चिबुक-शाखा**^F, शृंग, अस्थिकाण्डसे तिरछा निकलनेवाला भाग; उपशिरा^F, नस^F ।
ran[1] रैन्' n. (सुतली^F या रस्सी^Fकी) एक नाप^F ।
ran[2] RUN[2] का भूतकालिक रूप ।
R.A.N. Royal Australian Navy.
rance रैन्स् n. धूसर मर्मर, धूसर संगमरमर, धारीदार पत्थर ।
ranch[1] n. (अमेरिकामें) पशुपालन केन्द्र, (प्रा० भू०) **पशुसंवर्धनालय** ।
ranch[2] v.t. (पशुपालन-संस्था^F) संचालित करना, चलाना; खेत कमाना ।
repetition रे`पि`टि'शॅन् n. पुनरुक्ति^F, पुनर्कथन, **आवृत्ति^F, पुनरावृत्ति^F**, द्विरावृत्ति^F, दोहराव, **दोहराना**; अनुकृति-चित्र, प्रतिरूप, प्रतिलिपि^F, नकल^F; (वाद्ययन्त्रके) शीघ्रतापूर्वक दुहरानेकी स्थिति^F।
repetitional, repetitionary –नॅल्, –नॅरि aa. पुनरावर्तनशील, बार-बार दुहराया जानेवाला।
repetitious –'शॅस् a. पुनरुक्त, पुनरावृत्त, द्विरावृत्त, दोहराया हुआ; अनुकृत, प्रतिरूपित, प्रतिलिपित, नकल^F किया हुआ।
repetitive रि`पे`'टिटिव् a. पुनरावृत्तिपूर्ण, आवर्ती (~ *work*), पुनरुक्तियुक्त, आवृत्तिमय, पुनरावर्ती।
repine रि`पाइन्' v. i. व्यग्र होना, उत्तेजित होना, रोष करना, असन्तुष्ट होना, खिन्न होना, भनभनाना, झल्लाना, कुढ़ना, चिढ़ना, चिड़चिड़ाना; आपत्ति^F करना, ईर्ष्या^F करना, जलना; कोप करना, कुपित होना, क्षोभ करना, क्षुब्ध करना; विरक्त होना, उदास होना।
repiner –'नॅर् n. व्यग्र होनेवाला, उत्तेजित होनेवाला, रोष करनेवाला, असन्तुष्ट होनेवाला, खिन्न होनेवाला, भनभनानेवाला, झल्लानेवाला, कुढ़नेवाला, चिढ़नेवाला।
repining –निंग् १. n. मनस्ताप, अनुशोक, असन्तोष; २. a. क्षुब्ध, कुपित, असन्तुष्ट, विरक्त, झल्लानेवाला, कुड़कुड़ानेवाला।
replace रि`प्लेस्' v.t. पुनः स्थापित करना, पूर्वस्थानमें रखना, अपनी जगह^F कायम करना; स्थानान्तरित करना; **बदलना**; अधिकार च्युत किया जाना, पदभ्रष्ट किया जाना, अलग किया जाना; स्थानापन्न करना, स्थानपूर्ति^F करना, बदल देना; ढूँढ़ना, जुगाना; परिशोध करना।
replaceable –'सॅबॅल् a. पुनःस्थापत्य, **प्रतिस्थाप्य**, (रसा०) **प्रतिस्थापनीय, पुनः स्थाप्य, पुनः स्थापनीय** (~ *hydrogen*), पुनःसंस्थाप्य, पुनःस्थानान्तरणीय, (रेल०) **बदलने योग्य**।
replaced –स्ड् a. (प्रा० भू०, रसा०) प्रतिस्थापित, पुनःस्थापित।
replacement –स्'मॅन्ट् n. **प्रतिस्थापन**; स्थानान्तरण (~ *licence*); अधिकारच्युति^F, पदभ्रंश; **प्रतिवस्तु^F, बदलाव, बदल, बदलाई^F, बदलना**, बदलनेवाली वस्तु^F, बदला; ~ fund **पुनः पुंजीयन-निधि^F**;
~ demand, ~ fund, ~issue.
replacer –'सॅर् n. प्रतिस्थापयिता, पुनः स्थापित करनेवाला।
replacing –सिंग् n. प्रतिस्थापन (~ *cell*); a. प्रतिवर्तित (~ *bone*)।
replenish रि`प्ले`'निश् v.t. परिपूर्ण करना, पुनरापूरित करना, **पुनर्भरण करना**, फिरसे भरना, भरपूर करना।
replenished –श्ड् a. पूर्ण, परिपूर्ण, लबालब, ठसाठस, भरा हुआ।
replenisher –शॅर् n. आपूरक, परिपूरक, **पुनःपूरक**, परिपूर्ण करनेवाला, भरनेवाला।
replenishment –शमॅन्ट् n. पुनःपूर्ति^F, (प्रा०, भू०) **संपूर्ति^F**, आपूर्ति^F, आपूरण, भराई^F, क्षतिपूर्ति^F।
replete रि`प्लीट्' a. (*with* के साथ) आपूरित, परिपूर्ण, ठसा हुआ, कसा हुआ, भरपूर, भरा हुआ; अतिरंजित; पूर्ण प्रभावित; तृप्त, सन्तुष्ट, परिभुक्त, खूब अघाया हुआ।
repleteness –'निॅस् n. आपूरितता^F, परिपूर्ति^F, ठसा हुआ होना, कसा हुआ होना; अतिरंजितत्व, पूर्ण प्रभावितता^F; तृप्ति^F, सन्तोष, परिभुक्ति^F, खूब अघाना।
repletion –ली'शॅन् n. (प्रा० *full to* ~ में) पूर्णता^F, परिपूर्णता^F, परिपूर्ति^F; प्रचुरता^F, बहुतायत; तृप्ति^F।
replevin रि`प्ले`'विन् n. प्रत्याप्ति^F, कुर्क माल प्राप्त करना।
replevisor –विज़र n. जमानत^F लेनेवाला, कुर्क माल छुड़ानेवाला।
replevy रि`प्ले`'वि v. t. जमानत^F देना, कुर्क माल छुड़ाना।
replica रे`'प्लिकॅ n. (भौ०) (मूल कलाकार द्वारा स्वनिर्मित) **प्रतिकृति^F**, प्रतिरूप, प्रतिलिपि^F, प्रतिचित्र, नकल^F; T. (~ *grating*)।
replicant रे`'प्लिकॅन्ट् n. उत्तरवादी, प्रतिवादी।
replicate[1] –कॅट् n. (सरगम सुरोंमेंसे) एक या अधिक निराला सुर।
replicate[2] –केट् v. t. (क्वचित्) पुनरावृत्ति^F करना, दोहराना; प्रतिलिपि^F बनाना, नकल^F करना; पीछे मोड़ना।
replicate[3] –कॅट् a. प्रतिकृत, प्रतिलिपित, दोहराया हुआ, दोहरा किया हुआ; (वन०) प्रतिवलित (~ *wall*), अपने ऊपर मुड़ा हुआ या तह^F किया हुआ।
replication –के'शॅन् n. प्रतिवलन, मोड़, घुमाव; (का०) **प्रत्युत्तर**, प्रतिवचन, उत्तर; (कानून) वादी द्वारा प्रतिवादीके तर्कका जवाब; प्रतिध्वनि^F, गूँज^F, पुनः प्रयोग, अभ्यावृत्ति^F; (सांख्य०) **पुनरावृत्ति^F**; प्रतिलिपि^F, प्रतिकृति^F, अनुकृति^F, अनुछवि^F, नकल^F।
replicative –'प्लिकॅटिव् a. प्रतिवलित, मुड़ा हुआ, तह किया हुआ।

replier रि`प्लाइ'अॅर् n. उत्तरदाता, प्रत्युत्तरदाता, उत्तरप्रदाता ।

replum रे`प्लॅम् n. जरायु-कंकाल, कूटपटी^{F}, (वन०) कूटपथी, खोल^F, T.

reply[1] रि`प्लाइ' n. **उत्तर**, प्रत्युत्तर, प्रतिवचन, **जवाब**, उत्तर-प्रदान; उत्तरपक्ष, प्रतिवाद (~ *plaint*); a. (रेल०) जवाबी; ~ *paid* (तार या पत्र) जवाबी;
~ coupon, ~ post-card, ~ memo.

reply[2] v. t. & i. उत्तर देना, प्रत्युत्तर देना, जवाब देना, जवाबमें कहना (*rose to ~ for the ladies*) ।

repondez sil vous plait. (F) कृपया उत्तर दें ।

repone रि`पोन्' v.t. पुनः नियुक्त करना, फिर नौकरी^{F}में रखना; उत्तर देना, जवाब देना ।

reponse (F) v. i. उत्तर दीजिये ।

report[1] रि`पॉर्ट्' n. जनश्रुति^{F}, जनचर्चा^{F}, लोकवार्ता^{F}, उपश्रुति^{F}, किंवदन्ती^{F}, लोकवाद, जनवाद, अफवाह^F (*mere ~ is not enough to go upon*); विश्रुति^{F}; यश, कीर्ति^{F}, ख्याति^{F}, प्रसिद्धि^{F}, नाम (*things of good ~*); वृत्त, **इतिवृत्त**, वृत्तान्त, **विवरण**, विवरणिका^{F}, **विवरणी**, विज्ञापना^{F}, **सूचना^{F}**, **प्रतिवेदन**, **रपट^F**: **रिपोर्ट^F**; संवाद, समाचार; प्रतिवेदन-पत्र;
~ centre, ~ charges, ~ line.

report[2] v.t. & i. विवरण लाना, विवरणिका^{F} लिखना, वृत्तान्त लाना, **इतिवृत्त देना**, संवाद देना, **सूचना^{F} देना**, समाचार कहना, हाल बताना, खबर^F देना, जताना, आगाह करना; वर्णन करना, कहना, सुनाना, उपस्थित करना, दोहराना; प्रतिवेदित करना, **प्रतिवेदन करना**, प्रतिवेदन प्रेषित करना, विवरण लिखना, **रपट^F लिखना**, **रिपोर्ट^F करना**, **रिपोर्ट^F देना**; (वक्तव्य आदिकी) रिपोर्ट^F तैयार करना; शब्द-प्रतिशब्द लिख लेना; *it is ~ed* कहा जाता है; ~ *yourself* समुपस्थित हो जाओ ।

reportable -'टॅबॅल् a. आवेद्य, निवेद्य, प्रतिवेद्य; वर्णनीय, कथनीय, विवरण देने योग्य ।

reportage -टिज् n. (मुद्रणार्थ घटनाओं^{F}की) विवरण शैली^{F}, **रिपोर्ताज** ।

reported -टिड् a. आवेदित, प्रतिवेदित, निवेदित, सूचित, वर्णित, कहा हुआ; प्रकाशित (~ *case*) ।

reporter -टॅर् n. (राज०) **प्रतिवेदक**; **संवाददाता**, संवादलेखक, वृत्तलेखक, वार्ताहर, विवरण देनेवाला, (राज०) **रिपोर्टर** ।

reporterism -रिज़्म् n. संवाददाता-व्यवसाय, संवादलेखन-व्यवसाय, वार्ताहर-व्यापार, रिपोर्टरका व्यवसाय; संवाददातृत्व, संवादलेखन, वार्ताहरता ।

reporting -टिंग् n. प्रतिवेदन, आवेदन, निवेदन, सूचना^{F}, वर्णन; ~ allowance वृत्तलेखन भत्ता;
~ agency, ~ areas, ~ authority, ~ day, ~ officer, ~ post, ~ room, ~ station.

reportorial -टॉ`रिॲल् a. प्रतिवेदनात्मक, प्रतिवेदन-विषयक, आवेदन-विषयक, निवेदन-सम्बन्धी, सूचना-सम्बन्धी, वर्णन-सम्बन्धी ।

reposal रि`पो'ज़ल् n आश्वासन; विश्राम, आराम ।

repose[1] -ज़्' n. श्रमापनोदन, विश्राम, विश्रान्ति^{F}; उपशम, शान्ति^{F}, प्रशान्ति^{F}, निवृत्ति^{F}, सुस्थिरता^{F}, चैन, ठहराव, अमन; विश्रामदायक प्रभाव; (कला^{F}में) अनुरूपता^{F}, संयोग; व्यावहारिक निरुद्वेग ।

repose[2] v. t. & i. शयन करना, अभिशयन करना, श्रमापनोदन करना, विश्राम करना, दम^F लेना, थकावट^F दूर करना, आराम करना; विश्राम देना, आराम पहुँचाना; अवलम्बित होना, भरोसा करना, किसीके सहारे स्थित होना (*the whole system ~s on fear*); (किसीमें) विश्वास रखना, भरोसा रखना; (स्मरणशक्ति^{F} आदिके लिए) किसीकी याद^{F}में रहना; रखना, सौंपना ।

reposed -ड्' a. प्रशान्त, सुस्थिर, स्थितप्रज्ञ ।

reposedness -'जिड्`निस् n. प्रशान्तता^{F}, प्रशान्ति^{F}, सुस्थिरता^{F}, स्थितप्रज्ञता^{F} ।

reposeful -ज़्'फुल् a. शान्तिपूर्ण, विश्राममय, विश्रामदायक ।

reposit रि`पॉ'ज़िट् v.t. नियुक्त करना, निक्षिप्त करना, जमा करना, धरना, रखना ।

reposition रीपॅज़ि'शॅन् n. (चि०) पुनर्स्थापन; नियोग, निक्षेप, जमा करना ।

repositor रिपॉ'ज़िटॅर् n. नियोक्ता, नियोजक, निक्षेप्ता, निक्षेपक, जमा करनेवाला ।

repository -रि n. भाण्ड, भाजन, पात्र; **निधान**, **संग्रह**, कोष, निधि^{F}, संग्रहालय, निक्षेपागार, अजायबघर, गोदाम, खजाना (*that person is a ~ of curious information*); कब्र^F, कब्रिस्तान; आश्रय, आधार; रहस्य प्रतिग्राहक, गुप्त बातों^{F}का पानेवाला;
~ preparation (चि०) निक्षेपयोग ।

repossess रीपॅज़ेस' v.t. पुनरधिकृत करना, पुनर्हस्तगत करना, फिरसे प्राप्त करना; फिरसे कब्जेमें करना, फिरसे पाना ।

repossession -'शन् n. पुनराधिपत्य, पुनरधिकार, पुनर्ग्रहण ।

repot रीपॉट्' v.t. (पौधेको) दूसरे गमलेमें रखना, गमला बदलना ।

repousse[1] रॅपू'से n. अलंकृत धातुपत्र ।

repousse[2] a. उद्गत, उद्भृत, अलंकृत, हथौड़ेसे उभड़ा हुआ ।

repp, rep, reps nn. पर्देका कपड़ा, रेप ।

repped रे`प्ट्' a. रेप (कपड़े) के समान सतहवाला ।

reprehend रे`प्रि`हे`न्ड्' v.t. अनुयोग करना, दोषारोपण करना, दोष निकालना; निन्दा^{F} करना; निर्भर्त्सना^{F} करना, भर्त्सना^{F} करना, डाँटना, फटकारना, धिक्कारना, झिड़की^{F} देना ।

reprehender -'डॅर् n. अनुयोक्ता, दोषारोपयिता, दोषान्वेषक, निन्दक; निर्भर्त्सक, भर्त्सक, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, धिक्कारनेवाला, झिड़कनेवाला ।

reprehensible -'सिबॅल् a. अनुयोग्य, उपालभ्य,

दोषारोप्य, दोष निकालने योग्य; निन्द्य, निर्भर्त्स्य, गर्हित, गर्हणीय, भर्त्सना^F करने योग्य, धिक्कार्य, डाँटने-फटकारने योग्य।

reprehensibleness –निॅस् n. अनुयोग्यता^F, दोषारोप्यता^F, निन्द्यता^F, निर्भर्त्स्यता^F, धिक्कार्यता^F, फटकारनेकी स्थिति^F।

reprehension –'शन् n. अनुयोग, दोषारोप, उपालम्भ, कलंक; निन्दा^F, भर्त्सना^F, गर्हा^F, डाँट-फटकार^F, धिक्कार^F।

reprehensive –'सिव् a. अनुयुक्त, दोषारोपित, कलंकित; फटकार^Fसे भरा हुआ, निन्दा^Fमें कहा गया।

reprehensory –सॅरि a. = REPREHENSIVE.

represent रे'प्रि'जे'न्ट् v. t. वर्णन करना, चित्रण करना, चित्र बनाना, प्रस्तुत करना, उपस्थापित करना (*am not what you ~ me to be*); (समान रूपमें) समझा जाना, सादृश्यका काम देना; समझनेका प्रयत्न करना, मनमें बैठानेकी कोशिश^F करना; **अभिवेदन करना,** (ग० भी) प्रतिरूपित करना, **निरूपित करना, निरूपण करना,** प्रतिरूपण करना, नमूना बनाना, नकल^F करना; (नाटक आदिका) अभिनय करना, रूप भरना, खेलना; संकेतमय बनाना; प्रतिरूप होना, सदृश होना, तुल्य होना; उस जैसा होना, नमूना बनना; स्थानापन्न होना, स्थानपूर्ति^F करना; अभिवेदन करना; प्रतिनिधान करना, प्रतिनिधित्व करना, प्रतिनिधि होना, प्रणिधि बनना; दोबारा प्रस्तुत करना।

representability –टॅबि'लिटि n. वर्णनीयता^F; अभिनेयता^F, प्रदर्शनीयता^F, चित्रणीयता^F।

representable –'टॅबॅल् a. वर्णनीय; अभिनेय, प्रतिदर्शनीय, चित्रणीय।

representation –टे'शॅन् n. (रसा०, ग०) **निरूपण,** वर्णन, चित्रण; रूप, प्रतिकृति^F, प्रतिरूप, प्रतिमा^F, चित्र, प्रतिमूर्ति^F; प्रतिनिधान, (राज०) **प्रतिनिधित्व;** (राज०) **विरोध-प्रदर्शन;** स्वाँग, नाटक; अभिनय, (रसा०) प्रतिदर्शन; (विधा०) **अभिवेदन, प्रतिवेदन,** अभ्यावेदन, आवेदन, विज्ञापना^F, निवेदन; आवेदन-पत्र प्रयोग।

representational –नॅल् a. प्रतिरूप-विषयक, चित्रण-सम्बन्धी, वर्णनका; अभिनय-सम्बन्धी, प्रदर्शन-सम्बन्धी; प्रतिरूप-सम्बन्धी; अभ्यावेदनीय, आवेदनीय, निवेदन-विषयक।

representationism –निज़्म् n. प्रतिबिम्बवाद, यह सिद्धान्त कि इन्द्रियों^F द्वारा अनुभूत जगत्में प्रथम अनुभूत विषय चेतनातीत विषयको प्रतिबिम्बित करता है।

representationist –निस्ट् n. प्रतिबिम्बवादी।

representative[1] –'ज़ॅटिव् n. आदर्श, उदाहरण, बानगी^F, नमूना; साम्य, समरूपता^F, समानता^F, सादृश्य; प्रतिमूर्ति^F, प्रतिकृति^F, प्रतिपुरुष, (वाणि०, राज०) **प्रतिनिधि;** कार्यवाहक; (गणि०) **निरूपक;** अभिकर्ता; (प्रा०, भू०) **उपलक्षक;** स्थानापन्न, उत्तराधिकारी; प्रतिनिधि-मण्डलका सहकारी।

representative[2] – a. प्रतिरूपक, प्रतिरूप-प्रदर्शक, आदर्शभूत, सादृश्य प्रदर्शक, स्मरणात्मक; (वाणि०) प्रतिनिधि-~, (दर्श०) **प्रातिनिधिक,** प्रतिनिधिस्वरूप; (ग० भी) द्योतक, **निरूपक,** (किसीके) चित्रणस्वरूप, संकेतस्वरूप (*a group ~ of the theological virtues*); (मनमें) भाव उत्पन्न करनेवाला, विचार उपस्थित करनेवाला (*imagination is a ~ faculty*); आदर्शभूत, बानगीस्वरूप, नमूनेके रूपमें; प्रतिनिधि-संकुल, प्रतिनिधि-युक्त;

~ chamber, ~ data, ~ element, ~ fiction, ~ firm, ~ fraction, ~ house, ~ money, ~ object, ~ point, ~ sample, ~ target.

representativeness –निॅस् n. प्रतिरूपता^F; प्रत्याकृतित्व; प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व।

represented –टि'ड् a. प्रतिनिहित, प्रतिनिधित्व किया हुआ।

representer –टॅर् n. प्रतिनिधि, कार्यकर्ता; अभिकर्ता, एजेण्ट; स्थानापन्न, उत्तराधिकारी।

representment –'मॅन्ट् n. वर्णन, चित्रण; अभिनय, प्रदर्शन; अभ्यावेदन, आवेदन, निवेदन।

repress रि'प्रे'स्' v.t. निरोध करना, प्रतिरोध करना, (का०) **दमन करना,** दबाना, शमन करना, वशमें करना, अधिकारमें लाना, रोक रखना; विस्फोट रोकना, चटखने न देना; दंगा न करने देना, फसाद न होने देना।

represser –'सॅर् n. अत्याचारी, दमनकर्ता, पददलित करनेवाला, दबानेवाला; रोधक, अवरोधक, रोकनेवाला।

repressible –सिबॅल् a. दलनीय, दमनीय, पद-दलित करने योग्य; रोधनीय, अवरोधनीय, रोकने योग्य।

repression –'शॅन् n. (विशे० विषय वासना^Fके लिए) शम, शमन, दम, (दर्श०) **निग्रह, निरोध,** नियन्त्रण, **दमन,** दबाव; प्रतिरोध, रोक^F।

repressive –'सिव् a. शामक, निरोधक, निरोधी, निग्रहकारी, दमनकारी, दबानेवाला (*~ policy*)।

reprieval, reprieve[1] रि'प्री'वॅल्, रि'प्रीव् n. व्यवक्षेप, विश्राम, अवकाश, विराम, विरति^F, छुट्टी^F; दण्ड-विराम, **प्रविलम्बन;** (प्राणदण्ड क्षमा^F करने या उसमें हेर-फेर करनेके लिए) अधिकारपत्र, व्यवक्षेप-पत्र।

reprieve[2] –व्' v.t. (विधा०, का०) (दण्डित व्यक्तिका) **प्रविलम्बन करना,** प्राणदण्ड रोकना, फाँसी^F स्थगित करना; विराम देना, विश्राम देना, अवकाश देना।

reprimand[1] रे'प्रिमान्ड् n. (दोषके लिए) तीव्र अनुयोग, वाक्ताडन, निर्भर्त्सना^F, उपालम्भ; (अधिकारीकी हैसियत^Fसे) झिड़की^F, डाँट-फटकार^F, **फटकार**^F।

reprimand[2] v.t. तीव्र अनुयोग करना, वाक्ताडन करना, निर्भर्त्सना^F करना, डाँट-फटकार^F बताना, झिड़कना, **फटकारना**।

reprint[1] रीप्रिन्ट्' n. पुनर्मुद्रित लेख।

reprint[2] v.t. पुनर्मुद्रण करना, फिरसे छापना।

reprisal रि'प्राइज़ल n. प्रतिपीडन, प्रतियातन,

प्रतिहिंसा[F], प्रतिविधान, (क़ा०) **प्रतिशोध,** हरजाना, बदला; (क़ा०) **प्रत्यपकार,** प्रत्यपहार, प्रत्यपहरण, प्रतिहरण, बलात्कार।

reprise –ज़्' n. (क़ानून) वार्षिक प्रदेय कर, अन्य वार्षिक देय धन; (क०) पुनः कार्यारम्भ; *beyond, besides, above,* ~ *s* समग्र देय-प्रदानके अनन्तर।

reproach[1] रि`प्रोच्' n. लज्जास्पद वस्तु[F], अपमान-सूचक वस्तु[F]; कटुवचन, दुर्वचन, निन्दा[F], आनिन्दन, धिक्कार, गर्हा[F], तिरस्कार, झिड़की[F]; परिवाद, बुराई[F]; बदनामी[F], धिक्कृतावस्था[F], निन्दित स्थिति[F], तिरस्कृत दशा[F] (*live in ~ and ignominy*); भर्त्सना[F], दोषारोपण, कलंक (*the state of municipal roads is a ~ to civilization*); (*pl.*) (विशे० रोमन कैथोलिक ईसाइयोंमें) भर्त्सना-गीत, गुडफ्राइडेके दिन जनता[F]के लिए ईसाके धिक्कारों[F]के अनुकरणमें किये हुए गान और अनुवचन; *term of ~* दुर्वचन, कटु-वचन, भर्त्सनापूर्ण शब्द, निन्दा[F]का शब्द।

reproach[2] v.t. निर्भर्त्सन करना, भर्त्सना[F] करना, तिरस्कार करना, धिक्कार करना, धिक्कारना, बुरा-भला कहना; निन्दा[F] करना, आनिन्दित करना; भर्त्सना[F] सूचित करना (*his eyes ~ me*)।

reproachable –'चॅबॅल् a. निन्दार्ह, भर्त्सनार्ह, धिक्कारने योग्य।

reproachableness –निॅस् n. निन्दार्हता[F], निर्भ-र्त्स्यता[F]।

reproacher –चॅर् n. निन्दक, भर्त्सक, फटकारनेवाला।

reproachful –च्‌'फुल a. निन्दामय, भर्त्सनापूर्ण, परिवादात्मक, गर्हित, लज्जाजनक।

reproachfulness –निॅस् n. निन्दनीयता[F], भर्त्स-नीयता[F], लज्जापूर्णता[F], तिरस्कार।

reproachless –'लिॅस् a. निर्दोष, निष्कलंक, निन्दा-रहित।

reprobacy रॆ`प्रॅबॅसि n. परित्यक्तावस्था[F]।

reprobate[1] –वेट् v.t. (क़ा०) **निरनुमोदन करना,** अस्वीकार करना, अग्राह्य ठहराना; निन्दा[F] करना, दोष देना, बुरा बताना; (ईश्वरका मनुष्यको) मुक्ति[F] न देना, त्याग देना, मुक्ति[F]से परे करना।

reprobate[2] –बॅट् a. & n. ईश्वर-परित्यक्त (व्यक्ति), पापी, पापिष्ठ, अधम या नीच पुरुष, दुराचारी, दुर्वृत्त, आचारहीन, भ्रष्ट, दुष्ट, दुश्शील, धिक्कृत, बदमाश, गुण्डा, लुच्चा।

reprobation –बे'शॅन् n. (क़ा०) **निरनुमोदन,** अस्वी-कृति[F], परित्याग; गर्हा[F], धिक्कार[F]; दुष्टता[F], दुश्शीलता[F]।

reprobationer –नॅर् n. अस्वीकर्ता, परित्यागी।

reprobatory –'प्रॅबेटॅरि a. अस्वीकृति-विषयक, परि-त्याग-सम्बन्धी; धिक्कारात्मक।

reproduce रीप्रॅड्यूस्, v.t. & i. प्रत्युत्पन्न करना, पुनरुत्पादन करना; प्रतिकृति[F] तैयार करना, प्रतिलिपि[F] बनाना; पुनः प्रस्तुत करना; सन्तान[F] उत्पन्न करना; पुनर्गठन करना; उद्‌धृत करना, उदाहरण देना।

reproduced –ड्' a. पुनरुत्पादित; उद्‌धृत, पुन-र्लिखित।

reproducer –'सॅर् n. पुनः पुनरुत्पादक; प्रतिकृतिकार, प्रतिलिपिकार; पुनः प्रस्तोता; सन्तान उत्पन्न करनेवाला; पुनर्गठन करनेवाला; उद्‌धृत करनेवाला, उदाहरण देनेवाला।

reproducible –सिबॅल् a. पुनरुत्पादनीय, प्रतिकृति[F] योग्य; सन्तानोत्पत्ति[F] योग्य।

reproduction –डक्'शॅन् n. प्रत्युत्पत्ति[F], पुनर्जनन, **प्रत्युत्पादन,** (भौ०) **पुनरुत्पादन,** (दर्श०) **उत्पादन;** (चि०, रसा०) प्रजोत्पादन, प्रजनन, (प्राणि०) **जनन,** सन्तानोत्पत्ति[F], प्रतिरूप, मूर्ति[F], प्रतिकृति[F] (*~ office*); (शिक्षा०) **तथाकथन,** पुनः प्रस्तुतीकरण; उद्धरण; प्रति-लिपि[F], प्रतिकृति[F], ~ rate **जन्म दर,** जनन-दर[F]।

reproductive –'टिव् a. (चि०) प्रजनन (*~ system*), **जनन**–(*~ cycle*), **जननीय,** प्रजोत्पादक, पुनरुत्पादी, पुनरुत्पादक, फिरसे पैदा करनेवाला; ~ function **प्रजनन क्रिया[F]; जननेन्द्रिय[F] कार्य, जनन-कार्य,** ~ instinct, **प्रजनन सहज प्रवृत्ति[F];** ~ organ (कृषि०, वन०) **जन-नेन्द्रिय[F];** ~power प्रजनन-शक्ति[F], प्रजोत्पादन-शक्ति[F]; ~system (चि०) प्रजननतन्त्र, प्रजोत्पादन तन्त्र।

reproductiveness –निॅस् n. (चि०) प्रजोत्पाद-कता[F], पुनरुत्पादिता[F], पुनरुत्पादकता[F], फिरसे पैदा करनेकी स्थिति[F]।

reproductivity –'विटि n. REPRODUCTIVENESS.

reproductory –'टॅरि a. प्रजनन-सम्बन्धी (*~ system*)।

reproof[1] रि`प्रूफ़्' n. निर्भर्त्सना[F], निन्दा[F], दोषारोपण, धिक्कार[F], झिड़की[F] (*a word, glance, of ~*)।

reproof[2] रीप्रूफ़्' v.t. (कोट आदिको) फिरसे जलरोधी बनाना।

reprovable रि`प्रूवॅबॅल् a. निन्दार्ह, निन्दनीय।

reprovableness –निॅस् n. निन्द्यता[F], निन्दार्हता[F], निन्दा योग्यता[F], निन्दनीयता[F]।

reproval –वॅल् n. निन्दा[F], भर्त्सना[F], धिक्कार, झिड़की[F]।

reprove –व्' v.t. भर्त्सना करना, निन्दा[F] करना, कलंक मढ़ना, दोषारोपण करना, दोष लगाना, धिक्कारना, झिड़की[F] देना।

reprover –'वॅर n. भर्त्सक, निर्भर्त्सक, निन्दक, कलं-कित करनेवाला, दोषारोपण करनेवाला, झिड़की[F] देनेवाला

rept. receipt.

reptant रॆ`प्‌'टॅन्ट a. रेंगनेवाला।

reptation –टे'शॅन् n. सरीसरण, रेंगना।

reptatorial ⊙–टॅटॉ'रिॲल् n. = REPTATORY.

reptatory –'टॅटॅरि a. रेंगनेवाला।

reptile[1] रॆ`प्‌'टाइल् n. (जीव०) **सरीसृप,** भुजंगम, (जीव०) उरग, सर्प, रेंगनेवाला, पेटके बल चलनेवाला

जीव, (जन्तुओंकी सरीसृप जाति^F) ।
reptile[2] a. (जानकारीके लिए) सर्पी, सर्पणशील, सरकनेवाला, रेंगनेवाला; पामर, नीच, कमीना ।
Reptilia –टि'लिअॅ n. (जीववि०) सरीसृप, **सरीसृप-वर्ग** T.
reptilian –अॅन् a. & n. सरीसृपका, रेंगनेवाले जन्तुका ।
reptiliferous –लि'फ़ॅरॅस् a. सर्पोत्पादी, साँपवाला ।
reptilious, reptiliform –'टिलॅस्, रे'प्टि'लिफ़ॉर्म् aa. सरीसृपवत्, रेंगनेवाले जानवरके सदृश ।
reptilivorous –लि'वॅरॅस् a. सरीसृपाशी, सरीसृप-भुक्, सरीसृप भक्षी, रेंगनेवाले पशुओंको खानेवाला ।
republic (राज०) **गणराज्य**, गणतन्त्र, लोकतन्त्र, प्रजातन्त्र; (ला०) सदस्योंमें पारस्परिक समता^F माननेवाले मनुष्यों या पशुओंका समाज; ~ day गणतन्त्र दिवस; *the ~ of letters* साहित्य; साहित्यिक-वर्ग ।
republican[1] –कॅन् n. गणतन्त्रवादी, लोकतन्त्र-समर्थक, प्रजाप्रभुत्ववादी; (पक्षि) सामाजिक, बड़े-बड़े समूहोंमें रहनेवाले; (R~) रिपब्लिक पार्टी^Fका सदस्य ⊙ ।
republican[2] a. गणतन्त्रात्मक, लोकतन्त्रात्मक, प्रजातन्त्रीय, जनतन्त्रीय; प्रजावादी, प्रजातन्त्रवादी, प्रजातन्त्र-सम्बन्धी ।
republicanism –निज़्म् n. प्रजातन्त्रानुराग, प्रजातन्त्रवाद; गणतन्त्रात्मक शासनप्रणाली^F ।
republicanize नाइज़् v.t. लोकराज बनाना, प्रजातन्त्रात्मक रूप देना, गणतन्त्रात्मक बनाना ।
republish रीपब्'लिश् v.t. पुनः प्रकाशित करना, फिरसे छापना ।
republished ⊙ –ड्' a. पुनः प्रकाशित ।
repudiabte रि'प्यू'डिअॅबॅल् a. प्रत्याख्येय, अस्वीकार्य, अस्वीकृत करने योग्य ।
repudiate –अेट् v.t. & i. विवाह-विच्छेद करना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, तलाक^F देना; निराकरण करना, निकाल बाहर करना; अस्वीकार करना, अनंगीकार करना, अग्राह्य ठहराना, (का०) **प्रत्याख्यान करना,** खण्डन करना; त्याग देना, छोड़ देना, इनकार कर देना, नामंज़ूर करना; प्रभुत्व न मानना; (अधिकारीकी) आज्ञा^F न पालन करना; (कर्तव्य या ऋण) पूरा करना; (राज्यके लिए) लोकऋणको अस्वीकार करना ।
repudiated –टि'ड् a. (का०) **प्रत्याख्यात,** अस्वीकृत ।
repudiation –अे'शॅन् n. अस्वीकृति^F, **प्रत्याख्यान,** प्रत्यादेश, निराकरण, **इन्कार;** विवाह-विच्छेद, परित्याग ।
repudiationist –निस्ट् n. प्रत्याख्यान-समर्थक; लोक-ऋण अस्वीकृत करनेका समर्थक ।
repudiator –'डिअेटॅर् n. प्रत्याख्याता, अस्वीकर्ता, इनकार करनेवाला ।
repugn रि'प्यून्' v.t. & i. (क०) विरुद्ध होना, विरोध करना, विपरीत होना; सामना करना, मुकाबला करना; प्रतिकूल पड़ना, रुचिविरुद्ध पड़ना ।
repugnance, -cy रि'पग्'नॅन्स्, -न्सि nn. (भावों, वक्तव्यों आदिमें) असंगति^F, (विधा०, शिक्षा०) **विरोध,** (का०) **प्रतिकूलता**^F, वैपरीत्य, **प्रतीपता**^F, असामंजस्य; असन्तोष; विरक्ति^F, विराग, (विधा०, शिक्षा०) **जुगुप्सा**^F, (दर्श०) **द्वेष**, घृणा^F, अनिच्छा^F, अरुचि^F, नापसन्दी^F ।
repugnant –न्ट् a. विपरीत (का०) **विरुद्ध,** प्रतिविरुद्ध, विमुख, प्रतिकूल, **प्रतीप,** विद्रोही; (किसीसे) असंगत, सामंजस्यविहीन, अनमेल; (का०) अविनीत, दुराग्रही, अवरोधी, हठी; विरस, अप्रीतिकर, अरुचिकर ।
repullulate रे'प'ल्यूलेट् v. i. (क०) पुनरंकुरित होना, फिरसे फूट पड़ना; (रोगका) फिर शुरू हो जाना ।
repulse[1] रि'पल्स्' n. प्रतिनिवृत्ति^F, पराजय^F, उखाड़^F, हार^F, भगदड़^F; प्रतिघात; अपसारण; प्रत्याख्यान, तिरस्कार ।
repulse[2] v.t. प्रतिकृष्ट करना, विकर्षित करना; पराभूत कर देना, प्रतिनिवृत्त कर देना, पराजित कर देना, पैर उखाड़ देना, पिछाड़ देना, पीछे हटाना, पीछे ढकेलना, भगा देना; प्रतिघात करना, रोकना; प्रत्याख्यान करना, तिरस्कार करना; (प्रार्थना^F, भेंट^F या उसके करनेवालेको) अस्वीकृत कर देना ।
repulsed ⊙ –ट् a. (भौ०) **प्रतिकृष्ट, प्रतिकर्षित** ।
repulsion –'शॅन् n. प्रतिनिवृत्ति^F, पराजय^F, हार^F, उखाड़^F; (रसा०, भौ०, कृषि०) **प्रतिकर्षण, विकर्षण,** (~ *phase*), अपकर्षण, निराकरण, अपसारण; प्रत्यावर्तन; प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, तिरस्कार; (कृषि०) **विलग्नता**^F, **अपलग्नता**^F; (शिक्षा०) जुगुप्सा-वृत्ति^F, विरक्ति^F, विराग, घृणा^F, अरुचि^F, **अनिच्छा**^F ।
repulsive –'सिव् a. निषेधक, प्रतिषेधक, विरोधक, संरोधक; (भौ०) प्रतिकर्षी (~ *force*), (भौ०) अपकर्षक, विकर्षणशील, हटानेवाला; उदासीन, निरुत्साह, सहानुभूतिरहित; अप्रिय, घृणित, वीभत्स, विरक्तिकर, अरुचिकर, घृणोत्पादक, घृणाजनक, जुगुप्सामय, बुरा; अप्रीतिकर, अनुरागविहीन ।
repulsiveness –निस् n. अप्रीतिकरता^F, अप्रसन्नता^F, अनुरागविहीनता^F, उदासीनता^F, अरुचिकरता^F; घृणोत्पादकता^F, घृणाजनकता^F, जुगुप्सा^F, विरक्ति^F ।
repulsory रि'पल्'सॅरि a. =REPULSIVE.
repurchase[1] रीपर'चॅस् n. **पुनः क्रय,** दुबारा खरीद^F; पुनः क्रीत वस्तु^F, दुबारा खरीदी हुई चीज़^F ।
repurchase[2] v.t. पुनः क्रय करना, **फिरसे खरीदना,** दुबारा खरीदना ।
repurified रीप्युअॅ'रिफ़िड् a. पुनः शुद्ध, दुबारा शुद्ध किया हुआ ।
repurify –फ़ाइ v.t. पुनर्मार्जन करना, पुनः शुद्ध करना, फिर साफ करना ।
reputability रे'प्यूटॅ'बि'लिटि n. प्रशंस्यता^F, सम्मान्यता^F, कीर्तिमत्ता^F, प्रतिष्ठा^F ।
reputable –'प्यूटॅबॅल् a. प्रशंस्य, प्रशंसनीय, सम्भ्रान्त, सम्मान्य, प्रतिष्ठित, लब्धप्रतिष्ठ, विख्यात, कीर्तिमान्, प्रसिद्ध, यशःशाली, नामी ।

reputableness –निॅस् n. = REPUTABILITY.

reputation –टे'शॅन् n. लोकमत; सम्भ्रम, सम्मान, मर्यादा^F, (का०, दर्श०) **ख्याति^F**, विख्याति^F, विश्रुति^F, सुनाम, प्रसिद्धि^F, प्रतिष्ठा^F, गौरव, विशिष्टता^F, प्रशंसा^F, यश, कीर्ति^F; नामवरी^F, धाक^F (*has a ~ for integrity*)।

reputative ⊙–'प्यूटॅटिव् a. प्रसिद्ध, प्रसिद्धिप्राप्त, यशस्वी, ख्यातिवान्, विख्यात।

repute[1] रि'प्यूट्' n. सुख्याति^F, ख्याति^F, विख्याति^F, विश्रुति^F, प्रसिद्धि^F, प्रशंसा^F, यश, कीर्ति^F; गण्यता^F, मान्यता^F, प्रतिष्ठा^F।

repute[2] v.t. गणना^F करना, गिनना, विचारना, सोचना, मानना, जानना, समझना; माना जाना, विचारा जाना, सोचा जाना, गिना जाना; गण्य-मान्य समझना।

reputed –'टिॅड् a. विख्यात, ख्यात, सुख्यात, विश्रुत, प्रथित, सम्भ्रान्त, गण्य, मान्य, श्रद्धार्ह, प्रसिद्ध, सर्वज्ञात, नामी, नामवर, मशहूर (*~ character, person*)।

request[1]* रि'क्वे'स्ट्' n. अनुरोध, **प्रार्थना^F***, विनय^F, विनती^F; **निवेदन**, अभ्यर्थना^F, आवेदन, याचना^F; प्रार्थित वस्तु^F; ~ note प्रार्थनापत्र; *by ~* व्यक्त इच्छा^F-के अनुरूप, प्रार्थना^Fके जवाबमें।

request[2] v.t. अनुरोध करना, प्रार्थना^F करना, विनय^F करना, विनती^F करना, **निवेदन करना**, अभ्यर्थना^F करना; माँगना।

requester –'टॅर् n. अनुरोधक, प्रार्थी, विनेता, अनुनेता, निवेदक, अभ्यर्थी।

requiem रे'क्विअे'म् n. (मृत व्यक्तिकी आत्मा^Fके शान्त्यर्थ गाया हुआ) मंगलगीत, शोकशान्ति^F।

requiescat (L) मृतात्मा^Fकी शान्ति-कामना^F।

requirable रि'क्वाअॅ'रॅबॅल् a. आवश्यक, विनेय, प्रार्थ्य, चाहा जाने योग्य।

require –र्' v.t. & i. आवश्यकता^F समझना, अपेक्षा^F रखना, अपेक्षित समझना, जरूरत^F समझना; आवश्यक होना, मांग करना, जरूरी होना, चाहना; दावा करना, माँगना।

required –ड्' a. आवश्यक, अपेक्षित, जरूरी (*~ standard*); *as ~* यथापेक्षित।

requirement –'मॅन्ट् n. **अपेक्षा^F**, **आवश्यकता^F**, माँग^F।

requisite[1] रे'क्विज़िट् n. (स्थिति वि०) अपेक्षित वस्तु^F या गुण, **आवश्यक गुण**, आवश्यक चीज^F या शर्त^F, माँग^F।

requisite[2] a. अपेक्ष्य, (रसा०) **आवश्यक**, **अपेक्षित**, वांछित, जरूरी (*~ number, standard*); प्रयोजनीय।

requisiteness –निॅस् n. अपेक्षा^F, वांछा^F, आवश्यकता^F, जरूरत^F।

requisition[1] –ज़ि'शॅन् n. पत्र-गर्भित आश्वासन, लिखित प्रार्थना^F, **अधियाचन**, लिखित अधियाचना^F, अर्थना^F, माँगनी^F, माँग^F; अपेक्षा^F (सैन्य-प्रदाय-हेतु नगरको दिया गया) आदेश; कामके लिए बुलाना, काममें लगाना, **अधिग्रहण**, छीनना; प्रयोग; *put in ~, call into ~* अवलम्बन करना, आश्रय लेना, सहारा लेना; *under ~* प्रयुक्त;

~ book, ~ form, ~ number, ~ register, ~ slip.

requisition[2] v.t. अर्थना^F करना, अधियाचना^F करना, माँग^F करना; (नगर आदिसे) सैन्य-सामग्री^F माँगना; प्रयुक्त करना; किसी अभिप्रायसे बुलाना, अधिग्रहण करना।

requisitioned –ड्' a. अर्थित, अधियाचित; **अधिग्रहीत**, अध्याप्त (*~ land*)।

requisitionist, requisitor –निस्ट्, –क्विज़िटॅर् nn. अधियाचक, अर्थनाकारी, अर्थनाकर्ता, प्रार्थनाकारी, माँगनेवाला।

requisitory रि'क्वि'ज़िटॅरि a. अधिग्रहणात्मक, पत्रगत-आश्वासन-विषयक, लिखित प्रार्थना-विषयक, अधियाचना-सम्बन्धी, माँग-सम्बन्धी; अधिग्रहण-विषयक; प्रयोग-सम्बन्धी।

requital रि'क्वाइ'टॅल् a. प्रतिदान, पुरस्कार, (दर्श०) **प्रतिफल**, प्रतिरोध, प्रतिशोध, बदला, वापसी^F।

requite –ट्' v.t. (सेवा^Fका) प्रतिदान देना, पुरस्कार देना; (आघात, भूल^F आदिका) प्रतिशोध करना, परिशोध करना, प्रतिफल देना, बदला देना, चुकाना; (व्यक्तिको) लौटाना, वापस करना, फेरना।

requiteless –'लिॅस् a. ऋणविमुक्त; प्रतिफलरहित, प्रतिशोध-शून्य, बिना बदलेका।

rerebrace रीअॅर'ब्रेस् n. भुजत्राण, भुजकवच, बाँहों^Fका जिरह-बख्तर।

reredos रीअॅर'डॉस् n. (वेदी^Fके पीछे दीवाल^Fपर पड़ा हुआ) आवरण, पर्दा।

R.E.S. Royal Economic Society; Royal Entomological society.

resail रीसेल' v.t. & i. वापस खेना; पीछेकी ओर नाव^F या जहाज^F इत्यादि चलाना।

res angusta domi (L) n. दरिद्रता^F, गरीबी^F।

rescind रि'सिन्ड्' v.t. निराकरण करना, निरस्त करना, उत्सादित करना, अपखण्डन करना, (का०) **विखण्डित करना, मंसूख करना**, काट देना, रद्द करना, हटा देना।

rescinded –'डिॅड् a. निराकृत, उत्सादित, अपखण्डित, निरस्त, आपरिवर्तित।

rescission –सि'ज़न् n. निरसन, अपखण्डन, (वाणि०) **विखण्डन**, खण्डन, निराकरण, उत्सादन, काट^F; विलोप, लोप; (राज०) **मंसूखी^F**।

rescissory –'सॅरि a. निराकरणकारी, रद्द कर देनेवाला (*~ action*)।

rescript री'स्क्रिप्ट् n. व्यवस्था^F; शासन, निदेश; राज-

निर्णय, राजाज्ञा^F; पोप निर्णय, पोपका व्यवस्थापत्र; राजघोषणा^F, शाही फरमान^F; पुनर्लेख, पुनर्लेखन; लेखन-सामग्री^F; पाण्डुलिपि^F।

rescuable रे ॅस्‌'क्यूअॅबॅल्‌ a. त्राणीय, परित्राणीय, मुक्ति-योग्य, अपमोचनीय, निस्तारणीय, बचाने लायक।

rescue[1] –क्यू n. त्राण, परित्राण, उद्धार, विमुक्ति^F, अपमोचन, मोक्षण, रक्षण, निस्तार, बचाव; ~bid (ब्रिजके खेलमें) बचावका दाँव।

rescue[2] v.t. अपमोचन करना, बचाना; उद्धार करना, निस्तार करना, **छुड़ा लेना**।

rescuer –क्यूअॅर्‌ n. उद्धारक, परित्राता, रक्षक, मोक्षक, मुक्तिदाता, छुटकारा देनेवाला, बचानेवाला।

research[1] रि ॅसर्च्‌ n. **शोध**^F, शोधन, अनुशीलन, तत्त्व-परीक्षण, पुनःपरिशीलन; (कृषि०) **अनुसन्धान, गवेषणा**^F, समन्वेष, अन्वेषण, **खोज**^F, तलाश^F, छानबीन^F (*his ~es have been fruitful*); ~ supervisor शोध पर्यवेक्षक;

~ assistant, ~ centre, ~ department, ~ guide, ~ institute, ~ laboratory, ~ officer, ~ paper, ~ scheme, ~ scholar, ~ scientist, ~ section, ~ station, ~ student, ~ superintendent, ~ wing, ~ work, ~ worker.

research[2] v.i. अनुशीलन करना, अनुसन्धान करना, खोज^F करना, छानबीन^F करना, खोजना।

researcher –'चॅर्‌ n. शोधकर्ता, (रसा०) **अन्वेषक**, अनुसन्धानकर्ता, **अनुसंधायक**, अनुशीलनकर्ता, खोज^F करनेवाला।

resect रि ॅसे ॅक्ट्‌' v.t. कर्तन करना, काट^F निकालना, काटकर निकाल फेंकना, **दुबारा टुकड़े करना**।

resection –क्‌'शॅन्‌ n. **स्थिति-निर्धारण (नक्शेपर)**; कर्तन, छेदन, काटकर निकालना, काटकर निकाल फेंकना।

resemblance रि ॅज़े ॅम्‌'ब्लॅन्स्‌ n. (दर्श०) **साम्य**, सादृश्य, सदृशता^F, समरूपता^F, अनुरूपता^F, सारूप्य; अनुहार; प्रतिकृति^F, प्रतिरूप।

resemblant –न्ट्‌ a. सदृश, तुल्य, समान, समरूप, अनुरूप, मिलता-जुलता।

resemble रि ॅज़े ॅम्‌'बॅल्‌ v.t. सदृश होना, समरूप होना, अनुरूप होना, मिलना, मेल खाना; (प्रा० *to* के साथ) मिलाना, तुलना करना।

resembling –लिंग्‌ a. अनुरूप, समान, अनुहारी, मिलता-जुलता, सदृश।

resent रि ॅज़ॅन्ट्‌' v.t. आक्रोश करना, क्रुद्ध होना, रोष प्रकट करना, बिगड़ना, बुरा मानना, नाराज हो जाना; प्रतिहिंसा^F चाहना, मनमें आघात बनाये रखना।

resenter –'टॅर्‌ n. आक्रोष्टा, क्रोधी व्यक्ति, रोषी व्यक्ति, बिगड़नेवाला आदमी, नाराज होनेवाला।

resentful –ट्‌'फुल्‌ a. आक्रोशी, आक्रोशशील, क्रोधी, रोषी, क्षुब्ध, रोषपूर्ण।

resentive –टिव्‌ a. आक्रोशी, आक्रोशशील, रोषयुक्त, रोषशील, क्रोधशील, क्रोधी, क्रोधपूर्ण, नकचढ़ा, नाराजगीका।

resentment –ट्‌'मॅन्ट्‌ n. आक्रोश, अमर्ष, (शिक्षा०) **रोष**, क्षोभ, क्रोध, गुस्सा, नाराजगी^F।

reservable रि ॅज़र्‌'वॅबॅल्‌ a. प्रारक्षणीय, भविष्यके लिए बचाने योग्य।

reservation रि ॅज़ॅवे ॅशॅन्‌ n. प्रारक्षीकरण, **प्रारक्षण, रक्षण**, आरक्षा^F, आरक्षिति^F, **आरक्षण**, (~ *office*), पूर्वरक्षण, संरक्षण, आत्मनिग्रह, आत्मदमन, संयम, संकोच; (ईसा०, पादरीके रिक्त स्थानपर किसीको) मनोनीत करनेका अधिकार; (दूसरोंको दोषमुक्त करनेका बड़ोंका) रक्षित अधिकार; संचिति^F, संचय, संचयन; आरक्षित भूखण्ड ⊙; प्रतिबन्ध, बन्धन, रोक^F, शर्त^F, कैद^F; अपवाद; **गोपन**, अप्रकाश; पश्चाद्धारण; (रेल^Fकी सीट^F इत्यादि) रिजर्व करना ⊙; mental ~ संकोच, मानसिक प्रतिबन्ध;

~ clerk, ~ office, ~ ticket.

reserve[1] रि ॅज़र्व्‌' n. प्रारक्षित पदार्थ, रक्षित वस्तु^F, आरक्षित पदार्थ, अतिरिक्त संचय, अवशेष-संग्रह, बचत^F, (प्रा० भू०) **उपलभ्य**; T.; संचिति^F, संचय (*has a great ~ of energy*); आरक्षितदल, रक्षितसैन्य; रक्षित सेना^Fका सैनिक, रिजर्व; (खेलोंमें) अतिरिक्त खिलाड़ी; (अर्थ०) **प्रारक्षण, आरक्षण**, रक्षण, पूर्वरक्षण; रक्षित स्थान; (प्रदर्शनियों^Fमें) विशिष्ट पुरस्करण; आत्मसंयम, आत्मनिग्रह, आत्मनिरोध, संयम, निग्रह, सन्तुलन, अति परित्याग; मित-भाषण, संयत-भाषण, अल्प-भाषण, वाक्संयम, मौनावलम्बन, आलाप-विरक्ति^F, मौनभाव; अनुत्साह, हृदयहीनता^F; संकोच, अमिलन-शीलता^F, रुखाई^F, रूखापन; कपट, छल; संवरण, मनोगुप्ति^F, सत्यका स्वेच्छित गोपन; ~ force (चि०) प्रारक्षित शक्ति^F; ~ fund **आरक्षित निधि**^F; **रिज़र्व निधि**^F; ~ price नियत मूल्य; *without* ~ पूर्णतः, पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे;

~ account, ~ bank, ~ buoyancy, ~ capital, ~ clerk, ~ collection, ~ command, ~ food, ~ forces, ~ forest, ~ fund, ~ leave, ~ liability, ~ material, ~ price, ~ product, ~ ratio, ~ rations, ~ service, ~ sorter, ~ stock, ~ tissue.

reserve[2] v.t. प्रारक्षित करना, भविष्यके लिए बचा रखना; आधिपत्य सुरक्षित रखना, अधिकार रक्षित करना; पूर्वनिर्दिष्ट करना, नियत करना; (*for* के साथ) भाग्यमें लिखा होना।

reserved –ड्‌' a. रक्षित, **आरक्षित**, पूर्वरक्षित, संचित, पहलेसे बचाया हुआ; **रिजर्व किया हुआ**; गूढ़, गुप्त; मौन, अल्पभाषी, वाक्संयमी, मितभाषी; संकोची, लज्जाशील; शर्मीला; पश्चाद्धृत, रखा हुआ;

~ accommodation, ~ berth, ~ compartment, ~ demolition, ~ force, ~ forest, ~ position, ~ powers, ~ price, ~ right,

~ seat.

reservedness –'वि`ड्'नि`स् n. रक्षितत्व, आरक्षितता^F, संचितता^F; गुप्तता^F; मौनता^F, वाक्संयमिता^F, मितभाषिता^F; संकोचशीलता^F, लज्जाशीलता^F; पश्चाद्धृत ।

reservist –विस्ट् n. प्रत्याधृति^F, आरक्षित सैनिक, **रिजर्ववाला** ।

reservoir[1] रे`ज़र्व्वार् n. (प्रा० भू०, स्था०) **जलाशय, जलागार,** (प्रा० भू०) **जलाधार,** सरोवर, **तालाव,** पोखर, ताल; **तरलाशय,** आशय, (रसा०) **कुण्ड, हौज;** आश्रय; **स्थायी आश्रय;** रक्षितपूर्ति^F, संचिति^F, संचय, संग्रह, **भाण्डार,** (चि०) **भण्डार, आगार,** खजाना (~ *of wisdom*); ~ pen मसिकोष-लेखनी^F; ~ rock (प्रा० भू०) **तैलाधार शैल** ।

reservoir[2] v.t. (जलाशय इत्यादिमें) एकत्र करना, संचित करना, जमा करना ।

reset[1] रि`सेट्' n. (स्काट०) अपराधी-रक्षण, अपराधी-परिरक्षण, अपाश्रयण, अपराधीको शरण^F देना; चोरित वस्तु-ग्रहण; चोरी^Fकी चीज^F ।

reset[2] v.t. & i. अपाश्रित करना, अपराधीको शरण^F देना, अपहृत धन ग्रहण करना, चोरीका माल पाना ।

re-set[3] री'से`ट् v.t. (विशेष हीरे-जवाहरात) फिरसे जड़ना, फिरसे जमाना, ठीक करना ।

resetter रि`से`टर् n. चोरित-वस्तु-ग्रहीता, चोरी^Fका माल लेनेवाला ।

resettle रीसे`टल् v.t. पुनः स्थापित करना, पुनः संस्थापन करना, पुनर्व्यवस्था^F करना, नया प्रबन्ध करना, फिरसे बस्तोबस्त करना; (किसी स्थानको) नयी आबादी^Fसे बसाना ।

resettled –ड्' a. पुनःस्थापित, पुनर्व्यवस्थापित, पुनर्निवासित ।

resettlement –टल्मॅन्ट् n. पुनर्व्यवस्था^F; पुनर्वासन, **पुनःस्थापन** (~*section*) ।

res gestae (L) n. साहसिक कार्य ।

reshape रीशेप्' v.t. नयी आकृति^Fप्रदान करना ।

reshuffle रीश'फ़ॅल् v.t. पुनर्घटित करना, आपरिवर्तित करना, फिरसे स्थान बदल देना; (विशे० ताशके पत्तोंको) उलट-पुलट देना, फेंटना ।

reshuffling –लिंग् n. आपरिवर्तन, हेरफेर, उलट-पुलट^F ।

reside रि`ज़ाइड्' v.i. वास करना, निवास करना, बसना, रहना, टिकना; निहित होना, न्यस्त होना; प्राप्त होना; (गुणोंका) अन्तर्निहित होना, विद्यमान होना, मौजूद होना ।

residence रे'ज़िडॅन्स् n. वास, आवास, (का०) **निवास** (*honoured the place with her* ~); (विधा०) **पदावास,** वास-भूमि^F, वासस्थान, आवास-स्थान, निवासस्थान, घर, मकान; *take up* one's ~ रहना आरम्भ करना ।

residency –सि n. वासस्थान, वासामात्य भवन, वासामात्यपद, **रेजीडेन्सी**^F (भारतीय देशी राज्यमें गवर्नर जनरलके प्रतिनिधि रेजीडेण्टका सरकारी निवास स्थान) ।

resident[1] –न्ट् n. अधिवासी, स्थायी निवासी, वासी, **निवासी,** (राज०) रिहायशी, बाशिन्दा, रहनेवाला; आवासी प्रतिनिधि, वासामात्य, (राज०) **रेजीडेण्ट;** राजनैतिक अभिकर्ता, पोलिटिकल एजेण्ट ।

resident[2] a. वासी, निवासी, वासकारी, अधिवासी; **स्थानिक,** एकस्थानी, चिरवासी; (प्रायः *in* के साथ) केन्द्रित, अन्तर्निहित, स्थित, अन्तर्हित, निहित (*a right ~ in the nation*);

~ account, ~ alien, ~ clerk, ~ co-sharer, ~ cultivator, ~ engineer, ~ magistrate, ~ representative, ~ sub-divisions, ~ substitute, ~ surgeon, ~ surgical officer, ~ tutor.

residenter –टॅर् n. (स्काट०) = RESIDENT.

residential –डे`न्'शल् a. वास विषयक, **आवास-विषयक,** आवासिक, **निवास-सम्बन्धी,** रहायशी; वासभूमि-विषयक, वासस्थान-सम्बन्धी, आवास-स्थान-सम्बन्धी, निवास-स्थान-सम्बन्धी; अधिवासी-विषयक, बाशिन्देका; प्रत्युपराज-विषयक, वासामात्यका, रेजीडेण्टका; ~ house आवासगृह, रहायशी मकान;

~ area, ~ building, ~ density, ~ family, ~ quarters, ~ representative, ~ university.

residentiary[1] –शॅरि n. अधिवासी, स्थिरनिवासी; एकस्थानी पादरी ।

residentiary[2] a. वासस्थानार्थ, सरकारी निवासार्थ; सरकारी निवाससे सम्बद्ध ।

residentship –ज़िडॅन्ट्शिप् n. रेजीडेण्टका पद ।

resider रि`ज़ाइ'डॅर् n. वासी, अधिवासी, स्थायी निवासी, बाशिन्दा, बसनेवाला ।

residual[1] रि`ज़ि'ड्यूॲल् n. शेष, (अर्थ०) **अवशेष** (~ *value*), अवशिष्टांश, अवशिष्ट राशि^F ।

residual[2] a. (गणित) **शेष,** बाकी; शिष्ट, (चि०, रसा०, भौ०, प्रा० भू०) **अवशिष्ट,** बचा हुआ, (कृषि०) मूलज; (गणना^Fकी भूल^Fके सम्बन्धमें) जिसका हिसाब न हुआ हो, जो रद्द न की गयी हो;

~ air, ~ affinity, ~ asphalt, ~ charge, ~ claimant, ~ clay, ~ current, ~ deposit, ~ dispersion, ~ effect, ~ energy, ~ error, ~ *immunity*, ~ *ionization*, ~ *magnetism*, ~ phenomenon, ~ rays, ~ soil, ~ valency, ~ value.

residuary –ॲरि a. शेषांश-सम्बन्धी, अवशिष्टांश-विषयक, अवशिष्टांशका; (का०) **अवशिष्ट;** शेष बचा हुआ, रहा-सहा (~ *powers*); जायदाद^Fके बाकी हिस्सेका ।

residue रे`ज़िड्यू n. शेष, (कृषि०, रसा०, चि०, अर्थ०) **अवशेष** (~ *crop*, ~ *class*), बाकी, बचा-खुचा, पदार्थ; अवशिष्ट, अवशिष्ट सम्पत्ति^F, बाकी जायदाद^F; **प्रतिरोधक** ।

residuent ⊙रि`ज़ि'ड्यूअॅन्ट् n. (कारखानोंमें) उप-उत्पादन, शेषोत्पादन, अवशेषोत्पादन, अवशिष्ट पदार्थसे दूसरी वस्तु[F] बनाना।

residuous ⊙–अॅस् a. शेष, अवशिष्ट।

residuum –अॅम् n. (pl. *residua*) **अवशेष**, अवशिष्टांश; (गणना[F] आदिमें) अज्ञात अन्तर, रोकड़ बाकी (जिसका हिसाब न मिलता हो); अन्त्यज, निम्नवर्गी, नीच लोग।

resign[1] रि`ज़ाइन्' v.t. & i. आत्मसमर्पण कर देना, आत्मोत्सर्ग कर देना, समर्पित कर देना, अर्पित कर देना, हस्तान्तरित करना, सुपुर्द करना, सौंपना, हवाले करना (~ one-*self to another's guidance*); तिलांजलि[F] देना, त्यागना, परित्यक्त कर देना, छोड़ना; सन्तोष करना, अवस्था[F]के अनुकूल बनाना; सहना, सब्र करना; **त्यागपत्र देना, पदत्याग करना**, अलग होना, **इस्तीफा देना**।

re-sign[2] री-साइन्' v. i. & t. पुनः हस्ताक्षर करना, दुबारा दस्तखत करना।

resignation रे`ज़िग्ने'शॅन् n. (दर्श०) **आत्म-समर्पण**, समर्पण, अर्पण, उत्सर्ग, त्याग, अवरोधाभाव, पदाक्षेप, परित्याग; त्यागभिवृत्ति[F], त्यागपत्र; (विधा०) **पद-त्याग, इस्तीफा**; आत्मसमर्पण, आत्मोत्सर्ग; तितिक्षा[F], वैराग्य, भाग्याश्रय, भाग्यवादिता[F], मौन भावसे कष्ट-सहन।

resigned रि`ज़ाइन्ड्' a. समर्पित, उत्सृष्ट, छोड़ा हुआ; तितिक्षु, सन्तुष्ट, सन्तोषी, धीर, भाग्याश्रयी, भाग्यवादी, सहनशील; सधैर्य, धैर्ययुक्त, धैर्यवान्, धीर, गम्भीर; दूसरों को बात[F] मान लेनेवाला।

resignee रे`ज़िनी' n. त्यागपत्र-आदाता, त्यागपत्र-ग्रहीता, त्यागपत्र लेनेवाला व्यक्ति।

resigner रि`ज़ाइ'नॅर् n. त्यागपत्र देनेवाला, इस्तीफा देनेवाला; भाग्यवादी, विरागी।

resile रि`ज़ाइल्' v.i. (लचनशील पिण्डोंका) तनकर सिकुड़ जाना, उभर आना; लचनशील होना, उभरने या सिकुड़ने योग्य होना; पीछे हटना।

resilience, -cy –ज़ि'ल्यॅन्स्, -सि nn. विकृति ऊर्जा[F]; सुनम्यता[F], लचनशीलता[F], लचीलापन; लचक[F], लोच; पश्चापसारिता[F], प्रत्यास्कन्दन, प्रति-स्कन्दन, प्रत्यास्थान, उभरनेकी शक्ति[F], पलटा; पुनरुत्थान, स्वस्थ प्रतिक्रिया[F]।

resilient –न्ट् a. सुनम्य, लचनशील, **लचकीला** (~ *material*), लचीला, लोचदार; पश्चादपसारी, प्रत्यास्कन्दक, प्रत्यास्थानक।

resin[1] रे`'ज़िन् n.(वन०) **सर्जास**, उद्यास,(रसा०)**रेज़िन**, धूना, यक्षधूप[F]; (प्रा० भू०) **लीसा, राल**[F]; **बरोजा**; (रासायनिक क्रिया[F] द्वारा प्राप्त) धूप[F] जैसे पदार्थ;

~ blaze, ~ canal, ~ cavity, ~ cerate, ~ channel, ~ distiller, ~ duct, ~ enamel, ~ gall, ~ ointment, ~ opal, ~ passage, ~ plaster, ~ tapper, ~ tapping.

resin[2] v.t. धूना देना, राल[F] मलना या लगाना।

resinaceous –ने'शॅस् a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यास-रूप, उद्यासवत्, राल-जैसा, राल[F]का, राल-युक्त।

resined –न्ड् a. उद्यासित, रालवाला।

resinic रिज़ि'निक् a. सर्जासीय, उद्यास-विषयक, रेज़िन-विषयक, धूनेवाला, धूनेका, धूप-सम्बन्धी, राल[F]का; सर्जासोत्पन्न, उद्यास-जनित, धूप[F]से पैदा हुआ, राल[F]से निकला हुआ।

resiniferous –नि'फ़ॅरॅस् a. ससर्जास, उद्यासयुक्त, रेज़िनयुक्त, धूनेवाला, धूपयुक्त, रालवाला; सर्जासोत्पादी, धूप[F] पैदा करनेवाला, राल[F] देनेवाला।

resinification –फ़िके'शॅन् n. उद्यासयुक्त बनानेकी क्रिया[F]।

resiniform –निफ़ार्म a. सर्जासवत्, उद्यास-सदृश, रेज़िन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा।

resinify –ज़िनिफ़ाइ v.t. & i. रालयुक्त बनाना या होना, राल[F] बनाना या बनना।

resinise –नाइज् v.t. राल[F] मिलाना।

resinoid –नॉइड् a. & n. उद्यासाभ, राल-जैसा (पदार्थ), राल-जैसी (वस्तु[F])।

resinosis ⊙–नो'सिस् n. उद्यास-स्राव, राल[F]का असाधारण स्रवण।

resinous –ज़िनॅस् a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यासरूप, उद्यासवत्, (चि०) राल-स्वरूप, (वन०) **रालदार**, राल-जैसा, राल[F]का, धूना-मिला; ~ lustre (प्रा० भू०) **बेरोजा द्युति**[F]।

resinousness –नॅस् n. उद्यासमयता[F], उद्यासरूपता[F], उद्यासवत्ता[F], धूपयुक्तता[F], रालयुक्तता[F]।

resiny –नि a.= RESINOUS.

resipiscence रे`सिपि'सॅन्स् n. अनुभव, अनुभव-बुद्धि[F], अनुभव-ज्ञान, अनुभूति[F], संचित ज्ञान; दोष-स्वीकरण, त्रुटि-स्वीकरण, गलती[F] मानना; अनुताप, पश्चात्ताप।

resipiscent–न्ट् a. अनुभवी, अनुभव-बुद्धि-युक्त, संचित-ज्ञानयुक्त, अनुभूतिमय; पश्चात्तापपूर्ण।

resist[1] रि`ज़िस्ट्' n. रोध, रोधी, मसाला।

resist[2] v.t. & i. बाधा[F] देना, (रा०) **प्रतिरोध करना**, मार्गावरोध करना, गतिरोध करना, विरोध करना, खिलाफ होना, मुकाबला करना; निवारण करना, रोकना, दूर[F] रखना; प्रवेश न करने देना, बाहर रखना; प्रभावित न होने देना; चोट[F] न आने देना; सहन करना, रक्षा[F] करना, बचाना; खण्डन करना, न मानना; बचना, दूर[F] रहना (*who can ~ God's will !*); (किसीके विरुद्ध) प्रबल उद्योग करना, होड़[F] लगाना; [illegible] न होना, बात[F] माननेसे इनकार करना।

resistance [illegible] n. बाधा[F], (नि०, गतिरि०, [illegible], [illegible]) **प्रतिरोध**, प्रतिघात, अवरोध, विरोध; प्रतिरोध-शक्ति[F], विरोधका बल; बाधा[F], [illegible], प्रतिष्टम्भ, रुकावट[F], रोक[F], रोधा, [illegible]; (विद्युत् चुम्ब०, ताप) रोध, [illegible]; [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] प्रतिरोध [illegible] [illegible] होता है; [illegible]

प्रतिरोधक; passive ~ सत्याग्रह, अहिंसात्मक विरोध, शान्तिपूर्ण विरोध; *take line of least* ~ (ला०) सबसे सुगम मार्ग ग्रहण करना;

~ arm, ~ box, ~ bridge, ~ cell, ~ coil, ~ grid, ~ lamp, ~ movement, ~ over-come, ~ strip, ~ thermometer, ~ variety, ~ wire.

resistant[1] –न्ट् (जीव०, भौ०, गतिवि०) **प्रतिरोधी**, प्रतिरोधक व्यक्ति या वस्तु^F^ ।

resistant[2], **resistent, resistive** –न्ट्, –टिव् aa. रोधी, रोधक, (गति०, भौ०, जीव०)**प्रतिरोधी** (~ *rock*), प्रतिरोधनशील, प्रतिरोधकारी, निवारक, रोकनेवाला; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील ।

resisted –टिॅड् a. रुद्ध, अवरुद्ध, प्रतिरुद्ध ।

resistent –टॅन्ट् a. (क्व०) = RESISTANT.

resister –टॅर् n. प्रतिरोधक, अवरोधक, रोधकर्ता, विरोधी; passive ~ सत्याग्रही, अहिंसात्मक प्रतिरोधी ।

resistibility –टॅबि'लिटि n. रोध्यता^F^, प्रतिरोध्यता^F^, अवरोध्यता^F^, प्रतिरोधनीयता^F^; प्रतिरोध-शक्ति^F^, सहनशीलता^F^ ।

resistible –टॅबॅल् a. रोध्य, प्रतिरोध्य, प्रतिरोधनीय, प्रतिबाध्य, विरोध-योग्य, बाधा^F^ देने योग्य ।

resisting –टिंग् a. (चि०) प्रतिरोधी;

~ medium, ~ shoulder.

resistive –टिव् a. = RESISTANT.

resistivity –टि'विटि n. रोधिता^F^, रोधकता^F^, (भौ०) **प्रतिरोधकता**^F^, प्रतिरोधनशीलता^F^, प्रतिरोधता^F^, प्रतिरोधकारिता^F^, निवारकता^F^; तितिक्षा^F^, सहिष्णुता^F^, सहनशीलता^F^ ।

resistless –ट्'लिस् a. (का०) अप्रतिरोधनीय, अप्रतिरोध्य, अनिवार्य, प्रतिरोधशून्य, विरोधरहित, बाधाशून्य, बेरोक, विवश ।

resistlessness –निस् n. अप्रतिरोधनीयता^F^, अप्रतिरोध्यता^F^, अनिवार्यता^F^, प्रतिरोधशून्यता^F^, विरोधराहित्य, बाधाशून्यता^F^ ।

resistor –टॅर् n. (विद्युत्०) रोधी यन्त्र, तरंग-रोधक, (भौ०) **प्रतिरोधक** ।

res judicata (L) n. पहलेसे ही निर्णीत मुकदमा ।

resolubility रे'जॅलु(ल्यू)बि'लिटि n. विगलनीयता^F^, विघटनियता^F^, विश्लेष्यता^F^, घुलनशीलता^F^, घुलनेकी स्थिति^F^ ।

resoluble –जॅलु(ल्यू)बॅल् a. घुलने योग्य, विगलनीय, विश्लेष्य ।

resolute –जॅलु(ल्यू)ट् a. कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ, दृढ़निश्चय, स्थिरमति, स्थिर, दृढ़, अटल, अडिग, पक्का, कड़ा, हठी; साहसी, निर्भीक, जीवटका, हिम्मती, दिलेर ।

resolution –लू(ल्यू)'शॅन् n. (घटकोंमें) पृथक्करण, पृथग्दर्शन, (गतिवि०) **विघटन, खण्डन, गुणनखण्ड करना**; विश्लेषण, रूपान्तर, दूसरे रूपमें परिवर्तन, घटाव; (भौ०) **वियोजन, विभेदन**, (चि०) शोथोपशमन, सहज आरोग्य; पीप आये फोड़े-फुन्सियों^F^का बैठ जाना; पीप आये बिना सूजन^F^का लोप; (छ०; एक लम्बे शब्दांश-के स्थानपर छोटे शब्दांशोंका) उपस्थापन, प्रतिस्थापन; (संगीत) असंगति^F^से स्वर-संगति^F^की रचना^F^; शंका-समाधान, समस्या^F^का निराकरण, प्रश्नका सुलझाव, सवालका हल; (राज०) **प्रस्ताव, संकल्प**, (दर्श०) **निश्चय**, संकल्पका विषय; स्थिर चित्त, दृढ़ चरित्र; दृढ़ता^F^, दृढ़प्रतिज्ञता^F^, दृढ़संकल्पता^F^, इरादेकी कड़ाई^F^ ।

resolutioner –नॅर् n. प्रस्तावक, प्रस्ताव-सहयोगी, प्रस्ताव-भागी, प्रस्तावमें हिस्सा लेनेवाला ।

resolutive –जॅल(ल्यू)टिव् a. & n. विघटनकारी (लेप), विगलनीय (औषध^F^), विगलनशील, विश्लेषणकारी (पदार्थ), घुलनेवाली (दवा^F^); निर्णयकारी (~ *condition*) ।

resolvability रि'जॉल्वॅवि'लिटि n. विभेद्यता^F^, विश्लेष्यता^F^, विश्लेषणीयता^F^, खण्डनीयता^F^, द्रविता^F^, विघटनीयता^F^, विगलनशीलता^F^; परिवर्तनीयता^F^, रूपान्तरणीयता^F^; समाधानार्हता^F^, सुलझानेकी योग्यता^F^; निश्चयार्हता^F^ ।

resolvable –वॅबॅल् a. विभेद्य, विश्लेष्य, विश्लेषणीय, खण्डनीय; द्रावक, विघटनीय, विगलनीय, विगलनशील; परिवर्तनीय, रूपान्तरणीय, बदलने योग्य; समाधानार्ह, सुलझाने योग्य, हल करनेमें सहायक; निश्चयार्ह, इरादा करने लायक ।

resolve[1] –व् n. संकल्प, दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा^F^, इरादा (*she kept her* ~); (रसा०, भौ०) **वियोजन, विभेदन**; (का०) संकल्पशक्ति^F^, दृढ़ता^F^, अडिगपन (*a mind of high* ~) ।

resolve[2] v.t. & i. निर्गलित होना, विगलित होना, विघटित होना, पिघलना, पिघलाना, घोलना, घुलना, गलाना, गलना, खोलना; (रसा०) **वियोजित करना, विभेदन करना**, विच्छेद करना, विश्लेषण करना, **विघटित करना**, व्यवच्छेद करना, (ग० भौ) **खण्डित करना, खण्डन करना**, खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े करना, छिन्न-भिन्न करना, पृथक् करना या होना; परिवर्तित करना या होना, रूपान्तरित करना या होना, बदलना; (संगीत) सस्वर बनना, सुर मिलाना, सुरीला होना; समाधान करना, स्पष्ट करना, सुलझाना, हल करना, साफ करना (*the problem of its origin is still to be* ~ *d*); व्याख्या^F^ करना, मीमांसा^F^ करना; मनस्थ करना, दृढ़ निश्चय करना, संकल्प करना; प्रस्ताव करना, ठान लेना, इरादा करना, ठानना, ठहराना; (विधानसभा^F^ इत्यादिका) पारित करना; (परिस्थितियों^F^ आदिका किसी व्यक्तिको कार्य करनेके लिए) कटिबद्ध करना; (चि०) प्रकृतिस्थ करना, विकारोपशम करना ।

resolved –ड् a. द्रवित, विगलित, (ग० भौ) विघटित, वियोजित (~ *art*), विश्लिष्ट (~ *element*); प्रस्तावित; पारित; स्थिर, दृढ़, दृढ़प्रतिज्ञ, संकल्पित ।

resolvedness –विॅड्-निस् n. द्रवितत्व, विगलितत्व, विघटितत्व, विश्लिष्टता^F^; प्रस्तावितता^F^, पारितता^F^,

स्थिरता^{F}, दृढ़ता^{F}, दृढ़प्रतिज्ञा^{F}, संकल्प ।

resolvent^1 –वॅन्ट् n. विघटनकारी पदार्थ; (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, विशोषक औषधि^{F}; शोथहर औषध^F या लेप ।

resolvent^2 a. (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, शोथहर; विघटनकारी, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला, अलग-अलग करनेवाला; गलाऊ, घुलाऊ ।

resolver –वॅर् n. निर्गलक, विगलक, विघटयिता; विभेत्ता, विच्छेत्ता, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला; व्याख्याकार, मीमांसाकार; हल करनेवाला, साफ करनेवाला; निश्चेता, संकल्पक; प्रस्तावक ।

resolving –विंग् a. विघटन, विघटनकारी; ~ power (भौ०) **विभेदकता^{F}, विभेदन-क्षमता^{F}** ।

resonance रे'ज़नॅन्स् n. (भौ०, चि०) **संस्पन्दन, अनुस्पन्दन,** (रसा०) **अनुकम्पन, संदोलन;** (भौ०, चि०) **अनुनाद,** प्रतिनाद, प्रतिध्वनि^{F}, प्रतिस्वन, प्रतिस्वनिता^{F}, गूँज^F, गमक^F, झंकार^F;

~ absorption, ~ box, ~ curve, ~ energy, ~ level, ~ line, ~ method, ~ potential, ~ scattering, ~ structure, ~ tube.

resonant –नन्ट् a. (भौ०) **अनुनादी** (~ *circuit*), प्रतिस्वनी (~ *recorder*); अनुनादित, प्रतिध्वनित, प्रतिनादित, शब्दायमान, गुंजित, मुखरित, गूँजनेवाला, झंकारभरा, गमकदार ।

resonate –नेट् v. i. (रसा०) **संस्पन्दन करना,** अनुनादित होना, ध्वनित होना, झंकृत होना, कम्पित होना, प्रतिध्वनित होना, मुखरित होना, गूँजना ।

resonation –ने'शॅन् n. (रसा०) **संस्पन्दन** ।

resonator –टॅर् n. अनुनादी, (चि०, भौ०) **अनुनादक,** प्रतिध्वनक; अनुनादक यन्त्र, (ध्वनियों^{F}को अनुनाद प्रदान करनेका साधन) ।

resorb रि'सॉर्ब्' v.t. निगल जाना, गटक जाना, लीलना; पुनः ग्रहण करना, फिरसे खपा लेना ।

resorbent –'बन्ट् a. (चि०) विकृत द्रव्य चूषक; पुनःग्राहक, संचूषक, फिरसे सोखनेवाला, फिरसे खपालेनेवाला ।

resorcin रे'ज़ॉर्'सिन् n. शैवाल, रंगका गोंद ।

resorption रि'सॉर्प्'शॅन् n. (चि०) विकृत द्रव्य-चूषण; पुनर्ग्रहण, पुनश्चूषण, फिरसे सोखना, फिरसे खपा लेना ।

resorptive –'टिव् a. पुनर्ग्रहणात्मक, पुनर्ग्रहण-निपाक, फिरसे सोखनेका, पुनर्चूषी, चूषणशील, पुनर्ग्राहक, फिरसे खपा लेनेवाला, पुनः सोखनेवाला ।

resort^1 रि'ज़ॉर्ट्' n. आश्रय, अवलम्ब, शरण^F; उपाय, युक्ति^{F}; साधन, मार्ग, चारा, रास्ता; समागम, गमनागमन; गमनस्थान, समागमस्थान; स्थान (*health, holiday*, ~); जमाव, भीड़^{F}; गीत; *in the last* ~ अन्तिम प्रयत्नके रूपमें ।

resort^2 v.i. आश्रय लेना, अवलम्बित होना, शरण^F लेना, सहायता^{F} लेना, आसरा लेना, सहारा लेना, काम लेना, मदद^F चाहना; कहीं संख्यामें जाना; आना-जाना; प्रयोग करना, लगाना ।

re-sort^3 री-सॉर्ट्' v.t. दुबारा छाँटना, फिरसे बीनना या चुनना ।

resorter रि'ज़ॉर्'टॅर् n. आश्रयी, अवलम्बी, शरणार्थी, आसरा लेनेवाला, सहारा लेनेवाला, काम लेनेवाला ।

resound रि'ज़ॉउन्ड्' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिनादित होना, अनुनादित होना, गूँजना; स्थानको ध्वनित करना, आवाज^{F}से भर देना; प्रतिध्वनि^{F} उत्पन्न करना, गूँज^F पैदा करना; यशोविस्तार करना, कीर्ति-प्रसार करना, प्रसिद्धि फैलाना, मशहूर कर देना; (ख्याति^{F} या घटना^{F}की) चर्चा^{F} होना, फैलना; हलचल^F फैलना, धूम^F मचाना, सनसनी^{F} पैदा करना; (उच्चस्वरमें) पुनरावृत्ति^{F} करना, दुहराना ।

resounding –डिंग् a. प्रतिध्वनिशील, प्रतिनादी, अनुनादी, गूँजनेवाला, आवाजसे भर देनेवाला; यशोविस्तारक, कीर्तिप्रसारक, प्रसिद्धि फैलानेवाला, मशहूर करनेवाला; धूम^F मचानेवाला, सनसनी^{F} पैदा करनेवाला ।

resource रि'सोऑर्स् n. (pl.; देशके सामूहिक) (राज०) **साधन,** संसाधन, साधन-स्रोत, **स्रोत,** उपाय, गति^{F}, मार्ग, चारा, रास्ता; धन, विभव, सम्पत्ति^{F}, द्रव्य, सामग्री^{F}, (अव क्र०) सहायता^{F}की सम्भावना^{F}, सहारेकी आशा^{F}, कालक्षेपका उपाय, समय काटनेका साधन, अवकाशका काम; कल्पनाशक्ति^{F}, कुशाग्र बुद्धि^{F}, व्युत्पन्न मति^{F}, उद्योग बुद्धि^{F}, हाजिरदिमाग; ~ operation (अर्थ०) **धन-परिचालन** ।

resourceful –'फुल् a. साधन-सम्पन्न; उद्योगी, उद्योगशील; युक्तिपूर्ण; व्युत्पन्नमति, उद्योगबुद्धिवाला, सूझबूझवाला, हाजिर-दिमाग ।

resourcefulness –नि'स् n. साधनसम्पन्नता^{F}, युक्तिपूर्णता^{F}, उद्योगीलता^{F}; प्रत्युत्पन्नमतित्व, व्युत्पन्न मति^{F}, उद्योग बुद्धि^{F}, सूझबूझ^F, हाजिरजवाबी^{F} ।

resourceless –'लि'स् a. असहाय, निराश्रय, साधन-शून्य, साधनहीन; युक्तिहीन, उद्योगरहित; अवकाश कार्य-रहित; उद्योगबुद्धिहीन, बिना सूझबूझ^{F}का ।

resourcelessness –नि'स् n. साधनशून्यता^{F}, साधनहीनता^{F}; युक्तिहीनता^{F}, बलाभाव, उद्योगाभाव; अवकाश-शून्यता^{F}, उद्योगबुद्धिहीनता^{F}, सूझबूझ^{F}की कमी^{F} ।

respeak रीस्पीक' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिवादित होना, अनुवादित होना, गूँजना, उत्तर देना, जवाब देना ।

respect^1 रि'स्पेक्ट् n. प्रसंग, सन्दर्भ, प्रकरण, विषय, सम्बन्ध, बात (प्रायः *to* के साथ) (*the terms have ~ to position alone*); ध्यान, ख्याल, लिहाज (*have not or had, paid ~ to anything but colour*); दृष्टि^{F}, पक्ष, पहलू (*in all ~s*); विचार; मान, **सम्मान,** अर्चा^{F}, सत्कार, **आदर*,** इज्जत^F; (pl. *my, his* आदिके साथ) अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार; *in ~ of* के बारेमें ।

respect^2 v.t. सम्बन्ध रखना, सम्पर्क रखना, सम्बन्धित होना, विषयमें होना; मान करना, सम्मान करना,

सम्मानित करना, सत्कार करना, आदर करना, इज्जतF करना; ध्यान रखना, ख्याल रखना, लिहाज करना; श्रद्धाFका बर्ताव करना; ~ *innocence* or *the innocent* भ्रष्टाचारसे दूर रहना, पापोंसे विरत रहना, पतनसे बचना; ~ *oneself* आत्मसम्मानका ध्यान रखना; ~ *persons* (प्रभावके कारण) अनुचित पक्षपात करना, रिआयतF करना; ~ *yourself and you will be* ~ *ed* अपनी मर्यादाF अपने हाथ, अपनी इज्जतF अपने हाथ।

respectability –टॅबि'लिटि n. आदरणीयताF, मान्यताF, सम्माननीयताF, सम्मानार्हताF; प्रतिष्ठाF, सम्मान; भद्रजन, सम्मानित लोग, आदरणीय व्यक्ति, बड़े आदमी।

respectable –'टॅबॅल् a. मान्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद (~ *gentleman*); विशिष्ट, महत्त्वशाली, महत्त्वपूर्ण, सुनामयुक्त; गुणयुक्त, सद्‌गुणविशिष्ट; पर्याप्त, बहुत अधिक, बहुत काफी (~ *antiquity*); भद्र, साधु, सज्जन, सम्मानित, प्रतिष्ठित; योग्य, श्रद्धास्पद, सच्चरित्र, भला, नेक, ईमानदार; सज्जनोचित, भद्र व्यक्तिके अनुकूल।

respectableness –नि॒स n. RESPECTABILITY.

respectables ⊙–ल्ज़् n. (pl.) सम्मानित जन, प्रतिष्ठित पुरुष, भद्र लोग।

respectant रि॒स्पे॒क्'टॅन्ट् a. मिथःदर्शी, परस्परापेक्षी, एक-दूसरेकी ओर देखनेवाला।

respecter –टॅर् n. (~ *of persons*) पक्षपाती, पक्षपात करनेवाला।

respectful रि॒स्पे॒क्ट्'फुल् n. विनीत, विनयशील, सविनय, आदरसूचक, आदरपूर्ण, सादर, सम्मानपूर्ण, श्रद्धायुक्त, भद्र, शिष्ट (~ *behaviour*)।

respectfulness –नि॒स् n. विनयF, विनयशीलताF, विनीतताF, सम्मानपूर्णताF, श्रद्धालुताF, आदरसूचकताF, आदरपूर्णताF।

respecting रि॒स्पे॒क्'टिंग् prep. के सम्बन्धमें (*legislation* ~ *property*)।

respective –टिव् a. तत्सम्बन्धी, स्व-स्व, निज-निज, अपना-अपना, (विधा०) **अपनी-अपनी**, वैयक्तिक, निजी (*go to your* ~ *places*); विभिन्न।

respectively –लि adv. क्रमशः, यथाक्रम, यथायोग, **क्रमानुसार**, क्रमसे, एक-एक करके, अपने-अपने ढंगसे।

respectless रि॒स्पेक्ट्'लि॒स् a. मानहीन, सम्मानविहीन, सत्कारविहीन, आदरहीन, अनादृत, बेइज्जत।

respirability रे॒स्पॅरॅबि'लिटि, रि॒स्पाअॅरॅबि'लिटि n. निःश्वास-प्रश्वासोपयुक्तताF, श्वसन-योग्यताF, श्वास-योग्यताF।

respirable –'पॅरॅबॅल्, 'रॅबॅल् a. निश्वास-प्रश्वासोपयुक्त, श्वसन-योग्य, श्वास-योग्य।

respiration रॅस्पॅरे'शॅन् n. (चि०, रसा०, कृषि० जीव०) **श्वसन**, (~ *apparatus*), **श्वास-प्रश्वास**, **साँस**F लेना; श्वास-प्रश्वास-क्रियाF; प्राण, **श्वासोच्छ्वास**, श्वासF, साँसF, (पौधोंका) श्वास-परित्याग, श्वासग्रहण; विश्राम, आराम।

respirational –नॅल् a. श्वसन-विषयक, श्वासोच्छ्वास-विषयक, श्वास-सम्बन्धी, साँसFका; श्वास-परित्याग-विषयक, श्वास-ग्रहण-सम्बन्धी।

respirative –'पॅरॅटिव्, रिस्पाअॅ'रॅटिव a. = RESPIRATORY.

respirator –रेॅटॅर् n. श्वसित्र, (श्वासF लेनेका आला), **श्वास यन्त्र**, **साँस-यन्त्र**, रेसपिरेटर; (सेना०, विषैली गैसFसे रक्षार्थ) निस्यन्दन या विशोधक श्वसित्र।

respiratory, **respirative** –रि, रि॒स्पाअॅ'रेटिव् aa. (चि०, वन०, जीव०) **श्वास-**, **श्वसन-**, श्वास-प्रश्वास-सम्बन्धी; श्वसनकारी; ~ organ (चि०, जीव०) **श्वसनांग**, श्वास-यन्त्र;

~ aperture, ~ cavity, ~ centre, ~ disease, ~ enzyme, ~ heart, ~ movement, ~ organ, ~ passage, ~ pigment, ~ quotient, ~ root, ~ stimulant, ~ system, ~ tree, ~ tube, ~ valve.

respire रि॒स्पाअॅर' v.i. & t. श्वासोच्छ्वास करना, श्वास-प्रश्वास लेना, साँसF लेना और निकालना, श्वासF निकालना, दमF लेना; सुस्ताना, आराम करना।

respirometer रे॒स्पॅरॉ'मि॒टॅर् n. (चि०) श्वासमान, श्वास-मापक यन्त्र, श्वसन-स्वरूप-मापक यन्त्र।

respiroscope –पाअॅ'रॅस्कोप् n. (वन०) **श्वसनदर्शी**।

respite[1] रे॒स्'पिट् n. अवकाश, विरतिF, लघु विराम, विश्राम, विश्रान्तिF, फुरसतF, **विराम**, आराम; उपस्थगन, प्रास्थगन; मध्यान्तर, देरF, नागा; अवकाश-दान, मोहलतF।

respite[2] v.t. अवकाश देना, विराम देना, फुरसत करना; दण्डदान स्थगित करना, सजाF मुल्तवी करना; आभारग्रहण स्थगित करना; अवकाश-दान करना, छुट्टीF देना, मोहलतF देना; (कष्ट इत्यादिसे) स्थायी छुटकारा देना, आराम देना; (सेना०) वेतन रोक लेना।

resplendence, **-cy** रि॒स्प्ले॒न्'डॅन्स, -सि nn. दीप्तिF, आभाF, उज्ज्वलताF, तेज, ज्योतिF, प्रकाश, चमक-दमकF, जगमगाहटF।

resplendent –न्ट् a. दीप्त, अत्युज्ज्वल, समुज्ज्वल, प्रकाशमय, विभ्राजमान, देदीप्यमान, जगमगाता हुआ।

respond[1] रि॒स्पॉन्ड' n. (स्था०) (मेहराबको सहारा देनेके लिए दीवालसे लगा हुआ) अर्द्धस्तम्भ; (स्था०) **भित्तिस्तम्भ**, याजक द्वारा उच्चारित पंक्तिF, श्रोतागण द्वारा दिया गया उत्तर।

respond[2] v.i. प्रश्नोत्तर करना, सवाल-जवाब देना; उत्तरमें कोई कार्य करना; उत्तर देना, जवाब देना; (व्यवहार या परिवर्तन द्वारा) प्रतिचार होना, संवेदनशीलताF प्रकट करना, शक्तिF या उत्तेजनाFके अनुसार कार्य करना, प्रभावित होना, प्रतिक्रियाF दिखाना (*does not* ~ *to kindness*); सदृश होना, अनुकूल होना, जोड़का होना।

respondeat –डीॲट् उन्हें (या उसे) उत्तर देने दो।

respondence, **-cy** रि॒स्पॉन्'डॅन्स्, -सि nn. उत्तर,

प्रत्युत्तर, जवाब; सादृश्य, अनुकूलता^F, मेल, जोड़ ।
respondent रे`स्पॉन्'डॅन्ट् a. & n. (कानून) प्रतिवाद अस्वीकर्ता; प्रतिवादी, (का०) **प्रत्यर्थी**, प्रतिपक्षी, उत्तरवादी, मुद्दआलह ।
respondentia रें`स्पान्डें'न्'शिअॅ n.(वाणि०) पोत-ऋण, जलयान-ऋण, **नौभारबन्धक**, (जो जहाजके ठीक हालत^Fमें पहुँचनेपर दिया जाता है; (~ *bond*) ।
responding रि`स्पॉन्'डिंग् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी; अनुरूप ।
responsal –'सॅल् n. = RESPONSE.
response –स्' n. **उत्तर, प्रत्युत्तर,** (चि०) प्रतिवेदन, प्रतिवचन, **जवाब; प्रतिक्रिया^F, अनुक्रिया^F,** (~ *words*), **अनुचार,** प्रतिचार, प्रतिचेष्टा^F, (*in ~ to*; *made no ~*); संवेदनशीलता^F (*called forth no ~ in his breast*); (ईसा०, पादरी द्वारा उच्चारित पंक्ति^Fके) उत्तरके रूपमें गायी गयी पंक्ति^F ।
responsibility –सॅबि'लिटि n. दाय, **दायित्व, उत्तरदायित्व,** प्रष्टव्यता^F, **जिम्मेदारी^F**, जवाबदेही^F ।
responsible* –'सॅबॅल् a. दायी, दायग्रस्त, **उत्तरदायी***, प्रष्टव्य, **जिम्मेदार***, जवाबदेह (~ *agent*); विख्यात, प्रसिद्ध; आदरणीय; विश्वसनीय; उत्तरदायित्वपूर्ण, जिम्मेदारीवाला (*a ~ office*) ।
responsibleness –निॅस् n. = RESPONSIBILITY.
responsions रि`स्पॉन्'शन्ज़् n. (pl.) आक्सफर्डकी बी० ए० की उपाधि^Fके लिए तीन परीक्षाएँ^F ।
responsive रि`स्पान्'सिव् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी, उत्तरदान-प्रवण, प्रत्युत्तर देनेवाला, जवाबी; (किसीके प्रभावके प्रति) सत्वर प्रवृत्त, संवेदनशील, प्रतिक्रियात्मक, संवादी (~ *cooperation*); करुणापूर्ण, समवेदनापूर्ण, सहानुभूतिसूचक, हमदर्द ।
responsiveness –निॅस् n. प्रतिचारिता^F, प्रत्युत्तरदायिता^F, उत्तरदान-प्रवणता^F; संवेदनशीलता^F, **अनुक्रियाशील, अनुक्रियात्मक,** प्रतिक्रियात्मकता^F; करुणामयता^F, सहानुभूति^F, समवेदना^F, हमदर्दी^F ।
responsory[1] रि`स्पॉन्'सॅरि n. बाइबिल^Fके पाठके साथ गाया गया भजन ।
responsory[2] a. सप्रत्युत्तर, उत्तरपूर्ण, जवाबवाला ।
ressaldar रे`सॅल्डार' n. रिसालदार ।
rest[1]* रे`स्ट्' n. (अर्थ०, चि०) **विश्राम**, उपशान्ति^F, (स्थिति वि०) **विराम**, सुख, (अर्थ०) **आराम***, चैन; शयन, निद्रा^F, नींद^F (*go, retire to ~*); विश्रान्ति^F, कार्य-निवृत्ति^F, व्यापार-निवृत्ति^F, फुरसत^F; स्थिरता^F, अचलता^F, निश्चलता^F, निश्चेष्टता^F, ठहराव; विश्रान्तिकाल, कार्यनिवृत्ति-समय, फुरसत^Fका समय; विश्रामस्थल, आरामकी जगह^F; आश्रय, अवलम्ब, आधार, सहारा, टेक^F; (संगीत) विराम, नियत मध्यान्तर; विराम-संकेत, मध्यान्तर-चिह्न; day of ~ रविवार; ~-cure विश्राम-चिकित्सा^F; *at ~* शान्त, प्रशान्त, उपशान्त, विश्रान्त, निश्चल, निश्चेष्ट, अचल, स्थिर; निर्व्यापार, निरुद्योग; अक्षुब्ध, अनुद्विग्न, अव्यग्र, अव्याकुल; *lay to ~* समाधिस्थ करना, गाड़ना, दफन करना; *set person's mind at ~* शान्ति^F प्रदान करना, मानसिक शान्ति^F देना, आराम देना;
~ area, ~ day, ~ house, ~ mass, ~ pause, ~ periods, ~ room, ~ station, ~ shelter.
rest[2] v. i. & t. विश्राम करना, आराम करना, आराम देना, सुस्ताना; शान्त होना, निश्चल होना, निश्चेष्ट होना, स्थिर होना, थिर होना, चुप होना, ठहरना, टिकना, रुकना, रहना; सहारा देना, आश्रित होना, अवलम्बित होना, निर्भर रहना, सहारेपर होना, भरोसेपर होना, लेटना, पड़ा होना; टेक^F लगाना, सहारा लेना (*I ~ upon your promise*); विश्वास करना; ~ or *God ~ his soul* ईश्वर उनकी आत्मा^Fको शान्ति^F प्रदान करे; ~ *in the churchyard* समाधिस्थ होना, कब्र^Fमें पड़ा होना; ~ (*up*)*an one's oars* (थोड़े समयके लिए) परिश्रम बन्द करना; खेना बन्द करना; ~ *with* अधीन होना, हाथमें होना, अख्तियारमें होना, चार्जमें होना ।
rest[3] n. (इति०) भालेकी टेक^F ।
rest[4] n. शेष भाग, अवशेष, बाकी हिस्सा (*the ~ of it*); शेष जन, बाकी लोग; शेष मात्रा^F, बाकी संख्या^F; (महाजनी^F) सुरक्षित धननिधि^F; सुरक्षित पूँजी^F; (वाणि०) मालकी जाँच-पड़ताल^F; (टेनिस आदि) गेंद^Fके इधरसे उधर जानेके बीचका अन्तराल ।
rest[5] v. i. (प्रा०) शेष रहना, बाकी रहना, बचना; (*whatever ~s of hope*); विशेष दशामें होना, रहना, बनना ।
restant –'टॅन्ट् a. = PERSISTANT.
restaurant रे`स्'टॅरॅन्ट् n. विश्रान्तिगृह, आरामघर; आहारगृह, उपाहारगृह, भोजनालय, होटल, रेस्तराँ; ~ car **भोजन-यान, खानेकी गाड़ी^F**, रेलगाड़ी^Fमें खानेका डिब्बा ।
restaurateur (F) रे`स्टॅरॅटर्' n. भोजनालय-पाल, भोजनालयका स्वामी, होटलका मालिक, रेस्तरांका मालिक ।
restauration रे`स्टॅरे'शॅन् n. = RESTORATION.
restful रे`स्ट्'फुल् a. शान्त, प्रशान्त, विश्रान्त; अबाध, निर्बाध, निरुपद्रव; प्रशामक, सुखजनक, आरामदेह ।
restfulness –निॅस् n. शान्ति^F, प्रशान्ति^F; विश्रान्ति^F, विश्राम, आराम; अबाधता^F, निर्बाधता^F, निरुपद्रवता^F; प्रशामकता^F, सुखजनकता^F, आरामदेही^F ।
rest-harrow रे`स्ट्"हैरो n. (कड़ी जड़वाली एक झाड़ी^F), रेस्टहैरो^F ।
restiform रे`स्'टिफ़ॉर्म् a. रज्जुवत्, रस्सी-जैसा, डोर-जैसा ।
resting रे`सॅ'टिंग् a. **विश्रामी** (~ *point*), आराम पानेवाला, आरामका (~ *period*); आश्रित, आलम्बित, विहित, स्थित, टिका हुआ, (on के साथ);
~ nucleus, ~ period, ~ point, ~

potential, ~ spore.

restitution रे`स्टिट्यू'शॅन् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी^F^, **वापस देना, वापस दिलाना;** क्षतिपूर्ति^F^; प्रत्यापनयन, पुनरुद्धार; (का०) **प्रत्यानयन, पुनरास्थापन** (~ bill), (कानून, गणित) पुनराप्ति^F^, (भौ०) **प्रत्यवस्थान,** प्रत्यास्थापन, पूर्वस्थितिस्थापन, पुनःस्थापन, स्थितिस्थापन, मूल अवस्था^F^में लाना या आना (~ *of conjugal rights*); ~ nucleus (कृषि०) **अपृथक् केन्द्रक।**

restitutive ⊙–'टिट्यूटिव् a. प्रत्यर्पक, प्रतिदानी, वापस करनेवाला; क्षतिपूर्तिकर्ता, नुकसानदेही चुकानेवाला; प्रत्यापनेता, पुनरुद्धारक, प्रत्यवस्थापक, प्रत्यास्थापक, पुनःस्थापक।

restitutory ⊙–टॅरि a. प्रत्यर्पणात्मक, प्रतिदानविषयक, वापसीका; क्षतिपूर्ति-सम्बन्धी, नुकसानदेहीका; प्रत्यापनयन-विषयक, पुनरुद्धार-सम्बन्धी; प्रत्यवस्थान-विषयक, पुनःस्थापन-सम्बन्धी।

restive, restiff रे`स्'टिव्, रे`स्'टिफ् (प्रा०) aa. दुर्दम, दुर्दान्त, दुर्वृत्त, दुष्ट, दुर्विनीत, उद्धत, हठी, जिद्दी, मुँहजोर; (घोड़ा) मचला, मगरा, अड़ियल, बेकाबू, भड़का हुआ; अशान्त, क्षुब्ध, व्याकुल, व्यग्र, विह्वल, उद्विग्न, बेचैन, परेशान; चंचल, चल, चलनशील, कम्पनशील।

restiveness –नि`स् n. दुर्दमता^F^, दुर्दान्तता^F^, दुर्वृत्तता^F^, दुर्विनय^F^, औद्धत्य, हठ, जिद्द^F^; अड़ियलपन, भड़कन^F^, अशान्ति^F^, क्षुब्धता^F^, व्याकुलता^F^, व्यग्रता^F^, विह्वलता^F^, उद्विग्नता^F^, परेशानी^F^; चंचलता^F^, चलता^F^, चलनशीलता^F^, कम्पनशीलता^F^।

restless रे`स्ट्'लि`स् a. व्यग्र, व्याकुल, उद्विग्न, अशान्त, विह्वल, बेचैन, परेशान, चल, चंचल, चपल, अस्थिर, सदागति।

restlessness –नि`स् n. उद्वेग, व्यग्रता^F^, **व्याकुलता^F^,** उद्विग्नता^F^, अशान्ति^F^, **बेचैनी^F^;** चलता^F^, चंचलता^F^, चपलता^F^।

restorable रि`स्टॉऑ'रॅ`बॅल् a. प्रत्यर्पणीय, प्रतिदेय, लौटाने योग्य, वापस करने लायक; प्रत्यानेय, पुनर्नियोज्य, पुनःस्थाप्य; पुनःसंस्कार्य, पुनःसंस्करणीय।

restorableness –नि`स् n. प्रत्यर्पणीयता^F^, प्रतिदेयता^F^, लौटाये जानेकी स्थिति^F^, वापस किये जानेकी अवस्था^F^; प्रत्यानेयता^F^, पुनर्नियोज्यता^F^, पुनःस्थाप्यता^F^, पुनःसंस्कार्यता^F^, पुनःसंस्करणीयता^F^।

restoration रे`स्टॅरे`शॅन् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी^F^; प्रत्यानयन, (का०) **प्रत्यावर्तन,** परावर्तन, **पुनःस्थापन,** यथास्थापन, पलटाना; (चि०) **पुनर्नवीकरण,** प्रत्यास्थापन, आरोग्यलाभ; (विनष्ट पशु या इमारत^F^ आदिका) प्रतिचित्रण, नमूना; उत्थान, समुत्थान, उन्नति^F^, विकास, पुनरुद्धार; **फिरसे चालू करना।**

restorationism –निज़्म् n. भावीसुखवाद।

restorationist –निस्ट् n. भावीसुखवादी।

restorative[1] रि`स्टॉ'रॅटिव् n. (चि०) स्वास्थ्यस्थापक, वाजीकरण, पौष्टिक भोजन, बलकारक ओषधि^F^।

restorative[2] a. पौष्टिक, बलकारक, बलवर्द्धक, सत्त्ववर्धक, वाजीकरण, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यदायक; (चि०) **पुनर्नवीकर;** प्रत्यास्थापक; ~ process पुनःस्थापन प्रक्रिया^F^।

restore रि`स्टोऑ'र' v.i. प्रत्यर्पण करना, प्रतिदान करना, लौटाना; वापस करना; (भौ०) **प्रत्यावर्तित करना, पुनःस्थापन करना;** प्रत्यानीत करना, पुनःस्थापित करना; पुनर्नियोजित करना, पुनः नियुक्त करना, दुबारा बहाल करना; वापस देना, फेर देना; स्वस्थ करना, चंगा करना; तन्दुरुस्त करना; (प्रायः छूटे हुए शब्दोंको) पुनः प्रयोगमें लाना; पूर्वस्थानपर लाना, पुनरुद्धार करना, पूर्ववत् कर देना, मरम्मत^F^ करना; ज्यों-का-त्यों कर देना; सुधार करना, पुनःसंस्कार करना, सँवारना, सुधारना।

restorer –'रॅर् n. प्रत्यर्पयिता, प्रतिदाता, वापस करनेवाला; प्रत्यानेता, पुनर्नियोक्ता; पुनःसंस्कर्ता, पुनरुद्धारक, पुनःसंस्कारक, पुनःस्थापक, बहाल करनेवाला।

restrain[1] रि`स्ट्रेन्' v.t. प्रतिबद्ध करना, संयत करना, प्रतिरोध करना, निरोध करना, नियन्त्रणमें रखना, शमन करना, **निग्रह करना,** दमन करना, दबाना; (का०) **अवरुद्ध करना,** सीमाबद्ध करना, सीमा^F^में घेरना, बन्द करना, रोकना, अटकाना; कारावासमें रखना, घेरना, कैद^F^ करना, हिरासत^F^में लेना।

re-strain[2] री-स्ट्रेन् v.t. फिर तानना, फिर फैलाना, फिर कसना, पुनः भार डालना।

restrainable रि`स्ट्रे'नॅबॅल् a. दम्य, संयम्य, निरोध्य, नियन्त्रणीय, दबाने योग्य, रोकने योग्य, काबूमें रखने लायक; कैद^F^ करने योग्य, हिरासत^F^में लेने लायक।

restrained –न्ड् a. संयत, नियन्त्रित, आत्मसंयत; संयमयुक्त, नियन्त्रणपूर्ण।

restrainer –'नॅर् n. प्रतिबन्धयिता, संयत करनेवाला, प्रतिरोधक, नियन्ता, निरोधक, नियन्त्रक, विग्रहीता, शामक; सीमा-बन्धक व्यक्ति या वस्तु^F^।

restraining –निंग् a. अवरोधक, नियन्त्रक (~ *order, statute*)।

restraint रि`स्ट्रेन्ट्' n. दमन, **संयम,** (कृषि०) **निग्रह,** निरोध, **अवरोध,** प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, (कृषि०) रोक^F^, बन्धेज, अटकाव, रुकावट^F^, पाबन्दी^F^; कारावास, कैद^F^, हिरासत^F^; शिष्टाचार, व्यवहार-संयम, तकल्लुफ; आत्मनिग्रह, आत्मनियन्त्रण, संयमन; अतिशयोक्तिहीनता^F^, अत्युक्तिहीनता^F^; *under* ~ (पागलखानेमें) बन्द, कैद^F^, हिरासत^F^में; *without* ~ स्वतन्त्रतापूर्वक, नियन्त्रणके बिना, बेरोक-टोक, जी खोलकर, आज़ादी^F^से।

restrict रि`स्ट्रिक्ट' v.t. सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमा^F^ बाँधना, निर्बन्धित करना, **निर्बद्ध करना,** घेरना, बाँधना; संयत करना; प्रतिबद्ध करना, बन्धेज करना, हद्द^F^ बाँधना, रोक^F^ लगाना, रोकना।

restricted –'टि`ड् a. **निर्बद्ध, सीमित, प्रतिबन्धित, प्रतिबद्ध, निरुद्ध, बाधित,** सीमाबद्ध, आयत्रित; निषिद्ध; संकुचित, संकोचित;

~ assets, ~ pay, ~ rotation, ~ supply, ~ tenure, ~ trade, ~ train, ~ visibility.

restriction –'शॅन् n. सीमाबन्धन, हदबन्दी[F]; **परिच्छेद;** आयन्त्रण, नियन्त्रण; बन्धन, **निर्बन्धन,** निबन्धन, निरोध, **प्रतिबन्ध,** अवरोध, बाधा[F], **रोक**[F], रुकावट; संयम, मर्यादा[F], नियम, **पाबन्दी**[F], कैद[F]; संकोच।

restrictionist –निस्ट् n. प्रतिबन्धवादी, आयन्त्रणवादी, नियन्त्रणवादी, निबन्धनवादी, निरोधवादी, अवरोधवादी; नियमवादी।

restrictive –'टिव् a. (का०) **निर्बन्धक, निर्बन्धात्मक,** अवधारक, सीमाबन्धक, प्रतिबन्धक, (वाणि०) प्रतिबन्धी (~ *provision*), आयन्त्रक, नियन्त्रक, अवरोधक; नियामक (*provision*)।

resty रे'स्'टि a. = RESTIVE.

result[1] रि'जल्ट्' n. निष्पत्ति[F], **परिणाम,** अन्त, **फल,** उत्तर, **नतीजा,** हासिल; प्रत्यावर्तन; *without* ~ व्यर्थ, निष्फल, निष्परिणाम, निरर्थक।

result[2] v.t. परिणत होना, परिणाम निकलना, फलित होना, फलदायक होना, नतीजा निकलना; शेष होना, अवशिष्ट होना, अन्त होना, आखिर होना; निकालना।

resultance रि'जल्'टॅन्स n. परिणति, निष्पत्ति[F], निष्पादन, परिणाम, फल।

resultant[1] –न्ट् n. फलक, संयुक्त परिणाम।

resultant[2] a. सहोत्पन्न, समवायजनित, संघातोत्पन्न; (गति०, रसा०, भौ०) परिणामात्मक, (भौ०) **परिणामित,** (ग०) **परिणामी,** परिणामस्वरूप, परिणामजन्य, फलित, फलस्वरूप लब्ध, परिणाम-स्वरूप प्राप्त;
~ couple, ~ displacement, ~ experience, ~ forces, ~ loss, ~ moment, ~ thrust, ~ velocity.

resulted –टिड् a. परिणत।

resultful –ट्'फुल् a. परिणामपूर्ण, फलदायक।

resulting –'टिंग् a. उद्भूत; जनित; फलस्वरूप, परिणामी, (गतिवि०) परिणामिक (~ *motion*); प्रत्यावर्ती (~ *curve*); ~ trust (का०) **प्रलक्षित न्यास।**

resultless –ट्'लिस् a. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, परिणायशून्य, बेकार।

resumable रि'ज्यू'मॅबॅल् a. पुनर्ग्रहणीय; पुनः वश करने योग्य (~ *tenure*)।

resume[1] रे'जुमे n. प्रत्याहार, सार, सारांश, सारार्थ, **सार-वृत्त,** सार-संग्रह, संक्षेप, संक्षिप्त विवरण।

resume[2] रि'ज्यूम्' v.t. & i. (का०) **प्रत्यादान करना,** पुनर्हस्तगत करना, **पुनर्ग्रहण करना,** पुनः धारण करना, पुनः अधिकारमें लाना, पुनः प्राप्त करना, फिर कब्जा करना (~ *authority*); **पुनरारम्भ करना, फिरसे आरम्भ करना,** फिरसे सँभालना या लेना, वापस लेना, दुबारा शुरू करना; संक्षिप्त करना, सारांशरूपमें कहना, संक्षेपमें पुनः कह जाना; ~ *pipe* पाइपको पुनः पीना आरम्भ करना।

resumed –ड्' a. पुनःप्राप्त, पुनर्धृत, पुनर्गृहीत, पुनरधिकृत, फिरसे कब्जेमें आया हुआ।

resummon रीस'मॅन् n. (का०) **पुनराह्वान।**

resumption रि'जम्प्'शॅन् n. (का०) **प्रत्यादान, पुनर्ग्रहण,** पुनरधिकार, पुनःप्राप्ति[F], दोबारा कब्जा; **पुनरारम्भ।**

resumptive –'टिव् a. प्रत्यादायक, पुनर्ग्राहक, पुनरधिकर्ता, ग्रहणशील, दोबारा कब्जा करनेवाला; आरम्भशील, पुनः आरम्भ करनेवाला, फिरसे शुरू करनेवाला।

resupinate रि'स्यू'पिनॅट् a. अन्तर्वलित, अन्तर्वक्रित, प्रतिवृत्त, (वन०) **प्रतिलोम, विपर्यस्त,** अन्दरकी ओर मुड़ा हुआ।

resupination –नें'शॅन् n. (चि०) पृष्ठशयन, पीठ[F]पर लेटना; अन्तर्वलन, अन्तर्वक्रण, प्रतिवृत्ति[F], प्रतिवर्तन, अन्दरकी ओर मोड़।

resupine –'पिन् a. पृष्ठशायी, चित, पीठ[F]के बल पड़ा हुआ।

resurgam (L) मैं फिर उठूँगा।

resurge रि'सर्ज' v.i. (हास्य०, क०) पुनरुत्थान करना; पुनरुज्जीवित होना, पुनः जी उठना, कब्र[F]से फिर उठ आना।

resurgence –'जॅन्स् n. पुनरुत्थानशीलता[F]; पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन, फिरसे सिर उठाना, दोबारा जी उठना।

resurgent[1] –न्ट् n. पुनरुत्थान करनेवाला व्यक्ति; मृतोत्थित व्यक्ति, मृत्यु[F]से उठनेवाला व्यक्ति, पुनःजीवित व्यक्ति।

resurgent[2] a. पुनरुत्थानशील; पुनरुज्जीवित होनेवाला, मृत्यु[F]से उठनेवाला, दोबारा जिन्दा होनेवाला।

resurrect रे'जॅरे'क्ट् v.t. (बोल०, क०) पुनर्जीवित करना, फिरसे जिन्दा करना, कब्रसे निकाल लेना; पुनः अभ्यास प्रारम्भ करना; स्मृति[F]को ताजा करना, याद[F]को नया बनाना।

resurrection –क्'शॅन् n. (क्राइस्टके कब्र[F]से उठनेकी स्मृति[F]में मनाया जानेवाला) एक ईसाई पर्व; (प्रलयके दिन) (दर्श०) **मृतोत्थान,** पुनरुत्थान; (शा० एवं ला०) शवोत्खनन, कब्र[F]के बाहर खोदकर निकाल लेना; (दर्श०) **पुनर्जीवन,** पुनरुज्जीवन, पुनः उभड़ना; पुनरुद्धार, पुनःप्रचार; पुनः स्मृति[F]में आना।

resurrectional –नॅल् a. मृतोत्थान-विषयक, खीष्टके कब्र[F]से उठनेसे सम्बन्धित; पुनरुज्जीवित होनेवाला; पुनः स्मृति[F]मे आनेवाला।

resurrectionist –निस्ट् n. शवचौर, मृतोत्थाना, कब्र[F]से उठानेवाला, मुर्दे ले जानेवाला।

resurvey[1] रीसर्'वे n. पुनःसर्वेक्षण; पुनरालोचन।

resurvey[2] रीसॅर्वे' v.t. पुनःसर्वेक्षण करना; पुनरालोचन करना।

resuscitant रि'स'सिटॅन्ट a. पुनःजीवक, पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनः जिन्दा करनेवाला, होशमें आने या लानेवाला; पुनः प्रचारमें आने या होनेवाला।

resuscitate –टेट् v.t. & i. पुनः सजीव करना; पुनर्जीवित करना या होना; पुनरुज्जीवित करना, पुनरुत्थापन करना, फिरसे जिला देना, फिरसे जी उठना; पुनः होशमें लाना; पुनः स्पष्ट करना या होना, पुनः व्यक्त करना या होना; पुनः प्रचारमें लाना या होना ।

resuscitation –टे'शॅन् n. पुनःसजीवता^F, पुनर्जीवन, पुनरुज्जीवन, प्रत्युपजीवन, पुनरुत्थापन, पुनरुत्थान, होशमें लाना, होशमें आना; पुनः प्रचारमें लाना या आना ।

resuscitative –'सिटेंटिव् a. पुनर्जीवित करनेमें समर्थ, पुनरुज्जीवित करने या होनेवाला; पुनर्जीवन-सम्बन्धी, पुनरुत्थान-विषयक, पुनरुत्थान-सम्बन्धी; पुनः प्रचारमें आने या लानेवाला ।

resuscitator –टेटॅर n. पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनर्जीवित होने या करनेवाला व्यक्ति; पुनः प्रचारमें लाने या होनेवाला व्यक्ति ।

ret, rate, rait रे'ट्, रेट्', रेट्' vv. i. तर करना, (सन या पटसनको) पानीमें भिगोकर नरम करना; (घास^F आदिका) सड़ जाना, बर्बाद हो जाना ।

retable रि'टे'बॅल् n. ताखा, आला, जाला (विशे० वेदी^Fका) ।

retail[1] री'टेल् n. अल्पशः विक्रय, खण्डवाणिज्य, स्तोकविक्रयण, फुटकर बिक्री^F, **फुटकर, परचून, खुदरा,** खुरदा;

~ dealer, ~ level, ~ price, ~ shop, ~ variance.

retail[2] रि'टेल्' v.t. & i. अल्पशः विक्रय करना, खण्डशः विक्रय करना, स्तोकविक्रय करना, फुटकर बेचना; विस्तारपूर्वक वर्णन करना, ब्योरेवार बताना ।

retailer रि'टे'लॅर् n. अल्पशः विक्रेता, खण्डशः विक्रेता, स्तोकविक्रेता, फुटकर विक्रेता, (अर्थ०) **खुदरा व्यापारी, परचूनिया,** खुदरा बेचनेवाला; सविस्तर वर्णन करनेवाला, ब्योरेवार बतानेवाला ।

retain रि'टेन्' v.t. **प्रतिधारण करना;** धारण करना, रखना, स्थिर रखना, थामना, पकड़े रहना, अटका रखना, दाब रखना, रोक रखना; अग्रिम वेतन देकर काम कराना; अग्रिम शुल्क देकर काम करना; अधिकारमें रखना, हाथमें रखना, रखे रहना, बनाये रखना; न खोना, कब्जेमें रखना; प्रयोग करते जाना; चलने देना, रख छोड़ना; रहने देना; उपेक्षा^F न करना; अपरिवर्तित रखना; स्मृति^Fमें रखना, स्मरण करना, याद^F रखना ।

retainable रि'टे'नॅबॅल् a. अधिकरणीय, अधिकारमें रखने योग्य; रक्षणीय; अवधारणीय, धारण करने योग्य, स्मृतिमें सुरक्षित रखने योग्य ।

retained –न्ड' a. प्रतिधृत ।

retainer –'नॅर् n. प्राधिकरण, प्रातिधारण; औपचारिक रक्षण; किसी रूपमें सेवा^F करनेके लिए रोका जाना; (बैरिस्टर आदिका) शुल्क, फीस^F; परिचर, परिचारक, अनुचर, अनुयायी, अनुगामी, भृत्य, सेवक, अनुजीवी, अधीन व्यक्ति, आश्रित व्यक्ति, नौकर-चाकर; पक्षीय व्यक्ति ।

retaining –निंग् n. अनुरक्षण, प्रतिधारण (~ *fee*, ~ *wall*) ।

retaliate रि'टै'लिॲट् v.t. & i. प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रत्याक्रमण करना, प्रतिकार करना, बदला लेना, जवाब देना; प्रत्यारोपण करना, उल्टा अपराध लगाना, उल्टा इल्जाम लगाना; शठे शाठ्यंका आचरण करना, जैसेके साथ तैसा बर्ताव करना; (राज०, अर्थ०; विदेशी राज्यके आयातकरके बदलेमें वहाँसे) आयात सामग्री^Fपर कर लगाना, जवाबी महसूल लगाना ।

retaliation –ॲ'शॅन् n. प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिवैर, प्रतिहिंसा^F, **प्रत्यपकार, प्रतिकार,** पलटा, **बदला;** प्रत्यारोप, जवाबी इल्जाम; प्रतिकर, (वाणि०) प्रतिकार शुल्क, जवाबी महसूल ।

retaliationist –निस्ट् n. प्रतिशोधवादी, प्रत्यपकारवादी ।

retaliative, retaliatory –लिॲटिव्, –टॅरि aa. प्रतिशोधपूर्ण, (राज०) **प्रतिकारात्मक,** प्रतिविधानात्मक; प्रत्यारोपपूर्ण, इल्जामी, जवाबी ।

retaliator –ॲटॅर् n. प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रत्याक्रान्ता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला; प्रत्यारोपक, उल्टा अपराध लगानेवाला, जवाबी इल्जाम लगानेवाला; शठे शाठ्यं आचरण करनेवाला ।

retaliatory –ॲटॅरि a. दे० RETALIATIVE.

retard[1] रि'टार्ड' n. विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, गतिह्रास, मन्दता^F; ~ of tide ज्वारके बादका अन्तराल ।

retard[2] v.t. & i. विलम्बित करना, शिथिल करना, मन्द करना, ढील छोड़ना, ढीला करना, धीमा करना, विकास रोकना, अवरोध करना, बाधा^F देना, रोध करना, गति^F रोकना, अटकाना; स्थगित करना; धीमा होना, रुकना, अटकना; (आकाशमण्डलीय पिण्डोंका) अनुमित समयसे पीछे आना, देर^Fमें होना, देर^F लगाना ।

retardation, retardment रीटार्डे'शॅन्, –'मॅन्ट् nn. (गति वि०, भौ०) **मन्दन,** विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, निरोध, बाधा^F, व्याक्षेप, व्याघात, गतिह्रास, मन्दता^F, वेगरोध, अटकाव, (कृषि०) रोक^F, (~ *effect*); विलम्ब, देरी^F, ढील^F, **पश्चता**^F ।

retardative, retardatory रि'टार्'डॅटिव्, –टॅरि aa. विलम्बकारी, गतिरोधकारी, देर^F करनेवाला, देर^Fसे आनेवाला ।

retarded –डिड् a. विमन्दित, **मन्दित, विलम्बित,** निरुद्ध, अवरुद्धवेग;

~ group, ~ motion, ~ potential.

retardent –डॅन्ट् a. विलम्बकारी, गतिरोधी, रुकावटी ।

retarder –डॅर् n. (यंत्र०) **विलम्बकर,** (प्रा० भू०) **मन्दक,** विलम्बक व्यक्ति या वस्तु^F, शिथिलकारी; मन्दकर व्यक्ति या वस्तु^F; रोधी व्यक्ति या वस्तु^F, बाधक ।

retardment –ड'मॅन्ट् n. दे० RETARDATION.

retaste रीटेस्ट' v.t. पुनरास्वादन करना, दुबारा

चखना।

retch[1] रीच्' n. वमनोद्रेक, वमनेच्छा^F, उबकाई^F, उकाई^F, उकलाई^F, ओकी^F, उलटी^F।

retch[2] v. i. वमनोद्रेक होना, वमनेच्छा^F होना, उबकाई^F आना, उलटी^F करना, कै^F करना।

retching –'चिंग् n. सूखा वमन, सूखी ओकी^F, सूखी उकलाई^F।

retd. returned, retired.

rete री'टि n. (श० र० शा०) जाल, जाली^F, पेशीजाल।

retent रि'टे'न्ट्' n. प्रतिधृत वस्तु^F, गृहीत वस्तु^F, रोकी हुई चीज^F।

retention –न्'शॅन् n. रक्षा^F, रक्षाकरण, प्रतिरक्षण, स्तम्भन, प्रतिधारण; स्मृति^F, स्मरण, अवधारण, धारणा^F, धारणाशक्ति^F; (विशे० चि०) रोध, अवरोध, (चि०) **अवरोधन,** रोक^F, रुकावट^F; ग्रहण, **धारण,** अधिकारमे रखना, कब्जेमें रखना, कैद, पकड़^F;

~ examination, ~ money, ~ period, ~ price.

retentive –'टिव् a. प्रतिधारी, धारणशील, धारणक्षम, मेधावी, धारणाशक्ति-सम्पन्न; दृढ़, पक्का; (शल्य०; पट्टी) जमाकर रखनेवाला; नमी^Fको सुरक्षित रखनेवाला; ~ power धारणाशक्ति।

retentiveness –निॅस् n. (वन०) **धारिता^F, धारणक्षमता^F,** धारणशीलता^F, धारणाशक्ति^F, ग्रहणशीलता^F।

retentivity –टि'विटि n. प्रतिधारिता^F, (शिक्षा०, भौ०) **धारण-सामर्थ्य, धारणशीलता^F, धारणक्षमता,^F** मेधाविता^F, धारणशक्ति-सम्पन्नता^F।

retentor –'टॅर n. (श० र० शा०) प्रतिधारी पेशी^F।

retenue (L) –नू n. आत्म-निग्रह, आत्म-संयम।

retexture रि'टे'क्स्'च्युॲर् n. पुनर्वयन, दुबारा बुनना।

retiary री'शॅरि n. जालवत्, जालसदृश, जाल-जैसा; जाल-विषयक, जाल-सम्बन्धी, जालका; जालधारी, जाल लगानेवाला (मकड़ा)।

reticence, -cy रे'टिसॅन्स्, -सि nn. तूष्णीभाव, निर्वाच्यता^F, वाक्संयम, मितभाषण, संयम; मौन, मूकता^F, चुप्पी^F, खामोशी^F।

reticent रे'टिसॅन्ट् a. मौन, मौनावलम्बी, वाक्संयमी, मितभाषी, शान्तिप्रिय, चुप, खामोश।

reticle रे'टिकॅल् n. (दूरबीन^Fके आगे लगायी जानेवाली) जालिका^F, जाली^F।

reticular, reticulose रि'टि'क्यूलॅर्, –लोस् aa. **जालि-,** जालरूप, जालवत्, जालाकार, जालयुक्त, झँझरीदार, जालीदार; जालिका-सम्बन्धी, जाली^Fसे सम्बन्धित;

~ cells, ~ lamina, ~ layer, ~ membrane, ~ theory, ~ tissue.

reticulate[1] –लेट् v.t. & i. जालिकायुक्त करना, जालीदार बनाना या बनना; जालमें विभाजित करना या होना।

reticulate[2] –लॅट् a. (प्रा० भू०) **जालवत्,** (कृषि०) **जालमय,** (वन०) **जालकीय,** जालाकार, जालिकावत्, जालदार, जालीदार, झँझरीदार; ~ work झँझरी^F, झँझरीदार फर्श^F; (यंत्र०) **जालदार गढ़ाई^F**।

reticulated –लेटिड् a. =RETICULATE[2].

reticulation –ले'शॅन् n. जालकर्म, जालिका-निर्माण, जाल-रचना^F, जाली^Fका काम, जाली^F बनाना या बनना।

reticule रे'टिक्यूल्' n. दे० RETICLE भी; (स्त्रियों^F-का) जालीदार बटुवा या थैली^F; (ग० ज्यो०) दक्षिणी तारामण्डल।

reticulum रि'टि'क्यूलॅम् n. (pl. -*a*) (कृषि०, चि०) (रोमन्थी प्राणियोंमें) **द्वितीय आमाशय,** जठरका दूसरा भाग; (वन०, जीव०) **जालिका^F** (~ *cell*), छत्ता, जाली^F, (ज्यौ०) **जाल,** T.

retiform री'टिफ़ॉर्म् a. जालवत्, जालाकार, जालिकायुक्त।

retina रे'टिन् n. (pl. -*s*, -*e*) अक्षिपट-, चक्षुपटल, (चि०) **दृष्टिपटल,** दृष्टिपट, मूर्तिपट, रूपाधार, आँख^Fका पर्दा, (चि०, कृषि०, भौ०) **रैटिना^F**; (अक्षिगोलककी पश्चाद्वर्ती झिल्ली^F), दृष्टिवितान।

retinaculum रे'टिनै'क्यूलॅम् n. सम्बन्ध, सम्बन्धसूत्र, संयोजी पेशी^F; (चि०) **उपबन्धनी^F**; (वन०) **परिवाहक;** प्रतिधारी यन्त्र; चेपदार पराग; कीड़ेके पंख।

retinal रे'टिनॅल् a. मूर्तिपट-, अक्षिपटीय, दृष्टिवितानीय, आँख^Fके पर्देका (~ *apoplexy, fatigue*)।

retinerved रे'टिनॅर्व्ड् a. जालवत्, जालाकार, जालिकायुक्त।

retinitis रे'टिनाइ'टिस् n. (चि०) दृष्टिपटल शोथ, चक्षुपट-प्रदाह, आँख^Fके दृष्टिपटलकी सूजन^F।

retinoid रे'टिनॉइड a. सर्जासाभ, उद्यास-सदृश, रेजन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा।

retinoscope ⊙रे'टिनॅस्कोप् n. (चि०, भौ०) **दृष्टिपटलदर्शी, रैटिनादर्शी।**

retinue रे'टिन्यू n. परिजन, अनुचरवर्ग, अनुयायिवर्ग, परिजनवर्ग, **कर्मचारिवर्ग,** नौकर-चाकर, अरदली लोग।

retiracy रि'टाॲ'रॅसि n. =RETIREMENT.

retiral –रॅल् n. =RETIREMENT.

retire[1] –र्' n. (सैन्य०) सेना^Fको लौटनेका संकेत, फौज^Fको हटनेका इशारा (*sound the* ~)

retire[2] v. i. & t. पश्चाद्गमन करना, पश्चगमन करना, प्रत्यावर्तित होना, वापस होना, पीछे हटना, लौट पड़ना; एकान्तवास करना, एकान्तमें जाना; किनारे होना, अलग होना (~ *from the world*); शयन करने लगना, सोनेके लिए जाना (*always* ~ *before midnight*); **रिटायर होना,** सेवा-निवृत्त होना, निवृत्त होना, कार्यनिवृत्ति^F ग्रहण करना, कर्मत्याग करना, अवकाश ग्रहण करना, पेंशन^F ले लेना, हट जाना; (पदाधिकारी या कर्मचारीको) निवृत्त होनेके लिए बाध्य करना, नौकरी^F छोड़नेपर विवश करना, पेंशन^F लेनेपर मजबूर करना; (सैन्य०) सेना^Fको लौटनेकी आज्ञा^F देना, फौज^Fको वापिसी^Fक

हुक्म देना; (बिल, नोट इत्यादि) करेंसी^F से वापिस लेना, हुण्डी^F लौटाना।

retired –ड्'' a. निवृत्त, सेवानिवृत्त, कर्मविरत, प्राप्तावसर, अवकाश-प्राप्त, अवसर-प्राप्त, पेंशन-प्राप्त, रिटायर्ड; शून्य, निर्जन, निभृत, विविक्त, गुप्त, गूढ़; एकान्त, सूना (~ *vally*); विरक्त, संसार-त्यागी; ~ pay सेवानिवृत्ति-वेतन, पेंशन^F;

~ bund, ~ life, ~ officer, ~ teacher.

retiredness –'रि`ड्-निस् n. कर्मविरति^F, प्राप्तावसरता^F, अवकाश-प्राप्ति^F, अवसर-प्राप्ति^F, पेंशन-द्वारी^F, शून्यता^F, निर्जनता^F, निभृति^F, एकान्तता^F, सूनापन; विरक्ति^F, संसार-त्याग।

retirement –'मॅन्ट् n. प्रत्यावर्तन, प्रत्यागमन; अपगमन, अपसरण, कार्यत्याग, संन्यास, संसार-त्याग; अवसरग्रहण, अवकाशग्रहण, (*~benefit*), (वाणि०) **निवृत्ति^F**, कर्मनिवृत्ति^F, सेवानिवृत्ति^F, पदत्याग; एकान्त, शून्य, निर्जनता^F, एकाकीपन, (वाणि०) **अलहदगी^F**, तनहाई^F; शून्य स्थान, निर्जन स्थान, सूनी जगह^F; ~ of bill **हुण्डी^F का अग्र भुगतान**।

retiring –'रिंग् a. एकान्तप्रेमी, असंलापी, लज्जालु, लज्जाशील, झेंपनेवाला, शर्मीला, खामोश; निर्जनप्रिय, उदासीन, निवृत्ति- (~ *pension*), निवृत्ति-विषयक (~ *age*); निवर्ती (~ *director*); ~ room **विश्रामालय, आराम-कक्ष**, विश्राम-कक्ष।

retiringness –निस् n. एकान्तप्रेम, निर्जनप्रियता^F, असंलाप, लज्जालुता^F, लज्जाशीलता^F, झेंपूपन, शर्म, खामोशी^F।

retold रीटोल्ड्' a. = RETELL का भू० कृ०।

retort[1] रि`टॉर्ट्'' n. तत्कालोत्तर, वक्रोत्तर, प्रत्युत्तर; प्रत्यारोप, प्रत्यभियोग, प्रत्यपवाद, उलटा इल्जाम; प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिकार, पलटा, बदला।

retort[2] v.t. & i. प्रत्यपवाद करना, प्रत्युत्तर या वक्रोत्तर देना, तुरन्त उत्तर देना, कड़ा उत्तर देना, करारा जवाब देना, मुँहतोड़ जवाब देना; प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रतिकार करना, लौटाना, पलटाना, बदला चुकाना; प्रत्यपवाद लगाना, उलटा दोष मढ़ना।

retort[3] n. वक्र यन्त्र, वक्र भाण्ड, (रसा०) **भबका**, (~ *stand*), टोंटीदार वर्तन, (विशे० गैस^F बनाने या अर्क खींचनेका), T.

retort[4] v.t. (वक्र यन्त्रमें तपाकर पारेको) शुद्ध करना, साफ करना।

retorted रि`टॉर्`टि`ड् a. वक्र किया हुआ, पीछे घुमाया हुआ, पीछे मोड़ा हुआ, उलटा हुआ।

retorter –टॅर् n. तत्कालोत्तरदाता, वक्रोत्तरदाता, प्रत्युत्पन्नोत्तरदाता; प्रत्यारोपी, प्रत्यपवादी, उलटा इल्जाम लगानेवाला; प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला।

retortion –'शॅन् n. (शा० एवं ला०) प्रत्यावर्तन, मोड़, पीछेकी ओर मोड़ना या मुड़ना; (अन्तर्रा० कानून, परस्पर राज्योंमें) प्रतिकारात्मक कार्यवाही^F, (राज०) **जवाबी कार्रवाई^F**।

retouch[1] रीटच्' n. पुनःस्पर्श, पुनःसंशोधन, सुधारनेका कार्य।

retouch[2] v.t. (चित्र०) अनुशोधन करना, पुनःसंशोधन करना, सुधारना, हाथ फेरना, सँवारना, ठीक करना; पुनःस्पर्श करना, फिरसे छूना।

retoucher –'चॅर् n. अनुशोधक, पुनःसंशोधक, सुधारनेवाला, सँवारनेवाला, ठीक करनेवाला।

retouching –चिंग् n. (इति०) **परिष्करण**।

retrace रि`ट्रेस्' v.t. मूलस्रोत खोजना, आरम्भका पता लगाना; ढूँढ़ना, तलाश^F करना, सुराग^F लगाना; पुनः निरीक्षण करना, फिरसे देखना, दुबारा गौर करना; पुनः स्मरण करना, फिरसे याद^F आना; प्रत्यनुसरण करना, उसी मार्गसे लौट आना; (प्रायः ला०) किये-करायेपर पानी फेरना, अपनी कार्रवाई^F रद्द करना।

retraceable –'सॅबॅल् a. प्रत्यन्वेषणीय, खोजने योग्य; पुनर्निरीक्षणीय, दुबारा गौर किये जाने लायक; पुनःस्मरणीय, फिरसे याद^F आने योग्य; प्रत्यनुसरणीय, प्रतिगम्य, उसी मार्गसे लौट आने योग्य।

retracement –स्'मॅन्ट् n. प्रतिगमन, प्रत्यन्वेषण।

retract रि`ट्रैक्ट्' v.t. & i. प्रत्याकर्षित करना, समेटना, पीछे खींच लेना, सिकोड़ना (*snail ~s its horns*); सिकुड़ना, सिमिटना, भीतर खिंचना, पीछे खिंचना; वापस लेना, लौटा लेना; अस्वीकार करना, न मानना, माननेसे इनकार कर देना, मुकर जाना; मिथ्यात्व स्वीकार करना, भूल^F स्वीकार करना, गलती^F मान लेना; त्याग देना, छोड़ देना।

retractable, retractible –'टॅबॅल्, –'टिबॅल् aa. प्रत्याकृष्य, प्रत्याकर्षणीय, प्रत्याकर्षणयोग्य, संकोचनीय, सिकुड़ने या सिकोड़ने लायक (~ *claw*); प्रत्यपनेय, प्रत्याख्यानीय, प्रत्यादेशीय, अस्वीकरणीय, रद्द करने लायक।

retractation, retraction ⊙ टे'शॅन्, –शॅन् nn. प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, प्रत्याहार, अन्यथाकरण, अस्वीकृति^F, इनकार; प्रत्याकर्ष, संकोचन, सिमटाव, खिंचाव, हटाव; (चि०) **निवर्तन**, उलटफेर।

retracted –'टि`ड् a. प्रत्याकृष्ट, प्रत्यानीत, प्रत्यादिष्ट, प्रत्याहृत, अन्यथाकृत, अस्वीकृत।

retractibility –टिबि'लिटि n. प्रत्यपनेयता^F, प्रत्याख्येयता^F, प्रत्यादेशीयता^F, अस्वीकरणीयता^F।

retractile ⊙ –'टिल् a. = RETRACTABLE.

retractility –टि'लिटि n. = RETRACTIBILITY.

retraction ⊙ –'शॅन् n. = RETRACTATION.

retractive –'टिव् a. प्रत्याकर्षयुक्त, संकोचन-सम्बन्धी, सिकुड़ने या सिकोड़नेवाला; हटा लेनेवाला।

retractor –टॅर् n. (शल्य०) पश्चाद्धारक यन्त्र, प्रणोष्ठ, पीछे रोकनेवाला यन्त्र, रिट्रैक्टर; (जीव०) **प्रतिकर्षक**, प्रत्याकर्षक; प्रत्याकर्षी स्नायु^F; **प्रत्यपगामी**; T.; (शतरंज) मोहरों^F की वापसी चाल^F, चाल^F, वापस करना।

retrad –ट्रैड adv. पश्चाभिमुख, पृष्ठाभिमुख, पीछे,

पीछेकी ओर।
retrahent –ट्रेहेन्ट् a. (विशे० पेशियाँ^F) प्रत्याकृष्य, संकोच्य, सिकुड़ने योग्य, सिकोड़ने योग्य।
retral री'ट्रॅल a. = POSTERIOR.
retreaxit रिट्रैक्'सिट् n. अभियोगकी वापसी^F, मुकदमेकी वापसी^F।
retreat¹ रि'ट्रीट्' n. **अपयान,** प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, पश्चगमन, अपक्रमण, अपसरण, पलायन; एकान्तवास, एकान्त स्थान, निर्जन स्थान; शून्य स्थान; पागलखाना; शरण^F; गुप्त स्थान, आश्रयस्थान, निरापद स्थान, छिपनेकी जगह^F; पेंशनभोगियोंका विश्राम-गृह; *beat (sound) a* ~ कार्यविमुख होना, इरादा छोड़ना; *intercept* ~ *of* (रणविमुख होनेवाली सेना^Fका) मार्ग रोकना; *make good* one's ~ सुरक्षित रूपसे बच निकलना, सही-सलामत वापस आना।
retreat² रि'ट्रीट् v. i. & t. अपयान करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रतिनिवर्तन करना, पश्चगमन करना, पलायन करना, **पीछे हटना,** पीछे हटाना, मोर्चा छोड़ना।
retree ⊙ रि'ट्री' n. उपक्षत पत्र, (उत्पादनमें) खराब कागज, फालतू कागज।
retrench रि'ट्रेन्च्' v.t. & i. अवच्छेदन करना, कर्तन करना, लघु करना, घटना, घटाना, काटना, कटौती^F करना, कम करना, कमी करना, छाँटना, छँटनी^F करना; व्यय परिमित करना, खर्च कम करना, किफायत^F करना; छोटा करना, कतरब्योंत करना; (दुर्ग०; परकोटों एवं खाई^F द्वारा) मोर्चाबन्दी^F करना।
retrenched –च्ड्' a. अवच्छिन्न, कर्तित; अपवृत्त, छँटा हुआ (~ *personnel*)।
retrenchment –च्'मॅन्ट् n. अपवर्तन, न्यूनीकरण, खण्डन, अवच्छेदन, कटौती^F, **छँटनी^F**, कमी^F; संक्षिप्तीकरण, लघुकरण; व्ययसंक्षेप, व्ययपरिमिति^F, कमखर्ची^F; मोर्चाबन्दी^F, किलाबन्दी^F।
retrial रीट्राइ'अॅल् n. पुनःपरीक्षा^F, पुनरन्वीक्षा^F, पुनर्विचार।
retribute रि'ट्रिब्यूट्, रे'ट्रिब्यूट् v.t. & i. प्रत्यपकार करना, प्रतिशोध लेना, प्रतिदान करना, वापस करना या बदलना, पलटा देना।
retribution रे'ट्रिब्यू'शॅन् n. प्रतिशोध, प्रतिहिंसा^F, प्रतिफल, प्रतिकार, प्रत्यपकार, प्रतिदण्ड, वैर-साधन, बुराई^Fका बदला।
retributive रि'ट्रिब्यूटिव् a. प्रतिकारात्मक, प्रतिशोधात्मक (~ *theory*), प्रतिशोधकारी, प्रतिहिंसापूर्ण, प्रतिकारी, बदलेका।
retributor –टॅर् n. प्रतिदानकर्ता, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, बदलेमें लौटानेवाला।
retributory रिट्रि'ब्यूटॅरि a. प्रतिशोधात्मक, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, प्रतिदानकारी, प्रतिशोधकारी।
retrices –ट्रिसेज़ n. (जीव०) **पुच्छपिच्छ**।
retrievable रि'ट्री'वॅबॅल् a. पुनःस्थापनीय, उद्धारणीय, पुनरुद्धारणीय, उद्धारयोग्य; पुनःप्राप्य, क्षतिपूर्तियोग्य, दुबारा पाये जाने लायक।
retrieval –वॅल् n. पुनःस्थापना^F, उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति^F, पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति^F, सुधार।
retrieve¹ –व्' n. पुनःप्राप्ति^F, पुनर्लाभ, सुधार (*beyond, past*, ~)।
retrieve² v.t. & i. (विशेष जाति^Fके कुत्तोंका) घायल पक्षीको ढूँढ़ लाना; पुनः प्राप्त करना; स्मरण हो आना, याद^F होना, दिमागमें चढ़ना; समृद्ध होना, सम्पन्न होना; पुनः प्रतिष्ठापित करना; त्राण करना, सुधार करना, उद्धार करना, वापस लेना, फिर पाना, निकालना; थामना; सम्हालना; प्रतिकार करना, क्षतिपूर्ति^F करना, घाटा पूरा करना; भूल^F सुधारना, गलती^F ठीक करना।
retrievement –'मॅन्ट् n. उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति^F, पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति^F, सुधार।
retriever –'वॅर् n. उद्धारक, पुनःस्थापक, फिरसे पानेवाला; मारे हुए शिकारको खोज^F लानेवाला कुत्ता।
retro- पृष्ठ-, पश्च-, पश्चात्-, प्रति- (~*act*, ~*choir*, ~*flex*, ~*grade*, ~*ject*, ~*spect*)।
retroact रीट्रॅऐक्ट्' v. i. प्रतिक्रिया^F होना या करना या दिखाना, जवाबी अमल करना; प्रतिगामी होना, प्रतीपगमन करना, पश्चगमन करना, पीछेकी ओर चलना, उलटा चलना।
retroaction –क्'शॅन् n. = RETROACTIVITY.
retroactive –'टिव् a. प्रतिवर्ती, प्रतीप, विपरीत, प्रतिक्रियापूर्ण, प्रतिकूल दशा^Fमें चलनेवाला; ~ effect (राज०) **पूर्वव्यापी प्रभाव**।
retroactivity, retroaction –टि'विटि,–क्'शॅन् nn. (शिक्षा०) **पूर्वलक्षीक्रिया^F**, प्रतिक्रिया^F; अनुवर्तन, प्रतिचलन, विपरीतता^F, विरोध।
retrobulbar ⊙ रीट्रॅबल्'बॅर् n. (चि०) **प्रत्यक्-सुषुम्नाशीर्ष, प्रत्यगक्षिगोलक;** a. (चि०) सुषुम्नाशीर्ष पृष्ठस्थ; नेत्रगोलक पृष्ठस्थ, अक्षिगोल पृष्ठस्थ, पुत्तलिकापृष्ठस्थ, कृष्णमण्डलपृष्ठस्थ, तारापश्चस्थ, आँख^Fकी पुतली^Fके पीछेवाला।
retrocede¹ रीट्रॅसीड्' v.t. (कोई प्रदेश) प्रत्यर्पित करना, प्रतिदान करना, वापिस लौटाना।
retrocede² रो'ट्रॅसीड् v. i. प्रतिनिवर्तन करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रत्यागमन करना, पीछे सरकना, पीछे हटना, लौटना।
retrocedence रीट्रॅसी'डॅन्स् n. प्रत्यागमन, स्थानान्तरगमन, प्रतिवर्तन; पश्चगमन, पश्चाद्गमन, वापसी^F, पीछे हटना; अन्तर्गमन, अन्तःप्रवेश।
retrocedent –न्ट् a. प्रतिवर्ती, स्थानान्तरगामी, स्थान बदलनेवाला, मुड़नेवाला; पीछे हटनेवाला; भीतर-भीतर असर करनेवाला।
retrocession –से'शन् n. प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, प्रत्यागमन, वापसी^F, पीछेको मुड़ना।
retrocessive –'सिव् a. प्रत्यागमन-विषयक; प्रत्यागमनसम्बन्धी, मुड़नेवाला।
retrochoir रीट्रॅक्वाॅयॅर् n. (गिरजाघरकी ऊँची वेदी^F

के पीछेका भाग।

retrocollic रीट्रॅकॉ'लिक् a. (चि०) ग्रीवा-पृष्ठ-विषयक, ग्रीवापश्च-सम्बन्धी; पृष्ठ-पेशी-विषयक, पश्च-पेशी-सम्बन्धी, पीठ[F]की पेशी[F]का; गल-पेशी-विषयक, गलेकी पेशी[F]का।

retroduction रीट्रॅडक्'शन् n. पश्चानयन, पश्चापनयन, प्रत्यपनयन, पीछे लाना, लौटा लाना।

retroflected, retroflex, -ed री(रे`)ट्रॅफ्ले`क्'-टि`ड्,'टॅफ्ले`क्स्,-अेड् aa. (चि०) **प्रत्यग्वक्र**; पृष्ठाभिमुख वक्रित, पश्चाभिमुख वलयित, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।

retroflex री'ट्रॅफ्लेक्स् a. (चि०) **प्रत्यग्वक्र**।

retroflexion –'शॅन् n. (चि०) प्रत्यग् वक्रण; पृष्ठाभिमुख वक्रण, पश्चाभिमुख वलयन, पीछेकी ओरका मोड़।

retrofract री(रे`)ट्रॅफ्रैक्ट् a. = RETROFRACTED.

retrofracted –'टि`ड् a. = RETROFLECTED.

retrogradation रे`ट्रॅग्रॅडे'शॅन् n. (गणि०, चि०, ज्यो०) **प्रतीपगमन**, विपरीतगमन, विपरीत गति[F], गिरावट[F], वापसी[F]; पूर्वसे पश्चिमकी ओर ज्योतिष्पिण्डकी गति[F]।

retrograde[1] –'ट्रॅग्रेड् n. प्रतिगामी, प्रतिवर्ती; (व्य०) पतित व्यक्ति; प्रतीपगामी प्रवृत्ति[F], प्रतिगमन, पश्चगति[F], प्रतीप कर्म या क्रिया[F]।

retrograde[2] a. **पश्चगतिक** (~ *solubility*), पश्चाद्गामी, **पश्चगामी**, प्रतिगामी, प्रतीपगामी, विपरीतगामी; पतनशील, गिरता हुआ; **वक्री**; विपरीत, प्रतीप, प्रतिलोम, प्रतिकूल, उलटा (~ *motion*)।

retrograde[3] v. i. (गणित ज्यो०) प्रतीपगति[F] प्रकट करना, विपरीतगमन करना, पीछे होना, हटना, वापस होना, लौटना; पतित होना, गिरना; प्रत्यावर्तन करना, पूर्वस्थिति[F]पर आना।

retrogress रीट्रॅग्रे`स्' v. i. पश्चगमन करना, प्रतिक्रिया[F] करना, प्रत्यागमन करना, पीछे लौटना, उलटा चलना, वापस होना; ह्रास होना, पतन होना, अवनति[F] करना, नीचे गिरना।

retrogression –ग्रे`'शॅन् n. (गणित ज्यो०) पश्चाद्गमन, प्रतीपगति[F], प्रतिगमन, अवगति[F], विपरीत गति[F], उलटी चाल[F], पलटा; ह्रास, अवनति[F], अपकर्ष, अधःपतन, पतन।

retrogressive –'सिव् a. (चि०) पश्चगामी (~ *degeneration*), प्रतीपगामी, (दर्श०) **प्रतिगामी**, उलटा चलनेवाला (~*phase*); पतनशील, अपकर्षी, ह्रसमान (~ *population*)।

retrogressiveness –निॅस् n. प्रतीपगामिता[F], प्रतिगामिता[F], उल्टी चाल[F]; पतनशीलता[F]।

retroject री'ट्रॅजे`क्ट् v.t. पश्चाभिमुख प्रक्षिप्त करना, पृष्ठाभिमुख क्षिप्त करना, पीछे फेंकना, पीछे करना।

retromingent[1] री(रे`)ट्रॅमिन्'जॅन्ट् n. पश्चमूत्रोत्सर्गी पशु, पीछेकी ओर मूतनेवाला जानवर (जैसे, ऊँट)।

retromingent[2] a. पश्चमूत्रोत्सर्गी, पृष्ठमूत्रत्यागी, पीछेकी ओर मूतनेवाला।

retroperitoneal ⊙ रीट्रॅपे`रिटो'नि'ॲल a. विलोम-ग्रसनी, ग्रसनीपृष्ठीय; (चि०) प्रत्यक् प्रर्युदर्या[F], उदरावरणके पीछे।

retroposition रीट्रॅपॅजि'शॅन् n. पश्चापनयन, पश्चापगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर स्थानान्तरण।

retropulsion रीट्रॅपल्'शन् n. (इंजिन इत्यादिका) (कृषि०) **परावर्तन**, (कृषि०) **प्रतिक्षेपन**, पश्चगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर चलना।

retropulsive –'सिव् a. पश्चगामी, पृष्ठगामी, पीछेकी ओर चलनेवाला।

retrorse रि`ट्रॉर्स्'' a. अधोवक्रित, अधोवलयित, नीचेकी ओर मुड़ा हुआ; पश्चवक्रित, पृष्ठवलयित, (वन०) **पश्चमुख**, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।

retrorsion –'शन् n. अधोवक्रण, अधोवलयन, नीचेकी ओर मोड़; पश्चवक्रण, पृष्ठवलयन, पीछेकी ओर मोड़।

retrospect रे`ट्रॅस्पे`क्ट् n. गतानुदर्शन, गतकालापेक्षा[F], (शिक्षा०) **सिंहावलोकन, अनुदर्शन**, अतीत-पर्यालोचन, भूतावलोकन, पूर्वदृष्टान्त, अतीतावस्थाओं[F]की मान्यता[F], पिछले हालात[F]की परीक्षा[F] (*a short ~ is now necessary*); (क०) गतकालापेक्षी शक्ति[F], गत प्रभाव; प्रतिगामी दृष्टिकोण, पुराना विचार।

retrospection –क्'शॅन् n. अतीतपर्यालोचन, सिंहावलोकन, गतावलोकन, गतानुदर्शन, अतीतविषया दृष्टि[F]।

retrospective रे`(री)ट्रॅस्पे`क्'टिव् a. अतीत-सम्बन्धी, अतीतप्रभावी (~ *law*); **भूतलक्षी**, अनुदर्शी, **अतीतदर्शी**, गतावलोकी, गतानुदर्शी; **पूर्वन्यास; अनुदर्शी** (~ *falsification*); अतीत-पर्यालोचन-सम्बन्धी; भूतापेक्षी, गतकालसापेक्ष, पश्चगामी, प्रतिक्रियावादी; अतीत-विषय-घटित; ~ effect पूर्वापेक्षी प्रभाव।

retrospectiveness –निॅस् n. अतीतसम्बन्धिता[F], अतीत-प्रभाविता[F]; भूतलक्षिता[F], अनुदर्शिता[F], अतीतदर्शिता[F], गतानुदर्शिता[F]; अतीतपर्यालोचकता[F], भूतापेक्षिता[F], गतकालसापेक्षता[F]; पश्चगामिता[F], प्रतिक्रियावादिता[F]; दकियानूसीपन।

retrosternal रीट्रॅस्टे`र्'नॅल् a. उरोस्थिपृष्ठ, छाती[F]की हड्डी[F]के पीछेका (~ *goitre*)।

retroussage ⊙ रीट्रॉउ'सिज् n. (तश्तरी[F] इत्यादिकी डिजाइन[F]को साफ करनेके लिए) रागापनयन, रंग हटाना।

retrousse (F) रॅट्रू 'से a. ऊर्ध्वक्षिप्त, ऊर्ध्वप्रक्षिप्त, उपरिक्षिप्त, ऊपर उठी हुई (नाक[F])।

retroversion रीट्रॅवर्'शन् n. पश्चगमन, पृष्ठगमन, मोड़, लौटना, पीछेकी ओर जाना; (चि०) प्रत्यङ्नमन, **प्रत्यङ्नति**[F]।

retrovert –'ट्रॅवर्ट् v.t. पश्चगमन करना, पृष्ठगमन करना, लौटना, मुड़ना, पीछेकी ओर जाना; (चि०) प्रत्यङ्नत करना।

retroverted –टि`ड् a. (चि०) **प्रत्यङ्नत**।

retrovision रीट्रॅवि'जॅन् n. प्रतिदृष्टि[F], पश्चदृष्टि[F], पिछली घटनाओं[F]को प्रत्यक्ष करनेकी शक्ति[F]।

rettery रे`'टॅरि n. तन्तुवेचनालय, तन्तुवेचनगृह, तन्तु-

वेचनशाला^F, सनको सड़ानेकी जगह^F ।

retting रे`टिंग् n. तन्तुवेचन, सड़ाना (~ *tank*), (कृषि०) **गलाना** ।

retund रि`टन्ड' v.t. दलित करना, दबाना; प्रत्याख्यान करना, अस्वीकार करना; मन्द बनाना, मूढ़ बनाना, मूर्ख बनाना ।

return[1] रि`टर्न्'' n. प्रत्यागमन, प्रत्यावर्तन, निवर्तन, पुनरागमन, वापसी^F, लौटाव (*his ~ was a signal for riots*); **उत्तर**; (स्था०) पश्चगत भाग, प्रतिवृत्त भाग, पीछे हटा हुआ हिस्सा; (प्रायः pl.) आगम, (अर्थ०) प्रतिफल, फल, लाभ, लाभप्राप्ति^F, आय^F, आमदनी^F, मुनाफ़ा, नफ़ा (*brings an adequate ~*); शोध, परिशोध, **प्रतिलाभ**, प्रतिदान, प्रत्युपकार, प्रत्यर्पण, अदायगी^F, चुकाव, चुकौती^F, वेबाकी^F, **वापसी**^F, भरपायी^F; **लेखा**; (चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणाक्रम द्वारा ऑकड़ोंके साथ दिया गया) परिलेख; प्रविवरण, **विवरणी**^F; (pl.) एक प्रकारकी हल्की तम्बाकू^F; (pl.) अंकपत्र, सामयिक विवरण; fencer's ~ तलवारका जवाबी दाँव, प्रतिप्रहार, ~ wall (परि०) **समानान्तर दीवार**^F;
~ book, ~ cargo, ~ day, ~ day book, ~ emigrant, ~ gift, ~-half, ~ inward, ~ journey, ~ journey coupon ticket, ~ match, ~ outward book, ~-period, ~ permit, ~ post, ~ sludge, ~ spring, ~ ticket, ~ train, ~ voyage.

return[2] v. i. & t. प्रतिनिवर्तन करना, प्रतिवर्तन करना, प्रत्यागमन करना, वापिस जाना या होना या आना, फिरना, पलटना, लौट आना; **निर्वाचित करना या होना**; शोध करना, प्रतिशोध करना, परिशोध करना, प्रत्यर्पण करना, प्रतिप्रेषित करना, **वापस करना**, फेर देना, **लौटाना**, दे देना, चुकाना, बदलेमें अदा करना; प्रत्युत्तर देना, उलटकर बात^F करना, जवाबमें कहना; प्रविवरण देना, रिपोर्ट^F भेजना; ~ *thanks* धन्यवाद देना ।

returnable –'नॅबॅल् a. प्रत्यावर्त्य, प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यर्पणीय, परिशोधनीय, वापसी^Fके लायक, लौटाने योग्य; निर्वाच्य, निर्वाचनीय, चुने जाने योग्य ।

returned –न्ड् a. प्रत्यागत, प्रतिवर्तित, प्रतिनिवृत्त, वापस किया हुआ; शोधित, परिशोधित, प्रत्यर्पित, प्रतिप्रेषित, वापस दिया हुआ; निर्वाचित (~ *candidate*); ~ nosing (स्था०) **मुड़वाँ गोला** ।

returner –'नॅर् n. प्रतिनिवर्तक, प्रत्यागन्ता, वापस आनेवाला; शोधयिता, प्रतिशोधयिता, परिशोधयिता, प्रत्यर्पयिता, प्रतिप्रेषक, वापस करनेवाला; प्रत्युत्तरदाता, उलटकर बात^F कहनेवाला; प्रविवरण देनेवाला, बयान करनेवाला ।

returning –निंग् a. प्रत्यावर्ती; प्रतिप्रेषी, निर्वाची; ~-officer **निर्वाचन अधिकारी** ।

returnless –न्''लिस् a. प्रत्यागमन रहित; विवरणहीन; परिशोधरहित ।

retuse रि`ट्यूस्' n. (वन०) **गर्तकी**^F; a. अतीक्ष्ण, गोठिल, भोथरा ।

reunification रीयूनिफ़िके'शॅन् n. पुनरेकन, पुनःसंयोग, पुनर्मिलन, पुनःसमागम ।

reunify –'निफ़ाइ v.t. पुनरेकन करना; पुनःसंयोग करना, पुनर्मिलन कराना, पुनःसमागम कराना ।

reunion रीयू'न्यॅन् n. पुनरेकीकरण, पुनरेकन, (चि०) **प्रतिसंयोग**, पुनःसंयोग, पुनर्मिलन, पुनःसमागम; पुनः सम्मिलित राज्य, पुनर्विलीन राज्य; मित्रमिलन; प्रीतिसमारोह, गोष्ठी^F, जलसा; नया जोड़ ।

reunionism –निज़्म् n. पुनःसमागमवाद, पुनर्मिलनवाद ।

reunionist –निस्ट् n. पुनःसमागमवादी, पुनर्मिलनवादी ।

reunite रीयूनाइट्' v.t. पुनर्मिलित करना या होना, पुनः एकता^F लाना या होना, फिर जोड़ना या जुड़ना, फिर मिलाना या मिलना ।

reunited –इ'टिड् a. पुनरेकीकृत, पुनर्मिलित (~ *coparcener*) ।

reus रीयूस् n. ऋणी; व्यवहार-प्रतिवादी ।

rev[1] रे`व् n. = REVOLUTION (इंजिनके सम्बन्धमें) ।

rev[2] v. i. & t. (*up* के साथ) घूमना, चक्कर खाना, तेजी^Fसे घूमना, फिरना; (प्रायः *up* के साथ, इंजनको) तेजी^Fसे चलाना ।

Rev. Revise; Revision; Revelation (or **Revd.**) Reverend.

revaluation रीवैल्यूए'शॅन् n. (वाणि०) **पुनर्मूल्यन** (~ *process*) ।

re vanche (F) n. प्रतिशोध; बदलेका मैच ।

reveal[1] रि`वील्' n. (खिड़की^F या दरवाजेके) भीतरी पहलूकी सतह^F, (स्था०) **झिरी**^F; **बतखी**^F ।

reveal[2] v.t. व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, स्फुट करना, उद्घाटित करना, प्रकाशित करना, खोलना; **प्रकट करना, प्रकट होना**, प्रदर्शित करना, दिखाना, जाहिर करना; भण्डा फोड़ना, पर्दाफाश करना; बताना; ~ *itself* दृष्टिगत होना, दिखायी देना, नजर^F आना ।

revealable –'लॅबॅल् a. उद्घाटनीय, प्रकाशनीय, प्रदर्शनीय, व्यक्त करने योग्य, प्रकट करने योग्य, बताने लायक, जाहिर करने काबिल ।

revealableness –नि`स् n. उद्घाटनीयता^F, प्रकाशनीयता^F, प्रकाश्यता^F, प्रदर्शनीयता^F, व्यक्त करनेकी योग्यता^F, प्रकट करनेकी योग्यता^F ।

revealer –'लॅर् n. उद्घाटक, भेदक, प्रकाशक, व्यंजक, प्रदर्शक, व्यक्त करनेवाला, प्रकट करनेवाला, जाहिर करनेवाला ।

revealment –ल्'मॅन्ट n. प्रकटीकरण, व्यक्तीकरण, अभिव्यक्ति^F, उद्घाटन, प्रकाशन ।

revegetation रीवे`जि`टे'शॅन् n. (कृषि०) **पुनरुद्भेदन** ।

reveille रिवे`(वे)'लि` n. (सेना^Fके उठनेके लिए) भेरी-

नाद, तूर्यनाद।
revel[1] रे`'वॅल् n. आमोद-प्रमोद, विलासोत्सव, पानोत्सव, रँगरेलियाँ^F; (विशे० *~-rout*) कोलाहलपूर्ण समारोह, पान-महोत्सव, धूमधाम^F की दावत^F।
revel[2] v. i. & t. आमोद-प्रमोद करना, पानोत्सव मनाना, विलासोत्सव करना, पानभोजोत्सव करना, गुल-छर्रे उड़ाना; आमोद-प्रमोदमें लगा देना, हँसते-हँसते काट देना, मौज^F में खर्च कर देना।
revelation रे`विॅ'ले'शॅन् n. अभिव्यक्ति^F, प्रकाशन, व्यक्तीकरण, प्रकटीकरण, इजहार; रहस्योद्घाटन, दैवी-शक्ति-स्फुरण, श्रुतिप्रकाश, ईश्वरीय ज्ञान, आकाशवाणी^F, दैवी सन्देश, इल्हाम; रहस्योद्घाटन (*it was a ~ to me*)।
revelational –नॅल् a. श्रुतिप्रकाश-सम्बन्धी, ईश्वरीय ज्ञान-सम्बन्धी, इल्हामका।
revelationist –'निस्ट् n. The R~ बाइबिलके एक प्रत्यादेशका रचयिता; दैवी श्रुतिप्रकाशमें विश्वास करनेवाला।
revelative रे`'वॅलेटिव् a. उद्घाटक, प्रकाशक, प्रदर्शक, व्यक्त करनेवाला, प्रकट करनेवाला, बतानेवाला, जाहिर करनेवाला।
revelatory –टॅरि a. प्रकाशनीय, अभिव्यक्ति-विषयक, प्रकटीकरण-सम्बन्धी, इजहारका; श्रुतिप्रकाश-विषयक, दैवी-ज्ञान-सम्बन्धी।
revellent रि`वे`'लॅन्ट् a. (चि०) प्रत्युत्तेजक, प्रत्युत्तेजनकारी, प्रत्युपदाहकारी।
reveller रे`'वॅलॅर् n. आमोदक, उत्सवविलासी, आनन्द मनानेवाला, उल्लास मनानेवाला, उत्सव मनानेवाला, खुशी^F मनानेवाला।
revelment –ल्'मॅन्ट् n. REVELRY.
revelry –रि n. आनन्द, आमोद, उल्लास, उत्सव, मस्ती^F, खुशी^F, रंगरेलियाँ^F।
revenant रॅ'वनान् n. प्रत्यावर्ती; भूत, प्रेत।
revendication रि`वे`न्डिके'शॅन् n. राज्यप्रत्यावर्तन।
revenge[1] रि`वे`न्ज' n. वैरयातन, वैरशोधन, **प्रतिशोध, प्रतिकार,** प्रतिद्रोह, प्रत्यपकार, प्रतिहिंसा^F, **बदला;** प्रतिहिंसापूर्ण भावना^F, बदलेकी इच्छा^F; एक प्रकारका बदलेका खेल।
revenge[2] v.t. & i. वैरयातन करना, वैरशोध करना, प्रतिशोध करना, प्रतिकार करना, प्रतिहिंसा^F करना, बदला लेना, द्वेष या वैर निकालना।
revengeful –'फुल् a. प्रतिकारपरायण, प्रतिशोधपूर्ण, प्रतिहिंसाशील, प्रत्यपकारशील, प्रत्यपकारी, प्रतिकारयुक्त, बदला लेनेवाला।
revengefulness –निॅस् n. प्रतिकारपरायणता^F, प्रतिहिंसायुक्तता^F, प्रतिशोधपूर्णता^F।
revengement –'मॅन्ट् n. वैरयातन, वैरशोधन, प्रतिशोध, प्रतिकार, प्रतिहिंसा^F, बदला।
revenger –जॅर n. वैरशोधयिता, प्रतिहिंसक, प्रत्यपकारक, प्रतीकारी, बदला लेनेवाला।
revenue रे`'वि`न्यू n. लाभ, **आय^F,** भागधेय, आगम, आमद^F, **आमदनी^F;** (pl.) आय^F की सम्मिलित मदें (*his ~s*); कर, राज्यकर, **राजस्व,** लगान, **मालगुजारी^F;** राज्यकी वार्षिक आय^F; राजस्वविभाग, मालका मुहकमा; ~ cutter चौर्यायातको रोकनेके लिए नियुक्त पोत; ~ officer राजस्व-अधिकारी, राजस्व-कर्मचारी, माल या चुंगी^F का अफसर; ~ tax राजस्वकर, आगम-कर, मालपर महसूल;
~ account, ~ administration, ~ agent, ~ appeal, ~ authority, R~Board, ~bond, ~ budget, ~ cases, ~ circle, ~ clerk, ~ collection, ~ commissioner, ~ committee, ~ court, ~ court work, ~ defaulter, ~ dificit, ~ department, ~ department notification, ~ deposit, ~ deposit clerk, ~ deposit register, ~ division, ~ duty, ~ establishment, ~ estate, ~ expenditure, ~ farming, ~-free, ~-free grant, ~-free property, ~ grant, ~ head, ~ history, ~ import duty, ~ laws, ~ legislation, ~ management, ~ manual, ~ ~ *map, ~ matters, ~ minister,* ~ money order, ~ office, ~ officer, ~ order sheet, ~ patel, ~powers, ~ process, ~ producing fellings, ~ profit, ~ receipt, ~ record-keeper, ~ record-room receipts, ~ records, ~ recovery certificate, ~ refunds, ~ register, ~ remission, ~ report, ~ reserve, ~ reserve fund, ~ roll, R~ Secretary, ~ staff, ~ stamp, ~ station, ~ survey, ~ survey marks, ~ system, ~ tariff, ~ traverse mark, ~ tribunal, ~ year.
reverberant रि`वर्'वॅरॅन्ट् a. (का०) प्रतिशब्दायमान, प्रतिध्वनिपूर्ण, गूँजनेवाला; ~ sound (भौ०) **अनुरणन-ध्वनि।**
reverberate –रेट् v.t. & i. प्रतिनिनाद करना, प्रतिनिनादित होना, प्रतिध्वनि^F करना, प्रतिध्वनित होना, गूँजना; प्रतिक्षेप करना, प्रतिबिम्बित होना, टकराकर पलट आना, प्रतिक्षिप्त करना या होना; लौटाना, वापस करना, हटाना; (क० भावना^F आदिका) प्रतिक्रिया^F उत्पन्न करना; (*upon* के साथ; गेंद^F इत्यादिका) चोट^F खाकर वापस लौटना, हटना।
reverberating –टिंग् a. प्रतिनिनादक, प्रतिध्वनक; प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपक, प्रतिबिम्बक।
reverberation –शॅन् n. (भौ०) **अनुरणन** (*~ time, ~ chamber*), प्रतिनिनाद, निनाद, प्रतिनाद, प्रतिध्वनन, प्रतिध्वनि^F, प्रतिशब्द, गूँज^F; प्रतिक्षेपण, परावर्तन, प्रतिबिम्बन, प्रतिक्रिया^F, पलटाव।
reverberative –वॅरेटिव् a. (का०) प्रतिध्वनिपूर्ण, पतिनिनादपूर्ण, गूँजनेवाला।

reverberator —ऍटर् n. प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपक, परावर्तक; प्रतिक्षेपी प्रदीप, अक्सी लैम्प।
reverberatory —रॅटॅरि a. & n. आन्दोलक; परावर्ती, प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपकारी, प्रतिफलक, पलट या फेर देनेवाला; ~ furnace (रसा०) **परावर्तन भ्राष्ट्र**^F, **परावर्तन भट्टी**^F, अग्निप्रतिक्षेपी भ्राष्ट्र^F या भट्ठी^F।
revere—रि`वीअॅर्´ v.t. श्रद्धा^F रखना, पूजाभाव रखना, श्रद्धा^F करना, भक्ति^F रखना, सम्मान करना, आदर-सत्कार करना, अदब करना, इज्जत^F रखना।
revered —ड्' a. श्रद्धेय, श्रद्धास्पद, पूज्य, सम्मान्य, आदरणीय।
reverence[1] रे`वॅरॅन्स् n. **श्रद्धा**^F, भक्ति^F, पूजा^F, सत्कार, **समादर**, सम्मान, मान, अदब, इज्जत^F (*feel ~ for; pay ~ to*); श्रद्धा-भाव, श्रद्धालुता^F; आदर-भाव (*the younger generation lacks ~*); (प्रा०) नम्रता^F, विनय^F, सौजन्य; भद्रता^F; दण्डवत्, प्रणाम, नमस्ते, नमस्कार, अभिवादन, वन्दगी^F; श्रद्धेयत्व, श्रद्धेयता^F, पूज्यता^F।
reverence[2] v.t. श्रद्धा^F करना, सम्मान करना, आदर करना, सत्कार करना।
reverenced —ड् a. पूज्य, श्रद्धेय, मान्य, समादरणीय।
reverencer —सॅर् n. श्रद्धालु, भक्त, सत्कर्ता, समादर-कर्ता, सम्मानकारी, अदब करनेवाला, इज्जत^F करनेवाला; दण्डवत करनेवाला, प्रणाम करनेवाला, नमस्ते करनेवाला, नमस्कर्ता।
reverend[1] —ड् n. (प्रायः pl.) पादड़ी, T.
reverend[2] a. (पादरी, बिशपके विषयमें) मान्य, माननीय, समादरणीय, (राज०) **आदरणीय**, पूजनीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद, पूज्य, पूज्यपाद, महाराज।
reverent —न्ट् a. नम्र, विनीत, वश्य, वशीभूत; श्रद्धापूर्ण, श्रद्धालु, भक्तिमान्, सम्मानकारी।
reverential —रे`न्´शॅल् a. भक्तिसूचक, भक्तिमूलक, मर्यादासूचक, विनीत, वश्य; सम्मानपूर्ण, श्रद्धालु, भक्तिमान्, श्रद्धापूर्ण, विनीत, सम्मानकारी।
reverer रि`वीअॅ´रॅर् = REVERENCER.
reverie रे`वॅरि n. दिवास्वप्न, अलीक कल्पना^F, व्यलीक कल्पना^F, विशृंखल ध्यान, असंलग्न चिन्तन, (शिक्षा०) **मनोविलास**, मनमोदक, मनके लड्डू, उधेड़बुन^F, शेख-चिल्लीके मन्सूबे, ख्याली पुलाव।
revers (F) n. उलटा हुआ किनारा।
reversal रि`वॅर्´सॅल् n. **विपर्यय**, (*~ effect*), विपर्यास (*~ film, ~ test*), वैपरीत्य, **व्युत्क्रम**, परिवर्तन, प्रतिकरण, परावर्तन, उत्क्रम, **उत्क्रमण**, उलट-पुलट, **उलटा जाना**, उलटना; निरसन, खण्डन, अस्वीकरण, प्रत्यादेश, मन्सूखी^F; उल्टी दिशा^F में घुमाव; पराजय^F, हार^F, पछाड़^F।
reverse[1]—स् n. प्रतिकरण; पश्चात्पृष्ठ, पृष्ठभाग, उलटा रुख, प्रतीप, प्रतिकूलता^F, विपरीतता^F, **उत्क्रम**, विपर्यय, **उलटा**; विपक्ष, प्रतिपक्षः (pl.) पराजय^F, पछाड़^F, (*suffered a ~*); *on the ~* (मोटरकार^F को) पीछे चलाते हुए; पीठ^F पर; *take in ~* शत्रुको पीछेसे मारना।
reverse[2] v.t. & i. विपर्यस्त करना, प्रतीप करना, विपरीत करना, **उलटना**, पलटाना, फेरना, मोड़ना, औंधाना; (उपाधि^F; आघर्षण आदि) प्रतिसंहृत करना, रद्द करना; अधोवर्तन करना; पक्षान्तरण करना, स्थानान्तरण करना, निरसन करना, अभिशून्यन करना; प्रतिक्रमण करना, फिरना, मुड़ना, पलटना।
reverse[3] a. प्रतिवर्ती, विपर्यस्त (*~ curve*), **उत्क्रमिक**; प्रतीप, विरुद्ध, प्रतिकूल, **प्रतिलोम**, **विपरीत**, विलोम, **उलटा**, खिलाफ (*~ order*); ~ fire शत्रुके पीछे बौछार^F करना; ~ flank सैन्यका पिछला पार्श्व, (ग०) उत्क्रम;
~ arc, ~ bearing, ~ curvature, ~ curve, ~ fault, ~ flank, ~ gear, ~ mutation, ~ order.
reversed ○ —स्ड् a. **प्रतिवर्तित**, विपर्यस्त, विपरीत, उत्क्रान्त, **उत्क्रमित** (*~ position*), उलटा हुआ, औंधा (*~ position*)।
reverser—सॅर् n. विपर्यासक, प्रतीपक, विपर्ययकर्ता, उलटनेवाला, पलटनेवाला, औंधानेवाला; (रेल०) **प्रतिचालक**; (उपाधि^F इत्यादिका) प्रतिसंहर्ता, रद्द करनेवाला; अधोवर्तक; पक्षान्तरक व्यक्ति, स्थानान्तरक व्यक्ति।
reversibility —सिबि´लिटि n. विपर्ययता^F, विपर्यासनीयता^F, **प्रतिवर्त्यता**^F, परिवर्तनीयता^F, व्यतिक्रम, **उत्क्रमणीयता**^F, खण्डनीयता^F।
reversible —सिबॅल् a. प्रतिवर्त्य, परिवर्त्य, निवर्त्य, (भौ०) **प्रतिवर्ती**, विपर्यय, उत्क्राम्य, (गणि०, भौ०) **उत्क्रमणीय**, विपर्यासयोग्य, परिवर्तनीय, परिवर्तनसाध्य, प्रतिलोम्य, प्रतिलोमी; खण्डनीय; **उलटवाँ, पलटवाँ;**
~ cell, ~ change, ~ cycle, ~ pendulum, ~ permeability, ~ plough, ~ process, ~ reaction, ~ shovel.
reversing —सिंग् a. प्रतिवर्ती, उलटा करनेवाला;
~ gear, ~ layer, ~ link, ~ shaft.
ring[3] **n.** घण्टा; क्वणन, (घण्टेकी) झंकार^F, टनटनाहट^F, (घण्टी^{F}की) टनटनाहट^F; (सिक्के एवं वर्तनकी) खनक^F, ठनक^F; घण्टी^{F}; टेलीफोनकी आवाज़^{F}।

ring[4] **v. i. & t.** (*rang*, अप्र० *rung, rung*) निनादित होना या करना, वादित होना या करना, क्वणित होना, झंकृत होना या करना, ठनठनाना, टनटनाना, आवाज़^{F} करना, बजाना, बजना (*bell, trumpet, coin, sound, ~s*): (घण्टा बजाकर) घोषणा^{F} करना, बुलाना; प्रतिध्वनित होना, गुंजित होना, गूँजना; सहानुभूतिपूर्ण ध्वनि^{F} करना; (सिक्केको) पटककर बजाना; (बुलानेके लिए) घण्टी^{F} बजाना; मृत्यु^{F}के घण्टे बजाना, घण्टोंसे तरह-तरहकी आवाज़ें^{F} निकालना; घण्टी^{F} बजाकर भीतर या बाहर जाना (*~ at door*): टेलीफोन करना; *~ curtain up* or *down* (नाटकमें) घण्टी^{F} बजाकर पर्दा उठाना या गिराना; *~ for* (नौकर आदिके लिए) घण्टी^{F} बजाना; *~ in one's ears* कानोंमें गूँजना; *~ in one's heart* याद^F आती रहना; *~ off* टेलीफोनकी बातचीत^F काट देना; *~ up* टेलीफोन करना।

ringed रिंग्ड्' a. वलयित, घिरा हुआ।

ringent रिन्'जेंन्ट् a. सावकाश, सान्तर (वन०) विवृत, खुला।

ringer रिन्'ग़र् n. (QUOITS नामक खेलमें प्रयुक्त) एक प्रकारका छल्ला; (शिकारी कुत्तोंके आगे) चक्कर काटकर भागनेवाली लोमड़ी^{F}।

ringhals –हल्स् n. काला नाग, अफ्रीकी साँप।

ringing रिन्'गिंग् n. वलयन, (वन०) वलयीकरण, घेरा डालना; क्वणन, टनटनाहट^F, बजाना, बजना।

ringlet रिंग्'लिट् n. क्षुद्र अँगूठी^{F}, छोटी अँगूठी^{F}, छोटा छल्ला, छोटा कड़ा; घास^{F}के बीच गहरे रंगका चक्र; वृत्तवत् आकार, छल्लेदार चिह्न; काकपक्ष, चूर्णकुन्तल, घुँघराली लट^F, घूँघरदार बाल।

ringleted –टिड् a. क्षुद्र-अंगुष्ठिकायुक्त, अँगूठीदार; काकपक्षीय, चूर्णकुन्तलयुक्त, घुँघराली लटवाला, घूँघरदार।

ringlety –टि a. चूर्णकुन्तलयुक्त, घुँघरदार।

rink[1] रिन्क्' n. हिमावृत क्रीडा-भूमि^{F}, स्केटिंग खेलनेका बर्फ़^{F}का मैदान, स्केटिंग हॉल, रिंक।

rink[2] v. i. स्केटिंग^F करना।

rinker –'कॅर् n. हिमक्रीड़ाभूमि^{F}पर खेलेनेवाला, स्केटिंग^F करनेवाला।

rinse[1] रिन्स्' n. आक्षालन, (रसा०) छालन, (कृषि०) खँगालना।

rinse[2] v.t. उदकप्रक्षालन करना, जलसे परिष्कार करना, पानीसे धोना, पखारना, कुल्ला करके साफ करना; कोई तरल पदार्थ डालना; पानी डालना, हल्केसे धोना, (कृषि०) खँगालना; (मदिरा^{F}के साथ भोजनको) गलेसे नीचे उतारना, बहाना।

rinser –'सॅर् n. उदकप्रक्षालक, जलपरिष्कारक, पानीसे धोनेवाला, कुल्ला करके साफ करनेवाला; पानी डालनेवाला, खँगालनेवाला।

rinsing –सिंग् n. (pl.) तरल पदार्थ (जिसमें कोई वस्तु^{F} खँगाली गयी हो); आचमन, प्रक्षालन, (रसा०) क्षालन, खँगालना, धोना।

rinthereout रिंथरेऑउट् n. & a. (स्काट०) आवारा।

riot[1] राइ'अट् n. जनसम्मर्द, अनियन्त्रित भीड़^{F}, भीड़-भड़क्का, रेल-पेल^F; तुमुल कोलाहल, हल्लागुल्ला; प्रकृतिकोप; विप्लव, शान्तिभंग, बलवा, झगड़ा, फ़िसाद, दंगा, हंगामा; लम्पटता^{F}, विलासिता^{F}, चरित्रहीनता^{F}, बदचलनी^{F}, ऐयाशी^{F}; विलासक्रीड़ा^{F}, पानोत्सव, आमोद-प्रमोद, अतिभोजन, अतिभोजपानोत्सव; अतिचार, उच्छृंखल व्यवहार; *to run ~* ऊधम मचाना; बहुत बढ़ना।

riot[2] v. i. & t. विलासी जीवन बिताना, मस्ती^{F}से रहना, रँगरेलियाँ^{F} करना; भोगविलासमें समय नष्ट करना, सारा जीवन अय्याशी^{F}में गुज़ार देना; ऊधम मचाना, हल्लागुल्ला करना; उच्छृंखल होना, उपद्रव मचाना, शान्तिभंग करना, दंगा करना, फ़साद या बलवा मचाना।

rioter –टर् n. उपद्रवकारी, अतिचारी, उपद्रवी, [illegible] [illegible] फ़सादी।

rioting –टिंग् n. झगड़ा-फसाद; उपद्रव करना, बलवा करना, दंगा करना।

riotous –टॅस् a. असंयत, उच्छृंखल; भोगासक्त, विलासी, कामुक, उन्मादी, मतवाला, अय्याश; उपद्रवपूर्ण, विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवी, उपद्रवी, दंगाई, (का०) **बलवाई** (~ *assembly*); विलासिता-सम्बन्धी, अय्याशीका; तुमुलकारी; दंगेसे सम्बन्धित।

riotousness, riotry –निॅस्, –ट्रि nn. विलासीभाव, उच्छृंखलता[F], मतवालापन; उपद्रवीपन, गुण्डागिरी[F]।

R.I.P. *requiescat in pace*, may he (*or* she) rest in peace.

rip[1] रिप्' n. लम्पट, कामुक, दुश्चरित्र व्यक्ति, अय्याश आदमी; सड़ियल घोड़ा, निकम्मा घोड़ा।

rip[2] n. (समुद्र या नदी[F]में बढ़े हुए पानीका) विस्तार, पाट, फैलाव।

rip[3] v.t. & i. छिन्न करना, विच्छिन्न करना, चीरना, काटना; फाड़ना, खोचा लगाना, फोड़ना; (छत[F]का) उघाड़ देना, खोल देना, उधेड़ना, खपरे उतार देना, स्लेटें[F] और पट्टियाँ[F] उतार देना; चीरकर रास्ता बताना; घावको खोल देना, घाव हरा कर देना, घाव ताजा कर देना; (झगड़ा इत्यादि) पुनः आरम्भ करना, फिरसे छेड़ देना; (शोकको) पुनः जागृत करना, फिरसे ताजा करना; अतीतकी बात[F] छेड़ना, गड़े मुर्दे उखाड़ना; विच्छिन्न होना, जोरसे फटना, खुलना, तेजी[F]से अलग होना; *let her* ~ उसकी गति[F] धीमी मत करो, तेजी[F]से जाने दो; *don't ~-up old sores* गड़े मुर्दे मत उखाड़।

rip[4] n. विपाटन, विच्छेद, चीर-फाड़[F]।

riparial राइपेॲ'रिॲल् a. तट-स्वामी-विषयक, तटके मालिकसे सम्बन्धित।

riparian[1] –ॲन् n. तट-स्वामी, नदीतीरवासी व्यक्ति, नदी[F]तटका मालिक।

riparian[2] a. (राज०, यंत्र०) **तटीय, तटवर्ती** (~ *state*); नदीतटीय, नदीतीर-सम्बन्धी, नदी-किनारेका (~ *forest, nights*)।

ripe[1] राइप्' v.t. & i. (विशे० का०) विकसित करना या होना, पकना या पकाना।

ripe[2] a. पक्व, परिपक्व, प्रौढ़, परिणत, पका (~ *crops, fruit*); पूर्ण, विकसित, पूरा; मधुर, कोमल; योग्य, समर्थ, सम्पन्न, सर्वांगसुन्दर; उद्यत, सज्जित, सन्नद्ध, प्रस्तुत, तैयार; ~ age बुढ़ापा; ~ lips बिम्बाधर, लाल होंठ; *soon ~ soon rotten* जल्दी पका, जल्दी सड़ा।

ripen –'पॅन् v.t. & i. पक्व होना, परिपक्व होना, परिणत होना, पूर्ण होना, विकसित होना, पकना, पकाना; सर्वांग-सुन्दर बनाना, व्यवहारोपयोगी बनाना।

ripened –ड् a. पक्व, पका हुआ।

ripeness –प्'निॅस् n. प्रौढ़ता[F], पूर्णता[F], परिपाक, पक्वता[F], परिपक्वता[F], पकावस्था[F], पकापन।

ripening –पॅनिंग् n. (कृषि०, चि०) **परिपाक**, (~ *stage*), **परिपक्व होना, पकना**, a. (कृषि०) परिपक्व।

R.I.P.H. Royal Institute of Public Health.

R.I.P.H.H. Royal Institute of Public Health & Hygiene.

ripole ⊙ रिपोल् n. **ऊर्मिका**[F]।

riposte[1] रिपोस्ट् n. प्रतिघात, प्रत्याक्रमण, प्रतिप्रहार, पलटा, जवाबी चोट[F]; प्रतिकार, बदला।

riposte[2] v. i. प्रत्याक्रमण करना, बदलेमें प्रहार करना, जवाबी वार करना।

ripper रि'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) चीरनेवाला, फाड़नेवाला; (छप्पर, खपरैल[F] आदिको) उघाड़नेका यन्त्र; (यंत्र०) **काँटी**[F], T.; एक प्रकारका आरा; (ग्रा०) प्रथम श्रेणी[F]की वस्तु[F] या व्यक्ति।

ripping रि'पिंग् a. प्रथम श्रेणी[F]का, बढ़िया, सुन्दर, अव्वल दर्जेका।

ripple[1] रि'पॅल् n. सनी[F]के बीज साफ करनेका कंघा।

ripple[2] v.t. (कंघेसे सनी[F]के बीज) साफ करना।

ripple[3] n. ऊर्मिका[F], ऊर्मि[F], (विद्यु०, ग०) **वीचि**[F], (भौ०) **तरंग**[F] (~ *mark*), लहरी[F], क्षुद्र तरंग[F], हिल्लोल[F], हिलकोरा, हिलोर[F], छोटी लहर[F]; **गुगानी**[F], (बालों या फीतोंका) लहरियापन; ध्वनि-तरंग, लहरदार हल्की आवाज[F] (~ *of conversation*)।

ripple[4] v. i. & t. तरंगायित करना या होना, हिल्लोलित करना, हिलोर पैदा करना, लहरियाँ[F] बनाना, लहराना, हिलोर उठना; कल-कल ध्वनि[F] करना।

rippler रिप्'लॅर् n. झुर्रियाँ[F] बनानेवाला व्यक्ति या यन्त्र।

ripplet रिप्लिॅट् n. लघु तरंग[F], छोटी-से-छोटी लहर[F]।

rippling –लिंग् १. n. RILPLE[3]; २. a. तरंगाकुल, क्षुब्ध।

ripply –लि a. तरंगायित, ऊर्मिल, ऊर्मिपूर्ण, लहरीला, लहरदार।

riprap रिप्'रैप् n. (जलमें) प्रस्तराधार, पत्थरकी नींव[F]; (कृषि०) **धरुण-भराव**।

ripsaw रिप्'सॉ n. आड़ी आरी[F]।

Ripuarian रिप्यूॲ'रिॲन् a. म्यूज और मोसेलके बीच राइनके तटपर फ्रैंक जाति[F]के रहनेवाले।

Rip van Winkle रिप् वैन् विन्'कॅल् n. अति प्राचीन विचारोंवाला व्यक्ति, दकियानूसी आदमी, पुरानी जानकारीवाला, पुराने ढर्रेका आदमी।

risaldar रिसालदार n. रिसालदार।

rise[1] राइज्' n. **उदय** (*at ~ of day*); उद्रोह, आरोहण, चढ़ाव, **चढ़ाई**[F], पहाड़ी, टीला, ऊँचाई[F] (*chapel stands on a* ~); उत्प्लवन, उछाल[F]; उत्कर्ष, **उदय**, उत्थान, उन्नति[F], वृद्धि[F], बलवृद्धि[F], शक्तिवृद्धि[F], पदोन्नति[F], मूल्यवृद्धि[F], वेतनवृद्धि[F]; मूल, स्रोत, उद्गम, उत्पत्तिस्थान; प्रक्रम, आरम्भ, **उठान**[F]; (मछली[F]का तलपर) आना, उठना; *give ~ to* कारण होना।

rise[2] v.i. & t. (*rose, risen*) उद्रोहित होना, उत्थित

होना, उठना, उठ बैठना, खड़ा होना, बिस्तर छोड़ना, सोकर उठना; सीधा खड़ा होना; सीधा होना; पुनः जीवन प्राप्त करना, जी उठना; आधिपत्य न मानना, विद्रोह करना, राजद्रोह करना, विप्लव करना, सिर उठाना, दगावत^F करना; ऊर्ध्वोत्थित होना, ऊँचा उठना, ऊपर उठना, उदय होना, चढ़ना, निकलना; ऊपरकी ओर बढ़ना; प्रगतिशील होना, प्रगति^{F} करना, उन्नति^{F} करना; फूल जाना; तेजी^{F} पैदा करना, जोर बढ़ाना; दृष्टिगत होना, दृष्टिगोचर होना, दिखाई पड़ना, नजर^{F}में आना; शक्ति^{F} उत्पन्न करना, सामर्थ्य जगाना, हिम्मत^F जगाना; उत्पन्न होना, जन्म लेना, होना, आरम्भ होना, शुरू होना (*river ~s from a spring*), मूलस्रोत होना, निकलना, फूटना, बहने लगना; उठना, उठ खड़ा होना; उठाना, चढ़ाना, ऊँचा करना, *gorge ~s* क्रोध आता है, खून खौलता है; *~ to the occasion* समयपर अपना गुण दिखाना; *spirits ~* और अधिक प्रसन्न होना, तबियत^F खुश होना; *stomach ~s* घृणा^{F} होती है, घिन^F आती है, नफरत^F होती है।

risen –'ज़्न् a. RISE का भू० कृ०।

riser –ज़र् n. उद्धृतांश, सीढ़ियों^{F}को मिलानेवाला खड़ा भाग; (यंत्र०) खड़ा पट्टा; अड्डा; (रेल०) T.

risibility रिज़िबि'लिटि n. कौतुकावहता^{F}, हास्यजनकता^{F}, हास्योद्दीपकता^{F}, आनन्दजनकता^{F}, हँसनेकी प्रवृत्ति^{F}, हँसी^{F}।

risible –'ज़िबॅल् a. कौतुकावह, हास्यजनक, हास्योद्दीपक, आनन्दजनक (*~ faculties*); (क०) उपहसनीय, हास्यकर, हास्यास्पद, हँसने योग्य; असंगत, बेढब, बेढंगा।

rising राइ'ज़िंग् १. n. उद्रोह, उद्रोहण, आरोहण, चढ़ाई^F; उदय; उन्नति^{F}, उत्थान, विकास; दे० RISE[1]; (*~again* भी) पुनर्जीवन, समाधि^{F}से पुनः जीवित हो उठना, प्रजाक्षोभ, विद्रोह, विप्लव, बलवा, बगावत^F; फोड़ा-फुंसी^{F}; २. a. **आरोही**, उद्रोही, उन्नतिशील, उत्कर्षोन्मुख, उदीयमान, चढ़ता;

~ coast, ~ coast line, ~ main, ~ market, ~ sum.

risk[1] रिस्क्' n. विपदा^{F}, आपदा^{F}, क्षतिभय, हानिभय, भय, संकट, खतरा, (अर्थ०) **जोखिम**; दायित्व, जिम्मेदारी^{F}; *at owner's ~* स्वामीके दायित्वपर, मालिककी जिम्मेदारी^{F}पर; *run the ~s* जोखिममें पड़ना, खतरेमें पड़ना; take ~ s खतरा मोल लेना;

~-bearing, ~-note, ~ purchase, ~ sale, ~ taking.

risk[2] v.t. आपद्ग्रस्त करना, विपदा^{F}में डालना, विपन्न करना, खतरेमें डालना, जोखिममें डालना; साहसपूर्वक खतरेका सामना करना, खतरा सिरपर मोल लेना, जोखिम उठाना (*~ a battle*)।

riskful –'फ़ुल् a. विपदामय, आपदामय, संकटपूर्ण, खतरनाक, खतरेवाला, जोखिमवाला।

riskiness –'किनिॅस n. भयावहता^{F}, विपत्तिसंकुलता^{F}, संकटमयता^{F}, खतरा; अभद्रता^{F}, उजड्डपन।

riskless –क्'लिॅस् a. क्षतिभय-मुक्त, खतरेसे खाली।

risky –'कि a. विपत्तिजनक, आपदामय, भयावह, क्षतिभयपूर्ण, विपत्तिसंकुल, खतरेवाला; आपत्तिजनक, अनुचित, अभद्रतापूर्ण।

risorgimento रीज़ाॅर्जिमे'न्टो n. पुनर्जागरण, पुनरुत्थान।

risorial राइसाॅ'रिॲल् a. हास-विषयक, हास-सम्बन्धी, हँसी^{F}का।

risorius –ॲस् a. (चि०) **सृक्कापकर्षणी**।

risp रिस्प' n. (आलू इत्यादिका) तना।

risque रिस्क्यू a. अश्लील, अभद्र, तुच्छ; अधम, हल्का; अमर्यादित, अवर, अश्रेष्ठ, उजड्ड, घटिया।

rissole रि'सोल् n. मछली^{F} या गोश्तका तला हुआ कोफ्ता।

rite राइट्' n. कल्प, कृत्य, कर्मकाण्ड, धर्म-कर्म, (दर्श०) **धार्मिक कृत्य**, धार्मिक विधि^{F}, संस्कार, आचार, रीति^{F}, रस्म; burial *or* funeral ~s अन्त्येष्टि^{F}; conjugal *or* nuptial ~s सम्भोग संस्कार, सहवास संस्कार।

riteless –'लिॅस् a. कर्मकाण्ड-मुक्त, संस्काररहित, रीतिहीन, बेरस्म।

ritornello रीटाॅर्नें'लो n. आवृत्ति^{F}, पुनरावृत्ति^{F}, दुहराव, दोहार।

ritual[1] रि'ट्यूॲल् n. (प्रायः pl.) (इति०) **कर्मकाण्ड**, कल्प, संस्कार, संस्कार-विधि^{F}, अनुष्ठानपद्धति^{F}; क्रियाशास्त्र, धार्मिक पूजा^{F} या कर्मकाण्डकी पुस्तक^F, प्रार्थना^{F} या सन्ध्या^{F}की पुस्तक^F; कर्मकाण्ड-सम्पादन, संस्कार-पालन।

ritual[2] a. शास्त्रोक्त, शास्त्रसिद्ध, वैधिक, आनुष्ठानिक, सांस्कारिक, संस्कारीय, संस्कार-सम्बन्धी, **कर्मकाण्डी**, कर्मकाण्ड-विषयक;

~ behaviour, ~ ceremony, ~ circle, ~ monument, ~ objects, ~ value.

ritualism –लिज़्म् n. कर्मकाण्डवाद, संस्कार, धार्मिक-संस्कारानुराग; क्रियापद्धति^{F}, क्रियानुष्ठान।

ritualist –लिस्ट् n. कर्मकाण्डवादी, **कर्मकाण्डी**, संस्कार-शास्त्री।

ritualistic –'टिक् a. संस्कार-सम्बन्धी, आनुष्ठानिक; कर्मकाण्डवादी, कर्मकाण्डी^{F}का।

ritualize –ट्यूॲलाइज़् v. i. & t. आनुष्ठानिक रूप देना, धार्मिक विधि^{F} या संस्कारका रूप देना।

rivage राइ'विज् n. वेला^{F}, तट, तीर।

rival[1] राइ'वॅल् n. स्पर्धी (*~ union*), संस्पर्धी, **प्रतिद्वन्द्वी**, प्रतिस्पर्धी, (*~ hypothesis*), विरोधी, प्रतियोगी, मुकाबला करनेवाला (*~ candidate*); *without a ~* अद्वितीय, अजातप्रतिद्वन्द्वी।

rival[2] v.t. & i. प्रतिद्वन्द्विता^{F} करना, प्रतिस्पर्द्धा^{F} करना, प्रतिपक्षता^{F} करना, मुकाबला करना, बराबरी^{F} करना, लाग डाँट^F रखना; प्रतिद्वन्द्वी होना, विरोधी होना।

rivalize –लाइज़् v.t. प्रतिद्वन्द्विता^{F} करना, प्रतिपक्षिता^{F}

करना; प्रतिद्वन्द्वी बनाना।

rivalry –रिर् n. स्पर्धा^F, संस्पर्धा^F, प्रतिस्पर्धा^F, **प्रतिद्वन्द्विता**^F, प्रतिपक्षता^F, प्रतियोगिता^F, विरोध, वैर, मुकाबला।

rivalship –ल्-शिप n. प्रतिस्पर्धाभाव, प्रतियोगिता^F, प्रतिपक्षीभाव, प्रतिद्वन्द्विता^F, विरोधिता^F।

rive[1] राइव् n. चीर-फाड़^F।

rive[2] v.i. & t. (*rived, a. riven*) फूटना, फटना, टूटना; चीरना, फाड़ना, फोड़ना, तोड़ना।

rivelled ⊙ रि'वॅल्ड् a. ऊष्मा-संकोचित, गर्मी^Fसे सिकुड़ा हुआ।

riven रि'वॅन् a. विश्लिष्ट, शकलित, खण्डित, विच्छिन्न, टुकड़े-टुकड़े।

river* रि'वॅर् n. तटिनी^F, प्रवाहिनी^F, निम्नगा^F, स्रोतस्विनी^F, **नदी**^F*, सरिता^F, दरिया; जीवन-सरिता^F, जीवन-प्रवाह; (गु० वा०) नदी^Fका, नदी^Fपर प्रयुक्त, नदी^Fमें पाया जानेवाला; ~-bed नदीगर्त, नदीपात्र, नदी^Fका पाट; (प्रा०भू०) **नदी-तल**; ~ terrace **नदी वेदिका**^F, **नदी-तलवेदी**^F, नदी^Fकी सीढ़ीदार घाटी^F; *deep ~s move with silent majesty, shallow brooks are noisy* अधजल गगरी^F छलकत जाय, भरी गगरिया^F चुप्पे जाय; *~s of blood* अतिरक्तपात, खूनकी नदियाँ^F;

~ bank, ~ basin, ~-bed cultivation, ~-bed level, ~-birch, ~-borne trade, ~ capture, ~ catchment, ~ channel, ~ course, ~-craft, ~ crossing, ~ diversion, ~ drift, ~ dues, ~ erosion, ~ fan, ~ fisheries, ~ flood, ~ gorge, ~ gradient, ~ grass, ~ gunboat, ~ head, ~ improvement, ~ island, ~ keeper, ~ navigation, ~ piracy, ~ pirate, ~ police, ~ pollution prevention, ~ port, ~ profile, ~ sand, ~ s conservancy, ~ settlement, ~ ~ side, ~ system, ~ tern, ~ ternlet, ~ terrace, ~ tortoise, ~ training, ~ transshipment point, ~-turtle, ~ valley, ~ valley project, ~ watcher, ~ water, ~ weed, ~ works.

riverain[1] –रेन् n. नदीतीरवासी, नदी-किनारे रहनेवाला व्यक्ति।

riverain[2] a. नदीय, नदीक्षेत्रीय, नदीतटीय, (यंत्र०) **तटीय, तटवर्ती**, तीरवर्ती, नदी^Fका (*~ colonization, site*)।

rivered –र्ड् a. नदीयुक्त, नदीबहुल, नदीवाला।

riverine –राइन् a. तीरवर्ती; नदीतटीय, नदीतटीका, नदीपार्श्वस्थ, अनुनदीय, किनारेका (*~ fisheries*)।

riverless –र्-लिस् a. सरिताशून्य, नदीरहित, बेदरिया।

rivet[1] रि'विट् n. लवंग, लवंगकील^F, **कीलक**, रिपट, रिपिट^F, कील^F, T.;

~ group, ~ head, ~ shank, ~ shear.

rivet[2] v.t. लवंगकीलित करना, दृढ़ करना, दृढ़बद्ध करना, रिपिट^F करना या लगाना, बोल्ट जोड़ना; कील^F ठोंकना; पक्का करना, जड़ना, मजबूत करना; कसके पकड़ लेना; (*upon* के साथ, नेत्र या ध्यान आदिको) केन्द्रित करना, एकाग्र करना, गाड़ना; जमाना; (ध्यान) आकर्षित करना, खींचना।

riveted –टि'ड् a. लवंगित, लवंगकीलित, कीलित (*~ joint*)।

riveter –टॅर् n. दृढ़बद्ध करनेवाला, कील^F जोड़नेवाला, रिपट करनेवाला, **रिवेट लगानेवाला**, T.; रिपिट^F करनेकी मशीन^F; चित्तको एकाग्र करनेवाला।

riveting –टिंग् n. लवंगन, कीलन, रिपिट^F लगाना।

riviere रि'विॲर, रीव्येॲर' n. मणिमाला^F, रत्नमाला^F, मणियोंका हार।

rivulet रि'व्युलिट् n. नदिका^F, **उपनदी**^F, क्षुद्र नदी^F, **अल्पनदी**^F, **अल्पस्रोत, नाला**; क्षुद्र प्रवाह, छोटी नदी^F; शलभ-विशेष, एक प्रकारका पतंगा।

rivulose रि'व्यूलोस् a. (वन०) **सरित रेखी**, वक्र-रेखांकित, लहरिया रेखाओं^Fसे युक्त।

rix-dollar रिक्स्-'डॉलर् n. १६ वीं–१७ वीं शती^Fका एक सिक्का।

riziform ⊙ राइ'जिफॉर्म् a. (चि०) तण्डुल-कणिकासम, शालिवत्, धान्यवत्, धान-जैसा, धानके दाने-जैसा।

rizzared रि'ज़ॅर्ड् a. लवणयुक्त तथा धूप^Fमें सुखाया हुआ।

R.K. Record Keeper.

R.L. Reduced Level.

R.L.S. Robert Louis Stevenson.

R.L.W.A. Application for assignment of Registered Laden Weight.

Rly. **rly.** railway.

R.M. Royal Mail; Royal Marines, Resident Magistrate; Riding Master, Raw Materials; Reference Mark; Registration Moharrir (clerk).

r.m. ream.

R.M.A. Royal Military Academy; Royal Marine Artillery.

R.M.C. Royal Military College.

R.M.L.I. Royal Marine Light Infantry.

R.M.L.O. Rice Mills Licensing Order.

R.M.O. Resident Medical Officer; Revenue Money Order.

R M.S. Railway Mail Service; Royal Mail Steamer; Royal Microscopical Society.

R.N. Royal Navy.

Rn Randon.

R.N.A.S. Royal Naval Air Service.

R.N.R. Royal Naval Reserve.

R.N.S. Royal Numismatic Society.

R.N.V.R. Royal Naval Volunteer Reserve.
R.N.Z.A.F. Royal New Zealand Air Force.
R.N.Z.N. Royal New Zealand Navy.
R.O. Range Officer; Rationing Officer; Recruiting Office (r); Regional Office (r); Registering Officer; Release Orders; Relieving, Officer; Royal Observatory.
r.o. *recto*, right-hand page.
roach[1] रोच्' n. हरिचन्द्रा^F, (*carp* जाति^Fकी, पोखरोंमें पलनेवाली, मछली^Fसे मिलती-जुलती मीठे पानीकी छोटी मछली^F); ~-backed उन्नत-पृष्ठभाग-युक्त, उभरी हुई पीठवाला; *sound as a* ~ अस्वस्थ ।
roach[2] n. (नौवि०; वर्गाकार पालके निचले भागमें ऊपरकी ओरको जानेवाली) वक्रता^F, मोड़ ।
road[1]* रोड' n. (प्रायः pl.; ~ *stead* भी) लंगर-स्थान, लंगरगाह; रथ्या^F, राजमार्ग, जनपथ, मार्ग, **सड़क**^F*, रास्ता, रोड; पद्धति^F, उपाय, ढंग, तरीका; ~ hog बेधड़क मोटर^F चलानेवाला, लापरवाही^Fसे साइकिल^F चलानेवाला; ~ house धर्मशाला^F; पान्थशाला^F, सराय^F; ~man सड़क^Fकी मरम्मत^F करनेवाला; ~ metal सड़क^Fकी गिट्टी^F; ~-sense **सड़क-ज्ञान**, (सड़क^Fपरका) चालनचातुर्य, (सड़क^Fपर सवारी^F चलानेकी होशियारी^F); ~side मार्ग-पार्श्व, **सड़क^Fकी पटरी^F या किनारा**; सड़क^Fका किनारा; ~ stead (नौवि०) **पोताश्रय, चिखिल बन्दरगाह**; ~ way, मार्ग, मार्गपथ, **सड़कमार्ग**, सड़क^F; ~ ways रथ्यायान, मोटरगाड़ियाँ^F; *in the* ~ किसीके काममें बाधा^F डालते हुए, रास्तेमें रोड़े डालते हुए; *royal* ~ *to* सरल उपाय, सीधा मार्ग, आसान ढंग; *take the* ~ (यात्रा^Fके लिए) प्रस्थान करना, चल देना, रास्ता पकड़ना;
~ alignment, ~ ballast, ~ bed, ~ block, ~-book, ~-borne, ~-bound, ~ cess, ~ classification, ~ closed, ~ construction, ~ corner, ~-craft, ~-crossing, ~ decking, ~ design, ~ etiquette, ~ expedient, ~fund, ~ gradient, ~ heater, ~ inspector, ~ journey allowance, ~ junction, ~ labourer, ~ land, ~ maintenance ~ making, ~ map, ~ material, ~-mending, ~ metalling, ~ mileage allowance, ~net, ~network, ~ nil, ~ oil, ~ patrol, ~ plant, ~ register, ~ roller, ~ roller driver, ~ roller mechanic, ~ rolling, ~-scraper, ~s division, ~ service, ~ sheet, ~ shocks, ~ side, ~ sign, ~ springs, ~ stone, ~-surface, ~-surveyor, ~ system, ~ tar, ~ toll, ~ transport, ~ tunnel, ~ wheels, ~ worthiness, ~ year.
road[2] v.t. (कुत्तेका घ्राण-शक्ति^F द्वारा) अनुगमन करना, पीछा करना ।
roadability –बि'लिटि n. (मोटर^Fकी) राजपथ-योग्यता^F, राजमार्ग-प्रयोज्यता^F, सड़क^Fपर चलनेकी अवस्था^F ।
roaded –'डिड् a. मार्गयुक्त, सड़कदार ।
roadless –ड्'लिस् a. मार्गशून्य, मार्गरहित, बेसड़क ।
roadster रोड्'स्टर् n. (लंगरगाहमें) लंगरपर खड़ा हुआ जहाज; (सड़कों^Fपर चलनेका) वाहन, यान, गाड़ी^F, सवारी^F; सिद्ध यात्री, अनुभव प्राप्त मुसाफिर ।
roam[1] रोम्' n. (क०) भ्रमण, संचरण, सैर^F, सफर^F ।
roam[2] v.i. & t. इतस्ततः भ्रमण करना, संचरण करना, निरुद्देश्य घूमना, डोलना, रमते फिरना, आवारा फिरना; मारे-मारे फिरना, भटकते फिरना ।
roamer –'मर् n. निरुद्देश्य-पर्यटक, भ्रमणकारी, भटकनेवाला, घुमक्कड़ ।
roaming –मिंग् १. n. भ्रमण, पर्यटन; २. a. भ्रमणकारी, पर्यटक, घूमता हुआ (~ *ambassador*) ।
roan[1] रोन्' n. (जिल्द^F बाँधनेमें प्रयुक्त) भेड़^Fका नर्म चमड़ा ।
roan[2] n. शबल अश्व, चित्रघोटक, चितकबरा घोड़ा; विचित्र वर्ण, अद्भुत रंग ।
roan[3] a. (पशु आदि) शबल, चित्र-विचित्र, चितकबरा, चित्तीदार ।
roar[1] रोऑर' n. सिंह-गर्जन, दहाड़^F, गुर्राहट^F, गूँज^F, चिंघाड़^F; (व्यक्ति या समुदायका) चीत्कार, चिल्लाहट^F; ठट्ठा, ठहाका; कड़क^F; भभक^F, धड़ाका-जन्य शब्द ।
roar[2] v.i. & t. गर्जन करना, गरजना, हुंकार भरना, दहाड़ना, चिंघाड़ना, गुर्राना; चीत्कार करना, चीखना; (क्रोधमें), चिल्लाना; (हँसी^Fमें) ठट्ठा मारकर हँसना; (बिजली^Fका) कड़कना; (तोप^Fका) धड़ाका होना; (भट्ठेका) भभकना; (घोड़े आदिका) फूत्कार करना, फुफकारना, साँस^F लेनेमें खुर्र-खुर्र करना; (स्थानका) कोलाहलमय होना, शोरगुलसे गूँज^F उठना; तारस्वरेण शब्दोच्चारण करना; ऊँचे स्वरमें गाना; गर्जन करके छा जाना, चिल्लाकर दबा देना ।
roarer –'रर् n. चिल्लानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; खुर्र-खुर्र करनेवाला घोड़ा ।
roaring[1] –रिंग् n. घोड़ेकी खुर्र-खुर्र; गर्जना^F, गुर्राहट^F, दहाड़^F; घनरव, गड़गड़ाहट^F, निर्घोष, नाद ।
roaring[2] a. **आक्रोशी**, (~ *fortis*), कोलाहलकारी, उपद्रवी, ऊधमी, झगड़ालू, दहाड़ने या गुर्रानेवाला; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, तेज; कोलाहलमय, होहल्लेवाला; वर्धमान, विकासशील, उन्नतिशील, बढ़ता हुआ; ~*blade* (प्रा०) दुश्चरित्र व्यक्ति, अल्पकालमें स्वशक्ति क्षीण करनेवाला व्यक्ति ।
roast[1] रोस्ट्' n. भुना हुआ मांस, कबाब; (रसा०) **भर्जन**, भूननेकी क्रिया^F ।
roast[2] v.t. & i. विभर्जित करना, **भूनना**, सेंकना, कबाब बनाना; (धातु^Fको) तपाना, गरमाना, जलाना;

(स्वयं) झुलस जाना; चुटकियाँ[F] लेना, बुद्धू बनाना, मजाक उड़ाना; भुनना, तपना, झुलसना, मजाक सहना।

roasted –'टिड् a. उत्तप्त, अतितप्त, भृष्ट, भूना हुआ (~ *coffee*)।

roaster –'टर् n. भर्जक, भूननेवाला, तपानेवाला; भ्राष्ट्री, भट्ठी[F], तन्दूर; (रसा०) **भर्जित्र**; (कहवेके बीजोंको) भूननेका बर्तन; भूनने योग्य सुअर या आलू।

roasting 'टिंग् n. विभर्जन, (रसा०) **भर्जनक्रिया**[F], भ्राष्ट्रभर्जन, भर्जन, **भूनना; सेंकना;** ~ furnace (रसा०) भर्जित्रभ्राष्ट्र[F], **भर्जन भट्ठी**[F], **भूननेवाली भट्ठी**[F], भूननेकी भट्ठी[F]।

rob[1] रॉब् n. मुरब्बा, पाग (शहतूत-रसका); (चि०) शहद या शर्करा[F]के साथ मिलाया हुआ पक्व फलोंका रस।

rob[2] v.t. लुण्ठन करना, बलात् हरण करना, बलपूर्वक अपहरण करना, लूट लेना, (का०) **लूटना**, डाका डालना, छीनना; वंचित रखना, पाने न देना; *to ~ Peter to pay Paul* गाय[F] मारकर जूता दान।

roband रॉ'बॅन्ड् n. = ROBBIN.

robber –'बॅर् n. अवस्कन्दक, दस्यु, लुण्ठक, (का०) **लुटेरा**, डाकू, बटमार।

robbery –रि n. अवस्कन्दन, दस्युवृत्ति[F], लुण्ठकता[F], अपहरण, अपहार, लुण्ठन, बटमारी[F], डाका, (का०) **लूट**[F]।

robbin –बिन् n. (नौवि०) पाल-रज्जु, पालकी रस्सी[F]।

robe[1] रोब् n. परिच्छद, वस्त्र, पोशाक[F], राजपोशाक[F], गाउन, लबादा, अँगरखा, चोगा; ऊपरका कोट, ओवरकोट; बच्चेका झँगुला; *gentlemen of the ~* वकील; *the long ~* लम्बा परिच्छद, लम्बा चोगा (विशे० पादरियों या वकीलोंका)।

robe[2] v.t. & i. परिच्छद पहनाना, पोशाक[F] पहनाना; परिच्छद पहनना, पोशाक[F] पहनना, वस्त्राच्छादित करना या होना, वर्दी[F] पहनना।

Robert रॉ'बॅर्ट् n. पुलिस सिपाही।

robin ⊙, **Robin** ⊙ रॉ'बिन्, रॉ'बिन् nn. (~ *redbreast* भी) क्षुद्र गायक पक्षि-विशेष, एक लाल चिड़िया[F], रोबिन; ~ flower रक्त कषायमूल; R~ Goodfellow रंगकारी भूत-विशेष, चंचल प्रेत, चालाक भूत; R~ Hood (विख्यात मध्ययुगीन दस्यु) रोबिन-हुड;

~ hedge-sparrow, ~-in-the-hedge, ~-redbreast, ~ redshanks, ~'s eggblue, ~'s eye.

roborant[1] रॉ'बॅरॅन्ट् n. वाजीकरण, शक्तिदायक ओषधि[F], शक्तिवर्द्धक दवा[F], टानिक।

roborant[2] a. शक्तिदायक, शक्तिवर्द्धक।

robot –'बॉट् n. यन्त्रमानव, मानवाकार स्वयंचालित यन्त्र, मनुष्यवत् कर्मचारी यन्त्र, यन्त्रवत् व्यक्ति, मशीन-जैसा आदमी; स्वयंचालित यातायात-संकेत; गुंजप्रस्फोट, उड़ता हुआ बमगोला।

robotization रॉबॅटाइज़े'शॅन् n. यन्त्रीयन, यन्त्रीकरण, मशीन[F] बना देना; यन्त्रीयित व्यवहार, यन्त्रीकृत व्यवहार, मशीन-जैसा कामकाज।

robotize –'बॅटाइज़् v.t. यन्त्रीयित करना, यन्त्रीकृत करना, मशीन[F] बना देना।

roburite रो'बॅराइट् n. बलस्फोटक।

robust रॅ'बस्ट् a. सतेज, तेजवान्; मांसल, दृढ़ांग, दृढ़, बलवान्, हट्टाकट्टा, तगड़ा; (शरीर) सुगठित, गठीला; शक्तिपूर्ण, बलपूर्ण, बली, ताकतवर; (बुद्धि[F] या समझ[F]) सहज, सरल, सच्ची, खरी।

robustious –टिॲस् a. उद्दण्ड, उपद्रवी, ऊधमी, भड़भड़िया, झगड़ालू।

robustness –ट्'निस् n. दृढ़ता[F], दृढ़ांगता[F], मांसलता[F], बलशालिता[F], हृष्टपुष्टता[F], मजबूती[F], ताकत[F], तगड़ापन; सरलता[F], सहजता[F], स्पष्टवादिता[F], खरापन।

roc रॉक् n. (अलिफ लैला[F]की कहानियों[F]में वर्णित) रुख़, विशालकाय पक्षी-विशेष।

R.O.C. Royal observer Corps.

rochet रॉ'चिट् n. लबादा, चोगा, कफनी[F]।

rock[1] रॉक् n. (भूमि[F]के नीचेका) ठोस भाग, कड़ी भूमि[F]; (रसा०, प्रा० भू०) **शैल**, पर्वत, पहाड़; मिट्टी[F]का टीला, समुद्री टीला; पाषाण, पत्थर, शिला[F], (रसा०, प्रा०भू०) **चट्टान**[F]; आश्रय, रक्षासाधन; संघात, शक्ति[F], बल; एक प्रकारकी कड़ी मिठाई[F]; पहाड़ी कबूतर; ~ born (इति०) **शैलज**; ~-*bottom* चट्टानी तल; (बोल०) निम्नतम, बहुत ही कम; ~-cake पत्थर फोड़नेवाली मशीन[F]; ~-*crystal* शैल स्फट, (रसा०) शैलमणिभ, शिलामणिभ, (रसा०) **बिल्लौर**, पत्थरी बिल्लौर; **स्फटिक, क्वार्ट्ज़**; ~ *dove* गिरिकपोत, पहाड़ी पेंडुकी[F]; ~-*garden* पथरीला चबूतरा, चट्टानी टीला (जिसकी दरारों[F]में चट्टानी पौधे उगाये जाते हैं); बाग (जिसमें कृत्रिम रूपसे पथरीले टीले बनाये जाते हैं); R~ of ages यीशू; ~-oil खनिज तैल, मिट्टी[F]का तेल; ~-*pigeon* नीलकपोत, गिरिकपोत, पहाड़ी कबूतर; ~-rabbit गिरिशशक, पहाड़ी खरगोश; ~-*salt* शैललवण, खनिजलवण, (प्रा० भू०) **सैन्धव, खनिज नमक**, पहाड़ी नमक, लाहौरी नमक; (कृषि०) **सेंधा नमक**; ~ *tar* मिट्टी[F]का तेल; पेट्रोल; the R~ जिब्राल्टर; *on the ~s* अभाव-ग्रस्त, पैसेसे खाली, टोटेमें;

~ ablation, ~-alum, ~ architecture, ~ *arrangement*, ~ *asphalt*, ~ barnacle, ~-based, ~ bashion, ~ basin, ~-bed, ~-*boring*, ~-*bound*, ~ *brake*, ~-*built*, ~ bushquail, ~-cleft, ~ climber, ~ couloir, ~ *cress*, ~ *crevice*, ~ crystal, ~-cut, ~ cut cave, ~-cut temple, ~ drill, ~ dwelling, ~-*fall*, ~ fish, ~ flour, ~ form, ~ formation, ~ forming, ~ fracture, ~ fragment, ~-free, ~ glacier, ~-goat, ~ grain, ~-hearted, ~-hewn, ~ hopper, ~ ~ inscription, ~ jasmine, ~ joint, ~-lark, ~ *lobster*, ~ mass, ~ meal, ~ melon, ~

milk, ~ *minerals*, ~ *oil*, ~ *outcrops*, ~ painting, ~ phosphate, ~-pipe, ~ pipit, ~-plant, ~ pool, ~ rib, ~-ribbed, ~ roofing, ~ scarlet, ~ shaft, ~ shelter, ~ slide, ~ snake, ~ soil, ~ sparrow, ~ stratum, ~-strewn, ~ structure, ~ surface, ~ system, ~ temple, ~ thrush, ~-torn, ~ tripe, ~ type, ~ waste, ~-water, ~ weathering, ~ weed, ~-wood.

rock[2] n. (इति०) तकुआ, बड़ी तकली[F] या तकला ।

rock[3] n. झूलना, हिलना, डोलना, झोंक, झोंका ।

rock[4] v.t. & i. कम्पित होना, विकम्पित होना, इधर-उधर हिलना, हिलाना, झोंका देना या खाना, डोलना या डुलाना, झूलना, झुलाना (~ *him to sleep*); घूमना या घुमाना, चक्कर खाना या देना ।

rockaway रॉक्'वे n. ⊙ एक चौपहिया गाड़ी[F] ।

rocker रॉ'कॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) (रसा०) **दोलक**, झुलानेवाला, हिलानेवाला, डुलानेवाला; हिंडोला, पालना; (सोनेकी खानवालोंका) झूलन छाज; मुड़ा हुआ स्केट; *off* one's ~ उद्भ्रान्त, सनकी, झक्की;

~ arm, ~ bearing, ~ bottom, ~ pattern.

rockery रॉ'कॅरि n.(कृषि०) **शैल-उद्यान**, कृत्रिम शिला-माला[F], बनावटी चट्टानों[F]की श्रेणी[F], पत्थरोंका बनावटी ढेर ।

rocket[1] रॉ'किट् n. (सलाद[F]में प्रयुक्त) तन्तुभ, सलाद[F]का एक पौधा, कलगा, (कृषि०) **तारामीरा** ।

rocket[2] n. प्रोल्का, अग्निबाण, हवाई बान, **राकेट**;

~ apparatus, ~ arm, ~ bomb, ~ gun, ~ launcher, ~ trail.

rocket[3] v.t. & i. राकेटोंकी बमबारी[F] करना, हवाइयों[F]-की बौछार[F] करना; (घोड़े या सवारका हवाई[F]की भाँति) ऊपरको तेजी[F]से बढ़ना, तीरकी तरह ऊपर चढ़ना; (तीरका) तेजी[F]से सीधा और ऊँचा उड़ जाना ।

rocketer –टॅर् n. तेजी[F]से ऊपर उड़नेवाला तीर ।

rocketting–टिंग् a. (ला०) गगनचुम्बी (~ *prices*) ।

rockiness रॉ'किनिॅस् n. पाषाणहृदयता[F], निर्ममता[F], कठोरता[F]; दृढ़ता[F], अडिगता[F]; पथरीलापन, ठोसपन ।

rocking रॉ'किंग् १. n. दोलन, झूलना; २. a. दोली, झूलनेवाला (~ *chair*) ।

rockless रॉक्'लिॅस् a. शिलाशून्य, चट्टानरहित ।

rocklet–लिॅट् n. क्षुद्र शिला[F], पाषाण, छोटी-सी चट्टान[F]।

rocklike –लाइक् a. शिलावत्, शिलासंकाश, शिला-सदृश, चट्टानों[F]की भाँति, पथरीला, कड़ा ।

rockling –लिंग् n. एक मछली[F] ।

rocky रॉ'कि a. (प्रा०भू०) **शैल-**, **शैलमय**(~*barrier*, ~ *soil*) शिलापूर्ण, पहाड़ी, चट्टानी, चट्टानों[F]से भरा, पथरीला; (चट्टान[F]की भाँति) निर्मम, कठोर, दृढ़, अडिग, कड़ा, ठोस; (क०) अस्थिर, हिलता-डुलता; ~ mountain fever (चि०) शैलपर्वतज ज्वर; the R~ ies राकी शैलमालाएँ[F] (उत्तरी अमरीकामें) ।

rococo[1] रॅको'को n. कला[F]की अलंकृत शैली[F] ।

rococo[2] a. अत्यलंकृत, भड़कीला, चमकीला; अप्रचलित, पुरानी चाल[F]का ।

rod⁎ रॉड् n. (रसा०) **शलाका**[F]; वेत्र, बेंत, (स्थिति०, रसा०) **दण्ड**, यष्टि[F], **छड़**[F]⁎, छड़ी[F]; शासनदण्ड, प्रभुता-चिह्न; प्रभुत्व; दण्ड, शासन, सजा[F]; उत्पीड़न, अत्याचार, अनाचार; अन्वय, जाति[F], वंश; मछली[F]की वंसी[F]; (श० र० शा०) डण्डेके आकारका ढाँचा; ~ and line (जीव०) **बंसी**[F], **छिप**[F]; *have a* ~ *in pickle for* दण्ड देनेके लिए तुला रहना, मौकेकी घात[F]में रहना, *spare the* ~ *and spoil the child* बच्चेको मारो नहीं तो बिगड़ जायगा;

~ cell, ~ fishing, ~-like, ~ mill, ~ proof, ~ thinning.

rodding –डिंग् n. दण्ड, दण्ड-समूह, डण्डे ।

rode[1] रोड्' RIDE का भू० कृ० ।

rode[2] v. i. सान्ध्य-विचरण, (सन्ध्याकालमें) उड़ना ।

rodent[1] रो'डॅन्ट् n. तीक्ष्णदन्त जन्तु, (चि०) **कृन्तक**, (जीव०) **कृन्तक प्राणी**, कर्नक जन्तु, कुतरनेवाला जन्तु; मूषक, मूस; T.; ~ measure (चि०) **कृन्तकरोधी उपाय** ।

rodent[2] a. चर्वणकारी, कर्तनकारी, कुतरनेवाला, कृन्तक, मांसक्षय करनेवाला, काटनेवाला; ~ *ulcer* (चि०) सर्वकृन्तक व्रण, अस्थिमांसादि सर्व ऊतकोंको कुतरनेवाला क्षत ।

rodential रॅडे'न्'शल् a. कृन्तक, कुतरनेवाला; मूसका ।

rodenticide ⊙ –टिसाइड् n. कृन्तकहत्या[F], मूषकघात; कृन्तघ्न, कृन्तकघ्नी, (चि०) **कृन्तकनाशी**, मूसमार।

rodeo रोडे'ओ n. (पश्चिमी अमरीकामें चरागाहोंमें दागनेके लिए पशुओंका) वृन्द, पशुसमूह, हँकाव, घिराव; गोष्ठ, एकत्र करनेका बाड़ा; ग्वालोंके चातुर्यकी प्रदर्शनी[F]; (परिवर्तित) मोटरसाइकिल[F]के खेलोंका प्रदर्शन ।

rodomontade[1] रॉडॅमॅन्टेड्' n. उद्धत वचन, दम्भपूर्ण कथन, गर्वोक्ति[F], डींग[F], शेखी[F], बेतुकी बात[F] ।

rodomontade[2] v.t. गर्वोक्ति[F] करना, डींग[F] मारना, दूर[F]की हाँकना, लम्बी-चौड़ी बातें[F] करना, शेखी[F] बघारना, बेतुकी हाँकना ।

rodomontade[3] a. गर्वोक्तिपूर्ण, दम्भमय, डींगभरा, शेखीभरा ।

rodomontader –डॅर् n. दम्भी, घमण्डी, डींग हाँकनेवाला, शेखीबाज ।

rodster रॉड्'स्टॅर् n. मत्स्याखेटक, मछुआ, मछेरा ।

roe[1] रो' n. (collect. sing. या pl. के लिए) मृगी[F], हरिणी[F], लाल हिरनी[F], चिकारा, (छोटी जाति[F]का एशि-याई या यूरोपीय हरिण) ।

roe[2] n. मत्स्याण्ड, मीनगर्भ, मत्स्यशुक्र (मछली[F]के अण्डाशयमें) अण्डोंका गुच्छा; ~-stone दानेदार चूना-पत्थर ।

roebuck –बक् n. मृग, हरिण ।

roed –ड' a. मत्स्याण्डयुक्त, मत्स्यशुक्रयुक्त ।

Roffen. *roffensis*, of Rochester.
rogation रॅगे'शॅन् n. (प्रायः pl.) प्रार्थना^F; (रोम० पुरातत्व; न्यायमण्डल द्वारा जनता^F के प्रस्तावित) विधान, विधि^F, कानून।
rogational –नॅल् a. प्रार्थना-विषयक, विनयपूर्ण।
rogue रोग्' n. दुरात्मा, प्रतारक, कितव, धूर्त, दुर्जन, शठ, खल, लम्पट, वंचक, कूटकार, ठग, पाजी, लुच्चा, लफंगा, बदमाश, आवारा; चंचल बालिका, नटखट बालक; वन्य पशु, आवारा जानवर (~ *elephant*); (कृषि०) कण्टक, कुतृण; (नये अंकुरोंके बीचका) हीनांश, बेकार पौधा; शिकारका अड़ियल घोड़ा।
roguery –गॅरि n. कैतव, प्रतारकता^F, शठता^F, दौर्जन्य, वंचकता^F, दुर्जनता^F, लम्पटता^F, धूर्तता^F, चालबाजी^F, शरारत^F; आवारागर्दी^F; लुच्चापन, बदमाशी^F।
roguing –गिंग् n. (वन०) **निष्कासन**; (कृषि०) **निष्कण्टक करना**; (कृषिवि०) हीनापनयन, (बड़े पौधों द्वारा छोटोंका दबा दिया जाना)।
roguish a. कितव, वंचक, प्रतारक, धूर्त, शठ, बदमाश, आवारा, गुण्डा।
roguishness निॅस् n. कैतव, प्रतारकता^F, वंचकता^F, शठता^F, धूर्तता^F, गुण्डापन, बदमाशी^F, चालबाजी^F; नटखटपन, मसखरापन।
roi (F) n. सम्राट्, महाराज।
roil राॅइल्' v.t. उत्तेजित करना, क्रोधित करना, गुस्सा दिलाना, ताव दिलाना, चिढ़ा भरना, हुलकारना; मलिन करना, गन्दा कर देना, गँदला कर देना।
roinck, rooi-, (S. Afri. Du.) n. नवागन्तुक, प्रवासी।
roister[1] राॅइस्'टॅर् n. दम्भकारी, शेखीबाज; गर्जन-तर्जनकारी, कलहप्रिय, बड़बड़िया, हल्लागुल्ला करनेवाला।
roister[2] v.t. कोलाहलपूर्ण पानोत्सव मनाना, रँगरेलियाँ^F मनाना, ठट्ठा करना, हल्लागुल्ला करना।
roisterer –टॅरॅर् n. = ROISTER[1]।
roistering –रिंग् n. दम्भकरण, गर्जन-तर्जन; हल्लागुल्ला, आमोद-प्रमोद, धमाचौकड़ी^F, रँगरेलियाँ^F, ठहाका, जोरकी हँसी^F।
rokelay रॅाक्'ले n. (१८वीं शती^F का) महिला-वस्त्र, जनाना-लबादा।
roker ⊙रॉ'कॅर् n. उल्टे काँटोंवाली मछली^F।
role रोल्' n. भूमिका^F, अभिनेय अंश, भाग, कार्यभाग, पार्ट; योगदान; गृहीत कार्य, महत् कार्य, कृत्य, कर्त्तव्य।
roll[1] रोल्' n. (खम्भपर) कुण्डल, कुण्डलाकृति^F; प्रलेख, दस्तावेज; **पंजी^F**, नामावली^F, सूची^F, तालिका^F, (शिक्षा०) **रजिस्टर**, पुर्जी^F, बही^F, खर्रा, फिहरिस्त^F; उपस्थितिपंजी^F, उपस्थिति-रजिस्टर, हाजिरी-रजिस्टर; फर्द; (किसी वस्तु^F का) बेलनाकार अथवा अर्धबेलनाकार भाग; पिण्ड, **गोला**, बट्टी^F, टिकिया^F (*a ~ of butter, soap, tobacco*); (किसी वस्तु^F का) मुड़ा हुआ किनारा (जैसे कोटका कालर); बेलनाकार औजार, (रसा०) बेलन, बेलन, रोलर; ~-call (शिक्षा०) **उपस्थिति^F**, हाजिरी^F; ~ back (अर्थ०) **कीमत अवधारण**; ~ cap (यंत्र०) **गोला टोपी^F**; ~ cornice (इति०) **कुंडलित कार्निस**; ~ cumulus **वस्तुलपक्षाभ मेघ**; ~ number अनुक्रमांक; **क्रमांक**, T.; *strike off the* ~ नाम काट देना;
~ crusher, ~ film, ~ grinder, ~ sulphur.
roll[2]* v.t. & i. वेल्लित होना, आन्दोलित होना, संचालित होना, इतस्ततः चालित होना, दोलायित होना, झूमते चलना, **डगमगाना**, डाँवाँडोल होना, लुढ़कना*, लुढ़काना*, ढुलकाना, लुढ़की^F खाना या खिलाना; भटकाना, फिराना; (कीचड़, बालू^F आदिमें) लोटना, लोट^F लगाना; तरंगित होना, लहराना; तरंगित होकर आगे बढ़ना; लहराते हुए आगे खिसकना; गड़गड़ाना, गड़-गड़ शब्द करना, लहराती हुई ध्वनि^F उत्पन्न करना; (किसी पहियेदार सवारी^F का) चलना, घिसटना; गाड़ी^F से जाना; बेलन फेरना, बेलनसे दबाना, लोढ़ना, एक-सा करना, बराबर करना; (बेलनकी तरह) **लपेटना** या लिपटना, बेलनाकार होना, बण्डल-सा बन जाना या बनाना; फटाफट बजाना; वेष्टित करना, तह^F करना; ~ *up* (शत्रुसैन्यके) पार्श्वभागको पीछे धकेलना, खदेड़ना; लपेटना; (बोल०) प्रकट होना, दिखाई पड़ना।
rollable रो'लॅबॅल् a. बेलनीय, लुठनीय, लुढ़कने योग्य, लुढ़काये जाने योग्य, एक-सा किये जाने योग्य।
rolled –ल्ड् a. **वेल्लित**, लुठित, लुलित, लुढ़काया हुआ; बेलनपर साफ किया हुआ;
~ glass, ~ rim, ~ steel.
roller –'लॅर् n. (लकड़ी^F, धातु या पत्थरका) वर्तनयन्त्र, बेलना, (यंत्र०) **बेलन**, लोढ़ा; T.; लुढ़कने या लुढ़कानेवाला, लपेटनेवाला, बेलनाकार बनानेवाला; (प्रायः ~ *bandage*) लपेटी हुई पट्टी^F; नीलकण्ठ, चाष; लोटन कबूतर; उत्ताल तरंग, जोरकी लहर^F; (नौवि०) **मौज^F**; एक जर्मन गायक पक्षीकी नस्ल^F; ~ towel बेलनपर चढ़ी हुई तौलिया^F;
~ bearing, ~-caster, ~ chain, ~ composition, ~ fillet, ~ flour mill, ~-ginned cotton, ~ mill, ~ mill process, ~ moulder, ~ printing, ~ rod, ~ wheels.
rolley रॉ'लि दे० RULLEY.
rollick[1] रॉ'लिक् n. कोलाहलमय आमोद-प्रमोद, विलासपूर्ण व्यवहार, रंगरेलियाँ^F, गुलछर्रे।
rollick[2] v.t. आमोदप्रिय होना, प्रसन्नचित्त होना, हँसना-हँसाना, आनन्दपूर्वक जीवन बिताना, हँसते-हँसाते जिन्दगी^F गुजारना, जीवन-सुख लूटना, रँगरेलियाँ^F करना, गुलछर्रे उड़ाना, मौज^F करना।
rollicking –किंग् a. आमोदी, प्रमोदी, तमाशाबाज, मनमौजी, बेपरवाह।
rolling[1] रो'लिंग् n. बेल्लन, व्यावर्तन (भौ०, ग०) **लुंठन**, घूर्णन, परिभ्रमण, लुढ़कना, (यंत्र०) **बेलना**,

(कृषि०) बेलन फेरना।
rolling[2] a. घूर्णमान, भ्रममाण; (स्थिति वि०) लुण्ठन-; लहरदार (~ *expanse, plain*); चल; ~ door लिपटवाँ किवाड़; ~ look विलोल दृष्टि[F]; ~-pin बेलना, बेलन; ~ stone बेपेंदीका आदमी;
~ barrage, ~ capital, ~ coulter, ~ curve, ~ friction, ~ grass, ~ mill, ~ motion, ~ platform, ~ resistance, ~ ring, ~ shutter, ~ stock, ~ surface, ~ wheel.
roly-poly[1] रो'लि-पो'लि n. (~ *pudding* भी) बर्फी[F], पडिंग[F]।
roly-poly[2] a. (बच्चा) थूलमथूल, गोलमटोल, मोटा-ताजा।
Rom. Romans.
rom roman (type).
Rom. (Romany) n. (pl.-a) n. रोमणी, जिप्सी, खानाबदोश।
rom रॉम्' n. कंजड़, खानाबदोश आदमी, बंजारा, रोमनी।
Romaic रॅमे'इक् n. & a. आधुनिक ग्रीसकी भाषा[F]; रोमेयिक भाषा-विषयक।
romaika –इकॅ n.रोमाइका, आधुनिक यूनानी राष्ट्रनृत्य।
romal रॅमैल्' n. कशा-चर्म, चाबुकका चमड़ा।
Roman[1] रोमॅन् n. रोम-अधिवासी, रोम-निवासी, रोमन; (pl.) प्राचीन रोमके ईसा[F]।
Roman[2] a. रोमीय, रोम-विषयक, रोम-सम्बन्धी, रोमन; ~ alphabet रोमन लिपि[F], रोमन वर्णमाला[F];
~ architecture, ~ balance, ~ capitals, ~ cement, ~ fever, ~ history, ~ honesty, ~ law, ~ letters, ~ nose, ~ numerals, ~ ochre, ~ pottery, ~ school, ~ simplicity, ~ type, ~ virtue, ~ wormwood.
Roman Catholic रो'मॅन् कै'थॅलिक् a. & n. रोमन चर्चसे सम्बद्ध (व्यक्ति); रोमके चर्चका (सदस्य)।
Roman- Catholicism –कॅथॉ'लिसिज़्म् n. रोमन-कैथोलिक मत, रोमका कट्टर ईसाई धर्म।
romance[1] रॅमैन्स् n. (R~, पुराने फ्रांसकी देशी भाषा[F]) रोमांस; रोमांचक घटना[F]; कल्पित कथा[F]; मध्ययुगीन वीरगाथा[F]; रोमांसवादी साहित्य; प्रणयसाधना[F], स्वच्छन्द प्रेम; प्रेमालाप; सहानुभूतिपूर्ण काल्पनिकता[F], रोमांस-प्रवृत्ति[F]; अतिशयोक्ति[F], अत्युक्ति[F]; (संगीत) सरल गीत, गीतिका[F], छोटा गीत।
romance[2] v.i. अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन करना, सत्यको तोड़ना-मरोड़ना, लम्बी-चौड़ी हाँकना; काल्पनिक बात[F] गढ़ना।
romance[3] a. (प्राय:) लैटिन[F]से निःसृत या निकली हुई।
romanceless –'लि'स् a. रोमांसशून्य।
romancer –'सॅर् n. मिथ्यावादी; कल्पितकथाकार, प्रेमगाथाकार, रोमांसवादी साहित्यकार।
romancist –सिस्ट n. कल्पितकथाकार, रोमांस-लेखक।
Romanes n. जिप्सी-भाषा[F]।
Romanese रॉ'मॅने'स् n. रोमनी भाषा[F]।
Romanesque[1] रोमॅने'स्क्' n. (प्राचीन फ्रांसकी देशी भाषा[F]) रोमांस; (सामुदायिक) लैटिन[F]से निकली हुई भाषाएँ[F]; (स्था०, मध्ययुगमें रोम-प्रभावित) स्थापत्य-शैली[F]।
Romanesque[2] a. लैटिन[F]से निकली हुई; मध्ययुगीन स्थापत्य-शैली[F]का।
Romanic रॅमै'निक् n. रोमांस भाषा[F], रोमांस भाषा-भाषी; रोमन सभ्यता[F]का उत्तराधिकारी।
Romanish रो'मॅनिश् a. रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, रोमन-कैथोलिकका-सा।
Romanism –निज़्म् n. रोमनत्व, रोमवाद, रोमनपन; रोमन-कैथोलिक धर्मनीति[F]।
Romanist –निस्ट् n. रोमवादी, रोम-धर्मवादी; रोमन-कैथोलिक मतावलम्बी।
Romanistic –'टिक् a. रोमनी; = ROMANISH।
Romanity रॅमै'निटि n. (क्व०) रोमनत्व, रोमनपन; रोमन-साम्राज्य।
Romanization रोमॅनाइज़े'शॅन् n. रोमीकरण करना, रोमी रंगमें रँगना, रोमन-कैथोलिक बनानेकी क्रिया[F]।
Romanize –'मॅनाइज़् v.t. रोमी बनाना, रोमन रंगमें रँगना, रोमन कैथोलिक बनाना; रोमन अक्षरोंमें लिखना।
Romanizer –ज़ॅर् n. रोमीकर्ता, रोमीकरण करनेवाला, रोमन रंगमें रँगनेवाला, रोमन-कैथोलिक बनानेवाला।
Romansh, Rou-, Ru-, रॅमैन्श्, रॅ-, रू- n. (पूर्वी स्काटलैण्डके उत्तर-पश्चिमी भागकी बोली[F]), रोमांश।
romantic[1] रॅमैन्'टिक् n. स्वच्छन्दतावादी, रोमांसवादी, रोमाण्टिक; स्वच्छन्द-प्रेमी।
romantic[2] a. स्वच्छन्द, काल्पनिक, स्वप्नदर्शी, कल्पनाजीवी; स्वप्नजीवी, भावुक, अव्यवहार्य; अनुभूतिशून्य, रोमानी, रोमाण्टिक (~ *adventure, story*); (संगीत) कल्पनाबहुल, कल्पित, भावुक, रोमांसपूर्ण; (योजनाएँ[F]) अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, रोमांचकारी, असंगत, निराधार, अव्यावहारिक, स्वप्नलोकीय, ख्याली, शेखचिल्लीका-सा, निराला, अनूठा; (साहित्य) भावप्रधान, कल्पनाप्रधान, उत्तेजनात्मक, भावुकतापूर्ण, चित्रमय, मुक्त, स्वच्छन्द, अलंकृत, आलंकारिक; रोमनी।
romanticism –टिसिज़्म् n. भावात्मकता[F], काल्पनिकता[F], स्वच्छन्दता[F], रोमानियत, रोमांसवाद; स्वच्छन्द-प्रेमवाद।
romanticist –सिस्ट् n. स्वच्छन्दतावादी, भावुकतावादी, रोमांसवादी, स्वच्छन्दप्रेमवादी, प्रेमी।
romanticize –साइज़् v. i. & t. काल्पनिक बनाना, भावुकतापूर्ण बनाना, रोमानी रंग चढ़ाना, रोमानी बनाना या बनना, रोमाण्टिक होना।
romanticness –'टिक्-नि'स् n. स्वच्छन्दता[F], काल्पनिकता[F], स्वप्नदर्शिता[F], कल्पनाजीविता[F], स्वप्नजीविता[F], भावुकता[F], अव्यवहार्यता[F], अनुभूतिशून्यता[F], रोमानीपन, रोमांसपूर्णता[F]; अद्भुतता[F], विचित्रता[F], विलक्षणता[F],

आश्चर्यजनकता[F], असंगति[F], अव्यावहारिकता[F]; अलंकृतता[F], आलंकारिकता[F]; दृश्यबहुलता[F], वन्यता[F]।

Romany[1] रो'मॅनि n. (pl.) यायावर, कंजर, खानाबदोश, बनजारा, जिप्सी; यायावरीय भाषा[F], जिप्सी-भाषा[F]।

Romany[2] a. यायावर-, यायावरीय, कंजर-विषयक, जिप्सीका।

romaunt रॅमॉन्ट्' n. (प्रा०) कल्पनाप्रधान कथा[F], कल्पनाप्रधान उपन्यास।

Rom. Cath. Roman Catholic.

Romish रो'मिश् a. (मुख्यतः अपमान०) रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, कट्टर।

romp[1] रॉम्प्' n. धमाचौकड़ी[F], लम्पझम्प[F], गोलमाल, गुत्थमगुत्था, हुड़दंग, ऊधम; प्रगल्भ स्त्री[F], ऊधमी लड़का।

romp[2] v.i. ऊधम मचाना, गुत्थमगुत्था होना, धमाचौकड़ी[F] मचाना, दौड़ा-दौड़ी[F] करना, गोलमाल करना, लम्प-झम्प[F] करना; (घुड़दौड़[F]में) बिना मेहनत[F]के निकल जाना, हँसते-खेलते मैदान मार ले जाना, आसानी[F]से बाजी[F] मार ले जाना।

romper रॉम्'पॅर् n. (sing. या pl.) बच्चेका ऊपर पहननेका वस्त्र।

rompish रॉम्'पिश् a. क्रीड़ाप्रिय, लम्पझम्प[F] करनेवाला, कुदक्कड़।

rompishness –निॅस् n. क्रीड़ाप्रियता[F], लम्प-झम्प[F] करनेकी आदत[F]।

rompu रॉम्'पु a. भग्न, खण्डित, विच्छिन्न, टूटा हुआ।

rompy रॉम्'पि a. क्रीड़ाप्रिय, खिलाड़ी, मौजी।

rondeau रान्'डो n. (दस या तेरह पंक्तियों[F]की कविता[F]) रोण्डो।

rondel रॉन्'डॅल् n. RONDEAU का अन्य रूप।

rondure रॉन्'ड्युॲर् n. वृत्त, वलय; छल्ला, अँगूठी[F]; वर्तुलता[F], गोलाई[F]।

Roneo रो'नि'ओ n. एक प्रतिलिपियन्त्र (का नाम)।

rontgenism ⊙ रॉन्ट्'जिॅनिज़्म् n. (चि०) क्ष-किरणालय, क्ष-रश्मि-प्रयोग, एक्स-रेका उपचार, राञ्जनालय।

rontgenize ⊙ –नाइज् v.t. क्ष-रश्मि-प्रभावित करना, एक्स-रे लगाना।

rontgenogram रन्'ट्यॅनॅग्रैम् n. (घनवेधी या राञ्जन रश्मियों[F] द्वारा लिया गया फोटो), एक्स-रे-छायाचित्र।

rontgenography ⊙ –नॉ'ग्रॅफि n. क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रेसे फोटो[F] लेना।

rontgenology ⊙ –नॉ'लॅजि n. (चि०) (निदान-चिकित्सार्थ) क्ष-रश्मिकी[F], क्ष-रश्मि-विज्ञान, क्ष-रश्मि-शास्त्र, एक्स-रे-विज्ञान।

rontgenotherapy ⊙ –नॅथे'रपि n. क्ष-रश्मि-चिकित्सा[F], एक्स-रे-चिकित्सा[F]।

rontgen rays रॅन्ट्'जन्रेज् n. घनवेधी रश्मि[F], क्ष-रश्मि[F], एक्स-रे, राञ्जन-रश्मि[F]।

rontography ⊙ रॉन्टॉ'ग्रॅफि n. क्ष-रश्मि-चित्रकला[F], एक्स-रे-चित्रण।

ronyon रॅन्'यन् n. RUNNION.

rood रूड्' n. क्रूस, क्रास; क्रासपर ईसामसीहकी प्रतिमा[F]; चतुर्थांश-प्रहल, चौथाई एकड़ = १२१० वर्ग गज; गट्ठा; ~-beam आड़ी शहतीर; ~-loft दीवारी पर्देके ऊपरकी गैलरी[F]; ~-screen दीवारी पर्दा।

roof[1]* रूफ़' n. छदि[F], (प्रा० भूगोल०) **छत***, (~ *garden*, ~ *truss*) छप्पर, सायवान; **पृष्ठ**; तालु; पटल; ~ of the mouth तालू; *under* one's ~ किसीके अतिथिके रूपमें।

roof[2] v.t. छादन करना, छत[F] डालना, छप्पर बनाना, छाना, पाटना।

roofage –'फ़िज् n. छत[F]का सामान।

roofed –फ़्ट्' a. छतदार, छप्परदार; पटलाच्छन्न।

roofer रू'फ़र् n. (बोल० विदा होनेके अनन्तर दर्शक या अतिथि द्वारा प्रेषित) धन्यवाद-पत्र।

roofing रू'फ़िंग् n. छाजन, छवाई[F], छत[F] बनाना; पर्ण, पयाल, पतेर, सरपत, कास, छाजनकी सामग्री[F]; ~ felt, ~ tiles.

roofless –फ़्'लिॅस् a. बेछत, बिना छप्परका; निराश्रय।

roofy –'फ़ि a. छतदार, छाजनदार; छवाईदार।

rooinek रू'इनेॅक् n. रोयनेक (अँग्रेजोंका उपनाम)।

rook[1] रुक्' n. संघकाक, रुक; (ताश या जुएमें) वंचक, पत्ताचोर, चालबाज; प्रतारक, ठग; पादरी।

rook[2] n. (शतरंज) = CASTLE[1], रुख।

rook[3] v.t. (ताश या जुएमें) चालबाजी[F]से जीतना, बेईमानी[F]से जीतना; (ग्राहकोंको) प्रवंचित करना, प्रतारित करना, ठगना, धोखा देना, लूटना, मूँड़ना, अधिक दाम लेना।

rookery रु'कॅरि n. काकाश्रय; रुक पक्षियोंका अड्डा, कौओंके अड्डोंसे युक्त वृक्ष-समूह; घना बसा हुआ मुहल्ला; वेश्यालय, चकला।

rookie रु'कि n. (सेना[F], ग्रा०) रँगरूट।

rooklet, rookling रुक्'लिॅट्, रुक्'लिंग् n. क्षुद्र संघकाक, छोटा रुक पक्षी, रुकका बच्चा।

rooky –'कि a. संघकाक-संकुल, रुक पक्षियोंसे भरा हुआ।

room[1]* रूम्' n. स्थान, ठौर, जगह[F]* (*takes up too much* ~); अवकाश, रिक्त स्थान, खाली जगह[F], समाई[F], गुंजाइश[F] (*we have no ~ here for idlers*); सुयोग, अवसर, मौका; (चि०) गृह; **कक्ष**, कोष्ठ, प्रकोष्ठ, कोठा, कोठरी[F], **कमरा***; (pl.) अस्थायी निवास; ~ clerk ⊙ स्वागत-करणिक, स्वागत-क्लर्क; *give* ~ जगह[F] खाली कर जाना, हटना; *make* ~ स्थान देना, जगह[F] देना, सरकना, हटना; ~*s away* ⊙ (के) बाहर।

room[2] ⊙ v.t. अस्थायी निवास बनाना, थोड़े समयके लिए टिकना, कमरा लेना।

roomage –'मिज् n. कक्ष-संख्या[F], कमरोंकी संख्या[F], गुंजायश[F]।

roomed –म्ड्' a. कक्षयुक्त, प्रकोष्ठमय, कमरेवाला।
roomer ⊙ –'मॅर् n. अस्थायी निवासी, किरायेदार।
roomful –म्'फुल् n. एक कमरेभर।
roominess –'मिनिॅस् n. प्रशस्तता^{F}, विशालता^{F}, विस्तार, फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई^F, समाई^F।
rooming-house ⊙ –मिंग्'-हॉउस् n. अस्थायी निवास-गृह।
roomy रू'मि a. प्रशस्त, विशाल, विस्तृत, विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, खुला।
roop रूप्' n. कर्कशता^{F}, कर्णकटुता^{F}।
roopy –'पि a. परुष, कठिन, कठोर, श्रुतिकटु, कर्णकटु।
roost^1 रूस्ट्' n. (*Orkneys* एवं *Shetland* द्वीपोंके आसपासका) ज्वार-वेग।
roost^2 n. विश्राम-दण्ड, वास-दण्ड, निवास-दण्ड, पक्षि-दण्ड, वासयष्टि^{F}; (मुर्गियों^{F} इत्यादिका) अड्डा, बसेरा, दरबा; शयनकक्ष, शयनागार; *at* ~ अड्डेमें, बसेरेपर; बिछौनेपर, बिस्तरमें; *go to* ~ सोनेके लिए जाना, बिस्तरपर जाना।
roost^3 v.i. & t. (व्यक्तियोंका) वास करना, विश्राम करना, सोने जाना, आराम करना; (पक्षियोंका) बसेरा लेना, अड्डेपर जाना; बिस्तर आदिका प्रबन्ध करना, सोनेके लिए स्थान देना या पाना।
rooster ⊙ –'टॅर् n. पालतू मुर्गा; (कृषि०) **बसेरू, घरेलू**।
roosting –टिंग् n. (पक्षियोंका) शयन, निलयन; (कृषि०) **बसेरा करना**; ~ house **विश्राम-घर**।
root^1 रूट् n. (श० र० शा०, ग०, वन०, कृषि०) **मूल^F**, (कृषि०, वन०) **जड़^{F}***; भित्ति^{F}; तलदेश; प्रत्यग्र प्ररोह, नव अंकुर, अँखुआ, कल्ला; (किसी अवयवके भीतर) मूलावयव, मूल अंग, मूल भाग, आदि, आरम्भ, आदिकारण, उद्गम; आधार, बुनियाद^F; निर्भरता^{F}, जारी रखनेका साधन; तल, तह^F; मूलतत्त्व, मूलसार, मूलप्रकृति^{F}, असलियत; (गणित) **मूल**; (चि०) **दन्तमूल**; (भाषा वि०) **धातु^{F}**, मूलरूप; (संगीत) मूलस्वर, मौलिक स्वर, बुनियादी स्वर; ~ & branch कुल, पूरा, सारा; ~ cap (कृषि०, वन०) **मूलछद**, (कृषि०) **मूलटोपी**, T.; ~ climber (वन०) **मूल-रोहिणी**; ~ fallacy मूलाभास; ~ gaper (कृषि०) **अन्तरकी^{F}**; ~ germ (वन०) **मूलोद्गम**; ~-house जड़ों^{F}का बना छप्पर; आलू आदि रखनेका स्थान; ~ idea मूल विचार; ~-stalk (वन०) **प्रकन्द**; *lay axe to* ~ *off* मूल^{F}पर कुठाराघात करना, जड़^{F} काटना; *pull up by the* ~*s* मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, जड़^{F}से उखाड़ना; *take, strike,* ~ मिट्टी^{F}से पोषण ग्रहण करने लगना, जड़^{F} पकड़ने लगना; (ला०) स्थापित होना, जमना, कायम होना;

~ absorption, ~ bark, ~-beer, ~-borer, ~ buds, ~-cause, ~ collar, ~ competition, ~ cortex, ~-crop, ~ cutting, ~ development, ~ disc, ~ disease, ~ distribution, ~-eater, ~ effects, ~ excretions, ~-fallen, ~-fast, ~-hair, ~ hair region, ~-knot, ~ leaf, ~-like; ~ meristem, ~-neck, ~ nodule, ~ nodule bacillus, ~ parasite, ~ penetration, ~ pocket, ~ pressure, ~-pruning, ~ regions, ~ rot, ~-rubber, ~ section, ~ sheath, ~ shoot, ~ spine, ~ stock, ~ sucker, ~ swell, ~ swelling, ~ system, ~ tendril, ~ test, ~ thorn, ~ tip, ~ trace, ~ tuber, ~ tubercle, ~ vegetable, ~-wood, ~ zone.

root^2 v.t. & i. दृढ़ करना, दृढ़ रूपसे स्थित कर देना, बद्धमूल करना, स्थिर करना, अच्छी तरह जमा देना, गाड़ना (*take care to* ~ *them firmly*); जड़^{F} जमा देना; स्थापित होना, स्थिर होना, जड़^{F} पकड़ना, पक्का होना, जमना; (*up* या *out* के साथ) मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, उखाड़ फेंकना, उजाड़ना।
root^3, rout रॉउट्' v. i. & t. (सुअर आदिका) थूथनसे मिट्टी^{F} कुरेदना, खोदना; (*up* के साथ); परिश्रम करना, मेहनत^F करना; खोज^F लेना, ढूँढ़ निकालना, तलाश^F कर लेना, (अमेरिका ग्रा०) दूसरेके लिए सक्रिय होना, दूसरेकी सक्रिय सहायता^{F} करना।
rootage रू'टिज् n. रोपण, दृढ़ीकरण, प्रतिष्ठापन; (कृषि०) **मूलबन्ध**।
rooted –'टिड् a. दृढ़, सुदृढ़, बद्धमूल, धृतमूल, जड़दार।
rootedness –निॅस् n. दृढ़ता^{F}, सुदृढ़ता^{F}, बद्धमूलता^{F}, निश्चलता^{F}, पक्कापन, गहराई^F, मजबूती^{F}।
rootery –'टॅरि n. जड़ों^{F} और ठूँठोंका ढेर (जिसपर पहाड़ी पौधे उगाये जाते हैं)।
rootle रू'टॅल् v. i. & t. = ROOT^3.
rootless रूट्'लिॅस् a. अमूल, मूलहीन, मूलविहीन, बिना जड़^{F}का।
rootlet –'लिॅट् n. (कृषि०, वन०) **मूलिका^{F}**, क्षुद्रमूल^F, लघुमूल^F, छोटी जड़^{F}, T.
rooty^1 रू'टि n. (सेना०, ग्रा०) रोटी^{F}।
rooty^2 a. समूल, जड़दार, जड़वाला।
rope^1 रोप्' n. रज्जु^{F}, रस्सा, **रस्सी^{F}**, जेंवरी^{F}, जउरी^{F}, डोरी^{F}, लड़ी^{F} (~ *of onions, pearls*); ~-dancer रज्जुनर्तक, रज्जुपरिनर्तक, डोमर, नट, ~-dancing रज्जुनर्तन; ~-walk रस्सी^{F} बटनेकी सड़क^F; ~-walker रज्जुनर्तक, रज्जुपरिनर्तक; ~-walking रज्जुनर्तन; ~-yard रस्सी^{F} बनानेका कारखाना; ~-yarn रस्सी^{F}का सूत; क्षुद्र वस्तु^{F}; *give* one ~ ढील देना, न रोकना; ~ *in* पक्षमें करना, फँसाना, रस्सी^{F} डालना; *pull the* ~*s* नियन्त्रण करना; *the* ~ फाँसी^{F}-की रस्सी^{F};

~ gall, ~ gear, ~ knot, ~-ladder, ~ lashing, ~ making, ~ polygon, ~ pulley, ~ways, ~-wire.

rope^2 v.t. & i. (पर्वतारोहणमें) रस्सी^{F}से बाँधना या

जकड़ना; रस्सी^F बटना, रस्सी^F बनाना; (नाव^F खींचनेके लिए) रस्सेका प्रयोग करना; (रस्सेसे) घेरा डालना, बाड़ बनाना; (घुड़दौड़^F) घोड़ेको रोकना; (किसी प्रतियोगीका) पूरी शक्ति^F न लगा पाना, हार^F जाना; लसदार होना, तार बँधने लगना।

roper –'पॅर् n. रज्जुनिर्माता, रज्जु^F बटनेवाला; शठ, चालबाज।

ropery –रि n. रज्जुनिर्माणालय, रज्जु^F बटनेका स्थान, रस्सी^F का कारखाना; शठता^F, चालबाजी^F।

ropiness रो'पिनिस् n. (कृषि०) **सूत्ररूपिता**^F; चिपचिपापन, लसलसाहट^F, चेप^F।

roping रो'पिंग् n. रस्सी^F बटना, रस्सी^F बनाना।

ropy, ropish रो'पि, रो'पिश् aa. रज्जुधर्मी; सान्द्र, चिपचिपा, लसदार।

roque रोक् n. CROQUET खेलका एक रूप।

Roquefort रॉ'क्फ़ॉर n. (बकरी^F के दूधका) एक प्रकारका फ्रांसीसी पनीर।

roquelaure रॉ'कॅलोअॅर् n. (पुरुषोंका एक) उपरिवस्त्र, अँगरखा।

roquet¹ रो'कि'ट् n. गेंदों^F के टकरानेकी अवस्था^F, गेंद^F पर गेंद^F मारनेकी क्रिया^F।

roquet² v.t. & i. किसी गेंद^F को दूसरी गेंद^F पर मारना, एक गेंद^F का दूसरी गेंद^F से टकराना; हत्थेसे मारना।

roral ⊙ रोअॅ'रॅल a. अवश्याय-सदृश, ओस-जैसा, शबनम-जैसा; अवश्यायपूर्ण, ओसवाला।

roric ⊙ –रिक् a. = RORAL.

rorqual रॉर'क्वॅल् n. (पंखयुक्त) ह्वेल मछली^F।

rorty, raughty रॉर्'टि, रॉ'टि aa. सुखद, मनोरंजक, आनन्दप्रद, मजेदार, मनोरंजन-प्रिय, खेल-तमाशेका शौकीन।

rosace रो'जेस् n. चक्राकार खिड़की^F, गुलाबके फूलके आकारकी खिड़की^F; (गुलाबके आकारका) आभूषण, प्ररचना^F, डिजाइन^F।

Rosaceae –सेइअॅ n. पाटल-कुल, गुलाबकी जाति^F, T.

rosacean रॅजे'शॅन् n. गुलाब-प्रेमी, गुलाबके फूलका शौकीन।

rosaceous –शॅस् a. पाटलीय, गुलाबजातीय, गुलाब-वाला।

rosaniline रोजै'निलाइन् n. आनीलरक्त वर्ण, कुछ नीला लाल रंग।

rosarian रॅसेअॅ'रिअॅन् n. पाटलवेत्ता, पाटलविद्, पाटल-वैज्ञानिक, गुलाबका जानकार।

rosarium (L) n. पाटलोद्यान, **गुलाब-उद्यान**, गुलाबका बगीचा।

rosary रो'जॅरि n. पाटलोद्यान, गुलाबकी क्यारी^F, गुलाबका चमन; प्रार्थना^F का एक रूप; अक्षसूत्र, रुद्राक्षमाला^F, जपमाला^F; lesser ~ ५५ गुरियों^F की सुमिरिनी^F; ~ pea गुंजा।

rose¹ –ज़' n. पाटल-पुष्प या वृक्ष, सेवती^F, **गुलाब**, गुलाबका फूल या पौधा; (राजवंशका) पाटल-चिह्न, गुलाबका चिह्न; पाटलाकार प्ररचना^F, गुलाबकी-सी डिजाइन^F; गुलाबी रंग (*has quite lost her natural ~s*); (पादरीके टोपपर बना हुआ) गुलाब; फुँदना; (जानवरोंके) सींगकी जड़^F का उभार; (पक्षीकी) आँख^F का फुलाव; शीकरक, हजारेकी टोंटी^F; ~-apple जम्बु^F, जामुन^F; (कृषि०) **गुलाब जामुन**; ~ box (परि०) **जाली**^F, ~-bush गुलाबका पौधा; ~ catarrh, ~ cold (चि०) तृण पुष्प ज्वर, औषधिगन्धज ज्वर, हेफीज्वर, ~-chafer (प्रायः गुलाबमें पाया जानेवाला) हरा या ताँबेके रंगका कीड़ा; ~-colour पाटलवर्ण, रक्त, लाल, गुलाबी; (ला०) सुखमय अवस्था^F, आनन्द ही आनन्द, मजा; ~-coloured पाटलवर्णीय, गुलाबी; (ला०) आशावादी, उत्साही; प्रमुदित, प्रसन्नचित्त, खुश; ~-drop लाल चित्तीवाला चर्मरोग; R~ of May सफेद नरगिस, रोज आव् मे; ~-pink (लकड़ी^F के काढ़ेसे बनी हुई) ब्राजीलकी खरिया मिट्टी^F या उसका रंग; ~-red गुलाबी, गुलाबकी भाँति लाल; ~ window गुलाबके आकारकी गोल खिड़की^F; ~wood प्रशिंशपा^F, पाटलकाष्ठ, एक सुगन्धित लकड़ी^F; *bed of ~s* सुखशय्या^F, आनन्दशय्या^F, सुखकी सेज^F, फूलोंकी सेज^F; *beneath the ~ lies the serpent* विषरस भरा कनक-घट जैसे; *gather ~s* or *life's ~s* जीवनका सुख लूटना, जिन्दगी^F के मजे उड़ाना; *path strewn with ~s* आनन्दमय जीवन, सुखमय जीवन, चैनकी जिन्दगी^F; (*no*) *~ without a thorn* जहाँ फूल तहाँ काँटा, असम्भव सुख, निष्कंटक पाटल, वास्तविक आनन्द, शुद्ध आनन्द; *the ~ of* (अमुक स्थानकी) सर्वोत्तम सुन्दरी^F; *under the ~* रहस्यपूर्ण;

~ bay oleander, ~ berry spurge, ~ blush, ~-bowl, ~-bud, ~ burner, ~-diamond, ~-finch, ~ lake, ~ laurel, ~-lipped, ~ lotion, ~ madder, ~ morn, ~ purple, ~ quartz, ~-red, ~-ringed, ~ tan, ~ tangle, ~-topaz, ~-tree, ~-water, ~ wood.

rose² v.t. चेहरेको गुलाबी करना; (बर्फीली ढाल^F को) चमका देना, गुलाबका रंग देना।

rose³ a. पाटलीय, गुलाबी।

rose⁴ RISE¹ का भूतकालिक रूप।

roseal ⊙ रो'जिअॅल् a. ROSEATE.

roseate –अॅट् a. पाटलवर्ण, गुलाबी; (ला०) रमणीय, मनोहर।

roseately –लि adv. सोत्साह, आशापूर्वक, सहर्ष, खुशी-खुशी।

rosed रोज़्ड्' a. टोंटीवाला; गुलाबी, लाल।

roseless –ज़्'लिस् a. पाटलशून्य, बिना गुलाबका; बिना फुँदनेका।

roselike –'लाइक् a. पाटलवत्, गुलाब-सा।

rosella रॅजे'लॅ n. रक्ताम्बालिका^F।

rosemary रोज़्'मॅरि n. केशवास, सहदेवी^F (एक सुगन्धित गुल्मविशेष)।

roseo- पाटल-, रक्त-, गुलाबी (लवणों एवं क्षारोंके नामोंमे (*~-cobalt*) ।

roseola रोज़ी'अॅलॅ n. चर्मदाह, चर्मप्रदाह, चर्मशोथ, चमड़ेकी सूजन^F; (चि०) त्वचा^Fपर गुलाबी रंगकी फुन्सियों^Fका निकलना ।

roset रॅज़ेट' n. लाल रंग ।

rosette रॅजेट्' n. पाटलक, (वन०) **गुलाबवत्,** कृत्रिम पाटल पुष्प, बनावटी गुलाबका फूल; गुलाबके आकारका फुँदना; भित्तिपाटल, दीवाल^Fपर बना हुआ गुलाब; गुलाबके फूल जैसी खिड़की^F; गुच्छ, गुच्छा; गुच्छाकार रचना^F, गुलाब-जैसा अवयव; गुलाब-जैसा रंग या चिह्न ।

rosetted —टि ड् a. पाटलालंकृत, कृत्रिम गुलाबसे अलंकृत, गुलाबसे सजा हुआ, गुलाबकी सजावटवाला ।

Rosicrucian¹ रोज़िक्रू'श्न् n. (१४८४ ई० में *Christian Rosenkreuz* द्वारा स्थापित) तान्त्रिक सम्प्रदायका सदस्य, रोजीक्रूसका अनुयायी ।

Rosicrucian² a. तान्त्रिक, रोजीक्रूसी ।

Rosicrucianism —शॅनिज़्म् n. रोजीक्रूसवाद ।

rosin¹ रॉ'ज़िन् n. =RESIN; उद्यास, (रसा०) **गन्धराल^F**; धूप^F, राल^F, धूना, (रसा०) **रोजिन**; (चि०) तारपीन-तेल तिर्यक् पातित करनेपर बचा हुआ ठोस अवशेष ।

~ compound, ~ oil, ~ plant, ~ soap, ~ spirit, ~ wash.

rosin² v.t. गन्धराल^F लगाना, राल^F लगाना, धूना लगाना या मलना ।

Rosinante, Rozinante रॉज़िनैन्'टि, रॉज़िनैन'टि nn. सड़ियल टट्टू, मरियल घोड़ा ।

rosinate ⊙ रो'ज़िनॅट् a. उद्यासीय, रालयुक्त ।

rosiness —निॅस् n. ललाई^F, सुर्खी^F, गुलाबीपन; उत्साह, प्रसन्नता^F, आशामयता^F ।

rosiny —नि a. उद्यासमय, रोजनतुल्य, रोजनगर्भ, राल-भरा, राल-जैसा, धूना-सा ।

rosmarine रॉस्'मॅरीन् n. =ROSEMARY.

rosolio रॅज़ो'लिओ n. विलायती शरबत^F ।

ross¹ रॉस्' n. तनेका पपड़ीला तल, छाल^F ।

ross² v. t. (तनेसे) पपड़ी^F या छाल^F साफ करना ।

rosser —'सॅर् n. पपड़ी^F साफ करनेवाला श्रमिक, छाल^F उतारनेवाली मशीन^F ।

rossignol रॉ'सिन्योल् n. कोकिला^F, कोयल^F ।

rostellum ⊙ रॉस्टे'लॅम् n. (जीव०) **शीर्षाग्र,** तुण्डक; (वन०) T.

roster रोस्'टॅर् n. समय-सूची^F, कार्यक्रम-सूची^F, कार्यक्रमावली^F, क्रमिका^F, कृत्यावली^F, नामावली^F, तालिका^F, T.

rostral —ट्रॅल् १. n. तुण्डास्थि^F; २. a. मंचीय; तुण्डीय, तुण्डवत्, चोंच-जैसा ।

rostrate, -ed ट्रॅट्, -ट्रेड् aa. (चि०) सतुण्ड, तुण्डसम प्रवर्धयुक्त, चंचु-विशिष्ट, (वन) **चोंचदार,** टोंटदार ।

rostratus ⊙ —ट्रॅस् a. चंचुकित, चोंच-जैसा ।

rostriferous —ट्रि'फ़ॅरॅस् a. =ROSTRATE.

rostriform —'ट्रिफॉर्म् a. तुण्डाकार, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा ।

rostroid —ट्राॅइड् a. चंचुवत्, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा, टोंट-जैसा ।

rostrum रॉस्'ट्रॅम् n. (pl. *ums*, *-a*) व्याख्यानपीठ, भाषणमंच, सार्वजनिक मंच, मंच, चौकी^F; (रोमन पुरा०) युद्धनौका^F, युद्धपोतका अग्रभाग; (जन्तुवि०, कृमिवि०, वन०) **चंचुभ, चंचु^F, तुण्ड,** चोंच^F; थुथनी^F, चोंच-जैसा मुँह ।

rosulate रॉ'ज़्यूलॅट् a. पाटलगुच्छित (~ *leaves*), (वन०) **गुलाब-सदृश ।**

rosy रो'ज़ि a. पाटलवर्ण, रक्त, अरुण, लाल, गुलाबी; (अत्र क०) गुलाबकी-सी सुगन्धवाला; पाटलापूरित, पाटलाच्छादित, गुलाबोंसे ढँका हुआ, गुलाबोंसे भरा हुआ ।

rot¹ रॉट' n. क्षय, अपक्षय, अपक्षयण, पूयन, नाश, ह्रास, गलन^F, सड़न^F; दुर्गन्धि^F, सड़ान्ध^F; (भेड़ों^Fका) हृदयरोग; (आलुओंकी) बीमारी^F; कूड़ा, कचरा; निरर्थक कथन, बेकारकी बात^F (*dont talk* ~) ।

rot² v.t. & i. अपक्षय होना, विकृत होना, नष्ट होना, गलित होना, गलना, सड़ना, घुन लग जाना; (ला० समाज या संस्थाओं^Fका) नष्टभ्रष्ट हो जाना, टूट जाना; (कैदीका) पड़े-पड़े घुलना; गलित करना, गलाना, पचाना, सड़ा डालना; (ग्रा०) खेल बिगाड़ना, मजा किरकिरा करना; (ग्रा०) सताना, तंग करना, मजाक बनाना, छेड़ना; व्यंग्यपूर्वक बोलना; ~ *off* तनेसे सड़कर गिर जाना ।

rota रो'टॅ n. कार्यक्रम-तालिका^F, व्यक्तियोंकी सूची^F; (रोमन कैथो० चर्चमें R~) धार्मिक न्यायालय, अनुक्रम ।

rotameter ⊙ रॅटै'मि'टॅर् n. चक्रमान, (रसा०) **वक्र-रेखामापी ।**

rotaney रो'टॅनी n. (गणि०) **रोटनी^F, द्वितीय समुद्र मीन^F ।**

rotaplane ⊙ रो'टॅप्लेन् n. उत्पतनशील यन्त्र, चक्र-विमान ।

Rotarian रॅटेॲ'रिॲन् a. & n. चक्रिल गोष्ठी^Fका (सदस्य), रोटरी-क्लबका (मेम्बर) ।

rotarianism —निज़्म् n. रोटरीवाद, रोटरीके सदस्योंका सिद्धान्त ।

rotary¹ रो'टॅरि n. (रसा०) **घूर्णक, घूर्णनी^F,** चक्रिल कल, परिभ्रामी यन्त्र, रोटरी मशीन^F; (The) R~, R~ Club(s) गोष्ठी चक्र, रोटरी क्लब ।

rotary² a. घूर्णी, भ्रामी, चक्रिल, चक्रावर्ती, चक्रगति, परिभ्रामी, भ्राम्यमान, आवर्तमान, घूर्णमान, घूम-घूमकर चलनेवाला, रोटरी;

~ converter, ~ copying, ~ cultivator, ~ engine, ~ furnace, ~ hoe, ~ intersection, ~ kiln, ~ machine, ~ motion, ~ pump.

rotatable रॅटे'टॅबॅल् a. भ्रमत्-, भ्राम्यमान, चक्रिल,

घूमने योग्य, घुमाने योग्य।

rotate¹ –ट्' v. i. & t. घूर्णित करना, (ग०) **घूर्णन करना,** घूर्णमान होना, प्रत्यावर्तित करना, परिक्रमा^F करना, चक्कर लगाना, **घूमना;** बारी-बारीसे व्यवस्थित करना, लेना, आना, करना।

rotate² रो'टॅट् a. (वन०) **चक्राकार,** चक्रिल, T.

rotating¹ रॅटे'टिंग् n. घूर्णन; परिभ्रमण; (रसा०, यन्त्र०) **घूर्णकी^F।**

rotating² a. (रसा०, यन्त्र०) **घूर्णक,** घूर्णिल, **घूर्णमान,** परिभ्रामी; आवर्ती;

~ coil, ~ director, ~ electrode, ~ field, ~ furnace, ~ movement, ~ shaft, ~ shift, ~ shutter, ~ table.

rotation –'शॅन् n. (गणि०, रसा०, भौ०) **घूर्णन,** परिक्रमण, (प्रा० भू०, चि०) **परिभ्रमण,** भ्रान्ति^F, चक्रावर्तन, (कृषि०) घुमाव, फेरा, (प्रा० भू०, चि०) **हेरफेर,** घूम^F; परिवृत्ति^F, परिवर्त, आवर्तन, क्रमशः आगमन, नियमित कालपर बारी-बारीसे होनेकी क्रिया^F; चक्रानुक्रम, चक्रगति^F, क्रम, बारी^F; क्रमिक अधिकार-ग्रहण।

rotational –नॅल् a. घूर्णीय, **घूर्णी, घूर्णनात्मक,** आवर्ती, चक्रावर्तन-सम्बन्धी, चक्रक्रमयुक्त, परिभ्रमण-, परिभ्रमणकृत;

~ energy, ~ inertia, ~ level, ~ line, ~ motion, ~ spectrum, ~ working.

rotative रो'टॅटिव् a. घूर्णक, घूर्णमान, भ्रमत्-, भ्राम्यमान, परिभ्रामी, चक्रित, घूमनेवाला; बारी-बारीसे होनेवाला।

rotator रॅटे'टॅर् n. (श० र० शा०) घूर्णक, परिभ्रमित्र, (जीव०) **आवर्तनी^F,** घुमानेवाली (मांसपेशी^F); घूर्णक अभिकरण, घूर्णक यन्त्र, घुमानेवाली कल^F या पुर्जा, T.

rotatorius रोटॅटोरिअ'रिॲस् n. (चि०) **मेरुविवर्तनी^F।**

rotatory –'टॅटॅरि a. = ROTATIVE; **घूर्णन;**

~ dispersion, ~ furnace, ~ motion, ~ polarisation, ~ power.

rotch(e) रॉच' n. ऑकपक्षी।

rote रोट्' n. (बिना अर्थ समझे हुए) शब्दव्यवहार, शब्द-प्रयोग, शब्दावृत्ति^F, तोतेकी-सी रट^F, रटन^F, घोंटना।

rotiform रो'टिफ़ॉर्म् a. चक्रिल, चक्राकार, चक्र-सदृश, चक्र-जैसा चक्करदार।

rotograph रो'टॅग्राफ् n. (हस्तलिखित प्रति^Fका फोटोग्राफ), रोटोग्राफ।

rotor रो'टॅर् n. (कल^Fका) परिभ्रमित्र, (भौ०, यन्त्र०) **परिभ्रमक,** (कृषि०) **भ्रमी,** (भौ०, यन्त्र) **घूर्णक,** घूर्णक यन्त्र, घूमनेवाला पुर्जा; (हैलीकोप्टरके ऊपरका) घूर्णमान पंख; T.

rotoscope रो'टॅस्कोप् n. (शिक्षा०) **आवृत्तिदर्शी,** T.

rotten रॉ'टॅन् a. विगलित, दुर्गन्धपूर्ण, पूतिमय, बदबूदार, सड़ता हुआ, गला-सड़ा, (~ *egg*, ~ *manure*); जीर्ण-शीर्ण, ह्रासशील (~ *borough*); (भेड़) यकृत रोगग्रस्त; नष्ट-भ्रष्ट, अव्यवस्थित, भ्रष्टाचारग्रस्त, खराब, बर्बाद; दूषित, अयोग्य, निकम्मा, नाकारा, बेकार, रद्दी; (वस्तुस्थिति^F, योजना^F आदि) अप्रिय, अरुचिकर, दुःखद, अनुपयुक्त, कुविचारपूर्ण, नामाकूल; अविश्वस्य, अविश्वस्त, विश्वासघातक; ~-stone (धातु^Fको साफ करनेमें प्रयुक्त) एक प्रकारका खराब चूना-पत्थर।

rottenness –निॅस् n. जीर्ण-शीर्णता^F, ह्रासशीलता^F, गलितावस्था^F, सड़ी-गली हालत^F; दुर्गन्धि^F, सड़ान्ध^F, गन्दगी^F; भ्रष्टाचार, खराबी^F; अयोग्यता^F, निकम्मापन, रद्दीपन; कुविचारपूर्णता^F; अविश्वस्यता^F, अविश्वस्तता^F, विश्वासघातकता^F।

rotter रॉ'टॅर् n. (ग्रा०) निष्क्रिय व्यक्ति, अनैतिक व्यक्ति, जघन्य व्यक्ति, अपमानित मनुष्य, नीच आदमी, निकम्मा या बेकार आदमी, नामाकूल आदमी।

rotund रॅटन्ड् a. वृत्ताकार, (वन०) **वर्तुल,** गोलाकार, गोल; (बोलते समयका) गोलाकार (मुँह); (भाषण) गोल मुँह बनाकर दिया गया; मुखर, ध्वन्यात्मक, निनादी, वागाडम्बरपूर्ण, ठस्सेदार।

rotunda –'डॅ n. गोलाकार भवन, गुम्बददवाली इमारत^F, गोल मकान।

rotundate –डॅट् a. (क०) वर्तुल, वर्तुलाकार, कुण्डलाकार, गोलाकार, गोल।

rotundifolious –डिफो'लिॲस् a. गोलपर्ण, वर्तुल-दल, गोल पत्तियोंवाला।

rotundity –'डिटि n. वर्तुलता^F, वलयाकृति^F, गोलाई^F; मुखरता^F, वागाडम्बरपूर्णता^F।

roturier (F) n. सामान्यजन, साधारण व्यक्ति।

rouble रू'बॅल् n. (रूसी सिक्का) रूबल।

roucou रूकू' n. सिन्दूरक (पेड़)।

roue रू'ओ n. लम्पट, कामुक, विलासी, वेश्यागामी, बदमाश।

rouge¹ रूज्' n. (फुटबालमें) खिलाड़ियों^Fकी भिड़न्त^F; (ईटन फुटबालमें स्पर्शरेखा^Fको छूनेका) विरोधीको मिलनेवाला अंक।

rouge² n. आकुंकुम, (रसा०) **कुंकुमी,** रक्तशृंगार-क्षोद, लाल बढ़िया पाउडर, सुर्खी^F, रूज; महावर; (धातुके बर्तनोंको साफ करनेमें प्रयुक्त) आक्साइड चूर्ण, आक्साइड-पाउडर; जुएका एक खेल।

rouge³ v.t. & i. रूज नामक पाउडर लगाना, रंगना।

rough¹ रफ़्' n. ऊबड़खाबड़ भूमि^F; संकटकाल; अशिष्ट-जन।

rough² v.t. (उलटी तरफ हाथ फेरकर) अनाजकी बालों^Fको खड़ा करना; (घोड़ेकी नाल^Fमें) लम्बी कीलें^F जड़ना; घोड़ेको निकालना; योजना^F बनाना; मोटी रूप-रेखा^F बनाना, मोटे तौरपर आकृति^F बनाना; (प्यानोका) सरसरी तौरपर सुर मिलाना; (रत्नों आदिको) छील-छालकर कुछ रूप देना, थोड़ा-बहुत तराशना।

rough³* a. उच्चावच, विषम, असम, असमतल, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा (~ *ground*); लोमश, केशबहुल, बालदार (~-*legged*); **खुरदरा*,** खरखरा; **मोटा;**

कर्कश, कठोर, कड़ा, सख्त; क्षुब्ध, अशान्त, तरंगाकुल, उत्तुङ्गतरंगित, अस्वच्छ (~ sea); (गति वि०) **असमसूण**, अपरिष्कृत, असंस्कृत, अशिष्ट, अनवहित, अनियन्त्रित, अमर्यादित, उद्धत (~ *handling, usage*); प्रचण्ड, उग्र, तेज, तूफानी; उद्दण्ड, ऊधमी, उच्छृङ्खल, कलहप्रिय, झगड़ालू, दंगई, फसादी; निष्ठुर, निर्दय, निर्मम, हृदय-हीन, कठोर, (गति वि०) **रूक्ष, रूखा***; (त्रिकोण०) **स्थूल** (~ *bearing*); आरम्भिक, अपूर्ण, अनिष्पन्न, अधबना, भद्दा, भोंडा, अनगढ़, **कच्चा** (~ *draft*); थोड़ा-बहुत, लगभग सही; आदिम, प्राथमिक, शुरूका; अपटु, अनिपुण, अकुशल (~ *nursing*); ~-and-ready मामूली; ~-and tumble अक्रम; ~ brackets लघुकोष्ठक; ~ calculation स्थूल गणना^{F}, मोटा हिसाब; ~ coat प्रथम लेप, (दीवार^{F}पर) पलस्तरकी पहली तह^F, ~ copy केवल आवश्यक वस्तुओं^{F}की प्रतिलिपि^{F}, सरसरी नकल^F; **कच्ची नकल**^{F}; चित्रकी स्थूल प्रतिछवि^{F}; ~-footed (पक्षी) परदार पंजोंवाला; ~-hew स्थूलवितक्षण, चौरस करना, ऐसे ही छीलना, मोटा-मोटा काट देना; ~-hewn अपरिष्कृत, बेडौल, भद्दा, भोंड़ा, खुरदरा; ~ house^1 (ग्रा०) उपद्रव, शान्तिभंग, कलह^F, दंगा, झगड़ा-फसाद; कलहपूर्ण खेल, शोरगुलसे भरा तमाशा; घुड़दौड़^{F}; घुड़साल^F ⊙; ~-house^2 v.t. & i. (किसी व्यक्तिके साथ) कठोरता^{F}-का व्यवहार करना, मारपीट^F करना; उग्र आचरण करना, शान्तिभंग करना, झगड़ा मचाना या करना; ~-neck ⊙ इत्वर, आवारा, ऊधमी, गुण्डा; ~-rider अश्वशिक्षक, घोड़ेको साधनेवाला; अनियमित अश्वारोही सैन्यका सैनिक, बेकायदा रिसालेका सवार; ~shod (घोड़ा) भद्दे नालवाला; उद्धत, अन्धाधुन्ध, जबरदस्ती^{F}; ~ string उपबन्धक; ~ tongue उद्दण्डता^{F}, अशिष्ट आचरण, कठोर भाषण, बदतमीजी^{F}, बदजबानी^{F}; ~ work प्रचण्डता^{F}, उग्रता^{F}, बलप्रयोग, लड़ाई^F; उग्र कार्य, बलापेक्षी कार्य, कड़ाई^{F}का काम; ~-wrought स्थूल, प्रारम्भिक, अपूर्ण, अधूरा; *give* one *a lick with ~ side of* one's *tongue* (किसीको) खूब जली-कटी सुनाना, अच्छी खबर^F लेना; *have a ~ time* कष्ट उठाना, मुसीबत^F उठाना; ~ one *up the wrong way* क्रुद्ध करना, खिझाना, खिझा देना, चिढ़ाना, नाराज करना;

~ account, ~ arch, ~ bearing, ~ behaviour, ~ cast, ~ course, ~ cut, ~ dressing, ~ draft, ~ estimate, ~ figure, ~ glass, ~ log, ~ roll, ~ sketch, ~ surface, ~ treatment, ~ usage, ~ weather.

roughage –'फिज् n. (चि०) **रूक्षांश**, रेशा, तन्तु, अन्न भूसी^{F}, चोकर आदि अन्नका अपाच्य भाग; (पशुपालन) **मोटा चारा**।

roughen –फन् v.t. & i. उच्चावच करना या होना, विषम करना या होना, असम करना या होना, खुरदरा करना या होना, निर्मम होना या बनाना, निर्दय होना या बनाना, कर्कश होना या बनाना; क्षुब्ध करना या होना।

rougher –फ़र् n. उच्चावच करनेवाला, विषम करने-वाला, असम करनेवाला, खुरदरा करनेवाला; निर्मम होने या बनानेवाला, निर्दय होने या बनानेवाला, कर्कश होने या बनानेवाला; क्षुब्ध करने या होनेवाला।

roughish –फिश् a. स्थूल-सा, मोटा-सा, खुरदरा-सा, भद्दा।

roughly –फ्'लि adv. अनुमानतः; अशिष्टतापूर्वक; कठोरतापूर्वक।

roughness –'निस् n. उच्चावचता^{F}, असमता^{F}, विषमता^{F}, वैषम्य, असमतलता^{F}, खुरदरापन; कर्कशता^{F}, पारुष्य; रूक्षता^{F}, रूखापन; क्षुब्धता^{F}; उग्रता^{F}, कठोरता^{F}, निर्दयता^{F}, निर्ममता^{F}; कलहप्रियता^{F}; अशिष्टता^{F}; अदक्षता^{F}; क्षोभ; अपरिष्कार, स्थूलता^{F}, भोंड़ापन, मोटापन, भद्दापन।

roulade रूलाड्' n. स्वरोंका एकवत् प्रतीत होनेवाला द्रुत प्रवाह।

rouleau रूलो' n. (pl. -*s*, -*x*) वेष्टन, गोल लच्छा, चोगा, गोल बण्डल, बेलनाकार पैकेट; (चि०) वेल्लन (लालकणोंका सिक्कोंके बेलनके समान इकट्ठा होना)।

roulette रूलेट् n. (मेज^{F}के ऊपरकी कन्दुक-क्रीडा^{F}-विशेष), रूलेट^F; (गणि०) **लुण्ठज**; (गणि०) बेलनाकार वक्रपरके बिन्दुसे जनित वक्र; (बालोंको) घुँघराले रखनेकी विधि^{F}; दाँतेदार पहिया^{F}, बेलन।

R(o)uman, R(o)umanian रू'मॅन्, रूमे'निअॅन् aa. & nn. रूमानियाका (निवासी), रूमानियाकी (भाषा^{F})।

rounce राउन्स् n. (हैण्डप्रेसका) हस्तक, मूठ, हैण्डिल।

rouncival रॉउन्'सिवॅल n. मोटी मटर^F।

round^1 रॉउन्ड्' n. वृत्त, वलय, चक्रिल वस्तु^{F}, कुण्ट-लाकार वस्तु^{F}, गोलाकार वस्तु^{F}, गोल पदार्थ, मण्डल; (मूर्तिकला^{F}में) ठोस आकृति^{F}; वृत्त, परिधि^{F}, घेरा, सीमाएँ^{F}, हदें^{F}; आवर्तन; परिवर्त्त, परिक्रमा^{F}, परिभ्रमण, चक्कर, दौरा (*the earth in its yearly~*); कुण्डली^{F}, चक्र, माला^{F}; वक्र मार्ग, पथ-चक्र, मण्डलाकार पथ; (सैन्य० pl.) निरीक्षण, गश्त^F, रौंद^F; (गोल्फ) सभी छेदोंमें एक बार गेंद^F पहुंचा देना; (संगीत) गान; वृत्ताकार-नृत्य; आरोहणी^{F}, सोपान, चढ़ने योग्य सीढ़ी^{F}; (प्रतियोगिता^{F}में) फेरा, बार, बारी^{F}; ~sman फेरीवाला, घूम घूमकर बेचनेवाला; *go* or *make* one's *~s* (साधारणतः) चक्कर लगा आना, दौरा करना, गश्त लगाना; *make the ~ of* परिक्रमा^{F} करना, चारों ओर चक्कर लगाना; *news goes the ~* समाचार फैल जाता है, खबर^F घूम रही है; *the daily ~* दैनिक परिक्रमा^{F}, नित्यप्रतिके कामकाज, रोजके चक्कर।

round^3 *v.t.* & i. चक्रिल बनाना, वर्तुलाकार बनाना या बनना, वलयाकार बनना या बनाना, गोलाकार बनना या बनाना, गोल करना या होना; समाधान करना, सम्पूर्ण करना, पूर्णता^{F} प्रदान करना, सुव्यवस्थित

करना, सुडौल करना; चिकना, एक-सा करना, दुरुस्त करना; (*up* के साथ; घोड़ेपर चढ़कर) ढोरोंको घेर लाना; (परिवर्तित) घेरा डालना, घेरकर पकड़ना धरपकड़ करना; (अन्तरीपके आसपाससे) काटकर निकलना, घूमकर जाना; भ्रमण करना, परिभ्रमण करना या कराना, घूमना या घुमाना, चक्कर खाना या खिलाना; वेष्टित करना, परिवेष्टित करना, आच्छादित करना, लपेटना; ~up धरपकड़, गिरफ्तारियाँ[F], पूरेके पूरे समुदायकी गिरफ्तारी[F]; ~ *off* or ~ *the angles* कोनोंको गोल कर देना, नोकोंको घिस देना; ~ *on* (मित्र आदिको) अप्रत्याशित उत्तर दे बैठना, प्रतिकूल व्यवहार करना, पलट पड़ना; किसीकी मुखबिरी[F] करना; ~ *up* घेरना, बटोरना।

round[3] v.i.&t. कानाफूसी[F] करना, कानमें बात[F]कहना।

round[4]* a. वर्तुल, चक्रिल; चक्राकार, कुण्डलाकार, वलयाकार, वृत्ताकार, वृत्तरूप, मण्डलाकार, गोलाकार, बेलनाकर, **गोल***; परिक्रमायुक्त **दौर**, चक्करदार; पूर्ण, सम्पूर्ण, समग्र, समस्त, अखण्ड, अविच्छिन्न, अविकृत, अनल्प, सुगठित, पूरा; निर्दोष, दोषरहित; स्थूल, मोटा, गठीला; समतल, चौरस, हमवार; चिकना; निष्कपट, सरल, सीधा, ईमानदार, सादा; स्थिर, निर्भीक, स्पष्टभाषी, मुँहफट; दीर्घ, बड़ा; वास्तविक, सच्चा; कुल (~ *dozen*); ~game (मेज[F]पर खेला जानेवाला) गोल खेल; ~ hand, ~ text गोल लेख (बड़ी और मोटी रेखाओंवाला लेख); ~ heads (१७ वीं शती[F], इंग्लैण्ड के गृहयुद्धमें सम्मिलित) पार्लमेण्ट[F]का सदस्य; ~ house बन्दीगृह, कारागार, हवालात[F], जेल[F]; (नौवि०) **चौगामी**[F], (नौवि० पुराने पालवाले जहाजोंमें लगी) कोठरी[F] या कोठरियाँ[F], ~ jacket गोल घेरेकी जैकेट[F]; ~ line **लपेट** रस्सी[F]; ~ money **जंगम रुपया**; ~ numbers (ग०) **शून्यान्त संख्या**[F], शून्यान्त अंक, पूर्णांक, स्थूलांक, दहाई[F], सैकड़ेकी गिनतियाँ[F] (जो पूरी-पूरी विभाजित हो जायँ); मोटा हिसाब, सीधा हिसाब; ~ shot (गोल मुँहकी तोप[F]के लिए) गोलाकार गोले; ~ table **गोलमेज**[F] (~ *table conference* में); ~ the clock operation **चौबीस घण्टे काम**; ~ trip ⊙ **परिक्रमा**[F], परिक्रमायुक्त यात्रा[F],**फेरा**; ~ *up* (राज०) **संवर्तन**; ~ vowel (ध्वनि० में) संवृत्त स्वर (गोल मुँह करके उच्चारित किया जानेवाला स्वर); ~ worm मलसर्प; **गोल कृमि**; गण्डुपद कृमि[F], केंचुआ,T,; *a* ~ *oath* निर्व्याज शपथ[F], सच्ची शपथ[F]; *a* ~*style* प्रवाहपूर्ण शैली[F]; *a* ~*sum* बड़ी रकम[F], अच्छी रकम[F], खासी रकम[F]; *at a* ~ *trot* अत्यन्त बेगसे, बहुत तेजी[F]से, जोरसे; *be* ~ *with* one (प्रा०) साफ-साफ कहना; *bring up with a* ~ *turn* अचानक धक्का देना, एकाएक झटका देना;

~-arch, ~-arched, ~ armed, ~ backed, ~ ball, ~ bar, ~ barrow, ~-bellied, ~ bilge, ~billed, ~-billet wood, ~ bodied, ~ bottomed, ~ bracket, ~ cane chair, ~-celled, ~ cornered, ~-crested, ~ dock, ~-eared, ~-eyed, ~-faced, ~ fish, ~-fruited, ~-furrowed, ~glasses, ~-headed, ~-heart, ~-horned, ~-leaved, ~-ligament, ~-limbed, ~ line, ~lipped, ~-lobed, ~ log, ~-mouthed, ~-nosed, ~ oval glasses, ~ pointed pencil, ~-ribbed, ~ ruler, ~ scraper, ~ seam, ~ shaped, ~shapen, ~-sided, ~ spun, ~-stack, ~ sum, ~ tail, ~-toed, ~ top, ~-topped, ~ trip, ~-trussed, ~ turn, ~ visaged, ~-winged, ~ wombed.

round[5] adv. परितः, अभितः, चतुर्दिक्, चतुर्दिक्, चारों ओर, इर्दगिर्द (*tour* ~ *the world*); चक्रगति[F]में, परिक्रमा[F] लगाते हुए, चक्कर काटकर (*go a long way* ~); घूर्णनके साथ, घुमाव-फिरावके साथ; पूरे क्षेत्रमें, पूरे दायरेमें, चक्करमें; इधरसे उधरतक, सारा, पूरा, भर (*all the year* ~); सब लोगोंको प्रभावित करते हुए; केन्द्रपर, धुरी[F]पर; ~ about चक्करदार मार्ग, घुमावदार रास्ता;पेंचकी बात[F],घुमाव-फिरावकी बात[F]; पेंच, उलझाव, भूलभुलैया[F]; चक्कर, झूलना, झूला; a. चक्करदार, पेंचदार, पेचीदा, उलझानेवाला, टेढ़ा, घुमाव-फिराववाला; थूलमथूल, गोलमटोल, मोटा-ताजा; *all* ~ अभितः, परितः, चतुर्दिक; चारों ओर, इर्दगिर्द; *argue* ~ & ~ *subject* विषयके आस-पास चक्कर काटना, इधर-उधरकी बातें करना; *ask* one ~ किसीको उसके घरसे अपने घर बुलाना; *bring* ~ होशमें लाना; *come* ~ होशमें आना; *Home Rule all* ~ प्रत्येक जाति[F] या राष्ट्रके लिए स्वराज्य; ~ *about* चतुर्दिक्, चारों ओर, आस-पास, इर्द-गिर्द; विपरीत दिशा[F]में, घूमकर, चक्करसे; *the clock* ~ बारह या चौबीस घण्टा (*sleep the clock* ~)।

rounded –'डिड् a. चक्रिल, गोल, (वन०) वृत्ताकार, **गोलाकार**, मुड़ा हुआ (~ *corner*); समास⊙; ~contour **वर्तुल रूपरेखा**[F], **गोल अंग, अंगोंकी गोलाई**[F]।

roundel रॉउन्'डॅल् n. वृत्त; वृत्ताकार वस्तु[F], वलयाकार वस्तु[F], चक्रिल पदार्थ (तमगा इत्यादि); दस या तेरह पंक्तियों[F]का छन्द-विशेष।

roundelay रॉउन्'डिले n. राउण्डिले (एक उत्साहवर्द्धक गीत)।

rounder रॉउन्'डॅर् n. चक्रिलकर्ता, वलयाकृतिकर्ता, गोलाकृतिकार, चिकना बनानेवाला, सुडौल बनानेवाला; घेरकर पकड़नेवाला; चक्कर काटनेवाला; (एक प्रकारका गेंदबल्लेका खेल), राउण्डर।

rounding[1] –डिंग् n. गोलन, गोल करना; चक्कर काटना या लगाना; स्थूलांकन, पूर्णांकन, शून्यान्त करना, (नौवि०) **लपेटा, लपेट रस्सी**[F]।

rounding[2] a. चक्रिल, चक्रिल-सा, वर्तुल, वर्तुलाकार, वलयाकार, चक्राकार, गोल, प्रायः गोल।

roundish – डिश् a. चक्रिल-सा, चक्राकार-सा, वलयाकार-सा,कुण्डलाकार-सा,गोल-सा, कुल गोल,गोलमोल-सा।

roundishness –नि`स् a. चक्रिलता[F], चक्राकारता[F], वलयाकारता[F], कुण्डलाकारता[F], गोल-सा होना, गोल-मोल रूप।

roundlet –लिट् n. लघु वृत्त, क्षुद्र वृत्त, छोटा घेरा।

roundly –लि adv. अच्छी तरह, पूरी तरह (*go ~ to work*); साफ-साफ (*told him ~*)।

roundness –'निस् n. वर्तुलता[F], चक्रिलता[F], चक्राकारता[F], वलयाकारता[F], कुण्डलाकारता[F], वेलनाकारता[F], गोलाई[F]; परिक्रमा[F], चक्करदारी[F]; निर्दोषिता[F]; निष्कपटता[F], सरलता[F], सिधाई[F]; वास्तविकता[F]; समग्रता[F], सम्पूर्णता[F], समस्तता[F], अखण्डता[F], अविच्छिन्नता[F]; सुगठन।

roundridge रॉउन्ड्'रिज् v.t. जुताई[F]में गोल गोल टीले बनाना।

roundure रॉउन्'ड्य्अॅर् n. गोल रूप, गोल आकार, गोल स्थान; वृत्त, चक्र, गोला; गोलाई[F]।

roup[1] रूप्' n. कुक्कुटरोग-विशेष, मुर्गियों[F]का संक्रामक श्वसन सम्बन्धी विशेष प्रकारका रोग; चीत्कार।

roup[2] राउप्' n. नीलाम।

roup[3] v.t. (नीलाम द्वारा) विक्रय करना, बेचना, नीलाम करना।

roupy रू'पि a. कुक्कुटरोग-ग्रस्त, मुर्गियों[F]के रोगसे बीमार।

rouse[1] n. मदिरा[F]का घूँट; मद्यपूरित चषक, मदिरा[F]से लबालब भरा प्याला; पानोत्सव; मदिरा-वितरण, शराब[F]का दौर; मद्यपानके साथ की हुई स्वास्थ्य-कामना[F]; *give a ~* (भोजन या मद्यपानके साथ) स्वास्थ्यकी कामना[F] करना।

rouse[2] n. प्रातःकालीन तूर्यनाद, सुबहका बिगुल।

rouse[3] v.i. & t. (शिकारको) चौंकाना, भड़काना; जागरित करना, चेतन करना, नींद[F] खोलना, जगाना; उठना, जागना; सावधान करना, चौकन्ना करना, आँखें[F] खोल देना, होशियार करना; उद्बोधित करना, उद्भावित करना, प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, उद्दीपित करना; क्रोधान्वित करना, उभाड़ना, उठाना, उकसाना (*is terrible when ~d*); (भावनाएँ[F]) उत्पन्न करना, पैदा करना; (तरल पदार्थ या शराब[F]को खींचे जाते समय) चलाना; (नौवि०) झटकेके साथ खींचना, जोरसे खींचना; सक्रिय होना, क्रियाशील होना, काममें लग जाना।

rouse[4], **roose** –रूज् v.t. (हेरिंग मछली[F]को सुखाते समय) उसपर नमक छिड़कना।

rouser –'ज़र् n. उद्बोधक, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रेरक; (शिकारको) भड़कानेवाला; जगानेवाला; (बियर शराब[F]को चलानेका) चमचा, करछुल[F]; घोर असत्य, लज्जाजनक झूठ, चौंका देनेवाला झूठा।

rousing –ज़िंग् a. उग्र, भीषण, तेज, जोरका; कर्मठ, अत्यधिक क्रियाशील; महान्, बड़ा; उत्तेजक, उत्तेजनकारी, जागरणकारी, जगानेवाला (*~ sermon, song*)।

roust राउस् v.t. हटाना, निकालना; n. (चि०) (प्रसवागारमें अस्वच्छ काम करनेवाली) नर्स[F]।

roustabout ⊙ रॉउस्'टॅबॉउट् n. घाटपरका श्रमिक या मजदूर।

rout[1] रॉउट् n. जनसम्मर्द, समुदाय, जमाव, जमघट, भीड़[F]; कोलाहल, कलकल, हलचल[F], हंगामा, दंगा, बलवा, खलबली[F]; (प्रा०) सन्ध्याकालीन प्रीतिभोज, सन्ध्याकालीन दावत[F], शाम[F]की दावत[F]; सैन्यभेद, सेना[F] की भगदड़[F]; *put to ~* मार भगाना, खदेड़ देना, धुर्रे उड़ा देना।

rout[2] v.t. पराजित करना, पराभूत करना, भगदड़[F] मचाना, तितर-बितर करना, उखाड़ देना, हराना; परिच्छिन्न करना, छिन्न-भिन्न करना, अलग-अलग करना।

rout[3] v.i. & t. = ROOT[3]; (बिस्तर, घर या छिपनेके स्थानसे) बलात् खींच लाना, बाहर निकाल लाना।

route[1] रूट्, रॉउट्' n. **पथ, मार्ग, रास्ता**; (सेना०) अभियानादेश, प्रस्थानादेश, कूच करनेका आदेश, रवानगी[F]का हुक्म; en ~ मार्गमें, रास्तेमें; यात्रा[F]में, सफरमें; ~-march (अभ्यासार्थ) सैन्य-प्रयाण, मार्च; T.;

~ back, ~ card, ~ marker, ~ out.

route[2] v.t. किसी मार्गसे भेजना, आगे बढ़ाना, किसी मार्गसे भेजे जानेका निर्देश करना, राह[F] दिखाना।

routed रॉउ'टि`ड् a. भग्न, विध्वस्त।

router –टॅर् n. भेदी[F]; झर्री[F] बनानेवाला; रन्दा; (यन्त्र०) **रूटर**।

routine रूटीन्' n. नैत्यिकी[F], नित्यक्रम, **नित्यचर्या**[F], नित्यक्रिया[F], निश्चित क्रम, दिनचर्या[F], चर्या[F]; **नेम, नेमी**[F], **नेमका, दस्तूरी**[F]; कार्यचक्र, निश्चित विधि[F], नियत परिपाटी[F], बँधा बँधाया काम; (गुणवा०) **नैत्यिक**, नियमित, नियमबद्ध, नित्यका, रोजका; **सामान्य**;

~ action, ~ care, ~ checking, ~ cleaning, ~ clerk, ~ draft, ~ duties, ~ examination, ~ file, ~ inspection, ~ letter, ~ matters, ~ measure, ~ nature, ~ note, ~ note sheet, ~ operation, ~ orders, ~ progress, ~ repetition, ~ telegram, ~ test, ~ work.

routing रू'टिंग् n. **पथ** (*~signal*), मार्ग, रास्ता; **मार्ग-निर्धारण, पथ निर्देश**, पथ-निर्देशन।

routinism–निज़्म् n.(चि०) गतानुगतित्व (चिकित्सा[F]), नित्यक्रमवाद, ढर्रेपर चलना।

routinist –निस्ट् n. नित्यक्रमवादी, ढर्रेपर चलनेवाला।

rove[1] रोव' n. निरुद्देश्य भ्रमण, व्यर्थ परिभ्रमण, लक्ष्यहीन पर्यटन, आवारागर्दी[F]।

rove[2] v. i. & t. (निरुद्देश्य) भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, पर्यटन करना, घूमना, भटकना, मारा-मारा फिरना, आवारागर्दी[F] करना; (नेत्रोंका) घूमते फिरना, इधर-उधर फिरना; बीचसे भटकना; जिन्दा चारेसे मछली[F] पकड़ना; (परि०) **इधर-उधर फिरना, चल डकैती**[F] ***करना***।

rove[3] n. (धातु[F]का) छोटा-सा पत्तर या छल्ला।

rove[4] n. (कपास, ऊन आदिकी) पूनी[F]।

rove[5] v.t. पूनी[F] बनाना।

rove[6] REEVE का भूत० रूप।
rover[1] रो'वॅर् n. पूनी[F] बनानेवाला।
rover[2] n. परिभ्रमक, पर्यटक, भ्रमणशील या भटकनेवाला आदमी, आवारा; अनिश्चित दूरी[F]परका लक्ष्य, (*croquet* नामक खेलमें) गेंद[F]; क्रोकेट-गेंद[F]का मालिक; जलदस्यु, समुद्री डाकू; ज्येष्ठ बालचर; *at ~s* निरुद्देश्य।
roving[1] रो'विंग् n. वर्त्ती[F], पूनी[F]; पूनी[F] बनानेकी क्रिया[F]; परिभ्रमण, पर्यटन; विचरण, सैर[F]।
roving[2] a. (विशे० निरुद्देश्य) भ्रमणकारी, परिभ्रमणकारी, पर्यटक, पर्यटनशील, घुमक्कड़, घुमन्तू (~ *sailor*); ~ machine उपकर्तन-यन्त्र।
rovingness –नि'स् n. निरुद्देश्य भ्रमणकारिता[F], परिभ्रमण, पर्यटन, पर्यटनशीलता[F]।
row[1] रो' n. श्रेणी[F], (ग०) पंक्ति[F], पाँति[F], लाइन[F], (कृषि०) कतार[F]; मार्ग या सड़क[F] (जिसके दोनों ओर घर बने हों); (नाट्यशाला[F]में) सीटों[F]की कतार[F]; उद्यम, व्यवसाय, काम ⊙; ~lock (नौवि०) तौला, (परि०) चप्पू-कुंडा; ~-planting पंक्ति-रोपण; *a hard ~ to hoe* ⊙ कठिन कार्य, कड़ा काम; *in a ~* पंक्ति[F]में, कतार[F]में; ~ *of beans* ⊙ = STRAW;
~ matrix, ~ nullity, ~ rank, ~ sowing, ~ space.
row[2] n. नौका-विहार, नाव[F]की सैर[F]; नाव[F] चलानेमें लगा हुआ समय।
row[3] v.t. & i. नाव[F] खेना, डाँड़ चलाना, पतवार[F] चलाना, (यात्रीको) नाव[F]में ले जाना, नाव[F]की सैर[F] करना; नाव[F]की दौड़ दौड़ना; नाव[F]में (यात्रियोंका किसी विशेष संख्या[F]में) होना; (नाव[F]का, निश्चित संख्या[F]में) चप्पुओंसे युक्त होना, चप्पुओंका लगा होना; ~ *down* नाव[F] खेकर आगे निकल जाना, तेजीसे टक्कर[F] मारकर आगे बढ़ जाना; ~ *out* (नाव[F] खेनेके कारण) थक जाना, लस्त हो जाना; ~ *over* नाव[F]की दौड़[F]में हरा देना।
row[4] रॉउ' n. उत्पात, उपद्रव, अशान्ति[F], कलह[F], कोलाहल, हुल्लड़, हंगामा; मारपीट[F], धींगामस्ती[F], धक्कमधक्का, झगड़ा-टण्टा, फसाद, धर-पकड़[F], मारामारी[F]; भर्त्सना[F], डाँट-डपट[F]; *what's the ~* क्या मामला है।
row[5] v.t. भर्त्सना[F] करना, डाँटना, डपटना, फटकारना, बुरा-भला कहना, चिढ़ाना; हुल्लड़ मचाना।
rowan रो'अॅन्, रॉउ'अॅन् n. (स्काट०) बेरका पेड़, प्रभूर्ज, ऐश नामक पहाड़ी वृक्ष; ऐशकी चटकीले लाल रंगकी रसभरी[F]।
row-de-dow रॉउ'-डॅ-डाउ n. कोलाहल, हल्ला, शोरगुल।
rowdiness रॉउ'डिनि'स् n. उपद्रवीपन, दंगाईपन, हुल्लड़बाजी[F]।
rowdy –डि n. & a. उद्धत, उद्दण्ड, अशिष्ट, उपद्रवी, उत्पाती, ऊधमी, दंगाई, हुल्लड़बाज, झगड़ालू।
rowdy-dowdy –डॉउ'डि a. उपद्रवी, हुल्लड़ी, दंगाई।
rowdyish –डिइश् a. उपद्रवी-सा, हुल्लड़ी-सा, झगड़ालू-सा, हुल्लड़बाज।
rowdyism –इज़्म् n. उपद्रवीपन, गुण्डागीरी[F], गुण्डई[F], हुल्लड़बाजी[F]।
rowel[1] रॉउ'इल् n. कण्टक-चक्र, काँटेदार फिरकी[F]; (लगाम[F]में) चमड़ेका गोल टुकड़ा।
rowel[2] v.t. फिरकी[F]से दबाना, एड़[F] लगाना; (लगाम[F]में) चमड़ेका टुकड़ा लगाना।
rowen रॉउ'अे'न् n. पुनर्घासोत्पत्ति, घास[F]की दुबारा उपज[F]।
rower रो'अॅर् n. पोतवाह, नाविक, केवट, खिवैया, माँझी, खेनेवाला।
rowing रॉउ'इंग् n. भर्त्सना[F], निर्भर्त्सना, डाँट-फटकार[F]।
rowlock र'लॅक् n. (नाव[F]के किनारेके ऊपरी सिरेपर) डाँड़ अटकानेकी कीलों[F]का जोड़ा, चप्पू काँटोंका जोड़ा।
Roxburghe रॉक्स्'बर् n. जिल्दसाजी[F]की एक रीति[F]।
royal[1] राएँ'अॅल् n. (बोल०) राजवंशी, राजन्य, राजपरिवारका सदस्य; बड़ा बारहसिंगा; बहुत बड़ा पाल, बहुत बड़ा मस्तूल।
royal[2] a. **राजकीय, राजशाही,** शाही; राजवत्, राजोचित, राजाके योग्य, बादशाहों-जैसा; राजसेवी, राजाश्रित, राजरक्षित, राजाका; राजवंशका; उज्ज्वल, शोभाविशिष्ट, ऐश्वर्यशाली, राजसी, शानदार, ठाठदार, रोबदार; अतिसुन्दर, बढ़िया, प्रथम श्रेणी[F]का, अव्वल दर्जेका (*gave us ~ entertainment*); बृहदाकार, विशाल, बहुत बड़ा; ~ blue राजनील, अधिरक्तनील, गहरा चमकीला नीला रंग; ~ burgh (सम्राट्की ओरसे स्वशासन-प्राप्त) राजकीय नगर; jelly (कृषि०) **रानी[F]का आहार;** R~ Mariners राजकीय नौसेना[F]; युद्धपोतोंमें काम करनेवाले सैनिक; ~ mast (परि०) **तबार डोल;** ~ oak राजकीय बलूत (जिसमें *Worcester* के युद्धके बाद चार्ल्स द्वितीय छिपा था); ~ paper रायल पेपर (एक विशेष आकार २०″×२६″) का कागज; ~ road (to) सरल उपाय, सुगम साधन; ~ sail, mast (सबसे ऊँचा) पाल, मस्तूल; the blood ~ राजवंश, राजपरिवार, शाही खानदान;
~ army, ~ audience, ~ burial, ~ cemetery, ~ charter, ~ college, ~ commission, ~ court, ~ decree, ~ dynasty, ~ exchange, ~ family, ~ fern, ~ forces, ~ household, ~ licence, ~ mast, ~ mint, ~ observatory, ~ palace, ~ palm, ~ prerogative, ~ seal, ~ tennis, ~ tomb, ~ warrant.
royalism –लिज़्म् n. राजतन्त्रवाद, राजसत्तावाद, राजवाद; राजभक्ति[F], राजानुराग।
royalist –लिस्ट् n. (गुण० भी) राजतन्त्रवादी, राजसत्तावादी, राजतन्त्रका समर्थक, राजभक्त, राजसमर्थक, राजपक्षावलम्बी, कट्टर अनुदारदलीय, कट्टर पुरातनवादी ⊙ (*economic ~s*)।
royalistic –टिक् a. राजतन्त्रवादी, राजसत्तावादी, राजभक्त, राजानुरागी।
royalize –अॅलाइज़ v.t. राजकीय बनाना, शाही

बनाना; राजवत् बनाना, राजोचित बनाना; राजसेवी बनाना; उज्ज्वल बनाना, शोभा-विशिष्ट बनाना; ऐश्वर्य-शाली बनाना, राजसी बनाना, शानदार बनाना, ठाठदार बनाना, राजसी ठाट लाना; बृहदाकार बनाना, विशाल बनाना।

royalty –लिट् n. स्वामित्व, आधिपत्य, स्वत्व; राजत्व, राजसत्ता^F, राजपद, राजधर्म, राजाधिकार, बादशाहत^F; राजपुरुष, सत्ताधीश; राजपरिवार; राजदण्ड; राजचिह्न, राजपदका चिह्न; राजशुल्क; अधिशुल्क, अधिकारशुल्क, रायल्टी^F।

Royston crow राएँस्टॅन् क्रो n. एक कलगीदार भूरा कौआ।

R.P. Reformed Presbyterian; Regius Professor; Rated Pass; Regimental Police; Registered Post; Reply Paid; Rinderpest.

r.p.m. revolutions per minute.

R.P.O. Refund Payment Order; Royal Philharmonic Orchestra.

R.P.S. Royal Philatelic Society; Royal Philharmonic Society; Royal Philosophical Society; Royal Photographic Society.

r.p.s. revolutions per second.

R.R. Right Reverend; Railway Receipt; Registered Receipt.

R.R.C. Revenue Recovery Certificate; Royal Red Cross.

R.R.K. Revenue Record-Keeper.

R.S. Royal Society; Revised Statutes.

Rs. Rupees.

R.S.A. Royal Society of Antiquaries; Royal Scottish Academy; Royal Society of Arts; Royal Scottish Academician.

R.S.D. Royal Society of Dublin.

R.S.E. Royal Society of Edinburgh.

R.S.F S.R. Russian Socialist Federated Soviet Republic.

R.S.G.B. Royal Society of Great Britain.

R.S.L. Royal Society of Literature.

R.S.M. Regimental Sergeant-Major; Royal School of Mines.

R.S.O. Railway Sub-Office; Railway Sorting Office.

R.S.P.C.A. Royal Society for the Prevention of Cruelty to Animals.

R.S.S. Rashtriya Swayamsevak Sangh; (also **S.R.S.**) *Regiae Societatis Sodalis*, Fellow of the Royal Society; Royal Statistical Society.

R.S.V.P. *repondez s'il vous plait*, reply, if you please.

R.S.W. Royal Scottish Water Colour Society.

R.T.A. Regional Transport Authority.

R.T.C. Round Table Conference.

Rt. Hon. Right Honourable.

R.T.O. Railway Traffic (*or* Transport) Officer.

Rt. Rev. Right Reverend.

R.T.S. Religious Tract Society (now incorporated in U.S.C.L.).

Ru. Ruthenium.

ruat caelum ((L) चाहे कैसी भी स्थिति^F हो।

rub[1] रब् n. घर्षण, समाघात, रगड़^F; मर्दन, अभ्यंजन, मालिश^F; (लकड़ी^F की गेंद^F के खेलमें) भूमि^F की असमतलता^F; (भूमि^F की असमतलता^F के कारण गेंद^F का) अटकाव, झटका; (परिवर्तित) व्यवधान, बाधा^F, रुकावट^F, रोड़ा; कठिनाई^F, परेशानी^F (*the ~s and worries of life*); ~-stone सिल, सिल्ली^F (धार रखने या चिकना करनेका पत्थर)।

rub[2] v. t. & i. स्वच्छ करना, चमकाना, माँजना, मलना, साफ करना; घर्षण करना, घिसना, रगड़ना; परिष्कार करना, पालिश^F करना; (शिलालेख, ताम्रपत्र आदिपर कागज रखकर रंगीन खरिया मिट्टी^F से) प्रतिच्छवि^F उतारना, प्रतिचित्रित करना; (ला०) कलंक दूर करना, संकोच दूर करना; अभ्यंजन करना; मर्दन करना, मालिश^F करना, तेल लगाना; (ला०) लज्जित करना, अच्छी तरह खबर^F लेना, सबक सिखाना; (*to* के साथ) चूर्ण करना, चकनाचूर करना, मसलना, लथेड़ना; (*through* के साथ) छलनी^F से छानना; (*down* के साथ) रगड़कर आकार छोटा करना, स्तर घटाना, एक-सा करना; (*over* के साथ) लेप चढ़ाना, मरहम लगाना; लीपना, पोतना; (*down* के साथ) घोड़े की साईसी^F करना, अपने आपकी सेवा^F करना; (*up* के साथ) साफ करना; हाथ फेरना; (ला०) स्मृति^F को जागृत रखना, याद^F को ताजा बनाना; (लेई^F में रंग) फेंटना; (लकड़ी^F की गेंद^F का) ऊँची-नीची भूमि^F पर रुकना; घर्षित होना, घिसा जाना; घिसटना, रगड़ना; रगड़कर मिटाना, काटना; बाधा^F का अनुभव करना, सरकना, कठिनाई^F से चलना; ~ *noses* (वन्य जातियों^F में) परस्पर नाक^F रगड़कर नमस्कार करना; ~ *shoulders* (*with*) अन्य व्यक्तियोंके सम्पर्कमें आना, साथ-साथ उठना-बैठना, मिलना-जुलना; ~ *the wrong way* (अनाजकी बाली^F पर) उल्टा हाथ फेरना; (बिल्ली^F की) पीठ^F पर उल्टा हाथ फेरना; नाराज करना।

rub-a-dub[1] रब्'-ॲ-डब् n. (ढोलकी) डमडमाहट^F, डमडमकी आवाज^F।

rub-a-dub[3] v.t. टमटमाना, डमटम करना, ढोल पीटना।

rubber[1] र'बॅर् n. घर्षक, घिसनेवाला, रगड़नेवाला; अभ्यंजक, मर्दक, मर्दन करनेवाला, मालिश^F करनेवाला; हमाम या स्नानागारका सेवक; घर्षणद्रव्य, रेगमाल, रेती^F, झाँवा; रगड़^Fसे चलनेवाला मशीन^Fका पुर्जा; घृषिका^F, मार्जनी^F, **रबड़**, (रसा०) **रबर; रगड़घोटा, रगड़पट्टी**^F; (pl.) **मेहराबी ईंट**^F, मुलायम ईंट^F; (अमेरिकामें pl.) जूतेकी बरसाती^F; जिज्ञासु व्यक्ति; ताशका एक खेल; शान, घर्षण-प्रस्तर, सान^F; ~ neck ⊙ बड़ी अकड़वाला वनपालक;
~ adapter, ~ ball, ~ balloon, ~ band, ~ block, ~ bulb, ~ bung, ~ cap, ~-capped phial, ~-coated, ~ cone, ~ cork, ~-covered, ~-faced, ~ gloves, ~ goods, ~ hoses, ~-lined, ~ lump, ~ mats, ~ nose, ~ oil, ~ pad, ~ plant, ~-pressure tube, ~ proofed, ~ ring, ~ roller, ~ seal, ~ seed, ~ sheet, ~ sheeting, ~ signature stamp, ~-soled, ~ solution, ~ stamp, ~-stamped, ~ stopper, ~ teat, ~-tired, ~ tree, ~ tube, ~ tubing clamp, ~ tubing clip, ~ tyre.

rubber v. t. रबड़ चढ़ाना, रबड़से मढ़ना।

rubberize –राइज् v.t. रबड़ चढ़ाना, रबर मिलाना।

rubbery –रि a. भारतीय रबर-जैसा।

rubbing र'बिंग् n. अपघर्षण, मर्दन, घर्ष, रगड़^F (~ *stone*, ~ *strake*), खुरचन; रबरसे मिटाना।

rubbish र'बिश् १. n. आवर्जना^F, उच्छिष्ट, मल, छीलन-छाँटन^F, (कृषि०) **कूड़ाकरकट** (~ *tin*), **कचरा**, मलवा (~ *heap*); अनुपयोगी वस्तुएँ^F; मूर्खतापूर्ण सम्मतियाँ^F या विचार; निरर्थक वाक्य, असंगत बातें^F, वाहियात बातें^F; २. int. रद्दी!

rubbishing –शिंग् a. (बोल०) अनुपयोगी, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार, निकम्मा, वाहियात।

rubbishy –शि a. = RUBBISHING.

rubble र'बॅल् n. शकला, मलवा (पुराने घरोंके टूटे-फूटे पत्थर इत्यादि); (परि०) रोड़े, **अनगढ़े पत्थर**; (रेल०) **रोड़ी**^F, **कंकर**, (यन्त्र०) ढोंका (~ *masonary*); (भूगर्भ०) नोकदार पत्थर; पानीसे घिसा हुआ पत्थर, बटइया^F; ~ drain **रोड़ी नाली**^F, रोड़ोंकी नाली^F, ~-work (मकानमें) पत्थरोंकी चुनाई^F।

rubbly –लि a. रोड़ेके रूपमें, कंकरीटकी तरह; खुरदरे पत्थर जैसा; ~ stone झाँवा, रोड़ा।

rube ⊙ रूब्' n. अज्ञानी फूहड़ पुरुष।

rubefacient रूॅबि'फे'शॅन्ट् a. & n. (चि०) (चर्मके लिए) रक्तिमाकर, रक्तिमाकारक, रक्तकारक (औषध^F)।

rubefaction –फ़ैक'शन् n. (चि०) रक्तिमाकरण, रक्तीकरण, लाल बनाना।

rubefy, rubify रूॅबि'फ़ाइ, –बिफ़ाइ vv.t. लाल करना, सुर्ख करना।

rubescence –बे'सॅन्स् n. रक्तीभवन, लाल होना।

rubescent –न्ट् a. अरुण होनेवाला, लाल होनेवाला।

rubicelle रूॅबिसे'ल् n. पीला लाल; जोगियामणि।

rubicle –बिकॅल् n. जोगिया मणि, छोटा नग।

Rubicon –बिकॅन् n. सीमा^F, हद्द^F (*pass or cross the* ~)।

rubicund –बिकन्ड् a. (मुखाकृति^F, रंग या व्यक्ति) आरक्त, अरुणाभ, रक्ताभ, लाल, गुलाबी;लाल चेहरेवाला।

rubicundity–डिटि n. अरुणाभा^F; रक्तिमा^F, लालिमा^F, सुर्खी^F, सुर्ख रंग, गुलाबीपन।

rubidic रूबि'डिक् a. दीपातु-विषयक, रुबिडियम-सम्बन्धी।

rubidium –डिॲम् n. दीपातु, (रसा०) **रुबिडियम**, मुलायम चाँदी-जैसा एक धातुतत्त्व), T.

rubied रू'बिड a. माणिकवदरुण, पद्मरागमणिवत् रक्त, चुन्नी-जैसा रक्तिम, लाल।

rubific –बि'फ़िक् a. रक्तकारक, लाल करनेवाला।

rubification –फ़िके'शॅन् n. रक्तीकरण, लाल करना।

rubify –बिफ़ाइ v.t. रक्त करना, अरुण करना, लाल बनाना, सुर्ख करना।

rubiginous –बि'जिनॅस् a. धूसराभ रक्त, ईषद्धूसर रक्त, भूरालाल।

ruble –बॅल् n. रूसी सिक्का, रूबल।

rubric –ब्रिक् n. शीर्षक, सुर्खी^F, विशेष वाक्य, रक्ताक्षरित वाक्य, विशेष अवतरण; विधि^F, व्यवस्था^F; ग्रन्थका प्रथम पृष्ठ; (गिरिजाघरकी उपासना^Fके संचालनके निमित्त) प्रार्थना-पुस्तक-गत निर्देश, उपासना-निर्देश; सन्तोंकी सूची^F, सन्तसूची^Fमें रक्ताक्षरित प्रविष्टि^F।

rubrical –कॅल् a. रक्ताक्षरित, लाल, सुर्ख।

rubricate[1]–केट् v.t. (लाल रंगमें) लिखना या छापना।

rubricate[2]–कॅट् a. रक्तचिह्नित, सुर्ख छापेवाला।

rubrication –के'शॅन् n. लाल रंगमें लिखना या छापना।

rubricator –टॅर् n. लाल रंगमें लिखने या छापनेवाला।

rubrician –ब्रि'शन् n. उपासना-निर्देशक, रक्तचिह्नक।

rubricism –सिज़म् n. उपासना-निर्देशन, उपासना-निर्देशका कठोरता^Fसे पालन; रक्तचिह्नांकन।

rubricist –सिस्ट् n. उपासना निर्देश-भक्त।

ruby[1] n. (रसा०) **माणिक्य** (~ *silver*), (प्रा० भू०) **माणिक**, शोणरत्न, लालमणि, **पद्मराग**, पद्मरागमणि, चुन्नी^F, **लाल**; न्युद्रक्त (कुछ ललाई^F लिये हुए उज्ज्वल रक्तवर्ण); लाल मुँहासा, लाल फुंसी^F; लाल सुरा; (मुष्टियुद्धमें) रक्त, खून; क्षुद्राक्षर, ५॥ प्वाइंट टाइप, टाइपका छोटा आकार; ~ glass पद्मराग काच; ~ spinel (प्रा० भू०) **लालड़ी**^F; ~-tail रक्तपुच्छ, (एक प्रकारका कीड़ा)।

ruby[2] v.t. मणिके रंगमें रँगना, लाल रँगना, लाल रंगकी झलक^F देना, सुर्ख करना।

ruby[3] a. रक्त, लाल, पाटल, गुलाबी।

ruchbah रुखबाह n. (गणि०) **रुखबाह, चतुर्थ काश्यपी**।

ruche (F) n. झालर^F, चुन्नट^F ।
ruck[1] रक्' n. (दौड़-प्रतियोगिता^{F}में) पिछड़े प्रतियोगियोंका मुख्य समुदाय ।
ruck[2], **ruckle**[1] रक्', र'कॅल् nn. सिलवट^F, सिकुड़न^F, झुर्री^{F}, शिकन^F ।
ruck[3], **ruckle**[2] vv. i. & t. संकुचित करना या होना, सिकुड़ आना, झुर्री^{F} पड़ना, दबकना; शिकन^F डालना, तह^F करना, लपेटना, चुनना ।
rucked –ड्' a. लिपटे हुए ।
ruckle[1] र'कॅल् n. घरघराहट^F ।
ruckle[2] v.i. घरघराना, घर्र-घर्रकी आवाज^F होना, घर्रा चलना ।
rucksack रुक्'सैक् n. खुर्जी^{F}, पीठ-थैला ।
ructation रक्टे'शॅन् n. डकार^F ।
ruction रक्'शॅन् n. (ग्रा०) कलह, उपद्रव, गड़बड़ी^{F}, होहल्ला, दंगा, झगड़ा ।
rudd रड्' n. रक्तिका^{F}, (लाल आँखोंवाली ROACH से मिलती-जुलती मछली^{F}), रड ।
rudder र'डॅर् n. कर्ण, (परि०) **सुक्कान**^{F} (~ *stock*), **सुखान**^{F}, पतवार^F; नकेल^F, लगाम^F; नाथ^F; (ला०) मार्गदर्शक सिद्धान्त; (शराब^F खींचनेके काममें) एक बड़ा करछुल; ~ post (नौवि०) **कुदास, सुखान खम्भा, रडर खम्भा;**
~ bar, ~ pedals, ~ stock, ~ stop.
rudderless –लिॅस् a. कर्णरहित, पतवारहीन; सिद्धान्तविहीन, बेअसूल ।
ruddied र'डिड् a. रक्तरंजित, रक्तवर्ण किया हुआ, लाल रंगका बनाया हुआ ।
ruddiness–डिनिॅस् n. अरुणिमा^{F}, रक्ताभा^{F}, अरुणाई^F, लाली^{F}, लालिमा^{F}, गुलाबीपन, सुर्खी^{F} ।
ruddle[1] –डॅल् n. गेरूकी तरहकी लाल मिट्टी^{F}, गैरिक, लाल खड़िया ।
ruddle[2] v.t. (रडिल नामक मिट्टी^{F}से) लाल निशान लगाना, खड़िया^{F} पोतना ।
ruddy[1] र'डि v. t. & i. लाली^{F} लाना या उत्पन्न करना, लाल-लाल करना या होना ।
ruddy[2] a. (चेहरा) रक्ताभ, रक्तिम, अरुण, लाल-लाल, लालचक, गुलाबी, सुर्ख (~ *health, youth*); (व्यक्ति) लाल चेहरेवाला; (ग्रा०) घृणित, क्षुद्र, नीच, बुरा ।
rude रूड्' a. आदिम, प्राकृतिक, नैसर्गिक, स्वाभाविक (~ *simplicity*), असभ्य, अभद्र, अशिष्ट; अशिक्षित, विद्याहीन, कलाविहीन, गॅवारू, उजड्ड, अनाड़ी, अपढ; सीधासादा; पुरानी चाल^{F}का; अविकसित, अनुन्नत, कच्चा; अपरिमार्जित, अपरिष्कृत; असमतल, खुरदरा, नाहमवार; रूक्ष, रूखा, अनगढ़, भद्दा, बुरा; असूक्ष्म, स्थूल, मोटा, साधारण; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, तेज; अधीर; अबाध, अमर्यादित; असंयत, अनियन्त्रित (~ *passions*); आकस्मिक, विस्मयकारी, चौंकानेवाला; दृढ़, सबल, बलवान्, हृष्ट-पुष्ट, मजबूत, जोरदार (~ *health*); अवश्य, अविनीत, अवज्ञाकारी, उद्धत, उद्दण्ड, धृष्ट, ढीठ; ग्राम्य, प्रगल्भ, गुस्ताख, अक्खड़, बेहूदा, बदतमीज ।
rudeness, (बोल०) **rudery** –निॅस्, –डॅरि nn. स्वाभाविकता^{F}, कच्चापन, पुरानापन; अविनय, **अशिष्टता**^{F}, असभ्यता^{F}, अभद्रता^{F}, ग्राम्यता^{F}, अनगढ़ता^{F}, गॅवारपन, उजड्डपन, अक्खड़पन, अनाड़ीपन, भद्दापन; उग्रता^{F}, अधीरता^{F}, असंयम, अमर्यादा^{F}, अनियन्त्रिता^{F}, सबलता^{F}, हृष्टपुष्टता^{F}; धृष्टता^{F}, ढीठपन, ढिठाई^F ।
ruderal –रॅल् a. घूरेपर उगनेवाला ।
rudiment रू'डिमॅन्ट् n. मूल^F, जड़^{F}; (चि०) मूलस्थ; (pl.) आरम्भिक ज्ञान, प्राथमिक सिद्धान्त, मूलसूत्र, मूलतत्त्व, बुनियादी असूल; सूत्रपात, उपक्रमणिका^{F}, प्रारम्भ, आरम्भ, बीजारोपण, शुरुआत^F (*sing.*), (जीव०) **प्रवर्धिका**^{F}; **प्रारम्भिका**^{F}; (कृषि०) **अल्पविकसित;** (शारीर०) अल्पविकसित अवयव; (चि०) **मूलांग,** जो पूर्वजो या पूर्वावस्था^{F}में कार्य कर रहा हो, परन्तु जो पश्चात अकार्यकर रहता है ।
rudimental –मॅन्'टॅल् (क०) मूलसूत्रीय, मूलतत्त्वका, प्रारम्भिक, मौलिक ।
rudimentary –टॅरि a. (वन०) **आद्यरूप;** आदि, आदिम, प्राथमिक, (जीव०) **प्रारम्भिक,** मौलिक, बुनियादी; अविकसित, अल्पविकसित (~ *bud*); अवशेषक; ~ flower (वन०) **अपूरित फूल ।**
rudish रू'डिश् a. भद्दा-सा, मोटा-मोटा-सा; असभ्य, अशिष्ट-सा, ढीठ-सा ।
rue[1] रू n. (चि०) ब्राह्मी^{F}, सिताब, सुद्दाब, (एक सदाबहार झाड़ी^{F}), रू^{F} ।
rue[2] n. पश्चात्ताप, अनुताप, अनुशोचना^{F}, परिताप, खेद, पछतावा, रंज, अफसोस ।
rue[3] v.t. पश्चात्ताप करना, अनुताप करना, अनुशोचना^{F} करना, खेद करना, पछताना, रोना, झींकना, अफसोस करना, हाथ मलना ।
rueful –फल् a. अनुतप्त, शोकाकुल, शोकपूर्ण, शोकार्त्त, विषण्ण, खिन्न, खेदजनक, पश्चात्तापपूर्ण, रोना, मुहर्रमी ।
ruefulness –निॅस n. अनुतप्तता^{F}, शोकाकुलता^{F}, शोकपूर्णता^{F}, खिन्नता^{F}, खेदजनकता^{F}, उदासी^{F} ।
ruelle रु'एॅल् n. बिस्तर और दीवार^{F}के बीचकी जगह^F।
rufescent रूफे'सॅन्ट् a. अरुणाभ, रक्ताभ, लाल-सा, गुलाबी ।
ruff[1] रफ्' (सोलहवीं^{F} सदी^{F}में प्रयुक्त) झालरदार गुलूबन्द; (पक्षियों या चौपायोंका) कण्ठा, कण्ठी^{F}, कण्ठवेष्टित रेखा^{F}; एक प्रकारका घरेलू कबूतर ।
ruff[2] n. टिटिहरी^{F}की जाति^{F}का एक पक्षी ।
ruff[3] n. (काँटेदार परतसे युक्त) मीठे पानीकी मछली^{F} ।
ruff[4] n. (ताशमें) तुरुपकी चाल^F, तुरुप चलनेका मौका ।
ruff[5] v.t. & i. तुरुप चाल^F चलना, तुरुप लगाना या मारना ।
ruff[6] n. गूँजदार आवाज^F, ढोलपर हल्की चोट^F; (स्काटलैण्ड) प्रशंसा^{F}, जयनाद^F, जयजयकार^F ।
ruff[7] v. t. & i. धीमे-धीमे बजना या बजाना, ढोल पीटना; (स्काटलैण्ड) प्रशंसा^{F} करना, जय-जय करना ।

ruffed रफ़्ट्' a. कण्ठीदार।
ruffian र'फ़िअॅन् n. बर्बर, हिंस्र, हत्यारा, जल्लाद, खूनी; दुर्वृत्त व्यक्ति, निर्मम व्यक्ति, निष्ठुर व्यक्ति, अनुशासनहीन पुरुष, उपद्रवी व्यक्ति, उत्पाती, आततायी, गुण्डा, बदमाश, आवारा, शोहदा।
ruffianage –निॅज् n. बर्बरसमूह, हिंस्रजन; हत्यारे लोग; आततायी-वर्ग, गुण्डा-वर्ग, बदमाशोंका दल, शोहदोंका गुट।
ruffianish –निश् a. बर्बर-सा, हिंस्र-सा, हत्यारा-सा, खूनी-सा; आततायी-सा, गुण्डा-सा, बदमाश-सा, शोहदा-सा।
ruffianism –निज़्म् n. बर्बरता^F, हिंस्रता^F, खूनीपन; आततायीपन, गुण्डापन, बदमाशी^F।
ruffianly –लि a. =RUFFIANISH.
ruffle[1] र'फ़ल् n. शान्तिभंग, कोलाहल, क्षोभ, संक्षोभ, प्रकोप, उद्वेग, आकुलता^F, अशान्ति^F, बेचैनी^F, हलचल^F, दौड़धूप^F, परेशानी^F; (पानीपरकी) हलकी लहर^F, ऊर्मि^F; झुर्री^F, शिकन^F, चुन्नट^F, झालर^F; पक्षीकी कण्ठी^F; (अव क०) विवाद, झगड़ा, चखचख, तकरार^F; (सेना०) ढोलकी गूँजदार आवाज^F।
ruffle[2] v.t. & i. (पंखों या बालोंको) फड़फड़ाना, बिखरा देना, बिखर जाना, बिगाड़ देना, बिगड़ जाना; लहरें^F पैदा करना या होना, हल्लागुल्ला मचाना; शान्तिभंग करना या होना, अशान्त करना या होना; अधीर करना या होना; असन्तुलित करना या होना; खिजाना, खीजना; भौंहें^F चढ़ना, चढ़ाना, बल डालना, बल पड़ना, शिकन^F डालना, शिकन^F पड़ना; भाँज^F डालना, परत^F डालना, चुन्नट^F डालना; (समुद्रका) क्षुब्ध होना, क्रोधित होना, आन्दोलित होना, दोलायमान होना; (बालोंका) बिखर जाना; बेतरतीब होना; (स्वभावका) उग्र होना, प्रचण्ड होना, अशान्त होना; (व्यक्तिका) उद्दण्ड व्यवहार करना, अकड़कर रहना, डींग हाँकना, झगड़ना; व्यस्त करना, अस्थिर करना।
ruffled –ड् a. असम, विषम; संक्षुब्ध, विक्षुब्ध, अशान्त, आकुल, उद्विग्न, व्यग्र, परेशान, बेचैन।
ruffler –लॅर् n. दम्भी, दाम्भिक, घमण्डी, अकड़बाज; धृष्ट, ढीठ, झगड़ालू; अशिष्ट जन, असभ्य व्यक्ति, गुण्डा आदमी।
ruffling –लिंग् n. कोलाहल, शोरगुल; विघ्न, शान्तिभंग; तूर्यनाद, भेरीनाद, दमामा बजना।
rufous रूफ़ॅस् a. (विशे० प्राकृ० इति०) आरक्त, (वन०) पाटल, आलोहित, ईषद्रक्त, ईषल्लोहित, बादामी, कुछ-कुछ लाली^F लिये भूरा, (~*bellied*, *breasted*); (चि०) लाल बाल और लाल रंगका।
rug रग् n. कम्बल, धुस्सा, नमदा, कालीन, गलीचा; आस्तरण, पाँवड़ा, पायंदाज; लोमश कुक्कुर, झबरा कुत्ता।
rugate रूगॅट् a. दे० RUGOUS.
Rugbeian रग्बी'अॅन् a. & n. रग्बी स्कूलका (सदस्य), रग्बियन।
Rugby –बि n. (~ *football* or ~, *rugger* भी) फुटबालका मैच, रग्बी फुटबाल; T.
rugged र'गिड् a. उच्चावच, असम, विषम, ऊँचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, बीहड़, खुरदरा, खरखरा, नाहमवार (~ *ground*); अशिष्ट, अभद्र, असंस्कृत (~*manners*); कटु, कर्कश, कठोर, कड़ा; अप्रिय, रूक्ष, रूढ़, नीरस; भारी, मुसीबतका; लोमावृत्त।
ruggedness –निॅस् n. उच्चावचता^F, असमता^F, विषमता^F, वैषम्य, ऊँचा-नीचापन, ऊबड़-खाबड़पन, खुरदरापन, बीहड़पन; कर्कशता^F, कठोरता^F, रूढ़ता^F, नीरसता^F, रूक्षता^F; अभद्रता^F, अशिष्टता^F, असभ्यता^F; अनगढ़पन; कट्टरता^F, सख्ती^F।
rugger र'गॅर दे० RUGBY.
rugose रूगोस् a. (विशे० प्राकृ० इति०) वलिमत्, झुर्रीला, झुर्रीदार, सिलवटदार, शिकनदार।
rugosity –गॉ'सिटि n. वलिमत्ता^F, झुर्रीदारी^F, झुर्रीलापन, सिकुड़न^F।
rugous, rugate –गॅस्, –गॅट् aa. वलिमत्, झुर्रीदार, सिलवटदार, शिकनदार।
rugulose–ग्यूलोस् a. महीन झुर्री^Fवाला, छोटी झुर्री^Fदार।
ruin[1] रू'इन् n. विनाश, ध्वंस, क्षय, नाश, सत्यानाश, उच्छेद, उच्छेदन, तबाही^F, उजाड़, बर्बादी^F; ह्रास, विपातन, जीर्णता^F, पतित अवस्था^F, गिरी हुई हालत^F, बर्बादी^Fकी हालत^F; क्षति^F, हानि^F, अनर्थ; अवशेष, भग्नावशेष, ध्वंसावशेष, खण्डहर (*lives in an old* ~); ध्वंसका मूल, विनाशका कारण, बर्बादी^Fकी जड़^F; *bring to* ~ ध्वस्त करना, नष्ट-भ्रष्ट करना, बर्बाद करना, तबाही^F ला देना।
ruin[2] v.t. & i. (स्थानको) उजाड़ना, उजड़ना, खण्डहर बनाना, नष्ट करना या होना, बर्बाद करना या होना; बिगाड़ना, बिगड़ना।
ruinate –नेट् v.t. भग्न करना, विनाश करना, नाश करना; भग्न होना, विनष्ट होना, नष्ट होना।
ruination –ने'शॅन् n. ध्वंस, विनाश, उच्छेद, बर्बादी^F, तबाही^F।
ruined –'इड् a. विध्वस्त, नष्ट, शीर्ण, जर्जर, तबाह।
ruiner –नॅर् n. ध्वंसक, विनाशक, उच्छेदक, बर्बाद करनेवाला।
ruinous –नॅस् a. ध्वस्त, विनष्ट, बर्बाद, उजड़ा हुआ; जीर्ण-शीर्ण, क्षयप्राप्त; सांघातिक, क्षयकर, अनिष्टकर, विनाशक, विनाशजनक, ध्वंसकारी, घातुक, उच्छेदकारी, बर्बाद करनेवाला (~ *exploitation*)।
ruinousness –निॅस् n. क्षयकरता^F, सांघातिकता^F, अनिष्टकरता^F, ध्वंसकारिता^F, विनाशकता^F, उच्छेदकारिता^F, विनाशकारिता^F; जीर्णता^F, शीर्णता^F, विनष्टता^F, उजाड़पन, तबाही^F।
rukbat n. रुकबत् (गणि०) रुकवत्, प्रथम धनु।
rulable रू'लॅबॅल् a. विधि-योग्य, व्यवस्था-योग्य, नियम-योग्य; नियम्य, नियन्त्रणीय, दमनीय, वशीभूत रखने योग्य, दबाने योग्य; शासनीय, हुकूमत करने योग्य।
rule[1] –ल्' n. विधि^F, व्यवस्था^F, धारा^F, नियम*, रीति^F, रिवाज, कायदा, दस्तूर, सरिश्ता; मानदण्ड, कसौटी^F,

शासन^F, आधिपत्य, स्वाम्य, प्रभुत्व, सत्ता, राज्य, अधिराज्य, सरकार^F, हुकूमत^F, सल्तनत^F; परिमाण; शृंखला^{F}; (ईसा०) धर्मव्यवस्था^{F}, धर्मनियम, आचार-नियम; (कानून) न्यायादेश, निदेश, आदेश, व्यवस्था^{F}; माप^F, मापक, रेखक, रूल, पटरी^{F}, स्केल^F (*foot-~*); (मुद्रण०) शीर्षक; (विराम-चिह्नांकनमे) आदेशक-चिह्न, डैश; (pl.) नियमावली^{F} (*~s of business*); ~ absolute अन्तिम नियम, निरपेक्ष नियम, निरपवाद नियम; ~ of three (ग० भी) त्रैराशिक नियम; ~-of-three sum त्रैराशिक राशि^{F}; ~ of thumb अनुभवपर आधारित नियम, अनुभवसिद्ध रीति^{F}; *as a ~* - नियमतः, साधारणतः, आम तौरपर, साधारण ढंगसे, मामूली तौरपर, अमूमन; *bear ~* सत्ता^{F} धारण करना, शासक होना; *by ~* यन्त्रवत्; नियमानुसार; *hard & fast ~* कठोर नियम, कड़ा नियम।

rule^2 v.t. & i. नियन्त्रित करना, **नियमित करना**, दमन करना, वशमे रखना, वशीभूत करना, कावूमे रखना; (आचरणको) संयत रखना; (उत्तेजनाओं^{F}को) रोकना, दवाना; (किसीकी वात^F) माननेको तैयार रहना, किसी राय^{F}पर चलना; राज्य करना, **शासन करना**, हुकूमत^F करना (*kings should ~ by love*); नियम वनाना; (मूल्यों या सम्मान आदिका) अधिकांश रूपमे होना, एक विशिष्ट सामान्य स्तर होना; मीमांसा^{F} करना, व्यवस्था^{F} करना; (कानून) निर्णय देना, व्यवस्था^{F} देना, समादेश देना, हुक्म देना, फैसला देना; नियमित करना, स्थिर करना; समानान्तर रेखाएँ^{F} खींचना, सरल रेखाएँ^{F} खींचना; ~ *out* नियमविरुद्ध घोषित करना, असंगत घोषित करना, अवैध ठहराना, निकाल देना, सम्मिलित न करना, खारिज कर देना।

ruled –ड्' a. रेखित (*~ paper*), रेखांकित, शासित, ~ paper **लाइनदार कागज**; ~ surface (ग०) **ऋजुरेखजपृष्ठ; रेखजपृष्ठ**।

ruleless –ल्'लिस् a. अनियमित, नियमरहित, वेकायदा, गैरकानूनी।

ruler –'लॅर् n. नरेश, **शासक**, शासनकर्ता, अधिपति, राजा; माप^F, मापक, (ग० भी) **मापनी**^{F}, रेखनी^{F}, रेखक, **पटरी**^{F}, स्केल^F, T.

rulership –शिप् n. शासकत्व, प्रभुत्व, नरेशत्व।

ruling^1 –लिंग् n. **व्यवस्था**^{F}, व्यवस्थापन, (अदालत^F इत्यादिका) निर्णय, शासन, आदेश, निदेश, व्यवस्था^{F}; (भौ०) **रेखा**^{F}, रेखण, **रेखांकन** (*~ machine*)।

ruling^2 a. प्रधान, प्रवल, शासकी, राज्यकारी, शाही; ~ gradient **नियंत्रक ढाल**^{F}, **ढाल**^{F}**की इष्टतम सीमा**^{F}; ~ prince नरेश।

rulley र'लि n. एक नीची पहियेदार ठेलागाड़ी^{F}।

rum^1 रम्' n. ईख^{F}की मदिरा^{F}, गन्ने^{F}की शराव^F, शीरेकी शराव^F; आसव, कोई उत्तेजक पेय ○, रस, (रसा०) T.

rum^2, **rummy** रम्', र'मि aa. (ग्रा०) विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, अनोखा, अजीव, निराला।

Rumansh रमैन्श्' = ROMANSH.

rumba र(रू)म्'वॅ n. (क्यूवाका एक नीग्रो नृत्य), रम्वा।

rumble^1 रम्'वॅल् n. गर्जन, गड़गड़ाहट^F, कड़क^F, चररमरर, **घर्घर**, धड़-धड़, गुड-गुड आदिका शब्द; ~-tumble ऊँची-नीची चाल^F, हिचकोलेकी चाल^F।

rumble^2 v. i. & t. गरजना, गड़गड़ाना, कड़कना, धड़धड़ाना, चररमरर करना।

rumble^3 v.t. (ग्रा०) तल तक पहुँचना, गहराई^{F}मे प्रवेश करना; पता लगाना, खोज^F निकालना, दूर^{F}तक सूझना, आरपार देखना।

rumbler रम्'वलॅर् n. गर्जनकारी व्यक्ति या वस्तु^{F}, गड़गड़ानेवाला व्यक्ति या वस्तु^{F}, कड़कनेवाला।

rumbling –लिंग् n. निर्घोष, दीर्घनाद, घनध्वनि^{F}, गुड़गुड़ाहट^F, गड़गड़ाहट^F।

rumbustical –वस्'टिकॅल् a. कोलाहलकारी, हुल्लड़ी, ऊधमी, हुड़दंगी, शोरगुल करनेवाला।

rumbustious –टिॲस् a. (वोल०) कोलाहलकारी, ऊधमी, हुल्लड़ी, हुड़दंगी, हल्लागुल्ला करनेवाला।

rumen रू'मे़न् n. रोमन्थिका^{F}, (कृषि०, जीव०) **प्रथम आमाशय**, (रोमन्थनकारी प्राणियोंका), (जीव०) T.

rumentomy ⊙रूमे़न्'टॅमि n. (कृषि०) **प्रथम आमाशय शल्य-क्रिया**^{F}।

rumgumption रम्गम्'शॅन् n. विचक्षणता^{F}, चातुर्य, चतुराई^F, होशियारी^{F}; बुद्धिमत्ता^{F}।

ruminant^1 रू'मिनॅन्ट् n. (कृषि०) **रोमन्थी**, रोमन्थक, पुनःचर्वणकारी, (कृषि०) **पागुर या जुगाली करनेवाले**, चार-आमाशयके पशुओंका वर्ग।

ruminant^2 a. (चि०) **रोमन्थक**, (*~ blood*), (कृषि०) **रोमन्थी**, रोमन्थकर, जुगाली^{F} करनेवाला, (जीव०) **रोमन्थकारी प्राणी**, (कृषि०) **जुगाली**^{F} **करनेवाले पशु**, T.; ध्यानी, ध्यानपरायण, चिन्तनशील, मननशील।

ruminate –नेट् v. i. & t. रोमन्थ करना, (कृषि०) **रोमन्थन करना**, पागुर करना, **जुगाली**^{F} **करना**, रौंथ करना; चिन्तन करना, मनन करना, गम्भीर विचार करना, सोचना, विचारना, ध्यानमग्न होना, गौर करना।

ruminating –टिंग् a. रोमन्थी, पागुर करनेवाला, जुगाली^{F} करनेवाला।

rumination –नेशॅन् n. (कृषि०) **रोमन्थ**, रोमन्थन, गिलित-चर्वण, पागुर, **जुगाली**^{F}; ध्यान, मनन, चिन्तन, सोच-विचार।

ruminative –'मिनॅटिव् a. रोमन्थी, पुनःचर्वक, जुगाली^{F} करनेवाला; मननशील, ध्यान-परायण, सोचनेवाला, विचार-सम्वन्धी।

ruminator –नेटॅर् n. रोमन्थक, गिलितचर्वक, पागुर करनेवाला, जुगाली^{F} करनेवाला; चिन्तनकर्ता, मननकर्ता, ध्यान करनेवाला।

rummage^1 र'मिज् n. अनुसन्धान, पर्यन्वेषण, खोज^F, छानवीन^F, तलाशी^{F}; खोज^{F}के वाद निकाला गया सामान; तलाशी^{F}मे पायी गयी वस्तुएँ^{F}; मिलावट^F, मिश्रण, गनुवड्डु ○; ~ sale (जहाजके मरम्मतघरोंमे) लावारिस

वस्तुओं[F]का नीलाम; (दानार्थ या पुण्यार्थ धन एकत्र करने के लिए) विविध वस्तुओं[F]की बिक्री[F]।

rummage³ v.t. & i. पर्यन्वेषण करना, खोजना, टोहना, (परि०) **छान डालना, तलाशी[F] लेना**।

rummager -जॅर् n. अनुसन्धाता, पर्यन्वेषक, खोज[F] करनेवाला, तलाश[F] करनेवाला।

rummaging -जिंग् n. (नौवि०) **पर्यन्वेषण** (~ *inspector*)।

rummer र'मॅर् n. बड़ा गिलास।

rumminess, rumness र'मिनिॅस्, रम्'निॅस् nn. विलक्षणता[F], विचित्रता[F]; अद्भुतता[F], अनोखापन, निरालापन।

rummy¹ र'मि n. (पत्तोंकी दो गड्डियों[F]से खेला जानेवाला) एक सीधा खेल, रम्मी[F]।

rummy² a. = RUM².

rumorous रू'मॅरॅस् n. अनुश्रुतियुक्त, जनप्रवाद-सम्बन्धी, लोकवादपूर्ण, किंवदन्ती जैसा या वाला।

rumour¹, rumor¹ ⊙ -र् nn. जनप्रवाद, जनवाद, लोकवाद, अनुश्रुति[F], **जनश्रुति[F]**, किंवदन्ती[F], प्रवाद, चर्चा, उड़ती हुई खबर[F], गप्प[F], **अफवाह[F]**; असिद्ध कथन, अप्रमाणित बात[F], निराधार चर्चा[F]; ~-monger जनप्रवादी, अफवाह उड़ानेवाला।

rumour², rumor² ⊙ vv.t. (प्राय: pass. में) अनुश्रुति[F] फैलाना, किंवदन्ती[F] फैलाना, जनप्रवाद फैलाना, अफवाह[F] या गप्प[F] उड़ाना।

rump रम्प्' n. (पशु या पक्षीका) मेरुदण्डका अन्तभाग, पुच्छान्तभाग, (श० र० शा०) पृष्ठवंशान्तभाग, (कृषि०) **पिछली पीठ[F], पुट्ठा**; (मनुष्यका) नितम्ब, चूतड़; कटि, कमर; संसद्[F], सभा[F] या संस्था[F]का अवशिष्ट भाग; ~ parliament (राज०) **अवशिष्ट संसद्, रम्प संसद्**, the R~ (इति०) अवशिष्ट भाग, पुच्छान्त।

rumple¹ रम्'पॅल् n. कुंचन, झुर्री[F], शिकन, सिकुड़न[F], सिलवट[F]।

rumple² v.t. कुंचित करना, झुर्री[F] डालना, सिलवट डालना, शिकन[F] डालना।

rumpless रम्प्'लिॅस् a. पुच्छहीन, बिना पूँछ[F]का, बेपूँछ।

rumpus रम्'पॅस् n. (ग्रा०) अव्यवस्था[F], कोलाहल, ऊधम, उत्पात, उपद्रव, हुल्लड़, झगड़ा, टण्टा।

rumpy रम्'पि n. एक पुच्छहीन बिडाल, रम्पी बिल्ला।

rum-tum रम्'-टम् n. बजरा, डोंगी[F]।

run¹ रन्' n. धावन, दौड़[F]; **चालन; चाल[F]**; धावनकाल, दौड़नेका समय; निर्दिष्ट समय; (जहाज द्वारा तय की हुई) दूरी[F]; फासला; (क्रिके०) रन; प्रवाह, गति[F], लय[F], रुख, रवानी[F]; शीघ्र ह्रास, द्रुत पतन, तेजी[F]से गिरना; प्रवृत्ति[F]; प्रचलन; प्रसिद्धि[F]; निर्गम, नि:सारण; द्रुत-स्वरग्रामपथ (कई सुरोंको समन्वयके साथ इस प्रकार प्रस्तुत करना कि एक ही स्वर प्रतीत हो); अखण्ड समय; अविच्छिन्न मार्ग; दीर्घ क्रम, दीर्घ प्रस्तार, निरन्तर विस्तार; सामान्य अपेक्षा[F], साधारण माँग[F], आम तकाजा (*the book has a considerable ~*); सामान्य या साधारण वस्तु[F], औसत[F]; मामूली किस्म[F], औसत दर्जा, आम तबका; व्यापारिक सामग्री[F]की श्रेणी[F], तिजारती मालकी किस्म[F]; (साथ-साथ उत्पन्न हुए या पाले हुए) पशुओंका समूह, जानवरोंका गल्ला; गतिमान् मीनवृन्द, जाती हुई मछलियों[F]का झोल; (पशुओंके आने-जानेका) नियमित मार्ग; जंगल, चारागाह; सीढ़ी[F] ⊙; (कृषि०) **घेरा**; (मुर्गियों[F]का) दरबा, बाड़ा; सोता; (पानीकी) बड़ी नाँद[F], गड्ढा; (पृष्ठभागकी ओर सँकरा होनेवाला) जहाज[F]की पेंदी[F]का भाग; प्रयोग करनेका अधिकार (*allowed him ~ of their books*); (रेल०) **फेरे, चक्कर**; समान वेगसे वायुयानकी उड़ान[F], ~-in (फुटबालमें) **अभिधावन**, गेंद[F]को सीधा लेकर भागना; वायुयानकी सीधी दौड़[F]; ~-off **अपवाह, नि:स्राव**; निर्णायक दौड़[F]; प्रवाही; ~-out **दौड़[F]; समाप्त होना, खत्म होना**; ~-up (शिकारी कुत्तोंकी) परस्पर दौड़[F], झपट्टा; *at a ~* दौड़[F]में दौड़ते हुए; *in the long ~* अन्ततः, अन्ततोगत्वा, आखीरमें, आखिरकार; *on the ~* चम्पत होता हुआ, भागता हुआ; आपाधापी[F]में, दौड़-धूप[F]में, भागाभागी[F]में।

run²* v. i. & t. (*ran, run*) धावित होना, दौड़ना*, भागना; (पशुओंका) सरपट[F] चलना, दुगामा चलना, दुलकी[F] चाल चलना; (क्रिके०) रन बनाना; पलायन कर जाना, पलायित हो जाना, चम्पत हो जाना, भाग जाना, रफूचक्कर हो जाना, फरार हो जाना; सवेग गमन करना, जल्दी-जल्दी जाना, बहुत तेजी[F]से यात्रा[F] करना; वन्यवत् फिरने देना, जंगली होने देना; (प्रतियोगिता[F] इत्यादिमें) भाग लेना, सम्मिलित होना, शामिल होना; चुनाव लड़ना; ढलकते जाना, चारों ओर घूमना, पहियों[F]पर चक्कर खाना, धुरी[F]पर घूमना, फिसलते जाना, सहज गति[F]से चलना (*ball, carriage, wheel, ~s*); स्वतन्त्रतापूर्वक काम करना, मुक्त रूपसे कार्य करना, क्रियाशील होना; (समाचार इत्यादिका) प्रसारित होना, प्रचलित होना, तेजी[F]से फैलना; (आँख[F]) दौड़ना; (तरल पदार्थ, अनाज, बालू[F] आदिका) द्रवित होना, गलना, प्रवाहित होना, (चि०) (व्याधित अंगसे पूयका) निकलना, बहना, गिरना; (रिसनेवाले पदार्थका) स्रवित होना, रिसना, चूना, बहना; विस्तृत होना, फैलना; प्रगति करना, लगातार चला जाना, आगे चलना; प्रवृत्त होना; होना, घटित होना; औसत मूल्य या स्तर होना; अनुगमन करना, मार्ग ग्रहण करना, पीछे चलना, पीछा करना (*~ a scent, ~ fox five miles*); (रास्ता) पार करना, तय करना, घूमना, भटकना, इधर-उधर फिरना; सम्पादित करना; प्रयत्न करना, कोशिश[F] करना; अधीनता[F] स्वीकार करना, झुकना; टाँका लगाना, थोड़ा-बहुत सीना; दौड़ाना, भगाना; चलाना; *he who ~s fast will not ~ long* जल्दी काम शैतानका; ~ *about* **दौड़धूप[F] करना, इधर-उधर दौड़ते फिरना**, यहाँसे वहाँ भागना; (विशे० बच्चोंका) मुक्त रूपसे खेलना-कूदना, दौड़ा-दौड़ी[F] करना;

.~ *across* संयोगसे मिल जाना, सामने आ पड़ना, मुठभेड़^{F} होना; ~ *after* साथ खोजना, साथ चाहना, पीछा करना; (किसी काममें) दिन-रात^F लगे रहना; ~ *against* मुठभेड़^{F} होना, मुकाबला होना; ~ *at* बढ़कर आक्रमण करना, टूट पड़ना; ~ *away* भाग जाना, फरार हो जाना, हवा हो जाना; ~ *away with* अपहरण करना, ले भागना, लेकर चम्पत होना, लेकर उड़ जाना; बिना सोचे-समझे तुरन्त ही स्वीकार कर लेना; (धन इत्यादिका) लग जाना, उड़ जाना, साफ हो जाना; ~ *cart into wall* गाड़ी^{F}को दीवार^{F}से टकरा देना; ~ *cattle* ढोरोंको चरने छोड़ देना; ~ *down* (घड़ी^{F} आदिका) चाभी^{F} न देनेके कारण बन्द हो जाना; (किसी व्यक्तिका) क्षीण हो जाना, दुर्बल हो जाना, दुबला हो जाना, कमजोर हो जाना; खदेड़ना; ~ *dry* सूख जाना, बहना बन्द होना; ~ *errands*, ~ *messages* सन्देश ले जाना, सन्देशवाहक होना; ~ *horse* घोड़ेको घुड़दौड़^{F}में दौड़ाना; ~ *in* (प्रतिद्वन्द्वीका) समीप आ पहुँचना, सिरपर पहुँच जाना; (रग्बी फुटबालमें) विरोधी गोलकी रेखा^{F}तक गेंद^F ले जाना और उसे छू लेना; (बोल०) गिरफ्तार करके जेल ले जाना; उम्मीदवारको निर्वाचित करना; (नयी मशीन^{F}को) चलाकर ठीक प्रकारसे चालू कर लेना; ~ *into* अभ्यास होना, अभ्यस्त होना, आदत^F पड़ना, लत^F हो जाना; मूर्खता^{F}में पड़ना; एकीभूत होना, समा जाना, जा मिलना; टकराना, टक्कर^F खाना; ~ *low*, ~ *short* कम पड़ना, कमी^{F} पड़ना, घटना; ~ *off* भाग जाना; बह जाना; एकाएक बात^F पलट देना, दूसरी बात^F कहने लगना; (कविता^{F} या सूची^{F}) बराबर लिखते जाना, पढ़ते जाना; (प्रवाहके साथ) घसीट^F लिखना या पढ़ना; (नली^{F} द्वारा) तरल पदार्थको खींचना; ~ *on* सम्बन्धित होना (*talk ~s on*); (अक्षरोंका) मिला होना; चलते रहना, जारी रहना; बीत जाना, गुजर जाना; जल्दी-जल्दी बोलते जाना, कतरनी^{F}-की तरह जीभ^F चलाना; (एक पंक्ति^{F} समाप्त करनेके पश्चात्) उसी पंक्ति^{F}से आरम्भ करना; ~ *out* समाप्त करना या होना, अन्त होना, चुक जाना, कमी^{F} पड़ना; बर्तनसे बाहर निकल आना; (क्रिकेट०; गेंद^F मारनेके लिए) दौड़^{F}में आउट होना; (डोरी^{F}का) खुलना, बाहर निकलना; दौड़^{F} पूरी करना; (तोप^F आदि) आगे बढ़ाना, निकालना; रन आउट करना; दौड़ते-दौड़ते थक जाना; ~ *out of* समाप्त कर देना, चुका देना; ~ *over* सिंहावलोकन करना, पुनर्विचार करना, ध्यानसे देखना, दृष्टि^{F} डालना, दुहराना, नजर^F डालना; (प्यानोके परदोंको) द्रुत क्रममें छेड़ना; (गाड़ी^{F} आदिका लेटे हुए व्यक्तिके) ऊपरसे निकल जाना, कुचल डालना; छलकना, बह निकलना; ~ *the risk* जोखिममें पड़ना, जोखिम उठाना; ~ *through* (तलवार^F) भोंकना, घुसेड़ना; (लिखित शब्दोंके बीचसे) रेखा^{F} खींचना, लकीर^F खींचना; परीक्षा^{F} करना, ध्यानसे पढ़ना, गौर^{F}से पढ़ना; प्रविष्ट होना, घुसना; (सम्पत्ति^{F} आदि) खा जाना, उड़ा जाना; ~ *up* तीव्रता^{F}से अभिवृद्धि^{F} पाना, तेजी^{F}से बढ़ना; (मूल्यका) बढ़ना, चढ़ना; (संख्या^{F}, राशि^{F}, ऋणका) इकट्ठा होते जाना, जमा होते जाना; (नीलाममें) ऊँची बोली^{F} बोलना, बोली^{F} बढ़ाना; ~ *upon* (विचारों आदिमें) मग्न होना, डूबना; (व्यक्तिसे) अकस्मात् भेंट^F करना, मिलना; भिड़ जाना।

runabout^1 ⊙ र'नॅबॉउट् n. द्रुतयान, हल्की मोटरकार^F।

runabout^2 a. विचरणशील, भ्रमणशील, पर्यटनकारी, घुमक्कड़, आवारा।

runagate –'ॲगेट् n. अपधावक, प्रपलायक, फरार व्यक्ति, भगोड़ा आदमी; इत्वर, आवारा; रणविमुख।

runaway^1 –'ॲवे n. भड़कनेवाला घोड़ा; **भगोड़ा**, लफंगा।

runaway^2 a. विपलायक, पलायनपर, **भगोड़ा**, फरार; ~ **inflation** (बैंक) **उच्छृङ्खल स्फीति**^{F}; ~ marriage राक्षस विवाह।

runcinate रन्'सिनेट् n. (वन०) **त्रिकोण-शीर्ष**; a. मोटे दाँतेवाला; मुड़े हुए दाँतेवाला।

rundle रन्'डॅल् n. भ्रमण, चक्कर; सोपान, एक सीढ़ी^{F}; सीढ़ी^{F}का एक डण्डा।

rundlet ⊙ रन्ड्'लिट् n. (बन्दूक^{F}की) क्षुद्र नालिका^{F}; लघु नालिका^{F}, छोटी नली^{F}।

rune रून्' n. टोनेका मन्त्र, (प्राचीन अंग्रेजी^{F}का) रून वर्ण, अक्षर; भेद, रहस्यपूर्ण चिह्न, जादुई चिह्न; सर्ग, प्रकरण।

runer –'नॅर् n. रूनवर्णकार, रून-अक्षर-रचयिता, दे० RUNE.

rung^1 रन्ग् n. छड़^{F}, तीली^{F}; यष्टि^{F}, डण्डी^{F}; सीढ़ी^{F}का डण्डा।

rung^2 RING का भू० कृ०।

runged रन्ड' a. यष्टिमय, डण्डेदार।

rungless –'लिस् a. यष्टिविहीन, बेडण्डेका।

runic रू'निक् a. नॉर्स वर्णमाला^{F}से सम्बद्ध।

runlet^1 रन्'लिट् n. (प्रा०) शराब^{F}का पीपा।

runlet^2 n. स्रोतस्वती^{F}, क्षुद्र नदी^{F}, छोटी धारा^{F}।

runnable र'नॅबॅल् a. धाव्य, प्रधाव्य, अनुधाव्य, धावनीय, प्रधावनीय, अनुधावनीय, पीछा करने योग्य; (हरिण) आखेट्य, शिकारके लायक।

runnel र'नॅल् n. स्रोतस्वती^{F}, छोटी धारा^{F}, छोटी-सी नहर^F; बड़ा नाला, मोरी^{F}।

runner र'नॅर् n. **धावक**, प्रजवी, दौड़नेवाला, दौड़-धूप^F करनेवाला; (रसा०) **वाहक** (~ *cut*), **प्रेषक** (~ *bar*); सन्देशवाहक, संवादवाहक, संवाहक, दूत, हरकारा, प्यादा, पियादा; वालचर, स्काउट; संग्रहकर्ता, जमा करनेवाला; अभिकर्ता, एजण्ट, दलाल; चालक, घूमनेवाला चक्की^{F}का पाट; (नौवि०) एक ब्लाकका रस्सा; छल्ला; (स्लेज गाड़ी^{F}के फिसलनेके लिए) लकड़ी^{F}का एक टुकड़ा; (कृषि०) **भूस्तारी**, भू-प्रसारी (एक प्रकारका पौधा जिसमें पेंचदार छीमी^{F} लगती है); T; (यन्त्र०) **चादरी लट्ठा**; **पटरी**^{F}; चिकना डण्डा; (भारी चीज^{F}को खिसकानेका) बेलन; ~ teeth (कृषि०) **चालू दाँते**; ~-up दौड़^{F}में दूसरा।

running[1] –निंग् n. धावन, दौड़[F], दौड़ना; चालन, चलाना; अनुवात जाना।

running[2] a. धावी, धावन-, दौड़नेका (~ *line, path*); परिचालक; चालू, चलता (~ *concern, policy*); निरन्तर, लगातार (~ *length, thread*); प्रवाही, बहता हुआ (~ *stream*); ~ charges चालू खर्च; ~ commentary चालू टीका[F], सरसरी तौरपर की गयी टीका[F]; ~ credit (वाणि०) चालू उधार; ~ fight (नौवि०) पलायन-युद्ध, पीछा करनेवाले जहाजसे लड़ाई[F]; ~ fire निरन्तर अग्निवर्षा[F], लगातार गोलियों[F]की बौछार[F]; ~ fix चलते-चलते नियत स्थिति[F], उड़ते-उड़ते नियत स्थिति[F]; ~ hand घसीट[F]; ~ out (कृषि०) अपकर्ष; ~ sand (परि०) बलुआ दलदल; ~ shed (रेल०) इंजन-शेड; ~ staff संगचल अमला; (रेल०) परिचालकवर्ग; *in the* ~ सफलता[F]के निकट; *to make the* ~ मात करना, बाजी[F] मारना;

~ account, ~ agreement, ~ batch, ~ concern, ~ contract, ~ cost, ~ country, ~ edge, ~ hook, ~ parliament, ~ repairs, ~ road, ~ room, ~ stationery, ~ time, ~ trip, ~ water.

runnion रन्'यॅन् n. अधम नर; कुलटा स्त्री[F]।

runny र'नि a. अर्द्धद्रव, अर्द्धतरल; प्रवाही, बहता हुआ; धावी, प्रधावी, दौड़नेवाला।

runologist रूनॉ'लॅजिस्ट् n. रून-वर्णमालाविद्, रूनाक्षरवेत्ता।

runology –जि n.रून-वर्णमाला-विज्ञान,रूनाक्षर-शास्त्र।

runt रन्ट्' n. (विशे० स्काट०, हाले०, वेल्सका) नाटा बैल, नाटी गाय[F]; बौना; बड़ा कबूतर।

runty –'टि a. बौना, नाटा, ठिगना।

runway रन्'वे n. (पशुओंके पानी पीनेके स्थानतक) पगडण्डी[F]; (लट्ठे सरकानेकी) ढाल[F], प्रवेशपथ, मार्ग; धावन-पथ; धावन-मार्ग, दौड़-पथ; (विमानका) अवतरण-पथ, विमानभूमि[F], हवाई अड्डा; ~ vehicle भगोड़ा डिब्बा।

rupee रूपी' n. रूप्यक, रुपया (=१ शिलिंग ६ पेंस);

~debt, ~ equivalent, ~ loan, ~ paper, ~ rate, ~ securities.

rupestral, rupestrine रुपे'स्ट्रॅल्, -ट्रिन् a. प्रस्तर-रुह, पाषाण-रुह, शैलरोही, पत्थरपर उगनेवाला।

rupia रू'पिॲ n. (चि०) उपदंश, गर्मी[F], खाज[F]; गर्मी[F]-के दुर्गन्धित पपड़ीदार विस्फोट।

rupicolous ⊙ रुपि'कॅलॅस् a. (वन०) शैलश्रयी।

ruptive रप्'टिव् a. विदीर्णक, चीरनेवाला, फाड़नेवाला; (सम्बन्ध, विवाह आदिका) विच्छेदक, तोड़ देनेवाला; अन्त्रवृद्धिकारी, हार्निया करनेवाला।

rupturable –च्युॲरॅबॅल् a. भेद्य, मतभेद्य, विवाद्य, बिगाड़के योग्य, फूटके लायक; उद्भेद्य, विदारणीय; भंजनीय, विच्छेदनीय, तोड़ने-फोड़ने लायक।

rupture[1] –र् n. भेद, मतभेद, विवाद, बिगाड़, फूट[F], लड़ाई[F]; (यन्त्र०) विदार, छिद्र; (निदान०) अन्त्रवृद्धि[F], बध्म, अण्डशोथ, आँत[F] उतरनेका रोग, हार्निया; उद्भेदन, विदारण, भंजन, (यन्त्र०) फटन[F], विच्छेद, भंग, स्फोटन, टूट-फूट, फोड़ना, फोड़ा।

rupture[2] v.t. & i. विदीर्ण करना या होना; चीरना, फाड़ना, फटना; (सम्बन्ध, विवाह आदिका) विच्छेद करना, फोड़ना, तड़काना, तोड़ देना, तड़कना; फूटना, टूटना; अन्त्रवृद्धि[F] होना, हर्निया होना।

ruptured a. विदीर्ण, विदारित।

rural रुॲ'रॅल् a. ग्राम-, ग्राम्य, ग्रामीय, ग्रामीण, गाँवका, देहाती; कृषि-सम्बन्धी, कर्षण-विषयक, खेतिहर;

~ areas, ~ bank, ~ broadcast, ~ circles, ~ community, ~ constituency, ~ credit, ~ culture, ~ debt, ~ development, ~ dispensary, ~ economics, ~ economy, ~ exodus, ~ finance, ~ improvement, ~ income, ~ indebtedness, ~ industries, ~ insolvent, ~ instituition, ~ life, ~ planning, ~ policy, ~ population, ~ problems, ~ progress, ~ property, ~ reconstruction, ~ rehabilitation, ~sanitation, ~ site, ~ society, ~ sociology, ~ survey, ~ uplift, ~ welfare.

ruralist –लिस्ट् n. ग्राम्यवादी, ग्रामीण, ग्राम्य जीवन बितानेवाला, देहाती।

rurality रुरै'लिटि n. ग्राम्यता[F], ग्रामीणता[F], देहातीपन।

ruralization रुॲरॅलाइजे'शन् n. ग्राम्यीकरण, ग्रामीणीकरण, देहाती बनाना।

ruralize –'रॅलाइज् v. i. & t. ग्राम्य बनाना, ग्रामीण बनाना, देहाती हो जाना या बना देना।

ruralness –ल्नि्स् n. = RURALITY.

ruridecanal रुॲरिडि'के'नॅल्, रुॲरिडे'कॅनॅल् a. (ईसाई धर्मके) ग्रामीण अधिष्ठाताका; अधिष्ठातृपदसे सम्बन्धित, गाँवके महन्तका।

Rusa रू'सॅ n. साम्बर हिरण, रूसा।

ruse रूज्' n. प्रतारणा[F], प्रवंचना[F], व्यपदेश, अपदेश, छल, कपट, प्रपंच, दाँव-घात, होशियारी[F], चालाकी[F], चाल[F], तरकीब[F]; ~de guerre युद्ध-प्रपंच।

ruse (F) a. कपटी, धूर्त।

ruse contre ruse (F) शठे शाठ्यम्, धूर्तके प्रति धूर्तता[F]; हीरेको हीरा काटता है।

ruse de guerre (F) n. युद्ध-कूटनीति[F]।

rush[1] रश्' n. नड, प्रनड, सिवार; सरपत, नरकट, नरकुल; नागरमोथा; क्षुद्र वस्तु[F]; निकम्मी चीज[F]; (वन०) मादा आदि; ~-bearing नरकट-त्योहार, सरपत-पर्व (उत्तरी इंग्लैण्डका वार्षिक त्योहार);

~-bordered, ~-bottomed, ~ candle, ~-floored, ~-ringed, ~ land, ~-leaved, ~ light, ~-margined, ~ mat, ~-seated,

~-stemmed, ~-strewn, ~-woven.

rush[2] v.t. सनीठेसे कुर्सी^F^का तल बनाना; फर्शपर सरपत बिछाना।

rush[3] n. द्रुतधावन, तीव्र आगमन, दौड़^F^, झपट^F^; ठेल-नठेला, हड़बड़ी^F^; रेला, तीव्र प्रवाह; आकस्मिक आक्रमण, भीषण आक्रमण, धावा, चढ़ाई^F^; भीड़^F^; (बहुसंख्यक लोगोंका) आकस्मिक स्थानान्तरण, सोनेकी खानों^F^के नये क्षेत्रोंमें प्रवास; (किसी वस्तु^F^की) अधिक माँग^F^।

rush[4] v.t. & i. बलपूर्वक चलाना, धकियाना, धक्केसे चलाना, घसीटना, खींचना, आगे बढ़ाना; प्रचण्ड आक्रमण द्वारा हस्तगत करना, आकस्मिक धावा बोलकर छीन लेना, चढ़ आना, पिल पड़ना, झपटना, टूट पड़ना, हल्ला बोलकर हथिया लेना; झपटकर पार करना; अधिकार कर लेना, वशमें कर लेना; बहुत अधिक दाम लेना, ठगना; वेगसे धावित होना, उतावली^F^से भागना, हड़बड़ाकर दौड़ना; तीव्रता^F^से बहना; तेजी^F^से गिरना, फैलना या बिखरना; ~ *at* आक्रमण करना, धावा बोलना; ~ *bill through* विधेयकको शीघ्रता^F^से पारित करना, बिलको जल्दी पास कराना; ~ *into print* शीघ्र छपवा देना, झटसे प्रकाशित करना।

rush[5] ⊙ a. अत्यावश्यक, जरूरी, अर्जेण्ट; ~ order ⊙ अर्जेण्ट आर्डर।

rushen र'शॅन् a. नड-निर्मित, प्रनड-निर्मित, सिवारका बना हुआ; सरपतका बना हुआ, सनीठाका।

rushlike –श्'लाइक् a. सनीठे-जैसा, सरपत-जैसा।

rushy –'शि a. नडबहुल, प्रनडप्रचुर, सिवारसे भरा हुआ; सरपतसे भरा हुआ; नड-निर्मित, प्रनड-निर्मित, सिवारका बना हुआ; सरपतवाला, नरकट या नरकुलका बना हुआ।

rus in urbe (L) n. नगरमे देहात।

rusk रस्क्' n. रस्क, रस, (एक प्रकारकी चुरमुरी रोटी^F^)।

Russell (cord) र'सॅल् (कार्ड्) n. सूत और ऊनका बना एक वस्त्र।

Russell's viper -स वाइपर n.गोनस, एक विषैला साँप।

russet[1] र'सिट् n. ग्राम्य परिच्छद, गँवारू पहनावा (विशेष भूरे मटमैले रंगका); भूरे मटमैले रंगका मोटे छिलकेका सेब।

russet[2] a. कपिश, (इति०) **गेरुआ**, धूमिल रंगका; (प्रा०) ग्रामीण, भोला, सरल, सीधा-सादा, देहाती, गँवारू; अपरिमार्जित।

russety –टि a. धूसर, भूरा।

Russia (leather) र'शॅ (लॅ'दॅर्) n. (जिल्दसाजी^F^-के कामका) टिकाऊ चमड़ा।

Russian[1] र'शन् n. रूसी, रूसवासी, रूसी भाषा^F^।

Russian[2] a. रूसी, रूस-विषयक, रूस-सम्बन्धी।

Russianize –शॅनाइज् v.t. रूसी बनाना।

Russify –'सिफ़ाइ v.t. = RUSSIANIZE.

rust[1] रस्ट्' n. (कृषि०, वन०) **किट्ट**, मण्डूर, कीट, (प्रा० भूगोल) **मोर्चा, गेरुई^F^**, (रसा०) **जंग**ः (प्रा० भू०, वन०) हरदा, गेरुआ, कुंगी^F^, **रतुआ**, तरुआ, (ला०) जीर्णावस्था^F^, सड़ी-गली हालत^F^, बुरी दशा^F^; फफूँद,^F^ कुकुरमुत्ता, पाला; पौधेका फफूँदी रंग; T.;

~-cankered, ~-complexioned, ~-eaten, ~ fungus, ~-like, ~-proof, ~-resistant, ~-stained, ~worn.

rust[2] v. i. & t. पाला लगना; (रसा०) **किट्टि^F^ होना, जंग लगना, मोर्चा लगना**; मोर्चेका रंग होना; विशेषता^F^ खो देना, रंगत^F^ खो देना; नष्ट होना; प्रभाव पड़ना; निकम्मा करना या होना, बिगाड़ना, बिगड़ना; कुण्ठित करना या होना।

rustic[1] रस'टिक् n. ग्रामीण, ग्रामवासी, गाँववाला, किसान।

rustic[2] a. ग्राम्य, ग्राम्यक, ग्रामीय, ग्रामीण, गँवारू, देहाती; सरल, स्वाभाविक, भोला; असंस्कृत, अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, अनलंकृत; अनगढ़, बेडौल, भद्दा; असभ्य, अशिष्ट, अशिक्षित, उजड्ड, अक्खड़, गँवार; (अक्षर) अक्रम, अनियमित रूपसे बना हुआ; (स्थान) असम, खुरदरा।

rusticate –केट् v. i. & t. ग्रामीण जीवन व्यतीत करना, देहाती साँचेमें ढालना या ढलना, गाँवमें जा बसना, देहाती बनाना या बन जाना; निष्कासित करना, निस्सारित करना, (कुछ समयके लिए) विद्यालयसे निकाल देना; (भवन-निर्माणमें) भद्दे जोड़ लगाना, खुरदरा तल बनाना।

rustication –के'शॅन् n. ग्राम्य-जीवन-यापन, ग्रामीण प्रवास, ग्रामीणीकरण, गाँवका प्रभाव; निस्सारण, (शिक्षा०) **निष्कासन**, विनिष्कासन, विद्यालयसे बहिष्कार, निकाल देना, रस्टिकेशन।

rusticity –टि'सिटि n. ग्रामीणता^F^, उजड्डपन, देहातीपन, गँवारूपन; कृषकता^F^; नैसर्गिकता^F^, सरलता^F^, सादगी^F^, भोलापन; अशिष्टता^F^, असभ्यता^F^; अनगढ़पन, भद्दापन।

rustiness –'टिनिॅस् n. मलावृत्ति^F^, मण्डूरयुक्तता^F^, मोर्चा खायी हुई अवस्था^F^; जीर्ण-शीर्णता^F^, पुरानापन; कर्कशता^F^; रूक्षता^F^, रूखापन; कान्तिहीनता^F^, तेजहीनता^F^, बदरंगी^F^, मोर्चे-जैसा रंग।

rusting –टिंग् n. **जंग लगना**, मोर्चा खाना, **मोरचा लगना**।

rustle[1] र'सॅल् n. मर्मरध्वनि^F^, सरसराहट^F^, खरखराहट^F^, पड़पड़ाहट^F^।

rustle[2] v. i. & t. मर्मर ध्वनि^F^ करना, सरसराना, खरखराना, झड़झड़ाना; पड़पड़ाना; धकियाना, धकियाकर चलना, वेगसे बढ़ाना या चलाना ⊙; (ढोर इत्यादि) चुराना।

rustler –लॅर् n. मर्मरध्वनिकर्ता, खरखरानेवाला, सरसरानेवाला; धकियानेवाला; पशुचोर।

rustless रस्ट्'लिॅस् a. मण्डूरहीन, मोरचाहीन, कीटरहित, बिना जंगका; फफूँदविहीन, साफ़।

rustling र'सॅलिंग् n. मर्मर, सरसर ध्वनि^F^, खरखराहट।

rusty[1] रस्'टि a. मलावृत्त, मण्डूरयुक्त, मोरचा खाया

हुआ, जंग लगा हुआ; जीर्ण-शीर्ण, पुराना; (शब्द) कर्कश, फटा हुआ; मन्द, कुण्ठित, निस्तेज, घिसा हुआ, घिसा-पिटा, भद्दा, बदरंग; मोर्चेके रंगका; ~ sputum (चि०) रक्ती थूक;

~ back fern, ~-bellied shortwing, ~-branched, ~-coated, ~-collared, ~-coloured, ~-crowned, ~-leaved, ~ looking, ~-spotted, ~-throated.

rusty[2] a. (विशे० सुअरका नमकीन गोश्त) अति दुर्गन्धित, बदबूदार, बासी।

rut[1] रट्' n. चक्रांक, चक्रखात, धारापथ, नेमिमार्ग, (कृषि०) **घट्टा, लीक**ᶠ, पट्टियोंᶠकी लीकᶠ; गर्त; स्थापित कार्य-पद्धतिᶠ, पुरातन प्रथाᶠ, पुराना रिवाज, पिटा-पिटाया रास्ता; नित्यचर्याᶠ, ढर्रा।

rut[2] v.t. प्रथाᶠ चलाना, लीकᶠ डालना।

rut[3] n. (हिरन आदिकी सामयिक) सम्भोगेच्छाᶠ, कामोन्माद, मद, गर्मीᶠ, मस्तीᶠ।

rut[4] v.i. (हिरन इत्यादिका) कामार्त होना, मस्ताना, गरम होना।

ruth रूथ्' n. (प्रा०) कृपाᶠ, करुणाᶠ, सहानुभूतिᶠ, दयाᶠ, दर्द, तरस, रहमᶠ।

ruthenic रूथें'निक a. नक्षरातु-विषयक, नक्षरिक, रूथेनियम-सम्बन्धी।

ruthenium –थी'निअॅम् n. नक्षरातु, (रसा०) **रूथेनियम** (प्लैटिनम-वर्गका दुर्लभ धातु-तत्व)।

ruthful रूथ्'फुल् a. अनिष्ठुर, सदय, सकरुण, ममतापूर्ण, दयावान्, रहमदिल।

ruthless –'लिस् a. निष्ठुर, निष्करुण, क्रूर, कठोर, निर्मम, निर्दय, बेरहम।

ruthlessness –निस् n. **निष्ठुरता**ᶠ; निष्करुणताᶠ, क्रूरताᶠ, कठोरताᶠ, निर्ममताᶠ, **निर्दयता**ᶠ, बेरहमीᶠ।

rutilant रू'टिलॅन्ट् a. दीप्तिमान्, चमकदार।

ruttish र'टिश् a. मत्त, लालसापूर्ण; कायिक, शारीरिक।

rux रक्स्' n. वासनाᶠ; भावनाᶠ।

R.V. Revised Version.

R.V.S.V.P. Repondez Vite, S'il Vous Plait, reply quickly, if you please.

R.W. Right Worshipful.

R.W.S. Royal Society of Painters in Water Colours.

Rx. Tens of rupees.

Ry. Railway.

R.Y.S. Royal Yacht Squadron.

-ry[1] -विद्या (*sorce ~*)।

-ry[2] -ERY का संक्षिप्त रूप, स्थानवाची (*chant~, jew~, bottom~, found~, poult~, jewel (le)~*)।

ryal राइ'अॅल्, रि'ऑल् n. सोनेका एक अंग्रेजी सिक्का, रयाल।

rye राइ n. नीवारिकाᶠ, राईᶠ (एक प्रकारका खाद्यान्न)।

rye-grass –'ग्रास् n. नीवारिका घासᶠ, (चारेके काममें आनेवाली) राई-घासᶠ।

ryepeck राइ'पेक् n. स्तम्भ, खम्भा, पोल।

ryot राइ'अॅट् n. कृषक, किसान।

R.Z. Rice Zone.

S

S अॅस् (pl. *Ss, S's*) अंग्रेजी वर्णमालाᶠका उन्नीसवाँ अक्षर, स; अवग्रहाकार, इस अक्षरके आकारका पदार्थ; वक्रगतिᶠ, मोड़, घुमाव (*river makes a great ~*)।

S. South; Sabbath; Saint; Saturday; Second(s); Section; **Semis**, half; Shilling; Sindhi; Society; Stress; Subject; Sick; Substantive; Sun; Superintendent.

S. Sulphur.

S.A. Salvation Army; Sex Appeal; South Africa; South America; South Australia; (Ger. *Sturmabteilung*) Storm Troopers; Society Auditor; Statistics Authority; Subsistence Allowance.

S.A. (Ger. *Sturmabteilung*) Storm Troopers.

Sa. Saturday.

s.a. *secundum artem*, according to art; *sine anno*, without date.

S.A.A. Small Arms Ammunition; South African Airways.

S.A.B. State Advisory Board.

Sabaism से'वेइज्म् n. नक्षत्रपूजन, तारोंकी उपासनाᶠ।

Sabaoth सै'बेऑथ् n. लश्कर, (pl.) *Lord of ~* (न्यू टेस्टामेण्ट और *Te Deum* में) सेनाओंᶠका स्वामी, सबसे बड़ा सेनादेवता।

sabbatarian सैबॅटेअॅ'रिअॅन् १. n. रविवारकी धार्मिक उपासनाᶠको कट्टरताᶠके साथ माननेवाला ईसाई; (शनिवार, विश्राम-दिवस) को माननेवाला यहूदी, सेवथ-सेवी; रविवारको उपासना-दिवस माननेवाला ईसाई व्यक्ति; ईसाई दीक्षा-गुरु; सातवें दिन (आदित्यवारको) बपतिस्मा करनेवाला; २. a. रविवारको उपासना-दिवस मनानेवालोंसे सम्बन्धित।

sabbath सै'बॅथ् n. विश्राम-अवधिᶠ, विश्राम-काल, आराम करनेका समय; T.; ईसाइयोंका रविवार-विश्राम, विश्रान्तिवार, पूरी-पूरी विश्रान्तिᶠ; (इजरायलके लिए धार्मिक विश्रामके हेतु नियत) सप्ताहका सातवाँ दिवस; (*~ day* भी) रविवार; प्रेत, भूत, जादूगर और जादूगरनियोंᶠका अर्धरात्रिकालीन उत्सव; *~-day's journey* विश्रान्ति-दिवसपर इजरायली द्वारा की गयी यात्राᶠ-की दूरीᶠ; (परिवर्तित अर्थमें) सरल यात्राᶠ, आसान

सफ़र; *break the* ~ सप्तमदिवसीय धार्मिक नियमका उल्लंघन करना; *keep the* ~ सप्तम धार्मिक दिवस मनाना।

sabbathless –लि॓स् a. विश्रामवासररहित, विश्राम-दिवसके बिना।

sabbatic, -al सॅबै-टिक्, -ॲल् aa. धार्मिक विश्राम-दिवसीय, धार्मिक विश्रान्तिवार-सम्बन्धी; ~al river धार्मिक विश्राम-वासरके अतिरिक्त और सभी दिनों बहती रहनेवाली यहूदी आख्यान-सम्बन्धी नदी^F; ~al year मुक्तिवर्ष, सातवाँ वर्ष (इस वर्ष दासों और ऋणियोंको मुक्त कर दिया जाता था)।

sabbatism सै'बॅटिज़्म् n. = SABAISM.

sabbatize –टाइज़् v.t. & i. धार्मिक विश्रामवासरका पालन करना, सेबथ मनाना; रविवार मनाना, धार्मिक विश्राम-वासरकी भाँति कोई दिन मनाना, किसी दिवसपर धार्मिक विश्राम लेना, आराम करना, छुट्टी^F मनाना।

Sabellian सॅबे॓'लिॲन् n. & a. (ईसाई) सैबीलियसके सिद्धान्त (का अनुयायी)।

Sabellianism –निज़्म् n. (ईसाई सम्प्रदाय) सैबीलियसवाद, सैबीलियस-मतवाद, सैबीलियस-सिद्धान्त।

sabelline सॅबे॓'लाइन् a. श्याम, कृष्ण, श्यामवर्ण, श्यामकके रंगका, उत्तरध्रुवीय नेवलेके रंगका, सम्बलका।

Sabianism से'बिॲनिज़्म् n. = SABAISM.

Sabik सैबिक् n. (गणि०) **साबिक, सप्तम सर्पधर**।

Sabine सै'बाइन् n. & a. मध्यवर्ती ऐपीनाइन (Apennines) का प्राचीन इतालवी; एक मछली^F।

sable[1] से'बॅल् n. श्यामक, नेवलेकी जाति^Fका उत्तरी-ध्रुवीय एक झबरा जन्तु, सेबल; उसका समूर या रोएँ या खाल^F; सेबलके रोमोंकी बनी हुई चित्रकारी^Fकी तूलिका^F, सुन्दर कूँची^F।

sable[2] १. n. (काव्य०, भाषण०) श्यामवर्ण, कृष्णवर्ण, कालारंग; (काव्य एवं अलं०; pl.) श्याम वेश, शोक या दुःखसूचक वेश, मातमी लिबास; बड़े मजबूत सींगोंवाला कृष्णसार हिरन; २. a. श्याम, कृष्ण, काला (~ *hair*); तमोमय, अन्धकारपूर्ण, धुँधला; शोकान्वित, चिन्तामय, विषादपूर्ण, दुःखी, उदास; भयावह, भयानक, भयंकर, भयावना, डरावना।

sabled –ड् a. शोकवेषयुक्त, शोकसूचक; श्याम, काला।

sabot सै'बो n. काष्ठपादुका, खड़ाऊँ, चट्टी^F, लकड़ी^Fका जूता; मृदुका^F, किसी मुलायम धातु^Fका टुकड़ा; (सेना^F०) लकड़ी^Fकी थाली^F जैसी गोल वस्तु^F; (यन्त्र०) लकड़ी^Fके खम्भोंपर लगायी जानेवाली शाम^F।

sabotage सै'बॅटाज़्, सै'बॅटिज् १. n. (का०) **अन्तर्ध्वंस**, (मालिकसे बिगाड़ हो जानेपर जानबूझकर मजदूरों द्वारा कारखाने आदिकी) क्षति^F, **तोड़-फोड़**^F; **गुप्त तोड़-फोड़**^F, T. २. v.t. & i. अन्तर्ध्वंस करना, (कारखानोंको) क्षति^F पहुँचाना, तोड़-फोड़^F करना, सामान खराब करना; (ला०) अनुपयोगी बना देना, व्यर्थ करना, विफल कर देना, बेकार कर देना; (ला०) ध्वंस करना, नष्ट करना, बिगाड़ देना, बर्बाद करना, खराब कर देना।

saboted सै'बोड् a. खड़ाऊँदार, लकड़ी^Fका जूता पहने हुए; लकड़ी^Fके गोलेवाला; शामदार, शाम^F लगा हुआ।

saboteur सैबॅटे॓'र् n. (का०) **अन्तर्ध्वंसक**, अन्तर्ध्वंसी व्यक्ति, अन्तःक्षति^F पहुँचानेवाला, (अन्दर ही अन्दर) **तोड़-फोड़**^F **करनेवाला, सेबोटाजी**।

sabre से'बॅर् १. n. कटार^F, कृपाण^F, वक्र खड्ग^F, वक्रासि^F, घुड़सवारकी टेढ़े फलकी तलवार^F, तेगा; (pl.) अश्वारोहीदल, घुड़सवारोंका दल, घुड़सवार और घोड़े, रिसाला (*had 300 ~s*); पिघला हुआ शीशा उतारनेका ताँबेका यन्त्र; २. v.t. वक्र खड्ग^Fसे काट डालना, तलवार^Fसे काटना, तलवार^Fसे घायल करना; ~-bill तीखी चोंचवाला एक पक्षी; ~-like कृपाण-सदृश; ~-toothed lion या tiger लम्बी टेढ़ी तलवार^Fके आकारकी दाढ़ोंवाला शेर या चीता; ~-wing तीखे पंखोंवाला एक पक्षी।

sabretache सै'बॅटै॓श् n. (अश्वारोही सेना^Fके अधिकारीका) चर्मकोष, झोला, थैला।

sabreur (F) साब्रे॓'र्' n. अश्वसैनिक, अश्वारोही सैनिक; खड्गधारी अश्वारोही, तलवरिया घुड़सवार।

sabulous सै'ब्यूलॅस् a. बलुई, बालूदार, बजरीवाला।

saburra सॅबॅ'रॅ n. (मुँह या पेटका) फीकापन, खराबी^F; दुर्गन्ध^F, मवाद।

saburral –रॅल् a. (चि०) मैले मुख या जठरसे सम्बन्धित।

saburration सैबॅरे'शॅन् n. सैकतस्नान, सिकतास्नान, वालुकास्नान, सैण्डबाथ।

S.A.C. Scientific Advisory Committee; Scottish Automobile Club; Senior Assistant Coaching; Senior Assistant Credit; Special Armed Constabulary.

sac सैक् n. हर्निया, रसौली^F, बतौरी^F आदिकी झिल्लीदार थैली^F; (जीव०, चि०) **कोश**, पशुओं या वनस्पतियों^Fमें पायी जानेवाली स्याली^F; स्यून^F, आधान, कुप्पी^F, झोला, पुटक या थैली^F; कोश, गुहा।

saccade सैकेड्' n. अचानक अश्वरोधन, लगामसे अचानक घोड़ा रोक देना।

saccate सै'केट् a. स्यूनाकार, (वन०) **पुटाकार**, कोशाकार, झोलेके आकारका; (चि०) परिकोष्ठित, परिपुष्टित।

sacchar- शर्करा- (~*ate*, ~*ide*, ~*ose*, ~*iferous*, ~*ify*, ~*ification*, ~*imeter*, ~*ine*, ~*oid*)।

saccharic सॅकै'रिक् a. शर्करा-विषयक, शर्करा-सम्बन्धी, शार्करिक, शक्कर-सम्बन्धी, चीनी^Fका; शर्करा-प्राप्त, शक्कर^Fसे प्राप्त, चीनी^Fसे निकला हुआ।

sacchariferous सैकॅरि'फ़ॅरॅस् a. शर्करोत्पादक, शर्करा-युक्त, शकरीला, चीनिया।

saccharification –फ़िके'शॅन् n. शर्करीकरण, स्टार्च (माँड़) की शर्करा^Fमें परिणति^F।

saccharify –'कॅरिफ़ाइ v.i. शर्करीकृत करना, स्टार्चको शर्करा^Fमें बदलना, शक्कर^F बनाना।

saccharimeter -रि'मि्टॅर् n. शर्करामान, (रसा०, भौ०) **शर्करामापी**, शर्करामापक यन्त्र, शक्करीमीटर ।

saccharin(e) -'कॅरिन् n. अलक्तराजान शर्करा^F, (चि०) **शर्करीय**, शर्करी^F, कोलतार शक्कर^F, डामर^F से प्राप्त अत्यन्त मीठा पदार्थ, (रसा०) **सैकरीन** (~ *juice*) ।

saccharine -निटि a. शार्कर, शार्करिक, शर्करावत्, शर्करायुक्त, मधुर, मिष्ट ।

saccharinity -निटि n. माधुर्य, मधुरता^F, मधुराई^F, मिठास^F, मीठापन ।

saccharize -राइज़् v.t. शर्करा^F बनाना, शक्कर^F बना देना, चीनी^F के रूपमें बदल देना ।

saccharoid -राॅइड् a. शर्कराभ, दानेदार, चीनी^F के दाने-जैसा ।

saccharo-meter ⊙ -राॅ'मि्टॅर् n. शर्करामान; घनत्वमापी ।

saccharo-metry ⊙ -ट्रि n. (चि०) शर्करामापी, शर्करामान, शर्करामिति^F; घनत्वमाप, घनत्वमिति^F ।

saccharone सै'कॅरोन् n. खण्डधु^F, इक्षुशर्करा^F, गन्ने^F-की शक्कर^F, चीनी^F; खण्डधुवत् वस्तु^F, इक्षुशर्करावत् वस्तु^F; गन्नेकी शक्कर जैसी चीज^F, चीनी-जैसी चीज^F ।

saccharose -रोस् n. =SUCROSE, इक्षुशर्करा^F, **शर्करा**^F, T.

sacciform -'सिफ़ॉर्म् a. =SACCATE; **कोशाकार** ।

saccular सै'क्यूलॅर् a. कोशावत्, गुहा-सदृश; थैली-जैसा; हर्निया-जैसा, रसौली-जैसा, बतौरी-जैसा ।

sacculate -लॅट् a. सकोशा, कोशायुक्त, गुहायुक्त; हर्नियावाला, रसौलीदार, बतौरीदार ।

sacculated -लेटिड् a. स्यूनित, कोशा-भाजित, गुहा-विभक्त, गुहा^F में विभाजित; हर्निया जैसा, रसौली-वाला, बतौरी^F की बनावट^F का ।

sacculation -लेʼशॅन् n. सकोशत्व, कोशायुक्तता^F, गुहायुक्तता^F; हर्नियायुक्तता^F, रसौलीदार होना, बतौरी-दार होना ।

saccule सै'क्यूल् n. स्यून, (चि०) **अणुकोश, लघु-कोशक**, लघु कोशा, क्षुद्र गुहा^F, छोटी गुहा^F; लघु हर्निया, छोटी रसौली^F, छोटी बतौरी^F ।

sacculus सै'क्युलॅस् n. (जीव०) **गोलिका**^F, T.

sacellum सॅसे'लॅम् n. वेदिकावत् खुली समाधि^F, मकबरा (एक अवितानित) वेदी^F ।

sacerdocy, sacerdotage सै'सॅडोसि, सै'सॅडोटिज् nn. =SACERDOTALISM.

sacerdotal -डो'टॅल् a. याजकीय, पुरोहिती, पौरोहित्य-विषयक, पुरोहित-सम्बन्धी; ब्राह्मणवादी, पुरोहितवादसे सम्बन्धित ।

sacerdotalism -लिज़्म् n. पुरोहितवाद, ब्राह्मणवाद, पुरोहिताई^F, पादरियत^F ।

sacerdotalist -लिस्ट् n. पुरोहितवादी, ब्राह्मणवादी, पादरियतका समर्थक ।

sacerdotalize -लाइज़ v.t. पुरोहितीकरण करना, याजकीकरण करना; पवित्र बनाना; धर्मका स्वरूप देना, धार्मिक रंग चढ़ाना, मजहबी रंग देना ।

sachem से(से)'चॅम् n. श्रेष्ठ व्यक्ति, प्रसिद्ध व्यक्ति, महापुरुष, बड़ा आदमी; अमरीकी इण्डियन कबीलों (आदिवासियोंका) प्रधान या सरदार, सचम ।

sachemship -'शिप् n. (अमरीकी, भारतीय) मुखिया पद, चौधरप्पा, सरदारी^F ।

sachet सै'शे n. सुगन्धपुटक, सुगन्ध^F की थैली^F, खुशबू^F का बटुआ; शुष्क सुगन्ध^F की पुड़िया^F या पैकेट ।

sack[1] सैक्' १. n. स्यून^F, गोणी^F, सामानसे भरा बोरा; बोराभर, बोरा, **बोरी**^F, थैला, बोरिया^F, कोथला; (नापने या तौलनेकी इकाई^F रूप) झोला; कपड़ोंके ऊपर कन्धेपरसे लटकता हुआ रेशमी कपड़ा, दुपट्टा; (प्रा०) स्त्रियों^F का एक प्रकारका ढीलाढाला लबादा, अँगरखा; (स्त्री^F या पुरुषका) ढीलाढाला बड़ा कोट; २. v.t. बोरोंमें भरना, थैलोंमें भरना; (बोल०) प्रतियोगिता^F में पराजय^F देना, पराभूत करना, संघर्ष या मैचमें पराजित करना, हरा देना, मुकाबलेमें हराना; (बोल०) कार्यमुक्त कर देना, निकाल देना, नौकरी^F से अलग कर देना, बरखास्त करना; लूटना; नष्टभ्रष्ट करना; ~ cloth पाट या सनका कपड़ा, टाट; ~-race (गले तक बोरा पहनकर दौड़ना) बोरा दौड़^F; *get the* ~ पदच्युत किया जाना, कार्यमुक्त किया जाना, निकाल दिया जाना; *give* one *the* ~ पदच्युत करना, दर्जा घटा देना; कार्यमुक्त करना, नौकरी^F से निकाल देना, अलग करना, बरखास्त करना; *to hold the* ~ खाली रहना ।

sack[2] १. n. लुण्ठन, अपहार, अपहरण, (विजित या अधिकृत स्थानकी) लूटमार^F, लूटपाट^F; २. v.t. (विजयी सेना^F या उसके सेनापतिका नगर आदि) अपहरण करना, लूट^F करना, लूट^F लेना, लूटमार^F करना; (सेंध^F लगानेवालेके द्वारा) सामान ले भागना, भीतरकी सामग्री^F उड़ा या लूट^F ले जाना; ध्वंस करना, नष्ट करना, बर्बाद करना।

sack[3] n. (इति०) सफेद शराब^F की किस्में^F; ~*posset, whey* इस शराब^F से युक्त पेय या मद्यपेय; *half-pennyworth of bread to intolerable deal of* ~ अनावश्यक वस्तुओं^F का व्यर्थका आधिक्य या अतिशयता^F, बेमतलबकी चीजोंकी बढ़ती^F ।

sackage सै'किज् n. लूटमार^F, लूटपाट^F ।

sackbut सैक्'बॅट् n. अलगोझा, तुरही^F की किस्मके एक बाजेका पुराना नाम ।

sacker सै'कॅर् n. (विजय^F इत्यादिके बाद नगरका) अपहर्ता, लुटेरा, लूटपाट^F करनेवाला; बोरा बनानेवाला या भरनेवाला ।

sackful सैक्'फ़ुल् n. बोराभर ।

sacking[1] -किंग् n. टाट, बोरा; **टाट बनाना; बर्खास्त करना** ।

sacking[2] n. (ला०) शोकसूचक या प्रायश्चित्तद्योतक पोशाक^F, शोकसूचक वेषभूषा^F, मातमी लिबास या पहनावा ।

sackless सैक्'लिस् a. (प्रा०) निर्दोष, निरपराध,

वेक़सूर, वेगुनाह; चंचलचित्त, ढुलमुल; दुर्वलचित्त, निर्वलमन, सरल, सीधा, कमजोर।

sacque सै'क् n. ढीला महिला-कोट, औरतों^F^का ढीला लवादा, सैक।

sacral से'क्र॑ a. (श० र० शा० चि०) **त्रिक-**, त्रिकास्थिक, त्रैक, त्रिकास्थि-सम्बन्धी, पेडूकी हड्डी^F^का; T.; (जीव०) **त्रैक कशेरुक**; त्रिककीकस; (मानव०) पवित्र संस्कार-सम्बन्धी, कर्मकाण्डीय, कर्मकाण्ड-विषयक; कर्मकाण्डके लिए; ~bone त्रिक^F^, त्रिकास्थि^F^;
~ arteries, ~ canal, ~ cornua, ~ flexure, ~ foramen, ~ groove, ~ nerves, ~ plexus, ~ vein, ~ vertebra.

sacrament सै'क्रॅमॅन्ट् १. n. ईसाइयोंका धार्मिक उत्सव, धर्मविधि^F^, (का०) **संस्कार** (पूर्वीय, सुधारके पूर्व, पश्चिमी तथा रोमन कैथॉलिक ईसाइयों द्वारा वपतिस्मा^F^के सात धर्मकृत्यों एवं प्रोटेस्टेण्टोंमें वपतिस्मा और प्रभुभोजनमात्रके लिए प्रयुक्त); पुनीत प्रतीक, पवित्र भाव, रहस्यपूर्ण एवं पवित्र महत्त्वकी वस्तु^F^ आदि; शपथ^F^, पवित्र व्रत, प्रतिज्ञा^F^ या वचन, कसम^F^, हलफ^F^; २. v.t. प्रतिज्ञावद्ध करना, वचनवद्ध करना, शपथ^F^से वाँधना; *the ~, the ~ of the altar, the Blessed* or *Holy S~* प्रभुभोज।

sacramental –मे'न्ट्ल् १. n. धार्मिक संस्कारोंके अनुरूपकाण्ड; २. a. सांस्कारिक (*~ marriage*), संस्कार-सम्बन्धी, संस्काररूप, धर्मविधि-विषयक; संस्कारोंको अत्यधिक महत्त्व प्रदान करनेवाला; पुण्य (*~ wine*)।

sacramentalism –लिज़्म् n. संस्कारवाद, धर्मविधि-परायणता^F^।

sacramentalist –लिस्ट् n. संस्कारवादी, धर्मविधि-पोषक।

sacramentality –टै'लिटि n. सांस्कारिकता^F^।

sacramentarian –मॅन्टेॲ'रिॲन् १. n. संस्कारी, संस्कारपोषक, संस्कारवादी, विधि-सिद्धान्तवादी; २. a. (इति०, ईसाई) स्थिति^F^का निषेधक, संस्कार-निषेधक, निषेधकर्ता या अस्वीकारक।

sacramentarianism –निज़्म् n. सांस्कारिकता^F^, संस्कारवादिता^F^; धर्मविधि^F^; निषेधकता^F^, अस्वीकृतिवाद।

Sacramentary सैक्रॅमे'न्टॅरि n. सैक्रामेण्टरी^F^, (रोमीय चर्चकी एक प्राचीन प्रार्थना-पुस्तक^F^)।

sacrarium सॅक्रे'रिॲम् n. वेदिका^F^, वेदी^F^; वेदी^F^ और वेदी^F^के डण्डोंके बीचकी जगह^F^।

sacred से'क्रिड् a. पूत, पुनीत, पवित्र, परम, शुचि, पुण्य, शुद्ध; पुण्यीकृत, धार्मिक (*~ book, writing*); देवार्पित, अर्पित, समर्पित, पूजार्ह, देवप्रिय, प्रदत्त, परिरक्षित, परमार्थित, पवित्रकार्योपयोगी, पवित्रकर्मार्थक; किसी देवतासे सम्बन्धित (*~ monkey*); परम्परागत; परम्परानुमोदित, परम्परानुकूल; धार्मिक, धर्माश्रित, धर्मापेक्षित, धर्मरक्षित, धर्मवांछित; समादृत, प्रतिष्ठित; अनतिक्रमणीय, अलंघ्य, अलंघनीय, अनुल्लंघनीय, दुर्धर्ष, अभेद्य, अपराजेय, अखण्डनीय; अव्यर्थ; अवध्य; पूज्य; ~ bark (चि०) कसकरा छाल^F^, विरेचक; ~ basil (वन०) **तुलसी**^F^, ~ concert संकीर्तन-मण्डली^F^, धार्मिक संगीतकी मण्डली^F^, ~ history धार्मिक इतिहास, वाइविलमें वर्णित इतिहास; ~ music भजन-कीर्तन; ~ number धार्मिक प्रतिवादसे सम्बन्धित संख्या^F^ अर्थात् ७; ~ thread यज्ञोपवीत, जनेऊ।

sacredness –नि'स n. शुचिता^F^, पवित्रता^F^; धार्मिकता^F^; परम्परानुकूलता^F^; समादृतता^F^, प्रतिष्ठा^F^; अलंध्यता^F^, अनुल्लंघनीयता^F^; परम्परानुकूलता^F^।

sacrificant सॅक्रि'फ़िकॅन्ट् n. उत्सर्गी व्यक्ति, त्यागी पुरुष, परित्यागी पुरुष, वलिदानी पुरुष, कुरवानी^F^ करनेवाला आदमी।

sacrifice सै'क्रिफ़ाइस् १. n. मनुष्य या पशुकी वलि^F^, वलिदान, कुरवानी^F^; उत्सर्ग, (इति०, दर्श०) **त्याग**, परित्याग, समर्पण; मेध, याग, **यज्ञ**, हवन, होम; स्वार्थ-त्याग; नैवेद्य, उपहार, भेंट^F^, कुरवानी^F^का जीव; परित्यक्त वस्तु^F^, समर्पित पदार्थ, दान, हव्य, **वलि**^F^; (ला०) स्तवन, निवेदन, वन्दना^F^, प्रार्थना^F^; साधुवाद, धन्यवाद, कृतज्ञताज्ञापन; अनुताप, पश्चात्ताप-प्रदर्शन, प्रायश्चित्त; (धर्म०) प्रभुभोज, प्रभुभोजन; क्रूसारोहण; प्रायश्चित्तके रूपमें ईसा ॥ शरीर और रक्तका वलिदान; क्षति^F^, हानि^F^, नुकसान (*surplus stock for sale at a large ~*); २. v.t. & i. वलि^F^ चढ़ाना, वध करना, कुरवान करना; उत्सर्ग करना, अर्पित करना, समर्पित करना, प्रदान करना, वलिदान करना, भेंट^F^ करना, भेंट^F^ देना (*has ~d herself*); त्याग करना, छोड़ देना, जाने देना; कम महत्त्वका आँकना, हीन समझना, गौण समझना, छोटा समझना, घटिया जानना; तल्लीन हो जाना, लगा देना; निरपेक्ष होना, तटस्थ होना, उदास हो जाना, अपनेको अलग रखना; self-~ आत्मोत्सर्ग, आत्मवलिदान; *the great* or *last* ~ युद्धमें देशके लिए मृत्यु^F^, जीवनदान।

sacrificer –सॅर् n. उत्स्रष्टा, त्यागी, परित्यागी, वलिदानी, कुरवानी^F^ करनेवाला; यजमान, याजक, याज्ञिक, होता।

sacrificial –फ़ि'शॅल् a. वलि-सम्बन्धी, वलिदान-विषयक, कुरवानी^F^का, उत्सर्ग या परित्याग-सम्बन्धी, वलिदान-विषयक, त्याग-सम्बन्धी; यज्ञीय, यज्ञ-विषयक, यज्ञ-सम्बन्धी; हवनका, होमका।

sacrilege सै'क्रिलिॅज् n. पुण्यस्थानदूषण, देवालयका अपव्यवहार, पवित्र भवनका अपवित्रीकरण; देवस्व-अपहरण, मन्दिरकी चोरी^F^, धर्मस्थानकी लूट^F^ या डाका; धर्ममर्यादातिक्रम, मर्यादाभंग, धर्मविप्लव, धर्मोल्लंघन; धार्मिक व्यक्ति या वस्तु^F^पर अत्याचार या उपद्रव, वलात्कार।

sacrilegious –ली(ली)'जॅस् a. अपवित्र, भ्रष्ट, पापी, देवस्वापहारी, मन्दिरापहारक, देवद्रोही, अधर्मी, पवित्र स्थानको लूटने और अपवित्र करनेवाला; धर्मोल्लंघनकारी।

sacrilegiousness –नि'स् n. अपवित्रता^F^, पापिता^F^, देवस्वापहारिता^F^, मंदिरापहारकता^F^, देवद्रोहिता^F^,

अधर्मता^F, धर्मोल्लंघन, धर्मभंग।

sacrilegist –ली'जिस्ट् n. (क०) देवस्वापहरणकर्ता, मन्दिरापहारी, अत्याचारी, मन्दिरको अपवित्र करने और लूटनेवाला; धर्मोल्लंघक, अधर्मी।

sacring से'क्रिंग् n. (प्रा०) ईसाई धर्माध्यक्ष या सम्राट्-का अभिषेक, प्रतिष्ठापन, याजक-नियुक्ति^F; राजा और बिशपका पदारोहण समारोह; ~-bell ईसाई धर्ममें अभिषेकके समय बजायी जानेवाली घण्टी^F।

sacrist –क्रिस्ट n. गिर्जा-भण्डारी, पूजागृह अथवा गिरजाघरके पवित्र पात्रों आदिको रखनेवाला कर्मचारी।

sacristan सै'क्रिस्टॅन् n.(प्रा०) देवालय-भृत्य, गिरजाघर-की देखरेख^F करनेवाला, गिरजाघरका निम्न श्रेणी^Fका कर्मचारी।

sacristy –ट्रि n. गिरजाघरका भण्डार, गिरजाघरका कपड़े तथा बर्तन आदि सामान रखनेका गोदाम।

sacrosanct से(से)'क्रॅसेन्क्ट् a. अति पवित्र, पावन; अबाध्य, अलंघ्य।

sacrosanctity –'टिटि n. अतिपवित्रता^F; (अत्याचार या बलात्कारसे) धार्मिक नियम या आज्ञा^F द्वारा रक्षा^F; अलंघ्यता^F, अनुल्लंघनीयता^F।

sacrospinalis –स्पिनेलिस् n. (त्रि०) **त्रिक कण्टिका**^F।

sacrum से'क्रम् n. (चि०) **त्रिक, त्रिकास्थि**^F, T.

sad* सैड्' a. शोकार्त, शोकाकुल, विमनस्क, दुःखी, खिन्न, अवसन्न, विषण्ण, म्लान, शोकाकुल, उद्विग्न, उदासीन, दुःखित, उदास*, भारी, गमगीन; कष्टप्रद, दुःखद, खेदजनक, विषादसूचक, शोकसूचक, शोकावह, खिन्नता-द्योतक, क्लेशकर; शोचनीय, (अप०, प्रायः हास्य०) अव-सादकारी, भीषण, घातक, धक्का देनेवाला, चोट^F पहुँचाने-वाला; कुत्सित, बहुत ही बुरा, बिलकुल खराब; संशो-धनातीत, असंशोध्य (*is a ~ slut, coward*); मोटा, भारी (*~ bread*); (रंग) धीमा, हलका, धुँधला, फीका, मद्धिम, उड़ा-उड़ा-सा; ~ dog दुश्चरित्र व्यक्ति, दुष्ट, लम्पट, आवारा आदमी; ~-iron खोखला चपटा लोहा; *a ~der and a wiser man* जीवनके कष्ट-प्रद अनुभवोंसे युक्त मनुष्य, ठोकर^F खाकर सीखा हुआ व्यक्ति; *in ~ earnest* गम्भीरतापूर्वक, गम्भीरता^Fसे, संजीदगी^Fसे।

sadachiba –चिबॅा n. (गणि०) **सदाशिवा, तृतीया कुंभ**।

sadalmelik –अेलमेलिक् n. (गणि०) **सदलमेलिक, प्रथम कुंभ**।

sadalsuud –सूद n. (गणि०) **सदलसूद, द्वितीय कुंभ**।

sadden –'डॅन् v.t. & i. विषण्ण होना, शोकार्त होना, दुःखी होना; चिन्तित करना, दुःखित करना, शोकार्त करना।

saddish –डिश् a. अन्यमनस्क, चिन्तित-सा, खिन्न-सा, दुःखी-सा, उदास-सा, कुछ-कुछ उदास।

saddle सै'डॅल् १. n. पर्याण, पल्याण, काठी^F, **जीन**^F; **आसन,** पैरगाड़ी^F या खेती^Fकी मशीन^Fकी गद्दी^F; काठी^Fके आकारकी कोई चीज^F, काठी-जैसी चीज^F; दम्बूकार्डके घोड़ेके साज^Fका एक भाग; २. v.t. घोड़ेपर काठी^F रखना, जीन^F कसना, जीन^F लादना; उत्तरदायित्व सौंपना, कार्यभार देना, मत्थे मढ़ना, सिर थोपना, भार रखना, बोझ लादना, जिम्मेदारी^F डालना; ~back (यंत्र०) **काठी**^F; (यंत्र०) छत^F; जीनदार छत^F, काठी-जैसी छत^F; चिड़िया^F या मछली^Fकी जाति^F; (चि०) अग्रकुब्जता^F; ~backed (चि०) अग्रकुब्ज; काठीदार पीठवाला; (स्था०) काठीनुमा छतवाला, जीन-जैसी छतवाला; ~-bag खुर्जी, कुर्सियों^Fके काम आनेवाला एक प्रकारका कालीन; ~-cloth काठी^Fके नीचे घोड़ेकी पीठ^Fपर रखा जानेवाला कपड़ा; ~ fast जमकर बैठा हुआ, जीन^Fपर अच्छी तरहसे बैठा हुआ; ~-horse वादाश्व, सवारी^Fके लिए काठीदार घोड़ा; ~ joint (चि०) परस्परकोर सन्धि^F, अवतलोत्तल सन्धि^F; ~ nose (चि०) जिसके नाकका बाँसा नीचा हो; ~-pack पालान, खोगीर; ~ piece (यंत्र०) **काठी**^F, side ~ जनाना जीन^F; ~tree काठी^Fका ढाँचा, (उत्तरी अमेरिकाका) बेला; *in the ~* आरूढ़, चढ़ा हुआ, सवार; (ला०) पदारूढ़, अधि-कारप्राप्त, अधिकारी, पदाधिकारी; *put ~ on right horse* अपराधीको दोष देना, दोषीको पकड़ना; *put ~ on wrong horse* निरपराधीको फँसाना;

~ fungus, ~ gall, ~ joint, ~ key, ~ pin, ~ plate, ~ point, ~ stone.

saddleless –लॅस् n. बेकाठी, बेजीन।

saddler –लॅर् n. पर्याणकार, जीनसाज, साज बनाने-वाला या बेचनेवाला; (सेना०) रिसालेकी काठियों^Fका प्रबन्धक अधिकारी, जीन अफसर।

saddlery –रि n. पर्याणकारिता^F, साजगीरी^F, जीन-गीरी^F, जीनसाजी^F।

Sadducean सैड्यूसी'ॲन् a. यहूदी-सम्प्रदाय-सम्बन्धी, यहूदी, (यहूदियोंके) सदूसी-मत-सम्बन्धी।

Sadhu सा'डू n. साधु।

sadism सा'डिज़्म् n. (चि०) कामक्रूरता^F, क्रूर सम्भोग, क्रूर मैथुन; परपीड़न, (शिक्षा०) **परपीड़नरति**^F।

sadist –डिस्ट् n. क्रूरसम्भोगी; परपीड़क, सादनकाम।

sadistic –'टिक् a. क्रूरसम्भोग-सम्बन्धी; परपीड़न-सम्बन्धी।

sadness सैड्'निस् n. विषाद, विषण्णता^F, अवसाद, शोकाकुलता^F, उदासीनता^F, औदासीन्य, दुःख, चिन्ता^F, खेद, म्लानता^F, म्लानि^F, **खिन्नता**^F, अफसोस, मलाल, गम, रंज, रंजीदगी^F, गमगीनी^F; गम्भीरता^F।

sadr सेड्र(गणि०) **सद्र, तृतीय हंस**।

S.A.E. Society of Automobile Engineers.

safari सॅफ़ा'रि n. आखेटयात्रा^F, शिकारकी सफर; यात्रियों^Fका दल, यात्री खिलाड़ियोंका कारवाँ, बन्द-गाड़ी^F, T.

safe[1] सेफ़्' n. सुरक्ष, (बहुमूल्य वस्तुओं^Fको रखनेकी) तिजोरी^F; डोली^F, सामान रखनेके लिए हवादार आल-मारी^F, सेफ़।

safe²* १. a. **सुरक्षित***, निरापद, निर्विघ्न, भयातीत, **अभय, भयमुक्त, भयरहित**, संकटहीन, संकटमुक्त, खतरेसे खाली (*now we are ~*), T.; निर्व्रण, अक्षत, सकुशल, वेखटका (*parcel came ~*); रक्षित, सुरक्षापूर्ण, क्षेम्य, जोखिमसे खाली (*put it in a ~ place*); निर्दोष, भरा पूरा, भला-चंगा (*~ water*); सही-सलामत (*have got him ~*); असाहसिक, दुःसाहसरहित; सतर्क, चेतन, दूरदर्शी, परिणामदर्शी, सावधान, चौकस, होशियार; विश्वसनीय, असन्दिग्ध, निश्शंक; निश्चित, विश्वस्त, सच, सच्चा, सही, पक्का, पूरा, यकीनी (*~ methods*); गण्यमान, गणनीय; मध्यम, मिताचारी, शान्त, नर्म, साधारण; २. v.t. रक्षा^F करना, रक्षित करना, सुरक्षित रखना, वचाना; ~ conduct रक्षावचन, सुरक्षादान, अभयदान, (राज०) **यात्रा-सुरक्षण, अभयपत्र, यात्रा-सुरक्षण-पत्र**, निर्विघ्न गमनार्थ अधिकार और प्रमाणपत्र; ~ convoy, ~ custody, ~ guard रक्षार्थ पूर्वोपाय, (का०) **रक्षोपाय, सुरक्षण, परित्राण**, संत्राण, **अक्षय अभिरक्षा**^F; अभिरक्षा^F, आड़^F, अनुकूल परिस्थिति^F; अभयपत्र, **रक्षाकवच**; (~ guarding (का०) **रक्षात्मक**; ~ keeping सुरक्षण, अभिरक्षा^F, अभय, संरक्षण, सुरक्षा^F; ~ pledge पर्याप्त, प्रतिभू^F;

~ area, ~ berth, ~ coast, ~ deposit, ~ distance, ~ lane, ~ period, ~ port, ~ temperature, ~ water.

safeness –'निस् n. सुरक्षा^F, शान्ति^F; सतर्कता^F, सावधानी^F, चौकसी^F; विश्वस्तता^F, निश्चितता^F, सन्देहहीनता^F; मिताचार; असाहसिकता^F; एतवार, यकीन।

safety –'टि n. **सुरक्षा**^F, **सुरक्षितता**^F, कुशल, कुशलता^F, **क्षेम**, रक्षण, रक्षा, शान्ति^F; विश्वसनीयता^F, निर्विघ्नता^F, **निरापद**, आपदमुक्ति^F, भयमुक्ति^F, निर्भयता^F, अभय, **बचाव**, अमन, हिफाजत^F, सलामती^F (*there is ~ in numbers*); रक्षापूर्णता^F, संकटाभाव, संकटमुक्ति^F, वाधाहीनता^F; सतर्कता^F, सावधानी^F, चौकसी^F; (*~ bolt* के भी अर्थोंमें) वन्दूक^Fको वन्द करनेका घोड़ा, वोल्ट; (*~-bicycle* के भी अर्थोंमें) नीची गद्दी^Fकी साइकिल^F; ~ catches चिटखनी^F; T.; curtain रक्षायवनिका^F, रंगमंचकी दाहनिवारक यवनिका^F, आग^Fसे वचानेवाला पर्दा; ~ fuse (विद्यु०) ज्वलनरोधक पलीता; रक्ष-ज्वाल, वचावका पलीता, दूर^Fसे जलाया जानेवाला पलीता; T.; ~-pin **सुरक्षा पिन**, वकसूआ; ~ plug सुरक्षा-डाट^F; ~ razor सुरक्षा-क्षुर, उस्तरा जिससे खाल^F न कटे; ~-valve (रसा०) **सुरक्षा-वाल्व**, (ला०) हृदयके उद्वेगके निकलनेका सहज मार्ग; अभय कपाट, भापका दवाव अधिक हो जानेपर स्वयं खुल जानेवाला इंजनका डट्टा; *sit on the ~-valve* दमनकी नीति^F चलाना, मुँह वन्द करना, दवाना, चूँ न करने देना;

~ allowance, ~ angle, ~ appliance, ~-arch, ~ belt, ~ bicycle, ~ board, ~ bolt, ~ compaign, ~ cap, ~ catch, ~ cartridges, ~ catches, ~ certificate, ~ chain, ~ devices, ~ distance, ~ education, ~ equipment, ~ factor, ~ fence, ~ film, ~ fund, ~funnel, ~ fuse wire, ~ gap, ~ glasses, ~ hitch, ~ inkpot, ~ lamp, ~-light, ~ limit, ~-lock, ~ margin, ~ match, ~ measures, ~ officer, ~ order, ~ plug, ~ poster, ~ precautions, ~ regulations, ~ rules, ~ sidings, ~ springs, ~ tongs, ~ tube, ~ value, ~ vault, ~ vents, ~ zone.

saffian सैं'फ़िॲन् n. (चमकदार) अजा-चर्म, मेष-चर्म, वकरी^F या भेड़^Fका चमड़ा।

safflor, safflower सैं'फ्लोर्, सैं'फ्लॉउॲर् nn. केश, अमेरिकन या खोटा केशर, (कृषि०) **कुसुम** (*~ cake*), कुसुम्भ, **करडी**^F, महारजन, जाफरान (*~ oil, seed*)।

saffron सैं'फ़्रॅन् १. n. कुंकुम, केशर^F, (वन०) **केसर**^F, जाफरान; (वन०) **केसरका पौधा**; केसरी रंग; २. v.t. केशर^Fसे रँगना, केशर^Fकी तरह रँगना, जाफरानसे रँगना; ~-cake केसरवाला केक; केसर^Fकी टिकिया^F; ~-coloured गाढ़पीतवर्णी, केसरिया, गहरे पीले रंगका; ३. a. कुंकुमवर्ण, केसरी।

saffrony –नि a. केसरिया, जाफरानी।

safranin –निन् n. कुंकुमरस, कुंकुम-रंजक-द्रव्य, केशर-रंजक-द्रव्य, जाफरानी रंग, (ऊतक रञ्जनार्थ प्रयुक्त)।

safranine –न् a. कुंकुमी, केसरी (*~ scarlet*)।

S.Ag. Secretary to Government Agriculture Department.

S.A.G. Senior Assistant General; Senior Assistant Goods.

sag सैग् १. n. अधोगमन, (नौवि०, यंत्र०, ग०) **अवतलन**, वैठाव, धसकाव, डुवाव; **अवनमन**, लटकन, वल्ली^F आदिका झुकाव; झुकावके मध्यविन्दुसे दो स्तम्भोंके वीचकी सरल रेखा^Fके विन्दुतककी दूरी^F; आश्लथ, मूल्यपात, दामोंका घटाव; कमी^F; (नौवि०) वायु^Fकी प्रतिकूल दिशा^F-की ओर झुकाव, **झोल**^F, मोड़, फिराव; २. v.i. भार या दवावके कारण वैठ जाना, नीचे आना, झुक जाना, धसकना; **झोल^F पड़ना**, किसी चीज^Fके वीचके भागका झुक आना, धसकाना; नीचेकी ओर मुड़ना, टेढ़ा पड़ जाना (*ceiling ~s*); एक ओरको झुक जाना, ढलकना, लटकना (*the gate ~s*); अवमज्जन करना, डूव जाना; (v.t.) नीचेको ढलकाना, झुकाना, (वाणि०) मूल्योंका गिरना, घटना, उतरना, कम होना; जहाजका मार्गसे हट जाना, फिर जाना।

saga सा'गॅ n. (मध्ययुगीन आइसलैण्डीय या नार्वेका) गद्य-साहित्य; किसी वंश आदिके इतिहाससे सम्बन्धित पुस्तकमाला^F; (परिवर्तित) वीरगाथा^F, वीरतापूर्ण अथवा साहसिक कार्योंकी कथा^F।

sagacious सॅगे'शॅस् a. मेधावी, तीक्ष्णबुद्धि, कुशाग्र-

बुद्धि, कुशाग्रमति, तीव्रबुद्धि, बुद्धिमान्, विदग्ध, विचक्षण, सूक्ष्मधी, दूरदर्शी, पारदर्शी, विवेकी, चतुर, व्युत्पन्नमति, चेतनमति, प्रगल्भ, पारखी, सयाना, समझदार, होशियार, अत्यधिक चतुर, समझदार, बहुत ज्यादा चौकन्ना (जानवर); चातुर्यपूर्ण, दूरदर्शितायुक्त, सूक्ष्मदृष्टियुक्त, बुद्धिमत्तापूर्ण (योजनाएँ^F, कथन, बातें^F आदि)।

sagaciousness –निस् n. मेधाविता^F, तीक्ष्णबुद्धिता^F, कुशाग्रबुद्धिता^F, कुशाग्रमतित्व, तीव्रबुद्धिता^F, बुद्धिमत्ता^F, विदग्धता^F; विचक्षणता^F, सूक्ष्मधीत्व, दूरदर्शिता^F, पारदर्शिता^F, विवेक, चातुर्य, प्रगल्भता^F, चतुराई^F, सयानापन, समझदारी^F, होशियारी।

sagacity –गैसिटि n. सुमेधत्व, तीक्ष्ण बुद्धि^F, वैदग्ध्य, विचक्षणता^F, सूक्ष्म गति^F, सूक्ष्मदर्शन, चातुर्य, सयानापन, समझ^F, समझदारी^F, होशियारी^F।

sagamore सैगमोअर् n. = SACHEM.

sagan सेगन् n. सेगन, (यहूदी पुरोहितका सहायक अधिकारी)।

sage[1] सेज् n. तुलसीबन्धु, भूरे हरे रंगकी पत्तियोंवाला सुगन्ध शाक, वनस्पति^F, सब्जी^F; (वन०) T.; ~-brush अमेरिकाके बंजर प्रदेशोंमें पाये जानेवाले खारी पौधोंकी जाति^F; ~-green उक्त वनस्पति^Fकी पत्तियों^Fका रंग; ~ tea सेजी पत्तियों^Fका औषधीय सत्त्व।

sage[2] n. साधु, यति, महात्मा, सिद्ध पुरुष; बुध, तत्त्वविद्, पण्डित, ज्ञानी; दार्शनिक, विचारक; आत्मज्ञ, ब्रह्मज्ञानी; महर्षि, ऋषि, मुनि; औलिया, शेख; *fool to others, to himself a ~* अपने मुँह मियाँ मिट्ठू।

sage[3] a. धीमान्, प्राज्ञ, पण्डित, बुद्धिमान्, विचारवान्, ज्ञानी, बुद्धिपूर्ण, विचारयुक्त।

sagene[1] सॅजीन् n. जालंक, जाल।

sagene[2] सा'जे'न् n. सजीन (७ फुटके बराबर एक रूसी पैमाना)।

sageness सेज्निस् n. पाण्डित्य, प्राज्ञता^F, बुद्धिमत्ता^F, विचारशीलता^F, चातुर्य, चतुराई^F; ऋषित्व, साधुता^F, साधुपन।

saggar सैगर् n. आपाक, आवा।

sagging सैगिग् n. आश्लथन, मूल्यावनयन, अवनमन; (नौवि०, रसा०); **अवतलन-झोल**^F; (वाणि०) **भाव घटाना**।

Sagitta सॅजिटॅ n. सम्पर्ष; s~ शरकृमि^F; नींव-पत्थर; **वाण**, T.

sagittal ⊙–टॅल् १.n. (जीव०) **मध्य तल, मध्यसमान्तर तल**; २. a. शराकार, शराकृति, शरवत्, तीर-जैसा; वाण-सदृश, वान-जैसा (~ *axis*); वाण-सम्बन्धी, शर-सम्बन्धी, तीरवाला, वानका; ~ sinus (चि०) पूर्वपश्च, शिरानाल; ~ sulcus (चि०) **अग्रपश्च परिखा**:

Sagittarius सैजिटेअॅरिअॅस् n. (ज्यौ०) **धनु**, धनुस, धनुर्धारी, धनूराशि^F, नक्षत्रमण्डल एवं राशिचक्रका नवाँ नाम।

sagittary –'जिटॅरि a. शर-सम्बन्धी, वाण-सम्बन्धी; तीरवाला, वानका।

sagittate, -ed –टेट्, –इॅड् aa. शराग्रवत्, (वन०, चि०) **वाणाकार**, वाणकी नोक-जैसा; तीक्ष्ण, तीखा, तेज।

sago से'गो n. (pl. -s) विकंगू, (वन०, चि०) **साबूदाना**, सागू (~ *palm*)।

sagum से'गम् n. (प्रा० रोमनोंका) सैन्यवस्त्रालंकार, सैनिक पहिनावा, सैगम।

sagy से'जि a. सेज वनस्पति-सम्बन्धी, सेजी, दे० SAG.

Saharan, Saharian, Saharic सॅहा'रॅन्, सॅहा'रिअॅन्, सॅहा'रिक् aa. सहाराका, सहराई।

Sahib सा'इब् n. (भारत) भारतीयोंके द्वारा यूरोपीयोंका नाम, साहिब; आदरसूचक उपाधि^F, जी (*Jones ~*); (बोल०) सज्जन, बाबू।

sai साइ' n. सई बन्दर।

said सॅड् (SAY का भू० एवं भू० कृ० रूप), उक्त, कथित (~ *act, person*); the ~ पूर्वोक्त।

sail[1]* सेल् n. पोत, जलयान, जहाज; पोत-समूह, जहाजी बेड़ा (*a fleet of twenty ~s*); शीत, वातवस्त्र, नौवस्त्र, (परि०) **पाल***, **बादवान** (*hoist, lower, set, shorten, ~*) (नौवि०, ग्रा०, इति०) जहाजमें पाल और रस्सियाँ^F बाँधनेवाला प्रमुख निम्न अधिकारी; जल-जन्तुओंकी स्पर्श-इन्द्रिय^F; सील मछली^Fका पीठ^Fपरका पंख, बाजू; पवनरोधक यन्त्र, हवा^Fके बाँधनेकी कल^F, हवाई चक्की^Fके पंखोंसे बँधे जानेवाले पहिये; (*wind-~* के भी अर्थोंमें) जहाजके डेक या खान^Fके ऊपर हवा^F और रोशनी^Fके लिए कुप्पी^Fके आकारका वातायन; ~-arm पवनचक्की^Fका पंखा; ~ axle पवनचक्की^Fके पंखोंकी धुरी^F; ~-cloth पोतपट, शीतपट, पाल बनानेका कपड़ा; ~-fish पीठ^Fपरके बड़े पंखवाली मछलियाँ^F; ~ loft (परि०) **पालघर**; (नौवि०) **सेढ़खाना**; ~ maker (नौवि०) **सिलमाकुर**; ~ master (परि०) **पालकप्तान**; *full ~* पूरी शक्ति^Fसे; सभी पालोंको खोलकर; *set ~* पाल छोड़ देना, चल पड़ना; *strike ~* एक दम पाल गिरा देना; *take in ~* (ला०) अपनी महत्त्वाकांक्षाओं^Fको संयत करना, उतावली^Fको कम करना; *take wind out of ~s* सहारा छीन लेना, बाहुबल छीन लेना; *under ~* पालोंके साथ खुलना, चल देना, छूटना, रवाना होना;

~ boat, ~-borne, ~-dotted, ~-drill, ~ flying, ~ maker, ~plane, ~-propelled, ~-room, ~-stretched, ~-winged.

sail[2] n. निर्दिष्ट अवधि^Fकी समुद्री यात्रा^F (*is ten days' ~ from Plymouth*); जलयात्रा^F, समुद्री यात्रा^F, जहाजकी सैर^F, समुद्री सफर^F (*go for a ~*)।

sail[3] v.t. & i. पालोंको चढ़ाकर जलयात्रा^F करना, पालदार जहाजका चलना; पालोंके प्रयोगसे या इंजिनसे जहाजमें जलयात्रा^F करना, समुद्री यात्रा^F आरम्भ करना, पालदार नाव^F या स्टीमर चलाना, बसरी सफर^F करना (*we ~next week*), समुद्रयात्रा^F करना, समुद्रकी सैर^F करना, जहाज चलाना; आकाशमें उड़ना, आसमानकी सैर^F करना; (पक्षी, बादल, चन्द्रमा आदिका) आकाशमें

धीरे-धीरे उड़ना, चलना, घूमना; मन्थर गति^F से चलना, ठाठके साथ चलना, शान^F से चलना; समुद्री यात्रा^F को प्रतिबन्धमें लाना, जहाजरानी^F को नियन्त्रित करना; खिलौने या कागजकी नाव^F को तैराना, पानीमें बहाना; *into* ~ (ग्रा०) आक्रमण करना; आक्षेप करना, भर्त्सना^F करना, अपशब्द कहना, निन्दा^F करना, बुरा भला कहना; *~close to* or *near the wind* लगभग पवनके प्रतिकूल चलना; (ला०) लगभग नियम भंग करना, नैतिक सिद्धान्त अथवा नियमके उल्लंघनके समीप आना।

sailable –'लॅबॅल् a. नाव्य, खेने योग्य, नाव^F चलाने योग्य।

sailed –ल्ड् a. पालयुक्त, बादबानी।

sailer –'लॅर् n. निर्दिष्ट गमनशक्तिवाला जलयान, जहाज (*fast, good, bad,* ~)।

sailing –लिंग् १. n. नौप्रस्थान, नौयात्रा^F (~ *instructions*); (नौवि०) **चालन**; २. a. प्रस्थानकारी, यात्री (~ *vessel*); ~ boat, ~ ship (परि०) **पालनाव**^F, **पाल जहाज**; ~-master पोताधिकारी, जहाजका अफसर, जहाजरान; plain ~ (ला०) सुगम कार्य, सीधा-सादा काम, आसान बात^F;
~ date, ~ free, ~ orders, ~ signal.

sailless –ल्'लिॅस् a. पालरहित, बेबादबान।

sailor –'लॅर् n. पोतवाह, पोतचालक, नौवाह, **नाविक**, समुद्रयायी, **मल्लाह**, खलासी, जहाजी आदमी; ~'s knot टाई^F की एक विशेष प्रकारकी गाँठ^F; रक्तकषायमूल^F, एक पौधा।

sailoring –रिंग् n. नाविकका कार्य, मल्लाही^F।

sailorless –र्-लिॅस् a. नाविकहीन, बेमल्लाह।

sain सेन्' v.t. दैवी शक्ति^F से रक्षा^F करना, बचाना, जादूगरी^F से अच्छा कर देना; आशीर्वाद देना, आशीष देना, दुआ देना; स्वस्तिकका चिह्न बनाना, क्रॉसका निशान बनाना, काटा लगाना।

sainfoin सेन्'फ़ाएॅन् n. एक प्रकारकी छोटी घास^F।

saint सेन्ट्' १. n. दिवंगत, स्वर्गीय, कैलासवासी, देवलोकवासी (*departed* ~); (धार्मिक सरकारों द्वारा घोषित) सिद्ध महात्मा, मुनि, सन्त, साधु पुरुष, पुण्यजन, दरवेश, सेण्ट; (बाइ० प्रा० और कुछ वर्तमान सम्प्रदायोंमें) अवतारी पुरुष, ईश्वरीय जन; धार्मिक पुरुष, सदाचारी जन, महान् पुण्यशील व्यक्ति; ईसाई-सम्प्रदायका सदस्य या सम्प्रदायका प्रवचनकर्ता; २. v.t. सन्तोंकी श्रेणी^F में समाविष्ट करना, सन्तत्व प्रदान करना, सिद्ध पुरुषोंमें गिनना, सिद्ध बनाना, महात्मा मानना, सिद्ध पुरुष समझना, सन्त मानना, साधु कहना; ३. a. धार्मिक, सिद्ध, साधु, पुण्यशील, दिव्य, अतिपवित्र, दिव्य, चर्च द्वारा अनुमोदित, ईसाई धर्मानुसार; सन्तत्वको प्राप्त (पुरुष) ~'s-day किसी सन्तकी स्मृति^F में गिरजाघरका उत्सव; St. Andrews स्कॉटलैण्डके गिरजोंके प्रधान सन्त; St. Bernard dog *or* St. Bernard हॉस्पाइसके गिरजावासियों द्वारा ग्रेट सेण्ट बर्नार्ड दर्रेपर यात्रियोंकी सुरक्षा^F के लिए पाली हुई कुत्तोंकी एक जाति^F; St. Cecilia संगीतके प्रधान सन्त, संरक्षक सन्त; धर्मगतिप्राप्त सिद्ध पुरुष; St. Elmo's fire प्रभागोलक; St. Helena निर्वासनस्थान, देशनिकालेकी जगह^F; St. Leger तीन सालकी उम्रके घोड़ोंकी दौड़^F; *would provoke, try the patience of, a* ~ कठोर, अत्यधिक कटु, सन्तकी सहनशक्ति^F के बाहरका; *young ~s old devils* or *sinners* युवावस्था^F की साधुता^F अच्छी नहीं; सन्तोंके नामोंपर अनेक फूलपौधोंके नाम, जैसे–St. Agnes's flower, St. Anthony's nut, St. Barbara's cress, St. Barnaby's thistle, St. Bernard's lily, St. Bruno's lily, St. Catherine's flower, St. Dabeoc's heath, St. George's herb, St. James's wort, St. Mary's flower, St. Patrick's cabbage.

saintdom –'डॅम् n. सन्ताधिकारक्षेत्र, वलीका इलाका।

sainted –टिॅड a. पूत, पावन, पवित्र; दिवंगत, स्वर्गीय, कैलासवासी, देवलोकवासी।

sainthood –ट्'हुड् n. ऋषित्व, साधुत्व, सन्तत्व।

saintlike –'लाइक a. ऋषिवत्, सन्ततुल्य, सिद्धपुरुषसदृश, साधु-सा।

saintliness –लिनिॅस् n. ऋषितुल्यता^F, पुण्यात्मत्व, धर्मशीलता^F, पुण्यशीलता^F, पवित्रता^F, (दर्श०) **साधुता**^F।

saintling –लिंग् n. सन्तक, छोटा सन्त, सधुक्कड़, पीरजादा।

saintly –लि a. पुण्यशील, साधु, सन्तवत्, ऋषितुल्य, पुण्यात्मा, पवित्र, धर्मशील, महात्मा।

saintship –'शिप् n. ऋषित्व, ऋषिका पद, सन्तका पद, वलीका दर्जा, सन्तई^F, महात्मापन।

saiph सैफ़ n. (ज्यौ०) **दशम मृग, दशम कालपुरुष**, T.

saith सेॅथ्' = SAYS.

Saiva साइ'वॅ n. शैव।

sajene सजेने n. = SAGENE[3].

sake[1] सेक्' n. निमित्त, हेतु, कारण, उद्देश्य, प्रयोजन, अभिप्राय, अर्थ, विचार, लिए, नाम, वजह, वास्ते, खातिर, लिहाज, ख्याल, मतलब, गर्ज^F; *for any* ~ किसी भी प्रयोजनसे, किसीके विचारसे; *for the children's* ~ बच्चोंके लिए; *for conscience* ~ धर्मके हेतु, सद्विचारके निमित्त, ईमानकी खातिर; *for God's* ~ भगवान्के नामपर, खुदाके लिए, *for my own ~ as well as yours* मेरे लिए और आपके लिए भी; *for old ~'s* ~ बीते हुए दिनोंकी याद^F में; *he is persecuted for opinion's* ~ अपनी धारणाओं^F के कारण उसे कष्ट दिये जा रहे हैं।

sake[2] सैॅके n. चावलसे तैयार की हुई जापानी शराब^F।

saker से'कॅर् n. बाज पक्षी; एक प्राचीन प्रकारकी बन्दूक^F।

saki सा'कि n. (दक्षिण अमेरिकी) बन्दर, साकी।

sakia (Arab.) सा'क़िअॅ n. (उत्तरी अफ्रीकामें प्रयुक्त) रॅहट।

sal[1], सैल्' n. (रसा०) लवण, नमक ।
sal[2], **saul** साल्, सॉल्' n. श्याल, साल (की लकड़ी^{F} या पेड़) ।
salaam सॅलाम्' १. n. भारतीय मुसलमानोंमें नमस्कार करनेकी पद्धति^{F}, सलाम (जिसका अर्थ है 'शान्ति^{F}'); २. v.t. & i. प्रणाम करना, नमस्कार करना, सलाम करना ।
salability सेलॅबि'लिटि n. पण्यता^{F}, विक्रेयता^{F}, विक्रयशीलता^{F}, विकाऊपन ।
salable –'लॅबल् a. पण्य, विक्रेय, विक्रय योग्य, विक्री^{F}-के लायक, विकाऊ; क्रेय, क्रेतव्य, खरीदने योग्य ।
salacious सॅले'शॅस् a. कामाविष्ट, कामग्रस्त, कामार्त, कामातुर, कामुक, कामान्ध, कामासक्त, कामजित, . विषयी, कुव्यसनी; दुश्चरित्र, व्यभिचारी, भोगी, कामी, लम्पट, बदमाश, रण्डीबाज ।
salaciousness, salacity –नि'स्, –लै'सिटि nn. कामातुरता^{F}, कामुकता^{F}, कामान्धता^{F}, कामासक्ति^{F}, विषयीपन, भोगेच्छा^{F}, मैथुनेच्छा^{F}, इन्द्रियासक्ति^{F}, वासना^{F}, कामातुरता^{F}, काम, बदमाशी^{F} ।
salad सै'लॅड् n. प्रशाक, कच्ची खायी^{F} जानेवाली तरकारियाँ^{F}; (चि०) **सलाद**, (मछली^{F}, गोश्त, अण्डे आदिके साथ खाये जानेवाले कच्चे साग); रायता; ~-days अनुभवहीन यौवन, कच्ची उम्र^F; ~-dressing सलादका मसाला; ~-oil प्रशाक तैल, अच्छी किसका जैतूनका तैल ।
salade सै'लॅड् n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण ।
salading सै'लॅडिंग् n. शाक, सलादका पौधा ।
salamander सै'लॅमैन्डॅर् n. सरटक, छिपकली-जैसा रेंगनेवाला जन्तु, समन्दर; अग्निदेव, अग्निदेवता; अधिक गर्मी^{F} सहन करनेवाला व्यक्ति, वीर सैनिक, बहादुर सिपाही; (जन्तु०) पूँछवाले स्थल-जल-चर, पानी और जमीन^{F}पर रहनेवाले दुमदार जानवर; (जीव०) T.; तेज गर्म लोहा, आमलेट तलनेवाला लोहेका तवा ।
salamandrian, salamandrine –'ड्रिॲन्, –'ड्राइन् aa. सरटक-सम्बन्धी; अग्निसह; अत्यधिक उष्ण, बहुत गर्म, जलता हुआ; वीर ।
salamandroid –ड्राॅइड् n. & a. रेंगनेवाले जन्तु-जैसा, समन्दर-जैसा ।
salame सॅला'मि n. इटलीका लंगोचा, गुलमा, कुलचा ।
salariat सॅलेॲ'रिॲट् n. वेतनभोगी वर्ग, तनखाह^F पानेवाले लोग ।
salaried सै'लॅरिड् a. वैतनिक, सवेतन, वेतनभोगी, वेतनग्राही, वेतनपानेवाला (~ *clerk*) ।
salary –रि १. n. (अर्थ०) **वेतन**, संवेतन, वृत्ति^{F}, भृति^{F}, तनख्वाह^F (~ *bill*, *grant*); २. v.t. वेतन देना, तनख्वाह^F देना ।
sal atticum (L) n. = wit.
sale सेल्' n. पणन, **विक्रय**; विक्रयण, **बिक्री**^{F}, बेच^F, बै^{F}, फरोख्त^F; घोषविक्रय, नीलाम (*put up for* ~); बिक्री^{F}की रकम^F; (व्यापारकालके समाप्त होनेपर घटे हुए मूल्योंपर दूकान^{F}के रखे हुए सामानकी) जल्दी^{F}की बिक्री^{F}; ~-ring नीलाममें बोली^{F} बोलनेवालोंका घेरा; ~sman विक्रयकार, **विक्रेता**, विक्रीकार, बेचनेवाला; छोटा दुकानदार; ~smanship विक्रयकला^{F}, (अर्थ०) **बिक्रीकारी**^{F}, दुकानदारी^{F}, बेचनेमें निपुणता^{F}; ~s tax **विक्रयकर**, **बिक्रीकर**; ~swoman विक्रेत्री, बेचनेवाली; ~-work चलाऊ काम; *on for*, ~ विकाऊ;
~ account, ~ certificate, ~-deed, ~ document, ~ letter, ~ mark, ~ memorandum, ~ note, ~ notice, ~ paper, ~ ~ platform, ~ power certification, ~ *price*, ~ *proceeds*, ~ *proclamation*, ~ register, ~ report, ~ room, ~s account, ~s basement, ~s book, ~s check, ~s clerk, ~s commission; ~s control, ~s daybook, ~s depot, ~s guaranteed, ~s journal, ~ ~s lady, ~s ledger, ~s people, ~s person, ~s resistance, ~s returns, ~s returns journal, ~s room, ~s tax officer, ~s tax rules, ~s transaction, ~s value, ~s warrant, ~s work, ~value.
saleability –लॅबि'लिटि n. विक्रेयता^{F}, बिकनेकी स्थिति^{F}, विक्रयशीलता^{F}, फरोख्त^F होनेकी योग्यता^{F}; आपण्यता^{F}, बाजार^{F}में भेजे जानेकी अवस्था^{F}, विकाऊपन ।
saleable –लॅबॅल् a. विक्रेय, (~ *publication*), बेचने योग्य, विकाऊ (~ *stock*, *variety*), फरोख्त करने योग्य; आपण्य, बाजारमें भेजने लायक ।
saleableness –नि'स् n. = SALEABILITY.
salebrosity ⊙सैलिब्रॉ'सिटि n. वैषम्य; विषमता^{F}, उच्चावचता^{F}, असमता^{F}, असमतलता^{F}, ऊँचा-नीचापन, नाहमवारी^{F} ।
salebrous –'लिब्रॅस् a. विषम, असम, उच्चावच, असमतल, ऊँचा-नीचा, नाहमवार ।
salep सै'लॅप् n. मण्डयास^F, सालम मिश्री^{F}, (एक प्रकारका पुष्टिकारक खाद्य) ।
saleratus ⊙सैलॅरे'टॅस् n. पोटाशका अशुद्ध बाईकार्बोनेट ।
salic, Salique सै'लिक्, सॅलीक्' aa. मिस्रका; ~ law फ्रैंक जाति^{F}की कानूनी पुस्तक^F; सैलिक; स्त्रियों^{F}को राजसिंहासनके अधिकारसे वंचित करनेका नियम ।
salicaceous सैलिके'शॅस् a. सरपत-विषयक, सरकण्डेका; वानीर-विषयक, बेंत-सम्बन्धी; सरपतप्रजातीय, सरपत-प्रजाति-विषयक; वानीरप्रजातीय, वानीरप्रजाति-सम्बन्धी ।
salicin सैलिसिन् n. नम्री^{F}, सलीसिन^F, (एक विशेष प्रकारके बेंतकी छाल^{F}से प्राप्त कड़वी, वेदनाहर, ज्वरहर औषधि^{F}) ।
salicional, salicet सॅलि'शॅनॅल्, सै'लिसेट् nn. सैलिशॉनल, शहनाई^F (८ फुटका एक वाद्ययन्त्र) ।
salicyl सै'लिसिल् n. नम्रल, सलीसिल, सलीसी तेजाबका सत्त्व ।
salicylate सैलि'सिलॅट् १. n. नम्रलीय, सलीसी तेजाबका

नमक; –लेट् २. v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सफसाफी तेजाब मिलाना ।

salicylic –सि'लिक् a. नाम्रलिक, सलीसा; ~ acid गठिया[F]में दिया जानेवाला नम्रलिक अम्ल, (श०र०शा०) **सेलीसायलिक अम्ल** ।

salicylism –सिलिज़्म् n. (चि०) सलीसिलात्यय, सलीसायलेट्के अतियोगका दुष्परिणाम ।

salicylize –लाइज़् v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सलीसी तेजाब मिलाना ।

salicylous–लॅस् a. नम्रलीय, नम्रलयुक्त, सफसाफीदार ।

salience, -cy से'लिअॅन्स्, -सि nn. उद्गमन, बहिर्गमन, उभार; प्रवाह, बहाव; उत्कृष्टता[F], सुस्पष्ट विशेषता[F]; सुव्यक्तता[F], विचारणीयता[F], दर्शनीयता[F] ।

salient से'लिअॅन्ट् १. n. बाह्यसंकेतिक कोण, (दुर्ग-निर्माणमें) बाहर निकला हुआ कोना; **उभार**; २. a. समुन्नत, बहिर्गामी, प्रलम्ब, प्रोच्छ्रत, उभरा हुआ, बाहर निकला हुआ; बाहरको संकेत करनेवाला; (पाण्डि०,हास्य०) प्रवाहिक, प्रवाही, धारावाहिक, प्रवाहित, बहता हुआ; नृत्यशील, नर्तित, नाचता हुआ या उछलता हुआ; उत्थित, उत्क्षुष्ट; प्रमुख (~ *hues*), प्रधान, विशिष्ट, **मुख्य** (~ *features, points*); सुव्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, **सुप्रकट**, साफ; विचारणीय, महत्त्वपूर्ण, दर्शनीय, ध्यान देने योग्य ।

saliferous सॅलि'फ़ॅरॅस् a. (भूमिस्तर) क्षारीय, लवणोत्पादक, लवणपूर्ण, नमकदार ।

salifiable से'लिफ़ाइॲबॅल् a. अम्लेय, अम्लमिश्रणीय; लवण योग्य, अम्लके साथ मिलाकर नमक बनाने योग्य ।

salification –फ़िके'शॅन्n.अम्लेयता[F],अम्लमिश्रणीयता[F], अम्लके साथ मिलाकर नमक बनानेकी स्थिति[F] ।

salify –लिफाइ v.t. अम्ल मिलाकर नमक बनाना ।

salimeter ⊙सैलि'मि'टॅर् n.= SALINOMETER.

salina सॅलाइ'नॅ n. (प्रा० भू०) **लवण-भूपटल**; नमकका कारखाना, T.

saline से'लाइन्, सॅलीन्' १. n. क्षारीय तत्त्व, लवण, क्षार, खार; **लवण-द्रव**, लावणिक पदार्थ; (चि०) लवण जल, नमक और पानीका मिश्रण, घोल; खारी जुलाब; नमकका बर्तन या कारखाना; खारी झील[F], खारा सोता, खारी दलदल; २. a. (औषधियाँ[F]) **लवणयुक्त**, लवणके गुणका, (रसा०, कृषि०) **लवणमय**, रासायनिक लवण-सम्बन्धी; (प्राकृतिक स्रोत, जल आदि) क्षारीय, लावणिक, लवणमय, (चि०, रसा०) **लवणीय**, (प्रा० भूगोल) **नमकीन**, (प्रा० भूगोल) **खारा**;

~ bath, ~ marsh, ~ pan, ~ residue, ~ soil, ~ solution, ~ water.

salineness –निॅस् n.=SALINITY.

saliniferous ⊙–लिनि'फ़ॅरॅस् a. लवणोत्पादक, लवण-जनक, नमक पैदा करनेवाला ।

salinity सॅलि'निटि n. क्षारीयता[F], (प्रा० भू०, रसा०, कृषि०) **लवणता**[F], लावणिकता[F], लवणयुक्तता[F], (प्रा० भू०) **खारापन**; लवण-मात्रा[F] ।

salinization ⊙–नाइज़े'शॅन् n. (कृषि०) **खारी[F] बनाना** ।

salinometer सैलिनॉ'मि'टॅर् n. लवणमान, (रसा०, परि०) **लवणमापी**, नमककी मात्रा[F] जाननेका यन्त्र ।

salique सॅलीक्' n. दे० SALIC.

saliva सॅलाइवॅ n. (जीव०, कृषि०, चि०) **लार**[F], (चि०) **लाला**[F], थूक, लुआब ।

salivant सै'लिवॅन्ट् a. & n. (चि०) लालास्रावक, लालाकारी (औषध[F]) ।

salivary –वॅरि' a. (चि०) लाला-, लारयुक्त, **लारमय**, लारवाला, थूकका (~ *gland*); ~ discharge (चि०) लालास्राव, ~ reflex लालाप्रतिवर्त;

~ digestion, ~ duct, ~ gland, ~ juice, ~ relex, ~ responses,~ sublingual, ~ submaxillary.

salivate –वेट् v. t. & i. बहुत अधिक लार[F]का निकलना, लार[F] बहना; (अत्यधिक मात्रा[F]में लार[F]) उत्पन्न कर देना ।

salivation –वे'शॅन् n. (चि०) **लालास्राव, लाला-स्रवण**, लार-निस्सरण, अतिरिक्त लार-निर्गमन, (कृषि०) लार[F] बहना ।

salivator –लि'वेटॅर् n. लाला-निस्सारक वस्तु[F], अतिरिक्त लार-निस्सारक पदार्थ ।

salle साल्' (F) n. प्रशाल कक्ष, विशाल कक्ष, बड़ा कमरा, हाल ।

sallenders सै'लॅन्डॅर्स् n. pl. घोड़ोंका रोग, जिसमें पिछले जानुके मोड़पर रूसी सम विस्फोट निकलते हैं ।

sallet –'लि'ट n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण, साले ।

sallow[1] –लो n. एक प्रकारका बेंतका पेड़; बेंतकी शाखा[F], लकड़ी[F] ।

sallow[2] १. n. पाण्डुरवर्ण, आपीतवर्ण, पीला रंग, बसन्ती रंग; २. v. t. & i. पाण्डुर होना, पीला होना; ३. a. पाण्डुर, विवर्ण, आपीत, पीत, हल्का पीला, बसन्ती; फीका (मनुष्यकी खाल[F], रूप-रंग आदि) ।

sallowish –लोइश a. आपाण्डुर, पीला-पीला, पीला-सा, पीलापन लिये हुए ।

sallowness –लोनि॑स् n. पाण्डुरता[F], हल्का पीलापन, पीलाहट[F], जर्दी[F] ।

sally[1] सै'लि १. n. सहसा आक्रमण, धावा, झपट[F];भ्रमण, सैर[F]; अग्रगामिता[F], अग्रगमन; सदाचारका उल्लंघन, पलायन, जिम्मेदारी[F]से भागना (क्वचित्); अकस्मात् ही कार्यारम्भ, एकदम कामको शुरुआत[F]; व्यंग्योक्ति[F], व्यंग्य, विनोदपूर्ण उक्ति[F], ठट्ठा, ठिठोल, हँसी[F], दिल्लगी[F], मजाक, फब्ती[F]; हठात् बहिर्गमन, निष्क्रमण, निःसरण, निर्गम, निकास, उफान; २. v. t. दुर्गके भीतरसे घेरनेवाले शत्रु-पर आक्रमण करना, धावा बोलना, टूट पड़ना, हल्ला बोलना, झपट पड़ना; यात्रा[F]के लिए जाना, घूमनेके लिए निकलना, सैर[F] करनेको जाना, सफर[F]पर जाना; प्रकाशित होना; (क्वचित्) अचानक ही निकल पड़ना, बाहर आना, निकलना; ~-port निर्गमद्वार, (दुर्गावरोधकोंपर

आक्रमण करनेके लिए) दुर्गका गुप्तद्वार।

sally² n. घण्टेकी हिलती हुई स्थिति^F, घण्टेका पहला कम्पन; घण्टेकी रस्सी^F का ऊनसे बुना हुआ भाग; ~-hole घण्टा-छेद (जिसमेंसे घण्टेकी रस्सी^F जाती है)।

sally³ n. हजरत इब्राहीमकी पत्नी^F 'सारा'का प्रचलित नाम; ~ Lunn मीठा हलका केक।

salm साल्म् n. (गणि०) **साल्म; ऊनविंश खगाश्व**।

salmagundi सैल्मॅगन्'डि n. (गुणों, वस्तुओं^F, विषयों आदिका) समन्वय, सामान्य सम्मिश्रण, मेल, पँचमेल, खिचड़ी^F, घोलमाल; एक प्रकारका सालन या पँचन्ना।

salmi सैल्'मी n. चिड़ियों^F का मसालेदार मांस।

salmon सै'मॅन् १. n. मृदुपक्षा^F, एक स्वादिष्ट मछली^F, (जीव०) **सैल्मन, सामन**; २. a. सामनके जैसे नारंगी^F रंगका; ~-coloured सामनकी खाल-जैसे नारंगी^F हलके गुलाबी रंगका ~-ladder, -leap, -pass, -stair सामन मछली^F को बाँध पार करने और धारा^F में चढ़नेके लिए सीढ़ियाँ^F या दूसरी राहें^F; ~ trout सामनसे मिलती-जुलती उत्तरी अमेरिकाकी मछली^F, ट्राउट।

salmonoid –नाऍड् n. & a. सामन-जैसी (मछली^F)।

saloid ⊙ सॅ'लाऍड् n. (कृषि०) **मिट्टी लवण**।

salometer सॅलॉ'मि`टॅर् n. (चि०) **लवणमापी**।

salon (F) सा'लॉन् n. = SALOON; कोष्ठ, अतिथि-कक्ष, मिलनेका कमरा, ड्राइंगरूम; अभ्यर्थना-भवन, दीवान-खाना।

saloon सॅलून्' n. सुकक्ष, शाल, बृहत् कक्ष या हॉल, सार्वजनिक स्थान या प्रदर्शनी^F आदिके उपयुक्त बड़ा कमरा, बैठक^F; सभा^F; बड़े वायुयानमें यात्रियोंका कक्ष, **सैलून**; जहाज या रेल^F पर प्रथम श्रेणी^F के या सभी यात्रियोंके लिए बड़ा डिब्बा, बड़ा केबिन; (~*-car* भी) अधियान, बढ़िया गाड़ी^F; सार्वजनिक कक्ष, सुकोष्ठ, प्रकोष्ठ या कमरा (*dancing, dining, sleeping* ~); (नौवि०) **आहारिका**^F; मधुशाला^F, मदिरालय, शराबखाना ⊙; ~-keeper ⊙ मधुशाला^F का मालिक; ~ pistol, rifle कक्षीय पिस्तौल या बन्दूक^F (जिससे निकटकी निशानेबाजी^F का अभ्यास किया जा सके)।

saloop सॅलूप' n. सालम मिश्री^F से मिला उष्ण पेय, सलूप।

salopian सलो'पिॲन् a. & n. श्रोपशायरका (निवासी); श्रूस्वरी स्कूलका (सदस्य)।

salpicon सैल्'पिकॅन् n. सालपिकन (भरवाँ रोटी^F)।

salpingitis सैल्पिन्जाइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) डिम्ब-वाहिनी शोथ, **अण्डाणु-नालशोथ**।

salpinx सैल्'पिंक्स् n. (चि०) डिम्बवाहिनी^F।

salpiglossis सैल्पिग्लॉ'सिस् n. निवापपुष्प, उद्यानके लिए एक सुन्दर फूलोंवाला पौधा।

salse सैल्स्' n. कर्दम ज्वालामुखी, कीचड़का ज्वालामुख।

salsify सैल्'सिफ़ाइ n. शुक्तिशाक, ब्रिटिश और यूरोपीय कचालू।

salt* सॉल्ट्' १. n. क्षार, (चि०, रसा०, प्रा० भूगोल, जीव०) **लवण**, (प्रा० भूगोल) **नमक***, सोडियम क्लोराइड; तीक्ष्णता^F, कटुता^F, उत्तेजकता^F, तीव्रता^F, उग्र पीड़ा^F, दाहकता^F, कसक^F, डंक, चरपरापन, चटकीलापन, तेजी^F; व्युत्पन्न मति^F, वाग्विदग्धता^F, बुद्धि^F, हाजिरजवाबी^F (*talk full of* ~); (रसा०) आधारिक और अम्लमूलक यौगिक, पूर्ण या आंशिक हाइड्रोजनसे युक्त अम्ल; (प्रा०, रसा०) ठोस घुलनशील तथा अज्वलनशील स्वादिष्ट पदार्थ (~ *of lemon*); समुद्रसे उबला हुआ दलदल; २. a. लावणिक, लवणमय, लवणयुक्त, लवणरक्षित, नमकदार, नमकीन, नमकसे भरा हुआ, नमकमें रखा हुआ, चटपटा, मसालेदार; खारा (आँसू); तीक्ष्ण, तीव्र, पैनी, तेज, चुभती हुई, लगती हुई (व्यंग्योक्ति^F); क्लेशप्रद, कष्टकारक, अरुचिकर, तीखी, तेज (मनोव्यथा), खारे दलदल या समुद्रमें उगे हुए, समुद्री (पौधे); अश्लील, अभद्र, लज्जाजनक, हल्का, फूहड़ (विनोद, कहानियाँ^F, मजाक); (ग्रा०) अत्यधिक, बहुत ज्यादा, हद^F से ज्यादा (मूल्य, दाम, माँग^F); कुशल पोतवाहक, अनुभवी नाविक, अभ्यस्त मल्लाह; (pl.) नदी^F में ऊपरको समुद्र-जल-वेग, समुद्रके पानीका असाधारण चढ़ाव, बहाव; ३. v.t. नमक बनाना, नमकीन बनाना, नमक-मिर्च^F मिलाना, (शा० एवं ला०) (p.p.) चटपटा, नमक-मिर्च^F मिला हुआ; नमकके पानीमें या नमकके साथ सुरक्षित रखना, नमक लगाना; (सड़क^F पर जमी हुई बर्फ़^F को गलानेके लिए) नमक छिड़कना; (फ़ोटोग्राफ़ी^F के पेपरको) नमकके मिश्रण या नमकके घोलसे धोना; ~-cat (पथरी^F तथा मूत्र आदिके साथ मिला हुआ) नमकका डला; (कबूतरोंको परचानेके लिए रखा हुआ) लवण-पिण्ड; ~-cellar लवणपात्र, नमकदान, नमकदानी^F; (बोल०) स्त्रियों^F की हँसली^F के ऊपरका गहरा गड्ढा; ~-glaze (रसा०) **लवण-काँच, लवण-काँच-लेपन**, नमकका चिकना लेप या रोगन; ~-horse (नौवि०, ग्रा०) गाय^F का नमकीन गोश्त; ~-lick लवण लेह, लेहभूमि^F, सैन्धव-शिला^F; ~-pan लवण-कुण्ड, (प्रा० भू०) **लवण-पटल**, समुद्रके पासका गड्ढा, कड़ाही^F; ~ petre (रसा०) **सुवर्चल, शोरा**, (प्रा०भू०) **कलमी शोरा**; ~-water समुद्रजल; आँसू, अश्रु; ~-water समुद्रीय, समुद्र-सम्बन्धी; समुद्रवासी; (रसा०) **लवण-द्रव; सोडियम सल्फेट द्रव**; ~-works लवणशाला^F, नमकका कारखाना; ~-wort लवणपादप, एक प्रकारका समुद्री पौधा; table ~ पीसा हुआ साफ नमक; *above the* ~ उच्चवर्गीय, उच्चश्रेणी^F में, समवयस्कोंके बीच बैठकर भोजन करनेवाला; *am not made of* ~ नमकका बना हुआ तो हूँ नहीं (जो पानी बरसनेपर गल जाऊँगा); *anyone worth his* ~ दक्ष, योग्य, समर्थ; *below the* ~ निम्नवर्गीय, निम्नश्रेणी^F में, नौकरोंमें बैठकर खानेवाला; *drop pinch of* ~ *on tail of* (चिड़ियों^F आदिको) पकड़ना, बाँध लेना; *eat* one's ~ आश्रित होना, अधीन होना, नमक खाना; किसीका अतिथि या मेहमान होना; *eat* ~ *with* अतिथि होना, मेहमान होना, साथमें नमक खाना; *is not worth*

his ~ व्यर्थ, अनावश्यक, किसी योग्य नहीं; *in* ~ नमकीन, नमकके पानीमें डूबा हुआ, नमक लगाया हुआ; ~ *an account* (वाणि०, ग्रा०) वस्तुओंᶠका अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा दाम लगाना; ~ *a mine*, बाहरको कच्ची धातुᶠ लगाकर खानᶠमें भर देना (ताकि खानᶠ भरपूर मालूम होने लगे); ~ *down money* or *stock* (ग्रा०) छोड़ देना, टालमटोलᶠ करना, नापसन्द करना; ~ *out* **लवण द्वारा अवक्षेपण करना**; ~ *the books* वास्तवसे अधिककी रसीदेंᶠ दिखाना; *take with a grain of* ~ अत्युक्तिपूर्ण मानना, अतिशयोक्तिपूर्ण समझना, सन्दिग्ध मानना, अविश्वासपूर्ण समझना, अंशतः विश्वास करना, आंशिक रूपसे विश्वास करना, पूरा-पूरा न मानना; *talk full of* ~ नमक-मिर्च मिली बातᶠ; *the* ~ *of the earth* भद्रलोग, सन्तलोग, साधुजन, उपकारी जीव, वे मनुष्य अथवा लोकवर्ग जिनके कारण संसार उत्तम है; *true to* one's ~ नमकहलाल, जिसका खाये उसीका गाये-बजाये;

~ advisory committee, ~ bath, ~ bed, ~ box, ~ bridge, ~ cake, ~ contents, ~-crust, ~-cured, ~ curing, ~ deposits, ~ dome, ~ duty, ~ earth, ~-edged, ~ experts committee, ~ factory, ~ glazed, ~ glazing, ~ grass, ~ house, ~ lake, ~ land, ~ marsh, ~ marsh mosquito, ~ marsh moth, ~ master, ~-mine, ~-money, ~ mouth, ~ pan, ~ pit, ~ preservative, ~ range, ~ research committee, ~ revenue, ~ revenue officer, ~ rice, ~-shaker, ~ solution, ~ spoon, ~ spray, ~ taste.

saltant[1] सैल्'टॅन्ट् n. (प्राणिवि०) आकस्मिक विकसित रूप, एकाएक विकसित होकर परिवर्तित रूप।

saltant[2] a. प्रवल्गी, कुदक्कड़, कूदनेवाला, उछलनेवाला; (वन०) **उत्पतित**, नर्तक; नाचनेवाला; (दौत्य०) मुख्य, प्रमुख, प्रधान; T.

saltarello सैल्टॅरे'लो n. सालटरेलो (एक इटाली नृत्य)।

saltate सैल्'टेट् v.i. उछलना, कूदना, नाचना।

saltation –टे'शॅन् n. आकस्मिक परिवर्तन, गतिᶠ, आन्दोलन, (कृषि०) **वातभ्रमी**; (प्राणि०) **उच्छलन; उत्पतन, उत्परिवर्तन**; प्रवल्गन, छलाँग, कूद, उछालᶠ, नर्तन, कुलाँचᶠ, चौकड़ीᶠ, लाँघᶠ, उछल-कूदᶠ, जम्पᶠ; T.

saltative ⊙ –'टॅटिव् a. प्रवल्गनशील, उछलनेवाला।

saltatory, saltatorial –टॅरि, –टॅटॉ'रिअॅल् aa. आकस्मिक परिवर्तन-सम्बन्धी, आकस्मिक आन्दोलन-विषयक; प्रवल्गी, प्रवल्गीय, कूदनेवाला, उछलनेवाला (~ *evolution*); असन्तत (~ *relations*)।

salted सॉल्'टिड् n. लवणित, (कृषि०) **नमकीन** (~ *butter*, ~ *fish*)।

salter –टॅर् n. नमकके कारखानेका श्रमिक, मजदूर; (मछलीᶠ आदिमें) नमक मिलानेवाला आदमी; लवणोत्पादक, नमकका व्यापारी, नमक बनानेवाला, लोनिया।

saltern सॉल्'टॅर्न् n. लवणालय, नमकका कारखाना, नोनसार; समुद्री जलको भापᶠसे सुखानेके लिए तालाब, गड्हा, पोखर।

saltigrade सैल्'टिग्रेड् a. उत्पाती, उछलनेवाला।

saltimbanco सैल्टिम्बैङ्'को (It.) n. कठवैद, नीम-हकीम।

saltine ⊙ सॉल्'टिन् n. (अमेरिकी) कुरकुरा नमकीन बिस्कुट, साल्टाइन।

saltiness सॉल्'टिनिस् a. लावणिकताᶠ, (नौवि०) **लवणताᶠ**, चरपरापन, नमकीनीᶠ।

salting –टिंग n. लवणन, निमकाईᶠ, (कृषि०) **नमकीन बनाना, नमक लगाना**।

saltire सैल्'टाअॅर् n. (अग्र०) अग्रदूतका क्रास, गुणाका चिह्न; ~ wise अग्रदूतके गुणाके चिह्नकी भाँति।

saltish सॉल्'टिश् a. किंचित् लवणयुक्त, सलोना-सा, नमकीन-सा, (कृषि०) **नमकीन**, खारा।

saltishness –निॅस् n. किंचिल्लवणयुक्तताᶠ, सलोना-सा होना, नमकीन-सा होना।

saltless –ट्'लिॅस् a. लवणरहित, फीका, बेनसक।

saltness –'निॅस् n. क्षारीयताᶠ, क्षारताᶠ, लवणत्व, (प्रा० भूगोल) **लवणताᶠ**, लवणमयताᶠ, खारापन, नमकीनपन, नमकीनीᶠ।

saltpetre सॉल्ट्पी'टॅर n. (रसा०) **सुवर्चल**, यवक्षार, (रसा०) **शोरा**; ~ rot (नमी और नम दीवालोंᶠपर लगा हुआ) सफेद नोना, लोना, लोनी।

saltpetrous –'ट्रॅस् a. (चि०) सौवर्चलीय, शोरेवाला।

salts सॉल्ट्स n. नमकका पोखरा; (चि०) मैग्नेशियम सल्फेट।

saltus सैल्'टॅस् n. भंजन, संक्रमण, मोड़, तोड़।

salty सॉल्'टि a. लावणिक, सलोना, नमकीन।

salubrious सॅलू(ल्यू)ब्रिअॅस् a. पथ्य, आरोग्यप्रद, आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी; हितकर, अनुकूल, मुआफिक।

salubriousness –निॅस् n. = SALUBRITY.

salubrity –ब्रिटि n. आरोग्यवर्धकताᶠ, स्वास्थ्यप्रदताᶠ, स्वास्थ्यकारिताᶠ; अनुकूलताᶠ।

Saluki सॅलू'कि n. अरबी कुत्ता, सलूकी।

salutariness सैं'ल्यूटॅरिनिॅस n. आरोग्यवर्धकताᶠ, स्वास्थ्यप्रदताᶠ, स्वास्थ्यवर्धकताᶠ; पथ्यताᶠ; कल्याण-प्रदताᶠ, क्षेमकरताᶠ, हितकरताᶠ, उपकारिताᶠ, उपयोगिताᶠ, लाभदायकताᶠ, फायदेमन्दीᶠ।

salutary –रि a. (स्व०) आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्धक; पथ्य; कल्याणप्रद, श्रेयस्कर, हितकर, हितकारी, उपकारी, उपयोगी, लाभदायक, फायदेमन्द, अच्छा।

salutation सैल्यूटे'शॅन् n. **अभिवादन**, नमस्कार, नमस्क्रियाᶠ, अभिवन्दन, प्रणाम, वन्दगीᶠ, सलाम।

salutational, salutatory –नॅल्, –ल्(ल्यू)'टॅटॅरि

aa. अभिवादन या प्रणाम-सम्बन्धी ।

salute –ट्′ १. n. अभिवादन, अभिनन्दन, अभ्यर्थना[F]; **अभिवन्दन,** प्रणाम, नमस्कार, सलाम, (सेना०, नौवि०) सैनिक अभिवादन, ध्वजप्रणाम, झण्डाभिवादन, तोपों[F]की **सलामी**[F], फौजी अभिवादन (*a ~ of 7 guns was fired*); T.; (शस्त्रक्रीड़ा, काममें लानेसे पहले शस्त्रकलाविदों द्वारा) संरक्षणकी औपचारिक क्रिया[F], सलामी पैतरा; स्वागत या भेंट[F]के रूपमें दिया हुआ चुम्बन (प्रा० या हास्य०); २. v.t. & i. अभिवादन करना, प्रणाम करना, नमस्ते करना, स्वागत करना, नमस्कार करना; (क०) सम्राट्के रूपमें सलाम करना, सलामी[F] देना; (प्रा०) मिलने या बिछुड़नेपर (व्यक्तिके गाल या हाथका) चुम्बन लेना, चूमना; मुस्कान, शपथ[F], वचनवर्षा[F] आदिसे सम्बोधन करना या मिलना, भेंट करना; कर्णगोचर होना, सुनाई पड़ना; दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना, नजर[F] आना; *take the* ~ अभिवादन ग्रहण करना, प्रणाम स्वीकार करना, सलाम लेना; *the* ~ अभिवादन करनेमें किसी सैनिक, नाविक, सिपाही आदिकी मुद्रा[F] ।

saluter –टॅर् n. अभिवादक, अभ्यर्थक, नमस्कर्ता, प्रणाम करनेवाला, सलाम करनेवाला ।

salutiferous सैल्(ल्यू)टि′फ़ॅरॅस् a. स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्द्धक, स्वास्थ्यप्रद, सेहती ।

salvabileity सैल्वॅबि′लिटि n. रक्षणीयता[F], बचाये जानेकी क्षमता[F] ।

salvable –वॅबॅल् a. (जहाज या असबाब) संरक्षायोग्य, रक्षणीय, बचाने योग्य ।

salvage –विज् १. n. भ्रंशोद्धार, (चि०) पुनरुद्धार, आग[F] इत्यादिसे सम्पत्ति[F]की रक्षा[F], नाशरक्षण, (वाणि०) **निस्तार,** (वाणि०) **निस्तारण,** उद्धार, बचाव; (नौवि०) **उबारना, उबार;** (परि०) **पुरस्कार;** (डूबने या नष्ट होनेसे) बचायी हुई सम्पत्ति[F], सामग्री[F], सामान, माल-असबाब; **बचा-खुचा माल, माल बचाना, माल निकालना; कबाड़,** डूबने या टूटनेसे जहाज या उसके सामानको बचानेका पारिश्रमिक, नाशरक्षण शुल्क, मेहनताना, मजदूरी[F] (~ *money*); रद्दी कागज या रद्दी धातु[F]को इकट्ठा करना और प्रयोग करना; २. v.t. आग[F] आदिसे सुरक्षित करना, उद्धार करना, नष्ट होनेसे जहाज या उसका असबाब बचाना;

~ agreement, ~ award, ~ corps, ~ depot, ~ fee, ~ hook, ~ loss, ~ party, ~ service, ~ undertaking.

salvarsan सैल्′वॅर्सैन् n. नेपदर्शतिक्ती[F], पुनरावर्ती ज्वर और फिरङ्ग रोगमें प्रयुक्त औषध[F]-विशेष, सलवर्सन ।

salvation सैल्वे′शॅन् n. आत्मा[F]का रक्षण, (दर्श०) **परित्राण,** रक्षा[F]; **निस्तार,** मोक्ष, मुक्ति[F], निर्वाण, उद्धार, पापमुक्ति[F], परमगति[F], ऊर्ध्वगति[F], छुटकारा, निजात; क्षति[F] या संकट आदिसे संरक्षण, बचाव; परित्राता, संरक्षक, क्षति[F] या संकट आदिसे बचानेवाला (*be the* ~ *of*); *find* ~ धर्मग्रहण करना, धर्मपरिवर्तन कर लेना, शुद्ध हो जाना; (हास्य०) ऐसा सूत्र ढूँढ़ निकालना जिसके द्वारा कोई अपने सिद्धान्तों आदिको छोड़नेका उपाय पा सके; S~ Army (धार्मिक पुनरुद्धारके सम्बन्धमें जनता[F]के द्वारा बनायी गयी) मुक्तिसेना[F], मोक्षसेना[F], मुक्ति फौज[F] ।

salvationism –निज़म् n. मुक्तिवाद, ईसाई मोक्षवाद, धर्मका उद्धारवाद ।

salvationist –निस्ट् n. मुक्तिवादी, मोक्षवादी, ईसाई पापनिस्तारवादी ।

salve साव्′,सैल्व्′ १. n. अनुलेप, मलहम, मरहम; तारकोल और चर्बी[F]का लेप; क्लेशमयी भावनाओं[F]को शान्ति[F] देनेवाला, व्याकुल चित्तको धैर्य बँधानेवाला (पदार्थ); (प्रा०) दोषको कम करनेवाला और विषमता[F]को हटानेवाला; २. v.t. घावोंपर मरहम लगाना; चुपड़ना, लेप लगाना, मलना; (आत्मानुराग, विवेक, घमण्ड आदिको) शमन करना, प्रशमित करना, शान्त करना, ठण्डा करना; (अपमान, बुराई[F] आदिका) निवारण करना, दूर करना, अच्छा बना लेना; (आग[F]से सम्पत्ति[F]की) रक्षा[F] करना, बचाना; (जहाज या उसके असबाबको) समुद्रमें नष्ट होनेसे बचाना; (विपरीतता[F] या विषमता[F]को) समन्वित करना, एकतान करना, मिलाना; (कठिनाईकी) परिकल्पना[F] करना, अनुमान करना, सोचना; (सन्देहका) निवारण करना, दूर करना, मिटाना ।

salver सैल्′वॅर् n. रजतपात्र; सोने, चाँदी[F], पीतल या बिजली[F] द्वारा कलई[F]की गयी तश्तरी[F], थाली[F] ।

salvo[1] सैल्′वो n. (pl. *-s*) अन्तर्हित आरक्षण, अव्यक्त संरक्षण, T. कानूनकी अपवादधारा[F], रक्षण, बन्धन, शर्त[F], (*with an express* ~ *of their rights*); अपनी बुद्धिमत्ता[F] या अभिमानको तुष्ट करनेकी युक्ति[F], अपनी ख्याति[F]की रक्षा[F]का उपाय, अपनी इज्जत[F] रख सकनेवाली बात[F]; व्यपदेश, श्लिष्ट बात[F], वाक्छल, बुरा बहाना, बचाव, टाल-मटोल[F] ।

salvo[2] n. (pl. *-s, -es*) प्रशंसा[F]की भरमार[F], जयजयकार[F]; एक ही समयमें विमानके द्वारा फेंके गये बमों की संख्या[F], बमोंकी मार[F]; संगोलन, युगपद्गोलन, तोपों[F] या बन्दूकों[F]की सलामी[F] या समुद्री लड़ाई[F]में तोपों[F] और बन्दूकों[F]का एक ही समयपर दागना, तोपों[F]की बाढ़[F]; बौछार[F] ।

salvo jure (L) अधिकारकी रक्षा करते हुए; बिना पूर्वाग्रहके ।

salvolatile सैल्वॅलै′टिलि n. मूर्छा[F]दूर करनेवाला, एमोनियम कार्बोनेट ।

salvor सैल्′वर् n. (वाणि०) **निस्तारक,** नाशरक्षी, डूबते हुए जहाज या मालको बचानेवाला मनुष्य या पोत ।

S.A.M. Senior Assistant Movement.

Sam. Samuel.

Sam सैम्′ n. (ग्रा०), *stand* ~ व्यय स्वीकार करना, सभी मूल्य चुकाना, खर्च उठाना; *upon my* ~ दृढ़ोक्ति[F], स्थिर मत, सशपथ कथन ।

samaj समेज् n. समूह, वृन्द, कलाप, जनसमूह; धार्मिक

सम्मेलन, धर्मोत्सव, समाज।

samara सॅ'मॅरॅ n. सपंख फल, सपक्ष फल, पखनेदार फल; (वन०) **सपक्ष**,T.

samaritan सॅमॅ'रिटॅन् १. n. धार्मिक, समेरियाकी धार्मिक रीति^F^का अनुयायी; समेरियाका निवासी; समेरियाई भाषा^F^; २. a. समेरिया-सम्बन्धी, समेरियाई; *good* ~ सचमुचमे दानशील मनुष्य; *the* ~ *pentateuch* समेरियाई संस्करण या वाइवल-पाठ।

samaritanism –निज़म् n. समेरियाई धर्म।

sambo सैम्'बो n. (pl. *-s, -es*) वर्णसंकर, दोगला, दोनस्ला; नीग्रो, हवशी।

sam Browne सैम् 'ब्रॉउन् n. सैन्य अधिकारीकी पेटी^F^ और पट्टे।

sambuca सैम्ब्यू'कॅ n. वीणा^F^, वीन^F^, सम्बूका।

sambur सैम्'बर् n. भारतीय साँभर मृग।

same* सेम्' १. a. अनन्य, अभिन्न, समान, वही~, वैसा ही, उसी तरह (~ *offence*, ~ *transaction*); साथ-साथवाला (*by the* ~ *token*); पूर्वोक्त, उपयुक्त, उपरिवर्णित, उपरिलिखित, उपरिकथित, पूर्वनिश्चित, ऊपर सोचा हुआ (*what is the use of this* ~ *patience ?*); निर्विशेष, तुल्य, समान, यथावत्, ज्यों-का-त्यों, अभिन्न, अपरिवर्तित, समरूप, एकरूप, एकस्वर, एकरस, एकरंग, एक-सा, नीरस, एक ही-सा (*the life is perhaps a little* ~); तद्रूप, तदनुरूप, एकरूप, सदृश, समरूप, तन्मय, मिलता-जुलता, एक ही, बराबर (*expectation of pleasure is the* ~ *thing with desire*); २. pron. पूर्ववर्णित व्यक्ति, पूर्वोक्त वस्तु^F^ या बात^F^ (*grace and power faithfully fulfil the* ~); वही वस्तु^F^, एक ही बात^F^, वही चीज^F^ (*we must all say, do, the* ~); वही पुरुष, वही आदमी, वही, उसी (*to the* ~); ३. adv. समान शैलीमें, समान रूपसे, उसी प्रकारसे, उसी ढंगसे (*think the* ~ *of*); तथापि, भिन्न परिस्थितियों^F^के अतीत होनेपर भी, तब भी, तो भी, होते हुए भी; *just the* ~ (परिवर्तित अवस्थाओं^F^के होते हुए भी) ज्यों-का-त्यों, वैसा ही, उसी रंगमें; *the very* ~ बिलकुल वही।

samel सॅ'मॅल् a. (ईंट^F^) अधपकी, खाम।

samely सेम्'लि a. अपरिवर्तित, हूबहू वही।

sameness –'निॅस् n. अभिन्नत्व, अभिन्नता^F^, साम्य, समता^F^, एकत्व, ऐक्य, एकरूपत्व, तद्रूपता^F^, समभाव, समानता^F^, सादृश्य, अभेद, एकसापन, बराबरी^F^।

samiel से'मिअॅल् n. उत्तप्त वायु^F^, उष्ण अन्धड़, उष्ण आँधी^F^, अरबके मरुस्थलकी धूलभरी आँधी^F^, लू^F^।

samisen सॅ'मिसेॅन् n. समिसेन, जापानी बैंजो।

samite सॅ'माइट् n. (प्रा०) (मध्ययुगका एक बहुमूल्य) सोनेके तारोंवाला रेशमी कपड़ा, जरबफ्त, बादला, जरी^F^।

samlet सैम्'लिॅट् n. समान मछली^F^का बच्चा।

samovar (Russ.) सॅमॅवार' n. समोवर, रूसी चायपात्र, रूसी चायदानी^F^; चाय^F^ उबालनेका बर्तन।

samp सैम्प्' n. (अमेरिकाके आदिवासियोंकी) खीर, दलिया।

sampan सैम्'पैन् n. चीनी नौका^F^; चीनी नाव^F^ (जिसका प्रयोग घरके रूपमें होता है); (नौवि०) **सांपान**।

samphire, sampire सैम्'फाअॅर्, -पॉअॅर् n. एक सुगन्धित नुनखारी पत्तियोंवाला चट्टानी पौधा,, (वन०) T.

sample साम्'पॅल् १. n. **प्रतिदर्श**, उदाहरण, प्रतिरूप, मिसाल^F^ (*if that is a fair* ~ *of his proceedings*); आदर्श, न्यादर्श, प्रतिरूप, (तर्क०) निदर्श, (यंत्र०, प्रा० भूगोल, रसा०) **नमूना**, सैम्पल, **बानगी**^F^; २. v.t. प्रतिनिधि रूप अनुभव प्राप्त करना, नमूना लेना या देना, गुणोंकी परीक्षा^F^ करना, खूबियों^F^को जाँचना, बानगी^F^ देना या दिखाना; ~-card नमूनेपरका लेबुल, मालके नमूनेके साथ संलग्न पत्र;

~ area, ~ bag, ~ bottle, ~ census, ~ check, ~ copy, ~ enquiry, ~ inspection, ~ jar, ~ oil bottle, ~ outfit, ~ plot, ~ plot procedure, ~ probability, ~ room, ~ size, ~ space, ~ survey, ~ survey scheme, ~ tree, ~ tube, ~ tubeform bottle, ~ village accounts.

sampler[1] –लॅर् n. न्यादर्शक, **प्रतिचमक**, **पारखी**, नमूना दिखानेवाला या लेनेवाला, नमूने छाँटनेवाला।

sampler[2] साम्'प्लॅर् n. **प्रतिदर्शित्र**, **परखी**, लड़कियों^F^की सुईकारी^F^ या कसीदेकी कला^F^का नमूना; नया पेड़ (जो खड़ा छोड़ दिया गया हो, जबकि दूसरे काट डाले गये हों)।

samplery साम्'पॅलॅरि n. न्यायदर्शन, नमूना दिखाना।

sampling -लिंग् n. न्यायदर्श, (तर्क०) निदर्शन, (कृषि०) प्रतिदर्शन; (सांख्य०) **प्रतिदर्शी**, **प्रतिचयन**; नमूना (~ *orders*); (कृषि०) **नमूना लेना** या चुनना;

~ apparatus, ~ dipper, ~ distribution, ~ enquiries, ~ enumeration, ~ error, ~ inspection, ~ method, ~ moment, ~ number, ~ survey, ~ tube.

samshu सैमशू n. शालि-मद्य, शाल्यासव, मण्ड-मदिरा^F^ (चावलसे बनी चीनी शराब^F^), समशू^F^।

Samson, -pson सैम्'सॅन्, -प'सॅन् n. अत्यन्त बलवान् पुरुष, अतिबलशाली मनुष्य, महावीर, वज्रांगी, बजरंगी; ~ post (नौवि०) **भीम खम्भा**।

samurai सॅ'मुअॅराइ n. (pl.) समूराई वर्ग, जापानी सैन्य; जापानी सैनिक, समूराई^F^।

sanable ○सॅ'नॅबॅल् a. चिकित्स्य, साध्य (रोगादि), स्वस्थकरणीय, प्रकृतिस्थकरणीय, सुस्थकरणीय; स्वस्थ करने योग्य, अच्छा हो जानेवाला (घाव आदि)।

sanad सॅ'नॅड् n. प्रमाणपत्र, सनद।

sanative, -tory सॅ'नॅटिव्, -टॅरि aa. आरोग्यकारक; स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी, रोगनिवारक, रोगनाशक, रोगहर, सेहतआवर, शफावख्श; सदाचारप्रद, धर्मनिर्देशक; नैतिक-स्वास्थ्य-विधायक; मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य-सुधारसे सम्बन्धित।

sanatorium सैनॅटॉ'रिॲम् n. (pl. -*ia*) (चि०) **आरोग्याश्रम**, आरोग्यशाला^F, **आरोग्य-निवास**; आरोग्यगृह, आरोग्य-सदन, स्वास्थ्यनिवास, **सेहतगाह**^F, रोगियोंका चिकित्सालय या शफाखाना; रोगियोंके लिए सुन्दर जलवायु^Fका स्थान, सेनेटोरियम।

sanbenito सैन्बि'नी'टो n. (pl. -s) सेण्ट एण्ड्रूजके लाल क्रॉसवाली पश्चात्तापसूचक कन्धेके आकारकी पीली पोशाक^F, उसी प्रकारकी काली पोशाक^F।

sancho सैङ्'को n. (अमेरिकी हबशीकी) सारंगी^F, संचो^F।

sancta simplicitas (L) बच्चोंका-सा भोलापन।

sanctification सैन्क्टिफ़िके'शॅन् n. मूर्त्तिस्थापन, प्रतिष्ठापन; पूतकरण, (दर्श०)**पवित्रीकरण**, शोधन, शुद्धीकरण, अन्तःशुद्धि^F; धार्मिकीकरण, धार्मिक बनाना; पापनिवारण, पापहरण, पापको दूर करना।

sanctified –'टिफ़िड् a. पवित्रीकृत; (व्यंग०) अधार्मिक, आडम्बरी, पाखण्डी, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctifier –फ़ाइॲर् n. पूतकर्ता, पवित्रीकर्ता; शोधक, शुद्धीकर्ता, अन्तःशुद्धिकर्ता; धार्मिक बनानेवाला, पापनिवारक, पापहर्ता, पाप दूर करनेवाला।

sanctify –इ v.t. पावन बनाना, पवित्रता^F उत्पन्न करना, पवित्र बनाना, पवित्रता^F बढ़ाना; पवित्र करना, पुण्यमय बनाना, शुद्ध करना, पाक बनाना; पवित्र मानना, शुद्ध समझना, पाक मानना; धार्मिकता^F प्रदान करना, धार्मिक समर्थनके द्वारा उचित अथवा ग्राह्य बना देना, धार्मिक समर्थन देना; (मूर्ति^F) प्रतिष्ठापित करना; निष्पाप बना देना, पापसे मुक्त करना, पाप हरना, गुनाह^F दूर करना; पवित्रता^F लाना, शुद्धता^F प्रदान करना; अनुमोदन करना, समर्थन करना, मंजूरी^F या इजाजत^F देना; औचित्य प्रमाणित करना, सचाई^F दिखाना, ठीक ठहराना (*the end ~ fies the means*); अकलुषित घोषित करना, निर्दोष बताना, बेकसूर साबित करना।

sanctifying –इंग् a. शोधक, पावन, पवित्र कर देनेवाला।

sanctimonious सैन्क्टिमो'निॲस् a. दाम्भिक, दम्भी, कपटधर्मी, धर्माभिमानी, पाखण्डी, बकवृत्ति, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctimoniousness –निॅस् n. धर्मध्वजता^F, दाम्भिकता^F, दम्भ, कपट, पाखण्डीपन, ढोंगीपन।

sanctimony –'टिमॅनि n. धर्मध्वजता^F; दम्भ, कपट, बकवृत्ति^F, पाखण्ड, पाखण्डीपन, ढोंगीपन, दिखावटीपन।

sanction¹ सैन्क्'शॅन् n. आज्ञप्ति^F, (का०) **अनुशास्ति**^F, अनुज्ञप्ति^F, आदेश, प्रादेश, विधान, (दर्श०) **अनुशासन**, अधिनियम, विधि^F, नियम, कानून, कायदा, अदालती फैसला, डिग्री^F; (नीति०) नीति-विचार, सन्नियम-पालनका विचार; पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम (*remuneratory ~*); दण्ड; सजा^F (*vindicatory* or *punitive ~*); इस प्रकारके पुरस्कार या दण्डको प्रदान करनेवाली कानूनी धारा^F; सत्ता^F, प्रमाण, प्रामाण्य; पुष्टीकरण या अनुमोदन, सम्मोदन, स्वीकृति^F, अनुमति^F, दृढ़ीकरण, (का०) **मंजूरी**^F, तसदीक^F; आधिकारिक आदेशकी अभिव्यक्ति^F; किसी प्रथा^F आदिके द्वारा किसी कार्यका समर्थन, प्रोत्साहन, पोषण, बढ़ावा।

sanction² v.t. (कानून) पुरस्कार अथवा दण्ड स्वीकृत करना, इनाम या सजा^Fको मंजूर करना; अधिकार देना, अधिकारी बनाना, स्वीकृति^F देना, सम्मोदित करना, मंजूरी^F देना, इजाजत^F देना, अख्तियार देना; संशोधन करना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, तस्दीक करना; अनिवार्य कर देना, आवश्यक बना देना, जरूरी ठहराना; (किसी कामके लिए) प्रोत्साहन देना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना।

sanctionary –नॅरि a. आज्ञप्ति-विषयक, अनुशास्ति-विषयक, आदेश-विषयक, प्रादेश-विषयक, विधान-विषयक, अधिनियम-सम्बन्धी, विधि-सम्बन्धी, नियम-सम्बन्धी, कानूनका, कायदेका; पारितोषिक-विषयक, पुरस्कार-सम्बन्धी; अनुज्ञप्ति-विषयक, अनुमति-सम्बन्धी; आज्ञप्त्यात्मक, अनुशास्त्यात्मक, विधियुक्त, नियमयुक्त; अनुज्ञप्त्यात्मक, अनुमतिपूर्ण।

sanctioned –न्ड् a.आज्ञप्त, सम्मोदित, आदिष्ट; स्वीकृत, मंजूर;

~ budget, ~ cadre, ~ establishment, ~ estimate, ~ expenditure, ~ map, ~ pay, ~ rate, ~ scale, ~ scheme, ~ work.

sanctioning –निंग a. सम्मोदी, सम्मोदन-, अनुशासी (~ *authority, power*)।

sanctionless –नॅलॅस् a. आज्ञप्तिरहित, नियमरहित, विधिहीन, बिना डिग्री^Fके; दण्डरहित; समर्थनहीन, अनुमोदनरहित, बिना पुष्टीकरणके; अधिकाररहित, बेमंजूरीके; बिना तसदीकके, बिना अख्तियारके।

sanctitude सैन्क्'टिट्यूड् n. (अब क्व०) ऋषित्व, सन्तत्व, सन्तपन, साधुता^F, तपस्वीपन, शुद्धाचरणशीलता^F, पवित्रता^F, धार्मिकता^F, बड़प्पन, बुजुर्गी^F।

sanctity –टिटि n. ऋषितुल्यता^F, सन्तत्व, शुद्धता^F, पुण्यशीलता^F, विशुद्धि^F, पुण्यता^F, (दर्श०) **पवित्रता**^F, धार्मिकता^F, निर्मलता^F, बुजुर्गी^F, (*odour of ~*); श्रद्धास्पदत्व, पूजनीयता^F, सम्माननीयता^F, आदरणीयता^F, आदर, मान, इज्जत^F; अलंघ्यता^F, अनुल्लंघनीयता^F; (pl.) देवत्व, पवित्र भावनाएँ^F, पुनीत वृत्तियाँ^F, पुनीत कार्य, पवित्र या धार्मिक कृत्य, शुद्ध विचार (*the ~ies of the home*); बन्धन, कृत्य।

sanctuary सैन्क्'च्यूॲरि n. (शा० एवं ला०) पवित्र स्थान, पुण्यालय, देवालय, देवायतन, पूजाकक्ष, उपासना-गृह, मन्दिर, गिरजाघर, यहूदी मन्दिर, मस्जिद^F, दरगाह^F; गिरजाघरका भीतरी कक्ष, गर्भगृह, गर्भागार; अपराधीके लिए रक्षास्थल, शरण्यस्थान, (इति०) **शरण-स्थान**, मुक्तिदायक शरणस्थल, अभयपद, शरण्य, आश्रय-स्थल, संश्रय, आसरेकी जगह^F, बचावकी जगह^F, पनाह^F (*London, the ~ of political refugees*); मुक्ति-अधिकार, कर या बन्धन आदिसे मुक्ति^F, छूट^F,

छुटकारा देनेका अधिकार, आश्रय-अधिकार, पनाह[F] देनेका हक (*violate or break* ~); (शिकार) मृगवन, पशुओं, पक्षियों या मछलियों[F]के शिकारके लिए वर्जित समय या स्थान; rights of ~ आश्रय देनेकी क्षमता[F], शरण[F] देनेका अधिकार, पनाह[F]का हक; *take seek*, ~ आश्रय लेना, शरण[F] ग्रहण करना, पनाह[F] लेना।

sanctum (sanctorum) (L) सैन्क्'टॅम् (सैन्क्टॉ'रॅम्) n. निभृत कक्ष, अध्ययन-कक्ष, निजी कक्ष, एकान्त कमरा; (यहूदी मन्दिरमें) उपासनाकक्ष, पुनीतस्थल, (इति०) **पुण्यागार,** पुण्यभूमि[F], तीर्थ, पवित्र आसन; अति पावन स्थल।

sand* सैन्ड्' १. n. **सिकता**[F], बालू[F], बालुका[F], (कृषि०) **बालू**[F]*, **रेत**[F], धूल[F], रेग[F]; (pl. भी) पुलिन, सैकत, बालुका-तट, रेतीला किनारा; सिकताकण, बालू[F]के कण, रेत[F]के कन ⊙ (*numberless as the* ~); मरुभूमि[F], मरुस्थल, रेगिस्तान, रेतीला मैदान; (बोल०) कार्यनिष्ठा[F], निश्चयता[F], दृढ़ता[F], उद्देश्यकी स्थिरता[F], मन्तव्यकी दृढ़ता[F], धैर्य, पक्कापन, साबितकदमी[F]; २. v.t. बालुकावृत्त करना, रेत[F] डालना, रेत[F] छिड़कना; (चीनी[F], ऊन आदिमें) बालू[F] मिला देना; बालू[F]में गाड़ देना; बालू[F]से पालिश[F] करना; ~-bag बालुस्यून[F], रेत[F]की बोरी[F], बालू[F]का बोरा; ~bag v. बालू[F]के बोरेसे रक्षा[F] करना, मोर्चाबन्दी[F] करना, (रास्ता रोकनेके लिए) बालू[F]के बोरे लगाना; बालू[F]के बोरेकी चोट[F]से गिराना; ~bank (प्रा० भू०) **बलुई निमग्निका**[F]; रेतीला तट, समुद्र या नदी[F]का बालू[F]का किनारा; ~-bar बालुवप्र, बालुरोधा[F], (प्रा० भू०) **बलुई-भित्ति**[F], नदी[F] या बन्दरगाहके मुँहपर बालू[F]का ढेर, डेल्टा; ~ bath (रसा०) **बालू-ऊष्मक,** (चि०) बालुका[F] स्नान, उष्ण बालुका[F] अवगाह; ~ bin **रेतखत्ता,** ~-binder रेतीले तटको पक्का करनेवाला पौधा; ~ blind धुँधला, चुन्धा; ~boy बालू[F] बेचनेवाला लड़का; ~-eel साँप-जैसी मछली[F]की एक जाति[F]; ~-glass बालूघड़ी[F], रेतघड़ी[F]; ~ grouse भट्टीतर; ~man रेत-वाला; ~-martin सैकत चटी[F], एक प्रकारका अबाबील पक्षी; ~paper सिकता-पत्र, (रसा०) **बालू-पत्र,** रेग-मार[F], **रेगमाल**[F], लकड़ी[F]पर पालिश[F] करनेका बालू[F] लगा हुआ कागज; (v.t.) रेगमाल[F] कागजसे पालिश[F] करना; ~ piper जलरंक, टिटिहरी[F]; ~-shoes बालुई जूते, बालू[F]में चलनेके जूते; ~-stone बालुकाश्म, बालुकामय प्रस्तर, रेतीला पत्थर, भुरभुरा बलुआ पत्थर (*old ~ stone*); ~-storm बालुकामेघ, रेत[F]का तूफान; **रेतीली आँधी**[F]; **रेतीला तूफान;** **आँधी**[F]; *built on* ~ अस्थायी, नश्वर;

~ bag, ~ beach, ~-bed, ~ blast, ~-blasted, ~-blasted bottle, ~-blasting, ~ ~ blower, ~ box operating handle, ~ bucket, ~ calciner, ~ casting, ~ channel, ~ clock, ~-coloured rat, ~ crab, ~ crater, ~-culture, ~ cup, ~ drift, ~ dune, ~ features, ~ filtration, ~ flea, ~ fly fever, ~ hill, ~ hole, ~ hopper, ~ hump siding, ~ islands, ~ lark, ~-leek, ~-lizard, ~ mat, ~-mixer, ~ model, ~ packing, ~ pile, ~ pillar, ~ pipe, ~ pit, ~ plain, ~ plant, ~ plover, ~ reed, ~ sedge, ~-shark, ~ snake; ~ stone oil, ~ tin, ~-trap, ~ tray, ~ wasp.

sandal[1] सैन्'डॅल् १. n. पादुका[F], चट्टी[F], सैंडल[F], चप्पल[F]; नीचे जूते बाँधनेका फीता; २. v.t. पादुका[F] पहनना, चट्टी[F] या चप्पल पहनना; चप्पल या नीची एँड़ी[F]के जूतेको फीतेसे बाँधना।

sandal[2] **(wood)** (वुड) n. श्वेत चन्दन, चन्दनकाष्ठ, सन्दलकी लकड़ी[F] (*white, yellow, red,* ~); ~-tree मलाबारकी सफेद चन्दनकी लकड़ी[F];

~ bark, ~ chip, ~ dust, ~ oil, ~ root.

sandalled –ल्ड् a. पादुकायुक्त, चट्टीवाला, चप्पल पहने हुए।

sand-blind सैन्ड-'ब्लाइन्ड् a. (प्रा०) अल्पदृष्टि, धुँधली दृष्टिवाला, चौंधा, चौंधर।

sanded सैन्'टिड् a. सैकतीयित, सैकतित, बालुकाकीर्ण, बालुकापूर्ण, बालुकामय, बालुकायुक्त, बलुई, बालूदार, रेतीला, बलुई वर्णयुक्त, बलुई रंगका।

sanderling सैन्'डॅलिंग् n. जलचर, जलकुक्कुट।

sanders, saun- सैन्'डॅर्स् , -सान्- n. रक्तचन्दन, अरुणचन्दन, देवीचन्दन, लाल चन्दन।

Sandhurst सैण्ड्'हर्स्ट् n. इंग्लैण्डका रॉयल मिलिटरी कॉलेज या एकेडमी[F], सैण्ड्हर्स्ट।

ssandiness सैन्'डिनिॅस् n. सिकतिलता[F], बालुका-कीर्णता[F], बालुकामयता[F], बालूमय अवस्था[F], बालुईपन, रेतीलापन।

sandman सैन्ड्'मॅन् n. (सोते बच्चोंको डराकर जगाने-वाली) परियों[F]की कहानी[F], चुड़ैल[F]की कहानी[F], मुनही कहानी[F], परेतिन[F]की कहानी[F]।

sandwich सैन्ड्'विच् १. n. अन्तःपूर्णा[F], रोटी[F]के जुड़वाँ टुकड़े (जिनके बीचमें मांस आदि भरा रहता है), सैण्डविच[F]; (ला०) मिश्रण दो पक्ष, दोरुखा (*a ~ of good & bad*); विज्ञापनकी पेटियों[F]को आगे-पीछे टाँगकर चलनेवाला लड़का या आदमी; २. v.t. अन्तर्निविष्ट करना, दो भिन्न प्रकारकी वस्तुओं[F] या वक्तव्योंके बीच किसी वस्तु[F] या वक्तव्यको प्रविष्ट करना, मिलाना, भरना, ठूँसना।

sandwichman –मॅन् n. विज्ञापक व्यक्ति (वह व्यक्ति जो दोनों पार्श्वोंमें विज्ञापनके तख्ते लटकाकर चलता है)।

sandy[1] सैन्'डि n. स्कॉटलैण्डवासी (का अपनाम)।

sandy[2] a. (संज्ञागत अर्थोंमें), सैकत, सिकतिल, बालुमय, (कृषि०, प्रा० भूगोल०) **रेतीला,** बलुई (*~ soil*), **बलुआ,** बालूका; बालू[F]के रंगका, पीलापन लिये हुए लाल (बाल), बालू[F]के-से रंगोंके बालोंवाला (व्यक्ति); अस्थिर, भंगुर; ~ area बालु-क्षेत्र; ~ clay बलुई मिट्टी[F], रेतीली मिट्टी[F]; ~loam (कृषि०) दोमट बलुई।

sandyish –डिइश a. सिकतिल, बालू-जैसा, रेतीला-सा।

sane सेन्' a. स्वस्थ, **स्वस्थचित्त, प्रकृतिस्थ,** निरामय, अविक्षिप्तचित्त, अनुन्मत्त, सुस्थ, ठीक बुद्धिका, समझदार, सयाना; उदार, संयत, युक्तियुक्त, उपयुक्त, बुद्धिमत्तापूर्ण, ठीक, माकूल, वाजिवी (विचारोंका) ।

saneness –'निँस् n. स्वस्थता^F, स्वस्थचित्तता, प्रकृतिस्थता^F, निरामयता^F, अविक्षिप्तता^F, अनुन्मत्तता^F, सुस्थता^F, ठीक बुद्धि^Fका होना, समझदार होना, अक्लमन्दी^F, सयानप; उदारता^F, संयतता^F, युक्तियुक्तता^F, बुद्धिमत्ता^F, विवेकपूर्णता^F, माकूलियत^F, वाजिवियत^F ।

sang SING का भू० कृ० ।

sang(r) सैन्'गॅ(र्) n. पत्थरका कवच या सीनाबन्द, साँगा ।

sangaree सैन्गॅरी' n. सैंगरी^F, (उष्ण देशोंका एक मादक पेय) ।

sang-froid सान्-'फ़्वा n. (विपत्ति^F या कठिनाई^Fमें) अविक्षुब्धता^F, शान्ति^F, सुस्थिरता^F, मानसिक सन्तुलन, शान्तचित्तता^F, धैर्य, धीरता^F, संयम ।

Sangha संघ n. संघ ।

sangraal, -grail, -greal –ग्राल, -ग्रेल, -ग्रील n. = GRAIL[1]

sanguiferous सैन्ग्वि'फ़ॅरॅस् a. रक्तचारी, रक्तसंचारी, रुधिरवाही, रुधिर-संवाही, खून ले जानेवाली ।

sanguification –फ़िके'शॅन् n. रक्तनिर्माण, खून बनना (अन्नरससे) ।

sanguifier –'ग्विफ़ाइॲर् n. रक्तनिर्माता पदार्थ, रुधिर-रचयिता पदार्थ, खून बनानेवाली वस्तु^F ।

sanguifluous –'फ़्लुॲस् a. रक्तसहचारी, रुधिरसहगामी, खूनके साथ दौड़नेवाला ।

sanguinariness सैन्'ग्विनॅरि-निँस् n. हिंस्रकता^F, रुधिरप्रियता^F, रक्तपिपासा^F, क्रूरता^F, हिंसात्मकता^F, खूनीपन, खूँख्वारी^F ।

sanguinary –रि a. हिंस्र, हिंसक, रुधिरप्रिय, रक्तस्रावी, रक्तपिपासु, जिघांसु, मारात्मक, लोहूका प्यासा, खूनी, खूनका प्यासा, खूँख्वार; क्रूर, कठोर, निष्ठुर, निर्दय, मृत्युदायक, वेरहमीका (कानून); रक्ताक्त, रक्तमय, वहुरक्त, रक्तपातदूषित, लोहू-लुहान ।

sanguine –न्' १. n. लाल रंगकी खड़िया मिट्टी^Fसे खींचा हुआ चित्र; रक्त वर्ण, लौहवर्ण, लाल रंग; लाल रंगकी खड़िया^F; लौह-विन्दु; २. v.t. (का०) रक्तसे कलंकित करना, खूनसे रँगना, लाल रँगना; ३. a. (क०) रक्ताक्त, रक्तस्रावी, रक्तपूर्ण, खूनी, लोहू-लुहान (~ *slaughter*); (साहि० एवं प्राकृ० इति०) रक्तिम, रक्तके रंगका, सुर्ख, लाल, खूनके रंगका (~ *ant*, *sponge*); (क०) रक्त-सम्बन्धी, रक्तका, खूनका (~ *rain*); रक्ताभ, रक्तवर्ण, लालिमायुक्त, उज्ज्वल, अलंकृत, लाली^F लिये हुए; रक्ताभ आकृति^Fका, रक्तिम रूपका, आशामय लालिमायुक्त चेहरेवाला, चमकदार चेहरेवाला; (इति०) तीक्ष्ण, गाढ़, चण्डस्वभाव, उग्र, क्रोधी, तेज; उत्कट, उत्साहपूर्ण, जोशीला, सरगरम; विश्वासी, (शिक्षा०) **सुप्रत्याशी, अत्याशी,** अतिविश्वासी, आशामय, आशापूर्ण, आशावादी, आशावान्, उम्मीदभरा, पक्का, यकीनी; शुभाकांक्षी, मंगलाकांक्षी ।

sanguineness –निँस् n. रक्तपूर्णता^F, रक्ताक्तता^F; रक्तवर्णता^F, लालिमायुक्तता^F; रक्तिमा^F, लालिमा^F, लाली^F; उग्रता^F, क्रुद्धता^F, तेजी^F; अत्याशा^F, आशावादिता^F, आशापूर्णता^F; उत्साह, ओजस्विता^F, जोश, जोशीलापन, गरमी^F, सरगरमी^F; विश्वासीपन ।

sanguineous –'निॲस् a. रक्तमय, रक्तयुक्त, रक्त, रक्तप्रधान, रुधिरपूर्ण, शोणित, रक्तका, खूनका; रक्तिम, रक्तवर्ण, लाल, खूनी ।

sanguinivorous –नि'वॅरॅस् a. रक्ताशी, रक्तजीवी, रुधिरपायी, खूनपर जीवित रहनेवाला ।

sanguinolent –'नॅलॅन्ट् a. रक्त, रक्ताभ, रुधिराभ, रुधिरके समान लाल; रक्तरंजित, खूनसे रँगा हुआ ।

sanguis –ग्विस् n. (चि०) रक्त ।

Sanhedrim सैं'निँड्रिम् n. प्राचीन यहूदी सर्वोच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च परिषद^F, यहूदी संघ ।

sanies से'निईज़् n. (चि०) फोड़ेसे निकलनेवाला पतला, दुर्गन्धी, हरा, पयदार, लसीदार स्राव ।

sanify सैं'निफ़ाइ v.t. स्वस्थ करना, स्वस्थचित्त करना, प्रकृतिस्थ करना, निरामय करना, अविक्षिप्तचित्त करना, अनुन्मत्त करना, सुस्थ करना, होश ठिकाने लाना, समझदार बनाना, उदार बनाना, संयत बनाना, युक्तियुक्त बनाना, उपयुक्त बनाना, बुद्धिमत्तापूर्ण बनाना, ठीक बनाना, ठीक कर देना, वाजिब बनाना ।

sanious से'निॲस् a. (चि०) दुर्गन्धित पूयस्रावसम; पूयस्रावी, व्रण-द्रव-सम्बन्धी, व्रण-रस-सम्बन्धी, फोड़ेके पानीका; व्रणजलवत्, व्रणद्रव-सदृश, व्रणरसाभ, फोड़ेके पानी-जैसा, पीववाला ।

sanitarian सैनिटेॲ'रिॲन् n. & a. स्वच्छताप्रचारक, आरोग्य-सम्बन्धी सिद्धान्तोंका समर्थक; स्वास्थ्यरक्षा-विषयक, स्वास्थ्यरक्षा-सम्बन्धी; स्वच्छता^F एवं स्वास्थ्यप्रचारक संस्था^F या सभा^F ।

sanitariness –'निटॅरि-निँस् n. आरोग्यकरता^F, स्वास्थ्यपरता^F, स्वास्थ्यवर्धकता^F, स्वास्थ्यरक्षात्मकता^F, तन्दुरुस्ती^Fके कायदोंकी पाबन्दी^F; स्वच्छता^F ।

sanitarist –रिस्ट् n. स्वास्थ्यपरतावादी, स्वच्छतावादी, सफ़ाईपसन्द, स्वच्छता-विज्ञ ।

sanitarium –टेॲ'रिॲम् n. आरोग्याश्रम, आरोग्यशाला^F, आरोग्यगृह, आरोग्यस्थान, स्वास्थ्यनिवास, शफ़ाखाना; सुरम्य स्थल, रोगियोंके लिए सुन्दर जलवायु^Fका स्थान; = SANATORIUM.

sanitary –'निटॅरि a. आरोग्यकर, (चि०) **स्वास्थ्य-,** स्वास्थ्यप्रद, **स्वास्थ्यकर,** आरोग्यावह, स्वास्थ्यवर्धक, आरोग्यरक्षक; स्वच्छ; आरोग्यकारी, स्वास्थ्यपरक, (चि०) **परिशोधी,** स्वास्थ्यरक्षा-विषयक, स्वच्छता या नीरोगिता-सम्बन्धी, स्वास्थ्य-, रोगनिवारण-सम्बन्धी, सफ़ाई-; ~ inspector स्वच्छता निरीक्षक; ~ *towel* मासिक धर्ममें काम आनेवाली तौलिया^F या गद्दी^F;

~ administration, ~ arrangement, ~ authority, ~ block, ~ chemistry, ~

commissioner, ~ conditions, ~ defects, ~ department, ~ duties, ~ engineer, ~ engineering, ~ fittings, ~ improvement, ~ inspection, ~ inspector, ~ laws, ~ measures, ~ officer, ~ privy, ~ pump, ~ regulations, ~ report, ~ rule, ~ scheme, ~ services, ~ ware, ~ well.

sanitate –टेट v.t. & i. स्वास्थ्यरक्षा^Fके नियम पालना, स्वास्थ्य-सम्बन्धी बातों^Fमें सुधार करना, स्वच्छता^F ला देना, सफाई^F करना।

sanitation –टे'शॅन् n. आरोग्य, आरोग्य-प्रबन्ध, **स्वच्छता**^F, शुचिता^F, स्वच्छताप्रबन्ध, **स्वास्थ्यरक्षा**^F, (चि०, कृषि०) परिशोधन, परिशुद्धि^F, संमार्जन, **सफाई**^F।

sanitationist –निस्ट् n. स्वच्छतावादी, स्वच्छता-सुधारवादी, परिशुद्धि-विशारद, स्वास्थ्यरक्षावादी, सफाई-पसन्द।

sanity –'निटि n. **स्वस्थता**^F, सुस्थता^F, सुस्थिरता^F, **स्वस्थचित्तता**^F, प्रकृतिस्थता^F; मानसिक स्वास्थ्य, विवेकशीलता^F, दिमागी सेहत^F; संयम, संयमशीलता^F, मानसिक सन्तुलन, अनुन्माद, विवेकशीलता^F, अनतिवादिता^F, समझदारी^F।

sanjak (Turk.) सैन्'जैक् n. (तुर्कीमें) शासकोपविभाग, शासनोपविभाग, प्रशासकीय प्रदेश; तुर्की जिला।

sank सैन्क्' SINK का भू० कृ०।

san(n)up सैं'नप् n. रेडइण्डियन योद्धा।

san(n)yasi सन्या'सि n. संन्यासी।

sans सैन्ज्', सान्' prep. हीन, विहीन, रहित, मुक्त, बिना, बिन, सिवाय, बिला, बे, बगैर (~ *teeth*); ~ ceremonie adv. बिना प्रदर्शनके, बिना शिष्टाचारके, बेतकल्लुफीसे; ~ culotterie n. गणतन्त्रवादी, क्रान्तिवादी, इन्कलाब-पसन्द; ~ facon adv. बिना शिष्टाचारके, स्पष्ट रूपसे, खुले तौरसे; ~-gene n. अनिपुणता^F; अकुशलता^F, कौशलविहीनता^F, अपरिचय, अज्ञानता^F; असंयम, मानसिक संयमका अभाव, मनोनिग्रहकी कमी^F, अपनेको काबू न कर पाना; ~ peur et sans reproche (F) adv. बिना भय एवं धिक्कारके; ~ phrase दो टूक, बिना किसी प्रतिबन्ध या शर्त^Fके; साफ-साफ; ~-souci निरपेक्षता^F, निश्चिन्तता^F, मौज^F, बेपरवाही^F; adv. बिना सोच^Fके, लापरवाही^Fसे।

sansculotte सैन्ज्क्यूलॉट्, सान्कुलॉट्' n. उग्र क्रान्तिकारी, प्रचण्ड क्रान्तिकारी, भीषण क्रान्तिकारी, तगड़ा बलवाई; अराजकतावादी व्यक्ति।

sansculottic –'टिक् a. अराजकतावादीय, प्रचण्ड क्रान्तिकारी, भीषण क्रान्तिवादी, तगड़े बलवाईका; अराजकतावादी।

sansculottism –टिज़्म् n. उग्र क्रान्ति^F, प्रचण्ड क्रान्ति^F, भीषण क्रान्ति^F, तगड़ा बलवा; अराजकतावाद; अतिप्रजातन्त्रवाद।

Sanskrit, -scrit सैन्'स्क्रिट्, –स्क्रिट् n. & a. संस्कृत^F(में), संस्कृत^Fका।

Sanskritic –'टिक् a. संस्कृतज, संस्कृत-विषयक, संस्कृत-सम्बन्धी।

Sanskritist –'स्क्रिटिस्ट् n. संस्कृतवादी, संस्कृत^Fका पण्डित।

sans-serif –सेरिफ n. बिना शीशेका टाइप, सादा टाइप।

Santa Claus सैन्'टॅ क्लॉज् n. क्रिसमसका बाबा, उपहारोंसे थैले भरनेवाला, सन्त।

santal सैन्'टॅल् n. रक्त चन्दन, अरुण चन्दन, देवीचन्दन, लाल चन्दन, सन्दल।

santalin –लिन् n. रक्तचन्दनरंजक द्रव्य, अरुणचन्दन-रंजक, (चि०) रक्तचन्दनका रालयुक्तरंजक द्रव्य।

santon(Sp.) सैन्'टॉन् n. सन्त, तुर्की सन्त, दरवेश।

santonica सैन्टॉ'निकॅ n. (चि०) किरमाणी अजवाइन-के सूखे फूल, जिनसे सन्टोनिन निकलता है।

S.A.P. Senior Assistant, Publicity; Statistical Assistant, Price.

sap[1] सैप् १. n. (पौधोंका शक्तिधारक) **रस**, सत्त्व, निर्यास, **सार**, द्रव, दूध (ला० भी *the ~ of youth*); (*~-wood* भी) वक्कल, छाल^F, गाभा, लकड़ी^Fका ऊपरी नर्म छिलका; २. v.t. रस सोखना, रस निचोड़ लेना, सत्त निकाल लेना; छाल^Fकी या गाभेकी लकड़ी^Fको सुखाना; (ला०) प्राणशक्ति^F खींच लेना, जीवनरस सोख लेना, जान^F निकाल लेना; कमजोर कर देना, जोर चूस लेना; विश्वासका बल ले लेना; लकड़ी^Fके लट्ठेपरसे छाल^F-को उतार लेना, गाभा निकाल लेना; ~-green n. & a. (एक प्रकारकी मकोय^Fसे) बनाया हुआ रंग, रसके रंगका; ~-lath मुलायम वक्कल या गाभेसे बनी हुई लकड़ी^Fकी पट्टी^F;

~ colour, ~ flow, ~ mechanism, ~ root, ~ season, ~ wood.

sap[2] १. n. ढकी हुई घेरेकी खाई^F; गुप्त रूपसे विध्वंस; (ला०) विश्वास, आस्था^F आदिकी धीरे-धीरे क्षति^F, ह्रास, विश्वासघात, द्रोह, अप्रतीति^F; (घिरे हुए स्थानके आसपास आक्रमणकारियोंके आक्रमणको रोकनेके लिए) खाइयाँ^F खोदना, सुरंग^F बनाना; २. v.t. & i. (ला०) धीरे-धीरे नष्ट करना; गुप्त रूपसे क्षति^F पहुँचाना, बर्बाद करना; नींव^Fको उखाड़कर अरक्षित करना, बुनियाद खोखली करना (*science has ~ped old beliefs*); खाई^F खोदना, सेंध^F लगाना; सुरंग^F बनाना; खोदकर ढहा देना; ~-head घेरेके मोर्चेका अगला सिरा; ~-roller टोकरीदार मोर्चा।

sap[3] १. n. थका देनेवाला काम, कठिनाई^F, परेशानी^F; सिरदर्दी^F (वाला काम) (*it is such a, too much, ~*); परिश्रमी विद्यार्थी, अध्ययनशील या परिश्रमशील व्यक्ति, मेहनती आदमी; (अमेरिकी ग्रा०) मूढ़, मूर्ख, बुद्धू, गोबरगणेश, गावदी; २. v. i. पुस्तकों^F या पाठोंको परिश्रमसे तैयार करना, पढ़ाई^Fमें मेहनत^F करना; अध्ययनशील होना, पढ़नेवाला होना, रट्टू होना।

sapful सैप्'फ़ुल् a. सप्राण, सजीव, जानदार, जीवटवाला; सरस, रसदार, रसभरा, लाबदार ।
sapid सै'पिड् a. कर्णप्रिय, सुपाठ्य, सुखद, रुचिर, मधुर, आनन्ददायक, मिष्ट, मीठा, मजेदार (रचना^F, वार्तालाप^F आदि); स्वादु, सुस्वादु, सुरस, रुचिकर, स्वादिष्ट, सुरस, स्वादका, मजेदार, आनन्दकर ।
sapidity सॅपि'डिटि n. स्वादुता^F, स्वादिष्टता^F, स्वाद, मजा, जायका, लज्जत^F; रुचिरता^F, मधुरता^F; मिठास^F ।
sapidness सैपिड्-निॅस् n. कर्णप्रियता^F, सुपाठ्यता^F, सुखदता^F, रुचिकरता^F, माधुर्य, मधुरता^F, आनन्ददायकता^F, मजा, मीठापन, मजेदारी^F, मिठास^F; स्वादुता^F, सुस्वादुता^F, सुरसता^F, स्वादिष्टता^F, सुरसता^F, लजीजपन ।
sapience सै(से)'पिॲन्स् n. बुद्धि^F, बुद्धिमत्ता^F, बुद्धिमानी^F, ज्ञान, विवेक, प्रज्ञा^F, समझ^F, समझ-बूझ^F, अक्लमन्दी^F; अटकल^F, उड़ान^F; लालबुझक्कड़पन ।
sapient सै(से)'पिॲन्ट् a. (क्व०) प्रज्ञ, प्राज्ञ, विचक्षण, विवेकी, बुद्धिमान्, समझदार, अक्लमन्द; बना हुआ पण्डित, बनावटी विद्वान्, बनते हुए समझदार; लालबुझक्कड़; झूठमूठके साधु, सन्त, पाखण्डी, ढोंगी ।
sapiential सैपिऍ'न्'शल् a. विवेकमय, विवेक-विषयक, बुद्धिमत्ता-सम्बन्धी, बुद्धिमानी^Fका, अक्लमन्दी^Fका ।
sapindaceous सेपिन्डे'शॅस् a. रीठ-वृक्ष-विषयक, रीठेके पेड़का; रीठेके पेड़की तरह; रीठे-जैसा ।
sapindus सॅपिन्'डॅस् n. (चि०) अरीष्टक, रीठेका वृक्ष ।
sapless सैप'लिॅस् a. तत्त्वहीन, नीरस, विरस, असार, निःसार, सूखा, बेरस, पुराना ।
sapling –लिंग् n. **बालवृक्ष**, वृक्षक, नूतन तरु, नया पेड़, पौधा, बिरवा (~ *stage*); (ला०) तरुण, युवा, युवक, नवयुवक, नया आदमी, जवान, नौजवान; पहले सालका शिकारी कुत्ता (~ *stakes*) ।
sapodilla सैपॅडि'लॅ n. गुडालु, (कृषि०) **चीकू**, टिकाऊ लकड़ी^F और खाने योग्य फलोंवाला अमेरिकाके उष्ण प्रदेशका विशाल सदाबहार वृक्ष (~ *plum*) ।
saponaceous –ने'शॅस् a. (शा० एवं हास्य० में ला०) साबुनयुक्त, साबुनके गुणका, साबुन-सा, साबुनवाला, साबुनका, साबुनी; चिक्कण, मेदुर ।
saponifiable सॅपॉ'निफ़ाइॲबॅल् a. स्वफेन्य, (रसा०) **साबुनीकरणीय**, साबुन बनाने योग्य, साबुनमें बदलने योग्य ।
saponification –फ़िके'शॅन् n. स्वफेनन, (चि०) **साबुनीभवन**, (चि०, रसा०, कृषि०) **साबुनीकरण**, (~ *value*), साबुन बनाना, साबुनमें बदलना ।
saponifier –निफ़ाइॲर् n. (रसा०) **साबुनीकारक** ।
saponify –इ v.t.& i. **साबुनीकृत करना**, साबुन बनाना, साबुनमें बदलना ।
sapor से'पॉर् n. स्वाद, जायका, मजेदारी^F ।
saporific –पॅरि'फ़िक् a. स्वादु, सुस्वादु, जायकेदार, मजेदार ।
saporosity ⊙–रॉ'सिटि n. स्वादुता^F, सुस्वादुता^F, जायकेदारी^F, मजेदारी^F, मजा ।
sappan सै'पॅन् n. सैपन, (इमारती लकड़ी^Fका पेड़) ।
sapper –पॅर् n. sap[1,2,3] के क्रियागत अर्थोंमें, खनक; रॉयल इंजीनियरोंमेंसे एक सैनिक, एक सिपाही, सफर, T.; ~*s & miners* सफरमैना^F ।
sapphic –फ़िक् १. n. (pl.) सैफ़ोके द्वारा प्रयुक्त छन्दोंवाली कविता^F, पद्य; २. a. सैफ़ोसे सम्बन्धित, सैफ़ोई; ~ *verse, stanza* सैफ़ो द्वारा प्रवर्तित या प्रयुक्त छन्द, ~ *vice* स्त्रियों^Fमें परस्पर यौन-सम्बन्ध ।
sapphire –फ़ाॲर् १. n. नीलकान्तमणि, (प्रा० भू०, रसा०, कृषि०) **नीलम, नीलमणि**^F, इन्द्रनील, नीलोपल, एक नीली मणि^F, शनिप्रिय, एक पारदर्शी या नीला बहुमूल्य पत्थर, बहुमूल्य रवेदार एलमुनिया; नीलमका चमकीला नीला रंग, आकाशी रंग; भनभनानेवाली चिड़िया^F; २. a. नीलमके रंगका ।
sapphirine –फॅराइन् a. नीलमका बना हुआ, नीलमी, नीलमका ।
sapphism सॅ'फ़िज़्म् n. (चि०) (स्त्रियों^Fकी) समलिंग-कामुकता^F ।
sapphist –फ़िस्ट् n. स्त्रीगामिनी स्त्री^F ।
sappiness सै'पिनिॅस् n. हराभरापन; (ला०) जीवन्तता^F, शक्तिशालिता^F, जीवट^F; रसीलापन ।
sapping[1] सै'पिंग n. प्राचीर-निर्माण, गर्त-निर्माण, अधःखनन, (प्रा०भू०) **मूलोच्छेदन** ।
sapping[2] a. निर्बलकारी, दुर्बलकारी, कमजोर बनानेवाला ।
sappy –पि a. रसयुक्त, सरस, ससत्त्व, आर्द्र, रसाढ्य, रसवान्, रसीला, हराभरा; (ला०) जीवन्त, शक्तिशाली ।
sapraemia –प्री'मिॲ n. पूति^F, रक्तता^F, रक्तमृत्युपजीवी तृपाणुविषसे दूषित होना ।
sapr(o)- पूति-, मृत- (~*aemia*, ~*ogenic*, ~*ophagous*, ~*ophyte*) ।
saprodontia ⊙सैप्रॅडॉन्'शिॲ n. (चि०) कृमिदन्त, दन्तक्षरण, दन्तक्षय ।
saprogenic –प्रॅजे'निक् (चि०) पूतिजनक, पूतिकारक ।
saprophagan सॅप्रॉ'फ़ॅगॅन् a. = SAPROPHAGOUS.
saprophage ⊙सै'प्रॅफ़िज् n. (जीव०) **पूतिभोजी** ।
saprophagous –गॅस् a. जन्त्वाशी, जन्तुभक्षी; पूतिजीवी, (प्राणि०) **मृतोपजीवी**; वनस्पत्याशी, वनस्पति^F खानेवाला ।
saprophyte सै'प्रॅफ़ाइट् n. (वन०, चि०) **मृतोपजीवी**, पूत्युपजीवी, सड़ी हुई वस्तुओंपर^F पनपनेवाला उद्भिज्ज जीव, T.
saprophytic –फ़ि'टिक् a. पूतिजीवी; (प्राणि०) **मृतोपजीवी** ।
saprophytism–प्रॅफ़ाइटिज़्म् n. पूतिजीविता^F, (प्राणि०) **मृतोपजीविता**^F ।
saprozoic ⊙–प्रॅज़ो'इक् a. (प्राणि०) **मृतोपजीवी** (~ *nutrition*) ।
sapwood सैप्'वुड् (वन०, यंत्र०) **रसदारु, रसकाष्ठ**

कच्ची लकड़ी^F, (वृक्षकी) त्वक्, त्वचा^F, वल्कल, छाल^F (~ *tree*); T.

saraband –'रॅबैन्ड् n. स्पेनका प्राचीन राजसी नृत्य; इस नृत्यके साथका संगीत, सरबन्ध।

Saracen –रॅसॅन् n. जिहादी मुसलमान, अरब, गैर-ईसाई, मूर, बर्बर; ~ corn बड़े दानेका गेहूँ; ~'s head अरब या तुर्कका सिर (जो किसी झण्डे या सराय^F के लिए चिह्नके रूपमें प्रयुक्त होता था)।

Saratoga (trunk) –टॅवो'गॅ (ट्रन्क) n. स्त्रियों^F का बड़ा सफरी सन्दूक, बक्स, ट्रंक।

sarcasm सार्'कैस्म् n. व्यंग्यवाक्य, तीक्ष्णोक्ति^F, कटूक्ति^F, तीखी बात^F, चुभती हुई बात^F, बोली-ठोली^F; **व्यंग्य**, कटु व्यंग्य, आक्षेप, कटाक्ष, अवहास, आक्षेप, निन्दात्मक उपालम्भ, छींटा, **ताना**, चुटकी^F; व्यंग्यशक्ति^F, व्यंग्योक्तिकी शक्ति^F, आक्षेपकारिता^F, तानेबाजी^F की कला^F।

sarcast –कैस्ट् n. (क०) व्यंग्य करनेवाला, ताना कसनेवाला; जली-कटी कहनेवाला।

sarcastic –टिक् a. व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यमय, साक्षेप, कटाक्षयुक्त, सावहास, आक्षेपात्मक, तीक्ष्ण, उग्र, कटु।

sarcenet सार्स्'नेॅट् n. सुन्दर रेशम, रेशम-जैसा सुन्दर पदार्थ।

sarco- मांस (~ *logy*, ~*plasm*)।

sarcocarp सार्'कॅकार्प् n. फलमांस, फलका लोथड़ा।

sarcocele –कॅसील् n. पशु-जीवरस, पशु-जीवद्रव्य, पशु-प्ररस; (चि०) वृषणका मान्सल अर्बुद।

sarcocol –कॅकॉल् n. (अरबी वृक्षोंसे प्राप्त) उद्यास, राल^F, धूप^F।

sarcocyst ⊙–कॅसिस्ट् n. मांसकोष्ठी^F, मांसगुहा^F।

sarcode –कोड् n. = SARCOCELE.

sarcodic –डिक् a. (चि०) मांस सम; पशु-प्ररसवत्, पशुजीवद्रव्य-सदृश; पशुप्ररसयुक्त, पशुजीवरसमय; जीव द्रव्य-सम्बन्धी।

sarcoid सार्'कॉएड् a. (चि०) मांस-निभ, मांसार्बुद (जिसमें घावके दाग रह जाते हैं); दाग, खुरण्ड।

sarcoline –कॅलाइन् a. मांसाभ, मांसके रंगका।

sarcology सार्कॉ'लॅजि n. मांसलावयव-विज्ञान; मृदूतिविज्ञान।

sarcoma सार्को'मॅ n. (pl. *-ta*) भ्रूणार्बुद, सार्कोमा, भ्रूणसंयोजक, ऊतकका अर्बुद; मध्यजनन स्तरार्बुद।

sarcomatosis –मॅटो'सिस् n. (चि०) सार्कोमामयता^F।

sarcomatous –मॅटॅस् a. अर्बुदवत्, सार्कोमावत्, भ्रूणसंयोजक, ऊतकके अर्बुद जैसा; मांसार्बुदके स्वरूपका; भ्रूणअर्बुद-विषयक, तन्तुकी गिल्टी^F का।

sarcophagal सार्कॉ'फॅगल् a. मांसाहारी; शवाधार-सम्बन्धी, ताबूतका।

sarcophagous सार्कॉ'फॅगॅस् a. मांसाशी, मांसभक्षी, मांसभोजी, मांसजीवी, मांस खानेवाला; मांसाश्रित, **मांसाहारी**, मांस खाकर रहनेवाला।

sarcophagus –फॅगॅस् n. (pl. *-gi*) शवाधार, (मान०, इति०) **शवपेटिका**^F, लाश^F रखनेकी सन्दूक^F; प्रस्तर-निर्मित शवाधार, पत्थरका **ताबूत** (कब्र^F)।

sarcophagy –फॅजि n. मांसाहार, मांसभक्षण, शव-भक्षण।

sarcoplasm सार्'कॅप्लैज़्म् n. मांसरस, (विशे०) पेशीरस।

sarcosis सार्कों'सिस् n. अतिमांसवृद्धि^F मांसवृद्धिरोग, मांस बढ़नेका रोग, सार्कोमामयता^F; मांसार्बुद-ग्रस्तता^F, सार्कोमाग्रस्तता^F; अर्बुद रोग, गिल्टी^F निकलनेका रोग।

sarcotic –कॉ'टिक् a. अतिमांसवर्धक, अतिमांसवृद्धिकर, मांसवृद्धिरोगजनक, मांस बढ़ानेवाला।

sarcous –कॅस् a. मांसल, (चि०) मांसऊति-विषयक; मांस-विषयक, मांस-सम्बन्धी; पेशी-, पैशिक, पेशी-विषयक, पेशी-सम्बन्धी।

sard सार्ड्' n. पीला या नारंगी रंग, (प्रा० भू०) T.

sardine[1] सार्'डाइन् n. एक प्रकारका बहुमूल्य रत्न।

sardine[2] –डीन्' n. हरिमीन^F, एक प्रकारकी छोटी समुद्री मछली^F, सारडीन^F; *packed like ~s* सारडीन मछलियों^F की भाँति मनुष्योंका जमाव, भीड़^F, भीड़भाड़^F।

sardius –डिअॅस् n. पीत वर्ण, पीत राग; पीला रंग; नारंगी रंग; गोमेदक, अकीक सुलेमानी।

sardonic सार्डॉ'निक् a. व्यंग्यपूर्ण, उपालम्भपूर्ण, कटूक्तिपूर्ण, विषाक्त, तीक्ष्ण, कटु, उपहासपूर्ण, विकृत, पैशाचिक, कराल, तीखा, राक्षसी, झूठा, बनावटी, नकली, जहरीला (हास्य, विनोद, हँसी^F आदि)।

sardonyx सार्'डॅनिक्स् n. गोमेद, गोमेदक, अकीक सुलेमानी, एक प्रकारका रत्न, सार्डोनिक्स।

sargasso सार्गॅ'सो n. (pl. *-s*, *-es*) अनेकजातीय समुद्री सेवार^F।

sari सा'रि n. साड़ी^F, सारी^F।

sarking सार्'किंग् n. छद-कर्तन, छत^F की कटाई^F।

sarmentous, -tose सार्मे'न्'टॅस, -टोस् aa. भूस्तारीबहुल, वीरुधयुक्त, लतामय, लतरवाला।

sarmentum ⊙ –टॅम् n. भूस्तारी, वीरुध, लता^F, लतर^F।

sarong सॅरॉन्ग्' n. मलायाकी राष्ट्रीय पोशाक^F, सूती या रेशमी लुंगी-जैसा अधोवस्त्र, सारौंग।

saros सेॲ'रॉस् n. (ज्यौ०) **चान्द्र चक्र** (१८ वर्ष ११ दिनका समय जिसमें सूर्य १९ बार और चन्द्रमा २४२ बार उसी पातको प्रत्यावृत्त होता है और ग्रहण पूर्ववत् होते हैं)।

sarplier सार्'प्लिॲर् n. आवेष्टन-वस्त्र, वेष्टन-वसन, पैकिंगकी किरमिच^F।

sarsaparilla सार्सॅपॅरि'लॅ n. (चि०) चोबचीनी^F, राम-दातून कुलकी अमेरिकन उष्णप्रदेशीय कड़वी लता^F-विशेष; आसारिबा^F; मालसा^F, इस बेलकी सूखी जड़ें^F या उसका आसव; (चि०) मूत्रक, बल्य और फिरंग नाशक।

sarsen सार्'सॅन् n. बालुप्रस्तर-देश, सैकताश्म-प्रदेश, वह भूमि^F जहाँ भुरभुरे पत्थर अधिक हों।

sarsenet, sarc- सार्'सॅनिट ; सार्स्- n. बढ़िया महीन रेशमी कपड़ा ।
sartorial सार्टॉ'रिअल् a. पुरुषोंके कपड़ोंसे सम्बन्धित; सूचीकर्मविषयक, दर्जीका या सिलाई^{F}का ।
sartorius –ॲस् n. (चि०) **दीर्घतमा**^{F}; T.
Sarum. Salisbury.
S.A.S. *Societatis Antiquariorum Socius*, Fellow of the Society of Antiquaries.
sash[1] सैश्' n. (आभूषणके रूपमें) मेखला^{F}, कटिसूत्र, पुरुषके पहननेकी कपड़ेकी कमरपेटी^{F}, **कमरबन्द,** पटका, पट्टी^{F}, रूमाल; प्रायः कन्धेपर बाँधनेका रूमाल या स्त्री^{F} या बच्चेके पहननेका दुपट्टा, सैश ।
sash[2] n. (वन्न०) खिड़की^{F}; सन्धार, खिड़की^{F}का शीशेदार लकड़ीका^{F} चौखटा; शीशेदार ऊपर-नीचे खिसकनेवाली बत्ती^{F}; पौधेका शीशेदार जँगला; जाल, जाली^{F}; (स्था०) **गज;** ~ bar (स्था०) गज; ~-card, ~-line खिड़की^{F}मेंके शीशेके चौखटेकी रस्सी^{F} या डोरी^{F}; ~-pocket खिड़की^{F}के चौखटे^{F}के हर ओरकी जगह^F, दरीचाखाना, आला; ~-pulley खिड़की^{F}के शीशेदार लकड़ी^{F}के चौखटेकी घिरनी^{F}, चरखी^{F}; ~-tool शीशा जड़ने या रोगन करनेके औजार या रंगसाजकी कूची^{F}, ब्रुश आदि; ~-weight खिड़की^{F}के शीशेके चौखटेकी लटकन^F; ~-window शीशेके चौखटेवाली खिड़की^{F} ।
sashed –ट्' a. कमरमें पटका बाँधे हुए, दुपट्टेवाला; चौखटदार ।
sashless –श्'लिस् a. विना (शीशेसे जड़े हुए) लकड़ी^{F} के चौखटेका, बिना सैशका ।
Sask. Saskatchewan.
sassafras –सॅफ्रैस् n. गन्धवल्क (वृक्ष), उत्तरी अमेरिकामें पाया जानेवाला छालदार पेड़; इस वृक्षका निर्यास या सत्त्व, सैसाफ्रैसका अर्क; (चि०) सुगन्धी, उत्तेजक, मूत्रल (औषधि^{F}) ।
Sassenach सै'सिनैच् n. & a. अंग्रेज या अंग्रेजी (के लिए स्कॉटलैण्ड और आयरलैण्डमें बोला जानेवाला शब्द)।
sastrugis –ट्रूजिस् n. pl. हिमलहरियाँ^{F} ।
sat सैट्' SIT का भू० कृ० ।
Sat. Saturday.
Satan से'टॅन् n. पिशाचनाथ, शैतान ।
Satanic सॅटै'निक् a. दैत्यवत्, दैत्यकी भाँति, पैशाचिक, पैशाची, पिशाच-सम्बन्धी, दैत्ययोग्य, शैतानी, शैतानके लायक; नृशंस, नारकीय; ~ school बायरन, शेली आदि तथा अन्य कवि-समुदायके लिए (धर्म और आस्तिकता-विरोधीके अर्थमें पहले-पहल प्रयुक्त), शैतानी समुदाय ।
Satanism से'टॅनिज़्म् n. (साहि०) **शैतानवाद,** प्रचारित शैतानकी उपासना^{F}, शैतानकी पूजा^{F}; दुराचार, दुष्टतापूर्ण व्यवस्था^{F}, पैशाचिकता^{F}, पैशाचिक स्वभाव; नीचता^{F}, शरारत^F; जान-बूझकर की गयी बुराई^F; जान-बूझकर की गयी दुष्टता^{F}, शैतानी, पाजीपन; शैतानी मण्डल (बायरन, शेलीके कविसमुदाय) की विशेषताएँ^{F} ।
Satanist –निस्ट् n. पिशाचवृत्ति, दुष्ट, दुष्टतासमर्थक, शैतानके स्वभाववाला, शैतानपरस्त ।
Satanize –नाइज़् v.t. नृशंस और नारकीय बनाना, दुष्ट या दैत्यवत् बनाना, शैतान-जैसा बनाना ।
Satanology –नॉ'लॅजि n. दैत्यिकी^{F}, पैशाचिकी^{F}, दैत्यविज्ञान, दैत्यशास्त्र, पिशाचविज्ञान, पिशाचशास्त्र, पिशाच-विद्या^{F}, भूत-विद्या^{F}, प्रेत-विद्या^{F} ।
satara सटा'रॅ n. सतारा, सतारा ऊन (भारतीय नगर सतारासे प्राप्त उत्तम प्रकारका ऊन); ऊनी कपड़ा ।
satchel सै'चॅल् n. छोटा थैला, (चमड़े आदिका) बस्ता ।
satchelled –ड् a. बस्तेमें बन्द, थैलेवाला, बस्तेवाला ।
sate सेट्' v.t. तृप्त करना, छकाना, अघाना, अफराना; (इच्छा^{F} या इच्छुकको) परिपूर्ण करना, तुष्ट करना, प्रसन्न करना, संतृप्त करना, परितुष्ट करना, परितृप्त करना, सन्तुष्ट करना, पूर्णतः कर देना, पूरा करना; अत्यधिक भोजन करना, बहुतायत^{F}से छका देना, जी भर देना, उबा देना; ~*d with* अतितृप्त, छका ।
sateen सॅटीन्' n. बानकांशुक, नकली साटिन^F, सूत या ऊनका चमकदार चिकना कपड़ा ।
sateless सेट्'लिस् a. अतृप्त, तृप्तिहीन, असन्तुष्ट, न छकनेवाला ।
satellite सै'टॅलाइट् n. (ज्यो०) (प्रायः ला०) **उपग्रह;** उपांश; **अनुषंगी,** (शारीर०) धमनी^{F} सहचरा सिरा^{F}; अनुयायी, अनुगामी, (राज०) **अनुधावी,** अनुचर, पीछे चलनेवाला, **पिछलग्गू;** अधीनस्थ, सहायक, नीचे काम करनेवाला, मुलाजिम, मुसाहिब; आश्रयप्राप्त व्यक्ति, आश्रित व्यक्ति; भृत्य, दास, परिचारक, सेवक, नौकर, चाकर; ~of Jupiter उपगुरु; ~ of Mars उपमंगल; of Saturn उपशनि; ~ state पराधीन राज्य, नाममात्रको स्वाधीन राज्य; ~ station (यन्त्र०) **सहायक चाँदा;** ~ *town* **बस्ती** ।
satellitic –लि'टिक् a. उपग्रह-सम्बन्धी; आनुचरिक, अनुगामी सम्बन्धी, भृत्य-विषयक, सेवकीय, नौकर-चाकर सम्बन्धी; पार्श्ववर्ती; (गुण०) हीन, लघु, निम्न, तुच्छ, गौण, छोटा ।
satellitism –'टॅलाइटिज़्म् n. पारस्पर्य, पारस्परिकता^{F}, आपसीपन; (चि०) सहजीवन ।
sati सेटी n. सती^{F}, पाक दामन ।
satiability ⊙ सेशॅबि'लिटि n. (अर्थ०) **तृप्यता**^{F} ।
satiable –'शॅबॅल् a. (क०) तृप्य, तोषणीय, परितोषणीय, सन्तोषणीय, सन्तुष्ट किया जाने योग्य, सीर होने लायक (~ *wants*) ।
satiate, -ed शुयॅट, -इॅड् aa. पूर्णतृप्त, अतितृप्त, परितृप्त, परिपूर्ण, परितुष्ट, सन्तुष्ट, परिपूर्णकाम, छका हुआ, भरपूर, पेट भरा हुआ, आसूदा ।
satiation –सि(शि)ए'शॅन् n. (अर्थ०)**तृप्ति**^{F}, परितृप्ति^{F}, सन्तुष्टि^{F}, परितुष्टि^{F}, सन्तोष, परितोष, छकाव, आसूदगी^{F} ।
satiety सॅटाइ'इॅटि n. (चि०) सौहित्य; (अर्थ०) तृप्ति^{F} (~ *price*), (दर्श०) **संतृप्ति**^{F}, **परितृप्ति**^{F}, अतितृप्ति^{F}, सन्तुष्टि^{F}, परितोष, वितृष्णा^{F}, अतितृप्ति^{F}की अवस्था^{F};

परिपूर्णता[F], परिपूर्त्ति[F], अतिभोजन, अधिकता[F]के कारण ऊब[F], छकाव, अफरा, बेजारी[F]; (क्व०) प्राचुर्य, प्रचुरता[F], विपुलता[F], बाहुल्य, बहुलता[F], अत्याधिक्य, कसरत[F], इफ़रात[F], बहुतायत[F]।

satin सै'टिन् १. n. चीनांशुक, कांशुक, तानकांशुक, रेशमी कपड़ा, अतलस, साटन (~ *paper*, *sheeting*); २. v.t. कागजको चिकना करना, चमकीला बनाना; ३. a. नर्म, मुलायम, चिकना, एकसा (साटनकी तरह); ~beauty, carpet एक प्रकारके पतंगे, परवाने; ~ cloth साटन, साटन कपड़ा, पशमी कपड़ा; ~ finish एक तरहकी पालिश[F]; ~ flower एक प्रकारका पौधा; ~ gypsum मोतीकी-सी चमकवाली एक प्रकारकी सेलखड़ी[F]; ~-spar सिलखड़ी[F], चूनेका तन्तुमय (रेशेदार) कार्बोनेट; ~-stitch कांशुकसीवा; बेलबूटेके काम या ऊनके काममें ऐसा कसीदा (जो साटन-जैसा मालूम पड़े); ~-stone मोती-जैसी चमकवाली रेशेदार सेलखड़ी[F]; ~or *white* ~ (ग्रा०) यवमदिरा[F], जौकी शराब[F]।

satinet सै'टिनिॅट् n. मृदु कौशेय, मुलायम रेशमी वस्त्र, मुलायम साटन।

satinette –नेॅट्' n. बनावटी अतलस, नकली साटन; पालतू कबूतरोंकी एक जाति[F]।

satiny –'टिनि a. चीनांशुकी, अतलसी, साटनी, साटनका।

satire सै'टाअॅर् n. प्रहसनकाव्य, विद्रूपात्मक साहित्य, व्यंगिका[F], व्यंग्य-साहित्य, व्यंग्यलेख, उपहासपूर्ण कृति[F], हजो; (रोमन पुराण) काव्यात्मक व्यंग्य, काव्यात्मक सम्मिश्रण, व्यंगकाव्य; व्यंग्योक्ति[F] व्याजोक्ति[F], उपहास, व्यंग्य, अवहास, मजाक (*our lives are a ~ upon our religion*); किसी (बुराई[F] या मूर्खता[F]को प्रकट करने तथा रोकनेके लिए) भाषण या लेखनमें किया गया उपहास, आक्षेप, व्यंगोक्ति[F] आदिका प्रयोग, निन्दाख्यान, निन्द्योपाख्यान, अपालम्भ, व्याजस्तुति[F], कटूक्ति[F], ताना, फबती[F]।

satiric सॅटि'रिक् a. प्रहसनात्मक; विद्रूपात्मक, व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यकारक, व्यंग्यविषयक, उपहासात्मक, उपहास-सम्बन्धी, साक्षेप, निन्दात्मक, निन्दापूर्ण, उपहासपूर्ण, हास्यलेखक, प्रहसनकारी; हजोनवीस, हजो या लिखनेवाला (~ *poem*, *writer*)।

satirical –कॅल् a. प्रहसनशील, व्यंग्यभाषी, व्यंग्यप्रिय, अवहासात्मक, प्रहसनप्रिय, उपहासप्रिय, उपालम्भप्रिय, व्यंग्यप्रिय, तानेबाज; मृदुनिन्दाभाषी; हास्यप्रिय-दोषदर्शी, व्याजस्तुतिकारी, हँस-हँसकर आलोचना करनेवाला।

satirically –लि adv. व्यंग्यपूर्वक, उपहाससहित, निन्दापूर्वक, प्रहसनके साथ, तानेसे, फबती[F] कसते हुए।

satiricalness –ल्-निस् n. व्यंग्यभाषिता[F], व्यंग्यप्रियता[F], उपहासप्रियता[F], प्रहसनशीलता[F], प्रहसनपूर्णता[F], तानेबाजी[F]।

satirist सै'टॅरिस्ट् n. व्यंग्यकार; प्रहसनप्रिय व्यक्ति, आक्षेपवादी, निन्दक, निन्दाभाषी।

satirize –राइज् v.t. हास्यपूर्ण आलोचना[F] करना, व्यंग्यप्रहार करना, व्यंग्यकी चोट[F] करना, उपहास करना, व्यंग्य करना या लिखना, तानेबाजी[F] करना, हँसी-हँसी[F]में तीखी बात[F] कहना, निन्दागर्भ बात[F] लिखना, निन्दा[F] करना, हजो लिखना; विद्रूपात्मक शैली[F]में वर्णन करना, व्यंग्यात्मक ढंगसे वर्णन करना, निन्दात्मक शैली[F]में कहना, तानेबाजी[F]के साथ बयान करना।

satisfaction सैटिस्फ़ैक्'शॅन् n. (अर्थ०, शिक्षा०) **तुष्टि[F]**, तृप्ति[F], संतृप्ति[F], शान्ति[F], **समाधान**, परितोष, **सन्तोष**, सन्तुष्टि[F], परितुष्टि[F], इच्छातृप्ति[F], इच्छापूर्ति[F], इच्छानिवृत्ति[F], निवृत्ति[F]; तृप्तिदायक वस्तु[F], सन्तोषप्रद वस्तु[F], सुखद वस्तु[F]; क्षतिपूर्ति[F], पलटा, बदला, एवज, मुआवजा; (ईसा०) अनुताप, प्रायश्चित्त, आत्मशोधन (*Christ is the ~ for our sins*); संशयच्छेद, समाधान; साधना[F], तपस्या[F]; कर्त्तव्यपालन, दायित्वपूर्ति[F], जिम्मेदारी[F]का पालन, फर्ज पूरा करना; (अर्थ०) **पूर्ति[F]**; निस्तारण, निराकरण, ऋणमुक्ति[F], ऋण निष्कृति[F]; ऋणभुगतान, चुकाव, निपटाव, भुगतान, भरपायी[F], चुकती[F], अदायगी[F], बेबाकी[F] (~ *of a decree*); (कुश्ती[F]में) पकड़ लेनेका अवसर, मौका, चांस (*give*, *demand*, ~); *find ~ in* किसी वस्तु[F]से सान्त्वना[F] प्राप्त करना; *to the ~ of* किसीके सन्तोषके अनुरूप, इत्मीनानके लिए; *if you can prove it to my ~* प्रमाणसे यदि मुझे सन्तोष दिला सको।

satisfactoriness –'टॅरि-निॅस् n. सन्तोषप्रदता[F], परितोषणीयता[F], परितृप्ति[F], संतोष, सान्त्वना[F], आशाप्रदता[F], इच्छापूरकता[F], तसल्ली[F], इत्मीनान; प्रायश्चित्तशीलता[F], प्रायश्चित्तकरता[F]; पर्याप्ति[F], यथेष्टता[F]।

satisfactory –रि a. सन्तोषप्रद, सन्तोषद, सन्तोषदायक, **सन्तोषजनक**, तुष्टिप्रद, इच्छाप्रद, तुष्टिकर, तृप्तिदायक, मनचीता, सान्त्वनीय, तसल्ली देनेवाला, इत्मीनानबख्श; पर्याप्त, यथेष्ट, काफी (~ *manner*, ~ *proof*); विश्वासप्रद, संशयोच्छेदक, संशय-निवारक, समाधानकारी, बिना शिकायत[F]का; (धर्म०) धर्मके लिए प्रायश्चित्त करनेवाला, प्रायश्चित्तकर, प्रायश्चित्तकारी, प्रायश्चित्तशील।

satisfiable सै'टिस्फ़ाइअॅबॅल् a. तोषणीय, परितोषणीय, सन्तुष्टियोग्य, सन्तोष देने लायक; समाधेय, समाधानीय, मानने योग्य, समझ[F]में आने लायक; विश्वसनीय; (अभाव) निवारणीय, (भूख[F]) शान्त करने योग्य; स्वीकार्य, प्रेय, तृप्तियोग्य, आशा[F]के योग्य; प्रायश्चित्त करने योग्य; पालनीय; चुकाने योग्य, भुगतानके योग्य।

satisfied ⊙ –स्फ़ाइड् a. सन्तुष्ट, परितृप्त।

satisfier –फ़ाइअॅर् n. सन्तोषक, सन्तोषदाता, परितर्पक, पूरा करनेवाला, तसल्ली[F] करनेवाला।

satisfy –इ v.t. & i. सन्तुष्ट करना, सन्तोष देना, सन्तोष दिलाना, परितृप्त करना, पूर्ण रूपसे तृप्त करना, इच्छापूर्ति[F] करना, मनाना, तसल्ली[F] देना; सन्तुष्ट होना, तृप्त होना, पुष्टि[F] करना, प्रसन्न होना, खुश होना, राजी होना; पर्याप्त समझना, यथेष्ट समझना, और अधिकी

माँग^F न करना; बहुत काफी समझना, और ज्यादा न चाहना; पूर्ति^F करना, (~ *the conditions*) पूरा करना, विचारके अनुकूल आना, किसीकी धारणा^F या पूर्व अनुमान आदिके अनुकूल होना, ठीक पड़ना; पर्याप्त समझना; (pass.) अच्छी मान ली जाना, ठीक समझी जाना, पसन्द आना (~ *the examiners* विश्वविद्यालयोंमें केवल उत्तीर्ण हो जाना, सन्तोषप्रद समझा जाना); सन्देह दूर करना, समाधान करना, यथेष्ट प्रमाण प्रस्तुत करना, आवश्यक तर्क उपस्थित करना, विश्वास दिलाना, समझाना, मनाना, समझमें बैठाना; अभावकी पूर्ति^F करना, क्षुधा^F शान्त करना, पर्याप्त रूपमें भोजन देकर भूख मिटाना, सामग्री देकर कमी^F से छुटकारा दिलाना, कमी^F पूरी करना, प्यास^F बुझाना; निस्तारण करना, ऋण चुकाना, निपटाना, भुगतान करना, कर्ज चुकाना, कर्ज अदा करना, पैसा लौटा देना; मनुष्यके पापोंके लिए (उसका) प्रायश्चित्त करना; माँग^F पूरी करना; कर्त्तव्य-पालना, जिम्मेदारी^F पूरी करना, फर्ज अदा करना।

satisfying –इइंग् a. सन्तोषप्रद, सन्तोषजनक, तुष्टिकर।

satis verborum (L) शब्देन अलम्।

satrangi सेट्‌रंगी n. सतरंगी^F, बंगाली चादर^F।

satrap सै(से)'ट्रैप् n. (आजकलके) उपशासक, (इति०) **क्षपत्र**, उपराजा, राज्यपाल, गवर्नर आदि; (प्राचीन फारसके साम्राज्यमें) प्रान्तका प्रान्तपति, राज्यपाल, क्षत्रप, विषयपति, मण्डलेश, सूबेदार, वाइसराय, गवर्नर।

satrapal से'ट्रैपल्, सै'ट्रॅपॅल् a. औपनिवेशिक, क्षेत्रीय, क्षत्रप-विषयक, उपराजा-विषयक, राज्यपाल-विषयक, विषयपति विषयक, मण्डलेश-सम्बन्धी, सूबेदारका, गवर्नरका।

satrapy सै(से)'ट्रैपि n. पारसी राज्य या राज्यपद।

Satsuma सैट्'स्यूम् n. (~ *ware* भी) हलके पीले रंगके जापानी मिट्टी^F के बर्तन।

saturability ⊙ सैट्यु'रॅबि'लिटि n. अनुवेध्यता^F।

saturable ⊙ –'स्यूरॅबॅल् a. अनुवेध्य, संसिक्त करने योग्य, तर करने योग्य, भरने योग्य, रँगने योग्य; सन्तृप्ति-योग्य; अव-शोषणीय।

saturant[1] ⊙ –रॅन्ट् n. क्षार-क्लीवक पदार्थ, अम्ल क्लीवक वस्तु^F; अलकली या तेजाबको खपानेवाला पदार्थ।

saturant[2] ⊙ –रॅन्ट् a. अनुवेधक, संसिक्त करनेवाला, तरबतर करनेवाला, सराबोर करनेवाला।

saturate[1] –रेट, सै'चॅरेट v.t. संसिक्त करना, भिगोना, पूर्णतः सिक्त करना, तर करना, तरबतर करना, शराबोर करना; रंजित कर देना, रंग देना; (रसा०, प्रा० भू०) **संतृप्त होना, संतृप्त करना**; आपूर्ण करना, परिपूर्ण करना, लबालब भरना, पूरी तरह भरना; (रसा० आदि) किसी पदार्थ, वायु^F, भाप^F, धातु^F को आविष्ट करना या खपा लेना, अवशोषित कराना या बनाना; (लक्षित क्षेत्र या रक्षित सेनाओं^F को) निरन्तर बम गिराकर ध्वस्त करना, बमबारी^F, मटियामेट करना।

saturate[2] –रॅट, a. (काव्य०, रंगके अतिरिक्त) संसिक्त, भीगा; आपूर्ण, परिपूर्ण, भरा हुआ।

saturated –रेटि'ड् p.p. अतिसिक्त, तरबतर, सराबोर; परिपूर्ण, आपूरित, भरपूर, भरा हुआ; (रसा०, भौ०) **सन्तृप्त**; बिना सफेदीके, गहरा, गाढ़ा (रंग); आक्रान्त; अनुविद्ध;

~ atmosphere, ~ compound, ~ molecule, ~ soil, ~ steam, ~ vapour.

saturation –रे'शॅन् n. अतिक्लेद, अतिसेक, भिगोना; परिपूर्ण, परिपूर्णता^F, (रसा०, प्रा० भू०, चि०) **सन्तृप्ति**^F, (रसा०) **सन्तृप्तीकरण**, भराई^F; रँगना; बमों द्वारा ध्वंस, विनाश; **अधिकतम ऊँचाई**^F;

~ coefficient, ~ content, ~ current, ~ curve, ~ deficit, ~ humidity, ~ level, ~ point, ~ pressure, ~ tank, ~ temperature.

saturator –'ट्यूरेटॅर् n. अतिसेक-यन्त्र, अतिसेचक यन्त्र, सम्पृक्ति यन्त्र, सैट्यूरेटर।

Saturday सै'टॅर्डे n. सप्ताहका सातवाँ दिन, शनि, **शनिवार**, शनैश्चर, सनीचर।

Saturn सै'टॅर्न् n. शनिश्चर, शनैश्चर, (ज्यौ०) **शनि**, शनि ग्रह; (रोमन पुरा०) कृषि^F का देवता।

Saturnalia –नॅ'लिअॅ n. (प्राचीन रोमवालोंका) शनि देवताका (दिसम्बर मासका) उत्सव, शनिमहोत्सव (बड़े दिनके आमोद-प्रमोदका यह पूर्वरूप है); (*s*~) असंयत या कोलाहलपूर्ण आमोद-प्रमोदका दृश्य या समय; *a~ of crime* अपराधकाल, अपराधका युग।

saturnalian सेटॅर्नॅ'लिअॅन् a. क्रीड़ातत्पर, आमोदप्रिय, व्यभिचारासक्त, विलासी; आमोद-प्रमोद या विलासके युगसे सम्बन्धित।

Saturnian सॅटर'निअन् १. n. (pl.) शनिपद्य, शनिछन्द; शनिग्रहवासी; २. a. शनिश्चरी, शनिदेवता-सम्बन्धी या शनिग्रह-विषयक; ~ age स्वर्णकाल, स्वर्णयुग, सुनहरा जमाना; ~ metre, ~ verse शनिपद्य या शनिछन्द।

saturnine सै'टॅर्नाइन् a. विषण्ण और मन्द आकृति^F का, मन्दप्रकृति, खिन्नप्रकृति, जड़प्रकृति, उदास और सुस्त स्वभावका, बेमन, मुर्दादिल, मनहूस शक्लका, गमगीन; सीसेके विषसे ग्रस्त, सीसेके विषका, सीसेके जहरसे प्रभावित (~ *patients*); सीसेका (*a ~ poultice*)।

saturnism –निज़्म् n. सीस-विषमिश्रण, सीसात्यय, सीसेसे विषाक्त होना, सीसेसे विषाक्त करना।

saturnist –निस्ट् n. विषण्ण व्यक्ति, मन्दाकृति व्यक्ति, खिन्न पुरुष, उदास व्यक्ति, सुस्त आदमी, मुर्दादिल आदमी, बेमन आदमी, मनहूस आदमी, गमगीन आदमी।

satyagraha सात्या'ग्रेहा n. सत्याग्रह।

satyr सै'टॅर् n. (क्व०) बनमानुस; अतिकामुक मनुष्य, विलासी, पशुप्रवृत्ति, पाशविक वृत्तिवाला; वनदेवता, अजदेवता, ग्रीकदेवताओंमेंसे घोड़ेके कान और पूँछवाला मनुष्यके आकारका वन्यदेवता या आधे मनुष्य आधे बकरेके आकारका देवता।

satyriasis –राइ'ॲसिस् n. (चि०) (पुरुषोंमें) अति

कामुकता^{F}, अति लम्पटता^{F}, अति भोगेच्छा^{F}; (शिक्षा०) **कामार्त्ति^{F}**, भोगोन्माद, कामोत्कटता^{F} ।

satyric सॅटि'रिक् a. वनदेवता-विषयक, अजदेवता-सम्बन्धी ।

satyrism ⊙सै'टिरिज़्म् n. अति कामुकता^{F}, अति कामेच्छा^{F}, अति लम्पटता^{F}, भोगोन्माद, अति सहवास, अति रति^{F} ।

satyromaniac ⊙–रॅमे'निॲक् a. अति कामुक, कामोन्मत्त, अति कामी, अति लम्पट, अति भोगी, अति रति-प्रिय ।

sauce सॉस्' १. n. (ला०) उत्तेजनाप्रद वस्तु^{F}, उत्तेजित करनेवाली चीज^F; कटुता^{F}, कड़वापन, चरचरापन (*is tame without the ~ of danger*); रोचनी^{F}, (कृषि०, चि०) **चटनी^{F}**; (किसी वैज्ञानिक प्रयोगमें काम आनेवाला) नमक या दूसरे तत्त्वोंका घोल; अनादरपूर्ण भाषण, औद्धत्यपूर्ण कथन, निर्लज्जता^{F} एवं अविनयपूर्ण व्यवहार, अनुशासनहीनता^{F}; धृष्टता^{F}, ढिठाई^F, बेअदबी^{F}, गुस्ताखी^{F}, शोखी^{F} (*none of your ~ !*); २. v.t. मसालेदार बनाना, नमक-मिर्च^F मिलाना, चटनी^{F} मिलाना; (ला०) स्वादिष्ट बनाना, चरपरा बनाना, चटपटा बनाना, मजेदार बनाना, जायकेदार बनाना; (अशिष्ट) निर्लज्ज होना, ढीठ होना, ढिठाई^{F}से सम्बोधन करना, बेअदब होना; ~-boat (इति०) **चटनी-पात्र**, चटनीदानी^{F}, चटनी^{F} परोसनेका बर्तन; ~box धृष्ट व्यक्ति, ढीठ आदमी; ~pan डेकची, सॉसपॉन, भोजन पकानेका एक ढक्कनदार बर्तन; *serve with the same ~* एक ही प्रकारका व्यवहार करना, सबको एक लाठी^{F}से हाँकना; *what is ~ for the gander is ~ for the goose* जो बीबी^{F}को सुहावै वही मियाँको भावै ।

saucer सॉ'सॅर् n. शरावक, शराविका^{F}, पात्री^{F}, चाय^{F}की तश्तरी^{F}, रकाबी^{F}, प्लेट^F; गमलादान, गमलेके नीचे रखनेकी तश्तरी^{F}; ~ eye (रकाबी^{F}की शक्ल^{F}की) बड़ी और गोल ऑंख^F; ~-eyed गोल और बड़ी ऑंखवाली ।

saucerful –फुल् n. तश्तरीभर, रकाबीभर ।

saucerless –लिॅस् a. शराविकाहीन, बेतश्तरी, बिना रकाबी^{F}के ।

sauciness सॉ'सिनिॅस् n. उद्दण्डता^{F}, अविनय^F, अहंकार, धृष्टता^{F}, निर्लज्जता^{F}, ढिठाई^F, बेअदबी^{F}, गुस्ताखी^{F}; स्फूर्ति^{F}, सजीवता^{F}, चुस्ती^{F}, फुर्तीलापन, तेजी^{F}, शौकीनी^{F} ।

saucy -सि a. उद्दण्ड, अविनीत, अहंकारी, धृष्ट, निर्लज्ज, उद्धत, उच्छृंखल, अनुशासनहीन, प्रगल्भ, ढीठ, मुँहफट, दिलेर, बेलगाम, बेअदब, गुस्ताख, शोख; (ग्रा०) स्फूर्तिवान्, सजीव, सक्रिय, क्रियाशील, चुस्त, फुर्तीला, तेज, चंचल, चालाक, जिन्दादिल, शौकीन ।

saul सॉल्' n. SAL.

sault सो', सू' n. (कनाडाकी नदी^{F}में) द्रुतवाह, प्रपात; उछाल^F ।

Saumur सो'म्युॲर् n. सोमरस, फ्रांसीसी शराब^F ।

saunders, red सॉन्'डॅर्ज़्, रेड् n. रक्तचन्दन, लाल चन्दन, देवीचन्दन ।

saunter सॉन्'टॅर् १. n. निश्चिन्त गति^{F}, मन्द परिक्रमण, व्यर्थ भ्रमण, निरुद्देश्य भ्रमण, मनमौजी चाल^F, मटरगश्ती^{F}, आवारागर्दी^{F}; २. v. i. परिभ्रमण करना, मन्द-मन्द परिक्रमा^{F} करना, निरुद्देश्य घूमना, धीरे-धीरे टहलना, इधर-उधर फिरना, मस्ती^{F}से घूमना, सैर^F करना, बेकार फिरना, रमते फिरना, आवारा घूमना, जगह-जगहकी खाक^F छानना, मटरगश्ती^{F} करना (ला० भी); ~ *through life* जीवनके दिन काटना, जिन्दगी^{F} बसर करना ।

saunterer –रॅर् n. व्यर्थ परिभ्रमणकारी, निरुद्देश्य घुमक्कड़, धीमे-धीमे चहलकदमी^{F} करनेवाला, मटरगश्ती^{F} करनेवाला ।

saurian सॉ'रिॲन् n. & a. एक प्रकारकी सॉरिया (*sauria*) या रेंगनेवाले जानवर, छिपकली^{F}, मगर आदिकी एक जाति^{F} (सम्बन्धी) ।

sauroid –रॉइड् n. & a. छिपकली^{F} या उसकी जाति^{F}के जन्तु (से सम्बन्धित) ।

saury –रि n. छिपकली-मछली^{F} ।

sausage सॉ'सिज् n. गोश्तभरी मसालेदार जानवरकी ऑंत^F, एक तरहका मांसका कबाब, लँगोचा, गुलमा; **सासेज** (~ *form*, ~*-shaped*); ~-machine गुलमा भरनेका यन्त्र, मशीन^F; ~-meat गुलमेमें टुकड़े-टुकड़े या मसाले लगाकर भरा जानेवाला मांस और डबलरोटी^{F}; ~ roll गोश्त भरा गुलमा ।

saute सो'टे a. वसाभूंजित, चर्बी^{F}में भूना हुआ ।

Sauterne सोटेॲन्'' n. एक प्रकारकी मीठी सफेद फ्रांसीसी शराब^F ।

sauve qui peut (F) जो स्वयंको बचा सके उसे बचने दो; n. भगदड^F ।

savable से'वॅब्ल् a. संरक्षणीय, रक्षणीय, बचानेके योग्य, बचा रखने लायक ।

savableness –निॅस् n. रक्षणीयता^{F}, संरक्षणीयता^{F}, बचाये जानेकी योग्यता^{F}, बचा रखनेकी स्थिति^{F} ।

savage से'विज् १. n. बर्बर मनुष्य, अशिष्ट या असभ्य जन, राक्षस, नरपशु, जंगली खूँख्वार आदमी, जंगली कबीलेका आदमी; २. v.t. बर्बर होना या बनाना; (घोड़ेका किसीको) गिरा देना या कुचल डालना (*was ~ed by his horse*); ३. a. **प्राकृत**, अशिष्ट, असभ्य; **असंस्कृत**, (~ *time*), अक्खड़, गँवार (~ *life*, *tribes*); (प्रा०) अनुन्नत, अविकसित, **वन्य**, बनैला, **जंगली, वहशी** (*a ~ scene*); (बोल०) कुपित, क्रुद्ध, क्रोधी, नाराज, गुस्से; (अप्र०) नग्न, नंगी (मनुष्यकी आकृति^{F}); नृशंस, निष्ठुर, क्रूर, दारुण, प्रचण्ड, हिंस्र, अकरुण, निर्दय, बर्बर, भीषण, भयंकर, भयावना, डरावना, खूनी (~ *persecution*) ।

savagedom –डॅम् n. वन्य शासन, जंगली जाति^{F}का राज्य; असभ्यावस्था^{F} ।

savageness –निॅस् n. असंस्कृति^{F}, असभ्यता^{F}; वन्यावस्था^{F}, जंगलीपन, निर्दयता^{F}, प्रचण्डता^{F}, बर्बरता^{F},

भीषणता^{F}, बेरहमी^{F}, वहशीपन ।

savagery से'विज्-रि n. असंस्कृत आचरण, असभ्य व्यवहार, वन्याचरण, बर्बर वर्ताव, (का०, इति०) **नृशंसता**^{F}, बर्बरता^{F}, निष्ठुरता^{F}; (का०, इति०) **प्राकृतावस्था**^{F}, वहशी अवस्था^{F}; **वहशीपन** ।

savagism –जिज़्म् n. SAVAGERY.

savagize –जाइज़् v.t. (इति०) **प्राकृत बनाना** ।

savanna(h) सवै'नॅ n. वृक्षहीन स्थली^{F}, बिना पेड़ोंका मैदान, तृणस्थली^{F}, घास^{F}का मैदान, (प्रा० भू०) **उच्च-कटिबन्धीय घास^{F}के मैदान, सवाना** ।

savant सा'वान् n. बुधजन, प्राज्ञ, विद्वान्, पण्डित, ज्ञानी ।

savate (F) सॅवाट्' n. (फ्रांसीसी) मुष्टियुद्ध, मुक्केबाजी^{F}, बॉक्सिंग; पादप्रहार ।

save[1] सेव्' १. n. (ताश या ब्रिजमें) बचावका उपाय या तरीका (जिससे बड़ी हारोंको रोका जा सके); (फुटबॉल) विपक्षी खिलाड़ियोंको गोल करनेसे रोकनेका काम, मुठभेड़^{F}; २. v.t. & i. संचय करना, संचयन करना, मितव्ययिता^{F}के साथ व्यय करना, मितव्ययिता^{F}से या किफायत^{F}के साथ रहना, धन बचाकर रखना, व्यय न करना, बचा लेना, आगेके लिए बचाये रखना, बचत^F करना, रख लेना, जमा करना, खर्च करनेसे मुँह मोड़ना (*has never ~d*); (संकट, दुर्भाग्य, क्षति[2] या बदनामी^{F}से) उद्धार करना, त्राण देना, मुक्त करना, छुटकारा देना, निजात देना (*~ me*); सुरक्षित रखना, रक्षा^{F} करना, बचाना, छुड़ाना; (फुटबॉल आदि) विपक्षियोंको गोल बनानेसे रोकना, भिड़ जाना; आरक्षित करना, संरक्षित करना, बन्धन लगाना, रोक^F रखना, शर्त^F करना; धन व्यय करनेकी आवश्यकता^{F}से (किसी व्यक्तिको) बचाना, खिन्नता^{F} या प्रतिक्रिया^{F}से बचाना, कष्टसे छुड़ाना, आवश्यकता^{F}का निवारण करना, आवश्यक धनको घटाना, जरूरत^{F}से बचाना, जरूरत^F पूरी करना (*that will ~ me £ 50*); अनन्त नारकीय यातना^{F}से छुड़ाना, आध्यात्मिक मुक्ति^{F} दिलाना, मोक्ष दिलाना, अभिशापसे मुक्त कराना (*who then can be ~d ?*); (part.) पापसे उद्धार करना; क्षतिपूर्ति^{F} करना (*has the ~ing grace of humour*); हस्तगत करनेमें सफल होना, समयपर जा लेना; जाने न देना, हाथसे निकलने न देना, ठीक वक्तपर जा लेना, ग्रहण करना, पकड़ना, पाना (*shall we ~the tide ?*); *~-all* शमादान (जिसमें मोमबत्ती^{F} आखिर तक जल सके); *~ appearances* निर्वाह करना, निबाहना; *~ the follow on* (क्रिकेटमें) प्रतियोगीकी लगातार पारी^{F} रोकना, दोहरी हार^F रोकनेका उपाय करना; *~ the situation* आये हुए संकटका निवारण करना, कठिनाई^{F}मेंसे रास्ता ढूँढ़ निकालना, आयी बला^{F} टाल देना; *~ up* (किसी कार्यके लिए) धन एकत्र करना; *~ us* भगवान् बचाये (विस्मयसूचक) ।

save[2] १. prep. (विधा०) **अन्यथा**^{F}, किन्तु, बिना, **सिवाय**, छोड़कर, साथ ही, अलावा (*all ~ him*); २. conj. (प्रा०) इसके अतिरिक्त कि, जब तक कि न (*thou seest no beauty ~ thou make it*); *~ in such cases* ऐसे मामलोंको छोड़कर ।

saveloy सै'वॅलॉएँ n. बहुत ही मसालेदार सुखाया हुआ कबाब, गुलमा या लँगोचा ।

saver से'वॅर् n. (संकट, क्षति^{F} आदिसे) रक्षक, रखवारा, रखवाला, बचानेवाला; मितव्ययी, बचाकर रखनेवाला, बचत^F करनेवाला, कंजूस; उद्धारक, मोक्षदाता, आध्यात्मिक मुक्तिदाता, त्राणकारी; निस्तारकर्ता; किसी कमी^{F}से छुड़ानेवाला; आवश्यक रकम^{F}को घटानेवाला ।

saving –विंग् १. n. रक्षण, (का०) **व्यावृत्ति**^{F}, संचय, संचित धन, (अर्थ०) **बचत**^{F}, (का०) **बचाव**, किफायत^F; अपवादी; *~ fund* बचत खाता; *~s-bank* संचय अधिकोष, **बचत बैंक**, सेविंग्स बैंक; २. a. संचयी; (pl.) (विधा०) **व्यावृत्ति**^{F}, (अर्थ०) **बचत**^{F};

~ clauses, ~ deposit, ~ game, ~ method, ~ provision, ~s account, ~s bank deposit, ~s bank pass book, ~s bureau, ~s certificate, ~s clause, ~s commitee, ~s deposit, ~s group, ~s plan, ~ stores.

saviour –वयॅर् n. राष्ट्रपिता, राज्योद्धारक, राज्यरक्षक, राज्यको संकटसे बचानेवाला, विनाशसे उद्धार करनेवाला; त्राता, परित्राता, त्राणकर्ता, उद्धारक, उद्धारकर्ता, तारक, मोक्षदाता, मुक्तिदाता; *the, our, S~* ईसामसीह ।

savoir faire (F) n. कार्यक्षमता^{F}, कार्यनिपुणता^{F} ।

savoir vivre (F) n. शिष्टाचार ।

savonette सै'वॅने`ट् n. प्रसाधन साबुन ।

savory से'वॅरि n. पुदीने-जैसी एक वनस्पति^{F}; a. (चि०) सुगन्धी या स्वादिष्ट ।

savour से'वॅर् n. संकेतात्मक गुण, व्यंजनात्मक गुण, दर्शनीय सम्मिश्रण, सन्देह, दुविधा^{F}, स्वाद, रुचि^{F}, रस (*a not unpleasing ~ of preciosity*); (अप्र०) स्वादको प्रभावित करनेवाली गन्ध^F, वास^F, महक^F, खुशबू^{F}; (शा० एवं ला०) आनन्द, भोजनसुख, रस, विशेष स्वाद, मजा, जायका; प्रसिद्धि^{F}; २. v.t. & i. (क्र०) स्वादिष्ट बनाना, सुगन्धित करना, स्वाद बनाना, सरस करना; मसाला डालना; (प्रा०, शा० एवं ला०) प्रशंसा^{F} करना, तारीफ^F करना; अच्छा लगना, समझना, देखना, भाँपना; स्वाद लेना, चखना, मजा लेना; स्वाद या गन्ध^{F}का आभास देना, गन्ध^F आना, लगना (*the offer ~s of impertinence*); सम्मति^{F} देना, राय^F देना ।

savouriness –रि-निँस् n. सलवणता^{F}, लवणमयता^{F}, लवणयुक्तता^{F}, नमकीनपन, चटपटापन, मसालेदार होना; सुरभिपूर्णता^{F}, सुगन्धिता^{F}, मनोहर गन्धयुक्तता^{F}, खुशबूदारी^{F}, स्वादिष्टता^{F}, रुचिकरता^{F}, स्वादुता^{F}, स्वादयुक्तता^{F}, रसपूर्णता^{F}, रसीलापन, मजा ।

savourless –र्-लिँस् a. लवणहीन, नमकीनपन-रहित, चटपटापन-रहित, मसालारहित; सुरभिहीन, सुगन्धिहीन, खुशबू-बिना; स्वादहीन, रुचिकरतारहित, स्वादुताविहीन, रसीलेपनसे रहित ।

savourous –रॅस् a. स्वादिष्ठ, स्वादु, स्वादयुक्त, रुचिर, रोचक।

savoury –रि १. n. एक प्रकारका नमकीन खाद्य; २. a. नमकीन, चटपटा, मसालेदार (खाद्य) (*sweet* or ~ *omelette*); सुरभिपूर्ण, सुगन्धित, मनोहर गन्धयुक्त, सोंधा, खुशबूदार; स्वादिष्ठ, रुचिकर, स्वादु, स्वादयुक्त, सरस, सुरस, रसपूर्ण, रसीला, मजेदार, जायकेदार, रसदा; क्षुधावर्धक; दुर्गन्धरहित, दुर्गन्धमुक्त, निर्गन्ध, बदबूसे खाली (स्थान आदि)।

savoy सॅवाएॅ' n. झुर्रीदार पत्तियोंवाली एक प्रकारकी बन्द गोभी^{F}, करमकल्ला।

savvy[1] सॅ'वि n. चातुर्य, चतुरता^{F}, चतुराई^F, होशियारी^{F}; योग्यता^{F}, बुद्धिमत्ता^{F}, समझ^F।

savvy[2] v.t. & i. अवधृत करना, समझना, जानना, दिलमें बैठा लेना।

saw[1] सॉ' १. n. करपत्र, (कृषि०, यंत्र०) **आरा, आरी**^{F}; (जन्तु०) दाँतेदार अंग या अवयव; २. v.t. & i. (p. ~*ed*, pp. ~*ed*, ~*n*) आरा चलाना, आरेसे लकड़ी^{F} चीरना, पटिया^{F} आदि बनाना, तख्ते चीरना, आराकशी^{F} करना; आरा चलानेवालेकी भाँति हवा^{F}में हाथ चलाना, आगे-पीछे चलाना या चलना; सुगमता^{F}से या बुरी तरहसे चीरा जाने देना; (जिल्दसाजी^{F}) चीरा देना, छेद करना; ~-bones (ग्रा०) शल्यशास्त्री, जर्राह, सर्जन; ~dust क्रकचचूर्ण, काष्ठधूलि^{F}, (कृषि०, यंत्र०) **बुरादा, लकड़ी**^{F}**-का बुरादा**; (*let the ~ dust out of* ला०, मिथ्या-चरित्र और बहानेबाजी^{F}का उद्घाटन करना, जाहिर कर देना); fish क्रकचमत्स्य, आरा मछली^{F}, दाँतेदार थूथन-वाली एक मछली^{F}; ~mill क्रकचालय, **आराघर**, चिराई-घर; क्रकच-यन्त्र, चीरनेका यन्त्र, **आरा मशीन**^{F}, लकड़ी^{F} चीरनेकी मशीन^F; ~-pit क्रकच-गर्त, आरेका गड्ढा;
~ blade, ~ cuts, ~ doctor, ~ doctoring, ~ dust, ~-edged, ~-fly, ~-frame, ~-ginned cotton, ~-log, ~-mill clerk, ~-mill engineer, ~-mill layout, ~-mill manager, ~-mill site, ~ palmetto, ~ set, ~ shark, ~ sharpener, ~ tooth, ~-toothed, ~ voltage.

saw[2] n. प्राचीन सूक्ति^{F}, प्रवाद-वाक्य, कहावत^F, मसल^F (प्रायः *wise* or *old* ~)।

sawder सॉ'डॅर् १. n. सन्धा, टाँका, राँगा, झाल, धातु^{F} जोड़नेका मसाला; चापलूसी^{F}, soft ~ चाटूक्ति^{F}, चाटुकारिता^{F}, चापलूसी^{F}, मक्खन लगाना; २. v.t. चाप-लूसी^{F} करना।

sawing सॉ'इंग् n. (यंत्र०) **चीरना**; ~ machine (यंत्र०) **आरा मशीन**^{F}।

sawn सॉन्' a. क्रकचित, चिरी हुई (~ *timber*)।

Sawney सॉ'नि n. बुद्धू, मूर्ख-सा, सीधा-सादा; स्कॉट-लैण्डवासीका (अपनाम)।

sawyer सॉ'यॅर् n. क्रकचचालक, **आराकश, आरा चलानेवाला**; घुन, लकड़ी^{F}को कोलनेवाला कीड़ा; (अमे-रिकामें) जड़^{F}से उखड़कर नदी^{F}में उतराता हुआ पेड़।

sax सैक्स' n. (यंत्र०) **स्लेट छैनी**^{F}; (स्लेट बनानेका) रन्दा।

saxatile सैक्'सॅटाइ(टि)ल् a. चट्टानी, पथरीला, पहाड़ी।

saxe सैक्स्' n. एक प्रकारका फोटोग्राफी^{F}का कागज, फोटो-पेपर।

saxhorn सैक्स्'हॉर्न् n. तुरही-विशेष, बिगुल; पीतलका सात साइजोंमें बना हुआ बाजा।

saxicavous सैक्सिकॅ'वॅस् a. प्रस्तरच्छेदी, पाषाणच्छेदी, शिलाछेदी, पत्थरमें बोरिंग^F करनेवाला।

saxicolous –'कॅलॅस् a. प्रस्तररुह, शिलारुह, पाषाण-रोही, पत्थरपर उगनेवाला।

saxifrage –'सिफ्रिज्, -सिफ्रेज् n. पाषाणभेद; आल्प्स पर्वत या चट्टान^{F}में पाया जानेवाला एक पौधा; (चि०) अश्मरी भेदक करके पूर्वकालमें प्रसिद्ध।

Saxon सैक्'सॅन् १. n. अँग्रेजी भाषा^{F}में ट्यूटानिक तत्त्व; आधुनिक सैक्सोनी प्रदेशका निवासी; उत्तरी जर्मनीके ट्यूटानिक लोगोंमेंसे कोई एक व्यक्ति या उनकी भाषा^{F}, **सैक्सन**; २. a. सैक्सनोंसे सम्बन्धित, सैक्सनका।

Saxondom –डॅम् n. सैक्सन आधिपत्य, सैक्सनराज्य।

Saxonism –निज़्म् n. सैक्सनवाद (भाषा^{F}, जाति^{F}, कला^{F} आदिके सम्बन्धमें)।

Saxonist –निस्ट् n. सैक्सन भाषाविद्, सैक्सनवादी।

Saxonize –नाइज़् v.t. & i. सैक्सन होना या सैक्सन बनाना।

saxony सैक्'सॅनि n. उत्तम प्रकारकी ऊन, बढ़िया ऊन; बढ़िया ऊनके बने हुए वस्त्र।

saxophone सैक्'सॅफोन् n. रणमुरली^{F}; कई साइजोंका पीतलका बाजा, बिगुल।

saxophonist ⊙–सॉ'फॅनिस्ट् n. तुरहीवादक, बिगुल बजानेवाला।

saxtuba सैक्स्'ट्यूबॅ n. शहनाई^F।

say[1] से' n. (अब क्वचित्) बढ़िया सर्ज-जैसा कपड़ा।

say[2] n. कहनेका अवसर; निवेदन, उक्ति^{F}, कथन, मत, विचार, बयान, कहावत^F, बात^F कहना (~ *your* ~)।

say[3]* v.t. & i. (*said*) उच्चारण करना, बोलना, मुँहसे शब्द निकालना, मुँह खोलना, ओठ खोलना, कहना*; पाठ करना, साधारण बोलनेकी ध्वनि^{F}में दुहराना; (अपना मत देते हुए) कहना, (विशिष्ट रूपसे) टिप्पणी^{F} देना; प्रयोग करना, पूर्वाभ्यास करना; प्रतिज्ञा^{F} करना, वचन देना, वादा करना; वर्णन करना, बताना, बयान देना (*he ~s that all men are liars*); भविष्य बताना; भविष्यवाणी^{F} करना, आगेकी कहना; निश्चय करना, दावा करना; व्याख्यान देना, भाषण करना; वार्तालाप करना, चर्चा^{F} करना, बातचीत^F करना (~ *away*); अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, भाषाबद्ध करना, शब्दोंमें बाँधना, प्रकट करना, (*that was well said*); मत स्थिर करना, धारणा^{F} बनाना, राय^F कायम करना; मत व्यक्त करना, मत देना, निर्णय देना, सम्मति^{F} देना, विचार देना, एक बात^F कहना, कतई राय^F देना, राय^F

प्रकट करना (*here is no ~ing*); कारण प्रस्तुत करना, तर्क उपस्थित करना, दलील^F पेश करना, बहाना पेश करना, वजह बताना; उत्तर देना, जवाबमें कहना (*have you nothing to ~ for yourself?*); उदाहरणके रूपमें चुनना, कल्पना^{F} करना, किसी संख्या^{F} विशेषको ग्रहण कर लेना, मान लेना, फर्ज कर लेना; (*let us ~*); hear~ उड़ती बात^F, सुनी-सुनाथी बात^F, खबर^F; *has said his ~* कह दिया जो उसे कहना था; *~ a good word for* प्रशंसा^{F} करना, सिफारिश^F करना; क्षमा^{F} करना, माफ करना; *~ grace, prayer* विनय^F करना, प्रार्थना^{F} करना, दुआ माँगना; *~ lesson* पाठ सुनाना, सबक सुनाना; *~ no* निषेध करना, बरजना, न कर देना, इन्कार करना; *~ no more* चुप रहिए, अब कुछ न कहिए, अब मत बोलिए, बस करिये; *~ out* स्पष्ट रूपसे व्यक्त करना, पूर्णरूपेण कह डालना; *~ something* ईशविनय^F करना, धर्मपुस्तक^{F}का पाठ करना; भाषण करना, बोलना; *~ the word* आज्ञा^{F} देना, हुक्म देना; *~ yes* स्वीकार करना, समर्थन करना, मानना, हाँ करना, हामी^{F} भरना; *that is to ~* दूसरे शब्दोंमें; *you may well ~ so* आपका कहना उचित है।

saying –'इंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); लोकोक्ति^{F}, प्रवाद, सुवाक्य, संक्षिप्त एवं अर्थपूर्ण कथन, सारगर्भित उक्ति^{F}, कथन, वाणी^{F}, उक्ति^{F}, मत, वचन, सूक्ति^{F}, प्रवाद-वाक्य, कहावत^F, मसल^F (*as the ~ is*); *goes without ~* निर्विवाद है, स्पष्ट है; *~ and doing* कथन और क्रिया^{F}, कथनी^{F} और करनी^{F}; *there is no ~* उसमें कुछ कहने-सुननेको नहीं।

Say(y)id, Said से'यिड्, सेड्' n. सैयद।

S.B. Savings Bank; Security Bond; Service Book; Special Branch; Statistical Bureau.

Sb *Stibium* = ANTIMONY.

S.B.I. Sub-Bridge Inspector.

sbirro (It.) ज़्बि'रो n. स्बीरो, इटाली आरक्ष, पुलिस^F, इताली पुलिस^F, इताली सिपाही।

S.C. Salvage Corps; Scheduled Castes; Security Council; South Carolina; *senatus consultum*, a decree of the Roman Senate; Special Constabulary; Supreme Court; Staff College; Staff Corps; Settlement Commissioner; Statistical Clerk; Steel Controller.

Sc. Scandium.

s.c. (*or* **s. caps. sm. caps.**) small capitals.

sc. (or **scil.**, **sciz.**) *scilicet*, to wit, namely.

sc. (or **sculp.**, **sculpo.**) *sculpsit*, engraved it.

scab स्कैब्' १. n. खर्जु^{F}, पामा, खुजली-जैसा, चर्मरोग-विशेष; खुरण्ड, खट्ट, पपड़ी^{F}; घावके भरनेके बाद चिह्न, निशान, दाग; पौधोंका रोग-विशेष; (श्रम०) **गद्दार,** (मजदूर संघवादमें) हड़तालविरोधी, हड़ताल^{F}में भी काम करनेवाला मजदूर; गैरहड़ताली ⊙; हीन, अधमजन, क्षुद्र, दुष्ट, नीच, कमीना आदमी (प्रा०); २. v.i. (घावपर) पपड़ी^{F} पड़ना; पपड़ियाना, घाव भर आना, अच्छा होना।

scabbard स्कै'बर्ड n. असिकोष, कोष, **म्यान** (*~stud*); *fling, throw, away the ~* किसी बातको अन्ततक निबाहनेकी प्रतिज्ञा^{F} करना।

scabbed, scabby स्कैब्ड्, –'बि aa. भरा हुआ, पपड़ी^{F} जमा हुआ (घाव); नीच, अधम, तुच्छ, कमीना।

scabbiness –'बिनि'स् n. कण्डुति^{F}, कण्डूया^{F}, खर्जन-मयता^{F}, खर्जनयुक्तता^{F}, खुजली^{F}, खाज^F; (घावका) भरा हुआ होना, पपड़ी^{F} जमा हुआ होना; नीचता^{F}, अधमता^{F}, तुच्छता^{F}, कमीनापन।

scabble स्कै'बॅल् v.t. मोटा काम करना, (पत्थर इत्यादि) खान^{F}से निकालना।

scabbling –लिंग् n. **कच्ची गढ़ाई^F**।

scabby स्कै'बि a. दे० SCABBED.

scabies स्के'बिईज् n. (चि०) कच्छू, कण्डू, खाज^F, खर्जु^{F}, खुजली^{F}, खारिश^F।

scabietic –बिए'टिक् a. कण्डू-विषयक, खाज-विषयक, खर्जु-विषयक, खुजलीवाला, खारिश^{F}का; सकण्डू, खाज-युक्त, खर्जुमय, खुजलीपीड़ित, खारिश^{F}से रुग्ण।

scabious स्के'बिअॅस् १. n. खुजलीमार पौधा; २. a. खुजलीवाला; चर्मरोगग्रस्त, खुजली^{F}का।

scabrescent स्के'ब्रॅसॅन्ट् a. (वन०) सूक्ष्मतया असम, सूक्ष्मतः विषम, हलका खुरदरा; कम काँटेदार।

scabrid –ब्रिड a. ईषत् असम, ईषत् विषम, कुछ खुर-दरा; कुछ नोकदार, कुछ काँटेदार।

scabridity स्कॅब्रि'डिटि n. ईषद्समता^{F}, ईषद्विषमता^{F}, कुछ खुरदरापन; कुछ नोकदार होना, कुछ काँटेदार होना।

scabrous स्के'ब्रॅस् a. (साहित्य; विषय, परिस्थिति^{F} आदि) अनिश्चित, रूखा, कठिन; दुस्तर, नाजुक; (जन्तु०, वन० आदि) असम, (वन०) **खुरदरा**; गठीला, गाँठदार।

scabrousness –नि'स् n. (साहित्य) गम्भीर स्थिति^{F}, गम्भीरता^{F}, रूक्षता^{F}, रूखापन, कठिनाई^F, नाजुक हालत^F।

scaffold स्कै'फ़ॅल्ड् १. n. घातस्थान, वध्यमंच, पाशमंच, मंच, मचान, तख्ता (विशे० फाँसी^{F}का); (*the ~* के अर्थ-में भी) जल्लादके हाथोंसे मृत्यु^{F}, वध; (*~ing* के अर्थमें भी) प्रेक्षामंच, चबूतरा; (प्रायः *~ing* के अर्थमें भी, मकान बनाने या मरम्मत^F करनेके लिए कारीगरोंके खड़े होनेका बल्ली^{F} और पाटियों^{F}का बना हुआ) मचान, पाइट, पाड़; (श० र० शा०, गर्भ०; *~ing*) ढाँचा; खाका; २. v.t. (मकानके लिए) मचान रखना, पाड़ बाँधना; the ~ फाँसी^{F}का दण्ड, फाँसी^{F}।

scaffoldage –डिज् n. वध्यमंच, वधस्तम्भ, फाँसी^{F}का तख्ता; नाट्यशाला^{F}की दीर्घा^{F} या गैलरी^{F}; मंच, पाड़।

scaffolder -डर् n. जल्लाद; (यंत्र०) **पाड़** या पाइट **बाँधनेवाला** ।

scaffolding -डिंग् n. दे० SCAFFOLD, समाधार, मंच, (इति०) **मचान**, पाड़; (यंत्र०) **पाड़ बाँधना**; ~-pole मचानके लिए बाँस या बल्ली^F^ ।

scaglia स्कैग्'लिअ, स्कै'ल्यॅ n. ईषदरुण चूर्णप्रस्तर, अरुणाभ चूर्णप्रस्तर; गुलाबी चूनेका पत्थर; ईषच्छ्वेत चूर्णाश्म, श्वेताभ चूर्णप्रस्तर, कुछ सफेद-सा लाइमस्टोन ।

scagliola स्कैल्यो'ल n. प्लास्टरका बनावटी पत्थर ।

scalable स्के'लॅबल् a. scale[1]; [2], [3] के क्रियागत अर्थोंमें ।

scalar स्के'लॅर् a. = SCALARIFORM; (ग०) अदिष्ट ~(*quantity*), **अदिश**;
~ matrix, ~ potential, ~ product.

scalariform स्कॅलै'रिफ़ॉर्म् a. निःश्रेणीवत्, (वन०) **सोपानवत्** (~ *conjugation, perforation*), सोपानाकृति, सोपानाकार, सोपान-सदृश, सीढ़ी-जैसा, T.

scalawag, scalla-, scally- स्कै'लॅवैग्, स्कै'लॅ-, स्कै'लि n. दुष्ट, धूर्त, निर्दयी, दुर्जन, बदमाश, पाजी, गुण्डा; अकर्मण्य पुरुष, निष्क्रिय, व्यर्थका मनुष्य, नाकारा आदमी, निकम्मा आदमी; छोटा, नाटा, दुबला, पतला, कमजोर, मरियल, भूखों मरनेवाला पशु ।

scald[1] स्कॉल्ड्' १. n. (चि०) द्रव-दग्ध, स्नेह-दग्ध; द्रव-दहन, गर्म पानी या भाप^F^से झुलसना; जलन^F^, (वन०) **दाह**, चर्मदाह, फफोला, झलका, आवला; २. v.t. गर्म पानी, भाप^F^ आदिसे (किसी मनुष्य या उसके अंग या खाल^F^को) पीड़ा^F^ पहुँचाना, जलाना, फफोला करना, झुलसना (*was ~ed to death by the steam*); बर्तन आदिको खौलते हुए पानीसे धोना, साफ करना; दूध-को खौलाना, उबालना; ३. a. फफोलेदार; चर्मदाह रोगी; रद्दी, मामूली ।

scald[2] n. भाट, चारण (प्राचीन स्कैण्डीनेवियाका महापुरुषोंके सम्मानमें काव्यरचना^F^ करके सुनानेवाला कवि) ।

scalder स्कॉल्'डर् n. ओषणक, बुद्बुदक, उबालनेवाला, खौलानेवाला; क्वाथभाण्ड, ओषण-पात्र, उबालनेका बर्तन; बर्तनोंको गर्म पानीसे साफ करनेवाला ।

scaldic स्कॉल्'डिक् a. चारणीय, चारण-, भाटोंका ।

scalding स्कॉल्'डिंग् n. (चि०) **तप्त द्रव-दाह** ।

scaldings ⊙ स्कॉल्'डिंग्ज् n. मार्गसे हट जानेके लिए चेतावनी^F^, हट-हटकी आवाज^F^ ।

scaldino (It.) n. छोटी अँगीठी^F^ ।

scale[1]* स्केल्' १, n. (सरीसृप, रेंगनेवाले जीव या मत्स्यका चर्मरक्षक सूक्ष्म किन्तु कठिन) (कृषि०, वन०, जीव०) **शल्क** (~ *leaf*), वल्कल, परत^F^*, **पपड़ी**^F^, वरक, छिलका; कोंपल या उगता हुआ पंख; फूलके नीचेकी छोटी पत्ती^F^; भूसा, छीमी^F^; तितली^F^ आदि कीड़ोंके रूपान्तरित बाल या रोएँ; (नौवि०) मजूसा, घनी जोड़^F^; स्तर, तह^F^; चर्म या खाल^F^की परत^F^, पपड़ी^F^, खुरण्ड; मुर्चा या जँग खाये हुए लोहेपरकी परत^F^; दाँतपरका मैल; डेगची^F^ या इंजिनके बॉयलरके भीतर जमी हुई पपड़ी^F^; २. v.t. & i. छिलका उतारना, छीलना, वर्क उतारना; शल्क दूर करना या दन्तशर्करा^F^ हटाना, पपड़ी^F^ उतारना, परत^F^ हटाना (~ *fish, almond, peas, teeth*); (छिलके, पर्तों आदिका) अलग होना; (खाल^F^, धातु^F^ आदिका) हटना, उतरना, छिलना; (छाल^F^, पर्त^F^को) गिराना; ~-armour परतदार बख्तर; ~-board चित्र या शीशे आदिकी पीठ^F^पर लगायी जाने-वाली पतली लकड़ी^F^; ~-fern शल्कपर्ण; ~-insect खपरीदार कीड़ा; ~-moss काई-जैसी पत्तियोंवाला पौधा; ~-work परतदार बनावट, पपड़ी^F^के ऊपर पपड़ी^F^ जमानेका काम, खपरीली तरतीब^F^ ।

scale[2] १. n. तराजू^F^का पलड़ा; (pl.) (*pair of ~s* के अर्थमें भी) तुला^F^, साधारण तराजू^F^; २. v.t. (तुली हुई वस्तु^F^का तराजू^F^में) भार बताना, जाँचना, कूतना, वजन बताना; (क०) तराजू^F^में तौलना, वजन करना; ~-beam तुलादण्ड, डाँड़ी^F^; ~ discharge (परि०) **अनुभार उतराई**^F^; ~ pan तुलापात्र, पलड़ा; *hold the ~s even* निष्पक्ष निर्णायक होना, न्यायकी तुला^F^ पकड़ना; *throw sword into ~* तलवार^F^के बलपर अपने अधिकारको पुष्ट करना; *turn the ~* मन्तव्य या परिस्थिति^F^का निर्णयात्मक होना, पाँसा पलटना ।

scale[3]* १. n. अधिरोहिणी^F^, सोपानपद्धति^F^, अनुक्रम, **क्रम**, श्रेणी^F^, शृंखला^F^, माला^F^, पंक्ति^F^, परम्परा, क्रमिक व्यवस्था^F^, स्तर, दर्जा, (*is high in the ~ of creation*); (रसा०) **शल्क**; (संगीत) **स्वरग्राम**, सुरक्रम, ग्राम, प्रयुक्त सुरोंकी क्रमिक व्यवस्था^F^, सरगम (*minor ~*); किसी मानचित्र आदिमें आपेक्षिक विस्तार, आयाम, अनुपात, लम्बाई-चौड़ाई^F^ (*a building of small ~*); (प्रायः ~ *of notation* के अर्थमें भी; (रसा०, चि०) **मापक्रम**; संख्या^F^के भिन्न स्थानोंकी इकाइयोंके बीचके अनुपातके द्वारा व्यक्त) अंकक्रमका आधार, सांकेतिक चिह्नोंका क्रम, संकेतन, अंकपद्धति^F^; अंकश्रेणी^F^, अनुमाप, नाप^F^*, (चि०, रसा०, प्रा० भूगोल) **पैमाना**, अंकोंका पैमाना*; नापनेको या घटाव-बढ़ावके लिए एक नियत दूरी^F^की रेखा^F^पर अंकित चिह्न, इन अंकित चिह्नोंके बीचकी दूरी^F^ निश्चित करनेका साधन, मापयन्त्र, मापश्रेणी^F^, मापदण्ड, **माप-सारणी**^F^; **मात्रा**^F^; **मान**, (प्रा० भूगोल, गणि०, रसा०, चि०) **मापनी**^F^, पटरी^F^, **स्केल**^F^; २. v.t. & i. मापना, सामान्य माप^F^ करना, एक-सा मानदण्ड रखना, एक-सा पैमाना रखना; समान मानवाला होना, निर्मित होना; वास्तविक विस्तार-के आनुपातिक विस्तारमें प्रकट करना, प्रस्तुत करना, सामान्य क्रम (सार्वक्रम) में लघुकरण करना, घटाना; दीवाल^F^ या किसी ढालू स्थानपर सीढ़ी^F^के सहारे ऊपर चढ़ना या कठिनाई^F^से चढ़ना; binary ~ द्विवर्णक्रम, दुक्के या चौकेकी इकाइयों^F^का द्योतक; ordinary or denary or decimal ~ क्रमिक इकाई^F^, दहाई^F^, सैकड़ा आदिकी सूचक माप^F^, साधारण या दशांशिक तथा

दाशमिक मान; दशांशिक क्रम जैसे, १४=चार+दस; ~ of pay वेतन-मान; ternary ~ त्रिवर्णक क्रम; तीन और नौकी इकाइयोंᶠका सूचक; *sink in the* ~ दर्जेमें कम होना, स्तर गिरना; *to* ~ वास्तविक नाप-जोखᶠके अनुपातमें;

~ coefficient, ~ degree, ~ height, ~ line, ~ value.

scaled स्केल्ड् a. वल्कलयुक्त, शल्कयुक्त, मछलीᶠके चमड़े-जैसा, परतदार, चमड़ेवाला।

scaleless –ल्'लिॅस a. शल्करहित, शल्कहीन, बिना छिलकेका, बेपरत।

scalene स्कॅलीन्' १. n. विषमबाहु त्रिभुज, रीढ़ᶠकी मांसपेशीᶠ; २. a. (ग०) विषमभुज, **विषमबाहु**; ~ cone विषमशंकु, आधारकी ओर झुकी हुई धुरीवाला शंकु; ~ triangle (प्रा० भू०, ग०) **विषमबाहु त्रिभुज, विषमबाहु त्रिकोण,** विषम त्रिकोण, त्रिभुज जिसकी कोई दो भुजाएँᶠ समान न हों; ~ tubercle (चि०) **विषम गुलिकाᶠ, स्केलीन गुलिकाᶠ।**

scalenohedron ⊙ स्केलिॅनोॅ'हिॅड्रॉन् n. द्वादशतल, द्वादशतल ठोस, (प्रा० भू०) **विषम त्रिभुज पार्श्वक।**

scaler स्के'लॅर् n. शल्कक; छिलका उतारनेवाला, पर्तᶠ उतारनेवाला, वर्क उतारनेवाला; (मछलीᶠका शल्क, दाँतका मैल, शर्कराᶠ, इत्यादि) दूर करनेवाला; अलग करनेवाला, उतारनेवाला, हटानेवाला; (भौ०) **अदिश, अदिष्ट;** अनुपातित करनेवाला, अनुपातमें प्रकट करनेवाला; अनुक्रमबन्धक, श्रेणीबद्ध करनेवाला, श्रृंखलाबद्ध करनेवाला, मालाᶠ बनानेवाला; आरोहक, आरोहण करनेवाला, चढ़नेवाला।

scaliness –लिनिॅस् n. शल्कयुक्तताᶠ, स्तरमयताᶠ, छिलकेदारीᶠ।

scaling स्के'लिंग् n. मापन, **मापना;** चढ़ना (~ *ladder*); पार करना; (चि०) दन्तशर्कराहरण; **पपड़ीᶠ उतारना;** ~ circuit **अधिरोही परिपथ;** ~ down **श्रेणीᶠ घटाना, मात्राᶠ घटाना।**

scall स्कॉल्' n. (प्रा०) चर्मपरके छाले, पपड़ाᶠ, खुजलीᶠ; dry ~ सूखी खुजलीᶠ; moist ~ अपरस, छाजन; द्रवदग्ध।

scallion स्कै'ल्यॅन् n. एक प्याज।

scallop, sco- स्कै'लॅप्, स्कॉ- १. n. (इति०) **कम्बूकृत, कम्बुक,** एक सीपदार मछलीᶠ; T.; (*~-shell* के अर्थमें भी) इस सीपᶠका घर, घोंघेका खोल; (आधु०) छिछली कड़ाहीᶠ या बर्तन; तीर्थयात्रीका बिल्ला; सीपᶠकी कोरᶠके अनुकरणमें कटा हुआ किनारा, कामदार, सजीली कोर, मगजी; २. v.t. कड़ाहीᶠ विशेषमें पकाना, अर्द्धवृत्ताकार रूपमें किनारे काटना, सीपᶠके किनारे निकालना, सीपᶠकी-सी कोरᶠ सजाना।

scalloping –पिंग् n. कामदार कोर काढ़ना, मगजीᶠ सजाना।

scallywag स्कै'लिवैग् n. दे० SCALAWAG.

scalp स्कैल्प् १. n. (रसा०, चि०) **शिरोवल्क,** कर्परावरण, शिरोस्थि-चर्म, खोपड़ीᶠका केशयुक्त चर्म; शिरोग्र, मस्तक, सिरका सबसे ऊपरी भाग, खोपड़ीᶠ; बिना नीचेके जबड़ेका ह्वेलᶠका सिर; २. v.t. मस्तक-त्वक्को अलग करना, सिरकी खालᶠ उतारना, खोपड़ीᶠकी चमड़ी उतारना; उद्दण्डतापूर्वक छिद्रान्वेषण करना, अशिष्टतापूर्वक आलोचनाᶠ करना, जंगली ढंगसे नुक्ताचीनीᶠ करना; ~-lock शिखाᶠ, चुटियाᶠ; *take* ~ सिर उतारना; *out for* ~*s* युद्धपथपर, लड़ाईᶠके रास्तेपर; (ला०) आक्रामक या कटु विरोधपूर्ण या अशिष्टतापूर्ण मनोदशाᶠ-में, झगड़ा करनेको तैयार।

scalpel स्कैल्'पॅल् n. विच्छेदनीᶠ, (प्राणि०) **छुरिकाᶠ, क्षुरिकाᶠ,** शल्यचिकित्सक (जर्राह) का कलमᶠ जैसा छोटा हल्का चाकू, छुरीᶠ, T.

scalpelliform –पे'लिफ़ार्म a. (शल्यचिकित्सक या सर्जनके) छूरेके आकारका, चाकू-जैसा।

scalper स्कैल्'पॅर् n. मस्तक-त्वक्-शल्कक, खोपड़ीᶠकी चमड़ीᶠ उतारनेवाला; मस्तकशल्कक यन्त्र, खोपड़ीᶠकी चमड़ीᶠ उतारनेवाला औजार।

scalpriform स्कैल्'प्रिफ़ार्म् a. टंकाकृति, टंकाकार, छेनी-सदृश, छेनी-जैसा, रुखानी-जैसा।

scalprum ⊙ स्कैल्'प्रॅम् n. शल्यचिकित्सक या सर्जनकी रेतीᶠ या बड़ा चाकू।

scaly स्के'लि a. शल्कमय, शल्की, शल्कयुक्त, वल्कावृत्त, वल्की, भूसीवाला, छिलकेदार, खोलदार; पर्तदार, तहदार (~ *bark, bud*); ~ant eater **शल्की चींटाखोर।**

scamble स्कैम्'बॅल् v.t. & i. संघर्ष करना, होड़ᶠ करना, छीना-झपटीᶠ करना, ऊधम मचाना, धक्कमधक्का करना, जल्दी मचाना; न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; घुटनोंके बल चढ़ना, घिसट-घिसटकर चढ़ना।

scambler –लॅर् n. संघर्षकर्ता, लुण्ठक, होड़ᶠ लगानेवाला, छीनाझपटीᶠ करनेवाला, धक्कमधक्का करनेवाला, चुलबुला, चिलबिला, हड़बड़िया; बिखेरनेवाला, न्योछावर करनेवाला, लुटानेवाला, फेंकनेवाला; घुटनोंके बल चढ़नेवाला, घिसट-घिसटकर चढ़नेवाला।

scammony स्कै'मॅनि n. (चि०) तीव्र विरेचक, एक पौधा और उसकी रालᶠ।

scamp¹ स्कैम्प' n. धूर्त, दुष्ट, दुर्जन, शरीर, लुच्चा, बदमाश, आवारा, बदजात, (कभी-कभी प्रेमके रूपमें प्रयुक्त); कामचोर; नटखट।

scamp² v.t. बिना ध्यानके काम करना, अच्छे ढंगसे काम न करना, दिल लगाकर काम न करना, काममें मन न लगाना, लापरवाहीᶠसे करना, बुरी तरह करना, असावधानीᶠसे काम करना, जी चुराना, टालना, अनमने काम करना, बेगार टालना।

scamper स्कैम्'पॅर् १. n. द्रुत यात्राᶠ, जल्दी-जल्दीका सफर; सवेग गमन, द्रुत धावन, भागदौड़ᶠ, भगदड़ᶠ; घोड़ेकी सरपटᶠ सवारीᶠ; सवेग पाठ, शीघ्र पाठ; २. v. i. भयभीत पशु या खेलते हुए बच्चेकी भाँति बेतहाशा दौड़ना, सिरपर पाँव रखकर भागना, जी-जानᶠ छोड़कर

भागना, चम्पत होना, तेज़ी^F से दौड़ना; काफूर होना, सटक जाना।

scampish स्कैम्'पिश् a. थोड़ा धूर्त, दुष्ट-सा, दुर्जन-जैसा, बदमाशीकी ओर झुकाववाला।

scan स्कैन्' v.t. & i. पिंगल या छन्द नियमके अनुसार शुद्ध होना (*line does not* ~), लयात्मक पाठ होना (*line will not* ~); लयात्मक पाठ करना, लय^F पर बल देकर पढ़ना; छन्द-निर्णय करना, छन्द-मात्रा^F गिनना, (टेलीविजन *television*) संचरणके हेतु (किसी चित्रका) उसके प्रकाश एवं छाया^F के तत्वोंमें विभेदन करना; अन्वनुलोकन करना, **अवलोकन करना,** सूक्ष्म परीक्षा^F करना, ध्यानसे देखना, **बारीक जाँच करना,** जाँचना, तौलना, पड़तालना; (चेहरे या क्षितिजके) सभी भागोंको देखना।

scandal स्कैन्'डॅल् n. निर्वाद, लोकापवाद, अपकीर्ति^F, कलंक, (का०) **अवधूरण,** दूषण, आक्षेप, अपमान, अपमान-वचन, सार्वजनिक निन्दा^F, बदनामी^F, बुराई^F, जिल्लत^F (*a grave* ~ *occurred*); परिवाद, प्रवाद, (का०) **अपवाद,** पिशुनवाक्य, द्वेषपूर्ण वार्ता^F, कुत्सा^F, गर्हणा^F, निन्दा^F, चुगली^F; (कानून) सार्वजनिक अपमान, न्यायालयमें दिया गया अपमानजनक वक्तव्य, बदनामी^F करनेवाला बयान।

scandalize¹ –लाइज़् v.t. नैतिक आचरणपर आघात करना, शिष्टाचार-सम्बन्धी धारणाओं^F को तिरस्कार करना, नैतिक भावनाओं^F को चोट^F पहुँचाना, दोषारोपण करना, निन्दा^F करना, अपयश फैलाना, बदनाम करना, नामको बट्टा लगाना, बुरी बात^F कहना।

scandalize² v.t. (नौवि०) पाल या बादबानके फैलावको छोटा कर लेना।

scandalled स्कैन्'डॅल्ड् a. कलंकित, अपकीर्तित, अपभाषित, निन्दित, अपमानित; अपमानजनक, लज्जाजनक, निन्दापूर्ण।

scandalous –लॅस् a. दूषणीय, अकीर्तिकर, गर्हित, निन्द्य, कलंककर, निन्दाजनक, निन्दात्मक; (का०) **अवधूरक,** अपवादक, परिवादात्मक, आक्षेपगर्भः निन्दास्पद, बदनाम।

scandalousness –निॅस् n. कलंक, अपवादकता^F, निन्दात्मकता^F, आक्षेपगर्भता^F, निन्दापूर्णता^F, बुराई^F, बदनामी^F, थुक्काफ़ज़ीहती^F, फजीहत^F, तौहीन।

scandent स्कैन्'डन्ट् a. (वन०) **आरोही,** चढ़नेवाला, लतर-जैसा ऊपर जानेवाला।

Scandinavian स्कैन्डिने'विॲन् n. & a. स्कैण्डिनेविया (डेनमार्क, स्वीडन और आइसलैण्ड)का (निवासी, भाषा^F, परिवार)।

scandium स्कैन्'डिॲम् n. (रसा०) स्तोकातु, स्कैण्डिनेवियाकी धातु^F, T.

scannable स्कै'नॅबॅल् a. अन्वनुलोकनीय, सूक्ष्मपरीक्षणीय, सूक्ष्मपरीक्षा-योग्य, ध्यानसे देखने योग्य, जाँचने लायक।

scanning स्कै'निंग् n. परिलोकन, **अवलोकन, क्रमवीक्षण** (~ *technique*), परीक्षण; **बारीक जाँच**^F, (विद्यु०) **अंशेक्षण;** छन्दपरीक्षण, छन्दोविभाजन; (चि०) विभक्त शब्दोच्चारण, रुक-रुककर शब्दोच्चारण करना।

scansion –न्'शन् n. गण विभाग, मात्रा-गणन, छन्द-नियमन, छन्दपरीक्षण, चरण एवं अक्षर गिननेकी विधि^F, = SCANNING.

scansorial स्कैन्सॉ'रिॲल् a. (वन०, जीव०) **वृक्षारोही, आरोही** (~ *leg*), आरोहणशील, चढ़नेवाला, ऊपर जानेवाला (पक्षी); चढ़नेके काम आनेवाले, चढ़नेके लिए बने हुए (पक्षीके पैर); ~ adoptation **आरोहण अनुकूलन।**

scant स्कैन्ट्' १. v.t. (प्रा०) (सामग्री^F या रसद^F, मनुष्योंको) मितव्ययिता^F से देना, सीमित कर देना, घटाना; कृपणता^F के साथ देना, असन्तोषपूर्वक देना, हद^F बाँध देना, कम-कम देना, बुरे मनसे देना; २. a. (प्रा०, काव्य०) अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, अत्यल्प, अल्प (~ *demand*), न्यून, बहुत कम, नामभरको, बहुत थोड़ा, नहींके बराबर, नामको, जरा-सा, नाकाफी, मुश्किल^F से काफी, बराये नाम (*with* ~ *courtesy*, ~ *of breath*)।

scantiness –'टिनिॅस् n. अपर्याप्तता^F, अप्रचुरता^F, स्वल्पता^F, अत्यल्पता^F, न्यूनता^F, कमी^F, नाकाफीपन, तंगी^F।

scantity –'टि n. = SCANTINESS.

scantle स्कैन्'टॅल् १. n. स्लेट^F की माप^F; छोटी स्लेट^F, २. v.t. मापके अनुसार ठीक करना या बैठाना।

scantling स्कैन्ट्'लिंग् n. (यन्त्र०) **बत्ता, कड़ी चिरान**^F, लकड़ी^F का छोटा टुकड़ा, कड़ी^F; ऐसा आकार या माप^F जिसके अनुसार पत्थर या लकड़ी^F काटी जावे; ढाँचेके भागोंके लिए लम्बाई^F-चौड़ाई^F का स्टैण्डर्ड नाप; पीपेकी लकड़ी^F का ढाँचा; खाद्य पदार्थका अल्प परिमाण; छोटी राशि^F, थोड़ी रकम^F; वांछित भण्डार, आवश्यक संचय, जरूरी रसद^F; आदर्श, नमूना, बानगी^F (प्रा०); (परि०) **घटक माप**^F, **घटक चिरान**^F, **घटक।**

scantness स्कैन्ट'निॅस् n. अल्पता^F, अपर्याप्ति^F, लघुता^F, क्षुद्रता^F, छुटाई^F, छोटापन; संकीर्णता^F, तंगी^F, दिक्कत^F।

scanty –टि a. अपर्याप्त, अप्रचुर; स्वल्प, विरल, अत्यल्प, न्यून, कम, नाकाफी; असंकीर्ण।

S.C.A.P.A. Society for Checking the Abuses of Public Advertising.

scape¹ स्केप्' १. n. (प्रा०) पलायन, बचाव; २. v.t. पलायन करना, निकल भागना, बच निकलना, बाल-बाल बचना (*hairbreadth* ~*s*)।

scape² n. (वन०) निवृन्त, (कृषि०) **पुष्पदण्ड,** पत्तारहित पुष्प-डण्ठल; T.; परोंकी डण्डी^F; स्तम्भका सन्धि-भाग (जहाँसे मोड़ समाप्त होता है और दूसरा भाग आरम्भ होता है); (कृमि०) कृमिका उपशृंगमूल, नाक^F या मूँछ^F की जड़^F।

scapegoat स्केप'गोट् n. (बाइबिल) बलिछाग, बलि^F का बकरा, बलि^F; दूसरोंके लिए दोषी ठहराया जानेवाला व्यक्ति।

scapegrace स्केप्'ग्रेस् n. नराधम, हतभाग्य मनुष्य,

पापी व्यक्ति, अभागा आदमी।

scapeless –लि॑स् a. निवृन्तहीन; निवृन्तविहीन, विना डण्ठल, पुष्प दण्डरहित।

scapement –मॅन्ट् n. त्राण, परित्राण, रक्षा[F], परिरक्षा[F], बचाव।

scaphism स्कै॑फिज़्म् n. (प्रा० ईरानी) प्राणदण्ड (जिसमें अपराधी तरुकोटरमें डाल दिया जाता था, उसके शरीरमें शहद लगाया जाता था और डंकदार कीट उसे काटते थे)।

scowl स्कॉउल्' १. n. क्रोधपूर्ण आकृति^F, सरोष भ्रूभंग, भ्रुकुटि^F, भौंह^F चढ़ाना, टेढ़ी भौंहें^F, डरावनी सूरत^F; २. v.t. & i. रोषमें आना, क्रुद्ध देख पड़ना, क्रुद्ध हो जाना, भ्रूभंग करना, भौंह^F चढ़ाना, नाक-भौं^F चढ़ाना, माथेपर वल डालना, त्योरी^F चढ़ाना, तेवर बदलना, टेढ़ी नजर^F करना, नाराजी दिखाना; गुर्राना, डराना, धमकाना; ~ *down* (व्यक्ति या विरोध आदिको) क्रोधपूर्वक दवा देना, दमन करना, अभिभूत करना, वशमें करना, डॉट-डपट^F कर काबूमें कर लेना।

scrab स्क्रैब' v.t. खरोंचना, खुजलाना।

scrabble[1] स्क्रै'बॅल् n. घसीट लिखावट^F; धक्कमधक्का, **गडमड**।

scrabble[2] v.i. अँधेरेमें ढूँढ़ना, किसी चीज^F को पानेके लिए इधर-उधर खरोंचना, इधर-उधर टटोलना, हाथ-पैर मारना; **ध्वनि**^F **उलझाना**; धक्कमधक्का करना, रेंगना; (प्रा०) अनवधानतापूर्वक अस्पष्ट लिखना, उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना, लापरवाही^F के साथ अण्ट-सण्ट लिखना, गन्दा लिखना, चीत-मकौड़ा करना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना।

scrag स्क्रैग् १. n. मनुष्यका गला, आदमीकी गर्दन^F; अस्थिप्राय पुरुष, क्षीण या कृश व्यक्ति, पतला-सा पौधा, बहुत ही दुबला मरियल जानवर; पशुके मांसका हड्डीवाला भाग; २. v.t. (स्कूल ग्रा०) घोर यन्त्रणा^F देनेके लिए किसी हथियारसे गला ऐंठना, गर्दन^F दबोचना; गला घोंटकर मृत्युदण्ड देना, गला घोंटना, गर्दन^F दबाना, गर्दन^F ऐंठना; फाँसी^F देना; (फुटबालमें) खिलाड़ीको गर्दन^F पकड़कर रोक लेना।

scragged –'गिॅड् a. असम, विषम; अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल।

scraggedness –'गिॅ-निॅस् n. अस्थिप्रायता^F, कृशता^F, क्षीणता^F, दुर्बलता^F, दुबलापन, सूखापन, मरियलपन।

scraggy –गि a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, रूक्ष, दुबला, रूखा-सूखा, मरियल।

scram ⊙ स्क्रैम्' int. हट!, दूर हो!, भाग जा!

scramble स्क्रैम्'बॅल् १. n. तीव्र संघर्ष, प्रतियोगिता^F, होड़^F, छीना-झपटी^F, धक्कामुक्की^F, खींचातानी^F; २. v.t. & i. कोई वस्तु^F प्राप्त करनेके लिए (प्रतिद्वन्द्वियोंके साथ) संघर्ष करना, होड़^F करना, छीना-झपटी^F करना, झपट^F लेना, धक्कमधक्का करना, खींचतान^F करना (~ *for place*); (लूट^F या छीना-झपट^F के लिए सिक्के आदि) न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; कठिनाई^F से ऊपर चढ़ना, हाथों और घुटनोंके वल चढ़ना, किसी ढाल या ऊँचाई^F पर घसिट-घसिटकर चढ़ना, पेटके वल चढ़ना; अण्डोंको मक्खन या दूधके साथ कड़ाही^F में पकाना, उनका चीला बनाना।

scrambler –लॅर् n. संघर्षकर्ता, होड़ करनेवाला, छीना-झपटी^F करनेवाला, धक्कमधक्का, करनेवाला, खींचतान^F करनेवाला; न्योछावर करनेवाला, बिखरानेवाला, लुटानेवाला, छितरानेवाला; घसिटकर चढ़नेवाला, रेंगकर चढ़नेवाला।

scrambling –लिंग् १. n. धक्कामुक्की^F, छीना-झपटी^F; २. a. अव्यवस्थित, क्रमहीन, अनियमित, बेढंगा।

scran स्क्रैन्' n. (ग्रा०) खाद्य-सामग्री^F, भोजन, व्यंजन, खानेका माल, बचा-खुचा खानेका सामान; ~ bag (नौवि०) जब्ती थैला; *bad ~ to !* (उसका) अभाग्य, दुर्भाग्य, बदकिस्मती^F।

scranch स्क्रॉन्च्' v.t. चर्वण करना, चबाना, दँतियाना, दाँतोंसे दरदराना।

scranky स्क्रैन्'कि a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल, पतला।

scrannel स्क्रै'नॅल् a. (प्रा०) (ध्वनि-सम्बन्धी) शिथिल, क्षीण, मन्द, धीमा, पतली, हलकी, कमजोर (आवाज^F)।

scranny, scrawny ⊙ –नि, स्क्रॉ'नि a. कृश, दुर्बल, दुबला-पतला।

scrap[1] स्क्रैप्' n. अवशेष, बची हुई वस्तुएँ^F, बची हुई बेकारकी चीजें^F, **रद्दी माल**; (समूहरूपमें) धातु^F की छीलन-छाजन^F, छीजन^F; शकल, अंश, खण्ड, टुकड़ा,

कतरन, चिथड़ा, धज्जी^F (~ *metal*); क्षेप्य, किसी संग्रहमें रखनेके लिए किसी पुस्तक^F या समाचार-पत्रसे काटा हुआ चित्र, अवतरण आदि; तायी हुई चरबी^F का बचा हुआ भाग, सीठी^F, तेल निकाली हुई मछली^F, मछली-फोक; २. v.t. (जहाज, सामग्री^F आदिको) व्यर्थ घोषित करना, अलग कर देना, रद्दीके ढेरमें डालना, बेकार कह देना; ~ book खण्डाधार, टुकड़े, चिट, कटिंग^F आदि चिपकानेकी पुस्तक^F; **कतरन रजिस्टर**; ~heap बेकार या रद्दीकी चीजोंका ढेर (ला० भी); ~-iron क्षेप्य लोहा, (यन्त्र०, रसा०) **रद्दी लोहा**; ~ metal (रसा०) **रद्दी धातु**^F; ~-paper पर्चियाँ^F; ~ yard **कबाड़खाना**; ~ value **रद्दी^F का मूल्य**; ~*of paper* उपेक्षणीय प्रतिज्ञा^F, अवहेलनीय वचन, तिरस्करणीय निश्चय, झूठ-मूठका वादा, हवाई वादा।

scrap² १. n. संघर्ष, हाथापाई^F, लड़ाई^F, झगड़ा, धर-पकड़^F, खींचातानी^F, झोंक-झड़प^F, कशमकश^F (*had a bit of a ~ with*); २. v. i. संघर्ष होना, लड़ाई-भिड़ाई^F होना, झड़प^F हो जाना, झगड़ा करना, हाथापाई^F करना, झगड़ना।

scrape स्क्रेप् १. n. घर्षण शब्द, करकराहट^F, रगड़ने या खुरचनेकी आवाज^F; घर्षण क्रिया^F, छील-छाल^F, रगड़न^F; चिकना करनेका काम, रगड़नेका काम; (प्रणाम करने या झुकनेमें) पैरोंकी रगड़^F, घिसटन^F; अजीब संकटपूर्ण परि-स्थिति^F, क्लेशप्रद अवस्था^F, खतरनाक मौका या हालत^F; २. v.t. & i. (छीलन^F, छिलका, धब्बे आदि) दूर करना, रगड़कर या छीलकर साफ करना, छीलना, रगड़ना, हटा देना; खुरदरापन साफ करना, मिटा देना (~ *off the paint*); अपोद्घर्षण करना, किसी पैनी या तिकोनी वस्तु^F-से समतल करना, बराबर करना, चिकना करना, एक-सा करना, खुरदरापन साफ करना, घिसना, खुरचना, चमकाना, हमवार करना, पालिश^F करना; दाढ़ी^F, बनाना, बाल मूड़ना, शेव करना; किसी वस्तु^F से रगड़^F खाना या रगड़ते हुए चलना, छूना, घिसना, घिसटकर चलना (~ *against, along, the wall*); खाली करना, खुरच करके खोदना, गड्ढा करना, गढ़ा बनाना, खोखला बनाना; घर्षणध्वनि^F उत्पन्न करना, खुरचनेकी ध्वनि^F के साथ खींचना, रगड़नेकी आवाज^F पैदा करना, घिसनेकी आवाज^F के साथ निकालना, स्वर निकालना, बजाना, ऐसी आवाज^F निकालना; लाभप्राप्ति^F के लिए उपाय करना, पानेकी कोशिश^F करना (*must ~ up enough for*); मितव्ययिता^F करना, किफायत^F बर्तना, किफायत^F से रहना (*work and ~ as one may*); नोच-खसोट^F कर या कठिनाई^F या कंजूसी^F से धन एकत्र करना, सम्पत्ति^F जोड़ना, रुपया पैसा जोड़ना, बटोरना; ~ *acquaintance with* यत्नपूर्वक मैत्री^F या परिचय चाहना, पहचान^F निकालना, किसीसे जबर-दस्ती परिचय करना; ~ one's *chin* दाढ़ी^F बनाना. मूँड़ना; ~ *through* बच जाना, बालबाल बचना, मूँड़नेसे बचना; (प्रायः ला०) परीक्षा^F में कठिनाई^F से उत्तीर्ण होना, मुश्किलसे पास होना।

scraper –'पॅर् n. **अवघर्षक**, निर्घर्षणक, निर्घर्षणी^F, **खुरचनी**^F, राँपी^F, खुरपी^F; एक-सा करनेवाला; स्वच्छ-कर्ता, साफ करनेवाला; खुरचनेवाला, छीलनेवाला; घिस-घिसकर शब्द उत्पन्न करनेवाला, रगड़नेकी वस्तु^F बजाने-वाला; मितव्ययी, धनसंचयी, जोड़ू।

scraph ⊙ स्क्रैफ् n. (परि०) **मंजूषा**^F।

scrappiness स्क्रै'पिनिस् n. खण्डान्वितता^F, खण्डत्व; व्यर्थता^F, रद्दीपन।

scrapping स्क्रै'पिंग् n. घर्षण, उद्रेखण, क्षुरण, तक्षण, घिसने, रगड़ने, मूंड़ने आदिकी क्रिया^F; घर्षण-ध्वनि^F, रगड़^F; **छीलन**, (रसा०) खुरचन, **खुरचाई**^F, **खुरचना**; मल; धनसंचय।

scrappy स्क्रै'पि a. खण्डान्वित, खण्ड-खण्ड, टुकड़े-दार, टुकड़े-टुकड़े; व्यर्थ, बेकार, रद्दीसे भरा हुआ।

scratch¹ स्क्रैच' n. ईषद्व्रण, नखक्षत, नखव्रण, हलका घाव, (यन्त्र०) **पंजा**; **खरोंच**^F (*got off with a ~ or two*); खुजलानेकी क्रिया^F, खुजाना; खरोंचने या नोंचनेका चिह्न या निशान या उसका शब्द, ध्वनि^F, आवाज^F; प्रस्थान रेखा^F (जहाँसे प्रतियोगी प्रतियोगिता^F में दौड़^F आरम्भ करते हैं) (*toe, come to* or *up to, the ~*); बालोंकी छोटी नकली टोपी^F; घोड़ोंका कण्डू रोग; ~cat द्वेष-प्रेरित स्त्री^F, ईर्ष्यालु स्त्री^F या शिशु; ~man *or* ~ प्रतियोगी (जिसे किसी विशेष प्रतियो-गिता^F में अन्योंकी बराबरीमें सुविधा^F या अनुकूलता^F प्राप्त न हो, बराबरसे दौड़नेवाला; ~-race बराबरकी दौड़^F; ~-wig बालोंकी नकली टोपी^F; *a ~ of the pen* द्रुतलेखन, घसीट^F, घसीटी हस्ताक्षर अथवा लिखित आदेश;

~ filter, ~ reflex, ~ template.

scratch² v.t. & i. आखुरण करना, (पंजे, नाखून या अन्य किसी कम या अधिक नुकीली वस्तु^F से) खरोंचना, नोचना, खुरचना, खरोंच^F मारना, लम्बी पतली खरोंच^F बना देना, चिह्नित करना, हलका घाव बना देना, निशान बना देना, बकोटना, नाखून मारना, पंजा मारना (*threatened to ~ my face*); (किसी वस्तु^F का कोई भाग) चिह्नित हो जाना, नुच जाना, खुरच जाना (*have ~ed my hands badly*); खरोंचकर छेद बनाना, खरोंच^F करके (अक्षर, चित्र आदि) बनाना, कुरेदना, खुजलाना, नाखूनोंसे बिना घाव किये खुजलाना (~ one's *head*); अपनेको खुजाना, खरोंच^F लेना; किसी वस्तु^F की खोज^F में धरती^F नोंचना, पता लगाना, ढूँढ़ना, जमीन^F से कुरेदना (~ *about for stray seeds, evidence* आदि); घसीटना, घसीट लिखना, गिचपिच लिखना; (प्रतियोगिता^F मेंसे किसी घोड़े या प्रतियोगीका नाम) लौटा लेना, कटवा देना; (प्रतियोगिता-सूची^F मेंसे) प्रतियोगीका नाम उड़ा देना, काट देना; (दौड़^F के लिए घोड़ोंकी सूची^F मेंसे) नाम काट देना, खारिज कर देना; (लिखे हुए शब्दोंपर) रेखा^F खींच देना, पेंसिल^F आदिसे काटा लगाना, मिटा देना, लकीर^F फेर देना; मितव्ययिता^F या कृपणता^F से धन एकत्र करना,

पैसा इकट्ठा करना, दौलत^F जमा करना, रुपया जोड़ना; ~ *along* (ग्रा०) किसी प्रकार जीवन व्यतीत करना, जीविका^{F}का प्रबन्ध करना, जिन्दगी^{F}के दिन काटना, गुजर-बसर करना।

scratch[3] a. शीघ्रतापूर्वक संगृहीत, अव्यवस्थित रूपसे संगृहीत, नोच-खसोटकर जमा किया हुआ, ऊल-जलूल तरीकेसे या अन्धा-धुन्दी^{F}से एकत्र; वैषम्ययुक्त, विषम अंशोंसे निर्मित, पचमेल (*a ~ crew*)।

Scratch[4] n. Old ~ दैत्य, दानव, राक्षस, शैतान, पिशाच।

scratcher स्क्रै'चॅर् n. आखुरक, आघर्षक; खरोंचनेवाला, खुरचनेवाला, नोचनेवाला; नाखून मारनेवाला, पंजा मारनेवाला; घसीट लिखनेवाला, गिचपिच लिखनेवाला; विदारक, (लिखी हुई चीज^{F}को) काट देनेवाला, पेंसिल^F चला देनेवाला।

scratchiness स्क्रै'चिनिॅस् n. वैषम्य, विषमता, विभिन्नता, पचमेलपन; चिरचिराहट^F; कलाहीनता^{F}, बेतुकापन, भोंड़ापन।

scratching स्क्रै'चिंग् n. विदारण, आखुरण, खरोंचना; कण्डूयन, खुजलाना, खुजली^{F}; ~shed (कृषि०) **कुरेदनगाह^F**; ~ tool (यन्त्र०) **खुरचनी^{F}**।

scratchy –चि a. (नाविक, दल आदि) विभिन्न, विषम चरित्रका, भिन्न-भिन्न प्रकृतिवालोंका, अलग-अलग, अनमेल, पचमेल; अव्यवस्थित, असंगठित, अनवधानतापूर्ण, चातुर्यरहित, कलाहीन, कटा-फटा, बेतुका, भोंड़ा (चित्रांकन); (लेखनी^{F}) कागज चीरनेवाली या फाड़नेवाली, कागजपर चिरचिरानेवाली, अटकनेवाली।

scraw स्क्रॉ' n. (घासका) दल, पत्र, पर्ण, पत्ती^{F}।

scrawl स्क्रॉल्' १ n. दुर्लेख, कुलेख, कुलिखित टिप्पणी^{F} या पत्र, घसीट^F; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, उतावली^{F}में उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना; अपचिह्नित करना, जल्दी-जल्दी^{F}में गिचपिच लिखना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना, बुरा लिखना, खराब लिखना; कील-काँटे बनाना; कीड़े-मकोड़े बनाना, कागजपर चींटेकेसे पैर बनाना।

scrawler –लॅर् n. कुलेखक, कुटिप्पणीकार, उतावला लेखक, गिचपिच लेखक, घसीट लिखनेवाला; कील-काँटे बनानेवाला, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनानेवाला।

scrawly –लि a. कुलिखित, कुटिप्पणीयित, उतावली^{F}में लिखा गया, गिच-पिच लिखा हुआ, खराब लिखा हुआ।

scrawny स्क्रॉ'नि a. दे० SCRANNY.

screak[1] स्क्रीक्' n. चीत्कार, चीख^F, कूक^F, चरचराहट^F।

screak[2] v.t. चीत्कार करना, चीखना, चरचराना।

scream स्क्रीम् १. n. (ग्रा०) अत्यधिक हास्योत्पादक कार्य, खूब हँसानेवाली बात^F; आर्तनाद, चीत्कार, क्रन्दन, आक्रन्दन, कूक^F, चिल्लाहट^F, चीख^F (*~s of pain*); अट्टहास, खिलखिलाहट^F, किलकारी^{F}; (बिना *article* के) मनोवेग, शैली^{F}का जोर, भावावेश आदिमें बहुत अधिक बलप्रयोग; २. v.t. & i. अट्टहास करना, असंयत होकर हँसना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ जाना, ठट्ठा मारकर हँसना, खिलखिलाना, खूब हँसना, ठहाके मारना (*~ with laughter*); चिल्लाकर बोलना, चीखकर बोलना, बड़े जोरसे बोलना, कूका देना, कूका मारना (*~ed that she did not dare jump*); उत्क्रोश करना, क्रन्दन करना, आक्रन्दन करना, आर्तनाद करना, चीत्कार करना, चीखना, कराहना, चीख^F मारना, चिल्लाना, धाड़ें^{F} मारना; (भाप^{F}के इंजिन आदिका) भौं-भौं करना, तीखी आवाज^F करना, सीटी^{F} बजाना।

screamer स्क्री'मॅर् n. चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, क्रियागत अर्थोंमें; एक अमेरिकी पक्षी (*crested, horned, ~*); उत्क्रोशक; किसी वस्तु^{F}का असाधारण रूप, अद्भुत रूप या नमूना, कहानी^{F} आदि (जिसको सुननेसे खिलखिलाहट^F या खूब जोरकी हँसी^{F} उठती हो)।

screaminess –मिनिॅस् n. कोलाहलपूर्णता^{F}, तीव्र-बलाघात-युक्तता^{F}, चीख-पुकार^{F}की आदत^F (भाषण-शैली^{F} या भावावेशमें), उत्क्रोश, चिल्लाहट^F।

screaming –मिंग् १. n. आक्रन्दन, उत्क्रोश, कोलाहल, चीत्कार, चीख^F, चिल्लाहट^F; २. a. हास्योत्पादक, विनोदपूर्ण, खूब हँसानेवाला, मजाकिया; ~ *ing farce, fun*, etc. विनोद या नकल (जिसे देखकर दर्शक सहसा जोरसे खिलखिला उठे), हास्योत्पादक या हँसानेवाला खेल या तमाशा।

screamy –मि a. कोलाहलपूर्ण, बहुत अधिक बलाघातयुक्त, तीव्र ध्वनियुक्त (भाषणशैली^{F} या भावावेश)।

scree स्क्री' n. (प्रा० भू०) **भग्नाश्म राशि^{F}**, सम्पात, चढ़नेपर लुढ़कनेवाले छोटे पत्थर (इनसे ढका हुआ पहाड़की ढाल^F), T.

screech स्क्रीच्' n. & v.t. & i. (भय, पीड़ा^{F}, क्रोधमें) कठोर या कर्कश ध्वनि^{F}में चीत्कार करना, आर्तनाद करना, चीखना, चीख^F मारना, चिल्लाना, चिचियाना, गरजना; ~-owl व्याक्रोशी उलूक, कालपेचक, जोरसे चीखनेवाला घुग्घू।

screechy –'चि a. चीत्कारवत्, कर्कश, तीक्ष्ण, तीव्र, चीख^{F}की तरह कड़ा।

screed स्क्रीड्' n. लम्बा उकतानेवाला व्याख्यान या भाषण, लम्बी उबा देनेवाली सार्वजनिक वक्तृता^{F} या लम्बा अरुचिकर पत्र; गारे, चूने या लकड़ी^{F}की पट्टी^{F}; (यंत्र०, परि०) **चपती^{F}, धारी^{F}, पट्टी^{F}**; ~ coat (यंत्र०) **धारी^{F}में लिपाई^F**।

screeding –'डिंग् n. (यंत्र०) **एकसार करना; धारी^{F}** डालना।

screen स्क्रीन्' १. n. **रक्षावरण**, (गर्मी^{F}, धूप^F, वर्षा^{F} आदिसे बचानेके लिए लकड़ी^{F}का हटाये जाने योग्य) आवरण, **पर्दा**, ओट^F, आड़^{F}, टट्टी^{F} (*fire-~*); (भौ०, परि०) **आवरण**, (*~memory*), छादन, **पट**, यवनिका^{F}, **परदा**, घूँघट, ओट^F, आड़^{F}, कनात^F, चिक^F, चिलमन (*prepared the attack behind a ~ of trees*); (यंत्र०) **चालनी^{F}**; (नि०) **प्रतिदीप्ति^{F}** (*~ examination*) इनके द्वारा रक्षा^{F} करने अथवा छिपानेका उपाय, रक्षा^{F}, रक्षा-स्थल, बचावकी तदबीर^F, गिरजाघरके चारों ओरकी सज्जित भित्ति^{F}, लगी हुई दीवार^F, गिरिजाघरके

बाहरका अग्रभाग; लकड़ी^{F} या पत्थरकी दीवार^F; छलना, बड़ी छलनी^{F} (जिससे कोयला छाना जाता है); सूचनापट्ट, नोटिसबोर्ड; चित्रपट्ट, सफेद पर्दा (जिसपर चलचित्रोंका प्रतिबिम्ब डाला जाता है); (बिजली^{F}, चुम्बक तथा अन्य ऐसी ही वस्तुओं^{F}के प्रभावसे) बचानेवाला, शरीररक्षक; (क्रिकेट) किरमिच या लकड़ी^{F}का परदा (जो विकेटकी सीध^{F}में सीमा^{F}के पास रखा जाता है ताकि बल्लेबाज गेंद^F-को अच्छी तरह देख सकें); (फोटोग्रा०) झिल्ली^{F}, पारदर्शक प्लेट, स्क्रीन; जाला, धुन्ध^F, कोहरे या धुएँका परदा (*under ~ of night*); २. v.t. आश्रय देना, शरण^F देना, छिपाना, रक्षा^{F} करना, बचाना, परदा डालना, ओट^F या आड़^{F} करना, ओझल करना, पनाह^F देना; (कोयलेको) चलनी^{F}से छानना; (ला०) (लोगोंको) स्थानान्तरित करना, हटाना; खोज^F करना; तलाशी^{F} लेना; (बायस्कोप या सिनेमाके पर्दे पर किसी दृश्य या वस्तु^{F}को) प्रदर्शित करना, दिखाना; a cavalry ~ हरावल घुड़सवार; ~ wall (यंत्र०) **परदी दीवार^F**; the ~ चित्रपट।

screened –ड्' a. प्रच्छन्न, (रसा०) गोपित (~ *indicators*); छना हुआ (~ *coal*)।

screening –निंग् n. अनुवीक्षण, पटेक्षण, एक्स-रे-प्रेक्षण (~ *examination*); (चि०) **पटक्षेप,** (भौ०, चि०) **आवरण; छानबीन^F;** (रसा०) **मार्जन, गोपन;** चालन, **चालना,** (चि०, कृषि०) **छानना,** (~ *of rice*); (pl.) छान, छानस, छानने या चालनेसे निकला हुआ कूड़ा-करकट;

~ constant, ~ doublet, ~ examination.

screeve स्क्रीव्' v.i. (ग्रा०) फर्शपर चित्रकारी^{F} करना।

screever –'वर् n. कुट्टिम-चित्रकार, कुट्टिम-चितेरा, फर्श^{F}पर चित्र बनानेवाला, प्रारम्भिक पत्र-लेखक, आरम्भिक पत्रकार, नौसिखिया लिखाड़।

screw[1]* स्क्रू' १. n. व्यावर्तन-कील, भ्रमि^{F}, (स्थितिवि०, रसा०, कृषि०) **पेंच*,** स्क्रू; (*~-propeller* के अर्थमें भी) हवाई जहाज या पानीके जहाजकी पंखी^{F} चलानेका पेंच; (~ *steamer* के अर्थमें भी) पेंच या पेंचोंसे चलनेवाला धूम्रपोत या स्टीमर; वक्र गति^{F} या प्रवृत्ति^{F}, तिरछा घुमाव, टेढ़ा घुमावदार मोड़; पेंचका मोड़, मरोड़ी^{F}, फिराव, फेर (*give it another ~*); तम्बाकू^{F} आदिका छोटा मरोड़ा हुआ कागज; वेतन या मजूरी^{F}की रकम^F, पैसा; बद्धमुष्टि, कृपण, शोषक, उत्पीड़क, कंजूस, सूम, मक्खीचूस; २. v.t. & i. पेंच या पेंचोंसे बाँधना या कसना, तंग करना (*boards are ~ed down*); अधिक समर्थ और योग्य बनाना, अधिक कसा हुआ बनाना, कड़ा करना, पेंच घुमाना, पेंच फिराना, पेंचकी तरह मरोड़ना, स्क्रू मरोड़ना (*he, the management, wants ~ ing up*); बलप्रयोग करना, अत्याचार करना, दमन करना, कठोरता^{F} बरतना, कुचलना, दबाना, मींच देना, सहमति^{F} लेनेके लिए विवश करना, दमनके साथ मत लेना, दबाव डालकर बात^F पूछना; धन हड़पना, पैसा छीनना, बलपूर्वक रकम^F छीनना; कृपण होना, कंजूस होना; आकार विकृत करना, छोटा करना, तोड़-मरोड़ देना, मरोड़ना, ऐंठना (~ *one's face*); (लुढ़कती हुई गेंद^F या मनुष्यका) टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता लेना, पथभ्रष्ट होना, भटकना, घूमना-फिरना; (पेंच सम्बन्धी) घूमना, फिरना (~ *stiffly, to the right,* etc.); female ~ भीतरी पेंच; ~driver भ्रमिचालक, (कृषि०, रसा०, यंत्र०) **पेंचकश;** ~-eye तागेके लिए छेद या सूराखवाला पेंच; ~-jack भ्रमि उत्थाप, दन्त-चिकित्सकका एक यन्त्र; पेंचीय उत्थापक; *a ~ too loose some-where* कुछ दाल^{F}में काला है; *have a ~ loose* दिमाग खराब होना; *put the ~ on* पेंच कसना; दबाना; दबाव डालना, प्रयत्न करना;

~-bolt, ~ cap, ~-capped bottle, ~ clip, ~ conveyer, ~ coupling, ~-cutter, ~ cutting, ~-cutting lathe, ~ gauge, ~-head, ~ jack, ~-mark, ~-nail, ~ nut, ~ pile, ~ pine, ~ plate, ~ plug, ~ spanner, ~ stay, ~ thread, ~ top bottle, ~-valve, ~-wheel, ~ worm, ~-wrench.

screw[2] n. बेकार या निकम्मा घोड़ा, मरियल टट्टू, दुबला-पतला या बूढ़ा घोड़ा।

screwable स्क्रू'अॅबॅल् a. पेंच कसने योग्य, कसने लायक।

screwed स्क्रूड्' a. मदोन्मत्त, मत्त, मदमत्त, मदमस्त, मतवाला, धुत्त, पिये हुए, ढाले हुए; ~ plug (यंत्र०) **पेंचदार प्लग**।

scriation स्क्रिअे'शॅन् n. (इति०) **कालानुक्रमण**।

scribacious स्क्राइबे'शॅस् a. लेखनप्रिय, लिखनेका शौकीन।

scribal –'बॅल् a. लिपिकीय, लिपिक-विषयक, लिपिकार-विषयक, लेखन-सम्बन्धी; मुंशीका, मुहर्रिरका, क्लर्कका; यहूदी न्यायरक्षक-सम्बन्धी।

scribble[1] स्क्रि'बॅल् १. n. अनवधानतापूर्ण लेखन, लापरवाहीकी लिखाई^F, कुलेख, घसीट लेख; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, गिचपिच लिखना, ऊटपटाँग लिखना, घसीट लिखना, घसीटना, कुलेख लिखना; कलमघिसाई^F करना; पत्रकार या ग्रन्थकार होना, (व्यंग्य या उपालम्भमें) तुकबंदी^{F} करना, लेखक होना।

scribble[2] v.t. (कपास^F, ऊनको) मोटे तौरपर धुनना, धुननेकी मशीन^{F}से निकालना, मोटा सूत बनाना।

scribblement –मॅन्ट् n. (क्व०) अस्पष्ट लेख, लापरवाही^{F} और जल्दी^{F}की लिखाई^F, गिचपिच लेख, घसीट लिखावट^F।

scribbler[1] –लॅर् n. कुलेखक, घसीट लिखनेवाला, छोटा कवि या लेखक, तुकबन्द, तुक्कड़।

scribbler[2] n. धुनकनी^{F}, रुई^F धुननेकी चरखी^{F}।

scribblings –लिंग्ज़् n. (pl.) घसीट लेख; घटिया रचना^{F}।

scribbly –लि a. कुलिखित, घसीट लिखा हुआ।

scribe स्क्राइब्' १. n. **लिपिक,** लिपिकार, **लेखक,**

लिखनेवाला, मुंशी, मुहर्रिर, क्लर्क (*am no great ~*); (बाइ०) प्राचीन यहूदी लेख्य-रचयिता, ईसामसीहके समय-का यहूदी धर्मशास्त्रज्ञ और न्यायज्ञ (व्यवहारशास्त्रज्ञ); (~-*awl* के अर्थमें) खरोंचो^F, कलम^F, लकड़ी^F या ईंटों^F आदिपर रेखाएँ^F अंकित करनेका नुकीला औजार; २. v.t. नुकीले औजारसे चिह्न बनाना, रेखा^F खींचना, निशान बनाना; अंकित करना, लिखना।

scriber –बॅर् n. चिह्न बनानेवाला, रेखा^F खींचनेवाला।

scriggle[1] स्क्रि'गॅल् n. विसर्पण, रेंगना, ऐंठन^F।

scriggle[2] v.t. रेंगना, ऐंठना।

scrim स्क्रिम्' n. पर्देके कपड़ोंमें अस्तरका कपड़ा, कत-रन^F, (~ *netting*)।

scrimmage, scru- स्क्रि'मिज्, स्क्र- १. n. संघर्ष, अव्यवस्थित या विशृंखल युद्ध, झगड़ा, खींचातानी^F, गुत्थमगुत्था, हाथापाई^F, धर-पकड़^F, छीना-झपटी^F, उल-झन^F, लड़ाई^F; कोलाहल, हंगामा, शोरगुल; (फुटबॉलके खेलमें फुटबालके बीचोबीच मैदानमें होनेपर आगे खेलने-वाले खिलाड़ियोंकी) छीना-झपटी^F, धक्कामुक्की^F; २. v.t. & i. खींचातानी^F करना, गुत्थमगुत्था होना, झगड़ेमें पड़ना, संघर्ष करना।

scrimp स्क्रिम्प्' १. v t. & i. कृपण होना, कंजूस होना, कंजूसी^F करना, अल्प परिमाणमें देना, अनुदारताके साथ देना, तंग करना; कम करना, थोड़ा कर देना; सिकोड़ना; २, a. अल्प, थोड़ा; तंग।

scrimped ⊙–ट्' a. सीमित, संकुचित, न्यूनीकृत, कम किया हुआ; कृपण।

scrimpily –'पिलि adv. कदाचित्, कठिनता^Fसे, मुश्किल^Fसे।

scrimpiness –पिनिॅन n. कृपणता^F, कंजूसी^F, अल्पता^F, थोड़ापन।

scrimpy –पि a. कृपण, कंजूस; कृपणतापूर्ण; अल्प, थोड़ा, कम।

scrimshank स्क्रिम्'शॅन्क v. i. (सेना०, ग्रा०) कर्त्तव्यसे भागना, उत्तरदायित्वसे कतराना, कामचोर होना, कामसे जी चुराना।

scrimshanker –कॅर् n. कर्त्तव्यसे भागनेवाला, उत्तर-दायित्वको न निभानेवाला।

scrimshaw[1] स्क्रिम्'शॉ n. उत्कीर्ण शल्क, उत्कीर्ण हस्तिदन्त, नक्काशीदार हाथी-दाँत।

scrimshaw[2] v.t. & i. (हाथीदाँत इत्यादि) उत्कीर्ण करना, खोदना, नक्काशी^F करना।

scrinium स्क्राइ'निॲम् n. (pl. *-ia*) (पत्रा रखनेकी) नलकी^F।

scrip[1] स्क्रिप्' n. (प्रा०) पुट, यात्रीका थैला, बस्ता, तीर्थ-यात्राका खोसा या सलीता; भिखारीकी झोली^F।

scrip[2] n. (का०) पर्णक; लेख्य; बैंक आदिमें दिये हुए रुपयोंका प्रमाणपत्र; (वाणि०, अर्थ०) पावती-पत्र, कच्ची रसीद^F, चिट्ठी^F, परची^F, (~ *dividend*), रुक्का, चिट।

script स्क्रिप्ट्' n. लिपि^F, हस्तलिपि^F, हस्तलेख, लेख (~ *writer*); लिखित अक्षर, वर्णमाला^F, लिखावट^F; (~-*type*) हस्तलिपि-सदृश मुद्रित अक्षर, अंकन या टाइपमें हस्तलिपि^Fका अनुकरण, हाथकी लिखाई^Fकी नकल^F; (कानून) मूललेख; मूलप्रलेख, असल दस्तावेज^F; परीक्षार्थीका लिखित प्रश्नोत्तर, उत्तर-पुस्तिका^F; चलचित्र-नाट्य, या फिल्मी नाटककी टंकित लिपि^F, टाइप की हुई प्रति^F; रेडियोप्रसारकके भाषण अथवा वार्ता^Fका पाठ, लेख, निबन्ध।

script. scripture.

scripted –'टिड् a. लिखित।

scriptorium –टॉ'रिॲम् n. (pl. *-s, -ia*) ईसाई-मठमें अलग लेखनकक्ष, लिखनेका कमरा।

scriptory –'टॅरि a. लेख द्वारा, लिखनेका, लिपिकर, लिखित, लेख्य, लिखनेसे सम्बन्धित।

scriptural स्क्रिप'चुरॅल् a. धार्मिक, धर्मग्रंथ-सम्बन्धी; शास्त्र-सम्मत, शास्त्रसिद्ध, शास्त्रोक्त, वेदविहित।

scripturalism –लिज़्म् n. बाइबिलवाद; बाइबिल^Fके सिद्धान्तोंपर आधृत मत, धार्मिक ग्रन्थ-वाद।

scripturalist –लिस्ट् n. श्रुतिविज्ञ, बाइबिल^Fके सिद्धान्तोंका समर्थक या पोषक, बाइबिलवादी, इंजील-परस्त।

scripturalness –ल्-निॅस् n. बाइबिल^Fकी सैद्धान्ति-कता^F, श्रुति^F।

scripture –'च्युॲर् n. बाइबिल^Fका पाठ (*a ~ text*); बाइबिल^F, इंजील^F (प्रायः बिना आर्टिकलके *Holy S~*); वेद, कुरआन, शास्त्र, धर्मग्रन्थ, शास्त्र, धार्मिक पोथी^F, मजहबी किताब^F; (प्रा०) उत्कीर्ण लेख, खुदा हुआ लेख; खुदाई^F; ~-reader (निर्धनोंके घरोंमें) बाइबिल^Fका पाठ करनेवाला, बाइबिलपाठी, इंजीलपाठी।

scripturist ⊙–'चुरिस्ट n. धर्मग्रन्थ-विज्ञ, धर्मशास्त्रज्ञ।

scrivello स्क्रिवैलो' n. (२० पौण्डसे कम भारका) हस्तिदन्त, छोटा हाथीदाँत।

scrivener स्क्रि'वॅनॅर् n. लिपिक, लेखक, प्रलेखका प्रारूप-लिपिकार, लेखक या प्रारूप-निर्माता, लेख्य प्रारूप-कार, प्रलेख प्रमाणक, लेख्य प्रमाणक, विपत्रालोकी, दस्ता-वेजोंका मसविदा तैयार करनेवाला या लिखनेवाला; ऋण-दाता, साहूकार, महाजन, दलाल; *~'s palsy* लेखकका पक्षाघात (कमर^F दोहरी हो जानेके कारण वह लिखनेके योग्य नहीं रह जाता है)।

scrivening –निंग् n. लेखन, लिखना, लिखावट^F, दस्तावेज^F लिखाई^F।

scrobiculate, -ated स्क्रॅबि'क्यूलॅट्, -ऐटिॅड् aa. गर्तिल, गर्तमय, गर्तयुक्त, खड्डदार, गड्ढेदार।

scrofula स्क्रॉफ्यूलॅ n. कण्ठमाला^F, गण्डमाला^F, गल-सुआ रोग, अपच।

scrofulosis –लोसिस् n. कण्ठमाला^F, गण्डमालाकी प्रवृत्ति^F।

scrofulous –'फ्यूलॅस् a. कण्ठमाला^Fसे रुग्ण, गण्ड-माला^Fसे पीड़ित; गण्डमाला-सम्बन्धी।

scrofulousness –निॅस् n. गण्डमाला^Fकी अवस्था^F, कण्ठमाला^Fकी शिकायत^F।

scrog स्क्रॉग्' n. लघुक्षुपा^F, छोटी झाड़ी^F ।

scroll स्क्रोल्' १. n. सूची^F, तालिका^F, फ़िहरिस्त^F; पट्ट, दीर्घपट्ट, **वर्ति-लेख**, लपेटा हुआ चर्मपत्र, लपेटा हुआ कागज, कागजका मुट्ठा, (चि०) मुगर, (~*moulding*), पुराने लपेटे हुए ढंगकी पुस्तक^F या प्रति^F, इस रूपमें प्राचीन ग्रन्थ; शिल्पचातुर्य, आलंकारिक डिजाइन^F, बेल-बूटे, नकशा; कुण्डलकर्म, घुमावदार या बहती धार^F जैसी रेखाओंवाला लकड़ी^F या पत्थरपर बेलबूटेका काम; २. v.t. & i. कुण्डलित होना या लिपटना, कागजकी भाँति कुण्डलित करना या लपेटना, गोल करके बाँधना; बेलबूटे काढ़ना या बनाना, बेलबूटोंसे सजाना; ~ sawing ⊙ छिद्रोंसे बना कटावदार काम; ~ step कुण्डल पैड़ी^F; ~-work कटावदार काम, बेलबूटे, (इति०) **मरगोल** ।

scroop स्क्रूप्' n. & v.i. कर्कश ध्वनि^F (करना), कोलाहल (करना), कानोंको बुरा लगनेवाला शोर (करना) ।

scrotal स्क्रो'टॅल् a. मुष्कीय, अण्डकोषीय; अण्डकोष-विषयक, फोता-सम्बन्धी, पेलर-सम्बन्धी, पेल्हड़वाला, अण्ड युग्मका; ~ sac (जीव०) **वृषण कोष** ।

scrotiform स्क्रो'टिफ़ॉर्म् a. मुष्काकृति, अण्डकोषाकृति, फोता-सदृश, पेलर-सदृश, पेल्हड़ जैसा, अण्डयुग-जैसा, थैली-जैसा ।

scrotitis स्क्रोटाइ'टिस् n. (चि०) मुष्ककोषशोथ, अण्ड-कोषशोथ ।

scrotocele स्क्रो'टॅसील् n. मुष्कवृद्धि^F, अण्डवृद्धि^F, फोतेमें आँत^F उतरना ।

scrotum स्क्रो'टॅम् n. (pl. -*a*) (जीव०) **वृषण कोष**, (चि०) **अण्डकोष**, मुष्क, फोता, पेलर, पेल्हड़, अण्डयुगल, थैली^F, स्क्रोटम ।

scrouge, scrowdge, scrooge स्क्राउज', ⊙ स्क्रॉउज', ⊙ स्क्रूज्' vv. i. & *t*. मर्दन करना, मसलना, निचोड़ना, दबाना; एकत्र होना, भीड़^F लगाना, इकट्ठा होना ।

scrounge स्क्राउन्ज' v.t. & i. (ग्रा०) स्वामित्व प्राप्त करना, वस्तुओं^F पर अधिकार कर लेना, मालिक बन बैठना; दूसरेकी वस्तु^F उड़ा लेना, मार लेना, गबन करना, खा-पी जाना, हड़पना, दबा बैठना; चुराकर या बरबस अधिकार करके ले लेना; शिकार करना; हथियाना, ठगना, ऐंठना ।

scrounger –'जॅर् n. अधिकार करनेवाला, मालिक बन बैठनेवाला; ठग, चोर, लुटेरा, हड़पनेवाला, हथियानेवाला, गबन करनेवाला, खाऊ ।

scrow स्क्रो', स्क्राउ' n. (लपेटा हुआ) चर्मपत्र, कागज; लेख, लिखावट^F; चमड़ेकी कतरन^F; दे० SCROLL.

scroyle स्क्राएल्' n. शठ व्यक्ति, अधम पुरुष, नीच व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी ।

scrub[1] स्क्रब्' n. घास-पात^F, घास-फूस^F, झाड़ी^F, झाड़-झंखाड़; छोटे सीधे खड़े बालोंवाली मूँछें^F या ब्रुश; नीच, क्षुद्र या नगण्य व्यक्ति, तुच्छ मनुष्य, **निकम्मा**, बेकारका जानवर या बेकामका पौधा; ~ and thorn (प्रा० भू०) झाड़-झंखाड़; ~ jungle (प्रा० भू०) **झाड़दार जंगल** ।

scrub[2] १. n. अमेरिकाका छोटे बल्ले और गेंद^F का खेल (*base-ball*, जिसमें कुछ खिलाड़ी नियत संख्या^F से कम हों). (अमेरिकामें, बोल०) फालतू खिलाड़ी (जो किसी नियमित टोली^F का सदस्य न हो); द्वितीय या हलकी टोली^F, दूसरी या कमजोर टीम^F; मार्जन, मर्दन, उद्धावन, सफाई^F, घिसाई^F, मँजाई^F, रगड़न^F, झाड़न^F, झाड़ू^F (*give it, he wants, a good* ~); २. v.t. & i. माँजना, मलना, घिसना, रगड़ना, छाँटना; झाड़ू देना, झाड़ना, ब्रुश काममें लाना, ब्रुश करना (*would rather* ~ *for my living*); कोयलेकी गैस^F से गन्दे तत्त्वोंको बाहर कर देना, निकाल लेना, खींच लेना;

~ forest, ~ jungle, ~ pine, ~-warbler.

scrubber –'बॅर् n. रगड़नेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (कृषि०) **अंशक**; रगड़नेका कड़ा ब्रुश; उद्धावक, (रसा०) **मार्जक**; गैस^F शुद्धिकारक यन्त्र, कोयला-गैस^F को शुद्ध करनेका यन्त्र-विशेष, गैस^F निकालनेका यन्त्र-विशेष, T.

scrubbiness स्क्र'बिनिस् n. निकृष्टता^F, क्षुद्रता^F, तुच्छता^F, हीनता^F; अवरुद्ध वृद्धि^F, गतिरोध, रुकाव, थमाव ।

scrubbing स्क्र'बिंग् n. उद्धावन, मार्जन, मलना, सफाई^F, छाँटन^F, झाड़न^F, रगड़न^F; गैस^F के तत्त्वोंका निष्कासन; ~ brush उद्धावनकूर्च ।

scrubby स्क्र'बि a. निकृष्ट, क्षुद्र, तुच्छ, हीन; अवरुद्ध (वृद्धि^F), प्रतिहत (वृद्धि^F), रुद्धविकास, नाटा ।

scruff स्क्रफ़्' n. गुद्दी, गर्दन^F का पिछला भाग (*take by the* ~ *of the neck*) ।

scruffy –फ़ि a. स्तर-सदृश, स्तरवत्, परत-जैसा, पपड़ीदार ।

scrum[1] स्क्रम् n. **मल, मटिया** ।

scrum[2], **scrummage**[1] स्क्रम्', स्क्र'मिज् n. खींचातानी^F; गुत्थमगुत्था, धींगामुश्ती^F, हाथापायी^F (विशे० फुटबालमें) ।

scrum[2], **scrummage**[2] v.t. खींचा-तानी^F करना, गुत्थमगुत्था होना, हाथापायी^F करना, झगड़ा करना ।

scrumptious स्क्रम्प्'शॅस् a. (ग्रा०) सुखप्रद, उत्कृष्ट, उत्तम, स्वादिष्ट; आनन्ददायक, सर्वोत्तम, सबसे अच्छा, बढ़िया, स्वादु, मजेदार ।

scruple स्क्रू'पॅल् १. n. (आचरण या किसी आचरणके सम्बन्धमें नैतिकता^F या औचित्यके आधारपर) शंका, (दर्श०) **संकोच, आशंका**^F, दुविधा^F, संशय, विकल्प, विवेकपूर्ण आपत्ति^F, नैतिक आपत्ति^F, धर्मसंकट, ननुनच, सदाचार-सम्बन्धी प्रश्न, सन्देह या हिचकिचाहट^F, झिझक^F, (*make no* ~ *to do*); बहुत ही अल्प परिमाण, बहुत ही थोड़ा वजन; प्रमाप, बीस ग्रेनकी तौल^F-विशेष; २. v.t. & i. नैतिक संकोच होना, ननुनच करना, दुविधा^F में पड़ना, धर्मसंकटका अनुभव होना, सन्देह करना, हिचकिचाहट^F होना, हिचकिचाना, शकमें पड़ना, (क्र०); संकोच या दुविधा^F के कारण विघ्न पड़ना, बाधा^F पड़ना, रोकना,

रुकना, रुक जाना (किसी कामको करनेसे *would* ~ *lying or a lie*); दुविधा^F^ या संकोच आदिके कारण करनेमें संकल्प-विकल्प करना, झिझकना, हिचकना (*does not* ~ *to say*)।

scrupulosity स्क्रूप्यूलॉ'सिटि n. दुविधा^F^, सन्देह, शंका^F^, वहम; अतिशय सावधानी^F^, आवश्यकता^F^से अधिक सतर्कता^F^, चौकन्नापन।

scrupulous –'प्यूलॅस् a. अतिसूक्ष्म-दृष्टि, सूक्ष्मदर्शी, सूक्ष्म; अति सतर्क, पूर्ण सावधान, धर्मशील, आचारशील, विवेकशील, विवेकी, धर्मभीरु, सूक्ष्माचारी, अत्युपचारी, धार्मिक, सरलताप्रिय, नियमनिष्ठ, आचारनिष्ठ, सरल, ऋजु, बहुत ही सीधा-सादा, हर बातपर बारीकी^F^से ध्यान देनेवाला (~ *persons*); अत्यधिक संशयशील, संशयी, आशंकित, शंकाशील, सशंक, सन्देही, शक्की; परम, अति, अत्यन्त, अधिक (~ *cleanliness, respect*)।

scrupulousness –नॅस् n. आचारनिष्ठा^F^, नियमनिष्ठा^F^, आचारशीलता^F^, धर्मभीरुता^F^; संकोच, शंकाशीलता^F^; विवेकपूर्णता^F^; सरलता^F^, सिधाई^F^; याथातथ्य, सचाई^F^।

scrutable स्क्रू'टॅबॅल् a. शोध्य, शोधनीय, परीक्ष्य, निरीक्ष्य।

scrutator स्क्रूटे'टॅर् n. शोधक, अनुसन्धाता, अनुसन्धानकर्त्ता, जाँच करनेवाला, निपुण निरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक; मतपत्र-परीक्षक।

scrutatory ⊙ –'टॅटॅरि a. अन्वेषी, खोजी, खोज^F^ करनेवाला।

scrutin स्क्रूटिन् (F) n. विरोधी मत-दान-पद्धतियाँ^F^।

scrutineer स्क्रूटिनीअॅर्' n. (अर्थ०) **संवीक्षक**, परिनिरीक्षक, सूक्ष्म-निरूपक, मतपत्र-परीक्षक, बैलटपेपरोंकी जाँच^F^ करनेवाला।

scrutinize –'टिनाइज् v.t. **संवीक्षण करना**, सूक्ष्मेक्षण करना, परिनिरीक्षा^F^ करना, सूक्ष्म परीक्षा^F^ करना, सूक्ष्म परीक्षण करना, निरीक्षण करना, ध्यानसे देखना, छानबीन^F^ करना, जाँच^F^ करना, गौरसे देखना।

scrutinizer –ज़ॅर् n. परिनिरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक, छानबीन^F^ करनेवाला, जाँचनेवाला, खोजनेवाला, गौरसे देखनेवाला।

scrutiny –नि n. परिनिरीक्षण, संपरीक्षण, समीक्षण, **संवीक्षा**^F^, निरूपण, परिदर्शन, शोध, सूक्ष्म अनुसन्धान, सूक्ष्म परीक्षण, संनिरीक्षा^F^, निरीक्षण, तीक्ष्ण दृष्टि^F^, देखभाल^F^, **छानबीन**^F^, परख^F^, सरकारी परीक्षण, सरकारी जाँच^F^ (*demand a* ~)।

scry स्क्राइ' v. i. (प्रा०) निरीक्षण करना; (मणिभनिरीक्षणमें) मणिभका प्रयोग करना।

scryer –'अॅर् n. मणिभनिरीक्षणमें मणिभका प्रयोगकर्त्ता, मणिभसे देखनेवाला।

S.C.S.T. Second Clerk Sales Tax.

S.C.U.A. Suez Canal Users' Association.

scud स्कड्' १. n. द्रुत धावन, तीव्र धावन, वेगपूर्ण गमन, दौड़-धूप^F^, भागाभागी^F^, भगदौड़^F^, रेलपेल^F^; (ऋतु०) **चल मेघ**, वाष्पीय मेघमाला^F^, चलाभ्र, उड़ते हुए बादल; २. v. i. (नौवि०) पवनकी दिशा^F^में उड़ना, हवा^F^के आगे दौड़ना, हवा^F^के रुखपर भागना; अतिवेगसे सहसा दौड़ना या उड़ना, भागते चले जाना, सीधे-सीधे भागते जाना, ऊपरसे होकर निकल जाना, उतराते हुए-से भागना, हवा^F^ हो जाना।

scuddle स्क'डॅल् v. i. डुबानेके लिए जहाजमें छेद करना।

scudo स्क्यू(कू)'डो n. स्कूडो (एक प्राचीन इतालवी सिक्का)।

scuff[1] स्कफ्' n. = SCRUFF.

scuff[2] v. i. लड़खड़ाकर चलना, लड़खड़ाना, पैर घसीटकर चलना; घसिटना; फैंटना।

scuffle[1] स्क'फ़ॅल् १. n. विमर्दन, अव्यवस्थित संघर्ष, (का०) **हाथापायी**^F^, गुत्थमगुत्था, धक्कमधक्का, कुश्तमकुश्ता, भिड़न्त^F^, धींगा-मुश्ती^F^; २. v. i. हाथापायी^F^ करना, गुत्थमगुत्था होना, धक्कमधक्का करना, कुश्तमकुश्ता होना, धींगामुश्ती^F^ करना।

scuffle[2] १. n. खुरपा; २. v.t. गोड़ना।

scuffler –लॅर् n. हाथापायी^F^ करनेवाला, धक्कामुक्की^F^ करनेवाला, धींगामुश्ती^F^ करनेवाला; मिट्टी खुरचनेकी कुदाली^F^।

scug स्कग्' n. गोबर गणेश, मिट्टी^F^का माधो।

sculduddery[1] स्कल्ड'डॅरि n. कामेच्छा^F^, कामुकता^F^, विलासिता^F^, भोगेच्छा^F^, चुदक्कड़पन।

sculduddery[2] a. कामेच्छु, कामुक, विलासी, भोगेच्छु, चुदक्कड़।

sculduggery ⊙ –डगरी a. भ्रष्टाचार, बेईमानी^F^।

scull स्कल्' १. n. क्षुद्र क्षेपणी^F^, छोटी पतवार^F^, **छोटा चप्पू**, चप्पू, डाँड़ (विशे० नाव^F^के पिछले भागमें किसी दाँतेपर स्थित); २. v.t. & i. नाव^F^को आगे बढ़ाना, छोटे डाँड़ों^F^से नाव^F^ खेना, चलाना।

sculler –'लॅर् n. छोटी नौका^F^, दो डाँड़ों^F^से खेयी जानेवाली नाव^F^, डोंड़ा; नाव^F^ खेनेवाला, खिवइया, डाँड़ चलानेवाला।

scullery –रि n. रसोईघरका कोठा (जिसमें बर्तन धोये जाते हैं)।

sculling स्क'लिंग् n. **जोड़ी चप्पू चालन; दचप्पू चालन**।

scullion स्क'ल्यॅन् n. (प्रा०, का०, भाषा०) पात्रमार्जक, महरा, छोकरा, रसोईघरका लड़का या नौकर (जो रकाबियों^F^ और बर्तनोंको धोता है)।

scullionly –लि a. (रसोईघरके) बालभृत्य-सदृश, लड़केजैसा, छोकरेका।

sculp., sculpt. *sculpsit*, engraved (this); sculpture; sculptor.

sculp स्कल्प्' v.t. & i. उत्कीर्ण करना या होना, नक्काशी^F^ करना या होना, खोदना।

sculptor –'टॅर् n. तष्टा, मूर्तिकार, मूर्तिशिल्पी, शिल्पशास्त्री, शिल्पकार, (ज्यौ०) **शिल्पी**, तक्षक, भास्कर,

संगतराश, नक्काश, T.

sculptural –'चॅरॅल् a. शिल्प-, मूर्तिकला-विषयक, तक्षण या भास्कर-कला-सम्बन्धी; ~ art (इति०) **मूर्ति-कला**F**, मूर्ति-निर्माण** ।

sculpture –च्युअॅर् n. शिल्पकलाF,(इति०) **मूर्तिकला**F, प्रतिमा-निर्माण, भास्करविद्याF, भास्करशिल्प, तक्षणकलाF, पत्थर-तराशीF, (लकड़ीF, मिट्टीF, धातुF आदिकी मूर्तियाँF, आकृतियाँF), खिलौने आदिके निर्माणकी कलाF, संग-तराशीF, नक्काशीF; उत्कीर्ण मूर्तिF, प्रतिमाF, काटकर या खोदकर बनायी हुई कोई वस्तुF; (जन्तुवि०, वन०) सीपीF आदिपर उभरे हुए या धँसे हुए चिह्न, निशान; २. v.t. & i. प्रतिमाF निर्माण करना, मूर्तिF बनाना; मूर्तिकलाFके द्वारा शोभायुक्त बनाना, सज्जित करना, सजाना; मूर्तिF निर्माण करना, शिल्पकारीF करना, संग-तराशीF करना; मूर्तिकार होना, मूर्तिशिल्पी होना, संगतराश होना; (p.p. जन्तुवि० एवं वन०) उत्कीर्ण, सीपीFपर उभरे हुए या धँसे हुए चिह्नों वाला ।

sculpturesque –प्चॅरॅस्क् a. **मूर्तिनिर्माण** कलाFके अनुरूप, भास्कर-शिल्प-युक्त, सुन्दर ।

sculpturing –'चॅरिंग् n. मूर्तिकलाF, मूर्ति-निर्माण, तक्षण (~ *tool*), निरेखण, चित्रण ।

scum स्कम्' १. n. मलफेन, झाग, फेन, मैल, माँड़, फफूँदF, झिल्लीF; (ला०) उच्छिष्ट, निकृष्टतम भाग, असार अंश, मल, मैल (~ *cock*), खोईF, (कृषि०, रसा०) **मैलीF, मलीF**, तलछटF, कूड़ा; (चि०) **छादन, छादीF**, (चि०, रसा०) छादनीF, स्तर; २. v.t. & i. झाग उतराना, मैल आना, फेन बनना; फेन या मैल उतारना, झाग लेना, ऊपरकी झिल्लीF उतारना; (किसी तरल पदार्थमें) फेन आना, मैल पड़ना ।

scumble स्कम्'बॅल् १. n. हल्का रंग, हल्का पुचारा; २. v.t. (तैलचित्रोंको) पतले-धुँधले रंगके द्वारा हल्का करना, रंगका हल्का पुचारा देना ।

scummer स्क'मॅर् n. फेन या मैल उतारनेकी पौनीF ।

scummings –मिंग्ज् n. झाग, फेन, मैल ।

scummy –मि a. झागदार, फेनिल, मैलवाला, माँड़-दार, फफूँद-लगा ।

scuncheon स्कन्'चन् n. बुर्जFकी डाटF ।

scunner स्क'नॅर् १. n. जुगुप्साF, घृणाF, अत्यधिक अरुचिF, नापसन्दगीF; हेय पदार्थ, घृणित वस्तुF, अरुचि-कर वस्तुF, बहुत बुरी चीजF; २. v.t. & i. घृणाF उत्पन्न करना, अरुचिF उत्पन्न करना; विरक्त करना, उबाना; घृणालु होना, घृणाF करने लगना, विरक्तिFका अनुभव करना ।

scupper[1] स्क'पॅर् n. (नौवि०) **बरनाल, परनाल, नालीF**; डेकसे पानी ले जानेके लिए जहाजकी बगलFका छेद, जहाजकी मोरीF ।

scupper[2] v.t. निर्णय करना, फैसला करना; तिया-पाँचा करना; नाविकदलको डुबोना, जहाज डुबोना, बेड़ा गर्क करना; एकाएक वध करना, यकायक कत्ल करना ।

scurf स्कर्फ् n. दारुणक, रूसीF; मैल-कुचैल, फफूँदF आदिकी तहF; खोपड़ीFके चमड़ेपरकी सूखी पपड़ीF; (कृषि०) **पपड़ा, पपड़ी**F; दाग, धब्बा ।

scurfiness –'फ़िनिॅस् n. रूसीF, फफूँदपन, पपड़ीलापन ।

scurfy –फ़ि a. रूसीदार, फफूँदलगा, पपड़ीला, पपड़ीदार, खुरण्टदार ।

scurrile स्क'रिल् a. वाग्दुष्ट, मुखर, अश्लीलभाषी, अश्लीलवादी, कुभाषी, गन्दा बोलनेवाला, फूहड़ बकने-वाला, बदजबान ।

scurrility –'लिटि n. वाग्दुष्टताF, मुखरताF, पाजीपन; घोर अश्लीलताF, अश्लील भाषाF, कुभाषिताF, अपभाषण, भँड़ैतीF; नीचताF, गन्दापन, भद्दापन, फूहड़पन, बदजबानीF ।

scurrilous, scurril(e) –'रिलॅस्, 'रिल् aa. अश्लील-भाषी, दुर्भाषी, कुभाषी, नीच, भद्दा, बदजबान (मनुष्य); घोर अश्लील, अत्यधिक अश्लील, क्षुद्र, गन्दी, भद्दी, फूहड़ (भाषाF); वाग्दुष्ट, कटुभाषी, दुर्मुख, मुखर, भँड़ैत-भरा; जघन्य ।

scurrilousness, scurrility –निॅस्, –'लिटि nn. अश्लीलभाषिताF, दुर्भाषिताF, कुभाषिताF, दुर्वचन, अश्लीलवादिताF, गाली-गलौजF; क्षुद्रताF, गन्दापन, भद्दापन, फूहड़पन; वाग्दुष्टताF, कटुभाषिताF, दुर्मुखताF, मुखरताF; क्षुद्र भाँड़पना, भँड़ैतीF; जघन्यताF ।

scurry स्क'रि १. n. द्रुत धावन, तेज दौड़F, छोटी तेज घुड़दौड़F; जल्दीF, हड़बड़ीF, सरसराहटF, तेज भागनेकी आहटF; २. v. i. (तेज छोटे कदमोंके साथ) तेजीFसे भागना, चम्पत होना, खिसक जाना, जल्दी-जल्दी दौड़ना, दुम दबाकर भागना, फरार हो जाना, काफ़ूर होना, रफ़ू-चक्कर होना (*the ~ing mice*); polo-~ चौगान या पोलोके घोड़ोंकी दौड़F ।

scurvied स्कर्'विड् a. (चि०) शीतादग्रस्त; दन्तरोगका रोगी; दन्त रोग-विषयक ।

scurviness स्कर्'विनिॅस् n. नगण्यताF, क्षुद्रताF, तुच्छताF, हीनताF, अधमताF, कुत्सितताF, गर्ह्यताF, घृण्यताF, नीचताF, पाजीपन, कमीनापन ।

scurvy –वि १. n. शीताद, (चि०, नौवि०) प्रशीताद, (चि०) **स्कर्वीF**; २. a. शीतादग्रस्त, स्कर्वीवाला, नगण्य, क्षुद्र, तुच्छ, हीन, अधम, कुत्सित, गर्ह्य, घृण्य, घृणाFके योग्य, नीच, अयोग्य, पाजी, कमीना (*a ~ trick, fellow*); ~-grass दन्तरोगमें काम आनेवाला सरसोंF-की जातिका एक पौधा ।

scut स्कट् n. लघु पुच्छF, छोटी पूँछF ।

scutage स्क्यू'टिज् n. (इति०) पारिश्रमिक, सेवाधन, (सामन्ती भू-स्वामी द्वारा निजी सेवाFके बदलेमें दिया हुआ), मेहनताना ।

scutate स्क्यू'टेट् a. वर्मयुक्त, (वन०) **छत्राकार**, ढाल-वाला, चमड़ावाला ।

scutation –टे'शॅन् n. वर्मयुक्तताF, चमड़ीF या ढाल बनाना।

scutch[1] स्कच्' n. (धीरे-धीरे) पीटनेवाली मशीनF ।

scutch[2] v.t. (धीरे-धीरे) पीटना, कोड़ा मारना; पीट-

पीटकर ढीला करना।

scutcheon स्क'चॅन् n. चिह्नपत्र, नाम खोदने या और कुछ खुदानेके लिए धातुपत्र; तालेका मुखयान, तालापट्टी^F, (परदा जो तालेके मुँहपर लगा देते हैं)।

scutcher स्क'चॅर् n. विधूलक, स्कचर, (धीरे-धीरे पीटनेवाली मशीन^F)।

scutching स्क'चिंग् n. विधूलन, पीटना।

scute स्क्यूट्' n. दरूथ, कवच, वर्म, (जीव०) **प्रशल्क,** बख्तर; चमड़ी^F; (चि०) मध्यकर्ण गुहा^F प्राचीरकी अर्ध-चन्द्राकार पट्टी^F।

scutellum स्क्यूटे'लॅम् n. (वन०) **वरूथिका^F,** (वन०, जीव०) T.

scutiform –टिफ़ॉम्' a. वर्माकार, (वन०) **ढालाकार,** ढाल-सदृश, ढाल^Fकी आकृति^Fका, ढाल^Fके आकारका।

scutter स्क'चॅर् १. n. द्रुत धावन, तेज दौड़^F, हड़बड़ी^F; २. v. i. (तेज छोटे छोटे कदमोंके साथ) जल्दी^Fसे भागना, चम्पत होना, फरार होना, रफूचक्कर होना।

scuttle[1] स्क'टॅल् n. (प्रायः *coal-*~) एक बार चूल्हेमें जलानेके लिए कोयला रखनेका वर्तन, तसला; डलिया^F, टोकरा।

scuttle[2] १. n. वातायन, छिद्र; (नौवि०) **मोखा, झरोखा;** (किसी घरकी दीवार^F या किसी जहाज, डेक, पार्श्व या पटावमें) ढक्कनदार छेद; (मोटर^Fकी बॉडी^Fको उसके इंजिनके ढकनेसे) जोड़नेवाला छड़; २. v.t. जहाजमें छिद्र बनाना, छेद करना, जहाजके पेंदेकी नालियाँ^F खोल देना, सूराख करना।

scuttle[3] n. द्रुत गमन, तीव्र गति^F, उतावली^Fका संघर्ष या प्रस्थान, जल्दी-जल्दी^Fकी लड़ाई^F या रवानगी^F, फरारी^F।

scuttle[4] v. i. (संकट या कठिनाई^Fसे) खिसकना, भाग खड़े होना, जल्दी-जल्दी भागना, जल्दी^F करना, फरार होना, चम्पत हो जाना, तेजी^Fसे चलना, दुम^F दबाकर भागना, चलते बनना, ताबड़तोड़ भागना, रफूचक्कर होना, नौ-दो ग्यारह होना।

scuttler –लॅर् n. संकटसे पलायन करनेवाला, खतरेसे भागनेवाला, द्रुतबाज व्यक्ति, शीघ्र भागनेवाला व्यक्ति, चम्पत हो जानेवाला आदमी, दुम^F दबाकर भागनेवाला।

scuttling स्कट्'लिंग् n. (नौवि०) **मोखा खोलना।**

scutum स्क्यू'टॅम् n. **स्कूटम ढाल^F।**

scybalum ⊙ –सि'बॅलॅम् n. (चि०) विष्ठा-ग्रन्थि^F, मलकी कठिन गाँठें^F (आन्त्रगत)।

scyphus स्काइ'फ़स् n. (pl. -i) (वन०) छत्र, टोपी^F।

scythe साइद्' १. n. लवित्र, (इति०) **दराँती^F,** हँसिया; २. v.t. दराँती^Fसे काटना, हँसिया^Fसे काटना।

scythed –द् a. लवित्रयुक्त; फलदार (रथ)।

scyther –'दॅर् n. हँसियावाला, हँसिया^Fका प्रयोग करनेवाला।

Sd. sewed (book); signed.

sdeath ज़्डे'थ् int. (प्रा०, क्रोध, विस्मय आदि सूचक अव्यय) हे राम! ईश्वरकी सौगन्ध^F।

S.D. Senior Deacon; *salutem dicit,* sends greeting; **(or S. Dak.)** South Dakota; Security Deposit.

s.d. *sine die,* without delay.

S.D.C. State Development Committee; Sub-Divisional Clerk.

S.D.F. Social Democratic Federation.

S.D.M. Sub-Divisional Magistrate.

S.D.O. Sub-Divisional Officer.

S.D.O.P. Sub-Divisional Officer, Police.

S.D.U.K. Society for the Diffusion of Useful Knowledge.

S.E. South East; East of South; Sub. Editor; Superintending Engineer.

S.E. Stock Exchange.

SE. South East.

Se. Selenium.

se- -पृथक्, -रहित, -बिना (~*cede,* ~*dition,* ~*duce*)।

sea* सी' n. वारिधि, जलधि, उदधि, अर्णव, रत्नाकर, सिन्धु, **समुद्र*, सागर,** महासागर, जल, जलभाग, समन्दर, (*by* ~ *and land*); समुद्रका विशेष खण्ड (*Caspian* ~); समुद्रगत आन्दोलन, जल-प्लावन, उत्ताल तरंग^F, सागरका स्थानीय गतिक्रम या स्थानीय अवस्था^F, हिलोर^F, तरंग^F, लहर^F, बाढ़^F, चढ़ाव, बड़ी लहर^F, मौज^F (~*s mountains high*); परिमाणका प्राचुर्य, प्रचुरता^F, प्रभूतता^F, बहुलता^F, आधिक्य, व्यापकत्व, व्यापकता^F, विशालता^F, बहुतायत^F, प्रसार, विस्तार, फैलाव (*a* ~ *of troubles*); (गुण० एवं संयो० में) सागरीय, समुद्री, समुद्रमें रहनेवाला, समुद्रपर, समुद्रमें, समुद्रका, समुद्रके समीप, समुद्रकी भाँति; high ~ ऊँची लहरें^F; ~ air सागरीय वायु^F, समुद्री हवा^F; ~ anemone (जीव०) **समुद्र फूल, समुद्री** T.; ~ bathing सागर-स्नान, समुद्र-स्नान; ~ blight लवणिका; ~ board (प्रा० भू०) **समुद्रतट-प्रदेश;** समुद्रांचल, **समुद्रतट,** सागरीय तट, तटीय भाग, समुद्र-तटीय रेखा^F, किनारा; ~-boat पोत, जलयान या जहाज; (परि०) **आपाती नाव^F,** ~-born समुद्रोत्पन्न, समुद्रजात, समुद्रमें पैदा; ~-borne समुद्रीय, **समुद्री,** समुद्रके मार्गसे लाया हुआ; ~ breeze (नौवि०) **जल-समीर,** समुद्री-हवा^F, तड़िया^F; ~-brief (का०) **राष्ट्रिका-पत्र;** ~-calf सील मछली^F; ~-captain पोताध्यक्ष, महानाविक या नायक, जहाजका कप्तान; प्रमुख पोतवाह, प्रधान पोतचालक; जलसेना^F अथवा व्यवसाय-सेना^Fका नायक; ~change (समुद्रका) रूपान्तरीकरण, रूप-परिवर्तन, स्वरूप-परिवर्तन, आकार-परिवर्तन; ~ chest (नौवि०) **जलमोखा;** ~-cock पक्षियों और मछलियों^Fकी जातियाँ^F; (परि०) **समुद्र जल-टोंटी^F,** नली^F (जिसके द्वारा जहाजके भीतरी भागमें समुद्रका पानी लिया जाता है); ~ connections

(परि०) **अवजल ग़ुड़नार**; ~ cook पोतपाचक; (नौवि०) अपशब्द, गाली^Fका शब्द; ~-cow समुद्री-गौ^F, समुद्री गाय^F; गोमीन^F, एक प्रकारकी मछली^F; ~-dog समुद्री कुत्ता, एक प्रकारकी सील मछली^F; पुराना नाविक या मल्लाह; ~faring समुद्रयात्रावृत्ति^F, नाविकवृत्तिधारी, सांयात्रिक, समुद्रगामी, समुद्रयात्राप्रिय; ~-fight युद्धपोतोंका संघर्ष, समुद्री युद्ध, जहाजी लड़ाई^F; ~fret (प्रा० भू०) **तटीय कुहरा**; ~front तटीय नगरभाग, समुद्रके सामनेका नगरभाग; ~-girt जलावृत्त, सागरवेष्टित, समुद्रवेष्टित, समुद्रसे घिरा हुआ; ~-god (-dess) समुद्रदेव या देवता, समुद्रदेवी^F, वरुणदेव; *~going* समुद्र-विचरणशील, समुद्रगामी, खुले समुद्रमें यात्रा^F करनेवाला (जहाज); समुद्री यात्रा^F; ~-green समुद्रवत् नीलिमायुक्त, हरितवर्ण, श्याम-हरित, सागर-वर्ण; ~-gull करण्ट, समुद्रकाक, समुद्र-चिल्ली, समुद्री पक्षी; ~-horse अश्वमीन^F, अश्वमत्स्यक, (जीव०) **समुद्री घोड़ा**; दरियाई घोड़ा; समुद्रदेव, वरुण-के रथमें जुतनेवाला घोड़े-जैसे मुँह और मछली-जैसी पूँछवाला पशु; ~ journal नौगति-पंजी^F; ~ kale एक प्रकारकी समुद्री गोभी^F; ~-king (मध्ययुगीन स्कैण्डिनेवियाके) जलदस्युदलका नेता, समुद्री डाकुओंका सरदार, समुद्री राजा; ~ lawyer (नौवि०) छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, विवादी, नुक्ताचीनी^F करनेवाले व्यक्ति (के लिए अनादरसूचक शब्द); ~-legs झकोले खाते हुए जहाजके डेकपर चलनेकी अवस्था^F या अभ्यास, आदत^F (*has not yet got his ~-legs*); ~-letter (का०) **राष्ट्रिकता-पत्र**; ~ lion जलसिंह, समुद्री सिंह; बड़े कानवाली सील मछली^F; ~man सामुद्रिक, पोतवाह, (परि०) **नाविक**, मल्लाह, **खलासी**, जहाजरान; (जल-सेना०) कार्यकारिणी^F अथवा उच्चतर-पोताधिकरण, उच्च शाखा^Fकी नाविकश्रेणी^F; नौविद्या-सम्बन्धी विषयोंमें दक्ष व्यक्ति, जहाजरानी^Fके कामकाज समझनेवाला आदमी; ~manlike (परि०) **नाविकसम, नाविकीय**, ~man-ship नाविक कला^F; (नौवि०) नौकौशल; जहाजरानी^F; ~-mark प्रकाशस्तम्भ, प्रकाशागार आदि या कोई चिह्नित पदार्थ (जो नाविकोंको मार्ग ढूँढ़नेमें सहायता^F दे); ~-mat वरुण-कट; ~-mew समुद्रकाक, समुद्र-चिल्ली, पक्षी-विशेष; ~-nymph समुद्र-अप्सरा^F, सागर-कन्या^F, समुद्री परी^F; ~-pay समुद्रसेवा-वेतन; ~-pen एक प्रकारका समुद्री सर्प, जलजन्तु-विशेष; ~ pie एक प्रकारका तटीय पक्षी; मल्लाहकी नमकीन मांससे भरी हुई कचौड़ी^F, समोसा आदि; ~-piece समुद्री दृश्य या चित्र; ~ pink तटीय पुष्प, समुद्री गुलाब-जैसा फूलवाला पौधा; ~plane समुद्री विमान, समुद्री हवाई जहाज; ~port समुद्रद्वार, नौकाश्रय, सागरपत्तन, समुद्री बन्दरगाह; ~quake समुद्रकम्प; ~-room समुद्रमें खुली जगह^F; ~ rover जलदस्यु, जलदस्यु या समुद्री डाकूका जहाज; ~-scape समुद्री दृश्य या चित्र; ~ serpent समुद्रमें रहनेवाला साँप; विशाल अजगर-जैसा समुद्री दैत्य; ~ sickners (परि०) **जहाजी मतली**^F, **जहाजी उल्टी**^F; ~-wall समुद्री दीवार^F, समुद्र रोकने-का धुस्स; ~-*way* जहाजकी गति^F या रफ्तार^F; पोत-स्थान (जहाँ खुले पानीमें जहाज रुकता है); ~weed (रसा०) समुद्री तृण; (प्रा० भू०, कृषि०, रसा०) **समुद्री वनस्पति^F; समुद्री शैवाल^F; समुद्री घास**^F, समुद्रमें उगनेवाली सेवार^F या घास^F; ~worthiness n. (वाणि०, परि०) **तारण-योग्यता^F, यात्रा-योग्यता**^F; समुद्रमें चलनेकी योग्यता^F; ~worthy (नौवि०) **यात्रा-योग्य**; समुद्रमें यात्रा^F करने योग्य, मजबूत और ठीक प्रकार-से बँधा हुआ (जहाज); *a heavy ~* उठनेवाली लहरों^Fका सागर; *at ~* समुद्रपर; अनिश्चित; *beyond, over, ~ or ~s* समुद्र-पारके देशोंको या देशोंमें; *go to ~* नाविक होना, मल्लाह होना; *on the ~* समुद्रतटपर स्थित, समुद्रके किनारे; जहाज आदिमें; *put to ~* समुद्रमें प्रवेश करना, तट या बन्दरगाह छोड़ना, समुद्री यात्रा^F करना; *the four ~s* ग्रेट ब्रिटेनको चारों ओरसे घेरनेवाले समुद्र; *the high ~s* (तटसे तीन मील^Fकी दूरी^Fसे परे) खुला सागर;

~ accident, ~-adder, ~ anchor, ~-ape, ~attack, ~-bat, ~ beach sandwort, ~ bear, ~ beet, ~-berry, ~ bird, ~ blubber, ~ blue, ~-borne trade, ~ bottom, ~ boy, ~ bream, ~ breeze, ~-brief, ~ buckthorn, ~ chart, ~ coast, ~ coast artillery, ~ cocoanut palm, ~ convoy, ~ craft, ~ crayfish, ~ cucumber, ~ current, ~ customs, ~ density, ~ disturbance, ~ duck, ~-eagle, ~ elephant, ~ erosion, ~-fan, ~ fish, ~ fisheries, ~-foam, ~-fog, ~-fowl, ~ freight, ~ frontiers, ~-froth, ~ going craft, ~ grape, ~-hare, ~ holly, ~ insurance, ~ island, ~-lane, ~-lark, ~ ~ leopard, ~ letter, ~ level, ~-lily, ~ mail, ~ man's visa book, ~ marge, ~ margin, ~ men's hospital, ~ mile, ~ mine, ~-monster, ~ moss, ~ mouse, ~-mussel, ~ nettle, ~ nymph, ~ onion, ~ otter, ~-owl, ~ parrot, ~ passage, ~ pea, ~ pen, ~plane alighting area, ~plane station, ~-policy, ~ port, ~ power, ~ pumpkin, ~ purslane, ~ quake, ~ return, ~ risk, ~ route, ~ salt, ~ scorpion, ~ scouts, ~ ~ search radar, ~ service, ~ ~-shell pink, ~-shore, ~side, ~side plum, ~ snail, ~ snake, ~-spider, ~-swallow, ~ temperature, ~ thong, ~-thrift, ~ toad, ~ transport, ~ trout, ~ turtle, ~ urchin, ~-water, ~-weed, ~-weed green, ~-worm-wood, ~worthbly conditions, ~worthy trim.

S.E.A.C. South-East Asia Command.

S.E.A.D.O. South East Asia Defence Organization.

seah सी'ॲ n. सीया (एक यहूदी माप^F) ।

seal[1] सील् १. n. जलव्याघ्र, एक बड़ा समुद्री पशु, सील^F; २. v.i. सील मछली^F का आखेट करना, सील^F का शिकार खेलना, शिकार करना; ~ rookery सील मछली^F की पोषणशाला^F, *eared* ~ or *otary* (साधारण सील^F से भिन्न) कानवाली सील मछली^F ।

seal[2] १. n. (यन्त्र०, स्था०) **बन्ध**; (का०) **मुद्रा**, छाप^F, **मुहर**^F, (कृषि०) मोहर^F (~ *holder*), **ठप्पा, सील**^F (*given under my hand & ~*);(ला०) विशिष्टता^F; महत्त्वपूर्ण या भविष्यसूचक चिह्न, निशानी^F (*has the ~ of death in his face*); रत्न, मणि या धातु^F आदिका ठप्पा (जो लाख या कागजके ऊपर मुहर^F के काम आता है) (*~-ring*); प्रदत्त वस्तु^F, सम्पादित कार्य, दी हुई चीज^F; प्रमाण, दृढ़ीकरण, सबूत या गारण्टी^F के रूपमें मानी हुई घटना^F (*baptism and the Lord's Supper are ~s of God's covenant with us*); डाट, काग, डट्टा (विशे० पक्की तरह बन्द करनेवाला); २. v.t. **मुद्रा**^F **लगाना,** मुद्रांकित करना, (रसा०) **मोहर**^F **लगाना,** **मुहर**^F **लगाना,** मुहरबन्द करना, (रसा०) **मुंहबन्द करना,** बन्द करना, **मूँदना,** ठप्पा या छाप^F लगाना, पक्का करना; सच्चा अनुराग प्रकट करना, सच्चा प्रेम प्रकट करना, वास्तविक प्रीति^F दिखाना, भक्ति^F दिखाना; विशिष्ट चिह्न अंकित करना, खास निशान बनाना; अखण्ड रूपसे निर्णीत करना, पूर्ण रूपसे निश्चित करना, पहलेसे निर्दिष्ट अथवा नियत करना, पूरी तरहसे तै करना (*his fate is ~ed up*); पृथक् करना, अलग करना (*death has ~ed her for his own*); (नौसेना विभागके सम्बन्धमें) सरकारी रूपसे (कोई नमूना या निशान) ग्रहण करना, कोई डिजाइन^F मानना; सुरक्षापूर्वक सीमित करना, कारागारमें रखना, कैद^F में रखना, बाँध लेना; (सीमेण्ट^F आदिके साथ दीवार^F आदिमें U के आकारका) लोहेका टुकड़ा या कड़ी^F जड़ना; डट्टा या काग लगा देना, सुरक्षापूर्वक बन्द करना, ठूँसकर बन्द करना, सी लेना (*my lips are ~ed*); ~-Holder **मोहर कटोरी**^F; Fisher's S~ पोपकी मुद्रा (जिसपर पीटरको मछली^F मारते हुए दिखाया है); Great S~ प्रधान मुद्रा^F (जिसे ब्रिटेनके लार्ड चांसलर या लार्ड कीपर पार्लियामेण्ट^F के लेखों-प्रलेखों आदिपर लगाते हैं); leaden ~ (तारके सिरोंपर लगायी जानेवाली) सीसेकी मुहर^F; the ~s लार्ड चांसलर या सेक्रेटरी ऑफ स्टेटके कार्यालयमें प्रयुक्त मुहर^F; ~ *of love* चुम्बन, चूमा; शिशुजन्म, बच्चेका जन्म; *~-pipe* किसी नली^F का सिरा पानीमें डुबोना; *~up tin* टीनका टाँका लगाना; *set* one's ~ *to* किसी लेख्यपर मुद्रा^F अंकित करना, प्रमाणित करना, मुहर^F लगाना, (किसी सन्दूक^F या कमरेका) मुहर^F लगाकर बन्द करना (ताकि बिना स्वामीकी आज्ञा^F के खोला न जा सके); *under ~ of confession, confidence, silence, etc.* (ला०) गुपचुप स्वीकरण, गुप्त पत्र-व्यवहार, रहस्यपूर्ण ।

sealed a. सम्मुद्रित, मुद्रांकित, मुद्राबद्ध, मुद्राकृत, **मुहरबन्द,** मुहर किया हुआ, **मुहर लगा हुआ,** (रसा०) **बन्द किया हुआ,** S~ Book of Common Prayer प्रमाणित प्रार्थना^F की पुस्तक^F (चार्ल्स द्वितीयके अधीन, प्रधानमुद्रा^F द्वारा प्रमाणित एक पूर्ण प्रति^F); ~ pattern नौसेना विभागके वेशका आदर्श रूप, नौसेना^F के सिपाहियों की ड्रैस^F; *is a ~book to me* इसका मुझे कोई ज्ञान नहीं, मेरे लिए तो यह रहस्य है और रहेगा; *my lips are ~* मुझे नहीं बोलना चाहिए, मेरे ओंठ बन्द हैं;

~ bottle, ~ cover, ~ letter, ~ sample, ~ tender.

sealer –लॅर n. SEAL के क्रियागत अर्थोंमें; **मुद्रांकक,** सम्मुद्रक ।

sealery –लॅरि n. जलव्याघ्र-मृगयास्थान, सील-आखेट-स्थल, सील^F के शिकारकी जगह^F ।

sealing –लिंग् n. सम्मुद्रण, (कृषि०, रसा०) **सील-बन्दी**^F, **मोहरबन्दी**^F, **ठप्पा लगाना, मूँदना;** जलव्याघ्राखेट, जलव्याघ्र-मृगया^F, सीलका शिकार; ~ coat **जलसहलेप;**~ disc **मोहरटिकुली**^F;~-wax मुहर लगानेकी लाख^F, **लाख**^F;

~ lamp, ~ lantern, ~ surface.

sealyham –लिॲम् n. (~ *terrier* भी) शिकारी कुत्ता ।

seam –म् n. सन्धि^F, सन्धि-रेखा^F, दो स्तरों या पर्तों^F के बीचकी विभाजन-रेखा^F, अलग करनेवाली लकीर^F; क्षतचिह्न, घावका निशान; दो मोटी पर्तों^F के बीच कोयलेका क्षीण स्तर, पतली पर्त^F; समानान्तर किनारोंके बीचकी दरार^F (*ship's~s want caulking*); (लकड़ी^F की पट्टियों^F के किनारोंकी) मिलनेकी रेखा^F, (परि०) **जोड़,** लकीर^F; कपड़ेकी सीवन^F; (श० र० शा०, रसा०, यन्त्र०) **सीवन**^F, सिलाई^F, २. v.t. मोजे आदिमें धारियाँ^F बनाना, धारियाँ^F काढ़ना; क्षतचिह्न या दरार^F बनाना, घावका निशान बनाना (विशे० भूतकृदन्त); मिलन-रेखा^F बनाते हुए जोड़ना, टाँका लगाना, जोड़ मिलाना, सीकर जोड़ देना, सीवन^F मिलाना, बखिया^F लगाना; ~-lace सीवन बेल, सिलाई^F का फीता, टाँका जानेवाला फीता; ~-presser दर्जीका सीवन^F पर इस्तरी^F करनेका लोहा, इस्तरी^F आदि; खेती^F का औजार (जिससे हलके द्वारा बनायी गयी लकीरों^F को चौरस करते हैं) ।

seamer –मॅर् n. सीवक, सीवन^F डालनेवाला, सीवन^F बनानेवाला; क्षतचिह्नकर्ता, दरार^F बनानेवाला, धारी^F बनानेवाला ।

seamless –लिॅस् a. क्षतचिह्नरहित, घावके निशानके बिना; असीवन, सीमान्तहीन, (यन्त्र०) **सीवनहीन,** सीवनरहित, बिना सियन^F के, बिना जोड़के, बिना दरार^F के ।

seamstress, semp-, –स्ट्रिस्, सॅम्प्-' n. दर्जिन^F, कपड़ा सीनेवाली स्त्री^F ।

seamy –मि a. क्षतचिह्न-युक्त; सन्धियुक्त, सीमन्तयुक्त, सीवनयुक्त, सीवनदार, सिलाईदार; ~ *side* (किसी कपड़े-के भीतरका) सीवनदार भाग, उलटी तरफ; (ला०) जीवनका शुष्क या आकर्षक पक्ष, जिन्दगीFका अंधेरा पहलू, बुरे दिन, उलटे दिन ।

seance से'ॲन्स् n. (आध्यात्मिक या अध्यात्म-सम्बन्धी प्रदर्शन अथवा अनुसन्धानकी) सभाF, मीटिंगF; किसी विचारमण्डल या सभाFकी बैठकF ।

seannachie ⊙से'नॅकि n. (स्काटलैण्डका) चारण, स्तुति-कर्ता, स्तवन-कर्ता, भाट; वंशावली विज्ञ ।

sear[1] सीॲर् १. v.t. निर्जीव बनाना, जड़ बनाना, कठोर बनाना, कड़ा बनाना, सख्त करना (*to ~ heart or conscience*); जलाकर चिह्न बनाना; कलंक लगाना, गर्म लोहेसे जलाना, दागना, दाग देना; (क्व०) शुष्क करना, झुलसा देना, पाला मारना, सुखाना, मुरझाना; २. a. (पत्तियोंF, फूलों आदिके सम्बन्धमें; एवं ला० जीवन-सम्बन्धी) शुष्क, विशीर्ण, म्लान, मृतप्राय, सूखा, मुरझाया हुआ (*the ~, the yellow leaf* वृद्धावस्थाF); ~ing-iron दाग लगानेका लोहा ।

sear[2] n. = SEER[2].

search सर्च' १. n. विचयन, शोध, अनुसन्धान, अन्वेषण, **खोज**F, ढूँढ़F, देखभालF, जाँचF, तलाशF, **तलाशी**F (*am in ~ of*); २. v.t. & i. शोध करना, अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, तलाशF करना, खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, पूछताछF करना, जाँच-पड़तालF करना, तलाशीF लेना; (part. परीक्षा-सम्बन्धी) पूर्णरूपेण या भली भाँति, तलाशीF लेना, पूरा-पूरा या पूरी तरह छानबीन करना, बिना कोई कमी छोड़े परीक्षाF लेना, पता लगाना, पूछना; (गहरी खाईFके) भीतरी भाग-में प्रवेश करना, पैठना, घुसना; पानेकी चेष्टाF करना; ~light प्रक्षेप-प्रकाश, विदर्शनालोक; अन्वेषक-प्रकाश, (नौवि०) **खोजबत्ती**F; बिजलीFकी तेज रोशनीFकी बत्तीF (जिसको घुमाकर दूरकी वस्तुF स्पष्ट रूपसे देखी जा सकती है), सर्चलाइटF; ~-party अन्वेषक-दल, तलाशF करनेवाले; ~-warrant अन्वेषण प्राह्वान, **तलाशी अधिपत्र**, तलाशीFका परवाना, तलाशीFका वारण्ट; *right of ~* (तटस्थ पोतोंमें युद्धकी निषिद्ध वस्तुFकी) तलाशीFके लिए युद्धसंलग्न दलका अधिकार; *~ me!* ⊙ मैं क्या कहूँ;

~ bill, ~ coil, ~ light, ~ radar, ~ worrant.

searchable –चॅबॅल् a. विचेय, शोध्य, अनुसन्धेय, अन्वेष्य, अन्वेषणीय, खोजने योग्य, ढूँढ़ने योग्य, देखभालF करने योग्य, तलाशीF लेने योग्य ।

searched –च्ड्' a. अन्विष्ट, अन्वेषित, तलाशीF लिया हुआ (*~ vessel*), खोजा हुआ, ढूँढ़ा हुआ ।

seismogram –'मॅग्रैम् n. भूस्पन्दन-लेख, (भौ०) **भूकम्प-लेख, भूकम्प-अभिलेख,** सीस्मोग्राम।

seismograph –'मॅग्राफ़् n. (भौ०) भूकम्पलेख, भूकम्प-लिख, (प्रा० भू०) **भूकम्पलेखी,** भूचाल-सूचक यन्त्र, भूकम्प-यन्त्र।

seismographer –मॉ'ग्रॅफॅर् n. भूकम्पलेखक।

seismographic –मॅग्रै'फिक् a. भूस्पन्दनचित्र-विषयक, भूकम्प-यन्त्र-सम्बन्धी।

seismography –मॉ'ग्रॅफि n. भूकम्प-वर्णना^F, भूस्पन्दन-शास्त्र, भूचाल-विद्या^F, भूकम्प-विज्ञान।

seismologist –'लॅजिस्ट् n. भूस्पन्दनशास्त्री, भूकम्प-विज्ञानी, भूचालवेत्ता, भूकम्पवैज्ञानिक।

seismology –जि n. भूस्पन्दन-शास्त्र, भूचाल-विद्या^F, (प्रा० भू०) भूकम्पविद्या^F, (ऋतु०) **भूकम्पविज्ञान।**

seismometer –'मिॅटॅर् n. (ऋतु०) **भूकम्पमापी,** भूकम्पमान, भूस्पन्दन-वेग-मान, भूचाल-वेगमापक, भूकम्प-वेग-मापक यन्त्र।

seismonastic ⊙साइज़्मॅनैस्'टिक् a. (वन०) **स्पर्श अदिश प्रेरित।**

seismonasty ⊙–'मॅनैस्टि n. (वन०) **स्पर्श अदिश प्रेरणा**^F।

seismoscope –ज़्'मॅस्कोप् n. भूकम्पेक्ष, भूस्पन्दन-दर्श, भूचालदर्शक, भूकम्पदर्शक यन्त्र, सीस्मोग्राफ।

seity सी'इटि n. स्व, आत्मा, खुदी।

seizable सी'ज़ॅबॅल् a. अधिकरणीय, आधिपत्यके योग्य, अधिकार करने योग्य, कब्जा करने लायक, जब्त करने लायक, कुर्क करने लायक।

seize –ज़्' v.t. & i. (कानून) अधिकृत करना, अधिकार-में करना, अपने कब्जेमें लाना; (निषिद्ध वस्तुओं^F, प्रलेख (दस्तावेज) आदिपर) कानूनी अधिकार या वारण्टके द्वारा आधिपत्य करना, स्वत्व जमाना, रोध करना, निरोध

stacking –किङ् n. ढेर, निचयन, गड्डी बाँधना, (वायु०) चक्कर लगाना, बारी^F लगाना ।

stacte स्टैक्टि n. इत्रतेल; प्राचीनों^F का तेल ।

stactometer स्टैक्टॉमिटर् n. बिन्दुमापी, बिन्दुमापक ।

stadda –ड्डा n. कुचाल आरी^F, दुधारी आरी^F ।

staddle[1] स्टैड्ल् n. लकुट^F, लाठी^F, डण्डा; बैसाखी^F (लकड़ी^F [illegible] सहारे [illegible] पड़ती है); स्तम्भ, आधार, स्तम्भ; [illegible], [illegible], [illegible], टेकन^F; [illegible] आधार, [illegible] वृक्ष, [illegible] पेड़; [illegible], [illegible] ।

staddle[2] v.t. (जंगलकी कटाई^F में) कुछ पेड़ छोड़ देना, कुछ पेड़ रहने देना ।

stadium स्टेडिअम् n. (pl. -ia) क्रीडांगन, आधुनिक [illegible] या [illegible] मैदान; (प्रा० यूना०) लगभग [illegible] [illegible] लम्बाई^F की माप^F; दौड़^F का मार्ग; (जीव०) अन्तरावस्था^F; (चि०) रोगकी अवस्था^F या अवधि^F [illegible] ।

stad(t)holder स्टैट्'होल्डर् n. (इति०) नीदरलैण्डमें किसी प्रान्त या प्रदेशका शासक या राज्यपाल; नीदरलैण्डका [illegible] मुख्य कार्याधिकारी ।

stad(t)holdership –शिप् n. उपर्युक्त प्रदेशोंके शासकका पद या अधिकार ।

staff[1] स्टाफ़् 1. n. (pl. अब ~s; संगीतमें staves) लकुट^F, लाठी^F, [illegible], छड़ी^F, सोटा, डण्डा, लकड़ी^F, बेंत, [illegible]; अवलम्ब, [illegible], आधार, आश्रय, सहारा, [illegible]; राजदण्ड, पद या अधिकारसूचक चोब; दण्ड, डण्डा, [illegible], मुठिया^F, दस्ता; समुद्रकी उच्चतम मापनेका [illegible] मापदण्ड, (सर्वे०) गज, पैमाइश^F में प्रयुक्त छड़^F या डण्डा; [illegible] लाइन^F की रेल^F पर इंजिनके ड्राइवरको [illegible] [illegible] जानेके अधिकारस्वरूप दी गयी) निशानी^F, [illegible] (~ system); [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]; [illegible], [illegible] कर्मचारिवर्ग, कर्मचारिवृन्द, अमला, स्टाफ़ (editorial ~ of newspaper); (संगीत) पाँच [illegible] रेखाओं^F का समूह (जिसमें किसी [illegible] या [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] स्वरोंको सूचित करनेके लिए चिह्न [illegible] [illegible]); (सेना०) [illegible], सैन्य-सम्बन्धी अधिकारियों, [illegible] [illegible] अधिकारीके सहायक अधिकारी, [illegible] [illegible]; 2. v.t. (किसी संस्था^F आदिमें) [illegible] [illegible]; general ~ प्रधान सेनापतिके [illegible] कर्मचारिवर्ग; ~ car कर्मचारी मोटर^F; अमला-[illegible], [illegible]; ~ nurse (चि०) कर्मिकपरिचारिका^F, पदस्थ उपचारिका^F, [illegible];

~ appointment, ~ captain, ~ clerk, ~ college, ~ corps, ~ council, ~ duty, ~ family benefit fund, ~ fund, ~ instructions, ~ [illegible], ~-officer, ~ proposal, ~ room, ~ [illegible], ~-sergeant, ~-surgeon, ~ [illegible].

staff[2] स्टाफ़् n. प्लैस्टर^F आदिके मिश्रित भवन-निर्माणका मसाला, प्लास्टर ऑफ़ पेरिस ।

staffed स्टाफ़्ड् a. कर्मचारियुक्त, कर्मचारियों-सम्पन्न ।

Staffs. Staffordshire.

stag स्टैग् n. महामृग, बारहसिंगा, नर हिरन, बड़े आकारका हिरन; (कृषि०) बधिया साँड; (स्टॉक एक्स-चेंज) नयी कम्पनियोंके शेयरों (अंशों) को खरीदनेके लिए इस विचारसे प्रार्थनापत्र देनेवाला व्यक्ति (कि मुनाफ़ेसे तत्काल ही बेच सके); (वाणि०) सट्टेबाज़, सटोरी; (प्रा०) सरकारी ऋणपत्र या स्टॉकका अनियमित व्यव-सायी, दलाल; ~-party बारहसिंगादल; केवल पुरुषों-का दल;

~-eyed, ~-handled, ~ head, ~-headed, ~-horned, ~ hound, ~ hunt, ~-necked, ~ skin.

stage[1]* स्टेज् n. रंगमंच, रंगभूमि^F, नाटकका स्टेज; (ला०) नाटक, नाटकीय कला^F या नाट्य साहित्य, नाट्य-वृत्ति^F, अभिनेताका व्यवसाय या पेशा; (प्रा० भू०) मंच; मंच*, मचान, चबूतरा; (नौवि०) झूला; (वन०) धरा-तल, समतल; आसन, चौकी^F, तल; (चि०) रोगावधि^F; सोपान, विकासावधि^F, विकासबिन्दु, (जीव वि०, कृषि०, चि०) अवस्था^F*, वृद्धिकाल, दशाक्रम, मंज़िल^F (reached a critical ~); (चि०, जीव०) आसन, कार्यक्षेत्र (quitted the ~ of politics); पड़ाव, अवस्थान, स्थान, विश्रामस्थल, दो विश्रामस्थलों या मंज़िलों^F के बीचकी दूरी^F, मंज़िल^F (travelled by easy ~s); ~-coach दो स्थानोंके बीचमें चलनेवाली चार पहियेकी गाड़ी^F, बग्घी^F (~-driver); ~ direc-tion रंगमंचीय निर्देशन, अभिनेताकी सूचना^F के लिए नाटकमें लिखित निर्देश; ~ fever नाट्यलालसा^F, अभिनेता बननेकी अदम्य इच्छा^F, रंगमंचपर आनेकी धुन^F या चस्का या नशा; ~ fright मंचभय, स्टेजपर पहले-पहल आनेकी घबराहट^F; ~ manager सूत्रधार, मंचप्रबन्धक, रंगमंच-व्यवस्थापक, स्टेजप्रबन्धक; ~-struck नाट्याभिभूत, मंचाभिभूत, रंगमंचप्रेमी, नाटकका शौक़ीन; ~ player नट, अभिनेता; ~ whisper स्वगत, अपवारित, रंगमंचकी कानाफूसी^F (जिसे सम्बोधित व्यक्ति तो न सुने पर दर्शक सुन सकें); by easy ~s, ~ by ~, क्रमशः went on the ~ अभिनेता हो गया;

~ box, ~craft, ~ door (n.), ~-door (a.), ~ effect, ~ hand, ~ house, ~ land, ~ like, ~man, ~ manager, ~-play, ~ review, ~-right, ~-wagon, ~-worn.

stage[2] v.t. & i. अभिनय करना, रंगमंचपर प्रस्तुत करना, खेलना, पेश करना, स्टेजपर लाना; नाटकीय रूपमें घटित करनेकी व्यवस्था^F करना; (नाटकका) अभि-नीत होना, रंगमंचपर आना, खेला जाना, स्टेज होना (does not ~ well) ।

stager –जर् n. नट, अभिनेता; old ~ अनुभवी

व्यक्ति, ज्ञानवृद्ध, पुराना खिलाड़ी, दुनिया देखा हुआ आदमी।

stagery –रि n. रंगमंच प्रदर्शन, स्टेज^F का शो; रंगमंच-प्रसाधन, स्टेजका सामान।

staggard, -t स्टै'गॅड्, -ट् n. चतुर्वर्षीय मृग, चार सालका हिरन।

stagger स्टै'गॅर् १. n. दोलायमान या डाँवाडोल गति^F, लड़खड़ाती चाल^F, लटपटाहट^F, लड़खड़ाहट^F, डगमगाहट^F; (यन्त्र०) किसी रचना^F या ढाँचेसे वस्तुओं^F की तिरछी या टेढ़ी-मेढ़ी व्यवस्था^F; (pl., *blind ~s* भी) मस्तिष्क और रीढ़^F की हड्डी^F के रोगके प्रकार; (pl.) चक्कर सिर चकराना; २. v.t. & i. हिलना, लड़खड़ाना, डगमगाना, डगमगाकर चलना, लटपटाना, डुगडुगाना, डोलना; दोलायमान होना, झिझकना, हिचकिचाना, अस्थिरचित्त होना, दुविधा^F होना, कचियाना, डाँवाडोल होना; पसोपेश करना; पाँव उखाड़ देना, कँपा देना, डगमगा देना (*received a ~ing blow*); विचलित या अस्थिर करना, दुविधा^F में डाल देना, झिझकाना, हिचकिचा देना, डाँवाडोल करना (*the question ~ed him*); **बिखेरना**, घुमावदार या मोड़वाले क्रममें बैठाना, टेढ़े-मेढ़े ढंगसे जमाना; (छुट्टियों^F, कामके घण्टों आदिको) बचाकर व्यवस्थित करना (कि वे दूसरोंकी छुट्टियों^F, घण्टों आदिसे अलग रहें)।

staggered –ड् a. ऊपर-नीचे पंखोंवाला (वायुयान); अलग-अलग छुट्टीवाला; ~distribution **सान्तर-वितरण**; ~ joint (परि०) **विषम जोड़**।

staggerer –रॅर् n. विचलित करनेवाला, हिचकिचानेवाला, लड़खड़ानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

staggering –रिंग् n. (यन्त्र०) **फेरवाँ चाल**^F।

staggery –रि a. वेपथुमान, कम्पमान, कम्पशील, थरथरानेवाला।

staginess स्टे'जिनिॅस् n. नाट्य, नाटकीयता^F; मंच-व्यवस्था^F।

staging –जिंग् n. नाटकका प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शन, अभिनय करना, नाटक खेलना; मचान, मंच या मचान बाँधना; (नौवि०) **पाड़**^F; डाक-गाड़ियों^F के हाँकने या चलानेका काम; पड़ाव बनाना (~ *section*); ~ platform (यन्त्र०) **मचान**।

stagnancy, stagnation स्टैग्'नॅन्सि, –ने'शॅन् nn. निगति^F, स्थिरता^F, निष्प्रवाहता^F, अप्रवाह, प्रवाहाभाव, अप्रवहमानता^F, गतिहीनता^F, थमाव, रुकाव, अटकाव; वृद्धिरोध, निष्क्रियता^F, निश्चलता^F, निश्चेष्टता^F, स्फूर्तिहीनता^F, मन्दता^F, ढीलापन, सुस्ती^F।

stagnant –न्ट् a. गतिहीन, स्थिर (~ *fog*, ~ *gas*), बद्ध, निष्प्रवाह, (चि०) **प्रवाहहीन**, अप्रवाही, अप्रवाहित, अप्रवहमान, शान्त, खड़ा, थमा हुआ (~ *pool, water*); बँधा हुआ; **निश्चेष्ट**, निष्क्रिय, स्फूर्तिहीन, निश्चेष्ट, कुण्ठित, मन्द, धीमा, मद्धिम, सुस्त।

stagnate –नेट् v. i. (तरल पदार्थका) प्रवाहहीन होना, स्थिर होना, धार न होना, बँध जाना, बहाव रुक जाना, बँधा होना, थम जाना, रुक जाना, अटकना, रुका रहना; निष्क्रिय या बेकार होना, निश्चेष्ट बनना, गतिरोध आ जाना, गति^F खो देना, मन्द पड़ जाना, ढीला पड़ना, कुन्द होना, मद्धिम पड़ जाना, ठप्प होना, सुस्त हो जाना (जीवन, कार्य, मस्तिष्क, व्यवसाय, व्यक्तिका)।

stagnation –ने'शॅन् = STAGNANCY.

stagnicolous –नि'कॅलॅस् a. खड़े पानीमें रहनेवाला।

stagy स्टे'जि a. कृत्रिम, (आचरण, रूप, ढंग, हावभाव आदिमें) नाटकीय।

staid स्टेड्' a. शान्त, गम्भीर, स्थिर, स्थिरचित्त, अप्रमत्त, धीर, पक्का, दृढ़ तथा गम्भीर चरित्रका, संजीदा।

staidness –'निॅस् n. गम्भीरता^F, दृढ़ता^F, धीरता^F, स्थिरता^F, संजीदगी^F।

stain स्टेन्' १. n. रंजन, (वन०, रसा०, चि०) **अभिरंजन**; विवर्णीकरण; चिह्न, **धब्बा**, निशान, दाग, चित्ती^F (*cloth is covered with tea ~s*); (रसा०, चि०) **अभिरंजक**, रंजक; (रसा०, चि०) **रंजक द्रव्य**, रंग, रँगनेका सामान इत्यादि; (चि०) वैवर्ण्य; (ला०) दूषण, दोष, कलंक, कलुष, गर्हा^F, निन्दा^F, धब्बा, लांछन, कलंकका टीका, दाग, बदनामी^F (*without a ~ on his character*); २. v.t. & i. विवर्ण करना, दूषित करना या होना, मलिन करना, मैला करना, धब्बा लगाना, दागी करना, बदरंग करना (*cigarettes ~ the fingers*); (ला०) (ख्याति^F, नाम, व्यक्तिपर) दोष लगाना, दूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, कालिख लगाना, बट्टा लगाना, बदनाम करना; (दीवार^F-पर लगानेके कागजको) **अभिरंजन करना**, रंग-बिरंगा करना, रंगना, रंगीन बनाना; छींटे डालना, धब्बे डालकर (सीसा, लकड़ी^F आदिको) रँगना; सूक्ष्मवीक्षण यन्त्रके लिए किसी पदार्थको कई रंगोंमें रँगना; रंगसे रँगना।

stainable –'नॅबॅल् a. विवर्ण्य, विवर्णनीय; कलंकके योग्य; रँगे जाने योग्य, रंग पकड़नेवाला।

stained –न्ड्' a. अभिरंजित, विवर्णित, चिह्नित, धब्बेदार; निशानदार, दागदार (~ *glass*)।

stainer –'नॅर् n. विवर्ण करनेवाला, धब्बा लगानेवाला, दागी करनेवाला; कलंकित करनेवाला, दोष लगानेवाला; रंजक, रँगनेवाला।

staining –निंग् १. n. **अभिरंजन**; **रंजन**; २. a. अभिरंजक।

stainless –न्'लिॅस् a. दोषहीन, कलंकहीन, निष्कलंक, निर्दोष, निर्मल, लांछनहीन, बेदाग; अक्षीय, अकलुष, जंग लगने और खराब होनेसे सुरक्षित (~ *steel*)।

stair स्टेअॅर् n. (अब प्रायः pl.) सोपानश्रेणी^F, सोपान-पथ, सीढ़ियाँ^F, जीना (*passed him on the ~s*); **सोपान**, **सीढ़ी**^F, जीनेकी एक सीढ़ी^F या पाया (*the top ~ but one*); ~case सोपान, निश्रेणी^F, सीढ़ी^F (*~case illusion*); **सोपानकक्ष**, **सीढ़ी-कक्ष**; ~ head (यन्त्र०) **सीढ़ी**^F; ~-rod सीढ़ीका डण्डा, ~way ⊙ सीढ़ी^F, जीना; *below ~s* घरके निचले

मन्ज़ों; *down, up*, ~s घरकी नीचों या ऊपरकी मंज़िल^F में; *flight, pair, of* ~s क्रमिक सोपान, सोपानश्रेणी^F, सिलसिलेवार सीढ़ियाँ^F;

~ break, ~ builder, ~ building, ~-carpet, ~head, ~ steel, ~ step, ~ stepper, ~-tower, ~-work.

staith(e) स्टेथ्', -द्' n. (कोयलेका) भरण-फलक, भरने या उतारनेका तख्ता।

stake स्टेक्' १. n. शंकु, स्थाणु, स्थूण, सूक्ष्म काष्ठदण्ड, मेख^F, कील^F, खूँटा, टेक^F, चोब, थूना (आधार या सीमा-चिह्न आदिके रूपमें); खम्भा (जिसपर मनुष्यको जिन्दा जला देनेको बाँधा गया हो); (ला०) जीवित जलाकर किया गया वध (*was condemned to the* ~); (का०) पण, दाँव, बाजी^F, किसी घटना^F पर पण या दाँवमें लगाया गया धन; (pl.) पण, पण-सम्बन्धी धन, दाँव या शर्त^F की रकम^F; (pl.) बाजी^F की घुड़दौड़^F; टीनकारकी बेंच^F में लगायी हुई निहाई^F; २. v.t. खूँटा गाड़ना, खूँटेसे बाँधना, आश्रय ग्रहण करना या थूनेसे सहारा देना, अड़ाना; (किसी दाँवपर) धन लगाना, बदना, शर्त^F लगाना, दाँवपर रखना, दाँव लगाना, बाजी^F लगाना; ~**holder** पणद्रव्यधारी, (का०) **पणधारी, मध्यस्थ व्यक्ति** (जिसके पास बाजी^F का रुपया जमा किया जाता हो); ~-**net** खूँटोंपर टँगा हुआ मछली^F मारनेका जाल; *at* ~ विचाराधीन, दुविधा^F में, विपन्न, संकटापन्न, संकटग्रस्त, जोखममें, खतरेमें; *have a* ~ *in the country* देशकी आर्थिक समृद्धि^F के लिए चिन्तित होना।

stalactic स्टैलैक्'टिक् a. निच्यावादम-सम्बन्धी; (चि०) न्यग्रोधी, बटवृक्षके समान नीचेकी ओर लटकनेवाली जटाओंके समान।

stalactiform -टिफ़ॉर्म् a. (चि०) न्यग्रोधी, उपर्युक्त पिण्डके आकारका।

stalactite स्टै'लैक्टाइट्, स्टैलैक्'टाइट n. आरचुतारम, निच्यावादम; (प्रा० भू०) अवशैल; (मान०) **अवरोही** शंकु; चूनेके कार्बोनेटका पिण्ड; T.

stalactitic -टि'टिक् a. (चि०) न्यग्रोधी, चूर्णक-पिण्डके गुणोंसे युक्त।

stalagmite स्टै'लैग्माइट्, स्टैलैग्'माइट् n. निरचुतारम, उच्च्यावादम, (प्रा० भू०) **उच्छैल**; (मान०) **आरोही** शंकु; STALACTITE की भाँति गुफा^F के तलपर प्रायः उससे मिलकर उगनेवाला पिण्ड; T.।

stalagmitic -मि'टिक् a. उच्च्यावादम-सम्बन्धी या उसके समान।

stalag (G) n. कारा-शिविर, जेल-कैम्प।

stalagometer स्टैलैगॉ'मिटॅर् n. (रसा०) बिन्दुमापी।

stalagomoid स्टै'लैगमॉइड a. (वन०) अश्रुवत्।

stale[1] स्टेल्' १. पशुओं और घोड़ोंका मूत्र; २. v.t. & i. (घोड़े इत्यादिका) पेशाब करना, मूतना; सामान्य बनाना; पुराना या बासी करना, बेमज़ा कर देना; ३. a. बिगड़ा, बिगड़ा हुआ; पर्युषित, नीरस, स्वादहीन, (वाणि०) पुराना, (~ *cheque*), बासी, उतरा हुआ (~ *food, news*); (ला०) अनूतन, पुरातन, बीतकाल, कालतिरोहित, जीर्ण, अति व्यवहृत, सामान्य, पुराना, पिटा-पिटाया, घिसा हुआ (~ *joke*); अतिश्रान्त, बेकार, थका-माँदा (पहलवान)।

stale[2] n. (प्रा०) प्रलोभक वस्तु^F; दूसरे पक्षियोंको लुभानेवाली चिड़िया^F, उपहासपात्र; सीधा-सादा या भोला-भाला आदमी, भोंदू; (ला०) प्रलोभन; common ~ वेश्या^F, रण्डी^F।

stalemate स्टेल्'मेट् १. n. (शतरंजमें) शह^F, जिच^F (जब कोई घर चलनेके लिए न रहे); गत्यवरोध; २. v.t. (खिलाड़ीको) शह^F देना, जिच^F में डालना; (ला०) गत्यवरोध उत्पन्न करना, गतिरोध लाना।

staleness स्टेल्'निस् n. पुरानापन, स्वादहीनता^F, बासीपन; अनूतनता^F, नीरसता^F; सामान्यता^F।

staling -'लिंग् n. (चि०) पशुओंका मूत्र; **बासी होना**।

stalk[1] स्टॉक्' १. n. राजसी गति^F, ठाठकी चाल^F, रोबदार चाल^F; शिकारको घेरना, छिपकर शिकारपर आक्रमण या पीछा करनेका कार्य; २. v.t. & i. गर्वके साथ या सीना तानकर चलना, इतराकर या ऐंठ^F कर चलना, इठलाना, अकड़^F कर चलना, राजसी या प्रभावशाली ढंगसे चलना; **लुकछिप कर जाना, दबे पाँव जाना**; चुपकेचुपके (शिकारका) पीछा करना; छिपकर शिकारको पकड़ना, चुपचाप शिकारको जा दबोचना।

stalk[2] n. (वन०) पुष्पवृन्त, स्तम्भ, काण्ड, नाल, अक्षदण्ड, (कृषि०, वन०) **वृन्त**, (कृषि०) **धड़**, डण्ठल, डण्डी^F, तना; (यंत्र०) **जंघा**; (शिथिलतः) जोड़, किसी अंगका आधार; पशुओंमें पुष्पवृन्त-सदृश अथवा डण्ठल-जैसा अवयव; (स्था०) पुष्पवृन्त-सदृश सिंगार, पौधेके डण्ठल-जैसा बेलबूटा; पेंदेके ऊपर बनी शराब^F के गिलासकी डण्डी^F; कारखाने आदिकी लम्बी चिमनी^F; ~-**eyed** जोड़ परकी आँखोंवाला (~-*eyed crab*); ~ **layer** (वन०) **अजननकोशिका**^F।

stalked -ट् a. सवृन्त, पुष्पवृन्तयुक्त, डण्ठलदार, डण्डीदार; डण्ठल-जैसे जोड़वाला।

stalker स्टॉ'कॅर् n. रोबके साथ अकड़कर चलनेवाला; चुपके-चुपके पीछा करनेवाला; अहेरी, छिपकर शिकार करनेवाला।

stalking -किंग् n. अहेरी चाल^F, (शिकारका) चुपचाप पीछा करना, घेरना; ~ **horse** ऐसा घोड़ा (जिसकी आड़^F में शिकारी शिकार खेलता है); (ला०) टट्टी^F की आड़^F, आड़^F, ओट^F, बहाना, मिस।

stalkless स्टॉक्'लिस् a. पुष्पवृन्तहीन, अनाल, बेडण्ठल, बेडण्डी।

stalklet -लिट् n. वृन्तिका^F, लघुपुष्पवृन्त, नालक, छोटा डण्ठल या डण्डी^F; छोटा अवयव।

stalky -'कि a. पुष्पवृन्तवत्, अक्षदण्ड-सदृश, डण्ठल-जैसा।

stall[1] स्टॉल्' १. n. आपणिका^F, विपणनी^F, सामान बेचनेके लिए बाजारकी दुकान^F, अस्तबलका कमरा, सामान रखनेकी

मेज^F, चौकी^{F}, तख्ता, स्टॉल (*picked it up in* or *on a book-~*); पशुशाला^{F}, गोशाला^{F}, अस्तबल, घुड़साल^F, तबेला; कोयलेकी खान^{F}में काम करनेका कमरा; नाट्यशाला^{F}में सामने लगे हुए आसनोंमेंसे प्रत्येक; चर्चके गायनमंचपर नियत आसन; पद; २. v.t. & i. पशु आदिको (स्वस्थ बनाने या तैयार करनेके लिए) पशुगृहमें बाँधे रखना, थानपर रखना; पशुशाला^{F} या अस्तबल आदिमें पशुओंके लिए कमरे बनाना, थान बनाना; (घोड़ा या गाड़ी^{F}का) कीचड़ या बर्फ^{F}में धँस जाना; (मोटर-इंजिनका) रुक जाना; ठप्प हो जाना; (विमान या वैमानिकका) अस्थिर होना, गति^{F}के खो जानेसे विचलित हो जाना; ~-feed थानपर बाँधकर जानवरको पुष्ट करना, मोटा-ताजा करना, अस्तबलमें पालना; ~ feeding (कृषि०) **खूँटेपर खिलाना**, नाद^{F}में खिलाना; ~-riser (स्था०) **खड़पट^F** ।

stall^2 १. n. धूर्त, ठग, पाकेटमार या जेबकटका संगी; २. v.t. & i. अवरुद्ध करना, बाधा^{F} डालना, रुकावट^F डालना, विलम्ब करना, देर^F करना, रोड़ा अटकाना, घेरा डालना ⊙; परिहार करना, टालमटोल^F करना, बातचीत^F-के द्वारा टालना ⊙; ~ *off* टालमटोल^F करके छुटकारा पाना, बच निकलना ।

stallage –'लिज् n. आपणिकाधिकार, आपणिका^{F} लगानेका अधिकार या शुल्क; बाजारमें दुकान^F लगाने या स्टॉल खड़े करनेका स्थान; गुमटी^{F} या पशुशाला^{F}का कर, भाड़ा ।

stalled ⊙ स्टॉल्ड्', स्टॉ'लिँड् a. अवरुद्ध, बन्द (*a ~ ox*) ।

stallion स्टै'ल्यॅन् n. (कृषि०) जननाश्व, **बीजाश्व**, साँड़, घोड़ा, **बाजी**, T. ।

stalwart स्टॉल्'वॅर्ट् १. n. (राज०) राजनीतिक दलका पक्का समर्थक, जबरदस्त सदस्य; २. a. दृढ़प्रतिज्ञ, स्थिर-चित्त, निर्भीक, दृढ़, दृढ़निश्चयी, वीर, पक्का, जीवटका, दिलेर (*~ supporters*); बलिष्ठ, बलवान्, हृष्टपुष्ट, हट्टाकट्टा, सुगठित शरीरवाला, दीर्घकाय, तगड़ा, मजबूत ।

stalwartness –निँस् n. दृढ़ता^{F}, निर्भीकता^{F}, साहस, पक्कापन; हृष्टपुष्टता^{F}, हट्टाकट्टापन, तगड़ापन; दृढ़-निश्चयता^{F}, स्थिरचित्तता^{F} ।

stamen स्टे'मॅन् n. (कृषि०, वन०) **पुंकेसर**, पराग-केसर, बीजकेसर, फूलकी बीजदानी^{F}; सूत, तागा ।

stamened स्टे'मॅन्ड् a. पुंकेसरयुक्त, परागकेसरयुक्त ।

stamina स्टै'मिनॅ n. सत्त्व, सार, बल, सहनशक्ति^{F}, शारीरिक शक्ति^{F}, तेज, ओजस्विता^{F}, (शिक्षा०) **ऐश्वर्य**, जीवट, **दम^F** ।

staminal –नॅल् a. सत्त्वीय, पुंकेसरीय, पुंकेसर-सम्बन्धी, (*~ corona*); सत्त्व-सम्बन्धी, तेजस्वी, जीवट^{F}का ।

staminate –नॅट् a. (वन०) **पुंपुष्पी**, (कृषि०) पुंकेसरी, पुंकेसरयुक्त, परागकेसरमय (किन्तु स्त्री केसरमण्डलसे रिक्त), पुंकेसरमय (*~ flower*); ~ plant (कृषि०) **नरपौधा** ।

stamineal, stamineous स्टॅमि'निँॲल्, स्टॅमि'-निँॲस् aa. पुंकेसरी, पुंकेसरीय, पुंकेसर-सम्बन्धी ।

staminiferous स्टैमिनि'फ़ॅरॅस् a. पुंकेसरयुक्त ।

staminode –'मिनोड् n. (वन०) **वंध्य पुंकेसर** ।

stammel स्टै'मॅल् n. अरुण राग, लाल रंग; अरुण ऊर्णा-वसन, लाल ऊनी कपड़ा ।

stammer स्टै'मॅर् १. n. हकलानेकी प्रवृत्ति^{F}; हकलाहट^F, तुतलाहट^F, स्खलित उच्चारण, हकलाते हुए किया गया भाषण, रुक-रुककर कही गयी बात^F; २. v.t. & i. तोतला होना, हकलाना, तुतलाना, रुक-रुककर बोलना; हकलाते हुए (शब्दोंका) उच्चारण करना, रुक-रुककर बात^F कहना (*~ed out an excuse*) ।

stammerer –रॅर् n. स्खलितवादी, हकला, हकलाने-वाला, तोतला ।

stammering –रिंग् १. n. वाणी-स्खलन, (चि०) **स्खलित उच्चारण, हकलाना**, तुतलाना; २. a. हकलानेवाला ।

stamp* स्टैम्प्' १. n. मुद्रा^{F}, मुहर^F*, **मोहर^F, ठप्पा**, छापा; राजकीय मुद्रा^{F}, प्रमाणके लिए सरकारी मुहर^F, **मुद्रांक**, अंक; मुद्रित चिह्न, छाप^F*, मुहर^{F}की निशानी^{F}; **टिकट**, रसीदी **टिकट**; अंक पत्र, **स्टाम्प**; छाप^F, मुहर^F, लेबिल, किसी वस्तुके गुणोंका सूचक चिह्न; (ला०) लक्षण, विशिष्टता-सूचक चिह्न, निशान (*bears the ~ of genius*); पादप्रहार, पदाघात, पैरसे जोरकी चोट^F; धातु^{F} कूटनेकी चक्की^{F}में कच्चे लोहेको पीसनेवाली मोगरी^{F}; स्वरूप, प्रकार, चरित्र, जाति^{F}, प्रकृति^{F}, आकार, रंगढंग, चाल^F, टौल (*avoid men of that* or *his ~*); २. v.t. पाँव मारना, पैर पीटना; ठप्पा लगाना, अंकित करना, मोहर^F करना, निशान करना; छापना; सिक्का बनाना; कूटना, पीटना; ~-collector टिकट-संचयनकर्त्ता, डाक^{F}के पुराने टिकट एकत्र करनेवाला; ~-duty (का०) **मुद्रांक-शुल्क**, स्टाम्पकर; ~ *out* (विद्रोह आदिको) समाप्त करना, समूल नष्ट करना, कुचल देना, मिटा देना; **सफाया करना**;

~ account, ~-album, ~ balance, ~ booklet, ~ collection, ~ impression, ~ machine, ~ office, ~ officer, ~ pad, ~ paper, ~ penalties, ~ punch, ~ rack, ~ register, ~ rules, ~s attached, ~ section, ~ vendor.

stampage –'पिज n. मुद्रांक, छाप^F ।

stamped –प्ट् a. अंकित, मुद्रांकित (*~ paper*); अंकपत्रित (*~ article*) ।

stampede स्टैम्पीड् १. n. (राज०) आकस्मिक आन्दोलन, सामान्य प्रेरणावश अनेक मनुष्योंका असंगठित आन्दोलन ○; खलबली^{F}, आतंक या भयके कारण आकस्मिक भगदड़^{F}, भागदौड़^{F}, हड़बड़ी^{F}, (घोड़ों या पशुओंका) सहसा पलायन, भागाभागी^{F}, भगदड़^{F}; २. v.t. & i. भगदड़^{F}में पड़ना या डाल देना ।

stamper स्टैम्'पॅर् n. मुद्रांकक, मुद्रांकनकर्ता, ठप्पा लगानेवाला, छाप^F या मुहर^F लगानेवाला; मुद्रांक-यन्त्र;

कच्ची धातु^F पीसनेकी मशीन^F।

stamping –पिंग् n. मुद्रांकन, पत्रांकन; (नौवि०) **अंकन, ठप्पा लगाना;**

~ fee, ~ ink, ~ inkpad, ~ machine, ~ mechanic, ~ table.

stamping ground ⊙ स्टैम्'पिंग् ग्रॉउन्ड् n. आश्रय, अखाड़ा।

stance स्टैन्स्' n. (गोफ, क्रिकेट) चोट^F लगनेके समय खिलाड़ीकी स्थिति^F।

stanch[1], staunch स्टान्च्', स्टॉन्च्' v.t. रक्तस्तम्भन करना, घावसे रक्तके बहनेको रोकना; प्रवाह रोकना, बहाव थामना।

stanch[2] स्टान्च्' a. = STAUNCH[1].

stancher –'चॅर् n. रुधिर-रोधी व्यक्ति या वस्तु^F, खूनका बहाव रोकनेवाली दवाई^F।

stanchion –'शन् १. n. स्थाणु, (यंत्र०) **स्थाणुक,** स्कम्भ, स्तम्भ, **खम्भा, थम,** टेक^F, थूना, सीधा डण्डा, (परि०) **खड़ी छड़**^F; आधार, अवलम्बन, आड़^F, पशुओंकी सार^Fमें लगा हुआ सीधा डण्डा, खूँटा, बेंड़ा, आगल; २. v.t. खम्भा लगाना, थूना खड़ा करना, आगल^Fसे (पशुओंको) बाँधना।

stanchless –न्च्'लिस् a. अरोध्य, अनवरोधनीय, जिसका प्रवाह न रोका जा सके।

stanchness –'निस् n. दृढ़ता^F, पायदारी^F, पक्कापन, मजबूती^F; निष्ठा^F, भक्ति^F, वफ़ादारी^F।

stand[1] स्टैन्ड्' n. **आधार,** भाजन, पात्र, मेज^F, रैक आदि, **स्टैण्ड** (जिसपर वस्तुएँ रखी जावें) (*hat-* ~); बाजारकी गोमटी^F, स्टॉल (*fruit-*~); सवारियों^F आदिके लिए अड्डा; मंच, चबूतरा, ऊँचा स्थान; गवाहोंका कटघरा ⊙ (*take the* ~); (रसा०) **धरनी^F, धानी^F,** टिकटिकी^F, घड़ौंची^F; ढाँचा, फ्रेम ⊙; **उपस्तम्भ,** स्थिति^F, स्थान, ठौर, जगह^F (*took his* ~ *near the door*); चौकी^F, तख्ता, स्टॉल ⊙; अवस्थान, अचलावस्था^F, प्रतिरोध करनेके उद्देश्यसे ग्रहण की गयी स्थिर अवस्था^F, उपाश्रय, रुकाव, ठहराव, ठिकाना, अड्डा (*make a* ~); गतिस्तम्भ, स्तब्धता^F, गतिरोध, विकासरोध, स्थिरता^F, कुण्ठा^F, टिकाव, पड़ाव (*came, was brought, to a* ~); मुकाबला, सामना; (रंगमंच) नाटक आदि खेले जानेकी यात्रा^Fका प्रत्येक पड़ाव, डेरा, मुकाम (*a one-night* ~); (तिपतिया वनस्पति^F आदिकी) खड़ी खेती^F; (आस्ट्रेलियामें) स्टैण्ड, वृक्षसंख्या^F, जंगल या उसकी लकड़ी^F; ~-at-ease (सेना०) **साम्या^F;** ~ for ⊙ चेहरा; ~-by आधार, अवलम्ब, आश्रय, सहारा, विश्वस्त व्यक्ति, संकटमें सहायता^F करनेवाला या भरोसे योग्य व्यक्ति या वस्तु^F; ~-by (adj.) अतिरिक्त; (परि०) **आपाती; कोतल; तैयार;** ~ down **सन्तरी वापस, गारद वापस;** ~-off (half) (रगबी फुटबाल) हाफ बैक (जो कि आगे और पीछेके खिलाड़ियोंमें सम्बन्ध जोड़ता है); ~-offish पृथक, अलग, दूर, संकोची, झेंपू, अलग-अलग-सा, कोरा, रूखा, बेमिलनसार; ~-offishness संकोचीपन, दूरी^F, अमिलनसारता^F, रूखापन, झेंपूपन; ~ on (नौवि०) **मार्गाधिकारी;** ~-up सीधा खड़ा (*-up collar*); ~ of arms एक आदमी भरके हथियार; ~ of colours रेजीमेण्ट^Fके झण्डे, ~-point दृष्टिकोण, आधारबिन्दु; *be at a* ~ (प्रा०) अस्थिर होना, विचलित मनोदशा^Fमें होना, आगे बढ़नेमें अयोग्य होना; *I take my* ~ *on the precise wording of the Act* मैं अपने तर्कको अधिनियमकी स्पष्ट शब्दावली^F पर आधारित करता हूँ या अधिनियमोंके शब्दोंपर भरोसा करता हूँ;

~ class, ~ fire, ~ method, ~ pipe, ~ table.

stand[2] v.t. & i. (*stood*) (प्रायः *up* के साथ) स्थिर रूपमें सीधा खड़ा रहना, खड़ा होना, उठना, उठ खड़ा होना (*tell him to* ~ *up*); स्थापित होना, अवस्थित होना, एक स्थानपर स्थिर होना, ठहरना, टिकना, थमना, कायम रहना (~ *still*); स्थित होना, रहना, विद्यमान या मौजूद होना, टिकना, होना (*on each side* ~ *two pillars*); स्थिति^F बनाये रखना, स्थिर रहना, अडिग या अचंचल रहना, दृढ़ता^Fसे टिके या थमे रहना, डटे रहना, जमे रहना, जारी रहना, कायम रहना (*house will* ~ *another century*); वैध या अपरिवर्तित रहना, ठीक-ठीक रहना, ज्योंका त्यों रहना, बना रहना (*the former conditions may* ~); होना, रहना, (~*s in need of help*); ऊँचा होना, विशिष्ट ऊँचाई^Fका होना (~*s six foot three*); मुड़ना और विशेष अवस्था^Fमें रहना (~ *back*); (नौवि०) विशिष्ट मार्ग ग्रहण करना, कोई खास रास्ता अख्तियार करना (~ *in for the shore*); (कुत्तेका) संकेत करना, इशारा करना, (कुत्तेको) शिकारपर छोड़ना; विशिष्ट स्थिति^Fमें रखना, खड़ी हुई स्थिति^Fमें रखना, खड़ा रखना, खड़ा करना (~ *the jug on the table*); सहना, झेलना, उठाना (*nerves could not* ~ *the strain*); व्यय वहन करना, अपनी गाँठ^Fसे देना, खर्च देना (*stood him a drink*); (भाग्यके) सम्मुख होना, लड़ना; अभियोगका सामना करना, (मुकदमा) लड़ना या भुगतना; *corn* ~*s higher than ever* अनाज पहलेसे अधिक मँहगा है; *hair* ~*s on end* स्तम्भित होना, रोमांच हो आना, रोंगटे खड़े होना; *I* ~ *corrected* मैं सुधार स्वीकार करता हूँ; ~ *against* विरोध करना; ~ bail (का०) **जामिन होना, जमानती होना, जमानत देना;** ~ *by* (prep.) अनुमोदन करना, समर्थन करना, पक्ष लेना, साथ देना; (शर्तों^Fपर) दृढ़ रहना, (प्रतिज्ञा^F) पालन करना, बात^Fपर टिके रहना; (नौवि०) (लंगर इत्यादि) पकड़ना या पकड़नेके लिए तैयार रखना; ~ *by* (adv.) **तैयार रहना;** आसपास रहना, समीप रहना, पास-पास खड़ा रहना, पाससे खड़े देखते रहना (*will not* ~ *by and see him ill-treated*); (मूल०, नौवि०) जागरूक या सजग रहना,

सावधान खड़ा रहना, होशियार रहना; *~ clear* बचकर खड़े रहना; *~ committed* वचनबद्ध रहना; *~ down* (सेना०) काम पूरा करके हटना, ड्यूटी[F] करके चल देना; साक्षी[F]के कटघरेसे उतरना, किसी स्थिति[F]से हटना; *~ fast* पक्का रहना; *~ fire* विरोध सहना, गोलोंकी बौछार[F] सहना; शत्रुकी गोलाबारीका बिना हटे सामना करना, तोपों[F]के सामने पीछे न हटना; *~ for* अन्तर्निहित होना, प्रतिनिधित्व करना, संकेत करना, लक्षण प्रकट करना, अर्थ रखना (*P.O. ~s for postal order*); (पदके लिए) अभ्यर्थी या उम्मीदवार होना, संसद[F]में किसी निर्वाचनक्षेत्रके प्रतिनिधित्वका उम्मीदवार होना; (मुख्य व्यापार आदिका) समर्थन करना, पक्षपोषण करना, पक्ष लेना; (बोल०) सहन करना, सहना, सन्तुष्ट रहना, सहमत होना; सहना, बरदाश्त[F] करना ⊙; *~ in good stead* हितकर होना; *~ off* दूर हो जाना, अलग हट जाना, दूर चला जाना, दूरी[F]पर रहना; (v.t.) अस्थायी रूपसे नौकरी[F] छोड़ना; *~ on* चले चलो; **चले चलना, चर्क पर कायम रहना,** आग्रह करना, डटे रहना, जोर देना; अति सतर्कता[F]से पालन करना या मानना (*~ on ceremony*); *~ one's ground* अपनी स्थिति[F]को बनाये रखना, डटे रहना, जमे रहना (शा० एवं ला०, तर्क आदिके सम्बन्धमें); *~ out* अविचलित रहना, प्रतिरोध करते रहना, डटे रहना, अड़े रहना, हठ करना; जमे रहना (विरोध या सहिष्णुता[F]में); (परि०) **दूर हट जाना, दूर चले जाना;** प्रमुख होना, महत्त्व प्राप्त करना, विख्यात होना; *~ over* स्थगित होना, पड़े रहना; *~ to* (prep.) (प्रतिज्ञा[F]पर) दृढ़ रहना, डटे रहना, टिके रहना, जमना, कायम रहना; *~ to sea* समुद्री यात्रा[F]पर चले जाना, *~ up* ⊙ दिखाना; उठ खड़ा करना; *~ up for* (किसी व्यक्तिका) पक्ष लेना, पक्षपोषण करना, साथ देना, हिमायत[F] करना; (किसी बात[F]की) पुष्टि[F] करना, समर्थन करना, अनुमोदन करना; *~ upon,= ~ on; ~ upto* (विरोधीका) साहसपूर्वक सामना करना, मुकाबला करना; (वस्तुओं[F]का अत्यधिक व्यवहार होनेपर भी) ठीक-ठीक रहना, नहीं घिसना या बिगड़ना; *~ up with* साथ-साथ नाचना, (सहयोगीके साथ) नाचनेके लिए खड़ा होना।

standard स्टैन्'डर्ड् n. (सर्वोत्तमता[F]का) स्तर, श्रेणी[F], कोटि[F], आदर्शस्थिति[F], स्टैण्डर्ड (*does not come upto the ~*); आदर्श, आदर्श वस्तु[F], बानगी, नमूना (*the ~ work on the subject*); (विधा०) **मान,** आप्तमान, प्रतिमान, मानदण्ड, मापदण्ड; प्रमाप, (रसा०) प्रमानक, (कृषि०, प्रा० भूगोल, वाणि०, गणि०) **मानक,** प्रामाणिक माप (*~ pound*); मापतौल[F], कसौटी[F]; ध्वज, (वन०) **ध्वजक,** पताका[F], रणपताका[F], झण्डा, फरहरा, खास निशान (*royal ~*); (ला०) मत सिद्धान्त, नारा (*raise the ~ of revolt, free trade*); सीधा आधार, खड़ी वस्तु[F], टेक[F], थूनी[F]; (स्था०) **नलदारी[F], खड़ी बल्ली[F];** पानी या गैस[F]का सीधा खड़ा नल; नाटे तनेपर आरोपित की हुई तथा वृक्षके रूपमें तैयार की गयी झाड़ी[F]T.;; *~-bearer* पताकावाहक, पताकाधारी, ध्वजवाहक; (गुण०) मानिक, **प्रामाणिक;** आदर्श, (pl.) (कृषि०) **यंत्राधारके सिरे, रिगके सिरे;** (ला०) अग्रणी, किसी आन्दोलनका नेता; *~ bread* मानिक रोटी[F], गेहूं या मिले हुए आटेकी रोटी[F];

~ acres, ~ agreement form, ~ atmosphere, ~ barrage, ~ burette, ~ cadmium cell, ~ candle, ~ celestial sphere, ~ cell, ~ classification, ~ clock, ~ cloth, ~ coin, ~ compass, ~ condenser, ~ conditions, ~ configuration, ~ coordinates, ~ cost, ~ curve, ~ design, ~ deviation, ~ dimension, ~ earnings, ~ electrode, ~ enhancement, ~ error, ~ fast red, ~ film, ~ flask, ~ foot, ~ forest, ~ form, ~ frequency, ~ gas thermometer, ~ gold, ~ income, ~ item, ~ lake red, ~ language, ~ level, ~ mercury barometer, ~ meridian, ~ meter, ~ method, ~ mineral, ~ mixture, ~ money, ~ moving dimensions, ~ nut, ~ office, ~ order, ~ outturn, ~ pattern, ~ position, ~ pressure, ~ process, ~ profits, ~ pronunciation, ~ questionnaire, ~ rate, ~ red, ~ rent, ~ resistance coil, ~ results, ~ schedule, ~s committee, ~ score, ~ shaft, ~ shelter, ~ sieve, ~ silver, ~ size, ~s office, ~s officer, ~ solution, ~ spacing, ~ specification, ~ state, ~ stock, ~ substance, ~ supply, ~ syllogism, ~ taper joint, ~ tarrif, ~ task, ~ temperature, ~ term, ~ thermometer, ~ time, ~ tone, ~ typewriter, ~ unit, ~ value, ~ wage, ~ ware, ~ weight, ~ wood, ~ yard, ~ yield.

standardization –डाइज़े'शन् n. प्रमापण, प्रमापीकरण, माननिर्धारण, (अर्थ०, कृषि०) **मानकीकरण,** (रसा०) प्रमाणिनीकरण; प्रमाणीकरण, स्तरीकरण, आदर्शीकरण।

standardize –डाइज़् v.t. प्रमापित करना, स्तरीकरण करना, स्तरपर लाना, स्तर या आदर्शके अनुकूल बनाना, निर्धारित आदर्शके अनुरूप बनाना; (रसा०) तुलना[F]के हेतु विश्लेषणके द्वारा (घोलकी) विशिष्ट मात्रा[F] प्राप्त करना।

standardized –ड् a. प्रमापित, (रसा०) प्रमाणिनीकृत, **मानकित** (*~ milk*), मानकीकृत, आदर्शीकृत।

stander स्टैन्'डर् n. खम्भा लगानेवाला, खूंटा खड़ा करनेवाला; स्थाना, स्थित होनेवाला व्यक्ति, खड़ा रहनेवाला आदमी।

standing[1] –डिंग् n. स्थायित्व, स्थिति[F], अवस्थिति[F],

(नौवि०) पीपेसे (मदिरा^{F}) निकालना, बाहर ढालना; (दाँत, लकड़ी^{F} आदिको) हटाना, निकलवाना, हटना, खिसकना; ~ *in* (बोल०) आरम्भ करना, काम शुरू करना; ~ *out* करनेकी इच्छा^{F}से कदम उठाना, करना, शुरू कर देना; ~ *up* चौंक उठना, चौंक पड़ना, चौंकाना, उठाना, आसनसे उठ खड़े होना, एकाएक उठना, उछल पड़ना; कार्यान्वित होना, अस्तित्व ग्रहण करना, प्रकट होना, उठना, सूझना, दिमागमें आना, अमलमें आना (*many difficulties, rivals, have ~ed up*); (परि०) (इंजिन) का दौड़ना; *to ~ with* प्रथम स्थानमें, पहली जगह^{F}में (*you have no right to be here, to ~ with*); प्रारम्भमें, आरम्भमें, शुरू-शुरूमें (*had 6 members to ~ with*)।

startability –टॅ'बि'लिटि n. (मोटर^F इत्यादिकी) चलनीयता^{F}, संचालनीयता^{F}, स्टार्ट होनेकी ताकत^F।

starter –'टॅर् n. चौंकानेवाला; आरम्भक, (कृषि०) **प्रारम्भक**, आरम्भ करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); **प्रवर्तक**; दौड़नेवाला घोड़ा या प्रतियोगी (*list of probable ~s*); दौड़^{F} आरम्भ करनेवाला संकेतक, इशारा करनेवाला; प्रबोध, (कृषि०) **जाग, जामन**; mother ~ (कृषि०) **मूल जाग, मूल जामन**;

~ button, ~ motor, ~ signal, ~ switch.

startification ⊙ स्टार्टिफ़िके'शॅन् n. (कृषि०) **स्तरण**।

starting –'टिंग् १. n. प्रारम्भण, आरम्भण, प्रयाण, प्रस्थान; प्रारम्भ करना, प्रस्थान करना, चौंकना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); २. a. **प्रवर्तक; आरम्भिक**; ~-post दौड़^{F}का स्थान या खम्भा (जहाँसे प्रतियोगी दौड़^{F} आरम्भ करते हैं); ~ prices घुड़दौड़^{F} शुरू होने-तककी आखिरी बोली^{F};

~ date, ~ entry, ~ friction, ~ handle, ~ permit, ~ point, ~ resistance, ~ station, ~ switch.

startish –टिश् a. प्रयाणवत्, प्रयाण-सदृश, प्रस्थान-सदृश, प्रस्थान-समान।

startle स्टार्'टॅल् १. n. भड़क^F, चौंक^F, झिझक^F, हड़बड़ी^{F}; २. v.t. स्तम्भित करना, आतंकित करना, विस्मित या चकित करना, चौंका देना, भौंचक्का कर देना, चकरा देना, हड़बड़ा देना, घबरा देना, डरा देना, भड़काना, बौखला देना, धक्का पहुँचाना, सदमा पहुँचाना; ~ reflex (शिक्षा०) चकित **प्रतिवर्त**।

startled –ड्' a. स्तम्भित, चकित, भौंचक्का।

startler –लॅर् n. उद्वेगकारी, विस्मयकारी, आश्चर्यजनक, भड़कानेवाला, चौंकानेवाला (व्यक्ति या वस्तु^{F} आदि)।

startling –लिंग् १. n. स्तम्भन, आतंकन, विस्मित होना, चौंकना, भौंचक्का होना, चकराना, हड़बड़ाना; २. a. स्तम्भनकारी, विस्मयजनक, चकरानेवाला।

starvation स्टार्वे'शॅन् n. (चि०) क्षुत्क्षामता^{F}, **अनशन**, आहारहीनता^{F}, आहाराभाव, उपवास, अनाहार, अनाहारसे प्राणत्याग, भूख^{F}से मृत्यु^{F}, भुखमरी^{F}, फाका।

starve –व्' v.t. & i. निराहार रहना, क्षुधार्त होना, भूखों मरना, भोजन न मिलना, फाका करना; निर्धनता^{F}-के दिन काटना; दाने-दानेको तरसना, मुँहताज होना; क्षुधातुर होना, भूख^F लगना (*am simply ~ing*); भूखों मारना, भूखों मारकर नष्ट कर देना, खाना न देना, दाने-दानेको तरसाना, खाना देनेमें कमी^{F} करना, कोर-कसर^F रखना; भोजन न देकर नगररक्षक सेनादलको आत्मसमर्पणके लिए विवश करना, भूखों मारकर मजबूर करना; (ला०) मानसिक या आध्यात्मिक अभावका अनुभव करना; (सहानुभूति^{F}, मनोरंजन, ज्ञान आदि) पानेकी प्रबल आकांक्षा^{F} होना, तीव्र इच्छा^{F} होना; (अव क०) ठण्डसे नष्ट हो जाना, ठण्ड लगना, सर्दी^{F} लग जाना; ठण्डसे नष्ट करना, ठण्डसे मारना, सर्दी^{F}से मार डालना।

starved –ड्' a. क्षुधापीड़ित, क्षुधार्त, निराहार, निरन्न, भूखा, भुखमरा; अपुष्ट।

starveling –व्'लिंग् १. n. बुभुक्षित, क्षुधित, भुखमरा, भुक्खड़, भूखा टूटा, मरियल व्यक्ति या पशु; शीर्ण, कृश, दुर्बल, बलहीन पशु या व्यक्ति; २. a. क्षुधित, भुखमरा, भुक्खड़, भूखों मरनेवाला, भूखा, दुर्बल, दुबला।

starving –विंग a. n. (कृषि०) **वृद्धिरोधन**; = STARVED.

stasis स्टे'सिस् n. (निदान०) (चि०) संचरणावरोध, संचाररोध, स्थाय, शरीरके किसी भी तरल पदार्थके संचारका अवरोध; रक्त-संचरणमें बाधा^{F}।

-stat -स्थाप (*aero~, photo~, thermo~*)।

statable स्टे'टॅबॅल् a. वर्णनीय, विवरणीय, कथनीय, प्रकट करने योग्य; निर्धारणीय, निश्चित करने योग्य।

statant –टॅन्ट् a. अचल, अविचल, स्थिर, बिना हिले-डुले खड़ा रहनेवाला।

state[1] स्टेट्' १. n. (राज०) **राज्य**, रियासत^F, राज (*the United S~s of America*) (रसा०) **स्थिति**^{F}, अवस्थिति^{F}, गति^{F}, वृत्ति^{F}, **अवस्था**^{F}, दशा^{F}, हाल, हालत^F, हवाल (*found him in the same ~*); असैनिक या नागरिक शासन, मुल्की सरकार^F या हुकूमत^F (*Church and S~*); प्रतिष्ठा^{F}, गरिमा^{F}, गौरव, पद, श्रेणी^{F}, पदवी^{F}, दर्जा, शान-शौकत^F, रुतबा (*in a style befitting his ~*); *Jersey* एवं *Guernsey* की व्यवस्थापिका सभा^{F}, विधानसभा^{F}, कच्चे ब्लाकसे लिया गया मुद्रण, खुदे हुए धातुपत्र (प्लेट^F) से ली गयी छाप^F; जत्था, मण्डली^{F}, टोली^{F}; किसी पुस्तक^{F}के एकमात्र संस्करणके दो भिन्न रूप; (प्रा०) सिंहासन, राजासन, राजगद्दी^{F}, तख्त; (*chair of ~* भी) मंच, सिंहासनका साया; वैभव, समृद्धि^{F}, ऐश्वर्य; समारोह, धूमधाम^F, ठाठबाट, शान-शौकत^F (*arrived in great ~*); २. a. शासनिक, राजकीय, राज्यार्थ, राज्यविषयक, राज्यसम्बन्धी; समारोहके अवसरोंके लिए रक्षित या प्रयुक्त (*~ carriage*); free, slave, S~ ⊙ दासप्रथारहित, दासप्रथायुक्त, राज्य; ~ call (बोल०) औपचारिक साक्षात्कार या भेंट^F, रस्मी मुलाकात^F; S~ Department ⊙ विदेश-विभाग; ~ of aggregation (रसा०) समुच्च-

यावस्था^F; (भौ०) **समूहनकी अवस्था^F, सामूहिकता^F**; ~ of equilibrium (रसा०) **साम्यावस्था^F**; ~ paper (राज०) **राज्यिक पत्र**; ~ prisoner राजवन्दी, राजनीतिक वन्दी, शाही कैदी; S~ rights⊙ (संघके) अलग राज्योंके अपने-अपने अधिकार; ~-room राज्य-कक्ष, सरकारी कमरा; अग्निबोटपर एकाकी शयनकक्ष या सोनेका प्राइवेट कमरा; ~ wide राज्यव्यापी; *in* ~ समारोहपूर्वक, धूमधाम^Fसे; *keep* ~ दर्शन दुर्लभ होना; अपनी प्रतिष्ठा^F वनाये रखना, शान^Fसे रहना; *lie in* ~ (मृतशरीरका) सार्वजनिक स्थानमें दर्शनके लिए रखा जाना; ~ *of life* किसीका पद और व्यवसाय;

~ aid, ~-aided, ~ bank, ~ bulletin, ~ cabin, ~ carriage permit, ~-caused, ~ ceremony, ~ coach, ~ commission, ~ criminal, ~ dinner, ~ drive, ~ emblem, ~ enterprise, ~ expense, ~-*farming*, ~ ~ force, ~ forest, ~ functions, ~ ~ fund, ~ funeral, ~ garden, ~ government, ~ guests, ~ headquarters, ~ highways, ~ hospitality, ~ insurance, ~ interference, ~ irrigation works, ~ land, ~ language, ~ laws, ~ line, ~ list, ~ lottery, ~ *medical faculty*, ~ *mills cloth*, ~ *mono-poly*, ~ museum, ~ newspapers, ~ notes, ~ occasion, ~-owned, ~ ownership, ~ pension, ~ point, ~ policy, ~ priority, ~ prison, ~ prisoner, ~ public service, ~ railways, ~ reserve, ~ revenue, ~ service, ~ servitudes, ~'s evidence, ~ ship, ~ size, ~s ministry, ~ socialism, ~ stationery depot, ~ succession, ~ tank, ~ telegram, ~ territory, ~ trade, ~ trading, ~ treasury, ~-wise, ~-wide.

state² v.t. व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, **कथन करना, वर्णन करना, कहना,** वताना, वयान करना, वयान देना (*have ~d my opinion*); (तिथि^F आदि) निर्दिष्ट करना, निश्चित करना, वाँधना, ठहराना, व्यवस्था^Fकरना (*at ~d intervals*); (बीज०) प्रतीकोंके रूपमें (प्रश्न, सम्बन्ध आदिकी) शर्तें^F प्रकट करना।

statecraft स्टेट्'क्राफ्ट् n. = STATESMANSHIP.

stated स्टे'टि`ड् a. वर्णित, उक्त, व्यक्त, कथित, कहा गया; ~ meetings⊙ व्यवस्थित या नियमित वैठकें^F।

statehood स्टेट्'हुड् n. (राज०) **राज्यपद, राज्यत्व,** राज्यता^F, रियासतपन; शोभा^F, ऐश्वर्य, वैभव, नागरिकता^F।

stateless–लिॅस् a. (राज०) **राष्ट्रिकताहीन** (~ *individual*, ~ *person*); नागरिकताहीन, नागरिकताविहीत, देशविहीन, राज्यहीन; शोभाहीन, विभवविहीन, छविरहित।

statelessness –निस् n. (का०) **राष्ट्रहीनता^F**।

stateliness –लिनि`स् n. भव्यता^F, सुन्दरता^F, गौरवपूर्णता^F, वैभवशीलता^F, राजसीपन, शान^F।

stately –लि a. भव्य, सुन्दर, गौरवान्वित, सवैभव, वैभवशाली, गरिमायुक्त, गौरवपूर्ण, प्रभावशाली, उन्नत, प्रौढ़, विशाल, राजसी, बुलन्द (भाषा^F, आचरण, व्यक्ति, साहित्यिक शैली^F, लय, भवन इत्यादिके सम्वन्धमें); राजकीय।

statement* –मॅन्ट् n. (का०) **वक्तव्य***, आवेदन, **कथन, वर्णन,** वयान (*requires clearer ~*); वचन, वर्णित या कथित वस्तु^F, उक्त वात^F (*the ~ is unfounded*); (विधा०) **विवरण,** तथ्योंका औपचारिक विवरण, विज्ञापना, सारिणी^F, लेखा, हिसाव (*the Bank issues monthly ~s*)।

stater स्टे'टॅर् n. स्टेटर^F (एक अतीतकालीन यूनानी मुद्रा^F)।

statesman स्टेट्स्'मॅन् n. नीतिनिष्णात, नीतिमान्; शासन-मर्मज्ञ, राजदर्शी, (राज०) **राज्यमर्मज्ञ**, राज्य-विशारद, राजनीतिज्ञ; भूस्वामी, (उत्तर इंग्लैण्ड) स्वयं अपनी जमींदारी^F चलानेवाला छोटा जमींदार।

statesmanlike –लाइक् a. राजनीतिज्ञोचित, राजनीतिज्ञ-जैसा।

statesmanly–लि a. राजनीतिज्ञोचित, राजनीतिज्ञका।

statesmanship –शिप् n. नीति^F, राजनीतिज्ञता^F, राजकौशल।

static स्टै'टिक् a. (स्थिति वि०) **स्थैतिक,** स्थिति-सूचक, स्थैतिकीय, **स्थिर,** अप्रवाही, गतिहीन, निश्चल; स्थिति-विज्ञान-सम्बन्धी;

~ ataxia, ~ ataxy, ~ battle, ~ defence, ~ discharge, ~ equilibrium, ~ friction, ~ line, ~ method, ~ moment, ~ movement, ~ organ, ~ pressure, ~ process, ~ property, ~ reflex, ~ speedometer, ~ tank, ~ warfare, ~ worker, ~ zone.

statical –कॅल् a. **स्थैतिक**;

~ coordinates, ~ directrix, ~ friction, ~ property.

statics –क्स् n. (pl.) (भौ०, ग०) **स्थैतिकी^F; स्थिति-विज्ञान,** बोझ-विद्या^F; अन्तरिक्षकी^F, स्थिर भार, T.।

statim (L) तुरन्त, तत्काल।

station* स्टे'शॅन् १. n. रेल^Fका **स्टेशन,** टेशन; (प्रा० भू०) **प्रेक्षण-स्थल; केन्द्र, स्थान,** केन्द्रस्थान, अवस्थान, स्थल, ठिकाना*, जगह^F, मुकाम, पड़ाव, थाना (*was assigned a ~ in the valley*); स्थिति^F, स्थिरता^F, अचंचलता^F, ठहराव (*a ~ like the herald Mercury*); मुख्य नगर; भण्डार कार्यालय या गोदाम; छावनी^F, सैनिक चौकी^F; (आस्ट्रेलियामें) अवि-शाला^F, भेड़ों^Fके रहनेका स्थान; व्यवसाय, वृत्ति^F, पेशा, पद, श्रेणी^F, स्थिति^F, पदवी^F, ओहदा, हैसियत^F (*occupied a humble ~*); (जन्तु०) **चाँदा;** (निवेशन-पद्धति^Fमें)

माप-बिन्दु, सर्वेक्षण-स्थल, १०० या ६६ फुटका प्रामाणिक अन्तर या दूरी^F; (वन०, जन्तुवि०) पौधेके थाले या जन्तुकी खोह^Fकी अवस्था^F; (ईसा०) (इति०) बुधवार और शुक्रवारका उपवास या व्रत; (~ *of the cross* भी) ईसाके मनोवेगकी प्रतीकरूप १४ मूर्तियों^F या चित्रोंके क्रममें प्रत्येक; गिरजाघर, स्टेशन; २. v.t. (व्यक्ति या स्वयंको) किसी स्थानपर रखना या ठहराना, टिकाना, धरना, बैठाना, स्थान सौंपना, जगह^Fदेना; ~ agent ⊙ स्टेशन-मास्टर; ~wise **केन्द्रवार** ।

~ adjustment, ~ apparatus, ~ armoury, ~ article, ~ bill, ~ board, ~ bundle, ~ canteen, ~ commander, ~ dak, ~ delivery book, ~ despatch register, ~ director, ~ engineer, ~ garden, ~ headquarter, ~-house, ~ keeping, ~ limits, ~ machinery, ~ mark, ~-master, ~ officer, ~ order, ~ parade, ~ platform, ~ point, ~ receipts, ~ section, ~ staff, ~ stamp, ~ supervisor, ~ workshop, ~ yard.

stational –नॅल् a. स्थानीय, केन्द्रस्थान विषयक, वास-स्थान-सम्बन्धी, ठिकानेका, मुकामका, चौकी^Fका, थानेका; स्टेशन-सम्बन्धी, स्टेशनका ।

stationariness –नॅरि-निॅस् n. स्थावरत्व, स्थिरता^F, निश्चलता^F, अचलता^F; स्थायित्व, स्थायीपन, टिकाऊपन; अपरिवर्तनशीलता^F ।

stationary –रि १. n. निश्चल या स्थिर व्यक्ति; २. a. **स्थावर, स्थायी, स्थिर, स्तब्ध, निश्चल, अचल,** अटल, ठहरा, खड़ा (*balloon was now* ~); स्थायी, टिकाऊ; **अप्रगामी;** अवहनीय, न ढोने योग्य (~ *engine, troops*); देशान्तरमें प्रत्यक्ष गति^Fसे शून्य (ग्रह); समस्थित, ह्रास-वृद्धि-रहित, एक-सी, (परिमाण, संख्या^F, योग्यता^F, क्षमता^F आदिमें) अपरिवर्तनशील; ~ air स्थायी वायु^F; श्वासकर्म या साँस^F लेनेपर फेफड़ेमें रहनेवाली वायु^F; ~ diseases (वातावरणके कारण उत्पन्न) स्थानीय रोग;

~ curve, ~ engine, ~ field, ~ front, ~ level, ~ orbit, ~ oscillation, ~ point, ~ population, ~ scrubber, ~ state, ~ tangent, ~ value, ~ wave.

stationer स्टे'शॅनॅर् n. लिपिभाण्डिक, लेखनसामग्रिक, लैखनिक, लेखनसामग्रीविक्रेता, कलम, कागज, स्याही^F आदिका विक्रेता, स्टेशनर ।

stationery –रि n. **लेखनसामग्री**^F, लेखनसज्जा^F, स्टेशनरी^F; ~ articles लेखन-सामग्री^F;

~ allowance, ~ articles, ~ box, ~ case, ~ clerk, ~ depot, ~ office, ~ rack, ~ rules, ~ section, ~ stock book, ~ store, ~ supply, ~ target.

stationing स्टे'शॅनिंग् n. अवस्थापन, रखना, टिकाना; ~ speed (नौवि०) किफ़ायती चाल^F ।

statist स्टे'टिस्ट् n. सांख्यिक, अंकशास्त्री, परिसंख्यानविद्, सांख्यिकी^Fका विद्वान्; राजनीतिज्ञ, राजप्रवीण ।

statistic[1] स्टटिस्'टिक् n. (सांख्य०) **प्रतिदर्शज** ।

statistic[2], **-al** –अॅल् aa. सांख्यिकी, **सांख्यिकीय,** सांख्यिक विवरण-संग्रह-सम्बन्धी, आँकड़ोंका;

~ abstract, ~ analysis, ~ assistant, ~ average, ~ branch, ~ chart, ~ coefficient, ~ commission, ~ data, ~ derivative, ~ digest, ~ division, ~ engineering, ~ enquiry, ~ error, ~ fluctuation, ~ frequency, ~ graph, ~ independence, ~ induction, ~ information, ~ investigator, ~ law, ~ maps, ~ mechanics, ~ methodology, ~ methods, ~ office, ~ parallax, ~ physics, ~ picture, ~ population, ~ process, ~ representative, ~ section, ~ series, ~ statement, ~ summary, ~ survey, ~ table, ~ theory.

statistician स्टैटिस्टि'शन् n. सांख्यिक, आंकिक, अंकशास्त्री, संख्याशास्त्री, **सांख्यिकीविद्, संख्याविद्** ।

statistics स्टॅटिस्'टिक्स् n. अंकशास्त्र, संख्यायन, **सांख्यिकी**^F, आंकिकी^F, संख्याविद्या^F (जिसमें सांख्यिक विवरण संगृहीत, वर्गीकृत तथा प्रयुक्त होते हैं); **न्यास,** संख्या^F, समंक, **आंकड़े** (~ *of population, crime*); (ग०) **उपात्त** ।

statistology ⊙स्टैटिस्टॉ'लॅजि n. संख्याशास्त्र ।

statocyst ⊙स्टै'टॅसिस्ट् n. (जीव०) **साम्यवेदी, स्थिति अंग** ।

statolith ⊙स्टै'टॅलिथ् n. (जीव०) **साम्याश्म** (~ *sac*) **स्थिति कण** ।

stator स्टे'टॅर् n. (विद्युत्०) स्थूणी^F, स्थाता, शामक; विद्युज्जनक या चालकका पक्का पुर्जा, T. ।

statoscope स्टै'टॅस्कोप् n. चापदर्शी, दाबवीक्ष ।

statuary स्टै'ट्यूअॅरि १. n. भास्कर्य, मूर्तिनिर्माणविद्या^F, **मूर्तिविद्या**^F, मूर्तिकला^F; **मूर्ति-संग्रह,** प्रतिमाली; भास्कर, तक्षक, प्रतिमाकार, **मूर्तिकार,** मूर्तिनिर्माता; २. a. प्रतिमार्थ या प्रतिमा-सम्बन्धी, (प्रा० भू०) **मूर्ति-योग्य,** मूर्ति-सम्बन्धी (~ *art, marble*) ।

statue स्टै'ट्यू n. विग्रह, प्रतिकृति^F, प्रतिमा^F, मूर्ति^F, पुतला, बुत ।

statued –ड् a. प्रतिकृतिमय, प्रतिमामय, मूर्तियुक्त, बुतदार ।

statuesque स्टैट्यूअे'स्क् a. प्रतिमोचित, प्रतिमा-सदृश, मूर्तिवत्, प्रतिमा^Fकी भाँति गरिमापूर्ण या सुन्दर ।

statuesqueness –निॅस् n. प्रतिमौचित्य, प्रतिमा-सादृश्य, मूर्तिमत्ता^F ।

statuette स्टैट्यूअे'ट् n. लघु प्रतिकृति^F, **लघुप्रतिमा**^F, छोटी मूर्ति^F, छोटा बुत ।

stature स्टै'ट्यॅर् n. (चि०) (खड़े होनेपर) देह^Fकी

स्वाभाविक उच्चता^{F}, शरीरकी विशालता^{F} या ऊँचाई^F, लम्बाई^F, **क़द** (*of mean ~*); आकृति^{F}, आकार, डीलडौल।

statured –र्ड् a. ऊँचाई^{F}का, लम्बाई^{F}का।

status स्टे'टस् n. (राज०) **परिष्ठा**^{F}; प्रस्थिति^{F}, पदस्थिति^{F}, सामाजिक **स्थिति**^{F}, **पद**, स्थान, गौरव, **प्रतिष्ठा**^{F}, मर्यादा^{F}, पदवी^{F}, ओहदा, दर्जा, रुतबा, **हैसियत**^{F}, (*his ~ among novelists*); (क़ानून) आस्थिति^{F}, अवस्था^{F}, क़ानून द्वारा निर्धारित किसी व्यक्तिका दूसरेसे सम्बन्ध; अवस्था^{F}, दशा^{F}, हालत^F; ~ (*in*) *quo* प्रस्तुत दशा^{F}, यथास्थिति^{F}, अपरिवर्तित अवस्था^{F}; (~ *quo, ante* भी) पूर्वस्थिति^{F}, पूर्व अवस्था^{F}, यथापूर्व; ~ epilepticus (चि०) निरन्तर अपस्मारावस्था^{F}।

statutable स्टे'च्यूटॅबॅल् a. प्रतिकृति-विज्ञाप्य, प्रतिमा-विज्ञाप्य, मूर्ति^{F}द्वारा प्रदर्श्य, बुत द्वारा प्रकट करने योग्य।

statute –ट' n.(क़ा०) **सविधि**, **अधिनियम**, परिनियम, प्रविधान, विधानसभा^{F}का लिखित क़ानून (*private, public, ~*); स्थायी बनानेके लिए निगम या कम्पनी^{F} आदिका अध्यादेश, अनुविधि^{F} (*University ~s*) (बाइ०) दैवी विधान, ईश्वरीय विधान (*kept thy ~s*); ~ mile (नौवि०) **मानक मील**;

~ adult, ~-barred, ~-barred debt, ~ book, ~ law, ~ merchant, ~ mile, ~ roll.

statutory–टॅरि a. वैध, वैधानिक, परिनियत, अनुविहित, संविधिगत, संवैध, (क़ा०) **सांविधिक**, **अधिनियमित**, प्राविधानिक, अनुविध्यात्मक, विधिबद्ध, संविहित, क़ानूनी;

~ authority, ~ company, ~ declaration, ~ lien, ~ meeting, ~ minimum, ~ modification, ~ obligation, ~ orders, ~ percentage, ~ provisions, ~ report, ~ rights, ~ rule, ~ statement, ~ tenant.

staunch[1], **stanch** स्टॉन्च्, स्टान्च् aa. दृढ़, स्थिर, अटल, पक्का, मजबूत, हवारोक, पनरोक (जहाज, जोड़ आदि); (नौवि०) **लदानयोग्य**; विश्वस्त, विश्वसनीय, दृढ़-निष्ठ, भक्त, ईमानदार, कट्टर (~ *friend, supporter*)।

staunch[2] v.t. = STANCH.

staunchness –निस् n. दृढ़ता^{F}, पक्कापन, मजबूती^{F}; विश्वस्तता^{F}, विश्वसनीयता^{F}, दृढ़ निष्ठा^{F}, कट्टरपन।

stauroscope स्टॉऑ'रॅस्कोप् n. स्फायेक्षयन्त्र, ध्रुवप्रकाश-वीक्ष।

stave[1] स्टेव्' n. संगीतांश, श्लोक, छन्द, पद्य, पद; सीढ़ी^{F}-का डण्डा; काष्ठपट्टिका^{F}, पीपे आदिमें लगनेवाली मुड़ी हुई लकड़ी^{F}की पट्टी^{F}, पटरी^{F}; किसी कुएँ या खोलकी मेंड़^{F}का तख्ता।

stave[2] v.t. (~*d* or *stove*) (पीपे आदिमें) पट्टियाँ^{F} लगाना, तख्ते जोड़ना या बैठाना; (पीपे, नाव^{F}में) छेद करना, सूराख करना; (टोप, सन्दूकको) नष्ट-भ्रष्ट करना, तोड़-मरोड़ देना, कुचल डालना, तोड़-फोड़ डालना; (धातु^{F} आदिको) कूटकर जमाना, दबाकर पक्का करना, मजबूत करना; ~ *off* परिहार करना, दूर करना, टाल देना, हटा देना, परे हटाना, निकालना, धकेलना, सरकाना, बचाना, बाज रखना (विनाश, शीतातपके प्रभावको)।

staves स्टेव्ज्, स्टाव्ज् (प्रा०) STAFF का बहु०।

stavesacre स्टेव'ज़ेकॅर् n. जंगली कलगा।

stay[1] स्टे' १. n. निवास, वास, अवस्थान, ठहराव, बसेरा; निवासकाल, बसेरेकी अवधि^{F} (*made a long ~ in London*); (मुख्यतः साहित्यिक) नियन्त्रण, बन्धन, प्रतिबन्ध, संयम, (क़ा०) **रोक**^{F} (*will endure no ~*); न्यायिक कार्यवाहियों^{F}का उपस्तम्भ, स्थगन, (यन्त्र०) **स्थाप**, (~ *tube*), प्रतिबन्ध, निरोध, गतिरोध, कार्यवाही-रोक^F, रोक^F, रुकाव, (रेल०) **टेक**^{F}; (pl.) कंचुकी^{F}, अंगिका^{F}, चोली^{F}, अँगिया^{F}; आधार, अवलम्ब, आश्रय, सहारा, आड़, आसरा (*you have been the ~ of my old age*); धैर्य, सहनशीलता^{F}, सहनशक्ति^{F}, बरदाश्त^F; २. v.t. & i. ठहरना, रहना (~ *here till I return*); (बोल०) सम्मिलित होनेके लिए बहुत काफ़ी समयतक प्रतीक्षा^{F} करना, देरतक ठहरे रहना (*can you ~ supper ?*); अस्थायी रूपसे ठहरना; बसना, टिकना (किसी नगर, होटलमें किसीके साथ); (विनिश्चय, निर्णय, फ़ैसला) उपस्तम्भित करना, स्थगित करना, मुल्तवी करना; (अब मुख्यतः साहित्यिक) (प्रगति^{F}, रोगके आक्रमण आदिको) नियन्त्रित रखना, रोक रखना; थूनी^{F}की भाँति या थूनी^{F}से सहारा देना, थामना, पुश्ताबन्दी^{F} करना; निवारण करना, **रोक देना**, रोकना, अटकाना, ठहराना, थामना; (गति^{F}, कार्य, भाषण आदिमें) विराम लेना, विरमना, रुकना, रुक जाना, थमना, ठहर जाना (*get him to ~*); सहन^F करना, सहना, बरदाश्त^F करना (*does not seem able to ~*); ~-at-home n. & a. गृहसेवी, घर घुसना, घरघुसा (व्यक्ति); ~ bar (स्था०) **आड़ी पट्टी**^{F}; ~-in strike काम-न-करो हड़ताल^F; ~-lace तंग अँगिया^{F} या कॉर्सेटका फ़ीता; ~ of execution कार्यान्विति-उपस्तम्भ, कार्यान्वितिरोध; ~ of proceedings कार्यवाही^{F} रोकना; ~ order रोधनादेश, रोकनेका आदेश; ~ rod स्थाप-दण्ड; *has come to ~* (बोल०) स्थायी होना, स्थापित होना, स्थिर होना; ~ *on* डटे रहना, देरतक रहना; ~ one's *stomach* भूख^F शान्त करना।

stay[2] १. n. (नौवि०) **तान**^{F}, **तान रस्सी**^{F}, जहाजके मस्तूलका रस्सा; २. v.t. मस्तूल आदिको रस्सोंसे सहारा देना, बाँधना; (जहाजको) पाल द्वारा दूसरी निश्चित दिशा^{F}में जाना; ~ sail (नौवि०, ग्रा०) मस्तूलके रस्से-पर फैलाया हुआ कोई पाल।

stayer स्टे'ॲर् n. ठहरनेवाला; सहनशील, बरदाश्त^F करनेवाला (व्यक्ति); परिश्रमशील, निरन्तर श्रम करनेवाला, मेहनती (व्यक्ति)।

staying –इंग् n. निवास, अवस्थान, ठहराव।

stayless –'लिस् a. अस्थायी; तंग अँगिया^{F}के बिना।

S.T.C. Sales Tax Commission; State Trading Corporation.

S.T.D. *Sacrae Theologiae Doctor*, Doctor of Sacred Theology.

Ste. *Sainte*, Fem. of *Saint*.

stead स्टे ड्' n. भूमि^{F}, (अब मुख्यतः साहित्यिक) स्थान; साहाय्य^{F}; दशा^{F}; पलंग; *in* person's ~ उसके स्थान-पर, उसके स्थानापन्नके रूपमें; *stand* (person) *in good* ~ उपादेय या उपयोगी होना, कामका होना।

steadfast स्टे ड्'फ़ॅस्ट् a. स्थिर, सतत, अविरत, ध्रुवक, दृढ़, अडिग, अटल, अचल, निश्चल, पक्का, पुख्ता।

steadfastness –निस् n. (दर्श०) स्थैर्य, स्थिरता^{F}, सातत्य, ध्रुवता^{F}, दृढ़ता^{F}, अचलता^{F}, (दर्श०) धृति^{F}, धैर्य, क्षान्ति^{F}, धीरज, अटिगपन।

steadiness –'डिनिस् n. दृढ़ता^{F}, **स्थिरता**^{F}, स्थैर्य, मजबूती^{F} (~ *tester*); अचलता^{F}, अविचलता^{F}, निश्चलता^{F}, दृढ़चित्तता^{F}, स्थिरचित्तता^{F}; नियमितता^{F}, एकरूपता^{F}; धैर्य, शान्ति^{F}, धीरज।

steading स्टे ’डिंग् n. पशुशाला^{F}, अन्नशाला^{F} आदि सहित निजी कृषिभूमि^{F}, खलिहान; ~span **स्थिरकारी जंजीर**^{F}।

steady स्टे ’डि १. n. हाथ या औजारके काममें प्रयुक्त सहारा, टेका; (बोल०) प्रेमीजन, सहृदय, मृदुहृदय ⊙; नवयुवक, जवान आदमी ⊙; २. v.t. & i. दृढ़निश्चयी करना या बनाना, सुस्थिर, दृढ़, मजबूत या पक्का बनाना या होना, एकरूप बनाना या होना, साधना या सधना, सम्हालना या सम्हलना (~ *the boat*); ३. a. दृढ़, सुस्थिर, सुस्थित, **अचर**, अचल, अटल, अस्खलित, (भौ०) **अपरिवर्ती**, निश्चल, अविचल, पक्का, मजबूत, कायम, जमा हुआ, डटा हुआ (*not ~ on his legs*); (सेना०) चौकस; (भौ०) स्थायी (~ *state*), सतत, अविरत, नियमित तथा एकरूप, लगातार, एक-सा, इकसार (~ *pace*), अटूट, बराबर (*went off at a ~ pace*); दृढ़, दृढ़-संकल्प, दृढ़चित्त, स्थिरचित्त, स्थिरमति; स्थिरबुद्धि, धीर, अक्षुब्ध, पक्का (~ *in his principles*); स्थिरबुद्धि, स्थितप्रज्ञ, ठण्डे दिल-दिमागका;

~ flow, ~ mass, ~ motion, ~pace, ~ state.

steak स्टेक्' n. मांसखण्ड, भूननेके लिए गाय^{F}, सुअर, हिरन या मछली^{F}के मांसका टुकड़ा (*beef ~*)।

steal स्टील्' v.t. & i. (~ *stole, stolen*) अपहरण करना, चम्पत करना, मूसना, चुपकेसे ले भागना, चुराना, चोरी^{F} करना (*who ~s my purse ~s trash*); छिपाना; प्रच्छन्न रूपसे किसी वस्तु^{F}को ले जाना; अकस्मात् ही पा लेना, अचानक मार लेना, उड़ा देना, धोखेसे या चोरी^{F}से सिद्धि करना (*stole a kiss*); (~ *away* भी) लुभा लेना, मोह लेना, छल लेना; (किसी व्यक्तिके हृदयको) वशीभूत करना, मोहना, लुभाना, चालबाजी^{F}से फँसा लेना, दिल चुराना; (intr.) गुप्त रूपमें या चुपचाप आना-जाना, चुपचाप खिसकना, दबे-पाँव चलना; चलते बनना (*stole out of the room*); ~ *a march on* आगे बढ़ जाना, निकल जाना; पहले-से देख लेना या पा लेना।

stealer –'लॅर् n. अपहर्ता, तस्कर, चौर, चोर।

stealing –लिंग् n. चौरकर्म, चौर्य, चोरी^{F}।

stealth स्टे ल्थ्' n. अपहरण, चोरी^{F}, (दर्श०) प्रच्छन्नता^{F}, गुप्तता^{F}, गोपनीयता^{F}, रहस्यमयता^{F}, गोपनीय व्यवहार, गुप्त क्रिया^{F} या पद्धति^{F}; छल; दुराव, छुपाव; *by* ~ छल-कपटसे, प्रच्छन्न रूपसे, गुप्त रूपसे, चोरी-छिपे।

stealthiness –'थिनिस् n. प्रच्छन्नता^{F}, गोपनीयता^{F}, दुराव, छिपाव।

stealthy –थि a. अलक्षित, प्रच्छन्न, गुप्त, गूढ़, गोपनीय, अप्रकट रूपसे सम्पादित, छिपा।

steam[1]* स्टीम्' n. प्रवाष्प, जलीय वाष्प, (रसा०) **भाप**^{F}*; वाष्पोच्छ्वास, कोई वाष्पोद्गम, वाष्पकण, नमी^{F}, गीलापन, भाप^{F}की बूँदें^{F}, (बोल०) उत्साह, बल, शक्ति^{F} (*let off, put on,* ~); ~ boat वाष्पीय नौका^{F}, अग्निबोट, स्टीमर; ~-coal भाप^{F}का कोयला, भाप^{F} बनानेमें काम आनेवाला कोयला; ~-engine प्रवाष्प यन्त्र, **भाप**^{F}**का इंजिन**; ~ navvy भाप^{F}से चलनेवाली खोदनेकी कल^{F}, ~-roller भाप-बेलन, सड़क^{F} कूटनेका भारी भाप-इंजिन; **भाप-रोलर**, स्टीम रोलर; (ला०) दमनकारी शक्ति^{F}, कुचलनेवाली ताकत^{F}; (v.t.) (सड़क^{F} बनानेके इंजिनकी भाँति) कुचल डालना; ~ship वाष्पपोत, **जहाज**, **पोत**; भाप^{F}का जहाज; *get up* ~ तत्पर होना, किसी विशेष प्रयत्नके लिए शक्ति^{F}का बटोरना, मुस्तैद होना;

surname सॅर्'नेम् १. n. उपनाम; अधिनाम, उपाधि-नाम; वंशनाम, गोत्रनाम, कुलनाम, जाति नाम; पदवीF; २. v.t. उपाधिनाम देना, उपाधिF या पदवीF देना, किसी व्यक्तिका कुलनाम रखना, उपनाम देना।

surnamed –ड् a. उपनामसे पुकारा हुआ, कुलनामसे बुलाया हुआ, उपनामका, कुलनामका।

surnominal सॅर्नॉ'मिनॅल् a. उपनामीय, अधिनाम-विषयक, वंशनामवाला, कुलनाम-सम्बन्धी, पदवीका।

surpass सॅर्पास्' v.t. अतिक्रम करना, पराभूत करना, उत्कृष्ट होना, पीछे छोड़ देना, आगे निकल जाना, आगे बढ़ जाना।

surpassable –'सॅबॅल् a. अतिक्रमणीय।

surpassing –सिंग् a. अतिक्रमणकारी, परमोत्कृष्ट, श्रेष्ठ, बढ़कर, ऊपर।

surpassingness –निॅस् n. अतिक्रमणकारिताF, परमोत्कृष्टताF, श्रेष्ठताF, बढ़कर होना, ऊपर होनेकी स्थितिF।

surplice सर्'प्लिस् n. (ईसा०) पादरींका परिच्छद, पुरोहितका ऊपर पहननेका ढीला पूरी बाँहोंFका सफेद कपड़ेका लम्बा जामा; ~ choir उपर्युक्त जामा पहनने-वाला गायकदल; ~-fee (विवाह, मृत्यु-संस्कार आदिके लिए) पादरीको दी गयी दक्षिणाF या दान।

surpliced ⊙ –ट् a. उपर्युक्त जामा पहननेवाला, सर-प्लिसधारी।

surplus सर्'प्लॅस् n. (वाणि०, अर्थ०, का०) **आया-धिक्य;** आधिक्य, अधिकताF, अतिरिक्त भाग, अतिरेक, **अधिशेष;** शेष, बचतF, बढ़तीF, (अर्थ०, वाणि०) **बेशीF,** जायद मिकदार; (गुण०) **अतिरिक्त,** अपर, **अधिक,** **फालतू** (*~population*); **खाली;**
~amount, ~ area, ~ bag, ~ block, ~ budget, ~ coins, ~ collection, ~ copies, ~ deficiency, ~ demand, ~ discharge, ~ energy, ~ income, ~ labour, ~ material, ~ produce, ~ product, ~ profits, ~ ~ stock, ~ stores, ~ value, ~ votes.

surplusage –सिज् n. = SURPLUS, (का०) **असंबद्ध (सामग्रीF आदि)।**

surprisal सॅर्प्राइ'ज़ॅल् n. अवस्कन्द, सहसा आक्रमण; चमत्कार, आश्चर्य, आश्चर्यजनक कार्य, विस्मयकारी क्रियाF, हैरतF, हैरानीF।

surprise*, **surprize** ⊙ –ज़्'–ज़्' १. nn. सह-साक्रम, आकस्मिक या हठात् आक्रमण, व्यक्तियोंको अचानक धर पकड़नेकी क्रियाF, बेखबरीFमें आ लेना या धर दबाना (*the fort was taken, the truth must be elicited, by ~*); विस्मय, चमत्कृतिF, चमत्कार, **आश्चर्य,** अकुलाहटF, हैरानीF*, घबराहटF, अचम्भा, अचरज*, ताज्जुब (*his ~ was visible*); आश्चर्य-जनक बातF, विस्मयकारी घटनाF, अचरजकी बातF (*was a great ~ to me*); २. vv. t. सहसा आक्रमण करना, अकस्मात् टूट पड़ना, धर लेना, अचानक आ पहुँचना; बेखबरींपर हल्ला बोलना (*~d him in the act*); आश्चर्यान्वित करना, आश्चर्यचकित करना, विस्मया-कुल करना, विस्मयमें डाल देना, विस्मित करना, अचम्भित करना, हतबुद्धि करना, हैरान करना, चकरा देना, हैरतFमें डाल देना (*should you be ~d to learn —?*); अपने आचरण या क्रियाF या कार्यसे किसी व्यक्तिको विस्मयाभि-भूत करना, व्यग्र बनाना, उत्सुक बनाना, अकुला देना, परेशान करना, घबरा देना (*~d me into rudeness, consent, dropping the reins*); ~ attack

अकस्मात् आक्रमण, **अचानक हमला**; ~ check (रेल०) **अचानक जाँच**[F]; ~ packet अचम्भेका पुड़ा, हैरत[F]का पैकेट (जिसमें अनपेक्षित वस्तुएँ भरी हों); (ला०) अप्रत्याशित वस्तु[F]; अनपेक्षित वस्तु[F], ~ target आकस्मिक लक्ष्य, **आकस्मिक टार्गेट**; ~ visit असूचित या अप्रत्याशित निरीक्षण, आकस्मिक निरीक्षण, अचानक जाँच[F] करने आना, असूचित[F] भेंट[F], *to my great* ~ मेरी आशाओं[F]के प्रतिकूल, अचानक ही ।

surprised,-z- –ड्' a. विस्मित, साश्चर्य, चकित ।

surpising –ज़िंग् a. विचित्र, अद्भुत, आश्चर्यजनक, विस्मयकारी, हैरान करनेवाला ।

surprisingness –निंस् n. विचित्रता[F], अद्भुतता[F], आश्चर्यजनकता[F], विस्मयकारिता[F]; आश्चर्य, हैरानी[F] ।

surra, surrah स'रॅ, सुअॅ'रॅ n. (चि०) वैनाशिक रक्तक्षय, अश्व आदि पालतू प्राणियोंका; (कृषि०) **सूरा**, सूखा रोग ।

surrealism सरी'ॲलिज़्म् n. अतियथार्थवाद, (बीसवीं शताब्दी[F]का कला[F] और साहित्यका एक आन्दोलन) ।

surrealist –लिस्ट् n. & a. अतियथार्थवादी ।

surrealistic –'टिक् a. अतियथार्थवादी ।

surrebut सरि'बट्' v.i. प्रतिप्रत्युत्तर देना, वादी द्वारा तीसरी बार अपना पक्ष निवेदन करना, (वादीका) प्रतिवादीके तीसरे जवाबका उत्तर देना ।

surrebuttal –'टॅल् n. पक्ष-प्रतिपादन, प्रतिप्रतिपक्ष-निवेदन ।

surrebutter –टॅर् n. वादी द्वारा अन्तिम पक्ष-प्रतिपादन, पक्ष-निवेदन ।

surrejoin सरि'जॉइन्' v.i. (कानून) प्रत्युत्तर देना, जवाब देना ।

surrejoinder –'डॅर् n. प्रतिप्रत्युक्ति[F], (का०) **प्रति-पुनरुत्तर**, प्रत्युत्तरवादी द्वारा तीसरी बार पक्ष-निवेदन ।

surrender सॅरॅ'न्डॅर् १. n. उत्सर्ग, (अर्थ०) **समर्पण**, (~ *deed*), प्रदान, **अभ्यर्पण**, अध्यर्पण, उत्सर्जन, परित्याग, अभित्याग, सौंपना, वापसी[F]; **आत्मसमर्पण**, पराजय-स्वीकरण; प्रणति[F], अधीनता-स्वीकरण, सुपुर्दगी[F], हिरासत[F]; (pl.) (अर्थ०) **समर्पण, राशि**[F]; २. v.t. & i. उत्सर्ग करना, स्वत्व त्यागना, **अभ्यर्पण करना**, अर्पण करना, समर्पण करना, समर्पित करना, अभित्याग करना, दूसरेको दे देना, दे डालना, सौंप देना, सुपुर्द करना, दूसरेके अधिकारमें दे देना, अधिकार छोड़ देना, **कब्जा देना**, दूसरेके हवाले करना (~ *office, privilege*); अभ्यर्पित करना, **आत्मसमर्पण करना**, प्रतिरोध न करना, अधीन हो जाना, शरण[F] लेना, दब जाना, झुक जाना, लड़ाई[F] बन्द कर देना; (गढ़ी[F], जहाज, सेना[F] या सेनापतिका) आत्मसमर्पण करना, शत्रुके सामने समर्पण करना, पराजय[F] स्वीकार करना, शस्त्रत्याग करना, हथियार डाल देना, हार मानना; भावना[F]के वशमें होना, प्रभावमें आना, किसी आदत[F]से बँध जाना, आदी हो जाना, असरमें आ जाना; ~ value अभ्यर्पण-अर्घ[F], (अर्थ०) **समर्पण-मूल्य**, वापसी मूल्य; ~ *to one's bail* जमानत[F]से छूटनेके पश्चात् न्यायालयमें उपस्थित होना ।

surrenderee –री' n. (का०) **अभ्यर्पिती**, अध्यर्पिती, अभ्यर्पित व्यक्ति, सिपुर्ददार, व्यक्ति जिसे सिपुर्द किया जाय ।

surrenderor, -rer –'डॅरॅर्-रॅर् n. (का०) **अभ्यर्पक**, अध्यर्पयिता, अध्यर्पक, आत्मसमर्पयिता, अर्पित करनेवाला ।

surreption सरे'प्'शॅन् n. चौर्य, चोरी ।

surreptitious –टि'शॅस् a. (शिक्षा०) **अन्तःक्षिप्त**, प्रच्छन्न, गोपनीय, गुप्त, अप्रकट, चोरीसे किया हुआ, चोरी-छुपेका, झूठा, चोरीका खुफिया, लुका-छिपा (~*inspection*) ।

surrey ⊙ स'रि n. (pl. -*s*) बग्घी ।

surrogate स'रॅगॅट् १. n. उपधर्माध्यक्ष, (शिक्षा०) **प्रतिनियुक्त**, प्रतिपुरुष, **प्रच्छन्न प्रतिनिधि**, सहायक, पेशकार; (चि०) औषधिप्रतिनिधि; २. v.t. **प्रतिनियुक्त करना** ।

surrogateship –गॅट्-शिप् n. प्रतिनिधित्व, उपधर्माध्यक्ष या उसके प्रतिनिधिका पद या अधिकार ।

surrogatum –गे'टॅम् n. स्थानापन्न व्यक्ति ।

surround सॅरॉ'उन्ड्' १. n. (कालीन, दरी[F] आदिके) चारों ओर दीवालों[F] तक बिछा हुआ बिछावन, फर्श; २. v.t. वलयित करना, वेष्टन करना, परिवेष्टित करना, परिवृत्त करना, आवृत्त करना, परिवारित करना, परिक्रमा[F] करना, चारोंसे आना, घेरा डालना, आ घेरना, घेरना, अहाता बना लेना (~ *ed with* or *by*) ।

surrounding –डिंग् a. प्रतिवेशी, परिवर्ती, परिवारी, पास-पड़ोसका, आसपास (~ *ground*) ।

surroundings –ज़् n. (pl.) संवलन, परिवेष्टन, प्रतिवेश, परिवेश, परिपार्श्व, पारिपार्श्विक अवस्थाएँ[F], परिस्थितियाँ[F], आसपासका वातावरण, पास-पड़ोस (*cultured* ~) ।

sursum corda (L) phr. दिल पक्का रखो ।

surtax सर्'टैक्स् १. n. (का०) **अतिकर**, अतिरिक्त कर, उपरिकर, जायद टैक्स; २. v.t. अतिरिक्त कर लगाना ।

surtout सर्'टू n. (अ० क्व०) उत्तरीय वास, ऊपर पहिननेका ढीला कोट, ओवरकोट ।

surveillance सॅवे'लॅन्स्, –ल्यॅन्स् n. तत्त्वावधान, अवेक्षण, संनिरीक्षण, देखरेख[F], **निगरानी**[F], **चौकसी**[F], रखवाली[F], नजर[F] ।

survey[1] सर्'वे n. (किसी वस्तु[F]की अवस्था[F], आकार आदिका) **सर्वेक्षण**, निरीक्षण, परीक्षा[F], सविशेष दृष्टि[F], जाँच[F], पड़ताल[F]; आपरीक्षण या पड़ताल[F]का विवरण; पर्यालोकन, दृष्टिक्षेपण, सामान्य दृष्टिकोण, नजर[F] डालना; मापन, भूमिति[F], परिमापन; क्षेत्रमाप; क्षेत्रमाप-विभाग, भूमापन-विभाग, परिमाप-विभाग, जमीन[F]की पड़ताल[F] या पैमाइश[F]का विभाग; क्षेत्र-मानचित्र, पड़ताल[F] या पैमाइश[F]का नक्शा;

~ alignment, ~ appliances, ~ book, ~ boundary mark, ~ chain, ~ clerk, ~ compass, ~ data, ~ draftsman. ~ fees, ~ field mark, ~ flight, ~ form, ~ inspo-

ctor, ~ instructor, ~ line, ~ map, ~-mark, ~ number, ~ officer, ~ pillar, ~ proceedings, ~ range, ~ report, ~ scheme, ~ sheet, ~ station, ~ triangulations, ~ unit.

survey[2] सर्वे' v.t. **सर्वेक्षण करना**, आपरीक्षण करना, पर्यालोकन करना, मनोयोगपूर्वक दर्शन करना, सामान्य आकार-प्रकार समझ लेना, सामान्य धारणा^F बनाना, एक दृष्टि^Fमें देख जाना, सरसरी तौरसे देखना, नजर^F डालना, देखना, पड़ताल^F करना; (इमारत^F आदिका) निरीक्षण करना, बातों^Fकी जाँच^F करना, मामलेकी पड़ताल^F करना; भूमापन करना, परिमापित करना, क्षेत्रमिति^F तैयार करना, जमीन^Fकी पड़ताल^F करना, मापना, पैमाइश^F करना।

surveyed –ड्' a. **सर्वेक्षित**; (~ *range*, ~ *room*)।

surveying –'इंग् n. परिमापन, भूपरिमाप, भूमापन, भूमिति^F, क्षेत्रमाप, पैमाइश^F, सर्वेक्षण, पड़ताल^F।

surveyor –'अॅर् n. **सर्वेक्षक**, पर्यवेक्षक, आपरीक्षक, वीक्षक, पर्यालोचक, परिदर्शक; परिमापक, भू-मापक, पड़ताल या पैमाइश^F करनेवाला अफसर (~ *of weighs and measures*); भूमापक, व्यावसायिक रूपसे भूमापनका कार्य करनेवाला, पैमाइश^F करनेवाला, अमीन पैमाइश; **क्षेत्रफल-मापक, रकबामापी**; माप-तौल^Fकी पड़ताल^F करनेवाला; ~ general **महा सर्वेक्षक**।

surveyorship –शिप् n. परिमापक या भूमापकका पद, भू-मापकत्व, सर्वेक्षकत्व, पर्यवेक्षक या आपरीक्षकका पद।

Surv. Gen. Surveyor– General.

survival सॅर्वाइ'वॅल् n. अतीतका स्मृतिचिह्न व्यक्ति या पदार्थ, यादगार; उद्वर्तन (का०) **उत्तरजीविता**^F, (जीव०) **अतिजीविता**^F, (दर्श०) **अतिजीवन**, अनुजीवन, बचा रहना, बादकी जिन्दगी^F, जीता बचना, ~ rate **जीवित शेषदर**; ~*of the fittest* बलिष्ठ-अतिजीविता^F, (जीव०) **योग्यताकी अतिजीविता**^F, योग्यतमकी जय^F।

survivance ⊙–वॅन्स् n. उत्तरजीविता^F, अतिजीविता^F, अतिजीवन।

survive –व्' v.t. & i. अस्तित्व बनाये रखना, विद्यमान होना, अभी भी जीवित होना, (का०) **बचा रहना**, टिका रहना, जीते जाना (~ *all perils*); अपेक्षाकृत अधिक समयतक जीना, (का०) **उत्तरजीवित रहना**, उत्तरजीवी होना, (किसीके) मर जानेके बादतक जिन्दा रहना, (-के पश्चात्) जीवित बचा रहना, बीचसे जीवित निकल आना, (~ *one's children*)।

surviving –'विंग् a. शेष, अवशिष्ट, अतिजीवी (का०) **उत्तरजीवी** (~ *children*)।

survivor –वॅर् n. (का०) **उत्तरजीवी**, अपेक्षाकृत दीर्घजीवी, पश्चाज्जीवी, अनुजीवी, अतिजीवी, बचा रहनेवाला।

survivorship –शिप् n. (का०) **उत्तरजीवित्व**; **उत्तरजीविता**^F, पश्चाज्जीवित्व, पश्चाज्जीवन, अतिजीविता^F, उत्तरजीवन।

sus- = SUB- (~ *pend*, ~*ceptible*)।

suscept सॅस्सॅ'प्ट् a. रोगग्राही, आग्राहक।

susceptance –टंस n. आग्रहण, रोगग्रहण, (विद्यु०) **अनुकार्यता**^F।

susceptibility सॅसॅ'प्टिबि'लिटि n. अनुभवक्षमता^F, ग्रहणक्षमता^F, **ग्रहणशीलता**^F, **सुग्राहिता**^F, अरोधता^F, (पशु०) **प्रभाववश्यता**^F, (चि०) अरोगक्षमता^F; प्रभावग्रहणशीलता^F, पात्रता^F, योग्यता^F; तीव्रानुभूतिशीलता^F, संवेदनशीलता^F, आशु-**प्रभाव्यता**^F, सुप्रभाव्यता^F, सम्भाव्यता^F, भावुकता^F, शीघ्रमनोविकारिता^F, नाजुकमिजाजी^F, चिड़चिड़ापन, (भौ०, रसा०) **प्रवृत्ति**^F, **चुम्बकीय प्रवृत्ति**^F; (प्रायः pl.) व्यक्तिके स्वभावके मर्मस्थल, मर्मबिन्दु, मर्म, भावनाएँ^F।

susceptible –टिबॅल् a. सम्भाव्य, होनेवाला, गुंजाइश^F या क्षमता^F रखनेवाला (*passage is ~ of another interpretation*); (चि०) अरोगक्षम, सुग्राह्य, अनुभवक्षम, संवेदनशील, **ग्रहणशील**, ग्रहणक्षम, **सुग्राही**, आग्राही, (पशु०) **प्रभाववश्य**, प्रभावग्रहणशील, सुप्रभाव्य, **प्रभाव्य**, पात्र, योग्य, गमनीय, नाजुक, असरमें आनेवाला (*very ~ to pain, injury, kindness, female charms*); तीव्रानुभूतिशील, संवेदनक्षम, भावुक, शीघ्रमनोविकारी, अनुरागी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज।

susceptibleness –निॅस् n. = SUSCEPTIBILITY.

susceptive –'टिव् a. भावुक, भावप्रवण, अनुभूतिप्रवण, संवेदनशील, ग्रहणक्षम, आग्रहणशील (*the ~ faculties, nature*)।

susceptivity –विटि n. & a. भावप्रवणता^F, अनुभूतिप्रवणता^F, संवेदनशीलता^F, आग्रहणशीलता^F।

suscipient सॅसि'पिॲन्ट् n. प्रापयिता, प्रापक, आग्राही, पानेवाला।

suscitate स'सिटेट् v.t. प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, प्रणोदित करना, उभाड़ना, भड़काना।

susi सू'सि n. सूती कपड़ा।

suslik सस्'लिक् n. (रूसी) मूष, मूस।

suspect[1] सस्'पॅक्ट् १. n. शंकास्पद या सन्दिग्ध व्यक्ति, आशंक्य व्यक्ति (*political ~s are kept ander surveillance*); २. a. शंकित, शंकास्पद, आशंक्य, सन्दिग्ध, सन्देहभाजन, शंकापात्र, सन्देहजनक, (*the statement of an interested party is naturally ~*); शंकितापराध।

suspect[2] सॅस्पॅ'क्ट' v.t. अविश्वास करना, आशंका^F करना, शंका^F करना; (का०) **सन्देह करना**, संशय होना, शुबहा होना (~ *danger, a plot*); अनुमान करना, सोचने लगना, विचारना, विचार होना, समझना, ख्याल करना (*I ~ you once thought otherwise*); भ्रम होना, प्रतीत-सा होना, कुछ-कुछ लगना (*I ~ him to be, my brother, a liar, dying*); सन्देहकी दृष्टि^Fसे देखना, सिधाई^Fमें अविश्वास करना, दोषी समझना, अपराधी समझना, ईमानदारी^Fमें सन्देह

करना, विश्वास न करना, शुबहाकी नजर^{F}से देखना, शक करना (*I ~ him of lying, of deep designs*); अनिश्चित समझना, संशय रखना, गलत समझना, ऐतबार न करना (*~ the authenticity of the evidence*); अपराधकी बू आना।

suspectable –टॅबॅल् a. (का०) आशंक्य, शंकास्पद, सन्देहास्पद, भ्रान्तिजनक, अविश्वसनीय।

suspected –टि ॅड् a. सन्दिग्ध, **सन्देहयुक्त**, अविश्वस्त, संशयित, संशयास्पद;

~ enemy, ~ poisoning, ~ vessel.

suspectedness–निॅस् n. सन्दिग्धता^{F}, सन्देहयुक्तता^{F}, सन्देहमयता^{F}, अविश्वस्तता^{F}, अविश्वसनीयता^{F}।

suspecter –टॅर् n. सन्देही व्यक्ति, संशयी, अविश्वासी आदमी।

suspectful –पे ॅक्ट्-फुल् a. सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त; सन्देहमय, सन्देही, अविश्वासी।

suspectless –लिॅस् a. असन्दिग्ध, असन्देहयुक्त, अनविश्वस्त, अनविश्वसनीय।

suspend सॅस्पे ॅन्ड्' v.t. कुछ समयके लिए स्थगित या निष्क्रिय रखना, अनिश्चित रखना, अनिश्चित अवस्था^{F}में छोड़े रहना, फैसला न करना, रोक रखना; विलम्ब करना, देरी^{F} करना; स्थगित करना, अस्थायी रूपसे अभिशून्य करना, रद्द करना, बन्द करना; (सदस्यतासे) निलम्बित करना, च्युत करना, अधिकारच्युत करना, पदच्युत करना, कार्यवंचित करना, **निलम्बित करना**, निकाल देना, हटा देना (*~ a clergyman*); **रोक देना, मुअत्तिल करना**; अधरमें रखना, लटकाना, झुलाना, टाँगना; *~ payment* दिवाला निकाल देना, दिवालिया हो जाना, ऋण न चुका पाना, कर्ज अदा न कर पाना।

suspended –डिॅड् a. स्थगित, लम्बित, **निलम्बित** (*~ judgment*); (रसा०, वन०, यन्त्र०) **आलम्बित, अवलम्बित, लटकता हुआ** (*balloon ~ in midair*); कार्यवंचित, पदच्युत, मुअत्तल, **मुअत्तल कर दिया गया, रोक दिया गया**; (रसा०) छितरा हुआ; ~ animation (चि०) स्थगित चेतन्य।

~ ceiling, ~ scaffold, ~ solid, ~ span.

suspender–डॅर् n. अस्थायी रूपसे पदच्युत करनेवाला, मुलतवी^{F} करनेवाला; निलम्बनकर्त्ता, विलम्बकर्त्ता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (चि०) लटकन^F; लटकानेवाला, टाँगनेवाला; ~s दो शाखें^{F}, टहनियों^{F}का जोड़ा।

suspense सॅस्पे ॅन्स्' n. (क़ानून) निलम्बन, स्थगन, अधिकार आदिकी अस्थायी समाप्ति^{F}; अनिश्चयता^{F}, अनिश्चितावस्था^{F}, अनिश्चय, द्वैधीभाव, विकल्प, द्विविधा^{F}, संशय, (शिक्षा०) **असमंजस**, आशा^{F} या प्रतीक्षा^{F}की अवस्था^{F}, दशोपंज; ~ account (वाणि०, का०) **निलम्बित लेखा, उचन्त लेखा, उचन्त खाता**; *keep one in ~* प्रतीक्षा^{F}की उत्कण्ठा^{F}में रखना, उत्सुकता^{F}की अवस्था^{F}में रखना, जिस (बात^{F}को सुननेके लिए कोई उत्सुक हो उसे) सुनानेमें देर करना।

suspensibility –निॅलिॅटि n. निलम्बनता^{F}, निलम्बनीयता^{F}, अनिश्चेयता^{F}, अनिश्चयशीलता^{F}, संशय, असमंजसयुक्तता^{F}।

suspensible –सिबॅल् a. निलम्ब्य, निलम्बनीय; अनिश्चेय, अनिश्चययुक्त, संशयशील, असमंजसयुक्त।

suspension –शॅन् n. (कृषि०, रसा०, यन्त्र०, प्रा० भू०, चि०) उपशम; अवलम्बन चिकित्सा^{F} (मेरुदण्ड रोगकी); **आलम्बन, निलम्बन**, विलम्बन, प्रलम्बन, व्याक्षेप, ढील^F; स्थगन, निवृत्ति^{F}, अस्थायी पदच्युति^{F}, **मुअत्तली^{F}** आदि (क्रियागत अर्थोंमें); आलम्ब, (प्रा०भू०) झूल^F, झूला, लटक^F, लटकाव, झुलाव; (रसा०, भौ०) **आलम्बन-सूत्र, आलम्बन तन्तु**, ~ furnace (नौवि०) लटकती भट्ठी^{F};

~ allowance, ~ bearing, ~ bridge, ~ colloid, ~ current, ~ fibre, ~ method, ~ rod, ~ system, ~ wire.

suspensive–सिव् a. (वन०) **अवलम्बी**, निलम्बमान; अनिश्चित, सन्देहयुक्त, असमंजसशील, सन्दिग्ध, डॉवाडोल।

suspensoid –सॉइड् a. (रसा०)**निलम्ब्याभ; निलम्बन-कालायड**।

suspensor –सॅर् n. **भ्रूण-बन्धनी^{F}; निलम्बी, लटकन^F**; निष्क्रियकारी वस्तु^{F}; अनिश्चयकारी वस्तु^{F},देरी^{F} करनेवाली वस्तु^{F}, लटकानेवाला; T.।

suspensorium –सोॲ'रिॲम् n. (जीव०) **निलम्बकर**, T.।

suspensory –रि a. दुविधापूर्ण, सन्देहजनक, सन्देहपूर्ण, दोलायमान, असमंजसका, टालू; (चि०) अवलम्बी, निलम्बी; अन्यापेक्षी; लटकानेवाला; ~ bandage (चि०) कौपीनबन्ध, वृषणकोषको लटकानेवाला बन्ध;

~ clause, ~ fibres, ~ ligament.

sus. per coll. *suspensis per collurs*, hanging by the neck.

suspicion सॅस्पि'शॅन् १. n. अविश्वास, संशय, (का०) **सन्देह**, आशंका^{F}, शंका^{F}, वितर्क, शक, खटका; सूक्ष्म मात्रा^{F}, २. v.t. (बोली०) अविश्वास रखना, सन्देह रखना, शंका^{F} करना, शक करना; *above ~* सन्देहसे परे; *under ~* सन्दिग्ध।

suspicionless –लिस् a. विश्वासी, निस्संशय, संशयमुक्त, शंकाशून्य, शंकारहित, सन्देहहीन, सन्देहमुक्त, शक या शुबहासे खाली।

suspicious –शॅस् a. सन्देहप्रवण, अविश्वासी, संशयबुद्धि, संशयालु, शंकालु, शंकाशील, सशंक, सन्देही, (*he became ~*); सन्देहास्पद, शंकात्मक, शंकोत्पादक, संशयजनक, (का०) **सन्दिग्ध**, सन्देहात्मक, सन्देहजनक, सन्देहसूचक, सन्देहपूर्ण, सन्देहकारी, शक-शुबहा करनेवाला (*the ignorant are ~*)।

suspiciousness –निस् n. सन्देहप्रवणता^{F}, सन्देहात्मकता^{F}, शंकात्मकता^{F}, अविश्वासीपन, संशयालुता^{F}, शंकालुता^{F}, सशंकता^{F}, शंकाशीलता^{F}।

suspiration सस्पिरे'शॅन् n. आह^F, उच्छ्वास, सां[illegible]

निश्वास, उसाँस^F, लम्बी साँस^F।

suspire –पाॲर' v.i. उच्छ्वास लेना, दीर्घ निश्वास छोड़ना, उसाँस^F लेना, ठण्डी आह^F भरना, लम्बी साँस^F लेना।

sustain सॅस्टेन्' v.t. प्रतिपालन करना, पोषण करना, पालन करना, हतोत्साह न होने देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, रक्षा^F करना, जीवित रखना, जिन्दा रखना, जिलाना, टूटने न देना, गिरने न देना, सँभाले रखना, हिम्मत बढ़ाना; स्थिर करना; धैर्यपूर्वक सहन करना, दृढ़तापूर्वक जमे रहना, बिना टूटे हुए डटे रहना, मजबूती^F से टिके रहना, बरदाश्त^F करना, मुकाबला करना (*~ed the shock of the enemy's cavalry*); भारवहन करना, अवलम्ब देना, सहारा देना, धारण करना, गिरने या धसकने न देना, थामना, बोझा ढोना, उठाना; अनुभव करना, सहना, सहारना, भुगतना, झेलना, खाना (*~ a defeat*); (न्यायालय या अन्य प्राधिकरणका) वैधता^F को स्वीकार करना या मानना, किसीके पक्षमें निर्णय देना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, सही करार देना (*~ the objection, the applicant in his claim*, etc.); (आरोप, सिद्धान्त, वक्तव्य आदिको) प्रमाणित करना, सिद्ध करना, पक्का करना, खड़ा करना, ताईद करना; (भूमिका^F या पात्रता^F का) भली भाँति आचरण करना, प्रस्तुत करना, बनाये रखना, अच्छी तरह निभाना, कामयाबी^F से अदा करना; (ध्वनि^F, प्रयत्न आदिको) अविच्छिन्न रूपसे चालू रखना; जारी रखना; ~ing food पौष्टिक भोजन, पुष्टिकारक खाद्य, ताकत देनेवाली खूराक^F।

sustainable –नॅबॅल् a. वहनीय, भार ढोने योग्य; सहनीय; प्रोत्साहनार्ह, प्रोत्साहनयोग्य; रक्षणीय, पोषणीय; अवलम्बनीय, ढाढ़स देने योग्य, हिम्मत बँधाने लायक; प्रमाणित करने योग्य इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustained –न्ड् a. प्रमाणित, सिद्ध; (यन्त्र०) **दीर्घकालिक** (*~ load*); **संधृत** (*~ attention*); निरन्तर, अविरत, सतत, **लगातार** (*~ effort*); ~ metaphore सांग रूपक।

sustainer –नॅर् n. वाहक, ढोनेवाला; सहिष्णु, सहनेवाला।

sustainment –मॅन्ट् n. (क्व०) भारवहन; सहनशीलता^F, प्रोत्साहन, पोषण, अवलम्बन; अनुभव; प्रस्तुतीकरण, प्रमाणीकरण आदि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustenance सस्'टॅनॅन्स् n. उपजीविका^F, वृत्ति^F, (का०) **निर्वाह**, भरण-पोषण, पोषण, पुष्टि^F, रक्षण, प्रतिपालन, पालन, टिकाव, जमाव (अब क्व०) (*given for the ~ of our bodies*); (शा० एवं ला०) मानसिक खाद्य, आध्यात्मिक भोजन; संधृति^F, पोषकता^F, पोषक गुण, सत्त्व, जीवनाधार, आहार, भोजन, खूराक^F (*there is no~ in it*)।

sustentation –न्टे'शॅन् n. जीवनरक्षण, भरण-पोषण, धारण, पालन; (अब क्व०) जीवनाश्रय, जीवनाधार, जीविका^F, अवलम्ब, आहार, भोजन; ~ fund सहायतार्थ निधि^F।

sustentative a. रक्षणात्मक, पोषण-सम्बन्धी, भरण-पोषणका।

sustention ⊙ सस्टें'न्'शॅन् n. भरण-पोषण, रक्षण, पोषण, पालन।

susurrant ⊙ सॅस्यू'रॅन्ट a. फुसफुसानेवाला, कानाफूसी करनेवाला।

susurration स्यूसरे'शॅन् n. फुसफुसाहट^F, कानाफूसी^F, सूसू^F का शब्द।

susurrous स्यूस'रॅस् a. कानाफूसीवाला, सूसू^F करनेवाला।

sutler सट्'लॅर् n. सेना^F का मोदी, सेना^F में खाने-पीनेका सामान बेचनेवाला, लश्कर^F का बनिया।

sutlery–रि n. सेना^F के मोदीका काम या उसकी दुकान^F।

sutra सू'ट्रॅ n. सूत्र; सूत्र ग्रन्थ।

suttee, sati सॅटी', सॅटी' n. सती^F; सतीप्रथा^F, सतीदाह-प्रथा^F।

sutteeism –इज़्म् n. सतीधर्म, सती प्रथा, सतीदाह।

sutural स्यू'चॅरॅल् a. सीमन्तीय, सीवन (*~ bone, ligament*), सीवन या सन्धि-सम्बन्धी; घावके टाँकेका।

suturation स्यूच्युॲरे'शॅन् n. सीवन, घावमें टाँके लगानेकी क्रिया^F।

suture –च्युॲर् n. १. सीमान्त, (जीव०) **सीवन**, सीवन-सन्धि^F, (चि०, वन०) **सीवनी**^F, (चि०, कृषि०) **टाँका**; (प्राणि०) **संधिरेखा**^F, सन्धि^F, (कृषि०) **जोड़**, सीवन^F की भाँति दिखाई देनेवाला खोपड़ी^F की दो हड्डियों^F का जोड़; (वन०, कृमि०) सीवन^F, माँग^F, धारी^F; (शल्य०) घावकी सीवन^F, टाँका; सीवन द्रव्य; v.t. घावमें टाँका लगाना।

sutured –चॅर्ड् a. टाँके लगा हुआ, सिला हुआ, जोड़ा हुआ।

suzerain स्यू'ज़ॅरेन् n. (राज०) **अधिराज** (*~ state*), श्रेष्ठ प्रभु, सामन्ताधिपति, भूस्वामी, प्रधान सामन्त, बड़ा जागीरदार, सरदार, सत्ताधारी या राजा (जो कहने भरके लिए अपने अधीन जागीरों^F पर नियन्त्रण रखता है)।

suzerainty –टि n. अधिराजपद, प्रधान सामन्तका पद; आधिपत्य, अधिपतित्व, (राज०, का०) **अधिराजत्व**; आधिराज्य।

S.V. *Sancta Virgo*, Holy Virgin; *Sanctitas Vestra*, Your Holiness.

s.v. *sub verbo* or *voce*, under the word or title.

svelte (F) a. मृदुल, सुकुमार, छरहरा।

S.W. (SW.) South-West.

Sw. Swedish.

swab स्वॉब्' १. n. सम्मार्जनी^F, कूची^F, पुचारा, पानी आदिको सोखनेवाले कपड़ोंकी झाड़ू^F; (शल्यचिकित्सा^F में प्रयुक्त) (चि०, कृषि०) **रूई^F का फोहा, फुरेरी**^F, सोखनेवाली गद्दी^F; (नौवि०) सेना^F के अधिकारीका झब्बा; तूलिका^F-विशेष; कीटाणुओंके परीक्षणके लिए कूची^F से लिये

हुए मल आदिका नमूना; फूहड़ व्यक्ति, भोंड़ा आदमी; २. v.t. सम्मार्जनी^{F} द्वारा परिष्कार करना, पुचारा फेरना, सोखनेवाले कूचे या झाड़ू^{F}से साफ करना (~ *down the deck*); सोखतासे नमी^{F} खींच लेना, सोखनेकी गद्दी^{F}से सुखा लेना, **फुरेरी^{F} लगाना** ।

swabber –बॅर् n. फूहड़ या अनाड़ी व्यक्ति, भोंड़ा आदमी; मार्जनी, कूची^{F}, झाड़ू^{F}; मार्जक, पोंछनेवाला ।

swabbing –बिंग् n. (चि०) **फुरेरी^{F} लगाना** ।

swad स्वॉड् n. सैनिक, सिपाही ।

swaddle स्वॉडॅल् v.t. वस्त्रावृत करना, बहुतसे वस्त्र या कपड़े पहना देना, बहुत-सी चादरों^{F}से लपेटना, पट्टियों^{F} लपेटना, पट्टियों^{F}में बाँधना; कसना; ~ing-bands, ~ing-clothes बच्चोंको लपेटनेके कपड़े या पट्टियाँ^{F}; (ला०) बन्धन, प्रतिबन्ध, रोक रखनेवाले प्रभाव या दबाव ।

swaddy स्वॉडि n. व्यक्तिगत सैनिक, निजी सिपाही ।

swadeshi स्वाडे'शि n. स्वदेशी आन्दोलन ।

swag स्वैग्' n. (ग्रा०) अपहृत सामग्री^{F}, लूट^{F}का धन, चोरी^{F}का माल; (परिवर्तित) राजनैतिक अथवा अन्य उपायोंसे प्राप्त अवैध सम्पत्ति^{F}; (आस्ट्रेलियामें) आवारा; बुगचा, गठरी^{F}, बण्डल, पुलिन्दा ।

swage स्वेज्' १. v.t. मृदु करना, कोमल बनाना, मुलायम करना; शान्त करना; ठप्पा लगाना, ठप्पेसे सुन्दर बनाना; २. n. ठप्पा ।

swagger स्वै'गर् १. n. अग्रगतिशील व्यवहार, निर्भीकता^{F}, संकोचाभाव, स्वच्छन्दता^{F}, विश्वासपूर्ण आचरण, स्फूर्ति^{F}, फुर्ती^{F}; गर्व, बड़ाई^F; दर्पपूर्ण बातचीत^F, ऐंठ^{F}का व्यवहार, अकड़^{F}की चाल^F, डींग^F, धौंस^F, शेखी^{F} की बात^F; २. v.t. & i. गर्व करना, ऐंठ^{F}का वर्ताव करना, अकड़ना; दर्पपूर्वक चलना, गर्वके साथ चलना, अपने आचरणमें आत्मसन्तोष या आत्मविश्वास प्रकट करते हुए चलना, नवाबी चाल^F चलना, छोटोंके बीचमें बड़ोंकी भाँति चलना, अकड़कर चलना, रोबसे चलना, इतराकर चलना, ऐंठकर चलना, ठाठके साथ चलना; धौंस^{F}जमाना, डींग^F हाँकना, रोब जमाना, शेखी^{F} बघारना, धमकाना; धौंस^F जमाकर काम करा लेना, धमकाकर काम लेना; ३. a. (बोल०) तेजस्वी, स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, तेज, ठाठदार, रोबदार, शौकीन, फैशनेबल (~ *clothes*, *society*, *etc.*); ~-cane सिपाहीकी छड़ी^{F} ।

swaggerer –रॅर् n. ऐंठनेवाला, अकड़कर चलनेवाला; ऐंठकर बातचीत^F करनेवाला, रोब^F या धौंस^F जमानेवाला, अकड़बाज, शेखी^{F} मारनेवाला ।

swaggy स्वै'गि a. अधिभार-युक्त, अधिक भारसे दबा हुआ ।

swain स्वेन्' n. ग्रामीण युवक, पल्लीवासी युवक, देहाती नौजवान; किसान, गड़ेरिया, कमेरा; ग्रामीण प्रेमी, चरवाहा प्रेमी, देहाती आशिक; (हास्य०) पाणिप्रार्थी, प्रणयाकांक्षी, विवाहार्थी, प्रेमी, चाहनेवाला, रसिया ।

swale[1] स्वेल्' n. छाया^{F}, छाँह^F; छायादार स्थान; उपत्यका^{F}, घाटी^{F} ।

swale[2] v.i. क्षीण होना, दुर्बल होना, दुबला होना,

गलना, घुलना ।

swallet स्वॉ'लिट् n. अन्तर्भू स्रोत, जमीन^{F}के अन्दरका सोता ।

swallow[1] स्वॉ'लो १. n. अन्नमार्ग, अन्ननाली^{F}, कण्ठनाली^{F}, कण्ठ, गला; निगलनेकी क्रिया^{F}; ग्रास, कवल, कौर, एक बारमें निगली हुई मात्रा^{F}; (~ *hole* भी) (प्रा०भू०) **विलय-रन्ध्र**; चूनेके पत्थरमें कुप्पी^{F}के आकार की खोल^F या खाल^F; २ v.t. & i. उदरस्थ करना, कवलित करना, गले उतारना, हड़प जाना, लील जाना, भकोसना, खा लेना, निगलना; आत्मसात् करना, नष्ट कर देना, मार डालना, समा लेना, निगल जाना; खा जाना, हड़पना, अपने भीतर खींच लेना, गायब कर देना, हजम कर जाना (*the earth ~ed them up*); अपने शब्दोंको गलत समझकर छोड़ देना या वापिस ले लेना; (अपमान या निरादर) सहन करना, चुपचाप सह लेना, पी जाना, बरदाश्त^F करना; किसी बात^{F}को भोलेपनसे स्वीकार कर लेना, तत्काल विश्वास कर लेना, मान लेना, आसानी^{F}से ग्रहण कर लेना (*will ~ anything you tell him*) ।

swallow[2] n. भाण्डीक, अबाबील; ~ dive अबाबील-की-सी डुबकी^{F}, हाथ फैलाकर पानीमें कूदना; ~ tail दुफँसी या दोशाखी पूँछ^F; दोपंखी तितली^{F}; ~wort अर्क, मदार, आक; *one ~ does not make a summer* अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता ।

swallowable –लोॲबॅल् a. निगरणीय, ग्रसन योग्य, निगलने योग्य ।

swallower –ॲर् n. घस्मर, बहुभुक्, अतिभुक्, भुक्खड़, पेटू ।

swallowing n. (कृपि०, चि०) **निगरण, निगलना** ।

swam स्वैम् SWIM का भूतकालिक रूप ।

swamp स्वॉम्प्' १. n. कच्छभू, (प्रा० भू०) **महापंक-भूमि^{F}; कर्दम**, महापंक, कीचड़, **दलदल**, धसान^F; २. v.t. दलदलमें फँसना; (नाव या नाविकदल या वस्तुएँ^{F}, मकान, सामग्री^{F} आदिको पानीसे) प्लावित करना, निमग्न करना, डुबो देना, भर देना, बहा ले जाना, तर-बतर करना, शराबोर करना; किसी वस्तु^{F} या बात^{F}की अति करके किसीको निरुपाय बनाना, भरमार^{F}के कारण नाक^{F}में दम कर देना, बेबस करना, उबा देना (*am ~ed with letters, applications, work*); (किसी वस्तु^{F}की अधिक मात्रा^{F} या संख्या^{F}का दूसरी वस्तु^{F}को) प्रभावहीन बनाना, दृष्टि^{F}से ओझल कर देना, छिपा देना, ढँक लेना;

~ animal, ~ berry, ~-deer, ~ gum, ~ maple, ~-ore, ~ partridge, ~ reclamation.

swampy –पि a. कच्छ-, पंकिल, कर्दमयुक्त, दलदली, दलदलसे भरा हुआ, दलदलवाला (~ *ground*) ।

swan स्वॉन्' n. मराल, हंस, **राजहंस** (*white ~*); (मरणगानकी मधुरता^{F}के सन्दर्भमें ला०) कवि, गायक; राजकवि, तारा; ~-dive ⊙ =SWALLOW[2] (dive);

~-flower शतावरी, अमरकन्द या सालम मिश्री^F का पौधा; ~-herd राजहंस-अधिकारी; ~-neck (रेल०) **हंसग्रीव, हंसग्रीवा**^F, राजहंसी ग्रीवा^F, गैस^F आदि निकालनेवाले नलकी टेढ़ी गर्दन^F; ~'s down झालर^F बनानेमें काम आनेवाले राजहंसके मुलायम पंख; मोटी रूई^F, एक प्रकारका नरम सूती कपड़ा; ~-shot बड़े आकारकी गोलियाँ^F या गोला; ~-skin एक प्रकारका नरम फलालैन; ~ song मरते हुए राजहंसका अन्तिम गान; किसी व्यक्तिकी अन्तिम कृति^F या भाषण या कथन या प्रदर्शन या कार्य, आखिरी कारनामा; ~-upping टेम्स नदी^F के राजहंसोंकी वार्षिक गणना^F और चिह्नांकन; S~ of Avon शेक्सपियर; *all his geese are not ~s* काबुलमें सब घोड़े नहीं होते।

swank स्वैन्क्' १. n. आडम्बर, दिखावा, नुमायश^F, डींग^F, रोब, धौंस^F, ठाठ^F, अकड़^F, शेखी^F; २. v. i. सम्पत्ति^F या योग्यता^F का प्रदर्शन करना, आडम्बर रखना, डींग^F मारना, रोब लेना, धौंस^F जमाना, ठाठ दिखाना, शान^F दिखाना, अकड़ना, शेखी^F बघारना; ३. a. ⊙ = SWANKY.

swanker –कॅर् n. प्रदर्शनप्रिय व्यक्ति, डींग^F मारनेवाला आदमी, रोब लेनेवाला आदमी, धौंस^F जमानेवाला आदमी।

swanky –कि a. प्रदर्शनप्रिय, डींग^F मारनेवाला, रोब लेनेवाला, धौंस^F जमानेवाला।

swannery स्वॉ'नॅरि n. हंस-पालन-स्थान, हंसगृह।

swap¹ स्वॉप्' n. विनिमय, अदला-बदला; विनिमेय वस्तु^F, बदली वस्तु^F।

swap² v.t. विनिमय करना, अदली-बदली^F करना।

sward स्वॉर्ड' n. शाद्वल, तृणभूमि^F, तृणाच्छादित भूमि^F, घासभूमि^F, छोटी-छोटी घास^F से ढँकी हुई जमीन^F; दूर्वादल, दूब^F।

swarded –डिॅड् a. दूर्वाच्छादित, तृणमय, दूब^F से ढँका हुआ।

swardy –डि a. = SWARDED.

sware स्वेॲर्' SWEAR का प्रा० भूत० रूप।

swarm¹ स्वार्म' १. n. (नये छत्तेकी खोज^F में रानी मक्खी^F के पीछे चलनेवाला) (कृषि०) **पोआ** (~ *catching*), **मधुमक्खी-झुंड, मधुगण**, शहदकी मक्खियों^F-का झुण्ड; (छोटे जन्तुओं, कीड़ों, पक्षियों, बन्दूकधारी सैनिकों, घुड़सवारों आदिका शिकार या शत्रुकी खोज^F में सम्मिलित रूपसे या बिखरे हुए ढंगसे घूमनेवाला) झुण्ड, (जीव०) पुंज, समूह, **वृन्द**, कुल, गण, **दल**, भीड़^F; २. v.i. छत्ता बदलनेके लिए मधुमक्खियों^F का झुण्ड बनाना; झुण्डमें उड़ना, उमड़ना, झुण्ड बनाकर घूमना; (स्थानोंका) आकीर्ण होना, संकुल होना, जनाकीर्ण होना, बड़ी भीड़^F से भर जाना, उमड़ा पड़ना (*road ~ing with beggars*); ~-spore वृन्द बीजाणु; (जीव०) **चर बीजाणु**।

swarm² v.t. & i. दोनों पैर और हाथोंसे चिमटकर रस्सी^F पर चढ़ना, रस्सी^F या पेड़ या खम्भेपर चढ़ना।

swarming –मिंग् १. n. झुण्डमें आना, (कृषि०) **छोड़ना, झुण्डमें उड़ना**; (जीव०) **वृन्दन**; २. संकुल, व्याप्त।

swarms ⊙ स्वॉर्म्ज़्' n. शिशु-समुदाय; जन-समुदाय, तारामण्डल; पत्रोंका ढेर।

swart स्वॉर्ट्' a. (प्रा०) श्यामवर्ण, कृष्णवर्ण, काला, गहरे काले रंगका, धुँधला।

swarth ⊙ स्वॉर्द्' a. = SWARTHY.

swarthiness स्वॉर्'दिनिॅस् n. श्यामवर्णता^F, कृष्णवर्णता^F, कालापन, साँवलापन।

swarthy –दि a. श्यामवर्ण, कृष्णवर्ण, काला, साँवला, गहरे काले रंगका।

swartish –टिश् a. ईषदन्धकारमय, किंचित अँधेरा, काला-सा।

swash¹ स्वॉश्' १. n. जलपतन-शब्द, छपछप^F की आवाज^F, पानीके टकराने या उमड़नेकी गति^F या ध्वनि^F; कोलाहल, शोर; बौछार^F; धक्का; शेखी^F; २. v.t. & i. (प्रा०) प्रबल वेगसे प्रहार करना, बलपूर्वक आघात करना, जोरका हाथ लगाना, जोरसे चोट^F लगाना; (पानीका) टकराना; (पानीका) छपछप^F की आवाज^F करना; धमधड़ाम और गिरनेकी आवाज^F करना; डींग^F मारना, शेखी^F मारना; ~buckler भाड़ेका बाँका, किरायेका गुण्डा; ~-plate मशीन^F के धुरेपर घूमनेवाली टेढ़ी पट्टी^F।

swash² n. (मुद्रण०) घसीट^F।

swasher –शॅर् n. डींगमार, शेखीबाज।

swashing –शिंग् a. प्रबल, कठिन, कठोर, सांघातिक।

swashy –शि a. क्लिन्न, आर्द्र, भीगा।

swastika स्वैस्'टिकॅ, स्वॉस्'टिकॅ n. स्वस्तिकाचिह्न, स्वस्तिक।

swat ⊙ स्वॉट् १. n. थापी, मक्खियाँ^F मारनेके लिए तख्ती^F; २. v.t. थापी^F से मारना।

swath स्वॉथ्' n. घास^F आदि काटकर साफ किया हुआ स्थान; अनाज आदिका ढेर, काटी हुई घास^F।

swathe स्वेद्' १. n. (व्व०) बन्धन, पट्ट, एक तह^F या पट्टी^F; २. v.t. पट्टियाँ^F लपेटना, पट्टियाँ^F बाँधना, कपड़ोंसे लाद देना, कपड़ों या चादरों^F में लपेटना, गर्म कपड़े या पोशाकें^F पहनाना।

sway स्वे' १. n. प्रभुत्व, आधिपत्य, वश, शासन, सरकार^F, दबदबा, हुकूमत^F, दोलायमान स्थिति^F या गति^F, झुलाव, हिलाव, झोंक, झोंका, पेंग; २. v.t. & i. प्रभावित करना, प्रभाव रखना, शासन करना, राज्य करना, संचालित करना, नियमित करना, नियन्त्रित करना; दोलायित करना, हिलाना-झुलाना, फहराना, डुलाना, झूलना, डोलना, हाथमें लेकर चलाना, दिशा-निर्देश करना, जिधर चाहे उधर मोड़ देना, असर रखना, घुमाना, (*wind ~s trees; his speech ~ed votes*); तौलना, जाँचना।

swaying –इंग् n. (रेल०) **झूमना**।

sweal स्वील्' १. v.t. जलाना, झुलसाना; गलाना, पिघलाना; २. v.i. द्रवित होना, विगलित होना, गलना,

वह निकलना, पिघलना; जलना, झुलसना।

swear स्वेअॅर्' v.t. & i. (*swore, sworn*) शपथ-पूर्वक प्रतिज्ञाF करना, (का०) **शपथF लेना, शपथF दिलाना**, शपथF लेकर कुछ कहना, सौगन्धF खाना, कसमF खाकर दावा करना, कसमF खाना, हलफF उठाना; (बोल०) दृढ़तापूर्वक घोषित करना, बलपूर्वक कहना, जोर देकर कहना (*I ~ it is too bad of him*); पाखण्ड-पूर्ण शपथF लेना, आवेशको प्रकट करनेके लिए अभिशाप देना, गुस्सेमें या जोशमें कसमF खाना; सौगन्धF लेकर किसीके विरुद्ध आरोपको प्रमाणित करना, किसीके विरुद्ध शपथपूर्वक अपराधको पक्का करना, हलफF उठाकर इल्जाम लगाना (*~ treason against*); sworn broker ईमानदारीFकी शपथF लेनेवाला दलाल; दे० SWORN; *~ by* (बोल०) आस्थाF रखना, विश्वास रखना, नियमित रूपसे पालन करना, बराबर प्रशंसाF करते रहना, तारीफF करना, कायल होना; ~ *in* शपथF दिलाकर किसी पदका कार्य-भार सौंपना; ~ *off* छोड़ देनेका वचन देना, त्यागना; ~ *the peace against* किसीसे खतरा होनेकी शपथF खाना; ~ *to* or *by* साक्ष्य करना, ईश्वरको साक्ष्य करके शपथF लेना, गवाह करना।

swearer -रॅर् n. शपथग्राही, शपथF लेनेवाला, कसमF खानेवाला; कुशपथग्राही।

swearing -रिंग् n. शपथग्रहण।

sweat स्वे'ट् १. n. प्रस्वेद, (चि०) **स्वेद, पसीना**, पसेऊ (*wet with ~*); पसीना निकलनेकी अवस्थाF, पसीना आनेकी अवधिF या दौर; (*nightly ~s*); (बोल०) उत्सुकताF या चिन्ताFकी अवस्थाF, उद्विग्नावस्थाF, व्यग्रताF, परेशानीF (*in a ~*); (मुख्यतः बोल०) परिश्रम, श्रम, उद्योग, कठोर परिश्रम, टहलF, मेहनत-मजदूरीF, मेहनतF, सख्त मेहनतF या मशक्कतFका काम (*cannot stand the ~ of it*); श्रमसीकर, श्रमबिन्दु, पसीनेकी बूँदेंF; २. v.t. & i. स्वेद निर्गत होना, घर्म निर्गत करना, पसीना बहना या चूना, पसीना निकलना, पसीना आना, पसीना छूटना; (ला०) पश्चात्ताप करना, पीड़ाग्रस्त या भयभीत होना, आतंक या पीड़ाF या पश्चात्ताप-की अवस्थाFमें होना; (गोंद, रक्त आदिका) पसीनेकी भाँति रिसना, चूना, बहना; (दीवारFका) सीलनF लाना, नमीF पैदा करना; पसीना, बहाना, परिश्रम करना, मेहनतF करना, बेगार करना; (पहलवान या घोड़ेको) मेहनतFसे पसीना लाना; रक्तशोषण करना, होड़Fका लाभ उठाकर श्रमिकोंका शोषण करना, भूखा रखकर अधिक काम कराना, कम वेतन देकर कई घण्टोंतक मजदूरोंसे काम लेना, खून चूसना; (मजदूरोंका) इस प्रकारके शोषण-को स्वीकार करके काम करना, ऐसी शर्तोंFपर काम करना; (तम्बाकूF, चमड़ा आदिको) सड़ाना, खमीर उठाना; रगड़कर घोड़ेका पसीना पोंछना; थैलेमें रगड़कर (सिक्कोंकी) धातुFका कुछ अंश खुरच लेना; धातुकी वस्तुFको ढालना, धातुFका टाँका लगाना; cold ~ मृत्युF, मूर्च्छाF, आतंककी अवस्थाFका ठण्डा पसीना; old ~ (ग्रा०) वृद्ध सैनिक; बूढ़ा सिपाही; ~-cloth घोड़ेकी जीनFके नीचेका पतला कम्बल; ~-duct प्रस्वेद-प्रणालीF, प्रस्वेद-नलिकाF, पसीनेकी नालीF; ~ed clothes शोषण द्वारा निर्मित वस्त्र, श्रमिकोंका रक्त चूसकर बनाये गये कपड़े, शोषित श्रमिकों द्वारा बने कपड़े; ~ed labour (अर्थ०) **शोषित-श्रमिक, शोषित-मजदूर**; ~shop शोषण करनेवालेकी दुकानF; *he shall ~ for it* उसे इसके लिए पछताना पड़ेगा; *in* or *by the ~ of* one's *brow* or *face* पसीना निचोड़कर या बहाकर, कठोर परिश्रमसे, मेहनतF या मशक्कतFसे।

sweater -'टॅर् n. श्रमिकोंका शोषण करनेवाला, खून चूसनेवाला; घोड़ेको रगड़कर पसीना पोंछनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); शोषण करनेवाला स्वामी, खून चूसने-वाला पूँजीपति; मोटी बटनदार ऊनी बनियानF, ऊनी स्वेटरF।

sweatiness -टिनिॅस् n. घर्मलिप्तताF, स्वेदयुक्तताF, पसीनेसे तर हो जानेकी अवस्थाF; परिश्रमशीलताF।

sweating -टिंग् १. n. (वाणि०) **रसायनन; प्रस्वेदन-क्रियाF**, प्रस्वेदन, प्रस्वेद; (अर्थ०) **अतिश्रामण, पसीना निकालना**, पसीना बहना (*~ sickness*); शोषण, कम मजदूरीF देना (*~ system*); घूनन (*~ of coin*); (परि०) **पसीजना (मालका)**; २. a. पसीना लानेवाला (*~-bath, -room*)।

sweatless -ट्'लिॅस् a. स्वेदरहित, परिश्रमरहित, बिना पसीनेका।

sweaty -'टि a. सस्वेद, स्वेदजनक, घर्मलिप्त, घर्ममय, स्वेदयुक्त, प्रस्वेद-सम्बन्धी, पसीनेमें तर, पसीनेदार, पसीने-का; स्वेदवत्, पसीनेका-सा।

swede स्वीड्' n. (S~) स्वीडनका अधिवासी; स्वीडनका शलजम।

Swedish -'डिश् n. & a. स्वीडनकी भाषाF; स्वीडन या उसके निवासियोंका।

swee ⊙स्वी' n. & v.t. & i. = SWING.

sweep स्वीप्' १. n. मार्जन, मलापहरण, झाड़ू-बुहारीF, झाड़-पोंछF, सफाईF, बहाव (*give it a thorough ~* or *~-up* or *~-out*); (भौ०, रसा०, ग०) **प्रसर्प**, प्रसर, वेगपूर्ण विस्तार या फैलाव, आवेग, वेग, प्रगतिF, तीव्र घुमाव, दौड़F, फेरF, लपेटF, **समेटF**, झपटF (*with a ~ of his arm, eyes, scythe*); सड़कF आदिका मोड़, मुड़ी हुई सड़कFका एक भाग सर, प्रगतिF, पहुँचF, विषय, क्षेत्र, मारF, रसाईF (*within, beyond, the ~ of the scythe, net, telescope, eye, human intelligence*); नाश, तबाहीF; लम्बा चप्पू, लम्बा पतवार, डाँड़; चलते-चलते धका हुआ जहाज (*had to get out the ~s*); ढेंकलीFका धरन या लम्बी बल्लीF; (प्रायः *chimney-~*) चिमनीF साफ करनेवाला (मेह-तर); २. v.t & i. (*swept*) मार्जन करना, स्वच्छ करना, झाड़ूFसे समेटना और बाहर फेंक देना, झाड़-बुहार साफ करना, सफाईF करना, झाड़ूF देना, झाड़ूF लगाना, झाड़ना, बुहारना (*~ up the room*); निर्मल करना

जाना या दौड़ना, समारोहपूर्वक चलना, विस्तृत होना, अनवरत मोड़ या कतार[F] या ढाल[F]में फैलना, शान[F]के साथ चलना, तेजी[F]के साथ चलना, आँधी[F]की भाँति चलना, फर्राटे भरना (*cavalry ~s down on the enemy*); झपटना; अस्तित्व नष्ट कर देना, अन्त कर डालना, समाप्त कर देना, मिटा देना, खात्मा कर देना (*~ away slavery*); जोरका धक्का देना, तेजी[F]से घुमाना, फिराना, तेजी[F]से उड़ा ले जाना, बहा ले जाना (*river ~s away bridge*); शीघ्रतापूर्वक दृष्टि[F] डालना, पर्यवेक्षण करना, तेजी[F]से नजर[F] घुमाना; साथ-साथ जाना, तेजी[F]से पार निकल जाना, घूम जाना, हल्के-हल्के गुजर जाना, हाथ फेरना, छूते हुए निकल जाना; रगड़कर चमकाना, रगड़ना, साफ करना (*wind ~s the hillside*); (तोपखानेका) शत्रु-सेना[F]पर गोलाबारी[F] करना, गोलाबारी[F] करके सफाया कर देना, गोले बरसाना, मार[F] करना, पहुँचना, ढँक देना (*battery ~s the approaches, glacis, street*); लम्बे पतवारों या चप्पूसे बड़ी नाव[F] या बजरा खेना; ~-net लम्बा-चौड़ा जाल;~-seine मछली[F] पकड़नेका महाजाल; ~stake(s) रोकड़चिट्ठी[F]की बाजी, घुड़दौड़[F]की बाजी[F], घुड़दौड़[F]का जुआ; **दाँव लगाना**; ~-washer न्यारिया; swept and garnished नूतनीकृत, नवीनीकृत, फिरसे नया बनाया हुआ; *he swept his audience along with him* अपने भाषणसे श्रोताओंको मन्त्रमुग्ध कर दिया, अपने भाषणके वेगमें लोगोंको बहा ले गया; *make a clean ~* पुराने फर्नीचरको बिल्कुल हटा देना, पुराने सभी अधिकारियोंको भी निकाल देना; सफाया कर देना; *~ a constituency* अधिकतम मत ले जाना; *~the board* जुएकी मेज[F]का सारा रुपया जीत लेना; (परिवर्तित) प्रतियोगिता[F]में सभी सम्भव पुरस्कार मार लेना; *~ the horizon* (दर्शक या आँखों[F]का) अन्तरिक्ष तक देख जाना; दूर तक दृष्टि[F] फैलाना, इधरसे उधर तक देख जाना; *~ the seas* सभी दिशाओं[F]के सागरोंकी यात्रा[F] कर आना; सागरको शत्रुओंसे शून्य कर देना, दुश्मनोंका सफाया कर देना; *~ the strings, lute* (हाथका) तारों या मुरली[F]पर हल्के-हल्के फिरना;

~ amplifier, ~ circuit, ~generator, ~ oscillator, ~ voltage.

sweeper –'पॅर् n. अपोहक, अपमार्जक, स्वच्छकर्त्ता, साफ करनेवाला; नाशक, नष्ट कर देनेवाला, वेग देनेवाला; दृष्टिप्रसारक; खेनेवाला, समेटनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); भंगी, मेहतर, झाड़ू-बुहारू लगानेवाला।

sweeping[1] –पिंग् n. (प्रायः pl) अपोहन, अपमार्जन, झाड़न, बुहारन; उच्छिष्ट, मल, कूड़ा-कर्कट, मैला; (नौवि०) **आँच-पड़ताल**[F]।

sweeping[2] a. व्यापक, अतिव्याप्त (*~ remark*); सम्पूर्ण, पूर्ण, पूरा-पूरा, कामिल।

sweepingness –निंस् n. व्यापकता[F], अतिव्याप्तता[F]; सम्पूर्णता[F], पूर्णता[F]।

sweepy स्वी'पि a. द्रुत, प्रजवी, वेगवान्; लहराता हुआ।

sweet* स्वीट्' १. n. आनन्दपूर्ण अंश, मधुर भाग, खुशहाली[F]का समय (*the ~ and the bitter*); मिष्टान्न, मिठाई[F]*, मीठी गोली[F], चीनी[F]की कोई मिठाई[F]; (*sweety* भी) (प्रायः pl.) टेबिल[F]पर सजाया हुआ मीठा भोजन, (पुडिंग[F], मलाई[F] आदि); (प्रायः pl.) सुगन्ध[F], खुशबू[F] (*flowers diffusing their ~s on the air*); आनन्द, हर्ष, मोद, सुख, स्वाद, रस, मजे, खुशियाँ[F], बहारें[F] (*the ~s of office*); प्रिय वस्तु[F], (मुख्यतः सम्बोधनमें) वल्लभ, प्रिये[F], प्रिय, प्रियतम, प्रियतमे[F], प्यारे, प्यारी[F]; २. a. कर्णप्रिय, सुललित, चारु, सरस, मधुर, मीठा*, सुरीला, रसीला (*has a ~ voice*); मधुमय, सुरस, सुस्वादु, स्वादु, मिष्ट, मधुर, मीठा, मधु या मिश्री[F]की माँति स्वादिष्ट, शहद और शक्कर[F]की तरह (*~ wine*); सुरभित सुवासित, सुरभियुक्त, सुगन्धित, सुगन्धविशिष्ट, सुगन्धयुक्त, इत्र या गुलाबकी भाँति सुगन्धप्रद, मीनी, महकदार, खुशबूदार (*air is ~ with thyme*); अलवण, अतिक्त, अकटु, सुगन्धित, सुस्वादु, स्वादिष्ट, मीठा, अच्छा, ताजा (*is the milk still ~?*); सुगम, आसान; शान्त, सरल, विनम्र, नम्र, मृदुल, कोमल, अच्छा, सीधा, भला; वल्लभ, प्रिय, प्यारी, प्यारा, सहृदय कान्त, रमणीक, मोहक, प्रीतिकर, मनोज्ञ, रोचक, मंजुल, चारु, ललित, आनन्दप्रद, सुखद, मनोहर, मनोरम, आकर्षक, रुचिकर, अत्यन्त प्रिय, सुरीला, सुहावना, लुभावना; (बोल०) सुललित, सरस, लावण्यमयी, सुन्दर, खूबसूरत, खुशनुमा, मजेदार, बढ़िया (*a ~ face, nature*); a ~ girl सहृदय बालिका, प्यारी लड़की; a ~ one (ग्रा०) आघातप्रद मुष्टिप्रहार, जोरका मुक्का या घूँसा; a ~ tooth मीठी वस्तुओं[F]में रुचि[F], मीठी चीजों[F]का चस्का; ~bread क्लोम, बछड़ेका वक्षपिण्ड या पाचकाशय; (चि०) थायसिस, वृषण और अग्न्याशय; ~ curdling (कृषि०) **मीठा दही जमाना**; ~ going अच्छी सड़क[F]पर या अच्छी गाड़ी[F]में सुखद यात्रा[F], मजेका सफर; ~heart प्रणयी या प्रणयिनी[F], प्रियतम या प्रियतमा[F], प्रेमी या प्रेमिका[F], वल्लभ; (v. i.) प्रणय-व्यापारमें फँसना, मुहब्बत[F] करना, इश्कबाजी[F]में पड़ना (*go ~hearting*); ~ gale, willow दलदली कटहल, ~-john पतली पत्तियों[F]का पौधा; ~meat मिष्टान्न, मिठाई[F], चीनी[F]की मिठाइयाँ, चाकलेट; चीनी[F]में पगा हुआ फल, मुरब्बा; गोली[F]; *~ on, upon* (बोल०) मोहित; ~ one (सम्बो०में) प्रियतमे[F], प्रिय, प्यारा, प्यारी[F]; ~ pea रंगीन फूलका मटरका पौधा; ~ potato शर्कराकन्द, (कृषि०) **शकरकन्द**; सालू; ~ root मुलहठी[F]; ~-scented सुगन्धित, भीनी महकका, खुशबूदार; ~ sop सीताफल, ~-tempered अमायिक, मधुर स्वभावका, खुशमिजाज; ~-william भित्तिपुष्प, बागका गुच्छेदार रंग-बिरंगे फूलोंवाला पौधा; *at one's own ~ will* स्वेच्छया, अपनी रुचि[F]के अनुसार, जैसे भी मन चाहे, जब भी, अपनी मर्जी[F]से, योंही, बिना सोचे-समझे, अटकलपच्चू;

~ almond- ~ basil, ~ belladonna, ~ bent, ~ birch, ~ bitter, ~briar, ~ broom-

weed, ~ cassava, ~ chestnut, ~ chocolate, ~ clover, ~ corn, ~-eyed, ~-faced, ~ fennel, ~fish, ~ flag, ~ flattery, ~ gum, ~-knotted marjoram, ~ lime, ~ maker, ~ marjoram, ~ melon, ~-mouthed, ~ oil, ~ orange, ~ pea, ~-pickled, ~ pigweed, ~ rush, ~ shop, ~ smell, ~ sorghum, ~ *taste*, ~ *toddy*, ~ toil, ~ violet, ~ water, ~ willow, ~ wood, ~ wood bark, ~ woodruff, ~wort.

sweeten –'टॅन् v.t. & i. सुस्वादु करना, मधुर बनाना या होना, मीठा करना या होना, सुरीला बनाना या होना, सुगन्धित करना या होना, अच्छा और ताजा बनाना या होना, रुचिकर, प्रिय, मनोहर आदि बनाना या होना।

sweetener –नॅर् n. सुस्वादुकर्ता, मधुर बनानेवाला, मीठा बनानेवाला।

sweetening –निंग् १. n. स्वादुकरण, मधुरीकरण, मधुरी-भवन, मिष्टीकरण, मीठा बनाना, मीठा होना, २. a. स्वादुकारी, मीठा करनेवाला (~ *agent*)।

sweetie स्वीटी n. मिष्टान्न, मिठाई^F; प्रणयिनी^{F}, प्रियतमा^{F}, प्रेमिका^{F}।

sweeting स्वी'टिंग् n. (प्रा०) प्रियतम, प्रिय, प्यारा, प्यारी^{F}; एक प्रकारका मीठा सेब।

sweetish स्वी'टिश् a. अल्पमिष्ट, आमधु, स्वादयुक्त, मधुर-सा, मीठा-मीठा, मीठा-सा, कुछ-कुछ मीठा, प्रिय सा, प्यारा-सा।

sweetishness –निॅस् n. अल्पमिष्टता^{F}, किंचिद्मिष्ट-स्वादुता^{F}, ईषन्मधुरता^{F}, कुछ मीठापन।

sweetness –ट्'नॅस् n. मधुरता^{F}, मिष्टता^{F}, मिठास^F, मीठापन; सुगन्ध^F, भीनापन; माधुर्य, कर्णप्रियता^{F}, सुरीलापन; सद्यता^{F}, ताजापन; रोचकता^{F}, चारुता^{F}, स्वादुता^{F}, मोदकता^{F}, मनोहरता^{F}, आकर्षकता^{F}; विनम्रता^{F}, सरलता^{F}; आनन्दप्रदता^{F}, सुखदता^{F}, अच्छाई^F; सुन्दरता^{F}, खूबसूरती^{F}:

swell स्वे'ल्' १. n. आवेग, स्फीति^{F}, शोथ^F, सूजन^F, वृद्धि^{F}, (परि०) **उभार**, बाढ़, फुलाव, चढ़ाव, फैलाव, बढ़ाव, बढ़ती^{F}, (*the ~ of the hymn floated past*); संक्षोभ, ऊर्मिप्रलोठन; (प्रा० भू०) **महातरंग, उल्लोल**, कल्लोल^F, हिल्लोल^F, हिलोर^F, एक साथ लहरों^{F}-का उभार या चढ़ाव, उठान^F, उछाली^{F}; कम अधिक बेलनाकार वस्तु^{F}का उभर आनेवाला या फूल आनेवाला भाग (*the ~ of the fore-arm*); स्वरका आधिक्य, आलाप; (संगीत) अरगन बाजेका उभरा भाग (जिसकी तीलियों^{F} या नलकियों^{F}को खोलने बन्द करनेसे सुरको ऊँचा-नीचा किया जाता है); सुविज्ञ, सम्मानित पुरुष, सभ्य जन, प्रतिष्ठित या निपुण व्यक्ति, बड़ा अच्छा आदमी (*is a ~ in politics*); ठाठदार या शौकीन आदमी; २. v.t. & i. (p. & p.p. ~*ed*, p.p. *swollen*) स्फीत होना या करना, वर्द्धित होना या करना, बढ़ना, बढ़ाना, स्वर ऊँचा करना या होना, विस्तृत या प्रसृत होना या करना, आवाज^F ऊँची करना या होना, फैलाना या फैलना; तानना या तनना, फुलाना या फूल जाना, हवा^{F} भरना, चढ़ाना या चढ़ना, उठाना या उठना, सुजाना या सूजना, उभर आना, उठ आना, उभारना, उमड़ना, फूलकर कुप्पा हो जाना (*river swollen with melted snow*); अकड़कर चलना, अकड़ना, ऐंठना; ३. a. श्रेष्ठ, सम्मानित, विख्यात, प्रतिष्ठित, ऊँचा, बढ़िया, ऊँचे दर्जेका (*a ~ pianist*); सुवेश, सुवेशधारी, सज्जाप्रिय, छैल-छबीला, बाँका, बनाठना, ठाठदार (~*clothes*); (चि०) फूला हुआ ~ mob, ~ mobsmen सभ्य जनोंकी भाँति वेशभूषा^{F} धारण करनेवाले गिरहकट, जेबकट, गँठकटे; ~-organ स्वर-परिवर्तन-पेटिकावाला अरगन बाजेका भाग; ~ed head (प्रा०) गर्व, दम्भ, मिथ्याभिमान, घमण्ड, बेजा गरूर; *heart ~s* हृदय भावोद्वेलित होता है, हृदय उमड़ आता है, ~ *like a turkey-cock* गर्वोन्मत्त होना, शेखी^{F}से फूल जाना; ~ *note* (संगीत) अरगन बाजेके स्वरमें चढ़ाव-उतार लाना; ~ *with indignation* क्रोधके कारण आपेसे बाहर हो जाना, गुस्सेमें भर जाना।

swelldom –'डॅम् n. साज-सज्जा^{F}का संसार, ठाटबाटका समाज, फैशन-पसन्दोंकी या फैशन^{F}की दुनिया^{F}।

swelling –'लिंग् १. n. (चि०) अस्वाभाविक स्फीति^{F}, (ला०) **उत्फुलन, शोथ^F**, वृद्धि^{F}; सूजन^F, सूजना, वरम, उभार, (कृषि०) **फूलना**, फुलाव; २. a. उत्सर्पी, फूला हुआ; आडम्बरपूर्ण।

swellish –लिश् a. सुवेशधारी-सा, छैल-छबीला-सा, छैला-सा, ठाठदार-सा, शौकीन-सा; कुछ बढ़िया, ठाठका।

swelter स्वे'ल्'टॅर् १. n. तपता हुआ वायुमण्डल; उत्ताप, गरमी^{F}, उमस^F; कष्टप्रद अवस्था^{F}; २. v. i. (वायुमण्डलके ताप या गरमीसे) मूर्च्छोन्मुख-सा होना, हतचैतन्य-सा होना, क्लान्त होना, कष्टका अनुभव करना, तबियत^F घबड़ाना, बेहोशी^{F}-सी आना, पसीनेसे तर-बतर होना या भीग जाना, सुस्ती^{F}-सी आना, तपना, मरा जाना, परेशान होना, औंसना, उमसना (*under a ~ing sky*)।

sweltry –ट्रि a. अति उष्ण, बहुत गरम।

swept स्वे'प्ट्' SWEEP का भू० कृ०।

swerve स्वर्व्' १. n. विपथगमन, उन्मार्गगमन, पथ-विचलन, मार्गच्युति^{F}, दिशा-परिवर्तन, रास्तेसे डिगना, भटकाव, भटकन^F, डिगाव, मोड़, डगमगाती हुई गति^{F}, बल, झोंक^F; २. v.t. & i. विपथगामी होना, उन्मार्गगामी होना, पथ-विचलित होना, निर्दिष्ट मार्गसे मुड़ना, भिन्न दिशा^{F}में जाना, एकाएक मुड़ना, इधर-उधर होना, बल खाना, डिगना, झोंक^F खाना, कतराना, भटकना, किनारा काटना, हट जाना (*never ~s an inch from his duty*); मोड़^{F} देना, बल दिलाना, झोंक^F देना।

swerveless –'लिस् a. अविचलित, स्थिर, अटल,

अडिग, बिना किसी मोड़ या झोंकके।

S.W.G. Standard Wire Gauge.

swift स्विफ़्ट्' १. n. धारा^F; अटेरन^F (जिससे सूतकी आँटी^F बनाते हैं); एक छोटी जाति^Fका गिरगिट; वेगिनी, अबाबीलकी जातिका एक पक्षी; एक जाति^Fका कबूतर; एक जाति^Fका पतिंगा; २. a. स्फूर्तिवान्, स्फूर्त, तीक्ष्ण, तीव्र, तेज (*has a ~ wit*); शीघ्र, शीघ्रगामी, द्रुतगामी, द्रुत, सत्वर, वेगवान्, विलम्बरहित, तुरत-फुरत, फौरी (*~ movement, response*); ३. adv. शीघ्रता^Fसे, द्रुत गति^Fसे, तीव्रता^Fसे, वेगपूर्वक, हाथोंहाथ, झटसे, फौरन, जल्दी^Fसे (*he answered ~*); ~-footed द्रुतपद, द्रुतगामी, तेजकदम, जल्दी चलनेवाला; ~-handed स्फूर्तिवान्, स्फूर्त, फुर्तीला, तेज हाथ चलानेवाला।

swifter[1] –'टॅर् n. (नौवि०) रज्जु^F, रस्सी^F, डोर^F, डोरी^F।

swifter[2] v.t. रज्जु^Fसे बाँधना, रस्सी^F बाँधना, डोर^Fसे बाँधना, डोरी^F बाँधना।

swiftlet –'लिट् n. दुर्बलिका, अबाबील-जैसा पक्षी।

swiftness स्विफ़्ट्'निस् n. क्षिप्रता^F, द्रुतता^F, तीव्रता^F, शीघ्रगामिता^F, आवेग, सत्वरता^F, तेजी^F; स्फूर्ति^F, फुर्तीलापन।

swig स्विग्' १. n. मदिरा^Fका घूँट; गटागट पीनेकी क्रिया^F; २. v.t. & i. (ग्रा०) बड़े-बड़े घूँट पीना, ढकोसना, गटागट पीना।

swill स्विल् १. n. डलिया, टोकरी^F; (क्व०) मदिरापान, शराब^Fका दौर; ठर्रा, मामूली शराब^F, गन्दा पानी, मोरी^F-का पानी; पानीसे धोना या खँगालना (*give it a ~ or ~ out*); २. v.t. & i. अधिक पान करना, बड़े लालच से पीना या पिलाना, ढकोसना, गटकना, बड़े-बड़े घूँट पीना, धोना; ~room कचरेका कमरा।

swiller –'लॅर् n. मद्यप, मदिरासेवी, शराबी।

swillings –लिंग्ज़् n. pl. (घरकी) उच्छिष्ट वस्तुएँ^F, फेंकी हुई चीजें^F, कूड़ा-करकट।

swim* १. n. सन्तरण, प्लवन, तरण, पैराव, तैरनेका एक चक्कर; (क्व०) तैरनेका फुकना या ब्लैडर; नदी^Fमें मछलियों^Fका गहरा हद; (ला०) कालप्रवाह, घटनाक्रम, हालात^Fकी रफ्तार^F; २. v.t. & i. (*swam, swum*) सन्तरण करना, सतह या तलपर बहना, उतराना, तिरना, तैरना* (*with bubbles ~ming on it*); (धारा^F, दूरी^F आदि) पार करना, पूरी करना, तैराकी^Fकी प्रतियोगिता^Fमें सम्मिलित होना, तैरना, पैरना (पानीके ऊपर या पानीमें), (घोड़े, कुत्ते आदिको) तैराना; (ला०) तैरते जाना, समगति^F या क्रमसे चलते जाना (*~ on one's chest, back, side*); प्लावित होना, सिक्त होना, भर आना, बाढ़^F आना, उमड़ आना, तर-बतर होना, डूबना, भींगना (*eyes, deck, ~ming with, tears, water*); घूर्णमान होना, चक्कर-सा आना, सिर चकराना, चकराना, चक्कर खाना, घूमना, फिरना, घूमता-सा दिखाई देना; *in the ~* सम-सामयिक घटना^Fमें व्यस्त या उससे परिचित, चलते हुए मामलेमें हिस्सा लेनेवाला या उसको समझनेवाला; *~ to the bottom* या *~ like a stone* या *~ like a tailor's goose* (हास्य०) डूब जाना; *~ with the tide* or *stream* प्रवाहके साथ बहना, बहुमतके अनुकूल आचरण करना।

swimmer –'मॅर् n. सन्तारक, तैराक, पैराक, तैरनेवाला, पैरनेवाला; लिप्तपद जलचर पक्षी।

swimmeret –'मॅरॅट् n. (जीव०) प्लवपाद, **तरणपाद, तरणक**।

swimming –मिंग् १. n. चक्कर (*has a ~ in the head*); प्लवन, तैराकी^F, इत्यादि, दे० SWIM; २. a. प्लावी, तैरनेवाला, तैरनेका (*pool*), ~-bath तैरनेका बड़ा हौद या कमरा; ~-bladder प्लवनाशय, मछली^F-का फुकना;

~ animals, ~ crab, ~ locomotion, ~ pool, ~ tank.

swimmingly –लि adv. शनैः-शनैः, मजेसे (*go on ~*)।

swimmy –मि a. चकराते सिरवाला।

swindle स्विन्'डॅल् १. n. मायारूप, कपट व्यक्ति, कपट वस्तु^F; प्रतारणा^F, कपट, मायाजाल, कपट योजना^F, चाल^F, छल, ठगी^F, बेईमानी^F, धोखेबाजी^F, उचक्कापन, फरेब; २. v.t. & i. प्रतारणा^F करना, कपट या छल करना, किसी व्यक्तिको धोखा देना, ठगना, दगा करना, पैसा ऐंठ लेना, रकम^F उड़ा लेना, रुपया ठगना, फरेबसे लूट लेना।

swindler –लॅर् n. प्रतारक, प्रवंचक, ठग, दगाबाज, उचक्का, एड़ीमार, जालसाज।

swindlery –रि n. प्रतारकता^F, प्रवंचकता^F, ठगी^F, दगाबाजी^F, उचक्कापन, जालसाजी^F।

swindling –लिंग् n. छलादान, प्रतारण, प्रवंचन, ठगी^F, दगाबाजी^F, उचक्कापन, जालसाजी^F।

swine स्वाइन्' n. वराह, शूकर, सुअर, सुअरी^F; पाशविक प्रवृत्तियोंका व्यक्ति, लोभी व्यक्ति, लालची आदमी, गन्दा या नीच आदमी; ~-herd शूकर-रक्षक, शूकरपाल, पासी, सुअर चरानेवाला।

swinery –'नॅरि n. सुअरोंका बाड़ा; सुअरपन।

swing स्विंग्' १. n. दोलन, प्रेंख, आवर्तन, दोलायमान अवस्था^F या गति^F, झूम^F, लटक^F, झोंका, हिलकोरा, झूमनेकी गति^F, पेंग^F; आरोह-अवरोह-पूर्ण गति^F, दोलायमान गति^F, लहराती हुई लय^F, वेग, लटक^F, हिलकोरेकी चाल^F, झूल^F, झूमझाम^F (*goes with a ~*); (*~ music* भी) अमेरिकाके हब्शियोंका विशेष प्रकारका नृत्य या गायन; दोलन सीमा^F, झूलनेकी दूरी^F या फासला (*has a ~ of 3 ft.*) हिंदोल, हिंडोला, पालना, झूला; सामान्य कार्यावधि^F, कार्यकाल, काम करनेका समय (*let it have its ~* चलने दीजिये); २. v.t. & i. (*~ swung*) लटकते-लटकते चलना, झूमते हुए जाना, झूलते हुए चलना (*he swung out of the room*); दोलायमान रहना, अस्थिर रहना, चक्कर खाना या खिलाना, आगे-पीछे हिलना या हिलाना, झुलाना या झूलना, **झुलाना, घुमाना**, फिराना, विचलित होना,

बढ़ना, घूमना, डोलना, हिलना-डुलना, इधर-उधर हिलना या हिलाना, लहराना, डुलाना, डुलना, झुमाना, झूमना, पेंग^F चढ़ाना; फाँसी^{F} देना, इस प्रकारसे लटकाना या टाँगना (कि पेण्डुलम या दरवाजे या डाल या पौधे या लंगर डाले हुए जहाजकी भाँति हिलता-डुलता रहे) (*ship ~s at anchor*; *sat on the table ~ing his legs*); ~ basket (कृषि०) **बेड़ी^{F}, झूलन टोकरी^{F}**; ~-boat नखके आकारकी झूला गाड़ी^{F}; ~ bridge, pan⊙ दोलायमान सेतु, उठाऊ पुल; ~ plough बिना पहियोंका^{F} हल; ~ shift **अपरपारी^{F}**; *door swung to* बन्द दरवाजा; ~ *the lead* (सेना^{F}-की सेवा^{F}का ग्रा०) कामसे जी चुराना, बीमारी^{F}का बहाना करना; *the ~ of the pendulum* (ला०) परिवर्तन-की प्रवृत्ति^{F}, पेण्डुलमकी-सी गति^{F}।

swinge स्विन्ज v.t. अत्यन्त प्रहार करना, कठोर आघात करना, जोरकी चोट^F मारना, जोरसे मारना, अच्छी तरह मरम्मत^F करना, खूब ठोंकना, कसके मारना, खूब पीटना, लठियाना, जुतियाना।

swingeing –'जिंग् a. अत्यायत, अतिदीर्घ, अतिशय विशाल, बहुत बड़ा, भारी (~ *majority*, *damages*)।

swinger स्वि़न्'गॅर् n. दोलक व्यक्ति, दोलायमान करनेवाला, झुलानेवाला।

swinging –गिंग् a. दोलायमान, झूलनेवाला;
~ choke, ~ door, ~ pin, ~ transverse.

swingle स्विन्'गॅल् १. n. अनाज पीटनेका सोंटा, पिटना, कुटना, मूसल, सोंटा; सन कूटनेकी मुँगरी^{F}; धुनकी^{F}; २. v.t. मुँगरी^{F}से सन साफ करना या झाड़ना, धुनना।

swinish स्वाइ'निश् a. शूकरशील, पाशविक, पशुवत्, म्लेच्छ, नीचतापूर्ण, निर्लज्ज, सुअर-सा, गन्दा, लालची।

swinishness –निस् n. पाशविकता^{F}, म्लेच्छपन, नीचपन, निर्लज्जता^{F}, गन्दापन, लालचीपन।

swink स्विन्क् १. n. कठोर परिश्रम, कड़ी मेहनत^F; २. v. i. (प्रा०) कठिन परिश्रम करना, सख्त मेहनत^F करना।

swipe स्वाइप्' १. n. (क्रिकेटमें) कड़ा आघात, कड़ी चोट^F, जोरका हाथ या टुल्ला या हिट^F; २. v.t. & i. (क्रिकेटकी गेंद^F आदिमें) कसके या लापरवाही^{F}से हाथ मारना, कड़ी चोट^F करना, टुल्ला लगाना, जोरका बल्ला चलाना; क्रिकेटकी गेंद^{F}में जोरका टुल्ला मारना, हिट^F लगाना; (ग्रा०) झटककर चम्पत हो जाना, छीनकर ले भागना।

swiper –'पॅर् n. जोरका टुल्ला लगानेवाला, हिट मारनेवाला; छीना झपटी^{F}से ले भागनेवाला।

swipes स्वाइप्स्' n. (pl.) पनीली या गॅदली या घटिया शराब^F (बियर^F)।

swipple स्वि'पॅल् n. = SWINGLE.

swire स्वाअॅर्' n. (पहाड़ोंके मध्य) दर्रा, तंग मार्ग।

swirl स्वर्ल्' १. n. जलावर्त, जलावर्त, घूर्णन, भँवर, हवा^{F} या पानीका चक्कर; पानीमें मछली^{F}के तड़पनेकी छटपटाहट^F, छटपटाहट^F; २. v.t. & i. (पानीमें) जलावर्त आना, आवर्तित करना, आवर्तमें पड़ना, भँवर बनना, भँवर पड़ना, चक्कर खाना, घुमाना, भँवरके साथ बह जाना।

swirling –'लिंग् n. (प्रा० भू०) **भँवर**; a. **परिभ्रामी, भँवरदार**।

tag[2] v.t. & i. (-*gg*-) (जूते इत्यादिमें) फीता लगाना, घुण्डी[F] लगाना, बन्द लगाना; **नत्थी करना**; (रचना[F]में) उपसंहार करना, गीतोंको एक साथ संयुक्त करना, तुक[F] मिलाना; (भेड़[F]की) ऊन काटना; (बोल०) पीछे आ लगना, दुमछल्ला हो जाना; लगाना, जोड़ना, बाँधना; (आँखमिचौनी[F] या टैगके खेलमें) छू लेना, पकड़ लेना, हाथ लगा देना।

tagetes टॅगी(जी)'टीज़् n. झण्डुक, एस्टरका-सा फूलदार पौधा।

tagger टॅ'गॅर् n. (जूतेके फीते इत्यादिमें) टैग लगानेवाला; तुक्कड़, तुकबाज; (आँखमिचौनी[F] आदिमें) चोरके पीछे भागनेवाला; (pl.) लोहेकी पतली चादर[F], टीनकी चादर[F]; black ~s टीनके पत्तर वाली चादर[F]।

tag-nag टॅग्'-नॅग् n. ऐरा गैरा नत्थू खैरा।

tahr, tehr टार् n. गिरिछाग, पहाड़ी बकरा, तहर।

tahsil टॅह्सील्' n. तहसील, सबडिवीजन।

trhsildar –'डार् n. तहसीलदार :

tai n. तई मछली[F]।

taiga टाइ'गा n. टैगा (उत्तरी सायबेरियामें विशाल वनप्रदेश)।

taigle टे'गॅल्,टे''गॅल् v. t. & i. उलझाना, उलझना, अटकाना, अटकना; विलम्ब होना, विलम्ब करना, घिस-घिस करना, देर करना; प्रतीक्षा[F] करना, इन्तजार करना।

tail[1]* टेल्' n. लांगूल, (शा० र० शा०, जी०) **पुच्छ**, **पूँछ**[F]*, दुम, कोई पुच्छवत् वस्तु; अन्त; पृष्ठ, पृष्ठभाग, पट, पिछाड़ी रुख, पुश्त (~ *of coin*); निचला भाग, (निचला) **सिरा**; अप्रधान या गौण भाग; अधीन भाग; सूक्ष्म या पतला भाग, दीर्घीभूत या प्रवर्द्धित भाग; **पिछला हिस्सा**; **सिरा** (~ *of a stream*); (स्था०, यन्त्र०) पाँव (~ *of a slate*); ~ board (कृषि०) दाना रोक पट्टा; ~-braid वस्त्रके निचले छोरपर लगी गोट[F]; ~ end अन्तिम छोर; (रेल०) **पिछला सिरा**; ~-ends अन्त्यसूत्र; ~ female स्त्रीपरिमित संपत्ति[F]; ~-gate पुच्छस्रोतद्वार, नहर[F]का निम्नस्थ स्रोतद्वार; ~-light पुच्छप्रकाश (प्रायशः कार[F], मोटर[F] इत्यादिमें); **पिछली बत्ती**[F]; ~ male पुरुषपरिमित संपत्ति[F]; ~ piece **अन्तिम सजावट**[F], *turn* ~ दुम[F] दबाकर भाग जाना; *with ~ between the legs* डनारा होकर;

~ band, ~-covert, ~-cropped, ~ ender, ~-feathers, ~ fin, ~ first, ~ fluke, ~ fold, ~-foremost, ~ lamp, ~ plane, ~-plate, ~ propulsion, ~-race, ~-stock, ~-tied, ~ unit, ~ ward, ~-warning, radar sets, ~ water, ~ wind, ~ wise.

tail[2] v.t. & i. पुछल्ला लगाना, घूँघ[F] लगाना; पूँछ[F] पकड़कर घसीटना, (बोल०, फलके) दो सिरे तराश देना; (प्रायः *on, to* के साथ) जोड़ना, जुड़ना, लगना; ~ ~ *after* पीछे-पीछे लगा रहना; ~ *away* or *off* पीछे छूट जाना, तितर-बितर होकर पीछे रह जाना; भटकना; ~*s up* (व्यक्तियोंका ला०) जोरोंमें; ~ *to the tide*, ~ *up and down the stream* (पोतका) लहरों[F]के साथ झूलना।

tail[3] n. परिमितता[F], परिमित स्वामित्व।

tail[4] a. परिमित, स्वामित्वसीमित, अधिकारसीमित, उत्तराधिकार-परिमित।

tailed –ड्' a. लांगूलयुक्त, पुच्छिल,(वन०)**सपुच्छ**, पूछवाला; दुमदार (~ *wren*); पूँछ[F]का, दुम[F]का; ~ down (यन्त्र०) **निविष्ट, धँसा**; ~ pepper गन्धमरिच[F]।

tailing –'लिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) पुछल्ला लगाना, पूँछ[F] जोड़ना; (प्रा० भू०) **पच्छोड़न**; (कृषि०) **घुंडी**[F] (~ *auger*, ~ *elevator*); (ईंट[F], पत्थर, धरन[F], शहतीर या कड़ी[F] इत्यादिका) दीवार[F]में दबा हुआ भाग; (pl.) समुच्छिष्ट, कचरा, कूड़ा-करकट; (अन्न या कच्ची धातु[F]का) निकृष्ट अंश; (कलिकट मुद्रण या छींट[F]की छपाई[F]में रह जानेवाला) धब्बा; ~ iron (यन्त्र०) **इस्पाती कोनी**[F]।

tailless –ल्'लिस् a. पुच्छविहीन, पुच्छरहित, बेदुम (~ *bat*)।

tailor[1] टे'लॅर् n. सौचिक, **दर्जी** (~*makes the man*); ~-made दर्जीके यहाँ सिले हुए; ~'s cramp (वातु तथा अँगुलियों[F] इत्यादिमें) ऐंठन[F], दर्द; ~-shop **दर्जीखाना**, दर्जीकी दूकान[F]; *ride like a* ~ बुरी तरह सवारी[F] करना।

tailor[2] v.t. & i. दर्जी होना, दर्जीकी भाँति कपड़े बनाना, सीना, सिलाई[F] करना; (ग्रा०) बुरी तरह हत्या[F] करना।

tailorbird –बर्ड n. सौचिकपक्षी, बया।

tailoress –रि'स् n. सौचिका[F], सीविका[F], दरजिन[F]।

tailoring –रिंग् n. सीवन, सीवन-व्यवसाय, सिलाई[F]का काम, दर्जीगीरी[F]।

tailpiece टेल्'पीस् n. उपांग, उपभाग, [illegible] योजित उपकरण, योजित पदार्थ, दुमछल्ला, [illegible][F]।

tailzie[1] टेल्'ज़ि,-यि n. क्रमनिर्देशन, [illegible], [illegible], (उत्तराधिकार या रिक्थ) पत्र।

tailzie[2] v.t. (स्का०) क्रमनिर्देशित करना, [illegible] करना, अन्तर्गत करना, [illegible] देना।

tain टेन्' n. [illegible]।

taint[1] टेन्ट्' n. कलंक, दोष, खराबी[F], धब्बा, [illegible] निशान; ([illegible]) भ्रष्ट दशा[F], दूषित अवस्था[F], रोगसंचार, [illegible], [illegible][F] (*there was a ~ of insanity in the family*)।

taint[2] v.t & i. ([illegible]) कलंकित करना, [illegible]

दूषित करना, धब्बा लगाना, खराब होना, दूषित होना (*meat will ~ readily in hot weather*); दोष निकालना, खराबी^F निकालना, बदनामी^F लगाना, खराब करना; भ्रष्टाचार फैलाना; रोग फैलाना, छूत^F फैलाना, छूत^Fका शिकार होना; भरना, लगना, लगाना।

tainted –'टिंड् a. कलंकित, बहिष्कृत; **दूषित**, भ्रष्ट, गन्दा, (~ *goods, milk*)।

taintless –'लिस् a. निष्कलंक, निष्प्रभाव, बेदाग, साफ।

tainture –'ट्युर्अर् n. कलंक, दोष, कालिख, बदनामी^F, व्यभिचार, दुराचरण; अनुचित आचरण।

taj (Pers.) n. मुकुट, ताज।

takable टे'कॅबल् a. = TAKEABLE.

take¹ टेक्' n. (मछली^F, खेल इत्यादिकी) एक दिनमें पकड़ी या जीती हुइ मात्रा^F; T.; (मुद्र०, एक बारमें कम्पोज की हुई) प्रतिलिपि^Fका परिमाण, कापी^F; आय^F, आमदनी^F, रोकड़^F; ~ all disease (वन०) **सर्वनाशी रोग**; ~home pay (अर्थ०) **निवल वेतन**।

take²* v.t. & i. (*took, taken*) ग्रहण करना, पकड़ना, लेना*, थामना (~ *it between your fingers*); (शा० एवं ला०) अधिकृत करना, अधिकारमें करना; ले लेना; पा लेना; अचानक धर दबाना, पीछा करके पकड़ लेना, गिरफ्तार कर लेना (*took 100 prisoners*); आकर्षित करना, खींचना (*it ~s my fancy*); विजित करना, काबू पाना, जीतना; लाभ करना; पाना, प्राप्त करना, स्वामित्व प्राप्त करना; व्यवहृत करना, प्रयुक्त करना, उपभोग करना, काममें लाना; चाहना, माँगना; नेतृत्व करना, ले जाना; स्थानान्तरित करना; अधिकार-हरण करना,अधिकार छीन लेना, बेदखल करना; (सर्दी^F, बुखार इत्या०) लग जाना, हो आना; प्रभाव ग्रहण करना; पकड़ना, पकड़ लेना⊙; अनुभव करना; लिप्त होना; परिश्रम करना, उद्योग करना; निश्चित करना, मानसिक रूपसे ग्रहण करना; निष्कर्षपर पहुँचना, अर्थ लगाना, समझना; निगलना; विशिष्ट भाव रखना, विशिष्ट व्यवहार करना; स्वीकार करना, मान लेना; समर्पित कर देना, सौंप देना; अपना लेना, चुनना; व्युत्पन्न करना, निकालना; सम्पादित करना, निष्पादित करना, पूरा करना, बजा लाना; मामला निपटाना; (व्यापार आदिमें) साझीदार बनाना; छायाचित्र या फोटोका सुन्दर आना; देखना⊙; ~-down अपमान, बेइज्जती^F; ~-in प्रवंचना^F, प्रतारणा^F, प्रपंच, छल, कपट, धोखा, ढोंग; ~-off स्वाँग, नकल^F, व्यंग्य चित्र, व्यंग्य वर्णन; उड़ान^F; ठेलनी^F; ~ *account of* लेखा-जोखा माँगना, हिसाब लेना; ध्यान देना, उपेक्षा^F न करना; ~ *action* कार्यवाही^F करना; ~ advantage लाभ उठाना; ~ *advice* किसी सलाह^Fको मान लेना; ~ *a fancy to* बहुत पसन्द आना, दिल आ जाना; ~ *after* किसीके सदृश होना; ~ *aim* निशाना बाँधना, तोलना; ~ *arms* हथियार उठाना; ~ *as* समझना; ~ *a walk* घूमना, टहलना, चहलकदमी^F करना; ~ *away* अपहरण करना; ले जाना; ~ *back* (अपने शब्द) वापस लेना; ~ *care of* अवेक्षा^F करना, सावधानी^F रखना, रक्षा^F करना; ~*delivery* लेना; ~ *down* लिपिबद्ध करना, लिखना; अपमानित करना, खराब करना; निगलना, गलेके नीचे उतारना; (छत^F, इमारत^F इत्यादिको) गिराना, ढहाना, उतारना, टुकड़े-टुकड़े करके हटाना; ~ *earth* भटमें छिप रहना, खोह^Fमें घुस जाना; (ला० व्यक्तिके लिए) प्रच्छन्न रूपसे स्थिर होना, छिपकर बैठ रहना; ~ *effect* जारी होना, लागू होना; ~ *exception* आपत्ति^F उठाना या करना; ~*from* घटाना; ~ in घेरना, सिकोड़ना; धोखा देना, बुत्ता देना; आने देना; ~ *in*⊙ दौरा करना; परीक्षण करना; ~ *in hand* हाथमें लेना; प्रारम्भ करना, शुरू करना; ~ *initiative* सूत्रपात करना; ~ *into* one's *head* धारणा^F बनाना, समझना, दिलमें जमाना; ~ *into account* विचार करना; ~*into consideration* विचार करना, ध्यान रखना; ~ *for granted* तथ्य रूपमें मान लेना; ~ *off* one's *hat to* प्रशंसा^F करना; मनमें आदर करना; ~ *on* प्रभार लेना, ले लेना, हाथमें लेना, बीड़ा उठाना; जिम्मा लेना; (बोल०) प्रबल भावोद्वेगोंकी अभिव्यक्ति^F करना, आफत^F मचा देना; ~ *out* अलग करना, बाहर ले जाना; निकालना, मिटाना, दूर करना; धोना, साफ करना; ~ *over* प्रभार लेना, उत्तरदायित्व लेना; ~ *part* सम्मिलित होना; ~ *place* घटित होना; ~ *precedence* पूर्वता^F पाना; अधिकार रूपमें उपभोग करना या स्वीकार कर लेना; ~ *root* जड़^F पकड़ना; ~*s his readers with him* पाठकोंको अपने साथ निमग्न कर देता है; ~ *sides* पक्ष लेना; ~ *steps* कार्यवाही^F करना; ~ *to* सूत्रपात करना, आरम्भ करना, शुरुवात करना; आदी होना; अपनाना (~ *to bad habits*); ~ *to heart* हृदयमें जमा लेना, दिलमें बैठा लेना; ~ *to task* डाँटना, ~ *to wife* पत्नी^F बनाना; ~ *up* अधिकृत करना, ले लेना, दखल करना, जिम्मे लेना, उठा लेना; शोष करना, खपा लेना, पीना, समा लेना; अभिरक्षणमें लेना, शरण^Fमें लेना, हिरासत^Fमें लेना; पाना, आकृष्ट करना, (~ *up attention*); अशुद्धि^F ठीक करना, टोंकना, गलती^F जताना; अपनाना, अख्तियार करना; (मामले या जाँच^Fको) आगे बढ़ाना, जारी रखना; आबद्ध करना, सीना, जकड़ना, बाँधना; (ऋण) लेना; ~(*it*) *upon* or *on* one *to* साहस करना, जोखिम उठाना; ~ *up with* साथ रहना।

takeable –'कॅबल् a. ग्राह्य, ग्रहणीय, पकड़ने योग्य, थामने योग्य; अधिकार्य, अधिकरणीय, कब्जेमें करने लायक; विजेय, विजित करने योग्य; लेने योग्य, लेनेका; गिरफ्तार करने योग्य; व्यवहार्य, प्रयोज्य, उपभोज्य; स्थानान्तरणीय; अधिकारहरणीय, बेदखल करने योग्य; अनुभाव्य, अनुभव योग्य; अनुकरणीय।

taker –कॅर् n. ग्रहीता, ग्राही, पानेवाला, लेनेवाला; गिरफ्तार करनेवाला।

takin टा'किन् n.गवाज(हिरनके सदृश एक तिब्बती पशु)।

taking^1 टे'किंग् n. ग्रहण, आदान, लेना, ले जाना; पकड़^{F}, गिरफ्तारी^{F}; (pl.) धन, लाभ, आय^F, आमदनी^{F}, रोकड़^{F}; व्याकुलता^{F}, बेचैनी^{F}, परेशानी^{F} (*was in a great* ~)।

taking^2 a. मोहक, मोही, आकर्षक, चित्ताकर्षक, मनोहर, मनोज्ञ; संक्रामक, छूतका।

takingness –निंस् n. मोहकता^{F}, आकर्षण, चित्ताकर्षण, मनोहरता^{F}; संक्रामकता^{F}।

takosis ⊙ टैकॉसिस् n. छागक्षय, बकरियों^{F}का सूखा रोग।

talapoin टैलॅपाऍन् n. (बौद्ध) महाभिक्षु, महाचार्य, मठाधीश।

talaria (L) n. pl. उड़न जूता, उड़न चप्पल।

talc^1 टैल्क्' n. (रसा०, प्रा० भू०) तालक, मृदु प्रस्तर, फेनकाश्म, खड़िया^{F}, (रसा०) तल्क, T.; (यंत्र०) सेलखड़ी^{F}; (प्रा० वाणि०) अभ्र, अभ्रक, अबरक, चिलचिल।

talc^2 v.t. तल्क चढ़ाना, तल्कका व्यवहार करना।

tal(c)ky, talcoid, talcose –'कि, –काएॅड्, –कोस् aa. तालकीय, फेनकाश्मीय, खटिकीय, सिलखड़ीवाला, अभ्रकका, तल्कका, तल्कनुमा।

talcous –कॅस् a. अभ्रकीय, अभ्रक मिश्रित, तबकी, तबकवाला।

talcum –कॅम् n. TALC; ~ powder तालक-क्षोद, तालकचूर्ण, टालकम पाउडर।

tale टेल्' n. कथा^{F}, वृत्तान्त, उपाख्यान, आख्यायिका^{F}, कहानी^{F}, किस्सा, बात^F, अफ़साना (*tell him a* ~); अलीकवाद, कलंक, झूठी अफवाह^F; (*if all* ~*s be true*); (प्रा०, भाषण०, का०) संख्या^{F}, संख्यान, गणना^{F}, तादाद^F, गिनती^{F}; कुल संख्या^{F} (*shepherd tells his* ~ *of sheep*); ~ bearer पिशुन, लुतरा, चुगलखोर, ढिंढोरवा; शिकायती; ~ bearing पिशुनता^{F}, उपजाप, लुतरापन, चुगलखोरी^{F}।

talent टैलॅन्ट् n. विशेष प्रवणता^{F}, प्रतिभा^{F}, मेधा^{F}; (शिक्षा०) निपुणता^{F}, प्रज्ञा^{F}, मति^{F}, बुद्धि^{F}, बुद्धिविभव, मतिविभव, उच्च मानसिक योग्यता^{F}; प्राचीनकालिक तौल^F एवं द्रव्य।

talented –टिड् a. प्रतिभावान्, प्रज्ञ, मेधावी, बुध, सुधी, काबिल, लायक, दिमागवाला।

talentless –ट्'लिस् a. प्रतिभाहीन, मेधाहीन, अबोध, नालायक, निकम्मा।

taler n. =THALER.

tales (L) n. पूरक सभ्यजन।

taling टे'लिंग् n. गणन, संख्यान, गिनती करना।

talion टै'लिअॅन् n. शठे शाठ्यं-सिद्धान्त, जैसेको तैसाका सिद्धान्त; प्रतिक्रिया-सिद्धान्त, प्रतिकार, बदला।

talionic –आ'निक् a. शठे शाठ्यं-सिद्धान्त-विषयक, प्रतिक्रिया-सिद्धान्त-विषयक, बदलेके सिद्धान्तका।

taliped टै'लिपेड् a. & n. मुड़रपाद, अनेक प्रकारसे ऐंठा और मरोड़ा हुआ (व्यक्ति)।

talipes टै'लिपीज़ n. (जीववि०) मुड़रपादता^{F}, लघुपादत्व, क्षुद्र पाद, छोटे पैरोंकी बनावट^F।

tallpot, -ut टै'लिपॉट्, -अट् n. श्रीताल; तालिपत्र, तालपात; ~ palm (वन०) तालीपात पौधा।

talisman टै'लिज़मॅन् n. (शिक्षा०) रक्षाकवच, तावीज़, गण्डा; तिलस्म, जादू।

talismanic –मैं'निक् a. कवच-सम्बन्धी, तावीज़का, गण्डेवाला, तिलस्मी, जादुई।

talis pater, qualis filius (L) पितापर पूत।

talitha टेलिथा n. (ज्यौ०) तलिथा, नवम ऋषि।

talk^1* टॉक्' n. वार्ता^{F}, वार्तालाप, बातचीत^F*, गपशप^F (*let us have a* ~); खाली बातें^{F}, ज़बानी जमाखर्च; भाषण, अभिभाषण, वक्तृता^{F}; (आकाशवाणी^{F}से प्रसारित) संवाद, चर्चा^{F}; बातचीत^{F}का विषय, चर्चा^{F}, परिवाद (*their quarrels are the* ~ *of the town*); *much* ~ *little work* खाली बातें^{F} बनाना।

talk^2 v.t. & i. आलाप करना, वार्तालाप करना, बातचीत^F करना, बोलना, बोलना-चालना, गप^F मारना, बातें करना (*the child is learning to* ~); ज़बानी जमाखर्च करना; संक्षिप्त अभिभाषण करना या वक्तृता^{F} देना; (आकाशवाणी^{F}से) वार्ता या संवाद प्रसारित करना; (बेतार) संवाद भेजना; *do not want to be* ~*ed about* चर्चा^{F}का विषय नहीं बनना चाहता; ~ *about* (किसी विषयपर) वाद-विवाद करना, चर्चा^{F} करना, बहस^F करना, दलील^F करना; ~ *at* व्यंग्य करना, फबती^{F} कसना; ~ *away* (बातों^{F}में) वक्त लगाना, समय नष्ट करना; ~ *back* बेधड़क जवाब देना, जबान चलाना; ~ *(cold) turkey* ⊙ (बोल०) साफ-साफ कह देना, सचसच बोल देना; ~ *down* वक्ताको स्वरोच्चता^{F} द्वारा या खड़े रहकर चुप कर देना; ~ *of* उल्लेख करना, चर्चा^{F} करना, की बात^F करना; वाद-विवाद करना; ~ *out* (पार्लामेण्ट^{F}में, विधेयकपत्र या प्रस्तावपर) वाद-विवाद करते रहकर निर्णय न होने देना, बहस^F करना, तूल देना; ~ *over* सविस्तर वाद-विवाद करना, चर्चा^{F} करना; अपने विचारोंका बना लेना, विश्वास दिलाना; ~ *round* (बिना निर्णयपर पहुँचे) वाद-विवाद करते जाना, बहस^{F}को तूल देते जाना; ~ *to* बातचीत^F करना, कहना-सुनना, खरी-खरी सुनाना; ~ *up* (विषय रोचक बनानेके लिए) वार्ता^{F} करना, बहस^F छेड़ना; *you can't* ~ तुम क्या बोलोगे? तुम भी तो वैसे ही हो; *would* ~ *a horse's hind leg off* बड़बोला है, बड़ा बातूनी है।

talkative –'कॅटिव् a. वाचाल, बहुभाषी, जल्पक, बातूनी, बक्की, बड़बोला, बकवादी।

talkativeness –निस् n. वाचालता^{F}, बहुभाषिता^{F}, बातूनीपन, बक्कीपन, बकवाद।

talkee-talkee –किटा-कि n. अनर्गल प्रलाप, बकबक^F; (हब्शियों इत्यादिकी) टूटी-फूटी अंग्रेजी^{F}।

talker –कॅर् n. वार्ताकार; वक्ता, बात^F करनेवाला, बोलनेवाला; बक्की, गपबाज; बकवादी, डींगिया।

talkies –किज् n. (pl., ग्रा०) =SOUND²; वाक्पट, बोलपट, सवाक् चित्र।

talking –किंग् a. भाषी, भाषमाण, बातचीतF करनेवाला, बोलनेवाला (~ *parrot*); व्यंजक, अभिव्यंजक (~ *eyes*)।

talky –कि १. a. मुखर, वाचाल, बहुभाषी, बातूनी, बक्की, बकवादी, बकबकिया; २. n. बकवादF, बकझकF।

tall¹* टॉल् a. प्रांशु, तुंग, उच्च, उन्नत, प्रोन्नत, दीर्घ, लम्बा*, (कृषि०) ऊँचा, (variety), बड़ा (*he is six feet ~*); दर्पपूर्ण, दम्भी, शेखीFसे भरा हुआ; अविश्वसनीय, बे सिर-पैरका; असीम, अत्यधिक, हदFसे बढ़ी हुई (*a ~story, talk*); a ~ order अत्यधिक माँगF, अनुचित माँगF, बड़ी-बड़ी फरमाइशF, ~boy शयनागारमें कपड़ोंवाली अलमारीF; धुँआरे या दूदकशके ऊपरकी टोपीF।

tall² adv. (ग्रा०) डींगF मारते हुए, शेखीF हाँकते हुए, बे सिर पैरके; *talk* ~ डींगF मारना, शेखीF हाँकना।

tall(i)age टै'लिज् n. शुल्क, कर, टैक्स, टालेज।

tallier टै'लिअर् n. गणक, लेखापाल, हिसाब-किताब रखनेवाला, खातेमें हिसाब रखनेवाला।

tallish टालिश a. ईषत्प्रांशु, ईषदुच्च, किंचिदुन्नत, किंचित्प्रोन्नत, कुछ ऊँचा, लम्बा-सा।

tallith (Heb.) n. दुपट्टा, तालीस।

tallness टॉल्'निस् n. प्रांशुताF, उत्तुंगताF, उच्चताF, उन्नतिF, प्रोन्नतिF, दीर्घताF, लम्बाईF, ऊँचाईF, बुलन्दीF, कद।

tallow¹ टै'लो n, (मशीनोंFमें गिरिस देने तथा साबुन बनाने इत्यादिमें प्रयुक्त) वसाF, (रसा०) **गोवसा**F, **चर्बी**F, चिकनाईF, मोम, **टैलो**; ~ candle टैलो निर्मित बत्तीF; ~-chandler वसाविक्रयी, मोमबत्तियाँF बनाने और बेचनेवाला; ~-face म्लानवदन व्यक्ति; ~ piece श्वेत कूष्माण्ड, सफेद कुम्हड़ा, भूरा कुम्हड़ा;
~ laurel, ~ oil, ~-tree, ~-vegetable, ~-wood.

tallow² v.t. चर्बीF लगाना, चर्बीFसे चिकना करना; मोम जमाना; (भेड़ोंFको) मोटा करना।

tallower –लोअर् n. वसाकार, वसाविक्रेता, (मोमबत्तीF, साबुन इत्यादिके लिए) गलायी हुई चर्बीF तैयार करनेवाला, चर्बी बेचनेवाला, चर्बी-फरोश।

tallowish –लोइश् a. ईषद्वसावत्, किंचिद्वसा-सदृश, कुछ-कुछ चर्बी-जैसा, थोड़ा चर्बीला, चिकना, चिपचिपा।

tallowy –इ a. वसा-विषयक, मेद-सम्बन्धी, वसायुक्त, चर्बीला, चर्बीFका-सा।

tally¹ टै'लि n. गणना-पट, गणना-काष्ठखण्ड, हिसाब-पट्टीF; (इस काष्ठखण्डपर अंकित) गणनाF, (नौवि०) **गिनती**F; हिसाब-किताब; अनुमेलन, मिलान (प्रेषित मालकी निश्चित संख्याFकी प्रविष्टिFके लिए बनाया हुआ) सही चिह्न या निशान; (काष्ठ, धातुF या कागजका) टिकट, तख्तीF, लेबल (*horticultural tallies*); परिपूरक वस्तुF, अनुरूप वस्तुF, समान वस्तुF; प्रतिलिपिF, नकलF; ~ system trade उधारका व्यापार;
~ book, ~ card, ~ clerk, ~man, ~ roll, ~ sheet, ~ tabulation.

tally² v.t. & i. पंजीFमें प्रविष्ट करना, खतियाना, खातेमें दर्ज करना, खातोंका मुकाबला करके हिसाब लगाना; (नौवि०, पाल या बादबानको) कसना; एकमत करना या होना, सहमत होना, राजी होना; अनुकूल करना या होना, सदृश होना, एक-सा करना या होना, मुताबिक होना, मिलान करना, मिलाना, मिलना, ठीक निकलना, बराबर करना या होना (*goods do not ~ with invoice*)।

tally-ho¹ टै'लि-हो n. (शिकारी कुत्तोंको उत्तेजित करनेकी) ध्वनिF, लुहा-लुहाFकी उच्च ध्वनिF, उकसाहटF।

tally-ho² v.t. & i. (शिकारी कुत्तोंको) उत्तेजित करना, लुहाना; लुहकारना, 'लुहा-लुहा'F करना।

tally-ho³ int. लश! लश! लश्कर! लुहा!

talma टैल्'मॅ n. (फ्रांसमें १९वीं शतीमें प्रयुक्त) लबादा, चोगा।

Talmud टैल्'मॅड् n. यहूदी-संहिताका नाम, तालमद।

Talmudic, -al –मॅ'डिक्, -ॲल् aa. यहूदी-संहिता-विषयक, तालमदीय, तालमद-विषयक।

Talmudist –'मॅडिस्ट् n. (यहूदी) तालमदसंग्रही, तालमदानुगामी, तालमदका विद्यार्थी या ज्ञानी।

Talmudistic –'डिस्टिक् a. (यहूदी) तालमदी, तालमद-संग्रही-विषयक, तालमदके ज्ञानसे सम्बन्धित।

talon टै'लॅन् n. (विशे० शिकारी पक्षीका) नख, नखर, नाखून, पंजा, चंगुल; (बैंक) T.; बाँटनेके पश्चात् ताशके पत्तोंकी बची ढेरीF; अर्गलीFका अंस; S के आकारकी वक्र रचनाF; दुहरे बलका हाशिया; तलवारFके कब्जेका पिछला सिरा।

taloned टै'लॅन्ड् a. नखरयुक्त, पंजेका, (तीखे) नाखूनवाला।

talonic acid टैलॅनिक एसिड n. क्षैरिक अम्ल।

tal. qual *talis qualis*, just as they come; average quantity.

taluk टॅलुक् n. ताल्लुकाF, जमींदारीF, जागीरF।

talukdar –'डार् n. ताल्लुकदार, जागीरदार।

talus टै'लॅस् n. (pl. *tali*) (श० र० शा०) गुल्फास्थिF, (चि०, जीव०) घुटिकास्थिF, टखना; मुद्गरपाद, गदापाद, पदविकृतिF; (प्रा० भू०) **भग्नाश्म राशि**F; (भूगर्भ०) शैल-संखण्ड, सम्पात प्रस्तर, शिखरक-समूह, T.।

Tam. Tamil.

tamability टेमॅबि'लिटि n. =TAMABLENESS.

tamable –'मॅबॅल् a. पाल्य, पालनीय, पालतू बनाने योग्य; वश्य, वशीकरणीय, नम्रीकरणीय, सीधा करने योग्य।

tamableness –निस् n. पाल्यताF, पालनीयताF, पालतू बननेकी योग्यताF, वश्यताF, वशीकरणीयताF, नम्रीकरणीयताF, सीधा किये जानेकी योग्यताF।

tamara टै'मॅरॅ n. खट्टा मसाला।

tamarin टै'मॅरिन् n. क्षुद्रकपि, छोटा दक्षिण अमेरिकी बन्दर।

tamarind टै'मॅरिन्ड् n. अम्लिका^{F}, (कृषि०, वन०) इमली^{F}; ~-fish अम्लिका-मत्स्य, अम्लिका-मीन^F, अम्लिका^{F}का गूदा निकालकर पकायी हुई मछली^{F}।

tamarisk टै'मॅरिस्क् n. झाऊ (एक गुल्म-विशेष), टैमरिस्क।

tamasha टॅमा'शॅ n. तमाशा, खेल।

tambour[1] टैम्'बुॲर् n. तम्बूरा, ढोल, ढोलक; (कारचोब तैयार करनेका) गोलाकार फ्रेम; (स्था०) (स्तम्भके मुख्य भागका) बेलनाकार प्रस्तर; (विभिन्न संरचनाओं^{F}का) गोलाकार भाग; (किसी वस्तु^{F}का) गोल भाग; (ढोलकी-सी ध्वनि^{F} उत्पन्न करनेवाली) मछली^{F}, पटहाकार मत्स्य-विशेष; (दुर्ग, सड़क^F, फाटक इत्यादिकी सुरक्षा^{F}के लिए लगा हुआ) लोहेका जँगला।

tambour[2] v.t. (गोलाकार ढाँचेपर) कारचोब बनाना, जरदोजी^{F} करना।

tambourin –'बॅरिन्' n. तम्बूरी^{F}; तम्बूरी नाच या संगीत, तम्बूरी गत^F।

tambourine टैम्बॅरीन्' n. एक प्रकारका अफ्रीकी कबूतर; झाँझ^F, खंजरी^{F}, चर्मपत्रसे मढ़ी छोटी ढोलकी^{F}, टैम्बरीन^F।

tame[1] टेम्' v.t. वश्य बनाना, नम्र करना, पालना, पालतू करना; सधाना, हिलाना; आत्मसमर्पण करा लेना, वशीभूत करना, दीन करना, सीधा कर देना, नीचा दिखाना, दबाना।

tame[2] a. विनीत, वशीकृत, गृह्य, पालतू, हिला हुआ, सधा हुआ, घरेलू, पाला हुआ; अवन्य, अबर्बर, सीधा; (बोल०, भूमि^{F} या पौधा) कर्षित, जोता हुआ, लगाया हुआ, जोतकर उर्वर किया हुआ; निर्जीव, जड़, दुर्बल, शक्तिहीन, प्रभावहीन, अप्रतिरोधकारी, निस्तेज, दब्बू; नीरस, निःसत्त्व, फीका, बे-असर, बेलुत्फ (~ *scenery, description*)।

tameless –'लिॅस् a. (काव्य०) अवश्य, बर्बर, वहशी; अपोष्य, अपोषणीय, अपालनीय।

tameness –'निॅस् n. दुर्बलता^{F}, नीरसता^{F}, प्रभावहीनता^{F}; पालतूपन; वश्यता^{F}; दब्बूपन, हलकापन, थोदापन, बुजदिली^{F}।

tamer –'मॅर् n. पालक, विनेता, वशीकर्ता, पालने-पोसनेवाला, सधानेवाला, हिलानेवाला, पालतू बनानेवाला।

taming –मिंग् n. (शिक्षा०) विनयन, दमन, सधाना।

tam-o'-shanter, tammy टैम्-ॲ-शैन्'टॅर्, टैमि nn. माथे^{F}पर ढलकर आनेवाली (ऊपरसे फूली) ऊनी या सूती टोपी^{F}, टैमी^{F}।

tamp टैम्प् v.t. (सुराख^F इत्यादिमें बारूद^{F}की तह^{F}पर) डाट^F लगाना, नरम चिकनी मिट्टी^{F} भरना, बन्द करना; (सड़क^{F}के पत्थर इत्यादि) कूट देना, कुटाई^F करना।

tamper[1] –'पॅर् n. (परि०) थापी; (बारूद^{F}की तह^{F}पर) डाट^F लगानेवाला, नरम चिकनी मिट्टी^{F} भरनेवाला; (सड़क^{F}के पत्थर) कूटनेवाला; डैट^F बिठानेका उपकरण, राजगीरका पाटा।

tamper[2] v. i. (~ *with*) अन्तःक्षेप करना, हाथ डालना, दखल देना; (इच्छा^{F}, पाण्डुलिपि^{F} इत्यादिमें) अनधिकृत परिवर्तन करना, छेड़ना; गुप्त या भ्रष्ट प्रभाव डालना, दूषित करना, साँठ-गाँठ^F करना, घूँस देना।

tamperer –रॅर् n. अन्त-क्षेपक छेड़नेवाला।

tampering –रिंग् n. (वस्तु^{F}को) छेड़ना।

tamping टैम्'पिंग् n. कूटना, कुटाई; (इंजी०) ठुकाई^F, ठोकना; मृत्तिका-भरण, मिट्टी^{F} भरना, डाट^F लगाना; ~ bar (यंत्र०) ठोकनी^{F}।

tampion टैम्'पिॲन् n. (बन्दूक^F आदिके मुँहका, लकड़ी^{F}का) अवरोधक या स्टापर, डाट^F।

tampon[1] टैम्'पॅन् n. व्रणावरोध, रक्तस्रावावरोधके लिए नासा^{F}, योनि^{F} इत्यादिमें प्रयुक्त; निप, डाट^F, ठेंठी^{F}, डट्टा; टैम्पन; गद्दी^{F} (जिसे बालोंपर रखकर पट्टी^{F} इत्यादि बाँधते हैं)।

tampon[2] v.t. (व्रण या रक्तस्रावको) अवरोध लगाकर बन्द करना, डाट^F लगाना, बन्द करना।

tamponade –नेड' n. (चि०) (रक्तस्तम्भनके लिए) रुई, लिंट इत्यादिका या टैम्पनका व्यवहार।

tamponage –'पॅनिज् n. व्रणावरोधन (-रीति^{F}); = TAMPONADE.

tamponment –न्'मॅन्ट् n. (चि०) रक्तावरोधनके लिए टैम्पन लगाना।

tamtam टैम्'टैम् n. = TOMTOM.

tan. tangent.

tan[1] टैन्' n. (बबूल या शाहबलूत इत्यादिकी) छाल, कत्था, छाल^F, वल्कल; कत्थई रंग; (धूप^{F}में पके चमड़ेका) साँवलापन, भूरापन; the ~ सरकस (ग्रा०); ~-yard चमड़ा रँगनेका कारखाना;

~bark, ~ expert, ~ extract, ~ material, ~ substances, ~-vat.

tan[2] v.t. & i. (चमड़ा) कमाना, सिझाना, पकाना; (धूप^{F}में अनावृत्ति^{F} द्वारा चमड़ेका) भूरे रंगका होना या करना; सख्त करना; (ग्रा०) मारना, पीटना, मरम्मत^F करना, कुन्दी^{F} करना।

tan[3] a. उद्रक्तपीत, कत्थई, भूरा।

tan[4] ⊙ = (ग०) TANGENT का संक्षिप्त रूप, टैन।

tandem[1] टैन्'डॅम् n. (आगे-पीछे जुते हुए) अश्व; दुपहिया साइकिल^F, दो या दोसे अधिक सीटोंवाली साइकिल^F; (परि०) To drive ~ (घोड़ोंको आगे-पीछे जोतकर) गाड़ी^{F} हाँकना।

tandem[2] a. आगे-पीछे सीटोंवाला (साइकिल^F)।

tandem[3] adv. आगे पीछे-पीछे (घोड़ोंको जोतना)।

tandstickor (स्वी.) n. दियासलाई^F।

tang[1] टैन्ग्' n. (रेल०) स्पर्श; (चाकू इत्यादिमें) मूठवाली नोक^F, चोटा; तीव्र स्वाद या गन्ध^F।

tang[2] v.t. दस्तेमें फिटानेके लिए नोक^F निकालना या बनाना।

tang[3] n. शैवालप्रजाति^F, ठाँग^F, सेवार^F।
tang[4] n. (घण्टे इत्यादिका) झंकृत स्वर, गूँजती हुई ध्वनि^F, टनटनाहट^F; (तार^Fकी) झंकार^F।
tang[5] v.t. & i. (घण्टे इत्यादिका) ध्वनि^F उत्पन्न करना, झंकृत करना, बजाना, बजना, टनटनाना; (मधुमक्खियों^F-को) एकत्र करना, बुलाना, बिठाना।
tangency टैन्'जॅन्सि n. (ग० भी) स्पर्शज्यात्व, स्पर्श-ज्यता^F, स्पर्शरेखिता^F; स्पर्शिता^F, स्पर्श।
tangent[1] –न्ट n. स्पर्श; (त्रिकोण०, भौ०, प्रा० भू०) **स्पर्शज्या**^F, (भौ०) **स्पर्शरेखा**^F; *fly, go off, at a* ~ भटक जाना, बहक जाना।
tangent[2] a. स्पज्या, स्पर्शज्या; (ग०) **स्पर्शी**, (घ०, ज्या०) **स्पर्श**-; T.; ~-balance स्पज्या-तुला^F; *fly, go off, at a* ~ सहसा विषय बदल देना, अचानक बात^Fको मोड़ना;
~ angle, ~ box, ~ correction, ~ distance, ~ elevation, ~ galvanometer, ~ law, ~ line, ~ plane, ~ points, ~ screw, ~ sight, ~ spring, ~ stress, ~ view.
tangential –जे`न्शल् a. (गतिवि०, भौ०) स्पर्शरेखीय, स्पर्शरैखिक; (प्रा० भू०) **स्पर्शज्या**-, स्पर्शज्या-विषयक, स्पर्शरेखा-सम्बन्धी;
~ acceleration, ~ angle, ~ coordinates, ~ equation, ~ force, ~ sawing, ~ stress, ~ velocity.
tangibility –जॅबि'लिटि n. स्पर्शनीयता^F, स्पर्श-योग्यता^F; दे० TANGIBLENESS भी।
tangible –'जॅबॅल् a. स्पृश्य, स्पर्शवेद्य, स्पर्शनीय, स्पर्श-गम्य, धार्य, (का०) **मूर्त्त**, प्रकट, सत्य, यथार्थ, स्पर्श द्वारा अनुभवगम्य (~ *result*); (वाणि०) गोचर (~ *assets*, ~ *security*); निश्चित, निर्भ्रान्त, बोधगम्य, व्यवहार्य (~ *goods*); (विधि^F) भौतिक, दैहिक, शारीरिक, वास्तविक।
tangibleness –'नॅस् n. स्पृश्यता^F, स्पर्शनीयता^F, स्पर्शगम्यता^F, धार्यता^F, टटोल^F; निश्चितता^F, निर्भ्रान्ति^F, बोधगम्यता^F, व्यवहार्यता^F; भौतिकता^F, दैहिकता^F, शारी-रिकता^F, वास्तविकता^F।
tangle[1] टैन्'गॅल् n. पाश, फंदा; जटिलता^F, सम्मिश्रण, संकुलता^F, उलझन^F, पेचीदगी^F; संकट (*business is in a* ~); (परस्पर उलझे हुए तागोंकी) लट^F, उलझेड़ा, गड्डमड्ड ढेर।
tangle[2] v.t. & i. गूँथना, बटना, उलझाना, फाँसना, फँसाना, पेचीदा बनाना; उलझना, फँसना, अड़ना; ~-foot ⊙ शराब^F, ह्विस्की^F।
tangle[3] n. = TANG[3].
tangled –ड a. प्रतिपाशित, संकुल, सम्मिश्र, जटिल, उलझा हुआ (~ *affair*)।
tanglesome, tangly –'सॅम्, –लि aa. जटिल, सम्मिश्र, संकुल, उलझा हुआ, पेचीदा।
tango[1] टैन्'गो n. (तांगो, द० अ० में प्रचलित) एक नृत्य।
tango[2] v. i. नृत्य करना।
tangoist –गोइस्ट n. तांगोनर्तक, तांगोनृत्यविशारद।
tango-receptor टैन्गॉरिसे`प्'टॅर् n. स्पर्शग्राही।
tangram टैन्'ग्रॅम् n. टैनग्राम^F (एक चीनी पहेली^F)।
tangy टैन्'गि a. (गन्ध^F या स्वादमें) तीव्र; नोकदार।
tanh. hyperbolic tangent.
tania टैनिॲ n. (यंत्र०, स्था०) **ताटिका**^F; ~ australis (गणि०) **द्वादश ऋषि**; ~ borealis (गणि०) स्पाति^F, T. **एकादश ऋषि**।
tanist टै'निस्ट् (प्राचीन आयलैण्डमें) रिक्थभागी, दाय-भागी, उत्तराधिकारी।
tanistry –ट्रि n. (प्राचीन आयलैण्डमें) भूम्यधिकार, धारणाधिकार; दाय-प्रथा^F (जिसमें मालिकके मरनेके बाद नये उत्तराधिकारीका चुनाव होता था)।
tank टैन्क्' n. (रसा०) **कुण्ड, टंकी**^F, **हौज**; तड़ाग, कासार, जलाशय, ताल, पोखरा, तालाब, **टैंक**; (सेना०) दुर्गयान, अस्त्र-शस्त्रसे सुसज्जित जंगी मोटर-गाड़ी^F, टैंक^F, ~-buster (ग्रा०) हवामार तोप^F; septic ~ (चि०) पूतिकुण्ड;
~ ambush, ~ bell, ~ boiler, ~ circuit, ~ connection, ~ crew, ~-cum-airtheory, ~-engine, ~ farming, ~ fisheries, ~ furnace, ~ gun, ~ house, ~ hunting, ~ museum, ~ recognition room, ~ staging, ~ wagon.
tankage –'किज् n. हौज-भराई^F; जलाशय(ों) का घन-फल, हौजकी समाई^F; (कृषि) **गर्तावशेष**; सूखी खाद^F।
tankard टैन्'कॅर्ड् n. (मदिरा^Fका) चषक, बड़ा प्याला।
tanker टैन्'कॅर् n. (परि०) (द्रव पदार्थोंको ढोनेके लिए) **तेल पोत**, तैलवाहक पोत, सहायक विमान, **टंकी जहाज**, टंकीवाला जहाज, दूसरे वायुयानको पेट्रोल देनेवाला जहाज।
tanling ⊙ टैन्'लिंग् n. धूपित व्यक्ति, घामशोषित व्यक्ति, घर्म-कृष्णकायित व्यक्ति, घामसे काला हुआ आदमी।
tannable टै'नॅबॅल् a. (चमड़ा) शोध्य, कमाने योग्य, पकाने लायक; दृढ़ीकरणीय, कड़ा करने योग्य, सख्त करने लायक; प्रताड्य, मारने योग्य, पीटने योग्य, मरम्मत करने योग्य, कुन्दी^F करने काबिल।
tannage –निज् n. चर्मसंस्कार, (चमड़ा) कमानेकी विधि^F, पकानेका तरीका।
tannate टै'नॅट् a. शल्कीय, छाल^Fका, छालवाला।
tanner[1] टै'नॅर् n. चर्मसंस्कर्ता, चर्मकार, चर्मशोधक, चमड़ा रंगनेवाला; ~s refuse (प्रा० भू०) **चमड़ा-कमाई-कचरा**।
tanner[2] n. (ग्रा०) छः पेंसका एक सिक्का।
tannery –रि n. चर्मसंस्कार-गृह, चर्मशोधनालय, चमड़ा पकानेकी जगह^F; चर्मसंस्करण, चमड़ा पकानेका व्यवसाय।
tannic acid टै'निक् ॲ'सिड् n. शल्किक अम्ल।

tanning टै'निंग् n. शल्कन; चर्मसंस्कार, (प्रा० भू०) चर्मशोधन (~ *expert*), चमड़ा कमाना।

T.A.N.S. Territorial Army Nursing Service.

tansy टैन्'ज़ि n. सहस्रपर्णी[F], (एक सुगन्धित बूटी[F]) तैंसी[F]।

tantalization टैन्टॅलाइज़े'शॅन् n. छेड़छाड़[F], चिढ़ाव; तरसानेकी क्रिया[F], ललचाव, तरसाव, लुहकाना, टहकन[F]।

tantalize –'टॅलाइज् v.t. तृष्णा[F] उत्तेजित करना, आशा[F] बढ़ाना, तरसाना; मानसिक कष्ट देना, झूठी आशाएँ[F] देना, डहकाना; चिढ़ाना।

tantalizer –ज़ॅर् n. तृष्णोत्तेजयिता, आशोद्दीपयिता, तरसानेवाला; मानसिक कष्टदाता, ललचानेवाला, डहकानेवाला।

tantalum टैन्'टॅलॅम् n. सहातु[F], (रसा०) T.।

tantamount टैन्'टॅमॉउन्ट् a. सम, समान, तुल्य, समकक्ष, बराबर; समार्थक, तुल्यार्थ (*his message was ~ to flat refusal*)।

tantara टैन्टा'रॅ n. पटह-ध्वनि[F], नगाड़ेका शब्द, नफीरीकी आवाज[F]।

tantivy[1] टैन्टि'वि n. (प्रा०) शिकारियोंकी आवाज[F], दुनदुन[F]; क्षिप्रगति[F], झपट[F], दौड़[F], कूद-फाँद[F]।

tantivy[2] v. i. झपटना, दौड़[F] पड़ना, सरपट[F] दौड़ना।

tantivy[3] a. क्षिप्र, आशु, झटपट, तेज, तेजी[F]का।

tantivy[4] adv. क्षिप्रतया, सवेगेन, झपट[F]के साथ, दौड़[F]के साथ, तेजी[F]से।

tant mieux (F) इतना अच्छा है।

tanto uberior (L) इतना और धनी।

tant pis (F) इतना बुरा है।

tantrism टैन्'ट्रिज़्म् n. तान्त्रिक मत, तन्त्रवाद, तन्त्रसिद्धान्त।

tantrist –ट्रिस्ट् n. तान्त्रिक, तन्त्रवादी, तन्त्रसिद्धान्ती।

tantrum टैन्'ट्रॅम् n. (चि०) आवेश, क्रोध या चिड़चिड़ेपनका प्रदर्शन, मचलन[F], (*is in, went into her, ~s*)।

tanyphonia ⊙ टैनिफो'निअॅ n. क्षीण ध्वनि[F], क्षीणवाक्, पतली आवाज[F]।

Taoism टा'ओइज़्म्, टॉउ'इज़्म् n. (चीनका) ताओ धर्म।

tap[1] टैप्' n. नल, बम्बा, (रसा०, भौ०) टोंटी[F]; डाट[F], ठेंठी[F]; (विशेष रूपसे खींची हुई) अत्युत्कृष्ट शराब[F] (*excellent ~*); मदिरालयकक्ष; (यन्त्र०) भीतरी चूड़ीकट, चूड़ी[F] बनानेका डाट[F], पेचतराश; (रेल०) टप; ~-borer बरमा; ~ connection समानान्तर संयोजन; ~-house भट्ठी[F]; ~-room मधुशाला[F], मदिरालय, कलारखाना या होटलमें शराब[F]का कमरा; ~-root अधिमूल, मूसला, प्रधान मूल, (कृषि०, वन०) मुसलमूल, मूसला जड़; जड़[F]का असली बड़ा हिस्सा; (*on ~* (पीपा) काग या डाट[F] लगा हुआ; (मदिरा[F] या द्रव पदार्थ) डाटदार पीपेमें रखा; (खजानेकी कुर्की[F] या चालान) निश्चित दर[F] पर माँग[F]के अनुसार प्राप्य।

tap[2] v. t. टोंटी[F] लगाना, काग लगाना, डाट[F] लगाना; छेदना, बरमना, पीपेमें छेद करके निकालना; चुआना; (रसा०) अंश निष्कासन करना; (शल्य०) शल्योपचार करना, पारवेधन करना, द्रव या पीप निकालनेके लिए .सम्बन्ध स्थापित करना, व्यापार या कारबार फैलाना; (*for* के साथ) प्रार्थना[F] करना, दरखास्त[F] करना; (विषय या प्रसंग) छेड़ना; पेंच या चूड़ियाँ[F] बनाना।

tap[3] n. थपकी[F], चपेट[F], हलकी चोट[F], धप्पा, थाप[F], दस्तक, खटखटाहट[F] (*heard a ~ at the door*); (निदान०) एक प्रकारका जङ्गल ज्वर; (सेना०) भोजनकालीन बिगुल; (सैन्यावासमें) रोशनी[F] बुझानेका बिगुल ⊙; ~-dancing (पैरोंसे थपकियाँ[F] दिये जानेवाला) एक प्रकारका मंचनृत्य जैसे कथाकेलि[F]।

tap[4] v.t. & i. थपकना, दस्तक देना, खटखटाना (~ *the door with your knuckles*); (जूतेकी एड़ी[F]पर) चमड़ा लगाना।

tapa टा'पॅ n. (पोलिनेशियायी शहतूतकी) अन्तस्त्वक्, अन्तश्चर्म, अन्तर्वल्कल, भीतरी छाल[F]।

tape[1] टेप्' n. पट्टिका[F], बन्धनी[F], दीर्घपट्ट, फीता, निवार, टेप, (मशीन[F]के चक्केपर चढ़ा हुआ मजबूत) पट्टा; (जिसपर तारके संवाद अंकित किये जाते हैं वह) कागजकी पट्टी[F]; (ग्रा०) मद्य, मदिरा[F], शराब[F]; ~ grass सलिल-कुन्तल; needle ⊙ सूजा; ~-line, ~-measure नापनेका फीता, पैमाइशी टेप; ~worm पट्टकृमि, (चि०) फीताकृमि, चपटा कृमि;

~cotton, ~ holder, ~ price, ~ record, ~ relay, ~ splicing, ~-tied.

tape[2] v.t. फीता लगाना, फीतेसे बाँधना; (किसी व्यक्तिको देखकर) भाँप लेना।

tapeless –'लिस् a. दीर्घपट्टरहित, बन्धनीरहित, बिना फीतेका।

taper[1] टे'पॅर् n. दीपिका[F], क्षुद्र, दीप, सिक्थवर्तिका[F], मोमबत्ती[F], दीया; (रेल०) सलामी[F]।

taper[2] *v.t. & i.* (*प्रायः ~off*) शुण्डाकार होना या बनाना, क्रमसूक्ष्माग्र करना या होना, गावदुम बनाना, शंकाकार करना या होना, स्तूपाकार बनाना या होना।

taper[3] a. (अब प्रयुक्ततः का० या भाषण) शंकुवत्, स्तूपसदृश, शुण्डाकार, गोपुच्छाकार, गावदुम, सूक्ष्माग्र।

tapered, tapering –ड्, –रिंग् aa. शुण्डाकार, गोपुच्छाकार, गावदुमाकार, पृत्तानुपूर्व।

tapering –रिंग् १. n. (वन०) गावदुम; २. a. =TAPERED.

taperness –पॅर्निस् n. शंकुवत्ता[F], क्रमसूक्ष्माग्रता[F], गोपुच्छसादृश्य, शुण्डाकारिता[F], क्रमसूक्ष्म आकृति[F], गुल्दुमापन।

taperwise –वाइज् adv. क्रमसूक्ष्माग्रतः, शुण्डाकृतिरूपमें, गोपुच्छाकार, कम होते हुए।

tapestried टैपिस्ट्रिड् a. चित्रयवनिकाच्छादित,

चित्रयवनिकासज्जित, परदेवाला।
tapestry –ट्रि n. चित्रयवनिका^F, शोभा-वस्त्र, परदा।
taphophobia ⊙ टैफ़ॅफ़ो'बिॲ n. (चि०) आत्मनिखनन संत्रास, (शिक्षा०) **निखननभीति**^F।
tapioca टैपिओ'कॅ n. (रसा०) T. (~ *starch*); प्रकण, मण्डीय पदार्थ, कसावाकी सूजी^F, **टैपियोका** (~ *flower, starch*)।
tapir टे'पॅर् n. तापिर, जलतुरग (स्तनपायी अमरीकी पशु-विशेष)।
taproid –राएड् a. जलतुरगाकार, तापिर-सदृश।
tapis टै'पी(पि)स् (F) n. विचाराधीन; =TAPESTRY; *upon the* ~ विचाराधीन।
tapotement टॅपोट'मॅन्ट् n. मालिश^Fकी थपथपी^F।
tappable टै'पॅ ॅल् a. छेद्य, छेदनीय, बरमा करने योग्य; शल्योपचार्य, शल्योपचारणीय; शल्यचिकित्स्य, शल्यनीय, पीप निकालने योग्य, मवाद निकालने लायक; काग लगाने लायक, डाट^F लगानेका; थपकी^F देने योग्य, खटखटाने लायक, थपथपाऊ।
tapper टै'पॅर् n. थपकानेवाला, थपकी^F देनेवाला, खट-खटानेवाला; दूरलिख कुंजिका^F; तारकी कुंजी^F, टेलीग्राफ-का संकेत यन्त्र; **चूड़ीकाट**; (रेल०) **टप चलानेवाला**; च्यावक, चुकानेवाला।
tappet टै'पिट् n. (यन्त्र०) भुजा^F, T.।
tapping टै'पिंग् n. (शल्य०) वेधन, पारवेधन; **थपकना**, (रेल०) **टप चलाना**; (कृषि०) **टोंटी^Fसे निकालना**, च्यावन, वेधन करके चुआना; **टपमापी**; ~ machine च्यायमापी; **टपमापी यन्त्र**;
~ box ~ incision, ~ licence, ~ season, ~ series, ~ tool.
tappit टै'पिट् a. शिखी, शिखामय, शिखायुक्त, चूड़ामय, सचूड़, चोटीदार, कलँगीदार (~ *hen*)।
taps टैप्स् n. थपथपाहट^F, खटखटाहट^F।
tapsalteerie, -sie- a. = TOPSY-TURVY².
tapster टैप्'स्टॅर् n. मद्य-विक्रयी, मदिरा-विक्रेयी, मदिरा-विक्रेता, कलार।
tar¹ टार्' n. सर्जरस, राल, विराल, (रसा०) **अलकतरा**, (रसा०, नौवि०) **तारकोल**, धूना, कोलतार, **डामर**; T.; ~-board (विराल-रक्त रज्जु^Fका) स्थूल पत्र-पट्ट; पत्रपट्ट, मजबूत दफ्ती^F; ~ macadam सड़क^F कूटनेकी तार-कोली रोड़ी^F, कोलतारयुक्त पत्थर इत्यादिका ढोंका; ~-water सर्जरस-सत्व विरालरस, रालरस; *a touch of the ~-brush* वर्ण-संकर, हब्शी रक्तका सम्मिश्रण; *~ and feather* (दण्डस्वरूप) शरीरपर विराल या तारकोल फेरकर पंख चिपका देना;
~-bedaubed, ~-boiling cart, ~-brand, ~-brush, ~ compound, ~- dipped, ~distiller, ~ oil, ~ paper, ~-paved, ~-soaked, ~-spot, ~-weed, ~ yard.
tar² v. t. तारकोल लगाना, धूना करना।
tar³ n. नाविक, माँझी, मल्लाह।
taradiddle, tarra- टै'रॅडिडॅल, टै'रॅ- n. (बोल०) कपोल कल्पना^F, मनगढ़न्त बात^F, झूठी बात^F, गप्प^F; झूठ।
tarantass टैरॅन्टैस्' n. टैरण्टास (एक चार पहियेकी रूसी गाड़ी^F)।
tarantella, -elle टैरॅन्टे'लॅ, -ऍ'ल् n. (इटलीका) आघूर्णमान नृत्यविशेष, चकफेरी, तरनतेल, तेरन्तला।
tarantism टै'रॅन्टिज़्म् n. (इटलीमें) नृत्यरोग-विशेष; नृत्या-उन्माद (तरन्तुला^F नामक मकड़ी^Fके काटेके कारण)।
tarantula टॅरैन्'ट्यूलॅ n. (दक्षिणी यूरोप, वि० तारेन्तम नगरकी एक विषैली मकड़ी^F) तरन्तुला^F।
tarantular टॅरैन्'ट्यूलॅर् a. तरन्तुला-सदृश, तरन्तुला मकड़ी^Fका।
taratantara टैरॅटैन्'टॅरॅ, टा'रॅ १. n. तुरही^F या बिगुलकी आवाज^F, धू-तू-तू, धू-तू; २. v.t. & i. धूधू-तूतू करना, तुरही^F बजाना।
taraxacum टॅरैक्'सॅकॅम् n. दुग्धतिक्ती^F, दुग्धतिक्ता^F, दुग्धतिक्त-प्रजाति^F।
taraxacum officinalis n. (चि०) दुग्ध फेनी^F, कर्णफूल, कानफूल।
tarazed ⊙ टैरेज़्ड् n. (गणि०) **तराज़द, तृतीय गरुड़**।
tarboosh टाबूॅश्' n. तरबूश^F, ऊँची बाढ़^Fकी तुर्की टोपी^F।
Tardenoisean,-ian टार्डॅनाएँ'ज़िॲन्, -इॲन् a. (पुरातत्त्व) उत्तरप्रस्तरयुगीन।
tardigrade टार्'डिग्रेड a. गतिमन्द, मन्दगामी, अक्षि-प्रगामी, धीरे-धीरे चलनेवाला।
tardiness टार्'डिनिस् n. मन्दता^F, आलस्य, अनि-च्छुकता^F, विलम्ब, **शिथिलता**^F (~ *rate*), सुस्ती^F, धीमापन, हिचकिचाहट^F, काहिली^F।
tardo (It.) a. & adv. मन्द-मन्द, आहिस्ता-आहिस्ता।
tardy –डि a. मन्द, चिरक्रिय, दीर्घसूत्री, विलम्बकारी, गतकाल, आलसी, सुस्त; अनिच्छुक, हिचकिचानेवाला, आगा-पीछा करनेवाला; विलम्बित ⊙ (~ *reform; retribution*)।
tare¹ टेॲर्' n. शायिघास, अहण्डा।
tare² n. भारमोक, धारक, (वाणि०) **धड़ा; बारदाना**; पैकिंग^Fके लिए दी हुई छूट^F; खाली गाड़ी^Fका वजन; खाली मोटरगाड़ी^Fका भार; (वाणि०) **बारदाना**; (जिसमें रखकर कोई पदार्थ तोला जाय उस) पात्रका भार।
tare³ v.t. धड़ा निकालना; (पैकिंग^Fमें पेटी^F इत्यादिका) भार निकालना, वजन मालूम करना; (रेल०) **खाली गाड़ी^F-का वजन करना**; ~ and tret असली वजन और धड़ा निकालनेके लिए हिसाबका कायदा।
targe टार्ज' द्रे० TARGET.
target टार्'गिट् n. शरव्य, लक्ष्य, लक्ष्यांक, **निशाना**, चाँद; (बन्दूक^F आदिके लिए प्रायः) आयाताकार लक्ष्य; T.; गोलाकार संकुलित गिरदा, गोला; कोई वस्तु^F जिससे निशाना लगाया जाय; लक्षित परिणाम; लक्ष्य-स्वरूप व्यक्ति; (रेल^Fका) छोटा गोलाकार सिग्नल; भेड़^Fका ऊपरका धड़; (*targe*) वर्म; छोटी ढाल^F; ~date **नियत तिथि**^F;

~ practice लक्ष्य अभ्यास, टार्गेट अभ्यास, चाँदमारी^{F};

~ area, ~ data, ~ frame, ~ pit, ~ signal, ~ staff, ~ store.

targeted –टि ड् a. वर्मयुक्त, ढालवाला, सिपरबन्द, ढाल^F लिये या लगाये हुए।

targeteer –टीअॅर n. सवर्म, सैनिक, वर्मयुक्त सैनिक, वर्मधर, ढालधारी, टलैत, सिपरबन्द सिपाही।

tariff[1] टॅ'रिफ् n. परियात-शुल्क, प्रशुल्क, शुल्क, तस्कर, चुंगी^{F}, प्रशुल्क-पद्धति^{F}; (अर्थ०) **शुल्क-पद्धति**^{F}; (अर्थ०) **शुल्क दर**; प्रशुल्कसूची^{F}, (अर्थ०) **शुल्क-दर-सूची**^{F}, चुंगी-तालिका^{F}, शुल्कावली^{F}, महसूलनामा, भाव, निर्खनामा, कीमत^F या किरायेका परवाना (*railway, refreshment-room* ~); T.; ~ reform प्रशुल्क-सुधार; ~ wall प्रशुल्क-भित्ति^{F}; T. युद्ध;

~ agreement, T~ Board, ~ charge, ~ commission, ~ committee, ~ concession, ~ duty, ~ negotiations, ~ price, ~ rate, ~ rulings, ~ schedule, ~ valuation, ~ value, ~ value schedule.

tariff[2] v.t. आयात-निर्यात करोंकी सूची^{F} बनाना, आयात-निर्यात कर निर्धारित करना, मूल्यका अनुमान करना, कीमत^F आँकना, महसूल निश्चित करना।

tarlatan टार्'लॅटॅन् n. बारीक मलमल, तारलातन।

tarn[1] टार्न्' n. गिरिपल्वल, **गिरिताल**, छोटी पहाड़ी झील^F, पोखर, धत्तान।

tarn[2] दे० TERN[2].

tarnal टार्'नॅल् a. & adv. मनहूस, कमबख्त; बहुत, निहायत, परले सिरेका।

tarnation –नेॅ'शॅन् int. ⊙ धिक्कार-धिक्-धिक्।

tarnish[1] टार्'निश् n. (रसा०) कलुषितता^{F}, **मलिनता**^{F}, निष्प्रभता^{F}, धूमिलता^{F}, (रसा०) **वर्णदूषण**, (रसा०) **बदरंग**, मटमैलापन; (खनि०) खनिज पदार्थोंके तलपर निर्मित रंगोंकी झिल्ली^{F}, स्तरी^{F}।

tarnish[2] v.t. & i. **वर्णविकृति**^{F} **करना या होना**, कलुषित करना, विमर्षित करना, दूषित करना, निष्प्रभ करना, धूमिल करना, **मलिन करना**, मन्द करना, मटमैला करना, **बदरंग करना या होना**।

tarnishable –शॅबॅल् a. विमर्षणीय, निष्प्रभ हो जाने-वाला, विकृत हो जानेवाला, दूषित हो जानेवाला, निष्प्रभ हो जानेवाला, मटमैला हो जानेवाला।

tarnished –श्ड् a. (प्रा० भू०) **मलिनित**, कलुषित, कलंकित, कुख्यात (*a ~ reputation*)।

taro टा'रो n. कचालू।

taroc, tarot टॅ'रक्,टॅ'रो n. ७८ पत्तोंकी ताशका खेल।

tarpan टार्'पॅन् n. [illegible] घोड़ा।

tarpaulin टार्पॉ'लिन् n. [illegible] (स्थि०) **तिरपाल**, [illegible] तिरपाल [illegible]

tarpon टार्'पॅन् n. महाशल्की^{F} (एक प्रकारकी बड़ी शिकारी मछली^{F})।

tarradiddle टॅ'रॅडिडॅल् n. अनृत-कथन, असत्य-भाषण, झूठ; गप^F।

tarragon टॅ'रॅगॅन् n. प्रनाग, कुन्दरू जैसा एक पौधा (~ *vinegar*)।

Tarragona a. टॅरॅगो'नॅ n. तरगोना^{F}, अरगवानी शराब^F, स्पेनकी हल्की शराब^F।

tarras टॅ'रॅस् n. TERRACE का प्राचीन रूप।

tarred टार्ड' a. विरालित (~ *road*)।

tarriance टॅ'रिॲन्स् n. वास, ठहराव, टिकाव, बसेरा; प्रतीक्षा^{F}, प्रतीक्षण, परखना, इन्तजार; विलम्बन, काल-क्षेपण, देर^F लगाना।

tarrier –ॲर् n. वासी, ठहरनेवाला, टिकनेवाला; बसेरा करनेवाला; प्रतीक्षक व्यक्ति, इन्तजार करनेवाला आदमी; विलम्बी व्यक्ति, कालक्षेपी पुरुष, देर^F लगानेवाला आदमी।

tarry[1] –रि v. i. & t. बसना, ठहरना, टिकना, बसेरा करना; विलम्ब करना, आलस्य करना, धीमा चलना, ढील करना, देर^F करना; अटकाना, टाल रखना; प्रतीक्षा^{F} करना, परखना, इन्तजार करना; राह^F देखना, बाट^F ताकना, आसरा देखना।

tarry[2] टा'रि a. विरालवत्, विराल-सदृश, अलकतरा-सदृश, अलकतरावाला; कज्जलद्रवीय, अराल-सम्बन्धी, राल^F या तारकोलका, रालवाला, धूनेका, राल^{F}का सा (~ *liquid*)।

tarsal[1] टार्'सॅल् n. (चि०) **पिचण्डिका**^{F}, **प्रपदोपास्थि**^{F}; (जीव०) **गुल्फिका**^{F}, T.।

tarsal[2] a. गुल्फीय, (जीव०, चि०) गुल्फिका-, प्रपदो-पास्थि-; पिचण्डीय, कूर्चास्थीय, टखनेकी हड्डियों^{F}का; अन्त्यपाद-खण्डीय, कीड़ेके पैर इत्यादिके सिरेका; वर्त्म-पट्टीय, पपोटेका; ~ artery (चि०) **पिचपिण्डिका-धमनी**^{F}; ~ gland (चि०) **नेत्रच्छदाशय ग्रन्थि**^{F}; ~ podomere **गुल्फ पादखण्ड**।

tarsalgia ⊙ टार्सॅ'ल्'जिॲ n. (चि०) पिचण्डिकार्ति^{F}, पादपीड़ा^{F}, पादवेदना^{F}, पैरकी टहन^F।

tarsia टार्'सिॲ n. लकड़ी^{F}में एक प्रकारकी पच्चीकारी^{F}का काम।

tarsier टार्'सिॲर् n. कुर्सीमर्कट (एक अनोखी लंगूर)।

tarsus टार्'सस n. (pl. -i) (चि०) नेत्रच्छदाशय, [illegible] की उपास्थि^{F}; **पिचण्डिका**^{F}; प्रपदोपास्थि^{F}, कूर्चास्थि^{F}; (कृषि०, जीव०) गुल्फ^F, **गुल्फिका**^{F}; (चि०) **नेत्रच्छदा-शय**; गुल्फिकास्थि^{F}, टखना या टखनेकी हड्डी^{F}, [illegible] पादकी नसा^{F}; T.; (कृषि०) [illegible], [illegible] पाद-खण्ड, कीड़ेके पैर [illegible] सिरा; [illegible] पपोटा।

tart[1] टार्ट्' n. [illegible]

tart[2] a. [illegible]

मिजाज।
tartan[1] टार्'टॅन् a. & n. ऊनी (कपड़ा), चारखाना; (क०) स्काटलैण्डका पहाड़ी; स्काटलैण्डकी पहाड़ी (जाति^F)।
tartan[2] n. (भूमध्यसागरमें चलनेवाला) एकमस्तूली जहाज।
tartaned –ड् a. चारखाना या टारटन पहने हुए।
tartar[1] टार्'टॅर् n. न्यासव; दन्तशर्करा^F, दाँतोंपर जमा हुई मैल।
Tartar[2], **Tatar** टा'टॅर् n. तातार, तातारी, तुर्क, कॉसक; *catch a ~* शेरका मुँह चूमना, अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली प्रतिद्वन्द्वीसे भिड़ना।
Tartarean टार्टे'ॲरि'ॲन् a. रसातल-सम्बन्धी, तरतरूसी, यमलोकसे सम्बन्धित।
Tartarian a. तातारी।
tartaric, tartarous टार्टॅ'रिक्, टार्'टॅरॅस् aa. न्यासविक, न्यासव-सम्बन्धी, न्यासवमिश्रित, टाटरी^Fका (*~ acid*)।
tartarization –र्टॅराइज़े'शॅन् n. न्यासव-मिश्रण, न्यासव या टाटरी^F मिलानेकी क्रिया^F, टाटरी^F बनाने या जमानेकी क्रिया^F।
tartarize –टॅराइज़् v. t. न्यासवमिश्रित करना, तलछट^F या टाटरी^F मिलाना, टाटरी^F बनाना या जमाना।
tartarous –रॅस् a. दे० TARTARIC.
tartish टार्'टिश् a. ईषच्छुक्त, ईषदम्ल, कुछ खट्टा; ईषत्तीक्ष्ण, ईषत्कटु, ईषत्कठोर, कुछ कठिन, कुछ मार्मिक; कुछ चिड़चिड़ा, गरममिजाज-सा।
tartlet टार्ट्'लिट n. छोटा मीठा समोसा।
tartness टार्ट्'नॅस् n. शुक्तता^F, अम्लता^F, खट्टापन, खटाई^F, तेजी^F, तुर्शी^F, चरपरापन; तीक्ष्णता^F, कटुता^F, कठिनता^F, मार्मिकता^F, तीखापन; चिड़चिड़ापन, गरममिजाजी^F।
tartrate टार्'ट्रॅट् n. न्यासव, टाटरी^F।
Tartuf(f)e टार्टुफ़्' n. धार्मिक पाखण्डी व्यक्ति, बगला भगत।
Tartuf(f)ish –'फ़िश् a. कृत्रिम, दिखावेका, तरतूफ़ी।
Tartuf(f)ism –फ़िज़्म् n. धार्मिक पाखण्ड, तरतूफ़ियत।
tasimeter टॅसि'मिटॅर् n. तापान्तरमान, तापान्तरमापक यन्त्र, टेसीमीटर।
task[1] टास्क् n. **कार्य, कर्म**, कर्तव्य, सौंपा हुआ काम; पाठशाला^Fका कार्य (*I have done my ~*); स्वेच्छया लिया हुआ कार्यभार, ठेका, धन्धा (*arduous ~*); (सेना); ~ element **कृतिक टुकड़ी**^F; ~ fleet **कृतिक बेड़ा**; ~ force ⊙ **कृतिक बल**, कार्य-विशेषके लिए संगठित दलकी इकाई^F या यूनिट^F; ~ group **कृतिक दल**; ~ unit **कृतिक यूनिट**; ~ wage (अर्थ०) **नियत कार्य-मजदूरी**^F; ~ work **नियत कार्य**।
task[2] v. t. कार्य सौंपना, कार्यभार देना, बोझ डालना, कर्मनियुक्त करना, कामपर लगाना, काम लेना, मेहनत^F लेना; *take person to ~* (भूलों^Fके लिए) भर्त्सना^F करना, लानत-मलामत^F करना।
tasker –'कॅर n. =TASKMASTER.
taskmaster –क्'मा'स्टर् n. स्वामी, मालिक, काम लेनेवाला।
taslet टैस्'लिट् n. लघूरुत्राण, क्षुद्र जंघा-कवच, छोटा जाँघ^Fका बख्तर।
tass टैस्' a. लघु मद्य-चषक, छोटा शराब^Fका प्याला।
tasse टैस्' n. ऊरुत्राण, जंघा-कवच, जाँघ^Fका बख्तर।
tassel[1] टै'सॅल् n. प्रगुच्छ, गुच्छ, फुँदना, झब्बा; लटकन^F, झालर^F; (कृषि०) **बल्लर**, पौधोंका शीर्षभाग, पुंकेसर, पुष्पस्तवक; (पुस्तक-चिह्नवत् प्रयुक्त) फीता;
~ fin, ~ flower, ~ grass.
tassel[2] v. t. फुँदना लगाना, झालर^F लगाना; गुच्छे बनाना; पौधोंका शिरश्छेदन करना।
tasselled –ड् a. प्रगुच्छित, गुच्छित, फुँदनेदार, झालरदार; स्तबकित, पुष्पस्तवकित, फूलके गुच्छेवाला; फीतेदार।
tastable टेस्'टॅबॅल a. आस्वादनीय, सुस्वादु, स्वादिष्ट, स्वादवाला, जायकेदार, मजेदार।
taste[1]* –ट्' n. आस्वाद, सुस्वादुता^F, (चि०, कृषि०, जीव०) **स्वाद***, रस, जायका, मजा (*~ receptor*); अनुभूति-बोध; (व्य०) आस्वादक्रिया^F, आस्वादन, चखनेकी क्रिया^F; **अभिरुचि**^F, प्रवृत्ति^F, (अर्थ०) **रुचि**^F, शील, (अर्थ०) **पसन्द**^F, शौक, रुझान^F (*no ~ for drawing*); सूक्ष्मदर्शिता^F; सुरुचिपूर्ण कलाकृति^F;
~ bud ~ cell, ~ hairlet, ~ organs, ~ pore ~ receptor, ~ tetrahedron.
taste[2] v. t. & i. आस्वाद लेना, स्वाद लेना, चखना, मजा चखना (*~ this cheese*); रसानुभूति^F करना, स्वादानुभव करना, आनन्द देना, लुत्फ उठाना, मजा उठाना, बरदाश्त^F करना (*cannot ~ a joke against himself*); अनुभव करना अनुभूति^F करना, मालूम करना, आजमाना।
tasteable –टॅबॅल् a. = TASTABLE.
tasteful –'फुल a. सुरुचिसम्पन्न, सुरुचिपूर्ण, रुचिकर; रोचक; सुस्वादु; सुरस, सरस, स्वादिष्ट; मनचाहा, दिलपसन्द, मीठा, मजेदार।
tastefulness –नॅस् n. सुरुचिसम्पन्नता^F, सुरुचिपूर्णता^F, रुचिकरता^F, रोचकता^F; स्वादिष्टता^F, सुस्वादुता^F, स्वाद, स्वादीपन, मजा।
tasteless –'लिॅस् a. स्वादविहीन, स्वादरहित, नीरस, विरस, रसहीन, बेमजा, सीठा, फीका; रुचिबोधमें शारीरिक रूपसे असमर्थ; कलात्मक अभिरुचिरहित; कुरुचियुक्त, सुरुचिहीन, अप्रीतिकर, नापसन्द; जंगली।
tastelessness –नॅस् n. स्वादविहीनता^F, स्वादराहित्य, नीरसता^F, विरसता^F; कलात्मक अभिरुचि-राहित्य; कुरुचियुक्तता^F, सुरुचिहीनता^F, अप्रीतिकरता^F, नापसन्दगी^F।
taster –टॅर् n. स्वाद लेनेवाला, आनन्द लेनेवाला;

(चाय^F इत्यादिका स्वाद लेनेके लिए नियुक्त) चाखा; (प्रकाशकके यहाँ) पाण्डुलिपि-पाठक, सम्पादक।

tasty –टि a. (बोल०) स्वादपूर्ण, सुस्वादु, स्वादिष्ठ, रुचिकर, मजेदार, स्वादवाला; (अत्र ग्रा०; वस्त्र, सज्जा^{F} आदि सम्बन्धी) सुरुचि-सम्पन्न, प्रीतिकर।

tat[1], **tattoo** टैट्,टैटू nn. टट्टू।

tat[2] n. टाट, बोरी^{F}।

tat[3] v. i. & t. झालर^F गूँथना, कसीदेका काम करना।

ta-ta टैटा' int. (विदाईके समय अंग्रेजी नमस्कार) टा-टा !, विदा^{F}।

Tatar टा'टर् दे० TARTAR[2].

Tate Gallery टेट्'गैलॅरि n. टेट गैलरी^{F} (लन्दनकी एक चित्रशाला^{F})।

tatter[1] टैटॅर् n. (प्रायः pl.) चीवर, चिथड़ा, पुर्जा, धज्जी^{F}, चिरकुट, टुकड़ा; खस्ताहाल, चिथड़े-लगा या फटीचर व्यक्ति।

tatter[2] v. t. चिथड़ा करना, पुर्जा करना, धज्जी^{F} उड़ाना, टुकड़ा करना।

tatterdemalion –डि मै'लिअॅन् n. चिथड़ेदार व्यक्ति, धज्जीदार आदमी, चिरकुटिया व्यक्ति, गुदड़िया व्यक्ति, चिथड़े-लगा व्यक्ति, फटेहाल आदमी, गूदड़।

tattered, tattery टैटॅर्ड, टैटॅरि aa. जीर्ण, जर्जरित, फटा हुआ, फटा पुराना, चिथड़े-चिथड़े।

tatting टैटिंग् n. झालर^F गूँथनेका काम, गूँथना, कसीदे-का काम।

tattle[1] टैटॅल् n. बक-बक^F, बकवाद^F, गप-शप^F, बड़-बड़ाहट^F, बकझक^F, बकवास^F, वाही-तबाही बातें^{F}; ~ tale (दर्श०) **पिशुन**।

tattle[2] v.i. & t. बकबकाना, बड़बड़ाना, बकवाद^F करना, लुतरापन करना, बेसमझे कोई बात^F कह डालना।

tattler –लॅर् n. बातूनी, बकबड़िया, बकी, बक-बक^F करनेवाला, गप्पी, लुतरा; टिटिहरी पक्षी।

tattling[1] –लिंग् n. आख्यान-कथन, गल्प-कथन, कहानी^{F} कहना; वाणी-स्खलन, तुतलाना, हकलाना।

tattling[2] a. प्रलापी, बकवादी; तुतलानेवाला।

tattoo[1] टॅटू' n. (सेना^{F}में) दस बजे रात^{F}का बिगुल, गजर; *beat the devil's* ~ फूहड़पनसे ढोल बजाना।

tattoo[2] v. i. (मेज^F इत्यादिपर अँगुलियों^{F}से) खटखटाना, तबला-सा बजाना।

tattoo[3] *n.* त्वचोत्कीर्णन, गुदना, गोदा (~ *mark*)।

tattoo[4] v.t. त्वचोत्कीर्णन करना, गुदना करना, गोदना, गोदा लगाना।

tattoo[5] टॅटू n. टट्टू।

tatty[1] टैटि n. टट्टी^{F}, टाटर^F, टटिया^{F}।

tatty[2] a. उलझा हुआ।

tau टॉ',टाउ' n. यूनानी भाषा^{F}का अक्षर (T, T) = t; पतंगाकृति महलियाँ^{F}; (गुम०) T की आकृतिवाली वस्तुएँ^{F} (~ *cross*)।

taught टॉट्' a. अभ्यासित, पढ़ाया गया, सिखाया हुआ।

taungya टॉंग्जिआ n. वनकृषि^{F}, [illegible] खेती^{F}

(~ *method*)।

taunt[1] टॉन्ट् n. उपालम्भ, अधिक्षेप; कटाक्ष, उलाहना, अवज्ञा^{F}, व्यंग्य, भर्त्सना^{F}, निन्दा^{F}, ताना, मलामत^F (*endured the* ~*s of his neighbours*)।

taunt[2] v. t. उपालम्भ करना, उलाहना देना, अवज्ञा^{F} करना, व्यंग्य करना, भर्त्सना^{F} करना, निन्दा^{F} करना, कटाक्ष करना, ताना मारना; मलामत^F करना, चुभती बात^F करना।

taunt[3] a. (नौवि०, जहाजका मस्तूल) उच्च, दीर्घ, लम्बा, ऊँचा, बुलन्द।

taunter –'टॅर् n. उपालम्भयिता, अवज्ञाता, व्यंग्यकर्ता, व्यंग्यकार, उलहना^{F} देनेवाला; भर्त्सक, निन्दक व्यक्ति, कटाक्षकर्ता, ताना मारनेवाला, बुरा-भला कहनेवाला।

taunting –टिंग् a. सोपालम्भ।

taupe टाउप n. निपीत, धूसर वर्ण, भूरा रंग।

taupie –पी, –पाइ n. = TAWPIE.

tauriform टॉ'रिफ़ॉर्म a. वृषभाकृति, वृषभाकार, बैल-सदृश, बैल जैसा।

taurine –राइन् a. वृषी, वृषभीय, वृषभ-विषयक, बैलका।

taurobolium ⊙ टॉरॅबो'लिअॅम् n. (इति०) **रक्त-वपरितस्मा**।

taurodontism ⊙ टॉ'रॅडॉन्टिज़्म् n. (दंति०) **वृषभ-दन्तिता^{F}, टोरोडान्टता^{F}**।

tauromachy –रॉ'मॅकि n. वृषभ-संगर, वृषभ-संग्राम, वृषभयुद्ध, वृषभ-द्वन्द्व, बैलोंकी लड़ाई^F।

Taurus –'रॅस् n. **वृषभ**, बैल; **वृष**, वृष राशि^{F} या नक्षत्र, T.।

taut –टॉट' a. (नौवि०, रज्जु-सम्बन्धी) अशिथिल, कसा हुआ, **तना हुआ**, कड़ा, खिंचा हुआ; दृढ़, मजबूत, तगड़ा; रक्षित, सुरक्षित।

tauted ⊙ –'टिड् a. = TATTY[2].

tauten टॉ'टॅन् v.t. & i. सुगठित करना या होना, तानना, कसना, तनना, दृढ़ करना या होना; मजबूत करना, तगड़ा बनाना या होना; रक्षित करना, सुरक्षित करना, बचाकर रखना, सम्हालना।

tautness टाट्'निस् n. अशिथिलता^{F}, दृढ़ता^{F}, तनाव^F; सुव्यवस्थितता^{F}, सुप्रबन्ध, सुनियोजन, अच्छी दशा^{F}, चालू हालत^F।

tauto- पुनः-, पुनरुक्ति- (~ *chronism*, ~*chronous*, ~ *logy*, ~*phony*); तद्वत् (~ *syllabic*); प्रावर्त- (~ *mer* प्रावर्तिता^{F}, ~ *meric* प्रावर्तिक, ~*merism* प्रावर्तता^{F})।

tautochronous टॉटॉ'क्रॅनॅस् a. (ग०) **एककालिक**; बारम्बार, फिर-फिर उसी रंगका।

tautologic, -al टॉटॅलॉ'जिक्, –कल् aa. पुनरुक्त; द्विरुक्तिक, पुनरुक्ति-सम्बन्धी; **समानार्थक** (~ *definition*), [illegible], [illegible]।

tautologism –टॉ'लॅजिज़्म् n. द्विरुक्तिप्रयोग, पुनरुक्त वाक्य।

tautologist –जिस्ट n. [illegible], [illegible]

रूपान्तरकार, अनुवाद।
tautologize –लॅगाइज् v. i. द्विरुक्ति^{F} करना, पुनरुक्ति^{F} करना, रूपान्तर करना, अनुवाद करना।
tautologous –गॅस् a. =TAUTOLOGICAL.
tautology –लॅजि n. द्विरुक्ति^{F}, पुनरुक्ति^{F}, रूपान्तर, अनुलाप, अनुवाद, एक बात^{F}का दूसरे शब्दोंमें दुबारा कथन (*arrived one after the other in succession* में)।
tautomerism टॉटॉ'मॅरिज़्म् n. (रसा०) **चलावयवता^{F}, चलसाम्यावयवता^{F}**।
tautophony –'फॅनि n. ध्वनिद्विरुक्ति^{F}, ध्वन्यभ्यास।
tautosyllabic ⊙ टॉटॅसिलै'बिक् a. तदक्षर-विषयक, तदक्षर-सम्बन्धी, उसी अक्षरका।
tavern टै'वॅर्न् n. पान्थशाला^{F}, पथिकाश्रम, (सार्वजनिक) मद्यशाला^{F}, मदिरालय, शराबखाना, कलवरिया, कलालकी दुकान^F, ~ *keeper* कलाल।
taw[1] टॉ' n. अण्टा, गोली^{F}, गोलियों^{F}का खेल, बिलियर्डका खेल; (अण्टे या बिलियर्डके खेलमें) सीमारेखा^{F}, पाला; एक संगमरमर; सफेद चमड़ा, चाबुक, तस्मा।
taw[2] v.t. चर्मशोधन करना, चमड़ा कमाना।
tawdriness टॉड्रिनिॅस् n. कुरुचिपूर्ण सज्जा^{F}, विकृत-रुचि सज्जा^{F}, भद्दी सजावट^F; भोंडापन, भद्दापन, फूहड़पन, बेढंगापन।
tawdry[1] –ड्रि n. अतिप्रदर्शनपूर्ण वेश-भूषा^{F}, विकृतरुचि सज्जा^{F}, अत्यलंकृत रूप, भद्दा लिबास।
tawdry[2] a. प्रदर्शनपूर्ण, बहिरुज्ज्वल, कुरुचिपूर्ण, विकृतरुचि, भड़कीला और भोंडा, भद्दा, बेढंगा।
tawer टॉ'ॲर् n. चर्मशोधक, खटिक, चमड़ा कमानेवाला।
tawery –रि n. चर्मशोध-गृह, वह कारखाना जहाँ शल्कि या कस्सेके बिना चमड़ा पकाया जाय।
tawniness टॉ'निनिॅस् n. पिंगता^{F}, पिंगलता^{F}, कपिशता^{F}, पीलापन, खाकीपन।
tawny –नि a. पिंग, पिंगल, कपिश, कद्रु, कडार, अवरक्तपीत, गेहुँवा, चम्पई, खाकी, भूरा।
tawpie, -py टॉ'पि, -पि a. & n. विचारहीन (बालिका^{F}), मूढ़ (बालिका^{F}), मूर्ख (छोकरी^{F}), बेवकूफ (लड़की^{F})।
taws(e) टॉज़्(ॲ) n. (स्काटलैण्डके विद्यार्थियोंपर प्रयुक्त चमड़ेकी) पटकन, कोड़ा, चाबुक।
tax[1]* टैक्स्' n. भाटक, (अर्थ०) **कर***, भाड़ा, महसूल, लगान*, **टैक्स**; दायित्व, अत्यधिक भार, अत्यधिक श्रम; अत्यधिक माँग^F, calling ~ जीविका-कर; capitation ~ प्रतिव्यक्ति कर; sales ~ बिक्री-कर; ~-collector, -gatherer **कर-समाहर्ता**, कर-संग्राहकाधिकारी, वसूलदार; ~-farmer कर-प्रसंवेदक (सरकार^{F}से किन्हीं करोंके संग्रहका ठीका लेनेवाला व्यक्ति); ~-free अकर, **करमुक्त** (~ *free goods*); ~ payer करद, करदाता;

~ administration, ~ avoidance, ~ base, ~-bought, ~-burden, ~ capitalization, ~-collecting, ~ collection, ~ consciousness, ~ corporation, ~ credit, ~ delinquency, ~ evader, ~ evasion, ~-exempt, ~ exemption, ~-gathering, ~ holiday, ~ inspector, ~ jurisdiction, ~-laden, ~ legislation, ~ leviable, ~-limit, ~ man, ~ officer, ~ offset, ~-paid, ~ payable, ~ payer, ~ rate, ~-revenue, ~-ridden, ~ roll, ~ sale, ~ superintendent, ~-supported, ~-system, ~ title, ~ token.
tax[2] v.t. राजस्व लगाना; कर लगाना, शुल्क लगाना, महसूल लगाना, टैक्स बाँधना; (कर लगानेके लिए) व्यक्तिका नाम दर्ज करना; माँग^F करना, भार डालना, बोझ डालना, अधिक जोर डालना; (परीक्षा^{F} या निरीक्षा^{F} के बाद) स्वीकृत या अस्वीकृत करना, अभ्यनुज्ञा^{F} देना अथवा अमान्य करना; (*with* के साथ) आरोप लगाना, दोष लगाना; ~ *memory* स्मरण करना।
taxability, taxableness –सॅबि'लिटि, –निॅस् nn. कराधेयता^{F}, करदेयता^{F}, करयोग्यता^{F}।
taxable –'सॅबॅल् a. आरोप्य, (का०, अर्थ०) **कराधेय, करदेय, करयोग्य**, कराधीन;
~ capacity, ~ income, ~ inhabitant, ~ profits, ~ property, ~quantum, ~ territory, ~ value.
taxation –से'शॅन् (का०, अर्थ०) **कराधान, करारोपण**, करस्थापन, करनिर्धारण, लगानबन्दी^{F}; कर लगाना, टैक्स लगाना;
~ authority, ~ officer, ~ policy.
taxer –'सॅर् n. भाटकग्रहीता, भाड़ा लेनेवाला, महसूल लेनेवाला; करग्रहीता, कराधाता, कर लगानेवाला, कर लेनेवाला, शुल्क लेनेवाला, टैक्स लेनेवाला।
unmake –क्' v.t. ध्वंस कर देना, भंग करना, नष्ट कर देना, कियेको मिटाना, बरबाद करना, रद्द करना ।

unman –मैन् v.t. आदमियोंको हटा देना या निकाल देना; पुरुषत्वहीन करना, पुरुषोचित गुणोंसे वंचित करना, नपुंसक बनाना, बधिया करना; बलहीन करना, दुर्बल कर देना, कमजोर कर देना, हताश करना, निरुत्साह करना, हिम्मत^{F} तोड़ देना, बेदिल करना ।

unmanageable –मै'निजॅबॅल् a. दुर्धर्ष, दुःसाध्य,

असाध्य, दुरुपचार्य, अनिर्वाह्य, दुर्निवार, अनिवार, अ-वश्य, अपरिचालनीय, अप्रबन्ध्य, अनुशासनमें लानेके अयोग्य, बदलगाम, काबूसे बाहर (~ *child, situation*)।

unmanageableness –नि॑स् n. दुःसाध्यता^F, अप्रबन्ध्यता^F, अनिर्वाह्यता^F, असाध्यता^F, दुरुपचार्यता^F, अवश्यता^F।

unmanaged –ज्ड् a. विपर्यस्त, अव्यवस्थित, बिखरा हुआ; दुर्निवार, अ-वश्य, काबूके बाहर।

unmanly –मैन्'लि a. अपुरुषोचित, पुरुषार्थहीन, भीरु।

unmannerliness –मैं'नॅर्-लिनि॑स् n. अशिष्टता^F, असभ्यता^F, बेहूदगी^F, बेहूदापन, बदतमीजी^F।

unmannerly –लि a. धृष्ट, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, बेहूदा, बदतमीज।

unmarked –मार्क्ट्' a. अपरिलक्षित, अलक्षित, (~ *trees*)।

unmarried –मैं'रिट् a. अविवाहित, कुँवारा, कुँवारी।

unmartial –मार्'शल् a. असामरिक, असैन्य, अयौद्धिक, अयुद्धोचित, गैरफौजी, गैरजंगी।

unmask –मास्क्' v.t. & i. छद्मवेश त्याग करना, स्वरूप-प्रकाश करना, आवरण हटा देना, भेद खोलना, नकाब उतारना, असलियत^F जाहिर करना, पर्दा हटा देना, कलई^F खोलना, कलई^F खुलना।

unmeaning –मी'निंग a. अनर्थक, निरर्थक, अर्थहीन, असंगत, बेमानी।

unmeant –मे॑न्ट् a. अनभिप्रेत।

unmeasurable –मे॑'ज़ॅरॅबॅल् a. अमेय, अपरिमेय, असीम, अकूत।

unmeasured –ज़ॅर्ड a. बेतौल, न तौला हुआ; (का०) अपरिमित, अमित, असीम, अतिरिक्त, अकूत, बेहिसाब, बेहद, नापतौल^Fके बिना।

unmeet –मीट्' a. (का०) अयुक्त, असमीचीन, अयोग्य, अनुचित, नामुनासिब (किसी प्रयोजनके लिए, किसी कार्य-को करनेके लिए)।

unmeetness –'नि॑स् n. अयुक्तता^F, अनौचित्य, अयोग्यता^F।

unmentionable –मे॑न्'शॅनॅबॅल् १. n. (pl.) (हास्य०) पायजामा; २. a. अकथ्य, अनुल्लेख्य, अनुल्लेखनीय।

unmentioned –न्ड् a. अनुल्लिखित, अकथित, जिसका जिक्र न हुआ हो।

unmerchantable –मर्'चॅन्टॅबॅल् a. अविक्रेय, पण्यायोग्य।

unmerciful –मर्'सिफुल a. निर्दय, दयाहीन, क्रूर, कठोर-हृदय, पत्थरदिल, बेदर्द।

unmetalled –मे॑'टॅल्ड् a. कच्ची (~ *road*)।

unmetrical –मे॑'ट्रिकॅल् a. अछन्द, अमानिक, अमापी।

unmew –म्यू' v.t. (कानून) बन्धनमुक्त करना, रिहा करना, बरी करना।

unmistakable –मिस्टे'कॅबॅल् a. निर्भ्रान्त, अभ्रान्त, भ्रमरहित, असन्दिग्ध, सुस्पष्ट, बिलकुल साफ, अचूक।

unmitigable –मि'टिगॅबॅल् a. अप्रशम्य, अन्यूनी-करणीय।

unmitigated –गेटि॑ड् a. सम्पूर्ण, निरा, पूरा (~ *blackguard*); अप्रशमित, अन्यूनीकृत।

unmixed –मिक्स्ट्' a. अमिश्रित, शुद्ध, निरा, खालिस, बेमेल।

unmoneyed –म'निड् a. निर्धन, दरिद्र, कंगाल, गरीब।

unmoor –मुअॅर्' v.t. (परि०) खोलना, (नौका^F इत्यादिकी, निर० भी) जंजीरें^F खोलना; दो या अधिकमेंसे एक लंगर उठाना (जलयान या नौका^Fका), जहाज चलाना; (ला०) अलग कर देना या रास्ता कर देना।

unmoral –मॉ'रॅल् a. अनैतिक, नीतीतर, नैतिकता^Fसे असम्बद्ध।

unmorality –मॅरै'लिटि n. अनैतिकता^F, नीतिहीनता^F, नीति-सिद्धान्तसे असम्बद्धता^F।

unmould –मोल्ड्' v.t. रूप बदलना।

unmounted –मॉउन्'टि॑ड् a. न जड़ा हुआ, दफ्तीपर न चिपकी हुई (तस्वीर^F); बेमढ़ा (नगीना); पदाति, अना-रूढ, पैदल, प्यादा, गैरसवार (~ *police*)।

unmoved –मूव्ड्' a. संयत, निर्विकार, शान्त, दृढ़ (उद्देश्यपर), अचल, स्थिर, अविचलित, भावनाओं^Fसे अप्रभावित, बेहरकत; उदासीन, स्थितप्रज्ञ।

unmuffle –म'फ़ॅल् v.t. & i. लिपटा हुआ गिलाफ़ या कपड़ा हटा लेना, गुलूबन्द या मफलर उतार देना।

unmurmuring –मर्'मॅरिंग् a. निरापत्ति, सहनशील, बेशिकायत।

unmusical –म्यू'जिकॅल् a. संगीतमें कोरा, संगीतके प्रति रुचि^F न रखनेवाला; कर्कश, विस्वर, अपस्वर, स्वर-शून्य, रूक्ष, रूखा, बेसुरा।

unmusicality –जिकै'लिटि n. विस्वरता^F, अपस्वरता^F, स्वरशून्यता^F, कर्कशता^F, रूक्षता^F, रूखापन, बेसुरापन, संगीत-विरति^F, संगीत-औदासीन्य।

unmuzzle –म'जॅल् v.t. कुत्ते आदिका छींका हटा लेना; मौन रहनेका बन्धन उठा लेना, खामोशी^Fकी कैद^F उठा लेना, बातचीत^Fकी आजादी^F देना।

unnamable –ने'मॅबॅल् a. अकथ्य, अकथ, अनुल्लेखनीय।

unnamed –नेम्ड्' a. अकथित, अनुल्लिखित।

unnatural –नै'चॅरॅल् a. नृशंस, निसर्गविरुद्ध, अनैस-र्गिक, पैशाचिक, अप्राकृतिक, प्रकृतिविरुद्ध (~ *death, offence*); कृत्रिम, अस्वाभाविक, बनावटी।

unnaturalness –नि॑स् n. नृशंसता^F, पैशाचिकता^F; कृत्रिमता^F, अनैसर्गिकता^F, अस्वाभाविकता^F, प्रकृति-विरुद्धता^F, अप्राकृतिकता^F, बनावटीपन।

unnaturalize –लाइज् v.t. देशीय न बनाना, अनु-कूल न करना; प्राकृतिक दशा^Fसे दूर करना, अप्राकृतिक बनाना।

unnaturalized –ड a. अदेशीयकृत, अगृहीत (विदेशी,

विदेशी शब्द, पशु, प्रथा^{F} इत्यादि)।

unnecessary –ने`सिसॅरि १. n. अनावश्यक पदार्थ, आवश्यकता^{F}से अधिक वस्तु^{F}; २. a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, वृथा, आवश्यकता^{F}से अधिक (*with ~ care, ~ delay*)।

unnerve –नर्व्' v.t. हतोत्साह करना, दुर्बल करना, शक्तिहीन कर देना, कमजोर करना; संकल्पसे विचलित कर देना, छक्के छुड़ा देना, बल निकाल देना, **औसान भुलाना** या उड़ाना, होश बिगाड़ देना, हिम्मत किरकिरी^{F} कर देना।

unnerved –ड्' a. शक्तिहत, हतोत्साह, असमर्थ, बलहीन, दुर्बल, पस्तहिम्मत।

unnumbered –नम्'बॅर्ड् a. संख्यातीत, अगणित, असंख्य, अनगिनत, अनगिन, बेहद, बेशुमार, बे गिना हुआ; असंख्यांकित, असंख्यात, बेनम्बर, बेनिशान।

U.N.O.; uno United Nations Organizations.

unobservance –अॅब्ज़र्'वॅन्स् n. उपेक्षा^{F}, असावधानी^{F}, अचेतनता^{F}, लापरवाही^{F}, बेखबरी^{F}।

unobserved –व्ड' a. अलक्षित, उपेक्षित।

unobstructed –अॅब्स्ट्रक्'टिॅड् a. अप्रतिबद्ध, अरुद्ध, बेरोक (*~ heritage*)।

unobtrusive –अॅब्ट्रू'सिव् a. अधृष्ट, संकोची, झेंपू, शर्मीला।

unof. unofficial.

unoffending –अॅफे`न्'डिंग् a. निरीह, निर्दोष, निरपराध, अपकार-रहित, अपकारहीन, दोषरहित, सरल,सीधा।

unofficial –अॅफि'शल् a. अक्रमिक, **अनौपचारिक; अनाधिकारिक, अशासकीय,** अमान्य, अनधिकृत, कार्यालय द्वारा अपुष्ट, कार्यालयसे असम्बद्ध, **गैरसरकारी;**
~ bill, ~ communication, ~ letter, ~ member, ~ observer, ~ translation.

unopposed –अॅपोज्ड्' a. **निर्विरोध,** बेरोक।

unoriginal –अॅरि'जिनॅल् a. अनुकरणमूलक, अमौलिक, गृहीत, नकली।

unornamental –ऑर्नमे`न्'टॅल् a. अनलंकृत, सादा; असुन्दर, भद्दा, भोंड़ा।

unowned –ओन्ड्' a.स्वामिहीन, अनधिकृत, लावारिस।

unpack –पैक्' v.t. (सन्दूक, पैकेज आदिका अथवा निर०) खोलकर सामान निकालना, निकालना, गठरी^{F} खोलना; बोझ उतारना।

unpaged –पेज्ड्' a. अपृष्ठांकित।

unpaid –पेड' a. अवैतनिक, बे-तनख्वाह (*~ peon*); (वाणि०) **अदत्त** (*~ tax*); शेष, बकिया; अशोधित (*~ debt*); the great ~ अवैतनिक दण्डाधिकारी (मजिस्ट्रेट) या न्यायाधीश;
~ apprentice, ~ article, ~ bills, ~ clerk, ~ letter, ~ money-order, ~ seller, ~ stamp, ~ wages.

unpaired –पेअॅर्ड्' a. (जीव०) **अयुग्मित** (*~ fin*)।

unparalleled –पेअॅ'रॅलॅल्ड् a. अप्रतिम, निरुपम, अनुपम, अपूर्व, अद्वितीय, अतुल्य, अतुल, अद्भुत, अनोखा, निराला, लासानी, बेनजीर।

unparental –पॅरे`न्'टॅल् a. अपैतृक, मातृ-पितृ-स्वभाव-विरुद्ध, माता-पिताके अयोग्य।

unparliamentariness –पार्लमे`न्'टॅरि-निस् n. असंसद्यता^{F}, असांसदिकता^{F}, संसद-मर्यादा-विरुद्धता^{F}, संसद-रीति-विरुद्धता^{F}, पार्लमेण्ट-नियम-विपरीतता^{F}।

unparliamentary –रि a. **सदस्येतर; असंसदीय,** असांसद, असांसदिक, व्यवस्थापिका सभा^{F}के नियम-विरुद्ध, खिलाफ दस्तूर पार्लियामेण्ट; ~ *language* असंसद्य भाषा^{F}, असांसदिक भाषा^{F},अश्लील भाषा^{F},अशिष्ट भाषा^{F}।

unpeg –पे`ग्, v.t. खूँटी^{F} हटाना, कील-काँटा निकालना, खोलना; ढीला करना।

unpeople –पी'पल् v.t. उजाड़ना, सूना करना, वीरान करना।

unphilosophical –फिलॅसॉ'फिकॅल् n. अदार्शनिक, दर्शनविरुद्ध, दर्शनशास्त्रके विषयमें अनभिज्ञ, दर्शनशास्त्रके सिद्धान्तोंके विपरीत या असंगत।

unpick –पिक्' v.t. (नोकदार वस्तु^{F} या सलाई^{F}से) उधेड़ना, टाँके खोलना (कपड़ेके)।

unpicked –ट्' a. (फूल) बिना चुने हुए, बे छँटे हुए, बे तोड़े हुए।

unpin –पिन्' v.t. पिन^F निकाल देना, (पिन^F निकालकर एक वस्तु^{F}को दूसरी वस्तु^{F}से) अलग कर देना,खोलना।

unplaced –प्लेस्ट्' a. अस्थित, अस्थानप्राप्त, अनियुक्त, न रखा हुआ (सूची^{F} या घुड़दौड़^{F}से)।

unplanned –प्लान्ड' a. अयोजनाबद्ध, अयोजित (*~ economy*)।

unplayable –प्ले'अॅबॅल् a. अक्रीड्य,खेलके अनुपयुक्त।

unpleasable –प्ली'ज़ॅबॅल् a. अप्रसाद्य, अप्रसादनीय, अतोष्य, अतोषणीय, जिसे खुश न किया जा सके।

unpleasant –ज़ॅन्ट् a. विरक्तिजनक, अप्रिय, अचारु, अप्रीतिकर, असुखद, बेमजा, बुरा, नागवार; ~ smell **दुर्गन्ध, बदबू।**

unpleasantness –निस् n. भ्रान्ति^{F}, असुखदता^{F}, अप्रीतिकरता^{F}, **अप्रियता**^{F}, आनन्दाभाव, अस्वादुता^{F}; the last ~ ⊙ (अमेरिकी, हास्य०) गृहयुद्ध, अमेरिकी रियासतों^{F}की खानाजंगी^{F}।

unpleasing –ज़िंग् a. = UNPLEASANT.

unpointed –पॉयॅन्'टिॅड् a. (भवन-निर्माण-सम्बन्धी) (ईंटों^{F} या पत्थरोंके जोड़) बिना टीप^{F}के, बिना मोखे हुए; (यहूदी इत्यादि भाषालिपियों^{F}में) स्वर-चिह्न-रहित; अविराम-चिह्नांकित, बिन्दुहीन, कुन्द, बिना नुक्ते या शोशेका; अतीक्ष्ण, बेनोक।

unpolitical –पॅलि'टिकॅल् a. अराजनीतिक।

unpolarised–पोलेराइज्ड् n. (ऋतु०, भौ०) **अध्रुवीकृत, अध्रुवित** (*~ bursts, ~ light*)।

unpolled –पोल्ड्' a. अप्रदत्त, अदत्त, प्रदान न किया गया, न डाला हुआ, न दिया हुआ (*~ vote*); जिसका

वोट (मत) न पड़ा हो (~ *elector*)।
unpopular –पॉ'प्यूलॅर् a. अप्रिय, जनद्विष्ट, लोकगर्हित, लोकाग्राह्य, लोकाप्रिय, जनाप्रिय, अप्रसिद्ध, बदनाम।
unpopularity –लै'रिटि n. अप्रियता^F, अलोकग्राह्यता^F, जनाप्रियता^F, लोकाप्रियता^F, अप्रसिद्धि^F, कुख्याति^F, बदनामी^F।
unposted –पोस्'टि ड् a. अनियुक्त; असूचित।
unpractical –प्रैक्'टिकॅल् a. (युक्ति^F, योजना^F, रीति^F, व्यक्ति आदि सम्बन्धी) अनभ्यस्त, अकार्यकर, व्यवहारातीत, अव्यवहार्य, अव्यावहारिक, अव्यवहारकुशल, बेकार।
unpracticality –कै'लिटि n. अव्यवहार्यता^F, अव्यावहारिकता^F, अव्यवहारकुशलता^F, अव्यवहारयोग्यता^F।
unpractised –'टिस् a. अनभ्यस्त, अनभ्यासी, अननुभूत, अव्यवहृत, अनिपुण, अनभिज्ञ, अपटु, अकुशल, अनुभवरहित, अनुभवहीन, अनाड़ी।
unprecedented –प्रे''सिडे'न्टिड् a. अदृष्टपूर्व, अजातपूर्व, अज्ञातपूर्व, अभूतपूर्व, अपूर्व, नूतन, नवीन, नया, नवेला, अनोखा।
unpredictable –प्रि'डिक्'टॅबॅल् a. अपूर्वदृष्ट, अज्ञात, (का०) **अपूर्वानुमेय**, अप्रत्याशित।
unprejudiced –प्रे'ज्यूडिस्ट् a. निष्पक्ष, पूर्वग्रहरहित, पक्षपातशून्य, पक्षपातरहित, बेलाग।
unpremeditated –प्रि'मे''डिटेटि'ट् a. मन्तव्यरहित, अपूर्वयोजित, अकल्पित, अचिन्तितपूर्व, (शिक्षा०) **अचिन्तित**, अपूर्वकल्पित, अपूर्वचिन्तित, बे सोचा समझा।
unprepared –प्रि'पेॲर्ड्'' a. अप्रस्तुत, असिद्ध, बिना तैयारी^F का (*found everything* ~); अनध्यात।
unpreparedness –'रि ड्-नि'स् n. अप्रस्तुतता^F, असिद्धता^F, बेतैयारी^F; अनध्यातता^F।
unpresentable –प्रि'ज़े'न्'टॅबॅल् a. अनुपहार्य, अप्रदर्शनीय, अदर्शनीय, अशोभन, भद्दा, भोंड़ा।
unpresumptuous –प्रि'जम्प्'ट्यूॲस् a. अधृष्ट, विनीत, विनयशील, वश्य, सरल, सादा।
unpretending, unpretentious –प्रि'टे'न्'टिंग्, –'शॅस् aa. सरल, प्रदर्शनशून्य, अप्रदर्शनप्रिय, प्रदर्शनरहित, नम्र, अदत, दम्भहीन, सीधा-सादा, बे तूम-तड़ाक, बेबनावट, गरीब।
unpretentiousness –नि'स् n. अकपट, प्रदर्शनशून्यता^F, अप्रदर्शनप्रियता^F, प्रदर्शनराहित्य, सादगी^F।
unpriced –प्राइस्ट्' a. अमूल्यांकित, अमूल्यनिर्धारित, अनिश्चितमूल्य (~ *goods*)।
unprincipled –प्रिन्'सिपॅल्ड् a. सदसद्विवेकहीन, न्यायान्यायविवेचनाशून्य, दुर्वृत्त, दुराचारी, सदाचारशून्य, चरित्रभ्रष्ट, सिद्धान्तहीन, अधर्मी, बेईमान (~ *person*)।
unprized –प्राइज्ड' a. अनादृत, अधूनमूल्य, बेकदर।
unproductive –प्रडक्'टिव् a. अनुत्पादी, अनुत्पादक, बंजर, ऊसर, (कृषि०) व्यर्थ, बेकार; अलाभकर; अयोग्य;

~ classes, ~ expenses, ~ labour, ~ land.

unprofessional –प्रॅफे'शॅनॅल् a. अव्यावसायिक, व्यवसायविगर्हित, अव्यवसायी, व्यावसायिक शिष्टाचार आदिके प्रतिकूल (*knows nothing of ~ matters*)।
unprofitable –प्रॉ'फिटॅबॅल् a. व्यर्थ, अलाभजनक, अहितकर, लाभहीन; ~ servants व्यर्थ भृत्य, अपने निश्चित कार्यसे अधिक न करनेवाले नौकर।
unprofitableness –नि'स् n. व्यर्थता^F, अलाभजनक, लाभहीनता^F।
unprofitably –लि adv. व्यर्थ।
unprogressive –प्रॅग्रे''सिव् a. अप्रगतिवादी, अप्रगतिशील, परिवर्तनविरोधी, अक्रियाशील।
unprogressiveness –नि'स् n. अप्रगतिशीलता^F, परिवर्तनविरुद्धता^F।
unprohibitive –प्रॅहि'बिटिव् a. अनिषिद्ध, वैध, उचित, मुक्त, अनुमत।
unprompted –प्रॉम्प्'टि'ड् a. स्वतोभूत, स्वतःकृत, अप्रेरित।
unprop –प्रॉप्' v.t. साहाय्यहीन करना, मदद छीनना; निराधार करना, निराश्रय करना, आसरा हटाना।
unpropped ⊙ –ट्' a. अनाश्रित, असहाय, बिना सहारेका।
unprovided –प्रॅवाइ'डि'ड् a. असंभृत, अप्रस्तुत, असम्पन्न, असज्जित, रिक्त, शून्य, खाली (धन इत्यादिसे)।
unprovoked –प्रॅवोक्ट्' a. (व्यक्ति या कार्य) अकारण, अनुत्तेजित, उत्तेजनाशून्य, उत्तेजनारहित; स्वतःकृत।
unpublished ⊙ –पब्'लिश्ट् a. गुप्त, अविज्ञापित, अप्रकाशित (पाण्डुलिपि^F इत्यादि)।
unquailing –क्वे'लिंग a. अचल, दृढ़, अडिग, अटल।
unqualified ○ –क्वॉ'लिफ़ाइड् a. अक्षम, **अनर्ह**, अविशेषित, अर्हताहीन, अनुपयुक्त, अयोग्यतासम्पन्न, अयोग्य, अगुणसम्पन्न, योग्यताहीन, नालायक (*am ~ to serve*); मुक्त।
unquestionable –क्वे'स्'चॅनॅबॅल् a. (का०) **प्रश्नातीत**, असन्दिग्ध, निःसंशय, निर्विवाद, निःसन्देह, अशंक्य, संशयरहित, अनर्कनीय; आपत्तिरहित।
unquestionableness –नि'स् n. असन्दिग्धता^F, निःसंशयता^F, निश्चितता^F; आपत्तिहीनता^F, निर्विवादता^F।
unquestionably –लि adv. निःसन्देह, निश्चय ही।
unquestioned –न्ड a. असन्दिग्ध, निर्विवाद; निश्चित, अविवादग्रस्त, बेचूं चपड़।
unquestioning –निंग् a. अविवादी, बेचूँ-चपड़, ननु न च^F न करनेवाला (~ *obedience* etc.)।
unquestioningly –लि adv. निर्विवाद, बिना चूँ-चपड़^F के।
unquiet –क्वाइ'ॲट् १. a. उद्विग्न, विक्षुब्ध, विकल, आकुल, व्याकुल, अशान्त, अस्थिर, बेचैन (~ *spirit*); २. n. उद्विग्नता^F, विकलता^F, विक्षोभ, अशान्ति^F, अस्थिरता^F, बेचैनी^F; ३. v.t. उद्विग्न करना, बेचैन करना।
unquietude –'इट्यूड् n. उद्विग्नता^F, विक्षोभ, विक्षुब्धता^F, विकलता^F, आकुलता^F, अशान्ति^F, अस्थिरता^F,

व्याकुलता^F, बेचैनी^F।

unravel –रै'वॅल् v.t. पृथक् करना, सुलझाना, अलग करना (धातु^Fके तार या रेशे) खोलना, हल करना, उधेड़ना; (ला०) व्याख्या^F करना।

unrazored –रे'ज़ॅर्ड् a. अमुण्डित, बे मुँड़ा।

unread –रे'ड्' a. (पुस्तक^F इत्यादि) अपठित, अनपढ़ी, बेपढ़ी हुई; (व्यक्ति) निरक्षर, अपढ़, अनपढ़।

unready –रे'डि a. दीर्घसूत्री, अतत्पर, अप्रस्तुत, सुस्त, ढीला।

unreal –री'ॲल् a. अतथ्य, कल्पित, मायामय, आभासात्मक, अयथार्थ, अतथ्य, अतात्त्विक, अवास्तविक, अवास्तव, अमूर्तिमान्, असार, असत्य, असत्, दिखाऊ, नकली।

unreality –रि'ऍलिटि n. असत्ता^F, अतथ्यता^F, अतात्त्विकता^F; अविद्यमानता^F, अवास्तविकता^F, असत्यता^F, अयथार्थता^F।

unreason –री'ज़ॅन् n. युक्तिहीनता^F, तर्कहीनता^F, निर्बुद्धिता^F, मूर्खता^F, बेतुकापन।

unreasonable –ज़ॅनॅबॅल् a. अविवेकी, निर्बुद्धि, अयुक्तिसंगत, तर्कशून्य, बुद्धिविपरीत, अयुक्तियुक्त, अयुक्त, युक्तिहीन, अनुचित, बेतुका, बेजा, गैरमाकूल (~ *demands*); अपरिमित, अत्यन्त, बेहद, बेठिकाने, बहुत।

unreasonableness –निॅस् n. अयुक्तिसंगतता^F, युक्तिहीनता^F, विवेकहीनता^F, तर्कशून्यता^F, बेतुकापन।

unreasoned –ज़्न्ड् a. अतर्कित, तर्कशून्य, तर्करहित, तर्कहीन, अयुक्तियुक्त।

unreasoning –निंग् a. (शिक्षा०) **तर्कहीन,** तर्कशून्य।

unrecorded–रि'कॉर्'डिड् a. **अलेखबद्ध, अलिखित।**

unrecovered –रि'कॅवॅर्ड् a. रोगग्रस्त, अलब्धारोग्य; अप्राप्त।

unredeemable –रि'डी'मॅबॅल् a. (का०) **अमोच्य, अनिष्क्रेय।**

unredeemed –म्ड्' a. अनुद्धारित, अपरिशोधित, असम्पादित; अमुक्त, अदत्त, बे छुड़ाया हुआ (दोष, ऋण, देयपत्र इत्यादि); अपरिपूर्ण, न पूरा किया हुआ, न दिया हुआ (वचन^F इत्यादि)।

unreel रील्' v.t. & i. पेचक या रील^Fसे तागा खोलना या खुल जाना।

unrefined –रि'फ़ाइन्ड्' a. असंस्कृत, अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, अशुद्धीकृत, अस्वच्छीकृत (~ *sugar,* ~ *manners*); अस्वच्छ।

unregistered –रे'जिस्टॅर्ड् a. अपंजीयित, अपंजीकृत; (का०) **अरजिस्ट्रीकृत, बिना रजिस्ट्री^F;**

~ article, ~ company, ~ firm, ~ property.

unrehearsed –रि'हर्स्ट्' a. अनभ्यस्त, बिना रिहर्सल-का; अप्रत्याशित, आकस्मिक।

unreined –रेन्ड्' a. निरंकुश, उद्दाम, नियंत्रित, अपरिबन्ध, मुक्त, बेरोक।

unrejoicing –रि'जॉएँ'सिंग् a. अप्रसन्न, विषण्ण, उदास।

unrelieveable –रि'ली'वॅबॅल् a. अनुद्धार्य, अनुद्धारणीय, भार अथवा पीड़ा^Fसे मुक्त न होने योग्य, अमोच्य, अमोचनीय।

unrelieved –व्ड् a. अनुद्धारित, अकृतसाहाय्य, अपीड़ामुक्त, अमुक्तभार।

unremitting –रि'मि'टिंग् a. अनथक; अजस्र, सतत, नियत, अविराम, निरन्तर, लगातार, एकटक, बराबर (~ *care, exertions*)।

unremunerative –रि म्यू'नॅरॅटिव् a. अलाभकर, अलाभकारी, लाभहीन, लाभरहित; (अर्थ०) अनर्जक (~ *exports*);

~ lines, ~ scheme, ~ work.

unrequited –रि'क्वाइ'टि'ड् a. अप्रतिदत्त, अपरिशोधित, अपुरस्कृत, न लौटाया (~ *affection*)।

unreserve –रि'ज़र्व' n. असंकोच, अकपटता^F, खरापन, सफ़ाई^F, साफ़दिली^F।

unreserved –ड् a. निस्संकोच, असंकोच, असंकोची, संकोचरहित, निष्कपट, अकपट, खरा, खुलकर मिलनेवाला (*an* ~ *nature, person*); अपूर्वरक्षित, असुरक्षित, अरक्षित (~ *seats*); अप्रतिबन्ध, बन्धनरहित, बिना शर्त^F (~ *compliance*); अशेष, निःशेष, सम्पूर्ण, पूर्ण, पूरा।

unreservedly –'विड्लि adv. निःसंकोच, सफ़ाई^Fके साथ, बिना किसी कपट या दुरावके, खुलकर; असुरक्षित रूपमें; अप्रतिबन्ध, बिना शर्त^F।

unreservedness –निॅस् n. असंकोचशीलता^F, निष्कपटता^F, खरापन; अप्रतिबन्धता^F; अपूर्वरक्षण।

unresisting –रि'सिस्'टिंग् a. अरोधी, वश्य।

unresolved –रि'ज़ॉल्व्ड्' a. अपृथक्कृत; अनुभवहीन, अशिक्षित; अकृतसमाधान, अकृतसंकल्प, अकृतनिश्चय, अनिर्णीत, अनिश्चित, बिना हल किये (~ *problems*)।

unrespited –रे'स्'पिटि'ड् a. अनवरत, निरन्तर, लगातार।

unresponsiveness ⊙ –रि'स्पॉन्'सिव्-निॅस् a. (शिक्षा०) **अननुक्रियात्मकता^F।**

unrest –रे'स्ट्' n. व्यग्रता^F, उत्कण्ठा^F, अशान्ति^F, विक्षोभ, गड़बड़^F, बेचैनी^F (*the* ~ *in Turkey*)।

unrestrained, unrestricted –रि'स्ट्रेन्ड्', –रि'स्ट्रिक्'टि'ड् aa. **असंयमित,** अनियन्त्रित, निरंकुश, अनर्गल, उच्छृंखल, प्रतिबन्धरहित, निर्बाध, खुला, बेरोक (~ *speed,* ~ *rights*)।

unrhythmical –रिद्'मिकॅल् a. (सन्तोषजनक) आरोहावरोहसे रहित, लयरहित, ताल-विरुद्ध, तालरहित, बेसुरा।

unriddle –रि'डॅल् v.t. समस्या^F हल करना, सुलझाना; बुझौवल^F बताना, बूझना।

unrig –रिग्' v.t. (नौवि०) जहाजका पाल मस्तूल आदि अलग कर देना, रस्सियाँ^F खोलना।

unrighteous –राइ'चॅस् a. अधर्मिष्ठ, अधर्मनिष्ठ, अधार्मिक, अधर्मचारी, अधर्मी, असाधु, अनीतिचारी, अनीतिमान्, अन्यायी, पापाचारी, पापी, दुष्ट, बेईमान।

unrighteousness –निॅस n. अधार्मिकता^F, (दर्श०)

अनीतिपरायणता[F], अनीतिचारिता[F], अनीतियुक्तता[F], अन्याययुक्तता[F], असाधुता[F], पाप, दुष्टता[F], बेईमानी[F] ।

unrip –रिप्' v.t. उतारकर अलग डाल देना, काटकर या फाड़कर खोल देना; (ला०) प्रकट करना, खोलना ।

unripe –राइप् a. अपक्व, कच्चा, हरा (~ *crop*); (ला०) अविकसित, अपरिपक्व, अवयस्क, नाबालिग; अनुभवहीनता[F] ।

unripeness –निस् n. हरितता[F], अपक्वता[F], कच्चापन; अपरिपक्वता[F], अवयस्कता[F], नाबालिगी[F] ।

unrivalled –राइ'वॅल्ड् a. अप्रतिम, अप्रतिद्वन्द्वी, अद्वितीय, निरुपम, अप्रतिरूप, अनुपम, अतुल्य, अनूठा, लाजवाब ।

unrobe –रोब्' v.t. & i. वस्त्रहीन करना या होना, नंगा करना, अपने कपड़े उतारना ।

unroll –रोल्' v.t. & i. प्रदर्शन करना; प्रकट करना; किसी लिपटी हुई वस्तु[F]का खोलना या खुलना, (कपड़े आदिकी गठरी[F]) खोलना ।

unroot –रूट्' v.t. निर्मूल करना, जड़से उखाड़ना, हटाना, निकालना ।

unroyal –रॉएॅल्' a. अनृपतिसुलभ, असम्राडोचित, असम्राट्सम, अराजोचित, राजविरुद्ध ।

unroyally –लि adv. राजाकी मर्यादा[F]के विरुद्ध ।

U.N.R.R.A., UNRRA United Nations Relief and Rehabilitation Administration.

unruled –रूल्ड्' a. अशासित; अवशीकृत, बेलगाम; अरेखांकित, रेखाहीन (~ *paper*) ।

unruliness –रू'लिनिॅस् n. अदम्यता[F], अशास्यता[F], अ-वश्यता[F], विधिहीनता[F], अराजकता[F], विद्रोहशीलता[F], विद्रोह ।

unruly –लि a. अदम्य, दुरन्त, अशास्य, असाध्य, अ-वश्य, उच्छृंखल, विधिरहित, नियमरहित, विद्रोही, बेलगाम, मुँहजोर ।

unsaddle –सै'डॅल् v.t. घोड़ेपरसे जीन[F] उतारना (प्रायः निर०) ।

unsafe –सेफ्' a. अनिष्कण्टक, आशंकास्पद, विपज्जनक, अनिर्विघ्न, भयास्पद, असुरक्षित, अरक्षित (~ *ship*), सभय, अनिर्भय, भयंकर, खतरनाक, (खतरे) जोखिम-वाला ।

unsafely –लि adv. सभय, असुरक्षापूर्वक, खतरेके साथ ।

unsafeness –निॅस् n. निष्कण्टकता[F], आशंकास्पदता[F], आशंकापूर्णता[F], भयास्पदता[F], भयकरता[F], असुरक्षितता[F], खतरा ।

unsaid –से'ड्' a. अव्यक्त, अकथित, अनकहा, बिना कहा ।

unsanitary –सै'निटॅरि a. अस्वास्थ्यकर, रोगावह ।

unsatisfactory –सैटिस्फैक्'टॅरि a. असन्तोषप्रद, असन्तोषजनक (~ *character*, ~ *position*) ।

unsatisfied –'टिस्फाइड् a. असन्तुष्ट, अतृप्त, बेमन; अनिश्चयपूर्ण; अविश्वस्त; अपूर्ण

unsaturated –सै'च्युअॅरेटिड् a. (रसा०, प्रा० भू०, यन्त्र०) **असंतृप्त** (~ *molecule*) ।

unsaturation –रे'शॅन् n. (रसा०) **असंतृप्ति**[F] ।

unsavouriness –से'वॅरि-निॅस् n. स्वादहीनता[F], नीरसता[F], अस्वादिष्ठता[F], अस्वादुता[F], अचित्ताकर्षकता[F], अरुचिकरता[F], असुन्दरता[F] ।

unsavoury –वॅरि a. अचित्ताकर्षक, अरुचिकर, असुन्दर, स्वादहीन, नीरस, विस्वाद, स्वादरहित, अस्वादिष्ठ, अस्वादु, बेमजा, फीका, नागवार (*an* ~ *dish*) ।

unsay –से' v.t. प्रत्याख्यान करना, कहेको अनकहा करना, (वक्तव्य अथवा शब्दोंको) वापस लेना, इन्कार करना, बात[F] पलटना, मुकर जाना ।

unsayable –'अॅबॅल् a. अकथ्य, अकथनीय, अवर्ण्य, अवर्णनीय, अकथ, न कहने योग्य ।

unscalable –स्के'लॅबॅल् a. अनारोहणीय, अपार ।

unscathed –स्केद्ड्' a. निष्कलंक, पवित्र, शुद्ध; अक्षत, अनाहत, क्षतरहित, बिना चोट[F] ।

unscientific –साइन्टि'फिक् a. **अवैज्ञानिक** (~ *induction*), अविज्ञानसम्मत, विज्ञानविरुद्ध, नियम-विरुद्ध ।

unscramble –स्क्रैम्'बॅल् v.t. ध्वनि[F] **सुलझाना** ।

unscreened –स्क्रीन्ड्' a. बे छना हुआ; अप्रच्छन्न, बेपर्दा, बिना आड़का, बे ओट[F] ।

unscrew –स्क्रू' v.t. पेच ढीला करना, खोलना ।

unscriptural –स्क्रिप्'चुअॅरॅल् a. अशास्त्रीय, अशास्त्रोक्त, अशास्त्रसम्मत, शास्त्र-विरुद्ध, वेद-विरुद्ध, बाइबिल-विरुद्ध ।

unscripturally –लि adv. शास्त्रके विरुद्ध, वेद या बाइबिलके विरुद्ध ।

unscrupulous –स्क्रू'प्यूलॅस् a. असंकोची, अविनीत, निर्लज्ज, बेहया; अविवेकी, धर्माधर्म-विवेचना-शून्य, धर्माधर्म या न्यायान्याय-विचार-शून्य, सिद्धान्तशून्य, चरित्र-हीन, असाधु, बेढब, बेईमान ।

unscrupulously –लि adv. सिद्धान्तविरुद्ध; निस्संकोच, असावधानीसे ।

unscrupulousness –निॅस् n. धर्माधर्मविचार-राहित्य, न्यायान्याय-विचार-शून्यता[F], सिद्धान्तशून्यता[F], असाधुता[F], चरित्रहीनता[F], बेढबपन, बेईमानी[F]; संकोच-हीनता[F], असावधानी[F], निर्लज्जता[F], असतर्कता[F] ।

unseal –सील्' v.t. (पत्रादिकी) मोहर[F] तोड़ना, मोहर[F] खोलना, मोहर[F] दूर करना ।

unseam –सीम्' v.t. बखिया[F] उधेड़ना; खोलना ।

unsearchable –सर्'चॅबॅल् a. दुर्लक्ष्य, अनवर्य, दुर्ज्ञेय, अनन्वेषणीय, अगम, अपार ।

unsearchableness –निॅस् n. दुर्लक्ष्यता[F], अतर्क्यता[F], दुर्ज्ञेयता[F], अनन्वेषणीयता[F] ।

unsearched –च्ड्' a. दुर्लक्षित, अतर्कित, दुर्ज्ञात, अनन्वेषित ।

unsearching –'चिंग a. दुर्लक्षी, अनर्थी, दुर्ज्ञेनी, अनन्वेषी ।

unseasonable –सी'ज़नॅबॅल् a. अकालिक, असामयिक, बेमौसम (~ *rainfall*)।
unseasonableness –निॅस् n. अकालिकता^F, असामयिकता^F।
unseasoned –न्ड् a. अकालिक, असमय-जनित, बेमौसमका पैदा हुआ।
unseat –सीट्' v.t. अनासीन करना, स्थान-च्युत करना, जगह^Fसे हटाना, घोड़ेकी पीठ^Fपरसे गिराना; (M. P. अथवा पार्लियामेण्ट^Fकी सदस्यता^Fसे) च्युत करना, हटाना।
unseated a. अनासीन, आसन-च्युत, स्थान-च्युत, आसन-वंचित, आसनरहित; (पार्लियामेण्ट^Fकी सदस्यता^Fसे) च्युत, मेम्बरी^Fसे हटा हुआ।
unsectarian –सेॅक्टेॲ'रिॲन् a. उदार, असाम्प्रदायिक, साम्प्रदायिक सीमाओं^Fसे मुक्त।
unsectarianism –निज़्म् n. असाम्प्रदायिकता^F।
unsecured –सिॅक्युॲर्ड् a. अप्रतिभूत, (का०) प्रतिभूतरहित, विना जमानत^F (~ *loan*); अरक्षित (~ *creditor*)।
unseeing –सी'इंग् a. विवेकशून्य, निरीक्षणशून्य, दृष्टिहीन; अन्धा; विचारहीन; असावधान।
unseemliness –सीम्'लिनिॅस् n. अश्लीलता^F, अशोभनता^F, अनौचित्य, अयोग्यता^F; असभ्यता^F, अविनय^F।
unseemly –लि a. असभ्य, अविनीत, अश्लील, अयोग्य, अनुचित, अयुक्त, लचर; अशोभन, बुरा।
unseen –सीन्' १. n. अपठित पाठ, अपठित; २. a. अदृश्य, अज्ञेय, अज्ञात, अलक्षित, अनवलोकित, अदृष्ट, अदृष्टपूर्व, अनदेखा (~ *passage*); the ~ जीवात्मालोक, अदृष्टलोक, प्रेतलोक।
unselect –सिॅलेॅक्ट्' a. मिश्रित, मिलाजुला।
unselfish –सेॅल्'फ़िश् a. अकाम्य, अस्वार्थदृष्टि, अलाभदृष्टि, अस्वार्थतत्पर, निःस्वार्थ, निःस्वार्थी, स्वार्थरहित, अस्वार्थी, निष्काम, बेगरज।
unselfishness –निॅस् n. निःस्वार्थता^F, स्वार्थहीनता^F, निष्कामभाव, अस्वार्थता^F।
unseptate –सेॅप्'टेट् a. पटहीन।
unserviceable –सर्'विसॅबॅल् a. अनुप्रयोज्य, अप्रयोज्य, असेव्य, बेकार, निकम्मा, (रेल०) बेकाम, नाकारा;
~ article, ~ material, ~ store.
unset –सेॅट् १. v.t. न लगाना; २. a. न लगाया हुआ (फन्दा); न चढ़ा हुआ (नगीना); अव्यवस्थित, उखड़ा हुआ, न बिठाया हुआ (शरीरावयव, हड्डी^F इत्यादि); न डूबा (सूर्य)।
unsetted –'टिॅड् a. (ऋतु०) अनिश्चित।
unsettle –सेॅ'टॅल् v.t. अव्यवस्था^F उत्पन्न करना, व्यवस्था^F बिगड़ना, विचलित करना, अस्थिर करना, मस्तिष्कको विक्षुब्ध करना, दिनचर्या^F इत्यादिसे विचलित होना, उथलपुथल^F करना, गड़बड़^F करना, तरतीब^F बिगाड़ना (*holidays* ~ *me*)।
unsettled –ड् a. व्यग्र, अकृतव्यवस्थ, अजातव्यवस्थ, अव्यवस्थित, अनिर्णीत, अकृतनिश्चय, अनिर्धारित, अनिश्चित, अनवधारित, अनियमित, अनियत, अनियुक्त, विचलित, क्षुब्ध, आकुल, अस्थिर, डाँवाडोल; (भूमि^F) व्यवस्थाहीन, विना बन्दोबस्त।
unsettlement –ल्'मॅन्ट् n. (भूमि^Fका) अव्यवस्थापन; अनिश्चयन, अस्थिरीकरण।
unsex –सेॅक्स्' v.t. यौन-विशेषताओं^Fसे वंचित करना, नारीत्व या पुरुषत्वका विलोप करना; (चि०) वन्ध्यकरण।
unshaken –शे'कॅन् a. अकम्पित, अविचलित, स्थिर, अटल, अडिग, पक्का।
unshapen –शे'पॅन् a. अरूप, कुरूप, विकृत, भोंडा, गन्दा, बदसूरत, बेशक्ल।
unship –शिप्' v.t. जहाजका मस्तूल वगैरह अपने स्थानसे हटाना; (परि०) (यात्रियोंको) उतारना, हटाना, जहाजपरसे सामान उतारना।
unshipped –ट्' a. स्थानच्युत, जगह^Fसे हटाया हुआ, जहाजसे उतारा हुआ।
unshoe –शू' v.t. जूता उतारना, घोड़ेकी नाल^F उखाड़ना।
unshorn –शॉर्न्' a. अकर्तित (~ *sheep*, जिसकी ऊन^F बहुत बढ़ी हुई हो, कटी न हो)।
unshrinkable –श्रिन्'कॅबॅल् a. असंकोचनशील, न सिकुड़नेवाला (~ *flannel*)।
unshrinking –किंग् a. निःसंकोच, संकोचरहित, अकुण्ठित, निश्शंक, निर्भय, दृढ़, अटल, बेधड़क, निडर।
unsighted –साइ'टिॅड् a. शून्यदृष्टि, असावधान (*the umpire was* ~ *when Jones was caught*); अदृष्ट, अदृष्टिगोचर, अप्रकट, ओझल, अनदेखा (*ship is still* ~); विना मक्खी^Fकी, निशानेपर न बँधी हुई (~ *gun*)।
unsightliness –ट्'लिनिॅस् n. अशोभनता^F, कुरूपता^F, विरक्तिजनकता^F, घृणाजनकता^F, बदसूरती^F, भद्दापन।
unsightly –लि a. अप्रियदर्शन, अशोभन, कुत्सित, कदाकार, विशोभित, विरक्तिकर, कुरूप, विरूपदर्शन, घृणाजनक, बदसूरत, भद्दा।
unsized –साइज़्ड्' a. असज्जित, बेकलफ।
unskilful –स्किल्'फ़ुल् a. = UNSKILLED.
unskilfulness –निॅस् n. अपटुता^F, अनिपुणता^F, अकुशलता^F, कलाराहित्य, अशिक्षितता^F, गुणराहित्य, अनाड़ीपन।
unskilled –स्किल्ड्' a. अकुशल, अपटु, अनिपुण, ज्ञानहीन, कलारहित, अशिक्षित, गुणरहित, बेसीखा, अनाड़ी; बेहुनर; ~ labour (कृषि०) असिद्धहस्त श्रमिक, अकुशल श्रमिक, अपटु या अदक्ष श्रम, साधारण श्रम या श्रमिक, कलारहित मजदूरी या मजदूर, (अर्थ०) मजदूर।
uuslumbering –स्लम्'बॅरिंग् a. अनिद्रालु, अतन्द्रालु, न सोनेवाला; (ला०) सदा सतर्क, सदा सजग, चौकस।

unsnarl ⊙ –स्नार्ल्' v.t. सुलझाना।

unsociable –सो'शॅबॅल् a. = UNSOCIAL.

unsociableness –निॅस् n. असामाजिकता^{F}, गैर-मिलनसारी^{F}।

unsocial –शॅल् a. असामाजिक, गैरमिलनसार।

unsolicited -सॅलि'सिटिॅड् a. (राज०) अप्रार्थित (~ *script*)।

unsolid –सॉ'लिड् a. अदृढ़, कच्चा; अवास्तविक, झूठा, नकली।

unsophisticated –सॅफिस्'टिकेटिॅड् a. ऋजु, निर्दोष, निश्छल, अकपट, सरल, सीधा-सादा, भोला; प्रकृत, अकृत्रिम, शुद्ध, विशुद्ध, मिश्रणरहित, बेमेल, खालिस।

unsophisticatedness –निॅस् n. निश्छलता^{F}, अकपटता^{F}, सरलता^{F}, सादगी^{F}, सीधापन, सिधाई^F, भोलापन; प्राकृत्य, अकृत्रिमता^{F}, शुद्धता^{F}।

unsound –सॉउन्ड्' a. अशुद्ध; अविश्वास्य, अविश्वसनीय, अस्वीकार्य; भ्रान्तियुक्त, दोषयुक्त, दोषपूर्ण, बेहूदा, गलत (~ *argument*); रोगी, अस्वस्थ, पीड़ित, बीमार; विकृत, खराब (~ *mind*); बिगड़ा हुआ, सड़ा-गला, सड़ा हुआ, निकम्मा (~ *fruit of ~ mind*); चित्त-विकृति^{F}, विक्षिप्त, अस्वस्थमन, उचाट।

unsounded –'डिॅड् a. अवादित, बे बजाया हुआ; अज्ञात (तल), अथाह, बे-थाह।

unsoundness –ड्'निॅस् n. अविश्वास्यता^{F}, अस्वीकार्यता^{F}; भ्रान्तिपूर्णता^{F}, गलती^{F}; अस्वस्थता^{F}, रोगलक्षण-युक्तता^{F}, विकार, दोष, विकृति^{F}, बीमारी^{F}; सड़ायँध^F, खराबी^{F}, सड़ा-गलापन।

unsparing –स्पेअॅ'रिंग् a. उदार, मुक्तहस्त; निष्ठुर, निर्दय, क्रूर, दयारहित, जालिम, बेरहम; प्रचुर, अत्यधिक, अपरिमित, अनुमानातीत, अनुमानरहित, बे-अन्दाज (~ *praise*)।

unsparingness –निॅस n. निर्ममता^{F}, निर्दयता^{F}, कठोरता^{F}, बेरहमी^{F}; अपरिमितता^{F}, प्रचुरता^{F}, अत्यधिकता^{F}, अनुमानातीतता^{F}।

unspeak –स्पीक्' v.t. शब्दोंको वापस लेना, कहेको अनकहा करना।

unspeakable –'कॅबॅल् a. अनिर्वाच्य, अनिर्वचनीय, अवाच्य, अवचनीय, शब्दातीत, अवक्तव्य, अकथ, वर्णनातीत, अवर्णनीय (~ *joys*); बहुत बुरा।

unspeakableness –निॅस् n. अवाच्यता^{F}, अवचनीयता^{F}, वर्णनातीतता^{F}, अवर्णनीयता^{F}, अवक्तव्यता^{F}, अकथनीयता^{F}।

unspent –स्पेॅन्ट्' a. अव्ययित, अबीत; अप्रयुक्त; ~ balance बचत।

unsportsmanlike –स्पोर्ट्स्'मॅन्-लाइक् a. (बोल० *unsporting* भी) (बोल०) अपौरुष-सुलभ, पौरुषविरुद्ध; असौम्य; (सच्चे) खिलाड़ीके अनुपयुक्त।

unspotted –स्पॉ'टिॅड् a. निर्मल, स्वच्छ; (ला०) निष्कलुष, अकलुषित, निष्कलंक, कलंकरहित, बेदाग, बिना धब्बेका।

unsquared –स्क्वेअॅड्' a. अवर्गांकित; अव्यवस्थित, अक्रम; अरूप।

unstability –स्टॅबि'लिटि n. अस्थिरता^{F}।

unstable –टेबॅल् a. (स्थिति वि०, प्रा० भूगोल) अस्थायी, अस्थिर;
~equilibrium, ~ nucleus, ~ position.

unstaid –स्टेड्' a. = UNSTEADY.

unstained –स्टेन्ड्' a. अनभिरंजित, बेदाग; (ला०) निष्कलंक, अकलंक, अकलंकित, निर्दोष, निर्मल, साफ।

unstamped –स्टैम्प्ट्' a. अमुद्रांकित, बे-मोहर^F, बे-टिकट, बिना स्टैम्प, सादा (~ *letter*); अमान्यताप्राप्त (~ *deed*)।

unstatutable –स्टै'ट्यूटॅबॅल् a. अविधि-सम्मत, विधि-विरुद्ध।

unsteadfast –स्टेॅड्'फॅस्ट् a. अस्थिर, चल, चलायमान, विचलित, धैर्यहीन, अधीर, कच्चा।

unsteadiness –स्टेॅ'डिनिॅस् n. अस्थिरता^{F}, चंचलता^{F}, अधीरता^{F}, अदृढ़ता^{F}, दुर्बलता^{F}, कच्चापन।

unsteady –डि a. घूर्णनशील, गतिशील, सचल, परिवर्तनशील, विचलित, अनियमित, अदृढ़, अस्थिर, चंचल, धैर्यहीन, अधीर, डाँवाडोल, डगमगाता हुआ (*was ~ in his adherence*)।

unsteel –स्टील्' v. t. अदृढ़ करना, नम्र बनाना, ढीला करना, नरम बनाना (प्रस्ताव, व्यक्तिको)।

unstick –स्टिक्' v. t. चिपकी हुई चीज^{F}को छुड़ाना, अलग करना, उखाड़ना।

unstitch –स्टिच्' v.t. सीवन खोलना, टाँके उधेड़ना, बखिया^{F} उधेड़ना।

unstop स्टाप्' v.t. काग खोलना, डाट^F खोलना; प्रतिबन्ध-रहित करना, बाधामुक्त करना, बाधा^{F} दूर करना, रुकावट^F दूर करना।

unstrained –स्ट्रेन्ड्' a. स्वतःनिःसृत, अकष्टप्रसूत, अनछाना; सरल, स्वाभाविक, अकृत्रिम, सहज; अक्लिष्ट, बे-तनाव, ढीला।

unstrap –स्ट्रैप्' v.t. पेटियों^{F} या तस्मे खोलना।

unstressed –स्ट्रेॅस्ट्' a. बलरहित; प्रभावहीन।

unstriated ⊙ –स्ट्रिअे'टिॅड् a. (चि०) अरेखित (~ *muscle*)।

unstring –स्ट्रिङ्' v.t. सूत्रहीन करना, शिथिल करना, लड़ी^{F}मेंसे मोती या मनके निकालना; तार ढीला करना; (मोती इत्यादिमेंसे) सूत्र निकालना, धागा निकालना, धागा ढीला करना; नसें^{F} कमजोर करना, नसें^{F} ढीली करना (व्यक्ति इत्यादिकी)।

unstriped –स्ट्राइप्ट्' a. (जीव०) अरेखित (~ *muscle*) अरेखी।

unstrung –स्ट्रङ्' a. ढीली, कमजोर (नसें^{F})।

unstudied –स्ट'डिड् a. स्वतोभूत, सहज, स्वाभाविक, प्रकृत, प्राकृतिक, सरल, अपूर्वनियोजित (~ *ease*); अनपढ़।

unsubstantial –सॅब्स्टैन्'शॅल् a. निस्सार, कमजोर, बहुत हल्का या पतला, बहुत थोड़ा या थोथा (~ *air*);

निःसत्त्व, निर्जीव, काल्पनिक, निस्सार, असार, सारहीन, अवास्तविक, ख्याली (~ *visions*)।
unsubstantiality –ॲ'लिटि n. अल्पत्व; निःसत्त्वता^F, काल्पनिकता^F, निःसारता^F, अवास्तविकता^F।
unsubstantially –शूलि adv. अल्पतः; निःसारतापूर्वक।
unsubstantiated –शिॲटिड् a. अपुष्टीकृत, प्रमाणरहित, बेसबूत (~ *rumours*)।
unsuccess –सॅक्से'स् n. अकृतकार्यता^F, असफलता^F।
unsuitability –स्यूटॅबि'लिटि n. अक्षमता^F, अनुपयुक्तता^F, अननुकूलता^F, अनुपयोगिता^F, अयोग्यता^F, भद्दापन, बेडौलपन।
unsuitable –'टॅबॅल् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अननुकूल (~ *locality*); अनुपयोगी, अयोग्य, अकार्यकर, अशोभनीय, बेमेल, बेडौल, भद्दा;
unsuitableness –निॅस् n. = UNSUITABILITY.
unsuited –टिड् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अनुपयोगी, अयोग्य, अकार्यकर।
unsung –सन्ग्' a. (का०) अगीत, न गाया हुआ; विस्मृत।
unsunned –सन्ड' a. अनातपित, असूर्योद्भासित, बिना धूप^Fका।
unsurmountable –सॅर्माउन्'टॅबॅल् a. अलंघ्य, दुरतिक्रम्य।
unswayed –स्वेड्' a. अवशीकृत, अप्रभावित, अशासित।
unswear –स्वेॲर' v.t. शपथ^F लौटाना, शपथपूर्वक कही हुई बात^Fका खण्डन करना या उसे वापस लेना।
unsworn –स्वॉर्न्' a. शपथमुक्त, अकृतशपथ, अशपथबद्ध (~ *oath, witness*)।
unsymmetrical –सिमे'ट्रिकॅल् a. अप्रतिसम, सम्मितिरहित, (रसा०) **असम्मित,** (~ *beam*), **असमान,** संगतिविहीन, सौष्ठवहीन, बेडौल, बेमेल, फूहड़।
unsymmetry –'मिॅट्रि n. असौष्ठव, असम्मिति^F, असुघरता^F, विसंगति^F, बेजोड़पन, बेडौलपन, बेढंगापन।
unsystematic –सिस्टिॅमै'टिक् a. अव्यवस्थित, अक्रम; योजनाहीन, गड़बड़।
untack –टैक' v.t. अलग करना, खोलना (चपटी कीलों^Fसे जड़ी या रस्सोंसे बँधी हुई वस्तु^Fको)।
untainted –टेन्'टिड् a. अदूषित, बेबू; अरंजित; निष्कलंक, अछूता, साफ, बेदाग।
untaught –टॉट्' a. नैसर्गिक, प्राकृतिक, जन्मजात, ईश्वरप्रदत्त; अपठित, अपुस्तकीय, बेपढ़ाया हुआ; (व्यक्ति, विद्यार्थी अथवा विषय इत्यादि) निरक्षर भट्टाचार्य, अशिष्ट, अशिक्षित, अपढ़, अनपढ़, मूर्ख, गँवार, उजड्ड, अक्खड़, जाहिल; बे-सिखाया हुआ।
untemperd –टे'म्'पॅर्ड् a. अप्रशमित (~ *mortar*); झाल उतारा हुआ (~ *metal*)।
untenantable –टे'नन्टॅबॅल् a. अधिवासयोग्य; अनिवासयोग्य।
unthankful –थैन्क्'फुल् a. अकृतज्ञ, कृतघ्न।
unthaw –थॉ' v.t. & i. गरम करना या होना; पिघलना, पिघलाना, गलना, गलाना।
unthink –थिन्क् v.t. (किसी चीज^Fको) विचार मनसे निकाल देना।
unthinkable –'कॅबॅल् a. कल्पनातीत, विचारातीत, अचिन्त्य, अविचार्य, अचिन्तनीय, अशोचनीय; (बोल०) सम्भाव्य, असम्भव, अनहोनहार।
unthinking –किंग् a. अविवेकी, निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, असावधान, अविचारी, विचारहीन, चिन्ताहीन, लापरवाह, बे-परवाह, न सोचनेवाला, बेफिक्र।
unthought –थॉट्' a. अचिन्तित, विचारहीन, गम्भीर विचारोंसे शून्य, लापरवाह, बेपरवाह।
unthoughtful –फुल् a. विचारहीन, चिन्तनहीन, बेफिक्र।
unthread थ्रे'ड् v.t. (सुई^Fसे) धागा निकालना, ढीला करना; रास्ता पा लेना, (भूल-भूलैया^Fमेंसे) निकालना।
unthrift थ्रिफ्ट्' n. (प्रा०) अपव्यय, अमितव्यय, फिजूल खर्च।
unthrone –थ्रोन्' v.t. सिंहासनच्युत करना, गद्दी^Fसे उतारना।
untidy –टा'इडि a. अव्यवस्थित, अक्रम, मलिन, मैला-कुचैला, गन्दा, ढीला ढाला।
untie –टाइ' v.t. ग्रन्थिमोचन करना, (गाँठ^F इत्यादि) खोलना, सुतली^F वगैरह खोलना (किसी पुलिन्दे, पैक की हुई वस्तु^F इत्यादिको); बन्धनोंसे मुक्त करना, रस्सी^Fसे बँधे हुए मनुष्यको खोलना, रिहा करना।
untied –ड्' a. बन्धनमुक्त, बन्धनरहित, खुला, ढीला।
until ॲन्टिल्' prep. & conj. जबतक, तक; इस हद^Fतक; जबतक न (~ *you told me, I had no idea of it*)।
untimeliness अन्-टाइम्'लिनिॅस् n. असामयिकता^F।
untimely, untim(e)ous –लि, –'मॅस् (स्काट०) १. a. अकाल, असामयिक, असमयोचित; २. adv. कुवेलामें, कुअवसर, कुसमय, असमय, बेमौके।
unto अन्'टु Prep. जहाँ तक कि, के प्रति, को; तक।
untold अन्-टोल्ड्' a. असन्दिष्ट, अनुक्त, अव्यक्त, अकथित, अप्रकट, अकथ, बिन कहा (~ *misery*); अनिवेदित, अकथित, अवर्णित, असूचित; गूढ़, छिपी हुई; असीम, अपार, निरनुमान, संख्यातीत, असंख्य, अगणित, अगण्य, निःसीम, बेहद, बेहिसाब।
untouchability –टचॅबि'लिटि n. **अस्पृश्यता^F**; अछूतपन; **छुआछूत^F**।
untouchable –'चॅबॅल् १. n. अस्पृश्य, हरिजन, अछूत; २. a. अस्पृश्य, अछूत।
untouched –चड्' a. अस्पृष्ट, अछूत।
untoward –टोॲर्ड् a. हतभाग्य, अभागा; दुर्दम, अशिष्ट, अभद्र, उग्र, अबाध्य, धृष्ट, हठी, दुष्ट, उत्पाती, ऊधमी, चिड़चिड़ा, जिद्दी, सिरफिरा (*an ~ generation*); (चि०) अनपेक्षित, कुत्सित, असमयोचित, भद्दा, बुरा, बेमौका (*an ~ accident* or *symptom*)।

untowardliness –लिनिॅस् n. उग्रता^F, उत्पात, बुराई^F ।

untowardly –लि a. अशिष्ट, असभ्य, गँवार; विपरीत, उल्टा ।

untowardness –निॅस् n. हतभाग्यता^F, अभागापन; दुर्दमता^F, अशिष्टता^F, उग्रता^F, असाध्यता^F, धृष्टता^F, हठीपन, दुष्टता^F, उत्पातिता^F, ऊधमीपन, चिड़चिड़ापन ।

untractable –ट्रैक्'टॅबॅल् a. = UNWORKABLE.

untrained –ट्रेन्ड्' a. अनिपुण, अपटु, अकृताभ्यास, अप्रशिक्षित, अशिक्षित (~*staff*); अविनीत ।

untransferable –ट्रैन्स्'फ़र्'ॲबॅल् a. अहस्तान्तरणीय, अस्थानान्तरीय ।

untravelled –ट्रै'वॅल्ड् a. अपर्यटित, अभ्रमित, अछूता (देश) ।

untried –ट्राइड्' a. अपरीक्षित, कोरा, अनसुना (मुक़दमा, व्यक्ति); अप्रमाणित; अनुभवशून्य, अनुभवहीन, कच्चा ।

untroubled –ट्रबॅल्ड्' a. अव्यथित, अक्लेशित, अपीडित, अदुःखी; अविक्षुब्ध, अनालोड़ित,प्रशान्त, शान्त,स्थिर ।

untrue –ट्रू' a. अप्रकृत, अयथार्थ, अतथ्य, असत्य, अवास्तविक, मिथ्या, तथ्यविरुद्ध, अवास्तव, झूठा; श्रद्धाहीन, बेईमान (सिद्धान्त इत्यादिके प्रति); स्वरभ्रष्ट या विचलित ।

untrustworthy, untrusty –ट्रस्ट्'वर्दि, –ट्रस्'टि aa. अविश्वास्य, अविश्वासयोग्य; अविश्वस्त ।

untruth –ट्रूथ्' n. मिथ्यात्व, मिथ्या, अयथार्थता^F, असत्यता^F, झूठ (*the manifest ~ of this statement*) ।

untune –ट्यून्' v.t. बेसुरा करना, बेताल करना (शा० एवं ला०) ।

unturned –टर्न्ड् a. अनूर्ध्वकृत, न उलटा हुआ, अछूता, (*leave no stone ~*) ।

untutored –ट्यू'टॅर्ड् a. अकृताभ्यास, अशिक्षित, बे सिखाया हुआ ।

untwine –ट्वाइन् v.t. बल हटाना, उधेड़ना, खोलना, अलग करना, सुलझाना ।

unused –यूज़्ड्' a. अप्रयुक्त, बिना इस्तेमाल किया (~*ticket*) ।

unusual –यू'ज़ुॲल् a. विलक्षण, असामान्य, असाधारण, अपूर्व, विरला, निराला, अनोखा;
~ bay, ~ disease, ~ invoice, ~ laxity, ~ mail.

unusuality, (क्र०) **unusualness** –ॲ'लिटि, –ज़ुॲल्-निॅस् nn. विलक्षणता^F, असाधारणता^F, निरालापन, अनोखापन, विरलापन ।

unusually –लि adv. असाधारणतया, असामान्य रूपसे; बहुत अधिक ।

unutterable –अटॅरॅबॅल् a. अवाच्य, अकथ्य, अनुच्चार्य, [illegible], अवर्णनीय, [illegible] (~ *torment*) ।

unvalued –वै'ल्यूड् a. अकृतमूल्यांकन, अकृतमूल्यानुमान, अनाहित (~ *policy*); उपेक्षित, अनाम्य, अमूल्य, बेकद्र ।

unvarnished –वार्'निश्ट् a. अरंजित, सादा, बेरोगन, बेवार्निश, बिना वार्निश^F किया हुआ (~ *surface*); (ला०) यथातथ्य, सीधा-सादा, सही-सही (~ *facts*) ।

unveil –वेल्' v. t. & i. अवगुण्ठनमुक्त करना, अनावृत करना, अनाच्छादित करना, आवरण हटाना, प्रकाश करना, घूँघट उठाना, नक़ाब हटाना; अनावरण करना, (किसी ढकी हुई चीज^F का समारोहके साथ पर्दा) उठाना (मूर्ति^F इत्यादिका), खोलना ।

unveiling –'लिंग् n. अनावरण ।

unversed –वर्स्ट्' a. अदक्ष, अपटु, अनिपुण, अकुशल (किसी कार्य इत्यादिमें) ।

unvoiced –वॉइस्ट्' a. अघोष (~ *consonants*), अनुच्चरित, अनुक्त, अव्यक्त, अकथित (ध्वनि या भाव) ।

unvote –वोट्' v.t. राय^F देनेके बाद उसे वापस ले लेना; मत प्रदान करनेके पश्चात् उसे रद्द करना या लौटा लेना ।

unvouched –वॉउच्ड्'a. समर्थनरहित,अपुष्ट;बेज़मानत ।

unwanted –वॉन्'टिड् a. अनभीष्ट, अवांछित, अनिच्छित, अनावश्यक (~ *cloth*) ।

unwarrantable –वॉ'रॅन्टॅबॅल् a. अविहित, अवैध, अन्यायसंगत, असमर्थनीय, अनुचित, न्यायविरुद्ध, अनुपयुक्त, बेजा; अप्रमाण्य ।

unwarrantableness –निॅस् n. अविहितता^F, अनौचित्य, अवैधता^F, अन्यायसंगति^F, असमर्थनीयता^F, अनुपयुक्तता^F, अयोग्यता^F; अप्रमाण ।

unwarranted –टिड् a. अप्रत्याभावित, प्रत्याभूतिरहित, अननुमत, अनुमतिरहित, अयुक्तियुक्त, अवैध, अनभीष्ट, अनधिदिष्ट, विधिरहित, विधिहीन, अनुचित, अकारण, नाजायज़, बेवजह ।

unwashed –वॉश्ट्' a अप्रक्षालित, अधौत, अस्नात, मलिन, मैला, बे धुला हुआ; the great ~ जनसाधारण; निम्नतम जनता, निम्नतम श्रेणी^F के लोग ।

unwatered –वॉ'टॅर्ड् a. असिंचित, अजलसिक्त, जलवंचित, जलरहित, जलहीन, अजलमिश्रित, जलशून्य, निर्जल, बिना पानी, खालिस, बेपानी मिला (~ *milk*); सूखा ।

unwearying –वीअॅ'रिइंग् a. अनवरत, निरन्तर, अविचलित, अश्रान्त, अक्लान्त, अथक, अनथक, लगातार, न थकनेवाला (~ *efforts*) ।

unwearyingly–लि adv. अनवरत, निरन्तर, अनथक, लगातार ।

unweave –वीव्' v.t. (बुने हुए धागोंको अलग-अलग करना, (बुनाई^F के सूतोंको) उधेड़ना ।

unwed –वेड्' a. एकाकी, अकेला; अपरिणीत, अविवाहित ।

unwedded –'डिड् a. = UNWED.

unwelcome –वेल्'कम् a. [illegible]

(~ *consequence*) ।

unwell –वेल' a. अस्वस्थ, पीड़ित, मन्द, असुखी, बीमार, अनमना; (स्त्री^{F}) कपड़ोंसे, मासिक धर्ममें ।

unwept –वेप्ट्' a. (भाषण०, का०) अक्रन्दित, अविलापित, अशोचित, अरोदित ।

unwholesome –होल्'सम् a. अस्वास्थ्यप्रद, अपथ्य, अपौष्टिक (~ *food*); अनुपयोगी, अनुपयुक्त; अपुष्ट, अदृढ़, अस्वस्थ (~ *animal*); हानिप्रद, अहितावह, नुकसानदेह ।

unwholesomeness –निस् n. अनुपयोगिता^{F}, अनुपयुक्तता^{F}; अपुष्टता^{F}, अदृढ़ता^{F}; हानिप्रदता^{F}, नुकसानदेही^{F} ।

unwieldiness –वील्'डिनिस् n. कष्टसाध्यता^{F}, विकटता^{F}, दुर्वहता^{F}, भद्दापन, भारीपन, बोझिलपन; असुन्दरता^{F}, टेढ़ापना ।

unwieldy –डि a. दुःसाध्य, दुर्वाह्य, दुर्वह, सहजमें न चलाने योग्य (भार, आकृति^{F}, आकार इत्यादिके कारण); प्रकाण्ड, सौष्ठवहीन, असुन्दर, स्थूल, भारी, विरूप, भद्दा, टेढ़ा, बोझिल, बेडौल ।

unwill –विल् v. t. (जिस बात^{F}की वसीयत^F की है उसका) खण्डन करना या उससे विमुख होना, वसीयत^F मंसूख करना; पूर्व-इच्छित वस्तु^{F}के विपरीत चाह^F करना।

unwilling –लिंग् a. विमुख, अनिच्छुक, असम्मत, असहमत, बेदिल (कोई कार्य करनेको) ।

unwillingness –निस् n. विमुखता^{F}, (राज०) अनिच्छा^{F}, अनिच्छुकता^{F}, असम्मति^{F}, असहमति^{F} ।

unwind –विन्ड्' v.t. & i. लिपटी हुई चीज^{F}का खोलना या खुलना, उघाड़ना, उधेड़ना, उधड़ना ।

unwinking –विन्'किंग् a. सतर्क, सजग, चौकस, चौकन्ना, सावधान, होशियार, बिना झपके ।

unwisdom –विज्'डम् n. अविवेक, अबुद्धि^{F}, विवेकहीनता^{F}, बुद्धिहीनता^{F}, अबुद्धिमत्ता^{F}, मूर्खता^{F}, बेवकूफी^{F}।

unwise –वाइज् a. अविवेकी, जड़बुद्धि, अज्ञ, निर्बुद्धि; अपण्डित, अज्ञानी, मूढ़, बुद्धिहीन, मूर्ख, बेवकूफ, बेअक्ल।

unwished –विश्ट् a. अनिच्छित ।

unwitting –वि'टिंग् a. अज्ञान; अजान ।

unwittingly –लि adv. अज्ञानता, अजाने ।

unworkable –वर्'कॅबॅल् a. अकृत्य, असाध्य; अकृष्य (~ *soil*) ।

unworldliness –वर्ल्'ड्लिनिस् n. (दर्श०) असंसारिकता^{F} ।

unworldly –लि a. अलौकिक, अपार्थिव, आध्यात्मिक; असांसारिक (~-*minded* etc.) ।

unworn –वॉर्न्' a. अपरिहित, अप्रयुक्त, अकृतोपयोग, अशीर्ण, अधारित, बे घिसा हुआ, बे पहना हुआ (कपड़ा) ।

unworthiness –वर्'दिनिस् n. अपात्रता^{F}, कुपात्रता^{F}, अशोभनता^{F}, अनधिकारिता^{F}, अनौचित्य, अनुपयुक्तता^{F}, अयोग्यता^{F}, गुणहीनता^{F}, नालायकी^{F} ।

unworthy –दि a. अनर्ह, अपात्र, कुपात्र, अशोभन, अनुपयुक्त, अनधिकारी, अनुचित, अयोग्य, निर्गुणी, अगुणी, गुणहीन, योग्यतारहित, नालायक ।

unwritten –रि'टॅन् a. मौखिक, परम्परागत, अलिखित, (~ *law*), बिना लिखा, बेलिखा, जबानी (~ *constitution*) ।

unwrung –रन्ग् a. बेमरोड़ा हुआ ।

unyielding –यील्'डिंग a. अनमनीय, अ-वश्य, दृढ़, कठोर, अटल, हठी, बेलोच, कड़ा, सख्त, न दबनेवाला ।

unyoke –योक् v. t. & i. जुआ हटाना; मुक्ति^{F} देना, स्वतन्त्र कर देना, छुटकारा देना; अलग करना; (ला०) काम बन्द कर देना ।

unzoned –ज़ोन्ड् a. असीमित, असीम; अविभाजित ।

U.O. unofficial.

U.P. United Presbyterian; United Press; Uttar Pradesh (*prev.* United Provinces).

up- उत्-, ऊर्ध्व-, उपरि- (~*bear*, ~*borne*, ~*growth*, ~*heaval*, ~*lift*, ~*root*, ~*throw*); ऊपर, के ऊपर (~*board*, ~*hill*, ~*stairs*); उच्च, उन्नत (~*land*, ~*right*) ।

up* अप् १. n. उन्नति^{F}, उन्नत स्थिति^{F}, उन्नत अवस्था^{F}, उन्नत स्थान, ऊँचाई^F (*on the* ~); (रेल०) T.; २. v.i. (बोल० एवं बोली^{F}) उठ खड़े होना, उठ जाना (*he* ~*s and says*); उठा लेना (*he* ~*ped with his fist*); ३. a. उच्च*, ऊपरी अपर (~ *stroke*); ४. adv. यहाँ तक, यहाँपर, इस स्थानपर; (*child came* ~ *and asked me the time*); ऊर्ध्व, उच्च, उच्च (तर) (स्थान, स्थिति^{F}, मात्रा^{F}, अंश, परिमाण, मूल्य इत्यादिमें), ऊपर*, ऊपर तक, ऊपरको, ऊपरकी ओर (*bird flew* ~ *to the eaves*); सीधा खड़ा; (ला०) सजग होकर, होशियारी^{F}से स्थिति^{F}में (*sprang* ~ *from his seat*); सुरक्षित रूपसे, पूरी तरह, अच्छी तरह (*eat* ~); बिलकुल; ५. prep. ऊपर, पर, उच्चतर स्थानपर, ऊँचाई^F की दिशा^{F}में (*climbed* ~ *the ladder*); ~ and-coming ⊙ खूब जागता हुआ; ~ direction (रेलवे^{F}) उपदिशा^{F}; ~ line उपदिशापथ; ~ swing ⊙ विकास, उन्नति^{F}; *a hundred* ~ सौ अंक या नम्बर पूरे हो गये (किसी खेलमें नम्बरोंके तख्तेपर); *am not* ~ *to travelling* मैं यात्रा^{F}के योग्य नहीं हूँ; *beer is* ~ बीयर (शराब^F) की तेजी^{F} जाती रही; *corn is* ~ अनाज महँगा (तेज) हो गया है; *have looked for it* ~ *and down* इसके लिए प्रत्येक दिशा^{F}में खोज^{F}की; *his blood is* ~ उसका क्रोध या कोई संवेग उत्तेजित हो गया है, उसे जोश या गुस्सा आ गया है; *hunt* ~ शिकार खोज लेना; *is well* ~ *in mathematics* वह गणितमें पटु (दक्ष) है; *it is all* ~ *with him* वह निराशाजनक परिस्थिति^{F}में है, उसकी दशा^{F} निराशापूर्ण है, उसके मामलेमें कोई आशा^{F} नहीं है; *it is* ~ *to us* यह हमारा कर्त्तव्य है, हमारा काम है, हमारे जिम्मे है; *lives* ~ *to his income* वह अपनी सारी आय^F खर्च कर देता है; *on the* ~-*and*-~ ⊙ विकासशील, सुधरनेवाला; *save* ~ एकत्रित करना,

बचा रखना; *speak* ~ जोरसे बोलो; ~ *against a hard job* एक कठिन कार्यमें लगा हुआ है; ~ *hill and down dale* ऊपर-नीचे—सर्वत्र; ~*s and downs* उत्थान-पतन, उन्नति-अवनति^{F}, सुदिन-कुदिन, भाग्य आदिका उलट-फेर; ऊबड़-खाबड़ जमीन^F; ~ *with it* इसे उठाओ; ~ *with you* उठो खड़े हो; *what is* ~ ? क्या हो रहा है, क्या है ? *whole of the west was* ~ सारे पश्चिममें विद्रोह हो गया;

~-anchor, ~beat, ~build, ~cross, ~ direction, ~line, ~side, ~-state, ~swing, ~ trend, ~ yard.

U.P.A. United Press of America.

upas यू'पस् n. (~*-tree* भी) विषवृक्ष, जावा देशके अनेक विषैले वृक्षोंका नाम, उपास; इस वृक्ष और अन्य वृक्षोंका विषाक्त रस; (ला०) विनाशक प्रभाव, विनाशकारी कार्य, दुराचरण इत्यादि ।

upbear अप्-बेअॅर् v. t. ऊपर उठाये रखना, सम्हाले रहना; सहन करना, सहना, झेलना, उठाना ।

upborne –बॉर्न्' a. ऊपर उठाया हुआ ।

upbraid अप्'ब्रेड्' v. t. (*with, for* के साथ) भर्त्सना^{F} करना, तिरस्कार करना, झिड़कना, फटकारना, डाँटना (किसी व्यक्ति इत्यादिको, किसी भूल^F इत्यादिके लिए) ।

upbraiding –'डिंग् १. n. भर्त्सना^{F}, झिड़की^{F}, डाँट-फटकार^F, लानत-मलामत^F; २. a. भर्त्सनाकारी ।

upbringing अप्-ब्रिन्'गिंग् n. लालन-पालन या शिक्षादान, पालन-पोषण, शिक्षा^{F} ।

U.P.C. Under Postal Certificate.

upcast अप्-कास्ट्' n. (यंत्र०) उत्क्षेपक; ऊर्ध्वगत निक्षेप, उछाल^F, फेंक, ऊपर फेंका जाना या फेंकना, (खान^{F}की खुदाई^{F}में) खान^{F}का वायुमार्ग, हवा^{F}के बाहर निकालनेका रास्ता; तिरस्कार ।

up-country अप्-कन्'ट्रि a. देशाभ्यन्तर, अन्तर्प्रदेशीय, अन्तर्वर्ती (~ *districts*) ।

up-end अप्-ऍन्ड्' v. t. सिरेके बल टिकाना; v. i. उठ बैठना, उठ खड़े होना ।

upgrade अप्-ग्रेड्' १. n. पदोन्नति^{F}; २. v. t. पदोन्नति करना, **उन्नत करना,** ऊँचा उठाना; दर्जा बढ़ाना ।

upgraded –'डिड् a. **दरजा बढ़ाया गया** ।

upgrading –'डिंग् n. क्रमोन्नयन, (चि०) **उन्नयन, पदोन्नति^{F} करना,** क्रमोन्नत करना, ऊँचे दर्जेमें लाना, दर्जा बढ़ाना, ऊँचा करना, **ग्रेड चढ़ाना** ।

upgrowth अप्-ग्रोथ्' n. प्रस्फुटन, वर्द्धन, विकास, उभार; विकसित होने या उभरनेवाली वस्तु^{F} ।

upheaval अप्-हीवॅल् n. (आधु०) उत्तोलन या उत्क्षेपण, (प्रा० भू०) अभ्युत्थान, उत्थान, उभार, उठान^F; भूपृष्ठके कुछ भागका उभार; (ला०) विप्लव, समाज आदिमें महान् परिवर्तन, उथल-पुथल^F ।

upheave –ह्' v t. & i. (प्रा०) स्फीत करना, उत्तोलन करना, उठाना, उभारना, ऊपर उठाना, उभर आना ।

uphill[1] अप्-हिल्' a. शैलोर्ध्वधावी, आरोहणशील, ऊर्ध्वगामी, ऊपरको चढ़ता हुआ; (ला०) दुःसाध्य, कठिन, मुश्किल (~ *work*) ।

uphill[2] adv. ऊपरकी दिशा^{F}में, ऊपरकी ओर (*road runs* ~) ।

uphold अप्-होल्ड् v.t. (किसी व्यक्ति, कार्य आदिका) अनुमोदन करना, पुष्टि^{F} करना; (का०) पुष्ट **करना,** समर्थन करना, थामना, हिमायत^F करना; साहाय्य करना, रक्षा^{F} करना; उत्तोलित करना, (का०) **मर्यादा^{F} बनाये रखना,** सहारा दिये रहना, सीधा खड़ा रखना, ऊपर उठाये रखना, उठाये रहना, खड़ा करना (न्यायालयकी आज्ञा^{F}, निर्णय इत्यादिको), यथावत् रखना, यथापूर्व रखना, बहाल रखना ।

upholder –डॅर् n. सहायक, अनुमोदनकर्त्ता, समर्थक, हामी^{F} भरनेवाला, उठानेवाला ।

upholster अप्-होल्-स्टॅर् v.t. आवरण चढ़ाना (कुर्सी^{F} इत्यादिपर), कुर्सी^{F}, सोफे आदिमें कमानियों^{F} या गद्दियों^{F} लगाकर कपड़ा चढ़ाना; (कमरे आदिको पर्दों, कालीनों, फर्नीचरसे) सुसज्जित करना ।

upholsterer –रॅर् n. विभूषक, सोफासाज, सोफा-फरोश, कुर्सियों^{F} आदिमें गद्दियों^{F} लगाकर कपड़ा चढ़ानेवाला; पर्दे, फर्नीचर, कालीन इत्यादिका विक्रेता, कमरेका साजसामान बेचनेवाला या बनानेवाला ।

upholstering –रिंग् n. (रेल०) **गद्दी^{F} बनाना** ।

upholstery –रि n. कालीन और फर्नीचरका विक्रय; विभूषा^{F}, भूषावरण, कक्ष-सज्जा-सामग्री^{F}, गृहसामग्री^{F}, कमरेका साज-सामान; (परि०) **पोशिश^F**; सोफा-साजी^{F}, सोफा-फरोशी^{F}, कुर्सियों^{F} और सोफेके गद्दे या गिलाफ ।

uphroe यू'फ्रो n. (नौवि०) रस्सी^{F}के लिए लकड़ी^{F}का कुन्दा ।

U.P.I. United Press of India.

upkeep अप्-कीप्' n. समारक्षण; (आधु०) जीविका^{F}, रक्षा^{F}, पालन (के साधन), मरम्मत^F; देखरेख^F, देखभाल^F; ~allowance संधारण भत्ता ।

upland अप्-लैण्ड्' १. n. अधित्यका^{F}, उच्चभूमि^{F}; **उच्चतरभूमि^{F}**; २. a. उच्च, उन्नत, उच्चस्थानीय, उच्चभूमिसम्बन्धी, किसी देशसे ऊँचा अथवा अन्तर्प्रदेशीय ।

uplandish –'डिश् a. ग्राम्य, देहाती; उच्चस्थानीय उच्च-स्थानवासी, पहाड़ी ।

uplift[1] अप-लिफ्ट्' n. नैतिक प्रेरणा^{F}, शिक्षात्मक प्रभाव, समुन्नतिमूलक प्रभाव; उद्धरण, (यंत्र०, प्रा० भू०) **उत्क्षेप,** उत्थान, **उत्थापन,** उन्नयन, उद्धार; उत्तेजना^{F}, उभार, उन्नाव ⊙; ~ unionism **उद्धारक संघवाद** ।

uplift[2] v. t. उन्नत करना, उठाना ।

uplifting ⊙ –'टिंग् a. उन्नत करनेवाला, ऊँचा उठानेवाला ।

upmost अप्-मोस्ट्' a. उच्चतम, सबसे ऊँचा या ऊपरका ।

upon अॅपॉन्' prep. ऊपर, पर (*thrown ~ his own resources*); विषयमें।

upper अ'पॅर् १. n. (pl.) मोजा-बन्द, कपड़ेके गेटिस; जूते या बूटका ऊपरी भाग; २. a. ऊर्ध्वतर, उत्तर, (कलन) **उच्च,** उच्चतर, उपरिस्थित (~ *lip*); (गणित) उपरि, **उपरला,** उपरिक, उपरितन, पद इत्यादिमें उच्चतर (*the ~ servants*); U~ Bench (इति०) चार्ल्स द्वितीयके निर्वासनकालमें राजाओंका दरबार; ~ case (ध्वनि०) **बड़े अक्षर;** ~ crust (बोल०) सामन्ततन्त्र, अमीरोंका शासन; सरदार; पपड़ी^F; ~ cut (मुष्टियुद्धमें) जबड़े या ठोड़ी^Fकी चोट^F; v.t. जबड़ेपर चोट^F करना; U~ House अभिजातसभा^F, राजसभा^F; ~ jaw (चि०) ऊर्ध्वहनु; ~ keyboard पर्दों या बोर्डका दाहिना तख्ता; ~ quartile गुरुचतुर्थक; ~ storey (मकानकी) ऊपरी मंजिल^F; (ला० भी) मस्तिष्क (*something wrong in his ~ storey*); ~ ten (thousand) सामन्ततन्त्र, धनीवर्ग, अमीर लोग; ~ works (नौवि०) जहाजका हिस्सा (जो पानी के बाहर हो); *be on* one's ~s आपद्ग्रस्त होना, निर्धन होना, गरीब होना; *have* or *get the ~ hand* स्वामित्व (अथवा प्रभुत्व) प्राप्त करना, अधिकारी होना, हावी होना;

~ age, ~ air, ~ arm, ~ bound, ~ boundary, ~ bunk, ~ cadre, ~ canopy, ~ case, ~ class, ~ deck, ~ derivative, ~ division, ~ extremity, ~ ~ floor, ~ grade, ~ hand, ~ integral, ~ jaw, ~ leather, ~ limb, ~ limit, ~ partial, ~ quartile, ~ school, ~ selection, ~ transit, ~ works.

uppermost –मॅस्ट् १. a. सर्वोच्च, उच्चतम, प्रथम, (स्थान या पदवी^Fमें) सबसे ऊपरका; २. adv. मुँहपर, सबसे ऊपर या सिरेपर (*said whatever came ~*)।

uppish अ'पिश a. उद्धत, अभिमानी, दम्भी, घमण्डी, गुस्ताख।

uppishness –निॅस् n. उद्धतता^F, दम्भ, गर्व, घमण्ड, गुस्ताखी^F।

upraise अप्-रेज्' v. t. उन्नत करना, उदग्र करना, ऊँचा करना, ऊपर उठाना।

upright अप्'राइट्, अप्राइट' १. n. स्तम्भ, थम, खड़ा गाड़ा हुआ खम्भा; २. a. & adv. साधु, सच्चा, ईमानदार; दण्डायमान, सरल; ऊर्ध्वाधर, ऊर्ध्व, उच्छ्रित, सीधा, सीधा खड़ा (*an ~ axle, post*);

~ axis, ~ character, ~ pipe, ~ *type*.

uprightness –निस् n. साधुता^F, ईमानदारी^F, सीधापन, सिधाई^F।

uprise अप्-राइज़् v.i. उठना, जागना, उठ बैठना; चढ़ना।

uprising –ज़िंग् n. जागरण, शय्या-परित्याग; क्रान्ति^F, (इति०) **विद्रोह,** अपद्रोह, उपद्रव, बगावत^F।

uproar अप्-रोअर' n. चीत्कार, नाद, कोलाहल, हंगामा, चीख-पुकार^F, होहल्ला, शोरगुल।

uproarious –रिअॅस् a. कोलाहलप्रिय, शोर मचानेवाला; कोलाहलपूर्ण; बहुत ऊँची आवाज^Fका, जोरका (कहकहा आदि)।

uproariousness –निॅस् n. कोलाहलपरता^F, कोलाहल-पूर्णता^F।

uproot अप्-रूट' v.t. (आधु०) उन्मूलन करना, समूल उत्पाटन करना, निर्मूल करना, जड़^F काटना, जड़^Fसे उखाड़ देना (शाब्दि० एवं ला०)।

uprush अप्'-रश् n. (प्रा० भू०) **उद्धावन,** उत्प्लव, उत्साह, उभार, जोर; (मनो०) आवेग, सहज चेतना^F।

U.P.S.C. Union Public Service Commission.

upset[1] अप्से'ट्' १. n. विक्षोभ, पर्यास, गड़बड़, घबरा देने या घबरानेका भाव या क्रिया^F, पलटा, उलटने या उलटे जानेकी क्रिया^F; २. v.t. & i. गड़बड़ा देना, बदहवास कर देना, घबरा देना, परेशान कर देना (*the news quite ~ him*); विपर्यस्त करना, औंधा करना, उलट जाना, उलट देना, औंधाना (*carriage was ~*); (पेट) खराब कर देना (*ate something that ~ him*); (धातु^Fको) दबाकर या हथौड़े मारकर चौड़ाई^Fमें कम और मोटा करना।

upset[2] अप्-से'ट्' a. निर्दिष्ट, आरक्षित, स्थिरकृत, निश्चित; ~ price प्ररक्षित मूल्य, (नीलाममें) (वाणि०) **सरकारी बोली**^F, सरकारी कीमत^F।

upsetting –टिंग् n. (रेल०) **स्थूलन**।

upshot अप्'शॉट n. निष्कर्ष, उपसंहार, संक्षिप्त निष्पत्ति^F, परिणाम, फल, अन्त, पर्यवसान, समाप्ति^F, अन्तिम परिणाम, नतीजा, लुब्बलुबाब।

upside-down अप्'साइड्-डॉउन् a. & adv. अधोमुख, गड्डमड्ड अवस्था^Fमें, तलेऊपर, औंधी या उल्टी स्थिति^Fमें (*everything was turned ~*)।

upsides अप्साइड्ज़्' adv. (बोल०) *get ~ with* नीचा दिखाना, बदला लेना, हारते-हारते जीत जाना।

upsilon यूप्साइ'लॅन् n. यूनानी भाषा^Fका u वर्ण।

upstage अप्'स्टेज' a. (बोल०) स्वभाव या व्यवहारका रूखा।

upstairs, (adv.), **upstair**(s) अप्-स्टेअॅर्ज़, अप्-स्टेअॅर्(ज़्) a. **ऊपर,** ऊपरकी मंजिल^Fका, ऊपरकी मंजिल^Fका।

upstanding अप्-स्टैन्'डिंग् a. (मजदूरी^F) निर्धारित, निश्चित, अपरिवर्तनीय, एक रूपमें स्थिर; सुस्थापित, स्थिरकृत, सीधा खड़ा।

upstart अप्'स्टार्ट् n. & a. अनभिजात, छिछोरा; सहसोन्नत, नया रईस, नया नवाब, दीनावस्था^Fसे सहसा उन्नतावस्था^Fको प्राप्त व्यक्ति (प्रायः गुण०)।

upstream, (adv.) **up-stream** अप्-स्ट्रीम्', अप-स्ट्रीम्' a. प्रतिस्रोत, प्रवाहके विरुद्ध (जानेवाला या चलाया हुआ) (रास्ता, नाव^F आदि)।

upstroke अप्-स्ट्रोक् n. उद्‌घात; (वाणि०) **ऊर्ध्व रेखा,**

उद्रेखा^F, लिखावट^Fमें ऊपरको उठी हुई लकीर^F या मात्रा^F।

virtue वर्'ट्यू n. पुण्य, धर्म, सुकृत, साधुताF, सदाचार, नैतिक उच्चताF, नैतिक विशालताF, सुजनताF, उत्तमताF, भलापन, अच्छापन, भलाईF, नेकीF; कौमार्य, कुमारीपन; सतीत्व, शुद्धताF, पवित्रताF, उत्तम गुण; बल, शक्तिF, क्षमताF, सामर्थ्य, ओज; (दर्श०) **सद्गुण**, उत्तम गुण, अच्छा गुण; (pl.) देवदूतकी सातवीं श्रेणीF (सद्गुण), दे॰ ORDER; theological ~s धार्मिक गुण (विश्वास, आशाF, दान); *by or in ~ of* के कारण, के बलसे,

के निमित्त, के कारणसे, की बदौलत, की वजहसे; *make a ~ of necessity* बाध्य होकर भी अप्रियको प्रिय कर्तव्य समझकर करना; *~ is its own reward* धर्म जीवनका परम फल है।

virtueless –लिॅस् a. अधर्मी, असज्जन, असाधु, असदाचारी, नैतिक-उच्चता-रहित; भ्रष्ट, असती, अपवित्र, अशुद्ध, खराब; कौमार्यशून्य, कौमार्यरहित; निर्गुणी, अगुणी, विगुणी, गुणहीन, निगुना, निकम्मा; बलहीन, शक्तिहीन, प्रभावशून्य, सामर्थ्यरहित, असमर्थ, बेअसर।

virtuosity, virtuosoship वर्च्यूऑ'सिटि, –सोशिप् nn. कलाज्ञता^F^, कलामर्मज्ञता^F^, कलाविज्ञता^F^, कलाकारिता^F^, कलादक्षता^F^, कलानिपुणता^F^, कलाप्रवीणता^F^, कलानुराग, कलास्नेह, कलाप्रेम।

virtuoso वर्च्यूओ'सो n. (pl. *-si*) कलामर्मज्ञ, कलाविज्ञ, कलाविद्, कलाकार, कलास्नेही, कलाप्रेमी, कलानुरागी, कलापारखी।

virtuous वर्'च्यूअॅस् a. सत्, साधु, सदाचारी, सज्जन, धर्मात्मा, धर्मपरायण, धर्मशील, पुण्यशील, पुण्यात्मा, उत्तम, अच्छा, भला, नेक (*~ life*); कुमारी, पतिव्रता, सती, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंकिनी; (दर्श०) **सद्गुणी**, गुणवान्, गुणशील।

virtuousness –निॅस् n. पुण्यता^F^, साधुत्व, सदाचार, सज्जनता^F^, धर्मपरायणता^F^, धार्मिकता^F^, धर्मात्मत्व, उत्तमता^F^, अच्छाई^F^, भलाई^F^, नेकी^F^; कौमार्य, सतीत्व; शुद्धता^F^, पवित्रता^F^, निष्कलंकत्व; सद्गुणता^F^; गुणवत्ता^F^, गुणशीलता^F^।

Virtutis amor (L) n. धर्मप्रेम।

virulence, -cy वि'रियू(रु)लॅन्स्, -सि nn. (चि०) विषालुता^F^, विषैलापन, विषाक्तता^F^, विषपूर्णता^F^, जहरीलापन; घातकता^F^, मारात्मकता^F^, सांघातिकता^F^; कटुता^F^, कड़वापन; उत्कटता^F^, उग्रता^F^, (कृषि०) **प्रचण्डता**^F^, सख्ती^F^; **तीव्रता**^F^, तीक्ष्णता^F^, तीखापन; तेजी^F^; विषमता^F^।

virulent –लॅन्ट् a. (चि०) विषसम, विषालु, विषाक्त, विषपूर्ण, विषधर, विषभरा, विषैला, जहरीला; (चि०) अनिष्टकर, घातक, मारक, सांघातिक (*~ ulcer*); उत्कट, उग्र, प्रचण्ड, तीक्ष्ण, तीखा, सख्त, तेज, जोरदार (*~ animosity, epidemic*)।

viruliferous –यूलि'फ़ॅरस् a. (चि०) विषाणुवह, विषाणुजन, विषाणुकर।

virus वाॲ'रॅस् n. (वन०, कृषि०) **विषाणु** (*~disease*), संक्रामक विष, स्पर्शक्रामक विष, छूत^F^से फैलनेवाला जहर, **वायरस**, विकृत द्रव्य; (ला०) द्वेष, मलिनता^F^, तीखापन, कड़वापन; नैतिक विष।

vis- = VICE- (*~ count*)।

Vis, visc. Viscount.

vis विस्' n. बल, शक्ति^F^, बस, जोर, ताकत^F^; ऊर्जा^F^।

visa वी'ज़ॅ n. & v.t. VISE[1,2]; **प्रवेशपत्र, वीज़ा**; (विधा०) **द्रष्टांक, वीसा**।

visage वि'जिज् n. मुख, मुखश्री^F^, आकृति^F^, अनुहार, छवि^F^, मुँह, चेहरा, शक्ल^F^, सूरत^F^।

visaged –ड् a. आकृतिवान्, आकृति^F^का, अनुहारका, चेहरेवाला, शक्ल^F^का, सूरत^F^का; सुन्दर।

visard वि'ज़ॅड् n. दे० VISOR.

vis-a-vis[1] वीज़्'आवी n. सम्मुखीन व्यक्ति, सम्मुख स्थित व्यक्ति, आमने-सामने बैठा व्यक्ति; आमने-सामनेकी सीट^F^ या गाड़ी^F^।

vis-a-vis[2] (F) a. & adv. मिथः उन्मुख, परस्परोन्मुख, सम्मुखीन, **आमने-सामने**; के प्रति, विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; तुलना^F^में, समता^F^में।

viscacha, viz- विस्कॅ'चॅ, विज्- n. (दक्षिण अमेरिकी) खरगोश।

viscera वि'सॅरॅ n. अन्त्रस्थ, (चि०, कृषि०, जीव०) **आन्तराग, आभ्यन्तर अंग, अभ्यन्तरांग, अन्तरंग**, आशय, देहगुहान्तर; कोष्ठांग; अन्त्र^F^, आँत^F^, अँतड़ियाँ^F^।

visceral –रॅल् a. (चि०, जीव०) **अभ्यन्तरांग-; आन्तरांग-**; कोष्ठांग-सम्बन्धी; आन्त्रःस्थ, आन्तरावयवीय, **आशय-, आशयिक** (*~ arch*); अन्त्रीय, आँत^F^का, अँतड़ियों^F^का; ~ skeleton (जीव०) **ग्रसनीकंकाल, हनुकंकाल**;

~ arch, ~ artery, ~ connective, ~ ganglia, ~ mass, ~ membrane, ~ muscle, ~ nerve, ~ peritoneum, ~ pleura, ~ vein.

viscerate –रेट् v.t. (चि०) निरन्त्रण, आँत^F^ निकालना, पेट खाली करना।

viscerogenic ⊙ –रॅजे'निक् a. (शिक्षा०) **दैहिक**, आन्तरिक, अन्तरंग।

viscid वि'सिड् a. श्यान, आलग, सान्द्र, (वन०) **चिपचिपा**, लसलसा, लसदार, लुआबदार;

~ emulsion, ~ liquid, ~ mass.

viscidity –'डिटि n. आलगत्व, श्यानता^F^, सान्द्रता^F^, चिपचिपाहट^F^, लसलसाहट^F^, लसलसापन।

viscidize –'सिडाइज् v. i. आलगीकृत करना, आलगीभूत होना, श्यान बनाना या होना, चिपचिपा बनाना या होना, लसलसा बनाना या होना।

viscidness –ड्-निस् n. = VISCIDITY.

viscin वि'सिन् n. आलगि, श्लेषरस, लासा, एक प्रकारके वृक्षोपजीवीसे प्राप्त गोंद-सदृश द्रव्य।

viscometer विस्कॉ'मिटॅर् n. आलगमान, (रसा०, भौ०) **श्यानतामापी**।

viscometry –ट्रि n. आलगमिति^F^, (रसा०) **श्यानतामिति**^F^।

viscose विस्'कोस् १. n. श्लेष्य, कलफ; एक गोंद सदृश पदार्थ; (रसा०) T. (*~ process*); २. a. आलग, सान्द्र, (रसा०) **श्यान**, लसलसा।

viscosity –कॉ'सिटि n. (रसा०, ग०, चि०) **श्यानता**^F^ (*~ co-efficient, ~ tube*); = VISCOUSNESS.

viscount वाइ'कॉउन्ट् n. उपसामन्त, वाइ-काउण्ट।

viscountcy, viscountship, viscounty –सि, –शिप्, –टि nn. उपसामन्तपद, उपसामन्ती^F^, वाइकाउण्टका पद या क्षेत्र या स्थान।

viscountess –टि॑स् n. उपसामन्त-पत्नी^{F}, उपसामन्तिन^F, उपसामन्तकी स्त्री^{F}, वाइ-काउण्टकी पत्नी^{F}, वाइकाउण्टेस^F।

viscous विस्'कॉउस् a. (चि०, रसा०) **अन्तर्घर्ष**; (भौ०) आलग, सान्द्र, (रसा० चि०) **श्यान**, चिपचिपा, लसलसा, लसदार, लुआबदार;
~ fluid, ~ liquid, ~ resistance, ~ substance.

viscousness –निॅस् n. (भौ०) आलगत्व, सान्द्रता^{F}, (कृषि०, रसा०, चि०, भौ०) **श्यानता**^{F}, गाढ़ापन; चिपचिपाहट^F, लसलसाहट^F, लसदारी^{F}, लसलसापन।

viscus विस्'कॅस् n. (चि०) कोष्ठाङ्ग, आशय; (चि०, जीव०) **आभ्यान्तराङ्ग, अन्तरंग**।

visé^1 वी'ज़े n. (पारपत्रका) दृष्टांक, अनुवेश-पत्र, अनुमति-पत्र, **पारपत्र**, प्रमाणीकरण सूचक चिह्न, तसदीकी मुहर^F; वीक्षा^{F}; **वीसा**।

visé^2 v.t. पारपत्रपर दृष्टांक लगाना; प्रमाणित करना, वीक्षा^{F} करना।

visibility विज़िबि'लिटि n. (परि०) **दृश्यता**^{F}, (~ *coefficient*, ~ *curve*), दृश्यमानता^{F}, दृष्टिगोचरता^{F}, स्पष्टता^{F}, प्रत्यक्षता^{F}; (धातुवि०, नौवि०, पदार्थोंको देखनेके लिए) वायुगत अनुकूलता^{F}।

visible –'ज़ॅबॅल् a. **दृश्य, दृश्यमान**, चक्षुर्ग्राह्य, नेत्रविषयगत, नयनपथवर्ती, दृष्टिगोचर, दिखाऊ (~ *light*, *region*); व्यक्त, प्रकट, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर, खुला, साफ़ (*has no ~ means of support*); मिलनार्थ सन्नद्ध, भेंट^F करनेको उद्यत (*is she ~ ?*); ~ church ईसाई लोग; ~ speech वर्णमाला^{F};
~ horizon, ~ import, ~ point, ~ region, ~ representation, ~ signal, ~ spectrum.

visibleness –निॅस् n. दृश्यता^{F}, दृष्टिगोचरता^{F}; स्पष्टता^{F}, प्रत्यक्षता^{F}।

visibly –लि adv. प्रत्यक्षतः, स्पष्टतः, प्रत्यक्ष रूपसे, स्पष्ट रूपसे, व्यक्त रूपमें, देखनेमें।

visile –ज़ाइल a. (मि०)**दर्शनापेक्षी, दर्शनपरक**, दृष्टिपरक, दर्शनोत्सुक; (मि०) दृष्टि-ज्ञानी, दृष्टि^{F}का उपयोग अधिक करनेवाला तथा दृष्टि^{F} द्वारा प्राप्त ज्ञानको जल्दी स्मरण करनेवाला।

Vis inertiae (L) adv. विना सामना किए हुए।

vision^1 वि'ज़न् n. दर्शन, दर्शनशक्ति^{F}, अवलोकन, अवलोकनशक्ति^{F}, (जीव०, चि०) **दृष्टि**^{F}, दृष्टिशक्ति^{F}, नज़र^F, निगाह^F (*beyond our ~*); आभास, छाया^{F}, झलक^F, झाँकी^{F}; स्वप्नगत वस्तु^{F}, स्वप्न, सपना; कल्पना^{F}, दिवास्वप्न, मनःसृष्टि^{F}, मनोरथ (*romantic ~s of youth*); मृगतृष्णा^{F}; माया^{F}, धोखा; भूत; राजनीतिक दूरदृष्टि^{F}, राजनीतिक चातुर्य, राजनीतिक दूरदर्शिता^{F}; field of ~ दृष्टिसीमा^{F}; reflected ~ (प्रकाश किरणों^{F}के कारण) प्रतिबिम्बित या विकृत दृष्टि^{F}, परावृत्त दृष्टि^{F}; refracted ~ (प्रकाश किरणों^{F}के कारण) विवर्तित दृष्टि^{F}; मुआविन दृष्टि^{F}।

vision^2 v.t. अवलोकन करना, दर्शन करना, देखना; दृष्टिगत करा देना, हाज़िर करना; झाँकी^{F} दिखाना, छायारूपमें उपस्थित करना।

visional –ज़ॅनॅल् a. दृष्टि-सम्बन्धी; मायावी, मायाग्रस्त, भ्रममय, अवास्तविक, असत्य, काल्पनिक, अव्यावहारिक, ख़याली।

visionariness –नॅरिनिॅस् n. भ्रम, भ्रान्ति^{F}, स्वप्नदर्शिता^{F}, कल्पनाप्रियता^{F}, अवास्तविकता^{F}, असत्यता^{F}, अव्यवहार्यता^{F}, ख़यालीपन, वहम, ख़ब्तीपन।

visionary^1 –रि n. मायाग्रस्त जीव, कल्पनाविहारी, भ्रममें पड़ा हुआ व्यक्ति, स्वप्नद्रष्टा, स्वप्नदर्शी पुरुष, सपना देखनेवाला, ख़याली आदमी, वहमी इन्सान।

visionary^2 a. भ्रमग्रस्त, मायाग्रस्त, स्वप्नदर्शी, कल्पनाप्रिय, काल्पनिक, अवास्तविक, असत्य, अव्यवहार्य, ख़याली, वहमी।

visionist –निस्ट् n. = VISIONARY^1.

visionless –न्लिॅस् a. दृष्टिहीन, अन्धा; आभासरहित।

visit^1 वि'ज़िट् n. दर्शन, संदर्शन, साक्षात्कार, भेंट, मिलन, **मुलाकात**; अभ्यागम, दर्शनार्थ गमन (*was on a ~ to some friend*); अल्पवास, अस्थायी निवास; **भ्रमण, जाना; निरीक्षण**, वीक्षण, **मुआइना**; ~ and search वीक्षान्वेषण; (राज०) **निरीक्षण और तलाशी**^{F};
~ book, ~ remark.

visit^2 v.t. दर्शन करना, संदर्शन करना, साक्षात्कार करना, मिलना, भेंटना; भेंट^F करने जाना, मिलने जाना, देखने जाना, **मुलाकात^F करना**, मुलाकात^F करने जाना, अतिथि रूपमें जाना, पाहुना होना, मेहमान बनकर जाना; वीक्षण करने जाना, निरीक्षण करने जाना, **मुआइना करना**, मुआइना करने जाना (*had no time to ~ Tower*); **जाना**; (बीमारी^{F} इत्यादिका) आक्रमण करना या होना, हमला करना या होना; विपत्ति^{F} आना, संकट आना; (बाइ०) दण्ड देना, सज़ा^{F} देना; (पापादिका) प्रक्षालन करना, प्रायश्चित्त करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; आशीष देना, आशीर्वाद देना; सान्त्वना^{F} देना, सुख देना, आराम देना; ~ *together* ⊙ परस्पर भेंट^F करना; ~ *with* किसीके साथ बातचीत^F करना; ~ *with him* ⊙ (किसीसे) मुलाकात^F करने जाना।

visitable –टॅबॅल् a. दर्शनीय, संदर्शनीय, साक्षात्कारयोग्य; वीक्षणीय, निरीक्षणीय, मुलाकात^F करने योग्य।

visitant^1 –टॅन्ट् n. प्रवासी पक्षी, मैत्रानी भिक्षुणी^{F}; (काव्य०, भाषण) अभ्यागत, मुलाकाती, दर्शक, मेहमान, पाहुना; (V ~; भिक्षुणियों^{F}की सिस्टरों^{F}में सम्मिलित) निरजाकी शिक्षिका^{F}, मैत्रानी^{F}।

visitant^2 a. आगन्तुक, अभ्यागत, दर्शी, दर्शनाभिलाषी, साक्षात्कारी, मिलनेवाला, भेंट^F करनेवाला, मुलाकात^F करनेवाला।

visitation –टे'शन् n. संदर्शन, परिदर्शन; वीक्षण, निरीक्षण, परख^F, जाँच^F, मुआइना; अभ्यागमन, भेंट^F,

मुलाकात[F]; (बोल०) दीर्घकालीन आतिथ्य, लम्बी मेहमानी[F]; दैवदुर्विपाक, ईश्वरीय दण्ड, विपदा[F], आफत[F]; (ईसाकी माँ[F] एवं एलिजाबेथके मिलन-अवसरपर आयोजित) सम्मानसमारोह; (पक्षियोंका बड़ी संख्या[F]में) आकस्मिक देशान्तरगमन (~ *of locusts*); पोतस्तम्भन (*state's right of* ~)।

visit(at)orial विसिट्(अॅट्)ऑ'रिअॅल् aa. दर्शकीय; आगन्तुकीय; निरीक्षक-विषयक।

visiting वि'ज़िटिंग् n. दर्शन, सन्दर्शन, मिलन, भेंट[F], मुलाकात[F] (*have a ~ acquaintance with him*); आतिथ्य, मेहमानी[F]; आवागमन, आवाजाही[F]; वीक्षण, निरीक्षण, मुआइना; ~-book आगन्तुक-पंजी[F]; ~-card संदर्शन-पत्र, मिलन-पत्र, नाम-पत्र, मुलाकाती कार्ड; ~ committee वीक्षक समिति[F], ~ hours **मिलनेका समय**, भेंट[F]का समय; ~ mission (राज०) **निरीक्षण दल, निरीक्षण मिशन**; ~ professor आमन्त्रित प्राध्यापक, (चि०) **अतिथि प्राध्यापक**।

visitor –टॅर n. **दर्शक**, दर्शनार्थी, मिलनार्थी, **मिलनेवाले, मुलाकाती**; अतिथि, अभ्यागत, आगन्तुक, मेहमान; संदर्शक, परिदर्शक, वीक्षक, निरीक्षक, निरीक्षणाधिकारी, मुआइना करनेवाला, दौरेपर आनेवाला अधिकारी; ~s' book (होटल इत्यादिमें) दर्शक-पंजी[F], अभ्यागन्तुक बही[F]; ~s' gallery दर्शक-दीर्घा; health ~ (चि०) स्वास्थ्यचर।

visor, -zor, visard, -zard वाइ'ज़ॅर्, –ज़ॅर्, वि'ज़ॉर्ड्, –ज़र्ड् nn. (इति०, शिरस्त्राणसंलग्न) मुखावरण, चेहरा; टोपी[F]का निकला हुआ अग्रभाग, टोपी[F]का परदा; (इति०) आवरण, छद्मवेष, चेहरा, घूँघट, पर्दा, बुर्का, नकाब।

visored–र्ड् a. आवृत्त, आवरणमय, घूँघटवाली, पर्दादार, पर्दानशीन, बुर्केवाली, नकाबपोश।

visorless –र्'लिस् a. आवरणहीन, आवरणरहित, घूँघटरहित, बेपर्दा, बेनकाब।

vista विस्'टॅ n. वीथी[F], वीथि[F], वीथिका[F]; तरुपंक्ति[F], (दोनों ओर स्थित वृक्षपंक्तियों[F]के बीचका लम्बा दृश्य); (विशे० मानसिक) सिंहावलोकन, अन्वेषणा[F]; स्मृति-परम्परा[F], पूर्वानुभूत घटनाओं[F]का दृश्य-क्रम (*searched the dim ~ of his childhood*)।

vista'd ⊙–ड् a. वीथिकायुक्त, तरुपंक्तिवत्; अन्वेषी; क्रमयुक्त, क्रमिक।

visual वि'ज़्यु(ज़्यू)अॅल् a. दार्ष्टिक, **दृष्टि-, दृष्टिक, दृष्टिमूलक**, दृष्टिगत, दृष्टिज्ञानी; दृष्टिग्राह्य, **दृश्य**, नेत्रग्राह्य, दृष्टि-सम्बन्धी, **चाक्षुष**, नैत्रिक, **नेत्रीय, नजरी**, आँख[F]का; **आभासी**;

~ *acuity*, ~ aid, ~ angle, ~ area, ~ axis, ~ binary, ~ centre, ~ education, ~ examination, ~ field, ~ fire, ~ focus, ~ inspection, ~ instrument, ~ laying, ~ line, ~ method, ~ nerve, ~ organ, ~ perception, ~ process, ~ purple, ~ range, ~ searching, ~ sensation, ~ space, ~ span, ~ spotting, ~ station, ~ technique, ~ terminal, ~ tract, ~ training.

visuality –अै'लिटि n. चाक्षुपता[F], दार्ष्टिकता[F], नैत्रिकता[F]; (चि०) गोचरता[F]; दृष्टि[F], नजर[F]।

visualization –ॲलाइज़े'शॅन् n. मनसेक्षण, मानसदर्शन; प्रत्यक्षीकरण, निरूपण, सन्दर्शन, स्पष्टीकरण; दृष्टांकन, दृष्टिगत चित्रण; मानसचित्र।

visualize –ज़्यु(ज़्यू)ॲलाइज़् v.t. दृश्यमान करना, दृष्टिगत करना, दृष्टिगोचर करना; (विचार इत्यादिका) बाह्यनिरूपण करना; बाहरी रूप देना; व्यक्त करना; (अनुभूत या पूर्वावलोकित वस्तुओं[F]का) मनसेक्षण करना, मानसदर्शन करना, मानसपटलपर अंकित करना।

visualizing –ज़िंग् n. (शिक्षा०) **प्रत्यक्षीकरण**।

vita वाइ'टॅ n. (चि०) प्राण, जीव।

vita glass वाइ'टॅ ग्लास् n. ओजकिरणग्राही काच।

vital[1] वाइ'टॅल् n. (pl.) मर्मस्थान, मर्मांग, मर्म, मार्मिक अवयव (जैसे, वृक्क, फेफड़ा, मस्तिष्क आदि)।

vital[2] a. (रसा०) **जैव, जीव-, जीवकर**, प्राणीय, प्राणधारक, प्राणभूत, (चि०) **प्राणमूलक, जीवन-, जीवनीय**, जीवनगत, जीवनप्रद, जीवयुक्त, सजीव, जीवी, जीवनधारक, (वन०) जीवकर, जीवनोपयोगी, जानदार, जीता; जीवन-रक्षक, जीवन-दायक; **महत्त्वपूर्ण**, अत्यावश्यक (~ *modifications*, ~ *question*), **मार्मिक**, मर्मभूत, **मर्म-**, (*wounded in a ~ part*); **जीवन-मरण-; जीवाधार-**, जीवनावश्यक; सांघातिक, प्राणघाती, क्षतिकारक; ~ air (रसा०) **जीवाधार वायु**; ~ area मर्मक्षेत्र; ~ function (वन०) **जीवकार्य**, जीवनकार्य; ~ signs (चि०) श्वसन, नाड़ी[F] और ताप; ~ statistics (अर्थ०) **जीवनांक, जीवन-मरण आँकड़े, जन्ममृत्यु[F]के आँकड़े**; (सांख्य०) **जीवन-आंकड़े, जन्म-मरण-सम्बन्धी आँकड़े**;

~ action, ~ capacity, ~ force, ~ ground, ~ interests, ~ modification, ~ part, ~ point, ~ statistics.

vitalism–लिज़्म् n. (जीववि०) महाप्राणता[F]; (शिक्षा०) **प्राणमूलकतावाद**, जीवनतत्ववाद, जीवनवाद, जीवनीशक्तिवाद, जीवबलवाद, (चि०) **जीववाद**, प्राणवाद।

vitalist –लिस्ट् n. जीवनशक्तिवादी, जीवबलवादी, प्राणवादी।

vitalistic –टिक a. जीवबलवादी, प्राणवादी, जीवनीशक्तिवादीय; ~ theory (रसा०) **जैववाद**।

vitality –टै'लिटि n. सजीवता[F], प्राणमूल, ओज, जीवनतत्व, (चि०) **प्राणशक्ति[F]**, (कृषि०) **जीवन**, जीवनबल, (वन०) **जीवन-शक्ति[F]**, जीवनीशक्ति[F], चेतनत्व, चेतना[F], जीवधारण-क्षमता[F], बल, ताकत[F]; (ला० किसी संस्था[F] या भाषा[F]का) ओज, कार्यशक्ति[F]।

vitalization –टॅलाइज़े'शॅन् n. जीवन प्रदान, जीवन-संचरण, जीवनशक्तिदान; सप्राणकरण, तेज-प्रदान।

vitalize –टॅलाइज़् v.t. जीवित करना, जीवन-संचार

करना, जीवनीशक्ति देना; सतेज करना, तेज प्रदान करना।

vitalizing –ज़िंग् a. जीवनदाता, प्राणशक्तिदायक।

vitals वाइ'टॅल्स् n. (चि०) मर्म, जीवनके लिए आवश्यक अंग।

vitamin वि(वाइ)'टॅमिन् n. जीवतिF, खाद्योज, खाद्यप्राण, (जीव०, चि०, कृषि०, वन०, रसा०) पौष्टिक तत्त्व, विटामिन;
~ activity, ~ concentrates, ~ deficiency, ~ preparation, ~ products, ~ technology.

vitaminize –नाइज़् v.t. खाद्योजित करना, खाद्योजमय करना, विटामिन बढ़ाना।

vitascope ⊙ वाइ'टॅस्कोप् n. वायस्कोप।

vitellarium ⊙ वाइटॅलॅ'रिॲम् n. (जीव०) अण्डपोष, T.।

vitellin वाइ(वि)टे'लिन् n. अण्डपीत-प्रोभूजिन, विटेलिन, अण्डेकी जर्दीFका प्रोटीन।

vitelline –लाइन् a. अण्डपीत-, जर्दीFका (~ *membrane, vein*), T., (~ *artery*, ~ *gland*)।

vitellus –लॅस् n. (चि०) पीतक, अण्डपीत, अण्डेकी जर्दीF, T.।

viti- द्राक्षा-, अंगूर- (~*cide*, ~*culture*, ~*cultural*, ~*cultur(al)ist*)।

vitiate वि'शिएट् v.t. दूषित करना, विदूषित करना, प्रदूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, भ्रष्ट करना, विकृत करना, खोटा करना, बिगाड़ना, खराब करना; निष्फल करना, अनुपयोगी कर देना, निरुपयोगी कर देना, व्यर्थ करना, बेकार कर देना, प्रभावरहित कर देना, बेअसर कर देना (*a word may ~ a contract*)।

vitiated –टिड् a. दूषित, कलुषित, विकृत (~ *air, mind*)।

vitiating –टिंग् a. दूषक, विकारी (~ *factor*)।

vitiation –ए'शॅन् n. दूषण, कलुष, विकार, बिगाड़, खराबीF।

vitiator –शिएटॅर् n. दूषक, प्रदूषक, विकारी, विकृत करनेवाला, खराब करनेवाला।

viticultural वाइ(वि)टिकल्'चॅरॅल् a. द्राक्षोत्पादनीय, अंगूरकी खेतीFका।

viticultur(al)ist –चॅर(ॲल्)इस्ट् n. द्राक्षोत्पादक, अंगूर उपजानेवाला।

viticulture –कल्चॅर् n. द्राक्षोत्पादन, (कृषि०) द्राक्षकृषिF, अंगूरोत्पादन, अंगूरकी खेतीF।

vitifolius ⊙ वाइ(वि)'टिफोलिॲस n. (वन०) द्राक्षापर्ण, अंगूरका पत्ता।

vitiosity विशिऑ'सिटि n. = VICIOUSNESS.

vitreous वि'ट्रिॲस् a. (रसा०) काचीय, (रसा०) काचाभ, काचवत्, काचसम, काचमय, काचसदृश, शीशेके समान, शीशेका, शीशेदार (~ *lustre*); ~ *body* [illegible] (चि०) काचाभ पिण्ड, T. पिण्ड;
~ chamber (जीव०) सान्द्रद्रव कक्ष, T.; ~ humour (नेत्रो०) सघन द्रव, सान्द्र नेत्र द्रव; काचोद (आँखFका), (चि०, जीव०) सान्द्र द्रव, T.; ~ tile (स्था०) झाँवा;
~ lustre, ~ slip, ~ state.

vitreousness, vitreosity –सिनॅस्, –ऑ'सिटि nn. काचवत्ताF, काचयुक्तताF, काचीयताF, काचाभताF।

vitrescence विट्रे'सॅन्स् n. काचरणीयताF, काचीयताF।

vitrescent –सॅन्ट् a. काच-निर्माण-योग्य, शीशा बननेवाला।

vitrescible विट्रे'सिबॅल् a. = VITRIFIABLE.

vitrifaction विट्रिफैक्'शॅन् n. काचीकरण, शीशेमें परिवर्तन।

vitrifiability –फ़ाइॲबि'लिटि n. काचमें रूपान्तर या परिवर्तनशीलताF।

vitrifiable–ट्रिफ़ाइॲबॅल् a. (रसा०) काचनीय, काचाभ, काचरूपान्तरणीय, शीशेमें बदलने लायक (~ *earth*)।

vitrification–फ़िके'शॅन् n. (रसा०) काचन, काचीकरण, काचमें रूपान्तरण।

vitrified ⊙ –ट्रिफ़ाइड् a. काचरूपान्तरित, (खनि०) काचित (~ *fort*), काच-बनी, शीशेमें परिवर्तित; ~ brick (स्था०) संगराली ईंटF।

vitriform –फ़ॉर्म् a. काचाकार, शीशेके आकारका।

vitrify –फ़ाइ v. t. काचमें परिणत करना, शीशेमें बदलना; काच बनाना, शीशेका-सा बनाना, शीशा बनाना।

vitrimite –ट्रिमाइट् n. (प्रा०भू०) काचाभ।

vitriol वि'ट्रिॲल् n. (चि०) (गन्धकका तेजाब तथा उसके) लवण; तुत्थांजन, (रसा०) कासीस; (~ *ochre*); गन्धकाम्ल, (ला०) मर्मभेदी वक्तृताF; तीव्र भाषण, फाड़नेवाले वचन; कटु समीक्षाF, प्रखर समालोचनाF, कटु समालोचनाF (~ *throwing*); तेजस्विताF, प्रकुपताF; blue ~ तुत्थ, नीलातूतिया; green ~ कासीस, हीराकस; white ~ जिंक सल्फेट।

vitriolate –लेट् v.t. गन्धकाम्ल बनाना, गन्धकका तेजाब बनाना।

vitriolation –ले'शॅन् n. गन्धकाम्लसे विषाक्तीकरण, गन्धकाम्लसे विष-निर्माण; गन्धकाम्ल-दाहन, गन्धकके तेजाबसे जलानेका कार्य।

vitriolic –ऑ'लिक् a. गन्धकाम्लीय, गन्धकाम्लका, गन्धकके तेजाबका; गन्धकाम्लसदृश, गन्धकके तेजाबजैसा; ~ acid गन्धकका तेजाब।

vitrioline –ट्रिॲलाइन् a. गन्धकाम्लका।

vitriolizable –ज़ॅबॅल् a. गन्धकाम्ल बनाने योग्य।

vitriolization –ज़े'शॅन् n. गन्धकाम्ल-निर्माण।

vitriolize वि'ट्रिॲलाइज़् v. t. गन्धक [illegible] बनाना, गन्धकका लवण बनाना।

vitta वि'टॅ n. (pl. -tae) (रोमन पुरा०) [illegible] [illegible]F; (वन०) तैलिकाF, [illegible]F।

vituline वि'ट्यूलिन् a. (चि०) [illegible], [illegible]

बछेरेका।

vituperate वाइट्यू'परेट् v.t. अधिक्षेप करना, तिरस्कार करना, निन्दा^F करना, निर्भर्त्सना^F करना, भर्त्सना^F करना, अनुचित ठहराना, डाँटना, फटकारना, भलाबुरा कहना, आड़े हाथों लेना, लानत^F देना।

vituperation –रे'शॅन् n. अधिक्षेप, तिरस्कार, निन्दा^F, निर्भर्त्सना^F, भर्त्सना^F, अनुचित कथन, अपशब्द, गाली^F, झिड़की^F, डाँट^F, फटकार^F, लानत^F।

vituperative –पॅरॅटिव् a. अधिक्षेपात्मक, तिरस्कारात्मक, निन्दास्पद, भर्त्सनामय।

vituperator –रेटॅर् n. अधिक्षेपक, तिरस्कर्ता, निन्दक, निन्दा^F करनेवाला, अनुचित कथन करनेवाला, झिड़कनेवाला, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, लानत^F देनेवाला।

viva वाइ'वॅ दे० VIVA VOCE[1,2].

viva (It.) n. जय^F, जयकार^F; int. जय^F हो।

vivacious वाइ(वि)वे'शॅस् a. सजीव, जीवन्त, हृष्ट, सोत्साह, प्रफुल्ल, उल्लसित, उल्लासपूर्ण, उत्साहपूर्ण, प्रमुदित, जोशीला, ज़िन्दादिल; प्रबल, सबल, ओजपूर्ण, जोरदार; (वन०) सदाबहार, बारहमासी।

vivaciousness –निस् n. = VIVACITY.

vivacity –वॅ'सिटि n. सजीवता^F, जीवन्तता^F, हृष्टता^F, उत्साह, प्रफुल्लता^F, उल्लास, आनन्द, जोश, ज़िन्दादिली^F।

vivarium वाइवेॲ'रिॲम् n. पशुशाला^F, प्राणि-उद्यान, जन्तु-वाटिका^F, चिड़ियाखाना, चिड़ियाघर।

vivary वि'वॅरि n. पशुशाला^F, चिड़ियाघर।

vivat rex! (L) महाराज दीर्घायु हों।

viva voce[1] वाइ'वॅ वो'सि n. (संक्षिप्त रूप *viva*) मौखिकी^F, **मौखिक परीक्षा**^F, ज़बानी इम्तहान।

viva (-voce)[2] v. t. मौखिक परीक्षा^F लेना; ज़बानी इम्तहान लेना।

viva voce[3] a. वाचिक, वाचनिक, **मौखिक** (~ *negotiation*), ज़बानी, मुँहबोला (~ *examination*)।

viva voce[4] (L) जीवित वाणी^F द्वारा; दे० VIVA VOCE.

viva voce[5] adv. मौखिक रूपसे, ज़बानी तौरपर।

vive वीव्' *int.* ज़िन्दाबाद!

vivers वाइ'वॅर्ज़ *n. pl.* (स्कॉटलैण्ड) खाद्य, भोज्य पदार्थ, भक्ष्य पदार्थ, भोजन-सामग्री^F, रसद^F।

vives वाइव्ज़्' *n.* कर्णरोग, कर्णग्रन्थिशोथ (विशे० घोड़ोंका)।

vivid वि'विड् a. जीवनयुक्त, जीवन्त, सजीव; सुस्पष्ट (~ *imagination*); (शिक्षा०) **स्पष्ट**, (प्रकाश या रंगके लिए) विशद, परिस्फुट, चमकीला, चमकदार, चटकीला, भड़कदार; भभूका, भड़कीला(~ *flash of lightning*); (मानसिक गुण या संस्कारके लिए) ओजपूर्ण, बलशाली, शक्तिशाली, प्रभावपूर्ण, तीव्र, तेज।

vividity, -ness –डिटि, –निॅस् n. सजीवता^F, जीवन्तता^F, जीवितवत्ता^F; विशदता^F, परिस्फुटता^F, **स्पष्टता**^F, चटक, चमकीलापन, भड़कीलापन; ओजपूर्णता^F, बलशालिता^F, शक्तिशालिता^F।

vivific –फिक् n. अनुप्राणक, सजीवक, जीवनदायी, जान^F फूँकनेवाला, जीवनदान देनेवाला।

vivificate –केट् v.t. = VIVIFY.

vivification –के'शॅन् n. अनुप्राणन, सजीवन, जीवन देना; जान^F फूँकना, ज़िन्दादिल करना।

vivifier –विफ़ाइॲर् n. अनुप्राणक व्यक्ति, सजीवक पुरुष, जीवनदायी व्यक्ति, जान^F फूँकनेवाला, जीवनदान करनेवाला।

vivify –इ v.t. अनुप्राणित करना, सजीव करना, जीवन देना, जान^F डालना, प्राण फूँकना, ज़िन्दादिल बनाना, जिलाना; तीव्र करना।

viviparism, viviparity, viviparousness वाइवि'पॅरिज़्म्, –पॅ'रिटि, –निॅस् nn. जीवजत्व, (जीव०) **जरायुजता**^F, अपत्यप्रसवन, सजीव-सन्तान-जनन (अण्डे देकर नहीं)।

viviparium ⊙ –पेॲ'रिॲम् n. (जीव०) **जीवशाला**^F।

viviparous –रॅस् a. (जन्तुवि०) (जीव०) **जरायुज**, जीवज, पिण्डज, सजीव-सन्तान-प्रसू (विलोम OVIPAROUS); (वन०) अपत्यप्रसू, आत्मवत्-प्रसविनी, अपनेसे ही बीज अंकुरित करनेवाला।

vivipary ⊙ –रि n. = VIVIPARITY.

vivisect वि'विसेक्ट् v.t. (जानवर आदिको) जीवित रूपमें चीरना-फाड़ना, चीरफाड़^F करना।

vivisection –क्'शॅन् n. (जीवित प्राणीका) अंगच्छेद, जीवितांगच्छेदन, चीर-फाड़^F; (शिथिल अर्थमें) सुई^F, टीका।

vivisectional–नॅल् a. जीवितांगच्छेदीय, अंगच्छेदीय, चीरफाड़-सम्बन्धी।

vivisectionist, vivisector –निस्ट्, –विसेॅक्टॅर् nn. जीवितांगच्छेदक, अंगच्छेदक, चीरफाड़^F करनेवाला।

vixen विक्'सन् n. कुररी^F, शृगालिनी^F, सियारिन^F; मादा लोमड़ी^F, लोखरी^F, लोखड़ी^F; चण्डी^F, कंकालिनी^F, कर्कशा रमणी^F, कलहप्रिया नारी^F, लड़ाकी औरत^F।

vixenish, vixenly –निश्, –लि aa. चण्डा, कंकालिनी, कर्कशा, कलहप्रिया, झगड़ालू, लड़ाकी।

viz विज़्' adv. **अर्थात्**, नाम्ना, नामशः, नामसे।

Viz. Videlicet, namely.

vizard ⊙ वि'ज़ॅर्ड् n. VISOR.

vizcacha विस्कै'चॅ n. दे० VISCACHA.

vizi(e)r विज़ीॲर्' n. मन्त्री, वज़ीर; grand ~ तुर्कीका प्रधान मन्त्री।

vizi(e)rate, vizi(e)rship –'रॅट्, –शिप् nn. मन्त्रित्व, वज़ीरी^F, वज़ारत^F।

vizi(e)rial –रिॲल् a. मन्त्रीय, मन्त्री-सम्बन्धी, मन्त्रीका, वज़ीरका।

vizor वाइ'ज़ॅर् n. = VISOR.

V.J. Victor over Japan.

Vlach व्लैक् a. & n. फ्लेक, रूमानी, लैटिनभाषी, दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय।

V.M.D. *Veterinariae Medicinae Doctor*, Doctor of Veterinary Medicine.
vo. *verso*, left hand page.
V.O.A. Voice of America.
voc. vocative.
vocab. vocabulary.
vocable वो'कॅबॅल् n. नाम; पद, शब्द, बोल ।
vocabulary वॅकॅ'ब्यूलॅरि n. शब्द-संग्रह, शब्द-भण्डार, शब्दार्थदीपिका^{F}, (शिक्षा०) शब्दावली^{F}; अभिधान, शब्दकोश (*his ~ is limited*) ।
vocabulist –लिस्ट् n. कोषकार, शब्दकोष-रचयिता ।
vocal^1 वो'कॅल् n. (वर्ण०) उच्चार, **स्वर**; (रोमन कैथोलिक चर्च) मताधिकारी ।
vocal^2 a. वाचिक, वाग्जात, वाणियुक्त, उच्चरित, (जीव०) **स्वर-**, स्वरोच्चारित, स्वर-विषयक, स्वरका, आवाज^{F}मेंका (*~ communication*); स्वरवान्, ध्वनिमय; (ध्वनि०) ध्वनित, स्वरकी प्रकृति^{F}का; **गायन, गाना**; ~ organ (शिक्षा०) **वागिन्द्रिय^F**; ~ sac (जीव०) **स्वर-कोप**, ~ cord घोषतन्त्री^{F}, स्वरतन्त्र, (चि०, जीव०) **वाक्-तन्तु, स्वर-तार, स्वररज्जु^{F}**, स्वरयन्त्र; ~ music कण्ठसंगीत; ~ fold, ~ ligament, ~ process, ~ register.
vocalic वॅकॅ'लिक् a. (वर्ण०) वाचिक, स्वर-सम्बन्धी, स्वरका (*~ resonance*); ~ declension अजन्त शब्दरूप ।
vocalis ⊙वकॅ'लिस् n. (श० र० शा०) **स्वरपेशी^{F}** ।
vocalism वो'कॅलिज़म् n. स्वर-प्रयोग, स्वर-साधना^{F}, ध्वनि-व्यवहार; (वर्ण०) स्वर-ध्वनि^{F} ।
vocalist –लिस्ट् n. गायक, गवैया, रागी ।
vocality वॅकॅ'लिटि n. वाचिकता^{F}, उच्चारण; गान-क्षमता^{F} ।
vocalization वोकॅलाइज़े'शॅन् n. स्वरण, (शिक्षा०, चि०) **स्वरीकरण, शब्दोच्चारण**, कण्ठ-साधना^{F}, स्वर-साधना^{F}; स्वरोच्चारण ।
vocalize –'कॅलाइज़् v.t. & i. स्वरित होना, सघोष होना (*f is ~ed into v*) स्वररूप देना, स्वर लगाना, स्वरान्वित करना; उच्चारण प्रकट करना, स्पष्टोच्चारण करना; (हिब्रू आदिमें) स्वर-बिन्दुसे लिखना; (हास्य०) चीखना, चिल्लाना, भनभनाना, गुनगुनाना, आवाज^F करना, बोलना; (संगीत) कण्ठ-साधना^{F} करना, गीत गाना ।
vocation वॅके'शॅन् n. (ईश्वरीय) आह्वान, पुकार^F, गुहार^F, बुलावा; (अर्थ०) वृत्ति^{F}; (अर्थ०) व्यवसाय, जीविका^{F}, नियोग, धन्धा, काम, पेशा, रोजगार (*all ~s are overcrowded*) ।
vocational –शॅनॅल् a. आह्वानीय, आह्वान-विषयक, पुकार-सम्बन्धी; व्यावसायिक, जीविका-सम्बन्धी, पेशेका, रोजगारका;
~ agriculture, ~ education, ~ guidance, ~ importance ~ level, ~ school, ~ test, ~ training.
vocative^1 वो'कॅटिव n. सम्बोधन-पद; सम्बोधन कारक ।
vocative^2 a. (व्या०) सम्बोधनमें व्यवहृत, सम्बोधक ।
vociferance वोसि'फ़ॅरॅन्स् n. चीत्कार, कोलाहल, चीख^F, चिल्लाहट^F, चिचियाहट^F, शोरगुल, हल्ला ।
vociferant^1 –न्ट् n. चीत्कारी, कोलाहलयुक्त, चीखने वाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोरगुल करनेवाला ।
vociferant^2 a. चीत्कारमय, चीखभरा, चिल्लाहटवाला, चिचियाता, शोरगुलवाला ।
vociferate –रेट् v.t. कोलाहल करना, चीत्कार करना, चीखना, चिल्लाना, चिचियाना, हल्ला मचाना, शोर मचाना ।
vociferation –रे'शॅन् n. आक्रोश, उद्घोष, कोलाहल, चीत्कार, चीख^F, चिल्लाहट^F, चिचियाहट^F, गुलगपाड़ा, शोरगुल ।
vociferator –'फ़रेटॅर् n. चीत्कर्ता, चीत्कारकर्ता, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला; चिचियानेवाला, जोरसे पुकारनेवाला ।
vociferous –रॅस् a. कोलाहलपूर्ण, चीत्कारकारी, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोर-गुल मचानेवाला, हल्ला मचानेवाला ।
vociferousness –नि'स् n. कोलाहलपूर्णता^{F}, चीत्कार, चीख^F, चिल्लाहट^F, चिचियाहट^F, हंगामा, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल ।
vodka वॉड'कॅ n. वोदका (रूसमें निर्मित और व्यवहृत राई^F आदिकी शराब^F) ।
voe वो' n. खाड़ी^{F} ।
voeux –अेक्स n. (राज०) **अनुसमर्थना^{F}** ।
vogal, vogle ⊙वो'गॅल्, ओ'गॅल् nn. कन्दरा^{F}, दरी^{F}, गह्वर^F, गुहा^{F}, गुफा^{F} ।
vogue वोग' n. प्रवृत्ति^{F}, रीति^{F}, पद्धति^{F}, प्रथा^{F}, व्यवहार, प्रचलन, चलन, चाल^F, दस्तूर, ढंग, रिवाज, फैशन (*large hats are the ~*); सार्वजनिक व्यवहार, सार्वजनिक रूप, प्रचलित प्रयोग; *~ la galere* (F) जो चाहे सो हो, जब जो होगा देखा जायगा; *in ~* चलित, प्रचलित, व्यवहृत, प्रयुक्त, व्यवहारमें, चलनमें, फैशनमें ।
voguish –'गिश् a. प्रचलित, रिवाजी, फैशन^{F}का ।
voice^1 वाॅइस्' n. वाणी^{F}, रव, **स्वर***, नाद, ध्वनि^{F}; शब्द, बोल, आवाज^F*; भाषा^{F}; स्वर-बोध, स्वरोच्चारण, अभिव्यक्ति^{F}, बोली^{F} (*gave ~ to his indignation*); (व्या०) अभिप्राय, मत, विचार; पुकार^F, [illegible]^F, [illegible]^F, [illegible]; मतप्रकाशनाधिकार, बोलने या राय^F आदि देनेका हक (*I have no ~ in the matter*); (ध्वनि०) [illegible] द्वारा उत्पादित [illegible]; (व्या०) वाच्य: active ~ [illegible]; impersonal ~ भाव-वाच्य; passive ~ [illegible]; ~ box (शरी०) कण्ठ; *has lost her ~* [illegible] [illegible]; *is not in ~* [illegible] [illegible] ~ [illegible] *people is the ~* [illegible] [illegible] ~ [illegible]

सम्मतिFसे, एक स्वरसे;
~ control, ~ disorder, ~ frequency, ~ quality, ~ mechanism, ~ test.

voice² v.t. उच्चारित करना, उच्चारण करना, बोलना, कहना; (मत) व्यक्त करना, रायF जाहिर करना, प्रचार करना, प्रकट करना (~ *feelings*); (संगीत) आरगन बाजेकी ध्वनिFके गुण और उसके स्वरको मिलाना।

voiced –ट्' a. सघोष, ध्वनित, स्वरित, नादित।

voiceful –स्'फुल् a. (का०) ध्वनिपूर्ण, मुखर, उच्च-शब्दकारी, प्रखर आवाजFका।

voiceless –'लिॅस् a. स्वरविहीन, अवाक्, मौन, मूक, गूँगा, नीरव, निःस्तब्ध, निःशब्द, चुप, बेआवाज; (ध्वनिF) अघोष, अनुच्चरित।

voicelessness –निॅस् n. स्वरविहीनताF, वाणिहीनताF, मौन, मूकताF, गूँगापन, चुप्पीF; नीरवताF, निस्तब्धताF।

void¹ वाॅइड्' n. रिक्त स्थान, शून्य स्थान, रीता स्थान, खाली जगहF (*vanished into the ~*); (ला०) रिक्तताF (~ *ratio*); शून्यताF (~ *of the heart*)।

void² a. रिक्त, (का०) शून्य, रीता, हीन, खाली, वीरान, सूना (~ *space*); (विशे०, प्रतिज्ञा, संविदा या ठेका आदिके लिए) अवैध, प्रवृत्तिहीन, अमान्य, अशक्त, असिद्ध, निःसत्त्व, अप्रमाणित, नाजायज (~ *marriage*); (का०, भाषण) वृथा, व्यर्थ, निष्फल, निरर्थक, प्रभावहीन, बेकार, निकम्मा; अनधिकृत; असार; null & ~ अमान्य, अशक्त, असिद्ध, अप्रमाणित, रद; ~ of (किसी वस्तुFसे) रिक्त, रीता, शून्य, खाली (*a proposal wholly ~ of sense*);
~ agreement, ~ contract.

void³ v.t. अवैध करना, शून्य बनाना; (चि०) मलोत्सर्जन करना; खाली करना, छोड़ना, निकालना।

voidable –'डॅबॅ_ a. शून्यकरणीय, हीनकरणीय, विवर्ज्य, विवर्जनीय, त्याज्य, अमान्य, परित्यक्तव्य, त्यागने योग्य, छोड़ने लायक (~ *contract*)।

voidance –डॅन्स् n. (पादरीवृत्तिFसे) निष्कासन, निःसारण, बहिष्करण, दूरीकरण; शून्यताF; (पादरीके पदकी) रिक्तताF; अमान्यीकरण, अशक्तीकरण, निष्फल कर देनेकी क्रियाF; त्याग, परित्याग।

voided –डिॅड् a. रिक्त, रीता, शून्य, खाली; अमान्यकृत; परित्यक्त, छोड़ा हुआ।

voidness –ड्'निॅस् n. रिक्तताF, शून्यताF, रीतापन, खालीपन; अमान्यताF, अशक्तिF, निःसत्वताF, अप्रामाणिकताF; व्यर्थताF, निष्फलताF, निरर्थकताF; प्रभावहीनताF, प्रभावशून्यताF।

Voila tout (F) बस।

voile व्वाल्', वाॅइल् n. विरली (पतला अर्द्ध पारदर्शक सूती, ऊनी या रेशमी पोशाकFका कपड़ा), वायल।

Vol. Volunteer.

vol. (pl. **vols.**) volume(s).

vola वो'लॅ n. पाणि, कर, हाथ; करतल, पादतल।

volant वो'लॅन्ट a. उड्डयी, उड्डीयमान, उड़ता हुआ, उड़ने योग्य; (अप्र०) उड़ाकू, उड़नेकी ताकतF रखनेवाला; (का०) तीव्र, तेज, चुस्त, फुर्तीला; तत्पर, सन्नद्ध; चतुर, चालाक, होशियार; ~ *adaptation* (जीव०) उड्डयन अनुकूलन, उड़ान अनुकूलन।

volar वो'लॅर् a. (चि०) करतल-विषयक, पाणितल-सम्बन्धी।

volatile वाॅ'लॅटाइल् a. उड्डायी, लोल, उत्पत, शीघ्र, (रसा०, चि०, भौ०) वाष्पशील, वायुपरिणामशील, भापF बनकर उड़ जानेवाला (~ *oil*); (ला०) सजीव, जानदार, प्रमुदित, प्रफुल्लित, जिन्दादिल (~ *wit, writer*); परिवर्तनशील; चंचल, अस्थिर; ~ matter (चि०) वाष्पशील द्रव्य;
~ acid, ~ fuel, ~ liquid, ~ solids.

volatileness, volatility –निॅस्, –टि'लिटि nn. चापल्य, लौल्य, (रसा०) वाष्पशीलताF, वायुपरिणामशीलताF; सजीवताF, प्रमोद, जिन्दादिलीF; परिवर्तनशीलताF।

volatilizable वॅले'टिलाइज़ॅबॅल् a. वाष्पीभूत होने योग्य, भापF बन जाने योग्य, उड़नेवाला।

volatilization –ज़े'शॅन् n. उत्पादन, उद्वाष्पन; वाष्पीकरण, वाष्पीभवन, उड़ना।

volatilize –'टिलाइज़् v.t. & i. वाष्पीभूत होना या बनाना, वाष्पीकृत करना या होना, (रसा०) वाष्पशील होना या करना, वाष्पित होना या करना, उत्पातन करना या होना, उड्डायी करना, उड़ा देना, (रसा०) उड़ना, उड़नेवाला होना, भापF बन जाना या बना देना।

volcanic वॉल्कै'निक् a. आग्नेयगिरि-विषयक, ज्वालामुखीयुक्त, ज्वालामुखी-सम्बन्धी, ज्वालामुखी-, ज्वालामुखीय, ज्वालामुखीकाः उद्गीर्ण, ज्वालामुखी-जनित ~ bomb ज्वालामुखी पिण्ड; ~ rock उद्गीर्ण शिलाF;
~ activity, ~ ash, ~ bomb, ~ cinder, ~ cloud, ~ cone, ~ duct, ~ eruption, ~ mountain, ~ neck, ~ rock, ~ soil.

volcanicity –कॅनि'सिटि n. आग्नेयगिरि-बहुलताF, ज्वालामुखी शैल, ज्वालामुखीयताF, ज्वालामुखीपन।

volcanism –'कॅनिज़म् n. आग्नेयगिरिताF, अग्निपर्वतताF, ज्वालामुखीयताF, ज्वालामुखीपन; (प्रा० भू०) ज्वालामुखी क्रियाF।

volcanist –निस्ट् n. आग्नेयगिरि-विद्, ज्वालामुखीविद्या विशारद।

volcanized –नाइज़्ड् a. अग्नीयित, अग्न्युत्पातित, ज्वालामुखी-प्रभावित।

volcano –के'नो n. अग्निपर्वत, आग्नेय गिरि, (प्रा० भू०) ज्वालामुखी, ज्वालामुखी पर्वत (*active, dormant,~*)।

volcanological –कॅनॅलाॅ'जिकॅल् a. ज्वालामुखीविद्या-सम्बन्धी।

volcanologist –नाॅ'लॅजिस्ट् n. ज्वालामुखी-वैज्ञानिक।

volcanology –जि n. ज्वालामुखी-विज्ञान, (प्रा० भू०) ज्वालामुखी-विद्याF, अग्निपर्वत-शास्त्र।

vole[1] वोल्' n. शाद्वल-मूषक, (कृषि०) **वोल** (**मूषक-जाति**F); water-~ बड़े आकारका वोल।

vole[2] n. (ताशके कुछ खेलोंमें) सारे हाथ पा लेना, पूर्ण विजयF।

vole[3] v. i. सारे हाथ पाना, सब चालोंको मात कर देना।

volent वो'लॅन्ट् a. संज्ञानी, प्रयासी, प्रयत्नशील; चेष्टाशक्तिमान्, इच्छाशक्तिमान्।

volery वॉ'लॅरि a. पक्षि-वृन्द, डार; पिंजरा।

volitant वॉ'लिटॅन्ट् a. उत्पतनशील, उड़नेवाला।

volitation –टे'शॅन् n. उत्पतन, उड़ना, उड़ानF।

volition वॅलि'शॅन् n. संज्ञान; प्रयास, प्रयासन; (दर्श०) अध्यवसाय; **कृति**F; **संकल्प**, **चेष्टाशक्ति**F, **इच्छाशक्ति**F, कामनाशक्तिF, रुचिबल; इच्छाF, स्वेच्छाF, मरजीF, पसन्दF, चाहF; मनन, चेष्टाF, प्रवृत्तिF, इच्छा-प्रकाश, विचाराभिव्यक्तिF।

volitional –नॅल् a. ऐच्छिक, चैष्टिक, सांकल्पिक, प्रावृत्तिक।

volitionary –नॅरि a. सांकल्पिक, संकल्पशील।

volitionless –न्'लिॅस् a. संकल्पशून्य, इच्छाशक्तिरहित, चेष्टाविहीन, प्रवृत्तिरहित।

volitive वॉ'लिटिव् a. संकल्प-विषयक, इच्छात्मक, इच्छाशक्ति-सम्बन्धी, चेष्टा-विषयक, प्रवृत्ति-सम्बन्धी।

Volkslied (G) n. लोकगीत, ग्रामगीत।

volley[1] वॉ'लि n. (pl. *-s*) वर्षाF, अस्त्र वर्षण, अस्त्रोंकी बौछारF; (ला०; शपथF आदिका) निस्सारण, बौछारF, बाढ़F, भरमारF; half-~ गेंदFका एक टप्पा; ~-gun समवर्षी तोपF।

volley[2] v.t. & i. (टेनिस इत्यादिमें) गेंदFका जमीनFपर गिरनेसे पूर्व ही लौट आना; (क्रिके०) बिना टप्पा खिलाये गेंदF फेंकना; (अस्त्र, गालीF आदिकी) वर्षाF करना, बाढ़F मारना, बौछारF करना; (बन्दूकF आदिका) एक साथ आवाजF आना।

volplane[1] वोल्'प्लेन् n.(हवाई जहाजका बिना इंजिनका प्रयोग किये हुए) अवरोह, उतार।

volplane[2] v. i. बिना इंजन प्रयोग किये हुए नीचे उतारना।

volt[1] वोल्ट्' n. दुतक्रम, समाघातF, जर्क, (रसा० भौ०) **वोल्ट** (~ *ampere*), (विद्युत्प्रवाहक शक्तिFकी इकाईF)।

volt[2] वाल्ट् n. दे० VOLTE.

volt[3] v. i. (घोड़े आदिमें रखनेके लिए) द्रुतगतिमान् होना, उछालF मारना।

voltage वोल्'टिज् n. द्रुतगामिताF, ऊर्जाF, (विद्यु०, भौ०) विद्युत् दाब, वोल्टेज (इकाइयोंमें नापी हुई विद्युत्-दायक शक्तिF), **वोल्टताF**;
~ circuit, ~ drop, ~ regulator.

voltaic [illegible] a. (विद्यु० इंजि०) [illegible] [illegible] (~ *cell*)।

voltameter –[illegible] n. [illegible] (भौ०) विश्लेषण धारामापी, [illegible]

volte वॉल्ट्' n. बचावका पैंतरा, घुमाव।

voltmeter वोल्ट्'मिटॅर् n. मुद्रतनमापक यन्त्र, (विद्यु०, भौ०) **वोल्टमापी**, वोल्टमापक।

Volte- face (F) n. परावर्तन, फिर जाना।

volubilate, volubile वॅल्यू'बिलेट्, –बाइल् aa. आवर्ती, लिपटनेवाला।

volubility, volubleness वॉल्यूबि'लिटि, –बॅल्निस् nn. वाक्पटुताF, वाक्चापल्य, धाराप्रवाहिताF, द्रुतभाषिताF, शीघ्रभाषिताF; आवर्तनीयताF, पेंच; अबाधितत्व, अनवरुद्धताF, अप्रतिहतताF।

voluble –'ल्यूबॅल् a. आवर्तनीय, आवर्ती, पेंचीदा (~ *stalk*); अबाधित, अनवरुद्ध, अप्रतिहत, धाराप्रवाही; वाक्पटु, वाचाल, द्रुतभाषी, शीघ्रभाषी, बकवादी; (प्रा०) परिभ्रामी, घूमनेवाला, चक्कर काटनेवाला; चपल, चंचल।

volume वॉ'ल्यूम् n. ग्रन्थ, पुस्तकF, किताबF (*library of 12,000 ~s*); भाग, खण्ड, ग्रन्थ-खण्ड, जिल्दF (*is now issued in 3 ~s*); स्पन्द, स्पन्दन; (इति०) पुस्तकोंFका प्राचीन रूप;(प्रायः बहुव०) धूम्रपुंज, धूम्रराशिF, धूम्रमालाF; (भौ०, रसा०, ग०) आयतन, आयाम, घनफल, घनमान; अन्तर्भूत घनत्व, समाईF, मात्राF, राशिF, (अर्थ०) **परिमाण**, संहतिF, परिमाF, वैपुल्य, प्रसार, विस्तार, आकार; (संगीत) पूर्ण स्वर, ध्वनिFकी पूर्णताF; अविकृत स्वान;
~ control, ~ elasticity, ~ expansion, ~ factor, ~ growth, ~ increment, ~ indicator, ~ integral, ~ per acre, ~ rotation, ~ strain, ~ table, ~ unit, ~ weight.

volumed –ड् a. भागोंमें, खण्डोंमें, जिल्दोंवाला; पुस्तकFके प्राचीन आकारमें; धूम्रमय, धूम्रराशिमय; घनमानय; विस्तारमय।

volumenometer वल्यूमि'नो'मिटॅर् n. परिमाणमान, सान्द्रपरिमाणयुक्त, (रसा०, भौ०) आयतनमापी, घनफलमापक।

volumenometry –ट्रि n. आयतनमिति, घनफलमाप।

volumeter –'मिटॅर् n. परिमाणमान, आयतनमापी; गैसFके आयतनका मापक यन्त्र।

volumetric, -al [illegible] aa. (रसा०) आयतनमूलक, आयतनात्मक, आयतनीय, (रसा०) आयतनमितीय, परिमाणमितीय, गैसF आदिके [illegible];
~ analysis, ~ change, ~ composition, ~ contraction, ~ estimation, ~ flask, ~ method, ~ shrinkage, ~ solution, ~ strain.

volumetry [illegible] n. (रसा०) आयतनमितिF।

voluminal [illegible] a. [illegible], परिमाणसम्बन्धी।

voluminosity, voluminousness [illegible] nn. [illegible]

voluminous –लू'मिनॅस् a. वलयाकार, वर्तुलाकार, कुण्डलीदार, पेचदार, चक्करदार; कई खण्डोंका, अनेक भागोंका (*a ~ work*); अनेक पुस्तकों[F]का लेखक; महापरिम, (रसा०) **विस्तृत**, विस्तारमय, महाकाय, आयतनिक, (ग०) **विपुल आयतनी**, भारी; विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, बड़ा।

voluminousness –निॅस् n. = VOLUMINOSITY.

voluntarily वॉ'लॅन्टॅरि-लि adv. स्वेच्छया, (का०) **स्वेच्छापूर्वक, स्वेच्छा[F]से**, मनसे; अपने आप।

voluntariness –निॅस् n. स्वैच्छिकता[F], स्वेच्छाधीनता[F], इच्छाकृतित्व, इच्छाचारिता[F], स्वप्रवृत्ति[F], स्वकृतता[F]।

voluntarism –रिज़्म् n. (अर्थ०) **स्वावलम्बिता[F]**, (दर्श०) **संकल्पवाद; कृतिवाद**।

voluntary[1] –रि n. (गिरजेमें प्रार्थनाके अवसरपर बजाया जानेवाला) आरगन बाजा; गिरजेको राज्यनिरपेक्ष करके चन्देसे चलाये जानेमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति; ऐच्छिक अनुदानपर विश्वास या भरोसा; (सेना[F] आदिमें) स्वैच्छिक भर्ती[F]पर विश्वास; (प्रतियोगिता[F]में) अभिनेताकी इच्छा[F]पर निर्भर विशेष अभिनय।

voluntary[2] a. स्वकृत, स्वतःप्रवृत्त, स्वेच्छाकृत, **स्वैच्छिक, ऐच्छिक**, इच्छानुगामी, इच्छाचारी, अपनी खुशी[F]से काम करनेवाला; स्वेच्छादत्त, स्वेच्छाप्रेरित, इच्छाजनित; इच्छायत्त, इच्छा-नियन्त्रित, बिला-शर्त (*~ conveyance*), खुदराजी; ~ confession स्वैच्छिक स्वीकारोक्ति[F]; ~ partition स्वेच्छाकृत विभाजन, राजी-खुशी[F]से आपसी बँटवारा;

~action, ~ activity, ~ agent, ~ appearance, ~ arbitration, ~ association, ~ attendance, ~ award, ~ cancellation, ~ control, ~ duty, ~ effort, ~ escapes, ~ gift, ~ liquidation, ~ merger, ~ monopoly, ~ muscle, ~ payment, ~ preference, ~ sale, ~ service, ~ settlement, ~ turnover, ~ welfare.

voluntaryism –रिइज़्म् n. स्वेच्छावाद, निरपेक्षावाद, (राजसाहाय्य बिना चर्च चलानेका सिद्धान्त)।

voluntaryist इस्ट् n. स्वेच्छावादी, निरपेक्षावादी।

volunteer[1] –टीअॅर्' n. स्वतःप्रवृत्त व्यक्ति, (का०) **स्वयंसेवक**; स्वैच्छिक सेना[F], यादृच्छिक सैनिक, स्वेच्छा[F]-से सेना[F] इत्यादिमें भर्ती[F] होनेवाला; ~ corps स्वैच्छिक सेना[F], वल्लमटेर।

volunteer[2] v.t. & i. स्वतःप्रवृत्त होना, स्वेच्छा[F]से करना या भाग लेना; स्वेच्छया भार स्वीकार करना; समर्पित करना, स्वेच्छा[F]से अर्पण करना; स्वेच्छया अपनी सेवा[F] समर्पित करना, बिन माँगे देना, आगे रखना।

voluptuary[1] वॅलप्'ट्यूअॅरि n. विषयी प्राणी, विलासी व्यक्ति, भोगी, कामी पुरुष, इन्द्रियपरायण व्यक्ति।

voluptuary[2] a. विषयी, विलासी, भोगी, भोगनिरत, व्यसनी, कामी; व्यभिचारी, इन्द्रियपरायण, ऐयाश।

voluptuous –अॅस् a. विषयी, विषयपरतन्त्र, विलासी, कामी, भोगनिरत, विषयासक्त, कामाचारी, व्यभिचारी, ऐयाश (*~ life*); ऐन्द्रिय, भोग-विषयक, विलास-सम्बन्धी, ऐयाशी[F]का (*~ music*)।

voluptuousness –निॅस् n. काम, कामाचारिता[F], विलासिता[F], भोग, विषयिता[F], विषय-परतन्त्रता[F], इन्द्रिय-परायणता[F], ऐयाशी[F]।

volute[1] वॅल्यूट्' n. (स्तम्भस्थित) कुण्डलित भूषा या अलंकारविशेष, मरगोल; (विशे०, क्षेत्रीय) चक्करदार शंख, (इति०) **शंखावर्त**, शम्बूक या घोंघेका एक भेद।

volute[2] a. (वन०) आवर्तित, कुण्डलित, कुण्डलीकृत, सर्पिल, चक्करदार।

voluted –'टिॅड् a. (स्तम्भ आदिके लिए) सर्पिल, कुण्डलित या लहरियादार (अलंकरण)।

volution –'शॅन् n. कुण्डली[F], चक्कर, मोड़, घुमाव, लपेट[F]; (श० र० शा०) ऊर्मि[F], तरंग[F], लहर[F]; भ्रमि[F], मरोड़[F]।

volutoid वॉ'ल्यूटॉइड् a. & n. शम्बूक-सदृश (प्राणी), घोंघेकी तरह (जीव), सर्पिल (जीव); ऐंठनदार, घुमावदार।

volva वॉल्'व n. (वन०) **अधश्छदनी**।

vomer वो'मॅर् n. (चि०, जीव०) **सीरिका[F]**, नासास्थि[F], नथुनोंके बीचकी हड्डी[F], T.।

vomit[1] वॉ'मिट् n. वान्ति[F], वमन, कै[F], उल्टी[F]।

vomit[2] v. i. & t. वान्ति[F] होना या करना, वमन होना या करना, उल्टी[F] होना या करना, ओकना, कै[F] होना या करना; (ज्वालामुखी, चिमनी[F] आदिका) वेगसे उद्गिरण करना, तेजी[F]से उगलना, निकालना।

vomited –टिॅड् a. वान्त, कै[F] किया हुआ (*~ matter*)।

vomiting –टिंग् n. वान्ति[F], (चि०) **वमि[F]**, (चि०, कृषि) **वमन**, उल्टी[F], **कै[F], उल्टी[F] करना**।

vomition वॅमि'शॅन् n. वान्ति[F], वमन, उकलाई[F]।

vomitive[1] वॉ'मिटिव् n. (रोमन पुरातत्त्व) अखाड़ेका रास्ता।

vomitive[2] a. वान्तिकर, वमनी, कै[F] लानेवाला।

vomito वॅमी'टो n. पीतज्वर, जिसमें काली कै[F] होती है।

vomitory[1] वॉ'मिटॅरि n. वान्तिकारक पदार्थ, वमनकारक वस्तु[F], कै[F] होने या करानेवाली ओषधि[F]; (रोमन पुरातत्व) चौकोर नाट्यशाला[F]का द्वार।

vomitory[2] a. वमिकारक, वान्तिकारक, वमनकारी, कै[F] लानेवाला।

vomiturition –ट्युअॅरि'शॅन् n. वमनेच्छा[F], वमनोद्रेक, ओकी[F], उबकाई[F], उकलाई[F]; आवर्ती वमन, दुबारा कै[F]।

voodoo[1] वू'डू n. भूतविद्या[F]का व्यवहार, जादूका प्रयोग; भूत-प्रेत; तान्त्रिक, जादूगर, ओझा (*~ doctor, priest* भी)।

voodoo[2] v.t. जादूसे मोहना, जादूसे कष्ट देना, जादूसे फँसा लेना, जादू मारना।

voodooism –डूइज़्म् n. (शिक्षा०) **तन्त्रमन्त्र**, तन्त्रवाद, जादूविद्या[F], जादू-टोना।

voodooist –इस्ट् n. जादूवादी, जादूक्रियाविद, जादू जाननेवाला, जादूगर, ओझा।

V.O.P.C. Order *Vegetable Oil Products Control Order.*

-vora दे० -VOROUS, जातिवाचक (*carnivora*)।

voracious वॅरे'शॅस् a. बकार, बहुभोजी, महाशन, औदरिक, भुक्खड़, मरभुक्खा, भुक्खड़, पेटू, खाऊ, खाऊपन (~ *appetite for scandal*)।

voraciousness, voracity –र्नि'स्, –रै'सिटि nn. बकारता^{F}, भुक्खड़पन, भुखमुआपन, खाऊपन, पेटूपन।

voraginous वॅरै'जिनॅस् a. आवर्तमय, भँवरदार; गह्वरमय, गर्तयुक्त, खड्डदार, गड्ढेदार।

vorant वोॲ'रन्ट् a. आशी, भक्षी, खानेवाला।

-vore दे० -VOROUS (जातिवाचक संज्ञा^{F} बनानेमें),

-vorous -भुक्, -भोजी, -भक्षी, -अश (*carni~, gramini~*)।

vortex वॉर्'टे'क्स् n. (pl. *-ices, -exes*) भ्रमि^{F}, (ग०) भ्रमिल^F, भ्रमर, जलावर्त, चक्र, (ऋतु०) आवर्त, भँवर, चक्कर; शीर्ष; किसी प्रकारकी आवर्तमय गति^{F}; घूर्णिवात, चक्रवात, बगूला, बवण्डर; (विशे० ला०) रीति^{F}, प्रणाली^{F}, पेशा आदि;

~ line, ~ motion, ~ pair, ~ ring, ~ sheet, ~ system, ~ tube.

vortical –टिकॅल a. भ्रमिमय, आवर्तमय, घूर्णमान, चक्करदार, घूमता, फिरता।

vorticism –टिसिज़्म् n. टेकार्टवाद (यह विश्वास कि विश्व स्वयं एक द्रव्यमय स्थल है जिसमें गति^{F} स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है)।

vorticist –सिस्ट् a. (अध्या० दर्श०) डेकार्टवादी (इस सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति कि विश्व द्रव्यस्थल है जिसमें गति^{F} स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है); (कला^{F}; चित्रनिर्माणमें वृत्तों इत्यादिका प्रयोग करनेवाला) आधुनिक पद्धति^{F}का चित्रकार।

vorticity –'सिटि n. (ग०) भ्रमिलता^{F}, (ऋतु०) चक्रता^{F}, आवर्तिता^{F}।

vorticose –'टिकोस् a. भ्रमिमय, आवर्तमय, चक्करदार।

vorticular –टि'क्यूलॅर् a. आवर्ताकार, चक्राकार, चक्करनुमा।

vortiginous वर्टि'जिनॅस् a. = VORTICAL.

votable वो'टॅबॅल् a. मतदेय, मतापेक्ष, मतप्रदेय, मतदानयोग्य (~ *items*)।

votaress वो'टॅरिस् n. उपासिका^{F}, पुजारिन^F, भक्तिन^F; महिला^{F} भक्त, भक्त नारी^{F}, पक्षपोषी स्त्री^{F}, समर्थक महिला^{F}, अनुगामिनी^{F}।

votarist, votary –रिस्ट्, –रि nn. भक्त, उपासक, पूजक, पुजारी, दास, [illegible]; पक्षपोषक, हठयोगी, अनुगामी, [illegible]

vote¹ [illegible] n. मत, [illegible]^F, [illegible], [illegible]^F, वोट; मतदान, [illegible] [illegible] ~; शलाका^{F}, मतपत्र, वोट, पर्ची^{F}; ~ by ballot गुप्त मतदान, पर्ची वोट; ~ of censure निन्दा प्रस्ताव; casting ~ निर्णायक मत।

vote² v. i. & t. (*for* अथवा *against* के साथ) मत देना, सम्मति^{F} देना, राय^F देना, वोट देना; विधान बनाना, अधिनियम बनाना; दृढ़ संकल्प करना, निश्चय करना, निर्धारण करना; (-चुननसे) वित्त स्वीकृत करना; (बोल०, जन-सम्मति^{F}से) अभिघोषित करना, घोषणा^{F} करना, ज्ञापित करना; (बोल०, *that* के साथ) प्रस्ताव करना; ~ *down* प्रस्ताव गिरा देना, अस्वीकृत कर देना, बहुमत द्वारा हराना; ~ *in* निर्वाचित करना, वोट देकर चुनना।

voted –'टिड् a. दत्तमत, स्वीकृत, अभिमत;

~allotment, ~ demand, ~ expenditure, ~grant.

voteless –ट्'लिस् a. मतशून्य, मतरहित, बिना वोटका।

voter –टॅर् n. मतदाता, वोटदाता, राय^F या वोट देनेवाला।

voting –टिङ् n. मतदान (~ *power*), मत-प्रकाशन, सम्मतिदान, राय^F देना, वोट देना; ~ by ballot शलाका-मतदान; ~-paper मतपत्र।

votive वो'टिव् a. मनसा कृत, व्रतपालनार्थ दत्त, प्रतिज्ञापूर्ति^{F}के लिए प्रदत्त (~ *medal*); भक्तिपूर्ण (~ *offerings*); ~ inscription (पुनि०) मन्नत लेख।

vouch वॉउच्' v.t. & i. (*for* के साथ) प्रमाणित करना या होना, (का०) साक्ष्य देना, साक्षी^{F} देना या होना, दृढ़ करना या होना, अनुमोदन करना, गवाही^{F} देना; उत्तर देना, जवाब देना; दायी होना, प्रतिभू होना, प्रतिभू होना, जमानत^F देना, ज़ामिन पड़ना।

vouched ⊙ –ट्' a. प्रमाणित, दृढ़ीकृत, प्रतिभूत।

voucher –'चॅर् n. साधिका^{F}, प्रमाणक, प्रमाणपत्र, (का०) आधारपत्र, व्ययपत्र, अभिश्रम-पत्र, बीजक, खर्चेका पुरजा, (अर्थ०) वाउचर;

~ audit, ~ copy, ~ file, ~ form, ~ number.

vouching –चिङ् n. (अंकि०) वाउचर देखना।

vouchment –च्'मेन्ट् n. दायित्व, साक्ष्य।

vouchsafe वाउच्सेफ़्' v.t. साक्ष्य देना, प्रतिभू होना; कृपा^{F} करना, अनुग्रह करना, दया^{F} करना; कृपापूर्वक प्रदान करना (~*d me no answer*); कृपया स्वीकार करना, मंजूर करना, मानना।

vouchsafement –'मेन्ट् n. साक्ष्य; अनुग्रहदान, कृपाप्रदान, स्वीकरण, मंजूरी^{F}।

voussoir [illegible] n. (स्था०) [illegible]^F, (स्था०) गड़ा डाट पत्थर (या ईंट^F), [illegible]

vow¹ वाउ' n. व्रत, [illegible], [illegible]^F, प्रतिज्ञा^{F}, [illegible], [illegible] [illegible] *under* ~ [illegible] ~ [illegible] *for* [illegible]

vow[2] v.t. व्रत लेना, व्रत करना, प्रतिज्ञा^F करना, संकल्प करना (~ *vengeance against the oppressor*); (प्रा०) व्रतकी घोषणा^F करना, प्रतिज्ञा^F प्रमाणित करना; गम्भीरतापूर्वक अधिघोषित करना; (प्रा०) प्रमाणित करना, ज्ञापित करना (*I ~ you are most obliging*)।

vowel वॉउ'इ॑ल् n. (व्या०) अच्, स्वर, स्वरवर्ण (*a, e, i, o, u*); neutral ~ उदासीन स्वर (*reason* में *o*); ~ point स्वरकी मात्रा^F;
~ affinity, ~-gradation, ~ harmony, ~ indication, ~ order, ~ places, ~ sign, ~ sound, ~ theory, ~ variation.

vowelize –लाइज् v.t. (हिब्रू आदि भाषाओं^F एवं शीघ्रलिपि^Fमें) स्वरचिह्न लगाना।

vowelled –ल्ड a. स्वरित, स्वर-सहित।

vowelless –ल्-लि॑स् a. स्वरहीन, स्वररहित, बिना स्वरका।

vowelly –लि a. स्वर-सदृश, स्वरका-सा।

vower वॉउ'ऑर् n. व्रती, व्रतधारी।

vox et praeterea nihil (L) केवल शब्द और कुछ नहीं।

vox populi, vox dei (L) लोकवाणी; पंचोंका कथन ईश्वरका वाक्य है; पंचमें परमेश्वर।

voyage[1] वाए'इज् n. (परि०) **जलयात्रा^F, समुद्रयात्रा^F**;
~ account, ~ charter, ~ policy.

voyage[2] v.t. & i. समुद्रयात्रा^F करना, समुद्रपार जाना।

voyageable –ॲबॅल् a. जलयात्रा-योग्य, सामुद्रिक यात्रा-योग्य।

voyager –ॲर् n. जलयात्री, सांयात्रिक, समुद्री यात्रा^F करनेवाला, जहाजी मुसाफिर।

voyageur व्वायाज़र्' n. (कनाडाका) नाविक, मल्लाह; (सीमान्तपर यातायात-सम्बन्धी कार्योंके लिए नियुक्त) यात्राधिकारी।

voyeur –इअर a. (शिक्षा०) **रतिदीप्त, कामुक**।

V.P. Vice-President.

V.P.P. Value Payable Parcel.

V.R. *Victoria Regina*, Queen Victoria.

vraisemblance (F) n. सत्याभास, प्रकट सत्य।

V.R.D. Volunteer Reserve Decoration.

V.R.I. *Victoria Regina et Imperatrix*, Victoria Queen and Empress.

V.S. Veterinary Surgeon; *volti subito*, turn quickly.

v.s. *vieux style*, old style; *vide supra*, see above.

Vs. Versus.

V.T. Victoria Terminus (Bombay).

Vt. Vermont (in. U.S.A.).

v.t. verb transitive.

V.U.C. Village Uplift Centre.

Vul., Vulg. Vulgate.

vul., vulg. Vulgar.

Vulcan वल्'कॅन् n. (रोमन पुराण) अग्निदेवता; ~ powder स्फोटक, बारूद^F।

vulcanic –कॅ'निक् a. = VOLCANIC.

vulcanism –'कॅनिज़्म् n. = VOLCANISM.

vulcanite –वल्'कॅनाइट् n. गन्धघृषि, एबोनाइट (गन्धक-मिश्रित कड़ा रबर, ~ *grating*)।

vulcanizable –इज़ॅबॅल् a. (रबर) गन्धदंहणीय, गन्धक मिलाकर कड़ी की जा सकनेवाली, वल्कनीय।

vulcanization –ज़े'शॅन् n. गन्धदंहण, (रसा०, चि०) **गुणबृंहण**, (रसा०) **वल्कनीकरण** (रबरमें गन्धक मिलानेकी प्रक्रिया^F) **वल्कनाइज़ करना**।

vulcanize –'कॅनाइज् v.t. गन्धदंहण करना, वल्कन करना; (रसा०) **वल्कनी करना**, रबरमें गन्धक मिलाकर दृढ़ करना।

vulcanized –ड् a. गन्धदंहित, वल्कनित, (रसा०) **वल्कनीकृत**, गन्धक डालकर कड़ी की हुई (~ *rubber*)।

vulcanizer –ज़र् n. गन्धदंहक, रबरमें गन्धक मिलानेवाला, **वल्कनीकारक**।

vulcanizing –ज़िंग् n. गन्धदंहण, गन्धक डालकर कड़ा बनानेकी क्रिया^F (~ *solution*); (यंत्र०) **वल्कनीकरण** (~ *bay*)।

vulgar वल्'गॅर् a. प्राकृत, सामान्य, साधारण, आम; सामान्य-लोक-विषयक, साधारण-जन-सम्बन्धी (~ *superstitions*); लौकिक; अमार्जित, असंस्कृत, अश्लील, अशिष्ट, ग्राम्य, गँवारू, भद्दा, देहाती, ओछा, कमीना, घटिया; सामान्य प्रयोगका, साधारण रूपसे प्रचलित (~ *expressions, mind, tastes*); ~ fraction (ग०) **साधारण भिन्न**, the ~ सामान्य जनता^F, जन-साधारण, आम लोग; the ~ era ईसवी सन्; the ~ tongue (शास्त्रीय लैटिन^Fके प्रतिकूल) देशभाषा^F, सर्वसाधारणकी भाषा^F, जनभाषा^F।

vulgarian –गे॑'रिॲन् n. (विशे० धनी) अशिष्ट व्यक्ति, छोटा आदमी।

vulgarism –'गॅरिज़्म् n. ग्राम्यता^F, ग्रामीण रीति^F, ग्राम्य व्यवहार, गँवारू रिवाज; ग्राम्य प्रयोग, गँवारू शब्द-प्रयोग।

vulgarity –गै'रिटि n. अशिष्टता^F, अश्लीलता^F, ग्राम्यता^F, ग्रामीणता^F, गँवारूपन, देहातीपन; नीचता^F, अशिष्टता^F, ओछापन, कमीनापन।

vulgarization –गॅराइज़े'शॅन् n. अशिष्टकरण, असभ्यकरण, ग्राम्यकरण, गँवारू बनानेकी प्रक्रिया^F।

vulgarize –'गराइज् v.t. (व्यक्ति या आचरणको) अशिष्ट बनाना, असभ्य करना, ग्राम्य बनाना, ग्रामीण बनाना, गँवारू बनाना; (ज्ञान या भावना^F आदिको) अति साधारण बनाकर नष्ट करना।

Vulgate वल्'गॅट् n. बाइबिलका लातीनी संस्करण; जनसंस्करण।

vulgo (L) adv. सामान्यतया, साधारण रूपमें।

vulnerability, vulnerableness वल्नॅरॅबि'लिटि, –नि॑स् n. छेद्यता^F, **भेद्यता^F**, वेध्यता^F, जेयता^F, प्रहार्यता^F, आक्रमणीयता^F, दुर्बलता^F।

vulnerable –'नॅरॅबॅल a. (शा० एवं ला०) छेद्य, भेद्य, वेध्य, धृष्य, समीक्ष्य, आलोच्य; (ब्रिजके खेलमें) एक दाव जीता हुआ; प्रहार्य, आक्रमणीय;
~ area, ~ group, ~ mileage, ~ part, ~ point.

vulnerary[1] वल्'नॅरॅरि n. व्रणरोप, घाव भरनेवाली ओषधि^F^ ।

vulnerary[2] a. (चि०) व्रण-सम्बन्धी, व्रणरोपी, क्षत-निवारक, क्षतोपशमकारक, क्षत-आरोग्यकर, घाव भरनेवाली ।

vulnus ⊙वल्'नॅस् n. (चि०) व्रण, क्षत, अभिघात ।

vulpecula –'पेकुलॅ n. (ज्यौ०) वल्पेकुला, लोमश ।

vulpicide वल्'पिसाइड n. लोमड़ी^F^की हत्या^F^; लोमड़ी^F^का हत्यारा ।

vulpine[1] वल्'पाइ(पि)न् n. शठ, धूर्त, चतुर, चालाक, मक्कार (आदमी) ।

vulpine[2] a. शृगाल-सदृश, शृगालवत्; लोमशी-विषयक; लोमड़ी^F^का; लोमड़ी^F^के स्वभावका; धूर्त, मक्कार, चालाक, ऐय्यार ।

vulpinism –⊙निज़्म् n. नैपुण्य, निपुणता^F^, धूर्तता^F^, चातुर्य, चतुरता^F^, होशियारी^F^, काइयाँपन, मक्कारी^F^ ।

vulture वल्'ट्युअॅर् n. खगराज, गृध्र, गृद्ध, गिद्ध, गीध; (ला०) लोभी व्यक्ति, लालची आदमी ।

vulturine –रिन् a. गृध्र-सदृश, गृद्धवत्; गिद्ध-सम्बन्धी, गीधका ।

vulturish, vulturous –'चॅरिश्, –रॅस् aa. गृध्रवत्, गिद्धका-सा; गिद्धके समान; लोभी, लालची ।

vulva वल्'वॅ n. (श० र० शा०) बहिर्भग, बहिर्योनि^F^, योनिद्वार, योनि-कपाट, योनिच्छद, योनिमुख, भगद्वार; (श० र० शा०) (मस्तिष्क) पूर्वस्तम्भ दरी^F^; बाह्य स्त्री प्रजननांग, (जीव०, चि०, कृषि०) भग^F^, चूत^F^, चैंना^F^, टिंडा^F^, बुर^F^ ।

vulvar –वॅर् a. भगीय, बहिर्योनिक, बहिर्भग-सम्बन्धी ।

vulvate –वॅट् a. बहिर्योनियुक्त, प्रजननांगयुक्त, भगमय ।

vulviform –'विफॉर्म् a. बहिर्भगाकार, भगाकार ।

vulvitis –वाइ'टिस् n. (चि०) भग शोथ; योनिप्रदाह, भगप्रदाह ।

vv.ll. *variae lectiones*, various readings.

v.y. various years.

vying[1] वाइ'इंग् n. प्रतिस्पर्धा^F^ (करना), ईर्ष्या^F^ (करना) ।

vying[2] a. प्रतिस्पर्धाशील, प्रतियोगी ।

W

W डॅ'बॅल्यु (pl, *W's*, *W's'*) अंग्रेजी वर्णमाला^F^का तेईसवाँ अक्षर, व ।

W. Watt; West.

W *wolframium*, tungsten.

w. weak; wicket; wide (Cricket).

W.A. West Africa; West Australia.

W.A.A.C. Women's Army Auxiliary Corps (later Q.M.A.A.C.).

Waac वैक्' n. महिला-सैन्य, वैक; *Women's Army Auxiliary Corps* (की सदस्या^F^) ।

W.A.A.F. Women's Auxiliary Air Force (earlier and later W.R.A.F.).

Waaf वैफ' n. (बोल०) स्त्रियों^F^की सहायक वायु-सेना^F^की सदस्या^F^, वैफ^F^ ।

wabble वॉ'बॅल v. i. दे० WOBBLE[2].

wabbly –लि a. स्पन्दनशील, कम्पायमान, दोलायमान, डगमगानेवाला, [illegible] सोंके खानेवाला ।

wacke वैक् n. ज्वालामुखी मेल, [illegible] पत्थर ।

wad[1] वोड्' n. [illegible], [illegible]^F^, (ग्रा० भू०) वाड^F^; चूर्णरोधनी^F^, छिद्र बन्द करनेका पिण्ड, [illegible]^F^, [illegible], डाट^F^, गद्दी^F^; (ग्रा०) [illegible] आदि, [illegible]^F^ ⊙; राशि^F^, समूह, गुड्डा, [illegible] ○; ~ gourd [illegible] कुष्माण्ड, (मिठाई^F^का) पेठा ।

wad[2] v.t. [illegible]

[illegible] लगाना, टप्पा लगाना, डाट^F^ कसना, डाट^F^ भरना, डाट^F^ बनाना, डाट^F^ देना ।

wadable वे'डॅबॅल् a. विहरणीय, पैदल पार किये जा सकने योग्य ।

wadded वॉ'डिड् a. चूर्णरोधित, टप्पेवाला, डाटदार, डाट^F^ लगा हुआ; (ला०) भरा हुआ (*well ~ with conceit*) ।

wadding –डिंग् n. तल्पी, डाट^F^, डाट^F^ देने या भरनेके लिए मुलायम चीज^F^; गद्दा, तोशक, लिहाफ; ~ gait कारण्ड गति^F^; (चि०) रुई^F^ या ऊनकी चादर^F^, व्रण बन्धन-में प्रयुक्त ।

waddle[1] वॉ'डॅल् n. मटक^F^, डगमगाहट^F^, बतख^F^की चाल^F^ ।

